Accusative-ॲक्-क्यू-ज़ॅटिव्-*adj.* & *n.* accusing, the objective case. दोष लगानेवाला, कर्म कारक, द्वितीया विभक्ति; Accusatively (-लि) *-adv.* in the objective case. कर्मकारक में।

Accusatory-ॲक्-क्यू-ज़ॅ-ट-रि-*adj.* accusing. दोष या अभियोग लगानेवाला।

Accuse-ॲक्-क्यूज़्' *-v. t.* to charge with a fault, to blame (with '*of*' used before the thing charged.) दोषी या अपराधी ठहराना, दोष लगाना; Accused (-ज़्ड्)-*adj.* one charged with a crime or offence. अपराधी, दोषी, अभियुक्त; Accuser (-क्यू'-ज़र्) *-n.* one who brings charge against another person. किसी के विरुद्ध दोष या कलंक लगानेवाला मनुष्य।

Accustom-ॲक्-कस्'-टम्-*v. t.* to make familiar, to habituate. परिचय कराना, अभ्यास डालना; Accustomable (-ॲ-ब्ल्)-*adj.* usual. सामान्य; Accustomably (-ॲ-ब्लि) *-adv.* according to custom. रीति या प्रथा के अनुसार; Accustomed (-ड्) *-adj.* customary, familiar, frequent, usual. अभ्यस्त, परिचित, प्रचलित, सामान्य।

Ace-ऍस्-*n.* a unit, a single mark on dice or cards, smallest amount, hair's breadth. इकाई, पासे में पौ या ताश के पत्तों की एक्की, अल्प मात्रा, बाल भर की चौड़ाई।

Acentric-ऍ-सॅन्'-ट्रिक्-*adj.* not centred. केन्द्र में स्थित न रहनेवाला।

Acephali-ऍ-सॅफ्'-ऍ-लि-*n. pl.* religious or political parties without a head. बिना नेता का धार्मिक या राजनैतिक संघ; Acephalism-(ऑ-लिज़्म्)-*n.* बिना नेता की स्थिति; Acephalist (-इस्ट्) *-n.* नेता को न माननेवाला मनुष्य।

Acephalous-ऍ-सॅफ्'-अ-लस्-*adj.* headless, without a chief. बिना सिर का, बिना चौधरी या सरदार का।

Acephalus-ऑ-सॅफ्'-ॲ-लस्-*n.* a verse defective at the beginning. ऐसी कविता जो आरम्भ में दोषपूर्ण हो।

Acerbate-ऍस्'-अर्-बेट्-*v. t.* to make sour and bitter. खट्टा और तीता करना।

Acerbic-ऍ-सर्ब्'-इक्-*adj.* sour. खट्टा।

Acerbity-ऍ-सर्ब्'-इ-टि-*n.* harsh taste, bitterness of speech, severity. तीखा स्वाद, कटु वचन, तीक्ष्णता।

Acervate-ऍसर्व़ेट् *-adj.* growing in clusters. गुच्छों में उगनेवाला।

Acescence, Acescency-ऍ-सॅस्'-ॲन्स् (-ॲन्-सि)-*ns.* tendency to turn sour. खट्टा होने या अम्लत्व की प्रकृति।

Acetabulum-ॲस्-सी-टॅब्'-यू-लम्-*n.(pl.*-bula) the cavity which receives the head of the thigh-bone. जाँघ की हड्डी के सिरे को बैठानेवाला गर्त।

Acetate-ॲस्'-इ-टेट्-*adj.* & *n.* a salt of acetic acid which is sour. सिरके के क्षार से निकाला हुआ लवण तत्त्व।

Acetated-ॲस्'-इ-टेट्-ऍड्-*adj.* combined with acetic acid. सिरके से मिला हुआ।

Acetic-ॲ-से-टिक्- *adj.* like vinegar, sour. सिरके के सदृश, खट्टा।

Acetify-ॲ-सॅट्'-इ-फाइ-*v. t.* (*p. t.* Acetified.) to turn into vinegar. सिरका बनाना, खट्टा करना; Acetification(-फि-के'-शन्)-*n.* सिरका बनाने का कार्य।

Acetous-ॲ-सीटस्-*adj.* sour. खट्टा।

Acetylene-ॲ-सॅट्'-इ-लीन्-*n.* a gas burning with bright light. एक गैस जिसके जलने से श्वेत प्रकाश निकलता है।

Acharnement-ॲ-शार्'-नें-मॅन्ट्-*n.* thirst for blood. हत्या करने की लालसा।

Ache-ऍक् - *v. i.* to suffer continuous pain. निरन्तर पीड़ा होना;-*n.* prolonged pain. निरन्तर पीड़ा; Aching-ऍ'-किङ्ग्-*n.* pain. कष्ट, पीड़ा।

Achievable-*adj.* see Achieve.

Achieve-ऍ-चीव्'-*v. t.* to execute, to finish, to carry out, to reach, to win. कार्य करना; पूर्ण करना, अन्त करना, पहुँचना, जीतना; Achievable (-ऍ'-व्ल्) *-adj.* पूर्ण करने योग्य; Achievement (-मॅन्ट्) *-n.* accomplishment, heroic deed. भारी करतूत, वीरता का कार्य; Achiever (-अर्) *-n.* one who achieves प्राप्त करनेवाला।

Achilous-ऐं-काइ'-लस्-*adj.* without lips. बिना ओठ का, ओष्ठ-रहित ।

Acholia-ऑं - कोलिया - *n.* want of bile in the body. पित्त का अभाव ।

Achromatic-ऑक्-रो-मॅट्-'-इक्-*adj.* free from colour. बिना रङ्ग का; **Achromatize** (-टाइज़्) -*v. t.* to free from colour. बिना रङ्ग का करना ।

Acid-ऑं-सिड् - *adj.* sour, sharp, biting to the taste, not sweet. खट्टा, तीखा, चरपरा, मीठा नहीं; -*n.* a sour substance. खट्टा या अम्ल पदार्थ ।

Acidification-ऑं - सिडि-फ़ि-केशन्-*n.* process of turning into acid. अम्लीकरण ।

Acidify-ऑं - सिडि - फ़ाइ - *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Acidified.**) to make or become sour. अम्ल (खट्टा) करना या होना ।

Acidimeter- ऑं - सिडि-मी-टर् - *n.* an instrument for ascertaining the strength of acids. अम्ल की शक्ति नापने का यन्त्र; **Acidity** (-इ-टि), **Acidness** (-नॅस्)-*ns.* the quality of being sour. खट्टापन, तीक्ष्णता, अम्लता ।

Acidulated-ऑ-सिड्-यु-लॅट्-ऍड्, **Acidulous** (-यु-लस्) -*adjs.* somewhat acid. कुछ खट्टा या अम्ल ।

Acidulate-ऑं- सिड्' - यु-लेट् - *v. t.* to make slightly sour. थोड़ा खट्टा करना; **Acidulent** (-लॅन्ट्), **Acidulous** (-यु-लस्)-*adjs.* slightly sour. कुछ खट्टा, थोड़ा अम्ल ।

Aciform-ऑस्' - इ-फ़ॉर्म् - *adj.* like a needle. सूई की आकृति के समान, सूच्याकार ।

Acknowledge-ऑक्-नॉल्'-ऍज् -*v. t.* to admit the truth of, to confess, to express appreciation of, to announce receipt of. सत्यता स्वीकार करना, मान लेना, अधिकार या प्रार्थना स्वीकार करना, रसीद लिखकर स्वीकार करना; **Acknowledgeable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* that may be admitted. स्वीकृति योग्य; **Acknowledgement** (-मॅन्ट्) -*n.* recognition, confession, thanks, a receipt. स्वीकृति, स्वीकार, धन्यवाद, रसीद ; **Acknowledger** (- अर्) -*n.* स्वीकार करनेवाला ।

Aclinic-ऑ-क्लिन्'-इक्-*adj.* having no inclination. बिना झुकाव या डुबाव का ।

Acme-ऑक्'-मि-*n.* the highest point, perfection, the prime. शिखर, परिपूर्णता ।

Acne-ऑक्'-नि-*n.* a disease which is marked by pimples. मुँहासा, डोंड़सा ।

Acock-ऑं-कॉक्' - *adv.* in a cocked manner, ऐंठपन से;-*adj.* cocked, alert. ऐंचा, सावधान ।

Aconite-ऑक्'-ॲन् - आइट् - *n.* a poisonous plant. कुचला ; **Aconitic** (-इक्) -*adj.* pertaining to aconite. कुचला सम्बन्धी ।

Acopic-ऑं-कॉप्'-इक्-*adj.* removing weariness. थकावट हटानेवाला ।

Acorn-ए'-कॉर्न्-*n.* the fruit of the oak tree. शाहबलूत, जैतून के वृक्ष का फल ; **Acorned** (-ड्) -*adj.* loaded with acorns. जैतून के फल से परिपूर्ण ।

Acosmism-ऑं-कॉज़्'-मिज़्म्-*n.* the principle of denying the existence of the external world. संसार का अस्तित्व अस्वीकार करने का सिद्धान्त ।

Acoustic-ऑं-कू-(काउ)स्ट्'-इक्-*adj.* pertaining to the sense of hearing. कर्णेन्द्रिय सम्बन्धी ; **Acoustics** (-इक्स्)-*n.* science of sound and hearing. ध्वनिशास्त्र ।

Acquaint-ऑक्-क्वेन्ट्'-*v. t.* to make familiar with, to know, to inform. ज्ञान-पहिचान कराना, जानना, सूचना देना ; **Acquaintance** (-ऍन्स) -*n.* familiarity, knowledge. परिचय (जान-पहिचान), ज्ञान; **Acquainted** (-ऍड्) -*adj.* familiar, known. परिचित, जाना हुआ ।

Acquest-ऑक्-क्वेस्ट्' -*n.* self-acquired property. अपनी कमाई हुई सम्पत्ति ।

Acquiesce-ऑक् -क्वि-ऍ-स्'-*v. i.* to rest satisfied, to agree, to assent. सन्तुष्ट होना, स्वीकार करना, सहमत होना; **Acquiescence** (-ऍन्स्) -*n.* a quiet assent. प्रसन्नतापूर्वक स्वीकृति; **Acquiescent** (-ऍन्ट्)-*adj.* satisfied, easy, submissive. सन्तुष्ट, सरल, सहिष्णु ।

Acquirable -*adj.* see **Acquire.**

Acquire - ऑक् -क्वायर्'-*v. t.* to obtain, to come in possession of. प्राप्त करना, उपार्जन करना, कमाना; **Acquirable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* प्राप्त करने योग्य; **Acquired** (-ड्) -*adj.* not originally bestowed by nature. प्रकृति से न प्राप्त; **Acquirement** (-मॅन्ट्) -*n.* acquired mental faculty, skill or learning. शिल्प, विद्या अथवा अभ्यास से प्राप्त की हुई शक्ति ।

Acquisition-ऑं - क्वि - ज़िशन्-*n.* the act of acquiring, gain. प्राप्ति, लाभ; **Acquisitive** (-इ-टिव्) -*adj.* desirous to acquire. प्राप्त करने की लालसावाला ।

Acquit-ऑक्-क्विट्'-*v. t.* (*p. t.* **Acquitted.**) to declare innocent, to set free. निर्दोषी ठहराना, छुटकारा देना ; **Acquittal** (-अल्) -*n.* discharge from debt, setting free from the charge of offence. ऋणमुक्ति, अपराध से छुटकारा; **Acquittance** (-ऑन्स्) -*n.* release

from debt, receipt in full. ऋणमुक्ति, उऋण होना, बेबाकी या भरपाई की रसीद।

Acre-एँ'-कर्-*n.* a piece of land measuring 4840 sq. yds. ४८४० वर्ग गज भूमि (१½ या प्रायः डेढ़ बीघा जमीन) ; **Acreage** (- एँज) -*n.* amount of acres in a piece of land. किसी भूमि की एकड़ में नाप।

Acreophagy-ऑ-क्रिओ-फ़ॅ- जि - *n.* one who abstains from eating flesh. मांस भक्षण न करनेवाला मनुष्य।

Acrid-ऑक्रिड् - *adj.* sharp to the taste, irritating, pungent, bitter. तीखा, उत्तेजक, चरपरा, कड़ुआ; **Acridity** (-इ-टि), **Acridness**- (- नॅस्) - *ns.* pungent taste. तीखापन, चरपराहट।

Acrimonious-*adj.* see Acrimony.

Acrimony - ऑक्रिमनि - *n.* bitterness of temper or manner. चाल-चलन की रुखाई, झुंझलाहट; **Acrimonious** (-अस्) -*adj.* severe, bitter, caustic. तीखा, कड़ुआ, खट्टा; **Acrimoniousness** (-अस्-नॅस्) - *n.* bitterness of temper. प्रकृति की रूक्षता या रुखाई।

Acrita-ऑक्'-रि-टा-*n. pl.* plant-like animals. वनस्पति के आकार के प्राणी।

Acrobat-ऑक्रो' - बॅट् -*n.* a rope-dancer. रस्से पर नाचनेवाला, नट; **Acrobatic** (-इक्)-*adj.* नट सम्बन्धी।

Acrography-ऑक्रोग्रॉफ़ि-*n.* the art of engraving designs in relief on metal. धातु पर उभड़े चित्र खोदने की कला।

Acromania-ऑक्रोमें निआ-*n.* incurable madness. असाध्य पागलपन।

Acronycal-ऑ-क्रॉनिकल् - *adj.* happening at nightfall or midnight. रात्रि या आधी रात में होनेवाला।

Acropolis-ऑ-क्रॉप्-ॲ-लिस्-*n.* a citadel of Athens. एथेन्स का दुर्ग।

Across-ऑ-क्रॉस्'-*prep.* & *adv.* along, from side to side, athwart. आगे का, एक ओर से दूसरी ओर, आरपार; **To come across** (to come in contact with.) संसर्ग होना; **With arms across** (with arms forming a cross.) भुजा पर भुजा रखे हुए।

Act-ऑक्ट्-*v. i.* to be in action, to exert power, to produce effect, to feign, to behave. कार्य करना, शक्ति प्रदान करना, परिणाम होना, बहाना करना, व्यवहार करना;-*v. t.* to perform, to imitate. कोई कार्य संपादन करना (साधना), अनुकरण करना; -*n.* something done, an exploit, a law, part of a drama. किया हुआ कार्य, साहसिक क्रिया, कानून, नाटक का अङ्क; **To act up to** (to fulfil.) पूर्ण करना।

Acting-ऑक्ट्'-इङ्ग्-*n.* performance. नाटक का अभिनय;-*adj*, working for another. कार्यकारी।

Actinic-ऑक्-टिन्' इक्-*adj.* pertaining to the rays of the sun. सूर्य की किरण सम्बन्धी; **Actinism** (-इज़्म्)-*n.* chemical action of sun's rays. सूर्य की किरणों का रासायनिक प्रभाव; **Actinometer** (-ओ-मी-टर्) -*n.* an instrument for measuring the intensity of sun's actinic rays. सूर्य की किरणों की रासायनिक शक्ति नापने का यन्त्र।

Action-ऑक्'-शन्-*n.* performance, deed, exploit, battle, engagement, law-suit. कार्य, कृति, साहसिक क्रिया, युद्ध, व्यापार, मुकदमा; **Actionable** (-ऍ-बल्) - *adj.* liable to an action of law. अभियोग (नालिश) करने योग्य।

Active-ऑक्ट्'-इव्-*adj.* agile, nimble, busy, practical, (*gram.*) implying action, (*med.*) easily operating. चपल, चंचल, उद्योगी, व्यवहारी, (व्या०) कर्तरि प्रयोग, (औ० शा०) जल्दी काम करनेवाली (औषधि); **Actively** (-लि)-*adv.* in an active sense. कर्तरि अर्थ में; **Activeness** (-नॅस्)-*n.* agility. चंचलता; **Activity** (-इ-टि) -*n.* agility, nimbleness. चंचलता, तीव्रता (तेजी)।

Actor-ऑक्टर् - *n.* a stage-player. नाटक का पात्र; **Actress**-ऑक्ट्'-रॅस्-*n. fem.* female actor. अभिनेत्री।

Actual - ऑक्चुअल् - *adj.* real, effectual, current. यथार्थ, निश्चित, वर्तमान; **Actualist** (-इस्ट्) -*n.* one who deals only with the real. केवल वास्तविक (यथार्थ) पदार्थ का व्यवहार करनेवाला; **Actuality** (-इ-टि) -*n.* reality. सत्यता, यथार्थता; **Actualization** (-अइज़-ए-शन्) -*n.* making actual. यथार्थीकरण; **Actualize** (-आइज़्) -*v. t.* to make actual. यथार्थ करना; **Actually** (-लि) -*adv.* in fact, really. वस्तुतः, सचमुच, यथार्थ में।

Actuary-ऑक्चुअरि-*n.* a clerk, a registrar. मुंशी, रजिस्ट्री करनेवाला अधिकारी।

Actuate-ऑक्चुएँट-*v. t.* to put into action, to communicate motion to, to incite, to influence. कार्य में परिणत करना, गति देना, उकसाना, उत्तेजित करना; **Actuation** (-ए'-शन्) -*n.* the state of being actuated. गतिमान् होने की अवस्था; **Actuator** (-ए'-टर्)-*n.* one who gives motion to. गति देनेवाला।

Acuition-ऑक्-यु - इशन्' - *n.* strengthening the action of a medicine. औषधि की शक्ति बढ़ाने का कार्य।

Acuity-ऑक्‌-यू'इट्‌-इ-*n.* sharpness, acuteness of wit. तीक्ष्णता, बुद्धि की तीव्रता।

Aculeated-ऑ-क्यू'-लि'-एटेड्‌-*adj.* pointed, having a sting, pungent. नोकीला, डङ्कदार, तीक्ष्ण, तीखे स्वाद का।

Acumen-ऑ-क्यू'-मेन्‌-*n.* sharpness, mental acuteness, keenness. तीक्ष्णता, तेजी, बुद्धि की सूक्ष्मता।

Acuminate-ऑ-क्यू'-मिन्‌-एट्‌-*adj.* tapering to a point. नोकीला; -*v. t.* to sharpen. नोकीला करना; **Acumination** (-मिन्‌-ए'-शन्‌)-*n.* ending in a sharp point. नोकीला छोर (किनारा)।

Acuminous-ऑ-क्यू-मिन्'-अस्‌-*adj.* possessing sharp wit. तीक्ष्ण बुद्धिवाला।

Acute-ऑ-क्यूट्'-*adj.* sharp, pointed, keen, shrill, critical. तीक्ष्ण, नोकीला, तीव्र, कर्कश, छिद्रान्वेषी; **Acutely** (-लि)-*adv.* keenly. तीव्रता से; **Acuteness** (-नेस्‌)-*n.* sharpness. तीक्ष्णता; **Acute angle** (an angle which is less than a right angle.) न्यून कोण; **Acute disease** (chronic disease.) दीर्घस्थायी (पुराना) रोग।

Adactyl-ऑ-डैक्‌-टिल्‌-*adj.* having no toes or fingers. बिना हाथ की या पैर की अँगुलीवाला।

Adage-ऐड्'-एज्‌-*n.* a maxim, an old proverb, a saying. सूत्र, कहावत, दृष्टान्त।

Adam-ऐड्'-अम्‌-*n.* the first man. आदि पुरुष, मनु; **Adamic** (-इक्‌)-*adj.* मानवी; **Adam's apple** (-ऐ-ड'-ऐम्ज्‌-ऐप्'-प्ल्‌)-*n.* the projection in front of the throat. कण्ठ का बाहरी उभाड़ (टेंटुआ)।

Adamant-ऐड्'-ऑ-मॅन्ट्‌-*n.* a very hard stone, diamond. वज्र, हीरा; **Adamantine** (-आइन्‌) -*adj.* impenetrable, very hard. वज्रमय, अभेद्य, बहुत कड़ा।

Adapt-ऑ-डैप्ट्'-*v. t.* to make suitable, to modify, to proportion, to remodel. ठीक करना, व्यवहार करना, यथाकाल व्यवस्था करना, एक समान करना; **Adaptability** (एं-बिलि-टि), **Adaptableness** (-नेस्‌)-*ns.* the quality of adaptation. यथाकाल व्यवस्था; **Adaptable** (-ए'-ब्ल्‌) -*adj.* व्यवस्था योग्य; **Adaptation** (-ए'-शन्‌) -*n.* the act of adapting, fitness. अनुकूलन, सुविधा; **Adaptedness** (-एंड्‌-नेस्‌) -*n.* सुविधा; **Adapter** (-अर्‌)-*n.* one who adapts. अनुकूलक; **Adaptive** (-इव्‌)-*adj.* suitable. योग्य, अनुकूल।

Adays-अ-डेज्‌'-*adv.* now-a-days, at present. आजकल, इन दिनों।

Add-ऐड्‌-*v.t.* to join, to sum up, to increase, to unite. जोड़ना, अधिक करना, बढ़ाना, जुटाना; **Addition** (-डिशन्‌)-*n.* process of adding; anything added. जोड़ने की क्रिया, जोड़; **Additional** (-डिशनल्‌)-*adj.* what is added, increased. अतिरिक्त, अधिकतर; **Additionally** (-अल्‌-लि)-*adv.* in addition to. अधिकतर; **To add fuel to fire** (to make matters worse.) आग में ईंधन डालना, उभाड़ना।

Addendum-ऐड्‌-डेन्'-डम्‌-*n.* (*pl.* Addenda) addition, a thing to be added, appendix. जोड़, परिशिष्ट।

Adder-ऐड्'-अर्‌-*n.* a venomous serpent. विषैला साँप, गेहुँअन, काला साँप।

Addict-ऐड्‌-डिक्ट्'-*v. t.* to devote, to apply habitually (in bad sense.) निरत होना, व्यसन (लत) होना; **Addicted** (-एड्‌)-*adj.* given up to, devoted. वशीभूत, लीन; **Addiction** (-ऑ-डिक्'-शन्‌)-*n.* bad habit. बुरी आदत।

Addition, Additional-see **Add.**

Addle-ऐड्'-इल्‌-*adj.* rotten, barren. सड़ा (गन्दा), बाँझ; -*v. t.* to make rotten, to confuse. सड़ाना, घबड़ाना; **Addled** (-इ) -*adj.* made putrid. सड़ाया हुआ; **Addlement** (-मेन्ट्‌)-*n.* the state of being rotten. सड़ाहट।

Addleplot-ऐड्‌-इल्‌-प्लॉट्‌-*n.* one who makes a secret design fail. किसी षड्यन्त्र को असफल करनेवाला।

Address-ऐड्'-ड्रेस्'-*v. t.* to communicate with, to speak, to direct, to make a suit to. निवेदन करना, उच्चारण करना (व्याख्यान देना), मार्ग दिखलाना, प्रार्थना करना; -*n.* skill, a speech, manner of speaking, title, direction of a letter. चतुराई, व्याख्यान, बोलने की शैली, उपाधि, पत्र का सिरनामा; **Of agreeable address** (sweet words, adroitness.) प्रिय वचन, दक्षता; **Addressee** (-ई)-*n.* he who is addressed in a letter. जिसको पत्र लिखा जाय; **Addresser** (-अर्‌) -*n.* one who addresses or makes petitions. पत्र भेजनेवाला, निवेदन करनेवाला।

Adduce-ऐड्‌-ड्यूस्'-*v. t.* to cite, to bring to notice, to quote. प्रमाण देना, सूचित करना, उपस्थित करना; **Adducent** (-ड्यूस्'-एन्ट्‌)-*adj.* drawing together. मिलानेवाला; **Adducible** (-ड्यूस्‌-इ-ब्ल्‌) -*adj.* प्रमाण योग्य; **Adductive** (-इक्'-टिव्‌)-*adj.* that which brings forward. आगे बढ़ानेवाला।

Adenitis-ऐडेनाइ'-टिस्‌-*n.* inflammation of a gland. गिल्टी की सूजन।

Adept-ऐड्‌-एप्ट्'-*adj.* proficient, well-skilled. प्रवीण (चतुर), गुणी; -*n.* one skilled in an art. कारीगर।

Adequacy-*n.* see **Adequate.**

Adequate-ऍड्'-इ-क्वेट् - *adj.* proportionate, fully sufficient, equal to. योग्य, पर्याप्त, तुल्य (बराबर); **Adequately** (-लि) - *adv.* in a sufficient manner. पर्याप्त रूप में; **Adequacy,** (-क्वॅ-सि), **Adequateness** (-नॅस्)-*ns.* the state of being sufficient. पर्याप्तता।

Adfected-ऍड्-फॅक्‌ट्' - ऍड्-*adj.* consisting of different powers of unknown quantity in Algebra. बीजगणित में अज्ञात संख्या की विभिन्न घातोंवाला।

Adhere-ऍड्-हियर्'-*v. i.* to stick, to cleave. चिपकना, दृढ़ होना; **Adherence** (-ऍन्स्) -*n.* attachment, fidelity. अवलम्बन (लगाव), भक्ति (स्थिरता); **Adherent** (-ऍन्ट्) - *n.* a follower. सहायक, अनुचर, साथी; **Adherer** (-अर्)-*n.* a follower. अनुचर, सेवक।

Adhesion-ऍड्-हीज़न् - *n.* close connection, easy attachment. अवलम्ब, लगाव (चिपकाव); **Adhesive** (-सिव्)-*adj.* apt to stick. चिपचिपा, लसदार; **Adhesiveness** (-सिव्-नॅस्) - *n.* tenacity, stickiness. चिपचिपाहट (लसलसाहट)।

Adhibit-ऍड्-हिबिट्-*v. t.* to put on, to use, to administer, to apply, to attach. रखना, धरना, प्रयोग करना, जोड़ना।

Adieu-ऍ - ड्यू' - *adv.* & *interj.* good-bye, farewell. नमस्कार, जाते समय का अभिवादन; **To bid adieu** (to bid good-bye.) नमस्कार करना।

Adipose-ऍडि-पोज़् - *adj.* fatty, containing fat. चरबीदार, चरबी से भरा हुआ।

Adipsia-ऍ-डिप्'-सि-ऍ - *n.* total absence of thirst. प्यास का पूर्ण अभाव।

Adit-ऍड्'-इट्-*n.* a pass into a mine. खान में आने-जाने का मार्ग।

Adjacence(-y)-*n.* see **Adjacent.**

Adjacent-ऍड्-जे'-सन्ट्-*adj.* lying near, bordering, neighbouring. पास का, समीपवर्ती, पड़ोस का; **Adjacence, Adjacency** (-स, -सन्सि) -*ns.* state of bordering. समीपता; **Adjacent-ly** (-लि)-*adv.* समीप होते हुए।

Adjectival-*adj.* see **Adjective.**

Adjective-ऍड्'-जॅक्-टिव् - *adj.* & *n.* a word used to qualify a noun, additional, dependent. विशेषण (गुणवाचक शब्द), अधिक, आश्रित; **Adjectival** (-टाइवल्) - *adj.* like an adjective. विशेषण की भाँति का; **Adjectively** (-टिव्लि)-*adv.* विशेषण की भाँति।

Adjoin--ऍड्-जॉइन्'-*v. i.* to join, to unite, to append. जोड़ना, मिलाना, लगाना;-*v. i.* to lie in contact with. संयुक्त होना; **Adjoining** (-इङ्ग्)-*adj.* near, adjacent. पार्श्ववर्ती, समीपवाला, पास का।

Adjourn-ऍ-जर्न'-*v. t.* to put off, to postpone, to suspend. विलम्ब करना, टालना, स्थगित करना; **Adjournment** (-मॅन्ट्) -*n.* a suspension of proceedings. कुछ काल के लिये सभा इत्यादि का कार्यक्रम स्थगित करने का कार्य, स्थगन; **Adjournment motion** (proposal to postpone.) स्थगन प्रस्ताव।

Adjudge-ऍ-जज्'-*v. t.* to settle, to decide, to condemn, to sentence, to assign. निर्णय करना, आज्ञा देना, विचार करना, निपटारा करना, स्थिर करना।

Adjudicate-ऍ-जू'-डि-केट् - *v. t.* to pronounce judgment, to sit in judgment. निर्णय करना, न्यायाधीश की भाँति बैठना; **Adjudicator**(-के'-टर्)-*n.* one who pronounces judgment or acts as a judge. न्यायाधीश।

Adjunct-ऍ' - ज'-क्ट् - *adj.* joined or added. मिला हुआ, जुड़ा हुआ; -*n.* something subordinate. विशेषण; **Adjunctive**(-इव्)-*adj.* joining. जोड़नेवाला; **Adjunctively** (-इव्-लि) -*adv.* विशेषण की भाँति प्रयोग किया हुआ।

Adjuration-ऍ-जू-रे'-शन् - *n.* solemn oath. शपथ।

Adjure-ऍ-जूर्'-*v. t.* to charge under oath or penalty, to request earnestly. शपथपूर्वक आज्ञा देना अथवा कहना, आग्रहपूर्वक प्रार्थना करना।

Adjust-ऍड्-जस्ट्'-*v. t.* to fit, to settle, to regulate, to harmonise (discrepancies). ठीक करना, व्यवस्था करना, तराजू में धड़ा बाँधना, भूलों को ठीक करना; **Adjustable** (-ऍ-बल्) -*adj.* ठीक करने योग्य; **Adjuster** (-अर्) -*n.* one who adjusts. ठीक करनेवाला; **Adjustment** (-मॅन्ट्) - *n.* arrangement, settlement. एकीकरण, सुधार, ठीक हिसाब।

Adjutant-ऍ - जु'-ऊ-टॅन्ट्-*n.* an assistant officer in the army, gigantic Indian stork सेना में का एक अफ़सर जो मेजर का सहायक होता है, एक प्रकार का सारस पक्षी।

Adjutant

Adjutor-ऍज्'-ऊ- टर् - *n.* (*fem.* **Adjutrix**-ट्रिक्स) a helper. सहकारी, सहायक।

Adjuvant-ऍज्'-ऊ-वॅन्ट्-*n.* an assistant. सहायक पुरुष;-*adj.* helping, assisting. सहकारी, सहायक।

Admeasure-ऍड्-मॅ'झ्-अर्-*v. t.* to measure,

to apportion, to assign shares. नापना, भाग स्थिर करना, हिस्सा तय करना, बँटवारा करना; **Admeasurement** (-मेंन्ट्)-*n.* measurement, weight. नाप, तौल ।

Administer-ऑड्-मिन्-इस्'-टर्-*v.t.* to manage, to afford, to furnish; -*v. i.* to prescribe, to contribute assistance. प्रबन्ध करना, देना, औषधि प्रयोग करना, सहायता देना; **Administration** (-ट्रे - शन्) - *n.* management of public affairs; government. सार्वजनिक कार्यों का प्रबन्ध, शासन; **Administrative** (-ट्रे-टिव्) -*adj.* of government. शासन सम्बन्धी ।

Administrator-ऑड्-मिन्-इस्-ट्रे'-टर् - *n. mas.* one who directs or manages. शासक, प्रबन्धकर्ता; **Administratrix** (-ट्रे'-ट्रिक्स्)-*n. fem.* शासिका, प्रबन्धकर्त्री ।

Admirable-*adj.* प्रशंसनीय ।

Admiral-ऑड्'-मि-रल्-*n.* the chief officer of a fleet. समुद्री सेना का नायक, जहाजों का अफ़सर; **Admiralty** (- टि) - *n.* the office of an admiral. समुद्री सेना (जलसेना) का विभाग ।

Admiration -*n.* प्रशंसा ।

Admire-ऑड्-मायर्'-*v. i.* to contemplate, to wonder at, to have high esteem, to love. विचार करना, अचरज करना, श्रद्धा करना, प्रशंसा करना, स्तुति करना, प्रेम करना; **Admirable** (-मि -री-ब्ल्) - *adj.* worthy of admiration, excellent. प्रशंसनीय (सराहने योग्य, श्रेष्ठ (अपूर्व); **Admirably** (-मि-रे'ब्'-लि) -*adv.* excellently. सराहते हुए; **Admiration** (-मि-रे'-शन्)-*n.* wonder, esteem, love, veneration. आश्चर्य, प्रशंसा, प्रेम, श्रद्धा; **Admired** (-मयार्ड)-*adj.* highly esteemed. अति प्रशंसित; **Admirer**(-मायर्'-अर्)-*n.* a praiser. प्रशंसा करनेवाला, प्रेमी; **Admiringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with admiration. प्रशंसापूर्वक ।

Admissibility-*n.* ग्राह्यता ।

Admissible-ऑड्-मिस्'-सि-ब्ल्-*adj.* capable of being allowed, worthy of being admitted. ग्राह्य, अङ्गीकार योग्य; **Admissibility** (-बिल्-इ-टि)-*n.* quality of being admissible. ग्राह्यता ।

Admission - ऑड् - मिशन् -*n.* introduction, access. प्रवेश, पहुँच ।

Admissive-ऑड्-मिस्' -इव् -*adj.* admitting, accepting. स्वीकारी, माननेवाला; **Admissory** (-अर्-इ)-*adj.* granting admission. प्रवेश की आज्ञा देनेवाला ।

Admit-ऑड्-मिट्'-*v. t.&i.* (*p. t.* **Admitted.**) to grant entrance to, to grant in argument, to permit, to confess, to accept as true, to acknowledge. भरती करना, शास्त्रार्थ में स्वीकार करना, आज्ञा देना, (भूल) स्वीकार करना, सत्य मान लेना, कबूल करना; **Admittable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* स्वीकार करने योग्य; **Admittance** (-टॅन्स्)-*n.* permission to enter. प्रवेश की आज्ञा; **Admittedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* by permission. आज्ञा से, आज्ञा पाकर ।

Admix-ऑड्-मिक्स्'-*v. t.* to mix with something else. मिश्रण करना, मिलाना; **Admixture** (-चर्)-*n.* मिश्रण, मिलावट ।

Admonish-ऑड् - मॉनिश् - *v. t.* to reprove mildly, to warn of a fault. धीरे से झिड़कना, दोष से सावधान करना; **Admonisher** (-अर्)-*n.* उपदेशक; **Admonishment** (-मेंन्ट्) -*n.* warning. चेतावनी; **Admonition** (-मॉ-निशन्')-*n.* counsel or advice, caution, direction. उपदेश, चेतावनी, निर्देश; **Admonitive** (-इ-टिव्)-*adj.* containing admonition. चेतावनी-युक्त; **Admonitor**(-इ-टर्)-*n.* admonisher. चेतावनी देनेवाला व्यक्ति ।

Adnascent-ऑड्-नॅस्'-ऍन्ट्- *adj.* growing to or upon. बढ़ता हुआ ।

Adnominal - ऑड् - नॉमिनल् - *adj.* attached to a noun, adjectival. संज्ञा में जुड़ा हुआ, विशेषण सम्बन्धी ।

Ado-ऑ - डू' - *n.* bustle, trouble, fuss, difficulty. गड़बड़ी, कष्ट, उपद्रव, तरद्दुद, झमेला; **Much ado about nothing** (useless botheration.) व्यर्थ का उपद्रव ।

Adobe-ए-डो'-बि-*n.* sub-dried brick. धूप में सुखाई हुई ईंट ।

Adolescence-ऑडोलॅस्'-अ-न्स् -*n.* the period of youth. यौवन, युवावस्था ।

Adolescent-ऑडोलॅस्'-अन्ट् - *adj.* advancing to manhood. यौवनप्राप्त ।

Adopt-ऑ-डॉप्ट्'-*v. t.* to take as one's own child, to embrace, to take up. पुत्रवत् अङ्गीकार करना (गोद लेना), गले लगना, ग्रहण करना; **Adoptable**(-ऍ-ब्ल्)-*adj.* fit to be adopted. ग्रहण करने योग्य; **Adoption**(-डॉप्'-शन्)-*n.* the act of adopting, acceptance. गोद लेने का संस्कार; **Adoptive** (-इव्)-*adj.* fit for being adopted. गोद लेने योग्य ।

Adorable-ऑ-डोर्-ऍब्ल्-*adj.* worthy of the highest honours. पूजनीय (पूजा करने योग्य); **Adorably** (-ऍ-ब्लि), **Adoringly** (-इङ्ग्-लि) -*advs.* with profound regard. पूजाविधि से, भक्ति से ।

Adoration-ऑडोरेशन्-*n.* worship, profound regard. पूजा, भक्ति ।

Adore-अ-डोर्'-*v. t.* to pay divine honours, to worship, to love intensely. आराधना

करना, पूजन करना, अति प्रेम करना; **Adorer** (-अर्)-*n.* a worshipper, an admirer, a lover पूजा करनेवाला, उपासक, भक्त, प्रशंसक, प्रेमी ।

Adorn-ॲ-डॉर्न'-*v. t.* to deck, to furnish with ornaments, to beautify. सुशोभित करना, शृङ्गार करना, सजाना; **Adorning** (-इङ्ग्)-*n.* ornament, decoration. आभूषण (सजावट), शृङ्गार; **Adornment** (-मॅन्ट्)-*n.* embellishment, ornament. शृङ्गार (सजावट), आभूषण ।

Adown-ॲ-डाउन्'-*adv. & prep.* down, downwards. नीचे, नीचे की ओर ।

Adrad-ऍ-ड्रॅड्', **Adred** (-ॲ-ड्रॅड्')-*adjs.* afraid. भयभीत, डरा हुआ ।

Adrift-ॲ-ड्रिफ्ट्'-*adv.* floating at random, moving without direction. इधर-उधर तैरते हुए, डावांडोल ।

Adroit-ॲ-ड्रॉ-इट्'-*adj.* skilful, expert, active. निपुण, दक्ष, तत्पर ; **Adroitly** (-लि)-*adv.* skilfully. दक्षता से, चतुराई से; **Adroitness** (-नॅस्) -*n.* expertness, skill. चतुराई, प्रवीणता ।

Adry-ॲ-ड्राइ'-*adj. & adv.* dry, thirsty. शुष्क, सूखा, प्यासा ।

Adscititious-ॲड्-सि-टिश्'-अस्-*adj.* assumed, added, additional. स्वीकृत, माना हुआ, जोड़ा हुआ, परिशिष्ट ।

Adscript-ॲड्'-स्क्रिप्ट्-*adj. & n.* written after, a serf. बाद में लिखा हुआ, दास ।

Adstriction-ॲड्-स्ट्रिक्'-शन्-*n.* costiveness, act of binding together. कोष्ठबद्धता, मिलाने का कार्य ।

Adulate-ॲड्'-यू-लेट्-*v. t.* to show devotion, to fawn, to flatter. भक्ति दिखलाना, झूठी प्रशंसा करना, चापलूसी करना; **Adulation** (-लें-शन्)-*n.* servile flattery, fawning. चाटूक्ति, चापलूसी; **Adulator** (-अर्)-*n.* a flatterer. मिथ्या प्रशंसा करनेवाला, चापलूस; **Adulatory** (-अरि)-*adj.* flattering, falsely praising. चापलूसी का, झूठी प्रशंसा करता हुआ या करनेवाला ।

Adult-ॲ-डल्ट्'-*n. & adj.* a grown up person, a man of mature age. यौवनप्राप्त पुरुष, युवा (बालिग) ।

Adulternat-ॲ-डल्'-टर्-ॲन्ट्-*n.* the person or thing that adulterates. मिलावट करनेवाला व्यक्ति या मिलानेवाली वस्तु ।

Adulterate-ॲ-डल्'-टर्-एट्-*v. t.* to debase by admixture, to corrupt. मिलावट से अशुद्ध करना, मिलौनी करना, भ्रष्ट करना; **Adulteration** (-ए'-शन्)-*n.* admixture. (मिश्रण), मिलावट ।

Adulterer, Adulterine, Adulterous-see **Adultery.**

Adultery-ॲ-डल्'-टर्-इ-*n.* violation of the marriage-bed. व्यभिचार, पर स्त्री या परपुरुष गमन (छिनारा); **Adulterer** (-अर्)-*n.* a man guilty of adultery. व्यभिचारी; **Adulteress** (-ऍस्)-*n. fem.* व्यभिचारिणी (छिनार); **Adulterine** (-आइन्)-*n.* a child of adultery. व्यभिचार से उत्पन्न सन्तति; **Adulterous** (-अस्) -*adj.* पर पुरुषगामी या परस्त्रीगामी ।

Adumbrate-ॲड्-अम्-ब्रे ट्'-*v. t.* to represent in outline, to exhibit imperfectly. ढाँचे में (छाया रूप में) दिखलाना, अपूर्ण दिखलाना; **Adumbration** (-ब्रे'-शन्)-*n.* faint representation. छाया रूप की दिखावट; **Adumbrative** (-ब्रे-टिव्)-*adj.* छाया रूप में दिखलानेवाला ।

Adust-अ-डस्ट्'-*adj.* burnt, parched. जला हुआ, झुलसा हुआ (भुना हुआ) ।

Advance-ॲड्-वान्स्'-*v. t. & i.* to move or put forward, to promote, to supply beforehand, to proceed, to rise in rank. आगे बढ़ना, बढ़ाना (मूल्य बढ़ाना), पेशगी देना, बढ़ना, पद में उन्नति करना; -*n.* improvement, progress, a loan. उन्नति, बढ़ती, ऋण, कर्ज; **In advance** (beforehand.) पेशगी, पहिले से ।

Advanced-ॲड् - वान्स्ड्' - *adj.* progressing. उन्नति करता हुआ ; **Advanced in age** (well up in years.) वयोवृद्ध, वय में अधिक, बुड्ढा; **Advanced in knowledge** (well up in knowledge.) ज्ञानवृद्ध, ज्ञान में अधिक; **Advancement** (-मॅन्ट्)-*n.* state of being advanced, preferment, promotion. वृद्धि, उन्नति ।

Advancer-ॲड्-वान्स्'-अर्-*n.* one who makes progress. उन्नति करनेवाला मनुष्य ।

Advantage-ॲड्-वान्'-टेज्-*n.* favourable condition, precedence, superiority, benefit. सुविधा, महत्त्व, बड़ाई, लाभ; -*v. t. & i.* to promote, to be beneficial to. बढ़ाना, लाभदायक होना; **Advantageous** (-अस्) -*adj.* useful, beneficial. लाभदायक, उपकारी; **Advantageously** (-अस्-लि)-*adv.* with advantage or with benefit. लाभ सहित; **To take a person at advantage** (to visit by surprise.) एकाएक भेंट करना; **To take advantage of** (to avail of.) लाभ उठाना; **To have an advantage of**(to gain over.) बढ़कर सुविधा पाना ।

Advene-ॲड्-वीन्'-*v. t. & i.* to accede, to be superadded, to become part. मानना, सहमत होना, अधिक जोड़ा जाना, भाग होना ।

Advent-ॲड्'-वॅन्ट्-*n.* a coming or arrival, the coming of Christ, incarnation, the four weeks before Christmas. आगमन, ईसा मसीह का जन्म, अवतार, बड़े दिन के पूर्व के चार

सप्ताह; **Adventitious** (-टिश्'-अस्)-*adj.* accidental, casual. आकस्मिक, अनिश्चित, अनित्य।

Adventure-ऑड्-वेन्ट्'-यूर्-*n.* risk, enterprise of hazard. साहसिक कार्य, संकट-युक्त कार्य; -*v. i.* to risk or hazard. साहसिक कार्य करना; **Adventurer** (-अर्)-*n.* a soldier, a speculator. साहसी योद्धा, धुन बाँधनेवाला; **Adventuress** (-ऍस्)-*n. fem.* वीरांगना; **Adventurous** (-अस्), **Adventuresome** (-सम्)-*adjs.* enterprising. साहसी; **Adventurously** (-लि)-*adv.* enterprisingly. साहसिक रीति से।

Adverb-ऑड्'-वर्ब्--*n.* a word that modifies an adjective, a verb or another adverb. क्रियाविशेषण; **Adverbial** (-इ-अल)-*adj.* क्रियाविशेषण सम्बन्धी; **Adverbially** (-इ-अल्-लि) -*adv.* like an adverb. क्रियाविशेषण की भाँति।

Adversary-ऑड्'-वर्स्-रि-*n.* an antagonist, an enemy, an opponent. प्रतिवादी, वैरी या शत्रु, विरोधी।

Adversative-ऑड्'-वर्स्'-ऍ-टिव्-*adj.* expressing contrast. विरोध-सूचक।

Adverse-ऑड्'-वर्स्'-*adj.* unfortunate, going against, unprosperous. भाग्यहीन, विपरीत, (विरुद्ध), दरिद्र ; **Adversely** (-लि)-*adv.* विरुद्धता से; **Adverseness** (-नॅस्)-*n.* opposition. विरुद्ध भाव; **Adversity** (-इ-टि) -*n.* misfortune, affliction. अभाग्य, कष्ट, विपत्ति।

Advert-ऑड्-वर्ट'-*v. t.* to draw the attention to, to refer to. ध्यान दिलाना, उद्देश्य करना; **Advertence** (-ऍन्स्), **Advertency** (ऍन्-सि) -*ns.* heedfulness. सावधानी; **Advertent** (-ऍन्ट्) -*adj.* attentive, heedful. सावधान, सचेत; **Advertently** (-ऍन्ट्-लि)-*adj.* heedfully. सावधानी से, सचेत होकर।

Advertis(z)e-ऑड्'-वर्-टाइज़्-*v. t.* to inform, to publish, to announce. सूचना देना, विज्ञापन देना, घोषित करना; **Advertisement** (-टिज़्'-मॅन्ट्)-*n.* a public announcement in a newspaper, legal notice. समाचार पत्र में विज्ञापन, क़ानूनी इश्तहार; **Advertiser** (-अर्) -*n.* विज्ञापन करनेवाला पत्र या मनुष्य।

Advice-ऑड्-वाइस्'-*n.* counsel, news, (*in. pl.*) formal notice, communication from a distance. उपदेश, समाचार, (ब० ब०) व्यावहारिक सूचना, दूर का समाचार; **Advice Boat** (a swift vessel which is used for conveying dispatches.) समाचार ले जानेवाला तीव्र जहाज़।

Advisability-ऑड्-वाइ - ज़ॅ - बि - लिटि -*n.* expediency. शीघ्र होने की योग्यता।

Advisable-ऑड्-वाइ'-ज़ॅ-बल्-*adj.* able to be recommended, expedient, prudent. अनुमति योग्य, उपयुक्त, चतुर; **Advisably** (-ऍब्-लि)-*adv.* with advice. विचार कर, अनुमति से।

Advise-ऑड्'-वाइज़्'-*v. t. & i.* to announce, to consider, to counsel, to consult. सूचित करना, विचारना, परामर्श देना, सलाह करना; **Advised** (-ड्)-*adj.* deliberate, considered. स्थिर, विचारपूर्ण; **Advisedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* heedfully, purposely. सावधानी से, जानबूझकर; **Adviser** (-अर्)-*n.* सलाह देनेवाला; **Advisory** (-अर्-इ)-*adj.* containing advice. उपदेशक, समझानेवाला परामर्शदायी।

Advocacy-ऑड्'-वो-कॅ-सि - *n.* pleading in support of some one. किसी के लिये तर्क (करना), पक्ष का समर्थन, वकालत।

Advocate-ऑड्'-वो-केट्-*n.* one who pleads for another. दूसरे के लिये बहस करनेवाला (वकील, मुख्तार);-*v. t.* (-केट्') to plead for another, to defend, to recommend. वकालत करना, किसी के पक्ष का समर्थन करना।

Adynamia-ऑ-डि-ने'-मि - या - *n.* weakness caused by disease. किसी रोग के कारण उत्पन्न हुई दुर्बलता।

Adynamic-ऑ-डि - नेमि' - क् - *adj.* without strength. शक्तिहीन, निर्बल।

Adze-ऑड्ज़्-*n.* a tool like axe. बसूला, कुल्हाड़ी।

Adze.

Aegis-ई'-जिस् - *n.* protection, defence. रक्षा, बचाव।

Aeolipile (Aeolipyile)-ई-ऑल्-इ-पाइल्- *n.* an instrument for showing force of steam. वाष्प (भाफ) की शक्ति दर्शक एक प्रकार का यन्त्र।

Aeon (Eon)-ई' - ऑन् - *n.* the age of the universe, eternity. युग, कल्प।

Aerate-ए-अर्-एट्'-*v. t.* to combine with carbonic acid or other gas. किसी वस्तु में आलातीय गैस भरना; **Aerated waters** (water charged with carbonic acid gas.) ऐसी गैस भरा हुआ पानी, यथा सोडावाटर, लेमनेड इत्यादि।

Aeration-ए-अर्-ए'-शन्-*n.* exposure to the action of air. वायु में मिलाने का कार्य।

Aerial-ऍई(-अ)-र्'-इ-अल्-*adj.* belonging to air, imaginary, atmospheric, lofty, elevated. वायु सम्बन्धी, काल्पनिक, हवाई, ऊँचा, उन्नत;-*n.* a conductor used in wireless telegraphy. बिना तार की तारबर्की (रेडियो) का धाराप्रवाहक तार।

Aerie-Aery-Ayrie-Eyriens, Eyry-ए'-रि,-ई' रि,-आइ'-रि-*ns.* the nest of a bird of prey as an eagle or hawk. शिकारी चिड़िया का घोंसला (यथा बाज़ या उकाब का)।

Aeriferous-एअर्-इफ़्'-एर्-अस्-*adj.* conveying air. वायु ले जानेवाला।

Aerification-एअर्-इ-फ़ि-के'-शन्-*n.* the act of becoming air, gas or vapour. वायुरूप तत्त्व बनने का कार्य।

Aeriform-एअर्'-इ-फ़ॉर्म-*adj.* of the form of air, gaseous, unreal. वायु के समान, गैस के सदृश, अवास्तविक।

Aerify-एअर्'-इ-फ़ाइ-*v. t.* to fill with air. वायु से पूर्ण करना या भरना।

Aero-एअर्-ओ-*pref.* in sense of "air", 'वायु' अर्थ का उपसर्ग; **Aerobatics** (-बैं-टिक्स्)-feats of aviation. हवाई जहाज़ का सर्कस; **Aerobus** (-बस्)-*n.* aeroplane. हवाई जहाज़, वायुयान; **Aerodrome** (-ड्रोम्)-*n.* an aeroplane station. हवाई जहाज़ के उतरने-चढ़ने का स्थान, हवाई अड्डा; **Aerodynamics** (-डाइ'-नैमिक्स्)-*n.* the science of the motion of air. वायु गति शास्त्र; **Aerofoil** (-फ़ॉइल्)-*n.* propeller of an aeroplane. वायुयान का पंखा; **Aerogram** (-ग्राम्)-*n.* wireless message. बिना तार का समाचार; **Aerolite** (-लाइट्), **Aerolith** (-लिथ्)-*ns.* a meteoric stone. टूटता तारा; **Aerology** (ऑल्'-ऑ-जि)-*n.* the science which treats of air. वायु (पवन) विद्या; **Aeromancy** (-मैन्-सि)-*n.* forecasting the weather. जलवायु के विषय में भविष्य-वाणी; **Aerometer** (-मी-टर्) -*n.* an instrument which measures the weight and density of air and gases. वायु का घनत्व नापने का यंत्र; **Aerometry** (-मॅ-ट्रि)-*n.* the science of weighing air. वायुमापन विद्या; **Aeronaut** (-नॉट्) -*n.* one who drives an aeroplane. वायुयान चलानेवाला; **Aeronautics** (-नॉट्'-इक्स्)-वायुयान विद्या; **Aerophobia** (-फो'-बि-या) -*n.* dread of fresh air. ताज़ी हवा से भय; **Aeroplane** (-प्लेन्)-*n.* a flying machine. वायुयान; हवाई जहाज़; **Aerostat** (-स्टॅट्) -*n.* a balloon, an airship. गुब्बारा, हवाई जहाज़; **Aerostatics** (-स्टॅट्'-इक्स)-*n.* the science of atmospheric pressure. वायु का भार या समतोलन जानने की विद्या।

Aeroplane.

Aesthetics-ईस्'-थॅट्'-इक्स्-*n,* the science of the beauty in art and nature. सौंदर्य (ललित कला) शास्त्र।

Aestival-ई-स्टि-वल्-*adj.* pertaining to summer. ग्रीष्म ऋतु सम्बन्धी।

Aether-ई'-थर्-*n.* तेजोवह तत्त्व, आकाश।

Aetiology-ई-टि-ऑल्'-ऑ-जि-*n.* the science of philosophy of causation (*esp.* of disease.) कार्यकारण का तत्त्वज्ञान, विशेषकर रोग के कारण या निदान का ज्ञान।

Afar-ऍ-फ़ार्'-*adv.* from a distance, at a distance. दूर से, दूर पर।

Afeard-ॲ-फ़िअर्ड्-*adj.* frightened, afraid. भयत्रस्त, डरा हुआ।

Affability-*n.* सुशीलता, मिलनसारी।

Affable-ऍफ़' - फ़े-बल्-*adj.* courteous, condescending. सुशील, मिलनसार; **Affability,** (-बिलिटि), **Affableness** (-बल्-नॅस्)-*ns.* condescension. सुशीलता (सौजन्य), मिलनसारी; **Affably** (-बलि)-*adv.* courteously. सुशीलता से।

Affair-अफ़ॅ अर्' - *n.* business, event, concern, matter, minor battle, (*pl.*) pursuits of life. उद्यम, घटना, व्यापार, कारबार, छोटा युद्ध, (ब० व०) जीवन के कार्य; **Affair of honour** (duel.) धर्मयुद्ध।

Affect-अफ़-फ़ॅक्ट्'-*v. t.* to act upon, to practise, to pretend, to love. प्रभाव डालना, व्यवहार करना, बहाना करना (छल करना या रूप बदलना), प्रेम करना।

Affectation-अफ़-फ़ॅक्-टे'-शन्-*n.* false pretence अहंकार, आडम्बर।

Affected-अ-फ़ॅक्ट्'-ऍड् -*adj.* indisposed, not natural. रोगी, कृत्रिम; **Affected by a devil** (attacked by an evil spirit.) प्रेतबाधित; **Affectedly** (-लि)-*adv.* in an affected manner. बहाने से; **Affecting** (-इङ्ग्) -*adj.* having power to excite affection. प्रेम उत्पन्न करने की शक्तिवाला।

Affection-ॲफ़्-फ़ॅक्'-शन्-*n.* love, inclination attachment, emotion or disease. प्रेम, अनुराग, स्नेह, शारीरिक अथवा मानसिक रोग; **Affection, al** (-अल्), **Affectionate** (-एट्)-*adjs.* loving, fond. प्रेमी, स्नेही; **Affectionately** (-एट्-लि) -*adv.* with affection. प्रेम से, स्नेह से; **Affectionateness** (-एट्-नॅस्) -*n.* fondness. स्नेह।

Affective-अफ़'-फ़ॅक्ट्' -इव् - *adj.* exciting emotion. उत्तेजित करनेवाला।

Afferent-ॲफ़्-फ़ॅर्' -एन्ट्-*adj.* leading to the centre. केन्द्र पर पहुँचानेवाला।

Affiance-ऑफ़्-फ़ाइ'-ऑन्स्-*n.* a pledge of faith, marriage contract. वाग्दान, विवाह के लिये वचन देना (सगाई); -*v. t.* to promise solemnly for marriage. विवाह के लिये वचनवद्ध होना; **Affianced** (-इ) -*n.* & *adj.* betrothed. विवाह करनेवाला, सगाई किया हुआ।

Affidavit-ऑफ़ि-फ़ि - डे' - विट् - *n.* a written declaration upon oath before a magistrate. शपथपत्र, हलफ़नामा।

Affiliate-ऑफ़्-फ़िल्'-इ-एट-*v. t.* to receive into a family, to adopt, to connect, to receive into a society as member. पालट बनाना, गोद लेना, मिलाना, किसी सभा का सभासद बनाना; **Affiliation** (-ए-शन्)-*n.* adoption, act of affiliating. दत्तक विधान, गोद लेने का कार्य, किसी सभा या विश्वविद्यालय के अधीन करना या बनना।

Affine-ऑ-फ़ाइन्'-*v. t.* to refine an element &c. तत्त्व का परिशोधन करना।

Affined-ऑफ़् - फ़ाइन्ड्' - *adj.* connected or united, related. संयुक्त, संवद्ध।

Affinity-ऑफ़् - फ़िन्' - इ-टि-*n.* resemblance, relationship, relation by marriage. सादृश्य, सम्बन्ध, विवाह द्वारा सम्बन्ध।

Affirm-अफ़्-फ़र्म्'-*v. t.* & *i.* to assert positively, to declare, to allege. प्रतिज्ञा करना, निश्चय के साथ कहना, प्रमाणित करना; **Affirmable** (-ए-ब्ल्)-*adj.* able to be affirmed. प्रतिज्ञा करने योग्य; **Affirmance** (-ॲन्स्)-*n.* assertion, स्वीकृति; **Affirmation** (-ए'-शन्) -*n.* a solemn declaration. दृढ़ वचन, निश्चय सहित वचन।

Affirmative-अफ़्-फ़र्म् - एटिव्- *adj.* affirming, confirmable. स्वीकार अथवा अङ्गीकार सूचक; **Affirmatively** (-ए-टिव् - लि)-*adv.* positively, in an assertive manner. स्वीकार करते हुए, हामी भरते हुए; **Affirmatory** (-मेटरि) -*adj.* confirmatory. स्वीकार-सूचक।

Affix-ऑफ़्-फ़िक्स्'-*v. t.* to attach, to fix, to fasten. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; -*n.* that which contains affirmation, addition to a root, stem or word, (*gram.*) a letter or syllable added to a word. स्वीकृति-वाक्य, (व्या०) आगम अर्थात् प्रत्यय जो शब्दों में जोड़े जाते हैं; **Affixing** (-इङ्ग्)-*n.* जोड़, मिलाव।

Afflatus-ऑफ़्-फ़्ले'-टस्-*n.* inspiration from above, supernatural knowledge. ईश्वर-प्रेरणा, देवज्ञान।

Afflict-ऑफ़्-फ़्लिक्ट-*v. t.* to give pain, to harass, to trouble. पीड़ा देना, कष्ट देना; **Afflicted** (- एँड्) - *adj.* harassed. दुःखित (पीड़ित); **Afflicting** (-इङ्ग्)-*adj.* distressing. पीड़ा देनेवाला; **Affliction** (-फ़्लिक् - शन्), **Afflictedness** (-एँड्-नेस्)-*ns.* pain, distress, misery, दुःख, क्लेश, विपत्ति; **Afflictive** (-इव्) -*adj.* painful, distressing. व्यथाकर, क्लेश या पीड़ा देनेवाला।

Affluence-ऑफ़्'-फ़्लु-एन्स्-*n.* a flowing to abundance (of wealth), a great plenty. धन की समृद्धि, अधिकता।

Affluent-ऑफ़्-फ़्लु-एन्ट्-*adj.* copious, wealthy. परिपूर्ण, धनाढ्य, समृद्ध; -*n.* a tributary stream. सहायक नदी; **Affluently** (-एन्ट्-लि) -*adv.* in a copious manner. परिपूर्णता (समृद्धि) से।

Afflux-ऑफ़्-फ़्लक्स्-*n.* a flow towards a point. एक केन्द्र की ओर प्रवाह।

Afforce-ऑफ़् - फ़ोर्स्'-*v. t.* to bring force upon a person, to ravish. किसी पर दबाव डालना, नष्ट-भ्रष्ट करना।

Afford-ऑफ़्-फ़ोर्ड्'-*v. t.* to give forth, to expend, to be able to sell. देना, व्यय करना, बेच सकना।

Afforest-ऑ-फ़ॉर्'-रेस्ट्-*v. t.* to convert into forest. जंगल लगाना; **Afforestation** (-ए'-शन्) -*n.* जंगल लगाने का कार्य।

Affranchise-ऑफ़्-फ़्रैन्'-चाइज़्-*v. t.* to free from servitude or obligation. बन्धन अथवा उपकार से मुक्त करना; **Affranchisement** (-मेन्ट्) -*n.* बन्धन से मुक्ति।

Affray-ऑफ़्-फ़्रे'-*n.* fray, noisy quarrel, disturbance, a brawl. कलह (झगड़ा), बलवा (दङ्गा)।

Affright-ऑफ़्-फ़्राइट्'-*v. t.* to frighten. डराना -*n.* a sudden terror, fright. भय (त्रास), ऊधम (दङ्गा) **Affrighted** (-एँड्)-*adj.* terrified. डरा हुआ; **Affrightedly** (-एँड्-लि) - *adv.* डरते हुए।

Affront-ऑफ़्-फ़्रन्ट्'-*v. t.* to face, to insult. सामना करना, अपमानित करना; -*n.* an outrage, an insult. मानभङ्ग, अनादर; **Affronted** (-एँड्) -*adj.* feeling insulted. अपमानित; **Affronter** (-अर्)-*n.* one who faces or insults. सामना या अपमान करनेवाला; **To offer an affront to** (to insult a person openly.) किसी मनुष्य का प्रत्यक्ष अपमान करना।

Affuse-ऑफ़्-फ़्यूज़्'-*v. t.* to pour upon, to sprinkle. उड़ेलना, छिड़कना; **Affusion** (-फ़्यू'-जन्)-*n.* pouring of water in baptism. नामकरण संस्कार (बप्तिस्मा) में जल छिड़कने का कार्य।

Affy-ऑफ़्-फ़ाइ-*v. t.* to betroth, to bind. सगाई करना, संयुक्त करना, मिलाना।

Afield-एँ-फ़ील्ड्'-*adv*. in or on the field. खेत में अथवा खेत पर ।

Afire-एँ-फ़ायर्'-*adv*. on fire, in a state of inflammation. जलती अवस्था में ।

Aflame-एँ-फ़्लेम्-*adv*. on flame, glowing. जलते हुए, चमकते हुए ।

Afloat-अ-फ़्लोट्'-*adj*. or *adv*. floating, at sea, on board a ship. बहता हुआ, समुद्र-तल पर, जहाज पर; **A rumour is afloat** (General talk is current.) बात फैल गई है, ऐसी अफ-वाह है ।

Afoot-अ-फ़ुट्'-*adv*. on the move, astir, on foot. हिलता हुआ, चलता हुआ, पैदल; **Going afoot** (going on foot.) पैदल चलना; **To set afoot** (to begin, to commence.) प्रारम्भ करना ।

Afore-अ-फ़ोर्-*prep*. *&* *adv*. before, in front of, previously. आगे, सामने, प्राचीन काल में; **Aforehand**-*adv*. (beforehand.) समय से पूर्व; **Aforementioned**-*adj*. (said before.) पूर्व-कथित; **Aforesaid**-*adj*. (said before.) पूर्वोक्त; **Aforethought**-*adj*.(premeditated thought.) पहिले से विचारा हुआ; **Aforetime**-*adv*. (in past time.) पूर्वकाल में, पहिले ।

Afraid-अ-फ़्रेड्'-*adj*. frightened, alarmed. डरा हुआ, त्रस्त, भयभीत ।

Afresh-अ-फ़्रेश्'-*adv*. anew, again, with fresh beginning. नया, पुनः, नया आरम्भ करते हुए, नये सिरे से ।

Aft-ऑफ़्ट्-*adv*. near the stern of a ship. जहाज के पिछले भाग के पास ।

After-आफ़्टर्-*prep*. *&* *adv*. behind, in pursuit of, concerning, afterwards, next in importance, according to. पीछे, अनुसरण में, विषय में, बाद में, पद में नीचा, अनुसार;-*adj*. later, hinder. बाद का, पिछला; **After all** (in spite of all that has happened.) सब होते हुए भी; **Afterbirth** (placenta)खेड़ी; **Aftercost** (after expense.) बाद का खर्चा; **Aftercrop** (a second crop in the same year.) वर्ष की दूसरी फ़सल; **Afterglow** (-ग्लो)-*n*. glow after sunset. सूर्यास्त के बाद का प्रकाश; **Aftergrowth** (-ग्रोथ्)-*n*. subsequent growth. बाद की उपज; **Afterhelp** (-हेल्प्)-*n*. secondary assistance. अप्रधान सहायता; **Afterhours** (अवर्स्) -*n*. time subsequent to business hours. नियत समय के बाद का काल; **After-image**(-इम्'-एज्) -*n*. image of an object appearing to the eye when the actual object is withdrawn. पदार्थ के हट जाने पर इसकी आकृति जो आँख पर अङ्कित रह जाती है; **Afterlife** (future life.) भविष्य जीवन; **Aftermath** (-मैथ्)-*n*. second crop of grass in a season. एक ही मौसम में घास की दूसरी फसल ; **After-mentioned** (-मेन्-श्न्-न्ड्)-*adj*. mentioned afterwards. अधो-लिखित; **Afternoon** (time between noon and evening.) मध्याह्न और सायंकाल के बीच का समय. तीसरा पहर; **Afterpains** (pain after childbirth.) बच्चा जनने के बाद की उदर-पीड़ा; **Afterpiece** (short piece performed after a play.) नाटक के बाद का छोटा खेल; **Afterthought** (reflection after the act.) काम करने के बाद का विचार; **Afterwards** (in a later or subsequent time.) बाद में,तत्पश्चात्; **Afterwise** (later wisdom) भविष्य बुद्धि; **Called after his grand-father** (in allusion to grandfather.) दादा के नाम से पुकारा गया ।

Again-अॅ-गेन्'-*adv*. another occasion, moreover, besides,in return. फिर,और भी, अतिरिक्त, विपरीत (उलटा); **Again and again** (repeatedly.) बारम्बार; **As much again** (twice as much.) द्विगुणित, दुगुना; **Now and again** (occasionally, often.) प्रायः, कभी-कभी ।

Against-अॅ-गेन्स्ट्-*prep*. in opposition to, in anticipation of, in contrast with. प्रतिकूल, विरुद्ध, विपरीत ।

Agamist-ऑग्'-अॅ-मिस्ट्-*n*. one who is against marriage. विवाह-विरोधी ।

Agamous-ऑ'-गॅ'-मस्-*adj*. without sexual organs. बिना जननेन्द्रिय का ।

Agape-अॅ-गेप्'-*adv*. with mouth open in wonder. आश्चर्य से मुँह खोले हुए ।

Agastric-ऑ-गॅस्'-ट्रिक्-*adj*. without stomach. बिना उदर (या पेट) का ।

Agate-ऑग्'-एट्-*n*. a kind of precious stone (of different tints) used in jewellery. सुले-मानी पत्थर ।

Agaze-अ-गेज़्'-*adv*. gazing. टकटकी लगाकर देखता हुआ ; **Agazed** (-ड्)-*adj*. amazed, astonished. चकित, घबड़ाया हुआ ।

Age-एज्-*n*. length of life, maturity of years, historical epoch, generation. जीवनकाल (आयुष्य), प्राप्तवय (बालिग), ऐतिहासिक समय, पीढ़ी;-*v. t.* *&* *i*. to make or be old. पुराना करना या होना; **Aged** (-एँड्)-*adj*. old. वृद्ध; **Ageless** (without appearing to grow old.) वृद्ध न होनेवाला; **Of the same age** (of equal age or period.) एक ही वय या समय का, समकालीन ।

Agency-ए'-जेन्-सि-*n*. see Agent.

Agenda-ऍजेन्'-डा-*n. pl.* (*sing.* **Agendum.** -डम्) things to be done, memoranda. कार्यक्रम, कार्यसूची।

Agent-एं'-जेन्ट्-*n.* one who does actual work, one who represents a person or firm, that which exerts power. कार्यकर्ता, प्रतिनिधि, मुनीम, कारिन्दा, मुख्तारआम, साधन; **Agency** (-जेन्-सि)-*n.* operation, instrumentality, duty or office of an agent. कार्य, कारण, अढ़तिया का काम या कार्यस्थान।

Agential-एं'-जेन्-शॅल्-*adj.* pertaining to an agent. अढ़तिया सम्बन्धी।

Agglomerate-ऑग्लोमरेट्'-*v. t. & i.* to collect into a mass or ball. पिण्ड बनाना, गोला बाँधना या बँधना; **Agglomeration** (-ए'-शन्)-*n.* a mass, collection. समुदाय, ढेर; **Agglomerative** (-ए-टिव्)-*adj.* apt to gather in a mass. ढेर करने (लगने) वाला।

Agglutinant-*n.* see **Agglutinate.**

Agglutinate-ऑग्-ग्लू'-टिन्-एट्-*v. t.* to unite with glue. सरेस लगाना या सरेस से जोड़ना; -*adj.* united as with glue. सरेस से जोड़ा हुआ; **Agglutinant** (-टि-नॅन्ट्)-*adj. & n.* united, uniting agent. जुड़ा हुआ, जोड़नेवाला; **Agglutination** (-टिन्-ए'-शन्)-*n.* adhesion of parts. भागों का जुड़ना या चिपकना।

Aggrandize (se)-(ऑग्-ग्रैन्ड्-आइज़्' -*v. t.* to increase power or rank, to progress, to extend or enlarge. शक्ति अथवा पदवी बढ़ाना, उन्नति करना, फैलाना; **Aggrandizement** (-मॅन्ट्)-*n.* advancement. अभ्युदय, उन्नति(बढ़ती)

Aggravate-ऑग्-ग्रॅ-वेट्-*v. t.* to make more severe, to provoke. to exasperate. तीव्र (करना, उत्तेजित या क्रोधित करना; **Aggravating** -वे टिङ्ग्) - *adj.* provoking. उत्तेजक; **Aggravatingly**(-लि)-*adv.* in provoking manner. भड़काते हुए ढंग; **Aggravation**(-वे' -शन्)-*n.* irritation, provocation. उत्तेजना, भड़काव; **Aggravator** (-वे'-टर्)-*n.* one who aggravates. उत्तेजित करनेवाला, भड़कानेवाला।

Aggregate-ऑ-ग्रि-गेट्'-*v.t.* to collect together, to accumulate. एकत्रित करना, इकट्ठा करना; -*adj.* collected into a body. इकट्ठा किया हुआ; -*n.* a whole or total. समूह, समुदाय, ढेर, सम्पूर्णाङ्क; **Aggregation** (-गे'-शन्)-*n.* the act of collecting together. एकत्रीकरण; **Aggregative** (-टिव्)-*adj.* collective. एकत्रित (इकट्ठा) किये जाने योग्य।

Aggress-ऑग्-ग्रेस्-*v. i.&t.* to begin a quarrel, to make a first attack. पहिले छेड़छाड़ करना, प्रथम आक्रमण करना; **Aggression**(-ग्रे'शन्)-*n.* the first act of hostility, a breach of peace. प्रथम आक्रमण (चढ़ाई), शान्तिभङ्ग; **Aggressive** (-इव्)-*adj.* making the first attack. प्रथम आक्रमण करनेवाला; **Aggressively** (-इव्-लि)-*adv.* in an aggressive manner. उत्तेजना से; **Aggressiveness** (- इव् - नेस्)-*n.* the first attack. प्रथम आक्रमण; **Aggressor** (-अर्)-*n.* one who begins a quarrel. झगड़े में अगुआ।

Aggrieve-ऑग्-ग्रीव्'-*v. t.* to distress, to pain or injure to oppress. दुःख देना, कष्ट या पीड़ा देना, व्यथा पहुँचाना; **Aggrieved** (-ड्)-*adj.* distressed. पीड़ित।

Aghast-ऍ-गास्ट्'-*adj.* terrified, stupefied with horror. डरा हुआ, भय से चकित (हक्का-बक्का, भौचक्का)।

Agile - ऍ - जाइल् - *adj.* active, nimble, quick-moving. चञ्चल, चपल, शीघ्र चलनेवाला; **Agileness** (-नेस्), **Agility** (-जिल्'-इ-टि)-*ns.* briskness, nimbleness. चंचलता, फुर्तीलापन।

Agio-ऍ'-जि-ओ -*n.* the percentage charged on the exchange of a currency. हुण्डी अथवा करेन्सी नोट को सिक्के में बदलने का बट्टा; **Agiotage** (-टेज्) -*n.* stock jobbing. बट्टे का व्यापार।

Agist-ऍ-जिस्ट्'-*v. t.* to take others' cattle to feed for a sum. कुछ धन लेकर चराने के लिए दूसरे के पशु ले जाना।

Agitate-ऍ'-जिटेट्-*v. t.* to move, to shake, to disturb, to discuss. हटाना, हिलाना, हलचल-मचाना (घबड़ाना), वाद-विवाद करना; **Agitated** (-एड्)-*adj.* excited. उत्तेजित; **Agitative** (-टेट्-इव्)-*adj.* prone to agitate. उत्तेजक; **Agitator** (-टे'-टर्)-*n.* one who or that which agitates, an apparatus for mixing. उद्वेग उत्पन्न करनेवाला मनुष्य, पदार्थों को मिलानेवाला यन्त्र।

Agitation-ऍज्-इ-टे' - शन् - *n.* commotion, disturbance, debate. व्याकुलता, घबराहट, शास्त्रार्थ (वाद-विवाद)।

Aglet-ऑग्'-लॅट्-*n.* the metal tag at the end of a lace. फीते या चेन के किनारे पर लगाने की धातु की नोक (पिन्)।

Aglimmer-ऑ-ग्लिम्'-अर्-*adv.* in a glimmering manner. चमकते हुए।

Aglow-ऑ-ग्लो'-*adv.* in a glow, glowing. गरम (लाल), चमकता हुआ।

Agnail-ऑग्'-नेल्-*n.* torn skin at the root of finger-nail, whitlow, corn. सुतरा (नख) का उखड़ना, गलका, पैर की अँगुली का गोखरू या घट्टा।

Agnate-ऍग्-नेट्' - *n.* any relation of the father's side. सगोत्र, पूर्वज, एक ही पिता से उत्पन्न (औरस)।

Agnatic-ऍग् - नें' - टिक्-*adj.* pertaining to descent by the main line. औरस, सन्तति सम्बन्धी; **Agnation** (नेशन्)-*n.* descent in a direct male line. औरस उत्पत्ति, एक ही पिता से उत्पन्न।

Agnostic-ऍग्-नॉस्'-टिक्-*n.* one who holds that nothing is or can be known of the existence of God. वह व्यक्ति जिसका सिद्धान्त यह है कि ईश्वर के विषय में न कुछ जाना गया है न जाना जा सकता है; **Agnosticism** (-टिस्-इज़्म्) -*n.* such a doctrine. ऐसा सिद्धान्त।

Agnus-ऍग्'-नस्-*n.* a lamb. भेड़ या बकरी का बच्चा, मेमना।

Ago-ऍ-गो'-*adj.* & *adv.* past, gone by. व्यतीत, बीता हुआ (पूर्व)।

Agog-ऍ - गॉग्' -*adj.* & *adv.* on the move, expectant, in eager excitement. गतिमान्, आशायुक्त, आतुर।

Agoing-ऍ-गो'-इङ्ग्-*adv.* going on, current. चलता हुआ, प्रचलित।

Agone-ऍ गॉन्'-*adv.* ago, past. व्यतीत, बीता हुआ।

Agonic-ऍ - गॉन्'- इक्-*adj.* making no angle. कोण न बनाने वाला, कोण-रहित।

Agonist-ऍग्'- ऑ - निस्ट्-*n.* a combatant, a champion. योद्धा, लड़ाका; **Agonistic** (-इक्) -*adj.* pertaining to athletics. मल्लयुद्ध सम्बन्धी; **Agonistics** (-इक्स्)-*n.* the scientific study of athletics. व्यायाम का शास्त्रीय अध्ययन।

Agonize(se)-ऍग्'- ऑ - नाइज़्-*v. t.* & *i.* to torture, to suffer agony. पीड़ा देना, कष्ट सहना; **Agonizing** (-नाइज़्-इङ्ग्)-*adj.* giving great pain. अति पीड़ा देनेवाला; **Agonizingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in an agonizing way. अति दुःख से।

Agony-ऍग्'-ऑ-नि-*n.* (*pl.*Agonies) struggle, extreme bodily pain, pangs of death. यातना, अति शारीरिक पीड़ा (सन्ताप), अन्तकाल (मृत्यु-समय) की पीड़ा।

Agoraphobia-ऍ-गॅरा- फ़ो'- बि-या-*n.* fear of crowds. भीड़ से डर लगना।

Agrarian-ऍग्रेरिअन्-*adj.* pertaining to landed property, rural. कृषि या भूमि सम्बन्धी, ग्रामीण।

Agree-ऍ- ग्री' - *v. i.* & *t.* to concur, to consent to, to be in harmony with, to resemble, to settle a price, to bring into harmony, to take the same number, person and case (in grammar). अनुकूल होना, एकमत होना, एक लय में होना, समान होना, मूल्य निश्चित करना, एक सुर ताल में लाना, (व्या०) लिङ्ग, वचन तथा पुरुष में समान होना; **Agreeable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* well disposed, pleasing, favourable. अभिमत, आनन्दकर, अनुकूल; **Agreeableness** (-ऍ-ब्ल्-नेस्)-*n.* suitableness. अनुरूपता; **Agreeably** (-ऍब्-लि)-*adv.* suitably, pleasingly. चाव से, प्रसन्नता से; **Agreement** (-मन्ट्)-*n.* correspondence, mutual understanding, harmony, resemblance, (*Law*) legal contract. समानता, आपसी समझौता, एक लय, (शासन-पद्धति में) स्वीकारपत्र (एकरारनामा)।

Agrestic-ऍ-ग्रेस्'- टिक्-*adj.* rural, uncouth, rustic. ग्रामीण, देहाती, भद्दा।

Agricultural-ऍग्- रि - कल्'- चर् - अल् -*adj.* pertaining to agriculture or husbandry. कृषि सम्बन्धी, खेती का।

Agriculture-ऍग्-रि-कल्'-चर्-*n.* the cultivation of soil, husbandry. कृषिधर्म, खेती (काश्तकारी); **Agriculturist** (-इस्ट्)-*n.* one who is engaged in husbandry, a farmer. खेती के कार्य में नियुक्त (लगा हुआ), खेतिहर, किसान।

Agronomy-ऍग् - रॉन्' - ऑ - मि - *n.* rural economy. ग्रामीण व्यवस्था।

Agrostography-ऍ - ग्रॉस्'- टॉ - ग्रा- फ़ि -*n.* a scientific description of grass. घासों का वैज्ञानिक वर्णन।

Aground-ऍ-ग्राउन्ड्'-*adv.*on the bottom of shallow waters, stranded. छिछले जल के तल पर, धरती पर फँसा हुआ।

Ague-ए'-ग्यू-*n.* a kind of malarial fever accompanied with shivering. जूड़ी, कम्पज्वर, जड़ैया बुखार; **Agued** (-ड्)-*adj.* shivering. कम्पज्वर से पीड़ित, काँपता हुआ; **Aguish** (-इश्) -*adj.* with shivering fever. ज्वर से काँपता हुआ।

Ah-आ-*interj.* an exclamation expressing pain, joy, pity, contempt &c. पीड़ा, दया आदि सूचक अव्यय, अरे ! ओहो ! वाह ! छिः।

Aha-अहा-*interj.* expressing surprise, triumph, mockery, contempt &c. वाह वाह ! अहा ! हा ! धुड़ी-धुड़ी।

Ahead-अ-हेड्'-*adv.* in advance, headlong, further on. बढ़कर, आगे, आगे की ओर।

Aheap-अ-हीप्'-*adv.* in a heap, trembling with fear. ढेर में, डर से काँपता हुआ।

Ahem-अ-हेम्-*interj.* exclamation indicating

Hat हॅाट् ; Hot हॉट् ; Measure मेंझर

surprise or disbelief. आश्चर्य या अविश्वास सूचक अव्यय ।

Ahorseback-अ-हॉर्स्'-बैक्-*adv.* on horseback. घोड़े की पीठ पर सवार।

Ahoy-ऍ - हाय्' - *interj.* used by sailors in hailing. मल्लाहों की वाहवाही का शब्द ।

Aid-एड्'-*v.t.* to assist, to help. सहायता करना, सहारा देना;-*n.* assistance, help. सहायता; **Aidance**(-एन्स्)-*n.* help. सहायता; **Aider** (-अर्)-*n.* a helper. सहायक; **Aidful** (-फुल्) -*adj.* full of aid. सहायतापूर्ण; **Aidless** (-लॅस्) -*adj.* helpless, without assistance. असहाय ।

Aide-de-camp-ऍड्' -ड-कॉन्-*n.* (-*pl.* **Aides-de-camp**) an attendant on a king or general, an officer appointed to receive and communicate the order of a king or general. सेनापति या राजा का शरीर-रक्षक, सेनापति या राजा का संदेश लाने और पहुँचाने-वाला अफसर ।

Aiglet-ऍग्'-लॅट्-*n.* a young eagle. छोटा (युवा) बाज (श्येन) पक्षी ।

Aigrette-ए'-ग्रॅट्-*n.* a white heron, tuft of feathers or hair. सफ़ेद सारस पक्षी, बाल या परों का गुच्छा ।

Ail-एल्-*v. i.* to feel pain, to be in trouble. पीड़ा या व्यथा का होना, कष्ट में होना;-*v. t.* to afflict, to trouble. कष्ट देना, दुःख देना; **Ailment** (-मॅन्ट्)-*n.* indisposition, disease, pain. अस्वस्थता, रोग (व्याधि), व्यथा, पीड़ा ।

Aile-आइल्-*n.* same as **Aisle.**

Aileron-ऍ'- लॅर् - ऑन्-*n.* the control flap behind the wings of an aeroplane. हवाई जहाज के पीछे की ओर की पतवार ।

Aim-ऍम्-*v. t. & i.* to direct, to make an attempt, to level a weapon at. लक्ष्य करना, प्रयत्न करना, निशाना लगाना, ताक में रहना; -*n.*direction of a weapon, design, purpose. लक्ष्य (निशाना), उद्देश्य, मन्तव्य; **Aimless** (-लॅस्)-*adj.* purposeless. बिना लक्ष्य का; **Aimlessly** (-लॅस्-लि)-*adv.* without aim. बिना उद्देश्य के ।

Air-ऍअर्-*n.* the atmosphere, a light breeze, outward appearance, a song, (*pl.*)demeanour. वायुमण्डल, मन्द पवन, हाव-भाव, राग, तान, सुर, (ब० व०) आकृति (चाल-ढाल);-*v. t.& i.* to expose to air, to ventilate, to dry,to parade, to publish, to walk in fresh air. हवा में रखना, वायु का आगमन कराना, आग पर सुखाना, सज-धज दिखलाना, प्रकाशित करना, शुद्ध वायु में घूमना; **Air balloon** (a toy balloon.) लड़कों के खेलने का गुब्बारा; **Air-bath** (-ऍअर्'-बाथ्)-*n.* (an appliance to dry objects by passing air through it.) वायु द्वारा पदार्थ सुखाने का यन्त्र ;**Air-bed** (a bed inflated with air.) हवा भरा हुआ (रोगी का) गद्दा ; **Air brake** (a brake worked by compression of air.) रेलगाड़ियों में हवा खींचकर पहियों को रोकने का साधन; **Airbuilt** (chimerical.) काल्पनिक; **Air cells** (cavities containing air.) वायु-कोशायें; **Air chamber** (chamber enclosing air.)वायु भरने की कोठरी ;**Air craft**(aeroplane.) वायुयान; **Air cushion** (a cushion filled with air.) हवा भरी हुई तकिया या गद्दी; **Air drawn** (imaginary.) काल्पनिक; **Air-engine** (engine moved by the expansion and compression of air.) गरम हवा से चलाया जाने-वाला इन्जन; **Air funnel** (contrivance for ventilating a ship's hold.) जहाज के भीतरी भाग में वायु का आवागमन कराने का साधन; **Air gun** (gun which propels bullets by compressed air.) हवाई बन्दूक; **Airiness**-*n.* (lightness.) हलकापन; **Airing** (-इङ्ग्)-*n.* (exposure to air.) वायु-सेवन ;**Air man**(an aviator.) वायुयान चलानेवाला; **Air pump** (pump for compressing or exhausting air.) हवा भरने या निकालने की पिचकारी; **Air raid** (attack by aircraft.) वायुयान द्वारा आक्रमण; (**Airs** -स्) -*n. pl.* (affected manners, false pride.) शेखी (घमंड), मिथ्या अभिमान;**Air screw** (propeller of an aeroplane.)वायुयान का संचालक (पंखा); **Air shed** (place for docking airships.) हवाई अड्डा;**Air-tight** (impenetrable to air.) जिसमें वायु का प्रवेश न हो ;**Air-ship** (aeroplane. वायुयान; **Airway** (passage for admitting air.) वायुमार्ग; **Airworthy** (fit for flying.) उड़ने योग्य; **Airy** (-इ) - *adj.* like air, ventilated, light of heart, unsubstantial. हवा के समान, हवादार, मसखरा (प्रसन्नचित्त), निरर्थक;**To build castles in the air**(to make visionary projects.) हवाई किले बनाना, मन के लड्डू खाना; **To take the air** (to walk in the open air.) वायु सेवन करना, साफ हवा में घूमना ।

Aisle-आइल्-*n.* a lateral division of a church. गिरजाघर का एक ओर का भाग ।

Ajar-ऍ-जार्'-*adv.* slightly open (as a door.) अधखुली दशा में (जैसे दर्वाजा)।

Akimbo-ऍ - किम्' - बो - *adv.* with elbows pointing outwards and the hand resting on the hip. केहुनियों को आगे बढ़ाये हुए और हाथ कमर पर रक्खे हुए ।

Akin-ऍ-किन्'-*adj.* related by blood, of a similar character. सगोत्र (सजातीय, सगा), समान प्रकृति का ।

Alabaster-ऑल्' -अ-बास्टर्-*n.* a soft marble-like mineral, gypsum. सेतखली, एक प्रकार की नरम श्वेत धातु ।

Alack-ऍ-लॅक्, **Alack-a-day** (-ऍ-डे)-*interjs.* exclamation expressing sorrow. दुःख सूचक अव्यय, हाय ! ओह !

Alacrious-ॲ-लॅक्रि-अस्-*adj.* cheerful, happy. प्रसन्न, खुश ।

Alacrity-ॲ-लॅक्-रि-टि-*n.*cheerfulness, readiness, ardency, promptitude. प्रसन्नता, खुशी, उत्साह, शीघ्रता, तीव्रता ।

Alalia-अ-ले-लि-या - *n.* loss of power of speaking. बोली बन्द हो जाना ।

Alamode-ॲला-मोड्'-*adj.& adv.* fashionable, according to the fashion. आडंवरी, ठाट-बाट वाला, प्रचलित प्रथा के अनुसार, ठाट से ।

Alamort-ॲला' -मॉर्ट् -*adj.* semi-dead, dejected. अधमरा, उत्साहहीन, उदास ।

Alar (-y)-ए-लार् (ऍल्'-ॲ-रि')-*adjs.* pertaining to the wings. डैना सम्बन्धी ।

Alarm-अ -लार्म'-*n.* a call to arms, warning sound of danger, a sudden surprise, a machine to arouse from sleep. युद्ध करने की पुकार, भय सूचित करने की चेतवनी, भय सूचित करने का घंटा, शंका, भयध्वनि, नींद से जगाने का यन्त्र;-*v.t.* to give alarm. चौंका देना; **Alarmed** (-ड्) - *adj.* frightened. भयभीत; **Alarming** (-इङ्ग्)-*adj.* exciting fear. भयप्रद; **Alarmist** (-इस्ट्) - *n.* one who creates alarm. भय उत्पन्न करनेवाला व्यक्ति ।

Alarum-*n.* same as Alarm.

Alas-ऍ-लास्'-*interj.* expressing grief, pity, sorrow or concern. दुःख, दया आदि सूचक अव्यय, हाय ! अरे ! आह ! ओह ! ओफ ।

Albata-ऑल्-बे'-टा-*n.* a white composition prepared from nickel, tin, zinc and copper resembling silver. गिलट, राँगा, जस्ता और ताँवा मिलाकर बनाई हुई चाँदी के रंग की मिश्रित धातु ।

Albatross-ऑल्'-बॅ-ट्रॉस्-*n.* a large sea-bird. एक बड़ी समुद्री चिड़िया ।

Albeit-ऑल्-बी'-इट्-*conj.* although, notwithstanding. यद्यपि, ऐसा होते हुए भी ।

Albert-ऑल्'-बर्ट्-*n.* a kind of watch-chain. एक प्रकार की जेबी घड़ी की चेन ।

Albescent-ऑल्-बॅस्'-ऍन्ट् - *adj.* becoming white. कुछ श्वेत, फीका ।

Albino-ऑल्-बी'-नो- (*pl.* **Albinos**) -*n.* a person abnormally pale with light pink eyes. सूरजमुखी मनुष्य ।

Albion-ऑल्-बि-अन्-*n.* ancient name for England. इँग्लैंड का प्राचीन नाम ।

Album-ऑल्'-बम्-*n.* a blank bound book to store up photographs, stamps &c. चित्र, टिकट (कविता इत्यादि) रखने की जिल्द बँधी हुई पुस्तक ।

Albumen-ऑल्-ब्यू-मॅन्-*n.* a thick substance, the white of eggs. गाढ़ा पदार्थ, अंडे की सफ़ेदी; **Albumenize** (-आइज़्')-*v. t.* to impregnate (photographic plate) with albumen. (फ़ोटो के प्लेट पर) अण्डे की सफ़ेदी चढ़ाना ।

Albuminoid-ऑल्-ब्यू-मिन्-ऑ-इड्-*n.* a substance resembling albumen. अंडे की सफ़ेदी के समान पदार्थ; **Albuminous** (-मिन्'-अस्)-*adj.* insipid. स्वाद रहित, फीका ।

Alchemic-ऑल्'-कॅम्-इक्-*adj.* relating to alchemy. रसायनी; **Alchemist** (-इस्ट्)-*n.* रसायन बनानेवाला; **Alchemize** (-आइज़्) -*v. t.* to transmute (base metals) as by alchemy. रसायन का प्रयोग करना ।

Alchemy-ऑल्' - कॅम्-इ-*n.* the art which transmutes base metals into gold. रसायनविद्या, कीमियागिरी ।

Alcohol-ऑल्'-कॅ-हॉल्-*n.*pure spirit of wine. मद्यसार; **Alcoholic**(-हॉल्'-इक्)-*adj.* मद्यसार सम्बन्धी; **Alcoholometer** (-ऑमी-टर्)-*n.* an instrument for ascertaining the amount of pure alcohol in a liquid. मद्यसार की शक्ति नापने का यन्त्र ; **Alcoholise** (-ze) (-आइज़्) -*v. t.* मद्यसार में परिणत करना; **Alcoholism** (-इज़्म्) a disease produced by excessive drinking. अधिक मदिरा पीने से उत्पन्न रोग ।

Alcove-ऑल्'-कोव्-*n.* a vaulted recess in a room, an arbour. घिरौंची, मेहराबदार ताखा, पर्णशाला, लता-मण्डप ।

Alderman-ऑल्-डर्-मॅन्-*n.* a magistrate in English and Irish cities. इँग्लैण्ड अथवा आयरलैण्ड में नगर का शासक (मजिस्ट्रेट) ।

Ale-एल्-*n.* a liquor made from malt. जव की बनी शराब; **Ale-house** (where ale is retailed.) कलवरिया, शराबखाना; **Ale-wife** (a woman who keeps an ale-house.) स्त्री जो शराब बेचती हो ।

Aleatory-एलि-अट-रि - *adj.* depending on (a throw of) dice or on chance. पासे के फेंकने पर निर्भर, भाग्य के अधीन, भाग्य के भरोसे रहनेवाला ।

Alee-ऑं-ली'-*adv.* on lee or shelted or windward side. वायु से परे सुरक्षित दिशा की ओर, आड़ में।

Aleft-अ-लेफ़्ट्'-*adv.* towards the left side or hand. बाईं ओर।

Alegar-ऑंल्'-इ-गर्-*n.* a sour or ale or its vinegar. खट्टी शराब या इसका सिरका।

Alembic-ऑं-लेम्'-बिक्-*n.* an apparatus formerly used in distillation, usually made of glass or metal. अर्क उतारने का काँच या धातु का पूर्वकालीन भबका, डेग।

Alert-ऍ-लर्ट्'-*adj.* vigilant, lively, nimble. सावधान, प्रसन्नवदन, चपल, फुर्तीला; **Alertly** (-लि)-*adv.* watchfully, briskly. सावधानी से, फुर्ती से; **Alertness** (नॅस्)-*n.* watchfulness, briskness. चौकसी, फुर्ती।

Alexandrine-ऑलिग्ज़ॅन्ड्राइन्-*n.* a rhyming verse of twelve syllables. बारह अक्षरों की अनुप्रास-युक्त कविता।

Alexin-ऍ-लॅक्स्'-इन्-*n.*a substance in body which kills germs. शरीर का एक तत्त्व जो रोगाणुओं को नष्ट करता है।

Algebra-ऑंल्'-जॅ-ब्रॉ-*n.*the branch of mathematics in which letters are employed for arithmetical numbers. बीजगणित; **Algebraic** (-al) (-ब्र'-इक्), (-अल्)-*adjs.* pertaining to algebra. बीजगणित सम्बन्धी; **Algebraist** (-इस्ट्) -*n.* one who is versed in algebra. बीजगणित में निपुण मनुष्य।

Algid-ऑंल्'-जिड्-*adj.* of cold stage of ague. जड़ैया की शीत अवस्था का; **Algidity**-(इट्-इ)-*n.* chilliness. ठंड, जड़ैया।

Alias-ए'-लि-आस्-*n.* an assumed name. उपनाम, कल्पित नाम (उर्फ़)।

Alibi-ऑंल्'-इ-बाइ-*n.* a plea that the accused was in another place at the time of occurrence of the crime. अपराधी का घटना होने के समय दूसरे स्थान में उपस्थित रहने का बहाना।

Alien-एलि'यन्-*adj. & n.* not one's own; of a different nature, a foreigner.विरुद्ध,विभिन्न, भिन्न स्वभाव का, परदेशी; **Alienable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj*. that may be transferred. बदलने योग्य।

Alienate-एलिअ-नेट्-*v. t.* to transfer ownership of, to divert, to estrange. स्वत्व अलग करना, चित्त हटाना, पराधीन करना;**Alienation** (-ए'-शन्) - *n.* estrangement, transfer of ownership. विराग (मन फेरना), अधिकार का हस्तान्तरण; **Alienee** (-ई) - *n.* one to whom transfer of property is made. जिसको सम्पत्ति दी गई हो; **Alienism** (-इज़्म) -*n.* the state of being a foreigner. परदेशी होने की अवस्था।

Alienist-एलिअनिस्ट्-*n.* specialist in mental diseases. उन्माद रोग (पागलपन) का विशेष चिकित्सक।

Aliferous-ऑं-लिफ़्' -अर् - अस् -*adj.* having wings. परवाला, परदार।

Aliform-ऑंल्' -इ - फ़ॉर्म् -*adj.* having the shape of a wing. पर के आकार का।

Alight-ऍ - लाइट्' - *v. t.* to dismount, to descend, to settle, to land, to come to earth. घोड़े पर से उतरना, नीचे आना, टिकना, स्थिर होना, भूमि पर आना।

Alight-ऍ-लाइट्'-*adj. or adv.* kindled on fire, lighted up. आग पर जलाया हुआ, प्रकाशित, जलता हुआ।

Align-ऍ-लाइन्'-*v. t.* (also **Aline**) to lay in a line, to bring troops in a line. पंक्ति में रखना, सिपाहियों को पाँति में खड़ा करना; **Alignment** (-मॅन्ट्)-*n.* a row, adjusting to a line, a ground plan of a road or railway. पंक्ति, एक पाँति में करने की विधि, सड़क या रेल की लाइन का मानचित्र।

Alike-ऍ-लाइक्'-*adj. & adv.* like, similar, in like manner, equally. सदृश, तुल्य (समान), उसी प्रकार से, समभाव से।

Aliment-ऑंल्'-इ - मॅन्ट् - *n.* a nourishment, food, support. पोषण, पुष्टिकर पदार्थ, आहार, आश्रय (सहारा); **Alimental**, (-अल्), **Alimentary** (-अ-रि)-*adjs.* nourishing, nutritive. पुष्टिप्रद, शक्तिवर्धक (बल देनेवाला); **Alimentary canal** (the passage through the body from mouth downwards through which food passes.) शरीर में मुख से गुदा पर्यन्त भोजन ले जानेवाली पचाने की नली, भोजन-प्रणाली; **Alimentation** (-ए'-शन्)-*n.* maintenance, the act of nourishing. पालन-पोषण, भरण।

Alimony-ऑंल्'-इ-मन्'-इ-*n.* an allowance given to a woman when separated from her husband. परित्यक्ता पत्नी के भरण-पोषण का भत्ता।

Aliquant-आल्'-इक्वन्ट्-*adj.* pertaining to a number which is not contained in an exact number of times in another number. पूर्ण विभाग न करनेवाली संख्या सम्बन्धी।

Aliquot-ऑंल्'-इ-क्वॉट्-*n. & adj.* an internal factor of a number which divides another without a remainder. पूरा भाग देनेवाली संख्या, किसी पूर्ण विभाजक संख्या का।

Alive-ऍ-लाइव्'-*adj.* in life, living, active, astir, sensitive. सजीव, जीता-जागता, चैतन्य, चंचल, चेतनाशील, भावुक; **To look alive** (to be brisk.) फुरतीला होना, चैतन्य होना।

Alkali-ऑल्'-क-लि-*n.* a substance which neutralizes acids, *e. g.* caustic soda, caustic potash &c. खट्टापन हटाने का पदार्थ यथा सज्जीखार, सोडा, पोटास इ०; **Alkaline** (-लाइन्) -*adj.* having the properties of an alkali. क्षार के गुणवाला; **Alkalize** (-आइज़्)-*v. t.* to make alkali. क्षार बनाना, क्षार-युक्त करना।

Alkaloid - ऑल्' - कॉ - लॉइड्-*n.* the active principle of medicinal plants. वनस्पतियों (जड़ी-बूटियों) का मूल तत्त्व, क्षाराभ।

Alkanet-ऑल्'-क-नेट्-*n.* a plant whose roots yield a red dye. रतनजोत।

Alkoran (Alcoran)-ऑल्'-को-रॉन्-*n.* the holy book of Mohammedans. मुसलमानों की धर्म-पुस्तक, कुरान।

All-ऑल्-*adj.* entire, every one, of the whole number. सकल (सम्पूर्ण, सब) पूरा, कुल;-*adv.* altogether, wholly, entirely. बिलकुल, पूरी तरह से, निपट, भी (ही);-*n.* the total, everything, the universe. सब कुछ, पूरा, ब्रह्माण्ड; **All along** (throughout.) लगातार, निरन्तर; **All but** (almost.) प्रायः; **All in all** (of exclusive importance.) सर्वस्व; **All knowing** (knowing everything.) सर्वज्ञ; **All of a sudden** (suddenly.) अकस्मात्; **All one** (just the same.) ठीक वही; **For good and all** (finally.) अन्ततोगत्वा; **Once for all** (forever.) सर्वदा के लिए **All over** (completely.) पूर्ण रूप से; **All powerful** (omnipotent.) सर्वशक्तिमान्; **At all** (in any way.) किसी प्रकार से; **All right** (satisfactorily.) बहुत ठीक, सन्तोषपूर्वक।

Allah-ऑल्'-आ (अल्ला)-*n.* the supreme God of Mohammedans. अल्लाह।

Allay-ऑल्-ले'-*v. t.* to put down, to calm, to lighten, to repress. दबाना, शांत करना, हलका करना, दमन करना।

Allegation - ऑ - लि - गे-शन् - *n.* approved assertion, declamation, excuse. मिथ्या अभियोग, झूठी प्रतिज्ञा, बहाना।

Allege-ऑल्-लेज्'-*v. t.* to assert, to affirm, to produce as argument. प्रतिज्ञा करना, दृढ़तापूर्वक कहना, तर्क करना; **Allegable** (-ऍ-बल्) - *adj.* affirmable. तर्क करने योग्य; **Alleged** (-इ)-*adj.* quoted. निर्दिष्ट, कहा हुआ।

Allegiance-ऑल्-ली'-ज्यन्स्-*n.* duty owed by a subject of his sovereign, fealty. राजभक्ति, भक्ति।

Allegiant-ऑ-लि' - ज्यन्ट्-*adj.* & *n.* loyal, a person owing allegiance. राजभक्त।

Allegoric (-al) -ऑ-लि-गॉर्'-इक् (-अल्)-*adjs.* figurative. लाक्षणिक, रूपकमय; **Allegorically** (-अल्-लि)-*adv.* figuratively. लाक्षणिक रूप से; **Allegorist** (- रिस्ट्) - *n.* one who uses allegory. रूपक का व्यवहार करनेवाला मनुष्य; **Allegorize** (-राइज़्) - *v. t.* to allegory. रूपक अलंकार का व्यवहार करना।

Allegory-ऑल्'-लि-गॉ-रि-*n.* (*pl.* **Allegories**) description of something in the guise of another, figurative description, emblem. रूपक, दृष्टान्त, कथा।

Allegro-ऑल् - ले' - ग्रो - *adj.* & *adv.* gay, briskly, gaily. प्रसन्न, आनन्द से, प्रसन्नता से।

Alleviate-ऑल्-ली'-वि-एट्-*v. t.* to relieve, to mitigate, to comfort. छुटकारा देना, कम करना, सान्त्वना करना; **Alleviation** (-ए'-शन्) - *n.* making tolerable, mitigation. सहने योग्य बनाना, घटाव, कमी; **Alleviator** (-ए' - टर्) - *n.* one who mitigates. न्यून या कम करनेवाला मनुष्य।

Alley-ऑल्'- लि-*n.* (*pl.* **Alleys**) a walk or passage in a garden, a narrow street. उद्यानपथ, सँकरी गली।

All-fool's-day-ऑल्'फूल्ज़्-डे-*n.* the first day of April. एप्रिल मास का पहला दिन।

All-fours-ऑल्'-फ़ोर्स्-*n.* a game at cards. ताश का एक खेल: **On all fours** (on legs and arms, being on equality with.) हाथों और घुटनों के बल, किसी के समान या बराबर होकर।

Alliance-ऍल्'- लाइ - ऑन्स् -*n.* relationship, union by marriage or treaty, confederation. नाता, रिश्ता, विवाह-सम्बन्ध, सन्धि, राज्यों तथा राजाओं का संगठन।

Allies-ऍ-लाइज़्'-*n. pl.* see **Ally**.

Alligate-ऑल्'-लि-गेट् -*v. t.* to tie together or bind. बाँधना या जोड़ना।

Alligation - ऑलि - गे' - शन्- *n.* the act of tying together, the state of being tied. बन्धन की क्रिया, बाँधे जाने की अवस्था।

Alligator - ऑलि - गे' - टर् - *n.* a reptile of crocodile family. ग्राह, घड़ियाल।

Alliterate-ऑल्-लिट्' - अर् - एट्' -*v. i.* to use words beginning with the same letter. एक ही अक्षर से आरम्भ होनेवाले शब्दों का प्रयोग करना; **Alliteration** (- ए' - शन्) -*n.* commencement of words beginning with the

same letter. अनुप्रास; (*e. g. apt alliteration's artful aid.*) Alliterative (-ऍट्'-इव़) *-adj.* अनुप्रास से युक्त।

Allocate-ऑल्'-लो-केट्-*v. t.* to allot, to assign shares. भाग लगाना (बाँटना), साझा लगाना; -**Allocation** (- के-शन्)-*n.* allowance made on an account, allotment. बाँट, बँटवारा।

Allocution-ऑल्-लो-क्यू'-शन् *-n.* an address, a formal address. व्याख्यान।

Allograph-ऑल्'-लो-ग्राफ़् *-n.* a writing made by one person for another. दूसरे के लिए लिखा हुआ लेख।

Allonge-ऑल्-लन्ज्' *-n.* an attachment to a bill of exchange &c. हुन्डी आदि पर लगा हुआ अतिरिक्त कागज।

Allopathic-*adj.* see Allopathy.

Allopathy - ऑ-लॉप्'-ऑ - थि - *n.* the curing of a disease by inducing a different action in the system. सामान्य डाक्टरी; **Allopathic** (- पॅथ्' - इक्) - *adj.* डाक्टरी सम्बन्धी; **Allopathist** (-इस्ट्) *-n.* सामान्य डाक्टर।

Allot-ऍल्-लॉट्' - *v. t.* to distribute by lot or proportion, to assign to. विभक्त करना (बाँटना), भाग देना; **Allottable** (-ऍ-ब्ल्) *-adj.* बाँटने या विभाग करने योग्य।

Allotheism-ऑल्'-लॉ-थि'-इज़्म्-*n.* worship of strange or foreign gods. विचित्र या विदेशी देवताओं का पूजन।

Allotment - ऍल् - लॉट्' - मेंन्ट्-*n.* a share or part distributed, portion appropriated. अंश (विभाग), बखरा, बाँट।

Allotropic-*adj.* see Allotropy.

Allotropy-ऑ-लॉट्'-रॉ-पि-*n.* the property of existing in more than one form (in *chem.*) (रसायन शास्त्र में) किसी पदार्थ के एक से अधिक अवस्था में रहने की क्रिया; **Allotropic** (-पिक्) *-adj.* ऐसी स्थिति का।

Allottee-ऍल्-लॉट् - टी' - *n.* the person to whom a share is assigned. वह व्यक्ति जिसको या जिसके प्रति भाग दिया गया हो।

Alloverishness-ऑल्-ल' -व़र् - इश् - नेंस्-*n.* a feeling of general discomfort. संपूर्ण शरीर में अस्वस्थता, अशक्तता, असुविधा।

Allow-ऍल् - लाउ'-*v. t.* to admit, to grant, to deduct, to approve. स्वीकार करना, आज्ञा देना, कम करना (घटाना), मानना; **Allowable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* lawful. अधिकार योग्य; **Allowably** (-ऍब्'-लि)-*adv.* अनुमोदन की रीति से; **Allowed** (-ड्) *-adj.* permitted. स्वीकृत।

Allowance-ऍल्-लाउ' - अन्स् *-n.* permission, approbation, limited portion, discount अनुमोदन, स्वीकृति, (वेतन) भत्ता, मुजरा, छूट, दलाली;-*v. t.* to make allowance, to supply a thing in limited quantity. छूट देना, नियमित परिमाण में किसी को कोई वस्तु देना।

Alloy-ऍल्-लॉय्'-*v. t.* to mix with baser metals. कम मूल्य की धातुओं से मिश्रित करना, मिलावट करना;-*n.* an inferior metal mixed with gold or silver. सोने-चाँदी के साथ कम मूल्य की धातु की मिलावट; **Alloyage** (-एज्) *-n.* an alloy. मिश्रण।

All-soul's-day-ऑल्'-सोल्स्-डे-*n.* a festival which takes place on the second of November. नवम्बर महीने की दूसरी तारीख को होनेवाला एक त्योहार।

Allspice-ऑल्'-स्पाइस्-*n.* a kind of spice. एक प्रकार का मसाला जिसमें लौंग, दालचीनी और जायफल आदि की सुगन्ध आती है।

Allude-ऑल्-ल्यूड्'-*v. t.* to refer indirectly, to mean, to hint at. उद्देश्य करना, अर्थ होना, संकेत करना।

Alluminate-ऑल्-ल्यू-मिन्-ऐट्'-*v. t.* to adorn with ornaments, to illuminate. आभूषणों से सुसज्जित करना, सजाना।

Allure-ऑल्-ल्यूर्'-*v. t.* to tempt by offers, to entice. प्रलोभित करना, ललचाना (फुसलाना); **Allurement** (-मेंन्ट्)-*n.* that which allures. प्रलोभन (लालच);**Alluring**(-इङ्ग्)-*adj.* charming, enticing, seductive. चित्त को आकर्षित करनेवाला, ललचानेवाला; **Alluringly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* enticingly. ललचाते हुए।

Allusion-ऍल्-ल्यू'-ज़न्-*n.* implied or indirect reference. उद्देश्य, सूचना या संकेत; **Allusive** (-सिव़्)-*adj.* hinting at, indirectly referring. सूचित करनेवाला, संकेत करनेवाला; **Allusively** (-सिव़्-लि) *-adv.* in allusion to. संकेत से; **Allusiveness** (-नेंस्)-*n.* संकेत; **Allusory** (-सॅ-रि)-*adj.* allusive. संकेत-सूचक; **In allusion to** (having reference to.) संकेत से, उद्देश्य करके।

Alluvial-ऍल्- ल्यू' - व़ि- यल् *-adj.* formed by deposit in water (by flood.) नदी के बहाव या बाढ़ से बना हुआ।

Alluvion-ऍल्-ल्यू'-व़ि-अन्-*n.* a wash of sea &c., matter deposited by flood. नदी अथवा समुद्र से लाई हुई मिट्टी (कछार), बाढ़ से जनी हुई मिट्टी।

Alluvium-ऍल्-ल्यू'-व़ि-अम्-*n.* (*pl.* Alluvia) deposit of earth left by flood. बाढ़ से आया हुआ बालू, मिट्टी इत्यादि।

All-wise-ऑल्-वाइज़्'-*adj.* of infinite wisdom. अनन्त बुद्धिवाला ।

Ally-ऍल्-लाइ-*v. t.* to combine, to unite in marriage or friendship. जोड़ना (मिलाना), विवाह से संयुक्त करना, मैत्री करना; -*n.* (*pl.* **Allies**) a confederate, a state united by treaty. सन्धि द्वारा संगठित राज्य ।

Alma mater-ऍ'-ल्मॉ-में-ट्र् -*n.* an epithet used by students for the university where they are trained. (मेरी माता) विश्वविद्यालय के लिए विद्यार्थियों से प्रयोग किया हुआ शब्द ।

Almanac- ऑल्' - मॉ - नॅक् - *n.* an annual calendar of months, weeks and days &c. पञ्चांग, पत्रा, जन्त्री ।

Almanographer-ऑल्-मॉनॅ-ग्राफ़र्-*n.*a person who makes an almanac. पञ्चांग बनानेवाला ज्योतिषी ।

Almightily-*adv.* see Almighty.

Almighty- ऑल्- माइ -टि-*adj.* all-powerful, omnipotent. सर्वशक्तिमान्, परमेश्वर; **Almightily**(-लि)-*adv.* omnipotently. अनुपम तेजस्विता से; **Almightiness** (-नॅस्)-*n.* omnipotence.असीम शक्ति;**The Almighty (God.)** सर्वशक्तिमान् परमेश्वर (ईश्वर) ।

Almond-आ-मन्ड्-*n.* the fruit of almond tree. बादाम फल, बादाम ।

Almoner-आमनर्-*n.* an official distributer of alms. भिक्षा बाँटने का अध्यक्ष; **Almonry** (आम्'- अ-न्-रि)-*n.* a place where alms are distributed to the poor. दीनों को भिक्षा बाँटने का स्थान ।

Almost-ऑल्'-मोस्ट्-*adv. & adj.* nearly, all but. प्रायः, लगभग ।

Alms-आम्ज़्-*n.* a charitable relief given to the poor, donation. भिक्षा, धर्म-दान;**Alms-deed** (gift of charity.) भिक्षा के निमित्त अर्पण; **Alms-giving** (-गिव्-इङ्ग्) -*n.* भिक्षादान; **Alms-house** (a house in which poor men are lodged and fed.) अनाथालय, धर्मशाला; **Almsman** (a person who is supported by alms.) भिक्षा वृत्ति से जीविका-निर्वाह करनेवाला मनुष्य ।

Aloe-ऑल्'ओ -*n.* a kind of medicinal plant with bitter juice. बोल, मुसब्बर ।

Aloes-ऑल्'-ओज़्-*n.* a purgative drug. एक दस्तावर (रेचक) औषधि; **Aloetic** (-ऍट्'-इक्) -*adj. & n.* medicine containing aloes. औषधि जिसमें यह पदार्थ (बोल या मुसब्बर) अधिक मात्रा में हो ।

Aloft-ऍ-लॉफ़्ट्'-*adv.* upward, above, on high, at the head of a mast. ऊपर, ऊपर की ओर, मस्तूल के शिखर पर ।

Alone-ऍ- लोन्' - *adj.* single, solitary. एक, अकेला;-*adv.* singly, by itself. अकेले, (मात्र) केवल; **To let alone, To leave alone** (to leave undisturbed.) छोड़ना, जाने देना ।

Along-ऍ-लॉङ्ग्-*adv. & prep.* lengthwise, from one end to the other, throughout, by the side of. एक ओर से दूसरी ओर तक, (लम्बे बल), बराबर, साथ-साथ; **Alongside** (side by side.) पास-पास, सटे-सटे; **Along with** (in company with.) साहचर्य में, साथ-साथ ।

Aloof-ऍ-लूफ़्-*adv.* away, at a distance. दूर, पृथक्; **Aloofness** (-नॅस्) -*n.* withdrawal from sympathy. सहानुभूति का अभाव, पृथकत्व ।

Alopecia-ऑल्'-ओ-पीसिया-*n.* the falling off of hair. बालों का गन्जापन ।

Aloud-ऍ-लाउड्'-*adv.* with a great noise, loudly. ऊँचे स्वर से, चिल्लाकर ।

Alow-ऍ-लो'-*adv.* in a lower point or place. नीचे स्थान में ।

Alp-ऑल्प्-*n.* a high mountain, a mountain peak. ऊँचा पहाड़, पर्वत की चोटी; **Alpine** (ऑल्'-पाइन्) - *adj.* pertaining to a high mountain, very high. ऊँचे पर्वत का,बहुत ऊँचा।

Alpaca-ऑल्पॅक्'- आ-*n.* a mammal of camel tribe, a fabric made from the wool of this animal एक प्रकार का चौपाया, इसके रोवें से बना हुआ वस्त्र ।

Alpaca.

Alpha-ऑल्'-फ़ा -*n.* the first letter of the Greek alphabet [A, a], the first. ग्रीक वर्णमाला का पहिला अक्षर, आदि, आरम्भ; **Alpha and omega** (the beginning and the end.) आदि और अन्त ।

Alphabet-ऑल्'-फ़ा-बॅट्-*n.* the letters of a language, first rudiments. वर्णमाला, प्रथम सिद्धान्त; **Alphabetarian** (-ऍअर्'-इ-अन्)-*n.* a beginner. नवसिखुआ, वर्णमाला पढ़नेवाला; **Alphabetic** (-बॅट्'-इक्) -al (-अल्)-*adjs.* in order of an alphabet. वर्णमाला सम्बन्धी; **Alphabetically** (-अलि) -*adv.* in alphabetical order. वर्णमाला के क्रम से ।

Alphonsin-ऑल्-फ़ॉन्'-सिन्-*n.* an instrument for extracting bullets. शरीर में से बंदूक की गोली निकालने का यन्त्र ।

Alpine-ऑल्'-पाइन्-*adj.* see Alp.

Alpinist-ऑल्'-पिन्-इस्ट्-*n.* a climber on high mountains. ऊँचे पहाड़ पर चढ़नेवाला।

Already-ऑल्' -रेंड्-इ *-adv.* previously, by this time. पहिले से, अभी।

Also-ऑल्'-सो-*adv. & conj.* in addition to, besides, likewise. और, सिवाय, इस प्रकार या तरह से, भी।

Alt-ऑल्ट्-*n.* a high tone in music. गायन में ऊँचा स्वर (पन्चम स्वर)।

Altar-ऑल्ट्'-अर्-*n.* an elevated place for offering of sacrifice. वेदी, पूजा का ऊँचा स्थान; **Altarage** (-एज्)-*n.* the offerings upon the altar. आहुति; **Altar-cloth** (covering of the altar.) वेदी का आच्छादन; **Altarwise** (placed like an altar.) वेदी के समान रक्खा हुआ।

Alter-ऑल्'-टर् *-v. t. & i.* to change, to vary. बदलना (अदल-बदल करना); **Alterable** (-ऍब्ल्)-*adj.* that may be altered. परिवर्तन के योग्य; **Alterableness** (-ऍ-ब्ल्--नॅस्) - *adv.* change. अदल-बदल; **Alterably** (-ऍब्-लि) *-adv.* in a way that may be altered. बदलने की रीति से; **Alterant** (-ऑन्ट्)-*adj.* changing. बदलने वाला; **Alteration** (-ए'-शन्) - *n.* change. परिवर्तन; **Alterative** (-ए'-टिव्) *-adj.* having the power to alter. बदलने की शक्तिवाला।

Altercate-ऑल्'-टर्'-केट् *-v. t.* to dispute hotly, to wrangle. विवाद करना, कलह करना; **Altercation** (-के'-शन्)-*n.* a heated argument. वाग्युद्ध (वाद-विवाद); **Altercative** (-के'-टिव्)-*adj.* quarrelling. झगड़ालू।

Altered-ऑल्-टर्ड् - *adj.* modified. परिवर्तित, बदला हुआ।

Alter-ego-ऑल्'-टर्-ऍग्-ओ *-n.* one's second self, an intimate or bosom friend. द्वितीय आत्मा, घनिष्ठ मित्र।

Alternate-ऑल्-टर्-नेट्'-*v. t.* to perform by turns, to interchange. पारी पारी से करना, आपस में बदलना;-*adj.* one after the other in succession. क्रम से एक के बाद दूसरा; **Alternately** (-लि) *-adv.* reciprocally. पारी पारी से; **Alternation** (-ने -शन्) - *n.* interchange. अदल-बदल; **Alternative** (-इव्)-*n. & adj.* a choice of two, offering a choice. विकल्प (पक्षांतर), दो में एक; **Alternatively** (-टिव्-लि)-*adv.* यथाक्रम; **Alternativeness** (-नॅस्)-*n.* यथाक्रमता; **Alternator** (-टॅर्)-*n.* a dynamo which produces alternating electric currents. बिजली उत्पन्न करने का एक प्रकार का यंत्र।

Although-ऑल्-द्दो'-*conj.* though, supposing that, notwithstanding. यदि, यद्यपि (यदि ऐसा हो)।

Altimeter-ऑल्-टि-मी-टर्-*n.* an instrument for measuring heights. ऊँचाई नापने का एक प्रकार का यन्त्र।

Altitude-ऑल्'-टि-ट्यूड्-*n.* height, elevation, eminence. ऊँचाई, महत्त्व; - (*pl.*) excitement. उत्तेजना; **Altitudinal** (-इनल्) *-adj.* relating to altitude. ऊँचाई सम्बन्धी।

Altivalent-ऑल्'-टिव्' ऑ-लॅन्ट् - *adj.* flying high. ऊँचा उड़नेवाला।

Alto-ऑल्'-टो-*n.* highest male voice. मनुष्य का गायन में सबसे ऊँचा अलाप।

Altogether-ऑल्-टु-गॅद्'-अर् *-adv.* entirely, quite. सर्वथा, सम्पूर्ण रूप से।

Altruism-ऑल्'-ट्रु-इज़्म्-*n.* the principle of doing good to others. दूसरों का उपकार करने का सिद्धान्त; **Altruistic** (इस्ट्'-इक्) *-adj.* good-doing. परोपकारी; **Altruistically** (-इस्-टिक्-अ-लि) - *adv.* in an altruistic manner. परोपकार के सिद्धान्त से; **Altruist** (-इस्ट्) *-n.* परोपकार के सिद्धान्त का।

Alum-ऑल्'-अम्-*n.* a kind of mineral salt. (स्फटी) फिटकिरी; **Aluminiferous** (ऑ-ल्यू-मिन्-इफ्'-ऍर्-अस्) *-adj.* containing alum. फिटकिरीयुक्त।

Aluminium-ऑल्'-यू-मिन्'-इ-अम् *-n.* a very light silvery metal. एक बहुत हलकी सफेद रंग की धातु।

Alumna-ऑल्-लम्'-ना-*n.* a woman graduate. उपाधिप्राप्त विदुषी।

Alumnus-ऑ-लम्'-नस्-*n.* (*pl.* **Alumni**) a pupil of a school or university. किसी पाठशाला या विश्वविद्यालय का विद्यार्थी।

Alveary-ऑल्'-व्वि-अ-रि-*n.* the hive of bees. मधुमक्खी का छत्ता।

Alveate-ऑल्'-व्वि-एट्-*v. t.* to make hollow or dome-like. पोला बनाना।

Alveolate-ऑल्'-व्वि-ॲ-लेट्-*adj.* like honeycomb. मधुमक्खी के छत्ते के सदृश।

Alveolus-ऑल्-व्वी'-अ-लस्-*n.* a small hollow socket in which a tooth is fixed. दाँत का खोड़रा।

Alvine-ऑल्'-व्वाइ-न्-*adj.* pertaining to the belly. पेट या तोंद सम्बन्धी।

Always-ऑल्'-वेज़्-*adv.* on all occasions, continually. सदा, सर्वदा।

Am-ऑम्-the first person singular of the verb 'to be'. हूँ।

Amain-अ-मेन्-*adv*. with force, violently, suddenly, at once. वेग या शक्ति सहित, बलपूर्वक, एकाएक, तुरंत ।

Amalgam-अ-मॅल्'-गम्-*n*. mixture of a metal with mercury. पारे से मिलाई हुई धातु (विशेषकर सुवर्ण); **Amalgamate** (-एट्') -*v. t.* to mix mercury with another metal, to unite. किसी धातु को पारे से मिश्रित करना, एकत्र करना; **Amalgamation** (-ए'-शन्)-*n*. union. पारे के साथ किसी धातु का मिश्रण, मिलाप; **Amalgamator** (-अर्) -*n*. मिश्रण करनेवाला ।

Amaranth-(-us)-ॲम्'-अ - रॅन्थ् (-अस्)-*n*. a plant bearing richly coloured unfading flowers. अम्लान रंगीन पुष्प का पौधा; **Amaranthine** (-रॅन्था' -इन्) - *adj*. not fading. न मुरझानेवाला ।

Amass-अ-मॅस् '-*v. t.* to accumulate,to heap together. संग्रह करना, ढेर करना; **Amassable** (-ए-बल्) -*adj*. संग्रह योग्य; **Amassed** (-ड्) -*adj*. accumulated. एकत्रित; **Amassment** (-मेन्ट्) -*n*. accumulation. संग्रह ।

Amateur-ॲम्'-ॲ-ट्यूर्-*n*.one who cultivates an art, game &c. for pleasure's sake, one who is fond of a subject. किसी शिल्प या विद्या का अवैतनिक अनुयायी; **Amateurish** (-इश्) -*adj*. unskilful. किसी विषय में अनिपुण ।

Amative-ॲम्'-ए'-टिव् -*adj*. full of love, amorous. प्रेमशील, श्रृङ्गारप्रिय;**Amativeness** (-नॅस्)-*n*.amorousness.श्रृङ्गारप्रियता,प्रेमशीलता।

Amatol-ॲम्'-ॲ- टॉल् - *n*. a kind of high explosive. एक प्रकार की तेज बारूद ।

Amatorial-ॲम्'-अ-टोर्-इ - अल्-*adj*. pertaining to a lover. प्रेमी-सम्बन्धी ।

Amatory-ॲम्' - अ-टर् - इ - *adj*. expressive of love. प्रेम उत्पन्न करनेवाला, प्रेम का भाव दिखलानेवाला ।

Amaurosis-ॲम्-ऑ-रो' -सिस्-*n*. partial or total loss of sight. थोड़ी या पूर्ण दृष्टि-हीनता।

Amaze-अ-मेज़्'-*v. t.* to confound with wonder. विस्मित करना, चकित करना; **Amazedly** (-ऍड्' -लि) -*adv*. आश्चर्य सहित; **Amazedness** (-ऍड् -नॅस्) -*n*. विस्मय; **Amazement** (-मेन्ट्) -*n*. astonishment, perplexity. आश्चर्य, घबराहट; **Amazing** (-इङ्ग्) - *adj*. astonishing, surprising. अद्भुत, विस्मयकारी; **Amazingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv*. with wonder. विस्मय से ।

Amazon-ॲ-में '-ज़न्-*n*. a female warrior, a masculine woman. स्त्री योद्धा, वीराङ्गना; **Amazonian** (-ज़ो'-नि-यन्) -*adj*. वीरांगना के सदृश ।

Amabages-ॲम्-बे '-जीज़्-*n. pl.* round about phrases, quibbles. वक्रोक्तियाँ ।

Ambagious-ॲम्-बेज् '-इ-अस् - *adj*. circumlocutory. फेरवट का ।

Ambassador-ॲम्-बॉस-स्'-डर् - *n*. minister sent by a king or state to another government. प्रतिनिधि, राजदूत; **Ambassadorial** (-डोर्' -इ-अल्) -*adj*. of an ambassador. राजदूत सम्बन्धी ।

Ambassadress-ॲम्-बॅस्'-ॲ-ड्रॅस्-*n*. *fem*. a female ambassador, wife of an ambassador. राजदूतिन, राजदूत की स्त्री ।

Amber-ॲम्'-बर्-*n*. a kind of yellow fossil, resin. अम्बर, तृणमणि ।

Ambergris-ॲम्'-बर्-ग्रिस् -*n*. a fragrant substance found on the surface of the sea.एक सुगन्ध-युक्तपदार्थ जो समुद्र-तल पर पाया जाता है ।

Amberite-ॲम्'-बर्-आइट् -*n*. a smokeless explosive. बिना धुवें की बारूद ।

Ambidexter-ॲम्-बि-डॅक्स्'-टर्-*n. & adj*. one who uses both hands with equal facility. दोनों हाथों से सहज में कार्य करनेवाला; **Ambidexterity** (-टॅर्'-इट्-इ)-*n*. double dealing. छल का व्यवहार; **Ambidextrous** (-डॅक्स्'-ट्रस) -*adj*. cunning, double-dealing. छली, कपटी ।

Ambient-ॲम्'-बि-ऍन्ट् -*adj*. surrounding, encompassing, circumfused. चारों ओर रहनेवाला, व्यापक ।

Ambiguity-ॲम्-बि-ग्यू'-इ-टि-*n*. uncertainty, doubtfulness. अनिश्चित अवस्था (वक्रोक्ति), सन्देह; **Ambiguous** (-बिग्' -यू-अस्) -*adj*. obscure, indistinct, equivocal. अनिश्चित, संदिग्ध, अस्पष्ट; **Ambiguously** (-लि) -*adv*. with doubtful meaning. संदिग्ध अर्थ में ।

Ambit-ॲम्'-बिट्-*n*. circuit, bounds, extent. चक्र, मण्डल, विस्तार ।

Ambition-ॲम्'-बिशन् -*n*. ardent desire, aspiration. उत्कट आकांक्षा या अभिलाषा, लालसा; **Ambitious** (-अस्) -*adj*. strongly desirous. अति लालसा रखनेवाला; **Ambitiously** (-अस्'-लि) -*adv*. in an amibitious manner. लालसा या उमंग से; **Ambitiousness** (-अस्-नॅस्) -*n*. strong desire. उमंग, तीव्र लालसा ।

Amble-ॲम्'-बल्-*v.i. & t.* to move without jolts, to ride at an easy pace, to move affectedly. धीरे-धीरे चलना, आनन्द से घोड़े पर

चढ़कर चलना, बनावटी चाल से (अकड़ते हुए) चलना; **Ambling** (-लिङ्ग्)-*adj.* having an easy pace. आनन्द गति का; **Amblingly** (-लि) -*adv.* आनन्द गति से, अकड़ती चाल से ।

Ambo-ऐम्'-बो - *n.* (*pl.* -bos, bones) a pulpit in Christian churches. गिरजाघर का चबूतरा ।

Ambrosia-ऐम् - ब्रो'- ज़ि -या -*n.* the food of gods, anything very delightful. अमृत (सुधा), अद्वितीय स्वाद का पदार्थ ; **Ambrosial** (-अल्) -*adj.* heavenly, fragrant. ईश्वरीय, अति सुगन्धित; **Ambrosially** (-ज़ि-अ-लि) -*adv.* with an ambrosial odour. अमृतसमान सुगन्धयुक्त ।

Ambry-ऐम्-ब्रि-*n.* a wall cupboard, a pantry. दीवाल की अलमारी, भण्डार ।

Ambsace-ऐम्ज़्-एस् '-*n.* bad luck, worthlessness. अभाग्य, गुणहीनता ।

Ambulance- ऐम्'-ब्यू - लॅन्स् -*n.* a moving hospital, a conveyance for the sick or wounded. चलता-फिरता फ़ौजी अस्पताल, घायल या बीमारों को ले जाने की गाड़ी (या टिकठी) ।

Ambulant-ऐम्-ब्यू-लॅन्ट्-*adj.* moving here and there. इधर-उधर घूमनेवाला ।

Ambulate-ऐम्-ब्यु-लेट्'-*v. i.* to move about. इधर-उधर घूमना; **Ambulation** (-ले'-शन्) -*n.* आनन्द भ्रमण; **Ambulatory** (-लॅटरि)-*adj.* pertaining to walking, movable. चलनेवाला, गतिमान् ।

Ambuscade-ऐम्'-बस्-केड्'-*n.* an attack in surprise, a hiding place. छिपकर आक्रमण, छिपने का स्थान (दाँव, घात);-*v. t. & i.* to conceal, to lie concealed. छिपना, छिपकर वार करना ।

Ambush-ऐम्-बुश्-*n.* concealment of troops for an attack. सिपाहियों का आक्रमण करने के लिये छिपा रहना ।

Ambustion-ऐम्-बशन्-*n.* a burn or a scald. फफोला ।

Ameer (Amir)-अ- मीर्'.-*n.* a title of various Mohammedan rulers. मुसलमानी बादशाहों की एक उपाधि ।

Ameliorate-ऍ-मी-लि'-अर्-एट् - *v. t. & i.* to make better, to improve, to grow better. सुधारना,उन्नति करना,उत्तम बनाना;**Amelioration** (-ए'-शन्)-*n.* improvement. उन्नति; **Ameliorative** (-टिव्) - *adj.* improving, making better. उन्नति करनेवाला ।

Amen-आ-मॅन्-*interj. & adv.* so be it, verily, ऐसा ही हो, एवमस्तु; -*v. i.* to say amen. तथास्तु, 'भवतु' कहना ।

Amenable-ऍ-मी'-नॅ- बल्-*adj.* responsible, liable to. उत्तरदाता, पराधिकारवश;**Amenableness** (- नॅस्)-*n.* उत्तरदायित्व; **Amenably** (-नॅब्'-लि)-*adv.* दूसरे के अधिकार या आज्ञा से ।

Amend-अ-मॅन्ड्'-*v. t. & i.* to improve, to correct. उन्नति करना, शोधना; **Amendable**, (-ऍ-ब्ल्), **Amendatory** (-ऍ -ट-रि) -*adjs.* corrective. शोधने योग्य;**Amendment** (-मॅन्ट्) -*n.* improvement, correction, proposed alteration. संशोधन, दोष-शोधन, प्रस्तावित परिवर्तन; **Amends** (-अ-मॅन्ड्ज़्)-*n. pl.* compensation, reparation.पारितोषिक(शोधन),प्रतिफल।

Amenity-ऍ-मॅन्'-इ-टि-*n.* pleasantness, pleasant ways. रम्यता, सुहावनापन ।

Amenorrhoea-ऍ-मॅन्'-ओर्-री-आ-*n.* suppression of menstruation. स्त्रियों का मासिकधर्म-बन्द होना ।

Amerce-ऍ-मर्स्'-*v. t.* to fine, to punish. जुर्माना करना, दण्ड देना; **Amercement** (-मॅन्ट्)-*n.* a penalty. दण्ड ।

American-अ-मॅर्-रि-कन्-*n. & adj.* अमेरिका देशवासी, अमेरिका देश का; **Americanism**, (-इज़्म्), **American idiom**-*ns.* अमेरिका का मुहावरा;**Americanize** (-आइज़्)-*v. t.* to naturalize in America. अमेरिका में जाकर बसाना ।

Amethyst-ऐम्'-ऍ-थिस्ट्-*n.* a precious stone, purple or violet. नीलमणि, बिल्लौर ।

Amiability-*n.* see **Amiable.**

Amiable-ए-मि'-ऍ - बल् -*adj.* love-inspiring, lovable. सबका प्यारा, प्रियदर्शन (रमणीय); **Amiability**-(-इट्-इ), **Amiableness** (-नॅस्) -*ns.* friendliness. सौजन्य, सुशीलता ।

Amicable-ऐम्'-इ-कॅ-बल्-*adj.* friendly, done in a friendly way. मित्रवत्, मित्रभाव का; **Amicableness**(-नॅस्)-*n.* friendliness. मित्रत्व (सौहार्द);**Amicably** (-ब्लि)-*adv.* in a friendly manner. मित्रभाव से, मित्रवत् ।

Amid-ऍ-मिड्', **Amidst**-ऍ - मिड्स्ट्' - *preps.* in the middle of, in the course of. मध्य में, बीच में, साथ में ।

Amidships-ऍ-मिड्'-शिप्स्-*adv.* in the middle of a ship. जहाज़ के बीच में ।

Amiss-ऍ-मिस्-*adj. & adv.* wrong, in a faulty manner, in error, out of order.अशुद्ध, दोषी (अपराधी), भ्रम से, व्युत्क्रम से, अनुचित; To take amiss (to take offence at.) बुरा मानना; Not amiss (appropriate.) सङ्गत, शुद्ध ।

Amity-ऐम्'-इ-टि-*n.*friendship, friendly relation, goodwill. बन्धुत्व, मित्रता (स्नेहभाव), शुभ चिन्ता ।

Ammeter-ऍमि्'-मी-टर्-*n.* an instrument for measuring the force of electrical current. बिजली की धारा की शक्ति नापने का एक प्रकार का यन्त्र ।

Ammonal-ऍमि्'-मॉ-नल्-*n.* a kind of explosive. एक प्रकार की बारूद ।

Ammonia-ऍम्-मो'-नि-आ-*n.* a strong alkali of pungent smell. नौसादर और चूने से बनी हुई क्षार; **Ammoniacal**, (-नि' - अक्-अल्), **Ammoniated** (-एट्'-एड्)-*adjs.* अमोनिया-संयुक्त पदार्थ का ।

Ammunition- ऍ - म्यू - निशन् - *n.* articles used in charging firearms, military stores. गोली, बारूद, कारतूस इत्यादि लड़ाई का सामान, युद्ध-सामग्री ।

Amnesia-ऍम्-नी'-ज़िया-*n.* loss of memory. स्मृति-शक्ति का लोप, स्मृति-हीनता ।

Amnesty-ऍम्'-नॆस् - टि-*n.* act of oblivion, general pardon of political offenders. विस्मृति, राजनीतिक अपराधियों को क्षमा दान ।

Amoeba-ऍ-मी' - बा--*n.* (-*pl.* **Amoebae**) a microscopic one-celled animal. एक सॅल् का जन्तु; **Amoebiform**(-बि - फ़ॉर्म्) -*adj.* of the form of an amoeba. अमीबा की आकृतिवाला ।

Amoeba.

Amoebean-अम्-ई-बी' -अन् - *adj.* alternately answering. पारी-पारी से उत्तर देनेवाला ।

Among-अ-मङ्ग्', (**Amongst**-अ- मङ्ग्स्ट्') -*preps.* in the assemblage of, surrounded by, in comparison with. बीच में, मध्य में, तुलना में ।

Amoral-ऍ-मॉरल् - *adj.* out of the sphere of morals. अधर्मी, धर्मशून्य ।

Amorist-ऍमि्'-ऑर्-इस्ट्-*n.* a lover, a gallant. प्रेम करनेवाला, कामुक ।

Amorosa-ऍम् - ऑ-रो' -सा-*n.* a wanton woman. पुंश्चली, छिनार स्त्री ।

Amorous-ऍमॅर्'-अस्-*adj.* inclined to love, inspired by love. कामी (रसिक), शृङ्गारप्रिय; **Amorously** (-लि)-*adv.* रसिकवत्, कामी-सदृश; **Amorousness** (-नॆस्)-*n.* कामुकता ।

Amorphous-ऍ-मॉर्'-फ़स् - *adj.* shapeless. बिना किसी विशिष्ट आकृति का, अमणिभ ।

Amort-ऍ-मॉर्ट्' - *adj.* in a half-dead condition, dejected. अधमरी अवस्था का, उदास ।

Amortize-ऍ-मॉर्'-टाइ - ज़्-*v. t.* to remove debt. ऋण चुकाना ।

Amount-ऍ-माउन्ट्'-*v. i.* to result in, to be equivalent to. परिणाम होना, बराबर होना;-*n.* full value, total significance. पूरा मूल्य, (जोड़) कुल जोड़ ।

Amour-ऍ-मूर्'-*n.* a love affair, illicit love. प्रेम का मामला, अवैध या अनुचित प्रेम ।

Amourette-ऍम्-ऊर्' - ऍट् - *n.* a petty love affair or lover. छोटा प्रेम विषय या प्रेमी ।

Amove-ऍ-मूव्'-*v. t.* to remove. हटाना ।

Ampere-ऍम्-पिअर्-*n.* unit of electrical current. बिजली की धारा की नाप का एक विशेष परिमाण ।

Ampersand-ऍम्पर'-सॅन्ड्-*n.* the sign '&'. इस चिह्न का नाम जिसका अर्थ 'और' है ।

Amphi-ऍम्'- फ़ि·*pref.* in the sense of " of both kinds, around, on both sides." उपसर्ग जो 'दोनों प्रकार का, दोनों ओर, चारों ओर के' अर्थ में प्रयुक्त होता है ।

Amphibia-ऍम् - फ़ि - बिआ - *n. pl.* animals living both in water and on earth. पृथ्वी तथा जल में रहनेवाले मण्डूक श्रेणी के जन्तु; **Amphibian** (-इ-अन्) - *n. & -adj.* animal living both on land and in water. जल तथा स्थल में रहनेवाला प्राणी, उभयचर जन्तु ।

Amphibious-ऍम्-फ़िब्'-इ-अस् - *adj.* able to live in air and water. द्विधा गतिवाला, स्थल तथा जल में रहने योग्य ।

Amphibology-ऍम्-फ़िब्-ऑल्' - ॲ - जि-*n.* a quibble, use of ambiguous words. दो अर्थवाले शब्द, ऐसे शब्दों का प्रयोग ।

Amphibolous-ऍम्'-फ़ि - बॅ-लस् - *adj.* quibbling. द्व्यर्थक, सन्दिग्ध अर्थ का ।

Amphigory-ऍम्-फ़िग्'-अर् -इ -*n.* nonsense. निरर्थक शब्द ।

Amphistomous-ऍम्-फ़िस्ट्' - ॲ - मस् - *adj.* having mouths at both ends. दोनों ओर मुँहवाला, दुमुँहा ।

Amphitheatre-ऍम्-फ़ि-थि'-ऍ-टर् -*n.* an edifice round an arena with seats one over the other, a part of a theatre. रङ्गभूमि, अखाड़ा; **Amphitheatrical** (-थि'-ऍ-ट्रि-कल्)-*adj.* रङ्गभूमि सम्बन्धी ।

Amphitryon-ऍम्-फ़िट्'- रि -ऑन् -*n.* a host or entertainer. यजमान, सत्कार करनेवाला, आतिथेय ।

Amphora-ऑम्'-फ़-रा - *n.* a two handled jar. दोहरी मुठिये का लम्बा घड़ा या गगरा; **Amphoric** (-फ़ॅर्-इक्) -*adj.* similar to the sound produced by blowing into a hollow jar. घड़े में बोलने के शब्द के समान।

Amphora.

Ample-ऑम्'-प्ल्-*adj.* abundant, spacious, sufficient, quite enough. विशाल, विस्तृत, पर्याप्त, यथेष्ट ; **Ampleness** (-नेस्)-*n.* spaciousness. विपुलता।

Amplification-ऑम्-प्लि-फ़ि-के-शन्-*n.*enlargement. विस्तार, वृद्धि; **Amplificative** (केट्'-इव्)-*adj.* विस्तृत करनेवाला; **Amplifier**-(फ़ाइ'-अर्)-*n.* anything that enlarges. जो विस्तार करे; **Amplify** (ऑम्'-प्लि - फ़ाइ) - *v. t.* to enhance, to enlarge. बढ़ाना, विस्तार करना।

Amplitude-ऑम्'-प्लि- ट्यूड - *n.* abundance, extent, dignity. अधिकता, विस्तार (लम्बाई-चौड़ाई), ऐश्वर्य ।

Amply-ऑम्'-प्लि-*adv.*sufficiently. पर्याप्त रूप से।

Ampulla-ऑम्- प्यूला - *n.* a two-handled flask for holding liquids. दोहरी मुठिये की सुराही या झंझर ।

Ampulla.

Amputate-ऑम्'-प्यू-टेट्-*v.t.*-to cut off the limb of a creature.अङ्ग-विच्छेद करना, किसी अङ्ग को काटना ;**Amputation** (-टे'-शन्)-*n.*अङ्ग-विच्छेद; **Amputator** (-अर्)-*n.* अङ्ग-विच्छेद करनेवाला।

Amuck-ऑ-मक्'-*adv.* madly, in a frenzied manner. पागल की भाँति ।

Amulet-ऑम्'-यू-लॅट्-*n.* a thing worn as a charm against evil. रक्षा के लिये पहना हुआ यन्त्र (जन्त्र), ताबीज ।

Amusable-*adj.* see **Amuse.**

Amuse-ऍ-म्यूज़्'- *v. t.* to divert attention from serious business,to occupy pleasantly. विनोद करना, मन बहलाना; **Amusable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* विनोद के योग्य; **Amusement** (-मॅन्ट्)-*n.* pastime. मनोविनोद (दिलबहलाव); **Amusing**(-इङ्ग्)-*adj.* entertaining. रम्य, चित्त बहलानेवाला, मनोरंजक ।

Amylaceous-ऑम्-इल-ए'-शस्-*adj.*containing starch. माड़ी युक्त ।

An-ऑन्-*adj.* one, the indefinite article used before vowel sound. एक, कोई, यह शब्द स्वर से आरम्भ होनेवाले शब्दों के पहिले प्रयुक्त होता है।

Anabaptism-ऑन्-ऑ-बॅप्' - टिज़्म्- *n.* rebaptism. दुबारा नामकरण ।

Anabasis-ऑ-नॅब्' - ऍ - सिस् - *n.* a military advance. फौज का आगे बढ़ना ।

Anacathartic-ऑन्-ऑ - कॅ - थार्' - टिक्-*n.* a medicine for vomiting or expectoration. उल्टी (क़य) लानेवाली अथवा कफ निकालनेवाली औषधि ।

Anachronism-ऑन्'-ऑक्रॅ-नि-ज़्म्-*n.* error in regard to time. काल-गणना का भ्रम ; **Anachronous** (-अस्)-*adj.* काल-गणना के भ्रम से पूर्ण।

Anaclastic-ऑन्-ऑ-क्लास्'-टिक्-*adj.* pertaining to refraction. किरण के तिरछेपन से सम्बन्ध रखनेवाला ।

Anaclisis-ऑन्-ऑक्'-लाइ-सिस्-*n.* bed sore. चारपाई पर निरन्तर पड़े रहने से उत्पन्न फोड़ा ।

Anadem-ऑन्'-ऑ-डॅम्-*n.* a garland. माला।

Anaemia-ऑ-नी'-मि-या' - *n.* bloodlessness, unhealthy paleness of body. रक्तहीनता, शरीर का पीलापन ।

Anaemic-ऑ-नी' - मिक् -*adj.* suffering from anaemia. रक्तहीनता से पीड़ित ।

Anaesthesia-ऑ-नीस्थीजिया - *n.* insensibility of a part of the body. शरीर के किसी अङ्ग को चेतनाशून्यता; **Anaesthetic** (-थॅट्-इक्) - -*adj. &. n.* producing insensibility, insensible. चेतनाशून्य करनेवाली औषधि; **Anaesthetize** (-आइज़्)-*v. t.* to make insensible. चेतनाशून्य करना ।

Anagram-ऑन्'-ऑ-ग्रॅम्-*n.* the transposition of the letters of a word or phrase to form a new word or sentence. किसी शब्द अथवा वाक्य के अक्षर या शब्दों को इस प्रकार बदलना कि नये शब्द या वाक्य बन जायँ; **Anagrammatical** (-मॅट्'-इक्-अल)-*adj.* making an anagram. इस प्रकार की रचना करनेवाला, **Anagrammtically** (-लि)-*adv.* इस प्रकार की रचना करते हुए;**Anagrammatize**(-मी-टाइज़्) -*v. i.* to make an anagram. इस प्रकार के शब्द या वाक्य की रचना करना ।

Anal- ए - नल -*adj.* pertaining to or near anus, under the tail. गुदा सम्बन्धी या गुदा के समीप का, पूँछ के नीचे का ।

Analeptic-ऑन्-ऑ-लॅप्'-टिक्-*n.& adj.* a restorative medicine, pertaining to such a medicine. पुष्टिकर औषधि,शक्तिवर्धक औषधि सम्बन्धी।

Analgesia-ऑन्-ऑल्-जी'-शिया-*n.* absence of pain. व्यथा का अभाव; **Analgesic** (-ज सु-इक्)-

-*adj.* removing pain. पीड़ा हटानेवाला, पीड़ाहर।

Analogical-ऐनॅ - ऑ - लॉज्' - इक् - अल् - *adj.* implying analogy. सदृश, तुल्यरूप, समान; **Analogist**-(ऑ-नॅल'-ऑ-जिस्ट्)-*n.* one who employs analogy. समानता का व्यवहार करनेवाला; **Analogize** (ऑ-जाइज़्)-*v. t.* to explain in analogy, to be in harmony with. सादृश्य दिखलाना, लय में होना; **Analogous** (गस्)-*adj.* resembling, similar. अनुरूप, सदृश; **Analogously** (-लि) -*adv.* समानता से; **Analogue** (ऐनॅ-ऑ-लॉग्)-*n.* similarity. सादृश्य।

Analogy- ऑ - नॅल् - ऍ - जि - *n.* likeness, similarity. समानता, तुल्यता।

Analysable -*adj.* see **Analyse.**

Analyse(ze)-ऐनॅ'-ऑल्-आइज़-*v.t.* to examine closely, to resolve into grammatical elements. सूक्ष्म परीक्षा करना, खण्ड करना, वाक्य-विश्लेषण करना; **Analysable** (-लाइज़्'ऍ-बल्) -*adj.* able to be analysed. परिच्छेद या विभाग करने योग्य।

Analysis-ऑ-नॅलि - सिस् -*n.* (*pl.* **Analyses**) resolution of a compound into its constituent parts. विघटन, विभाजन, वाक्य-विश्लेषण; **Analyst** (-ऐनॅ'-ऑ-लिस्ट्) -*n.* one who is skilled in chemical analysis. रासायनिक विभाजन में निपुण, विश्लेषक।

Analytical-ऐनॅ' - ऑ - लिट्'-इक्-अल्-*adj.* of analysis. विभाजन या विश्लेषण-सम्बन्धी।

Anamnesis-ऐनॅ-ऐनॅ'-नी-सिस्-*n.*recollection of previous existence. पूर्व जन्म का स्मरण।

Anamorphosis-ऐनॅ'-ऑ-मॉर्फ्'- ओ-सिस् -*n.* a distorted drawing which when viewed from a certain point appears regular. टेढ़ा-मेढ़ा चित्र जो किसी विशिष्ट स्थान से देखने पर सीधा देख पड़ता है।

Anamorphous- ऐनॅ - ऑ - मॉर्फ़्' - अस् - *adj.* abnormally developed. विकृत अंगवाला।

Anaphora-ऑ - नॅफ़्'-ऑ-रा - *n.* repetition of the same word or words in a sentence. वाक्य में एक ही शब्द या शब्दों की पुनरावृत्ति।

Anarchic-ऐनॅ-ऑर्क'-इक्, **Anarchical** (इक्-अल्) -*adjs.* without civic rules, lawless. नियम प्रतिकूल (अशासक); **Anarchism** (इज़्म्) -*n.* anarchy. राज-विप्लव, अराजकता; **Anarchist** (-इस्ट्) -*n.* one who excites or promotes anarchy. अराजकता का प्रचार करनेवाला।

Anarchy-ऐनॅ-आर्क'-इ-*n.* absence of government, confusion, disorder. अराजकता, राजविप्लव, अशासन, बलवा।

Anathema-ऑ-नॅ-थि-मा-*n.* a curse of God. ईश्वर का शाप; **Anathematize** (-टाइज़्) -*v. t.* to curse. शाप देना।

Anatomic, Anatomical-ऐनॅ-ऑ -टॉम्' -इक्, (-अल्)-*adjs.* pertaining to anatomy. शरीर-रचना-सम्बन्धी; **Anatomically** (-लि) -*adv.* शरीर-रचना-रीति से; **Anatomize** (-आइज़्) -*v. t.* to dissect. चीरफाड़ करना।

Anatomist-ऑ-नॅट्'-ऑ-मिस्ट्-*n.*a dissector of bodies. शरीर-व्यवच्छेदक, शरीर-रचना-विशेषज्ञ।

Anatomy-ऑ-नॅट्' - ऍ-मि -*n.* the science of bodily structure, dissection of an organised body. शरीर-रचना-शास्त्र, शरीर की शल्य-क्रिया (चीरफाड़)।

Anbury-ऐन्'-ब-रि-*n.* a tumourous disease of horses and oxen. बैलों और घोड़ों की गिल्टी का एक रोग।

Ancestor-ऐन्-सॅस्'-टर्-*n.* (*fem.* **Ancestres** -ट्रॅस्) forefather. पुरखा, पूर्वपुरुष, पितर; (*pl.* forefathers.पितर लोग; **Ancestral** (-सॅस्'-ट्रल् -*adj.* relating to ancestors. पैतृक, बपौती का; **Ancestry**(-ट्रि) -*n.* a line of ancestors, lineage. पितृश्रेणी, वंश-परम्परा, पुरखे लोग।

Anchor-ऐंङ्' -कर्- -*n.* a heavy iron plunged in water to which boats and ships are fastened, a source of confidence. लंगर, विश्वास का स्थान (सहारा); **To cast anchor** (to drop it.) लंगर डालना; **To weigh anchor** (to raise it.) लंगर उठाना; **Anchorage**(-एज्) -*n.* lying at anchor. लंगर पर रुकना या ठहरना।

Anchor.

Anchoress-*n.* *fem.* संन्यासिनी।

Anchoretic-*adj.* संन्यासी-संबंधी।

Anchorite-ऐंङ्कराइट्-*n.* (*fem.* **Anchoress**) a hermit, a recluse. संन्यासी (वनवासी), विरक्त (त्यागी); **Anchoretic** (-ऍट्'-इक्)-*adj.* pertaining to a hermit or mode of his life. संन्यासी-सम्बन्धी।

Anchylose-ऐंङ्क्' - कि - लोज़्'-*v. t.* & *i.* to stiffen, to unite. कड़ा करना, जोड़ना; **Anchylosis** (-लो'-सिस्) -*n.* immovable stiffening of joints. जोड़ों का पूर्ण कड़ापन।

Ancient-एन्'-शॅन्ट् -*adj.* belonging to past times, former. प्राचीन, पुराना; **To ancients** (civilized nations of old.) प्राचीन सभ्य

Benefactor-बेॅन्-इ-फ़ैक्' -टर्-*n.* (*fem.* **Benefactress.** - ट्रेस्) a giver, a patron, a donor. दाता, उपकारी, हितकारी।

Benefice-बेॅनिफ़िस्- *n.* a church living. पादरी की वृत्ति; **Beneficed** (-ड्)-*adj.* पादरी की वृत्तिवाला।

Beneficence-बे-निफ़ि-सेॅन्स्-*n.* the practice of doing good, kindness. परोपकार, हित, दया, कृपा।

Beneficent-बे-निफि - सेॅन्ट् - *adj.* bountiful. परोपकारी, दानशील; **Beneficently** (-लि)*adv.* in a beneficent manner. परोपकारिता से।

Beneficial-बेॅन्'-इ-फ़िश्' - अल् - *adj.* advant-

ageous, useful, helpful, profitable. उपकारक, लाभजनक, कल्याणकारक, सहायक।

Beneficiary-बेॅन्-इ-फ़िश्'-अ-रि-*n.* one who receives anything as a free gift. माफ़ीदार असामी आदि, धर्मस्व प्राप्तकर्ता, वह व्यक्ति जो कोई वस्तु दान या पुरस्कार के रूप में पाता है।

Benefit-बेॅन्'-इ-फ़िट्-*n.* advantage, favour. लाभ, सुविधा, उपकार;-*v.t.&i.* to do good to, to profit, to gain advantage. अनुग्रह करना, उपकार करना, लाभ उठाना; **Benefit night** (a performance the proceeds of which are given to a society &c.) किसी सभा इत्यादि को दान देने के लिये नाटक इत्यादि का अभिनय; **Benefit of doubt** (assuming innocence rather than guilt.) अपराध न करने का सन्देह; **For public benefit** (for the good or advantage of the people at large.) सर्व-सामान्य के हित के लिये।

Benevolence-बि-नें - व़्' - लेॅन्स् - *n.* desire to do good, goodwill. परोपकारिता, दया, कृपा, सुजनता।

Benevolent-बि-नें-व़्'-लेॅन्ट् - *adj.* charitable, kind. हितैषी, परोपकारी, उदार, शुभचिन्तक; **Benevolently** (-लि)-*adv.* kindly. दयापूर्वक।

Benight-बि'-नाइट्'-*v.t.* to cover with darkness. अँधेरा करना।

Benighted-बि-नाइट्'-ऍड् *adj.* overtaken by darkness. अन्धकार से आच्छादित।

Benign-बि-नाइन्' - *adj.* gentle, fortunate, kind. कृपालु, सुखप्रद, दयालु; **Benignly**(-लि) -*adv.* kindly. दयालुता से।

Benignant-बि-निग्'-नॉन्ट्-*adj.* kind, favourable, gracious. दयालु, कृपालु।

Benignity-बि - निग्' - नि-टि-*n.* kindliness, graciousness. कृपालुता, दया।

Benison-बेॅन्'-इ-ज़न्-*n.* a blessing, benediction. वरदान आशीर्वाद।

Benjamin-बेॅन्'-जॉ - मिन् - *n.* the youngest child or son, an old-fashioned chester, a kind of fig tree and its gum. सबसे छोटा बालक या कनिष्ठ पुत्र, पुराने ढंग का ओवरकोट, एक प्रकार का अंजीर का वृक्ष तथा इसका गोंद।

Bent-बेॅन्ट्-*n.* inclination, tendency, reedy grass. झुकाव, रुचि, कड़े रेशे की घास;-*adj.* inclined. झुका हुआ।

Bent-बेॅन्ट्-*p. t. & p. p.* of **Bend.**

Benumb-बि-नम्'-*v. t.* to make powerless or insensible, to stupefy. सुन्न करना, शक्तिहीन करना, ठिठुराना।

Benzene-बेॅन्-ज़ीन्-*n.* a mixture of mineral oils &c. used for removing stains. दाग छुड़ाने का तेल।

Benzoin-बेॅन्'-ज़ोइन्-*n.* a kind of fragrant aromatic resin. लोहबान।

Bepowder-बि - पाउ' - डर्-*v. t.* to sprinkle powder. बुकनी छिड़कना।

Bepraise-बि-प्रेज़्'-*v. t.* to extol, to praise very much. अति प्रशंसा करना।

Bequeath-बि-क्वीद्'-*v. t.* to leave by will. इच्छापत्र या वसीयत द्वारा सम्पत्ति छोड़ जाना।

Bequest-बि-क्वेॅस्ट्-*n.* property left by will, a legacy. इच्छापत्र द्वारा छोड़ी हुई सम्पत्ति, मरते समय इच्छापत्र द्वारा रिक्थदान, वसीयतनामा।

Bere-बिअर्-*n.* barley. जौ।

Bereave-बि-रीव़्'-*v. t.* (*p. t.&p.p.* **Bereft.**) to deprive, to rob, to dispossess. अलग करना, विनाश करना, वियोग करना, छीन लेना; **Bereavement** (-मेॅन्ट्) -*n.* deprivation of a relative (by death.) प्रियजन का (मृत्यु से) वियोग, विछोह; **Bereft** (-रेॅफ़्ट्)-*adj.* bereaved. वियोग में पड़ा हुआ।

Bergamot-बर्'-गॉ-मॉट्-*n.* a tree of orange or lemon kind. नारङ्गी या नीबू की जाति का एक वृक्ष।

Berhyme-बि-राइम्'-*v. t.* to celebrate in verse. (उत्सव के लिये) कविता बनाना।

Beri-beri-बेॅर्'-रि - बेॅर्-रि-*n.* a disease like dropsy. जलन्धर के प्रकार का एक रोग।

Berry-बेॅर्'-रि-*n. pl.* (**Berries**) any small juicy round fruit. कोई छोटा रसदार गोल फल, एक प्रकार का बेर।

Berth-बर्थ-*n.* a sleeping place in a ship, a proper place. जहाज़ में सोने की कोठरी, उचित स्थान;-*v. t* to moor a ship, to provide sleeping place. जहाज़ का सुरक्षित स्थान में रखना, सोने के लिए स्थान का प्रबन्ध करना; **Berthage** (-एज्)-*n.* money paid for the accommodation of a ship in a dock. बन्दरगाह में जहाज रखने का कर।

Beryl-बेॅर्'-रिल्-*n.* a pale-green precious stone. हरितमणि, विल्लौर।

Beseech-बि-सीच्'-*v.t.*(*p.t.&p.p.* **Besought**). to ask earnestly, to entreat. प्रार्थना करना, विनती करना; **Beseecher** (-अर्)-*n.* a suppliant. प्रार्थी; **Beseeching** (-इङ्ग्)-*adj.* suppliant. प्रार्थना करनेवाला; **Beseechingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with entreaty. विनीत भाव से; **Beseechment** (-मेॅन्ट्)-*n.* entreaty. प्रार्थना।

Beseem-बि-सीम्'-*v.t.* to suit or to be befitting to. योग्य होना, शोभा देना; **Beseemingly**

(-इइग्-लि)-*adv.* in a beseeming manner. दिखावट से; Beseemly (-लि)-*adj.* becoming fit, suitable. योग्य, उचित।

Beset-बि-सेट्'-*v. t.* to surround, to encompass, to perplex, to hem in, to set upon. घेर लेना, व्याकुल करना, मगजी लगाना, आक्रमण करना; Besetment (-मेन्ट्)-*n.* a besetting sin, a failing. पाप से घिर जाने की अवस्था, दोष।

Beshame-बि-शेम्'-*v. t.* to make ashamed. लज्जित करना।

Beshrew-बि-श्रू'-*v. t.* to think evil of, to curse. बुरा सोचना, शाप देना, कोसना।

Beside-बि-साइड्'-*prep.* at the side of, near, over and above, distinct from, out of. निकट, पास, समीप, अधिक, भिन्न, बाहर; Beside one's self (out of one's wit.) आपे से बाहर।

Besides-बि-साइड्स्'-*adv.& prep.* in addition to, else, otherwise. और भी (अधिक), सिवाय, अतिरिक्त।

Besiege-बि-सीज्'-*v. t.* to assail, to lay siege to. आक्रमण करना, घेर लेना; Besieger (-अर्)-*n.* one who lays a siege. घेरा डालनेवाला।

Beslaver-बि-स्लेवर्-*v.t.* to flatter very much. बड़ी चापलूसी करना, चाटुकारी करना।

Beslobber-बि-स्लॉब्'-अर्-*v.t.* to besmear with spittle, to kiss badly. लार पोतना, ऐसा चुम्बन करना कि थूक लिपट जाय।

Besmear -बि-स्मिअर्'-*v. t.* to smear over, to bebaub. लेप करना, पोतना।

Besmirch-बि-स्मर्च्'-*v. t.* to soil, to pollute, to make dim. मलिन करना, गन्दा करना, अन्धकार करना।

Besom-(-zom)-बी-ज़म्'-*n.* a kind of broom. एक प्रकार की बढ़नी, झाड़ू।

Besought-*p.t. & p. p.* of Beseech.

Bespatter-बि-स्पैट्'-टर्-*v. t.* to spatter all over, to abuse, to defame. छितराना, गाली देना, अपमानित करना।

Bespeak-बि-स्पीक्'-*v. t.* (*p. t.* Bespoke, *p.p.* Bespoken) to engage beforehand. पहिले से स्थिर कर लेना।

Bespeed-बि-स्पीड्'-*v. t.* to hurry up. शीघ्रता करना, जल्दी करना।

Bespice-बि-स्पाइस्'-*v. t.* to season with spice. मसालेदार बनाना।

Besprinkle-बि-स्प्रिङ्क्'-कुल-*v. t.* to strew or scatter over. छिड़कना।

Best-बेस्ट्-*adj. & adv.* (*super.* of Good or Well) of the most excellent kind, in the most excellent way. सर्वोत्तम, सबसे अच्छी तरह या प्रकार;-*n.* hightest endeavour. अधिकतम प्रयत्न; At best (to the utmost degree of extent) पराकाष्ठा में, अत्युत्तम रूप से; To be at one's best (in the best state) सर्वोत्तम अवस्था में; Did it for the best (with best intentions.) अच्छे अभिप्राय से; To do one's best (to do all which one can do.) जितना हो सके उतना करना; To do for the best (to do with good intention.) अच्छे अभिप्राय से करना; To make the best of things (to be contented.) सन्तुष्ट होना; To make the best of one's way (to go as fast as possible.) जहाँ तक सम्भव हो तेज़ जाना; To the best of one's power (as far as one can do.) यथाशक्ति प्रयत्न; The best is the enemy of the good (too high standard obstructs progress.) बहुत ऊँचा आदर्श उन्नति में विघ्न डालता है।

Bestain-बि-स्टेन्'-*v. t.* to mark with spots or stains. धब्बा लगाना।

Bestead-बि-स्टेड्'-*v.t.&i.* to avail, to help, to assist. काम में लाना, उपयोग में लाना, सहायता देना।

Bestial-बेस्ट्'-इ-अल्*adj.* brutish, rude, barbarous. जंगली, गँवार, रूखा, अशिष्ट; Bestiality (-ऑल्'-इ-टि)-*n.* rudeness. अशिष्टता, असभ्यता, गँवारपन।

Bestill-बि-स्टिल्'-*v.t.* to make still or quiet. शान्त करना।

Bestir-बि-स्टर्'-*v. t.* (*p. t.* Bestirred.) to exert, to rouse into vigorous action. उद्यम करना, चेष्टा करना, व्यवहार करना, उसकाना।

Bestow-बि-स्टो'-*v. t.* to deposit, to confer upon. प्रतिपादन करना, देना; Bestowal (-अल्)-*n.* disposal. प्रतिपादन, दान; Bestower (-अर्)-*n.* one who bestows. दाता, दान देनेवाला।

Bestrew-बि-स्ट्रू'-*v.t.* to scatter about. छितराना, फैलाना, छींटना।

Bestride-बि-स्ट्राइड्' - *v. i.* to sit with legs astride, to get or sit upon. पैर फैलाकर बैठना, (घोड़े पर) सवार होना।

Bestud-बि-स्टड्'-*v. t.* to adorn with studs. नग जड़ना, नग लगाना बैठाना।

Bet-बेट्-*n.* stake, wager. पण, दाँव, बाजी;-*v.t.* (*p. t. & p. p.* Bet.) to stake, to wage on. दाँव लगाना, बाजी लगाना।

Beta-बी-टा-*n.* the second letter of the Greek alphabet. (B, β) ग्रीक वर्णमाला का दूसर अक्षर।

Betake-बि-टेक्-*v. t.* (*p. t.* Betook, *p. p.* Be-

taken) to commit oneself to, to convey oneself to. आश्रय लेना (अंगीकार करना), लगाना (लीन होना)।

Beteem-बि-टीम्'-*v. t.* to bring forth, to shed. उत्पन्न करना, बहाना।

Betel-बी-ट्ल्'-*n.* a climbing plant the leaves of which are chewed in India. ताम्बूल, पान, Betel-nut (the nut of areca palm.) पुँगीफल, सुपारी।

Bethink-बि-थिङ्क्'-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* Bethought) to recollect, to remind oneself, to consider. याद करना, विचारना, सोचना।

Bethrall-बि-थ्रॉल्'-*v.t.* to enslave. दास बनाना।

Bethrow-बि-थ्रो'-*v. t.* to twist. ऐंठना।

Bethump-बि-थम्प्'-*v. t.* to thrash. मारना, पीटना।

Betide-बि-टाइड्'-*v. t.* to happen, to befall. आ पड़ना, होना।

Betimes-बि-टाइम्स्-*adv.* early, in good time. प्रातःकाल, यथासमय।

Betise-बि-टीज़्'-*n.* a foolish remark or action. कुसमय की चर्चा, मूर्खता की बात या काम।

Betoken-बि-टोकन्-*v. t.* to suggest, to indicate ,to foreshadow. दरसाना, प्रस्ताव करना, सूचना देना।

Betook-बि-टुक्'-*p. t.* of Betake.

Betray-बि-ट्रे'-*v. t.* (*p. t.* Betrayed) to give up treacherously, to be disloyal, to lead astray. धोखे से शत्रु को पकड़ा देना, विश्वासघात करना, भण्डाफोड़ करना, भेद देना; Betrayal (-अल्) -*n.* breach of trust. विश्वासघात; Betrayer (-अर्) -*n.* a traitor. विश्वासघाती।

Betroth-बि-ट्रोद्'-*v. t.* to make a pledge for marrying. विवाह के लिये वचन देना, सगाई करना;Betrothal (-अल्)-*n.* an engagement to marry. सगाई; Betrothment (-मॅन्ट्)-*n.* mutual contract for marriage. वाग्दान, सगाई; Betrothed (-ड्)-*adj. & n.* engaged for marriage. विवाह के लिये स्थिर, मँगेतर।

Better-बॅट्'-टर्-*adj.* (*comp.* of Good or Well) more excellent, more desirable. उच्चतर, श्रेष्ठतर;-*adv.* to a higher degree, with more profit. अधिक लाभ से;-*v. t.* to amend, to improve, to surpass.सुधारना,उन्नति करना,बढ़ाना; Betters-*n. pl.* superiors. बड़े लोग, वृद्ध लोग; Better half(one's wife.)पत्नी; Betterment (-मॅन्ट्)-*n.* improvement. उन्नति, सुधार; Better part (greater part.) अधिकांश; Better than (surpassing.) बढ़कर; Hadbetter(would find wiser.) अच्छा होगा कि; No better than (practically.) प्रायः, वस्तुतः; To be better off (to be very rich.) अधिक धनी होना ; To betteroneself (to improve.) उन्नति करना; To get the better of (to gain advantage or victory over.) विजय प्राप्त करना।

Better(-or)-बेट्'-टर् (-टॉर)-*n.* one who bets. दाँव लगानेवाला (जुआरी)।

Betting-बॅट्'-टिङ्ग्-*n.* proposing a wager. पण लगाना, पण क्रिया, दाँव लगाना, बाजी लगाना।

Between-बि-ट्वीन्' -*prep. & adv.* in, along, across, reciprocally, on the part of. मध्य में, बीच में, अन्तर में, परस्पर ; Between devil and deep sea (with no hope of life.) बचने की कोई आशा न रखते हुए; Far between(at a great distance.) बड़ी दूर का अन्तर ; To stand between (to be mediatory, to stand as arbitrator.) मध्यस्थ होना, पञ्च बनना।

Betwixt-बि-ट्विक्स्ट्'-*prep. & adv.* between. अन्तर में, बीच में।

Bevel-बॅव्'- अल् - *n.* a tool for setting off angles. कोना बनाने का औज़ार;-*v. t.* to make a slope. तिरछा बनाना।

Bevel-gear- बॅव्' - अल्-गिअर्-*n.* cogged wheels revolving in different directions. भिन्न दिशा में घूमनेवाला पहिया।

Bevel-gear.

Beverage-बॅव्'- रिज् - *n.* a drink, an agreeable liquor. मदिरा, शराब।

Bevy-बॅव्'-इ-*n.* (*pl.* Bevies) a company of ladies, a flock of larks, roes and quails. स्त्रियों का समुदाय, लवा, हरिन और बटेर का झुण्ड।

Bewail-बि-वेल्' - *v. t. & i.* to mourn, to express grief. विलाप करना; शोक करना; Bewailable (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* lamentable. विलाप करने योग्य ; Bewailing (-इङ्ग्) -*n.* lamentation. विलाप, शोक।

Beware-बि-वेअर्'-*v. i.* to take heed, to be cautious. सावधान होना, सचेत होना।

Bewet-बि - वॅट्'-*v. t.* to wet, to moisten. भिगोना, तर करना।

Bewilder-बिविल्डर्-*v. t.* to perplex, to confuse. व्याकुल करना, घबड़ा देना (भ्रम में डालना); Bewildered (-ड्) -*adj.* perplexed. व्यग्र, घबड़ाया हुआ ;Bewilderness (-नॅस्) -*n.* perplexity. व्याकुलता; Bewilderingly (-इङ्ग्' -लि)-*adv.* confusedly. भ्रम से, व्याकुलता से।

Bewitch-बि-विच्'-*v. t.* to put a spell on, to enchant, to delight exceedingly. जादू डालना,

लुभाना, अति प्रसन्न करना ; **Bewitching** (-इङ्ग्)-*adj.* fascinating, alluring. मोहिनी, लुभानेवाली; **Bewitchingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in an alluring manner. मोहित करके; **Bewitchment**(-मेंन्ट्) -*n.* fascination, allurement. मोहन, वशीकरण ।

Bewray-बि-रे - *v. t.* to reveal, to disclose. स्पष्ट करना, खोल देना ।

Beyond-बि-यॉन्ड्'-*prep.* at the farthest side, outside, besides, above. दूर (पार), बाहर, अतिरिक्त, ऊपर (बढ़कर); -*adv.* at a distance, yonder. दूर पर, पार ; **Beyond his means** (exceeding his income.) आय से अधिक व्यय करनेवाला; **Beyond measure** (exceeding limit.) अतिमात्र, सीमा से बाहर ; **To go beyond** (to exceed in anything.) सीमा से बाहर जाना, बढ़कर होना ।

Bezel-बेज़्'-ज़्ल्-*n.* the sloped edge of a chisel, upper part of the collet of a ring. रुखानी की तिरछी धार, अँगूठी के नग जड़ने का ऊपरी भाग ।

Bezique-बि-ज़ीक्'-*n.* a game at cards. ताश का एक प्रकार का खेल ।

Bi-बाइ-*pref.* in the sense of, "twice, doubly, twofold". "दोहरा, दुबारा, दुगुना" अर्थ का उपसर्ग ।

Biangular-बाइ-ऐंङ्ग्'- ग्यु- लर् -*adj.* having two angles. दो कोण का ।

Bias-बायस् -*n.* weight kept on one side of the bowl, prejudice, inclination. भार, पसँघा, पक्षपात, प्रवृत्ति, झुकाव;-*v.t.* to incline. प्रोत्साहन देना, प्रवृत्त करना; **Biased** (-ड्) -*adj.* partial, unfair. पक्षपाती ।

Biaxial-बाइ'-ऐक्स् - इ - अल् - *adj.* with two axes. दो धुरा (या अक्ष) वाला ।

Bib-बिब्-*v. i.* to drink frequently. बार बार मदिरा पीना;- *n.* a child's chincloth. बच्चे के गले में बाँधने की कपड़े की गद्दी ।

Bibber-बिब्'-बर्-*n.* one given to drinking. पियक्कड़ ।

Bible-बाइ'-ब्ल्-*n.* the sacred book of the Christian Church. ईसाइयों की धर्म-पुस्तक, इञ्जील ;**Biblical** (बिब्'-लिक्-अल्)-*adj.* of the Bible. इञ्जील-सम्बन्धी ।

Bibliographer-बिब्-लिऑ-ग्रॅफर्-*n.* a compiler of a history of literary books. साहित्यिक ग्रन्थों का इतिहास-लेखक ।

Bibliography-बिब्-लि-ऑ-ग्रॅफ़ि - *n.* a history or list of books.पुस्तक विद्या, ग्रन्थ-सूची ।

Bibliolatry-बिब्-लि-ऑल्'-अॅ-ट्रि-*n.* worship of books. ग्रन्थ-पूजन; **Bibliomania** (-ओ-मे'-नि-आ)-*n.* earnest desire to collect books. पुस्तक संग्रह करने की तीव्र इच्छा; **Bibliophile** (-ऑ-फ़ाइल्)-*n.* a book-lover. पुस्तक का प्रेमी; **Bibliopole** (-ऑ-पोल्)-*n.* a seller of rare books. अलभ्य पुस्तकों को बेचनेवाला ।

Biblist-बिब्'-लिस्ट्-*n.* one who is conversant with the Bible. इञ्जील में निपुण ।

Bibulous-बिब्'-यू-लस्-*adj.* absorbent, spongy. जल सोखनेवाला ।

Bicameral-बाइ-कॅम्'- अर् - अल्-*adj.* having two chambers (of a legislative body.) द्विगृही, दोघरा ।

Bicentenary-बाइ-सेंन्'-टि-न्-अ-रि-*adj.* occurring after two hundred years. दो सौ वर्ष पर होनेवाला; **Bicentennial** (- टेंन्' - इ - अल्) -*adj.* occurring every two hundred years. प्रति दो सौ वर्ष पर होनेवाला (उत्सव इत्यादि) ।

Bicephalous-बाइ-सेफ़्' -अ - लस् - *adj.* two-headed. दो सिरवाला ।

Biceps-बाइ'-सेप्स्- *n.* a muscle having two heads. द्विशिरस्का पेशी, दो माथे का पुट्ठा ।

Bicker-बिक्'-अर् - *v. i.* to quarrel, to run quickly. कलह करना (विवाद करना), वेग से बहना; **Bickering** (-इङ्ग्) -*n.* a quarrel, a fight. कलह, युद्ध ।

Bicuspid-बाइ-कस्'-पिड्-*n.* a tooth with two cusps. दो नोकवाला दाँत ।

Bicycle-बाइ'-सि-क्ल्-*n.* a two-wheeled vehicle propelled by feet. पैरों से चलाई जानेवाली दो पहियों की गाड़ी, पैर गाड़ी; **Bicyclist** (or **Cyclist**) -*n.* one skilled in bicycle-riding. बाइसिकिल चलानेवाला ।

Bid-बिड्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Bade** - बेड्, *p. p.* **Bidden, Bid**) to command, to offer, to proclaim, to invite. आज्ञा देना, नीलाम में बोली बोलना, घोषणा करना, निमन्त्रित करना ; **To bid goodbye** (to salute.) नमस्कार करना; **To bid welcome.** स्वागत करना ।

Biddable-बिड्'-ऐ-ब्ल् -*adj.* ready to obey. आज्ञा माननेवाला ।

Bidder-बिड्'-अर्-*n.* one who bids. दाँव या बाजी लगानेवाला ।

Bidding-बिड्-डिङ्ग् - *n.* command, order. आज्ञा, आदेश ।

Bide-बाइड्-*v. i.* (*p. t.* **Bided**) to dwell, to remain, to await, to endure. रहना, ठहरना, प्रतीक्षा करना, सहना ।

Bidental-बाइ-डेंन्ट्'- अल् - *adj.* having two teeth. दो दाँतवाला ।

Biennial-बाइ - ऍनिअल् - *adj.* recurring or happening every two years. दो-दो साल में होनेवाला।

Bier-बायर्-*n.* a movable frame to carry the dead to the grave. मुर्दा ले जाने की टिकठी, अरथी।

Bifacial-बाइ-फ़ेश्यल्-*adj.* having two opposite faces alike. आमने-सामने के समान मुख या भागवाला।

Bifid-बाइ'-फ़िड्-*adj.* divided into two parts. दो भागों में विभक्त।

Bifold-बाइ'-फ़ोल्ड्-*adj.* folded into two. दो परत (तह) किया हुआ।

Bifurcate-बाइ'-फ़र्-केट्-*v. t.* to divide into two forks. दो फाँक करना; **Bifurcated** (-केट्'-ऍड्)-*adj.* divided into two prongs. दो फाँक किया हुआ; **Bifurcation** (-के'-शन्) -*n.* a division into two parts or branches. दो फाँक या खण्ड करने की क्रिया, द्विभाजन।

Big-बिग्-*adj.* (*comp.* **Bigger**, *sup.* **Biggest**) large, lofty, grown up, proud, full, pregnant, important. बड़ा, फूला हुआ, अभिमानी, महाकाय, स्थूल, गर्भवती, गौरवपूर्ण।

Bigamist-बाइग्-ऑ-मिस्ट्-*n.* one who has committed bigamy. दो पत्नीवाला मनुष्य या दो पतिवाली स्त्री; **Bigamous** (-अस्)-*adj.* इस दोष का अपराधी।

Bigamy-बाइग्'-ऑ-मि-*n.* the crime of having two wives or husbands at once. द्विपत्नीकरण, एक पत्नी या पति रहते दूसरा विवाह करने का अपराध।

Bigeminal-बाइ-जॅम्'-इ-नल्-*adj.* arranged in two pairs. दो जोड़े के क्रम में प्रस्तुत किया हुआ।

Bigential-बाइ-जॅन्'-शल-*adj.* of two tribes. द्विजातीय, दो जाति का।

Bight-बाइट्-*n.* a loop, a curve or recess, a small bay. झूलन, घुमाव, छोटी खाड़ी।

Bigness-बिग्-नॅस्-*n.* the quality of being big. बड़ापन, विपुलता।

Bigot-बिग्-ऑट्-*n.* a blind adherent of one's creed. अपने धर्म में हठधर्मी (कट्टर); **Bigoted** (-ऍड्)-*adj.* हठधर्मी; **Bigotry** (-ऑ-ट्रि)-*n.* narrow-minded zeal for one's creed or party. अपने मत का आग्रह, धर्मान्धता।

Bike-बाइक्-*abbr.* for **Bicycle.** बाइसिकिल शब्द का छोटा रूप।

Bilateral-बाइ-लॅट्'-अर्-अल-*adj.* having two sides. दो छोर का।

Bilbo-बिल्'-बो-*n.* a sword. तलवार।

Bilboes-बिल्'-बोज़्-*n. pl.* long bars of iron for binding the feet of prisoners. क़ैदियों के पैर में बाँधने का लम्बा डंडा।

Bile-बाइल्-*n.* a bitter fluid secreted by the liver. पित्त।

Bilge-बिल्ज्-*n.* the bulging horizontal part of a ship's bottom or dust collecting there. जहाज़ की पेंदी का फूला हुआ चौड़ा भाग या वहाँ जमी हुई मिट्टी।

Biliary-बिलिअरि-*adj.* belonging to bile. पित्त सम्बन्धी।

Billingual-बाइ-लिङ्गु-अल् -*adj.* spoken or written in two languages. दो भाषाओं में बोला या लिखा हुआ।

Bilious-बिलि - अस् - *adj.* pertaining to or affected with excess of bile, melancholic. पैत्तिक, चिड़चिड़ा।

Biliteral-बाइ-लिट्'-अर्-अल्-*adj.* consisting of two letters. दो अक्षरों का।

Bilk-बिल्क्-*v. t.* to cheat, to elude. धोखा देना, छलना।

Bill-बिल्-*n.* a bird's beak, draft of a proposed act, note of charge for goods, a placard, a kind of long-handled axe. चोंच, प्रस्ताव रूप में क़ानून, पुरज़ा (लेखा), इश्तिहार या विज्ञापन, एक प्रकार की लम्बे डंडेवाली कुल्हाड़ी; -*v. t.* to strike with bill. चोंच मारना;-*v. i.* to announce. सूचना देना; **Bill of exchange** (a business document for settlement of dues of parties concerned.) विनिमयपत्र; **Bill of fare** (a menu, list of food provided.) भोजन-सामग्री की सूची; **Bill of indemnity** (bill for security from loss or compensation for loss or damage.) परिहार-विधेयक, क्षतिपूर्ति बिल; **Bill of lading** (receipt to consignor by the shipmaster making himself responsible for the safe delivery of goods.) वहन पत्र; **Bill-poster** (one who sticks posters.) नोटिस, इश्तिहार या विज्ञापन चिपकानेवाला।

Billet-बिल्'-लिट्-*n.* a thick piece of wood, a small bar of metal, soldier's quarters. लकड़ी का कुन्दा, धातु का छोटा डंडा, सिपाहियों के ठहरने का स्थान;-*v. t.* to quarter or lodge soldiers. सिपाहियों को ठहराना।

Billiards-बिल्'-यर्ड्ज़्-*n. pl.* a game played on a table with ivory balls. हाथीदाँत के अण्टे का एक प्रकार का खेल जो मेज़ पर मुड़ी हुई बेंतों से खेला जाता है।

Billingsgate-बिल्'-इङ्गज़्-गेट्-*n.* abuse, foul language. गाली, अपशब्द।

Billion-बिलि'-अन्-*n.* a million millions. दस खरब की संख्या।

Billow-बिल्-लो-*n.* a great wave of the sea. तरंग, बड़ी लहर;-*v. i.* to rise in big waves. तरंग उठना, लहराना; **Billowy** (-इ)-*adj.* of billows. तरंग सम्बन्धी।

Billy-cock-बिल्'-इ-कॉक्-*n.* a kind of felt hat, a bowler. एक प्रकार की अंग्रेज़ी टोपी, क्रिकेट के खेल में गेंद फेंकनेवाला।

Billy-goat-बिल्'-इ-गोट्-*n.* (*fem.* **Nanny-goat**) a male-goat. बकरा।

Bimensal-बाइ-मॅन्-सल्-*adj.* occurring once in two months. दो महीने में एक बार होनेवाला।

Bimetallic-बाइ-मॅ-टल्'-इक् - *adj.* consisting or composed of two metals, of two metals. दो धातुओं से निर्मित, दो धातुओंवाला।

Bimonthly-बाइ-मन्थ्'-लि-*adj.* once in two months, also twice a month. दो महीने में एक बार, महीने में दो बार।

Bin-बिन्-*n.* receptacle for corn, a place for storing coal or dust. खत्ती, मिट्टी कोयला आदि रखने का स्थान।

Binary-बाइ'-न-रि-*adj.* double, involving pairs. दोहरा (द्विगुण), जोड़ा।

Binate-बाइ'-नेट्-*adj.* in pairs. जोड़ेदार।

Bind-बाइन्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Bound**) to fasten, to attach, to restrain, to subject to legal obligation, to be obligatory, to mpose restraint. बाँधना (गूँथना), सम्बन्ध करना, रोकना, प्रतिज्ञा करना, अनुगृहीत होना, हथकड़ी बेड़ी डालना; **To bind a book.** जिल्द बाँधना ; **Binder** (-अर्) -*n.* बाँधनेवाला, जिल्दसाज़।

Binding-बाइन्ड्'-इङ्ग्-*n. & adj.* fastening, covering, obligatory. बन्धन (आवरण), बाध्य करनेवाला।

Binnacle-बिन्'-अ-कल्-*n.* the compass box of a ship. जहाज़ पर कुतुबनुमा रखने का सन्दूक।

Binocular-बिन्-नॉक्-यु - लर् - *adj.* suited to both eyes. दोनों आँखों से देखने योग्य।

Binomial-बाइ-नो'-मि-अल्-*adj.* consisting of two terms, of two names. (बीजगणित के) द्विपद, दो नाम का।

Biogenesis-बायो-जॅन्'-ऍ-सिस्-*n.* the doctrine that life is derived from life. जीव की जीव से उत्पत्ति का सिद्धान्त।

Biograph-बायो-ग्रॅफ्-*n.* continuous photographic representation. फ़ोटो के चित्र की पंक्ति; see **Bioscope.**

Biographer-बायो-ग्रा-फ़र्-*n.* writer of a biography. जीवनी लिखनेवाला; **Biographical** (-ग्रॅफ्'-इक्-अल्)-*adj.* pertaining to biography. जीवनी सम्बन्धी; **Bioaphically** (-इक्-अल्-लि)-*adj.* like biography. जीवनी की रीति से।

Biography-बायो-ग्रॅफ़ि-*n.* written account or life of a person. किसी व्यक्ति का जीवन-वृत्तान्त।

Biological-बायो-लॉज्'-इकल्-*adj.* relating to biology. जीवविद्या सम्बन्धी।

Biologist-बायोल्-ऑ-जिस्ट्-*n.* one skilled in biology. जीवविद्या में निपुण।

Biology-बायोल्-ऑ-जि-*n.* the science of life in its various forms. जीव (प्राणि) विद्या।

Bioscope-बायो-स्कोप्-*n.* (same as **Biograph.**) a cinematograph, चलते-फिरते कार्य का चित्र लेना और इसी को परदे पर चलते-फिरते दिखलाना।

Biparous-बाइ-पॅरस्-*adj.* bringing two at a birth. (युग्म सन्तति) दो बच्चे एक साथ जननेवाली।

Biped-बाइ-पॅड्-*n.* a two-footed animal. दो पैरवाला पशु।

Bipedal-बाइ-पॅडल्-*adj.* having two feet. द्विपद, दो पैरवाला।

Biplane-बाइ'-प्लेन्-*n.* a two-planed airship. दो तल्लेवाला वायुयान।

Bipolar-बाइ-पो-लर्-*adj.* with two poles. दो ध्रुववाला।

Biquadratic-बाइ-क्वॉड्-ऑट्'-इक्-*n.* the square of a square. द्विवर्गात्मक, चतुर्घातात्मक संख्या, यथा $(a^2)^2$.

Birch-बर्च्-*n.* a kind of smooth-barked tree, a bundle of its twigs used for flogging. भोजपत्र, बालकों को मारने का कोड़ा; -*v. t.* to flog. कोड़े से पीटना; **Birchen** (-ऍन्)-*adj.* pertaining to birch. भोजपत्र का।

Bird-बर्ड्-*n.* a feathered vertebrate. पक्षी, खग, चिड़िया;-*v. t.* to snare birds. चिड़िया फँसाना या पकड़ना; **Bird of Jove** (the eagle.) गरुड़; **Bird of Juno** (the peacock.) मयूर; **Bird of night** (the owl.) उल्लू; **Bird of peace** (the dove.) पेंडुकी; **Birds of a feather** (people of similar tastes.) एक विचार के मनुष्य; **Birds of prey** (birds that hunt.) शिकारी चिड़ियाँ; **Little bird** (anonymous informant.) सूचना देनेवाला गुमनाम मनुष्य; **Old bird** (quarrelsome person.) लड़ाका; **To kill two birds with one stone** (to obtain tow objects by one attempt.) एक पन्थ दो काज।

Birdlime-बर्ड्'-लाइम्-*n.* a viscous stuff which is used in catching birds. चिड़िया पकड़ने का लासा।

Bird's eye - बर्ड्ज़्' - आइ - *adj.* seen from above, as by a flying bird. ऊँचे स्थान से देखा हुआ (दृश्य)।

Biretta-बि-रें-टा-*n.* a kind of square cap. एक प्रकार की चौकोर टोपी।

Birth-बर्थ्-*n.* coming into the world, origin, beginning, inherited rank. जन्म, उदय, उत्पत्ति, आरंभ, उपाधि; **Birth control** (method of preventing undesired conception.) उत्पत्ति-अवरोध (जन्म-निरोध) की विधि; **Birthday** (the day on which one is born.) जन्म-दिवस, वर्षगाँठ; **Birthday honours** (titles conferred on king's birthday.) सम्राट के जन्म-दिवस पर बाँटी जानेवाली उपाधियाँ; **Birthmark** (congenital mark on a person' body.) चिह्न जो जन्म से ही शरीर में रहता है; **Birthplace** (the place of one's birth.) जन्मस्थान; **Birthrate** (the ratio of births to the population of a country.) जनसंख्या के अनुसार बच्चों की उत्पत्ति का अनुपात; **Birthright** (right acquired by birth). जन्मसिद्ध अधिकार।

Biscuit-बिस्'-किट्-*n.* a small thin hard cake or bread. बिस्कुट।

Bisect-बाइ-सेंक्ट्-*v.t.* to divide into two equal parts. समद्विभाग करना; **Bisection** (-सेंक्'-शन्)-*n.* a division into two equal parts. समद्विभाग; **Bisector** (-अर्)-*n.* the line which divides a thing into two equal parts. समद्विभाग करनेवाली रेखा (द्विभाजक)।

Bisexual-बाइ-सेंक्स्-यु-अल्-*adj.* having both sexes in one. स्त्री तथा पुरुष जाति के अङ्गों का एक ही व्यक्ति में होना, द्विलिङ्गीय।

Bishop-बिश्-अॅप्-*n.* a consecrated clergyman, one of the pieces or men in chess, a tasteful hot drink mixed with red wine. बड़ा पादरी, शतरंज के मुहरों में से एक मुहरा या खेलाड़ियों में से एक खेलाड़ी, लाल शराब से मिला हुआ स्वादिष्ट गरम पेय; **Bishopric** (-रिक्)-*n.* the office of a bishop. पादरी का पद, इसका अधिकार।

Bismuth-बिस्' (ज़')-मथ्-*n.* a white brittle metal. काँसा, कसकुट, फूल, (धातु)।

Bison-बाइ'-सन् (-ज़न्) - *n.* a large wild animal like ox. जङ्गली साँड़।

Bisque-बिस्क्-*n.* unglazed white porcelain, a rich meat or fish soup. बिना पालिश की हुई चीनी मिट्टी, मांस या मछली का स्वादिष्ट झोल या रसा या जायकेदार शोरबा।

Bistoury-बिस्'-टू - अर् - इ - *n.* a surgeon's narrow knife. जर्राह की पतली छुरी।

Bit-बिट् - *n.* a small piece, mouthpiece of bridle, morsel of food. खण्ड (टुकड़ा), लगाम, ग्रास (कवर);-*v. t.* to put the bit into the mouth of a horse, to restrain, लगाम लगाना, रोकना; **A bit of** (a little part.) लेश, थोड़ा अंश; **A bit rather** (not all.) थोड़ा-सा; **Bit by bit** (by degrees.) धीरे-धीरे; **Wait a bit** (wait for a short time.) थोड़ी देर ठहर जाइये।

Bitch-बिच्-*n.* female of a dog, fox or wolf. कुतिया, सियारिन, मादा भेड़िया।

Bite-बाइट्-*v. t.* (*p. t.* **Bit**, *p. p.* **Bitten or Bit**) to cut with teeth, to sting, to penetrate, to give pain to, to take a bait, to grip. कुतरना, दाँत से काटना, डङ्क मारना, घुसना, पीड़ा देना, लगाम लेना, चारा काटना, पकड़ लेना; -*n.* wound made by biting. दाँत काटने का चिह्न; **Bitten with** (infected with a disease) संक्रामक रोग से ग्रस्त; **To bite the ground** (to fall down and die.) गिरना और मर जाना।

Biter-बाइट्'-अर्-*n.* one who bites, a thief. काटनेवाला, ठग।

Biting-बाइट्'-टिङ्ग्-*adj.* pungent, stinging, severe, sarcastic. चरपरा, काटता हुआ, तीखा, ताना मारता हुआ; **Bitingly** (-लि)-*adv.* in a biting manner. काटते हुए, चुभते हुए।

Bitless-बिट्-लेंस्-*adj.* बिना लगाम का।

Bitter-बिट्'-टर्-*adj.* tasting hot and acrid, full of affliction, relentless, touching. कड़ुआ, तीता, कठोर, तीक्ष्ण, मर्मभेदी; **Bitter cold** (*i. e.* piercing.) तीखा जाड़ा; **To the bitter end** (finally.) अन्तिम सीमा तक; **To weep bitterly** (*i. e.* without a break.) फूट-फूटकर रोना; **Bitterness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being bitter, a kind of bitter ale. कड़ुवाहट, तीखापन, कठोरता, एक प्रकार की कड़ुवी शराब।

Bitterish-बिट्'-टर्-इश्-*adj.* somewhat bitter. कुछ कड़ुवा।

Bittern-बिट्'-टर्न्-*n.* a kind of marsh bird like heron. सारस या बगुला जैसा दलदली पक्षी।

Bitts-बिट्स्-*n. pl.* pair of posts for fastening cables. लोहे का रस्सा बाँधने के लिए जहाज का खूँटा।

Bitumen-बि-ट्यू'-मेंन्-*n.* mineral pitch. शिलाजीत (राल); **Bituminize** (-मिन्-आइज़्)-*v. t.* to impregnate with bitumen. बार्निश में राल मिलाना; **Bituminous** (-ट्यू-मिन्-अस्)

-*adj.* like bitumen, mixed with bitumen. राल के समान, रालमिश्रित ।

Bivalve-बाइ'-व़ॉल्व्-*adj.* with two valves. दो कपाटवाला, दो कोषवाला ।

Bivouac-बिव़्'-अॅक्-*v. i.* & *n.* to remain in encampment, additional guard at night. पड़ाव में ठहरना, रात्रि में रक्षा के लिए नियुक्त विशेष सैन्य ।

Bi-weekly-बाइ-वीक्'-लि-*adj.* twice in every week. सप्ताह में दो बार, अर्ध-साप्ताहिक ।

Bizarre-बि-ज़ार् - *adj.* odd, fantastic. झक्की, पागल ।

Blab-ब्लॅब्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Blabbed**) to talk foolishly, to reveal secrets. बड़बड़ करना, भेद खोल देना; **Blabber** (-बर्)-*n.* one who blabs, a tell-tale. गप्प हाँकनेवाला, छिछोर ।

Black - ब्लॅक् - *adj.* dark-coloured, dirty, gloomy, wicked, dismal. काला (अँधेरा), गन्दा, मटमैला, दुष्ट, दुःखदायी;-*v. t.* to make black. काला करना (काली पालिश करना); **Black and blue** (livid.) पीटने से नीला-काला पड़ा हुआ; **Black and white** (written on paper.) पेंसिल या रोशनाई से लिखा हुआ या बना हुआ चित्र; **Black art** (magic.) जादू; **Blackbear** (object of fear.) भयप्रद पदार्थ; **Black board** (a board painted black, used to write on with chalk.) स्कूल के दर्जे का काला पट; **Black book** (list of suspicious persons.) शङ्काजनक पुरुषों की सूची; **Black death** (plague) प्लेग; **Black Maria.** कैदियों की गाड़ी; **Black mark** (mark of discredit.) धब्बा, कलंक; **Black market.** गुप्त रीति से सामग्री का बाजार, चोर बाजार; **Black marketeer.** चोर बाजारी से माल बेचनेवाला; **Black marketing.** चोर बाजारी; **Blackout.** हिफ़ाजत के लिए शहर में अँधेरा करना; **Black sheep** (a person of bad character.) दुश्चरित्र मनुष्य, बदचलन आदमी, दुष्ट; **Blacksmith** (ironsmith.) लुहार ।

Blacken-ब्लॅक्-ऍन्-*v. t.* to make black, to darken. काला करना ।

Black-guard-ब्लॅक्'-गार्ड् - *n.* a scoundrel. दुराचारी, अधम; **Black looks** (hateful looks.) तिरस्कार की दृष्टि ।

Blacking-ब्लॅक्'-इङ्ग्-*n.* a paste used for blacking shoes. जूता काला करने का लेप या मसाला ।

Blackish-ब्लॅक्'-इश्-*adj.* somewhat dark or black. धुँधला, काला ।

Blackmail-ब्लॅक्-मेल्-*n.* tribute paid to robbers for securing protection, hush-money. रक्षा के लिये डाकुओं को दिया हुआ उपहार, डरा धमका कर अवैध रूप से लिया गया पैसा ।

Blackness-ब्लॅक्-नॅस्-*n.* the quality of being black, darkness. कालापन ।

Bladder-ब्लॅड्-डर्-*n.* membraneous bag containing urine, anything inflated, windbag, मूत्राशय (वस्ति), फूली हुई कोई वस्तु, हवा भरा हुआ पोला थैला ।

Blade-ब्लेड्-*n.* leaf of grass, cutting part of a tool, flat part of an oar. घास की पत्ती, हथियारों का फ़ल, नाव के डाँड़े का चिपटा भाग ।

Blain-ब्लेन्-*n.* an inflamed boil, a blister. व्रण, फफोला, छाला, फ़ोड़ा ।

Blamable-ब्ले-में - ब्ल् - *adj.* deserving of blame. निन्दनीय; **Blamably** (-ऍब्-लि)-*adv.* in a blamable manner. निन्दनीय ढंग से ।

Blame-ब्लेम्-*v. t.* & *i.* to find fault with, to censure, to accuse. निन्दा करना, दोष लगाना, अपराधी ठहरना;-*n.* censure, fault. कलंक, दोष (अपराध); **Blameful** (-फुल्)-*adj.* deserving of blame. दोषयुक्त, अपराधी ।

Blameless-ब्लेम्'-लॅस् - *n.* innocent. निर्दोष, निष्कलंक; **Blamelessly** (-लॅस्-लि)-*adv.* innocently. निष्कलंक रूप में; **Blamelessness** (-लॅस्-नॅस)-*n.* innocence. अनिन्द्यता, दोष का अभाव, निर्दोषता ।

Blameworthy-ब्लेम्'-वर्दि - *adj.* deserving censure. निन्दा के योग्य ।

Blanch-ब्लांश्-*v. t.* & *i.* to make white by peeling. to grow pale with fear. छिलका उतारकर सफेद करना, भय से पीला पड़ जाना ।

Bland-ब्लान्ड्-*adj.* gentle, polite, mild. नम्र, विनीत, मृदु (कोमल); **Bland in speech** (or gentle speech.) प्रियवादी; **Blandly** (-लि) -*adv.* in a gentle manner. विनीत भाव से; **Blandness** (-नॅस)-*n.* mildness. कोमलता

Blandish-ब्लॅन्ड्'-इश्-*v.t.* to flatter. मिथ्या प्रशंसा करना; **Blandishment** (-मॅन्ट्) - *n.* flattery, soft speech. चाटूक्ति, चापलूसी, मीठे वचन ।

Blandly-*adv.* see **Bland.**

Blandness-*n.* see **Bland.**

Blank-ब्लॅङ्क्-*adj.*not written upon, empty, void, white. लेख-रहित, रिक्त (छूँछा), सफ़ेद (कोरा);-*n.* an empty space, a ticket that wins no prize-*adj.* without meaning. रिक्त स्थान, बिना इनाम पाया हुआ टिकट, अर्थरहित; **Blank despair** (utter helplessness.) पूरी निराशा; **Blank verse** (rhymeless verse.) बिना अनुप्रास का छन्द; **To look blank** (to look

perplexed.) घबड़ाया हुआ देख पड़ना; **Blankly** (-लि) *-adv.* in a blank manner. शून्यता से।

Blanket-ब्लैंङ्क्'-इट्-*n.* a woollen sheet used for covering. कम्बल, धुस्सा, लोई; *-v. t.* to cover with a blanket. कम्बल से ढाँकना; **Wet blanket** (one who puts an end to conversation.) जो बात करना बन्द कर देता है।

Blare-ब्लेअर् *-v. i.* to utter loudly. चिल्लाकर बोलना;*-n.* roar, a bellowing noise. चिल्लाहट, चिग्घाड़।

Blaspheme-ब्लैस्'-फ़ीम् *-v. t.* to talk impiously. ईश्वर-निन्दा करना; **Blasphemer** (-अर्)-*n.* an impious person; **Blasphemous** (-फ़ी-मस्)-*adj.* containing profaneness. ईश्वर-निन्दक, पाखण्डी; **Blasphemously** (-अस्-लि) *-adv.* profanely. ईश्वर-निन्दारूप में; **Blasphemy** (-फ़ें-मि)*-n.* profane speaking, impious speech. ईश्वर-निन्दा।

Blast-ब्लास्ट्-*n.* a strong wind, sound of a wind instrument, explosive used in blasting, explosion. आँधी, बाजे का शब्द, बारूद, भभकन;*-v. t.* to blow up, to blight, to ruin. उड़ा देना, झुलसना, नाश करना।

Blatant-ब्ले'-टॅन्ट्-*adj.* vulgarly loud. जंगली की तरह कोलाहल करनेवाला।

Blatter-ब्लैट्-टर्-*v. t.* to patter, to talk over much. बकझक करना।

Blaze-ब्ले'-ज़्-*n.* bright flame or fire, glow, white mark on cow's head, mark made on the bark of trees. प्रभा, चमक, गाय या घोड़े के माथे पर का टीका, वृक्ष की छाल पर खोदा हुआ चिह्न;*-v. t.* to burn with flame, to emit light, to proclaim. प्रज्वलित करना, भभकाना, घोषित करना; **Blaze of light** (glow of light.) किरणजाल; **Blazing** (-इङ्ग्) *-adj.* flaming. देदीप्यमान; **Blazing scent** (strong smell.) उग्र गन्ध; **To blaze abroad** (to spread news.) समाचार फैलाना।

Blazon-ब्ले'-ज़न्-*n.* coat of arms. कुल चिह्न युक्त ढाल या कवच या झंडा; *-v. t.* to display, to inscribe with arms. फैलाना, चिह्नों से विभूषित (अलंकृत) करना; **Blazonry** (-रि) *-n.* armorial bearing. युद्ध-चिह्न, कुल-चिह्न।

Bleach-ब्लीच् *- v. t.* to whiten. धोना, सफेद करना; **Bleacher** (-अर्)*-n.* धोबी, सफ़ेद करनेवाला।

Bleaching-ब्लीच्-इङ्ग्-*n.* the art of whitening cloth &c. वस्त्र इत्यादि सफेद करने की कला।

Bleak-ब्लीक्-*adj. & n.* bare, chilly, dreary, dull and cheerless, a small white river fish. खुला हुआ, अति शीत, रूखा, आनन्द-रहित, नदी की एक छोटी सफेद मछली।

Blear-ब्लिअर्-*v. t.* to make dull, to make dim sighted. मन्द करना, चौंधा देना।

Bleat-ब्लीट्-*v. i. & n.* to cry like a sheep, the cry of a sheep. मिमियाना, भेड़ी या बकरी का शब्द।

Bleb-ब्लेब्-*n.* small blister or bubble on skin. फफोला।

Bleed-ब्लीड्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Bled.**) to emit blood, to draw blood, to die by slaughter, to feel pity for. रक्त निकालना, रक्त बहाना, हत्या द्वारा मरना, तरस खाना; **Bleeding** (-इङ्ग्)*-n.* running of blood, haemorrhage. रुधिरस्राव।

Blemish-ब्लेम्'-इश्-*n.* stain, flaw. दोष, कलंक; *-v. t.* to stain, to tarnish. मलिन करना, दूषित करना।

Blench-ब्लेन्श्-*v. i.* to shrink or start aside, to flinch. चौंक उठना (आँखें बन्द करना), पराङ्मुख होना।

Blend-ब्लेन्ड्-*v. t. & i.* to mix together, to mingle, to confound. मिलाना, मिलना;*-n.* a mixture. मिलावट।

Blent-ब्लेन्ट्-*p. t. & p. p.* of **Blend**;*-adj.* mixed. मिश्रित।

Bless-ब्लेस्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Blessed** ब्लेस्ड्, or **Blest**-ब्लेस्ट्) to attribute blessings or good fortune to, to invoke God's favour upon, आशीर्वाद देना (मंगल करना), गुणगान करना; **God bless me !** (exclamation of surprise.) आश्चर्यसूचक अव्यय, या ईश्वर !

Blessed-ब्लेस्'-एड्-*adj.* fortunate, prosperous, holy, happy. धन्य, भाग्यवान्, पवित्र, सुखी; **Blessedness** (-नेस्) *-n.* happiness, enjoyment of God's favour. परम आनन्द, ईश्वर की कृपा।

Blessing-ब्लेस्'-इङ्ग्-*n.* divine favour, gift of God. आशीर्वाद, ईश्वर की कृपा।

Blest-ब्लेस्ट्-same as **Blessed.**

Blether (-Blather) ब्लेद् (ब्लैद्)-अर्-*v. i.* to talk nonsense. बड़बड़ (बकवाद) करना।

Blew-ब्लू-*p. t.* of **Blow.** बहा, उड़ा।

Blight-ब्लाइट्-*n.* a disease of plants, mildew rust. वनस्पति रोग, पाला, गेरूई; *-v. t.* make vain, to blast. विफल करना, पाला मारना।

Blimp-ब्लिम्प्-*n.* a kind of small airship. एक प्रकार का छोटा हवाई जहाज या वायुयान।

Blind-ब्लाइन्ड्-*adj.* without sight, without intelligence, heedless, inconsiderate, dark,

obscure. अन्धा (नेत्रहीन), अज्ञान, लापरवाह, विचारहीन, अन्धकारमय, धोखे की टट्टी; *-n.* a window screen. झिलमिली (पर्दा); *-v. t.* to deprive of sight, to deceive, to darken. अन्धा करना, धोखा देना, अँधेरा करना; **Blind alley** (a lane unconnected with any road or street.) बन्द गली; **Blindborn** (born blind.) जन्मान्ध; **Blind door** (walled up door.) चुना हुआ दर्वाजा या द्वार; **Blind man's buff** (a kind of game.) आँखमुँदौवल का खेल; **Blind of one eye** (having one eye.) काना; **Blinded by rage** (deprived of judgement by anger.) क्रोधान्ध ।

Blindage-ब्लाइन्ड्'-एँज् - *n.* screen for troops. फ़ौज के लिए आच्छादन ।

Blindfold-ब्लाइन्ड्' - फ़ोल्ड्'-*v. t.* to cover eyes with bandage so as not to see. आँखों पर पट्टी बाँधना ।

Blindly-ब्लाइन्ड्'-लि-*adv.* in a manner as if blind, gropingly. टटोलते हुए।

Blindness-ब्लाइन्ड्' - नेँस्-*n.* state of being blind, ignorance, a shade. अन्धता,अज्ञान,पर्दा।

Blinds-ब्लाइन्ड्स्-*n. pl.* a screen used in trenches for sheltering men. खाई में प्रयुक्त होनेवाला पर्दा ।

Blink-ब्लिङ्क्-*v. t. & i.* to wink, to ignore. पलक मारना (आँखें छिपाना), तुच्छ समझना; *-n.* glance, glimmer, wink. झलक टिमटिमाहट, निर्मीलन ।

Bliss-ब्लिस्-*n.* highest happiness or blessedness. परम सुख, धन्यता, मोक्ष; **Blissful** (full of bliss.) धन्य; **Blissfully** (-फुल्-लि) *-adv.* in a state of bliss. परम आनन्दपूर्वक ।

Blister-ब्लिस्'-टर् *-n.* swelling on skin filled with serum. छाला, फफोला; *-v. t.* to raise a blister. फफोला पैदा करना ।

Blithe-ब्लाइद्-*adj.* gay, joyous. प्रमुदित, प्रसन्नवदन; **Blithely** (-लि)-*adv.* in a blithe manner, merrily. प्रसन्नतापूर्वक; **Blithesome** (-सम्)-*adj.* merry cheerful. प्रफुल्लित, आनन्दमय ।

Blizzard-ब्लिज़र्ड्-*n.* a blinding snow-storm. चौंधानेवाली बरफ़ की आँधी ।

Bloat-ब्लोट्-*v. t. & i.* to inflate or swell, to puff out, to grow turgid. फुलाना, सूजना ।

Blob-ब्लॉब्-*n.* a small round mass of wood or stone. काठ या पत्थर का गोल फूला हुआ भाग ।

Blobber-lipped-ब्लॉब्-बर्-लिप्ड्-*adj.* having thick lips. मोटे लटकते ओठोंवाला ।

Block-ब्लॉक्-*n.* a large piece of wood, solid piece of wood on which figures are cut or engraved, a continuous row of buildings, mould, a bulky piece, a pulley, an obstruction. लकड़ी का कुन्दा (लट्ठा), ठप्पा, घरों की पंक्ति, साँचा, भारी पदार्थ, घिरनी, अवरोध, रुकावट ; *-v. t.* to obstruct, to enclose or shut up. प्रतिबन्ध या अवरोध करना, बन्द करना ; **The block** (death by beheading.) सिर काटकर मृत्यु ।

Block-pulley.

Blockade-ब्लॉक्-एड्-'*v. t.* to obstruct. रोकना; *-n.* blocking up of a place bv troops. सेना से घिराव ।

Blockhead - ब्लॉक्' - हेँड् - *n.* a dull stupid person. मूर्ख, बुद्धिहीन मनुष्य ।

Blockish-ब्लॉक्'-इश्-*adj.* dull, stupid likea block. मूर्ख, मतिहीन ।

Blond-ब्लॉन्ड्-*n.* (*fem.* **Blonde**) a person of fair complexion having light coloured hairs. गोरा मनुष्य जिसके बाल हलके रङ्ग के हों।

Blood-ब्लड्-*n.* the red liquid which circulates in the veins and arteries of men and animals. offspring, murder, temperament, family. रक्त रुधिर, लोहू, सन्तति, हत्या, प्रकृति, वंश;*-v.t.* to remove blood. जर्राही द्वारा रक्त निकालना; **Blue-blood** (high birth.) उच्च कुल में उत्पत्ति; **Blood-red** (of deep red colour.) गहरे लाल रंग का; **Blood royal** (royal family.) राजकीय वंश; **Flesh and blood** (animal nature.) पशु प्रकृति; **Half blood** (connection through one parent only.) सौतेला; **Hot blooded** (angry, irritable.) अति क्रोधी; **In cold blood** (intentionally.) जान-बूझकर; **Of noble blood** (-birth) कुलीन ; **Blood guilty** (responsible for murder.) हत्या करने का दोषी; **Blood hot** (of the same heat as blood.) रुधिर के समान गरम; **Bloodless** (-लेँस्) - *adj.* without blood, spiritless. रक्तहीन, निस्तेज; **Bloodshed** (slaughter.) हत्या ; **Bloodshot** (red and inflamed.) रक्तपूर्ण; **Blood sucker** (animal that sucks the blood) जोंक; **Blood thirst** (having a desire to shed blood.) हत्या करने की अभिलाषा; **Blood vessel** *-n.* (an artery of the body.) रक्तवाहिनी नाड़ी; **Blood is up** (is ready to quarrel.) लड़ने को तैयार है ।

Bloody-ब्लड्' - इ - *adj.* cruel, murderous. निर्दयी, हत्यारा; **Bloody flux** (dysentery with blood.) आँव के साथ खून या रक्त पड़ना ।

Bloody nose (bleeding from nose. (नाक से खून या रक्त बहना ।

Bloom-ब्लूम्-*n.* a bud, flower, freshness, prime, perfection. कली, फूल, विकास, युवावस्था, पूर्णता; -*v. i.* to bear flowers, to be in full beauty. खिलाना, विकसित होना, पूर्ण यौवन में होना; **Blooming** (-इङ्ग्), **Bloomy** (-इ)-*adjs.* flourishing. खिलता हुआ ।

Blore-ब्लोर्-*n.* a violent gust of wind. आँधी ।

Blossom-ब्लॉसॅ-सम्-*n.* flower, early growth. फूल, प्रारंभिक बाढ़;-*v. i.* to put forth flowers. फूलना, विकसित होना ।

Blot-ब्लॉट्-*n.* a stain, blemish. धब्बा, कलंक; -*v. t.* (*p. t.* **Blotted**) to stain, to smudge. कलंकित करना, धब्बा लगाना; **To blot out** (to efface, to destroy.) मिटा देना, नष्ट करना; **Blotting paper** (absorbent paper for drying up wet ink-marks.) सोख्ता, मसिशोषक ।

Blotch-ब्लॉच्-*n.* an eruption upon the skin. चकत्ता, दिदोरा; **Blotched** (-ड्)-*adj.* inflamed. फूला हुआ ।

Blouse-ब्लाउज़्-*n.* a kind of woman's loose bodice. एक प्रकार की ढीलीढाली जनानी कुरती ।

Blow-ब्लो-*n.* blowing of flute &c., blossoming, a hard stroke, shock, calamity. बाजा बजना, फूलना, मुक्का (चोट), धक्का, आपत्ति; -*v. i. & t.* (*p. t.* **Blew**, *p. p.* **Blown**) to move along, to send strong current, to puff, to sound, to fill with air, to drive, to kindle. बढ़ना, उड़ना, फूँकना, फुलाना, बजाना, हवा से भरना, हाँकना, जलाना, फूलना, फट जाना; **To blow one's own trumpet** (to praise oneself.) आत्मश्लाघा करना, शेखी मारना; **To blow out** (to extinguish.) आग बुझाना; **To blow upon** (to speak ill of.) निन्दा करना; **Blower** (-अर्)-*n.* a contrivance for producing current of air into a furnace. आग सुलगाने की धौंकनी ।

Blow-pipe-ब्लो'-पाइप्-*n.* an instrument by which a current of air is driven through a flame. सुनार की फुँकनी, बंकनाल ।

Blow-pipe.

Blowy-ब्लो-इ-*adj.* windy. हवादार ।

Blowzed-ब्लाउज़्ड, **Blowzy** (ब्लाउज़्'-इ)-*adj.* red-faced. लाल चेहरे का ।

Blubber-ब्लब्-बर्-*n.* fat of a whale. ह्वेल मछली की चर्बी;-*adj* swollen. फूला हुआ; -*v. i.* to weep noisily. चिल्लाकर रोना, सिसकते हुए रोना ।

Bludgeon-ब्लज्'-न् - *v. t.* to strike with heavy stick. लाठी या सोंटे से मारना; -*n.* a short heavy stick. सोंटा, गदका ।

Blue-ब्लू-*n.* sky colour. नीला रंग; -*adj.* coloured like the sky. नीला, आसमानी;-*v. t.* to make blue, to temper steel. नीला करना, लोहे पर पानी चढ़ाना; **Blue book** (a book containing parliamentary report.) संसद के गुप्त विवरण की पुस्तक; **Blue jacket** (a seaman.) मल्लाह, नाविक; **Blue stocking** (a literary woman.) विदुषी; **Blue water** (open sea.) विस्तृत समुद्र; **The blue** (sky, ocean.) आकाश, समुद्र; **To look blue** (to look depressed.) धैर्यहीन देख पड़ना; **Blueness** (-नॅस्)-*n.* quality of being blue. नीलापन ।

Blue-beard-ब्लू'-बेअर्ड्-*n.* husband of many wives. अनेक पत्नियों का पति ।

Blue-blood-ब्लू-ब्लड्-*n.* aristocratic descent. उच्च कुल की संतति, कुलीन व्यक्ति ।

Blueing-ब्लू-इङ्ग्- *n.* giving blue tint to clothes. वस्त्र को नीला करना ।

Blue-stone-ब्लू'-स्टोन्-*n.* sulphate of copper. तुत्थ, तूतिया ।

Bluff-ब्लफ्-*adj.* abrupt, blunt, outspoken, frank. खड़ा, रूक्ष, ढीठ (अक्खड़, स्पष्टवादी); -*v. t.* to deceive by boasting. डींग मारकर धौंस या धोखा देना ।

Bluish-ब्लू'-इश् - *adj.* slightly (somewhat) blue. कुछ कुछ नीला, हलकानीला ।

Blunder-ब्लन्'-डर्-*n.* a gross or stupid mistake. बड़ी भूल, प्रमाद;-*v. i.* to make a gross mistake, to flounder about. गहरी भूल करना, भटकना; **To blunder away** (to waste.) कुप्रबन्ध से नष्ट करना; **To blunder out** (to speak out heedlessly.) विना विचारे बोल उठना; **Blunderhead** (-हॅड्)-*n.* a stupid fellow. मूर्ख (बुद्धिहीन) मनुष्य; **Blunderer** (-अर्)-*n.* गहरी भूल करनेवाला; **Blunderingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* mistakenly. भ्रम से ।

Blunt-ब्लन्ट्-*adj.* dull, without edge or point, plain spoken. मन्द, धारहीन (भुथरा), सरल (सादा);-*n.* a thick needle. भुथरी सूई; -*v. t.* to make less sharp. भुथरा करना; **Bluntly** (-लि)-*adv.* rudely. रूक्षता से; **Bluntness** (-नॅस्)-*n.* dullness of point. रूखापन, अतीक्ष्णता ।

Blur-ब्लर्-*n.* a stain, a spot, a blemish. धब्बा, कलंक;-*v. t.* (*p. t.* **Blurred**) to smear, to disfigure, to blemish. मलिन करना, रूप बिगाड़ना, धब्बा लगाना ।

Blurt-ब्लर्ट्-*v. t.* to utter abruptly or unadvisedly. बिना समझे बोल उठना ।

Blush-ब्लश्-*v. i.* to become red with shame, joy &c., to be ashamed. लज्जा, आनन्द आदि से मुख लाल होना, लज्जित होना;-*n.* glance, reddening of face. झलक, चेहरा लाल होना; **Blushing** (-इङ्ग्)-*adj.* blooming. प्रफुल्ल, शरमीला; **Blushingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a blushing manner. लज्जा से ।

Bluster-ब्लस्'-टर्-*v.i.* to storm, to bully, to boast, to swagger. गरजना, कोलाहल करना, आत्मश्लाघा करना;-*n.* boasting, loud noise. शेखी, शोर-गुल; **Blusterer** (-अर्)-*n.* a noisy swaggerer. शेखीबाज; **Blusteringly** (-इङ्ग-लि)-*adv.* boastfully. शेखी मारते हुए; **Blusterous** (-अस्)-*adj.* noisy, tumultuous. कोलाहली, गरजनेवाला ।

Bo-बो-*interj.* a word used to startle children. लड़कों को चौंका देनेवाला शब्द ।

Boa-बो-आ-*n.* a large non-poisonous snake. बिना जहर का भारी सर्प या अजगर ।

Boar-बोर्-*n.* a male pig (*fem.* Sow.) सुअर; **Boarish** (-इश्)-*adj.* brutal, cruel. असभ्य, निर्दय ।

Board-बोर्ड्-*n.* a narrow thin piece of timber, stiff paper, table, food served, committee, deck of a ship. तख्ता (पटरा), दफ्ती, मेज, भोजन (आहार), परिषद्, सभा, जहाज़ की छत;-*v. t. & i.* to cover with board, to receive. तख्ते से ढाँकना, पाना; **Above board** (honestly.) ईमानदारी से; **Board money** (servant's wages.) नौकर का वेतन; **On board a ship** (on the deck of a ship.) जहाज पर ।

Boarder-बोर्डर्-*n.* one who lives in another's house, one who boards with another. धर्मशाला में रहनेवाला, दूसरे के साथ भोजन करनेवाला ।

Boarding-बोर्ड्-इङ्ग्-*n.* food and lodging. भोजन और रहने का स्थान; same as Boarding house.

Boast-बोस्ट्-*n.* self-exaltation. अहंकार, गर्व, आत्मश्लाघा, अपनी बड़ाई;-*v. i.* to brag, to be proud of. गर्व करना, शेखी करना; **Boastful** (-फुल्)-*adj.* घमंडी; **Boastfulness** (-नेस्) -*n.* शेखी; **Boasting** (-इङ्ग्)-*n.* शेखी; **Boastfully** (-फुल्-लि)-*adv.* शेखी से ।

Boat-बोट्-*n.* a small craft moved by oars. नाव, नौका;-*v. i.* to go in a boat. नाव में जाना; **In the same boat** (in the same category.) एक ही स्थिति में; **To take boat** (to embark on a boat.) नाव पर सवार होना ।

Boatfly-बोट्-फ्लाइ-*n.* a kind of water insect. एक प्रकार का पानी का कीड़ा ।

Boating-बोट्-इङ्ग्-*n.* rowing or sailing in boats. नौ चालन, नौका विहार ।

Boatman-बोट्'-मीन्-*n.* one who manages a boat. नाविक, मल्लाह ।

Boatswain-बोसन्-*n.* an officer who looks after a ship's boats, flags etc. जहाज़ की नावों, झंडों आदि की देखरेख करनेवाला एक अफ़सर ।

Bob-बॉब्-*n.* weight on pendulum, knot of hair, short jerking motion, worm-bait for fish. लङ्गर में का बोझ, बालों का झब्बा, झटका, मछली फँसाने का कीड़ा;-*v. t. & i.* to move up and down, to dance, to cheat, to fish with a bob. ऊपर-नीचे हिलाना, नाचना, ठगना, कीड़े का चारा देकर मछली पकड़ना ।

Bobbery-बाब्-अर्-रि-*n.* disturbance, a noisy row. कोलाहल, उपद्रव, शोरगुल ।

Bobbin-बॉब्-बिन्-*n.* a spool for holding thread. तागे की गड़ारी, अंटी ।

Bobbish-बॉब्'-बिश्-*adj.* brisk, well, hearty. चंचल, अच्छा, आनन्दित, मस्त ।

Bobby-बॉब्-इ-*n.* a policeman (used in slang.) पुलिस का सिपाही ।

Bobtail-बॉब्'-टेल्-*n.* tail cut short, the rabble. कतरी हुई पूँछ, उपद्रवी जन ।

Bode-बोड्-*v. t.* to foresee, to prophesy, to portend. शकुन कहना, भविष्य बतलाना (पहिले से सूचित करना); **Bodeful** (-फुल्)-*adj.* boding, ominous, of evil. अशुभ-सूचक; **Bodingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a portentious manner. शकुन से; **Bodement** (-मेन्ट्)-*n.* a presentiment, prophecy. शकुन,भविष्य-कथन।

Bodice-बॉड्'-इस्-*n.* a woman's (close fitting) garment, corset. चोली, अँगिया ।

Bodied, Bodiless, Bodily-see **Body.**

Boding-बोड्'-इङ्ग्-*n.* an omen. शकुन ।

Bodkin-बॉड्'-किन्-*n.* a long thick-eyed pin. लम्बा मोटा सूजा ।

Body-बॉड्-इ-*n.* (*pl.* **Bodies.**) material organism, main portion, majority, aggregate of persons. शरीर (देह), प्रधान अंश, समुदाय, झुण्ड; **Body, Corporate** (collective body of people united for transaction of public affairs.) निगम-निकाय; **Body, Governing** (Executive body for administration of public affairs.) शासन-निकाय; **Body-guard** (a guardian, escort.) शरीर-रक्षक, प्राण-रक्षक; **Dead body** (corpse)

शव, मुर्दा; To a body (simultaneously.) एक साथ; Heavenly body (sun, stars &c.) सूर्य, नक्षत्र, तारा इत्यादि; Body of troops (military force.) सेना का दल; Bodied (-इ) - *adj.* शरीरधारी; Bodiless (-लेंस्) - *adj.* शरीर-रहित; Bodily (-लि) -*adv.* in a body, corporeally. शारीरिक रीति से, शरीर सहित।

Bog-बॉग्-*n.* a marsh, quagmire. दलदल, पङ्क; -*v. t.* to plunge or sink in mire. दलदल या पंक में फँसाना।

Boggle-बॉग्'-गल्-*v. i.* to start with fear, to hesitate. भय से चौंकना, ठमकना, आगा-पीछा करना।

Boggy-बॉग्'-गि-*adj.* full of bogs, marshy, swampy. दलदली।

Bogie-बोग्'-इ-*n.* a long carriage of a railway train. रेलगाड़ी का लम्बा डब्बा।

Bogle-बो' - गल् - *n.* phantom, bugbear, a goblin. प्रेत, पिशाच।

Bogus-बो-गस्-*adj.* sham, counterfeit, fictitious. निस्सार, सारहीन, जाली, बनावटी, झूठा।

Bulb-बल्ब्-*n.* a spherical underground stem, dilated part of a glass tube, container of electric light. कन्द, गाँठ, शीशे की नली, बिजली की रोशनी का लट्टू;-*v. i.* to swell. फूलना; **Bulbed** (-इ) -*adj.* round-headed. कुप्पेवाला; **Bulbiform** (इ-फ़ॉर्म्)-*adj.* of the form of a bulb. कुप्पे के आकार का; **Bulbose** (-ओज़्), **Bulbous.** (-अस) -*adjs.* कुप्पेवाला।

Bulge-बल्ज्-*n.* an irregular swelling. सूजन, फूलन; -*v. i.* to swell out. उभड़ आना, फूल आना।

Bulginess-बल्ज्'-इ-नेंस्-*n.* protuberance or swelling. फुलन।

Bulimea, Bulimy-ब्यु -लि -मिया (-लिमि) -*ns.* morbid hunger or appetite, बाई की भूख।

Bulk-बल्क्-*n.* a cargo, a magnitude or size. बोझ, परिमाण, मात्रा (विस्तार); -*v. t.* to be in mass. ढेर में होना; **Bulkiness** (-इ-नेंस्) -*n.* the quality of being bulky. भारीपन; **In bulk** (loose.) खुला हुआ; **To sell in bulk** (to sell wholesale.) थोक बेचना; **To bulk up** (to amass.) ढेर लगाना; **Bulky**(-इ)-*adj.* large, of great size. बड़ा, भारी, बड़े आकारवाला।

Bull-बुल्-*n.*(*fem.* Cow.) male ox. साँड़;-*n.* an edict of the Pope. पोप की घोषणा; -*v. t.* to raise price of shares. शेअर का भाव बढ़ाना; **Bull calf** (male calf.) बछड़ा; **Bull dog** (a kind of English dog.) एक प्रकार का अंग्रेजी कुत्ता; **Bull-headed** (obstinate, foolish.) हठी, मूर्ख; **John Bull** (a humorous epithet of English people.) अंग्रेज का प्रिय नाम; **To take the bull by horns** (to remove difficulty.) आपत्ति हटाना।

Bullet-बुल्'-इट्-*n.* a missile of lead used in rifles. बन्दूक में चलाने की सीसे की गोली; **Bullet proof** (-प्रूफ़्)-*adj.* capable of resisting a bullet. जिसमें बन्दूक की गोली न प्रवेश कर सके।

Bulletin-बुल्'-ऍ-टिन्-*n.* a short official statement of public event &c. संक्षिप्त सरकारी समाचारपत्र या गजट।

Bullion-बुलियन्-*n.* solid gold or silver. चाँदी या सोने की ठोस ईंट;-*n.* a fringe of gold-thread. कलाबत्तू की झालर; **Bullionist** (-इस्ट) -*n.* a supporter of metal currency. धातु की मुद्रा का समर्थक।

Bullock-बुल्'-ऑक्-*n.*(*fem.* Heifer.) castrated (gelded) bull or ox. बधिया किया हुआ बैल, बरधा।

Bull's eye-बुल्ज़्'-आइ - *n.* the centre of a target. निशाना लगाने का गोल विन्दु।

Bully-बुल्' -लि-*n.* a noisy fellow, a tyrant. कलहकारी पुरुष, निर्दयी पुरुष; -*v. t.* (*p. t.* **Bullied**) to oppress, to tease. कष्ट देना, दिक करना।

Bulwark-बल्'-वर्क्-*n.* rampart, fortification, breakwater, a principle. दुर्ग का प्राचीर, कोट, दुर्गीकरण, बाँध, सिद्धान्त।

Bum-बम्-*n.* back side, the buttocks. नितम्ब, चूतड़;-*v. i.* to make a humming sound like bees. मधुमक्खी की भाँति भनभनाना।

Bummle-बम्-मल्-*n.* an aimless stroll. वृथा की टहलान; -*v. i.* to stroll aimlessly, to blunder. वृथा टहलना, भूल करना।

Bump-बम्प्- *v. t.* & *i.* to push against, to hurt. ढकेलना, ठुकराना, उठाकर पटक देना; -*adv.* suddenly. एकाएक;-*n.* a knock, thump swelling. झटका, उभाड़ (सूजन)।

Bumper-बम्प्-अर् -*n.* a cup filled up to the brim, anything unusual or abundant. मुँह तक भरा हुआ प्याला, कोई असामान्य पदार्थ।

Bumpkin-बम्प्'-किन् -*n.* an awkward rustic fellow. भद्दा गँवार मनुष्य।

Bumptious-बम्प्-शस् -*adj.* noisily self-assertive. अहंकारी, घमंडी।

Bumpy-बम्प्'-इ - *adj.* abounding in bumps. उछलनेवाला, कूदनेवाला।

Bun-बन् -*n.* a small soft sweet cake, a dry stalk, a hare's scut, a playful name for rabbit. मुलायम छोटी मीठी टिकिया, एक सूखा डण्ठल, खरगोश की छोटी दुम, खरगोश का प्यार का नाम।

Bunch-बञ्च्-*n.* a cluster (of flowers &c.). knot. गुच्छा, ग्रन्थि (गाँठ); -*v. i.* & *t.* to swell out in bunch, to form bunches. गुच्छे में उगना, गुच्छे बनाना।

Bundle-बन्'-ड्ल्-*n.* a collection of things fastened together loosely. गट्ठा, पोटली, गठरी; -*v. i.* to tie up into a bundle. गठरी बाँधना।

Bung-बङ्ग्-*n.* a stopper for a cask. पीपे की डाट;-*v. t.* to stop the hole of a cask. पीपे का छिद्र बन्द करना या डाट लगाना।

Bungalow- बङ्ग्' - ग-लो-*n.* a one-storied house. बंगला, एक मंजिल का चारों ओर से खुलता मकान।

Bungle-बङ्ग्'-गल्-*n.* & *v. t.* clumsy work confusion, to accomplish awkwardly, to blunder over. गड़बड़ कार्य, गोलमाल, भद्दे प्रकार से काम करना, भारी भूल करना; **Bungler** (-ग्लर्)-*n.* a clumsy workman. फूहड़ कारीगर।

Bunion-बनियन्-*n.* inflamed swelling on the toe. पैर के अँगूठे पर सूजन।

Bunk-बङ्क्'-*n.* a sleeping berth. सोने के लिये पटरी;-*v. t.* to clear off. हटा देना।

Bunker-बङ्क्'-कर् *n.* a place for storing coal, a window seat and chest, a bomber proof shelter. कोयला संग्रह करने का स्थान, खिड़की में बैठने या सामान रखने का स्थान, हवाई हमले से बचने के लिए पृथ्वी के अन्दर सुरक्षित स्थान।

Bunny-बन्'-नि-*n.* a pet name for rabbit. शशक या खरहे का प्रिय नाम।

Bunt-बन्ट्-*n.* the baggy part of sail, a disease of grains, a push. पाल का फूला हुआ भाग, अनाज की बीमारी, धक्का;-*v. i.* to butt, to spring. सींग से ठेलना, उछलना।

Bunting-बन्ट्'-इङ्ग्-*n.* stuff for flags. झंडी बनाने का कपड़ा या रङ्गीन कागज।

Buoy-बॉय्-*n.* an anchored floating seamark for showing navigable course. जहाज़ का मार्ग दिखलाने का लंगर पर बँधा हुआ पीपा;-*v. t.* to keep afloat. तैरता रखना।

Buoy.

Buoyancy-बॉय्'-ऑन्-सि-*n.* the floating power of liquids. तरल पदार्थ की प्लवनशीलता, उतराव, हलकापन; **Buoyant** (-ऑन्ट्)-*adj.* apt to float, light-hearted, cheerful. तैरता हुआ, प्रसन्नवदन।

Burble-बर्'-ब्ल्-*v. t.* to trouble, to confuse कष्ट देना, घबड़वाना।

Burden (Burthen)-बर्' - ड्न् -*n.* a load, responsibility, cargo, refrain. भार (बोझ), दायित्व, जहाज़ में माल ले जाने की मात्रा, (कविता की) टेक;-*v. t.* to load, to oppress. बोझ लादना, पीड़ा देना; **Burdenous** (-अस्) or **Burdensome** (-सम्)-*adjs.* heavy to carry, cumbersome, oppressive, wearisome. भारी, कष्टकारक, थकानेवाला।

Bureau-ब्यू-रो'-*n.* (*pl.* **Bureaux**-रोज़्) a writing desk, office, department. दराजवाली मेज़, लेखन-स्थान, दफ़्तर, मुहकमा।

Bureaucracy-ब्यू-रो' - क्र - सि-*n.* government through officials. अनियन्त्रित शासन, कर्मचारियों द्वारा चलाया जानेवाला राज्य, नौकरशाही।

Bureaucrat-ब्यू-रो'-क्रैट् - *n.* an advocate of bureaucracy, an official, कर्मचारी शासन-पद्धति का अनुयायी; **Bureaucratic** (-क्रैट्'-इक्) -*adj.* relating to bureaucracy. कर्मचारी शासन सम्बन्धी; **Bureaucratically**-(क्रै-टिक्'-अल्-लि)-*adv.* in a bureaucratic way. कर्मचारी शासन की विधि से ; **Bureaucratism** (-क्रैट्' - इज़्म्)-*n.* bureaucracy. अनियन्त्रित कर्मचारी शासन-सिद्धान्त।

Burette-ब्यू-रेट्'-*n.* a graduated glass tube for measuring liquids. तरल पदार्थ की सूक्ष्म मात्रा नापने के लिये चिह्न की हुई काँच की नली।

Burgeon-बर् - जन् - *v. i.* to grow forth, to sprout. निकल आना, उगना।

Burgess-बर्' - जेस् - *n.* an inhabitant of a borough. नागरिक, नगर का प्रतिनिधि।

Burgh-बर्-अ-*n.* a chartered town. वह नगर जिसको पार्लियामेंट में सभासद भेजने का अधिकार हो।

Burglar-बर्ग्लर्-*n.* a house-breaker, a thief सेंध मारनेवाला चोर; **Burglarious** (ल-रि-अस्) -*adj.* pertaining to burglary. सेंध लगाकर चोरी करने से सम्बन्ध रखनेवाला; **Burglary** (-ल-रि)-*n.* the crime of house-breaking at night. रात में सेंध मारकर चोरी करने का अपराध।

Burgle-बर्'-ग्ल् - *v.* . to commit burglary. सेंध मारकर चोरी करना।

Burgonet-बर्गॉनेट्-*n.* a steel cap or helmet. फ़ौलाद की टोपी।

Burial-बेरिअल् - *n.* depositing dead body under earth, funeral. शव को गाड़ना, दफ़न करना; **Burial ground or place** (cemetery.) श्मशान, क़ब्रिस्तान; **Burial service** (church service accompanying burials.) दफ़न करते समय की धार्मिक प्रार्थना।

Burin-ब्यू'-रिन्-*n.* a tool for engraving on copper, an engraver. ताँबे पर नकाशी करने की रुखानी।

Burk-बर्क् - *v. t.* to avoid, to suppress, to hush up. टालना, (जनश्रुति) दबाना, चुपके से तय कर देना।

Burl-बर्ल-*n.* a small knot at the end of cloth. कपड़े के किनारे पर की छोटी गाँठ।

Burlap-बर्'-लैप्-*n.* coarse canvas for wrappings. मोटा टाट।

Burlesque-बर्-लें-स्क्' - *n. & adj.* mockery, caricature, imitative, comical. हास्यजनक प्रहसन, हँसी की नकल, ठट्ठा, अनुकरण करनेवाला, प्रहसन सम्बन्धी।

Burliness-बर्' - लि - नेंस् - *n.* state of being burly. स्थूलता।

Burly-बर्' - लि - *adj.* sturdy, corpulent. पुष्ट मोटा-ताजा।

Burn-बर्न्-*n.* injury caused by fire. जल जाना जलन;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Burnt, Burned.**) to consume or injure with fire, to glow with fire, to blaze, दग्ध करना, तपाना, फूँकना, जलना; **Money burns hole in pocket** (is clamorous to be spent.) जेब में रुपया खर्च होने के लिये खड़खड़ाता है ; **To burn candle at both ends** (to spenc

lavishly.) अधिक व्यय करना; **To burn into** (to be eaten away by acid.) तेजाब से खाया जाना; **To burn midnight oil** (to work late at night.) रात में देर तक काम करना ; **To burn one's finger** (to suffer from speculation.) सट्टेबाजी में हानि उठाना; **To burn with rage** (to be hot with anger.) क्रोध से परितप्त (गरम) होना।

Burner-बर्न्' - अर्-*n.* a device by which a flame is controlled. दीपक, दीपक की टेम को न्यूनाधिक करने का साधन।

Burning-बर्न्'-इङ्ग्-*adj.* exciting, scorching, vehement. उत्तेजित करनेवाला, तीव्र; **Burning glass** (convex lens.) आतशी शीशा, सूर्यकान्त, उन्नतोदर ताल।

Burnish-बर्न्-इश्-*v. t.* to polish by friction. रगड़कर चमकाना;-*n.* polish. चमक, पालिश ; **Burnisher** (-अर्) -*n.* one who polishes. चमकानेवाला।

Burnt-बर्न्ट्-(*p. p.* of Burn)-*adj.* treated with fire. जला हुआ ; **Burnt offering** (burnt sacrifice.) बलिदान ।

Burr-बर्-*n.* a rough edge left on cut metal or tools, whetstone. धातु का खुरखुरा किनारा, सान का पत्थर।

Burrow-बर्'-रो-*n.* a hole in the earth made by rabbits &c. for shelter. बिल, माँद;-*v. t.* to make hole by excavating. बिल बनाना।

Bursar-बर्स्'-अर् - *n.* a treasurer, purser. कोषाध्यक्ष, खज़ानची ।

Burst-बर्स्ट् - *n.* a rent, a sprint, a sudden explosion. फटन, धड़ाका; -*v. i.* & *t.* (*p. t.* & *p. p.* Burst) to fly by expansion, to split asunder. फटकर उड़ जाना, फाड़ना; **To burst in** (to enter suddenly.) झपटकर आना; **To burst into tears** (to break into tears.) फूट-फूटकर रोना; **To burst into view** (to be suddenly visible.) दृष्टिगोचर होना; **To burst open** (to open forcibly). बलपूर्वक खोलना; **To burst out** (to exclaim.) चिल्ला उठना।

Burthen-बर्'-दॅन्-see Burden.

Bury-बॅर्-रि-*v. t.* (*p. t.* Buried.) to put under ground, to hide from view. गाड़ना (दफन करना), आँख से हटाना; **To bury the hatchet** (to make peace.) झगड़ा तोड़ना, मेल करना ; **Burying-ground** (-place) (cemetery, sepulchre.) मरघट, श्मशान।

Bus-बस्-*n.* an omni-bus. किराये पर चलने-वाली बड़ी मोटर।

Bush-बुश्-*n.* a shrub, woodland, a metal lining of axle-hole. झाड़ी, जङ्गल, घनी उपज, धुरे का आँवन; -*v. t.* to frustrate. हताश करना, रोकना; **To fight in the bush** (to make a night attack.) रात में (छिपकर) आक्रमण करना; **Bushy** (बुश्'-इ)-*adj.* thick and spreading. घना, झाड़ीदार।

Bushel-बुश्'-श्-ल्-*n.* a dry measure of eight gallons. ८ गैलन सूखी तौल का नपना;-*v. t.* & *i.* to mend, to alter. दुरुस्त करना, बदलना।

Bushy-बुश्'-इ-*adj.* see Bush.

Busily-*adv.* see-Busy.

Business-बिज़्'-निस् - *n.* task, duty, employment, occupation, profession, concern. कार्य, कर्म, कर्तव्य, व्यवहार, उद्यम, धन्धा, आश्रय; **Business hours** (time for regular work.) नियमित कार्य का नियत समय ; **Businessman**-*n.* a trader. व्यापारी; **On business** (with a settled aim.) किसी मुख्य उद्देश्य से।

Businesslike-बिज़्' - निस् - लाइक्-*adj.* done accurately and punctually, practical. नियमपूर्वक, व्यावहारिक।

Buskin-बस्क्-इन्-*n.* a boot reaching up to the knee. घुटने तक का जूता।

Bust-बस्ट्-*n.* a statue of a person's head, neck and shoulders. ऊर्ध्वकाय-मूर्ति, ऊपरी धड़ की मूर्ति।

Bust.

Bustle-बस्-सल्-*v. t.* to stir oneself, to hurry. कार्य में लगना, जल्दी से काम करना; -*n.* excited activity, tumult, hurry. आकुलता, व्यग्रता, कोलाहल, शीघ्रता।

Busy-बिज़्'-ज़ि-*adj.* occupied, active, employed. कार्य में निरत, क्रियाशील, लीन, उद्योगी; - *v. t.* (*p. t.* Busied.) to occupy. कार्य में लगाना; **Busybody** (-बॉड्'-इ)-*n.* a meddling person. दूसरे के काम में हाथ डालनेवाला मनुष्य; **Busily** (-लि)-*adv.* actively, officiously. उत्साह सहित, काम में लगे हुए ।

But-बट्-*prep.* except. बिना, अतिरिक्त, सिवाय; -*conj.* unless. भी, फिर, किन्तु, परन्तु;-*adv.* only. केवल, मात्र;-*n.* an objection. एतराज; -*v. t.* to put forward as an objection. एतराज आगे रखना; **But for** (except for.) यदि, नहीं तो; **But that** (however, nevertheless.) इसके विपरीत।

Butcher-बूच्-अर् - *n.* one who slaughters

animals for food, a meat-seller. कसाई, मांस-विक्रेता; -*v. t.* to slaughter cruelly, to ruin by bad reading. निर्दयता से वध करना, भ्रष्ट रीति से पढ़कर नष्ट करना; **Butcher's bill** (list of presons killed in war.) युद्ध में मरे लोगों की सूची; **Butcherly** (-लि)-*adj.* & *adv.* in the way of a butcher, cruelly. कसाई के समान, निर्दयता से, बेरहमी से; **Butchery** (-इ)-*n.* business of a butcher, the place where animals are killed. कसाईपन, कसाईखाना, वधस्थान।

Butler-बट्' - लर्-*n.* a head servant, one in charge of wine and plates. भण्डारी, खानसामा; **Butlery** (-इ)-*n.* a larder. भंडार घर।

Butt-बट्-*n.* a barrel, wine-cask, thicker end of a tool, trunk of a tree, a mound behind target, aim, object of ridicule. लकड़ी का कंडाल, मद्य का पीपा, किसी हथियार का मोटा छोर, वृक्ष का तना, लक्ष्य (निशाना), परिहास की वस्तु; -*v. t.* to meet end to end. टक्कर खाना; **Butt-end** (thick and heavy end.) मोटा भारी किनारा ; **To butt upon** (to come against wall.) दीवार से टक्कर खाना।

Butter-बट्'-टर्-*n.* a fatty substance obtained from cream. नवनीत, मक्खन; -*v. t.* to spread with butter. मक्खन लपेटना; **Butter-knife** (a blunt knife to cut butter.) मक्खन काटने की भुथरी छुरी; **Butter-milk** (milk which remains after the butter is separated from it.) तक्र, मठा, छाछ, मक्खन निकाला हुआ दूध; **Clarified butter** (melted butter.) घृत, घी।

Butterfly-बट्-टर्-फ्लाइ - *n.* an erect winged insect, a showy person. प्रजापति (तितली), ठाठवाला मनुष्य।

Butterine-बट्'-टर्-इन्-*n.* a kind of artificial butter. बनावटी मक्खन।

Butteris-बट्-टर्-इस्-*n.* a knife which is used for paring a horse's hoof. घोड़े का खुर काटने का चाकू।

Buttery-बट्'-टर्-इ-*adj.* having the qualities or appearance of butter. मक्खन के समान चिकना।

Buttock-बट्'-टक्-*n.* the rump. नितम्ब, चूतड़, कूल्हा; -*v. t.* to throw by using buttock. कूल्हा लगाकर फेंक देना।

Button-बट्'-टन्-*n.* a knob to fasten dress, a knob or catch. बटन, बुताम, बटन के आकार का खटका; - *v. t.* to fasten with buttons, to furnish with buttons. बटन लगाना, बटन बन्द करना; **To take by the button** (to obstruct.) रोक लेना; **To touch the button** (to begin work.) कार्य आरम्भ करना; **Botton-hole** (-होल्) -*n.* a hole to admit a button. बटन के लिये वस्त्र में छेद; **Buttonless** (-लॅस्) - *adj.* without a button. बिना बटन का।

Buttony-बट्' -टन् - इ - *adj.* having several buttons. अनेक बटनोंवाला।

Buttress-बट्'-ट्रिस्-*n.* support of main wall, a support. पुश्ता, आधार, आश्रय।

Buttress.

Buxom-बक्स्' - अम् - *adj.* plump, gay, comely, frolicsome. मोटा - ताजा, सुन्दर, प्रफुल्लवदन (आनन्दी), चंचल; **Buxomness**(-नॅस्) -*n.* comeliness. सुन्दरता।

Buy-बाइ-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Bought** बॉट्) to purchase, to serve, to procure, to get by some sacrifice, to gain by bribe. दाम देकर लेना, खरीदना, प्राप्त करना, घूस देकर हाथ में करना; **To buy dearly** (to make some sac--rifice in buying.) कुछ न्योछावर करके प्राप्त करना; **To buy over** (to bribe.) घूस देना; **Buyable** (-एँ-ब्ल्) -*adj.* able to be purchased. खरीदने लायक; **Buyer** (-अर्)-*n.* a purchaser. ग्राहक, खरीददार।

Buzz-बज़्-*n.* stale news, the hum of a bee. प्राचीन समाचार, मधुमक्खी की भनभनाहट; -*v. i.* to make humming sound, to utter confusedly. भनभनाना, अव्यक्त शब्द करना; **Buzzer** (-बज़्'-ज़र्)-*n.* a steam-whistle. भाप द्वारा (या बिजली से) चलनेवाला यन्त्र जिसमें से इस प्रकार का शब्द निकलता हो; **Buzzing** (-इङ्ग्) - *adj.* humming. भनभनाता हुआ; **Buzzingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a buzzing manner. भनभनाते हुए।

By-बाइ-*prep.* near, in the company of. निकट में, साथ; -*adv.* near, aside. पास, निकट, समीप, एक ओर; **To stand by** (to help.) सहायता देना; **To abide by** (to accept.) स्वीकार करना; **To come by** (to obtain.) प्राप्त करना; **By and by** (before long, presently, now.) अभी, क्रमशः **By day** (during the day time.) दिन में; **By dint of** (by means of.) द्वारा; **By heart** (committing to memory.) कण्ठस्थ, रटकर; **By oneself** (alone.) अकेला; **By the by or By the way** (incidentally.) बात काटकर (नया विषय आरम्भ करते हुए); **By cheque** (by means of cheque.) चेक द्वारा; **Less by an inch** (an inch less.) एक इञ्च छोटा; **To swear by God** (in the name of God.) ईश्वर की शपथ खाना; **To lay by** (to abandon,

to set apart.) त्यागना या अलग रखना Times gone by (old times.) प्राचीन समय; By this time (up to this time.) अब तक।

By, Bye-बाइ - *adj*. subordinate, secondary, secret. अप्रधान, अधीन, गुप्त।

Byblow-बाइ'-ब्लो-*n*. a side blow at some one other than an enemy, a bastard child. शत्रु के अतिरिक्त दूसरे पासवर्ती को मार देना, दोगला बच्चा, जारज सन्तान।

Bye-बाइ-*n*. runs scored by a ball passing the batsman and wicket-keeper. क्रिकेट के खेल में 'बैट्स्मैन' और 'विकेटकीपर' के पास से गेंद निकल जाने पर बने हुए रन; Leg bye. क्रिकेट के खेल में बैट्समैन को छूती हुई गेंद निकल जाने पर बना हुआ रन।

Bye-बाइ-*interj*. good-bye. सलाम।

By-election-बाइ-इ-लेक्-शन् - *n*. election due to unexpected vacancy. स्थान एकाएक रिक्त होने पर चुनाव, उपनिर्वाचन।

Bygone-बाइ-गॉन्--*adj*. past, gone by, departed. व्यतीत, बीता हुआ;-*n. pl*. the past. बीता हुआ काल; Let bygones be bygones (let the past be forgotten.) पुरानी बात भूल जाओ, बीती ताहि बिसार दे आगे की सुधि लेय।

Bylaw - बाइ' - लॉ -*n*. regulation made by a corporation or a local authority. उप-नियम, उपविधि या व्यवस्था, किसी अप्रधान संस्था के नियम।

Byname - बाइ' - नेम् - *n*. a nick-name or secondary name. चिढ़ाने का या अप्रधान नाम।

Bypath-बाइ-पाथ्--*n*. a private path, a side-path. पगडण्डी।

Byproduct-बाइ'-प्रॉड्-अक्ट् -*n*. an incidental product. अप्रधान रचना, एक वस्तु बनाते समय अपने आप दूसरी वस्तु की उपज।

Byre-बायर्-*n*. a cow-house. गोशाला।

Byroad-बाइ-रोड्-*n*. an unfrequented road, secondary path. सड़क जिस पर कम लोग चलते हैं।

Bystander-बाइ-स्टैन्ड्-अर् -*n*. a spectator, a looker-on. दर्शक।

Byword-बाइ-वर्ड्-*n*. a proverb, a common saying. कहावत।

Bywork-बाइ'-वर्क्-*n*. work done at leisure अवकाश के समय किया हुआ कार्य।

C-सी-the third letter of the English alphabet, the first note in the natural major scale. अंग्रेज़ी वर्णमाला का तीसरा अक्षर, (सं०) पहिला सुर। It is sounded as k before, a, o, u, l and r, but before e, i, and y, it is sounded as s, when combined with h, it is sounded as k or ch. इसका उच्चारण a, o, u, l तथा r के पूर्व रहने पर 'क्' तथा e, i और y के पूर्व रहने पर 'स्' होता है, ch का उच्चारण 'च्' तथा 'क्' होता है।

Cab-कैब्-*n.* a hackney carriage, a taxi, a Hebrew dry measure of three pints. किराये की गाड़ी, यहूदियों का तीन पाइंट का सूखी वस्तुओं का नपना; -*v. i.* to go in a hackney cab. किराये की गाड़ी में जाना; **Cabcarrier**-*n.* a coolie. कुली, मोटिया; **Cabman**-*n.* the driver of a hackney carriage. किराये की गाड़ी हाँकनेवाला।

Cabal-कै-बैल्'-*n.* & *v. i.* a secret intrigue, a clique, a faction, to make a plot. गूढ़ मंत्रणा, गुट्ट, गुप्त षड्यंत्र रचना; **Caballer** (-अर्)-*n.* an intriguer. गुट्ट बाँधनेवाला, षड्यंत्रकारी।

Cabaret-कैब्'-ॲ-रे-*n.* a tavern. सराय।

Cabbage-कैब्'-बिज्-*n.* a kind of vegetable. बन्द गोभी, करमकल्ला; -*v. t.* to steal a customer's cloth before tailoring. सीने के पहले गाहक का कपड़ा चुराना।

Cabin-कैब्'-इन्-*n.* a cottage or hut, a small compartment in a ship. कुटी, नाव या जहाज़ की छोटी कोठरी; -*v. t.* to confine in a cabin, to live in a cabin. किसी छोटे स्थान में बन्द करना, कोठरी में रहना; **Cabin-boy** (a boy who works in a cabin.) जहाज़ की कोठरी में काम करनेवाला छोकरा।

Cabinet-कैब्'-इन्-इट्-*n.* a small room, a case with drawer, a council of ministers. छोटा कमरा, दराज़वाली सन्दूक, मन्त्रियों की अंतरंग सभा; **Cabineted** (-एँड्) -*adj.* in close conference with others. गुप्त मंत्रणा में; **Cabinet-council** (a council of cabinet ministers.) व्यवस्थापक सभा; **Cabinet-maker** (a carpenter, one who makes fine furniture.) लकड़ी का सुन्दर सामान बनानेवाला बढ़ई; **Cabinet-photograph** (a photograph measuring $5\frac{1}{2} \times 3\frac{1}{4}$ inches.) पोस्टकार्ड से कुछ बड़ा चित्र।

Cable-के'-ब्ल्-*n.* a strong-thick rope, a rope measuring 100 fathoms, submarine telegraph. मोटा, पुष्ट रस्सा, १०० फ़ैदम् की नाप का रस्सा, समुद्र में डाला हुआ (ढका हुआ) मोटा रस्सा जिसके द्वारा तार जाता है; -*v. t.* to fasten with a cable, to send a message by telegraph cable. ऐसे रस्से से बाँधना, समुद्र-पार तार भेजना; **Cablegram** (-ग्राम्)-*n.* news sent over sea by wire. समुद्र-पार भेजा हुआ तार।

Cablet-काब् -लट् - *n.* a little cable, a tow rope. छोटा रस्सा, गून खींचने का रस्सा।

Caboose-कै-बूस्-*n.* kitchen of a ship, a stove used in open air for cooking. जहाज़ पर का रसोईघर, खुली हवा या खुले स्थान में भोजन बनाने का चूल्हा।

Cacao-कै-काओ-*n.* the cocoa tree. कोकोआ का वृक्ष।

Cache-कैश्-*n.* a hiding-place for concealing treasure, provisions or ammunition. रत्न, भोजन-सामग्री तथा गोली-बारूद छिपाने का स्थान; -*v. t.* to hide anything. कोई वस्तु या चीज़ छिपाना।

Cachectic (-al)-कै-कॅक्-टिक्(-अल्)-*adjs.* having ill-condition of body, sick. रोगी, रुग्ण।

Cachet-कैशे-*n.* a stamp, a capsule containing medicine. मोहर, औषध भरने की छोटी पतली शीशी।

Cachexy- कै - कॅक् - सि -*n.* ill-condition of body or mind. शरीर या मस्तिष्क की रुग्णावस्था।

Cachinnate-कै' - किन्' - नेट् -*v. i.* to laugh loudly. ज़ोरों से हँसना; **Cachinnation** (-नें-शन्)-*n.* loud laughter. अट्टहास, ठहाके की हँसी।

Cachou-कै-शू'-*n.* catechu. कत्था।

Cackle-कैक्-कुल्-*v. i.* to make sound like a duck or hen, to talk idly, to boast. कुकना, अव्यक्त शब्द करना, डींग हाँकना; -*n.* idle talk वृथा की बकवाद; **Cackling** (-इङ्ग्)-*n.* idle talk. बकवाद; **Cackler** (-अर्)-*n.* a prattler, an idle talker. बकवादी।

Cacography-कॅ - कॉग् -र - फ़ि-*n.* bad handwriting or spelling. भ्रष्ट लिखावट या अशुद्ध शब्द-विन्यास; **Cacographer** (फ़र्) -*n.* one who writes incorrectly. अशुद्ध या भ्रष्ट लिखनेवाला।

Cacology-कै-कॉल्'-ॲ-जि -*n.* defective pronunciation or vocabulary. अशुद्ध उच्चारण अथवा दूषित शब्द भण्डार।

Cactus-कैक्'-टस्-*n.* (*pl.* **Cacti.**) a leafless plant. सेहुँड़, थूहर।

Cad-कैड्-*n.* a person of mean nature and manners. नीच प्रकृति तथा अशिष्ट आचरण का मनुष्य।

Cadaveric-कै -डैव्' -ऍर् -इक्; **Cadaverous** (-ऍर्-अस्) -*adjs.* corpse-like, deadly pale. शव-तुल्य, मृतक के समान पीला।

Caddish-कैड्'-डिश्-*adj*. behaving badly (like a cad.) दुर्व्यवहारी।

Caddy-कैड्' -डि - *n*. (*pl.* Caddies.) a small box for storing or holding tea. चाय रखने का छोटा बक्स।

Cade-केड्-*adj*. tame, domesticated. पालतू;-*v. t.* to tame पालना;-*n*. a barrel, a cask. पीपा।

Cadence-के'-डेन्स्-*n*. measured movement of sound, fall of voice, rhythm. स्वर (लय), ताल, ध्वनि; Cadenced (-ड्)-*adj*. regulated by musical measure. सुर-सहित, सुरीला।

Cadet-कै-डेट्'-*n*. younger son, student of a military college. छोटा पुत्र, सैनिक पाठशाला का विद्यार्थी।

Cadge-कैज्'-*v. i.* to go about peddling or begging. भीख माँगते फिरना।

Cadger-कै'-जर् - *n*. a carrier, a beggar. मोटिया, कुली, भिखमंगा।

Cadmic -*adj*. see Cadmium.

Cadmium-कैड्'-मि-अम् -*n*. a metal like tin. टीन के समान एक धातु; Cadmic (-मिक्) -*adj*. इस धातु के सदृश।

Cadre-के-डर्-*n*. scheme, framework. व्यवस्था (योजना), ढाँचा।

Caesura-सि-ज्यू'-रा-*n*. a break within a metrical foot. छन्द में विराम; Caesural (-ल्) -*adj*. छन्द-विराम-सम्बन्धी।

Cafe-कैफे-*n*. a coffee-house, restaurant. काफी गृह, भोजनालय।

Cage-केज्-*n*. an enclosure for confining birds &c. a prison. पिंजड़ा, कठघरा, कैदखाना;-*v. t.* to shut up or confine in a cage. पिंजड़े में रखकर बन्द करना, क़ैद करना।

Cain-केन्-*n*. a murderer, rent paid in kind. हत्यारा, वस्तु द्वारा चुकाया गया किराया।

Cairn-केर्न्-*n*. a heap of stones raised over a grave. समाधि (कब्र) के ऊपर बैठाये हुए पत्थर।

Caisson-के-सन्-*n*. a case for storing ammunition. बारूद की पेटी।

Caitiff-के'-टिफ्-*n*. a base or cowardly person. नीच मनुष्य, डरपोक मनुष्य।

Cajole-कै-जोल्-*v.t.* to wheedle, to persuade by flattery. धोखा देना, फुसलाना, मीठी बातें करना; Cajolement (-मेन्ट्)-*n*. flattery. खुशामद; Cajoler (-अर्)-*n*. a flatterer खुशामद करने वाला; Cajolery (-ऍर्-इ) -*n*. wheedling. चाटूक्ति, चापलूसी; Cajolingly (-इङ्ग्-लि) -*adv*. in a flattering way. चाटूक्ति से, चापलूसी करते हुए।

Cake-केक्-*n*. a kind of sweet delicate bread. मालपुआ, टिकिया, मीठी रोटी; Cakes and ale (feasting and merry-making.) आनन्द का उत्सव मनाना; To take the cake (to win the honours.) प्रतिष्ठा प्राप्त करना, इज्जत हासिल करना।

Calabash-कैल्-अॅ-बैश्-*n*. a vessel made of dried gourd-shell. तुम्बा।

Calamitous-कै -लैम्-इ-टस्-*adj*. disastrous. विनाशकारी, दुर्गति-पूर्ण, अभागा, आपद्ग्रस्त; Calamitously (-टस्-लि)-*adv*. in a calamitous way. आपत्ति से।

Calamity-कै-लैम्-इ-टि-*n*. (*pl.* Calamities) great distress, adversity, disaster. दुःख, संकट, दुर्भाग्य।

Calash-का-लैश्-*n*. a pleasure-carriage. क्रीड़ा-यान, हवाखोरी की गाड़ी।

Calcareous-कैल्-के-रि-अस्-*adj*. having the qualities of lime, containing lime. चूने के गुण का, चूना मिला हुआ।

Calcification-कैल्-सि-फि-के'-शन्-*n*. conversion into chalk or bony substance. चूने की शकल या खड़िया में परिवर्तन।

Calcify-कैल्'-सि-फाइ-*v. t.* (*p. t.* Calcified.) to convert into lime. चूने में परिवर्तित करना, भस्म करना।

Calcination-कैल्-सि-ने' - शन्-*n*. subjecting to the action of fire and driving volatile parts. भस्म करने या चूना बनाने की क्रिया।

Calcine-कैल्'-साइन्-*v. t.* to turn to ashes by burning. भस्म करना।

Calcium-कैल्'-सि-अम्-*n*. the base of metallic lime. चूने का तत्त्व या सार।

Calculable-कैल्'-क्यु-ले-बल्-*adj*. able to be calculated. गणना करने योग्य।

Calculate-कैल्-क्यू-लेट्-*v. t.* to compute, to ascertain beforehand, to estimate, to arrange. गणना करना, निरूपण करना, विचार करना, जोड़ना; Calculating (-इङ्ग्)-*adj*. given to forethought, accurate in computing. पूर्व विचारवान्, गणना करने में दक्ष।

Calculation-कैल्'-क्यु-ले'-शन्-*n*. a reckoning, forecast. गणना, पूर्वविचार।

Calculative-कैल्-क्यु-ले'-टिव्-*adj*. pertaining to calculation. गणना सम्बन्धी।

Calculator-कैल्-क्यु-ले-टर् -*n*. one who or that which calculates. जोड़नेवाला, गणना करने का यन्त्र।

Calculus-कैल्'-क्यु-लस् -*n*. (*pl.* Calculi)

stone concretion in the body, a particular method of calculation. मूत्रकृच्छ्र, शरीर में पथरी पड़ना, गणना करने की विशेष विधि (कलन); Differential calculus. चलन कलन; Integral calculus. चलराशि कलन।

Calefacient-कॅल्-इ - फे'-शन्ट्, **Calefactory** (कॅल्-इ-फॅक्-टॅरि)*adjs.-ns.*warmth-producing (medicine.) उष्णता उत्पन्न करनेवाली (औषध), गरमी पैदा करनेवाली (दवा)।

Calendar - कॅल् - ऍन् - डर् - *n.* a table with months, weeks, festivals &c., an almanac. पञ्चाङ्ग (पत्रा), जन्त्री (पत्रिका);-*v. t.* to arrange and index. क्रमबद्ध करना तथा सूची बनाना।

Calender-कॅल्-ऍन्-डर् - *v. t.* to press paper, cloth &c. in a roller machine for smoothing ; a pressing machine for cloth or paper, a dervish. वस्त्र, कागज आदि को यन्त्र में दबाकर चिकना करना, कपड़ा या कागज दबाने की मशीन, दरवेश, फकीर।

Calendry-कॅल्'-ऍन्-ड्रि-*n.* a machine for smoothing. इस्तिरी करने का यन्त्र।

Calendula-कॅ-लॅन् - ड्यू - ला - *n.* a kind of marigold. एक प्रकार का गेंदे का फूल।

Calf-काफ्-*n.* (*pl.* **Calves.**) the young of a domestic cow, a stupid fellow. बछड़ा, मूर्ख मनुष्य; **Cow with calf.** गाभिन गाय; **Calf's teeth** (milk teeth.) बालक के दूध के दाँत; **Calves** - काव्ज़्-*n. pl.* fleshy part of leg, shank. जंघापिण्डिका, पेण्डुरी।

Calibre (Caliber)-कॅल्'-इ-बर्-*n.* diameter of the bore of a gun or tube, weight or capacity of character. बन्दूक की नली का छेद, चरित्र-बल।

Calico-कॅल्'-इ-को-*n.* white unprinted cloth. दरेस; **Calico-printer** (one who produces coloured patterns on calico.) छीपी।

Calid-कॅल्'-इड्-*adj.* hot, ardent, burning. गरम, तीव्र, जलता हुआ।

Calif (Caliph)-कॅ'-लिफ्-*n.* the successor of Mohammed.मुहम्मद का उत्तराधिकारी,खलीफा।

Caligraphy - कॅ - लिग्' -र-फि - *n.* beautiful handwriting. सुन्दर लिखावट।

Calipers, Callipers-कॅल्' - इ -पर्ज् - *ns. pl.* compasses with curved legs for measuring (inner or outer) diameter of round bodies.गोल वस्तु का (भीतरी या बाहरी) व्यास नापने का परकाल।

Calipers.

Calix-कॅ - लिक्स्-*n.* (*pl.* **Calices.**) a cavity like a cup, the cup of the outer green leaves of a flower. पुष्पगर्भ, पुष्पकोश, फूल की बाहरी हरी पत्तियों का प्याला, पुटचक्र।

Calk-कॉक्-*v. t.* (laso **Calque.**) to fix iron to prevent boot from slipping, to stop the seams of a ship. जूते में नाल जड़ना, जहाज की दरारों को भरना।

Call-कॉल्-*v. i. & t.* to cry out, to shout, to summon, to address by name, to pay brief visit. शब्द करना, चिल्लाना, बुलाना,(पुकारना), नाम लेना, भेंट करना;-*n.* invitation, need, shout, cry, duty, occasion. बुलावा, प्रयोजन, चिलाहट, बुलाने का शब्द, कर्त्तव्य, अवसर; **To call a meeting** (to convene a meeting.) सभा जुटाना; **To call attention** (to point out.) इशारा करके बताना; **To call bad names** (to abuse.) गाली देना; **To call for** (to demand.) माँगना; **To call in** (to summon together.) इकट्ठा करना; **To call in question** (to quarrel.) झगड़ना; **To call into being** (to create.) उत्पन्न करना; **To call to account** (to enquire.) पूछना कि क्या किया ; **To call to mind** (to remember.) स्मरण करना, याद करना; **To call out** (to challenge.) ललकारना; **To call up** (to summon to talk by telephone.) टेलिफोन पर बुलाना या बात करना।

Call-boy-कॉल्' - बॉय्-*n.* one who calls the actors on the stage. नाटक में पात्रों (अभिनेता) को बुलानेवाला लड़का।

Caller-कॉल्'-अर्-*n.* one who pays a visit. भेंट करनेवाला मनुष्य;-*adj.* fresh, cool. ताजा,ठंढा।

Calligrapher--*n.* see **Calligraphy.**

Calligraphy-कॅल्-लिग्-र-फि - *n.* the art of beautiful handwriting. सुन्दर लिखावट की कला; **Calligrapher** (-फ़र्), **Calligraphist** (-रॅफ्'-इस्ट्)-*ns.* one who writes a beautiful hand. सुन्दर लिखावट लिखनेवाला।

Calling-कॉल्'-इङ्ग्-*n.* occupation, vocation, profession, trade. जीविका, आजीविका, व्यवसाय, धन्धा, व्यापार, वृत्ति।

Callisthenic-कॅल्-इस्-थॅन्'-इक्-*adj.* suitable for increasing strength and beauty of body. शरीर की शक्ति और सुन्दरता बढ़ानेवाली।

Callosity-कॅ - लॉस्' - सि - टि-*n.* hardness of skin. चमड़े का कड़ापन।

Callous-कॅल्'-लस्-*adj.* hardened, hard. कड़ा किया हुआ (कठिन), कठोर; **Callousness** (-नॅस्)-*n.* hardness. कठोरता, कड़ापन।

Callow-कैलो' - लो - *adj.* not covered with feathers, inexperienced. पक्षहीन (बिना पर का), अनुभवशून्य (कोरा), नातजरबेकार ।

Callus-कैल्-लस-*n.* thickened part of skin मांसग्रन्थि, गाँठ ।

Calm-काम्-*n.* stillness, tranquillity, serenity of air. शान्ति विश्राम, स्थिरता, निर्वात (हवा न बहना);-*adj.* quiet, windless. शान्त, निश्चल, निर्वात ।

Calmative - का - मॅ - टिव् - *adj.* possessing soothing or sedative effect. शान्ति लानेवाली (औषध) ।

Calmly-काम्' - लि - *adv.* in a clam manner. शान्तिपूर्वक; **Calmness**(-नॅस्) *n.* tranquillity. शान्ति ।

Calomel-कैल'-ओ-मॅल्-*n.* a purgative medicine. पारे से बनी हुई एक दस्तावर (रेचक) दवा, रसकपूर ।

Caloric-कॅ-लॉर'-इक्-*adj.* driven by hot air. गरम वायु से चलनेवाला ।

Calorie-कैल'-ऑर्-इ-*n.* unit of heat. तापमान की (इकाई), माप ।

Calorimeter-कैलॉ-रि-मिटर्-*n.* an apparatus for measuring quantities of heat. गर्मी की मात्रा नापने का यन्त्र ।

Calumniate - कैल' - अम् - नि - एट्'-*v. t.* to slander. निन्दा करना, जूठा अभियोग लगाना; **Calumniation** (-नि-ए'-शन्) - *n.* slander. कलङ्क; **Calumniator** (-नि-ए-टॅर्) - *n.* one who calumniates. आक्षेप करनेवाला; **Calumnious** (- नि-अस्) -*adj.* slanderous. आक्षेपयुक्त; **Calumniously** (-नि-अस्-लि)- *adv.* in a calumnious manner. आक्षेप से ।

Calumny-कैल'-अम्-नि-*n.* a false charge or accusation, slanderous report. आक्षेप, झूठा अभियोग, निन्दा ।

Calve-काव् - *v. t.* to give birth to a calf. बियाना, बच्चा देना; **Calved** (-ड्)-*adj.* having brought forth a calf. बच्चा ब्याई हुई ।

Calx-कैल्क्स्-(*pl.* Calces कैल् - सीज) - *n.* powder which is left on burning a metal. किसी धातु का भस्म ।

Calyx-कैं - लिक्स्-*n.* the outer case of a bud. कली की बाहरी छपनी, पुटचक्र ।

Cam-कैम्-*n.* the projecting part of a wheel to change its motion. गति बदलनेवाला पहिये का उभड़ा भाग ।

Cambist-कैम्'-बिस्ट-*n.* one skilled in the science of exchange. विनिमय-शास्त्र में प्रवीण या निपुण व्यक्ति ।

Cambric-कैम्'-ब्रिक् - *n.* a fine white linen. किमरिख, महीन वस्त्र ।

Came-केम्-*p. t.* of Come. आया ।

Camel-कैम्-ऍल्-*n.* a hornless ruminant, long-necked quadruped. उष्ट्र, ऊँट; - *n.* a kind of aeroplane. एक प्रकार का हवाई जहाज;**Cameleer** (-इअर्)-*n.* a man who drives a camel. ऊँट हाँकनेवाला व्यक्ति ।

Camelopard--कै-मॅलो-पार्ड्-*n.* a giraffe. ऊँट की तरह का एक बड़ा ऊँचा अफ्रीका का जानवर, लकड़हरना ।

Cameo-कॅ-मि-ओ-*n.* relief carving in stone. पत्थर में उभड़ी हुई नकाशी ।

Camera - कैम्'-ऍर्-आ- -*n.* a photographic apparatus. फोटो खींचने का यन्त्र; In camera (in private.) गुप्त रीति से, कमरे के भीतर ; Camera-lucida - apparatus for projecting an image of distant object on paper. कागज (या दीवार) पर किसी दूर के पदार्थ का प्रतिबिम्ब डालने का यन्त्र ।

Camera.

Camion-कैमि'-अन्-*n.* a conveyance for transporting guns. तोप ले जाने (ढोने) की गाड़ी ।

Camisole-कैम्'-इस्-ओल्-*n.* an under bodice. स्त्रियों की भीतरी पोशाक ।

Camlet-कैम्'-लिट् - *n.* light cloth of wool or silk used for making cloaks. लबादा बनाने का ऊनी या रेशमी हलका वस्त्र ।

Cammock-कैम्'-मॉक्-*n.* broad rest harrow. चौड़ी हेंगी ।

Camouflage-काम्'-ऊ -फ्लाझ् -*n.* artful concealment of military objects from enemy attack. शत्रु को छलने के लिये कलापूर्ण सैनिक विधि ।

Camp-कैम्प्-*n.* the place where troops are lodged in tents, an army on campaign. शिविर (सेना का निवास), पड़ाव (डेरा);-*v. t.* to lodge in a camp or tent. खेमे या पड़ाव में रखना, डेरा डालना ।

Campaign - कैम्-पेन्'-*n.* time of military operations, organized course of action, time which an army keeps. युद्धकाल, युद्धप्रवृत्ति, नियमित रूप से किये जानेवाले कार्य का क्रम;-*v. i.* to serve in a campaign. युद्ध में सेवा करना; **Campaigner** (-अर्)-*n.* an experienced soldier. अनुभवी सिपाही ।

Camphor-कॅम्' -फॅर् - *n.* a volatile white substance with aromatic smell. कर्पूर, कपूर; **Camphorate** (-फोरेट्)-*v. t.* to impregnate with camphor. कपूर से युक्त करना; **Camphorated** (-फोरे'टेड्) - *adj.* impregnated with camphor. कपूर मिला हुआ; **Camphoric** (-फॉर्' -इक्) -*adj.* like camphor. कपूर के सदृश, कपूर का।

Can-कॅन्-*n.* a vessel for keeping liquids. टीन का बरतन, धातुपात्र;-*v. t.* (*p. t.* Canned.) to fill in a can. ऐसे बरतन में भरना; **Canful** (-फुल्)-*n.* as much as a can can hold. टीन का भरा हुआ बरतन।

Can-कॅन्-*aux. v.* (*p. t.* Could) to be able to. सकना, योग्य होना ; **Cannot** (-नॉट्) unable to. न सकना।

Canal-कॅ-नॅल्-*n.* a duct for food, liquid &c., artificial water-course. शरीर की भोजन-प्रणाली या नली, वायु इत्यादि की प्रणाली, नाला, नहर ; **Canalization** (-आइज़् - ए'-शन्)-*n.* construction of canals. नहरों का निर्माण; **Canalize** (कॅन्'-ॲल्-आइज़्)-*v. t.* to construct a canal. (नदी काटकर) नहर बनाना।

Canard-कॅ-नॉर्ड्-*n.* a fabricated story. (झूठी) कल्पित कथा।

Canary-कॅ-ने'र्-इ-*n.* (*pl.* Canaries) a yellow feathered song-bird, a favourite wine. केनरी चिड़िया, एक प्रकार की मदिरा; **Canary-seed** (a kind of small grain.) ककुनी।

Cancel-कॅन्-सल्-*v. t.* (*p. t.* Cancelled.) to abolish, to suppress, to obliterate, to annul, to make up for. तोड़ना, नष्ट करना, मिटाना, काटना, पूर्ति करना।

Cancellate-कॅन्-सॅल-लेट्-*adj.* porous. पानी सोखनेवाला, छिद्रयुक्त।

Cancellation-कॅन्-सॅल' - लें -शन् - *n.* act of abolishing. काटने का कार्य।

Cancer-कॅन्-सर्-*n.* the fourth sign of the zodiac, a malignant tumour. कर्क राशि, विस्फोट (नासूर); **Cancered** (-ड्), **Cancerous** (-अस्)-*adjs.* of or like a cancer. नासूर पड़ा हुआ (फोड़ा)।

Cancroid-कॅन्-क्रॉएड्-*adj.* like a crab. केकड़े के सदृश।

Candid-कॅन्'-डिड्-*adj.* frank, sincere, fair, impartial. निष्कपट (सरल), स्पष्ट, सच्चा, खरा; **Candidly** (-लि)-*adv.* impartially. सच्चाई से, खरेपन से; **Candidness** (-नॅस्)-*n.* frankness, fairness. खरापन, सच्चाई।

Candidate-कॅन्'-डिड्-ऐट्-*n.* one who puts himself for appointment to an office, examinee. प्रार्थी (याचक), उम्मेदवार, परीक्षा देनेवाला; **Candidature** (-चर्)-*n.* state of being a candidate. उम्मेदवारी।

Candle-कॅन्-ड्ल्-*n.* a cylinder of wax, tallow &c. for giving light. मोमबत्ती; **Candle Power** (unit of light.) प्रकाश की नाप का परिमाण; **Candlestick** (utensil to hold candle.) चिरागदान, शमादान।

Candlemas-कॅन्' - ड्ल् - मस् - *n.* a festival observed on the second day of February in honour of Virgin Mary. कुमारी मेरी की स्मृति में दूसरी फरवरी को होनेवाला त्यौहार।

Candock-कॅन्-डॉक्-*n.* the yellow water-lily. पीली कुमुदिनी।

Candour-कॅन् -डर्-*n.* frankness, open mindedness, impartiality. निष्कपटता, सरलता, सचाई, पक्षपात-हीनता।

Candy-कॅन्'-डि-*n.* crystallized sugar. मिश्री; -*v.t.* to conserve with sugar. मुरब्बा बनाना; **Sugar candy** (concentrated sugar.) मिश्री, कन्द।

Cane-केन्- *n.* a hollow reed or grass, a walking-stick. बेंत, बाँस की छड़ी; -*v. t.* to beat with a cane. बेंत से मारना; **Cane-apple** (mulberry.)-*n.* शहतूत; **Caning** (-इङ्ग्)-*n.* beating with a cane. बेंत की मार; **Cany** (-इ)-*adj.* full of canes, made of cane. बेंत की बनी हुई; **Sugar-cane.**-*n.* ईख, गन्ना।

Canicide-कॅन्-इ-साइड्-*n.* the killing of a dog. कुत्ते की हत्या।

Canine-कॅन्'-आइन्-*adj.* pertaining to or like a dog. कुत्ते का या कुत्ते के सदृश; **Canine teeth** (two sharp-pointed teeth in each jaw.) सुवा दाँत।

Canister-कॅन्'-इस्-टर्-*n.* a small box of metal. कनस्टर, टीन का पात्र।

Canker-कॅङ्क्-अर्-*n.* a disease of mouth, diseases of plants, corrupting influence. मुख का व्रण, फल नाश करनेवाला कीड़ा, कलंक; -*v. t.* to infect, to corrupt. दूषित करना, कलंकित करना, भ्रष्ट करना; **Cankered** (-अर्ड) -*adj.* ill-natured. दुष्ट; **Cankerous** (-अस्)-*adj.* corroding like a canker. कीड़े की तरह खाता हुआ।

Cannibal-कॅन्'-नि-बल्-*n.* & *adj.* a man who eats human flesh. मनुष्य का मांस खाने वाला नर (राक्षस), मनुष्य-भक्षी; **Cannibalism** (-इज़्म्)-*n.* murderous cruelty, practice of

eating human flesh. राक्षसपन, मनुष्य का मांस खाने का रिवाज।

Cannikin-कैन्'-इक्-इन्-*n*. a small can or drinking-pot. धातु का छोटा पात्र।

Canniness-कैन्' - नि-नेंस् - *n*. shrewdness, gentleness. चतुराई, सीधापन।

Cannon-कैन्-नन्-*n*. a big gun. तोप;-*v. i.* to come to collision. टक्कर खाना; **Cannon-ball** (ball thrown from a cannon.) तोप का गोला; **Cannon-clock** (cannon which is fired at noon by a convex lens.) मध्याह्न में उन्नतोदर ताल द्वारा गोला दागने की तोप।

Cannonade-कैन्-नन्-एड्'-*n.* & *v. t.* contínous gun-fire, to bombard. निरन्तर गोलों की वर्षा, निरन्तर गोला चलाना।

Cannot-कैन्'-ऑट्-see-Can.

Cannula-कैन्-न्यू-ला-*n*. a surgeon's metallic tube. धातु की जर्राही नली।

Cannular - कैन्'- न्यू -लर्, **Cannulate** -लेट्-*adjs*. shaped like a tube, tubular. नली के आकार का।

Canny-कैन्'-नि-*adj*. gentle, thrifty, shrewd. सीधा, मितव्ययी, चतुर; -*v. i.* to act cautiously. सावधानी से काम करना।

Canoe-कॉ-नू'-*n*. a narrow long boat. लम्बी सँकरी नाव, डोंगी; -*v. i.* to paddle a canoe. लात मारकर डोंगी चलाना।

Canon-कैन्-अन्-*n*. a law or rule, a kind of type, church decree. विधि (नियम, व्यवस्था), एक प्रकार का टाइप, गिरजाघर की डिगरी।

Canonical-कैन्-ऑन्-इक्-अल्-*adj*. appointed by law. नियमानुसार नियुक्त; **Canonical dress** (dress of a priest.) पादरी की पोशाक; **Canonically** (-अल्-लि)-*adv*. legally. विधिवत्।

Canonize-कैन्'-ऑन्-आइज़्-*v. t.* to declare one as a saint. किसी को ऋषि घोषित करना।

Canopy-कैन्'-ऑ-पि-*n.* a covering spread over a throne, bed or altar. चँदवा, आच्छादन; -*v. t.* (*p. t.* Canopied.) (to cover with a canopy. चँदवा बाँधना (छाया करना)।

Canopy.

Canorous- कैन् - नोर्' - अस् - *adj*. melodious, tuneful. सुरीला, मीठे सुर का।

Cant-कैन्ट्-*n*. a bevel or oblique face, tilted movement, a jerk, peculiar language of a class, jargon, sale by auction. तिरछा कटाव, तिरछी गति, झटका, कल्पित शब्द (वाक्छल), कुभाषा, नीलाम द्वारा बिक्री;-*v. t.* to turn over, to push, to sell by auction. उलटना, ढकेलना, नीलाम में बेचना; -*adj*. unreal, hypocrite, brisk, lively. असत्य, मायावी, फुर्तीला, तेज; [*Contr.* form of cannot.] cannot का छोटा रूप; **Cantphrase** (fashionable phraseology with no meaning.) निरर्थक शब्द-समूह, शब्दाडम्बर।

Cantab-कैन्-टैब्', **Cantabrigian** - कैन् - टैं-ब्रिज्-इ-अन्-*n.* & *adj*. (member) of Cambridge University. केम्ब्रिज विश्वविद्यालय का (सदस्य)।

Cantaloup-कैन्-टॅ-लूप्-*n*. a kind of melon. एक प्रकार का खरबूजा।

Cantankerous-कैन् - टैंङ्क्' - अर् - अस् *adj*. quarrelsome. झगड़ालू, लड़ाका।

Canteen-कैन् - टीन्'-*n*. a soldier's water-vessel made of tin or wood, provision-shop in a camp. सिपाही का जल-पात्र, पल्टन का भोजनालय।

Canter-कैन्ट्'-अर्-*n*. an easy gallop, a beggar. कदम चाल, भिखमङ्गा; - *v. t.* to move a horse at slow speed. घोड़े (या घुड़सवार) को कदम चाल से चलाना।

Cantharides-कैन्-थैर्-इ-डीज़् - *n. pl.* dried Spanish flies, causing blisters. फफोला पैदा करनेवाली सुखाई हुई स्पेन देश की एक प्रकार की मक्खियाँ।

Canticle-कैन्-टि-कुल् - *n*. a little song, a chant, a hymn. छोटा गीत, भजन।

Cantilever-कैन्ट्'-इल्-ईव्-अर्-*n*. a bracket to support cornice, balcony. बरामदे का आधार, घोड़िया।

Canting - कैन्ट्' - इङ्ग् - *adj*. hypocritical, whining. छली, कपटी।

Cantle-कैन्'-ट्ल्-*n*. a piece or slice cut off, hind part of a saddle. टुकड़ा, खण्ड, काठी का पिछला भाग।

Canto-कैन्'-टो-*n*. (*pl.* Cantos.) division of a poem. कविता का खण्ड।

Canton-कैन्-टॅन्-*n*. a small division of a country, a distinct state. किसी देश का छोटा विभाग, प्रदेश, भाग; -*v. t.* to divide into cantons. प्रदेशों में विभक्त करना।

Cantonment - कैन् -टॅन्'-मेन्ट - *n*. a lodging

assigned to troops (in India.) छावनी, सिकरौल ।

Canvas- कैन्'- वॅस् -*n.* a cloth of hemp or flax. टाट, किरमिच, तिरपाल; **Under canvas** (in a tent, with sails spread.) खेमे में, पाल फैलाये हुए ।

Canvass- कैन्'- वस्' - *v. t.* to examine, to discuss, to solicit votes. परीक्षा करना, शास्त्रार्थ करना, वोट के लिए सम्मति माँगना; **Canvasser** (- अर्) *n.* one who solicits votes. वोट माँगनेवाला ।

Canyon- कैन्'- यॉन्'-*n.* a deep gorge with stream. झरना, बहता हुआ पहाड़ी दर्रा ।

Caoutchouc- काउ-शुक्'-*n.* raw rubber (India rubber.) कच्चा रबड़ ।

Cap- कैप् -*n.* a head-dress, the top, cover, a wooden cup with two handles. टोपी, शिखर, ढकना, दो मुठियोंवाला लकड़ी का प्याला; -*v. t.* to put cap on, to confer a degree on, to complete. टोपी पहिनाना, उपाधि देना, पूर्ण करना ; **Cap in hand** (in a polite manner.) विनीत भाव से ; **Capstone** (top-stone.) सबसे ऊपर का पत्थर ; **Foolscap** (the cap worn by a buffoon, size of paper 17×13½ inches.) मसखरे की टोपी, एक विशेष नाप का कागज; **Steel cap** (armour for head.) शिरस्त्राण ; **To set one's cap at** (to attract.) मुग्ध करना ।

Capability-के-पे-बिल्'-इट्-इ-*n.* capacity (*esp.* intellectual), undeveloped faculty. सामर्थ्य, शक्ति, योग्यता ।

Capable- के'-पे-बल्-*adj.* qualified, gifted, able. गुण युक्त, समर्थ, योग्य, उचित; **Capableness** (-नेस्) - *n.* the quality of being capable. सामर्थ्य, योग्यता ।

Capably-के'-पेब्-लि-*adv.* ably. योग्यता से ।

Capacious-कॅ-पे-शस्- *adj.* roomy, spacious. विशाल (विपुल), लंबा-चौड़ा ; **Capaciousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being capacious. फैलाव ।

Capacitate- कॅ-पैस्- इट्-एट्-*v. t.* to qualify. गुणयुक्त करना ।

Capacity-कॅ-पैस्' -इट्- इ-*n.* holding power, cubic content, faculty, capability, ability, opportunity. समाई, घन-परिमाण, सामर्थ्य, योग्यता, अवसर ।

Cap-a-pie - कैप् -अॅ-पी. -*adv.* from head to foot सिर से पैर तक, नखशिख ।

Caparison- कॅ-पैर्'- इस्-अॅन-*n.* horse's trappings, equipment or outfit. घोड़े का ओहार, अलंकार, सामग्री; -*v. t.* to equip with trappings. अलंकार से भूषित करना ।

Cape- केप् -*n.* short sleeveless cloak, promontory, a headland. बिना आस्तीन का लबादा, अन्तरीप ।

Caper-के'- पर्-*n.* the flower-bud of a bush, a leap, a frolicsome movement, एक झाड़ी के फूल की कली, उछाल, कूद-फाँद ;-*v. i.* to dance, to skip or jump about like a goat. नाचना, बकरी की भाँति कूदना, छलाँग मारना ।

Capful-कैप्-फुल्-*n.* a small quantity. थोड़ा परिमाण, अल्प मात्रा ।

Capillarity- कैप्- इल्- लैर्'-इट्-इ-*n.* capillary attraction or repulsion. केशाकर्षणशक्ति ।

Capillary-कैप्-इल्-लॅ-रि- *adj.* hair-like, thin as hair. केश के सदृश, बाल के समान सूक्ष्म; **Capillary attraction.** महीन नलियों द्वारा आकर्षण ।

Capital - कैप्' - इट् - अल् - the head of a pillar, principal thing, chief city in a state, a large letter (in Eng.), money invested in trade. खम्भे का मस्तक, प्रधान वस्तु, राजधानी, (अंग्रेजी वर्णमाला का) बड़ा अक्षर, मूलधन;-*adj.* pertaining to head, chief, principal, excellent. मस्तक सम्बन्धी, (मुख्य) प्रधान, उत्तम; **Capital sentence** (order for death.) मौत की सजा, मृत्युदण्ड; **Capital value.** मूलधन-मूल्य ।

Capital

Capitalist-कैप्'-इट्-ऑल्-इस्ट् -*n.* a rich man. साहूकार, महाजन; **Capitalise** (-आइज़्) -*v. t.* to convert into capital. मूलधन में परिणत करना ।

Capitation- कैप् -इट्- ए'-शन्-*n.* a number of every head, tax or fee per head. प्रत्येक व्यक्ति की गणना, व्यक्ति के अनुसार कर या शुल्क; **Capitation tax**-प्रतिव्यक्ति कर ।

Capitulate-कॅ -पिट्' -यू-लेट्-*v. t.* to surrender on terms. किसी शर्त पर शत्रु के अधीन हो जाना; **Capitulation** (-ले'-शन्) -*n.* conditions to surrender. शत्रु के हाथ समर्पण होने की शर्त ।

Capon-के'-पन्-*n.* a castrated male fowl, a fish, a letter. बधिया किया हुआ मुर्गा, मछली, पत्र; **Caponize** (-आइज़्) -*v. t.* to castrate a fowl. मुर्गे को बधिया करना ।

Capric-कैप्-रिक्-*adj*. obtained from butter or oil. मक्खन या तेल से निकाला हुआ ।

Caprice-कै-प्रीस्ʹ-*n*. a fancy or freak. चपलता, मन की चञ्चलता ।

Capricious- कै- प्रिश्ʹ - अस्-*adj*. inconstant, irregular. चपल, अस्थिर, अनियमित; **Capriciousness** (-नेस्) -*n*. whimsicalness, inconstancy. चपलता, अस्थिरता ।

Capricorn-कैप्ʹ - रि - कॉर्न् -*n*. the tenth sign of the zodiac. मकर राशि ।

Caprine-कैप्-रिन्-*adj*. of or like a goat. बकरे का या बकरे के समान ।

Caprizant- कै-प्रि- ज़ैन्ट् - *adj*. leaping. कूदता हुआ ।

Capsicum-कैप्ʹ-सि-कम्-*n*. a kind of tropical plant. बड़ा लाल मिर्चा ।

Capsize - कैप्ʹ - साइज़्ʹ - *v. t.* to upset, to overturn. उलट देना, उलटना ।

Capstan - कैप् - स्टन् - *n*. a revolving barrel for winding cable. जहाज़ का माल उठाने तथा रस्सा लपेटने का घुमौवा पहिया ।

Capstan.

Capsular- कैप्ʹ - स्यूल - अर् -*adj*. pertaining to capsule. बीजकोष-सम्बन्धी ।

Capsule- कैप्ʹ - स्यूल् -*n*. a membraneous sheath, a metallic top of bottle, seed-case. झिल्ली की पतली थैली, बोतल का धातु का ढपना (डट्टा), बीजकोष ।

Captain-कैप्-टिन्-*n*. chief leader, commander of a ship. नायक, सेनापति (पोताध्यक्ष), कप्तान; -*v. t.* to be captain of, to lead. नायक बनना, मार्ग दिखलाना; **Captaincy** (-सि) -*n*. leadership. नायकत्व; **Captain General** (the supreme commander.) सबसे बड़ा सेनानायक; **Captainship** (- शिप्) -*n*. the post of a captain. कप्तान का पद ।

Captation-कैप्ʹ-टेʹ-शन्-*n*. appeal to popular feelings for obtaining applause. जनता को प्रसन्न करने का व्याख्यान ।

Caption- कैप्ʹ- शन्ʹ -*n*. legal arrest. क़ानूनी गिरफ़्तारी ।

Captious- कैप्ʹ - शस्ʹ - *adj*. critical, fault-finding, peevish. छिद्रान्वेषी, दोष ढूँढ़नेवाला; **Captiously** (-लि)-*adv*. in a captious manner. नुक्ताचीनी से;**Captiousness** (-नेस्) -*n*. fault-finding. विवादशीलता, नुक्ताचीनी ।

Captivate- कैप-टिव- एट् - *v. t.* to fascinate, to charm. मोहित करना,लुभाना; **Captivating** (-इङ्ग्)-*adj*. charming, fascinating. मनोहर, लुभानेवाला;**Captivation**(-एʹ-शन्) -*n*. act of taking captive. दास बनाना ।

Captive-कैप्ʹ-टिव्-*adj*. & *n*. confined, kept in bondage, charmed, pertaining to captivity, a prisoner, a person or animal kept in confinement. बन्द, बन्दी बनाकर रखा गया, लुभाया गया, बन्धन से सम्बन्धित, बन्दी, कैदी, बन्धन में रखा गया व्यक्ति या पशु; **Captivity** (-टिव्ʹ - इट - इ) -*n*. confinement, subjection. बंधन, कारावास, कैद, अधीनता ।

Captor- कैप्ʹ- टर्-(*fem*. Captress.) -*n*. one who takes a captive or prize. बन्दी को पकड़नेवाला या इनाम लेनेवाला ।

Capture - कैप्ʹ - चर् -*n*. seizing, arrest, a prize. पकड़, गिरफ़्तारी, इनाम; -*v. t.* to take a prisoner, to arrest, to take as prize. पकड़ना, गिरफ़्तार करना, इनाम लेना ।

Car-कार्-*n*. a wheeled vehicle, chariot. गाड़ी, छकड़ा, रथ; **Carman** (driver of a car.) गाड़ी हांकनेवाला;**Motor-car**. मोटर गाड़ी ; **Tram-car**. ट्राम गाड़ी ।

Carack-कैर्ʹ-ऑक्-*n*. a large ship of burden. बोझा ढोनेवाला बड़ा जहाज ।

Caracole-कैर्-ऑ-कोल्-*n*. the half turn of a horse. घोड़े की तिरछी चाल ।

Carafe-कै-राफ़्ʹ -*n*. a glass water-bottle for table. शीशे की सुराही ।

Carat-कैर् -अट् -*n*. a measure for precious stones which is about 3½ grains, measure of purity of gold (pure gold standard = 24 carats.) रत्नों के तौलने की नाप जो ३॥ ग्रेन होती है, सोने की शुद्धता की माप (खरा सोना २४ कैरट् माना जाता है ।)

Caravan - कैर्ʹ -ऑ -वैन् -*n*. a company of merchants or pilgrims. व्यापारियों या यात्रियों का समुदाय, काफिला, कारवाँ; **Caravansera** (- sary) -*ns*. resting-place for travelling merchants. सराय ।

Caraway-कैर्ʹ -ऑ-वे - *n*. a kind of spice, caraway-seed. अजमोदा ।

Carbide-कार्ʹ-बाइड्-*n*. a compound of carbon with other elements. दूसरे तत्त्वों के साथ कार्बन का यौगिक ।

Carbine (*also* **Carabine**.)- कार्ʹ- बाइन् -*n*. a short fire-arm. छोटी बन्दूक, कड़ाबीन

Carbolic- कार् - बॅलिक् -*n*. phenol, an anti-

septic chemical. सड़ाहट या गन्दगी हटानेवाली एक दवा ।

Carbon-कार्'-बन्-*n.* a non-metallic element. गालात द्रव्य, कोयला; **Carbon paper** (paper for taking copies.) एक कागज के लेख को दूसरे पर उतारनेवाला कागज ; **Carbonaceous** (-ए'-शस्)-*adj.* composed of coal. कार्बन्-युक्त, कार्बन से बना हुआ; **Carbonize** (-आइज़) -*v. t.* to convert into carbon. कार्बन में परिणत करना या बदलना ।

Carbonic-कार्-बॅनिक्-*adj.* pertaining to carbon. कार्बन सम्बन्धी ।

Carboy-कार्'-बॉय् -*n.* a large globular glass bottle protected with wicker-work. करावा ।

Carbuncle-कार्-बङ्-कुल् - *n.* ruby, a garnet, a malignant tumour. मानिक, विस्फोट, जहरबाद; **Carbuncular** (-बङ्क्'-यू - लीर्) -*adj.* pertaining to carbuncle. जहरबाद का ।

Carburate, Carburet-कार्'- ब्यूर्-एँट्-*vs. t.* to combine an element with carbon. कार्बन से किसी तत्त्व को मिलाना ।

Carburetter (or)-कार्'- ब्यू - रॅट्' - टर्-*n.* the chamber in an oil-engine in which vapour is mixed with air. मिट्टी के तेल से चलनेवाले इञ्जन का वह बक्स जिसमें वाष्प वायु से मिलता है ।

Carcase, Carcass-कार्-कॅस्, कार्'-कस् - *ns.* a dead body or corpse, worthless remains, a perforated bombshell. शव (लोथ, मुर्दा), निरर्थक पदार्थ, एक प्रकार का बम का गोला ।

Card-कार्ड्-*v. t.* to cleanse wool or hemp. ऊन या पटुआ साफ करना, ऊन या रूई धुनना **Carding machine** (a machine for cleansing cotton, wool &c.) रूई या ऊन धुनने का यन्त्र ।

Checker-चेॅक्'-अर्-*n.* a chess-board. शतरंज खेलने की बिसात ।

Checkmate-चेॅक्-मेॅट्-*n.* final defeat in the game of chess. शतरंज के खेल की अन्तिम चाल जिससे हार होती है ।

Check-nut-चेॅक्'-नट्-*n.* an appliance which is used for securing a nut. ढिबरी न गिर जाने का रुकाव; Check-string -*n.* a string for signalling the driver to stop. गाड़ी हाँकनेवाले को रोकने का संकेत देने की रस्सी ।

Cheek-चीक्-*n.* side of face below the eye. गाल;-*v. i.* to be insolent. धृष्ट होना; Cheek-bone (bone of the cheek.) गाल की हड्डी; Cheek-tooth (a molar tooth.) चर्वण दन्त ।

Cheekiness-चीक्'-इ-नेॅस्-*n.* cool confidence. शान्तिपूर्वक विश्वास ।

Cheep-चीप्-*v. i.* to chirp or pipe like a young bird. चिड़िया के बच्चे की तरह चीं-चीं करना या सीटी बजाना ।

Cheer-चिअर्-*n.* entertainment, shout of joy or applause. भोजन, हर्ष दिखलाने का शब्द, जयध्वनि;-*v. t. & i.* to comfort, to gladden, to applaud, to encourage, to grow cheerful. ढाढ़स देना, प्रसन्न करना, प्रसन्न होना; What cheer (how are you) आपकी तबियत कैसी है; To be of good cheer (to be happy.) प्रसन्नवदन होना; To cheer up (to make cheerful.) प्रसन्न करना ।

Cheerful-चिअर्'-फ़ुल-*adj.* pleasant, hopeful, gay, lively. प्रफुल्ल, प्रसन्न, आनन्दित; Cheerfully (-फ़ुल्-लि)*adv.* in good spirits. आनन्द से; Cheerfulness (-नेॅस्) - *n.* pleasure. आनन्द; Cheeriness (-इ-नेॅस्) -*n.* state of being cheerful. आनन्द की अवस्था ।

Cheerless-चिअर्-लेॅस्-*adj.* dull, sad, miserable. मन्द, दुखी, उदास ।

Cheerly-चिअर्'-लि-*adv.* heartily, in a cheery manner. प्रसन्नता से, खुशी से, सहृदयता से ।

Cheery-चिअर्' - इ-*adj.* cheerful, promoting cheerfulness. प्रसन्न, मगन ।

Cheese-चीज़्-*n.*food made of pressed curds. दही से बनी हुई मिठाई, पनीर, छेना; Cheese-monger-*n.* a seller of cheese. पनीर बेचनेवाला; Cheese-plate (the big button of a coat.) कोट का बड़ा बटन; Green cheese (undried cheese.) बिना सुखाई हुई पनीर; The cheese (correct thing.) सही बात ।

Cheesy-चीज़्' - इ - *adj.* having taste like cheese. पनीर के स्वाद की ।

Cheliform-कीली-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a claw. पंजे के आकार का ।

Chemical-केॅमिकल् - *adj.* relating to chemistry. रासायनिक; Chemically (-लि) -*adv.* by chemical process. रासायनिक रीति से । Chemicals (-स्)-*n. pl.* chemical preparations. रसायन के पदार्थ ।

Chemise-शि-मीज़्-*n.* a woman's shirt or undergarment. स्त्री की भीतरी पोशाक, जनानी कुर्त्ती ।

Chemist-केॅम्'-इस्ट्-*n.* a dealer in medical drugs, a person who is skilled in chemistry. दवा बेचनेवाला, रसायन शास्त्र जाननेवाला ।

Chemistry-केॅम्'-इस्ट्-रि-*n.* the science which treats of the elements and their laws. रसायन शास्त्र।

Chenille-शेॅनील्-*n.* a velvety cord used in dress. रेशमी डोरी ।

Cheque-चेॅक्-*n.* a written order to banker for payment of money. हुंडी (रुक्का), चेक्; Cheque-book (book containing stamped bank cheques.) मुहर की हुई सादे चेकों की पुस्तक; Chequer(-चेॅक्'-अर्),(Checker)-*ns.* a pattern made of squares, a treasury. चारखाना, खजाना;-*v. t.* to mark with squares of different colours, to deposit in a treasury. रङ्ग-विरङ्गा चारखाना बनाना, खज़ाने में जमा करना ।

Cherish-चेॅ'-रिश्-*v. t.* to foster, to nurse, to hold as dear. लालन-पालन करना,पोषण करना, प्रिय मानना; Cherisher (-अर्) -*n.* one who fosters. पोषक; Cherishing (-इङ्ग्) -*adj.* fostering, nursing. पालन-पोषण करनेवाला ।

Cheroot-शेॅरूट् - *n.* a kind of cigar not pointed at either end, root of the shaya tree grown in Madras. चुरुट, मद्रास के शाया नामक वृक्ष की जड़ ।

Cherry-चेॅर्-रि-*n.* a small tree, its fruit. एक प्रकार का पहाड़ी वृक्ष, उसके फल; To make two bites at a cherry (to stop enterprise.) साहसिक काम करना रोक देना; [illegible]erry-ripe

(the cry of a fruit-seller.) मेवाफ़रोश की चिल्लाहट।

Cherub-चेॅर्'-रब्-*n.* (*pl.* Cherubs, Cherubim.) a celestial being, a beautiful child. देवदूत, सुन्दर बालक।

Chess-चेॅस्-*n.* a game for two players played on board divided into sixty-four squares with pieces called 'chessmen'. चतुरंग, शतरंज का खेल जो ३२ मोहरों से खेला जाता है; **Chessboard**-*n.* board used in chess. शतरंज की बिसात; **Chessmen**-*n. pl.* pieces used in playing chess. शतरंज के मोहरे।

Chessel-चेॅस्'-सल्-*n.* a mould for making cheese. पनीर बनाने का साँचा।

Chest-चेॅस्ट्-*n.* a large box, the thorax, सन्दूक (पिटारा), वक्षःस्थल (छाती);-*v. t.* to deposit in a chest. बक्स में बन्द करना।

Chesterfield-चेॅस्ट्'-अर् - फ़ील्ड्-*n.* a kind of long overcoat, a long sofa. एक प्रकार का लम्बा लबादा, लंबी गद्दीदार चारपाई।

Chestnut-चेॅस्-नट् - *n.* a tree or its edible fruit. अखरोट का फल या वृक्ष।

Chest-protector-चेॅस्ट्-प्रोटेॅक्टर् - *n.* an inner garment of flannel. फ़लालीन की भीतरी पोशाक।

Chevalier-शेॅव्-अ-लिअर्-*n.* a knight, a gallant. महावीर, अश्वारोही।

Chevy-चेॅव्'-व्रि-*n.* a cry, shout. शोर-गुल, कोलाहल, चिल्लाहट।

Chew-चू-*v. t. & i.* to grind with teeth. दाँतों से चबाना; **Chewer** (-अर्) - *n.* one who chews or ponders. चबानेवाला, विचारनेवाला; **Chewing-gum** (-गम्)-*n.* एक प्रकार की चूसने की मिठाई; To chew the cud (to masticate a second time the food already swallowed and passed into the first stomach, to ruminate in thought, to think over a subject.) पागुर करना, किसी विषय पर विचार करना या मनन करना।

Chiaroscuro-क्यारो-स्कूरो-*n.* light and shade in painting. चित्र में प्रकाश और अन्धकार का प्रदर्शन।

Chic-शीक्-*n.* skill, style. चातुरी, ढङ्ग।

Chicane-शि-केॅन्-*v. t.* to cheat. छल-कपट करना; **Chicanery** (-रि)- *n.* trickery, pettifogging, artifice. वाक्छल, झूठ बोलकर ठगना, फेरवट की बातचीत।

Chick-चिक्-*n* a young bird, the young of a hen, a hanging door-screen of laced bamboo slips. चिड़िया का बच्चा, मुर्गी का बच्चा, बाँस के सीकों का बीना हुआ दरवाज़े का परदा, चिक; To count one's chicks before they are hatched (to build castles in the air.) मन के लड्डू पकाना।

Chicken- चिक्' - ऍन्-*n.* (*pl.* Chicken or Chickens.) the young one of a fowl, child. मुर्गी का बचा, मनुष्य का बच्चा; **Chicken-hearted** (timid, cowardly.) कायर, डरपोक; **Chicken-pox** (a contagious pustulous disease.) छोटी चेचक।

Chide-चाइड्-*v. t.*(*p. t.* Chid., *p. p.* Chidden or Chid.) to make complaints, to rebuke, to scold. शिकायत करना, गाली देना, डाँटना; -*n.* murmur. गुर्राहट; **Chiding** (-इङ्ग)-*adj.* scolding. डाँटता फटकारता हुआ।

Chief-चीफ़्-*n.* (*fem.* Chiefess-ऍस्) ruler, leader. प्रधान पुरुष, नायक, मुखिया;-*adj.* first in importance, prominent, principal, most important. प्रधान, मुख्य; **Chief Commissioner**-मुख्य आयुक्त; **Chief Election-Commissioner**-मुख्य निर्वाचन आयुक्त; **Chief Judge**-मुख्य न्यायाधिपति; **Chief Minister**-मुख्य मंत्री; **Chiefly** (-लि)-*adv.* principally, above all. विशेष करके, सर्वोपरि।

Chieftain-चीफ़्'-टेन्-*n.* a captain, the head of a tribe. सेनापति, मुखिया।

Chiffon-शीफ़ॉन्-*n.* thin gauzy material used in dress. बारीक कपड़ा; **Chiffonier** (-इअर्)-*n.* an ornamental sideboard. सजावटी आलमारी।

Chilblain-चिल्'-ब्लेन्-*n.* a painful inflammation of skin on hand or feet. हाथ या पैर की बेवाय।

Child-चाइल्ड्-*n.* (*pl.* Children चिल्-ड्रेॅन्) a new born human being, offspring, an infant. बालक (बच्चा), सन्तति; **Child-bed** (state of being with child.) प्रसव की अवस्था; **Childbirth** (birth of a child.) प्रसव; **Childhood** (-हुड्)-*n.* infancy. शैशव, बाल्यावस्था, लड़कपन; **Childish** (-इश्)-*adj.* puerile. बालक के समान; **Childishness**-*n.* the state of being childish. बचपन; **Childless** (-लेॅस्)-*adj.* without progeny. निर्वंश, पुत्ररहित; **Child-like** (-लाइक्) - *adj.* like a child, artless, simple. शिशुतुल्य, सरल; Child's play (easy work.) सरल कार्य; Child wife (a very young wife.) छोटी दुलहिन; Second childhood (dotage) बुढ़ौती का सिड़ीपन; With child (pregnant.) गर्भिणी; A burnt child dreads the fire. दूध का जला मट्ठा फूँककर पीता है।

Children-चिल्'-ड्रेन्-*n. pl.* of Child. 'चाइल्ड' शब्द का बहुवचन, बच्चे।

Chiliad-किल् -इ-ऑड्-*n.* a thousand years. एक हजार वर्ष का काल।

Chill-चिल्-*n.* cold sensation, coldness, depressing influence. ठंढक, शैत्य, उत्साहहीनता; -*adj.* feeling cold, unfeeling. शीतल (ठण्डा), उदासीन ;-*v. t.* to make cold, to depress, to discourage. शीतल करना, उत्साहहीन करना; To cast a chill over (to show indifference.) उदासीन भाव दिखलाना।

Chilli-चिल्'-लि-*n.* dried pod of capsicum. सूखा लाल मिरचा।

Chilliness-चिल्'-लि-नेॅस्-*n.* the state of being chilly. शैत्य, ठंढ।

Chilly-चिल्'-लि - *adj.* feeling rather cold. स्पर्श में प्रायः ठण्डा।

Chime-चाइम्-*v. t. & i.* to sound like a bell, to be in rhyme, to accord, to be in agreement, to agree. घण्टी के समान शब्द करना, सुर में होना, एक लय में होना;-*n.* harmonious sound of a musical instrument or bell, ebge or rim of a cask. बाजे या घंटी का सुरीला शब्द, पीपे का किनारा।

Chimera-किमीरा-*n* a faniful conception. असम्भव कल्पना, मनगढ़न्त।

Chimrical-किमेॅरिकल्-*adj.* purfy imaginary काल्पनिक, अनूलक; (also Chimeric)।

Chimeny-चिम्'-नी-*n.*passage for carrying off smoke, a glass tude over lamp-flame. धुआँकश, चिमनी; Chimney-pot (a cylindrical earthen pipe the top o a chimney, a tall hat.) चिमनी के सिरे पर लगी हुई गिलासनुमा मिट्टी की नली, अंग्रेजी ऊँची टोपी ; Chimney-sweep (-er) - *n.* a boy who sweeps chimney. धुआँकश साफ़ करनेवाला बालक।

Chimpanzee-चिम्पजी - *n.* an African ape resembling man. अफ्रीका देश का वनमानुष।

Chin-चिन्-*n.* the front part of lower jaw. चिबुक, ठुड्ढी ; Chin-deep-*adj* (greatly involved.) अति लीन।

China-चाइ'-ना-*n. & adj.* a country in the east of Asia, earthenware made of porcelain of China, Chinese. चीन देश, चीनी मिट्टी के बने बरतन, चीन देश का, चीनी।

Chine - चाइन् - *n.* an animal's backbone, ridge, a ravine. जानवर की रीढ़ की हड्डी, किनारा, दरार, दर्रा;-*v. t.* to break the back of. किसी की पीठ तोड़ देना।

Chinese-चाइ-नीज़्'-*n. & adj.* an inhabitant of China. चीन देशवासी, चीनी।

Chink-चिङ्क्-*n.* a crevice, a peephole, the sound of glasses or coins striking together. झरोखा, दरार, सिक्कों की झनकार (खनकार)।

Chintz-चिन्ट्स् - *n.* glazed printed cotton cloth. छींट।

Chip-चिप्-*n.* a thin piece cut off from wood or stone, slice of fruits, a wrestling trick, a piece of fried potato, a sovereign, a piece of dried cow-dung, a key of a musical organ. लकड़ी या पत्थर या फल का टुकड़ा, कुश्ती का दाँव, भुने आलू का टुकड़ा, राजा, प्रभु, उपली, बाजे की चाभी;-*v. t.* (*p. t.* Chipped) to cut into small pieces, to break, or crack. काटना, कतरना, टुकड़ा करना; Chip of the old block (a son resembling his father.) पिता के समान पुत्र; Dry as a chip (tasteless.) बेस्वाद; To chip in (to interrupt.) विघ्न डालना।

Chippy-चिप्'-पि-*adj.* full of chips, uninteresting. टुकड़ेदार, अरोचक।

Chips-चिप्स्-*n.* (*naut.*) a ship's carpenter. जहाज का बढ़ई।

Chirography-काइरो-ग्रॉ-फि-*n.* handwriting. हाथ की लिखावट।

Chirology-काइरो-लॅ-जि-*n.* the art of practice of talking with signs made by hands and fingers. हाथ और अँगुलियों के संकेत से बातचीत करने की कला या अभ्यास।

Chiromancer-काइ'-रो-मॅन्'-सर्-*n.* one who is skilled in chiromancy. हस्तरेखा की विद्या जाननेवाला।

Chiromancy-काइ'-रो-मॅन्- सि-*n.* palmistry. हस्त-सामुद्रिक, हस्तरेखा की विद्या।

Chirp-चर्प्-*v. i.* to make short notes like a bird, to talk merrily, to speak feebly. पक्षी की तरह चूँ चूँ करना, आनन्द से बात करना, धीरे से बोलना;-*n.* the shrill sound of birds or insects. चिड़ियों या फतिंगों का कर्कश शब्द।

Chirpy-चर्पि-*adj.* lively, cheerful, chatty. आनन्दी, प्रसन्न, बकवादी।

Chirr-चर्-*v. t.* to make trilling sound, to chirp like a cricket. चर-चर का शब्द करना, झींगुर की तरह झनकारना।

Chisel-चिज़'-ल्-*n*. an iron or steel tool for shaping wood, stone or metal. रुखानी, छेनी, टाँकी; -*v. t.* (*p. t.*) Chiselled.) रुखानी से काटना; Chiselled features (clear cut features.) साफ़-सुथरी आकृति; Cold chisel. लोहा काटने की छेनी।

chisel.

Chit-चिट्-*n*. a young child, a young woman, a small piece of paper. छोटा बच्चा, युवा स्त्री, कागज का टुकड़ा।

Chitchat-चिट्'-चैट्-*n*. small talk, gossip, prattle. गपशप, बातचीत।

Chitty-चिट्'-टि-*adj*. like a babe, childish. बच्चे के समान।

Chivalric-शिव्'-ऑल्-रिक्-*adj*. worthy of a knight, courteous. शूर-वीर के योग्य, शिष्ट, विनीत।

Chivalrous-शिव्'-ऑल्-रस्-*adj*. characterized by knightly qualities. शूर-वीर के समान; **Chivalrously** (-रस्-लि)-*adv*. in a chivalrous spirit. वीरता से।

Chivalry-शिव्-अल्-रि-*n*. gallantry, a knight's characteristics. वीरता, शूरवीर के गुण।

Chloride-क्लोर्'-आइड्-*n*. a compound of chlorine. क्लोरीन मिश्रित एक यौगिक।

Chlorine-क्लोर्'-इन्-*n*. a suffocating gas. साँस घुटानेवाली एक गैस।

Chlorodyne-क्लोर्'-ओ-डाइन्-*n*. a narcotic and anodyne medicine. निद्राजनक तथा पीड़ानाशक एक पेटेन्ट दवा।

Chloroform-क्लोरो-फ़ॉर्म्-*n*. a liquid for producing insensibility. बेहोश करने की एक प्रसिद्ध तरल औषधि; -*v. t.* to apply chloroform to. बेहोशी की दवा का प्रयोग करना।

Chock-चॉक्-*n*. a block of wood. लकड़ी का टुकड़ा; -*v. t.* to make fast with chock. ओट लगाना; -*adv*. tightly, closely. (फन्नी से) कसकर।

Chocolate-चॉकॅलिट्-*n*. a kind of sweatmeat containing sugar, coco and flour. चीनी, कोको और मैदा की एक प्रकार की मिठाई; -*adj*. tasting like chocolate, having red-brown colour like chocolate. चोकोलेट के समान स्वादवाला, चोकोलेट के समान लाल-भूरा रंगवाला।

Choice-चॉइस्-*n*. act or power of choosing, the thing chosen, selection, alternative. चुनाव, चुनी हुई वस्तु, छँटाव; -*adj*. exquisite, appropriate. उत्तम, पसन्द के लायक; **Choicely** (-लि)-*adv*. carefully. सावधानी से; **To have no choice** (not to care.) परवाह न करना; **To take one's choice** (to decide, to settle.) निर्णय करना, स्थिर करना।

Choir-क्वॉयर्-*n*. a chorus or band of singers or dancers. गानेवालों या नाचनेवालों की मण्डली; -*v. i.* to sing in a choir. एक साथ मिलकर गाना।

Choke-चोक्-*v. t. & i.* to suffocate, to become speechless, to stifle, to block up. गला घोंटना, गूँगा बनना, अवरोध करना, रोकना; -*n*. stoppage of breath, a device for stopping the passage of electricity or gas, the middle part of artichoke. श्वासावरोध, बिजली या गैस की गति रोकने का उपाय; हाथीचक फल का मध्य भाग; **To choke down** (to swallow food.) भोजन निगलना; **To choke off** (to give up an attempt.) प्रयत्न को छोड़ना।

Choker-चोक्-अर्-*n*. a high collar. (गला घोंटनेवाला) ऊँचा कॉलर या गले की पट्टी।

Choler-कॉल्-अर्-*n*. bile, biliousness, anger. पित्त, पित्त का प्रकोप, क्रोध, रोष।

Cholera-कॉलरा-*n*. an infectious disease with diarrhoea and vomiting. विसूचिका, हैजा; **Choleraic** (-रें-इक्)-*adj*. विसूचिका रोग सम्बन्धी।

Choleric-कॉलरिक्-*adj*. obtained from bile, angry. पित्तज, क्रुद्ध, क्रोधी।

Choose-चूज़्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Chose** चोज़्; *p. p.* **Chosen** चोज़न्) to select, to decide, to determine. चुन लेना, निर्णय करना, निश्चित करना; **Choosing** (-इङ्ग्)-*n*. a choice. चुनाव, छँटाव; **To pick and choose** (to select carefully.) सावधानी से चुन लेना; **Chooser** (-अर्)-*n*. one who selects. चुननेवाला मनुष्य।

Chop-चॉप्-*n*. a small slice of meat, a crack or cleft, an act of cutting into pieces, an exchange, a jaw, a person with fat cheeks, a seal. मांस का टुकड़ा, दरार, दर्रा, टुकड़े में काटने का काम, विनिमय, जबड़ा, मोटे गालोंवाला व्यक्ति, मुहर; -*v. t.* (*p. t.* **Chopped.**) to cut by a blow, to mince, to exchange. काटना, टुकड़ा करना, विनिमय करना; **To chop and change** (to change one's mind frequently.) बार-बार विचार बदलना; **Chop logic** (alkative argument.) कठहुज्जत; **Chopsticks** -*n. pl.* two small sticks used in China to eat with. चीन देश के भोजन करने में प्रयुक्त होनेवाली सलाइयाँ; **To chop back** (to

change one's direction.) मार्ग पलटना; **To chop in** (to interrupt in talk.) बात काटना; **To chop up** (to cut into small pieces.) छोटे-छोटे टुकड़े करना ।

Chopper-चॉप्-पर्-*n.* a butcher's cleaver, a short axe. कसाई की मांस काटने की छुरी, छोटी कुल्हाड़ी ।

Choppy-चॉप्-पि-*adj.* full of crags or clefts. दरारों से भरा हुआ ।

Choral-कोरल्-*adj.* pertaining to a chorus. मण्डली के एक साथ गाने से सम्बन्धित ।

Chord-कॉर्ड्-*n.* the string of a musical instrument, a straight line joining the ends of an arc. ताँत, चापकर्ण (वृत्त-खण्ड को जोड़नेवाली रेखा); **Chordal** (-अल्)-*adj.* pertaining to a chord. वृत्त के चापकर्ण से संबंधित ।

Chorion-कोरिअन्-*n.* the outer membraneous envelope of foetus. गर्भ की बाहरी झिल्ली ।

Chorister-कोरिस्टर्-*n.* the member of a band of singers. गानेवाली मण्डली का सदस्य ।

Choroid-को-रॉइड्-*n.* the membrane which lines the eye-ball. आँख की पुतली के भीतर की झिल्ली ।

Chortle-कॉर्ट्ल्-*v. t.* to chuckle in a loud manner. जोर से शब्द करना ।

Chorus-कोर्'-अस्-*n.* a band of dancers or singers, refrain of a song. गायकगण (गानेवालों की मण्डली), टेक (गीत का वह भाग जिसको सब मिलकर गावें); **In chorus** (all speaking or singing together.) सब लोगों का एक साथ बोलना या गाना ।

Chough-चफ्-*n.* a red-legged crow, a jackdaw. लाल पैर का कौवा, डोमकौवा ।

Chrism-क्रिज़्म्-*n.* an unguent, holy oil. मलहम, पवित्र तेल ।

Christ-क्राइस्ट्-*n.* The Anointed One, Saviour ईसा मसीह; **Christen** (-क्रिस्-न्)-*v. t.* to. administer baptism. नामकरण करना, बपतिस्मा करना; **Christendom** (क्रिस्-न्-डॅम्)-*n.* Christians, Christian countries. क्रिस्तानी लोग, क्रिस्तानी देश ।

Christian-क्रिस्ट्'-यन्-*n.* & *adj.* a believer in the religion of Christ. किरिस्तान, क्रिस्तानी; **Christian name** (name given at baptism.) बपतिस्मा के समय का रक्खा हुआ नाम; **Christianise** (-आइज़्)-*v. t.* to convert to Christianity. किरिस्तान बनाना; **Christianity** (-स्टयनिटि)-*n.* the Christian religion. ईसा मसीह का मत ।

Christmas - क्रिस्' - मस् - *n.* the festival of Christ's birth which falls on the 25th of December. ईसामसीह का जन्मदिन, बड़ा दिन, २५ दिसम्बर;-*adj.* pertaining to Christmas. बड़े दिन के त्योहार से सम्बन्धित ।

Chromatic-क्रो-मॅट्'-इक्-*adj.* full of bright colour. चमकीले रङ्ग से पूर्ण; **Chromatics** (-स्) -*n.* the science of colours. (विविध) रङ्ग की विद्या ।

Chrome-क्रोम्-*n.* a yellow pigment and colour. पीला रङ्ग ।

Chromium-क्रोम्'-इ-अम्-*n.* a metallic element. एक धातु-विशेष ।

Chromograph-क्रोम्' - ओ - ग्राफ् - *n.* & *v. t.* reproduction in colours. रङ्गीन चित्र छापना, ऐसा छापने की क्रिया ।

Chromo-lithograph-क्रोमो-लिथो-ग्राफ्-*n.* the coloured pictures printed from stone or zinc plate. लीथो के पत्थर या जस्ते के प्लेट पर से छापा हुआ रङ्गीन चित्र ।

Chronic-क्रॉन्'-इक्-*adj.* (*also* Chronical) lingering, (of diseases) constitutional. दीर्घस्थायी पुराना (रोग), स्वाभाविक ।

Chronicle-क्रॉन्-इ-कल्-*n.* a narrative, an account. इतिहास (वृत्तान्त), वर्णन; **Chronicler** (-इक्-लर्)-*n.* the writer of a chronicle. कथा-लेखक ।

Chronograph-क्रॉन्'-ओ-ग्राफ् - *n.* an instrument to record time with great accuracy. सूक्ष्म रीति से समय नापने का एक प्रकार यन्त्र ।

Chronologer-क्रॉनॉलॉजर्-*n.* one versed in the science of chronology. काल-निर्णयविद्या में निपुण ।

Chronological-क्रॉनॉलाजिकल्-*adj.* according to the order of time. कालक्रम के अनुसार; **Chronologically** (-लि)-*adv.* in a chronological manner. कालानुसार, कालक्रम से ।

Chronologist-क्रॉनॉलॉजिस्ट्-*n.* one versed in chronology. घटनाओं को कालक्रम के अनुसार लिखनेवाला ।

Chronology-क्रॉनॉ-लॉ-जि-*n.* the science or method of computing dates. काल-निर्णयविद्या ।

Chronometer-क्रॉनॉमिटर्-*n.* a time-piece or watch for recording exact time. ठीक-ठीक समय बतलानेवाली एक प्रकार की छोटी घड़ी ।

Chronometry-क्रॉनॉ-मॅट्रि-*n.* scientific measurement of time. वैज्ञानिक रीति से समय की नाप ।

Chronoscope-क्रॉन्'-ऑ-स्कोप्-*n.* an instrument for measuring velocities of time समय-गति-मापक-यन्त्र ।

Chrysalis-क्रिस्'-ऑ-लिस्-*n.* (*pl.* Chrysalises, form taken by insect between larva and butterfly. तितली, कीड़े इत्यादि की पर निकलने से पहिले की अवस्था।

Chrysanthemum-क्रिस्-ऑन्'-थॅ-मम्-*n.* a kind of flower. गुलदाउदी का फूल।

Chrysolite-क्रि'-सो-लाइट्-*n.* a kind of green or yellow gem. चन्द्रकान्त, एक प्रकार का हरा या पीला रत्न।

Chrysology-क्रिसोलॉजि-*n.* the branch of political economy which treats of production of wealth. अर्थशास्त्र का वह विभाग जिसमें धनोपार्जन का वर्णन होता है।

Chub-चब्-*n.* a coarse-fleshed river fish. नदी की मोटे चमड़े की एक मछली।

Chubby-चब्'-बि-*adj.* short and thick, plump, round faced. नाटा मोटा, फूले चेहरेवाला, गलफुल्ला।

Chuck-चक्-*n.* the call of a fowl, term of endearment, jerk under the chin, a contrivance in lathe. मुरगे की बोली, प्यार का नाम, दाढ़ी पर झटका, खरादने के यन्त्र का एक भाग; -*v. i.* to call as a hen. मुरगी के समान शब्द करना; To chuck away (to waste.) नाश करना; To chuck out (to turn out.) निकाल देना; To chuck up (to abandon.) त्यागना; To chuck up the sponge (to finish up struggle.) लड़ाई-झगड़ा खतम करना।

Chuck.

Chucker-out-चक्'-अर्-आउट्-*n.* a burly attendant at a theatre. नाटक में कोलाहल शान्त करनेवाला पहरेदार।

Chuckle-चक्'-कल्-*v. i.* to laugh in a suppressed manner, to cackle, to show signs of glee. मुँह बन्द करके हँसना, प्रसन्नता के चिन्ह दिखलाना।

Chucklehead-चक्'-कल-हेड्-*n.* a stupid fellow, a booby. मूर्ख मनुष्य।

Chuckling-चक्'-लिङ्ग्-*adj.* pleasing, amusing. आनन्द दायक, मनोरंजक।

Chuffy-चफ्'-इ-*adj.* with swollen cheeks. फूले हुए गालोंवाला।

Chum-चम्-*n.* a familiar friend, a chamber fellow, a kind of fish. लँगोटिया यार, पुराना मित्र, एक प्रकार की मछली; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* Chummed) to become a chum, to accompany, to share a room or to mess with another. लँगोटिया यार बन जाना, साथ देना, दूसरे के साथ एक ही कमरे में रहना या एक साथ मिलकर अनेक मनुष्यों का भोजन करना।

Chump-चम्प्-*n.* a heavy piece of wood, the thick end, a blockhead. लकड़ी का कुन्दा, मोटा किनारा, मूर्ख मनुष्य।

Church-चर्च्-*n.* a building for public Christian worship, an organised Christian society, the clergy. गिरजाघर, धार्मिक संस्था, पादरी; -*v. t.* to have thanks offered for delivery of a child. पुत्र उत्पन्न होने पर गिरजाघर में जाकर ईश्वर को धन्यवाद देना; Church-mouse- (a poor man.) दरिद्र मनुष्य; Churchyard (ground adjoining a church in which the dead are buried.) गिरजाघर के मैदान में का कब्रिस्तान।

Churl-चर्ल्-*n.* an ill-bred fellow, a rustic. देहाती, गँवार मनुष्य; Churlish (-इश्)-*adj.* uncivil, ill-natured. अशिष्ट, दुष्ट; Churlishly (-इश्'-लि)-*adv.* in an uncivil manner. असभ्यता से; Churlishness (-नॅस्)-*n* the quality of being churlish. गँवारपन।

Churn-चर्न्-*n.* butter-making machine. मक्खन बनाने का यन्त्र; -*v. t.* to agitate in a churn. दूध या दही को मथना।

Churning-चर्न्-इङ्ग्-*n.* act of making butter, quantity of butter made at once. मथने का कार्य, एक बार मथकर निकाले गये मक्खन की मात्रा; Churn-staff (staff which is used in churning.) मथानी।

Chute-शूट्-*n.* a smooth rapid descent of water. वेग से जल का गिराव या उतार।

Chyle-काइल्-*n.* a milky fluid separated from the food in the small intestines. छोटी आँतों में से पृथक् होनेवाला माड़ के समान एक रस।

Chyme-काइम्-*n.* food converted into acid pulp. अम्लीय लेई में परिवर्तित पेट का भोजन।

Cicatrice-सिका'-ट्रिस्', **Cicatrix** (ए'-ट्रिक्स्) -*ns.* scar of healed wound, scar in the bark of a tree. पूज जानेवाले घाव का चिन्ह, पेड़ की छाल का दाग।

Cicatrize-सिक्'-ॲ-ट्राइज़्-*v. t.* to mark with scars, to heal over. घाव के चिन्ह लगाना, घाव का पूजना।

Cider-साइ'-डर्-*n.* a fermented drink from apple juice. सेव की शराब।

Cigar-सिगार्-*n.* a roll of tobacco leaf for smoking. चुरुट; Cigarshaped (of the shape of a cigar.) सिगार या बेलन के आकार का।

Cigarette-सिगअरेट्ट्' -*n.* tobacco which is rolled in paper for smoking. कागज में लपेटा हुआ तमाखू, सिगरेट ।

Cilia-सिलिआ -*n. pl.* eye-lashes. बरौनी; **Ciliary** (यीर्-इ) -*adj.* pertaining to the eye-lids. बरौनी सम्बन्धी ।

Cilice-सिलिस् -*n.* a garment of hair-cloth. भेड़ बकरी के रोयें का बना वस्त्र ।

Cimmerian-सिमीरिअन्-*adj.* extremely dark. घना अन्धकारमय ।

Cinchona-सिन्-को'-ना-*n.* a tree from the bark of which quinine is extracted. कुनैन का पेड़ ।

Cincture-सिङ्क्चर्-*n.* a girdle border, belt. मेखला, किनारा, कमरपेटी; -*v. t.* to encircle. लपेटना ।

Cinders-सिन्'-डर्स् -*n. pl.* ashes. भस्म ।

Cindery-सिन्'-डर्-इ-*adj.* composed of cinders. अङ्गार या भस्म से पूर्ण ।

Cinema-सिनिमा -*n.* a theatre of moving pictures. चलते-फिरते चित्र का प्रदर्शन; **Cinematograph** (-मॅट्-ॲ-ग्रॉफ्) -*n.* an apparatus for producing motion-pictures. गतिमान् (चलते-फिरते) चित्र दिखलाने का यन्त्र । inerary-सिनररि -*adj.* pertaining to ashes. भस्म-सम्बन्धी ।

Cinereous-सिनीरिअस्-*adj.* ashy grey. राख के समान भूरा ।

Cingalese-सिङ्गालीज़्' -*n. & -adj.* a native of or belonging to Ceylon. सीलोन या लंका का निवासी अथवा सीलोन सम्बन्धी ।

Cinnabar-सिन-बार् -*n.* vermilion. सिंगरिफ, सिन्दूर, सदुर ।

Cinnamon-सिनमन्--*n.* the aromatic inner bark of a tree. दालचीनी, दारुसिता, दालचीनी का वृक्ष ।

Cinque-सिङ्क् -*n.* the number five as at dice or cards. पाशे या ताश की पंजी; **Cinquefoil** -*n.* a plant with five leaves. पँचपतिया (पाँच पत्तियों का) पौधा ।

Cipher (Cypher)-साइ'-फर्-*n.* the symbol(0), person of no importance, secret writing. शून्य (बिन्दु), महत्त्व-हीन मनुष्य, गुप्त लिखावट; -*v. t.* to calculate. गणना करना, गणित करना ।

Circa-सर्-का-*prep. & adv.* about, around. लगभग, चारों ओर ।

Circle-सर्-क्ल -*n.* a plane figure bounded by a curved line, a round body, orbit of planets, ring, period, cycle, complete series, sphere, number of persons connected together. वृत्त, घेरा, वर्तुल आकार, क्रम, मण्डल, पूर्ण चक्र, गोला, मण्डली; -*v. t.* to encompass, to move round, to encircle. घेरना, प्रदक्षिणा करना, चक्कर लगाना ।

Circlet-सर्क्'-लॅट्-*n.* a small circle, an orb. छोटा वृत्त, मण्डल ।

Circuit-सर्'-किट् -*n.* the line enclosing a circle, roundabout journey, path of electric current. चक्कर, परिभ्रमण, बिजली की धारा का मण्डलाकार पथ; **Short circuit.** बिजली की धारा की रुकावट ।

Circuitous-सर्-क्यु-इट्-अस् -*adj.* indirect, round about. कुटिल गतिवाला, चक्राकार, चक्करदार ।

Circular-सर्'-क्यु-लर्-*adj.* in the shape of a circle, round ;-*n.* a letter or printed notice, a copy of which is sent to several persons. वर्तुलाकार, चक्राकार (घूमता हुआ) विज्ञापन का पत्र; **Circularly** (-लि) -*adv.* in a circular manner. चक्रवत्; **Circularize** (-आइज़्)-*v. t.* to popularize by circulars. विज्ञापन देकर प्रचार करना ।

Circularity-सर्'-क्यु- लॅरि - टि-*n.* rotundity. वर्तुल अवस्था, गोलाई ।

Circulate-सर्-क्यु-लेट्-*v. i.* to go round as in a circle, to move round. घूमना, चक्कर खाना; -*v. t.* to turn round, to spread, to give currency to. घुमाना, फैलाना, प्रचार करना; **Circulating** (-इङ्ग्)-*adj.* moving in a circle. चक्कर खाता हुआ; **Circulating library** (a library in which books are sent out to subscribers on loan.) पुस्तकालय जहाँ की पुस्तकें पढ़ने के लिए बाहर जाती हैं ।

Circulation-सर्-क्यु-ले'-शन्-*n.* movement to and fro, a currency, diffusion. परिभ्रमण, प्रचार (चक्कर, घुमाव) ।

Circulative-सर्-क्यु-लेट्'-इव्-*adj.* producing circulation. चक्कर देनेवाली ।

Circulator-सर्-क्यु-ले-टर्-*n.* one who spreads news. खबर फैलानेवाला; **Circulatory** (टरि) -*adj.* circulating. परिभ्रमण-सम्बन्धी ।

Circum-सर्'-कम्-*pref.* in the sense of 'round about'. 'चौओर, चारों ओर, चारों तरफ' अर्थ का उपसर्ग ।

Circumambient-सर्-कम् - ऍम्'- बि-अन्ट्-*adj.* surrounding, going round about. घेरे हुए, चक्कर लगानेवाला ।

Circumambulate-सर्-कम्-ऍम्'-ब्यु -लेट्-*v. t.* to walk around. परिक्रमा करना, परिभ्रमण करना; **Circumambulation** (ल '-शन्)- *n.* act of walking around. परिक्रमा, चक्कर;

Circumambulatory-(लें-ट-रि) - *adj.* going round. चक्कर खानेवाला, चक्करदार।

Circumbendibus-सर्-कम्-बें'न्'-डि - बस्-*n.* a roundabout method, circumlocution. फेरवट की विधि, हेरफेर का ढंग।

Circumcise-सर्'-कम्-साइज़् - *v. t.* to cut off the foreskin of the penis of males. मुसलमानी करना, लिंग की अग्रत्वचा को काट देना; **Circumcision** (-सिज़्'-अन्)-*n.* the act of circumcising. मुसलमानी करने की विधि।

Circumference-सर्-कम्'-फ़र्-ऍन्स्-*n.* the line encompassing a circle. परिधि, मण्डल, गिरदा; **Circumferential** (-ऍन्'-शल्)-*adj.* pertaining to circumference. परिधि सम्बन्धी।

Circumfluence-सर्-कम्'-फ़्लु-ऍन्स्-*n.* flowing round on all sides. जल का चौफेर बहाव।

Circumfluent-सर्-कम्'-फ़्लु-ऍन्ट्-*adj.* flowing round. चौफेर बहनेवाला।

Cicumfluous - सर् - कम्' - फ़्लु - अस् - *adj.* surrounded by water, circumfluent. जल से घिरा हुआ।

Circumlocution-सर्-कम्-लो-क्यू'-शन्-*n.* using many words for one, roundabout expression. वक्रोक्ति, फेरवट की बातचीत; **Circumlocutory** (-लोक्यूटरि)-*adj.* involving circumlocution. हेरफेर की बातों वाला।

Circumnavigate-सर्-कम्-नॅव्-इग्-ऍट्-*v. t.* to sail round (esp. the globe or the world.) जहाज़ पर सवार होकर संसार के चारों ओर भ्रमण करना।

Circumoral-सर्-कमोरल्-*adj.* placed round the mouth. मुँह के चारों ओर रक्खा हुआ।

Circumrotation-सर्-कम्-रो-टे - शन् - *n.* the act of revolving. चक्कर काटने का कार्य।

Circumscribe-सर्-कम्-स्काइब्-*v. t.* to draw a line round, to confine, to restrict, to curtail. घेरना, परिमित करना, रोकना, छाँटना।

Circumscription-सर्-कम्-स्क्रिप'-शन्-*n.* marking of limits, definition. सीमाकरण, परिभाषा; **Circumscriptive** (-क्रिप्ट्-इव्) - *adj.* limiting. सीमा या परिधि निर्धारित करनेवाला।

Circumsolar-सर्-कम्-सोलर् - *adj.* revolving near or round the sun. सूर्य के पास या चारों ओर घूमनेवाला।

Circumspect-सर्'-कम्-स्पॅक्ट् - *adj.* cautious, wary. सावधान, जाग्रत, चौकन्ना; **Circumspection** (-स्पॅक्-शन्)-*n* a careful consideration beforehand, thoughtfulness. सावधानी; **Circumspectively**(-इव्-लि)-*advs.* thoughtfully. सावधानी से।

Circumstance-सर्-कम्-स्टॅन्स्-*n.* event, incident, occurrence, situation, (*pl.*) state of things, event. घटना, दशा, अवस्था, (ब० व०) स्थिति, अवस्था।

Circumstantial-सर्' -कम् - स्टॅन्' - शल्-*adj.* incidental, detailed, minute, not essential. अचानक, ब्योरेवार, विस्तीर्ण, अप्रत्यक्ष (प्रमाण)।

Circumvent-सर्-कम्-वॅन्ट्-*v. t.* to entrap, to cheat. फँसाना, धोखा देना; **Circumvention** (-वॅन्-शन्)-*n.* deception. छल, कपट, ठगी।

Circumvolution-सर्-कम्-वो-ल्यू'-शन् - *n.* the act of rolling round, a coil. चक्कर, घुमाव।

Circus-सर्-कस्- *n.* a travelling show of horses, riders &c., a circular space. सरकस, खेल का गोल मैदान।

Cirrus-सिर्'-रस्-*n.* (*pl.* Cirri) form of cloud like distended locks of hair, a tendril. बालो के गुच्छे की आकृति का बादल, पौधे का कोमल पेंचदार तन्तु।

Cist-सिस्ट्-*n.* a stone chest, a grave of prehistoric times. पत्थर का सन्दूक, प्राचीन काल की समाधि, क़ब्र।

Cistern-सिस्-टर्न्-*n.* a reservoir for storing or collecting water. जलकुण्ड, जलाशय, पानी का हौज़।

Citable-साइ - टॅब्-ल्-*adj.* able to be cited or quoted. दृष्टान्त देने योग्य।

Citadel-सीट्-अ-डॅल्-*n.* a fortress near a city. दुर्ग, किला।

Citation-साइ-टेशन्-*n.* quotation, reference. दृष्टांत, प्रमाण।

Cite-साइट्-*v. t.* to quote, to summon, to mention as example. प्रमाण देना, बुलाना, दृष्टान्त देना।

Citizen-सिट्'-इ-ज़ुअन्-*n.* a townsman, an inhabitant of a state. नागरिक, किसी देश का निवासी; **Citizenship** (-शिप्)-*n.* the rank of a citizen. प्रजा का अधिकार, पौरत्व, नागरिकता।

Citric-सि-ट्रिक्-*adj.* pertaining to citron or lemon. नीबू की खटाई का।

Citrine-सि-ट्रिन्-*adj.* lemon coloured, yellow. निबुअई, पीला।

Citron-सि-ट्रन्-*n.* a kind of large lemon, जंभीरी नीबू, चकोतरा।

City-सिट्'-टि-*n.* (*pl.* Cities.) an important town. नगर, शहर; **City of God** (heaven.) स्वर्ग।

Civic-सिव्-इक्-*adj.* proper to citizens, of city, municipal, civil. नागरिकोचित, नगर

सम्बन्धी, नागरिक, दीवानी ; **Civic Guard.** अशान्ति के समय नगर की रक्षा करनेवाला सिपाही; **Civics**(-इक्स्)-*n. pl.* the science of municipal administration. नागरिक अधिकारों और कर्त्तव्यों की विधा, नागरिक शास्त्र ।

Civil-सिव्'-इल्-*adj.* relating to people, becoming a citizen, political, polite, not criminal. जन-सम्बन्धी,नागरिकोचित,राजनैतिक, सभ्य (सुशील,) दीवानी (फौजदारी नहीं); **Civil Law** (law of the state of a country.) जाब्ता दीवानी;**Civil List** (list of officers.) हाकिमों की फ़िहरिस्त (सूची); **Civilian** (-इल्'-यन्)-*n.* a civil officer. दीवानी का हाकिम; **Civility** (-इल्-इट्-इ)-*n.* politeness, good breeding. नम्रता, शिष्टता, सभ्यता, भलमनसी ।

Civilization-सिविलिज़ेशन्-*n.*act of civilizing or state of being civilized. सभ्यता, शिष्टता ।

Civilize-सिव्-इल्-आइज़्'-*v. t.* to bring out of barbarism. to enlighten, to refine. शिष्ट करना (शिष्टाचार सिखलाना), सभ्य बनाना, सुधारना; **Civilized** (-इ)-*adj.* refined, enlightened, cultured. शिष्ट, विनीत, सभ्य ।

Clack-क्लैक्-*n. & v. i.* a clattering noise, to make a sudden sharp noise. कर्कश शब्द, खड़खड़ाहट, एकाएक खड़खड़ाहट का शब्द करना।

Clad-क्लैड्-*p. t. & p. p.* of **Clothe.** - *adj.* putting on clothes. कपड़े पहने हुए ।

Claim-क्लेम्-*v. t.* to demand as one's due, to profess to be. अपनी रकम माँगना,दृढ़तापूर्वक कहना:-*n.* right, title, thing claimed. स्वत्व, अधिकार, माँगी गई वस्तु; **Claimable** (-एँ-बूल्) -*adj.* able to be claimed. अधिकृत करने के योग्य; **Claimant** (-क्लेम्'-ऑन्ट्)-*n.* one who claims. दावी, दावागीर, प्रार्थी, अर्थी ।

Clairvoyance-क्लेअर्-व्वॉय्'-ऑन्स्-*n.*the faculty of seeing mentally what is happening elsewhere. आंतरिक बल से दूर की घटना को देखने की शक्ति; **Clairvoyant** (-ऑन्ट्)-*n.* ऐसी शक्तिवाला या परोक्षदर्शी मनुष्य ।

Clamant-क्लेम्' - अन्ट्-*adj.* noisy, urgent. शब्द करनेवाला, आवश्यक ।

Clamber-क्लैम्'-बर्-*v. i.* to climb with difficulty. कठिनता से चढ़ना ।

Clamminess--क्लैम्-मि - नेस् - *n.* stickiness. लसलसाहट; **Clammy**-क्लैम्'-मि-*adj.* moist, sticky, viscous. तर, लसलसा या चिपचिपा ।

Clamorous-क्लैमरस्-*adj.* noisy. चिल्लानेवाला; **Clamorously** (-अस्-लि) -*adv.* in a noisy manner. चिल्लाते हुए, कोलाहल करते हुए ।

Clamour-क्लैमर्-*n.* shout, outcry, demand, complaint. रटन, चिल्लाहट, माँग, शिकायत; **To clamour down** (to silence.) चुप करना ।

Clamp-क्लैम्प्-*n.* a clasp or hand used to hold things together. पाट्ट, कोनिया, शिकंजा;-*v.t.*to strengthen or bind with clamps.पाट्ट जड़ कर पुष्ट करना ।

Clamp.

Clan-क्लैन्-*n.* a tribe, sect, clique, family. जाति, दल, वंश ।

Clandestine-क्लैन्-डेस्'-टिन् - *adj.* hidden, secret. छिपा हुआ, गूढ़, गुप्त; **Clandestinely** (-लि)-*adv.* in a secret manner. गुप्त रीति से ।

Clang-क्लैङ्ग्-*n.* a loud metallic sound. झन्झन् का शब्द; -*v. t.* to make a loud metallic sound.ठन्ठन् या झनझन शब्द करना।

Clangour-क्लैङ्गर्-*n.* a succession of sharp harsh sounds. झनझनाहट का निरन्तर शब्द ।

Clank-क्लैङ्क्-*n.* a rattling sound with a clank. झन्झन् का शब्द ।

Clannish-क्लैनिश्-*adj.* pertaining to a clan. जाति का ।

Clanship-क्लैन्-शिप्-*n.* the state of union in a clan. गोत्रत्व, सजातीयता ।

Clansman-क्लैन्स्-मैन्-*n.* the member of a clan or tribe. सजातीय व्यक्ति ।

Clap-क्लैप्-*n.* a slap, pat. थप्पड़, थपथपाहट ; -*v. t.* to applaud by striking palms of hand together, to flap. ताली बजाना, फड़फड़ाना; **To clap a bargain** (to make a bargain hastily.) जल्दी से सौदा पटाना ।

Clapper-क्लैप्'-पर्-*n.* one who claps, the tongue of a bell. ताली बजानेवाला, घण्टे का लटकन ।

Clapperclaw-क्लैप्'-पर्-क्लॉ-*v. t.* to scratch and fight, to scold. बकोटना और लड़ना, बुरा भला कहना, झिड़कना ।

Claptrap-क्लैप्'-ट्रैप्-*n.* a language to catch applause or win favour. प्रसन्न करने के लिये शब्दों का प्रयोग ।

Clarence-क्लैर्'न्स्-*n.* a four-wheeled closed carriage. चौपहिया बन्द गाड़ी ।

Claret-क्लैर्-रेट्-*n.* a kind of French wine of light-red colour. एक प्रकार की फ्रान्स देश की लाल मदिरा ।

Clarification-*n.* स्पष्टीकरण ।

Clarify-क्लै-रि-फ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Clarified.**) to make clear, to free from im-

purities. शुद्ध करना (स्वच्छ करना), मैल हटाना ;
Clarification (-फ़िकेशन्) -*n.* method of cleansing. मल साफ करने की विधि, स्पष्टीकरण ।
Clarinet-क्लीरिनेट् - *n.* (also Clarionet.) a wooden single reed musical instrument. शहनाई, अलगोजा ।

Clarionet.

Clarity-क्लीं-रिट्'- इ - *n.* purity, clearness. सफाई, स्वच्छता, शुद्धता ।
Clash-क्लैश्-*v. i. & t.* to make loud broken sound, to encounter, to conflict. टकराने का शब्द करना, झगड़ना, विरोध करना ; - *n.* encounter, disagreement. मुठभेड़, विरोध; **Clashing** (-इङ्ग्)-*adj.* opposing. विरोधी ।
Clasp-क्लास्प्-*n.* a contrivance for fastening, embrace, reach. अँकुरा (बलकस), आलिङ्गन, पहुँच; -*v. t.* to fasten, to encircle, to embrace. बाँधना, लपेटना, आलिंगन करना; To clasp hands to shake hands.) हाथ मिलाना ।
Class-क्लास्-*n.* a rank or order of society, a scientific division,a set of students taught together. वर्ग, श्रेणी या जाति, छात्र-समूह (कक्षा); -*v. t.* to place in a class. किसी श्रेणी या कक्षा में रखना;Class-book (book taught in a class.) कक्षा में पढ़ाई जानेवाली पुस्तक; Class-fellow -*n.* सहपाठी; Of the same class. एकवर्गी; To take a class to gain honours.) उत्तम श्रेणी में आना, प्रतिष्ठा प्राप्त करना ।
Classic-क्लीं-सिक्-*adj.* of the first class, of standard, excellence; प्रथम श्रेणी का, अत्युत्तम; **Classics** (-स्)-*n. pl.* classical studies. उच्च कोटि के ग्रन्थों का (अध्ययन); **Classical** (-अल्) -*adj.* of standard literature. उच्चकोटि के साहित्य का; **Classicalism** (-इज़्म्)-*n.* classical scholarship. शास्त्रीय पांडित्य; **Classicize** (-सि-साइज़्') -*v. t.* to imitate the classic style. उच्च कोटि की साहित्यिक रचना का अनुकरण करना ।
Classifiable-क्लीसिफ़ायेबल - *adj.* capable of being classed or arranged in classes. वर्गीकरण के योग्य ।
Classification-क्लीसिफ़िकेशन् - *n.* arrangement into classes. वर्गीकरण, श्रेणीविभाजन ।
Classify-क्लीस्-इफ्-आइ-*v. t.* (*p. t.* Classified.) to arrange in classes. क्रमबद्ध करना, श्रेणी में रखना ।
Clatter-क्लैंट्र्-*v. i. & t.* to make a confused rattling sound, to talk fast and idly. झनझनाना, बकबक करना;-*n.* a noisy talk. बकबक; To clatter down (to fall with a clattering noise.) धड़धड़ाकर गिर पड़ना ।
Clatterer-क्लैट्ररर् - *n.* a babbler बड़बड़िया, बकवादी ।
Clause-क्लॉज़् - *n.* subordinate sentence, a single act or article in law. (पद) उपवाक्य, कानून की धारा ।
Clavate-क्लीं-वेट्-*adj.* shaped like a club. मुद्गर की आकृति का ।
Clavicle-क्लीव्'-इ - कुल्-*n.* the collar bone. हँसुली, हँसिया ।
Clavicular-क्लीं-वि-क्यूलर्-*adj.* pertaining to the collar-bone. हँसिया का ।
Claviform-क्लीव्'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* of the orm of a club. गदा के आकार का ।
Claw-क्लॉ-*n.* the thorny nail of a beast. नख, चङ्गुल, पञ्जा;-*v. t.* to scratch or seize by claw. पञ्जे से खरोंचना या पकड़ना; Clawback -*n.* (a flatterer.) चापलूस; Claw-hammer (a hammer used to draw out nails.) काँटी निकालने का हथौड़ा (जमूरा) ।
Clay-क्ले-*n.* tenacious earth, human body. मिट्टी, कीचड़, भौतिक देह; **Clayey** (-ई) -*adj.* consisting of or like clay. मिट्टीदार, मिट्टी के समान; Claypipe (a tobacco-pipe of clay.) हुक्का, गौरैया ।
Claymore - क्ले'-मोर्-*n.* a two-edged broad sword. दोधारी चौड़ी तलवार ।
Clean-क्लीन्-*adj.* free from dirt or blemish, clear, pure, guiltless, holy. निर्मल, निष्कलङ्क, स्वच्छ, शुद्ध, निर्दोष, पवित्र;-*adv.* quite, entirely. बिलकुल, पूर्णरूप से ;-*v. t.* to purify, to cleanse. पवित्र करना, शुद्ध करना, साफ करना ; Clean-fingered (without taking bribe.) बिना घूस लिये; Cleanhanded (innocent.) निर्दोष ; To clean out (to vacate.) खाली करना; To show a clean pair of heels (to run away quickly.) सरपट भागना; **Cleanable** (-एँ-बल्) -*adj.* able to be cleansed. शुद्ध करने योग्य ; **Cleaner** (-अर्)-*n.* one who cleans. साफ करनेवाला; **Cleaning** (-इङ्ग्) - *n.* the act of making clean. शोधन, सफाई का काम; **Cleanly** (-लि)-*adj.* habitually clean. स्वभावतः स्वच्छ; **Cleanly** (-लि)-*adv.* in a clean way. शुद्धता से, सफाई से ।
Cleanse-क्लेन्ज़्-*v t.* to make clean, to purify. शुद्ध करना (निर्मल करना), साफ करना, पवित्र करना ; **Cleanser** (-अर्) - *n.* one who cleanses, a detergent. शोधक, शुद्ध करनेवाला पदार्थ ।

Clear-क्लिअर्-*adj. & adv.* unclouded, bright, lustrous, distinct, intelligible, manifest, decided, free, unobstructed, sharply, intelligent, quite. मेघहीन, चमकीला, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, उज्ज्वल, निश्चित, मुक्त, अवरोध-रहित, तीक्ष्ण बुद्धिवाला, निःसन्देह (बिलकुल); -*v. t. & i.* to make bright, to remove, to free, to become clear. चमकाना, हटाना, मुक्त करना, स्पष्ट होना; **Clearcut** (clearly outlined.) साफ सुथरा बना हुआ; **Clear from debt** (free from debt.) ऋणमुक्त ; **The road is clear** (there is no one on the road.) सड़क पर कोई नहीं है; **To clear away** (to remove.) हटाना **To clear land** (to cut down trees.) जमीन पर के पेड़ काट देना ; **To clear one's throat** (*i. e.* by coughing) खाँसकर गला साफ करना; **To clear out** (to vacate, to empty.) खाली करना ; **To clear up** (to purify, to put things tidy.) स्वच्छ करना, शुद्ध करना, सजाना ।

Clearance-क्लिअरॅन्स्-*n.* making clear, removal of obstruction, a certificate of clearing a ship at the customs house. सफाई, रुकावट हटाना, जहाज खाली होने का प्रमाणपत्र; **Clearing**(-इङ्ग्)-*n.* act of making clear, a piece of land cleared of trees for cultivation, a method of changing cheques & drafts in a bank. सफाई का काम, पेड़ काटकर खेती के लिए साफ की गई भूमि, चेकों और हुण्डियों का बैंक में लेन-देन का भुगतान ; **Clearness** (-नॅस्)-*n.* brightness. निर्मलता, शुद्धता ।

Cleat-क्लीट्-*n.* a wedge or piece of wood for fastening. फत्री, डट्टा ।

Cleavable- क्लीवॅ'-बल् - *adj.* that may be broken up, divided or split. अलगाने या काटने योग्य ।

Cleave-क्लीव्-*v. t.* (*p. t.* Clove or Cleft. *p. p.* Cloven or Cleft.) to split, to break, to chop. फाड़ना, तोड़ना, चीरना ; -*v. i.* to stick fast. चिपकना ।

Cleft-क्लॅफ्ट् -*n.* a fissure, a crack, a split. फाँक, फटन, दरार ।

Clemency-क्लॅम्'-एन् - सि' -*n.* mildness of temper. नम्रता, सरलता; **Clement**-क्लम्'-ऍन्ट् -*adj.* mild. नम्र, सरल, कोमल ।

Clench- क्लॅन्श्, **Clinch**-क्लिन्च् -*v. t.* to close tightly, to grasp firmly. मुट्ठी बाँधना, कसकर पकड़ना (जकड़ना) ।

Clergy-क्लर्'-जि - *n.* the clerical order, the ministers of Gospel. पादरी लोग; **Clergyman**-*n.* (a man in holy orders.) धर्मशासक, पादरी ।

Clerical-क्लॅ-रिकल्-*adj.* pertaining to a clergy, pertaining to a writer or transcriber. पादरियों का, लेखक-संबंधी ।

Clerk-क्लार्क् - *n.* an officer in charge of records, a secretary, a scribe. लेखक, मुन्शी, दफ्तर का बाबू; **Clerkship** (-शिप्)-*n.* office or situation of a clerk. लेखक या मुन्शी का पद ।

Clever-क्लॅव्'-अर्-*adj.* (*comp.* Cleverer, *sup.* Cleverest.) dexterous, skilful, ingenious. चतुर, कुशल, प्रवीण ; **Cleverly** (-लि) - *adv.* dexterously, skilfully. कुशलता से, प्रवीणता से; **Cleverness** (-नॅस्) -*n.* skill, dexterity. निपुणता, चतुराई ।

Clew - क्लू - *n.* a ball of thread or yarn, the corner of a sail. डोरे की रील या गोली, पाल का कोना; -*v. t.* to coil up into a ball, to tie up a sail to the yard. डोरे की गोली बनाना, पाल को बल्ले में बाँधना ।

Click-क्लिक् - *n.* a catch in machinery, a sharp short sound. खटका, चटखनी, खटके का शब्द ; -*v. i.* to make a slight sharp sound, to tick. खटके या चटचटाहट का शब्द करना ।

Client - क्लाइ'-ऍन्ट् - *n.* the employer of a lawyer, a customer. मोवक्किल, ग्राहक ।

Cliff-क्लिफ् - *n.* a steep rock. चट्टान ; **Cliffman** (one who climbs a cliff.) पहाड़ पर चढ़नेवाला मनुष्य ; **Cliffy** (-इ) - *adj.* full of cliffs, steep. चट्टानों से पूर्ण, खड़ी ढालवाला ।

Climate-क्लाइ'- मॅट्-*n.* the condition of a region as regards temperature, dryness, wind &c. जलवायु, ऋतु; **Climatical** (-मॅट्-इक्-अल्)-*adj.* pertaining to climate. जलवायु संबंधी; **Climatize** (-आइज़्) -*v. t.* to inure to a new climate. किसी स्थान की जलवायु का अभ्यास कराना ।

Climatology-क्लाइ-में-टॅ-लॅ-जि-*n.* the science of climates, meteorology. जलवायु सम्बन्धी विद्या ।

Climax-क्लाइ'-मॅक्स् - *n.* culmination, apex, ascending series of ideas. उत्कर्ष, शिखर, चढ़ाव, विचार की उत्तरोत्तर वृद्धि ।

Climb-क्लाइम्ब्-*v. t.* to ascend, to mount. चढ़ना, ऊपर जाना ; **To climb down** (to descend.) उतरना ; **Climbable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be climbed. चढ़ने योग्य ; **Climber** (-अर्) -*n.* one who climbs, a creeper. चढ़नेवाला, लता ।

Clime-क्लाइम् - *n.* a tract or region of a country, climate. प्रदेश, देश, जलवायु ।

Clinch-क्लिन्च्-see **Clench.**

Clincher-क्लिन्च्-अर् -*n.* remark, argument. आक्षेप, वाद-विवाद।

Cling-क्लिङ्ग्-*v. i.* (*p. t.* & *p. p.* Clung-क्लङ्ग्) to stick, to adhere to, to remain faithful to. चिपकना, लगना, वफ़ादार रहना। **Clingy**-क्लिङ्गि-*adj.* adhesive. चिपचिपा।

Clinic-क्लिन्'-इक् -*n.* medical and surgical instruction at bed side. रोगी की शय्या के पास जाकर दी गई वैधक की शिक्षा; **Clinical** (-अल्) -*adj.* of the sick-bed. शय्याग्रस्त रोगी सम्बंधी; **Clinical-thermometer** (a thermometer for taking temperature of the body.) रोगी के शरीर का तापमान लेने का यन्त्र; **Clinically** (-अल्-लि)-*adv.* by the bed-side. रोगी के बिस्तर के समीप।

Clink-क्लिङ्क्-*n.* a sharp ringing sound, a prison. झन्झन् शब्द, कारागृह; -*v. t.* to cause to jingle. झनझनाना।

Clip-क्लिप् *n.* the wool of a season's sheep, shearing, a device for gripping or clasping or holding things together. भेड़ के कटे हुये बाल, बाल की कटाई या छँटाई, पकड़ने या चिपकाने या चीजों को दबा रखने का साधन; -*v. t.* (*p. t.* Clipped) to cut with shears or scissors, to trim, to embrace, to encircle, to hold firmly. काटना, कतरना, छाँटना, कलम करना, गले लगाना, घेरना, कसकर पकड़ना; **To clip one's wings** (to put a check on one's ambitious plans.) अभिलाषा पूर्ण होने में बाधा डालना; **Clipper** (-पर्)-*n.* one who or that which clips, a kind of boat, a small ship. बाल काटने की कैंची, छोटी नाव; **Clipping** (-पिङ्ग्) -*n.* a piece separated by cuttings. कतरन।

Clique-क्लिक्-*n.* a small exclusive party or action, a gang. दल, विरोधी पक्षवालों की मण्डली।

Cloak-क्लोक्-*n.* a loose upper garment, pretext. अँगरखा, बहाना; -*v. i.* to put on cloak. अँगरखा पहिनना।

Clock-क्लॉक्-*n.* a time-measuring instrument, an ornamental silk embroidery work on the upper border of a stocking. घड़ी (धरमघड़ी); मोजे के ऊपरी किनारे पर रेशमी कढ़ाई का सुन्दर काम; **Clock-maker** (one who makes or repairs clocks.) घड़ीसाज; **Clock-tower**-*n.* (a tower with a big clock set on its top.) घण्टाघर; **Clockwise**-*adv.* (in a way the hands of a clock revolve.) बाईं से दाहिनी ओर जाते हुए; **Like a clock-work** (like a machine, systematically.) नियम से, यंत्र की तरह।

Clod-क्लॉड्-*n.* a lump of earth, a lout. मिट्टी का ढोंका, मूर्ख; **Cloddish** (-इश्)-*adj.* stupid. मूर्ख; **Cloddy** (-डि)-*adj.* earthly, gross. मिट्टी का, भद्दा।

Clog-क्लॉग्-*n.* an impediment, a wooden-soled shoe. विघ्न, लकड़ी की एँड़ी का जूता; -*v. t.* (*p. t.* Clogged.) to burden, to impede, to obstruct. बोझ रखना, रोकना; **Clogginess** (the state of being cloggy.) चिपचिपाहट; **Cloggy** (-गि) -*adj.* knotty, sticky. गठीला, चिपचिपा, लसलसा।

Cloister-क्लॉयस्ट्-अर्-*n.* a convent, a monastery, a covered walk, a nunnery. मठ, विहार (आश्रम), वृक्षों से ढका हुआ मार्ग; संन्यासिनियों का आश्रम; **Cloistered** (-अर्ड्)-*adj.* dwelling in cloisters. मठ-वासी।

Close-क्लोज़्-*n.* conclusion, end. परिणाम, अन्त;-*v. t.* to shut, to end, to fill up, to unite, to bring nearer. बन्द करना, समाप्त करना, भरना, जोड़ना, समीप लाना;-*adj.* & *adv.* shut up, confined, narrow, covered, near, secretly, densely. बन्द, सीमित, संकुचित, ढका हुआ पास, गुप्त, घना; **Close examination** (minu examination.) सूक्ष्म परीक्षा; **Close graine** (compact.) ठस बिना हुआ; **Close hande** -*adj.* stingy. कंजूस; **To come in close quarters** (to come in direct contact with an enemy.) शत्रु के अति समीप पहुँच जाना; **Close of day** (evening.) सन्ध्या; **To close in** (to come near.) पास आना; **To close one's days** (to die.) मर जाना; **To close up** (to stop the current of electricity.) बिजली की धारा बन्द करना।

Closely-क्लोज़्'-लि-*adv.* secretly, attentively गुप्त रूप से, ध्यान लगाकर।

Closeness-क्लोज़्-नेस्-*n.* the quality of being close. छिपाव, समीपता।

Closet-क्लॉजिट्-*n.* a private or small room, गुप्त कोठरी, छोटा कमरा;-*v. t.* to hold private cosultation, to conceal. गुप्त वार्ता करना, छिपाना।

Closure-क्लो'-ज़र् -*n.* act of closing, the stopping of debate by vote. बन्द करने का कार्य, मत द्वारा किसी विषय को बहस को बन्द करना।

Clot-क्लॉट्-*n.* a semi-solid lump. थक्का, पिण्ड, ढोंका;-*v.i.* to form into clots. पिंड बन जाना, थक्का होना; **Clot of hair** (locks of hair. जटा; **Clotted** (-टेड्)-*adj.* coagulated. घनीभूत

Cloth-क्लॉथ्-*n.* (*pl.* Cloths-क्लाथ्स्) woven stuffs. भिन्न प्रकार के वस्त्र; a woven stuff

used for dress. कपड़ा, वस्त्र; To lay the cloth (to prepare for feast.) भोज की तैयारी करना।

Clothe-क्लोद्-*v. t.* (*p. t.* Clothed or Clad) to furnish with clothes, to cover. वस्त्र-पहिनाना, ढाँकना; **Clothes** (-क्लोद्ज़्) -*n. pl.* articles of dress. पहिनने के वस्त्र, पोशाक; **Clothier** (यर्) -*n.* a dealer in clothes. वस्त्र-विक्रेता, बजाज; **Clothing** (-इङ्ग्) -*n.* garmento, dress. वस्त्र, परिधान।

Clotted-*adj.* coagulated. घनीभूत।

Cloud-क्लाउड्-*n.* condensed visible watery vapour. मेघ, बादल, घटा ;-*v. t. & i.* to overspread, to darken, to become gloomy. ढाँकना, अँधेरा करना, उदास होना; **Clouded** (-एँड्) -*adj.* gloomy, hidden by clouds. धुँधला, बादलों में छिपा हुआ; **Cloudless**(-लॅस्) -*adj.* clear. बिना बादल का, स्वच्छ; **Cloudy** (-डि) -*adj.* overcast with clouds, obscure. मेघाच्छन्न, अस्पष्ट; **In the clouds** (out of sight, false.) अदृश्य, मिथ्या।

Clough-क्लफ्-*n.* a ravine. कन्दरा, गुफ़ा।

Clout-क्लाउट्-*n.* a piece of cloth or leather for mending, a rag, an iron plate, nails for shoe soles, centre of target, a knock. मरम्मत करने के लिए चिथड़ा या चमड़े का टुकड़ा, पेवन, लोहे का पत्तर, जूते के तलों में लगाये जानेवाले काँटे, लक्ष्य का केन्द्र, धक्का; -*v. t.* to patch, protect with iron nails or plate, to knock or hit. पेवन लगाना, लोहे की कीलें या पत्तर लगाकर रक्षा करना, धक्का देना या मारना।

Clove, Cloven-see **Cleave.**

Clove-क्लव्-*n.* a kind of pungent, aromatic spice. लवङ्ग।

Clover-क्लो'-व़र्-*n.* a kind of grass. तिनपतिया घास; **To live in clover** (to be in luxury.) ऐश्वर्य मे रहना।

Clown-क्लाउन्-*n.* a rustic, an ill-bred person, a buffoon. गवार; असभ्यजन, भौंड़, मसखरा; **Clownish** (-इश्) -*adj.* rustic, ill-bred बेढङ्गा, गँवार; **Clownishly** (-लि)-*adv.* in a clownish manner. गँवारपन से।

Cloy-क्लॉय्-*v. t. &i.* to overfeed, to disgust, to weary, to cause distaste, to become distasteful owing to excess. अति अधिक खिलाना, घृणा पैदा कर देना, थकाना, अरुचि पैदा करना, अधिकता के कारण अरुचिकर हो जाना।

Club-क्लब्-*n.* a heavy stick, thick at one end, a suit of cards, an association of persons, a room for such associations. गदा, ताश में चिड़ी, सभा, मण्डली, सभा का कमरा; -*v.t. & i.* (*p.t.* Clubbed) beat with a club, to combine together, to share in a common expense. गदा से मारना, सभा बनाना, किसी सम्मिलित कार्य के व्यय के लिए चन्दा इकट्ठा करना; **Clubbable** (-एँ-ब्ल्)-*adj.* suitable for club membership. सभासद होने के योग्य; **Club foot** (a short deformed foot.) स्थूल चरण; **Club-law** (government by physical force.) शक्तिपूर्वक शासन।

Cluck-क्लक्-*n.* the call of a hen to her chickens. मुर्गी की बोली;-*v. i.* to make such a sound. मुर्गी की तरह कुड़-कुड़ शब्द करना।

Clue-क्लू-*n.* a guiding principle, the thread of a story, train of thought. मार्गदर्शक सिद्धान्त, कथा का सूत्र, विचारक्रम; **Clueless** (-लॅस्) - *adj.* without clue or trace. निराधार।

Clump-क्लम्प्-*n.* a cluster of trees or shrubs, a bunch. कुञ्ज, गुच्छा;-*v. i.* to tread heavily. जोर से पैर पटकना।

Clumsily-क्लम्-ज़ि-लि -*adv.* in an awkward manner. भद्देपन से, फूहरपन से; **Clumsiness** (-ज़ि-नॅस्)-*n.* awkwardness. गँवारपन, फूहरपन; **Clumsy** (-ज़ि)-*adj.* awkward, ill-contrived. भद्दा, बेढङ्गा, फूहर।

Clung-क्लङ्ग्-*p. t. & p. p.* of Cling.

Cluster-क्लस्'-टर्-*n.* a bunch, group, crowd. गुच्छा, समूह (समुदाय), भीड़;-*v. i. & t.* to grow or collect in groups. एकत्र करना या होना, पिण्डीभूत करना।

Clutch-क्लच्-*v. t.* to seize eagerly, to grasp, to hold tightly. पकड़ना, जकड़ लेना, मुट्ठी में बाँधना;-*n.* a tight grasp, a brood of chickens. कसी हुई पकड़, मुर्गी के बच्चों का झुण्ड।

Clutter-क्लट्'-अर्-*v. t.* to run with confused noise. चिल्लाकर दौड़ना; -*n.* confused noise, bustle. कोलाहल।

Clyster-क्लिस्ट्-अर्-*n.* a liquid injected into the intestines. पेट में चढ़ाया जानेवाला पानी।

Co-को-*n.* an *abbr.* for Company. 'कम्पनी' शब्द का संक्षिप्त रूप; a prefix meaning together. 'एक साथ' के अर्थवाला उपसर्ग।

Coach-कोच्-*n.* a large four-wheeled carriage, a private tutor, a passenger railway train. चौपहिया गाड़ी, शिक्षक, यात्रियों की रेल-गाड़ी;-*v. i. & t.* to travel in a coach, to act as tutor. गाड़ी में यात्रा करना, पढ़ाना; **Coach-box** (the driver's seat on a coach.) गाड़ी

हाँकनेवाले के बैठने की जगह ; Coach-house a place for keeping a coach in.) गाड़ीघर; (Coaching (-इङ्ग्) -*n.* driving of a coach, instruction (*esp.* for examination.) गाड़ी हाँकना, पढ़ाना, शिक्षा देना (विशेषकर परीक्षा के लिये ।

Coadjutant - को-अड्- जू-टन्ट् -*n.* an assistant or associate. सहायक ।

Coadjutor- को -अड् - जू -टर् - *n.* (*fem.* Co-adjutrix.) an assistant, a colleague. सह-कारी, सहायक ।

Coagulate-को-ऑग्-यू-लेट् - *v. t. & i.* to curdle, to solidify. जमाना, जम जाना; Coagulation (-लें-शन्) - *n.* the act of clotting. जमने की क्रिया ।

Coak- कोक् -*n.* a hole in which pins are inserted. गुल्ली बैठाने का छिद्र ; *v. t.* to join by the aid of pins. गुल्लियों या गुल्लों द्वारा जोड़ना ।

Coal- कोल् -*n.* a black mineral used as fuel. पत्थर का कोयला;-*v. t.* to put or supply coal. कोयला भरना;Coalfield (a coal-mine.) कोयले की खान; Coal-gas (gas produced from coal.) कोयले से उत्पन्न जलनेवाली गैस ; Coaltar. अलकतरा ।

Coalesce-को-अ- लेस्'-*v. i.* to grow together, to combine, to unite. एक साथ उगना या बढ़ना, मिलना या मिलाना, एक होना ; Coalescence (-लेस् '-एन्स्) -*n.* union, fusion. संयोग, मिलाप ; Coalescent (-एन्ट्) -*adj.* uniting. संयोजक, एक होने वाला ।

Coalition -को-अलिशन् - *n.* union, alliance. संयोग, मेल ।

Coarse-कोर्स- *adj.* common, inferior, rough, unrefined, vulgar, large in texture. सामान्य, घटिया, भद्दा, असभ्य, अशिष्ट, मोटा; Coarsely (लि)-*adv.* roughly, vulgarly. रूक्षता से, भद्दे-पन से; Coarseness (-नेस्)-*n.* rough nature, vulgarity. रूखी प्रकृति, भद्दापन, असभ्यता, अशिष्टता ।

Coast- कोस्ट् - *n.* the border of land on sea-coast, exterior limit of country. सीमा, समुद्रतट, देश की वाह्य सीमा ; *v. i.* to trade between ports on the same coast, to sail near the coast. एक ही किनारे के बन्दरगाहों पर व्यापार करना, समुद्र के किनारे पर जहाज चलाना; Coastal (-अल) -*adj.* relating to coast. किनारे का; Coastwards-*adv.*(towards the coast. किनारे की ओर ।

Coat -कोट्-*n.* a man's upper garment, a covering, skin, rind, a layer. मर्दाना कोट, ढपना, खाल, छिलका, तह; -*v. t.* to cover, to spread with a layer of something. ढाँकना, तह चढ़ाना; Coat of mail (armour.) जिरह-बख्तर; Red-coat (a British soldier). अंग्रेज सिपाही; To dust one's coat (to beat.) पीटना; To turn one's coat (to abandon.) त्यागना; To wear the king's coat (to be a soldier.) सिपाही बनना; Petticoat (a loose under-skirt worn by females and little boys, a woman.) अंगिया, चोली, स्त्री ।

Coating- कोटिङ्ग - a layer of paint, cloth for coats. रंग की तह, कोट बनाने का कपड़ा ।

Coax- कोक्स्-*v. t.* to entice, to practise wheedling. फुसलाना, बहलाना; Coaxer (-अर्)-*n.* a flatterer, a wheedler. चापलूस, बहलानेवाला ।

Cob- कॉब् -*n.* a stout short-legged horse, a round-headed loaf, a spider, a big man, a miser, a leader, a round heap or mass of any thing, the seeding head of corn, a black-backed sea-bird, a male swan, a basket for carrying arms, clay mixed with straw for making walls. टट्टू, गोल माथे की रोटी, मकड़ा, बड़ा आदमी, कंजूस, नेता, नायक, किसी वस्तु का गोल ढोंका या जमाव, अनाज का बीज पैदा करनेवाला गोल सिरा, काली पीठवाली समुद्री चिड़िया, नर हंस, गोला-बारूद ढोने की टोकरी, कच्ची दीवाल बनाने के लिये फूस और मिट्टी का मिश्रण ।

Cobalt-को-बॉल्ट्-*n.* a metal like nickel. गिलट के समान एक सफेद धातु ।

Cobble- कॉ'- बल् - *v. t. & i.* to patch up, to work clumsily, to pave with round stone. चकती लगाना, भद्दे ढंग से काम करना, गोल पटिया का फर्श लगाना ; Cobbler (-ब्लर्) -*n.* mender of old shoes. फटे जूतों की मरम्मत करनेवाला मोची ।

Cobby-कॉब्'-बि-*adj.* stout, brisk. पुष्ट, तीव्र ।

Cobra-को'-ब्रा -*n.* a venomous hooded snake. नाग, विषैला सर्प, गेहुँवन साँप ।

Cobra.

Cobweb - कॉब्' - वेब् -*n.* spider's network, mesh. मकड़े का जाला, महीन जाली ।

Cocaine-को-केन्'-*n.* a drug producing local insensibility. कोकीन ।

Coccyx-कॉक्'-सिक्स् -*n.* the triangular bone ending in spinal column. रीढ़ की सबसे नीचे की तिकोनी हड्डी ।

Cochlea- कॉक्लिआ -*n.* the spiral cavity in the inner part of ear. कान के भीतर का घोंघे के समान कोष्ठ ।

Cock - कॉक् -*n.* (*fem.* Hen.) a male bird, male of a domestic fowl, tapped spout, lever in gun. नर चिड़िया, मुर्गा, टोंटी, बंदूक का घोड़ा;-*adj.* turning up. ऊपर को उठा हुआ; -*v. t.* to set erect. खड़े बल में रखना; -*v. i.* to strut. गर्व करना; **Cock-a-doodle-doo** (cry of a cock.) कुकुहूँकू ; **Cock and bull story** (an exaggerated story.) अतिरंजित कथा; **That cock won't fight** (that plan will not do.) इस उपाय से काम न चलेगा; **Cock of the walk** (an eminent person.) प्रधान पुरुष; **To cock one's eye** (to wink.) आँख मारना; **To cock one's hat** (to put on hat in a slanting way.) टेढ़ी टोपी पहिनना; **To raise cock** (to lift the lever of a gun.) बंदूक का घोड़ा चढ़ाना ।

Cockade-कॉक्-एड्-*n.* a rosette worn in hat. झब्बा, टोपी में लगाने का फ़ीता ।

Cockatoo - कॉक्-अ -टू' - *n.* a kind of parrot with crest. काकातुआ ।

Cockboat-कॉक्'- बोट्-*n.* a small boat.छोटी नाव ।

Cockcrow- कॉक्- क्रो-*n.* the early morning, dawn. प्रातःकाल, अरुणोदय ।

Cocker-कॉक्'-अर्-*v. t.* to pamper, to coddle.लाड़ करना, दुलार करना ।

Cockatoo.

Cockerel-कॉक् - ऍर् - ऍल्-*n.* a young cock. छोटा मुर्गा ।

Cock-eyed-कॉक्'-आइड्-*adj.* having a squint eye. ऐंचा आँखवाला ।

Cockle-कॉ'-कल्-*v. i.* to bulge, to pucker or wrinkle. फूलना, झुर्री पड़ना ; -*n.* a radiating stove, a cornfield weed, a mollusc, wrinkle. अँगीठी, अनाज के खेत की बेकार घास, घोंघा या सीपी, झुर्री ।

Cockney-कॉक्'-नी-*n.* a contemptuous word for a resident of London. लण्डन नगरवासी (मूर्ख) मनुष्य ।

Cockpit - कॉक् - पिट् -*n.* a pit where game-cocks fight. मुर्गा लड़ने का अखाड़ा ।

Cockroach- कॉक्'-रोच्-*n.* the black beetle. झींगुर, कनखजूरा, चपड़ा, तेलचट्टा ।

Cockscomb-कॉक्स्'- कोम्-*n.* the comb of a cock, fop, a dandy. मुर्गे की कलँगी, छैला, बाँका ।

Cocksure-कॉक्-श्यूर्-*adj.* confidently certain. पूर्ण निश्चित ।

Cocky- कॉक्' - इ- **Cocksy (Coxy)**-*adjs.* conceited. धृष्ट, घमंडी ।

Coco-को' - को - *n.* (also coco-nut palm, coco-palm, coco-tree.) the cocoanut tree. नारियल का पेड़; **Coconut, Cocoanut** (-नट्) -*n.* the fruit of the tropical palm. नारियल का फल ।

Cocoon-कॉ-कून्'-*n.* the silky case spun by a silk-worm. रेशम का कोवा ; **Cocoonery** (-अर्-इ)-*n.* the place where silkworms are reared. रेशम के कीड़ों को पालने का स्थान ।

Coction-कॉक्'- शन् -*n.* the act of boiling or cooking. उबालने की क्रिया ।

Cod-*n.* कॉड् -a large sea-fish. कॉड् नाम की समुद्री मछली ; **Codling** (-लिङ्ग्) -*n.* a small cod. छोटी कॉड् मछली; **Codliver oil**-*n.* oil of cod's liver. कॉड् मछली के जिगर का तेल ।

Coddle- कॉ- ड्ल्'-*v. t.* to nurse as an invalid, to treat tenderly, to fondle. रोगी की तरह परिचर्या करना, कोमलता से व्यवहार करना, दुलार करना ।

Code- कोड् - *n.* a systematic collection of laws, a secret language. धर्म संहिता, कानून की किताब, गुप्त भाषा ।

Codger-कॉज्'-अर्-*n.* an eccentric old person. झक्की वृद्ध पुरुष ।

Codicil-कॉड्'- इस्-इल् -*n.* a supplementary addition to a will. वसीयतनामे को तोड़ने या बदलने का लेख ।

Codifier - कोडिफायर् -*n.* a codist, one who codifies. कानून बनानेवाला ।

Codify- कोड्'-इफ् -आइ-*v. t.* (*p. t.* **Codified**) to reduce to a code or digest, to systematise. कानून बनाना; **Codification** (-इफ़ि-केशन्)-*n.* the process of codifying. कानून बनाने की क्रिया ।

Co-education-को' - ऍड्- यु- के -शन् - *n.* the education of boys and girls together. लड़के-लड़कियों को साथ पढ़ाने की व्यवस्था या क्रम, सहशिक्षा ।

Coefficient-को - ऍफ़ - इश्' - अन्ट् -*n.* a joint factor, a number or quantity that multiplies another number. गुणक, गुणा करनेवाली संख्या ।

Co-equal-को-ई-क्वल्- *adj.* of the same rank or dignity. बराबरीवाला ।

Coerce-को-अर्स्-*v. t.* to constrain or compel. रोकना, विवश करना; **Coercion** (-अर् - शन्) -*n.* controlling by force. बलपूर्वक अधीन

करना;Coercive(-अर्स्-इव्)-*adj.* compulsory. अनिवार्य;Coercive measures-क्रूर उपाय।

Coeval-को-ई'-वल्-*adj.* of the same age or duration. समकालीन (समवयस्क), एक अवस्था या समय का;-*n.* one of equal or same age. समकालीन या समवयस्क व्यक्ति।

Co-executor-को-ऍक्जि-क्यू-टर्-*n.* an executor with another person. दूसरे के साथ नियम इत्यादि बनानेवाला व्यक्ति।

Coexist-को-ऍक्जिस्ट्'-*v. t.* to exist at the same time. एक ही काल में होना;Coexistence(-ऍन्स्) -*n.* existence at the same time. एक ही काल का जीवन; Coexistent (-ऍन्ट्)-*adj.* existing at the same time. एक ही समय होनेवाला।

Coextensive-को-ऍक्स्-टॅन्'-सिव्-*adj.* extending over the same space or time. एक ही स्थान या समय में व्यापक।

Coffee-कॉफ्-फि - *n.* a drink made from the seeds of a shrub. कहवा, काफ़ी।

Coffer-कॉफ्-फ़र् - *n.* a box for valuables, (*pl.*) treasury. पेटी, कोष, (ब० व०) तिजोरी।

Coffin-कॉफ्-फ़िन् - *n.* a chest in which a dead body is enclosed. बक्स जिसमें शव (मुरदा) रक्खा जाता है; To drive a nail into one's coffin (to hasten death.) मृत्यु बुलाना।

Cog-कॉग्-*n.* the catch or tooth of a wheel by which it drives another wheel. पहिये का दाँता; Cogged (-गड्) - *adj.* toothed. दाँतेदार।

Cogence- कोजन्स् - *n.* (also Cogency) convincing power. विश्वस्त या निश्चित शक्ति।

Cogent-को'-जन्ट् -*adj.* forcible, convincing, powerful. प्रबल, निश्चित, विश्वस्त, बलवान्; Cogently (-लि) -*adv.* in a convincing manner. विश्वस्त या निश्चित रूप से।

Coggery-कॉगरि-*n.* trickery, cheating. छल, कपट।

Cogitable-कॉजिटेब्-ल्-*adj.* thinkable, conceivable. विचारणीय।

Cogitate-कॉज्'-इट्- एट् - *v. i.* to ponder, to meditate. ध्यान देना, विचार करना; Cogitative (-इव्) - *adj.* meditative. विचार-मग्न, ध्यानावस्थित।

Cogitation-कॉज्-इट्-ए-शन्-*n.* deep thought, meditation. गम्भीर चिन्ता या विचार।

Cognate-कॉग्-नेट् - *adj.* akin in origin, related or allied to. सगोत्री, सम्बन्धी।

Cognation-कॉग्-नेशन् - *n.* affinity, kindredness. बन्धुता, सम्बन्ध।

Cognition-कॉग्-निशन्'-*n.* perception, sensation, knowledge. बोध, अनुभव, ज्ञान; Cognitive- (-निट्'-इव्)-*adj.* pertaining to cognition. ज्ञान या अनुभव सम्बन्धी।

Cognizable-कॉग्-नि-ज़े-बल्-*adj.* perceptible, recognizable. विचार के योग्य: जानने योग्य, Cognizably (-ब्-लि)-*adv.* in a cognizable manner. जानने योग्य ढंग से।

Cognizance-कॉग्-निज़्-अन्स्-*n.* knowledge, sphere of observation. ज्ञान, चेतना; To have cognizance of (to have knowledge of.) जानकारी प्राप्त करना।

Cognizant-कॉग्' - निज़् - अन्ट् - *adj.* having knowledge of. ज्ञानवान्, सचेत।

Cohabit-को-हॅब्'-इट् -*v. i.* to dwell together as husband and wife. पति-पत्नी के समान सहवास करना; Cohabitation (-ए'-शन्) coition. सहवास, मैथुन।

Coheir-को'-ऐअर्-*n.* (*fem.* Coheiress.) a joint heir. हिस्सेदार, पट्टीदार।

Cohere-को-हिअर्'-*v. i.* to stick together, to remain united, to be consistent. चिपटना, संयुक्त (संवद्ध) होना; Coherence (-ऍन्स्)-*n.* consistency. संयोग, सन्दर्भ; Coherent-(-ऍन्ट्) -*adj.* connected, consistent. संबद्ध, अनुरूप।

Cohesion-को-ही-जन्'-*n.* the act of sticking together, connection. संयोग, लगाव।

Cohesive-को-ही'-सिव्-*adj.* producing union. एकता लानेवाला, संयुक्त होनेवाला।

Cohibit-को-हिब्'-इट्-*v. t.* (*p. t.* Cohibited) to restrain. अवरोध करना, रुकावट करना या रुकावट डालना।

Coif-कॉइफ़्-*n.* a cap or covering for the head. टोपी, टोप।

Coign-कॉइन् - *n.* a place affording a good view, a wedge. अच्छा दृश्य दिखानेवाला स्थान, फन्नी।

Coil-कॉइल्-*n.* arrangement in concentric circles. चक्कर, गेंडुरी; - *v. t.* to twist in a circular shape. लपेटना, गेंडुरी बनाना;Mortal coil (the human body.) नश्वर शरीर।

Coin-कॉइन् - *n.* metal money. मुद्रा, सिक्का, रुपया-पैसा;-*v. t.* to make money by stamping metal, to invent. सिक्का बनाना या गढ़ना, नई कल्पना करना; False coin (counterfeit coin.) जाली या खोटा सिक्का; The coin of one's own brain (fabrication, invention.) मनगढ़न्त कल्पना; To pay one in his own coin (to retaliate.) बदला चुकाना; Coinage (-एज्) - *n.* the act of

coining, pieces coined, fabrication. मुद्रा-ढलाई, सिक्के, कल्पना; Coiner (-अर्) -*n.* one who coins money. सिक्का बनानेवाला।

Coincide-को-इन्-साइड्'-*v. i.* to occupy the same position in space, to agree. समान या अनुरूप होना, ठीक-ठीक बैठना, सहमत होना; **Coincidence** (-इन्-सिड्-ऍन्स्)-*n.* agreement. अनुरूपता, मेल ; **Coincident** (-ऍन्ट्) -*adj.* coinciding. अनुरूप; **Coincidental** (-अल्) -*adj.* agreeing. एक साथ होनेवाला; **Coincidently** (-ऍन्ट्-लि)-*adv.* with coincidence. अनुरूपता से।

Co-inhere-को - इन् - हिअर् - *v. i.* to exist or inhere together. एक साथ होना।

Co-inheritance-को-इन्-हॅर्-रिट्-ऑन्स्-*n.* joint inheritance. संयुक्त उत्तराधिकार।

Co-interest-को-इन्'-टर्-ऍस्ट् - *n.* mutual interest. समानाधिकार।

Coir-कॉइर् - *n.* coconut fibre which is used for making ropes, matting &c. नारियल की जटा जो रस्सी, चटाई आदि बनाने के लिये काम में लाई जाती है।

Coition-को - इशन्' - *n.* sexual intercourse, cohabitation. मैथुन, रति।

Coke-कोक् - *v. t.* to convert coal into solid substance. पत्थर के कोयले को ठोस बनाना;-*n.* a kind of coal. बुझा हुआ पत्थर का कोयला।

Colander-कॅलण्डर् - *v. t.* to pass through a perforated vessel. चलनी में चालना; -*n.* a sieve. चलनी।

Colcothar-कॉल्'-को-थार्-*n.* red eroxide of iron. लाल रंग की कौसीस।

Cold-कोल्ड्-*n.* catarrh. जुकाम, सर्दी; - *adj.* of low temperature, chill, wanting zeal or ardour, indifferent, reserved, spiritless, not violent. कम तापक्रम का, ठंढा, उत्साहहीन, उदासीन, अतीव्र; **Cold colours** (blue, grey &c.) भूरा, नीला इत्यादि रंग; **Cold-cream** (a cooling ointment for skin.) चमड़े को ठंढा करनेवाला लेप; **Cold-hearted** (cruel, indifferent.) निर्दय, उदासीन; **Coldly** (-लि) -*adv.* indifferently. उदासीनता से; **Coldness** (-नॅस)-*n.* chilliness, indifference. ठंढक, रुखाई, उदासीनता; **Cold-steel** (sword.) तलवार; **In coldblood** (without excitement.) बिना उत्तेजना के; **To throw cold water** (to discourage.) उत्साहहीन करना।

Colic-कॉल्'-इक् -*n.* griping pain in belly. उदर-शूल, उदर-पीड़ा।

Collaborate-कॉल - लॅ - बरेट्'-*v. i.* to work conjointly. साथ साथ काम करना; **Collaboration** (-ए-शन्) - *n.* joint labour. सहकायता; **Collaborator** (-अर्) - *n.* an associate in labour. साथ काम करनेवाला मनुष्य।

Collapsible-कॅ-ल-लॅप्स्'-इ - बल् - *adj.* able to be pressed down. सिकुड़ने या दबने योग्य।

Collapse-कॅ-ल्'-लॅप्स् - *n.* a breakdown, loss of courage. क्षय, सन्निपात, शक्ति का ह्रास;-*v. i.* to break down. क्षय को प्राप्त होना, शक्तिहीन होना।

Collar-कॉलर् - *n.* a neckband, a connecting band. माला, कण्ठा, गले का पट्टा, बन्धन की पट्टी;-*v t.* to seize by collar. गरदन पकड़ना; **Collar-bone** (clavicle) हँसिया, हँसुली।

Collate-कॉल्-लेट्'-*v. t.* to compare in detail. विस्तारपूर्वक तुलना करना या मिलाना; **Collation** (-ले'-शन्)-*n.* the process of examination. संशोधन, परीक्षा।

Collateral-कॉल्-लॅट्'-अर्-अल् - *adj.* side by side, contributory, of common descent, corresponding. समानान्तर, समानोदक,सपिण्ड, एक ही पुरखों का ; **Collateral security** (security for payment of money besides the principal security.) जमानत के अतिरिक्त जमानत; **Collaterally** (-लि)-*adv* - side by side, indirectly. पास-पास, अप्रधान रूप से।

Collation-*n.*see Collate. संशोधन, परीक्षा।

Colleague-कॅल्'-लीग् - *n.* a co-worker, an associate, a partner of joint office. सहाय. साथी, समान व्यापार का।

Collect-कलॅक्ट्-*v. t. & i.* to assemble, to accumulate, to secure, to concentrate, to recover, to infer. संग्रह करना, एकत्र करना, केन्द्रीभूत करना, प्राप्त करना, अनुमान करना;-*n.* a short prayer. छोटी प्रार्थना; **To collect oneself** (to compose oneself.) सचेत होना, होश में होना।

Collectable (-ible)-कलॅक्टॅबल् (-इ-बल्)-*adj.* able to be collected. संग्रह करने योग्य।

Collected-कलॅक्टॅड् - *adj.* composed, cool, firm. शान्त, दृढ़; **Collectedly** (-ऍड्-लि) -*adv.* in a collected manner. संग्रह रूप में।

Collection-कलॅक्शन्-*n.* accumulation, heap, mass, assemblage. समूह, समुदाय, संग्रह (चन्दा)।

Collective-कलॅक्टिव् - *adj.* aggregate, common. एकीकृत, इकट्ठा किया हुआ, सामान्य ; **Collectively** (-इव् - लि)-*adv.* in a mass. एकत्र, एक साथ; **Collective noun.** समुदायवाचक संज्ञा।

Collector-कलॅक्टर् - *n.* one who collects, the chief officer of a district. इकट्ठा करनेवाला, जिलाधीश ; Collectorate (-अरेट्) -*n.* a collector's office. कलक्टर का दफ्तर; Collectorship (शिप्)-*n.* (the office of a collector.) जिलाधीश का पद ।

College-कॉल्- इज् - *n.* the institution for higher education affiliated to a university. उच्च विद्यालय, कालिज; Collegian (-लीज्-इ-अन्)-*n.* the member of a college. विद्यार्थी, कालिज का छात्र; Collegiate (-लीज्'-इ-एट्)-*adj.* of a college. विद्यालय सम्बन्धी ।

Collet-कॉल्' - इट् - *n.* a band or socket for jewel. नगीने की बैठकी ।

Collide-कॅल्-लाइड्'-*v. i.* to be in conflict, to strike or dash against each other. भिड़ना, टक्कर खाना ।

Collier-कॉल्'-इअर्-*n.* a coal-miner. कोयला खोदने या ले जानेवाला ; Colliery (-इ) -*n.* a coal-mine, a coal-ship. कोयले की खान, कोयला ले जानेवाला जहाज़ ।

Colligate-कॉल्-लिग्-एट्- *v. t.* to bind together. संबद्ध करना ।

Collinear-कॉल्-लिन्'-इ-अर् -*adj.* in the same straight line. एक ही रेखा में, एक रैखिक ।

Collision-कॅल् - लि'- जन्-*n.* conflict, opposition. विरोध, टक्कर, मुठभेड़ ।

Collocate-कॉल्'-लो -केट्- *v. t.* to place together, to arrange. इकट्ठा करना, क्रम में रखना ; Collocation (-के-शन्)-*n.* position, arrangement. स्थान, प्रबन्ध

Collocution-कॉ-लो-क्यू'-शन्-*n.* a conference. सभा ।

Collocutor-कॉ-लो-क्यू-टर् - *n.* a partaker in talks. साथ में बोलनेवाला ।

Collodion-कॉलोडि-अन्-*n.* a gluey solution of gun-cotton. तेजाबी रूई का चिपचिपा घोल ।

Collop-कॉलप्-*n.* a slice of meat (fried or unbaked.) मांस का बिना भूना या भूना हुआ टुकड़ा ।

Colloquial-कॅलो-क्वि - अल् -*adj.* conversational. बोलचाल का; Colloquialism (-इज़्म्) -*n.* a colloquial expression. बोलचाल का प्रयोग; Colloquially (-लि) - *adv.* बोलचाल की रीति से ।

Colloquy-कॅलक्वि- *n.* conversation, dialogue. संभाषण, बातचीत ।

Collotype- कॉ' - लो-टाइप् -*n.* a process of printing in photography. फ़ोटो का चित्र छापने की एक विधि ।

Collude-कॉ-ल्यूड्'-*v. i.* to conspire in fraud. जाल रचना, ठगना ।

Collusion-कॉ-ल्यू'-ज़न्- *n.* a secret compact for a fraudulent purpose, deceit. जाल, कपट, दलबन्दी ।

Collyrium-कॉ-लिर्'- इ-अम् -*n.* a salve for eyes. आँखों का आँजन, काजल, सुरमा ।

Colocynth-कॉलो-सिन्थ्-*n.* a kind of bitter apple. एक प्रकार का कड़ुआ सेब, इन्द्रायण ।

Colon-को-लन्-*n.* the large intestine, a punctuation mark (:). बृहदन्त्र, बड़ी आँत, विसर्ग चिह्न (:) ।

Colonel-कर्नल्-*n.* the highest regimental officer. सैन्यदल का अध्यक्ष, पलटन का कर्नल : Colonelship (-शिप्) -*n.* colonelcy. कर्नल का पद ।

Colonial-कॅ-लो'-नि - अल्-*adj.* pertaining to a colony. उपनिवेश सम्बन्धी, नई बस्ती का ।

Colonist-कॅलॉनिस्ट्-*n.* a settler in a colony. नई बस्ती में रहनेवाला ।

Colonization-कॉलॉनाइज़ेशन् -*n.* the act or practice of colonizing. नई बस्ती बसाने का कार्य, उपनिवेशन ।

Colonize-कॉलॉनाइज़- *v. t.* to establish a colony. नई बस्ती बसाना; Colonizer (-अर्) -*n.* one who establishes a colony. नई बस्ती बसाने वाला व्यक्ति ।

Colonnade-कॉलॅनेड्-*n.* a series or range of columns, a row of trees. खम्भों या वृक्षों की पंक्ति ।

Colony - कॉलॅनि' - *n.* (*pl.* Colonies) an independent city or state founded by emigrants, settlers in a new country. वासित प्रदेश, उपनिवेश, नई बस्ती ।

Colophony - कॉलफ़ो-नि -*n.* dark coloured resin. रजन, राल ।

Coloration-कलरेशन्-*n.* the art of colouring. रँगने की कला या कार्य ।

Colorific-कलरिफ़िक्-*adj.* able to give colour or tint to other bodies. दूसरे पदार्थों में रंग लाने योग्य ।

Colossal-कॉ-लो'-सल्-*adj.* huge, very large, gigantic. बड़ा, दीर्घकाय ।

Colossus-कॉल्'-लॉ-सस्-*n.* a gigantic statue. दीर्घकाय या बड़ी मूर्ति ।

Colour-कलर्-*n.* a particular hue, appearance, pretence. (वर्ण) रङ्ग, आकृति, बहाना; Colours (*pl.*) a flag or standard. (ब०व०) झंडा, पताका; -*v. t.* to paint, to disguise.

रँगना, छिपाना; Complementary colours (colours which when combined make white.) वे रंग जिनको मिलाने से सफेद रंग बन जाता है; Primary or simple colours (those that cannot make up white.) लाल, हरा तथा बैंगनी इत्यादि रङ्ग जो मिलकर सफेद रङ्ग नहीं बनाते; Secondary colours (mixture of two primary colours.) उक्त एक या अनेक रङ्गों का मेल ; To change colour (to turn pale.) पीला पड़ जाना; To come off with flying colours (to become victorious.) विजयी होकर आना; Under colour of (on pretext of.) बहाने से; Coloured (-ड्)-*adj.* (having colour, of deep colour.) रँगा हुआ, गहरे रंग का।

Colour-bar-कलर्-बार्-*n.* a social distinction existing between people of different colours. गोरे और काले मनुष्यों का सामाजिक भेद; **Colour-blind** (-ब्लाइन्ड्) - *adj.* having an imperfect sense of distinguishing colour. आँख का रोगी जिसे रङ्ग स्पष्ट नहीं देख पड़ते।

Colouring-कलरिङ्ग-*n.* a beautiful appearance, any thing used to give colour, manner of applying colours. सुन्दर आकृति, रङ्ग देने का सामान, रँगने का ढंग।

Colourist-कलरिस्ट्-*n.* a painter, one who colours. रङ्गसाज।

Colourless-कलर्-लेस्-*adj.* without colour, transparent, impartial. बिना रङ्ग का, पारदर्शक, निष्पक्ष।

Colt-कोल्ट्-*n.* (*fem.* Filly.) the young of a horse, an inexperienced person, an automatic pistol. बछेड़ा, अनुभवहीन मनुष्य, अनेक गोलियों की अपने आप छूटनेवाली पिस्तौल।

Colter-कोल्टर्-*n.* the cutting iron of a plough. हल का फार।

Column-कॉ' - लम्-*n.* a cylindrical pillar, support, mass, vertical division of a page, body of troops. खम्भा, आश्रय, परिमाण, पृष्ठ (पत्रे) का स्तम्भ,सेना की टुकड़ी;Columnar(नॉर्) -*adj.* like a column. स्तम्भ (खम्भे) के सदृश।

Coma-को'-मा-*n.* stupor, unnatural heavy sleep; lethargy, a tuft of soft silken hair over some seeds, the head of tree, the nebulous envelope round a comet. शिथिलता (सुस्ती), अप्राकृतिक निद्रा, आलस्य, कुछ बीजों के ऊपर के मुलायम रेशमी रेशों या बालों की चोटी, वृक्ष का सिरा, धूम्रकेतु के चतुर्दिक धुँधला घेरा।

Co-mate-को'-मेट्-*n.* a fellow mate or companion. साथी, सहचर।

Comb-कोम्-*n.* an instrument for arranging and cleaning hair, fleshy crest of fowl. कंघी, मुर्गे की चोटी; -*v. t.* to dress hair. कंघी करना, बाल सँवारना; To comb out (to separate.) अलग करना, अलगाना।

Combat-कम्'-बॅट्-*v.t.* to struggle, to contest, to fight. भिड़ना, लड़ाई करना; -*n.* a battle. युद्ध, संग्राम; Combatant (-अन्ट्)-*n.* a fighter. लड़नेवाला, योद्धा।

Comber-कोम्'-अर्-*n.* one who combs, one who combs wool, a kind of fish. बाल सँवारनेवाला, ऊन को कंघे से साफ करनेवाला, एक प्रकार की मछली।

Combination-कम्बिनेशन्-*n.* union, collection. सन्धि (संयोग, संसर्ग), जुटाव; -*pl.* close-fitting undergarments reaching from shoulders to knees. (ब० व०) शरीर के ऊपरी तथा निचले भाग को ढँकने का एक वस्त्र।

Combine-कम्बाइन्'-*v. t.* to join together, to unite. मिलाना, एक करना; -*v. i.* to co-operate. मिलना, जुट जाना।

Combiner-कम्बाइनर् - *n.* he, who or that which combines.मिलानेवाला व्यक्ति या पदार्थ।

Combustible-कॉम्बस्टि-ब्-ल्- *adj.* capable of being burnt, excitable. ज्वलनशील, उत्तेजक।

Combustion-कॉम्-बस्टयन्-*n.* destruction by fire. दाह, ज्वलन।

Come-कम्-*v. i.* (*p. t.* Came, *p. p.* Come.) to arrive to a point, to happen, to arrive at a certain state or condition, to appear. आना, होना, प्रकट होना, पहुँचना ; Come along (make haste.) जल्दी करो;Light come, light go (what is easily won is easily lost.) सहज में मिला, सहज में गया; To come about (to happen.) घटना होना; To come across (to meet with.)भेंट करना;To come at (to arrive, to reach.) पहुँचना; To come back (to return.) वापस आना; To come by (to acquire.) प्राप्त करना; To come down upon (to punish.) दण्ड देना; To come home to (to affect deeply.) अधिक प्रभाव डालना; To come in (to enter.) प्रवेश करना; To come in one's way (to interrupt) विघ्न डालना; To come into (to acquire.) प्राप्त करना; To come into sight (to be visible.) दृष्टिगोचर होना; To come off (to be detached.) अलग होना;To come out (to be successful) सफल होना; To come round (to regain health.) चंगा होना; To come short (to fail.) असफल होना; To come to a point (to taper.)

नोकीला होना; To come to an end (to terminate.) समाप्त होना; To come to blows (to quarrel.) लड़ जाना; To come to light (to be revealed.) प्रत्यक्ष होना; To come to pass (to happen.) घटना होना; To come up (to ascend) चढ़ना; To come upon (to make a sudden attack.) एकाएक आक्रमण करना; Come what may. जो चाहे सो हो;

Coming (-इङ्ग्)-*adj*. भविष्य का, आगामी।

Comedian-कमीडिअन्, **Comedist** (-डिस्ट्) *ns*. the writer of a comedy. सुखान्त नाटक लिखनेवाला, हँसानेवाला।

Comedy-कॉमिडि-*n*. (*pl*. **Comedies**-डीज़्) a stage play with happy ending. सुखान्त नाटक।

Comeliness-कम्'-लि-नेॅस्-*n*. attractiveness. सुन्दरता, खूबसूरती।

Comely-कम्'-लि-*adj*. pleasant to look at, graceful. सुन्दर, स्वरूपवान्।

Comer-कम्'-अर्-*n*. one who comes. आनेवाला।

Comet-कॉमिट्-*n*. a heavenly body with a tail of light moving round the sun in eliptical course. पुच्छल तारा; **Cometary** (-अ-रि), **Cometic** (-ऍ-टिक्)-*adjs*. pertaining to a comet. पुच्छल तारा सम्बन्धी।

Comfit-कम्'-फ़िट्-*n*. a sweetmeat, sugar-plum, confection. मिठाई, लायचीदाना, मेवों की मिठाई।

Comfort-कम्फ़र्ट्-*n*. satisfaction, content, relief in affliction, consolation. सन्तोष, सुख, आश्वासन;-*v. t*. to cheer, to soothe, to console. आनन्द देना, सान्त्वना देना, सुख देना; **Comfortable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj*. free from hardship, at ease. आनन्द या सुख देनेवाला, सुखी; **Comfortably** (-ऍब्-लि)-*adv*. in a comfortable manner. सुख से; **Comforter** (-अर्)-*adj*. & *n*. a woollen wrapper for the neck, one who comforts. ऊनी गुलूबन्द, सुखदायी, सन्तोष देनेवाला व्यक्ति; **Comfortless** (-लेॅस)-*adj*. without comfort. आनन्द रहित।

Comic-कॉम्-इक्-*adj*. of a comedy, producing mirth, funny. हास्यकर, हँसी लानेवाला; **Comical** (-अल्)-*adj*. laughable, odd. हास्यजनक, ठिठोलिया; **Comically** (-अल-लि)-*adv*. in a comical manner. हँसी से।

Coming-कम्-इङ्ग्-*n*. approach. पहुँच; -*adj*. expected to come. आगामी।

Comity-कॉम्-इट्-इ-*n*. courtesy, civility. शिष्टाचार, भलमनसी।

Comma-कॉमा-*n*. a punctuation mark (,). अंग्रेज़ी में छोटे विराम का चिह्न (,); Inverted commas (" "). दोहरे चिह्न जो किसी उक्ति के आरंभ और अन्त में लगाये जाते हैं (" ")।

Command-क-माण्ड्'-*v. t. & i*. to order, to have control over, to be supreme, to restrain, to have at disposal. आज्ञा देना, अधिकार रखना, शासन करना, अधिकार में लाना, अधीन करना;-*n*. order, bidding, exercise of authority, control. आज्ञा, अधिकार, शक्ति, प्रभुत्व; At command (available for use.) प्रयोग के लिये प्राप्त।

Commandant-कम्-आण्ड्-ऍान्ट्-*n*. the commanding officer of a fortress. किले का अधिकारी।

Commander-कम्-माण्ड्' - अर् - *n*. the commanding officer. आज्ञा देनेवाला अध्यक्ष, नायक; Commander-in-chief (one who has supreme command in the army.) सेना का सबसे बड़ा अफ़सर, जंगी लाट; **Commandership** (-अर्-शिप्)-*n*. office of a commander. जंगी लाट का पद।

Commanding-कम्-माण्ड्-इङ्ग्-*adj*. exalted, dignified. रोबदार।

Commandment-कम्-माण्ड्' - मेॅन्ट् - *n*. command, precept. आज्ञा, उपदेश।

Commemorate-कमॅमरेट्-*v. t*. to celebrate, to preserve in memory. स्मरणार्थ उत्सव मनाना; **Commemoration** (-ए'-शन्)-*n*. celebration. स्मरणोत्सव; In commemoration of (in remembrance of.) स्मरणार्थ; **Commemorative**. (-टिव्)-*adj*. serving to commemoіate. स्मरण दिलानेवाला।

Commence-कमेॅन्स-*v. t. & i*. to begin, to set up. आरम्भ करना, प्रवृत्त होना; **Commencement** (-मेॅन्ट्)-*n*. beginning, origin. आरम्भ, उत्पत्ति।

Commend-कमेॅण्ड-*v. t*. to entrust, to praise. (अर्पण करना) सौंपना, प्रशंसा करना, स्तुति करना; Commend me to (remember me to.) कृपापूर्वक मेरी याद दिलाना।

Commendable-कमेॅण्डेब्ल्-*adj*. praise-worthy. प्रशंसनीय, स्तुति के योग्य; **Commendably** (-ऍब्-लि)-*adv*. in a commendable manner. प्रशंसापूर्वक; **Commendableness** (-नेॅस्)-*n*. the state of being commendable. स्तुति की योग्यता; **Commendation** (-ए-शन्) -*n* praise, स्तुति, प्रशंसा, सिफ़ारिश।

Commensal-कमेॅन्सल्-*adj*. & *n*. one who eats at the same table. एक ही पंगत (पंक्ति) में भोजन करनेवाला, सहभोजी।

Commensurable-कमेन्सुरेबल्-*adj*. having a common measure, proportionate to. सपरिमाण, अनुरूप (तुल्य), सदृश; Commensurableness (-नेस्)-*n*. proportion. अनुरूपता; Commensurably (-ऍब्-लि)-*adv*. in a common measure. एक ही परिमाण से।

Commensurate-कमेन्सुरेट्-*adj*. coextensive. समान, तुल्य, बराबर; Commensurately (-लि) -*adv*. proportionately. समानानुपात से।

Comment-कॉम्-मेंन्ट्-*n*. explanatory remarks, criticism, observation, illustration. टीका, व्याख्या, समालोचना, उदाहरण; -*v. t.* (-कम्-मेंन्ट्') to write explanatory notes. टीका लिखना, व्याख्या करना, आलोचना करना; Commentary (-अरि)-*n*. set of running comments on a book. टीका, टिप्पणी, भाष्य; Commentation (-एं'-शन्)-*n*. the making of comments. टिप्पणी करने की क्रिया; Commentator (-एट्'-अर्)-*n*. an annotator. टीका लिखनेवाला, भाष्यकार।

Commerce-कॉम्'-मर्स्-*n*. exchange of merchandise. वाणिज्य, व्यवसाय, क्रय-विक्रय; Commercial (-मर्-शल्)-*adj*. pertaining to trade, mercantile. वाणिज्य सम्बन्धी; Commercialist (-इस्ट्)-*n*. one engaged in commerce. व्यवसायी; Commercially (-शॅल्-लि)-*adv*. in a commercial manner. व्यवसायिक रूप से।

Commingle-कमिङ्गल्-*v. t. & i.* to mix or mingle together. मिश्रित करना, एकीभूत होना, मिलना।

Comminute-कॉम्'-मिन्-यूट्-*v.t.* to reduce to podwer. बुकनी करना।

Commiserate-कम्-मिज़्'-अर्-एट्-*v. t.* to feel or show pity for. दया करना, करुणा दिखाना; Commiseration (-एं'-शन्)-*n*. compassion. दया, कृपा; Commiserative (-एट्'-इव्)-*adj*. compassionate. दयालु।

Commissariat-कॉमिसेरिअट्-*n*. the department for the supply of provisions &c. to army. सेना को रसद पहुँचाने का दफ्तर, कमसरियट।

Commissary-कॉम्'-मि-स-रि-*n*. a deputy, an officer charged to supply provisions. डिपटी, रसद भेजनेवाला अफ़सर।

Commission-कमिशन्-*n*. command, authority, warrant, conferring authority, percentage on an amount, a committee of enquiry. आज्ञा, अधिकार, आज्ञा-पत्र, दस्तूरी आयुक्त; -*v. t.* to authorize. अधिकार देना, नियुक्त करना; Commission-agent -*n*. a merchant who buys or sells on a commission basis. अढ़तिया; Commissioned (-ड्)-*adj*. authorized. अधिकार दिया हुआ; Commissioned officer-*n*. an officer appointed by a commission. राजा से नियुक्त अधिकारी; Commissioner (-अर्)-*n*. one who is appointed by commission, supreme authority in a district. किसी कार्य सम्पादन के लिये नियुक्त किया हुआ अफ़सर, कई ज़िलों का हाकिम (कमिश्नर), आयुक्त।

Commissure-कॉम्-मि'-श्योर्-*n*. a place where two bodies unite. दो पदार्थों का मिलन-स्थल।

Commit-कमिट्'-*v. t.* (*p. t.* Committed) to entrust, to consign, to perpetrate a crime. समर्पण करना, सौंपना, अपराध करना; To commit to memory (to learn by heart.) रटना; To commit to prison (to send to jail.) जेलखाने भेजना; Commitment (-मेंन्ट्)-*n*. pledging, imprisonment. सौंपना, जेलखाने भेजना; Committal (-टल्)-*n*. act of committing. आत्मसमर्पण, जेलखाने जाना।

Committee-कॅमिटी-*n*. body of persons appointed to manage any business. समिति, नियुक्त पुरुष, सभा, पंचायत; Select Committee. प्रवर समिति; Standing Committee स्थायी समिति।

Commix-कमिक्स्-*v. t. & i.* to mix together. साथ मिलाना या मिलना।

Commode-कमोड्-*n*. a chest of drawers, a night-stool, a tall head-dress for ladies, a procuress. दराजदार बक्स, मल-मूत्र त्याग करने का पात्र, औरतों की ऊँची टोपी, कुटनी।

Commodious-कमोडिअस्-*adj*. suitable, convenient. उपयुक्त, सुविधा का; Commodiously (-लि)-*adv*. conveniently. सुविधा से; Commodiousness (-नेस्)-*n*. suitableness. सुविधा।

Commodity-कमॉड्'-इ-टि-*n*. (*pl.* Commodities.) an useful thing, an article of trade. उपयोगी वस्तु (सामग्री), द्रव्य (जिन्स)।

Common-कॉमन्-*adj*. belonging equally to, general, public, of ordinary occurrence, vulgar. साधारण, सामान्य, सार्वलौकिक, ग्राम्य; -*n*. a land for public use. सर्वसामान्य का मैदान; Common divisor (the number which divides two or more numbers without a remainder.) समापवर्तक; Common gender (*i. e.* masculine or feminine.) उभयलिंग; Common good (public welfare.) [illegible] ...on noun (name a[illegible]

जातिवाचक संज्ञा ; **Commonplace**-*adj.* (ordinary, trite.) सामान्य, तुच्छ; -*n.* (everyday subject) प्रतिदिन का विषय ; **Commonplace-book** *n.* (a book in which things to be remembered are recorded.) याद करने योग्य बातें लिखने की पुस्तक; **Common seal**-सामान्य मुद्रा, सामान्य मुहर; **Common sense** (sound practical judgment.) व्यावहारिक ज्ञान; **Commonweal** (the public good.) सार्वजनिक कल्याण ; **In common** (in joint use.) साझे का; **In common with** (in the same way as.) एक ही प्रकार से; **Out of the common** (uncommon, peculiar.) असामान्य ।

Commonalty-कॉमनल्टि-*n.* body corporate, the common people. सर्वसामान्य, प्रजा लोग।

Commoner-कॉमनर्-*n.* one of the common people. सामान्य मनुष्य ।

Commonly-कॉमन्-लि-*adv.* usually. साधारण रीति से, बहुधा, प्रायः ।

Commons-कॉमन्ज़्-*n.pl.* the common people. सर्वसामान्य; **House of Commons** (the Lower House in English Parliament.) अँग्रेजी पार्लियामेन्ट् की सामान्य जनता की सभा।

Commonwealth-कॉमन्-वेॅल्थ्-*n.* the whole body of people in a state. किसी देश की सम्पूर्ण प्रजा, राष्ट्रमण्डल ।

Commotion-कमोशन्-*n.* confusion, tumult, agitation, disturbance. क्षोभ, विप्लव, कलह, हलचल ।

Commove-कमूव्-*v. t.* to excite, to agitate. उत्तेजित करना ।

Communal- कम्यूनल् -*adj.* public, of the community. सर्वसाधारण, जातीय, जातिगत ; **Communalism** (-इज़्म्)-*n.* government by local autonomy. सर्वसामान्य-शासित राज्यक्रम; **Communalist** (-इस्ट्) - *n.* a believer in communalism. इस सिद्धान्त का प्रचारक; **Communalize** (-आइज़्)-*v. t.* to make the property of local community. सम्पत्ति पर सब का समान अधिकार स्थिर करना ।

Commune-कॉम्-म्यून-*v. i.* to hold intimate intercourse with. सम्भाषण करना, बातचीत करना;-*n.* a corporation, a small territorial district in France. संस्था, फ्रान्स का एक विभाग।

Communicable-कम्यूनिकेॅबल् - *adj.* that can be communicated. प्रकाशित करने योग्य ।

Communicant-कम्यूनिकॉण्ट् - *n.* one who imparts or gives information. समाचार देनेवाला ।

Communicate - कम्यूनिकेट् - *v. t. & i.* to impart, to transmit, to reveal, to hold intercourse with. कहना, देना, फैलाना, संचार करना, बातचीत करना ।

Communication-कम्यूनिकेशन् - *n.* act of imparting news &c., intercourse, information given, correspondence. कथन, व्यवहार, सन्देश (बातचीत), पत्र-व्यवहार ।

Communicative-कम्यूनिकेटिव् - *adj.* open, not reserved, talkative. स्फुट, बकवादी; **Means of Communication** (ways of correspondence.) सन्देश-साधन ; **Communicativeness** (-नेॅस्) - *n.* talkativeness. वातूनीपन ।

Communicator-कम्यूनिकेटर् - *n.* that which communicates, part of a telegraphic transmitter. सूचना देनेवाला, तारबर्क़ी का एक यन्त्र ।

Communion-कम्यूनिअन् - *n.* sharing, fellowship, participation in Lord's Supper. सम्पर्क, साथ, ईसा मसीह के स्मरणार्थ भोज; **Communionist** (-इस्ट्)-*n.* member of the same communion. एक संघ का सभासद ।

Communique-कॉ-म्यून् - ई - कें-*n.* an official statement which is given to the press. सरकारी विज्ञप्ति ।

Communism - कॉम्यूनिज़्म् - *n.* vesting of property in the community. सम्पत्ति का समाजीकरण, साम्यवाद ।

Community-कम्यूनिटि - *n.* (*pl.* Communities) society, association, joint ownership, communion, fellowship. समुदाय, मण्डली, बिरादरी, जाति, लोकसमाज ।

Commutable-कम्यूटेॅबल् - *adj.* able to be exchanged. बदलने योग्य ।

Commutation-कम्यूटेशन्-*n.* exchange of one thing for another. परिवर्तन, विपर्यय, अदल-बदल, हेर-फेर ।

Commutative-कम्यूटे टिव् - *adj.* relating to exchange, interchangeable. विनिमय संबंधी, परिवर्तन योग्य ।

Commutator-कॉम्यूटेटर् - *n.* an instrument for changing the course of an electrical current. बिजली की धारा का क्रम बदलने का यन्त्र ।

Commute-कम्यूट्-*v. t.* to interchange or exchange. अदल-बदल करना ।

Comose-को'-मोस्-*adj.* hairy. रोवेंदार ।

Compact-कम्पॅक्ट्-*n.* an agreement between parties, a treaty. सट्टा, सन्धि;-*v. t.* to join firmly. कसकर बाँधना, दृढ़ करना;-*adj.* con-

densed, dense, terse. अविरल, घना, ठोस ; Compactly (-लि) - *adv*. in a compact manner. दृढ़ता से; Compactness (-नेंस्)-*n*. the state of being compact. घनता, दृढ़ता ।

Compages-कम्प - जीज़्-*n*. a framework or structure. ढाँचा ।

Companion-कम्-पीँन् - यन्-*n*. comrade, an associate or partner. सहचर, मित्र, सङ्गी, साथी, - *v. t.* to accompany. साथ देना ; Companion-in-arms (fellow soldier.) साथी सिपाही; Companionable (-एँ-ब्ल्)-*adj*. sociable. मित्रवत, मिलनसार; Companionship (-शिप्)-*n*. fellowship. सङ्गति, संसर्ग ।

Company-कम्'-पन्-इ- *n*. (*pl*. Companies) companionship, number of persons assembled, a society, party of players. समागम, संसर्ग, जन-समूह, समवाय, सभा, मण्डल, खेलाड़ियों की टोली; To bear (keep) company (to accompany.) साथ देना ।

Comparative-कम्-पॉ'-रॅट्-इव्-*adj*. estimated by comparison. तुलनात्मक ।

Compare-कम्-पेँअर्'-*v t. & i.* to liken, to estimate similarity of, to be like or equal. तुलना करना, उपमा करना, मिलाना, समान होना;-*n*. similitude, comparison. समानता ।

Comparison-कर्पॉरिज़न्-*n*. act of comparing, a simile, an illustration. तुलना, उपमा, सादृश्य ।

Compart-कम्पार्ट्-*v t.* to divide into compartments. भाग करना, टुकड़े करना ; Compartment (-मेँन्ट्)-*n*. a separate part, partition of a railway carriage. विभाग, रेल का डब्बा ।

Compass-कम्'-पस्-*n*. circuit, limit, range, an instrument consisting of a magnetised needle. परिधि, हद, विस्तार, कुतुबनुमा; Compasses (-एँज़्) -*pl*. an instrument for describing a circle. परकाल;-*v. t.* to go round, to accomplish. घेरना, पूर्ण करना ।

Mariner's Compass.

Compassion-कर्म्पीशन्-*n*. pity. दया, (कृपा, करुणा); Compassionate (-इट्)-*adj*. sympathetic, merciful. कृपालु, दयालु, दयावान् ; Compassionately (-इट्-लि)-*adv*. mercifully. दयालुता से ।

Compatible - कम्पॉटिब्ल् - *adj*. consistent, able to co-exist, suitable, congruous. अविरुद्ध, योग्य; Compatibility (-इब्-इल्-इट्-इ) -*n*. suitableness. योग्यता, अनुरूपता; Compatibly (-इब्-लि)-*adv*. suitably. अनुरूपता से ।

Compatriot - कम्पेँ ट्रिअट्-*n*. a fellow countryman. एक ही देश का निवासी;Compatriotic (-इक्)-*adj*. pertaining to fellow-countrymen. एक ही देश के निवासियों (के रहनेवालों) का ।

Compeer - कम्पिअर् - *n*. equal, comrade. समान, साथी, मेली (मित्र) ।

Compel-कम्पेँल्-*v. t.* (*p. t.* Compelled) to constrain, to bring about by force, to oblige, to overpower. बलपूर्वक कोई कार्य करवाना, दबाव डालना, विवश करना, लाचार करना ।

Compendious-कॉम्-पेँन्ड्'-इ-अस्-*adj*. concise, brief. संक्षिप्त (सारभूत), परिमित ; Compendiously (-इ-अस्-लि)-*adv*. in brief, concisely. संक्षेप में; Compendiousness (-इ-अस्-नेँस्) -*n*. conciseness. संक्षेप ।

Compendium-कॉम्-पेँन्ड्'-इ-अम्-*n*. summary, abstract. संक्षेप (संग्रह), सार ।

Compensate-कम्-पेँन्-सेट्-*v. i. & t.* to make up for, to make amends for, to recompense. पूरा करना, बदला देना, हरजाना देना (बराबर करना) ।

Compensation-कॉम्'-पेँन्-सेँ-शन् - *n*. recompense, amends. पारितोषिक (शुल्क, प्रतिफल), हरजाना;Compensation balance (an appliance for neutralizing effects of temperature.) शीतोष्ण का प्रभाव न डालनेवाली जेबी घड़ी की फिरकी ; Compensational (-अल्)-*adj*. dertaining to compensation. शुल्क सम्बन्धी ।

Compensative-कॉम्-पेँन्-सेट्-इव्, Compensatory (-अर्-इ)-*adjs*. giving comepensation. क्षतिपूरक ।

Compensator-कॉम्-पेँन्-सेँ-टर् - *n*. one who compensates. बदला देनेवाला, क्षति चुकानेवाला।

Compete-कम्पीट्-*v. t.* to rival, to vie with. स्पर्धा करना, बराबरी करना ।

Competence-क-म्पि-टॅन्स्, Competency (-टन् सि)-*ns*. capacity, ability, fitness, suitableness, suifficiency. योग्यता, सामर्थ्य, शक्ति, गुण ।

Competent-क-म्पि-टॅण्ट-*adj*. adequate,suitable, properly qualified, permissible. योग्य (उचित, पर्याप्त), निपुण; Competently (-लि) - *adv*. properly. योग्यता से ।

Competition - कॉम्पिटिशन् - *n*. the act of competing. स्पर्धा, बराबरी, प्रतियोगिता ।

Competitive - कम्पिटिटिव् - *adj*. relating to

or characterised by competition. बराबरी या स्पर्धा करने के कार्य से सम्बन्धित।

Competitor-कम्पिटिटर् *-n.* (*fem.* **Competitrix** (-रिक्स्) one who competes, a rival. प्रतिस्पर्धा या बराबरी करनेवाला।

Compilation - कम्पिलेशन् - *n.* the act of compiling. संग्रह, सङ्कलन।

Compile-कम्पाइल् - *v. t.* to collect materials from various authors, to amass. सङ्कलित करना, संग्रह करना; **Compiler** (-अर्) *-n.* ग्रन्थ संग्रह करनेवाला।

Complacence (-cy)-कम्-प्ले-सॆन्स् (-सि) - *ns.* pleasure, self-satisfaction, civility. आनन्द, सन्तोष, सज्जनता।

Complacent-कम्-प्ले-सॆन्ट् - *adj.* self-satisfied· सन्तुष्ट; **Complacently** (सॆन्ट्-लि) *-adv.* in a complacent manner. आनन्दपूर्वक,सन्तोषपूर्वक।

Complain-कम्प्लेन्-*v. i.* to express dissatisfaction, to state a grievance. असन्तोष प्रकट करना, शिकायत करना; **Complainant** (ऑन्ट्) *-n.* a complainer, a sufferer, a plaintiff. प्रार्थी, अभियोगी, वादी (दावा करनेवाला)।

Complaint-कम्प्लेंण्ट् *-n.* expression of grief, formal accusation, a disease. दुःख का उद्‌गार, फरियाद, अभियोग, रोग।

Complaisance - कॉम्प्लेज़ॉन्स् - *n.* politeness, civility. शिष्टाचार, भलमन्सी।

Complaisant-कॉम्-प्ले-ज़ॉन्ट्-*adj.* desirous or pleasing, obliging. अनुरोधी, आज्ञानुकूल; **Complaisantly** (-ज़ॉन्ट्-लि)-*adv.* obligingly. अनुरोध-सहित।

Complement - कॉम्प्लिमॆण्ट् - *n.* that which completes, fullness. परिपूरक, सम्पूर्णता; (कॉम्-प्लि-मॆन्ट्)-*v. t.* to complete. पूर्ण करना; **Complementary** (-मॆण्टरि) *-adj.* supplying a deficiency. कमी पूर्ण करनेवाला।

Complete-कम्प्लीट्-*adj.* entire, finished. पूर्ण, समाप्त;-*v. t.* to finish, to make whole, to accomplish. समाप्त करना, पूर्ण करना; **Completely** (-लि)-*adv.*entirely. पूर्ण रूप से; **Completeness** (-नॆस्) *-n.* the state of being complete. सम्पूर्णता, समाप्ति।

Completion - कम्प्लीशन्-*n.* act of completing, fulfilment, accomplishment. सिद्धि समाप्ति, पूर्ण परिणाम।

Complex- कॉम्-प्लॆक्स् - *adj.* consisting of parts, complicated, intricate. मिश्रित, संयुक्त, पेंचीला।

Complexion-कम्'-प्लॆक्शन्-*n.* natural colour, appearance of the face, character, temperament. रङ्ग-रूप, मुखराग, प्रकृति, स्वभाव।

Complexity - कॉम्-प्लॆक्स्- ट्-इ-*n.* intricacy, complication.जटिलता,पेंचीलापन;**Complexly** *-adv.* in a complex manner. पेंचीलेपन से।

Compliance - कम्-प्लाइ' - ऑन्स् *-n.* consent, submission. स्वीकृति,आज्ञानुकूलता, आज्ञाकारिता।

Compliant - कम्-प्लाइ - ऑन्ट् - *adj.* yielding, obliging. सरल प्रकृति का, आज्ञाकारी, संकोची।

Complicacy - कम्प्लिकॆसि - *n.* quality or state of being complicated, a complicated structure. जटिलता, पेंचीली बनावट।

Complicate-कॉम्-प्लिक्'-एट्-*v. t.* to mix up, to make complex or intricate. उलझाना, फँसाना।

Complicated - कॉम्' - प्लिक् - एट्'-एड् *adj.* intricate, complex. गहन, जटिल, पेंचीला।

Complication-कॉम्-प्लिक्'-ए-शन्-*n.* entangled condition. उलझन।

Compliment-कॉम्'-प्लि-मॆन्ट्-*n.* polite expression of praise, praise, favour.अभिनन्दन के वचन(नमस्कार),प्रशंसा;-*v. t.* (-मॆन्ट्) to address with respect, to praise, to congratulate. नमस्कार करना, सराहना, बधाई देना; **Complimentary** (-मॆन्ट्-अर्-इ)-*adj.* expressive of praise. प्रशंसनीय।

Comply - कम्-प्लाइ'-*v. i.* (*p. t.* **Complied**) to consent, to act in accordance with. स्वीकार करना, अनुरोध करना (मानना)।

Component - कम्पोनॆन्ट् - *adj.* forming part of a whole. साधक,अङ्गभूत;**Component part** (constituent part.) अङ्ग, भाग।

Comport-कम्पोर्ट् *-v. i. & t.* to conduct, to agree, to behave, to accord. व्यवहार करना, सहमत होना; **To comport with** (to suit.) योग्य होना।

Compose - कम्पोज़्' *-v. t.* to constitute, to construct in words, to set up types, to arrange, to tranquilize, to calm, to adjust. निर्माण करना (बनाना), रचना करना, टाइप बैठाना, शान्त करना, लिखना; **Composed** (-ड) calm. शांत **Composedly** (-इ-लि)-*adv.* in a composed manner. शान्त भाव से;**Composedness** (-इ-नॆस्)-*n.* capability of being calm and quiet. शान्ति; **Composer** (-अर्) *-n.* one who composes, an author. टाइप बैठानेवाला, लेखक; **Composing** (-इङ्ग्) *-n.* the act of placing together. बैठाने की क्रिया; **Composing-stick** (a frame for setting types) टाइप बैठाने का फ़र्मा।

Composite - कॉम्पज़िट् - *adj.* made up of

various parts. पृथक् विभागों से निर्मित; **Composite carriage** (a carriage with compartments of different classes.) एक ही गाड़ी में लगे हुए भिन्न दरजे के रेल के डिब्बे; **Compositeness** (-नेस्) -*n.* the state of being composite. समष्टि, जुटाव।

Composition - कॉम्-पो-जिशन्-*n.* construction, literary production. बनावट, साहित्यिक रचना, लेख।

Compost - कॉम्' - पोस्ट् - *n.* a compound, manure, a mixture. यौगिक, खाद, मिलावट।

Composure - कम्पोजर् - *n.* calmness, tranquillity. शान्ति।

Compote - कॉम् - पोट् -*n.* fruit preserved in syrup. शर्बत में रक्षित फल।

Compound - कम्पाउण्ड् -*v. t. & i.* to mix, to combine, to settle, to come to terms. मिश्रित करना, मिलाना, सन्धि करना, सुलह कर लेना;-*n. & adj.* (कॉम्'-पाउन्ड्) a mixture, an enclosure, combined, collective. मिलावट, बाड़ा, मिश्रित, समस्त; **Compound addition** (calculation of quantities of different denominations.) मिश्र जोड़; **Compound fracture** (breakage of a bone causing wounds in flesh.) हड्डी का ऐसा टूटना जब टूटी हड्डी की नोक दूसरा घाव कर देती है; **Compound interest** (interest added to the principal and bearing interest.) चक्रवृद्धि ब्याज; **Compound word** (two or more words joined together to form a single word.) संयुक्त पद।

Compoundable - कम्पाउण्डेबल् -*adj.* capable of being compounded or settled. सुलह करने योग्य।

Compounder - कम्पाउण्डर् - *n.* one who compounds or mixes things. पदार्थों को मिलानेवाला, औषधि बनानेवाला।

Comprehend - कॉम्-प्रि-हेन्ड्'-*v. t.* to understand, to grasp mentally, to include. समझना, ग्रहण करना।

Comprehensible - कॉम्-प्रि-हेन्स्'-इ-बल् - *adj.* capable of being understood. ग्राह्य, समझने योग्य; **Comprehensibility** (-बिल-इट्-इ) - *n.* the state of being comprehended. ग्राह्यता।

Comprehension-कॉम्-प्रि-हेन्'-शन्-*n.* faculty of understanding. ज्ञान, बुद्धि।

Comprehensive - कॉम्-प्रि-हेन्स्'-इव् - *adj.* of understanding, extensive समझने योग्य, विस्तृत; **Comprehensively** (-लि) -*adv.* in a comprehensive manner. समझ से, विस्तृत रूप में।

Compress-कम्प्रेस्' -*v. t.* to press together, to squeeze. निचोड़ना, दबाना;-*n.* (कॉम'-प्रेस) a soft pad for compressing artery. खून बहना बन्द करने के लिये बाँधने की गद्दी; **Compressed** (-ड्) -*adj.* condensed into a small space. दबाया हुआ; **Compressible** (-इ-बल्) -*adj.* squeezable. दबाने योग्य; **Compression** (-प्रेशन्) -*n.* state of being compressed. दबाव; **Compressive** (-इव्) -*adj.* having power to compress. दबाने योग्य; **Compressor** (-अर्) -*n.* that which compresses. दबानेवाला।

Comprise (-ze)-कॅम-प्राइज़्' -*v. t.* to include, to contain, to sum up. सम्मिलित करना (व्याप्त करना), मिलाना।

Compromise-कॉम्-प्रो-माइज़्-*n.* mutual settlement of differences, adjustment. आपस का निबटारा, समझौता;-*v. t.* (-माइज़्') to settle dispute by mutual agreement. आपस में मिलकर झगड़ा तय करना।

Comprovincial-काम्-प्रॉ- व्हिन्' -शल् - *adj.* of the same province. एक ही प्रदेश का।

Comptroller-कम्प्-ट्रोल्' - अर् - *n.* one who checks the accounts of a state by counter-rolls. हिसाब-नियंत्रक ; **Comptroller and Auditor-General.** महालेखा परीक्षक, नियंत्रक।

Compulsion-कम्पल्शन्-*n.* obligation, constraint. अनुरोध, दबाव।

Compulsive-कम्पल्सिव्-*adj.* tending to compel. दबाव डालने योग्य; **Compulsively** (-लि)-*adj.* in a compulsive manner. दबाव से।

Compulsorily-कम्पल्सरिलि-*adv.* in a compulsory or obligatory manner. अनुरोध से, बलात्, हठ से।

Compulsory-कम्पल्सरि - *adj.* enforced, compelling. बाध्यकारी, अनिवार्य।

Compunction-कम्पङ्क्शन्-*n.* the pricking of conscience, regret. मनोव्यथा, पश्चात्ताप (खेद) ; **Compunctious** (-शस्) - *adj.* remorseful, repentant. अनुतापी, पश्चात्ताप करनेवाला।

Compurgation-काम्-पर्-गे'-शन्-*n.* the clearing from a charge, vindication. किसी दोष से मुक्त होना।

Computable-कम्प्यूटेबल् - *adj* that may be calculated or reckoned गणना करने योग्य।

Computation-कम्प्यूटेशन्-*n.* estimate, reckoning. गणना, गिनती।

Computative-कम्-प्यु - टेट् - इव्-*adj.* capable

of being reckoned or numbered. गणना करने योग्य।

Compute-कम्-प्यूट्'-*v.t.* to reckon, to number, to calculate. गणना करना, गिनना, लेखा करना।

Comrade-कॉम्रेड् - *n.* a companion, an intimate associate. मित्र, साथी (सङ्गी); **Comradeship** (-शिप्) -*n.* friendship. मैत्री, दोस्ती।

Con-कॉन्-*v. t.* (*p. t.* **Conned**) to study carefully, to learn by heart. अच्छी तरह अध्ययन करना, कण्ठस्थ करना।

Conation-को-नें'-शन्-*n.* the effort of will-power. इच्छाशक्ति का प्रयत्न।

Concatenate-कन्'-कैट्-इन्'-एट्-*v. t.* to link together. संयुक्त करना, जोड़ना; **Concatenation** (-ए'-शन्)-*n.* series of links which are united together. जुड़ी हुई कड़ियों की जंजीर।

Concave-कॉन्'-केव् - *adj.* curved, hollow, vaulted or arched. नतोदर, खोखला; **Concavely** (-केव्-लि)-*adv.* in a concave manner. नतोदर रूप में; **Concavity** (- कॅव्-इट-इ) -*n.* hollowness. खोखलापन, नतोदरता।

Concavo-कॉन्-कें-व्रो-*adv. in comb.* concavely. नतोदर रूप में; **Concavo-concave** (what is concave on both sides) दोनों ओर नतोदर; **Concavo-convex** (concave on one side and convex on the other.) एक ओर उन्नतोदर तथा दूसरी ओर नतोदर।

Conceal-कन्सील्'-*v. t.* to keep secret, to hide. छिपाना, गुप्त रखना; **Concealed** (-ड्) -*adj.* kept secret. गुप्त, गूढ़; **Concealment** (-मॅन्ट्)-*n.* secrecy, disguise. गोपन, छिपाव।

Concede-कन्सीड्-*v. t.* to allow, to admit. स्वीकार करना, अङ्गीकार करना।

Conceit-कन्सीट्-*n.* personal vanity, fanciful notion. अहङ्कार (घमण्ड), मिथ्या विचार; -*v. t.* to imagine. अनुमान करना; **Conceited** (-ऍड्)-*adj.* vain, proud. घमण्डी, अभिमानी; **Conceitedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* in a conceited manner. अभिमान से, अहङ्कार से।

Conceivable-कन्सीवेबल् - *adj.* imaginable. विचारणीय।

Conceive-कन्सीव्'-*v. t.* & *i.* to become pregnant, to imagine, to fancy, to think. गर्भ धारण करना, विचारना, अनुमान करना, ध्यान में लाना।

Concent-कन्सेन्ट्-*n.* harmony. समन्वय।

Concentrate-कॉन्-सेन्-ट्रेट-*v. t.* & *i.* to bring to a common point or centre, to think intensely. एक केन्द्र में लाना, चित्त में एकाग्र करना; **Concentration** (-ट्रे'-शन्)-*n.* act of concentrating. चित्त की एकाग्रता, समाधि; **Concentrative** (-इव्) -*adj.* tending to concentrate. एकाग्रचित्त होनेवाला।

Concentre-कन्सेण्टर् -*v. t.* & *i.* to come or bring to a common centre, to coincide. एक केन्द्र में होना या करना, ठीक बैठना।

Concentric-कन्सेण्ट्रिक-*adj.* having a common centre. एक केन्द्र का; **Concentrically** (-ट्रिक-अल्-लि)-*adv.* एक केन्द्रीभूत होकर।

Concept-कॉन्' - सेप्ट् -*n.* general notion. सामान्य विचार; **Conception** (-सेप्-शन्)-*n.* formation of foetus, act of conceiving, idea. गर्भधारण (गर्भाधान), विचार, धारणा; **Conceptive** (-इव्)-*adj.* mentally conceiving. मन में धारण करनेवाला; **Conceptual** (-यू-अल्)-*adj.* pertaining to mental conception. मन की भावना सम्बन्धी।

Concern - कन्सर्न्' - *n.* business. interest, anxiety, an object. व्यापार, अभिरुचि, चिन्ता, विषय;-*v. t.* to relate to, to affect, to interest oneself with. सम्बन्ध रखना, प्रभाव होना, रुचि होना; **Concerned** (-ड्)-*adj.* anxious. चिन्तित; **Concerning** (इङ्ग्) - *prep.* about, in regard to. लिये, विषय में; **Concernment** (-मॅन्ट्) -*n.* affair, interest, importance. विषय, रुचि, महत्त्व।

Concert-कॉन्सर्ट् -*n.* agreement, union, combination of sounds, musical entertainment. मेल, योग, एक ताल, संगीत; -*v. t.* (-सर्ट्') to arrange together, to adjust. क्रम में रखना; **Concert hall** (a hall for musical entertainment.) सङ्गीतशाला।

Concession-कन्सेशन् - *n.* act of conceding, a grant. सुविधा प्रदान, छूट, रियायत, अनुदान।

Concessive-कन्सेसिव्-*adj.* expressing or implying concession. अनुमोदन-सूचक, रियायती।

Conch-कॉङ्क्-*n.* the shell-fish, shell-trumpet, external ear. शंख (घोंघा, कौड़ी), कान का बाहरी भाग।

Conciliate-कन्सिलिएट-*v. t.* to pacify, to win over, to reconcile. शान्त करना, सान्त्वना देना, मनाना; **Conciliation** (-ए'-शन्)-*n.* act of conciliating. सान्त्वना, अनुरंजन; **Conciliative** (-इव्) -*adj.* reconciling. आराधना करने या मनाने योग्य; **Conciliatory** (-टरि)-*adj.* tending to conciliate. आराधक; **Conciliator** (-ए'-टर्)-सान्त्वना देनेवाला, अनुरंजक।

Concinnity-कन्सिनिटि-*n.* elegance, neatness. सुन्दरता, स्वच्छता, सफाई।

Concise-कन्साइज़्-*adj.* brief or cut short in speech or style, संक्षिप्त, अल्प; **Concisely** (-लि)- *adv.* in a brief manner. संक्षेप में; **Conciseness** (-नेंस्)-*n.* quality of being brief, terseness. अविस्तार, संक्षेप ।

Concision-कन्सिज़न्-*n.* same as Circumcision. मुसल्मानी, खतना ।

Conclamation-कॉन्-क्लॅम्-ए'-शन्-*n.* shouting of several persons together. एक साथ बहुत से मनुष्यों का चिल्लाना ।

Conclave-कॉन्'-क्लेव्-*n.* meeting place, a private meeting or assembly. सभा-स्थान या भवन, गुप्त बैठक या सभा ।

Conclude-कन्-क्लूड् -*v. t. & i.* to bring to an end, to infer, to arrange, to resolve, to determine. समाप्त करना, अनुमान करना, क्रम में करना, निर्णय करना ।

Concluding-कन्क्लूडिंग् - *adj.* final. अन्तिम, आखिरी ।

Conclusion-कन्-क्लू' - ज़न् -*n.* termination, final result. समाप्ति (सिद्धि), परिणाम (अन्त); **In conclusion** (finally, in the end.) अन्ततोगत्वा, अन्त में ।

Conclusive-कन्-क्लू'-सिव्-*adj.* decisive, convincing. निश्चित्, समर्थक; **Conclusively** (-सिव्-लि) -*adv.* in a convincing manner. निश्चय के साथ ।

Concoct-कन्-कॉक्ट् -*v. t.* to devise, to plot, to plan, to make up of mixed ingredients. रचना करना, षड्यंत्र रचना, काढ़ा (क्वाथ) बनाना; **Concoction** (-कॉक्'-शन्) -*n.* devising. रचना, पाक, काढ़ा ।

Concolorous-कन् - कलरस् -*adj.* of uniform colour. समान (एकसा) रङ्ग का ।

Concomitance (-cy) - कन्-कॉम्' - इट् - अॅन्स् (-सि)-*ns.* co-existence. समन्वय, समयोग; **Concomitant**(-ॲन्ट्)-*adj.* going together. सहगामी; **Concomitantly** (-ॲन्ट्-लि) -*adv.* in a co existing manner. एक साथ ।

Concord-कॉन्'-कॉर्ड्-*n.* agreement, harmony, treaty. एकता, संयोग, मेल; **Concordance** (-ॲन्स्)-*n.* agreement. एकता, सादृश्य; **Concordant** (-ॲन्ट्) -*adj.* suitable, harmonious. अनुरूप (सदृश), सुरीला; **Concordantly** (-ॲन्ट्-लि) -*adv.* harmoniously. एक सुर में ।

Concourse कॉन्'-कोर्स -*n.* a confluence, a crowd, an assembly. सङ्गम (समूह), भीड़-भाड़, मण्डली, संघ ।

Concrescence-कन्-क्रे-सन्स् - *n.* a growing together. एक साथ उगना या बढ़ना, सह वृद्धि ।

Concrete-कन्-क्रीट्'-*adj.* existing in material form, real. राशिभूत, साकार (इन्द्रियों से जानने योग्य); - *n.* a composition of gravel, cement &c. बरी चूने से बना हुआ मसाला;-*v. i. & t.* to unite into a mass, to solidify. राशि-भूत होना, ठोस करना; **Concretely** (-लि)-*adv.* in a concrete manner. पदार्थरूप में, साकार ।

Concretion-कॉन्-क्री'-शन्-*n.* a mass of solid particles. ठोस पदार्थ ।

Concubinage-कॉन्-क्यु-बिन्-एज् -*n.* the state of being a concubine. वेश्यापन;**Concubinary** (-अ-रि) -*adj.* living in concubinage. वेश्या-गमन करनेवाला ।

Concubine-कॉन्' - क्यु - बाइन्-*n.* a woman living with a man without marriage, a woman who cohabits without marriage. बिना विवाह के ही दूसरे पुरुष के साथ रहने तथा मैथुन करनेवाली स्त्री ।

Conculcate-कॉन्-कल्' -केट्' -*v. t.* to trample under feet. पैरों से कुचलना ।

Concur-कॉन्-कर्'-*v. i.* (*p. t.* Concurred) to coincide, to meet at a point, to agree. एकत्र होना, समागम करना, मिलना; **Concurrence** (-ऍन्स्) -*n.* joint action, union, assent. संयुक्त कार्य, मेल, सहमति; **Concurrent** (-ॲन्ट्) -*adj.* existing together, agreeing. एकीभूत, सहमत; **Concurrent list** समवर्ती सूची; **Concurrently** (-ॲन्ट्-लि) -*adv.* with concurrence. संयुक्त रूप में, एक साथ ।

Concuss-कॉन्-कस्'-*v. t.* to shake violently. वेग से हिलाना; **Concussion** (-कशन्) -*n.* effect of a shock, agitation. धक्का, संक्षोभ (झटका) ।

Condemn-कण्डेम्-*v. t.* to blame, to give judgement against, to doom. निन्दा करना, विरुद्ध निर्णय देना, अपराधी ठहराना; **To condemn to death** (to order to be hanged.) प्राणदण्ड देना; **Condemnable** (-नें-बल्)-*adj.* blamable. दोषी ठहराने योग्य, दण्डनीय; **Condemnation** (-नें-शन्)-*n.* judicial conviction, the state of being condemned. अपराध का अदालती निर्णय, दण्ड; **Condemnatory** (-नें-टर्-इ)-*adj.* expressing condemnation. (वध योग्य), अपवादजनक; **Condemned** (-ड्) -*adj.* guilty. अपराधी ।

Condensation-कण्डेन्सेशन्-*n.* concentration. जमाव, गाढ़ापन ।

Condense-कण्डेन्स्-*v. t.* to compress, to con-

centrate, to reduce into a denser form. घना करना, गाढ़ा करना, जमाना; -v. i. to become dense. गाढ़ा होना; Condensed (-ड्) -adj. close, compressed. घना, संक्षिप्त; Condenser (-अर्)-n. an apparatus to condense vapour into liquid. भाप को द्रवमें बदलने का यन्त्र, संघनक।

Condescend-कॉन्-डिसें-न्ड्'-v. i. to be kind, to stoop, to waive one's rank. कृपा करना, झुकना, पद कम करना; Condescending (-इङ्ग्) -adj. marked by condescension. अभिमान त्यागे हुए (विनीत); Condescension-(-सेंन्'-शन्)-n. patronizing manner. परिपोषकता, कृपा; Condescendingly (-इ-ङ्ग्-लि) -adv. in a condescending manner. कृपापूर्वक।

Condign-कण्डाइन्- adj. adequate, merited, deserved. उचित (अनुरूप), योग्य ; Condignly (-लि) -adv. according to desert. योग्यतानुसार ; Condignness (-नेंस्) -n. agreeableness, fitness. अनुरूपता, योग्यता।

Condiment-कॉन्'-डि-मेंन्ट्-n. seasoning used to give flavour to food, sauce. मसाला, छौंकनी, चटनी।

Condite-कॉन्'-डाइट्'-v. t. to preserve, to pickle. अचार, मुरब्बा इत्यादि बनाना।

Condition-कण्डिशन्-n. state, position, attribute. अवस्था, स्थिति, गुण ; -v. t. to make terms, to stipulate. शर्त लगाना ; Conditional (-अल्) - adj. dependent. अधीन (आश्रित); Conditionally (-अलि) -adv. with certain limitations. कुछ शर्तों के अन्तर्गत;Conditioned (-ड्)-adj. having specified disposition, circumstanced. स्थिर अवस्था का, घटित; Conditions of service (conditions on which a man is employed.) सेवा की शर्तें।

Condolatory - कण्डोलेंटरि - adj. expressing grief for others. समवेदना प्रकट करनेवाला।

Condole-कण्डोल्-v. i. to express sympathy for. दुःख में सहानुभूति प्रकट करना ; Condolence (-एँन्स्)-n. expression of grief. शोक-प्रकाश, विलाप।

Condonation-कॉन् - डोन् - ए'-शन्-n. act of for giving, forgiveness. अपराध क्षमा करने का कार्य, क्षमा-प्रदान।

Condone - कण्डोन् - v. t. to forgive to pardon, to overlook. क्षमा करना।

Conduce-कण्ड्यूस्-v. i. to lead, to contribute. प्रवृत्त करना, उत्पादन करना; Conducible, (-इ-बल्), Conducive (-इयूस्-इव्) -adjs. promoting बढ़ानेवाला (सहायक, उत्पादक); Conduciveness (-इव्-नेंस्) -n. the quality of conducing. उत्पादन, बढ़ती, प्रेरणा।

Conduct-कॉण्डक्ट्-n. guidance, behaviour, mode of action. निर्वाह, व्यवहार, चरित्र, आचरण; -v. t. (कण्डक्ट) to lead, to guide, to direct, to manage, to govern, to behave. मार्ग दिखाना, आचरण करना, प्रबन्ध करना, शासन करना, व्यवहार करना; Conductibility (-इब्-इल्-इट्-इ) - n. capability of being conducted. प्रवाहकत्व, संचरणीयता।

Conductible-कण्डक्टिबल्-adj. what may be conducted. प्रवाह के योग्य;Conduction(-डक्'-शन्) -n. transmission. प्रवाहकत्व, संचालन; Conductive (-इव्)-adj. having transmitting power. प्रवाहक शक्ति का;Conductivity (-इव्-इट्-इ)-n. power of conducting. प्रवाहक या संचालक शक्ति।

Conductor-कण्डक्टर् - (fem. Conductress-ट्रेंस्)-n. one who guides, medium for the transmission of electricity. नायक, नेता, प्रबन्धकर्त्ता, बिजली का संचालक; Conductor of heat (that which transmits heat.) उष्णता का प्रवाहक या संचालक।

Conduit-कॉन्'-डिट्-n. a pipe or channel for conveying liquids. जल-प्रणाली, पानी की मोरी।

Cone-कोन्-n. a solid circular figure tapering to a point. शंकु, नोकदार आकृति।

Cone.

Coney-कोनी - n. a kind of hare. एक प्रकार का खरगोश।

Confabulate-कॉन् - फ़ैब्-यु - लेंट्' - v. i. to chat. बकबक करना; Confabulation (-लें'-शन्)-n. a familiar talk. सामान्य बातचीत।

Confection-कॉन् - फ़ेंक्' - शन् -n. preserved sweetmeat. मिठाई, मुरब्बा ; Confectioner (-अर्) -n. one who makes or sells sweetmeats. हलवाई, मुरब्बा बनानेवाला; Confectionery (-अ-रि)-n. sweetmeats in general. मिठाइयाँ।

Confederacy-कन्फ़ेंडरें-सि-n. alliance, conspiracy, a league. सन्धि, षड्यंत्र, मेल।

Confederate-कन्फ़ेंडरेंट्-n. & adj. an ally. allied. मित्र (सहायक, सहकारी), संयुक्त;-v. t. to bring into alliance. एकत्र करना, संघटन करना, संयुक्त करना; Confederation (-ए'-शन्)-n. an alliance, a league or compact. संघटन, मण्डल।

Confer-कॅन्-फ़र्'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Conferred) to grant, to bestow, to converse. देना (प्रतिपादन करना), सलाह करना, बात करना; Conferrable (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be conferred. देने योग्य; Conferment (-मॅन्ट्)-*n.* bestowal. प्रतिपादन।

Conference-कॉन्-फ़र् - ऍन्स्-*n.* consultation, assembly. संवाद (सम्भाषण, बातचीत), सम्मेलन; Conferential (-ऍन्-शल्), Conferrable (-ऍ-ब्ल्) -*adjs.* relating to a conference. सम्मेलन सम्बन्धी।

Conferring-कॉन्-फ़र्'-रिङ्ग्-*n.* consultation, bestowal. विचार, प्रतिपादन।

Confess-कन्-फ़ॅस्-*v. t.* & *i.* to acknowledge, to declare one's sins. स्वीकार (अंगीकार) करना, पापों को कह देना; Confessedly (-स्इड-लि)-*adv.* admittedly. स्वीकार करते हुए; Confession (-फ़ॅशन्) - *n.* acknowledgement. स्वीकार (अंगीकार, प्रकाशन); Confessor (-सर्) -*n.* one who confesses. दोष स्वीकार करनेवाला।

Confetto-कॉन्-फ़ॅट्'-ओ-*n.* (*pl.* Confetti-टि) coloured paper thrown at wedding. विवाह के समय फेंके हुए रङ्गीन कागज के छोटे-छोटे टुकड़े।

Confidant-कॉन्फ़िडॉण्ट्-*n.* one who is entrusted with secrets. विश्वासपात्र, विश्वासी पुरुष।

Confide-कॉन्-फ़ाइड्-*v. i.* & *t.* to trust, to impart secret to. विश्वास करना, श्रद्धा करना, प्रतीति करना, रहस्य कहना।

Confidence-कॉन्'-फ़िड् - ऍन्स्-*n.* firm belief, faith, expectation, boldness. दृढ़ विश्वास (निश्चय), आशा, साहस; Want of confidence. विश्वास का अभाव।

Confident-कॉन्-फ़िड्-ऍन्ट्-*adj.* fully trusting, positive, bold. पूरा विश्वस्त, स्थिर, साहसी; Confidently (-लि)-*adv.* in a confident manner. निश्चय करके, निश्चित ढंग से।

Confiding-कन्फ़ाइडिङ्ग-*adj.* credulous.विश्वस्त।

Confidential - कॉन् - फ़िड्' - ऍन् - शल् -*adj.* private, trustworthy. गुप्त, विश्वस्त; Confidentially (-लि)-*adv.* privately. गुप्तरूप से; Confidently (-लि) -*adv.* in a confident manner. निश्चय या विश्वासपूर्वक।

Configuration-कॅन्-फ़िग्-अ-रे'-शन्-*n.* mode of arrangement, outline. आकार, रूप, मूर्ति, खाका, ढाँचा।

Configure-कॉन्-फ़ि-गर् -*v. t.* to give shape to. रूप या आकृति देना।

Confine-कॅन् - फ़ाइन्-*n.* border-land. सीमा-प्रान्त;-*v.t.* & *i.* (-कॉन्-फ़ाइन्') to keep within limits, to imprison, to be in child-bed. सीमा प्रान्त में रहना, बन्द करना, क़ैद करना, सौरी में होना; Confinement (-मॅन्ट्)-*n.* imprisonment, restraint. बन्दी करन, रोक।

Confirm - कन्फ़र्म्' - *v. t.* to ratify, to corroborate, to establish. दृढ़ करना (स्थिर करना), प्रमाणित करना, स्थापित करना; Confirmation (-मे-शन्)-*n.* corroboration, rite administered to a baptized person. प्रमाणीकरण, नामकरण संस्कार; Confirmative (-ऍट्-इव्)-*adj.* serving to confirm. दृढ़ करनेवाला; Confirmatively (-लि) -*adv.* in a confirming manner. दृढ़तापूर्वक; Confirmatory (-ऍटरि)-*adj.* confirming, serving to confirm. स्थिर करनेवाला; Confirmed (-ड्) -*adj.* established, fixed. स्थिर।

Confiscable-कॉन्-फ़िस्-के-ब्ल्-*adj.* liable to forfeiture. अपहरण के योग्य।

Confiscate-कॉन्-फ़िस्-केट्'-*v. t.* to seize by authority. जब्त करना, राज्याधिकार में करना; Confiscation (-के-शन्)-*n.* forfeiture. सर्वस्व अपहरण।

Conflagration-कॉन्-फ़्ल-ग्रे-शन् - *n.* a great burning or destructive fire. बड़ी (प्रचण्ड) आग; Forest conflagration (burning of forest.) दावानल।

Conflation - कन्फ़्लेशन्-*n.* fusing together of two different readings or metals. भिन्न पाठान्तरों को मिलाना या धातुओं को एक साथ गलाना, सम्मिश्रण, संयोजन।

Conflict-कॉन्'-फ़्लिक्ट्-*n.* fight, struggle, contest. युद्ध, विरोध (कलह), झगड़ा; -*v. i.* (-फ़्लिक्ट्') to struggle. युद्ध करना, झगड़ना; Conflicting (-इङ्ग्) *adj.* contradictory. विरुद्ध,परस्पर विरोधी;Confliction (-फ़्लिक्-शन्) -*n.* struggle. विवाद, कलह।

Confluence-कॉन्' - फ़्लू - अन्स- *n.* a stream uniting with another, concourse. नदी का संगम।

Confluent-कॉन्'-फ़्लू-अन्ट् - *adj.* flowing together. एक साथ बहता हुआ।

Conflux-कॉन्' - फ़्लक्स्-*n.* a confluence, a crowd. सङ्गम, भीड़।

Conform-कन्फ़ॉर्म्'-*v.t.* & *i.* to make similar, to adapt, to comply with, to obey. अनुरूप करना, समान करना, सहमत होना, आज्ञा मानना; Conformability (-एबिलिटि)-*n.* condition of being adapted. समानता।

Conformable - कन्-फ़ॉर्मेब्ल्-*adj.* agreeable; similar to, adopted. अनुरूप, समान, सदृश; Conformably (-एब्-लि) -*adv.* in a con-

formable manner. अनुसार, अनुरूपता से; **Conformation** (-ए'-शन्)-*n.* form, structure. आकार, रचना, बनावट।

Conformist-कॉन्-फ़ॉर्म्-इस्ट्-*n.* one who conforms or complies with usages of the Church of England. इङ्गलैण्ड के गिरजाघर का अनुयायी।

Conformity-कॉन् - फ़ॉर्म्'-इट् - इ - *n.* likeness, congruity, compliance. अनुरूपता, समानता, आज्ञा पालन; **In conformity with** (according to.) अनुसार, अनुरूप ।

Confound-कन्फ़ाउन्ड्'-*v. t.* to defeat, to put to perplexity, to mix up, to confuse, to throw into disorder. हराना, व्याकुल करना, मिलाना, घबड़ाना; **To confound by argument** (to put to silence in argument.) वाद-विवाद में मुँह बन्द कर देना; **Confounded** (-ऍड्) -*adj.* astonished. व्याकुल, चकित; **Confounding** (-इङ्ग्)-*adj.* सन्देहजनक।

Confraternity-कॉन्-फ्र-टर्'-निट्-इ-*n.* brotherhood. बन्धुत्व, भाईचारा।

Confront-कन्फ्रण्ट्'-*v. t.* to meet face to face, to oppose, to compare. सम्मुख होना, सामना करना, मिलाना; **Confrontation** (-ए'शन्) -*n.* act of bringing face to face. सम्मुख आगमन ।

Confusable-कन्फ्यूज़ेब्ल्-*adj.* able to be confused. व्यग्र करने योग्य ।

Confuse-कन्फ्यूज़्' - *v. t.* to throw into disorder, to disconcert, to abash, to perplex. व्याकुल करना (घबड़ाना), लज्जित करना, गड़बड़ करना।

Confused-कन्फ्यूज़्ड्'-*adj.* perplexed. सम्भ्रान्त, व्याकुल; **Confusedly** (-लि) - *adv.* भ्रमपूर्वक, व्याकुलता से ; **Confusedness** (-नेस्) - *n.* perplexity. व्याकुलता, घबड़ाहट।

Confusion-कन्फ्यूझन्-*n.* disorder, tumult. व्याकुलता, व्यग्रता (गड़बड़ी)।

Confutation-कॉन्फ्यूटे'शन्-*n.*act of confusing, refutation. खण्डन।

Confute-कन्फ्यूट्-*v. t.* to prove to be false, to disprove. झूठा सिद्ध करना, असिद्ध करना।

Conge-कॉन्-जे-*n.* farewell. विदाई।

Congeal-कञील्-*v. t.*to freeze, to coagulate, to solidify. गाढ़ा करना, जमाना; **Congealable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be congealed. जमाने योग्य; **Congealment** (-मेन्ट्)-*n.* quality of being congealed. जमाने की क्रिया।

Congelation - कॉन्जिलेशन् - *n.* congealed state. जमी हुई स्थिति।

Congener-कॉञिनर्-*adj.* akin, allied. सजाति, समान।

Congeneric-कॉञिनरिक्-*adj.* of the same genus, origin or kind. एक ही जाति या प्रकार का।

Congenerous-कॅन्-जॅन्'-अर् - अस्-*adj.* of the same genus,kind or family. एक ही जाति या वंश का।

Congenial-कन्-जीन्'-इ-अल्-*adj.* of the same nature,kindred,sympathetic.समान प्रकृति का, सधर्मी (सदृश), सहानुभूति रखनेवाला; **Congenial to health** (agreeable to health.) स्वास्थ्यकर; **Congeniality** (-अल्-इट्-इ)-*n.* the state of being congenial. सधर्मता, अनुरूपता।

Congenital-कन्-जॅन्'-इट्-अल् - *adj.* existing from birth. साथ उत्पन्न हुआ, जन्मजात।

Congest-कन्जॅस्ट - *v. i.* to accumulate to excess. अधिक परिमाण में सञ्चित (इकट्ठा) होना ; **Congestion** (-जॅशन्)-*n.* abnormal accumulation of blood in any part of body. किसी अंग में रुधिर का अधिक सञ्चय।

Conglobate-कॉन्-ग्लोब्-एट्-*v. t.* to collect or form into a ball. गोली बनाना, एक पिण्ड करना।

Conglomerate-कन् - ग्लॉम्' - अर् - एट् -*adj.* gathered into a ball or mass. एक पिण्ड; **Conglomeration** (-ए'-शन्) -*n.* accumulation. पिण्ड भवन, एकीकरण।

Conglutinate-कॅन्-ग्लू'-टिन्-एट्-*v. t.* to stick together with glue. सरेस से चिपकाना या बैठाना ; **Conglutination** (-ए - शन्)-*n.* union. संयोग, संधि।

Congratulate-कॅन्-ग्रॅट्' - यू लेट् - *v. t.* to address with sympathetic joy. अभिनन्दन करना, धन्यवाद देना, बधाई देना; **Congratulation** (-ले'-शन्) -*n.* the act of rejoicing. अभिनन्दन, बधाई; **Congratulatory** (-लेटरि) -*adj.* concerning congratulation. बधाई सूचक; **Congratulator** (-ले'-टर्)-*n.* one who expresses congratulation. बधाई देनेवाला।

Congregate-कॉङ्ग्- ग्रि - गेट् - *v. t. & i.* to collect or gather together, to come together, to assemble. इकट्ठा करना, एकत्रित होना;**Congregation**(-गे-शन्)-*n.* a general assembly, an assemblage, a body assembled for religious worship. सभा (समाज), समुदाय, धार्मिक परिषद्; **Congregational** (-अल)

-*adj*. pertaining to an assembly. समुदाय-सम्बन्धी।

Congress-कॉङ्ग्'-ग्रेस्-*n*. assembly, national council. सभा (समाज), राजनीतिक संघ; **Congressite, Congressman**-*ns*. member of a congress. कांग्रेस का सभासद्।

Congruence-काङ्ग्रूएँन्स्-*n*. agreement. अनुरूपता, सादृश्य।

Congruent-काङ्ग्रूऍन्ट्-*adj*.suitable, fit, agreeing. योग्य, अनुरूप।

Congruity-कॉङ्ग्-ग्रू-इट्-इ-*n*. fitness, agreement. अनुकूलता, सादृश्य, अनुरूपता।

Congruous-कॉङ्ग्-ग्रू-अस्-*adj*.suitable, fitting. अनुरूप, सदृश, योग्य; **Congruously** (-लि) -*adv*. in a consistent manner. अनुरूपता से।

Conic-कॉन्'-इक्, **Conical**-कॉन्-इक्-अल् - *adjs*. of the shape of a cone. सूच्याकार, गावदुम; **Conically** (-अल्-लि) -*adv*. like a cone. गावदुम की तरह, शंक्वाकार।

Conjecturable-कन्जेॅक्चरेॅबल् - *adj*. that may be guessed. कल्पनीय, तर्क के योग्य।

Conjectural - कन्जेॅक्चरल् -*adj*. imaginary. अनुमान योग्य; **Conjecturally**(-लि) -*adv*. in a conjectural manner. अनुमान से।

Conjecture-कन्जेॅक्चर्-*n*. a guess, a surmise. तर्क, अनुमान (कल्पना), अटकल; - *v. i*. to surmise, to guess. तर्क से विचार करना, अनुमान करना, अटकल लगाना।

Conjoin-कन्-जॉइन्'-*v. t. & i*. to join together, to combine, to unite. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; **Conjoint** (-जॉइन्ट्) -*adj*. united, associated. जुटा हुआ; **Conjointly** (-लि)-*adv*. in a conjoint manner. परस्पर मिलकर, संयुक्त रूप में।

Conjugal-कॉन्-जू-गल् - *adj*. pertaining to marriage. विवाह-सम्बन्धी; **Conjugal love** (affection of husband and wife.) दाम्पत्य प्रेम **Conjugal fidelity**. सतीत्व, पतिव्रत-धर्म।

Conjugate-कॉन्'-जू-गेट्-*v. t. & i*. to inflect verbs, to marry, to unite sexually. क्रियापद के रूप चलाना, विवाह करना, संभोग करना; -*adj*. joined together, derived from the same root. जुटा हुआ, एक ही क्रियापद से निकला हुआ; **Conjugation**(-गे-शन्)-*n*.joining together, a verbal inflexion. परस्पर मिलन, संयोग, क्रियापद के रूप; **Conjugational** (-गे'-शन्-ल्) - *adj*. relating to conjugation. क्रियापद के रूप से सम्बन्धित।

Conjunct-कॉन्'-जङ्क्ट्-*adj*. joined together, associated. संयुक्त, मिला हुआ; **Conjunctly** (-लि)-*adv*. in a conjunct manner. मिलाव से।

Conjunction-कन्-जङ्क्-शन्-*n*.union, connection, assembly, (*gram*.) a joining word. योग, संसर्ग (सङ्गम,) सभा, (व्या०) समुच्चय-बोधक अव्यय; **Conjunctional** (-अल्)-*adj*. relating to a conjunction. समुच्चय-बोधक अव्यय-सम्बन्धी।

Conjunctiva-कॉन्-जङ्क्-टाइवा-*n*. the membrane which connects the inner eyeball with the eyelid. आँख के भीतरी भाग की झिल्ली।

Conjunctive-कन्-जङ्क्ट्-इव्'-*adj*. serving to join. जोड़नेवाला; **Conjunctively**(-लि) -*adv*. in a conjunctive manner. जोड़ते हुए।

Conjuncture-कन्-जङ्क्ट्'-चर्-*n*. a combination of events, occasion, a crisis. संयोग, घटना, अवसर।

Conjuration-कन्-जूर्'ए-शन् - *n*. incantation, solemn appeal, magic spell. मन्त्र, शपथपूर्वक वचन, इन्द्रजाल।

Conjure-कन्जूर्'-*v. t*. to appeal solemnly. निष्ठापूर्वक अनुरोध करना।

Conjure-कअ्जर्'-*v. i*. to act by magical influence. जादू करना, मन्त्रवश करना; **Conjurer, Conjuror** (-अर्) -*ns*. a juggler, a magician. जादूगर, ओझा, मदारी, इन्द्रजाली।

Connate-कॉन्'-नेट्-*adj*.innate, born together. स्वाभाविक, एक साथ उत्पन्न, सहजात।

Connatural-कॉन्-नैट्-चुर्-अल्-*adj*. innate, of like nature, inherent. सहज, एक स्वभाव का, वंशगत।

Connect - कनेॅक्ट्-*v. i. & t*. to join, to unite, to fasten together. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; **Connected**(-ऍड्)-*adj*. joined together. संबद्ध, जुटा हुआ; **Connectedly**(-ऍड्-लि) -*adv*. in a connected manner. जुटे हुए ढंग से; **Connectedness** (-ऍड्-नेॅस्)-*n*. unity. जुटाव, मेल; **Connecter, Connector** (-अर्)-*ns*. that which connects. जोड़नेवाला; **Connectible** (-इ-ब्ल्)-*adj*. able to be united. जोड़ने योग्य; **Connecting** (-इङ्ग्), **Connective** (-इव्) -*adjs*. tending to connect. जोड़नेवाला।

Connection, Connexion - कनेॅक्शन् - *ns*. relation, union, intimacy. मेल, मिलाप; **To cut the connexion** (to separate.) पृथक् करना; **Hot water connexions** (personal connexions of someone.) व्यक्तिगत सम्बन्ध।

Connivance - कनाइव़ॅन्स्-*n*. act of winking at a fault, collusion. उपेक्षा, आनाकानी।

Connive-कनाइव्' - *v. t*. to wink at. आँख मारना, आनाकानी करना।

Connotate-कॉन्-नो-टेट्-*v. t.* to include in the meaning, to imply as a consequence. अर्थ सूचित करना, विशेषण को ध्यान में लाना; **Connotation** (-टे'-शन्) *-n.* inference. अनुमान; **Connotative** (-एटिव्)*-adj.* implying an addition. आधिक्य-सूचक; **Connotatively**(-लि) *-adv.* by way of connotation. अनुमान से।

Connote-कॉ - नोट् - *v. t.* to connotate, to imply. अर्थ सूचित करना।

Connubial-कन्यू'-बि-अल्-*adj.* of marriage, conjugal. वैवाहिक, दम्पति-संबंधी; **Connubially** (-लि)*-adv.* conjugally. वैवाहिक रीति से।

Conquer-कॉङ्-कर् *-v. t. & i.* to gain by conquest, to overcome, to subjugate. विजय करना, जीतना, पराजित करना, वश में करना; **Conquerable** (-एँ-बल्) *-adj.* that may be overcome. जीतने योग्य; **Conqueror** (-अर्) *-n.* (*fem.* **Conqueress**) one who conquers, a victor. विजेता, विजयी, जीतनेवाला।

Conquest-कॉङ्'-क्वेस्ट्-*n.* subjugation of a country by arms, victory. बलपूर्वक किसी देश को अधीन करना, विजय।

Consanguine-कॉन्-सैंङ्ग्-विन्' *-adj.* of the same blood. सगोत्र, सपिण्ड; **Consanguinity** (-इट्-इ)*-n.* relationship by blood. सगोत्रता।

Conscience-कॉन्-शन्स् - *n.* moral sense of right and wrong. सद्विचार, बुद्धि, अन्तःकरण, सद्विवेक।

Conscientious-कॉन्श्यन्शस् - *adj.* obedient to conscience, scrupulous. अन्तरात्मा के आदेशों को माननेवाला, शुद्धमति (न्यायवर्ती), पुण्यात्मा; **Conscientiously** (-लि) *-adv.* according to the dictates of conscience; शुद्ध अन्तःकरण से; **Conscientiousness** (-नेस्) *-n.* scrupulous with regard to the dictates of conscience. पुण्यशीलता, अन्तःकरण की शुद्धता।

Conscious-कॉन्-शस्-*adj.* aware, knowing. अभिज्ञ, सचेत; **Consciously** (-लि)*-adv.* in a sensible manner. ज्ञानपूर्वक; **Consciousness** (-नेस्) *-n.* awareness. ज्ञान, चेतना, बोध।

Conscribe-कन्स्क्राइब्' *-v. t.* to enlist for naval or military service by force. बलपूर्वक सेना में भरती करना।

Conscript-कन्स्क्रिप्ट - *n.* enrolled by conscription. सेना में भरती किया हुआ मनुष्य, नई भरती; **Conscription** (-स्क्रिप्' -शन्) - *n.* compulsory enrolment for naval or military service. फौज में जबरदस्ती भरती करना।

Consecrate-कॉन्सि-क्रेट् *-v. t.* to set apart as sacred, to hallow, to sanctify. धार्मिक कार्य के लिए उत्सर्ग कर देना, पवित्र करना (संस्कार करना), प्रतिष्ठा करना; **Consecration** (-क्रे'-शन्)*-n.* dedication, sanctification. उत्सर्ग, पवित्रीकरण संस्कार; **Consecrator**(-अर्) *-n.* one who dedicates, one who sanctifies. उत्सर्ग करनेवाला, पवित्र करनेवाला।

Consecution-कॉन्सिक्यूशन् *-n.* sequence of events. परम्परा, घटनाक्रम।

Consecutive-कन्सिक्यूटिव् - *adj.* following in order. निरन्तर (लगातार), क्रमागत; **Consecutively** (-टिव्-लि) *-adv.* in a consecutive manner. यथाक्रम, क्रम से; **Consecutiveness** (-नेस्) *-n.* the state of being consecutive. अनुपूर्वता।

Consensus-कन्सेन्सस्-*n.* agreement, unanimity. अनुकूलता, एकमत।

Consent-कन्सेन्ट्-*v. i.* to agree, to yield, to comply. सहमत होना, मान लेना, स्वीकार करना; *-n.* (कॉन्' -सेन्ट्) compliance, permission. सम्मति, इच्छा; **Previous consent.** पूर्वसम्मति; **Silence gives consent.** चुप रहना स्वीकृति का चिह्न होता है; **With one consent** (unanimously.) एकमत होकर।

Consentient-कन्सेन्श्यण्ट्-*adj.* agreeing, concurrent. एकमत, एकचित्त।

Consentingly-कन्सेण्टिङ्गलि-*adv.* with consent. सम्मतिपूर्वक।

Consequence-कॉन्सि-क्वेन्स्-*n.* result, importance, rank. फल, परिणाम, महिमा, प्रभाव; **In consequence of** (as a result of.) इस कारण से, इस हेतु से; **Of no consequence** (useless, of no avail.) निष्फल, निरर्थक, व्यर्थ।

Consequent-कॉन्'-सि-क्वन्ट्-*n. & adj.* event that follows another, following as a natural effect. घटना-फल, अनुवर्ती, आनुषंगिक, अनुगामी; **Consequential** (-क्वेन्' -श्यल्)*-adj.* following as the effect. आनुषंगिक, अनुवर्ती; **Consequentiality** (-श्यलिटि) *-n.* inference. अनुगमन; **Consequently** (-लि) *-adv.* as a result, in consequence. इस हेतु से, तदनुसार, अतः।

Conservancy-कन्सर्वेन्सि - *n.* official preservation. अधिकारिक संरक्षण, पालन।

Conservation - कन्सर्वेशन् *-n.* preservation. सुरक्षित रखने का कार्य।

Conservative-कन्सर्वेटिव्-*adj. & n.* preservative, moderate, disposed to maintain existing institutions. स्थितिपालक, परिवर्तन का विरोधी (नवविद्वेषी, सनातनी), लकीर का फकीर, नियम के बदलने का विरोध करनेवाला।

Conservator-कन्-सर्-वेटर् -*n*. one who preserves from injury. रक्षक, पालक; **Conservatory** (-वेटरि)-*n*. a green-house. कोमल वनस्पतियों के रखने का रक्षागृह ।

Conserve-कन्सर्व् -*n*. a preserve of fruits, a jam. अचार, मुरब्बा; -*v*. *t*. to preserve. सुरक्षित रखना ।

Consider-कन्सिडर्-*v*. *t*. to contemplate, to reflect, to reckon, to be of opinion, to regard. समझना, तर्क करना, निरूपण करना, विचार करना, जानना; **Considerable** (-ऍ-बल्) -*adj*. notable, important, great. मान्य, अधिक, पूज्य, बड़ा; **Considerably** (-ऍब्'-लि)-*adv*. to a great extent. अति, अत्यन्त, बहुत, विशेष रूप से; **Considerate** (-ऍट्) -*adj*. thoughtful, regardful. विचारवान्, दूरदर्शी ।

Considerately-कन्सिडरॅट्लि-*adv*. with consideration, thoughtfully, seriously. दूरदर्शिता से, विचारपूर्वक, गम्भीरता से; **Considerateness** (-ऍट्-नॅस) -*n*. thoughtfulness. दूरदर्शिता ।

Consideration-कन्सिडर्-रॅशन्-*n*.deliberation, meditation, compensation, reward, thoughtfulness for others. विचार-विमर्श, ध्यान, क्षति-पूर्ति, पुरस्कार, दूसरों के लिये विचार; **In consideration of** (in return of.) बदले में; **To take into consideration** (to consider.) विचार करना ।

Considering-कन्सिडरिंग् -*prep*. in view of. विचार करते हुए, समझते हुए ।

Consign-कन्साइन् - *v*. *t*. to hand over, to deliver, to transmit. सौंपना, देना (अर्पण करना), भेजना; **Consignable** (-ऍ-बल्) -*adj*. capable of being consigned भेजने योग्य; **Consignation** (-सिग्-नें-शन्)-*n*. payment of money to authorized person. नियुक्त मनुष्य को रुपया देना; **Consignee** (कन्साइनी) -*n*. one to whom goods are sent. जिसके पास माल भेजा जाता है; **Consigner** (-साइन-अर्) (also **Consignor**.)-*ns*. sender. माल भेजनेवाला; **Consignment** (-मॅन्ट्) - *n*. goods consigned. भेजा हुआ माल ।

Consilient-कन्सिलिअण्ट्-*adj*. accordant, agreeing. अनुरूप ।

Consist-कन्सिस्ट् -*v*. *t*. to be composed of, to be comprised in. रहना, होना, मिलना; **Consistence**(-ऍन्स्),**Consistency** (-ऍन्'-सि) -*ns*. firmness, uniformity, solidity. दृढ़ता, अनुकूलता, घनता (गाढ़ापन, स्थिरता);**Consistent** (-ऍन्ट्)-*adj*. compatible, firm. योग्य (अनुरूप), दृढ़; **Consistently** (-ऍन्ट्-लि)-*adv*. in a consistent manner. स्थिरता से, योग्यतानुसार ।

Consociate-कॉन्-सो-शि-एट्-*v*. *t*. to associate together. परस्पर मिलना; -*adj*. associated मिला हुआ; **Consociation** (-ए'-शन्)-*n*. fellow ship. मिलाप, मित्रता ।

Consolable-कन्सोलॅबल्-*adj*. capable of being consoled. ढाढ़स देने योग्य ।

Consolation-कन्सालेशन्-*n*. act of consoling, comfort, solace. आश्वासन, धीरज, ढाढ़स ।

Consolatory-कन्सोलॅटरि-*adj*. tending to console. सान्त्वना देने की प्रवृत्ति वाला ।

Console-कन्सोल्-*v*. *t*. to comfort, to soothe, to cheer in distress. आश्वासन देना, ढाढस देना, शान्ति देना ।

Consolidate-कन्सॉलिडेट् -*v*. *i*. & *t*. (*p*. *t*. **Consolidated**) to solidify, to strengthen, to combine into one. ठोस होना या करना, पुष्ट करना या होना, एक करना; **Consolidation** (-ए'-शन्)-*n*. uniting of several things into one. एकीकरण, चकबन्दी; **Consolidator**(-टर्) -*n*. one who consolidates. एकीकरण करनेवाला; **Consolidated Fund** (all revenue collected in one place.) संचित कोष ।

Consonance - कॉन्सॅनन्स् - *n*. agreement, harmony, concord. अविरोध, अनुरूपता, एकलय, मेल ।

Consonant - कॉन्सॅनण्ट् - *adj*. harmonious agreeing in sound. अनुरूप, एक सुरवाला;-*n*. a letter which cannot be sounded without the help of a vowel. व्यंजन अक्षर; **Consonantal** (-अल्) -*adj*. of a consonant. व्यंजन अक्षर सम्बन्धी ।

Consort-कॉन्सॉर्ट्-*n*. husband or wife, companion. पति या पत्नी, संगी, साथी; - *v*. *t*. & *i*. to bring together, to associate, to join, to agree, to harmonize. संयुक्त करना, संगम करना, एकमत होना, एकलय में करना; **Prince-Consort** (husband of a reigning queen.) राज्य करनेवाली रानी का पति; **Queen-Consort** (king's wife.) रानी ।

Conspecific-कॉन्-स्पॅसि-इफ्'-इक् -*adj*. of the same species. एक जाति का ।

Conspectus-कन्-स्पॅक्ट्'-अस्-*n*. general view, synopsis. सामान्य दृश्य, सारांश, रूपरेखा ।

Conspicuity-कॉन्-स्पिक्-यू'-इट्-इ-*n*. clearness, prominence. स्पष्टता, विशिष्टता ।

Conspicuous-कन् -स्पिक्-यु -अस् -*adj*. clearly visible, remarkable. प्रत्यक्ष (स्पष्ट), उत्कृष्ट; **Conspicuously**(-लि)-*adv*. in a conspicuous manner. विशिष्ट रूप से, उत्कृष्टता से; **Cons-**

picuousness (-नेस्) -*n*. the state of being conspicuous. स्पष्टता, उत्कृष्टता।

Conspiracy-कन्स्पिरेसि-*n*. a plot. कपट-प्रबन्ध, षड्यन्त्र, बलवाइयों का गुट्ट।

Conspirator-कन्स्पिरेटर्-*n*. (*fem*. Conspiratress.) one who conspires. राजद्रोही, षड्यन्त्रकारी।

Conspire - कन्स्पायर् - *v. t. & i.* to plot, to devise. कपट-प्रबन्ध करना, षड्यन्त्र रचना, योजना बनाना।

Conspue-कॉन्-स्प्यू'-*v. i.* to express hatred. घृणा दिखलाना।

Constable-कॉन्'-स्टे-ब्ल्-*n*. a police officer, a policeman. पुलिस का सिपाही; To outrun the constable (to run into debt.) ऋणी होना।

Constabulary-कॉन्-स्टैब्' - यु - लॉ-रि-*n*. the organized body of constables. पुलिस के सिपाहियों का व्यवस्थित समूह।

Constancy-कॉन्-स्टॅन्-सि-*n*. firmness, endurance, unchangingness, faithfulness. दृढ़ता, सहिष्णुता, निश्चलता, निष्ठा।

Constant-कॉन् - स्टॅन्ट् - *adj*. firm, resolute, faithful, permanent. स्थिर, अचल, दृढ़, निश्चल (नित्य, निरन्तर)।

Constellate - कॉन्स्टलेट-*v. t.* to form stars into fixed groups, to cluster together. तारा-समूह रचना, झुण्ड बनाना।

Constellation - कॉन्स्टलेशन-*n*. a number of fixed stars grouped together. नक्षत्रों का समूह, नक्षत्रमण्डल।

Consternate-कॉन्-स्टर्-नेट्'-*v. t.* to dismay. घबड़ा देना, विस्मित करना; **Consternation** (-ने'-शन्)-*n*. terror, astonishment. भय, व्याकुलता।

Constipate-कॉन् - स्टिप्-एट् - *v. t.* to confine bowels, to make costive. अवरोध करना, कोष्ठबद्ध करना; **Constipation** (-ए-शन्)-*n*. costiveness मल का अवरोध, कोष्ठबद्धता (क़ब्ज़)।

Constituency-कॉन्-स्टिट्-यू-ऍन्-सि-*n*. a body of voters who elect a representative, an electorate. चुननेवालों का संघ, निर्वाचन-क्षेत्र; Territorial Constituency (regional electorate.) प्रादेशिक निर्वाचन-क्षेत्र।

Constituent-कॉन् - स्टिट्' - यू-ऍन्ट्-*adj. & n.* composing, appointing, a component part, a voter. रचनेवाला, नियुक्त करनेवाला, मौलिक अंश, निर्वाचक; **Constituent Assembly**. संविधान-सभा।

Constitute-कॉन्'-स्टिट्-यूट्'-*v. t.* to appoint, to establish, to make up. नियुक्त करना, स्थापित करना, निर्माण करना।

Constituted-कॉन् - स्टिट्- यूट्'-ऍड्-*adj*. appointed, intended. नियुक्त किया हुआ, वाञ्छित।

Constitution-कॉन्' - स्टिट्-यू - शन्-*n*, act of constituting, mental character, character of body, established form of government in a state, body of fundamental principles according to which a state is government. रचना (निर्माण, व्यवस्था), मानसिक अथवा शारीरिक प्रकृति, शासनक्रम; **Constitutional** (-शनल्) -*adj*. essential, of bodily or mental constitution. आवश्यक, प्रकृति या स्वभाव-सम्बन्धी; **Constitutionalism** (-इज़्म्) -*n*. व्यवस्थित शासन-पद्धति; **Constitutionalist** (-अल् - इस्ट्) -*n*. व्यवस्थित शासन-पद्धति का अनुयायी ; **Constitutionally** (-अल्-लि)-*adv*. according to the constitution. व्यवस्थित शासनक्रम के अनुसार ; **Constitutionalize** (-अल्-आइज़्) -*v. t.* to make constitutional. व्यवस्थित बनाना।

Constitutive-कॉन्'-स्टिट्-यूट्-इव्-*adj*. essential formative. आवश्यक, संगठन सम्बन्धी; **Constitutively** (-लि) -*adv*. in a constitutive manner. संगठित रूप से; **Constitutor** (-टर्) -*n*. person who constitutes. व्यवस्थापक।

Constrain-कन्स्ट्रेन-*v. t.* to compel, to imprison. परवश करना, क़ैद करना; **Constrained** (-ड्)-*adj*. restrained, compelled. विवश, दबाया हुआ; **Constraint** (-ट्) -*n*. restraint, compulsion. रुकावट, विवशता।

Constrict - कन्स्ट्रिक्ट् -*v. t.* to compress, to contract. दबाना, सिकोड़ना ; **Constriction** (-स्ट्रिक्'-शन्)-*n*. contraction. संकुचन, खिंचाव (दबाव); **Constrictive** (-इव्)-*adj*. tending to constrict. सिकोड़ने योग्य; **Constrictor** (-अर्) -*n*. a muscle that contracts. शरीर की वह पेशी जो किसी भाग को सिकोड़ती है।

Constringe-कन्स्ट्रिन्ज्' -*v. t.* to draw together, to contract, to constrict. खींचना, सिकोड़ना; **Constringency** (-ऍन्'-सि)-*n*. contraction. सिकुड़न; **Constringent** (-ऍन्ट्) -*adj*. contractive. सिकोड़ने योग्य।

Construct-कन्स्ट्रक्ट्-*v. t.* to frame, to build, to draw. निर्माण करना, रचना करना (बनाना), खींचना; **Construction** (-स्ट्रक्'-शन्)-*n*. act of constructing, thing constructed. रचना (निर्माण, विधान), बनावट; **Constructional** (-अल्)-*adj*. structural. रचना सम्बन्धी; **Constructive** (-इव्)—*adj*. formative, belonging to a building, virtual. बनानेवाली, बनावट

(इमारत) सम्बन्धी, आवश्यक; Constructively (-इव्-लि)-*adv*. in a constructive manner. रचना-क्रम से; Constructor (-अर्) -*n*. one who constructs. बनानेवाला ।

Construe-कन्स्ट्रू-*v. t.* to analyse, to translate, to explain, to interpret. परिच्छेद करना, व्याख्या करना, अर्थ करना, आशय कहना, अन्वय करना ।

Consubstantial-कॉन्-सब्-स्टैन्शूल्-*adj*. of the same substance or essence. एक ही पदार्थ का एक मूर्ति (शरीर) ; Consubstantiality (-इट्-इ)-*n*. sameness of nature. प्रकृति की समानता; Consubstantiate (-शि-एँट्)-*v. t.* to unite in one. एक मेल करना ।

Consul-कॉन्-सल्-*n*.the title of magistrates in Roman Republic, a state agent. रोम देश का मजिस्ट्रेट, एलची, वाणिज्य-दूत ।

Consular-कॉन् - स्यूल' - अर्-*adj*. relating to consuls. एलची सम्बन्धी; Consulate (-एट्) -*n*. the office of a Consul. एलची का दफ़्तर ।

Consult-कन्सल्ट्-*v. t. & i.* to seek information, to take into consideration, to ask advice of. सूचना प्राप्त करना, विचार करना, सम्मति लेना; To consult one's pillow (to reflect throughout the night.) रातभर विचार करना; Consultable (-ए-ब्ल्) -*adj*. that may be consulted. विचारणीय; Consultant (-ॲन्ट्) -*n*. one who consults. सम्मति देनेवाला; Consulting (-इङ्ग्) -*adj*. giving advice. सलाह देनेवाला; Consultation (-ए'-शन्) -*n*. act of consulting, conference. परामर्श, विचार, पञ्चायत; Consultative (-एँट्-इव्) -*adj*. deliberative. चिन्तन योग्य ।

Consume-कन्स्यूम्-*v. t. & i.* to make away with, to spend, to waste away. हटाना, व्यय करना, नष्ट करना; Consumedly (-एँड्-(लि)-*adv*.excessively. बहुतायत से; Consumer (-अर्)-*n*. one who consumes, a user. नियोजक, उपभोग करनेवाला, उपभोक्ता ।

Consummate-कॉन्' - सम् - मेट्-*adj*. perfect, complete. पूर्ण, परम (उत्कृष्ट); -*v. t.* to perfect, to finish. पूर्ण करना, समाप्त करना ; Consummately (-मेट्-लि)-*adv*. perfectly. पूर्ण रीति से; Consummation (-मे'-शन्)-*n*. perfection, goal, end. (सिद्धि, समाप्ति, पूर्णता), लक्ष्य, अन्त; Consummative (-इव्) -*adj*. completing. पूर्ण करनेवाला ।

Consumption-कन्-सम्प्'-शन्-*n*. act of using up, destruction, waste, a wasting disease. उपभोग, क्षय, नाश, यक्ष्मा (क्षय रोग); Consumptive (-सम्प्ट्'-इव्)-*adj*. affected with consumption, wasting. क्षय रोग से ग्रस्त, नाश करनेवाला ।

Contact-कॉन्'-टैक्ट्-*n*. condition of touching, close union. सम्पर्क, संयोग, लगाव; To come into contact with (to meet.) मिलना, टकराना; To break contact (to interrupt the current of electricity.) बिजली की धारा में रुकावट डालना ।

Contagion-कन्टेजन्-*n*. communication of a disease from one body to another. छूत का रोग, स्पर्श-संचारक व्याधि ।

Contagious-कण्टजस्-*adj*. infectious. स्पर्श से रोग फैलानेवाली; Contagiously (-लि)-*adv*. in an infectious manner. स्पर्श से रोग फैलाते हुए; Contagiousness (-नेस्)-*n*. the state of being infectious. स्पर्श से रोग का फैलाव ।

Contain-कण्टेन्-*v. t.* to comprise, to include, to be equal to, to enclose, to keep from moving. रखना, धरना, बराबर होना, लपेटना, गति रोकना; Containable (-ए-ब्ल्) -*adj*. that may be contained. धरने योग्य ।

Contaminate- कण्टैमिनेट् - *v. t.* to pollute, to corrupt. दूषित करना (भ्रष्ट करना), अपवित्र या कलङ्कित करना ; Contamination (-ए-शन्) -*n*. pollution, defilement. भ्रष्टता, अपवित्रता ।

Contemn-कण्टेम्-*v. t.* to despise, to disregard. घृणा करना, अनादर करना (उपेक्षा करना); Contemner (-नर्)-*n*. a despiser. घृणा या तिरस्कार करनेवाला ।

Contemplate-कॉन्' - टेम् - प्लेट्-*v. t. & i.* to anticipate, to intend, to meditate. मनन करना, चिन्तन करना, विचार करना; Contemplation (-प्ले'-शन्) -*n*. meditation. ध्यान, चिन्ता, भावना, आलोचना; Contemplative (-टिव्)-*adj*. thoughtful, meditative. ध्यान में लीन, चिन्ता में लगा हुआ; Contemplatively (-टिव्-लि) - *adv*. meditatively. ध्यानपूर्वक; Contemplativeness (टिव्-नेस्)-*n*. ध्यानावस्था; Contemplator (-प्ले-टर्) -*n*. one who contemplates or meditates. विचार या चिन्ता करनेवाला ।

Contemporaneity-कण्टेम्परेनीइटि-*n*. contemporariness. समकालीनता, एक ही समय का होना, समसामयिकता ।

Contemporaneous - कण्टेम्परे निअस - *adj*. existing, happening or being at the same time. समकालीन,एक ही समय का; Contemporaneously (-लि) -*adv*. at the same time with other events. एक ही समय में होते हुए; Contemporaneousness (-एन्'-इ-

असु-नेंस्) *n.* state of being contemporary. समकालीनता ।

Contemporary -कण्टेंम्परिर-*adj.* & *n.* belonging to or living at the same time, equal in age. समकालिक (एक काल का), समवयस्क; **Contemporize** (-आइज़्) -*v. t.* to cause to agree in time. समकालीन बनाना ।

Contempt- कण्टेंम्प्ट् - *n.* cat of despising, disdain, scorn. तिरस्कार, अनादर, अपमान, घृणा, उपेक्षा; **Contemptibility** (-इब्-इल्-इट्-इ) -*n.* state of being contemptible. अनादरत्व; **Contemptible** (-इ-ब्ल) -*adj.* worthy of contempt, despicable. घृणा के योग्य; **Contemptibleness** (-इ-ब्ल्-नेंस्)-*n.* तिरस्कार; **Contemptibly** (-इब्-लि)-*adv.* in a contemptible manner. तिरस्कार से; **Contempt of Court.** न्यायालय का अपमान ।

Contemptuous-कन्-टेंम्प्ट्'-यू-असु-*adj.* scornful, insolent. घृणित, तिरस्कार-युक्त; **Contemptuously** (-लि) -*adv.* with contempt. तिरस्कार या घृणा से; **Contemptuousness** (-नेंस्)-*n.* scornfulness. तिरस्कार, घृणा ।

Contend- कण्टेंण्ड् -*v. i.* & *t.* to strive, to compete, to argue, to maintain. विवाद करना, स्पर्धा करना, तर्क करना, हठ करना; **Contender** (-अर्) - *n.* a combatant, a champion. विवाद करनेवाला, योद्धा ; **Contending** (-इङ्ग्) -*adj.* opposing, struggling. विरोध करनेवाला, संघर्ष करनेवाला ।

Content-कण्टेंण्ट्-*adj.* satisfied. सन्तुष्ट, प्रसन्न; -*v. t.* & *i.* to satisfy, to be satisfied. सन्तुष्ट करना, सन्तुष्ट या प्रसन्न होना; (कॉन्'-टेंन्ट)-*n.* satisfaction, capacity or volume. सन्तोष, तृप्ति, समाई, घन परिमाण;-*n. pl.* the summary or subject matter of a book. किसी पुस्तक की विषय सूची; **Contentation** (-ए'-शन्) satisfaction. सन्तोष; **Contented** (-एंड्)-*adj.* satisfied. सन्तुष्ट; **Contentedly** (-एंड्-लि) -*adv.* in a contented manner. सन्तोष से; **Contentedness** (-एंड्- नेंस्) - *n.* satisfaction. सन्तोष; **Contentment** (-मेंन्ट) -*n.* gratification, acquiescence. सन्तोष, तृप्ति ।

Contention - कण्टेंन्शन् - *n.* dispute, strife, quarrel, controversy. विवाद, कलह,वाग्युद्ध; **Bone of contention** (object of quarrel.) विवाद का विषय, विवाद की वस्तु ।

Contentious- कण्टेंन्शस् - *adj.* quarrelsome, given to strife. विरोधी, कलहप्रिय; **Contentiously** (-लि)-*adv.* विरोध से; **Contentiousness** (-नेंस्) - *n.* quarrelsomeness. विरोध, झगड़ा ।

Conterminal - कण्टर्मिनल, **Conterminous** (-अस्) (also **conterminate.**) -*adjs.* having a common boundary. एक ही सीमावाला ।

Contest-कॉण्टेंस्ट्-*n.* debate, strife, controversy. कलह, विवाद, वाग्युद्ध; -*v. t.* & *i.* (कण्टेंस्ट) to debate, to dispute. विवाद करना, झगड़ना; **Contestable** (-एँ-ब्ल) -*adj.* controversial. विवाद योग्य; **Contestant** (-ऑन्ट) -*n.* one who debates or contests. विवाद करनेवाला; **Contestation** (-ए'-शन्) -*n.* strife, dispute. विवाद, झगड़ा ।

Context - कॉन्' - टेंक्स्ट - *n.* the parts that precede or follow a passage and fix its meaning. सन्दर्भ, प्रकरण, प्रसङ्ग; **Contexture** (-टेंक्स्ट्'-यूर्) -*n.* structure, composition. रचना, बनावट ।

Contiguity- कन् -टिग् -यू'- इट्- इ-*n.* contact, nearness. सम्पर्क, समीपता; **Contiguous** (-अस्) - *adj.* neighbouring, adjoining. पास या पड़ोस का, मिला हुआ; **Contiguously** (-असु-लि)-*adv.* in a manner so as to adjoin. समीप रहते या मिलाते हुए ।

Continence- कॉन्'- टिन्- ऍन्स्-*n.* restraint of passions, self-command, temperateness, chastity. संयम, आत्मनियंत्रण, इन्द्रिय-दमन, अव्यभिचार ।

Continency- कॉन्'- टिन्-ऍन्स - इ-*n.* restraint upon desires. आत्मसंयम ।

Continent- कॉन्'- टिन्- ऍन्ट -*n.* a mainland, main continuous body of land. महाद्वीप; -*adj.* temperate, chaste. जितेन्द्रिय, संयमी; **Continental** (-अल्) -*adj.* pertaining to a continent. महाद्वीप सम्बन्धी ।

Continently-कॉन्'-टिन्-ऍन्ट'- लि -*adv.* moderately, temperately, chastely. संयम से, नियम से ।

Contingency-कन्-टिन्'- जेंन्-सि -*n.* a fortuitous event. आकस्मिक घटना; **Contingency Fund.** आकस्मिकता-निधि ।

Contingent-कन्-टिन्'- जेंन्ट्-*adj.* accidental, non-essential. संदिग्ध, अनिश्चित; - *n.* force contributed to form part of army. सेना-दल; **Contingently** (-लि) -*adv.* in a contingent manner. अनिश्चित रूप से ।

Continual-कण्टिन्युअल्-*adj.* without interruption, incessant. सतत, निरन्तर; **Continually** (-लि)-*adv.* without cessation, uninterruptedly. निरन्तर ।

Continuance - कण्टिन्युअँन्स् -*n.* persistence, duration, continuity. स्थिरता, नित्यता, निरन्तरता ।

Continuation- कण्टिन्युएशन् -*n.* carrying on, extension. क्रम, विस्तार ।

Continuator - कण्टिन्युएटर् - *adj.* one who writes in continuation of another's work. दूसरे की लिखी किसी अपूर्ण पुस्तक को समाप्त करनेवाला ।

Continue-कन् - टिन्' -यू-*v. i. & t.* to last, to persevere, to prolong, to let remain. ठहरना, दृढ़ होना, जारी करना, प्रवृत्त होना; **Continued** (-ड्) extended. विस्तृत; **Continuing** (-इङ्ग्)-*adj.* permanent. स्थायी ।

Continuity - कण्टिन्यूइटि - *n.* state of being continuous, cohesion. निरन्तर होने की अवस्था, निरन्तरता, अविच्छिन्नता ।

Continuous - कण्टिन्यूअस् - *adj.* frequent, uninterrupted. प्रायः, सतत (निरन्तर), अप्रतिहत, लगातार ; **Continuously** (-अस्-लि) - *adv.* incessantly, in a continuous way or manner. नित्य, सर्वदा, अनवरत, निरन्तर ।

Contort- कण्टॉर्ट् -*v. t.* to twist, to distort. ऐंठना, टेढ़ा करना; **Contortion** (-टॉर्शन्)-*n.* distortion. ऐंठन, मरोड़ ।

Contour- कॉन्- टूर् -*n.* an outline of coast, mountain &c. पर्वत, समुद्र-तट इत्यादि की रिधि की रेखा ।

ontra - कॉन्' - ट्रा - *pref.* in the sense of 'against'. 'विमुख, विपरीत' अर्थ का उपसर्ग ।

Contraband - कॉण्ट्रबैण्ड् - *adj.* prohibited, smuggled, forbidden to be exported or imported. प्रतिषिद्ध, देश से बाहर भेजने या देश में मँगाने का निषेध, प्रतिषिद्ध वस्तु ।

Contraception - कॉण्ट्रसेप्शन् - *n.* prevention of conception. गर्भ धारण न करना, गर्भ अवरोध ।

Contraceptive-कॉण्ट्रसेप्टिव् - *adj.* preventive of or hindering conception गर्भ न धारण करने का, गर्भनिरोधी ।

Contract- कॉण्ट्राक्ट् - *n.* agreement between Parties. संविदा, सट्टा, पट्टा, सगाई; (कण्ट्रैक्ट्') -*v. t. & i.* to enter into business, to form friendship, to draw together, to make smaller, to catch a disease. व्यवहार करना, मैत्री या विवाह का वचन देना, सिकुड़ना, छोटा करना, रोग ग्रहण कर लेना; **Contracted** (-ऍड्)-*adj.* narrow, drawn together, selfish. संक्षिप्त, सिकुड़ा हुआ, स्वार्थी; **Contractibility** (-इब्-इल्'-इट्-इ) -*n.* quality of suffering contraction. सिकुड़ने का गुण; **Contractible** (-इ-ब्ल्) -*adj.* capable of contraction. सिकुड़ने योग्य; **Contractile** (-आइल्)-*adj.* tending to contract. सिकुड़नेवाला ; **Contraction** (-ट्रॅक्'-शन्)-*n.* shrinking, confinement. सङ्कोच, सिकुड़न, ऐंठन; **Contractor** (-अर्) -*n.* one who undertakes a contract for completing the work at a fixed rate in a stipulated time. ठीकेदार ।

Contradict-कॉण्ट्रडिक्ट्-*v. t.* to oppose, to say contrary to. विरोध करना, विरुद्ध कहना; **Contradictable**(-ऍ-ब्ल्) -*adj.* deniable. निषेध के योग्य; **Contradiction**(-डिक्'-शन्)-*n.* denial, opposition, inconsistency, repugnancy. प्रतिकूलता, विरोध, विपरीत वचन; **Contradictory**(-अरि)-*adj.* mutually opposed or inconsistent. विपरीत, परस्पर विरुद्ध ।

Contradistinction - कॉण्ट्र - डिस्टिंक्शन् - *n.* distinction by opposite qualities. विपरीतता, विपक्षता ।

Contradistinguish- कॉण्ट्र -डिस्टिंग्विश् -*v. t.* to distinguish by opposite qualities. विरुद्ध गुणों से विशिष्ट करना या अलगाना ।

Contrapose- कॉण्ट्रपोज़ -*v. t.* to place over against a thing. विपरीत स्थिति या अवस्था में रखना ।

Contraposition-कॉण्ट्र-पोज़िशन् -*n.* opposite position, contrast. विपरीत भाव, भेदभाव ।

Contrapositive- कॉण्ट्र-पॉज़िटिव् - *adj.* oppositional. विरुद्ध भाव का ।

Contrariety-कॉन्-ट्रॅ -राइ'-ई-टि-*n.* opposition in nature, disagreement, inconsistency. प्रतिकूलता, व्यतिक्रम ।

Contrariwise-कॉन्'-ट्रॅ'- रि-वाइज़् -*adv.* on the other hand, in the opposite way. विपरीत, दूसरी ओर ।

Contrary-कॉण्ट्रॅरि-*adj.* opposite, impending, unfavourable, perverse.विरुद्ध,विपरीत,प्रतिकूल; **On the contrary** (as against, otherwise.); इसके विपरीत, अन्यथा; **To the contrary.** विपरीत भाव से; **Contrary to usage.** आचार-विरुद्ध ।

Contrast - कॉण्ट्रास्ट -*n.* opposition, juxtaposition. अन्तर, भेद; -*v. t. & i.* (कण्ट्रास्ट) to set in opposition, to show striking difference. भेद दिखलाना, अन्तर बतलाना; **Contrasted** (-ऍड्)-*adj.* examined in opposition. अन्तर किया हुआ ।

Contrate-कॉन्'-ट्रेट्-*adj.* having teeth at right angles to a wheel's plane. बेड़े बल के दाँतवाला (पहिया) ।

Contravene - कॉण्ट्रवीन्-*v. t.* to oppose, to infringe (a law), to dispute, to conflict with. (नियम का) विरोध करना, झगड़ना, कलह करना; **Contravention** (-वॅन्' -शन्)- *n.* infringement. प्रतिकूलता, उल्लंघन, निषेध, विरोध ।

Contribute-कण्ट्रिब्यूट्-*v. t. & i.* to pay a share, to help or bring about. अपना-अपना अंश देना, सहायता देना; **Contribution** (-यू'-शन्)-*n.* collection, a literary article. अंशदान,भागदान, साहित्यिक लेख, सेना के लिये चन्दा; **Contributor** (-अर्)-*n.* one who contributes. सहायता देनेवाला, पत्रों में लेख लिखनेवाला; **Contributory**(-अरि)- *adj.* contributing to the same purpose. सहायक।

Contrite-कॉन्' - ट्राइट् - *adj.* broken-hearted, perfectly penitent. शोकार्त, दुःखाकुल, -पूर्ण पश्चात्तापी;**Contrition**(-ट्रिशन्)-*n.* penitence. पश्चात्ताप, पछतावा।

Contrivable- कण्ट्राइवेब्ल् - *adj.* what may be contrived. निर्माण योग्य, उपाय-साध्य।

Contrivance - कण्ट्राइवेन्स् - *n.* a deceitful practice, an invention, a desire. कपट-योजना, आविष्कार, इच्छा।

Contrive-कण्ट्राइव्' - *v. t. & i.* to invent, to manage, to devise, to plan. आविष्कार करना, प्रबन्ध करना, उपाय करना; **Contriver** (-अर्) -*n.* an inventor, a schemer. आविष्कार करनेवाला, कल्पनाकारी।

Control-कण्ट्रोल्-*n.* command, check, device to bring under restraint. अधिकार, नियंत्रण, निग्रह, वश में रखने का उपाय;-*v. t.* (*p. t.* Controlled.) to restrain, to hold in check, to govern, to dominate. वश में करना, नियंत्रण करना, शासन करना, जीतना।

Controllable-कण्ट्रोलेब्ल् - *adj.* subject to control. वश में करने योग्य।

Controller - कण्ट्रोलर् - *n.* one who has authority to control, one who checks expenditure. अध्यक्ष,हिसाब-किताब जाँचनेवाला; **Controllership** (-अर्-शिप्)-*n.* the office of a controller. हिसाब जाँचनेवाले का पद।

Controversial- कॉण्ट्रवर्शल् - *n.* pertaining to points in dispute.विवाद-सम्बन्धी, तार्किक।

Controversy- कॉण्ट्रवर्सि - *n.* disputation, contest. प्रतिवाद,विवाद, वादानुवाद; **Beyond controversy** (certain) निःसन्देह, अवश्य।

Controvert-कॉण्ट्रवर्ट् - *v. t.* to deny, to dispute, to discuss. अस्वीकार करना, विवाद करना,झगड़ना;**Controvertist** (-इस्ट्)- *n.* one skilled in debate. विवादी (नैयायिक)।

Contumacious-कॉन्- ट्यू- मे' - शस्-*adj.* disobedient, insubordinate. अवज्ञाकारी, धृष्ट (प्रतिकूल), दुर्विनीत; **Contumaciously** (- लि) -*adv.* in a disobedient manner. अवज्ञा से ; **Contumaciousness** (-नेस्)-*n.* insubordination. धृष्टता, ढिठाई।

Contumacy-कन्-ट्यू-मी'-सि- *n.* perverseness. हठ, आग्रह, धृष्टता।.

Contumelious-कॉन्-ट्यू-मी- लि-अस्-*adj.* insolent. ढीठ, धृष्ट; **Contumeliously** (-लि) -*adv.* in a haughty manner. घमण्ड से।

Contumely-काण्ट्यूमिलि - *n.* insolent language or treatment, disgrace. उद्धत (ढीठ) भाषा या व्यवहार, अपमान।

Contuse-कण्ट्यूज़्-*v. t.* to injure without breaking skin, to beat and bruise. कुचलना, भीतरी घाव करना; **Contusion** (-ट्यू-ज़न्) -*n.* a bruise. घाव, भीतरी चोट।

Conundrum-कनण्ड्रम् -*n.* a riddle, a puzzle. प्रहेलिका, पहेली।

Convalesce-कॉन्-व्हेल-ऍस्' - *v. t.* to regain health. पुनः स्वस्थ होना, रोग का अपशमन होना; **Convalescence**(-सॅन्स्)-*n.*gradual recovery of strength. क्रमशःबल की पुनर्प्राप्ति; **Convalescent** (-ऍन्ट्)-*adj.*recovering from sickness. पुनः स्वास्थ्यलाभोन्मुख।

Convection-कन्वेक्शन्-*n.* act of conveying heat or electricity.उष्णता या बिजली की शक्ति का एक स्थान से दूसरे स्थान को संवाहन; **Convective** (-टिव्)-*adj.* conveying. संवाहक।

Convenable-see **Convene.**

Convene-कन्वीन्-*v. t. & i.* to come together, to assemble, to summon.इकट्ठा होना,बटोरना, बुलाना;**Convenable**(-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be assembled.एकत्र होने योग्य; **Convener** (-अर्) -*n.* one who calls a meeting. सभा बुलानेवाला।

Convenience-कन्-वीन्'-इ -ऍन्स् -*n.* suitableness, comfort, advantage. योग्यता, आराम, सुविधा;-*v. t.* to accommodate. मदद करना, सुविधा देना; **At your convenience.** अपने सुविधानुसार, यथावसर।

Convenient-कन्-वीन्'-इ- ऍन्ट्- *adj.* suitable, commodious. उपयुक्त, सुविधायुक्त; **Conveniently** (-लि) - *adv.* in a suitable manner सुविधा से।

Convent-कॉन्' -वेन्ट्-*n.*a religious community, a nunnery, a monastery. मठ (विहार), धार्मिक संस्था।

Conventicle-कॉन्-वेन्ट्'-इ- कुल्-*n.* a religious assembly, a secret meeting. धर्मसभा (समाज), गूढ़ सभा।

Convention-कन्-वेन्'-शन्-*n.* a formal assembly, union, general consent, coalition or agreement. सभा, लोकसम्मति, प्रतिज्ञा; **Conventional** (-अल्)-*adj.* not natural. लौकिक, रूढ़; **Conventionalism** (-नलिज़्म्) -*n.* that which is established by tacit agreement,

आचारविधि; Conventionally (-अलि)-*adv.* by tacit agreement. लौकिक रीति से; Conventionary (-अरि)-*adj.* acting according to convention. लौकिक रीति के अनुसार कार्य करनेवाला ।

Conventual-कॉन्'-वेन्ट्'-यु-अल्-*adj.* belonging to a convent. मठ-सम्बन्धी ।

Converge-कन्वर्ज्-*v. i.* to tend to meet in a point. एक केन्द्र में मिलना; Convergence (-ऍन्स्)-*n.* tendency to meet at a point. एक केन्द्राभिमुखता; Convergent (-ऍन्ट्)-*adj.* tending to meet at a point. एक केन्द्र अथवा बिन्दु पर मिलनेवाला; Converging (-इङ्ग्)-*adj.* meeting in a point. एक केन्द्र पर मिलता हुआ।

Conversable-कन्वर्सेबल्-*adj* easy in conversation, fit for social intercourse. वार्ता करने योग्य, सम्भाषणप्रिय; Conversableness (-नेस्)-*n.* sociability. समाजप्रियता ।

Conversance (-cy)-कन्वर्सेन्स (-सि)-*ns.* acquaintance, familiarity. परिचय, जान-पहचान, सुजनता ।

Conversant-कन्वर्सेन्ट्-*adj.* well-acquainted, versed, proficient. परिचित, निपुण (कुशल) ।

Conversation-कन्वर्सेशन्-*n.* a familiar talk. सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत; Conversational (-अल्)-*adj.* pertaining to conversation. सम्भाषण-सम्बन्धी; Conversationist (-इस्ट्)-*n.* one who exceeds in conversation, a talker. अधिक वाचाल, बहुत बोलनेवाला ।

Converse-कन्वर्स्-*v.t.* to talk, to hold intercourse with. सम्भाषण करना, बोलना, वार्तालाप करना;-*adj.* & *n.* (कॉन्'-वर्स) opposite, contrary, inverted proposition. व्यतिक्रम, विपर्यय, विलोम; Conversely (-लि)-*adv.* in an inverted order. विपरीत रूप से, उलटी तरह से।

Conversion-कन्वर्शन्-*n.* change of one state to another, change of religion. रूपान्तर, धर्म-परिवर्तन ।

Convert - कन्वर्ट्' - *v. t.* to change one's religion, to cause to turn. बदलना, धर्म पलटना;-*n.*(कॉन्-वर्ट्) one who has changed his religion. अपना धर्म छोड़नेवाला (परधर्म ग्रहण करनेवाला); Convertible (-इ-बल्)-*adj.* exchangeable. बदलने योग्य; Convertibility (-इब्-इल्'-इट्-इ)-*n.* capability of being converted. परिवर्तनीयता; Convertibly (-इब्-लि) -*adv.* reciprocally. बदलने के रूप में ।

Convex-कॉन्'-वेक्स्-*adj.* curved like the outer part of circle or sphere. कछुवे की पीठ के आकार का, उन्नतोदर; Convexity (-इट्-इ)-*n.* roundness. उभाड़, गोलाई ।

Convey-कन्वे-*v. t.* to carry, to impart, to communicate. पहुँचाना, ले जाना, देना, प्रतिपादन करना; Conveyable (-ए-बल्)-*adj.* able to be conveyed. ले जाने योग्य; Conveyance (-ऑन्स्)-*n.* act of carrying, transference of property, carriage or vehicles ले जाने की क्रिया, संपत्ति-समर्पण, यान, गाड़ी; Conveyer (-अर्)-*n.* he who or that which conveys. ले जानेवाला ।

Convict-कॉन्'-विक्ट्-*n.* a condemned criminal. अपराधी, जिस पर दोष निर्धारित हो चुका हो; -*v. t.* to declare guilty, to impress with error. अपराधी स्थिर करना, दोषी ठहराना; Convicted (-ऍड्)-*adj.* proved guilty. दोष-सिद्ध, अभिशस्त, अपराधी प्रमाणित ।

Conviction-कन्-विक्'-शन्-*n.* proving guilty, act of convincing. दोषसिद्धि, अभिशस्ति, दोष-निश्चय (अपराध-निर्णय), दृढ़ विश्वास ।

Convince-कन्विन्स्-*v. t.* to assure firmly. प्रतीति कराना, निश्चय कराना; Convincible (-इ-बल्)-*adj.* capable of assurance. विश्वास योग्य; Convincing (-इङ्ग्)-*adj.* satisfying. निश्चय करनेवाला (निर्णयात्मक); Convincingly (-लि)-*adv.* in a convincing manner. दृढ़ता से, निश्चय से ।

Convivial-कन्विविअल्-*adj.* befitting a feast, jovial. उत्सव-सम्बन्धी, प्रफुल्ल; Convivialist (-इस्ट्)-*n.* one of convivial habits. उत्सव मनानेवाला; Convivially (-लि)-*adv.* in a jovial manner. आनन्दपूर्वक ।

Convocation-कॉन्-वो-के-शन्-*n.* a calling together, an assembly of clergy or members of a university. समागम, सभा (समाज), पादरियों का संघ, विश्वविद्यालय के सदस्यों की सभा, दीक्षान्त समारोह; Convocational-*adj.* pertaining to convocation. समागम-सम्बन्धी ।

Convoke-कन्वोक्-*v. t.* to call together, to assemble. पुकारना, बुलाना, इकट्ठा करना।

Convolute-कॉन्वल्यूट्-*adj.* rolled together, coiled up लपेटा हुआ, चक्कर दिया हुआ; Convoluted (-ल्यूट्'-ऍड्) -*adj.* twisted. ऐंठा हुआ ।

Convolution-कॉन्वल्यूशन्-*n.* a fold, coiling. तह, लपेट (ऐंठन) ।

Convolve-कन्वॉल्व्-*v. t.* to roll or wind together. लपेटना ।

Convoy-कॉन्-वॉय्-*v. t.* to escort, to conduct रक्षा के लिये साथ जाना, सुरक्षित ले जाना; -*n.* (कॉन्'-वॉय्) protection, escort, a fleet of ships for defence. रक्षा, पथरक्षक (सहचर), रक्षक जहाजी बेड़ा ।

Convulse-कन्-वल्स्'-*v. t.* to shake violently, to draw or contract. वेग से हिलाना, संक्षुब्ध करना, सिकोड़ना, ऐंठना, खींचना; **Convulsion** (-वल्-शन्) - *n.* violent involuntary contraction of muscles, (*pl.*) fit of laughter, social or political agitation. चिहुँक, (ब०व०) हँसते-हँसते लोट जाना, सामाजिक अथवा राजनैतिक विप्लव; **Convulsive** (-इव्)-*adj.* producing spasms. ऐंठन उत्पन्न करनेवाला।

Cony-को'-नि-*n.* the rabbit or rabbit-skin. शशक, खरहा, खरहे की खाल; **Cony-catcher**-*n.* thief, a cheat. चोर, ठग, धोखेबाज।

Coo-कू - *v. t.* to make a soft murmuring sound like pigeons or doves. पेंडुकी या कबूतर की तरह गुटकना;-*n.* the sound of a dove or pigeon. पेंडुकी या कबूतर का कूजन या गुटरगूँ शब्द।

Cook-कुक् - *n.* one who prepares food for eating. पाचक, रसोईदार; - *v. t.* to prepare food, to utter the note of the cuckoo. भोजन पकाना, कोयल की बोली बोलना; **Too many cooks spoil the broth** (one director is better than many). अनेक की अपेक्षा एक ही प्रबन्धकर्ता अच्छा होता है, बहुतै योगी मठ उजाड़।

Cooker-कुकर् - *n.* a vessel in which food is cooked, a stove &c. भोजन बनाने का पात्र, चूल्हा; **Cookery** (-इ)-*n.* the art of cooking. पाकविद्या।

Cook-house-कुक्' - हाउस् - *n.* an outdoor kitchen. घर के बाहर की पाकशाला।

Cool-कूल्-*adj.* moderately cold, calm, unexcited, dispassionate, indifferent, wanting cordiality. शीतल, शान्त, उत्तेजनाहीन, शून्यहृदय, उदासीन;-*v. t. & i.* to become or make cool. शीतल करना, ठण्डा होना; **Cool-headed** (not easily excited.) स्थिरचित्त-वाला (मनुष्य); **To cool** (to pacify.) शीतल या शान्त करना, ठण्डा करना; **To cool one's heels** (to keep waiting.) राह देखना; **Coolly** (-लि)-*adv.* in an indifferent manner. उदासीनता से।

Coolie (Cooly)-कू'-लि-*ns.* a hired labourer, a carrier. मजदूर, मोटिया, कुली।

Coomb, Combe-कूम् - *ns.* a short valley. (पहाड़ पर की) छोटी घाटी।

Coop-कूप्-*n.* a basket placed over fowls, a fishing-basket. मुर्गों के ढाँकने की टोकरी, मछली फँसाने की टोकरी;-*v. t.* to confine in a coop. दरबे में रखना, पिंजड़े में बन्द करना।

Cooper-कूप्'-अर् - *n.* a maker or repairer of casks or tubs. पीपा या नाद बनानेवाला या मरम्मत करनेवाला ; **Cooperage** (-एज्)-*n.* a cooper's workshop or charges. पीपा बनानेवाले की दूकान या उसकी बनवाई।

Co-operant-को-ऑप्-अर्-ऑन्ट्-*adj.* co-operating. मिलकर काम करनेवाला।

Co-operate-को-ऑप्'-अर्- एट् - *v. t.* to work together. साथ-साथ काम करना; **Co-operation** (-ए-शन्) -*n.* working together to a common end. एक ही लक्ष्य पर काम करना (सहयोग, सहोद्योग); **Co-operative** (-एटिव्) -*adj.* tending to co-operation. सहकारी, मिलकर काम करनेवाला ; **Co-operative society** (a society for production of goods and distribution of profits among the members.) सहकारी संस्था, समवाय संस्था, साझे की पूँजी से व्यापार करनेवाली संस्था ; **Co-operator** (-अर्)-*n.* one who co-operates. सहयोगी, मिलकर काम करनेवाला।

Co-opt-को-ऑप्ट्'-*v. t.* to elect to membership by the votes of existing members. नियुक्त सदस्यों के मत से सदस्य चुनना।

Co-ordinate-को-ऑर्डिनेट्-*adj.* equal in rank of the same order. समान पद का, एक से क्रम का;-*v. t.* to bring parts into proper relation. भागों को उचित सम्बन्ध में लाना;-*n.* each of a system of magnitudes used to fix position of a point, line or plane. नियामक; **Co-ordinateness** (-नेस्) or **Co-ordination** (-ए'-शन्)-*ns.* the state or act of being co-ordinate. समपदस्थता या समपदीकरण; **Coordinative** (-इव्)-*adj.* indicating co-ordination. समपदस्थता सूचक।

Coot-कूट्-*n.* a water fowl, a stupid fellow जल-पक्षी, मूर्ख व्यक्ति।

Cop-कॉप् - *n.* a conical ball of thread. तागा लपेटा हुआ चोंगा।

Copal-को'-पॅल्-*n.* a kind of resin which is used in varnishes. वार्निश में प्रयोग की जानेवाली राल।

Coparcenary-कोपार्सनरि, **Co-parcener** (-अर्) -*n.* joint heir to an undivided property. अविभक्त जायदाद का संयुक्त उत्तराधिकारी।

Co-partner-को-पार्ट्-नर्-*n.* a partner, a sharer. अंशभागी, साझीदार ; **Copartnership** (-शिप्) -*n.* a joint concern in a business. पट्टीदारी, साझेदारी।

Cope-कोप्-*n.* a long cloak with hood worn by priests. पादरियों का लम्बा चोंगा;-*v. t. &*

i. to furnish with a cope, to contend evenly with, to encounter. चोंगा पहिनाना, स्पर्धा करना, झगड़ना या सामना करना।

Coper-कोप्'-अर्-*n.* a horse-dealer. घोड़े का सौदागर, घोड़े का व्यापारी।

Copier-कॉप्'-इ-अर्-*n.* one who copies. नक़ल करनेवाला, प्रतिलिपि लिखनेवाला।

Coping-कोप्'-इङ्ग्-*n.* the top course of a wall. मुँडेरा; **Coping-stone** (the summit of a building, top stone) घर का शिखर, चोटी का पत्थर।

Copious-को'-पि-अस् - *adj.* plentiful, profuse, prolific. प्रचुर, विपुल, बहुफलप्रद; **Copiously** (-लि)-*adv.* profusely. बहुतायत से; **Copiousness** (-नेस्)-*n.* abundance. प्रचुरता।

Copper-कॉप्' - पर् - *n.* a reddish malleable metal, coin, cooking boiler. (ताम्र) ताँबा, ताँबे का सिक्का, डेग; **Copper plate** (a polished plate of copper.) पालिश किया हुआ ताँबे का पत्तर; **Copper-smith** (one who makes copper utensils.) ठठेरा, कसेरा; **Coppery** (-इ)-*adj.* mixed with copper. ताम्रमय, ताँबे के रंग का।

Copperas-कॉपरॅस्-*n.* blue vitriol. तूतिया।

Coppice-कॉप्-पिस्-*n.* small trees grown for periodical cutting, a thicket. जंगल, झाड़ी (टट्टी)।

Copra-को'-प्रा-*n.* dried kernels of coconut. नारियल की गरी या गोला।

Coprology-कॉप्-रॉल्'-ऑ - जि - *n.* moral impurity in art and literature. कला-कौशल या साहित्य की अश्लीलता।

Copse-कॉप्स्-*n.* same as **Coppice.**

Copula-कॉप्'-यू'-लॉ-*n.* a word of predication in logic, a connecting part. न्याय में क्रियापद का चिह्न, संयोजक अवयव, बन्धनी।

Copulate-कॉप्'-यू-लेट्-*v. i.* to unite sexually. मैथुन करना; **Copulation** (-ले'-शन्)-*n.* act of copulating. मैथुन।

Copulative-कॉप्'-यु-लेट्-इव्-*adj. & n.* serving to connect, that which connects. संयोगकारी, संयोजक अव्यय।

Copy-कॉप्'-पि-*n.* (*pl.*Copies.) reproduction, imitation, transcript. प्रतिलेख, प्रतिलिपि, प्रतिकृति, अनुकरण, हस्तलिपि;-*v. t.* to transcribe from original. मूल की प्रतिलिपि लिखना (नकल करना); **Copy-book** (a book in which copies are written.) लिपि-पुस्तक; **Copy-book maxims** (trite maxims.) सामान्य उपदेश।

Copyhold-कॉप्' - पि-होल्ड् - *n.* a tenure by copy. पट्टा लिखाई हुई जमीन।

Copying-press-कॉप्'-इङ्ग-प्रेस्-*n.* a machine for taking an exact copy of a manuscript. प्रतिलिपि छापने का यन्त्र।

Copyist-कॉप्' - इ - इस्ट्-*n.* one who copies. लेखक, प्रतिलिपि करनेवाला।

Copyright-कॉप्'-पि - राइट् - *n.* the exclusive legal right to author or publisher for a book. प्रतिलिप्यधिकार, कृतिस्वाम्य, किसी पुस्तक के मुद्रण का लेखक या मुद्रक को पूर्ण अधिकार।

Coquet-कॉ-केट्'-*adj.* coquettish. विलासवती, चोचला दिखानेवाली।

Coquet, Coquette-कॉ-केट्'-*v. i.* to flirt, to trifle. हावभाव दिखलाना, चोचला करना; -*n.* a woman who trifles with a man's affections. कामिनी, विलासवती स्त्री ; **Coquetry** (-रि) -*n.* attractive prettiness, trifling in love. नखरा, चोचला।

Coquettish-कॉ - केट्' - इश् - *adj.* practising coquetry. हावभाव या चोचला दिखलानेवाली; **Coquettishly** (-इश्-लि)-*adv.* in a coquettish manner. हावभाव से, चोचले से।

Coracle-कॉर्'-अ-क्ल्-*n.* a water-tight boat made of wicker-work. बाँस की बिनी हुई पनसुइया (छोटी नाव)।

Coral-कोरल्-*n.* a hard submarine substance secreted by many species of polyps. प्रवाल, मूँगा; -*adj.* like coral. मूँगे के सदृश ; **Coral-island** (an island formed of coral reefs.) मूँगे का टापू ; **Coral-reef** (a ridge of coral.) मूँगे की चट्टान।

Corbel-कॉर्'-बेल् - *n.* a projection of stone, timber or iron in a building, a niche. घोड़िया, ताखा।

Cord-कॉर्ड्-*n.* a thin rope, thick string, a cord-like structure in animal body. डोरी, रस्सी, जन्तु शरीर के महीन तन्तु; - *v. t.* to bind with cord. रस्सी से बाँधना; **Cordage**-(कॉर्डेज्)-*n.* cords or ropes in the rigging for a ship taken collectively. जहाज के रस्से इत्यादि; **Corded** (-ऍड्) -*adj.* bound with cords. रस्सी से बँधा हुआ।

Cordate-कॉर्डेट्-*adj.* heart-shaped. हृदय (पान) के आकार का।

Cordial-कॉर्डिअल् - *n. & adj.* hearty, stimulating, sincere, warm, friendly, an exhilarating medicine. हार्दिक, दीपक (अग्निवर्धक), सुशील, उष्ण, पुष्टिदायक पदार्थ ; **Cordiality** (-अल्'-इट्-इ)-*n.* hearty goodwill. सुशीलता, सौजन्य, मित्रभाव, सचाई ; **Cordially** (-लि)

-*adv.* sincerely, heartily. सौहार्द से; **Cordial-hearted**-*adj.* affectionate. प्रेमी ।

Cordite-कॉर्डॉइट्-*n.* a smokeless explosive. बिना धुवें की बारूद ।

Cordon-कॉर्डॉन् - *n.* a chain of military posts. स्थान-स्थान पर नियुक्त सैनिकों की पंक्ति ।

Core-कोर्-*n.* a horny capsule, the central part of anything, the heart. अन्तर्भाग, भीतरी हिस्सा (गुद्दा), हृदय ।

Co-regent-को-री-जेंन्ट्-*n.* a joint ruler. संयुक्त शासक ।

Co-relation-को-रि-लें'शन्-*n.* corresponding connection. परस्पर सम्बन्ध ।

Co-relative-को-रि-लेटिव्-*adj.* mutually united. परस्पर सम्बन्धी ।

Co-religionist-को-रिलिज्निस्ट-*n.* an adherent of the same religion. एक ही धर्म का अनुयायी ।

Co-respondent-को-रेंस्-पॉन्ड्'-ऍन्ट्-*n.* a joint respondent in a suit (*law.*) किसी मुकदमे में सहकारी मुद्दालेह ।

Corf-कॉर्फ्-*n.* a basket in which fishes are kept alive, a coal-miner's basket. जीती हुई मछली रखने की टोकरी, कोयले के खानवाले की टोकरी ।

Coriander-कॉर्-रि-ऑन्'-डर् - *n.* an annual plant whose fruits are aromatic and carminative. धनियाँ ।

Corinth-कॉर्' - रिन्थ - *n.* a small fruit, currant, a fine city of Greece, a prostitute house. किसमिस, मुनक्का, यूनान का सुन्दर नगर, वेश्यालय ।

Co-rival-को-राइ'-वुल-*n.* a fellow rival. संयुक्त प्रतिस्पर्धी; **Co-rivalry**(-रि)-*n.* संयुक्त प्रतिस्पर्धा ।

Cork-कॉर्क्-*n.* bark of cork-oak, a bottle-stopper. काग, बोतल का डट्टा-*v. t.* to stop with cork. डट्टा लगाकर बन्द करना; -*adj.* made of cork. काग का बना हुआ; **Corkage** (-ज्)-*n.* the corking or uncorking of bottles. बोतलों में डट्टा लगाना या बोतलों में से डट्टा हटाना; **Corked** (-ड्)-*adj.* fitted with a cork. डट्टा लगा हुआ; **Corky** (-इ)-*adj.* resembling cork in appearance. काग के सदृश ।

Cork-screw-कार्क्' - स्क्रू - *n.* a steel screw for drawing cork from bottle. बोतल का काग निकालने की पेंच ।

Cork-srcew

Cormorant - कॉर्मरण्ट् - *n.* a voracious sea-bird, a rapacious man. एक प्रकार की बड़ी समुद्री चिड़िया, पेटू मनुष्य, भुक्खड़ आदमी ।

Corn-कॉर्न्-*n.* grain, seed, a thorny tumour on feet. दाना, अन्न (धान्य), पैर पर का गोखरू; -*v. t.* preserve with salt. नमक डालकर अन्न को रक्षित करना; **Corn-flour** (flour of maize.) मकई का आटा; **Corn-flower** (plants which grow among corn.) अन्न के साथ उगनेवाले अनेक पौधे ।

Cornea-कॉर्निआ-*n.* the interior transparent membrane of the eye-ball. कनीनिका, आँखों की पुतली ।

Corneous-कॉर्न्'-इ-अस्-*adj.* horny, like horn, hard. सींगदार, कड़ा ।

Corner-कॉर्न्'-अर्-*n.* a place where two sides or edges meet, a projecting angle, a difficult position, a secret place. कोना, कोण, निकला हुआ भाग, कठिन स्थिति, गुप्त स्थान; -*v. t.* to set or drive in a corner. कोने में रखना ।

Cornet-कॉर्निट् - *n.* a brass wind musical instrument like trumpet, an ice-cream cone, a lady's head dress, a troop of cavalry, a cavalry officer. तुरही के प्रकार का एक बाजा, मलाई की कुल्फी, औरतों की कुल्फीनुमा टोपी, घुड़सवार पल्टन, ऐसी पल्टन का अफसर ।

Cornice-कॉर्'-निस्-*n.* an ornamental moulding of a wall below the ceiling. कारनिस, दीवार का साज, छज्जा ।

Cornicle-कॉर्'-नि-कुल्-*n.* a little horn. छोटा सींग ।

Cornuted-कॉर्-न्यूट्'-ऍड्-*adj.* having horn-like projections, horn-shaped, a cuckold. सींग की तरह के उभाड़वाला, सींग के आकार का, लम्पट, पर स्त्री गामी, व्यभिचारी ।

Corny-कॉर्न्-इ-*adj.* pertaining to corn, producing corn, hard as horn, having corns on the feet or relating to such corns. अन्न-सम्बन्धी, अन्न-उत्पादक, सींग के समान कड़ा, पैरों के घट्ठोंवाला, ऐसे घट्ठों से सम्बन्धित ।

Corolla-कॅरॅला-*n.* the inner envelope of a flower composed of petals. फूल का भीतरी घेरा, दलपत्र चक्र ।

Corollary-कॅ-रॅ-ल-'-अरि-*n.* (*pl.* **Corollaries**) immediate deduction, conclusion. अनुमान, उपसिद्धान्त, परिणाम ।

Corona-कॉ-रो'-ना-*n.* (*pl.* **Coronae**) a small disk of light round the sun, moon or stars, round chandelier hung from the roof of a church, the stalk of a daffadil. सूर्य, चन्द्रमा या नक्षत्र के चारों ओर का प्रभामण्डल,

गिरजाघर की छत से लटकता हुआ गोल झाड़ या फानूस, नर्गिस के फूल का डंठल।

Coronal-कॉर्-रॉ-नल्-*n.* a circlet for the head, a crown. किरीट, मुकुट;-*adj.* pertaining to the crown of head. कपाल-सम्बन्धी।

Coronated-कॉर्-रॉन्-एट्'-एड् - *adj.* furnished with a crown-shaped ornament. मुकुट से सजा हुआ।

Coronation-कॉर्'-रॉन्-ए'-शन् - *n.* the ceremony of crowning a king. राज्याभिषेक, राजगद्दी, राजतिलक।

Coroner-कॉर्'-रॉन् - अर्-*n.* an officer who enquires into the causes of accidental or suspicious deaths. अपमृत्यु या सन्देह युक्त मृत्यु के कारण का अन्वेषण करनेवाला अफ़सर।

Coronet-कॉर्'-अ-निट् - *n.* a small crown, a garland. छोटा मुकुट, माला; **Coroneted** (-एँड्) -*adj.* wearing a coronet. छोटा मुकुट पहिने हुए।

Coronoid-कॉर्-रो-नॉ-इड् - *adj.* curved like the beak of a crow. कौवे की चोंच के सदृश टेढ़ा।

Corporal-कॉर्'-पॅ-रल्-*adj.* pertaining to the body, material. कायिक, शारीरिक, देह सम्बन्धी;-*n.* an officer in an army below a sergeant. फौज का एक छोटा अफसर, नायक; **Corporality**-(-इट्-इ)-*n.* material existence. देहत्व, शरीरत्व।

Corporate-कॉर्-पॅ-रेट्-*adj.* forming a body, united. मिला हुआ, संयुक्त; **Corporately** (-लि) *adv.* in a corporate capacity. सामाजिक रूप में।

Corporation-कॉर्-पॅर्'-ए-शन् - *n.* a united body of persons. समाज, मण्डली; **Corporative** (-एँ-टिव्)*adj.* of a corporation. समाज-सम्बन्धी।

Corporeal-कॉर्-पोर्' -इ - अल् - *adj.* bodily, material. शारीरिक, शरीर सम्बन्धी (आत्मा से भिन्न); **Corporeally** (-लि)-*adv.* in a bodily form. शारीरिक रूप में।

Corporeity-कॉर्'-पर्-इ-इट्-इ-*n.* the quality of being a material body, a bodily substance. शरीरत्व।

Corps-कोर्-*n.* (*pl.* **Corps**-कोर्ज़्) a division of an army, a body of troops. सेना का भाग, पलटन।

Corpse-कॉर्प्स्-*n.* a dead body. (*usu.* of human being.) शव, मृतक शरीर, लोथ।

Corpulence- कॉर्' - प्यू - लॅन्स्, **Corpulency** (-लॅन्-सि)-*ns.* obesity. मोटापन।

Corpulent-कॉर्-प्यु-लॅन्ट्-*adj.* bulky of body, fat. स्थूलकाय, मांसल, मोटा।

Corpuscle-कॉर्-पस्'-सल्-*n.* a minute body forming part of an organism. शरीर का जीवाणु; **Corpuscular** (-क्यु-लर्)-*adj.* pertaining to corpuscles. जीवाणु सम्बन्धी।

Corral-कॉर्-रॉल्'-*n.* an enclosure in which wild animals are captured. जंगली पशुओं के पकड़ने का बाड़ा।

Correct-करेक्ट् - *v. t.* to set right, to amend, to mark errors, to remove faults, to admonish, to punish. ठीक करना, सुधारना, शुद्ध करना, झिड़कना, दण्ड देना;-*adj.* true, right, accurate, proper. सत्य, शुद्ध, निर्दोष, यथार्थ; **Correction** (-रॅक्'-शन्)-*n.* amendment. punishment. शोधन, सुधार, दण्ड; **Correctitude** (इट्-यूड्)-*n.* correctness of conduct. चरित्र की शुद्धता; **Corrective** (- व्) - *adj.* having the power to correct. शोधक; **Correctly** (-लि)-*adv.* in a correct manner. शुद्ध ढंग से; **Correctness** (-नॅस्)-*n.* the state of being correct. शुद्धता; **Corrector**-(-अर्)-*n.* a censor, a critic, one who gives punishment. शोधक, समालोचक, दण्ड देनेवाला।

Correlate-कॉ-रिलेट् - *n.* things related to each other. परस्पर सम्बन्धी वस्तुएँ;-*v. i.* to have mutual relation. परस्पर सम्बन्ध होना; **Correlation** (-लॅ-शन्)-*n.* a reciprocal relation. परस्पर सम्बन्ध; **Correlative** (-कॉ-रिलॅ-टिव्) -*n.* & *adj.* analogous. परस्पर सम्बन्ध, परस्पर सम्बन्धी; **Correlatively** (-इव्-लि)-*adv.* in a correlative manner. परस्पर सम्बन्ध से।

Correspond-कॉर्-रस्-पॉन्ड् - *v. i.* to be in harmony with, to suit or agree, to be similar, to communicate by interchange of letters. अनुरूप होना, सदृश होना, परस्पर पत्र व्यवहार करना; **Correspondence** (-एॅन्स्) -*n.* an agreement, a communication by letters. अनुरूपता (सादृश्य), पत्र-व्यवहार; **Correspondent** (-एॅन्ट्)-*n.* one who writes letters to a person or newspapers. समाचार-लेखक, संवाददाता; **Corresponding** (-इङ्ग्) - *adj.* suiting, correspondent. तुल्य, युक्त, अनुरूप।

Corridor-कॉर्-रिड्-ऑर्-*n.* the main passage in large buildings, an open gallery. बरामदा, दहलीज।

Corrigendum-कॉर्-रि -जॅन्' - डम् -(*pl.* corrigenda.)-*n.* a thing to be corrected (*esp.* in print.) शुद्धिपत्र।

Corrigible-कॉर्-रिज्'-इ-बूल -*adj.* capable of being corrected, open to correction. शुद्ध करने या सुधारने योग्य ।

Corrival-कॉराइव़ल्-*n.* a co-rival, a competitor. प्रतिपक्षी, प्रतिस्पर्धी ।

Corroborant-करॉबॅरण्ट् - *adj.* strengthening. शक्तिवर्धक (औषध) ।

Corroborate- करॉबॅरेट् -*v. t.* to confirm by evidence, to strengthen. प्रमाणित करना, पुष्ट करना; -*adj.* tending to confirm. समर्थक; **Corroboration** (-ए'-शन्) - *n.* confirmation by evidence. प्रमाण द्वारा समर्थन; **Corroborative** (-एँ-टिव्) - *adj.* tending to confirm. प्रमाणित करनेवाला; **Corroborator** (-एँ-टर्) - *n.* one who corroborates. प्रमाणित करनेवाला व्यक्ति।

Corrode-करोड्-*v. i.* to wear away gradually, to rust. धीरे-धीरे क्षय होना, मुर्चा खा जाना ।

Corrosion-करोझन् -*n.* the act of eating or wasting away. क्रम से क्षय, क्षय करण ।

Corrosive-करोझिव्-*adj.* tending to corrode. (तीव्र नाशक) खानेवाला; **Corrosively** (-लि) *adv.* in a corrosive manner. क्षय या नष्ट करते हुए; **Corrosiveness** (-नॅस्)-*n.* quality of corroding. क्षयत्व ।

Corrugate-कॉर्-रुग्-ऍट्-*v. t. & i.* to contract into folds. सिकोड़ना, झुर्री पड़ना (तह बन जाना);**Corrugation** (-ए'-शन्)-*n.* the act of corrugating. त्वचा का सिकुड़ना; **Corrugated** (-ऍड्)-*adj.* wrinkled, folded. झुर्रीदार, ऐंठा हुआ, पनारीदार; **Corrugator** (-ए'-टर्) -*n.* the muscle which contracts in frowning. पेशी जो भौंह चढ़ाने में सिकुड़ती है ।

Corrupt-करप्ट्-*adj.* wicked, depraved, rotten, bribed. दुष्ट (भ्रष्ट), सड़ा हुआ, घूस दिया हुआ;-*v. t.* to defile, to debase, to bribe, to destroy purity of language. दूषित करना, भ्रष्ट करना, घूस देना, भाषा की शुद्धता नष्ट करना; **Corruptibility** (-इब्-इल्'-इट्-इ) - *n.* possibility of being corrupted. भ्रष्ट होने की संभावना; **Corruptible** (-इ-बूल) - *adj.* perishable. दूषित होने योग्य, नश्वर; **Corruptibly** (-इब्-लि)-*adv.* in a corrupt manner. दूषित प्रकार से; **Corruption** (-रप्'-शन्) -*n.* moral deterioration, decomposition. नैतिक भ्रष्टाचार, दुर्जनता (खोटापन), सड़ना; **Corruptive** (-इव्)-*adj.* having the quality of corrupting. दूषित या विकृतिकर बनानेवाला; **Corruptly** (-लि) - *adv.* in a debased manner. दूषित रीति से; **Corruptness** (-नॅस्) -*n.* the state of being corrupt. भ्रष्टता ।

Corsage-कॉर्सिज-*n.* a woman's bust-dress, a bodice. चोली ।

Corsair-कॉर्'-सेॅअर्'-*n.* the vessel of a pirate, a pirate. समुद्री डाकू का जहाज़, समुद्री डाकू ।

Corset-कॉर्सिट् -*n.* a woman's inner close-fitting bodice. चोली, कंचुकी, अँगिया ।

Corslet, Corselet-कॉर्स्'-लिट् -*ns.* a piece of armour coverning the breast. वक्षस्त्राण, कवच ।

Cortage- कॉर्-टेॅज्'-*n.* a train of attendants. नौकर-चाकरों की श्रेणी ।

Cortex-कॉर्-टेॅक्स्-*n.* (*pl.* **Cortices**-कॉर्टिसीज़) the bark of a plant, the outer grey matter of brain. वृक्ष की छाल, मस्तिष्क (दिमाग) का बाहरी भाग ।

Cortical-कॉर्टिकल् - *adj.* pertaining to the outer part of animal body. प्राणियों की बाह्य त्वचा-सम्बन्धी ।

Corticate (-d) कॉर्टिकेट् (-एड्) -*adjs.* bark-like. छाल के सदृश ।

Corvine-कॉर्वाइन्-*adj.* of the raven or crow कौवा-सम्बन्धी ।

Corydon-कॉरिडॉन् - *n.* the rustic, pastoral poetry. ग्रामीण, ग्रामीण गीत ।

Coryza-कॉ-राइ'-ज़ा-*n.* catarrh, cold in the head. जुकाम, सर्दी ।

Cosier-कोज़िअर्-*n.* a cobbler. मोची ।

Cosignatory-को-सिग्नेॅटरि-*adj. & n.* signing jointly with other persons. दूसरों के साथ हस्ताक्षर करनेवाला (व्यक्ति) ।

Cosily, Cosiness-see **Cosy.**

Cosine-को'-साइन्-*n.* the sine of the complement of a given angle. कोटिज्या ।

Cosmetic-कॉज़्-मेॅट्'-इक् - *n.* a preparation used for beautifying the hair, skin or complexion. कान्तिवर्धक औषध, अंगराग, उबटन; - *adj.* beautifying the skin or hair. चमड़े या बाल को सुन्दर करनेवाला ।

Cosmic-कॉज़्'-मिक् - *adj.* of the universe, rising or setting with the sun. जगत्-सम्बन्धी, सूर्य के साथ उदय या अस्त होनेवाली, ऐहिक ; **Cosmical** (-अल्)- *adj.* cosmic. लौकिक; **Cosmically** (-अलि) - *adv.* in a cosmic manner. जागतिक या ऐहिक ढंग से ।

Cosmogony-कॉज़्-मॉग्'-अॅन्-इ - *n.* the theory of the origin or creation of the universe. विश्व की उत्पत्ति का सिद्धान्त, जगत् की सृष्टि का सिद्धान्त ।

Cosmography-कॉज़्मॉग्राफ़ि-*n.* a description of the general features of the universe

or earth. विश्व की रचना का वर्णन ।

Cosmolatry-कॉज़्-मॉल्' -ऑट्-रि -*n.* the worship of the universe. विश्व-पूजन ।

Cosmology-कॉज़्-मॉल्'-ॲ-जि-*n.* the science of the universe. विश्वविद्या ।

Cosmopolitan-कॉज़्-मॉ-पॅल्'-इट्-अन्-*n.* & *adj.* a citizen of all the parts of the world. unprejudiced, free from national limitations. सारे विश्व का नागरिक, जातीय पक्षपात से रहित ; **Cosmopolitanism** (-इज़्म्) -*n.* citizenship of the world. विश्वमित्रत्व सिद्धान्त; **Cosmopolite** (-मॉप्-ओ -लाइट्)-*adj.* free from national prejudices. जातीयता के पक्षपात से विमुख, विश्ववासी, विश्वगृही ।

Cosmos-कॉज़्'-मॉस् -*n.* the universe as an ordered or systematic whole. क्रम (नियम)-बद्ध संसार ।

Cossack-कॉस्'-सॅक् - *n.* a Russian soldier. रूसी सिपाही ।

Cosset-कॉसिट्-*n.* a pet lamb, a pet. पाला हुआ भेंड़ या बकरी का बच्चा, पालतू ।

Cost-कॉस्ट्-*n.* the price paid for a thing, expense. मूल्य, दाम, व्यय;-*v. i.* to involve expenditure of, to result in the loss of, to fix prices. व्यय होना, हानि होना, दाम लगाना; (*pl.*) legal expenses. (जाब्ते का) न्यायालय व्यय; **Cost price, prime cost** (price at which a thing is bought.) लागत या क्रय मूल्य, असली कीमत; **At the cost of** (involving a loss.) खोने (नाश होने) पर; **Cost him dear** (involving a heavy penalty for him.) बड़े कष्ट से प्राप्त हुआ, प्राप्त करने में दण्ड सहना पड़ा; **To a person's cost** (to his loss.) किसी व्यक्ति की हानि होने पर ।

Costal-कॉस्ट्'-अल्-*adj.* pertaining to ribs or side of body. पसली सम्बन्धी ।

Costard-कॉस्'-टर्ड्-*n.* a kind of large apple. एक प्रकार का बड़ा सेव ।

Costate- कॉस् - टेट् - *adj.* (*also* **Costated.**) ribbed, having ribs. पसलीवाला ।

Coster-कॉस्'-टर्-*n.* (*also* **Coster-monger.**) a man who sells fruits &c. in wheeled barrows. ठेले पर लादकर घूम-घूमकर फल बेचनेवाला ।

Costive-कॉस्ट्' -इव् - *adj.* constipated, with confined bowels. बद्धकोष्ठ, मल रोकनेवाला; **Costiveness** (-नॅस्) - *n.* constipation. मल का अवरोध, कब्ज़ ।

Costliness-कॉस्ट्'-लि-नॅस्-*n.* dearness, expensiveness. महर्घता, महँगाई ।

Costly-कॉस्ट्' - लि - *adj.* of great value expensive. बहुमूल्य (क़ीमती), महँगा ।

Costume-कॉस्' - ट्यूम् - *n.* style, fashion of dress, fancy dress, complete set of outer garments. वेश, सुन्दर पहिनावा, पहिनने के वस्त्र;-*v. t.* to provide with costume. कपड़ा पहिनना या पहिनाना ।

Costumier (**Costumer**)-कॉस्-ट्यूम्' - इ-अर् (-अर्)-*ns.* a maker or dealer in costumes, a dress-maker. पहिनने के वस्त्र बनाने अथवा बेचनेवाला ।

Cosy (**Cozy**)-को-ज़ि-*adj.* snug, comfortable. आराम देनेवाला, सुखकर; **Cosily** (-ज़ि-लि)*adj* comfortably. सुखपूर्वक, आराम से; **Cosiness** (-नॅस्)-*n.* the state of being comfortable आराम, सुख ।

Cot-कॉट्-*n.* a small erection for shelter, a cottage, a bed for children, a hospital bed, a small boat. झोपड़ी, खटोला, पालना, अस्पताली चारपाई, एक छोटी नाव ।

Co-tangent-को-टॅन्'-जॅन्ट् - *n.* the tangent of the complement of an arc or angle. कोटि-स्पर्श रेखा ।

Cote-कोट्-*n.* a shed, a shelter for animals. झोपड़ी, पशुओं के लिये घेरा, बाड़ा;-*v. i.* to pass by, to outstrip. गुज़र जाना, आगे बढ़ जाना ।

Co-temporary-see **Contemporary.**

Co-tenant-को-टॅन्'-ॲन्ट् - *n.* a joint tenant, साझीदार काश्तकार ।

Coterie-को'-टर् - ई - *n.* a social or literary gathering. सामाजिक संघ ।

Cottage-कॉट्-टिज्-*n.* a villager's or labourer's small dwelling, a small country house, a hut. पर्णशाला, झोपड़ी, कुटी; **Cottager** (-अर्) -*n.* an inhabitant of a cottage. झोपड़ी में रहनेवाला ।

Cotter-कॉ' - टर्, **Cotter-pin** (- पिन्)-*ns.* a bolt or wedge for fastening and tightening parts of machinery. यन्त्र के भागों को कसकर बाँधने के लिये लगी हुई फन्नी या बोल्ट ।

Cotton-कॉट्न्-*n.* a vegetable fibrous substance used for clothing, cloth made of cotton. कपास रुई, सूती कपड़ा ; **Cotton-plant** (the plant that yields cotton.) कपास का पौधा; **Cotton-seed** (the seed of the cotton-plant.) बिनौला; **Cottony** (इ) -*adj.* of cotton. कपास का ।

Cotyloid-कॉटि -लॉइड् -*adj.* of the shape of a cup. प्याले के आकार का ।

Couch-काउच्-*n.* bed, a lounge. खटिया, चार-

पाई (पलंग);-*v. i. & t.* to lie down, to bend, to remove cataract, to express, to conceal. लेटना, झुकना, मोतिया विन्द निकालना, प्रगट करना, छिपाना; -*v. i.* to cause to lie down. लिटाना।

Couching-काउच्'-इङ्ग्-*n.* the act of stooping. झुकने का कार्य।

Cough-कॉफ़् -*n.* a diseased condition of respiratory organs. कास, खाँसी; -*v. i.* to expel air with violent effort and noise. खाँसना, खखारना; **To cough down** (to silence a speaker by coughing.) खाँसकर वक्ता को बोलने न देना; **To cough out, to cough up** (to speak by coughing.) खाँसकर बोलना।

Could-कुड्-*p. t.* of Can.

Couldst-कुड्स्ट्-second person singular of 'could'. 'कुड्' के मध्यम पुरुष का एकवचन।

Coulomb-कुलॉम्-*n.* an electrical unit, the quantity of electricity conveyed in one second by a current of one ampere. विद्युत् शक्ति की इकाई, बिजली का परिमाण जो एक सेकेंन्ड में एक ऐम्पियर धारा ले जाता है।

Coulter-कोल्'-टर्-*n.* the iron blade of a plough. हल का फार।

Council-काउन्'-सिल्-*n.* advisory or deliberative assembly, a body of men to assist a governor. सभा, परिषद्, विचार सभा; **Council Chamber** council house. विचारसभा की बैठक का स्थान; **Council of State**.राज्यपरिषद्; **Executive Council**, कार्यसम्पादनी सभा; **Legislative Council**.व्यवस्थापक सभा; **Privy Council** (a select council for advising a king in the administration of government.) इँगलेंड की प्रबन्धकारिणी सभा।

Councillor-काउन्-सिलर्-*n.* a member of a council. सभासद; **Councillorship** (-शिप्) -*n.* the post of a councillor. सभासद का पद।

Counsel-काउन्-सेल्-*v.t.* (*p. t.* Counselled) to give advice. सम्मति देना;-*n.* consultation, advice, plan, design, purpose, a barrister. विचार, उपदेश, अनुशासन, लक्ष्य, वकील या बैरिस्टर; **Counsel to the crown** (government pleader.) सरकारी वकील; **To keep one's own counsel** (to keep secrets.) रहस्य को गुप्त रखना; **To take counsel** (to seek advice.) सम्मति लेना।

Counsellor-काउन्'-सेलर् -*n.* an advising barrister. उपदेशक, बुद्धि-सहायक, मन्त्री, वकील।

Count-काउन्ट्-*n.*(*fem.* Countess.) reckoning, sum total, an English title. गणना, पूर्ण संख्या, एक अंग्रेजी पदवी; -*v. t. & i.* to sum up, to enumerate, to reckon up, to consider. जोड़ना, गणना करना, गिनना, विचारना; **Countable** (-ऐब्ल्) -*adj.* able to be numbered. जोड़ने योग्य; **To count for** (to be fit for.) योग्य होना; **To count up** (to find the sum of.) जोड़ना; **To count upon**(to hope earnestly.) दृढ़तापूर्वक आशा करना।

Countenance - काउण्टेनन्स् - *n.* aspect, expression of face, the face, composure. आकृति, आकार, मुख, मुखड़ा;-*v. t.* to encourage, to favour, to support, to sanction. साहस देना; अनुग्रह करना, सहारा देना, स्वीकृति देना; **To keep one's countenance** (to maintain composure.)हँसी रोकना, गम्भीर भाव दिखलाना; **To be put out of countenance** (to be perplexed.) व्यग्र होना, घबड़ाना।

Counter-काउन्ट्'-अर् -*n.* a small piece of metal used for keeping accounts, a banker's table, the part of a horse's breast between shoulders and neck, curved part of stern, back part of shoe. गिनने का सिक्का, लेन-देन करने का टेबुल, घोड़े की छाती का भाग, जहाज का पिछला घूमा हुआ भाग, जूते का पिछला भाग;-*adj.* opposite, opposed. विपरीत, उलटा; -*v. t.* to oppose, to contradict. विरोध करना, विरुद्ध बोलना; -*adv.* in the opposite direction. विपरीत दिशा में;-*pref.* in the sense, of 'opposition,match or substitute,' विपरीत' 'बराबर' अथवा 'स्थानापन्न' अर्थ में प्रयुक्त उपसर्ग।

Counteract-काउन्ट्-अर्-ऐक्ट्'-*v. t.* to hinder, to defeat, to neutralize. रोकना, हराना, निष्फल करना (विरोध करना); **Counteraction** (-ऐक्-शन्) -*n.* hindrance. प्रतिक्रिया, प्रतिकार; **Counteractive** (-इव्)-*adj.* opposing. विरोध करनेवाला, रोकनेवाला।

Counter-agent-काउन्ट्'-अर् - एज्' - ऐन्ट् -*n.* a counteracting force or agent. प्रतिकार करनेवाली शक्ति या करनेवाला व्यक्ति।

Counter-attraction-काउन्ट्'-अर्-ऐट्-ट्रैक्'-शन् -*n.* attraction in an opposite direction. विपरीत आकर्षण।

Counterbalance-काउन्ट्'-अर्-बैल्' - लैन्स् -*n.* an equal weight balancing another. समतोलन, पसँघा;-*v. t.* to weigh against with an equal weight. तुल्य भार करना, धड़ा बाँधना।

Counterblast-काउन्ट्'-अर्-ब्लास्ट्-*n.* anything done or written in opposition to something else. किसी के विरुद्ध कार्य या लेख।

Counterchange - काउन्ट्' - अर्-चेन्ज्-*v. t.* to

exchange, to change places or parts. अदला बदली करना, स्थान या भागों को बदलना।

Countercharge-काउन्ट्'-अर्-चार्ज्-*n.* a charge brought against an accuser. अभियोक्ता (फ़रियादी) के विरुद्ध अभियोग या नालिश।

Countercheck-काउन्ट्'-अर्-चेॅक्'-*n.* a check, that opposes a thing, a rebuke. प्रतिबन्ध, प्रतिरोध, फटकार, तिरस्कार।

Counter-claim-काउन्ट्'-अर्-क्लेॅम्-*n.* a claim set up by a defendant in case. मुकदमे में प्रतिवादी की माँग।

Counterfeit-काउन्ट्'-अर्-फ़ीट्-*n.* & *adj.* anything made in imitation, not genuine, forged. नकली वस्तु, कृत्रिम (बनावटी), खोटा (जाली); -*v. t.* to imitate, to forge, to simulate. अनुकरण करना, जाल करना, कपट करना।

Counterfeiter-काउन्ट्'-अर-फ़ीटर्-*n.* a forger, a cheat. जालसाज, नकली सिक्का बनानेवाला, ठग।

Counterfoil-काउन्ट्'-अर्-फ़ॉइल्-*n.* the corresponding part of a bank cheque, receipt &c. retained by a drawer. चेक या रसीद का प्रतिरूप, नक़ल, मुसन्ना।

Countermand-काउन्ट्' -अर् - मॅन्ड् -*v. t.* to revoke, to cancel a previous order. प्रतिकूल आदेश देना, पहिली आज्ञा को काट देना; -*n.* revocation of a former command. प्रथम आज्ञा के विरुद्ध आदेश।

Countermark-काउन्ट्'अर्-मार्क् -*n.* an additional mark made on goods fixed for greater security. अधिक सुरक्षित करने के लिये माल पर विशेष प्रकार का चिह्न।

Countermine-काउन्ट्'-अर्-माइन् -*n.* a mine dug to destroy that of an enemy. शत्रु के खान को नष्ट करने वाली खान।

Counterpane-काउन्ट्'-अर्-पेन् -*n.* the outer covering of a bed, coverlet. बिछावन पर का चदरा, चाँदनी।

Counterpart-काउन्ट्'-अर्-पार्ट् -*n.* duplicate, the complementary part. प्रतिरूप (प्रतिमूर्ति), सहायक अङ्ग।

Counterplot-काउन्ट्' - अर् - प्लॉट् -*n.* a plot devised to defeat another. एक षड्यन्त्र को नष्ट करने के लिये दूसरा षड्यन्त्र।

Counterpoise-काउन्ट्' - अर्-पॉइज़् -*n.* equilibrium. पसँगा, समतोलन;- *v. t.* to compensate. बराबर करना।

Countersign-काउन्ट्'-अर्-साइन्-*v. t.* to add signature to a document which has been already signed. हस्ताक्षर किये हुए पत्र पर अपना प्रति-हस्ताक्षर करना;-*n.* a watch-word. सांकेतिक शब्द।

Countersink-काउन्ट्-अर्-सिङ्क्'-*v. t.* to sink the head of a screw in a hole which is bevelled off. फरक्का करना; -*n.* a drill for this purpose. फरक्का।

Countersink.

Countervail - काउन्ट्'-अर्-वेॅल्'-*v. t.* to be of equal value, to compensate. सम करना, क्षतिपूर्ति करना।

Counterwork-काउन्ट्'-अर्-वर्क्-*n.* an opposing work. शत्रु के विपरीत कार्य।

Countess-काउन्ट्-ऍस्-*n.* the wife of a Count or Earl. इँगलैंड के काउन्ट या अर्ल (उपाधिधारियों) की स्त्री, बेगम।

Counting-house-काउन्ट्'-इङ्ग्-हाउस् -*n.* the business office. कार्यालय, दफ़्तर।

Countless-काउन्ट्'-लेॅस्-*adj.* numberless, innumerable, too many to count. असंख्य, अनगिनती।

Country-कन्'-ट्रि-*n.* (*pl.* Countries) a region, rural districts. देश (गाँव), देहात; **Native country** (birth-place.) जन्मभूमि; **Countryman** (a rustic, an inhabitant of a village.) ग्रामीण, देहाती; **Countryside** -*n.* a rural district. देहात या ज़िला।

County-काउन्ट्-इ-*n.* a territorial division in Great Britain and Ireland. विलायत के देश का भाग या सूबा।

Coup-कू - *n.* a blow, a successful stroke. चोट, सच्चा आघात; **Coup'd'etat** (-डे-ऍटा)-*n.* an illegal change in a government. राज्य-शासन में नियमविरुद्ध विप्लव; **Coup-de-grace** (डे-ग्रेस्)-*n.* a finishing stroke. अन्तिम आघात; **Coup-de-main** (-डे-मेॅन्) -*n.* a vigorous attack. तीव्र आघात; **Coup-de-theatre** (डे-थि-ऍ-टर्) -*n.* a dramatically sudden action. नाटक के सदृश आकस्मिक कार्य।

Coupe-कू-पे' -*n.* a kind of four-wheeled carriage for two persons. दो मनुष्यों के बैठने की एक प्रकार की चौपहिया गाड़ी।

Couple-कप्'-पूल् -*n.* a pair, a man and wife. जोड़ा, युगल; -*v. t.* & *i.* to fasten or link together, to connect, to unite, to marry, to copulate, to associate together. बाँधना, मिलाना, जोड़ना, विवाह करना, मैथुन करना, सम्बद्ध करना; **A married couple** (a bridegroom and his bride.) वर-वधू, दुलहा-दुलहिन।

Couplet-कप्'-लेॅट्-*n.* two lines of a verse that

rhyme with each other. पद्य की दो पंक्तियाँ, श्लोक, सोरठा, दोहा।

Coupling-कप्'-लिङ्ग्-*n.* joining in couples, sexual union, a contrivance for coupling or connecting the parts of a machine. जोड़ों में संयोग, मैथुन-क्रिया, किसी यन्त्र के भागों को जोड़ने का साधन; **Coupling-pin**-*n.* a pin or bolt used for joining railway carriages. रेल की गाड़ियों को जोड़ने का साधन (फन्नी, ढिबरी आदि।

Coupon-कू' -पन् - *n.* a detachable ticket entitling the holder to periodical payments. सामयिक भुगतान का पुर्जा, रसीद, चिट्ठी।

Courage-कर' - रिज् -*n.* bravery, boldness. पराक्रम, साहस, वीरता; **Courageous**(-अस्)-*adj.* brave, fearless, bold. शूरवीर, निडर, साहसी; **Courageously** (-लि)-*adv.* with courage. शूरता से, साहस के सहित; **Courageousness** (अस्-नेंस्) -*n.* the quality of being courageous. पराक्रम, साहसिकता।

Courier-कूर्'-इ-अर्-*n.* a servant employed to make arrangements for travelling, a messenger. यात्रा का प्रबन्ध करनेवाला नौकर, हरकारा, दूत।

Course-कोर्स्-*v. t. & i.* to hunt, to pursue, to cause to run about, to run quickly. शिकार करना, पीछा करना, पीछे दौड़ना;-*n.* a movement onward, pursuit of a game, voyage, conduct, direction. अग्रगति, शिकार का अनुसरण, यात्रा, आचरण, प्रगति;(*pl.*) behaviour, ground for race, a water-channel, career, series. व्यवहार, घुड़दौड़ का स्थान, जलमार्ग, चरित्र, जीवनवृत्ति, श्रेणी; **Course of action** (line of work.) क्रियाविधि; **Course of study.** अध्ययन-क्रम; **In due course** (in proper time.) नियम से, समय पर; **In the course of** (during.) मध्य में, प्रसङ्ग में; **Matter of course** (natural happening.) स्वाभाविक घटना; **Of course** (certainly.) अवश्य।

Courser-कोर्स्'-अर्-*n.* a swift horse, a runner, a chasing dog, a stone used in forming a course, a swift-running bird. तेज घोड़ा, दौड़नेवाला, पीछा करनेवाला कुत्ता, मार्ग बनाने का पत्थर, तेज दौड़नेवाला पक्षी।

Court- कोर्ट्-*n.* a space enclosed by walls, a sovereign's residence, his retinue, state assembly, assembly of judges, a place of justice. आँगन, राजगृह, राजा के परिचारक, राजसभा, विचारपतियों का मण्डल,- न्यायालय (कचहरी);-*v. t.* to solicit, to woo, to pay attention to, to make love to, to seek, to entice. आराधना करना, विवाह की प्रार्थना करना, ध्यान देना, प्रेम करना, खोज करना; ललचाना; **Court-card** (king, queen and knave.) ताश में राजा, रानी और गुलाम; **Court-guide** (a list of courtiers.) दरबारियों की सूची; **Court-house**-*n.* the room in which court is held. अदालत का कमरा; **Courtier** (-इयर्)-*n.* attendant of a court. दर्बारी; **Courting**(-इङ्ग्) -*n.* act of wooing. विवाह के लिए आराधना करना; **Court-martial** (-मार्'- शॅल्)-*n.* a court of military officers. फ़ौजी अफ़सरों की अदालत।

Courteous-कर्टिअस्-(कोर्टिअस्)-*adj.* kind, well-bred, civil, polite. दयालु, विनीत(सभ्य), नम्र; **Courteously**(-इ-अस्-लि)-*adv.* in a courteous manner. विनय सहित; **Courteousness** (-इ-अस्-नेंस्) -*n.* politeness. शिष्टाचार।

Courtesan (**Courtezan**) - कोर्टिज़न् - *n.* a prostitute. वेश्या, रण्डी।

Courtesy - कर्टिसि - *n.* (*pl.* **Courtesies**) favourable disposition, civility. विनय, नम्रता; **Courtesy-title** (a title given by social custom.) सामाजिक उपाधि।

Courtly-कोर्ट्लि -*adj.* polished in manners, flattering. सुशील, चापलूस।

Courtship-कोर्ट्'-शिप्-*n.* the act of wooing with a view to marriage. विवाह के निमित्त आराधना।

Courtyard - कोर्ट् - यार्ड् - *n.* an enclosure before a house. घर के बाहर का सहन।

Cousin-कज़्' - इन् - *n.* (*common gender*) a child of one's uncle or aunt. चचेरा, ममेरा, मौसेरा अथवा फुफेरा भाई या बहिन; a title used by sovereigns in addressing another sovereign or nobleman. इस शब्द का प्रयोग एक राजा दूसरे के लिए अथवा नवाब आदि के लिए करता है; **Cousinhood** (-हुड्) -*n.* relationship. सम्बन्ध, रिश्तेदारी।

Cove-कोव् -*n.* a small inlet of the sea, a bay or creek, a sheltered recess. छोटी खाड़ी या दर्रा, छायादार दर्रा।

Covenant-कव्नण्ट्-*n.* a compact, a bargain, a mutual agreement or contract. पारस्परिक स्वीकृति, पण, सौदा, सट्टा, ठीका;-*v. t. & i.* to agree सहमत होना, राजी होना।

Cover-कव्'-अर्-*v.t.* to overspread, to overlay, to shelter, to extend over, to protect, to include; to comprise, to suffice, to conceal. ऊपर डालना, ढाँकना, शरण देना, फैलाना, बचाना, अन्तर्गत करना, पर्याप्त होना, छिपाना;-*n.* a lid, binding, shelter, a hiding place, pretence, envelope, a napkin for table. ढकना, जिल्द, आश्रय, छिपने की जगह, बहाना (माया, कपट),

लिफाफा, टेबुल पर फैलाने की चादर ।

Covering-कव्र्'-अर्-इङ्ग्-*n.* anything which covers, a cover. ढकना, ओढ़ना, चादरा ।

Coverlet-कव्र् - अर् - लिट् - *n.* a covering, a bedcover. ओढ़ना, चदरा ।

Covert-कव्र्ट-*adj.* covered, secret, disguised. ढँका हुआ, गूढ़, गुप्त (प्रच्छन्न);-*n.* a shelter, a thicket, a hiding-place. आश्रयस्थान, झाड़ी, छिपने का स्थान; **Coverture** (-अर्-चर्)-*n.* a cover, a shelter, a defence. आच्छादन, शरणस्थान ।

Covet-क-व्रि-ट्'-*v. t.* to desire eagerly. लोभ करना, लालच करना; **Covetable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* that may be coveted. लालच के योग्य; **Coveted** (-ऍड्)-*adj.* earnestly desired. अति उत्सुक; **Covetous** (-अस्) - *adj.* very desirous, greedy. लोलुप, लालची; **Covetously** (- अस् - लि) - *adv.* greedily. लालच से; **Covetousness** (-अस् - नेंस्) - *n.* greed, cupidity. लालच (लोभ), लालसा, कामुकता।

Covey-कवि-*n.* a brood or hatch of partridges. तीतरों का झुण्ड ।

Cow-काउ-*n.* (*mas.* **Bull**, *pl.* **Cows** or **Kine.**) the female of bull. गाय, धेनु, गौ; **Cow-dung.** गोमय, गोबर; **Cow-herd** (one who tends cows.) अहीर, चरवाहा; **Cow-pen.** गोशाला ।

Cow-काउ-*v. t.* to subdue, to impress with fear. त्रस्त करना, डराना ।

Coward-काउअर्ड् - *adj.* timid, faint-hearted. भीरु (कातर), डरपोक; **Cowardice** (-इस्) -*n.* want of courage, भीरुता, कातरता; **Cowardliness** (-लि-नेंस्)-*n.* the state of being cowardly. भीरुता;**Cowardly**(-लि)-*adj.& adv.* without courage, timidly. कातर, भीरुता से ।

Cow-catcher-काउ'-कॅच्'-अर् -*n.* a triangular grating fitted in front of a locomotive to prevent an object passing under the wheels. रेल के इंजिन के आगे लगा हुआ साधन जो किसी वस्तु को उसके पहियों के नीचे जाने से रोकता है ।

Cowed-काउ-ड्-*adj.* intimidated. त्रस्त ।

Cower-काउ'-अर् - *v. i.* to stand in a bent position, to crouch from fear. दबकना, भय से सिकुड़ना ।

Cowl-काउल् - *n.* a monk's hooded garment, hood-shaped covering, a tub for water. बैरागी का टोप, फन की आकृति का ढपना, पानी की कठवत; **Cowled** (-ड्) - *adj.* hooded. ढकनेदार ।

Cow-pox-काउ'-पॉक्स् - *n.* a disease which appears on the udder of cows. गौ के थन पर निकलनेवाली शीतला ।

Co-worker-को-वर्क्'-अर् - *n.* one who works with another. दूसरे के साथ काम करनेवाला ।

Cowrie-काउ-रि - *n.* a shell used as money. कपर्दिका, कौड़ी ।

Cowslip-काउ-स्लिप् - *n.* a wild plant which bears fragrant yellow flowers. पीले सुगन्धित पुष्प का पौधा, सेवती ।

Coxcomb-कॉक्स्'-कोम्-*n.* a conceited showy person, a fop. दम्भी, आत्माभिमानी मनुष्य; **Coxcombry** (-रि) -*n.* vain show. दर्प, गर्व, घमण्ड ।

Coy-कॉय्-*adj.* modest, bashful, shy, retiring विनीत, लज्जावान् (संकोची),अल्पभाषी;-*v. t. & i.* to caress, to disdain, to affect coyness लाड़ प्यार करना, घृणा करना, लज्जा का बहाना करना या लज्जा दिखाना; **Coyly** (-लि) - *adv.* in a shy manner. लज्जासहित; **Coyness** (-नेंस्)-modesty. लज्जा ।

Coze-कोज़्-*v. i.* to have a chat. बकबक करना, बकवाद करना ।

Cozen-कज़्'-न् - *v. i.* to cheat, to defraud. धोखा देना (छलना), ठगना ।

Cozy-को-ज़ि-comfortable. सुखकर ।

Crab-क्रॅब् -*n.* a kind of ten-footed crustacean, a zodiacal constellation, a machine for hoisting heavy weights, a wild bitter apple. (कर्कट) केकड़ा, कर्क राशि, भारी बोझ उठाने का यन्त्र, कड़ुआ जंगली सेब; **Crabbed** (-ड्)-*adj.* perverse, irritable, difficult, intricate. निष्ठुर (दुःशील), चिड़चिड़ा, कठिन, गूढ़ार्थ (दुर्ज्ञेय); **Crabbedly** (-बिड्'-लि) -*adv.* perversely. निष्ठुरता से; **Crabbedness**(-बिड्'-नेंस्)-*n.* perversity. निष्ठुरता,दुःशीलता; **Crabby** (-बि)-*adj.* peevish, perplexing. निष्ठुर, घबड़ानेवाला ।

Crack-क्रॅक्-*n.* a sharp sudden noise, a sharp blow, a partial fracture; (*pl.*) news. कड़क, तेज धक्का, दर्रा या दरार, (ब० व०) समाचार; -*v. t.* to make a sharp noise, to split. कड़ाके का शब्द करना, फाड़ना; **To crack a bottle** (to drink out a bottle.) पीकर बोतल खाली करना; **To crack a joke** (to make a joke.) परिहास करना, दिल्लगी करना; **To crack up** (to go to pieces, to praise.) चूर-चूर हो जाना; प्रशंसा करना; **Cracked** (- ड्) - *adj.* rent, damaged, insane. नष्ट, फटा हुआ, पागल, झक्की; **Cracked sound.** कर्कश शब्द ; **Cracker** (-क्री-कर्)-*n.* a firework, exploding with a sharp sound. पटाखा;**Cracky** (-इ)-*adj.* having cracks. दरारदार ।

Crackle-क्रॅक्'-क्ल-*v. t.* to make a cracking

sound. कड़ाके का शब्द करना; - *n.* cracking sound. कड़ाके का शब्द ।

Cracknel-क्रॅक्' - नॅल् -*n.* a kind of crisp biscuit. कुरकुरा बिसकुट ।

Cracksman-क्रॅक्स्'-मॅन्-*n.* a thief, a burglar. चोर, ठग, सेंध लगानेवाला ।

Cradle-क्रे-इल्-*n.* a rocking bed or cot for infants. हिंडोला, झूला, पालना;-*v. t.* to rock in a cradle. झूला में झुलाना; **Cradled** (-इल्ड्')-*adj.* पालने पर झूलता हुआ; **From the cradle** (from childhood.) बचपन से; **A child in cradle.** दूध पीता हुआ बच्चा ।

Cradling-क्रे'-इलिङ्ग् -*n.* a framework of wood or iron. लकड़ी या लोहे का ढाँचा ।

Craft-क्राफ़्ट्-*n.* skill, cunning, art, trade, a boat, vessel. कौशल, धूर्तता, कला (शिल्प), व्यापार, नाव, जहाज; **Craftily** (-इल्'-इ)-*adv.* in a crafty manner. कपट से; **Craftiness** (-इ-नॅस्) -*n.* cunning. धूर्तता; **Craftsman** (an artisan.) कारीगर; **Craftsmanship** (-शिप्)-*n.* finished art of a craftsman. दस्तकारी ।

Crafty-क्रॉफ़्'-टि-*adj.* cunning, artful, deceitful. धूर्त, कपटी ।

Crag-क्रॅग्-*n.* a steep or rugged rock. करारा दर्रा; **Cragged** (क्रॅग्-इ), **Craggedness** (-गड्-नॅस्), **Cragginess** (-गि-नॅस्) -*ns.* ruggedness. ऊँचा-नीचापन; **Craggy** (-गि)-*adj.* rugged, rough, विषम, ऊँचा-नीचा ।

Cram-क्रॅम्-*v. t. & i.* (*p. t.* Crammed.) to fill overfull, to learn, to get by heart, to stuff. मुँह तक भरना, ठूँसना, सीखना, कण्ठस्थ करना, ठूँसकर भोजन करना;-*n.* a crowd. भीड़; **Crammer** (-मर्)-*n.* one who crams. रटनेवाला; **Cramming** (-मिङ्ग्)-*n.* a learning by heart. रटना, कण्ठस्थ करना ।

Crambo-क्रॅम्'-बो-*n.* a game of rhyming. तुकबन्दी का खेल ।

Cramp-क्रॅम्प्-*n.* a contraction of muscles from chill, strain &c., a bent bar for fastening walls &c. सिकुड़न (ऐंठन), दीवार पुष्ट करने का लोहे का छड़;-*adj.* contracted. सिकुड़ा हुआ;-*v. t.* to affect with cramp, to confine. ऐंठन का रोग होना, सिकोड़ना, बाँधना; **Cramp-fish** (the electric ray.) बिजली की किरण ।

Crampon-क्रॅम्प्'-ऑन्-*n.* an iron plate which is used for walking on ice. बरफ पर चलने की लोहे की खड़ाऊँ ।

Crane-क्रेन्-*n.* a large wading bird with long legs, a machine for lifting heavy weights. सारस, भारी बोझ उठाने का यन्त्र; - *v. t.* to raise or remove with a crane. यन्त्र द्वारा भारी बोझ उठाना या हटाना; **Water-crane** (a tube for supplying water to locomotives.) इञ्जिन में पानी देने की नली ।

Cranium-क्रे'-नि-अम्-*n.* (*pl.* Crania.) the bones of the head, the skull. खोपड़ी की हड्डियाँ, मस्तक ।

Crank-क्रॅङ्क्-*n.* the part of an axle bent at right angles for converting reciprocal into circular motion, a fanciful speech, an eccentric idea. धुरे का मुड़ा हुआ भाग, वक्रोक्ति, झक;-*v.t.* to bend in the shape of a crank. इस आकार में मोड़ना; - *adj.* weak, shaky. कमजोर, हिलनेवाला; **Cranky** (-इ) - *adj.* slightly deranged. कुछ झक्की ।

Crankle-क्रॅङ्क्'-कल्-*v. t.* to twist, to turn. ऐंठना, घुमाना; -*n.* a winding. ऐंठन ।

Crannied-क्रॅन्-निड्-*adj.* full of chinks or fissures. दरारदार ।

Cranny-क्रॅन्'-नि-*n.* a chink, a crevice. a fissure. छिद्र, रन्ध्र, दरार ।

Crape-क्रेप्-*n.* a gauze-like fine fabric (usually black) used for mourning dress. महीन काला कपड़ा जिसका प्रयोग मातम में होता है;-*v.t.* to cover with crape. ऐसे वस्त्र की पट्टी बाँधना ।

Crapulence-क्रॅप्'-यू-लॅन्स्-*n.* sickness caused by an overdose of drink, intemperance. अधिक शराब पीने से उत्पन्न रोग, अमिताचार ।

Crapulent-क्रॅप्-यू-लॅन्ट्-*adj.* suffering or sick from intemperance. अमिताचार की खुमारी से पीड़ित ।

Crash-क्रॅश्-*v. i.* to make a loud noise, to move with a loud noise, to fall to the earth. धड़ाका करना, धड़ाके से हिलना, पृथ्वी पर गिरना;-*n.* a violent sound as of thunder. बिजली की तरह की गड़गड़ाहट ।

Crashing-क्रॅश्'-इङ्ग्-*n.* a violent sound. प्रचण्ड शब्द ।

Damn-डॅम्-*v. t.* to condemn, to censure, to doom to hell. शाप देना (निन्दा करना), धिक्कारना, नरक में भेजना; **Not worth a damn** (a worthless object.) तुच्छ पदार्थ ।

Damnable-डॅम्'-नें-बल्-*adj.* hateful, annoying. निन्दनीय, तिरस्कार के योग्य ।

Damnation-डॅम्-नें'-शन्-*n.* eternal punishment in hell. नरक-दण्ड, नरक-यातना ।

Damnatory-डॅम्नेंटरि-*adj.* causing censure. हतभाग्य, गर्हणीय ।

Damned-डॅम्ड्-*adj.* infernal, unwelcome, hateful. नरक का, अस्वागत, घृणित ।

Damnify-डॅम्'-नि-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* Damnified) to cause injury to. कष्ट पहुँचाना, पीड़ा देना ।

Damning-डॅमिङ्ग-*adj.* cursing. शाप देनेवाला।

Damp-डॅम्प्-*n.* moisture in air, chill, discouragement. तरी, ठण्ढक, उत्साहहीनता;-*adj.* slightly wet. नम, तर, गीला;-*v. t.* to moisten, to discourage. भिगाना, उत्साहहीन करना; **Dampness** (-नेंस)-*n.* the state of being damp. नमी, तरी, सीड़;**Damp-proof**(keeping off dampness.) तरी रोकनेवाला ।

Damsel-डॅम्'-ज़ल्-*n.* a young unmarried woman, a girl. कुमारी कन्या, युवती, कुमारी, बालिका, लड़की ।

Damson-डॅम्'-ज़न्-*n.* a small dark-coloured plum. झरबेर, आलूचा ।

Dance-डान्स्-*v. i. & t.* to move with rhythmical steps, to jump about, to skip, to perform. नाचना, आनन्द में कूदना, कुदाना, कार्य करना;-*n.* a dancing motion, a dancing party. नाच, नाचमण्डली; **To dance attendance** (to wait upon for gaining favour.) अनुग्रह पाने या कृपापात्र बनने के लिये हाजिरी बजाना; **To dance upon nothing** (to be hanged.) फाँसी पड़ना; **To lead a dance** (to entangle in a useless pursuit.) निरर्थक कार्य में लगना या लगाना ।

Dancer-डान्स्'-अर् - *n.* one who practises dancing. नाचनेवाली, नर्तकी, रंडी; **Rope-dancer** (one who performs feats on a rope.) नट ।

Dandelion--डाण्डिलायन्-*n.* a common yellow flowered plant. पीले फूल का एक प्रकार का पौधा ।

Dandiacal-डॅन्'-डि-अ-कल्-*adj.* inclined to be dandy. ठाट-बाटवाला ।

Dandie-डॅन्'-डि-*n.* a kind of terrier. एक प्रकार का छोटा कुत्ता ।

Dandify-डॅन्'-डि-फ़ाइ-*v.t.* (*p. t.* **Dandified.**) see **Dandy.**

Dandle-डॅन्'-डल्-*v. t.* to fondle or toss a child on knee or arms, to pet, to play with. बच्चे को घुटनों पर या गोद में झुलाना, लाड़ करना ।

Dandriff-डॅन्'-ड्रिफ़्-also **Dandruff** (-ड्रफ़्)-*n.* scurf formed on the scalp among the hairs. बालों में की रूसी ।

Dandy-डॅन्'-डि-*n.* (*pl.* **Dandies**) a person devoted to smartness of costume, a foppish fellow. तड़क-भड़क की पोशाक पहननेवाला, दम्भी, छैला, बाँका; **Dandiacal** (-डि'-ऑ-कल) *-adj.* inclined to be dandy. ठाटवाला; **Dandify** (-डि-फ़ाइ) *-v. t.* to make like a dandy. ठाट बनाना; **Dandification** (-डि-फ़ि-के'-शन् -*n.* छैलापन; **Dandy-cart** (a small cart.) छोटी ठेलागाड़ी ।

Dane-डेन्-*n.* a native of Denmark. डेन्मार्क देश का निवासी ।

Danger-डेन्'-जर्-*n.* liability to harm, hazard, peril, insecurity, position of railway signal directing caution. भय, शङ्का (खटका, आपत्ति), भयसूचक संकेत; **Dangerous** (-अस्)-*adj* threatening, perilous. भयङ्कर, डरावना, खतरनाक; **Dangerously** (-अस्-लि)-*adv.* so as to involve danger. भयपूर्वक, भयङ्कर रूप से; **Danger-signal** (a signal against danger ahead.) आपत्ति का पूर्वसंकेत ।

Dangle-डॅङ्ग्'-गल्-*v.i. & t.* to be suspended and moved to and fro, to hold in temptation, to hover about a person, to make to dangle. लटकाना, झूलना (आगे-पीछे करना), ललचाना, पीछे-पीछे फिरना; **Dangler** (-अर्)-*n.* one who dangles. स्त्री को फुसलानेवाला ।

Daniel-डॉन्'-यल्-*n.* an upright judge, a very wise man. सच्चा न्यायकर्ता, अद्वितीय बुद्धि का मनुष्य ।

Danish-डेन्'-इश्-*adj.* & *n.* of Danes, the language of Denmark. डेनमार्क-निवासियों (अथवा डेन् लोगों) का, इनकी भाषा ।

Dank-डॉङ्क्-*adj.* damp, oozy, moist. पानी रसता हुआ, तर, गीला ।

Dap-डॉप्-*v. i.* (*p. t.* **Dapped.**) to dip lightly, to bounce. जल में थोड़ा-सा डुबाना, कूदना ।

Dapper-डॉप्'-पर्-*adj.* neat, smart in appearance, quick. स्वच्छ, साफ़ और सुथरी आकृति-वाला, तेज़ ।

Dapple-डॉप्'-पल् *v. t.* & *i.* to variegate, to be variegated with spots. चितकबरा होना, रङ्ग-बिरङ्गा करना;-*n.* dappled effect. चित-कबरापन ।

Dare-डेॲर्-*v. i.* (*p. t.* **Dared, Durst.**) to have the courage to, to attempt, to take risk of, to defy. साहस करना, प्रयत्न करना, धृष्टता करना, ललकारना (हिम्मत बाँधना); **dare swear** (I am perfectly sure.) मुझे पूरा निश्चय है; **I dare say** (I suppose, I am sure.) मैं अनुमान करता हूँ, मुझे विश्वास या यकीन है ।

Dare-devil - डेॲर्'-डेव्-इल् - *n.* a reckless person. असावधान मनुष्य ।

Daring-डेॲर्'-इङ्ग्-*adj.* bold, adventurous. (निर्भीक) साहसी, शूरवीर;-*n.* courage. वीरता, साहस; **Daringly** (-लि)-*adv.* in a daring manner. साहस से; **Daringness** (-नेस्)-*n.* a daring spirit. साहस, धृष्टता ।

Dark-डार्क्-*n.* absence of light. प्रकाश का अभाव;-*adj.* gloomy, with little light, more or less black, not fair, evil, cheerless, obscure, mysterious, of deep colour. अन्ध-कारमय, अँधेरा, काला, अस्पष्ट, दुष्ट, निन्द्य, गुप्त, गहरे रङ्ग का; **A leap in the dark** (a hazardous enterprise.) साहसिक कार्य; **Dark Ages** (the period of darkness.) अंधकार का युग; **Dark in soul** (of evil nature.) पापात्मा; **Dark-room** (an apartment in which photographs are developed.) फ़ोटो-ग्राफ़र की अँधेरी कोठरी; **Dark thoughts** (evil thoughts.) पाप के विचार; **In dark humour** (in a frown.) भौं चढ़ाये; **In the dark** (secret, unknown.) गुप्त, बे जाना हुआ; **To keep in dark** (to keep in secret.) छिपा रखना, छिपाना ।

Darken-डार्क्'-ऍन्-*v. t.* & *i.* to make dark, to perplex, to make foul, to grow dark. अँधेरा करना (काला करना), घबड़ाना, दूषित करना, अँधेरा होना ।

Darkish-डार्क्'-इश्-*adj.* somewhat dark. कुछ काला; **Darkly** (-लि)-*adv.* in the dark, not correctly. अँधेरे में, अव्यक्त रूप से; **Darkness** (-नेस्)-*n.* the state of being dark. अँधेरा, अज्ञान ; **To darken counsel** (to make matters worse.) आपत्ति बढ़ा देना; **To darken one's door** (to go for paying a visit to someone, to enter one's house.) किसी के घर भेंट करने जाना, किसी के घर में घुस जाना ।

Darkle-डार्'-कल्-*v. i.* to lie concealed. छिपे रहना; **Darkling** -*adv.* & *adj.* in the dark, gloomy अँधेरे में, अँधेरा ।

Darksome-डार्क्'-सम् - *adj.* gloomy, dark. प्रभा-रहित, अन्धकारमय ।

Darling-डार्लिङ्ग्-*n.* & *adj.* dearly beloved, lovable. प्रियतम, स्नेहपात्र, प्यार करने योग्य ।

Darn-डार्न्-*v t.* to mend a hole by interweaving. कपड़े के छेद को तागे से भरना, रफ़ू करना; **Darning** (-इङ्ग्) - *n.* the act of mending. रफ़ू; **Darninglast** (a frame for darning.) रफ़ू करने का फ़रमा ; **Darner** (one who darns.) रफ़ू करनेवाला ।

Darnel-डार्'-नेल्-*n.* a kind of grass which grows among corn. अनाज के पौधों में उगने-वाली एक प्रकार की घास ।

Dart-डार्ट्-*n.* a light javelin, a pointed missile, a rapid motion, the sting of a poisonous insect. बर्छी, शंकु, तीव्र गति, जहरीले कीड़े का डंक;-*v. t.* to throw a missile, to emit suddenly. बर्छी फेंकना, एकाएक आ पड़ना, झपटना; **Darter** (-अर्) -*n.* one who darts. झपटनेवाला ।

Dartle-डार्ट्ल्-*v. t.* to keep on darting. बर्छी फेंकते रहना ।

Darwinism-डार्'-विन्-इज़्म्-*n.* a belief in the theory of Charles Darwin about the evolution of species, evolution. (तत्त्वज्ञानी) डार्-विन का जाति-विकास का सिद्धान्त, विकास ।

Dash-डॅश् - *n.* a splash of water, a hasty stroke of pen, a horizontal stroke in writing or printing (—), rush, a sudden advance, a showy appearance. पानी का छींटा, घसीट, लिखावट, छापे या लिखने का (—) चिह्न, झटका, धावा, दिखावट;-*v. t.* & *i.* to break to pieces, to knock, to drive, to throw, to rush. चूर चूर करना, ढकेलना, पीटना,

फेंकना, दौड़ना, भागना; **Dash-board** (a mud-guard, a splash-board.) गाड़ियों में कीचड़ का उड़ना रोकने की पंखी; **To cut a dash** (to make a fine show.) सुन्दरता दिखलाना; **To dash one's hopes** (to discourage.) निराश करना ।

Dasher-डैश्' - अर् - *n.* a contrivance for agitating cream in a churn. मथानी ।

Dashing-डैश्' - इङ्ग् - *adj.* bold, spirited, showy. साहसी, उत्साहपूर्ण, दिखावटी; **Dashingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a dashing manner. झटके से, वेग से ।

Dastard-डैस्टर्ड्-*n.* a cowardly fellow. भीरु, डरपोक मनुष्य; -*adj.* cowardly. डरपोक; **Dastardliness** (-लि-नेस्)-*n.* cowardliness. भीरुता; **Dastardly** (-लि)-*adv.* cowardly. भीरुता से ।

Data-डे'-टा-*n.* *pl.* of **Datum.**

Dataller, Daytaler-डे'-टॉ-लर्-*ns.* a workman who is engaged and paid by the day. रोजहा मजदूर ।

Date-डेट्-*n.* the date-palm or its fruit, a statement of time, time of happening, period, duration, age. खजूर का वृक्ष या फल, काल, तिथि (तारीख), समय या काल की अवधि, युग;-*v. t.* to mark with the date, to refer to a time. निर्दिष्ट तिथि लिखना, समय सूचित करना; **Date-line** (the line where the day begins and ends.) मध्याह्न रेखा जहाँ से पूर्व और पश्चिम में समय का अन्तर होता है, तिथि रेखा; **Out of date** (obsolete.) पुरातन, प्राचीन; **Up to date** (according to the latest requirements.) आधुनिक आवश्यकतानुसार; **Dateless**(-लेस्)-*adj.* without date, endless. बिना मिति का, अनन्त ।

Dative-डे'-टिव्-*adj.* the case in grammar which signifies the person or object to which something is given. सम्प्रदान कारक, चतुर्थी विभक्ति; **Datively** (-लि)-*adv.* in the dative case. सम्प्रदान कारक में ।

Datum-डे' - टम् - *n.* (*pl.* Data.) things admitted, known or granted. स्वीकृत तत्त्व, निर्दिष्ट सिद्धान्त ।

Daub-डॉब्-*v. t.* to coat with clay or plaster, to smear, to stain, to paint inartistically. लीपना, पोतना, छूहना, फूहड़पन से रँगना;-*n.* a badly painted picture. बुरी तरह से रँगा हुआ चित्र; **Dauber** (-अर्)-*n.* a coarse painter. रंग पोतनेवाला; **Daubery** (-अर्'-रि)-*n.* anything crudely artful. धूर्तता का कार्य;

Daubing (-इङ्ग्)-*n.* a coarse painting. भद्दी पोताई ।

Daughter-डॉ' - टर्-*n.* a female child or descendant, woman (generally). कन्या, पुत्री, बेटी; **Daughter-in-law** (a son's wife.) पुत्र-वधू, पतोहू; **Daughterly** (-लि)-*adj.* in a daughter-like way. पुत्रीवत्; **Daughterhood** (-हुड्)-*n.* state of being daughterly. पुत्रीपन ।

Daunt-डॉन्ट्-*v.t.* to discourage, to intimidate. उत्साहहीन करना, त्रासना, धमकाना; **Dauntless** (-लेस्)-*adj.* intrepid, bold. निर्भय (अशङ्क), निडर; **Dauntlessly** (-लेस्'-लि)-*adv.* in a dauntless manner. निर्भीकता से; **Dauntlessness** (-लेस्'-नेस्)-*n.* fearlessness, intrepidity. निर्भीकता ।

Dauphin-डॉ'-फ़िन्-*n.* the eldest son of the king of France. फ्रान्स देश के राजा का सबसे बड़ा लड़का ।

Davenport-डैव्न्पोर्ट्-*n.* (also **Devonport.**) a kind of ornamental desk with drawers. एक प्रकार की सुन्दर दराजदार मेज ।

Davit-डैव्'-इट्-*n.* a crane for suspending a hip's boat. जहाज पर की नाव लटकाने का यन्त्र ।

Davy-Lamp - डे'-वि-लैम्प्-*n.* the miner's safety-lamp. खान में ले जाने का सुरक्षित लैम्प ।

Daw-डॉ-*n.* a species of crow, jackdaw. डोम कौवा, काला कौवा ।

Davit.

Dawdle-डॉ'-ड्ल्-*v. i.* to idle. विलम्ब करना; **To dawdle away** (to waste time.) समय नष्ट करना; **Dawdler** (-ड्लर्)-*n.* a trifler. समय गँवानेवाला ।

Dawn-डॉन्-*n.* the first light, daybreak, rise of anything. दिनमुख, अरुणोदय (प्रभात, तड़का, भोर), किसी पदार्थ का उदय; -*v. i.* to begin to appear, to grow light, to become evident to mind. प्रकट होना, प्रातःकाल होना (पौ फटना), मन में उपजना; **To dawn upon** (to be visible.) देख पड़ना ।

Dawning-डॉन्'-इङ्ग्-*n.* the time of dawn. अरुणोदय का समय, तड़का ।

Day-डे-*n.* the time between the rise and setting of the sun. दिन, दिवस; **All day long** (throughout the day.) चौबीसों घण्टे;

All the day (continually.) लगातार, बराबर; Birthday (the day on which a person is born.) सालगिरह; Day-blindness. दिनौंधी (दिन में स्पष्ट न देख पड़ना); Day-book (a book of daily accounts.) प्रतिदिन के हिसाब की वही; Day-break (appearance of day-light.) अरुणोदय, पौं फटना, सबेरा; Day by day (everyday, daily.) प्रतिदिन; Day-dream (reverie, vain fancy.) तरंग, निरर्थक चिन्ता; Day-light (sun's light, openness, publicity.) सूर्य का प्रकाश, ईमानदारी, लोक-प्रसिद्धि; Day-school -*n*. स्कूल जिसमें छात्रों को केवल दिन में पढ़ाने का प्रवन्ध रहता है; Men of the day (famous men of the time.) समय के प्रसिद्ध लोग; One day (on a certain day.) किसी दिन; On one's day (on a good chance.) सुअवसर पर; One's day (one's life time.) मनुष्य का जीवन; To keep one's day (to be punctual.) समयानुकूल होना; To lose the day (to be defeated.) हारना; To win the day (to be victorious.) विजय प्राप्त करना।

Daze-डेज़्'-*v. t.* to stupefy, to stun, to dazzle. घबड़ा देना, व्यग्र करना, चौंधियाना; -*n*. bewilderment. घबड़ाहट; Dazedly (-ऍड्-लि) *adv*. in a bewildering manner. घबड़ाहट से।

Dazzle-डॅज़्'-ज़्ल्-*n*. glitter. चमक;-*v. t.* to bewilder with excess of light, to surprise. चौंधिआना, चकित करना;Dazzle-lamp(a lamp on a motor-car with a dazzling light.) मोटर गाड़ी की तेज रोशनी का लैंप; Dazzlement (-मेंन्ट्)-*n*.. power of dazzling. चकाचौंध; Dazzling (-लिङ्ग्)-*adj*. very brilliant. बहुत चमकीला, चौंधियानेवाला।

Deacon-डी'-कन्-*n*. an order of clergy below bishop and priest. छोटा पादरी; (*fem*. Deaconess-ऍस्) पादरिन।

Dead-डॅड्-*n*. the time when things are most still, those deceased. अति शांति का काल, मृतक लोग;-*adv*. thoroughly. पूर्णरूप से; -*adj*. without life, motionless, useless, unprofitable, unreal, blank, tasteless, deep, spiritless. निर्जीव (मृत), निश्चल, निरर्थक, निःसार, सादा, स्वादरहित, गाढ़ा (गहरा), सत्त्वहीन; Dead-alive (spiritless.) निस्तेज; Dead-ball (a ball out of play.) खेल के केन्द्र के बाहर का गेंद; Dead body(a corpse.) शव, मुर्दा; Dead drunk (helpless with drink.) मदिरा पीकर बेसुध; Dead language (a language no longer spoken.) अप्रचलित भाषा; Dead-lift (a heavy weight.) भारी बोझ; Dead march (music played at the interment of the dead.) शव के साथ बजनेवाला बाजा; Dead of night (midnight.) आधीरात; Dead-shot (a good marksman.) अच्छा निशानेबाज; Dead-stock (goods unfit to be sold.) बिक्री न होने योग्य सामान; Dead-wall (in which there are no openings.) बिना खिड़की की दीवार; Dead-water (where there is no current.) धाररहित जल।

Deaden-डॅड्-ऍन्-*v. t.* to diminish the force of, to deprive of vitality, to blunt, to remove gloss or brilliancy. शक्ति कम करना, शिथिल करना, मन्द करना, चमक हटाना।

Deadly-डॅड्'-लि-*adj*. (*comp*. Deadlier, *sup*. Deadliest) death-like, causing death or fatal injury, mortal, intense. मृतक के समान, प्राणनाशक, मारक, तीव्र; Deadly enmity (mortal enmity.) प्राण नाशक वैर; Deadly poison (fatal poison.) हलाहल या मारक विष।

Deaf-डॅफ्-*adj*. insensible to or dull of hearing, inattentive. बहिरा, ध्यान न देनेवाला; To turn a deaf ear to (to take no heed to one's words.) आनाकानी करना; Deafen (-ऍन्)-*v. t.* to deprive of hearing, to stun. बहिरा करना; Deafly (-लि)-*adv*. without sense of sounds. बहिरेपन से; Deafness (-नॅस्)-*n*. the state of being deaf. बहिरापन; Deaf-nut (a nut without a kernel.) बिना गरी का अखरोट आदि फल।

Deal-डील्-*n*. a considerable amount, a bargain, a fir or pine board. अधिक परिमाण, मुनाफा, चीड़ का तख्ता;-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Dealt-डॅल्ट्) to distribute, to deliver as a share, to do business with, to behave. बाँटना (भाग करना), पृथक्-पृथक् देना, व्यापार करना, व्यवहार करना; A good deal (much, considerable.) प्रचुर, बहुत; To deal cards (to distribute cards.) ताश बाँटना।

Dealer-डील्'-अर्-*n*. a player at cards, a trader. ताश बाँटनेवाला, व्यापारी।

Dealing-डील्'-इङ्ग्-*n*. behaviour, trade. आचरण, व्यवहार (लेन-देन)।

Deambulation-डी-ऑम्'-ब्यू-ले'-शन्-*n*. the act of walking. टहलान।

Dean-डीन्-*n*. the head of a cathedral, the head of a faculty in a college. गिरजाघर या कालेज का अध्यक्ष; Deanery (-अर्-इ)-*n*. the house or office of a dean. डीन का घर या पद।

Dear-डिअर्-*adj*. beloved, precious, greatly, valued, costly. प्यारा (प्रिय), बहुमूल्य, महार्घ, महँगा;-*interj*. expressing surprise, sympathy &c. आश्चर्य, सहानुभूति इत्यादि सूचक अव्यय;

Dearly (-लि)-*adv.* at a high price, with great fondness. बहुमूल्यता से, अति प्रीति से; **Dearness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being dear, affection, expensiveness, costliness. प्रियता,बहुमूल्यता,प्यार,स्नेह, खर्चीलापन, महँगाई।

Dearth-डर्थ्-*n.* scarcity of food, famine. दुष्काल, अकाल, दुर्भिक्ष।

Death-डेंथ्-*n.* end of life, want of spiritual life. annihilation. मरण, मृत्यु, नाश; **Death-bed** (the bed on which one dies.)मृत्युशय्या; **Death-blow** (a blow extinguishing life.) प्राण लेनेवाला आघात; **Deathless** (-लेंस्)-*adj.* not subject to death. अमर, अनश्वर, चिर-स्थायी; **Deathlessness** (-लेंस्-नेंस्)-*n.* immortality. अमरत्व; **Death-like** (-लाइक्)-*adj.* (resembling death.) मृत्यु सदृश;**Death-rate** (proportion of death.) प्रति वर्ष १००० मनुष्यों में की मरण-संख्या; **Death-rattle** (a rattling in the throat of a dying man.) मरते समय की हिचकी; **Death-roll** (a list of the dead.) मृतकों की सूची; **Death trap** (a place dangerous to life.)प्राण-संकट का स्थान;**Angel of death.** यमदूत; **At death's door** (ready to die.) मरणासन्न; **A violent death.** अपमृत्यु; **Sentenced to death** (ordered to be executed.) प्राणदण्ड की आज्ञा पाया हुआ।

Debacle-डि-बाक्'-कुल्-*n.* a sudden rush of water. पानी का तोड़।

Debar-डि-बार्'- *v. t.* (*p. t.* Debarred). to prevent, to hinder, to obstruct, to exclude from admission. निषेध करना, रोकना, प्रवेश न होने देना।

Debark-डि-बार्क्'-*v. i. & t.* to disembark. नाव या जहाज़ पर से उतरना या उतारना; **Debarkation** (-ए'-शन्) -*n.* a landing from boat or a ship. नाव या जहाज पर से उतार।

Debase-डिबेंस-*v. t.* to lower in quality or value, to adulterate, पदवी घटाना, मूल्य कम करना, मिलावट करना; **Debasement** (-मेंन्ट) -*n.* degradation. अधोगति, नीच स्थिति।

Debatable-डि - बे - टेबूल - *adj.* liable to be questioned,subject to discussion. सन्देह-युक्त, विवाद योग्य।

Debate-डि-बेट्-*v. t.* to dispute about, to discuss, to ponder. झगड़ना, विवाद करना (तर्क करना), विचार करना; -*n.* discussion, public argument. विवाद, सार्वजनिक वितर्क; **Debater** (-अर्)-*n.* a disputant. वादी।

Debauch-डि-बॉच्'-*v. i. & t.* to make intemperate, to seduce, to vitiate. दूषित करना, सतीत्व भ्रष्ट करना, नाश करना;-*n.* the habit of indulgence. विषयों का उपभोग, असंयम; **Debauchable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be vitiated. दूषित करने योग्य; **Debauchee** (डें-बॉशी)-*n.* viciously sensual person. विषयासक्त, दुराचारी, लम्पट; **Debauchery** (-अर्-इ)-*n.* habitual lewdness. विषयोपभोग (भ्रष्ट आचरण), व्यसन।

Debel-डि-बेंल्-*v. t.* (*p. t.* Debelled.) to conquer in war. युद्ध में जीतना।

Debenture-डि-बेंन्च-र्-*n.* a written note or bond acknowledging a sum on which interest is due, a bond. प्रतिज्ञापत्र, नियमपत्र।

Debilitate-डि-बिल्'-इ-टेट्-*v. t.* to weaken, to enfeeble. शक्तिहीन बनाना, दुर्बल करना; **Debilitated** (-एँड्)-*adj.* enfeebled. क्षीण, दुर्बल, अशक्त; **Debilitating** (-इङ्ग्)-*adj.* weakening. दुर्बल करनेवाला; **Debilitation** (-टे'-शन्) *n.* the act of weakening. दुर्बलीकरण।

Debility-डें-बिल्' - इ -ट् -इ -*n.* feebleness of health or purpose, langour. शक्तिहीनता (दुर्बलता), अशक्तता।

Debit-डेंब्'-इट्-*n.* an entry in accounts for sum due. (हिसाब की बही में) नामे की रकम (खर्च की मद);-*v. t.*(*p. t.* Debited) to charge with such a sum, to enter on the debtor side of an account. खर्चे में लिखना, किसी के नामे लिखना।

Debonair-डें'-ब-नेंअर्-*adj.* genial, pleasant, well-bred. सुशील, विनीत।

Debouch-डि-बूश्'-*v. i.* to come out of a wood or ravine. (सेना का) जंगल या कन्दरा से मैदान में निकल आना; **Debouchment**(-मेंन्ट) -*n.* act of debouching. ऊपर कही हुई क्रिया।

Debris--डब्री-*n. sing. & pl.* scattered bits, refuse, wreckage. टूटे हुए टुकड़े, मलबा।

Debt-डेंट्-*n.* a sum owed to a person. ऋण, उधार; **Debt of honour** (dues in gambling.) जुए में का ऋण (जो कानूनन् वसूल नहीं हो सकता); **Debt of nature** (death.) मृत्यु; **Floating debt** (debt repayable on demand.) निर्धारित समय पर चुकाया जानेवाला ऋण;**National debt** (the debt of the state.)राष्ट्रीय ऋण;**Involved in debt** (to be indebted.) ऋणग्रस्त; **To run in debt, To incur debt** (to be indebted.) ऋणी होना।

Debtless-डेंट्'-लेंस्-*adj.* free from debt. ऋण मुक्त, कर्जा से बरी।

Debtor-डेंटर्-*n.* one who owes a sum or duty. देनदार, ऋणी।

Debus-डिबस्'-*v. i. & t.* to unload from a lorry or motor vehicle. मोटर गाड़ी से उतरना या सामान उतारना।

Decade-डेक्'-एड्-*n.* a series of ten years. दस वर्ष का समय; **Decadic**, (-इक्), **Decadal** (-ऐं-डल्)-*adjs.* consisting of ten years. दसवर्षीय।

Decadence-डिकें'-डन्स्-*n.* condition of decay. क्षय, नाश; **Decadent** (-डन्ट्)-*adj.* falling away, declining. क्षय होनेवाला, अवनति का।

Decagon-डेकगॉन्-*n.* a plane figure bounded by ten lines. दसभुज; **Decagonal** (-अल्) *adj.* having ten sides. दस भुजवाला।

Decalcify-डी-कॅल्'-सि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Decalcified**) to deprive (bone) of lime. (हड्डी में से) चूने का अंश निकाल देना।

Decalogue-डेक'-लॉग् -*n.* the Ten Commandments of Christ. ईसा मसीह के दस (प्रधान) आदेश।

Decamp-डि-कॅम्प्'-*v. t.* to leave camp, to abscond, to go away suddenly. डेरा छोड़ना, एकाएक भाग जाना, रफ़ू-चक्कर होना; **Decampment** (-मॅन्ट्)-*n.* a marching off. भगाव, पलायन, कूच।

Decanal-डें कॅनल्-*adj.* pertaining to a dean. पादरी-सम्बन्धी।

Decant-डि-कॅन्ट्-*v. t.* to pour off liquid from a vessel without disturbing sediment. पसाना, निथारना।

Decanter-डि-कॅन्ट्'-अर्-*n.* a stoppered ornamental glass-bottle for wine. डाट लगी हुई सुन्दर शीशे की मदिरा की बोतल।

Decapitate-डि-कॅप्'-इ-टेट्-*v.t.* to cut off the head, to behead. सिर काटना; **Decapitation** (-इट् - ए' - शन्)-*n.* the act of beheading. शिरच्छेद, कत्ल।

Decapod-डॅक'-ओं-पॉड्-*n.* a shell-fish having ten feet. दस पैरवाला जलचर।

Decarbonize-डीकार्बनाइज़्-*v. t.* to deprive a thing of carbon. किसी पदार्थ से धालात अंश (कार्बन) हटाना।

Decay-डि-के-*v. i.* (*p. t.* **Decayed**) to deteriorate, to waste away, to rot. क्षय होना (गलना), सड़ना;-*n.* decline, decomposition, breaking up of health. ह्रास, नाश, सड़न, स्वास्थ्य की खराबी।

Decease-डि-सीस्'-*n.* death, departure from life. मरण, मृत्यु-*v. i.* to die. मृत्यु को प्राप्त होना, मरना; **Deceased** (-स्ट्)-*adj.* dead. मृत, स्वर्गवासी

Deceit-डि-सीट्'-*n.* a trick, stratagem, fraud. कपट, छल, वंचना; **Deceitful** (-फ़ुल्) -*adj.* full of deceit. धूर्त, कपटी, छली; **Deceitfully** (-फ़ुल्-लि)-*adv.* in a deceitful manner. छल से, कपट से; **Deceitfulness** (-फ़ुल्-नॅस्) -*n.* tendency to deceive. छल, कपट।

Deceivable-डिसीवॅबल् - *adj.* that may be deceived. छलने योग्य।

Deceive-डि-सीव्'-*v. t.* to mislead, to cheat. ठगना (मोहना), धोखा देना; **Deceiver** (-अर्)-*n.* one who deceives, an impostor, a cheat. वंचक, धूर्त, धोखेबाज।

December-डि-सॅम्'-बर्-*n.* the last month of the English year. अंग्रेजी साल का अन्तिम महीना (दिसम्बर)।

Decency-डी'-सॅन्'-सि-*n.* propriety of behaviour, respectability, modesty. मर्यादा, सुशीलता, विनय।

Decennary-डि-सॅन-रि-*n.* a period of ten years. दस वर्ष का काल।

Decennial-डि-सॅन्'-नि-ॲल्-*adj.* recurring or happening every ten years. प्रति दस वर्ष में होनेवाली।

Decent-डी'-सॅन्ट्-*adj.* respectable, modest, seemly, proper, tolerable. सभ्य (शिष्ट), विनीत, उचित, सहनीय; **Decently** (-लि)-*adv.* in a decent manner. सभ्यता या शिष्टता से।

Decentralize-डी-सण्ट्र-लाइज़्-*v. t.* to confer local government on. स्थानिक प्रबन्ध का अधिकार देना; **Decentralization** (-ए'-शन्) -*n.* transference of central government to a local one. स्थानिक अधिकार प्रदान।

Deception-डि-सॅप्'शन्-*n.* a deceiving trick, a sham. कपट (छल), माया, धोखा।

Deceptive-डि-सॅप्'-टिव्-*adj.* apt to deceive, misleading. (धूर्त, कपटी, मायावी) धोखा देनेवाला; **Deceptively** (-टिव्-लि)-*adv.* in a deceptive manner. छल से, धोखे से; **Deceptiveness** (-टिव्-नॅस्)-*n.* a tendency to deceive, deception. धोखेबाज़ी।

Decern-डिसर्न्-*v.t. & i.* to judge, to decree. निर्णय करना, डिगरी करना।

Decidable-डि-साइडॅ-बल् - *adj.* able to be decided. निर्णय करने योग्य।

Decide-डि-साइड्-*v. t. & i.* to settle, to give judgement, to come to a resolution. स्थिर करना, निर्णय देना, निश्चित करना, **Decidable** (-ऍ-बल्) -*adj.* that may be decided. निर्णय के योग्य; **Decided** (-ऍड्) -*adj.* definite. निश्चित; **Decidedly** (-ऍड्-लि)

-*adv*. in a decided manner. स्थिरता से, निश्चित रूप से; **Decider** (-अर्)-*n*. one who decides. स्थिर (निर्णय) करनेवाला।

Decidence-डि- सि - ड् - एँन्स् -*n*. the act of falling off. गिरने का कार्य, पतन।

Deciduous-डि-सिड्' - यू-अस् -*adj*. shedding leaves, teeth &c. periodically. पतनशील, झड़नेवाला; **Deciduousness** (-नेॅस्) -*n*. the quality of being deciduous. पतनशीलता।

Decigram - डेॅ - सिग्राम् - *n*. one-tenth of a gramme. एक ग्राम का दशमांश।

Decillion-डिस्-सिल्यन्'-*n*. the tenth power of a million. दस लाख को इसी से दस बार गुणा करके बनी हुई संख्या।

Decimal-डेॅस्'-सि - मल्-*adj*. & *n*. of tenths, proceeding by tens, a tenth. दशमिक, दशमलव, दशांश; **Decimal fraction**, दशमलव; **Decimalize** (-आइज़्)-*v. t.* to convert into decimals. दशमलव में परिणत करना; **Decimalization** (-आइज़् - ए'- शन्) -*n*. conversion into decimals. दशमलवीकरण; **Decimally** (-लि)-*adv*. by means of decimals. दशमलव के रूप में।

Decimate-डेॅस्-सि - मेट् - *v. t.* to destroy a tenth part. दशम भाग नष्ट करना।

Decipher-डि - साइ' - फ़र्-*v. t.* to interpret hidden writings, to revel. गूढ़ाक्षरों को स्पष्ट करना, छिपे को खोलना ; **Decipherable** (-एँ-बल्) -*adj*. what may be deciphered. स्पष्ट करने योग्य; **Decipherment** (-मेॅन्ट्)-*n*. the act of deciphering. स्पष्टीकरण।

Decision-डि- सिज़्' - अन् - *n*. a settlement, judgment, conclusion, resolve. निर्णय, निश्चय, परिणाम, विचार।

Decisive-डि-साइ'-सिव्-*adj*. deciding, conclusive. निश्चित, असन्दिग्ध; **Decisively** (-लि) -*adv*. in a decisive manner. निश्चित रूप से, दृढ़ता से; **Decisiveness** (-नेॅस्)-*n*. the state of being decisive. निश्चय, असन्दिग्धता।

Deck-डेॅक्-*v. t.* to cover, to array, to adorn. ढाँकना, सजाना, अलंकृत करना; -*n*. the platform of a ship. जहाज की छत; **Deck-chair** (a folding chair.) मुड़नेवाली कुर्सी; **Deck-house** (a cabin on the deck of a ship.) जहाज की छत पर बना हुआ कमरा।

Deckle-डेॅकूल्-*n*. an implement for fixing the size of paper in paper-making machine. कागज बनाने के यन्त्र में कागज की नाप स्थिर करने का फ्रेम या साँचा।

Declaim-डि-क्लेम्'-*v. t.* to speak rhetorically. अलङ्कारिक भाषा में बातें करना ; **Declaimer** (-अर्) -*n*. (clamorous) speaker. बकवादी।

Declamation-डिक्-लीं-मे'-शन्-*n*. an impassioned speech, a harangue. शब्दपाण्डित्य, वाक्चातुर्य; **Declamatory** (-डि-क्लैमेॅटरि)-*adj*. noisy and rhetorical. तीव्र और आलङ्कारिक।

Declarant-डि-क्लेॅअर्'-ऑन्ट्-*n*. one who makes a legal declaration. कानूनी प्रतिज्ञा करनेवाला मनुष्य।

Declaration-डिक्-लीर्-ए'-शन्-*n*. an announcement, assertion, proclamation. प्रकाशन, भाषण, उक्ति, घोषणा।

Declarative-डि - क्लॉ-रें'-टिव्-*adj*. making a declaration. प्रकाशक; **Declaratively** (-टिव्लि) -*adv*. in a declarative manner. प्रतिज्ञापूर्वक; **Declaratory** (-टरि)-*adj*. explanatory, making a declaration, expressive. निवेदक, सूचक, ज्ञापक।

Declare-डि-क्लेॅअर्-*v. t.* to make known, to proclaim publicly, to reveal. प्रकाशित करना; (प्रगट करना), घोषणा करना, सूचित करना; **Declared** (-ड्)-*adj*. publicly announced. सर्वसाधारण को सूचित; **To declare oneself** (to expose one's intention,) अपनी इच्छा प्रकट करना ; **To declare off** (to quit openly.) सट्टा तोड़ना।

Declension-डि-क्लेॅन्-शन्-*n*. decay, deterioration, a case-inflexion (*in gram.*) क्षय, नाश, (व्या०) विभक्ति का रूप।

Declinable-डि-क्लाइ'-नें-बल-*adj*. see **Decline**. रूप चलाने योग्य।

Declination-डेॅक्-लिन्-ए'-शन्-*n*. a downward bend. नीचे को झुकाव।

Decline-डि-क्लाइन्'-*v. t.* & *i.* to droop, (to bend), to draw to a close, to decrease, to refuse, to inflect. झुकना, अन्त होना, कम होना, अस्वीकार करना (क्षय होना, ध्वंस होना), शब्दों का रूप चलाना; -*n*. decay, deterioration, fall of price. नाश, क्षय, मूल्य में कमी; **Declinable** (-क्लाइ-नें-बल्) -*adj*. capable of inflexion (*in gram.*) व्याकरण में रूप चलाने योग्य।

Declinometer-डिक्लिनोमिटर्-*n*. a contrivance for measuring magnetic declination of a needle. चुम्बकीय झुकाव नापने का यन्त्र।

Declivity-डि-क्लिव्'-इ-टि - *n*. a downward slope or inclination. ढार, उतार।

Declivous-डि-क्लिव्'-अस् - *adj*. bent downwards. नीचे को झुका हुआ।

Decoct-डि-कॉक्ट्'-*v. t.* to boil for extracting essence. काढ़ा बनाना, काढ़ा करके अर्क उतारना; **Decoction** (-कॉक्-शन्)-*n.* the act of boiling a substance in water. क्वाथ या काढ़ा बनाने का कार्य ।

Decollate-डी-कॉल्'-लेट्-*v. t.* to behead. सिर काट लेना ।

Decolorate-डी-कल्'-अर्-एट्- *v. t.* to remove colours. रंग हटाना ।

Decolourize-डी-कल्'-अर्-आइज़्-*v.t.* to deprive of colours. रंग हटाना; **Decolourization**(-ए-शन्) - *n.* the act of removing colour. रङ्ग हटाने की क्रिया, विवर्णीकरण ।

Decomplex-डी-कॉम्-प्लैक्स्-*adj.* doubly complex. दुबारा मिश्रित ।

Decompose-डी-कॉम्-पोज़्-*v.t.* to separate into original elements. मौलिक पदार्थों में पृथक् करना; **Decomposable** (-पो'-ज़ें-ब्ल्)-*adj.* that may be decomposed. तत्त्व अलगाने योग्य ; **Decomposition** (-पो-ज़ि-शन्)-*n.* the act of decomposing a substance. पृथक्करण, विश्लेषण ।

Decontrol-डी-कण्ट्रोल्'-*v. t.* to release from government control. सरकारी नियन्त्रण हटाना ।

Decorate-डॅकरेट्-*v. t.* to furnish with ornaments, to beautify. अलंकृत करना, सजाना, श्रृङ्गार करना; **Decoration** (-रे'-शन्)- ornamentation. अलंकरण, सजावट; **Decorative** (-रे-टिव्)-*adj.* adorning. विभूषित करने या सजाने योग्य; **Decorator** (-टर्)-*n.* one who decorates or embellishes. सजानेवाला ।

Decorous-डॅ-कोर्-अस्-*adj.* dignified and decent, suitable. विनीत, शिष्ट, योग्य; **Decorously** (-लि) -*adv.* in a dignified manner. शिष्टाचार से।

Decorticate-डी-कॉर्'-टि-केट्-*v. t.* to strip off bark. छाल उतारना ।

Decorum-डि-कोर्'-अम्-*n.* etiquette, propriety, decency, beauty. मर्यादा, सभ्यता, सुरीति, शिष्टाचार, सुन्दरता ।

Decoy-डि-कॉय्'-*v. t.* to allure, to ensnare. लुभाना, फँसाना;-*n.* a bait, an enticement. चारा, प्रलोभन ।

Decrease-डि- क्रीज़्'-*v. t. & i.* to lessen, to diminish gradually. कम करना, घटना ; -*n.* (-डी'-क्रीस्) gradual diminution. न्यूनता, कमी; **Decreasingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a decreasing manner. घटते हुए ढंग से।

Decree-डि-क्री'-*n.* an ordinance or edict, a decision of court, a judgment. राजा की आज्ञा, (व्यवस्था), डिग्री, निर्णय;-*v. t.* to ordain by a decree. आज्ञा देना, डिग्री करना; **Decree of God** (as ordained by Providence.) ईश्वरेच्छा।

Decrement-डॅ- क्रिमॅन्ट् - *n.* decrease, waste. कमी, नाश ।

Decrepit-डि-क्रॅप्'-इट्-*adj.* worn out with age, broken down. जराग्रस्त (जीर्ण), निर्बल ; **Decrepitude** (-इ-ट्यूड्)- *n.* physical infirmity due to old age. बुढ़ापे की निर्बलता ।

Decrepitate-डि-क्रॅप्'- इ-टेट् - *v. i.* to crackle by heat. आँच से चटकना; **Decrepitation** (-इ'-टे'-शन्) - *n.* separation of parts caused by heat. अग्नि की सहायता से भागों का पृथक्करण।

Decrescent-डिक्रॅसण्ट्-*adj.* decreasing, waning. क्षयमान, क्षयी ।

Decretal-डि-क्री'-टॅल्-*adj.* pertaining to a decree. डिग्री-सम्बन्धी ।

Decry-डि-क्राइ'-*v. t.* (*p. t.* **Decried**) to disparage, to cry down. निन्दा करना, आक्षेप करना (दोष देना) ।

Decumbent-डि-कम्'-बॅन्ट्-*adj.* lying along ground. पृथ्वी पर पड़ा हुआ ।

Decuple-डॅक्'-यू-प्ल्-*adj.* tenfold. दसगुना; -*v. t.* to multiply by ten. किसी अङ्क को दस से गुणा करना ।

Dedicate-डॅड्'-इ-केट्-*v.t.* to set apart for a holy purpose, to inscribe to any one. पवित्र कार्य के लिये अलग करना, किसी व्यक्ति के नाम उत्सर्ग करना; **Dedication** (-के'-शन्)-*n.* the act of dedicating. समर्पण, उत्सर्ग; **Dedicator** (-अर्)-*n.* a person who dedicates. उत्सर्गक; **Dedicatory** (-अरि)-*adj.* serving as a dedication. उत्सर्गिक।

Deduce-डि-ड्यूस्'-*v. t.* to trace descent of, to draw from, to infer as a conclusion. वंश का अन्वेषण करना, तर्क द्वारा निर्णय करना; **Deducible** (-इ-ब्ल्) - *adj.* what may be inferred. तर्क द्वारा अनुमान करने योग्य ।

Deduct-डि-डक्ट्'-*v. t.* to take away, to subtract. हटाना (कम करना), घटाना; **Deduction** (-डक्'-शन्)-*n.* a deducing, inference from general to particular. (अनुमान) व्यापक से व्याप्य का तक; **Deductive** (-इव्)-*adj.* deducible. वियोजक; **Deductively** (-इव्-लि)-*adv.* by way of deductive inference. वियोजक रीति के अनुसार ।

Deed-डीड्-*n.* an actual fact, a performance, an exploit, a written or printed instrument for legal disposition. कृति, कार्य, चेष्टा, लेख-प्रमाण (दस्तावेज) ; **Deedless** (-लॅस्)-*adj.* not performing any deeds. कृति-रहित; **Sale-deed** (the instrument of a sale.) बयनामा; **Title deed** (a writing in evidence of declaring ownership of a real property.) किसी सम्पत्ति के विषय का अधिकारपत्र ।

Deem-डीम्-*v. i.* to believe, to consider, to determine, to judge. विश्वास करना, विचारना, इरादा करना, निर्णय करना।

Deep-डीप्-*n.* going far down from top, profound, absorbed, intense, extreme, hidden, secret. गहरा, गम्भीर, ध्यानमग्न, अगाध, गुप्त; **In deep water** (plunged into agony.) शोकाकुल; **Deepen** (-ऍन्) *-v. t.* to make deeper. घना करना, गम्भीर करना, गहरा करना; **Deeply** (-लि) *-adv.* profoundly, gravely. दीर्घता से, गंभीरतापूर्वक, नितान्त; **Deepness** (-नेंस्) *-n.* the state of being deep. गहराई; **Deep-read** (-रेंड्)*-adj.* deeply versed. सुशिक्षित; **Deep-sea** (-सी)*-n.* the ocean. महासागर; **The deep** (the sea.) समुद्र।

Deer-डिअर्-*n.* a ruminant quadruped with branching horns. मृग, कुरंग, हरिन; **Spotted-deer.** चितकबरा हरिन।

Spotted-deer.

Deface-डि-फ़ेस्'-*v. t.* to destroy the face, to obliterate. कुरूप बनाना, चेहरा बिगाड़ना, मिटाना; **Defaceable** (-एँ-ब्ल्) *-adj.* that may be defaced. कुरूप बनाने या बिगाड़ने योग्य; **Defacement** (-मेंन्ट्)*-n.* the act of defacing. विकरण, दूषण।

Defalcate-डि'-फ़ॉल्'-केट्-*v.t.* to misappropriate entrusted property. सौंपे हुए धन को अपनाना; **Defalcator** (-के'-टर्) - *n.* a defaulter, an embezzler. बाकीदार, गबन करनेवाला; **Defalcation** (-के'-शन्)*-n.* a misappropriation of funds, breach of trust. सौंपे हुए धन का अपहरण, गबन, विश्वासघात।

Defamable-डि-फ़ेम्'-एँ-ब्ल् - *adj.* able to be defamed. अपमान करने योग्य।

Defamation-डे-फ़े-मे'-शन्-*n.* act of defaming, calumny, slander. अपयश (निन्दा), मानहानि।

Defamatory-डि-फ़े-मेंटरि-*adj.* injurious to reputation, calumnious. अपवादक, अपमान करनेवाला।

Defame-डि-फ़ेम्'--*v. t.* to destroy the reputation of, to speak ill of. निन्दा करना, आक्षेप करना, अपयश करना, बदनाम करना।

Defamer-डि-फ़ेम्'-अर्-*n.* a slanderer. बदनाम करनेवाला मनुष्य।

Defaming-डि - फ़ेम्' - इङ्ग्-*n.* defamation. अपयश, मानहानि, बदनामी।

Default-डि-फ़ॉल्ट्'-*n.* defect, neglect of duty, failure to act or appear. दोष, अपराध, अनुपस्थिति;-*v. i.* to fail to appear in court, not to meet call of money. अदालत में अनुपस्थित होना, वादे पर रुपया न चुकाना; **Defaulter** (-अर्)*-n.* one who is guilty of a default. दोषी, अपराधी।

Defeasance-डि-फ़ी'-ज़न्स्-*n.* rendering null. निष्फल करना; **Defeasible** (-ज़ि-ब्ल्)*-adj.* liable to forfeiture. ग्रहण (ज़ब्त) करने योग्य; **Defeasibleness**(-ज़ि-ब्ल्-नेंस्)*-n.* the quality of being defeasible. ज़ब्ती।

Defeat-डि-फ़ीट्'-*v.-t.* to frustrate, to ruin. पराजित करना, हराना;-*n.* ruin, overthrow, frustration. पराजय, हार; **Defeatism**-*n.* disposition to accept defeat. पराजय-वाद।

Defeature-डिफ़ीचर्-*v. t.* to make unrecognizable. न पहिचानने योग्य बनाना;-*n.* disguise. कपट वेश।

Defecate-डें-फ़िकेट्'-*v. t.* to clear from dregs or impurities. मैल हटाना; **Defecation** (के'-शन्)*-n.* purification. शोधन, मलहरण।

Defect-डि-फ़ेक्ट्'-*n.* deficiency, imperfection, error, blemish. न्यूनता (विकार), अपूर्णता, दोष, त्रुटि; **Defection** (-फ़ेंक्'-शन्)*-n.* a falling away from duty. धर्मत्याग, कर्त्तव्यच्युति; **Defective** (-इव्)*-adj.* incomplete, faulty, insufficient. अपूर्ण, दोषयुक्त, अपर्याप्त, न्यून; **Defectively** (-इव्-लि)*-adv.* in a defective manner. अपूर्णता से; **Defectiveness**(-इव्-नेंस्) *-n.* the state of being defective. न्यूनता।

Defence-डि-फ़ेंन्स्'-*n.* that which defends, protection, vindication, a defendant's plea. रक्षा, बचाव, प्रत्युत्तर, प्रतिवादी का उत्तर या दलील; **Defences** (*-n. pl.*) fortification. क़िलाबन्दी; **Defenceless** (-लेंस्)*-adj.* without defence. रक्षाहीन, निराश्रय; **Defencelessly** (-लेंस्-लि)*-adv.* in a defenceless manner निराश्रित ढंग से।

Defend-डि-फ़ेन्ड्-*v. t. & i.* to guard, to protect, to speak in favour of. रक्षा करना, बचाना, मुक़दमे की जवाबदेही करना; **Defendant**, (-ऍन्ट्)*-n.* a person accused or sued. जिस पर मुकदमा चलाया जाता है, मुद्दालेह; **Defender** (-अर्)*-n.* one who defends. रक्षक, बचानेवाला।

Defensible-डि-फ़ेंन्स्'-इ-ब्ल्-*adj.* that can be easily defended. सहज में रक्षा होने योग्य; **Defensibly** (-इब्-लि)*-adv.* in a defensible manner. रक्षा करते हुए।

Defensive-डि-फ़ेंन्स्'-इव्-*adj.* serving in de-

fence, protective. रक्षक (निवारक), बचाने वाला; *-n.* a safeguard. रक्षा की स्थिति; **Defensively**(-लि)*-adv.* in a defensive manner. रक्षा के रूप में।

Defer-डॅ-फ़र्'*-v.t.* (*p.t.* **Deferred**) to put off, to postpone, to delay, to confer. टालना, विलम्ब करना, देर करना, सौंपना;*-v. t.* to submit to the opinion of a person. किसी के मत को स्वीकार करना; **Deferrable** (-ऍ-बल्) *-adj.* लौटाने योग्य; **Deferred shares** (those payable only at fixed times.) अंश या भाग जो निश्चित समय से पहले नहीं मिलता।

Deference-डॅफ़्'-अर्-ऍन्स् *-n.* regard, respect, submission. अनुरोध, आदर, श्रद्धा, स्वीकृति; **Deferential** (-ऍन्'-शल्) *-adj.* expressing respect. श्रद्धासूचक; **Deferentially** (-ऍन्'-शॅल्-लि)*-adv.* with deference. आदरपूर्वक।

Defiance-डि-फ़ाइ'-ऑन्स्*-n.* act of defying, a challenge to fight, open disobedience. लड़ने के लिए ललकारना, आज्ञा न मानना, आज्ञा का उल्लंघन करना, अवज्ञा।

Defiant-डि-फ़ाइ'-ऑन्ट्*-adj.*openly disobedient, insolently bold. अवज्ञापूर्ण, निडर; **Defiantly** (-लि')*-adv.* in a defiant manner. निडर होकर।

Deficiency-डिफ़िशन्सि*-n.* want, lack, defect. न्यूनता, हीनता, कमी, अपूर्णता।

Deficient-डिफ़िशन्ट्*-adj.* incomplete, wanting, defective. अपूर्ण, न्यून, हीन; **Deficiently** (-लि)*-adv.* in a defective manner. न्यूनता से।

Deficit-डॅफ़्'-इ-सिट् *-n.* deficiency (*esp.* of revenue), excess of liabilities over assets. कमी (न्यूनता), घाटा।

Defier-डि-फ़ाइ'-अर्*-n.* one who defies or challenges. अवज्ञाकारी, ललकारनेवाला।

Defile-डि-फ़ाइल् *-n.* a narrow way, a gorge. संकुचित मार्ग, दर्रा; *-v. i.* to march in files. पंक्ति में चलना;*-v. t.* to make dirty, to pollute. दूषित करना, अपवित्र करना, गन्दा करना; **Defilement** (-मॅन्ट्)*-n.* foulness, corruption, impurity. मालिन्य, कलंक, भ्रष्टता, अशुद्धता।

Definable-डि-फ़ाइन्'-ऍ-बल्*-adj.* see **Define.**

Define-डि-फ़ाइन्*-v. t.* to lay down and fix the limits, to make clear, to declare the exact meaning. सीमा स्थिर करना, स्पष्ट करना (लक्षण बतलाना), स्पष्ट अर्थ कहना; **Definable** (-ऍ-बल्) *-adj.* that may be defined. लक्षण निर्धारित करने योग्य।

Definite-डॅफ़्'-इन्-इट् *-adj.* with exact limits, fixed, determinate, precise. निश्चित, निर्णीत, ठीक; **Definitely**(-लि)*-adv.* precisely. निश्चित रूप से; **Definiteness** (-नॅस्)*-n.* certainty, state of being definite. निश्चितता, स्थिरता।

Definition-डिफ़िनिशन्*-n.* description of a thing by its qualities, a brief explanation. लक्षण (निर्देश), परिभाषा, व्याख्या; **Definitive** (-इट्-इव्) *-adj.* decisive, positive, final. स्थिर, आवश्यक, अन्तिम; **Definitively** (-लि) *-adv.* in a definite manner. स्थिरतापूर्वक।

Deflagrate-डॅफ़्ल' - ग्रेट् *-v. t.* to burn with sparkling flame. ज्वाला सहित जलाना; **Deflagration** (-ग्रेशन्)*-n.* combustion. ज्वलन (दाह); **Deflagrator** (-ग्र - टर्)*-n.* an electric battery. बिजली की बैटरी।

Deflate-डी-फ़्लेट्'*-v. t.* to let inflated air out. किसी पदार्थ में भरी हुई हवा को निकालना; **Deflation** (-फ़्ले-शन्) *-n.* act of turning out. भरी हुई वायु को निकालने की क्रिया।

Deflation - डि-फ़्ले'-शन्*-n.* reducing the value of paper money. (करेन्सी) नोट का मूल्य कम करना।

Deflect-डि-फ़्लॅक्ट्*-v. t. & i.* to turn aside, to bend down, to deviate from the right path. हटाना, झुकाना (मोड़ना), बुरे मार्ग पर जाना; **Deflection**(**Deflexion**-शन्)*-ns.* downward bend, deviation. नीचे को झुकाव, विमार्ग गमन; **Deflector** (-अर्) *-n.* that which deflects. झुकानेवाला।

Deflorate-डी - फ़्लोर्' - एट् - *adj.* past the flowering state. अतीत पुष्पन, पुष्पनातीत; **Defloration** (-ए'-शन्)*-n.* the act of deflowering. फूलना बन्द होना, अपुष्पन।

Deflower-डिफ़्लावर्'*-v. t.* to ravage, to spoil, to deprive of flowers. चरित्र नष्ट करना, भ्रष्ट करना, फूलों से वञ्चित करना।

Defluent-डॅफ़्लुअण्ट्*-adj.* flowing down. नीचे का बहने (या सरकने) वाला।

Defoliate-डि-फ़ो - लि - एट्' *-v. t.* to deprive of leaves. पत्तों से रहित करना।

Defoliation-डि-फ़ो'-लि-ए'-शन्*-n.* the time of the shedding of leaves. पतझड़ का समय।

Deform-डि-फ़ॉम्'*-v. t.* to make ugly, to put out of shape. कुरूप बनाना, बेढंगा करना, आकृति भ्रष्ट करना; **Deformation** (-ए'-शन्) *-n.* disfigurement. कुरूपता, विकृति; **Deformed** (-ड्)*-adj.* disfigured, mis-shapen. कुरूप, बेढंगा; **Deformity** (-इ-टि)*-n.* disfigurement. भद्दापन, कुरूपता।

Defraud-डि-फ़्रॉड्'*-v. t.* to deprive by fraud, to cheat, to deceive. कपट करके हरना, छलना (ठगना)

Defray-डिफ़्रे'-*v. t.* (*p. t.* **Defrayed**) to discharge by payment, to pay. देना, अदा करना; **Defrayable** (-ऍ-ब्ल्) *-adj.* that may be defrayed. अदा करने योग्य; **Defrayal** (-अल्) *-n.* the act of defraying. देना, अदायगी।

Deft-डेफ़्ट्-*adj* skilful, clever, dexterous. कुशल, चतुर, निपुण; **Deftly** (-लि)-*adv.* in a skilful manner. चतुराई से; **Deftness** (-नॅस्) *-n.* the quality of being dexterous. निपुणता।

Defunct-डि-फ़ङ्क्ट्' *-adj.* no longer existing, dead. अप्रचलित, प्राणरहित, मृतक; **Defunctive** (-इव्)-*adj.* pertaining to dead persons. मृतक सम्बन्धी।

Defy-डि-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* **Defied**) to challenge, to resist openly, to disregard, to present obstacles. ललकारना, अनादर करना, तुच्छ जानना, विघ्न या उपद्रव उत्पन्न करना।

Degenerate-डि-जेन्'-अर्-इट्-*adj.* having lost high quality of race, corrupt, base. नष्टधर्मी, कुलाचारभ्रष्ट; - *v. i.* to become degraded. पतित होना, भ्रष्ट होना; **Degeneration**(-ए-शन्) *-n.* deterioration. कुल की मर्यादा का त्याग।

Deglutinate-डि-ग्लू'-टिन्-एट्-*v. t.* to separate what is glued. चिपकाये हुए को अलग करना; **Deglutition** (-टि-शन्) - *n.* swallowing. निगलना।

Degradation-डेग्-रॅ-डे'-शन्-*n.*see**Degrade.**

Degrade-डि-ग्रेड्-*v. t.* to lower in rank or dignity, to disgrace. पद नीचा करना, अपमान करना; **Degraded**(-ऍड्)-*adj.* reduced, mean. न्यून, तुच्छ; **Degradnig** (-इङ्ग्)-*adj.* disgraceful. अपमानजनक;**Degradation**(-डॅग्-रॅ-डे-शन्)-*n.* disgrace, degeneration, lowering in dignity. मानभंग, नीच अवस्था।

Degree-डि-ग्री'-*n.* row, stage, step, rank, relative condition, academic rank, 360 th part of a circle, 90th part of a right angle, unit of temperature. पंक्ति, दशा, स्थिति, उपाधि, परिभाग, भाग, अंश, अक्षांश, तापमान का अंश; **In the highest degree** (very much, exceedingly.)अति, अतिशय; **In some degree** (somewhat.)किंचित;**By degrees**(gradually.) क्रमशः, धीरे-धीरे।

Dehort-डिहॉर्ट्-*v. i.* to dissuade, to exhort. बहकाना; **Dehortation** (-ए'-शन्) *-n.* dissuasion. बहकाव।

Dehumanize-डी-ह्यू' -मन् -आइज़् -*v. t.* to deprive of human characteristics. मनुष्यत्व के गुण से वंचित या रहित करना।

Dehydrate-डि-हाइ'-ड्रेट्-*v. t.* to extract water from. किसी पदार्थ में से जल निकाल देना।

Deiform-डी'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* god-like in form. देवता-सदृश, देवतुल्य।

Deify-डी'-इ-फ़ाइ -*v. t.* (*p. t.* **Deified**) to worship as a deity, to make god-like. देवता सदृश पूजा करना, देवता-तुल्य बनाना; **Deification** (-इफ़्इ-के' -शन्) - *n.* act of deifying, a deified embodiment. देवतुल्य बनाने का कार्य; देवत्व प्राप्ति।

Deign-डेन्-*v. t. & i.* to condescend, to think fit, to favour. नम्रता दिखलाना, योग्य समझना, कृपा दिखलाना।

Deism-डी'-इज़्म्-*n.* a belief in the existence of God without accepting revelation. ईश्वरवाद, आस्तिकता।

Deist-डी'-इस्ट्-*n.* one who professes deism. ईश्वरवादी, आस्तिक।

Deity-डी'-इ-टि-*n.* divinity, a god or goddess. ईश्वर, देवता या देवी।

Deject-डि-जेक्ट्'-*v.t.* to cast down, to depress, उदास करना, हतोत्साह करना; **Dejected** (-ऍड्) - *adj.* depressed. खिन्न, उदास; **Dejectedly**(-ऍड्-लि)-*adv.* in a dejected manner. खिन्नता से, उदासी से; **Dejectedness**(-ऍड्-नॅस्) *-n.* the state of being dejected. विषाद,उद्वेग, उदासी; **Dejection** (-जॅक्'-शन्) *-n.* lowness of spirits. खेद, खिन्नता, उदासी।

Dejecta-डि-जेक्'-टा - *n. pl.* excrements or faeces of men or animals. पशु या मनुष्य की विष्ठा।

Delaine-डि-लेन्' *-n.* a light dress material. एक प्रकार का महीन कपड़ा।

Delate-डि-लेट्-*v. t.* to inform against, to charge with a crime. किसी के विरुद्ध सूचना देना, दोष लगाना।

Delay-डि-ले'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Delayed**) to postpone, to hinder, to linger, to put off time. विलम्ब करना समय, बिताना, देर करना; *-n.* waste of time, hindrance. कालक्षेप, विलम्ब (देरी); **Delayer** (-अर्) *-n.* one who delays. विलम्ब करनेवाला; **Delaying** (-इङ्ग्)-*adj.* lingering. विलम्बी; **Delayingly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* lingeringly. विलम्ब करते हुए।

Dele-डी'-ली-*v.t.* to delete or remove a letter or passage(*abbr.* -*d* in printing direction.) प्रूफ़ शोधने में अक्षर या शब्द हटा दो।

Delectable-डि-लेक्ट्' -ऍ-ब्ल् - *adj.* pleasing, delightful. आनंदकर, सुहावना; **Delectation**-(-लेक्-टे'-शन्)-*n.* enjoyment, delight. हर्ष, आनन्द।

Delegacy-डेलिगेसि *-n.* appointment as a

delegate. प्रतिनिधि (डेलिगेट) के रूप में नियुक्ति।

Delegate-डें-लि-गेट् - *v. t.* to depute, to entrust, to send as a representative. नियुक्त करना, सौंपना, प्रतिनिधि भेजना;-*n.* an elected representative, a commissioner. प्रतिनिधि; **Delegation** (-गे'-शन्)-*n.* appointment of a delegate, persons delegated. प्रतिनिधि की नियुक्ति, प्रतिनिधि-मण्डल।

Delete-डि-लीट्'-*v. t.* to blot or strike out, to erase. हटाना, मिटाना।

Deleterious-डें लिटीरिअस् - *adj.* hurtful, poisonous. घातक, विषैला।

Delf-डेल्फ़-*n.* ditch, a kind of earthenware. खाई, मिट्टी का पात्र।

Delibate-डेल्'-इ-बेट्-*v. t.* to taste, to sip. स्वाद लेना, चूसना।

Deliberate-डि-लिब्'-अर्-एट्-*adj.* well considered, cautious, not hurried. विचारपूर्वक, सावधानी से किया हुआ, निश्चित;-*v. t. & i.* to consider, to think carefully, to consult, to debate. विचार करना, भली भाँति समझना, सलाह लेना, बहस करना; **Deliberately** (-लि) -*adv.* in a deliberate manner. विचारपूर्वक; **Deliberateness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being deliberate. सावधान बनने के गुण।

Deliberation-डें-लिब्'-अर्-ए'-शन्-*n.* a careful consideration, a weighing in mind. स्थिर विचार, वितर्क (विवेचन);**Deliberative**(-एँ-टिव्) -*adj.* proceeding from deliberation. विचारशील; **Deliberatively** (-टिव्'- लि) -*adv.* by deliberation. विचारपूर्वक।

Delible-डेल्'-इ-ब्ल्-*adj.* that can be blotted out. मिटाने योग्य।

Delicacies-डेलिकेसिज़्-*n. pl.* objects delicate to taste. स्वादिष्ट भोजन।

Delicate-डेल्'-इ-किट्-*adj.* dainty, luxurious, of fine texture, slender, liable to illness, sensitive. स्वादिष्ट, लम्पट, ललित, कोमल, सुकुमार, मृदु; **Delicately** (-लि) -*adv.* daintily, tenderly स्वाद से, मृदुता से, कोमलता से।

Delicacy-डेलिकेसि - *n.* (*pl.* Delicacies.) weakness, nicety, refinement, tenderness. शिष्टाचार, दुर्बलता, भद्रता, कोमलता।

Delicious- डि - लिश्' - अस् - *adj.* highly delightful to the senses. सुस्वादु, मधुर, रमणीय; **Deliciously** (-लि)-*adv.* in a delicious manner, luxuriously. मधुरता से, रमणीयता से; **Deliciousness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being delicious स्वादुता, मधुरता।

Delict-डि-लिक्ट्'-*n.* a violation of law, misdemeanour. नियमभंग, दुर्व्यवहार।

Delight-डि-लाइट्'-*v. t. & i.* to please highly, to have or take great pleasure. अति प्रसन्न करना, अति सुखी होना; - *n.* high pleasure. आनन्द, सुख; **Delighted** (-एँड्) -*adj.* full of delight. आनन्दित; **Delightful** (-फ़ुल्) -*adj.* highly pleasing. रमणीय, आनन्द देनेवाला, हर्षजनक ; **Delightfully** (-फ़ुल्-लि)- *adv.* in a delightful manner. आनन्दपूर्वक; **Delightfulness** -*n.* the quality of being delightful. आनन्द दायक होने का गुण; **Delightless** (-लेंस्)-*adj.* with no delight. आनन्दरहित; **Delightsome** (-सम्) -*adj.* very pleasing. आनन्दयुक्त।

Delimit-डिलिमिट्-*v. i.* to fix the boundary. सीमा स्थिर करना; **Delimitation**(-इ-टे'-शन्) -*n.* the fixing of boundaries. सीमा का स्थिरीकरण।

Delineable-डिलिनिएँब्ल् -*adj.* able to be depicted. वर्णनीय, वर्णन करने योग्य।

Delineate-डि-लिन्'-इ-एट्-*v.t.* to represent by a sketch, to depict, to portray. नकशा खींचना, वर्णन करना, चित्र बनाना; **Delineation** (-ए-शन्)-*n.* a sketch, a description. आलेखन, चित्रण, वर्णन ; **Delineator** (-टर्) -*n.* (one who delineates.) चित्रकार, वर्णन करनेवाला।

Delinquency-डि-लिन्' -क्वेन्-सि -*n.* a fault, a crime. दोष, अपराध (पाप)।

Delinquent-डि-लिन्'-क्वेन्ट्-*adj. & n.* defaulting, failing in duty, a criminal. पाप करनेवाला, कर्त्तव्य से चूकनेवाला, अपराधी।

Deliquesce-डेल्-इ-क्वेस्-*v. i.* to melt, to become liquid. गलना, तरल होना; **Deliquescence** (-सेंन्स्)-*n.* the quality of deliquescing. तरलता; **Deliquescent** (-क्वेस्-सन्ट्) - *adj.* liquefying in air. वायु में पिघलनेवाला।

Delirious-डि-लिर्'-इ-अस्-*adj.* in a state of delirium. भ्रान्तचित्त, चैतन्यरहित, बेसुध।

Delirium-डि-लिर्' -रि-अम् -*n.* a disordered state of the brain. चित्तभ्रम, ज्ञानशून्यता, मूर्छा।

Deliver-डि-लिव्'-अर्-*v. t.* to save, to set free, to disburden a woman of a child in childbirth, to abandon, to hand over, to recite. बचाना, मुक्त करना, बच्चा जनना, त्यागना, सौंपना, आवृत्ति करना; **Deliverable** (-एँ-ब्ल्) -*adj.* that can be delivered. सौंपने योग्य; **Deliverance** (-ऑन्स्)-*n.* rescue. मुक्ति, छुटकारा; **Deliverer** (-अर्) -*n* a rescuer. मुक्तिदाता;

Delivery (-इ) -*n.* childbirth, utterance, formal handing over, rescue, surrender. जनन, उच्चारण, प्रतिपादन, छुटकारा, समर्पण।

Dell-डॅल्-*n.* a small narrow valley, a hollow. छोटी सँकरी घाटी, गड्ढा।

Delocalize-डी-लोकलाइज़्-*v. t.* to centralize. केन्द्रीभूत करना।

Delta-डॅल्'-टा-*n.* the fourth letter of the Greek alphabet [△] , an alluvial triangular tract at the mouth of a river. ग्रीक़ वर्णमाला का चतुर्थ अक्षर, नदी के मुहाने पर त्रिभुजाकार नदी वाहित मिट्टी की भूमि।

Deltoid-डॅल्' - टॉइड्-*adj.* triangular, like a delta. डेल्टा के समान त्रिकोण आकृति का।

Deludable-डि-ल्यूड्-एँ - बूल्-*adj.* able to be deluded. छलने योग्य।

Delude-डि - ल्यूड्-*v. t.* to impose upon, to deceive. मोहित करना, ठगना (छलना)।

Deluge-डॅल्-ल्यूज्-*n.* a great flood, a heavy rainfall. बड़ी बाढ़, मूसलाधार वर्षा।

Delusion-डि-ल्यू' -ज़न्-*n.* a false impression or opinion, deception. fallacy. मोह, भ्रम, इन्द्रजाल, माया ; **Delusional** (-अल्) -*adj.* pertaining to delusion. भ्रमसंबंधी; **Delusive** (-सिव्)-*adj.* deceptive, unreal. मायावी, भ्रमकारक; **Delusively** (-सिव्- लि) -*adv.* in a delusive manner. कपट से; **Delusiveness** (-सिव्-नॅस्)-*n.* the quality of being delusive. भ्रमजाल, कपट, छल।

Delusory-डि-ल्यू'-सॅ-रि-*adj.* apt to deceive. ठगने योग्य।

Delve-डॅल्व्-*v. t.* to dig खोदना; -*n.* a cavity, a wrinkle. गड्ढा, झुर्री।

Demagnetize-डी-मैग्-नि-टाइज़्-*v. t.* to deprive of magnetic power (polarity.) चुम्बक की शक्ति को हटाना।

Demagogic-डॅम् - ऑ - गॉज्-इक्-*adj.* like a demagogue. प्रजानायक-सम्बन्धी।

Demagogism-डॅम्-ऑ-गॉज़्'-इज़्म्-*n.* the principles of a demagogue. प्रजानायक के सिद्धान्त।

Enrich-ऍन्-रिच्'-*v. t.* to make rich or wealthy, to ornament, to flavour. धनी बनाना, धनवान बनाना, सुशोभित करना, स्वादिष्ट बनाना; **Enricher** (-अर्)-*n.* one who makes rich. धनी बनानेवाला ।

Enrobe-ऍन्-रोब्'-*v. t.* to put a robe (rich attire) upon. सुन्दर वस्त्र पहिनाना ।

Enrol, Enroll-ऍन्-रोल'-*v. t.* (*p. t.* **Enrolled**) to enlist, to incorporate as a member of, to record. नाम लिखना, भरती करना, लिपिबद्ध करना; **Enrolment** (-मॅन्ट्)-*n.* act of enrolling or registering. नाम लिखना, भरती ।

Enroot-ऍन्-रूट्'-*v. t.* to fix by the root, to fix fast. जड़ से बैठाना ।

Enroute-ऍन्-रूट्'-*adv.* on the way. रास्ते में, मार्ग द्वारा ।

Ensample-ऍन्-सैम्'-पल्-*v. t.* to show by example. उदाहरण से दिखलाना ।

Ensanguine-ऍन्-सैङ्ग्-ग्विन्-*v. t.* to stain with blood. लोहू से लपेटना; **Ensanguined** (-ड्)-*adj.* bloodstained. लोहू से चिह्नित किया हुआ, रक्तलिप्त ।

Ensate-ऍन्'-सेट्-*adj.* sword-shaped ensiform. तलवार के आकार का ।

Enseal-ऍन्-सील्-*v. t.* to fix a seal on, to impress. मुहर करना ।

Enshrine-ऍन्-श्राइन्'-*v. t.* to enclose or preserve in a shrine, to cherish as sacred. मन्दिर में रखना, पवित्र मानना; **Enshrinement** (-मॅन्ट्)-*n.* act of enshrining. मन्दिर में स्थापना ।

Enshroud-ऍन्-श्राउड्-*v. t.* to cover with a shroud, to cover up to, to shroud. दफ़नाना, ढाँकना ।

Ensiform-ऍन्-सि-फ़ॉर्म-*adj.* bearing or having the shape of a sword. खड्ग या तलवार के आकार का ।

Ensign-ऍन्'-साइन्-*n.* a badge, banner, flag, standard-bearer. परिचय चिह्न, पताका, ध्वजा वाहक; **Ensigned** (-साइन्ड्) -*adj.* distinctly marked. विशेष प्रकार से चिह्नित किया हुआ ।

Ensilage-ऍन्'-सिलेज्-*n.* preservation of green fodder in pits. गड्ढे में हरी घास इत्यादि सुरक्षित रखना ।

Enslave-ऍन्-स्लेव्'-*v. t.* to make a slave of, to reduce to slavery, to subject to the influence of. दास बनाना, वश में करना; **Enslavement** (-मॅन्ट्)-*n.* slavery, bondage. दासता, बन्धन; **Enslaver** (-अर्)-*n.* a woman who ensalves a man's heart. मनुष्य के चित्त को वश में करनेवाली स्त्री ।

Ensnare-इन्-स्नेअर्'-*v. t.* to entrap. जाल में फँसाना, बन्धन में डालना ।

Ensober-ऍन्-सो-बर्-*v. t.* to make sober. स्वस्थ करना, शान्त बनाना ।

Ensorcell-ऍन्'-सु-ऑर्-सॅल-*v. t.* to bewitch जादू डालना, मोहित करना ।

Enstamp-ऍन्-स्टैम्प्'-*v. t.* to impress with a stamp. मोहर लगाना ।

Ensteep-ऍन्-स्टीप्'-*v. t.* to place under water. पानी के भीतर रखना ।

Enstyle-ऍन्-स्टाइल्'-*v. t.* to call, to style, to name. पुकारना, आख्या देना, नाम रखना।

Ensue-ऍन्-स्यू'-*v. t. & i.* to happen afterwards, to follow, to result. बाद में होना, अनुसरण करना, संघटित होना; **Ensuing** (-इङ्ग्) *-adj.* coming next after. आगे होनेवाला, आगामी, आगे का।

Ensure-ऍन्-श्योर्-*v.t.* to make safe, to secure. सुरक्षित करना, स्थिर करना।

Enswathe-ऍन्-स्वेद्-*v. t.* to wrap with a bandage. पट्टी से बाँधना; **Enswathement** (-मेंन्ट्) *-n.* the act of enswathing. पट्टी से बाँधने का कार्य।

Entail-ऍन्'-टेल्-*n.* settlement of an estate on heirs so that the immediate possessor may not dispose of it. सम्पत्ति का ऐसा प्रबंध जिसमें उत्तराधिकारी उसे बेच न सकें; (टे-ल्')-*v. t.* to settle in this way. इस ढंग से प्रबन्ध करना; **Entailment** (-मेंन्ट्)-*n.* the act of entailing. सम्पत्ति का स्थिरीकरण।

Entame-ऍन्-टेम्'-*v. t.* to tame. पालना।

Entangle-ऍन्-टैङ्ग्'-ग्ल्-*v. t.* to catch in a snare, to involve in difficulties, to perplex, to bewilder. जाल में फँसाना, कठिनाइयों में डालना, व्याकुल करना; **Entanglement** (-मेंन्ट्) *-n.* state of being entangled. उलझन; **Entangler** (-ग्लर्)-*n.* one who entangles. फँसानेवाला।

Entellus-ऍन्-टेल्-लस्-*n.* Hanuman of Indian mythology. हिन्दू पुराणों के हनुमान्।

Entender-ऍन्-टेन्-डर्-*v. t.* to make tender. कोमल करना, मृदु बनाना।

Entente-आन्-टेन्ट्'-*n.* friendly understanding. मित्रभाव

Enter-ऍन्ट्'-अर्-*v.i. & t.* to come or go in, to come upon a stage, to penetrate, to record, to admit, to enrol, to insert. प्रवेश करना, नाटक के मञ्च पर आना, घुसना, लिखना, भरती करना, घुसाना; To enter an appearance (to appear at a meeting.) सभा में दर्शन देना; To enter into (to engage in.) कार्य में लगना; To enter on (to begin a work.) कार्य आरम्भ करना; To enter up (to complete series of accounts.) हिसाब बन्द करना।

Enterable-ऍन्ट्'-अर्-ऍ-बल् *-adj.* that may be entered. प्रवेश करने योग्य।

Enteralgia-ऍन्-टर्-ऑल्'-जि-आ-*n.* pain in the bowels. आँतों में दर्द।

Enteric-ऍन्-टेर्'-इक *-adj.* pertaining to the bowels. आँतों से सम्बन्धित।

Entering-ऍन्'-टर्-इङ्ग्-*n.* entrance. प्रवेश।

Enteritis-ऍन्टर्'-आइ-टिस्-*n.* inflammation of intestines. आँतों की सूजन।

Enterprise-ऍन्-टर्-प्राइज्-*n.* a bold or hazardous undertaking, courage, readiness. साहसिक कार्य, साहस, तत्परता; **Enterpriser** (-अर्) *-n.* one who undertakes an enterprise. साहसी पुरुष।

Enterprising-ऍन्'-टर्-प्राइज्' -इङ्ग्-*adj.* bold, adventurous. साहसी, उद्योगी; **Enterprisingly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* in an enterprising manner. साहस से।

Entertain-ऍन्-टर्-टेन्'-*v. t.* to maintain, to amuse, to cherish, to receive guests. पोषण करना, मन बहलाना, हृदय में रखना, अतिथि का सत्कार करना; **Entertainer** (-अर्)-*n.* one who entertains. विनोदक, मेहमानी करनेवाला, यजमान।

Entertaining-ऍन्-टर्-टेन्'-इङ्ग्-*adj.* amusing, pleasing. मनोरंजक, मन बहलानेवाला; **Entertainingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in an entertaining way. मन बहलाते हुए ढंग से।

Entertainment-ऍन्-टर्-टेन्'-मेंन्ट् *-n.* amusement, banquet. विनोद, उत्सव, ज्योनार।

Enthral, Enthrall-ऍन्-थ्रॉल्-*v. t.* to enslave, to charm. दास बनाना, मोहित करना; **Enthralment** (-मेंन्ट्)-*n.* bondage, slavery, charm. बन्धन, दासता, मोहन, आकर्षण।

Enthrill-ऍन्-थ्रिल्'-*v. t.* to pierce. भेदना, छेद करना, सुराख करना।

Enthrone-ऍन्-थ्रोन्'-*v.t.* to place on a throne or royal seat. राजसिंहासन पर बैठाना; **Enthronement** (-मेंन्ट्) *-n.* act of enthroning. राज्याभिषेक।

Enthunder-ऍन्-थन्'-डर्-*v.i.* to make a loud noise like thunder. बादलों की गरज की तरह शब्द करना।

Enthuse-ऍन्-थ्यूज्'-*v.t. & i.* to make enthusiastic or to show enthusiasm. उत्साह-युक्त बनाना या उत्साह प्रकट करना।

Enthusiasm-ऍन्-थ्यू'-जि-ऍज्म्- *n.* passionate or over fervid zeal, great interest. उत्साह, अति अनुराग; **Religious enthusiasm** (religious fanaticism.) धर्मोन्माद।

Enthusiast-ऍन्-'थ्यू'-जि-ऍस्ट् *-n.* one who is full of enthusiasm, a person of ardent zeal. उत्साही, अति अनुरागी मनुष्य; **Enthusiastic** (-ऍस्ट्'-इक्), **Enthusiastical** (-अल्)-*adjs.* highly excited, elevated. उत्साही; **Enthusiastically** (-अल्-लि)-*adv.* with enthusiasm, अत्यन्त अनुराग से, बड़े उत्साह से।

Enthymematical-ऍन्-थि-मि -मीट्' -इक् -अल्- *adj.* see Enthymeme.

Enthymeme-ऍन्थि -मीम् - *n.* a suppressed reasoning in logic. तर्क से दबा हुआ विवेक; **Enthymematical** (-मि-मीट्-इक्-अल्)-*adj.* pertaining to enthymeme. तर्क से दबे हुए विवेक से सम्बन्धित ।

Entice-ऍन्-टाइस्-*v. t.* to allure, to attract, to tempt. लुभाना (ललचाना), मोहित करना; **Enticement** (-मेॅन्ट्)-*n.* allurement, blandishment. प्रलोभन, वञ्चन; **Enticer** (-अर्)-*n.* one who entices. लुभानेवाला; **Enticing** (-इङ्ग्)-*adj.* having enticing qualities. प्रलोभक, लुभानेवाला ।

Entire-ऍन्-टायर्-*adj.* whole, complete, full, firm, unbroken, uncastrated. पूरा, समूचा, संपूर्ण, अमिश्रित, अखण्ड, पुष्ट, बिना बधिया किया हुआ; **Entirely** (-लि) -*adv.* wholly, solely, completely, fully. अशेष, पूर्ण रूप से, सर्वथा; **Entireness** (-नेॅस्) -*n.* totality. संपूर्णता, अभेद्यता; **Entirety** (-टि)-*n.* completeness, sum total. सम्पूर्णता, समष्टि ।

Entitle-ऍन्-टाइ-ट्ल्-*v. t.* to give a title or claim to, to name. उपाधि द्वारा अधिकार देना, नाम रखना; **Entitled to praise** (fit for being praised, object of praise.) प्रशंसा के योग्य, प्रशंसापात्र ।

Entity-ऍण्टिटि-*n.* being a thing's real existence, a reality. सत्व, सत्ता, विद्यमानता, अस्तित्व।

Entoil-ऍन्-टॉ-इल्' -*v. t* to entangle, to ensnare. जाल में फँसाना ।

Entomb-ऍन्-टूम्-*v. t.* to place in a tomb, to inter. समाधि (कब्र) में गाड़ना; **Entombment** (-मेॅन्ट्) -*n.* burial. श्मशान में स्थापना, कब्र में डालने या रखने की क्रिया ।

Entomic-ऍन्'-टॉम्-इक् - *adj.* pertaining to insects. कृमि सम्बन्धी, कीड़े का ।

Entomoid-ऍन्-टॉ-मॉइड्-*adj.* like an insect. कृमिवत्, कीड़े के समान ।

Entomological-ऍन्टॅ-मॉ'-लॉ-जिकल्-*adj.* pertaining to entomology. कृमिशास्त्र सम्बन्धी; **Entomologist** (-इस्ट्) - *n.* one who is versed in the study of insects. कृमिशास्त्रवेत्ता; **Entomologize** (-आइज़्)-*v. t.* to collect insects for scientific examination. कृमिशास्त्र के अन्वेषण के लिए कीड़ों को इकट्ठा करना ।

Entomology-ऍण्टॉमॉलॅजि-*n.* study of insects. कृमि-अध्ययन-शास्त्र ।

Entrails-ऍन्-ट्रेल्ज़्-*n. pl.* bowels, intestines. अन्त्र, आँत, अँतड़ियाँ ।

Entrain-ऍन्-ट्रेन्-*v.t.* & *i.* to put or get into a train. रेलगाड़ी में रखना या बैठना ।

Entrammel-ऍन्-ट्रैम्'-मल् -*v. t.* to entangle. to obstruct. फँसाना, रोकना ।

Entrance-ऍन्'ट्रेन्स्-*n.* a coming or going in, act of entering, entry, right of admission, door. आना-जाना, प्रवेश, प्रवेश का अधिकार, द्वार ।

Entrance-ऍन्-ट्रान्स्-*v. t.* to throw into a trance. मूर्छित करना; **Entranced** (-ड्)-*adj* put into a trance. मूर्छित; **Entrancement** (-मेॅन्ट्)-*n.* the state of trance. मूर्छा ।

Entrancing-ऍन्-ट्रान्स्-इङ्ग् -*adj.* delightful आनन्ददायक ।

Entrant-ऍन्-ट्रान्ट्-*n.* one who enters. प्रवेशक, प्रवेश करनेवाला ।

Entrap-ऍन्-ट्रैप्'-*v. t.* (*p.t.* **Entrapped**) to catch in a trap, to ensnare. जाल या फन्दे में फँसाना ।

Entreat-ऍन्-ट्रीट्'-*v.t.* & *i.* to ask earnestly, to pray for, to make an earnest request. प्रार्थना करना, विनय करना; **Entreatable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* that may be entreated. प्रार्थनीय; **Entreater** (-अर्)-*n.* one who entreats. प्रार्थना करनेवाला, प्रार्थी; **Entreating** (-इङ्ग्)-*adj.* soliciting. सविनय; **Entreatingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in an entreating manner. प्रार्थनापूर्वक; **Entreaty** (-ट्री-टि) -*n.* earnest request, urgent prayer. प्रार्थना, विनती ।

Entrench-ऍन्ट्रेॅन्श्-*v.t.* to surround with a trench. खाईं से घेरना; **Entrenchment**(-मेॅन्ट्) -*n.* a trench. खाईं ।

Entrust-ऍन्-ट्रस्ट्', (**Intrust**-इन्-ट्रस्ट्')-*v. t.* to give in trust, to confide. प्रतिपादन करना, सौंपना ।

Entry-ऍण्ट्रि-*n.* (*pl.* **Entries**) act of entering, a passage, taking possession of, list of competitors, act of committing to writing. प्रवेश, मार्ग, दखल, प्रतियोगियों की सूची, लिखने या लिखवाने का कार्य ।

Entune-ऍन्-ट्यून्'-*v. t.* to sing. गाना ।

Entwine-ऍन्-ट्वाइन्'-*v. t.* to interweave, to embrace. लपेटना, गूँथना, आलिंगन करना; **Entwinement** (मेॅन्ट्) -*n.* a twisting round. गूँथन ।

Entwist-ऍन्-ट्विस्ट् -*v. t.* to twist or writhe round. ऐंठना, उमेठना ।

Enubilate-ऍ-न्यू-बिल्-एट्-*v. t.* to clear from clouds, mist &c. कुहरा बादल आदि को हटाना।

Enumerate-इ-न्यू-मर्-एट् -*v. t.* to count the number of, to specify. (यथाक्रम) गणना करना,

निर्देश करना; **Enumeration** (-ए-शन्)-*n.* a reckoning up, detailed account. गणना, विस्तृत विवरण; **Enumerative** (-इव्)-*adj.* relating to reckoning. गणना-सम्बन्धी; **Enumerator** (-टर्)-*n.* one who counts. गिननेवाला ।

Enunciable-इ-नन्'-शि-ऍ-बल्-*adj.* capable of being enunciated. लक्षण बतलाने योग्य ।

Enunciate-इ-नन्' शि-एट्'-*v. t.* to state formally, to declare, to announce, to pronounce. लक्षण या स्वरूप का वर्णन करना, प्रकाशित करना, घोषणा करना, उच्चारण करना; **Enunciation** (-ए-शन्)-*n.* the act of enunciating. विज्ञापन, स्वरूप-वर्णन, उच्चारण; **Enunciative** (-इव्) -*adj.* declarative. उच्चारक ; **Enunciatively** (-लि)-*adv.* declaratively. स्वरूप वर्णन करते हुए; **Enunciator** (-ए-टर्)- *n.* one who proclaims. घोषणा करनेवाला ; **Enunciatory** (-अरि)-*adj.* enunciative. विज्ञापनीय ।

Enure-ऍन्'-योर्-*v. t.* to practise habitually. नियमित अभ्यास करना;-*v. i.* to be available. प्राप्य होना ।

Envapour-ऍन्-वे '-पर्-*v. t.* to surround with vapour. भाप से ढांकना ।

Envelop-ऍन्'-वेलप्-*v. t.* (*p. t.* Enveloped) to wrap up, to cover, to hide. लपेटना, छिपाना, ढाँपना; **Enveloped** (-अप्ड्)-*adj.* surrounded. लपेटा हुआ, घेरा हुआ; **Envelopment** (-मेंन्ट्)-*n.* wrapping. ढक्कन, लपेट ।

Envelope-ऍन्-व्'-अ-लोप्-*n.* the cover of a letter. लिफ़ाफ़ा, पत्रावरण ।

Envenom-ऍन्'-वेनम्-*v. t.* to infuse poison or venom into, to corrupt the mind. विष मिलाना, मन मैला करना ।

Enviable-ऍन्-वि-ऍ-बल्-*adj.* what may excite envy. स्पृहणीय, ईर्ष्यालु; **Enviably** (-ऍब्-लि) -*adj.* in an enviable manner. ईर्ष्या से; **Envier** (-अर्)-*n.* one who envies another. ईर्ष्या करनेवाला; **Envious** (-अस्) -*adj.* excited or directed by envy. ईर्ष्यालु; **Enviously** (-अस्-लि)-*adv.* with envy. ईर्ष्या सहित, डाह से ।

Environ-ऍन्'-वा-य-रन्-*v. t.* to surround, to encircle. घेरना, लपेटना ; **Environment** (-मेंन्ट्) - *n.* surrounding, a surrounding object. पड़ोस, आसपास की वस्तु ; **Environs** (-न्ज़्)-*n. pl.* the district surrounding a town. नगर का उपान्त, (चारों ओर का) प्रदेश ।

Envisage-ऍन्-विस्-इज-*v. t.* to look in the face, to consider. आँख मिलाना, सामने देखना, विचार करना; **Envisagement** (-मेंन्ट्)-*n.* act of envisaging. आँखमिलौवल ।

Envoy-ऍन्-वॉय्-*n.* a messenger, a representative. दूत, राजप्रतिनिधि; **Envoyship** (-शिप्)-*n.* the office of an envoy. राजप्रतिनिधि का पद ।

Envy-ऍन्'-वि-*n.* malice, malignity, rivalry. स्पर्धा, ईर्ष्या, डाह;-*v. t.* (*p. t.* Envied) to look with grudge, to hate. ईर्ष्या करना, डाह करना, (जलना); **Envying** (-इङ्ग)-*adj.* grudging. ईर्ष्या या डाह करनेवाला, ईर्ष्यालु ।

Enwind-ऍन्-वाइन्ड्' - *v. t.* to wind itself round something. लपेटना ।

Enwomb-ऍन्-वूम्'-*v. t.* to hide in a pit etc, to bury. गड्ढे आदि में छिपाना; गाड़ना ।

Enwrap-ऍन्-रॅप् -*v.t.* (*p. t.* Enwrapped) to enfold, to envelop. ढाँकना, लपेटना; **Enwrapment** (-मेंन्ट्)-*n.* covering. ढँकना ।

Eoan-ई' - ओअन् - *adj.* pertaining to dawn. अरुणोदय (प्रातः काल) सम्बन्धी ।

Epact-ई'-पॅक्ट्-*n.* the moon's age at the beginning of the year. वर्ष के आरम्भ में चन्द्रमा की कला या अवस्था ।

Epagoge-ऍप्'-आग्-ओजी-*n.* a figure of speech in which a universal proposition is demonstrated by a particular one. एक अलंकार जिसमें विशिष्ट से सामान्य सिद्ध करते हैं; **Epagogic** (-इक्)-*adj.* inductive. इस रीति का ।

Epaulet, Epaulette-ऍप्'-ऑ-लेट्-*ns.* the ornamental badge of military and naval officers. स्कन्धाभरण, वर्दी के कन्धे पर का झब्बा ।

Epenetic-ऍ-पे-ने-टिक् - *adj.* giving praise, laudatory. प्रशंसादायक, प्रशंसात्मक ।

Ephemera-ऍ-फ़े-म-रा - *n.* (*pl.* Ephemeras) a short-living insect. अल्पजीवी कीट; **Ephemeral** (-रल्)-*adj.* short-lived, transitory. क्षणिक, क्षणभर में नष्ट होनेवाला; **Ephemeron** (-रॉन्)-*n.* an insect that lives only a day. केवल एक दिन जीनेवाला कीड़ा ।

Ephemeris-ऍ-फ़ॅ-म-रिस् - *n.* (*pl.* Ephemerides) (-रि-डीज़्) an astronomical almanac. पञ्चाङ्ग, जन्त्री ; **Ephemerist** (-इस्ट्)-*n.* one who studies the daily motions of the planets. ग्रहों की दैनिक गति अध्ययन करनेवाला मनुष्य, ज्योतिषी ।

Epic-ऍप्'-इक्-*adj.* & *n.* (applied to a poem) narrating continuously great events of one or more heroes in an elevated style, an epic poem. वीरचरित्र वर्णन, महाकाव्य; **Epical** (-कल्) -*adj.* pertaining to an epic. महाकाव्य-सम्बन्धी ।

Epicarp-ऍप्-इ-कार्प - *n.* the outer skin of fruits. फलों का बाहरी छिलका ।

Epicede-ऍप्-इ-सीड्-*n.* (also Epicedium.) a funeral song. मरसिया ।

Epicene-ऍपि-सीन्-*adj.* denoting either sex. स्त्री-पुल्लिंग, उभयलिंग ।

Epicerastic-ऍपिन्'-अर्-ऐस्टिक्-*adj.* soothing, demulcent (medicine.) शान्तिप्रद (औषधि) ।

Epicheirema-ऍपि-कि-री-मा - *n.* a syllogism in logic in which reason is annexed in the proof of premises. तर्क में कारणयुक्त अनुमान ।

Epicure-ऍप्'-इ-क्योर्-*n.* one who is given to sensual enjoyment. इन्द्रिय-सुख में निरत; **Epicurean** (-क्यूरिअन्)-*adj.* given to sensual enjoyment. विषयासक्त; **Epicurism** (-क्यूरिज़्म) -*n.* sensual indulgence. विषयासक्ति ।

Epicycle-ऍप्'-इ-साइ'-कल्-*n.* a small circle which has its centre on the circumference of a larger circle. छोटा वृत्त जिसका केन्द्र बड़े वृत्त की परिधि पर हो ।

Epidemic-ऍपि-डॅमिक्-*n.* a disease prevalent in a community at a certain time. व्यापक रोग; **Epidemical** (-अल्)-*adj.* affecting great numbers. बहुजनव्यापक; **Epidemically** (-अ-लि) - *adv.* in an epidemic manner. व्यापक रूप में ।

Epidermal-ऍपि'-डर्मल् - *adj.* pertaining to the outer skin. बाह्य त्वचा सम्बन्धी ।

Epigene-ऍप्'-इ-जीन्-*adj.* formed on the surface of the earth. भूमितल पर बना हुआ ।

Epiglottis-ऍपि-ग्लॉटिस् - *n.* the cartilage at the root of the tongue. उपजिह्वा, घंटिका (घंटी) ।

Epigram-ऍ-पि-ग्राम्-*n.* a concise witty poem. छोटी कविता, चुटकुला; **Epigrammatic** (-मॅटिक्)-*adj.* dealing in epigrams. चुटकुले का; **Epigrammatically** (-अल्-लि)-*adv.* in an epigrammatic manner. चुटकुले के रूप में; **Epigrammatist** (-मॅट्'-इस्ट) - *n.* one who composes epigrams. चुटकुला बनानेवाला ।

Epigraphic-ऍपि-ग्राफिक्--*adj.* see Epigraph.

Epigraph-ऍपि-ग्राफ्-*n.* an inscription on statue, stone, coin etc. शिलालेख, मुद्रालेख; **Epigraphic** (-ग्राफिक्)-*adj.* pertaining to epigraphs. शिलालेख-सम्बन्धी ।

Epigraphy-ऍपिग्र-फि-*n.* the study of inscriptions. शिलालेख-विद्या ।

Epilepsy-ऍपिले-प्सि-*n.* a nervous disease. manifested by sudden unconsciousness अपस्मार रोग, मृगी का रोग ; **Epileptic** (-ऍप्ट्-इक्) - *adj.* pertaining to epilepsy अपस्मार या मृगी रोग-सम्बन्धी ।

Epilogue-ऍपिलॉग्-*n.* concluding part of a book, speech of an actor at the end of a play. पुस्तक का परिशिष्ट भाग, नाटक का उपसंहार; **Epilogize** (-आइज़्)-*v. t.* to speak an epilogue. उपसंहार पढ़ना ।

Epiphora-ऍ-पिफोरा-*n.* a disease in which tears collect in the eyes. आँखों में आँसू इकट्ठा होने का रोग ।

Epiphyte-ऍपिफाइट्-*n.* a plant which grows on another plant. किसी वृक्ष पर उगनेवाला पौधा, परोपजीवी ।

Episcopacy-ऍ-पिस्'-कॅप-सि - *n.* government of the church by the bishops or prelates. धर्माध्यक्षता, गिरजाघर में पादरी का शासन; **Episcopal** (-पल्)-*adj.* governed by bishops. धर्माध्यक्ष से शासित; **Episcopalian** (-पे'-लिअन्), -*adj.* & *n.* pertaining to bishops. धर्माध्यक्ष सम्बन्धी; **Episcopate** (-पेट्)-*n.* the office of a bishop, bishopric. पादरी का पद ।

Episode-ऍपिसोड्-*n.* an incidental narrative in a story or poem. उपकथा, कथा या कविता में प्रासंगिक वार्ता; **Episodic** (-सोडिक्) - *adj.* pertaining to an episode. प्रासंगिक, उपकथा सम्बन्धी ।

Epistaxis-ऍ-पिस्-टॅक्स्'-इस्-*n.* bleeding from the nose. नाक से रुधिर (लोहू) का बहना, बिनास फूटना ।

Epistle-ऍ-पि-सल् - *n.* a letter sent to a person, a literary work. किसी को भेजा हुआ पत्र (चिट्ठी), साहित्यिक रचना ।

Epistolary-ऍपिस्टलरि - *adj.* pertaining to letters. पत्र-सम्बन्धी ।

Epistrophe-ऍप्'-इ-स्ट्र-फी-*n.* the ending of several sentences or clauses with the same word. वह अलंकार जिसमें अनेक वाक्य अथवा वाक्यखण्ड एक ही शब्द से समाप्त होते हैं ।

Epistyle-ऍ-पिस्टाइ-ल्-*n.* a piece of massive stone placed on the top of a column. स्तम्भ के ऊपर रक्खा हुआ बड़ा पत्थर ।

Epitaph-ऍ-पिटा-फ्-*n.* words inscribed on a monument or tombstone. स्मरण लेख, समाधि (क़ब्र) के ऊपर के पत्थर पर खुदा हुआ लेख ।

Epithalamium-ऍ-पिथलेमि-अम्-*n.* a nuptial song. विवाह-गीत ।

Epithelial-ऍ-पिथीलि-अल्-*adj.* pertaining to epithelium or outer skin. बाह्य त्वचा-सम्बन्धी ।

Epithelium-ऍ-पिथीलि-अम्-*n.* superficial cell tissue of body. शरीर की बाह्य त्वचा ।

Epithet-ऍ-पि-थॅट्-*n.* an adjective expressing some quality. विशेषण, उपाधि; **Epithetic** (-इक्), **Epithetical** (-अल्)-*adjs.* pertaining to an epithet. विशेषण या उपाधि-सम्बन्धी ;

Epithetically(-इक-लि) - *adv.* by way of an epithet. विशेषण रूप में।

Epitome-इ-पिटमि-*n.* an abridgment or brief summary. संक्षेप संग्रह; **Epitomist** (-मिस्ट्) -*n.* a writer of epitome. संक्षेप संग्रहकर्त्ता; **Epitomize** (-माइज्) - *v. t.* to abridge, to curtail or condense. संक्षिप्त करना, छोटा करना।

Epoch-ई-पॉक्-*n.* beginning of an era, date, period of life or events. काल, युग, अवधि; **Epochal** (-अल्) - *adj.* marking an epoch. युग-सम्बन्धी।

Epode-ऍप्'-ओड् - *n.* the last part of an ode. गीत का अन्तिम भाग।

Eponym-ऍप्'-ऑ-निम्-*n.* one who gives his name to something, a surname. किसी स्थान या संस्था के नाम पर अपना नाम रखनेवाला मनुष्य, उपनाम।

Epopee-ऍप्-ऑ-पी' -*n.* epic poetry, an epic poem. महाकाव्य, वीर-चरित्र-काव्य।

Epulary-ऍप्युलरि -*adj.* pertaining to a feast. भोज-संबन्धी।

Equable-ईक्वेबल्-*adj.* uniform, not variable, equal. एक समान, बराबर; **Equableness** (-नेस्-) -*n.* continued uniformity. समानता, तुल्यता।

Equal-ईक्वल्-*adj.* identical, adequate, uniform. समान, तुल्य, सदृश, बराबर;-*n.* one of the same age, rank &c. समान वय अथवा पद का मनुष्य; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Equalled**) to be or to make equal to. बराबर होना, समानता करना; **Equally** (-लि)-*adv.* in equal proportion or measure. बराबर, समानता से; समान रूप में।

Equality-ई-क्वॉलिटि - *n.* uniformity, evenness. समानता, बराबरी।

Equalize-ईक्व-लाइज् - *v. t.* to make equal. बराबर करना; **Equalization** (-ए-शन्) -*n.* the act of equalizing. बराबर होने का कार्य।

Equanimity - ईक्वनिमिटि - *n.* evenness of mind or temper. चित्त या स्वभाव की स्थिरता; **Equanimous** (-क्वनिमस्) - *adj.* of steady temper, composed. स्थिर चित्तवृत्तिवाला।

Equate-ईक्वेट्'-*v. t.* to treat as equivalent, to make equal. एक परिमाण को दूसरे के बराबर करना।

Equation-ई-क्वे'-शन्-*n.* reduction to equality. साम्य, समीकरण; **Equational** (-अल्)-*adj.* pertaining to an equation. समीकरण सम्बन्धी; **Equationally** (-अल्-लि)-*adv.* in the form of an equation. समीकरणरूप में।

Equator-ई-क्वे'-टर्-*n.* the great circle of the earth equidistant from both the poles. भूमध्य रेखा, विषुवत रेखा; **Equatorial** (-क्वे-टोर्'-इ-अल्) - *adj.* pertaining to the equator. भूमध्यरेखा-सम्बन्धी।

Equerry-ऍक्व'-रि-*n.* royal stables or their officers. शाही अस्तबल या उनके दारोगा।

Equestrian-इक्वस्ट्रिअन् - *n. & adj.* a man on horseback, pertaining to horsemanship. अश्वारोही, घुड़सवारी संबंधी; **Equestrianism** (-इज़्म्) - *n.* horsemanship. घुड़सवारी।

Equi-ईक्वि-in *comb.*—equal. "समान" अर्थ का उपसर्ग, यथा-**Equiangular** (-ऍङ्गुलर्) -*adj* of equal angles. समकोणीय; **Equibalance** (-बॅल्'-ऍन्स्) - *n.* equal weight. समान भार; **Equidistant** (-डिस्-टॅन्ट्) - *adj.* being at an equal distance. समानान्तर; **Equiformity** (-फ़ॉर्मिटि) - *n.* uniformity. समानता; **Equilateral** (-लॅटरल्) -*adj.* having equal sides. समान भुजा का, सम-भुज; **Equilibrist** (-क्विलि-ब्रिस्ट्) -*n.* an acrobat. नट, रस्से पर नाचनेवाला; **Equilibrium** (-अम्) - *n.* the state of equal balance, neutrality. तुल्यभारता (साम्य), समता; **Equimultiple** (-मल्'टि-पल्) -*n.* a number having a common factor. समान भाजकवाली संख्या, समापवर्त्य; **Equinoctial** (-नॉक्'-शॅल्) -*adj.* of equal day and night. सम्पातीय, दिन तथा रात बराबर होनेवाली तिथि का; **Equinox**(-ऍक्-वि-नॉक्स्) -*n.* the time at which the sun crosses the equator and day and night are equal. सम्पात(२१ मार्च तथा २३ सितम्बर का दिन) जब रात और दिन बराबर होते हैं; **Equipollent** (-पो'-लॅन्ट्) -*adj.* equal in force. समान शक्ति का; **Equivalence** (-लन्स्)-*n.* the state of being equivalent. अनुरूपता; **Equivalent** (ऍ-क्वि-वॅ-लन्ट्)-*adj.* equal in va'ue, corresponding. तुल्य मूल्य का, अनुरूप; **Equivocal** (-वो-कल्) - *adj.* having two meanings. दो अर्थ का, सन्दिग्धार्थक; **Equivocate**(-वो-केट्)-*v.t.* to use ambiguous expression. अस्पष्टार्थ बोलना; **Equivocation** (-के'-शन्)-*n.* prevarication. वक्र उक्ति, वाक्छल; **Equivoke** (-वोक्)-*n.* an ambiguous term, an equivocation. कूट उक्ति।

Equine-ईक्वाइन् , (**Equinal** ईक्विनल्)-*adjs.* pertaining to a horse. अश्व-सम्बन्धी, घोड़े का।

Equip-इ-क्विप्' -*v. t.* (*p. t.* **Equipped**) to furnish, to provide. सजाना, सँवारना; **Equipage** (- एज्) -*n.* equipment. outfit. साधन, सामग्री; **Equipment** (-मेन्ट्) -*n.* act of equipping, state of being equipped. साधन, सजावट सामग्री, सज्जा।

Equipoise-ईक्विपॉइज़् -*n.* equilibrium. तुल्य-भारता, संतुलन ।

Equitable-*adj.* see **Equity.**

Equity-ऍक्विटि-*n.* fairness, justice. न्याय, धर्म, अपक्षपात;**Equitable** (-ऍ-ब्ल्) - *adj.* impartial, fair. अपक्षपाती, निष्पक्ष;**Equitableness** (-नेॅस्) -*n.* the quality of being equitable. न्याय्यता; **Equitably** (-ऍब'-लि) -*adv.* in an equitable manner. न्यायपूर्वक ।

Era-ईरा - *n.* a series of years commencing from some remarkable event or particular point of time. युग, काल, विशिष्ट काल ।

Eradiate-ईरे`डियेट् - *v. t.* to shoot up like rays of light. किरण फेंकना, **Eradiation** (-ए'शन्) - *n.* emission of rays of light. प्रकाश की किरणों का विकिरण या उत्सर्जन ।

Eradicable-ईरॅडिकेॅब्ल् - *adj.* that may be eradicated or destroyed. निर्मूल करने योग्य।

Eradicate- ईरॅडिकेट् - *v. t.* to tear up by roots, to destroy. जड़ से उखाड़ना, निर्मूल करना;**Eradication** (-ए'-शन्) -*n.* extirpation. न्मूलन, उत्पाटन; **Eradicator** (-केॅटर्) - *n.* ne who destroys or tears up by roots. उच्छेदन करनेवाला व्यक्ति ।

Erase- इ-रेॅज़्'-*v. t.* to rub out, to scrape, to obliterate. खुरचना, छीलना, मिटाना; **Eraser** (-अर्) -*n.* one who or that which erases. मिटानेवाला, रबर का टुकड़ा; **Erasure** (-ज़र्)-*n.* act of erasing, obliteration. खुरचन, नाश।

Ere-ऍर् -*adv.* & *prep.* before, sooner than. पहिले, पूर्व में; **Erelong** (not long before.) बहुत दिन न बीते, शीघ्र, अविलम्ब ; **Ere this** (before this time.) अब से पहिले; **Erewhile** (shortly before.) कुछ दिन पहले ।

Erebus-ऍरि-बस् - *n.* the lower world, the hell. पाताल, नरक ।

Erect-इ-रेॅक्ट्'-*v. t.* to raise upright, to build ऊँचा करना, बनाना; -*adj.* upright, straight, vertical. उन्नत, खड़ा, सीधा ; **Erectly** (-लि) - *adv.* in an erect posture. खड़े बल में; **Erectness** (-नेॅस्) -*n.* the state of being erect. खड़ापन; **Erecter, Erector** (-अर्) -*ns.* the muscle that erects. किसी अङ्ग को खड़ा करनेवाली पेशी।

Erectile-इ-रेॅक्‌'टाइल - *adj.* capable of being erected. निर्माण या खड़ा करने योग्य ।

Erection-इरॅक्शन् - *n.* the act of erecting, building. स्थापन, निर्माण, रचना; **Erection of the hair** (bristling of the hair.) रोमाञ्चित होना, रोवें खड़े होना ।

Erective-इ-रेॅक्ट्'इव् - *adj.* capable of being built. निर्माण करने योग्य ।

Eremite-ऍ-रिमा - इट्-*n.* a hermit, one who leads a solitary life.यति, संन्यासी, एकान्तवासी।

Ergo-अर्गो-*adv.* therefore. अतएव, इसलिये ।

Ergot-अर्-गॉट्-*n.* a disease of plants. गेरुई, पौधों का एक प्रकार का रोग।

Eriodendron-ऍर्-इ-ओ-डेॅन्-ड्रॉन् - *n.* the silk cotton tree. शाल्मली, सेमल का वृक्ष ।

Eristic, Eristical - ऍरिस्टिक्, (-अल्) -*adjs.* pertaining to disputation. शास्त्रार्थ या वाद-विवाद-सम्बन्धी ।

Erne-अर्न्-*n.* the golden eagle, the sea-eagle. सुनहला गृद्ध, समुद्री गीध ।

Erode-ई-रोड्'-*v. t.*to destroy gradually, to wear out, to gnaw away. नष्ट करना, खा जाना।

Erosion-ई-रो-ज़न्-*n.* the act of eating away. काट, नाश ।

Erosive-ई-रो-सिव् - *adj.* corrosive. काटने या नाश करनेवाला ।

Erotic-ऍरॉटिक् - *adj.* pertaining to love, amatory. प्रेम सम्बन्धी, कामुक ।

Err-अर्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Erred**) to sin, to make a mistake, to be incorrect.अपराध करना, भूल करना, अशुद्ध होना;**Errable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* liable to make a mistake. भूल करने योग्य ।

Errand-ऍ-रन्ड्-*n.* a message. सन्देश (दूतकार्य); **A fool's errand** (useless occupation.) निरर्थक व्यवसाय; **Errand-boy** (a boy for carrying messages.) संदेश ले जानेवाला छोकरा ।

Errant-ऍरन्ट्-*adj.* rambling or wandering in quest of an adventure. किसी साहसिक कार्य की खोज में भटकनेवाला ।

Errata-ऍ-रेॅटा-*n. pl.* of **Erratum.**

Erratic-ऍ-रॅट्'-इक्-*adj.* uncertain, irregular, wandering. अनिश्चित, अस्थिर; **Erratically** (- अल्-लि) -*adv.* without rule, irregularly. अस्थिरता से।

Erratum-ऍ-रे`-टम्-*n.*(*pl.* **Errata** -टा) an error in writing or printing. लिखने या छापने की अशुद्धि ।

Errhine-ऍ-राइन् - *adj.* causing sneezing. छींक लानेवाली;-*n.* snuff. सुँघनी ।

Erroneous-ऍ-रो'-नि-अस् -*adj.* wrong, mistaken. भ्रान्तिमूलक, अशुद्ध; **Erroneously** (-लि)-*adv.* not rightly, by mistake. अशुद्धता से; **Erroneousness** (-नेॅस्) -*n.* the state of being erroneous. अशुद्धि, भ्रान्ति, भूल ।

Error-ऍर्-अर्-*n.* deviation from truth,mistake

भ्रम, दोष; **Errorist** (-इरट्) *-n.* one who errs. अशुद्धि करनेवाला; **Errorless** (-लॅस्) *-adj.* flawless. निर्दोष ।

Erst-अर्स्ट्-*adv.* at first, formerly, hereto. पूर्वकाल में, पहिले; **Erstwhile** (-ह्वाइल)-*adv.* till then. तब तक ।

Eructate-ईरक्टेट्-*v. t.* to belch out पेट से वायु बाहर निकालना, डकारना; **Eructation** (-टे'-शन्)-*n.* the act of belching. मुख से वायु निकालना, डकार ।

Erudite-ऍर्-रयु-डाइट्-*adj.* learned. पण्डित; **Eruditely** (-लि) *-adv.* with erudition or learning. पाण्डित्य से; **Erudition** (-डि-शन्) *-n.* knowledge gained by the study of books, learning. पाण्डित्य, विद्या ।

Erupt-इ-रप्ट्'-*v. t. & i.* to burst forth, to cast out. फटना, फूटना, फेंकना; **Eruption** (-रप्शन्)-*n.* an outbreak, breaking out of spots on the skin. निर्गम, विस्फोट (फफोला); **Eruptive** (-इव्)-*adj.* bursting forth. उद्भेदी, फफोले का; **Eruptively** (-इव्-लि)-*adv.* in an eruptive manner. विस्फोट से; **Eruptiveness** (-नॅस्)-*n.* a tendency to erupt. विस्फोट, फफोला पड़ने की अवस्था ।

Erysipelas-ऍर्'-इस्-इप्-इलस्-*n.* an inflammatory disease of the face. मुँहासा नामक रोग।

Escalade-ऍस्क-लेड्-*n.* an attack or assault of troops on a fortified place. क़िलेबन्दी पर योद्धाओं का आक्रमण ।

Escape-इस्केप्-*v. t. & i.* to get free, to avoid, to get clear away from. भागना, बचाना, मुक्त होना, निकल भागना; *-n.* act of escaping or fleeing, leakage, outlet. भाग जाना, पलायन, टपकन, निकास ।

Escapement-इस्केप्'-मॅन्ट्-*n.* an outlet, a mechanism which connects motive power and regulates it. बचाव, निकास, घड़ी का वह पुर्जा जो सबसे छोटे पहिये के एक-एक दाँते को क्रम से हटाता हुआ गति उत्पन्न करता है; (also Escape-wheel.) ।

Escapement.

Eschar-ऍस्-कार्-*n.* portion of dead tissue, slough. मरा हुआ तन्तु, झिल्ली।

Escheat-ऍस्चीट्'-*n.* lapsing of property to the state for want of an heir. उत्तराधिकारी के अभाव में सम्पत्ति पर राज्याधिकार; *-v. t.* to confiscate or forfeit. जायदाद ज़ब्त करना ।

Eschew-इस्-च्यू'-*v. t.* to avoid, to abstain from, to shun. त्यागना, छोड़ना, घृणा करना; **Eschewment** (-मॅन्ट्)-*n.* the act of eschewing. त्याग ।

Escort-ऍस्'-कॉर्ट्-*n.* an attendant, a guard. अनुचर, रक्षा-पुरुष; *-v. t.* to act as a guide. पहरा देना, रक्षा के लिये साथ देना ।

Esculent-ऍस्'-क्यु-लॅन्ट्-*adj. & n.* fit to be used as food. भक्षणीय, खाने योग्य ।

Escutcheon-ऍस्-कच्-अन्-*n.* a shield with coat of arms. कुलचिह्न की ढाल; **A blot on the escutcheon** (a blot on one's reputation.) यश पर लाञ्छन या धब्बा ।

Eskimo-ऍस्कि-इम्-ओ-*n.* (*pl.* **Eskimoes**) the aboriginal inhabitants of Arctic North America. उत्तरी अमेरिका के उत्तरी ध्रुवप्रदेश के आदि असभ्य निवासी, एस्किमो ।

Esoteric-ऍ-सो-टर्-इक्-*adj.* secret, initiated, confidential. गुप्त, संस्कार किया हुआ, गोपनीय ।

Especial-ऍस्-पॅश्'-अल्-*adj.* special, particular. प्रधान, विशिष्ट; **Especially** (-लि)-*adv.* in an especial degree or manner. विशेषतः, प्रधानतः ।

Esperanto-ऍस्-पर्-ऑन्' - टो-*r.* an artificial language designed to be used as a medium for the people of all nations. संसार के समस्त मनुष्यों के प्रयोग करने के लिये बनी हुई एक कृत्रिम भाषा ।

Espial-ऍस्-पा' - यल् - *n.* act of espying, observation. दूर से देखने का कार्य, भेद लगाने का कार्य, निरीक्षण ।

Espier-ऍस्-पाइ'-अर्-*n.* one who watches like a spy. भेदिया की तरह निरीक्षण करनेवाला ।

Espionage-ऍस्पि-यन्-ऍज्-*n.* the practice of employing spies. भेदियों को नियुक्त करने की विधि ।

Esplanade-ऍस्प्ल-नेड्'-*n.* a level open space in a town for walking and driivng. टहलने तथा मोटर चालन का नगर का खुला मैदान ।

Espousal-ऍस्-पाउज़्-ल्-*n.* betrothal. विवाह, सगाई; **Espousing of a cause** (support of a motive.) पक्ष का समर्थन करना ।

Espouse-ऍस्-पाउज़्'-*v. t.* to marry, to engage in marriage, to adopt, to embrace. ब्याहना, सगाई करना, स्वीकार करना, आलिंगन करना ।

Espy-ऍस्-पाइ'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Espied**) to see at a distance, to detect, to spy. दूर से देख लेना, भाँपना, ताकना, भेद (पता) लगाना ।

Esquire-ऍस्-क्वॉयर्-*n.* (*abbr.* Esq.) a gentl e

man by birth, a landed proprietor. महाशय, श्रीमान्, जमींदार ।

Essay-ऍ-सें-*n.* an attempt, trial, test, a literary composition. प्रयत्न, उद्योग, परीक्षा, निबन्ध; -*v. t.* to try, to test. प्रयत्न करना, परीक्षा करना; **Essayist** (-इस्ट्)-*n.* a writer of essays. निबन्ध लिखनेवाला मनुष्य ।

Essence-ऍ-सेंन्स्-*n.* existence, intrinsic nature, the extracted qualities of a medicine, perfume. स्वत्व, निष्कर्ष, सार, हीर, इत्र; -*v. t.* to perfume. सुगन्धित करना ।

Essential-ऍ-सेंन्'-शल्-*adj.* pertaining to essence, indispensable, pure. सारभूत, आवश्यक (प्रधान), शुद्ध; **Essentiality** (-शि-ऑलिटि)-*n.* the quality of being essential. सारत्व, प्रधानता; **Essentially** (-सेंन्शलि)-*adv.* in an essential way. आवश्यक या सार रूप से ।

Establish-ऍस्-टॅब्'-लिश्-*v. t.* to settle on permanent basis, to set and fix firmly, to found, to place beyond dispute. स्थापित करना, स्थिर करना, दृढ़ करना, नींव डालना, झगड़े से दूर रखना: **Establishment** (-मेंन्ट्) -*n.* settlement, confirmation, public institution, household. संस्थापन, दृढ़ीकरण, व्यवसाय का स्थान, नौकर-चाकर ।

Estate-ऍस्-टेट्-*n.* condition, rank, landed property. अवस्था, दशा, अचल भूसम्पत्ति (रियासत); **Personal estate** (movable property.) चल सम्पत्ति ।

Esteem-ऍस्-टीम्'-*v. t.* to think highly of, to regard. सम्मान (आदर) करना, मानना; -*n.* respect, estimation, favourable opinion. आदर, सम्मान; **Esteemer** (-अर्)-*n.* one who esteems. आदर करनेवाला ।

Estiferous-ऍस-टिफरस्-*adj.* producing heat. उष्णता उत्पन्न करनेवाला ।

Estimable-ऍस्टिमें-बल्-*adj.* deserving good opinion. मान्य, आदरणीय ।

Estimate-ऍस्टि-मेंट्-*n.* an opinion or judgment about the value of a thing. मूल्य निरूपण;-*v. t.* (-मट्'-) to judge the value of, to calculate. मूल्य निरूपण करना, कूतना; **Estimation** (-टिम्-ए'-शन्)-*n.* reckoning, honour. आदर, सम्मान; **Estimator** (-में-टर्) -*n.* one who estimates. गणना करनेवाला ।

Estival-ऍस्टिवल्-*adj.* pertaining to summer. ग्रीष्म-सम्बन्धी; **Estivate** (-टिव्-एट्')-*v. t.* to pass the summer. ग्रीष्म ऋतु बिताना

Estop-ऍस्-टॉप्'-*v. t.* to stop by one's own act. अपने ही कार्य से रुकावट डालना; **Estoppel** (-पल्)-*n.* (*law.*) such a legal impediment. ऐसी कानूनी रुकावट ।

Estrade-ऍस्-ट्रेड्-*n.* a low platform, a dias. नीचा चबूतरा, मञ्च ।

Estrange-इस्ट्रेंन्ज्-*v.t.* to treat as an alien, to withhold. विदेशी या पराया समझना, दूर रखना, रोक रखना: **Estranged** (-ड्)-*adj.* alienated. विरक्त, निवृत्त-स्नेह, विच्छिन्न; **Estrangement** (-मेंन्ट्)-*n.* the act of estranging, alienation. विरह, पृथक् भाव, विच्छिन्नता।

Estuary-ऍस्'-ट्यू-अ-रि-*n.* (*pl.*-ies) the tidal mouth of a river, an arm of the sea or a small gulf. नदीमुख, समुद्र की शाखा या छोटी खाड़ी ।

Estuation-ऍस्-ट्यु-ए'-शन्-*n.* boiling, agitation. उबाल ।

Esurine-ऍ-स्यु-राइन्-*adj.* stimulating the appetite. भूख लगानेवाला ।

Etcetera-ऍट्-सॅटरा-*n.* (*abbr.* etc.) the rest, and so on. इत्यादि ।

Etch-ऍच्-*v. t.* to engrave on metal plates by hand or by the helo of acids. धातु के पत्र पर हाथ से या तेजाब से खोदना; **Etching** (-इङ्ग्) -*n.* act of engraving by means of acids. खोदने का कार्य; **Etcher** (-अर्) -*n.* one who etches. ऐसी खुदाई करनेवाला; **Etching-ground** (the coating of the etching plate.) धातु के पत्र पर लगा हुआ मोम; **Etching-needle** (a fine pointed instrument used in etching.) खुदाई करने की शलाका (सलाई)।

Eternal-इटर्नल्-*adj.* what always existed and will always exist, everlasting, perpetual, unchangeable. नित्य (अनन्त), सनातन (अनादि); **Eternally** (-लि)-*adv.* for ever, unchangeably. नित्य, सदा ।

Eternity-इटर्निटि-*n.* being eternal, infinite time, future life, indefinite duration. नित्यता, अनन्तकाल, भविष्य-जीवन, मृत्यु के बाद का काल ।

Eternize-इ-टर्न्-आइज़्;-*v. t.* to make endless, to immortalize. अनन्त करना ।

Ether-ई'-थर्-*n.* the upper regions of space beyond clouds, subtle elastic fluid supposed to fill space. आकाश, तेजोवह तत्त्व ।

Ethereal-इ-थीरिअल्-*adj.* airy, celestial. वायु का, आकाशीय; **Etheric** (-इक्) -*adj.* celestial. आकाश सम्बन्धी; **Etherealize** (-आइज़्)-*v. t.* to change into ether. आकाश रूप में बदलना ।

Ethic-ऍथ्'-इक्-*adj.* relating to morals. नीति-विषयक; **Ethical** (-अल्)-*adj.* relating to morals. नीतिशास्त्र-सम्बन्धी; **Ethically** (-अल्-लि)-*adv.* according to the rules of morality. आचार के नियमों के अनुसार ।

Ethics-ऍ - थिक्स्-*n.* the science of morals. नीतिशास्त्र, आचारनीति।

Ethmoid-ऍथ्-मॉइड्-*adj.* resembling a sieve. चलनी के आकार की।

Ethnic, Ethnial-ऍथ्'-निक्, (-अल्)-*adjs.* pertaining to race. जाति संबंधी।

Ethnological-ऍथ्-नो-लॉ-जिकल्-*adj.* pertaining to ethnology. नृवंशविद्या-सम्बन्धी; **Ethnologist** (-इस्ट्)-*n.* one who is versed in ethnology. नृवंश विद्या में निपुण मनुष्य।

Ethnology-ऍथ्-नॉलॅ-जि-*n.* the science of the varieties of human race. नृवंशविद्या, मनुष्य-जाति के परस्पर सम्बन्ध तथा इनकी विशेषता इत्यादि की विद्या।

Ethology-ऍ-थॉल्'-ॲ-जि -*n.* the science of character. चरित्रशास्त्र।

Ethos-ई' - थॉस् - *n.* general disposition & characteristics. सामान्य प्रकृति, स्वाभाविक विशिष्टता।

Ethyl-ऍथ्-इल्-*n.* the base of alcohol. नशीली वस्तु (मद्यसार) का आधार।

Etiology-ई'- टि- ऑल्- ॲ-ज्-इ -*n.* the study of causes (especially of diseases.) रोग निदान, रोग के कारणों का अध्ययन; **Etiological** (-अल्) -*adj.* pertaining to etiology. निदान-सम्बन्धी।

Etiquette-ऍट्'-इ-कॅट्-*n.* conventional rules of a polished society. सदाचार, सभ्य समाज की रीति, शिष्टाचार।

Etui, Etwee-ऍट्वी-*n.* a small case for holding needles &c. सूई आदि रखने की छोटी डिबिया या थैली।

Etymological-ऍटिमॉलॉजिकल्-*adj.* pertaining to etymology. शब्द-व्युत्पत्ति-विषयक; **Etymologist** (-इस्ट्) -*n.* one who is versed in etymology. शब्द-व्युत्पत्ति में निपुण; **Etymologize** (-आइज़) -*v. t.* to search into the origin of words, to study etymology. शब्द की व्युत्पत्ति निकालना।

Etymology-ऍटिमॉलॅ-जि -*n.* facts relating to the origin, history, formation and meaning of words. शब्दव्युत्पत्ति, शब्दसाधन, निरुक्त।

Eucalyptus-यु-कॅ-लिप्'-टस्-*n.* a species of myrtle tree. मेंहदी की जाति (यूकलिप्टस) का वृक्ष।

Euclid-यू'-क्लिड्-*pr. n.* a famous mathematician of Alexandria, his treatises on geometry. यूनानी गणितज्ञ जिसके नाम से रेखागणित प्रसिद्ध है।

Eudiometer-यूडिऑमिटर्-*n.* an instrument for ascertaining the purity of atmosphere. वायु की शुद्धता नापने का यन्त्र।

Eugenic-यूजॅनिक्-*adj.* pertaining to the production of fine offsprings. सुन्दर संतति उत्पन्न करने के विषय का; **Eugenics** (-इक्स्) -*n.* the science of race, culture and human development. मनुष्य-जाति की संस्कृति, उन्नति तथा विकास से सम्बन्धित शास्त्र।

Eulogic-यू-लॉजिक्, **Eulogical** (-अल्)-*adjs.* complementary. प्रशंसक, स्तुतिमय; **Eulogically** (-अल्-लि)-*adv.* with praise or eulogy. प्रशंसापूर्वक।

Eulogist-यू'-लॅजिस्ट्-*n.* one who praises and commends another. स्तुति-पाठक, बन्दी, भाट; **Eulogistic** (-जिस्ट्-इक्)-*adj.* full of praise. स्तुतिमय, प्रशंसापूर्ण; **Eulogistically** (-अल्-लि) -*adj.* with commendation. स्तुतिपूर्वक; **Eulogize** (-जाइज़)-*v. t.* to praise, to extol. प्रशंसा करना, स्तुति करना।

Eulogy-यू'-लॅ-जि-*n,* speech or writing in praise of a person, panegyric. प्रशंसा, स्तुति; गुणवर्णन।

Eunuch-यू-नक्-*n.* a castrated male person. नपुंसक, हिजड़ा।

Euonym-यू'-ऑ-निम्-*n.* a fitting or proper name for a thing. किसी पदार्थ का योग्य या उचित नाम।

Eupepsy-यू-पॅप्'-सि - *n.* healthy or good digestion. अच्छी पाचन-शक्ति।

Euphemism-यूफिमि-ज़्-म्-*n.* substitution of a mild expression for an unpleasant thing, मंगल भाषण, कठोर शब्द के बदले में मधुर शब्द का प्रयोग, कठोर बात को कोमल शब्दों में कहना; **Euphemistic** (-इस्ट्-इक्)-*adj.* containing euphemism. मंगलभाषी; **Euphemistically** (-अल्-लि)-*adv.* in an euphemistic way. मंगल भाषण से, कठोर बात को कोमल शब्दों में कहते हुए।

Euphonic - यू - फ़ॉन्-इक् -*adj.* agreeable in sound. सुरीले स्वरवाला; **Euphonically** (-अल्-लि) -*adv.* in an euphonic manner मधुरता से, सुरीलेपन से।

Euphony-यू'-फॅ-नि-*n.* a pleasing or agreeable sound. मधुर या सुरीला शब्द।

Euphorbia-यू'-फ़ोर'-बि-आ-*n.* a kind of prickly plant. समन्तदुग्धा, सेहुँड़।

Euphuism-यू'-फ़्यू-इज़्म्-*n.* a bombastic style of writing. बड़े-बड़े कठिन शब्दों का प्रयोग करके लिखने की प्रणाली।

Eurasian-यू-र्-ए' - श्यन्-*n.* one who is of mixed European and Asiatic parentage. फिरिङ्गी, दोगला अँगरेज़।

Eureka-यूरीका-*n. & interj.* a brilliant disco-

very, I have found it ! अपूर्व आविष्कार, मैंने पा लिया है ।

European-यूरोपिअन्-*adj. & n.* belonging to Europe, a native of Europe. यूरोप देश सम्बन्धी, यूरोप देश का निवासी; **Europeanize** (-आइज़्)-*v. t.* to make European. यूरोपीय बनाना ।

Evacuant-इ-वॅक्'-यु - अॅन्ट् - *n.* a purgative medicine. रेचक औषधि ।

Evacuate-इ-वॅक्'-यु-एट्-*v. t.* to empty out, to discharge. शून्य करना, निकालना; **Evacuation** (-एॅ-शन्)-*n.* discharges by stool or otherwise. परित्याग, मलोत्सर्ग ।

Evacuee-इ-वॅक्'-यु-ई-*n.* a person who is compelled to leave his native place during war or disturbance. युद्ध या अशान्ति के कारण जन्मस्थान छोड़कर अन्यत्र जानेवाला शरणार्थी ।

Evade-इ-वेड्-*v. i. & t.* to escape from, to avoid, to elude, to prevaricate. दूर भागना, हटाना, बचाना, वाक्छल करना; **Evasion** (-वे-ज़न्)-*n.* means of evading, shuffling. भागना या बचने का उपाय, छल, कपट, वञ्चन; **Evasive** -वे-सिव्)-*adj.* using evasion. कपटी, कुटिल; **Evasively** (-लि)-*adv.* in an evasive manner. वक्र उक्ति से ।

Evanesce-ऍव्-वॅन्-ऍस्'-*v. i.* to disappear, to go out of sight. अन्तर्ध्यान होना, अदृश्य होना; **Evanescent** (-ऍन्ट्)-*adj.* quickly disappearing, fleeing. शीघ्र लुप्त हो जानेवाला, भागनेवाला।

Evangel-इ-वान्'-जॅल्-*n.* the Gospel. क्रिस्तान मत की धर्मशिक्षा; **Evangelic** (-ऍवॅन्-जॅल्-इक्), **Evangelical** (-अल्)-*adjs.* pertaining to the teachings of the Gospel. ईसाई मत की धर्म-पुस्तक-सम्बन्धी; **Evangelism** (-इज़्म्)-*n.* preaching of the Gospel. धर्म प्रचार; **Evangelist** (-इस्ट्)-*n.* a preacher of the Gospel. धर्मोपदेश करनेवाला ।

Evanish-इ-वॅन्'-इश्-*v. i.* to vanish, to die away. लुप्त होना, नष्ट होना ।

Evaporate-इवॅपरेट्-*v. t. & i.* to turn into vapour, to disappear. वाष्परूप (भाफ़) में उड़ना, नाश होना, लय होना; **Evaporation** (-ए-शन्)-*n.* act of evaporating. वाष्पीभवन; **Evaporative** (-इव्)-*adj.* pertaining to evaporation. वाष्पीभवन-सम्बन्धी; **Evaporator** (-अर्)-*n.* an apparatus for evaporation of vegetable juices. तरल पदार्थ को गरम करके गाढ़ा करने का यन्त्र ।

Evasion, Evasive-see **Evade.**

Eve-ईव्-*n.* evening. सायंकाल, सन्ध्या ।

Evection-इ-वॅक्शन्-*n.* elevation. उभाड़ ।

Even-ईवन्-*n.* (*poet.*) evening. (कविता में) सन्ध्या;-*adj.* level, smooth, uniform. चौरस, चिकना, सम (बराबर);-*adv.* likewise, just. भी, अभी, वही;-*v. t.* to make even, to treat as equal. समतल करना, बराबर करना; **Evenfall** (-फ़ॉल्)-*n.* approach of evening. सन्ध्या का आगमन; **Even-handed** (without prejudice). समदर्शी, अपक्षपाती; **Even-minded** (with equal mind.) समचित्त, समभाव का; **Even though** (**Even if**) (although.) यद्यपि ।

Evening-ई'-वनिङ्ग्-*n.* the close of the day. सन्ध्या, सन्ध्या समय, साँझ;-*adj.* being at the close of the day. सन्ध्याकालीन; **Evening star.** (applied to Venus.) शुक्र तारा।

Evenly-ई'-वु-न्-लि-*adv.* in an even manner, uniformly. बराबरी से; **Evenness** (-नॅस्)-*n.* the state of being even, uniformity. समानता, तुल्यता ।

Event-ई वॅन्ट्-*n.* that which happens, incident. वृत्तान्त, घटना; **At all events** (in every case.) सब अवस्था में; **In the event of** (in case of.) यदि; **Eventful** (-फ़ुल्)-*adj.* full of incidents, momentous. घटनापूर्ण, विख्यात; **Eventless** (-लॅस्)-*adj.* without incidents. असंगत; **Eventual** (-यु-अल्)-*adj.* final. अन्तिम; **Eventuality** (-इ-टि)-*n.* possible event. सम्भावित घटना; **Eventually** (-अल्-लि)-*adv.* in the final issue. अन्ततः, अन्त में, **Eventuate** (-एट्)-*v.i.* to result. घटना होना, परिणाम होना।

Eventide-ई'-वन्-टाइड्-*n.* evening. सन्ध्याकाल ।

Eventilate-इ-वॅन्ट्'-इल्-एट्-*v. t.* to winnow, to fan. ओसाना, पंखा करना ।

Ever-ऍव्'-अर्-*adv.* always, at all times, in any degree. सर्वदा, नित्य; **Ever and anon** (now and then.) कभी-कभी; **Ever blooming** (always blooming.) नित्य खिलनेवाला; **Ever changing** (always changing.) सदाडावाँडोल; **Evergreen** (always fresh.) सदाहरा; **Everlasting** (lasting for ever, eternal, endless, perpetual.) अमर, नित्य, अनन्त; **Evermore** (always.) सर्वदा; **Ever since** (from that time.) तब से; **Everso** (to any extent.) थोड़ा-सा; **For ever and a day** (incessantly.) निरन्तर ।

Eversion-इवर्शन्-*n.* turning inside out. बाहर को उलटने का कार्य ।

Evert-(ई-)-इवर्ट्-*v. t.* to turn outwards or inside out. बाहर को उलटना ।

Every-ऍव्-रि - *adj.* each, all. प्रत्येक, सब;

Everybody (every person.) प्रत्येक मनुष्य; **Everyday** (common, each day in succession.) सामान्य, प्रतिदिन; **Everyone** (everybody.) प्रत्येक व्यक्ति; **Everything** (all things.) प्रत्येक पदार्थ; **Everywhere** (in every place.) सर्वत्र।

Evict-इ-व्रिक्ट्-*v. t.* to expel by legal process, to dispossess. कानून से हटाना, बेदखल करना; **Eviction** (-व्रिक्'-शन्)-*n.* dispossession. बेदखली; **Evictor** (-अर्)-*n.* one who evicts. हटाने या बेदखल करनेवाला।

Evidence-एँ-व्रिडेंन्स्-*n.* testimony, that which makes evident, information for establishing a fact, a witness. प्रमाण, साक्षी, गवाही, गवाह।

Evident-एँ'-व्रिडेन्ट्-*adj.* obvious, clear. स्पष्ट (प्रत्यक्ष), प्रकट; **Evidential** (-एँन्शल्)-*adj.* tending to prove, clearly proving. प्रमाण-कारक; **Evidentially** (-लि)-*adv.* by way of evidence. प्रमाण की तरह; **Evidently** (-लि) -*adv.* obviously, clearly. प्रत्यक्ष रूप से।

Evil-ई'-व्रिल्-*adj.* (*comp.* **Worse,** *sup.* **Worst**) bad, harmful, wicked. मन्द, बुरा, हानिकर, दुष्ट; -*n.* sin, harm. पाप, क्षति; **Evildoer** (one who does evil.) कुकर्मी, पातकी; **Evil-eye** (power of injuring by the look.) कुदृष्टि, पापदृष्टि; **Evil-minded**-*adj.* of wicked nature, malicious. दुष्ट प्रकृतिवाला; **Evilness** *n.* viciousness. दुष्टता, शठता, नीचता।

Evince-इ-व्रिन्स्-*v. t.* to show, to prove, to indicate clearly. दिखाना, सिद्ध करना, स्पष्ट सूचित करना; **Evincive** (-इव्), **Evincible** (-इ-ब्रल्) -*adjs.* tending to demonstrate. दर्शक सूचक।

Evirate-ईव्रिरेट्-*v. t.* to castrate, to emasculate. बधिया करना।

Eviscerate-इ-व्रि-सर्-एट्-*v. t.* to disembowel, to gut. आँतों को निकालना।

Evocation-इ-व्रो-कें'-शन्-*n.* a calling forth. बुलाहट, पुकार।

Evoke-इ-व्रोक्'-*v. t.* to call up, to summon. पुकारना, बुलाना।

Evolution-ईव्र-ल्यू'-शन्-*n.* the act or process of opening out, appearance in succession, development. विवरण, विस्तार, क्रमिक आविर्भाव, विकास; **Theory of evolution** (*viz.* that species are not created severally but that they originate by a series of development.) क्रम-विकासवाद; **Evolutional** (-अल), **Evolutionary**, (-अ-रि) -*adjs.* pertaining to evolution. क्रम-विकासवाद-सम्बन्धी; **Evolutionism**(-इज़्म्) -*n.* theory of evolution. विकास का सिद्धांत।

Evolve-इ-व्रॉल्व्-*v. t. & i.* to unfold, to open out and expand, to develop. खोलना, फैलाना, प्रकट करना, विकसित करना; **Evolvement** (-मेँन्ट्)-*n.* act of evolving, development. विकास, विस्तार, फैलाव।

Evulsion-इव्रल्शन्-*n.* extraction by force आकर्षण, बलपूर्वक खींचना।

Ewe-यू-*n.* (*mas.* **Ram**-रॅम्) female of a sheep. भेड़ी।

Ewer-यू'-अर्-*n.* a pitcher, a water jug. जलपात्र (सुराही, कमण्डलु), लोटा।

Ex-एँक्स्-*pref.* in sense of "out, thoroughly, separate, formerly". उपसर्ग जिसका "बाहर, पूर्ण रूप से, पृथक्, पूर्व" इत्यादि अर्थ में प्रयोग किया जाता है।

Exact - ऍग्जैक्ट्' - *adj.* precise, accurate, strictly correct. ठीक-ठीक, यथार्थ, परम शुद्ध; -*v. t.* to demand and enforce payment of. बलपूर्वक माँगना (छीन लेना); **Exactable** (-एँ-ब्रल्)-*adj.* able to be exacted. छीनने योग्य; **Exactitude** (-इ-ट्यूड्), **Exactness** (-नेंस्)-*ns.* correctness. यथार्थता; **Exacting** (-इङ्ग्) -*adj.* unreasonable in making demands. अनुचित माँग करनेवाला; **Exaction** (-शन्)-*n.* extortion. न्याय-विरुद्ध माँग; **Exactly** (-लि) -*adj.* accurately, quite so, just so. यथावत्, ठीक-ठीक, बहुत ठीक।

Exaggerate-ऍग्ज़जरेंट्-*v. t.* to intensify, to aggravate, to overstate. विस्तृत रूप से वर्णन करना, बढ़ाना, बढ़ाकर कहना; **Exaggeration** (-एँ'-शन्) -*n.* amplification, extravagant statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति; **Exaggerative** (-इव्)-*adj.* amplificative, having tendency to exaggerate. असत्य अथवा बढ़ाकर कहनेवाला; **Exaggerator** (-टर्)-*n.* one who exaggerates. लम्बी-चौड़ी बात कहनेवाला व्यक्ति।

Exalt-ऍग्ज़ॉल्ट्-*v. t.* to raise to a high rank, to praise, to extol. ऊँचे पद पर उठाना, प्रशंसा करना, बढ़ाना; **Exaltation** (-एँ'- शन्)-*n.* elevation. उन्नति, प्रशंसा; **Exalted** (-एँड्)-*adj.* elevated, raised to a height. ऊँचा किया हुआ।

Examination-ऍग्ज़ैमिनेशन्-*n.* testing of knowledge, investigation. परीक्षा, अनुसन्धान, निरीक्षण।

Examine-ऍग्ज़ैमिन्-*v. t. & i.* to investigate, to scrutinize, to enquire into. परीक्षा करना, (अनुसन्धान करना), विचार करना, जाँचना; **Examinee** (-ई)-*n.* one who is examined. परीक्षा देनेवाला, परीक्षार्थी; **Examiner** (-अर्) -*n.* one who examines. परीक्षक।

Example-ऍग्ज़ाम्पल् - *n.* fact, instance, a

pattern, warning. उदाहरण, दृष्टान्त, चेतावनी; -*v. t.* to exemplify. दृष्टान्त देना, सचेत करना; **Examplar** (-प्लर्)-*n.* a pattern. आदर्श, नमूना; **Examplary** (-प्लरि)-*adj.* serving as an example. आदर्शभूत, अनुकरणीय ।

Exanimate- ऍ-ग्ज़ॅनिमेंट् -*adj.* dead, lifeless, spiritless. निर्जीव, निरुत्साह; -*v. t.* to kill. मार डालना ; **Exanimation** (-ऍ-शन्) -*n.* death. मृत्यु ।

Exasperate-ऍग्-ज़ॅस्'-पर्-एट्-*v. t.* to irritate, to provoke. क्रुद्ध करना, उत्तेजित करना, भड़काना;-*adj.* provoked. उत्तेजित; **Exasperation** (-ए'-शन्)-*n.* rage, provocation. क्रोधोद्दीपन, उत्तेजना; **Exasperating** (-टिङ्ग्), **Exasperative** (-टिव्) -*adj.* irritating. उत्तेजक ।

Excarnate-ऍक्स्-कार्'-नेंट्-*v. i.* to deprive of flesh. मांस हटाना; **Excarnation** (-नें-शन्)-*n.* removing of flesh. मांस हटाने का कार्य ।

Excavate-ऍक्स्-कॅवेट्-*v. t.* to dig out, to make hollow. खोदना, पोला करना, खनना; **Excavation** (-ऍ-शन्)-*n.* the act of excavating, a cutting. खुदाई, कटाव; **Excavator** -ए'-टर्)-*n.* one who excavates. खोदनेवाला ।

Exceed-ऍक्-सीड्'-*v. t. & i.* to go beyond limit, to surpass or excel. सीमा से बाहर जाना; अधिक होना, बढ़ना; **Exceeder** (-अर्) -*n.* one who exceeds. बढ़नेवाला, बढ़ानेवाला; **Exceeding** (-इङ्ग्)-*adj.* too much. अधिक, बहुत; **Exceedingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a great degree. अति, अत्यन्त ।

Excel-ऍक्-सेल्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Excelled**) to surpass, to be superior. विशिष्ट करना, बढ़ना, श्रेष्ठ होना;**Excellence** (-लॅन्स्)-*n.* superiority, greatness, dignity. विशिष्टता, श्रेष्ठता, महत्त्व ।

Excellency-ऍक्सलन्सि-*n.* (*pl.* **Excellencies**) a title of honour. महाराज, प्रभु ।

Excellent-एक्सलेंन्ट्-*adj.* pre-eminent. श्रेष्ठ, उत्तम; **Excellently** (-लि)-*adv.* exceedingly, in an excellent manner. विशिष्ट प्रकार (उत्तम रूप) से ।

Excelsior-ऍक्सेंल्सिअर्-*adj.* still higher. और भी उत्तम या श्रेष्ठपद का ।

Except-ऍक्-सेंप्ट्'-*v. t. & i.* to exclude, to make objection against. अलग करना, एतराज करना; -*prep.* not including, but. सिवाय, अतिरिक्त, बिना ।

Exception-ऍक्-सेंप्'-शन्-*n.* not according to rule, exclusion. त्याग, अपवाद; **Exceptionable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* objectionable. आक्षेप करने योग्य; **Exceptional** (-अल्)-*adj.* unusual, peculiar. अपवादभूत, अलौकिक; **Exceptionally** (-अल्-लि) -*adv.* specially, in an exceptional way. अलौकिक रूप में या ढंग से ।

Excess-ऍक्-सेंस्'-*n.* intemperance, superfluity. असंयम, अधिकता; **Excessive** (-इ-व्)-*adj.* extravagant, vehement. अधिक, अत्यन्त; **Excessively** (-इव्-लि)-*adv.* in an extreme degree. विशेष करके; **Excessiveness** (-नेंस्) -*n.* superfluity. अत्यन्त अधिकता ।

Exchange-ऍक्स् - चेंन्ज्' - *n.* barter, money changer's trade, standard value of coinage. अदला-बदला, सर्राफ़ का व्यापार, मुद्रा का विनिमय (मूल्य);-*v. t.* to barter, to give in place of, to interchange. बदलना, बदले में देना; **In exchange for** (in lieu of.) बदले में ।

Exchangeable-ऍक्स्-चेंन्जेब्ल्-*adj.* fit to be exchanged, that may be exchanged. बदलने योग्य; **Exchangeability** (-बिल्'-इ-टि)-*n.* the quality of being exchangeable. विनिमयता ; **Exchanger** (-अर्)-*n.* one who makes an exchange. बदलनेवाला ।

Exchequer-ऍक्स्-चेंक्-अर्-*n.* the department of public service empowered for issuing receipts and to deposit revenue. राजकोष वह विभाग जिसमें राजकर जमा होता है; **Chancellor of the Exchequer** (the Finance Minister.) अर्थ-सचिव ।

Excide-ऍक्साइड्'-*v. t.* to separate by cutting off. काटकर पृथक् करना ।

Excisable-ऍक्-साइजें-ब्ल्-*adj.* see **Excise.**

Excise-ऍक्साइज़्-*n.* duty on commodities produced and consumed in a country, department of inland revenue. देश में बने तथा खर्च होनेवाले पदार्थों पर का कर, ऐसा कर-सम्बन्धी या आबकारी विभाग; -*v. t.* to force a person to pay excise, to cut off and remove. कर देने के लिए बाध्य करना, पृथक् करना, अलगाना; **Excisable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* subject to excise. कर लगने योग्य; **Exciseman** (a collector of excise.) ऐसा कर इकट्ठा करनेवाला अधिकारी ।

Excision-ऍक्-सिजन्-*n.* a cutting out of a part of the body. शरीर के किसी भाग का कटाव, नाश ।

Excitable-ऍक्-साइटें-ब्ल्-*adj.* able to be excited or irritated. उत्तेजित करने योग्य; **Excitation** (-ए'-शन्) -*n.* the act of exciting. उत्तेजना, उद्दीपन ।

Excitant-ऍक् - साइट्'-ऑन्ट्-*adj.* tending to stimulate. उत्तेजक; -*n.* that which produces increased action in the body. शरीर में उत्तेजना उत्पन्न करनेवाली औषधि ।

Excite-ऍक्-साइट्-*v. t.* to set in motion, to provoke, to rouse, to stir up, to irritate. उत्तेजित करना, गतियुक्त बनाना, उभाड़ना; **Excitedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* with excitement. उत्तेजना से; **Excitement** (-मेन्ट्)-*n.* stimulation. प्रकोप, उत्तेजना।

Exciter-ऍक्-साइट्'-अर्-*n.* a stimulant, one who or that which excites. उत्तेजित करनेवाला व्यक्ति या पदार्थ।

Exciting-ऍक्-साइट्'-इङ्ग्-*adj.* thrilling. प्रोत्साहक, उत्तेजक; **Excitingly** (-लि); - *adv.* by way of excitement. उत्तेजित करते हुए ढंग से।

Excitive-ऍक्-साइट्-इव्-*adj.* tending to excite. उत्तेजक।

Exclaim-ऍक्स्-क्लेम्'-*v.t.&i.* to utter abruptly or vehemently, to cry out. चिल्लाना, पुकारना।

Exclamation-ऍक्स्-क्लीम्-ए'-शन्-*n.* outcry, clamour. आर्त्तनाद, चिल्लाहट; **Mark of Exclamation**-interjection mark (!). विस्मयादिबोधक चिह्न (!)

Exclamative-ऍक्स्- क्लीमें टिव्, **Exclamatory** (-अरि) - *adjs.* expressing exclamation. विस्मय-सूचक।

Exclude-ऍक्स्-क्लूड्'- *v. t.* to hinder from entrance, to obstruct, to shut out, to debar. अवरोध करना, रोकना, अलग करना, अलगाना।

Exclusion-ऍक्स्-क्लू'-ज़न्-*n.* ejection, exception. निषेध।

Exclusive-ऍक्स्-क्लू'-सिव्-*adj.* having power to exclude, not including. निषेधक, निवारक; **Exclusively** (-लि)-*adv.* with the exclusion of all others. केवल, अनन्य; **Exclusiveness** (-नेस्)-*n.* the quality or state of being exclusive. निषेधता, पृथकत्व।

Excogitate-ऍक्स् - कॉजिटेट् - *v. t.* to think out, to contrive carefully. चिन्तन करना, विचारना; **Excogitation** (-ए'शन्)-*n.* contrivance, invention. चिन्तन, विचार, आविष्कार।

Excommunicate-ऍक्स्-कम्यूनिकेट् - *v. t.* to expel from the communion of a church. धर्मसंस्था से बहिष्कार करना; **Excommunication**(-ए'-शन्)-*n.* exclusion from the church. ऐसा बहिष्कार; **Excommunicative** (-ए-टिव्) *-adj.* tending to excommunicate. बहिष्कार करने की प्रवृत्तिवाला।

Excoriate-ऍक्स्-कोरि-एट्-*v. t.* to remove the skin or bark from. निस्त्वचा करना, खाल निकालना; **Excoriation** (-ए-शन्)-*n.* the act of removing skin or bark. त्वचा-विदारण।

Excorticate-ऍक्स्-कॉर्-टिक्-एट्-*v. t.* to strip the bark or rind from. वृक्ष की छाल को छीलकर अलगाना।

Excrement-ऍक्स् - क्रिमें न्ट्-*n.* useless matter discharged from animal body, dung. मलोत्सर्ग, विष्ठा; **Excremental** (-अल्)-*adj.* pertaining to dung. विष्ठा-सम्बन्धी।

Excrescence-इक्स्क्रे-सेन्स्-*n.* an abnormal or unnatural outgrowth, a tumour. गुल्म, मस्सा, ग्रन्थि; **Excrescent** (-सेन्ट्)-*adj.* superfluous. बढ़ा हुआ।

Excreta-ऍक्स्-क्रीटा-*n.* (*pl.*) the waste matter expelled from animal body. मल-मूत्र आदि पदार्थ।

Excrete-ऍक्स्-क्रीट्'-*v.t.* to expel or discharge waste matter from the body. शरीर से मल निकालना; **Excretion** (-क्री-शन्)-*n.* the act of excreting, that which is excreted. मल-त्याग, मल; **Excretive** (-टिव्), **Excretory** (-अरि)-*adjs.* able to excrete. मल त्यागने योग्य।

Excruciate-ऍक्स्-क्रू'-शि-एट्-*v.t.* to torment or torture, to give pain to. अत्यन्त कष्ट देना, सन्ताप देना; **Excruciating** (-इङ्ग्)-*adj.* distressing, painful. यंत्रणादायक, दुःखकारक; **Excruciation** (-ए' - शन्)-*n.* vexation, torture. व्यग्रता, यातना।

Exculpate-ऍक्स्-कल्-पेट्-*v. t.* to remove from charge of crime, to free from blame. निर्दोष करना, अपराध से निर्मुक्त करना; **Exculpated** (-ऍड्)-*adj.* cleared from blame. निर्दोष, दोषमुक्त; **Exculpation** (-पे'-शन्)-*n.* act of freeing from fault or crime. दोषमुक्तकरण, दोषमोचन; **Exculpatory** (-अरि) *-adj.* excusing. क्षमा करने वाला, दोष-मोचक।

Excursion-ऍक्स्-कर्शन्-*n.* an expedition, a ramble, a trip for pleasure or health. साहसिक यात्रा, पर्यटन, स्वास्थ्य या मनोरञ्जन के लिए भ्रमण; **Excursionist** (-इस्ट्) -*n.* one who goes on an excursion. साहसिक यात्रा करनेवाला व्यक्ति, आमोदार्थ भ्रमणकारी।

Excursive-ऍक्स्-कर्सिव्-*adj.* deviating, rambling. भ्रमणशील।

Excusable-see Excuse.

Excuse-ऍक्स्-क्यूज़्'-*v. t.* to free from guilt, to forgive, to make an apology for, to pardon. दोषमुक्त करना, क्षमा करना, अपराध के लिए क्षमा माँगना;-*n.* apology, pretext. क्षमा-प्रार्थना, बहाना; **Excusable** (-ऍ-बल्)-*adj.* that may be excused. क्षमायोग्य; **Excusably** (-ऍब्-लि)-*adv.* with excuse. क्षमा प्रार्थना करते

हुए; **Excuseless** (-लेॅस्) *-adj.* having no excuse. अक्षन्तव्य, निरुत्तर।

Execrable-ऍक्सिक्रें - ब्ल् - *adj.* abominable, hateful. घृणा के योग्य, घृणित; **Execrably** (-ऍक्सिक्रें ब्लि)*-adv.* hatefully, scornfully. घृणा से।

Execrate-ऍक्स्'-इ-क्रेट्-*v. t. & i.* to express abhorrence for, to curse. घृणा करना, शाप देना; **Execrative** (-इव्)*-adj.* hateful. घृणित; **Execration** (-क्रे'-शन्)*-n.* a curse. शाप।

Executable-ऍग्ज़ि-क्यूटे-ब्ल्-*adj.* that may be executed or seized in default of payment. सम्पादनीय, कुर्क (कुर्की) करने योग्य।

Executant-ऍग्ज़ि'- क्यूट्'- ऑन्ट्-*n.* performer. सम्पादक, कोई कार्य करनेवाला।

Execute-ऍग्ज़ि-क्यूट्'-*v. t.* to carry into effect, to perform, to complete, to make valid by signing, to put to death. सम्पादन करना, कार्य करना, पूरा करना, हस्ताक्षर करके प्रमाणित करना, फाँसी देना; **Execution** (-क्यू'-शन्)*-n.* carrying out, seizure of a debtor's property in default of payment, capital punishment. निर्वाह, सम्पादन, कुर्की, फाँसी; **Executioner** (-अर्)*-n.* a hangman. जल्लाद, फाँसी देनेवाला।

Executive - ऍग्ज़िक्यूटिव् - *adj.* pertaining to the execution of law. विधान के सम्पादन से सम्बन्धित, शासन-सम्बन्धी *-n.* the administrative branch of government. सरकार का शासन विभाग; **Executively** (-लि) *-adv.* administratively. प्रबन्ध रूप से, शासन करते हुए।

Executor-ऍग्ज़िक्यूटर्-*n. mas.* a man appointed to carry out the provisions of one's will. मृतक के इच्छापत्र का उत्तरसाधक; **Executress** (- रॅस्), **Executrix** (- रिक्स्) *-ns. fem.* a female executor. उत्तरसाधिका।

Exegesis-ऍक्स्-इ-जी'-सिस्-*n.* exposition or interpretation of the Scriptures. श्रुतिभाष्य (टीका); **Exegetical** (-जॅट्'-इ-कल) - *adj.* expository. ऐसा भाष्य या टीका करनेवाला।

Exemplar-ऍग् - ज़ॅम्' - प्लर् - *n.* an ideal, a (model, a pattern. आदर्श, नमूना; **Exemplary** (प्ल-रि)*-adj.* typical, illustrative. आदर्श, दृष्टान्त योग्य।

Exemplification-ऍग्ज़्-ऍम्'- प्लिफ्-इक्-ए'-शन *-n.* see **Exemplify.**

Exemplify-ऍग् - ज़ॅम्'- प्लि - फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Exemplified.**) to illustrate by example. उदाहरण देना; **Exemplification** (-प्लिफ्'-इक्-ए'-शन्)*-n.* the act of exemplifying, a copy. दृष्टान्त या उदाहरण, प्रदर्शन, नमूना।

Exempt-ऍग्-ज़ॅम्ट्'-*v. t.* to free from control. नियंत्रण-मुक्त करना, त्यागना; **Exempted** (-ऍड्) *-adj.* not included. मुक्त, वर्जित; **Exemption** (-ज़ॅम्'-शन्)*-n.* the act of exempting, immunity. मोक्ष, मोचन, छुटकारा।

Exequies-ऍक्सि-क्वीज़्-*n. pl.* funeral rites. अन्त्येष्टिक्रिया।

Exercisable-ऍक्स्'-अर्-साइज़्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* that may be exercised. अभ्यास करने योग्य, प्रयोग में लाने योग्य।

Exercise-ऍक्स्'-अर्-साइज़्-*n.* putting in practice, bodily exertion, discipline, employment, a lesson for practice. प्रयोग, व्यायाम, अनुशासन, नियोग, अभ्यास;*-v. t. & i.* to employ, to perform the duties of, to train, to perplex. प्रयोग करना, कर्त्तव्य करना, शिक्षा देना, कष्ट देना; **Bodily exercise** (exertion of body for health.) शारीरिक व्यायाम; **Military exercise** (drill &c.) सैनिकों की क़वायद।

Exert-ऍग्ज़र्ट्-*v. t.* to do or perform, to bring into operation. प्रयत्न करना, उद्योग करना, सम्पादन करना; **Exertion** (-ज़र्शन्)*-n.* the act of exercising with effort. उद्योग, उद्यम, परिश्रम; **Exertive** (-इव्)*-adj.* exerting. (परिश्रम की) चेष्टा करता हुआ।

Exeunt-ऍक्सि-अन्ट्-*v. i.* (*sing.* **Exit** ऍक्स्'-इट्) they leave the stage. वे पात्र रङ्गभूमि से जाते हैं; **Exeunt omnes** (-ऑम्-नीज़) all leave the stage. सब पात्र रङ्गभूमि से बाहर चले जाते हैं।

Exhalation-ऍग्ज़्-हे-लेशन्-*n.* see **Exhale.**

Exhale-ऍग्ज़् - हेल्'- *v. t. & i.* to emit as vapour, to pass off in vapour. साँस निकालना, साँस निकलना; **Exhalable** (-ऍ-ब्ल्) *-adj.* able to be exhaled. श्वास निकालने योग्य; **Exhalation** (-ए-शन्) *-n.* puffing off of breath. उच्छ्वसन, मुख द्वारा वायु निर्गमन।

Exhaust-ऍग्-ज़ॉस्ट्'-*v. t.* to draw off air, to empty of contents, to tire out. वायु निकाल लेना, खाली करना, थकाना;*-n.* the waste that comes out of an engine. यन्त्र (इन्जन) से निकलता हुआ मलवा; **Exhausted** (-ऍड्)*-adj.* tired out, wholly used. निथारा हुआ, श्रान्त, थका हुआ; **Exhaustion** (-शन्)*-n.* the state of being exhausted. थकावट; **Exhaustive** (-इव्)*-adj.* tending to exhaust. थकानेवाला;

Exhaustiveness (-इव्-नेस्) - *n.* power of exhausting. थकाने की शक्ति; **Exhaustless** (-लेस्)*-adj.* without fatigue. अक्षय, अश्रान्त।

Exhibit-ऍग्-ज़िब्'-इट्-*v. t.* to hold to view,

to display, to manifest, to present formally, to show publicly. प्रकट करना, दिखलाना, स्पष्ट करना, प्रदर्शन करना;-*n*. anything exhibited, a paper presented to a court. प्रदर्शित पदार्थ, अदालत में पेश किये हुए कागजात।

Exhibiter, Exhibitor-ऍग्-ज़िब्'-इट् - अर्-*ns*. one who exhibits. प्रदर्शक, प्रकाशक।

Exhibition-ऍग्-ज़िबिशन् -*n*. act of exhibiting, display, a public show. प्रदर्शनी, कौतुक; **Exhibitioner** (-अर्)-*n*. one who receives an allowance at an English university. किसी अँगरेजी विश्वविद्यालय से अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता पानेवाला विद्यार्थी।

Exhilarate-इग्ज़िलरेट् -*v. t. & i*. to cheer up, to gladden, to enliven, to become joyous. प्रमुदित करना, प्रफुल्ल करना, प्रसन्न होना; **Exhilarant**-(अॅन्ट्)-*n*. exciting mirth. आनन्ददायक; **Exhilarating** (-इङ्ग्)-*adj*. gladdening. आनन्ददायक; **Exhilarative** (-इव्)-*adj*. tending to gladden. आनन्दकर; **Exhilaration** (-ए'-शन्)-*n*. cheerfulness. आनन्द।

Exhort-ऍग्ज़ॉर्ट्-*v. t*. to urge to good deeds, to advise, to warn, to caution. सदुपदेश देना, सलाह देना, सावधान करना; **Exhortation** (-एशन्)-*n*. the act of exhorting. उपदेश, प्रोत्साहन; **Exhortative** (-ऍटिव्), **Exhortatory** (-अरि)-*adjs*. containing exhortations. प्रबोधक, उपदेशक; **Exhorter** (- अर्)-*n*. one who exhorts another. प्रबोधक।

Exhumation-ऍक्स्-ह्यूमेशन्-*n*. see Exhume.

Exhume-ऍक्स्-ह्यूम्'-*v. t*. to dig out, to unearth. खोदकर भूमि से बाहर निकालना; **Exhumation** (-ए'-शन्)-*n*. the act of exhuming. उत्खनन।

Exigence, (**Exigency**)-ऍक्'-सि-जॅन्स्,(-सि) -*ns*. emergency, urgent necessity. सङ्कट समय, आवश्यकता।

Exigent-ऍक्सिजेन्ट्-*adj*. urgent, pressing. अति आवश्यक।

Exile-ऍग्ज़ाइल्'-*v. t*. to expel from one's country, to banish. देश से निकालना, वहिष्कार करना;-*n*. banishment, a banished person. देशनिकाला, निर्वासित व्यक्ति; **Exilement**(-मॅन्ट्) -*n*. banishment. देश-बहिष्कार, निर्वासन।

Exility-ऍक्स्-इल्-इट्-इ-*n*. thinness, slenderness. पतलापन, क्षीणता, दुर्बलता।

Exist-ऍग्-ज़िस्ट्'-*v. t*. to have a reality, to continue to be, to live, to endure. अस्तित्व होना, जीवित रहना, जीना, स्थायी होना; **Existence** (-ऍन्स्)-*n*. continued being, all that lives. सत्ता, जीवन, स्थिति; **Existent** (-ऍन्ट्) -*adj*. actual, existing. वर्तमान, विद्यमान।

Exit-ऍक्'-सिट्-*n*.(*pl*. **Exeunt**) departure of a player from the stage, a passage to go out, death. रंगमंच से पात्र का निष्क्रमण, निर्गम, बाहर जाने का मार्ग, मृत्यु।

Exodus-ऍक्सॅ-डस्-*n*. a going out or departure. विदाई, प्रस्थान।

Ex-officio-ऍक्स्-ऑफ़िशि-ओ - *adj*. in virtue of one's office. पदाधिकारेण।

Exogamy-ऍक्स्'-ऑग्-ऑ-मि-*n*. marriage outside the tribe. जाति (बिरादरी) के बाहर विवाह-सम्बन्ध।

Exonerate-इग्ज़ॉनरेट् - *v. t*. to free from blame &c., to acquit. पाप इत्यादि से मुक्त करना, छोड़ना; **Exoneration** (-ए'-शन्) - *n*. the act of freeing from imputation. पाप से मुक्ति।

Exorable-ऍक्सरॅ-ब्ल्-*adj*. capable of being moved by prayers. प्रार्थना से प्रभावित होनेवाला या प्रभावशील।

Exorbitance - इग्ज़ॉर्बिटॅन्स्, **Exorbitancy** (-ॲन्-सि)-*ns*.excess, extravagance. आधिक्य।

Exorbitant-इग्ज़ॉर्बिटॅण्ट्-*adj*. beyond limit, excessive. अपरिमित, अत्यधिक; **Exorbitantly** (-ॲन्ट्-लि)-*adv*. in an excessive manner, extravagantly. अधिकता से, महर्घता से।

Exorcism-ऍक्सॉर्सिज़्म्-*n*. expelling of evil spirits. भूत-प्रेत का अपसरण।

Exorcist-ऍक्सॉर्सिस्ट् - *n*. one who drives away evil spirits. ओझा।

Exorcize-ऍक्सॉर्साइज़्'-*v. t*. to expel evil spirits by calling forth holy names. झाड़-फूँककर प्रेत हटाना।

Exordium-ऍग्ज़ॉर्डि-अम्-*n*. introductory part, the beginning. प्रस्तावना, भूमिका, मुखबन्ध।

Exoteric-ऍक्सॉटेरिक्-*adj*. common place, ordinary. साधारण, सामान्य।

Exotic-ऍग्ज़ॉटिक्-*n. & adj*. anything of foreign origin, extraneous. विदेशी वस्तु, परदेश से लाई हुई।

Expand-ऍक्स्-पॅन्ड्'-*v. t. & i*. to spread out, to develop, to enlarge. बढ़ाना, फैलाना बढ़ना, उन्नति करना, विस्तृत करना।

Expanse-ऍक्स्'-पॅन्स्-*n*. wide extent, expansion. विस्तार, फैलाव।

Expansion-ऍक्स्-पॅन्शन् - *n*. enlargement, extension. वृद्धि, विस्तार।

Expansive - ऍक्स्-पॅन्सिव् - *adj*. extending widely. विस्तृत, व्यापक; **Expansively** (-इव्-

-लि)-*adv.* in an expansive way. फैलावट से, **Expansiveness** (- नेस्) -*n.* expansion. विस्तार, फैलाव ।

Exparte-ऍक्स्-पार्टि-*adv.* in the interest of one side only. एक ही पक्ष के हित में, एक तरफ़ा ।

Expatiate-एक्स्-पे-शि-एट्-*v. t.* to enlarge in writing or argument. विस्तारपूर्वक लिखना या विवाद करना; **Expatiation** (-ए'-शन्)-*n.* detailed account. विस्तृत वर्णन ।

Expatriate-ऍक्स् पट्रि-एट्-*v. t.* to banish from one's home. घर से बाहर निकाल देना ।

Expect-ऍक्स्-पेक्ट्'-*v. t.* to wait for, to hope to. प्रतीक्षा करना, आशा करना; **Expectancy** (-ऑन्-सि)-*n.* hope. आशा; **Expectant** (-ऑन्ट्)-*adj.* waiting, looking for. प्रतीक्षा करनेवाला, आकांक्षी; **Expectation** (-ए'-शन्)-*n.* prospect of future good, promise. आकांक्षा, भविष्य में भलाई की आशा; **Expectative** (-एट्-इव्)-*adj.* reversionary. उत्तराधिकार प्राप्त करने की आकांक्षावाला ।

Expectorate-ऍक्स्-पेक्ट-रेट्-*v.i.* to eject phlegm from the chest. खखारना, कफ निकालना, थूकना; **Expectorant** (-ऑन्ट्)-*n. & adj.* a medicine that promotes expectoration. कफ निकालनेवाली औषधि; **Expectoration** (-ए'-शन्)-*n.* the act of expectorating, spittle. कफ का निकलना, श्लेष्मा; **Expectorative** (-इव्)-*adj.* expectorant. कफ निकालनेवाला ।

Expedience-ऍक्स्-पी'-डि - ऍन्स्, **Expediency** (-सि)-*ns.* fitness, suitableness. योग्यता, उपयोग, औचित्य ।

Expedient-ऍक्स्-पी'-डि - ऍन्ट् - *adj.* fit, advantageous, suitable, serviceable. योग्य, हितकर, उचित, लाभकर;-*n.* a device, a contrivance. उपाय, साधन, उपकरण; **Expediently** (-लि)-*adv.* in a suitable manner, suitably. यथोचित रूप में, उपयुक्त ढंग से ।

Expedite-ऍक्स्-पिडाइट्-*v. t.* to free from obstacles, to dispatch. विघ्न हटाना, शीघ्र भेजना;-*adj.* speedy. शीघ्र साधन करने का; **Expeditely** (-लि) - *adv.* in an expedite manner. शीघ्रता से ।

Expedition-ऍक्स्-पिडिशन्-*n.* haste, speed, dispatch, a voyage of enterprise. शीघ्रता, शीघ्र यात्रा, प्रस्थान, साहसिक यात्रा; **Expeditionary** (-अरि)-*adj.* suitable for an expedition. साहसिक यात्रा के योग्य; **Expeditionist** (-इस्ट्) -*n.* one who makes an expedition. साहसिक यात्रा करनेवाला व्यक्ति ।

Expeditious-ऍक्स्-पिडिशस् - *adj.* promptly done, speedy, prompt. शीघ्रकृत, सत्वर, तत्वर ।

Expel-ऍक्स्-पेल्-*v. t.* (*p. t.* **Expelled.**) to drive or force out, to banish. बाहर निकाल देना, बाहर करना, फेंकना; **Expellable** (-लॅ-बल्)-*adj.* able to be expelled. फेंकने योग्य; **Expellent** (-लॅन्ट्)-*adj.* able to expel. बाहर करने योग्य, निष्कासित ।

Expend-ऍक्स्-पेन्ड्'-*v. t.* to spend, to consume, to use up. व्यय करना, समाप्त करना, खतमकर डालना; **Expenditure** (-चर्)-*n.* act of expending, amount which is expended व्यय, खर्च ।

Expense-ऍक्स्'-पेन्स् - *n.* expenditure, cost, outlay. व्यय, मूल्य, खर्चा, लागत ।

Expensive-ऍक्स्'-पेन्स्-इव्-*adj.* costly, valuable, lavish in expending. बहुमूल्य, बड़ी लागत का, अधिक खर्चीला; **Expensively** (-इव्-लि)-*adv.* in an expensive manner. अपव्ययिता से; **Expensiveness** (-इव्-नेस्)-*n.* quality of being expensive. महार्घता, खर्चीलापन ।

Experience-ऍक्स्-पीरि-अन्स्-*n.* practical acquaintance with a matter, knowledge resulting from actual observation. अनुभव, परीक्षाज्ञान, बहुदर्शिता;-*v. t.* to feel, to learn. अनुभव करना, ज्ञान प्राप्त करना; **Experienced** (-ड्) -*adj.* skilful by experience. अनुभवी, बहुदृष्ट; **Experiential**(-एन्शल्)-*adj.* of or pertaining to experience. अनुभवी, अनुभव-संबंधी ।

Experiment-ऍक्स्-पे-रि-मेन्ट्-*n.* a trial or test adopted for testing a hypothesis. प्रयोग, परीक्षा (अनुभव);-*v. t.* to know by practice or by trial. परीक्षा करना, अनुभव करना; **Experimental** (-मेन्ट्'-अल्), **Experimentative** (-ए-टिव्)-*adjs.* based on experience. अनुभवप्राप्त; **Experimentally** (- अल्-लि)-*adv.* in an experimental manner. परीक्षण रूप में; **Experimentalize** (-मेण्टलाइज़्) - *v. t.* to make experiments. प्रयोग करना ।

Expert-ऍक्स् '-पर्ट्-*adj. & n.* skilful, adroit, dexterous, trained by practice, a specialist. दक्ष, निपुण चतुर, किसी विषय का विशेष ज्ञान रखनेवाला; **Expertly** (-लि)-*adj.* in an expert manner. कुशलता सहित; **Expertness** (-नेस्) - *n.* the quality of being expert. निपुणता ।

Expiate-ऍक्स्'-पि-एट्-*v. t.* to atone for, to make amends or reparation for sin. प्रायश्चित्त से पवित्र करना, पापों से निवृत्त करना; **Expiable** (-ए-बल्)-*adj.* able to be expiated. इस प्रकार से पवित्र करने योग्य; **Expiation** (-ए-शन्)-*n.* act of expiating crime. शोधन, प्रायश्चित्त; **Expiatory** (-अरि)-*adj.* hav;

ing power to atone for sins. पाप नाशक।

Expirable-ऐक्स्-पायर्रेब्ल्-*adj.* that may come to an end. मिटने योग्य, विध्वंसी।

Expirant-ऐक्स्-पायर्'- ऑन्ट् - *n.* one who is expiring. मरनेवाला, दम तोड़नेवाला।

Expiration-ऐक्स्-पिरेशन्-*n.* death, the end. प्राणत्याग, मृत्यु।

Expire-ऐक्स्-पायर्' - *v. t. & i.* to breathe out of lungs, to emit, to die out, to come to an end. श्वास निकालना, बाहर फेंकना, मरना, समाप्त होना; **Expiry** (-रि) - *n.* termination. अन्त।

Explain-ऐक्स्-प्लेन्' - *v. t.* to make plain or intelligible, to clear the meaning of. व्याख्या करना, अर्थ स्पष्ट करना, समझाना; **To explain away** (to explain so as to show that there is nothing in it.) इस प्रकार व्याख्या करना मानों कुछ सार ही न हो।

Explainable-ऐक्स्-प्लेनेब्ल्-*adj.* that may be explained. व्याख्या करने योग्य।

Explainer-ऐक्स्-प्लेनर् - *n.* one who makes an explanation. व्याख्या करनेवाला।

Explanation-ऐक्स्-प्लेनेशन्-*n.* act of explaining. व्याख्या, भाष्य, टीका।

Explanatory-ऐक्स् - प्लेनें-टरि- *adj.* containing explanations, serving to explain. व्याख्यात्मक।

Expletive-ऐक्स्'-प्लि-टिव्-*adj. & n.* serving to fill up, a filling word, oath. पूरक, पूर्ण करनेवाला शब्द, शपथ; **Expletory** (-ट-रि)-*adj.* serving to fill up. पादपूरक, पूर्ण करनेवाला।

Explicable-ऐक्स्-प्लिकें-ब्ल् - *adj.* admitting explanation. व्याख्याके योग्य; **Explicableness** (-नेस्)-*n.* the quality of being explicable. व्याख्या करने की योग्यता।

Explicate-ऐक्स्-प्लिक्-एट्-*v. t.* to unfold, to explain, to interpret. व्याख्या करना, स्पष्ट करना।

Explicit-ऐक्स्-प्लि-सिट्-*adj.* plain in language, clear, express. स्पष्ट, व्यक्त, स्फुट; **Explicitly** (-लि)-*adv.* clearly. स्पष्ट रूप से; **Explicitness** (-नेस्)-*n.* the quality of being explicit, clearness of expression. स्पष्टता।

Explode-ऐक्स्-प्लोड्'-*v. t. & i.* to cause to blow up, to bring into disrepute, to burst with a loud report. उड़ा देना, निन्दा करना, धड़ाके से फटना।

Exploit-ऐक्स्-प्लॉ - इट् - *n.* a heroic achievement, a feat. पराक्रम, अद्भुत कार्य; - *v. t.* to turn to use, to work up, to make gain at the cost of others. व्यवहार में लाना, काम उठाना; **Exploitation** (-ए'-शन्)-*n.* act of using for selfish purpose. स्वार्थ के लिये प्रयोग।

Exploration-ऐक्स्-प्लोर्-ए'-शन् - *n.* a thorough research. अन्वेषण, जिज्ञासा।

Explore-ऐक्स्-प्लोर् - *v. t.* to search or examine thoroughly, to enquire into. अन्वेषण करना, अनुसन्धान करना, खोजना, ढूँढ़ना; **Explorer** (-अर्)-*n.* one who or that which explores. ढूँढ़नेवाला, अन्वेषण करनेवाला।

Explosion-ऐक्स्-प्लो'-ज़न्-*n.* a violent out burst. विस्फोट, धड़ाका।

Explosive-ऐक्स्-प्लोस्'-इव्'-*adj.* tending to cause explosion. शीघ्रदाह्य, शीघ्र उड़नेवाला; -*n.* anything liable to explode. धड़ाके से फटनेवाला पदार्थ; **Explosively** (-लि)- *adv.* in an explosive manner. धड़ाके के साथ; **Explosiveness** (-नेस्) -*n.* having the quality to explode. विदारणशीलता, विस्फोटकता।

Exponent-ऐक्स्-पो'-नेन्ट्-*n.* one who explains or points out, an expounder, an index in Algebra. व्याख्या करनेवाला, अर्थ-प्रदर्शक, बीजगणित का अंक।

Export-ऐक्स् - पोर्ट' - *v. t.* to carry or send goods to another country. परदेश में माल ले जाना या भेजना; - *n.* exported article. बाहर भेजा हुआ माल; **Exportable** (-ऐ-ब्ल्)-*adj.* that may be exported. बाहर भेजने योग्य; **Exportation** (-ऐ-शन्)-*n.* the act of exporting. विदेश में माल भेजने की क्रिया, निर्यात।

Exporter-ऐक्स्-पोर्टर्-*n.* one who exports. परदेश में माल भेजनेवाला।

Expose-ऐक्स् - पोज़् - *v. t.* to lay open, to deprive of cover, to explain, to put into danger, to subject a photographic plate to light. वस्त्रहीन करना, खोलना, उघाड़ना, व्याख्या करना, आपत्ति में डालना, फोटो के प्लेट पर प्रकाश डालना; **Exposed** (-ड्) - *adj.* unprotected, shelterless. अरक्षित, आश्रयहीन, खुला हुआ।

Exposition-ऐक्स्-पॅ- ज़िशन् - *n.* description, commentary, interpretation, explanation. विवरण, स्पष्टीकरण, व्याख्या।

Expositor--ऐक्स्-पॅ ज़िटर्-*n.* one who explains. अर्थ-प्रकाशक।

Expostulate-ऐक्स्-पॉस्-ट्यु-लेट्-*v.i.* to remonstrate, to discuss. भर्त्सना करना, झिड़कना, तर्क करना; **Expostulation** (-ले'-शन्)-*n.* remonstrance. भर्त्सना, प्रतिवाद; **Expostulatory** (-अरि)-*adj.* containing remonstrance. भर्त्सना या प्रतिवाद पूर्ण।

Exposure-ऍक्स्-पोज़र् - *n.* act of exposing, subjection to sun or wind, openness to danger. प्रकाशकरण, धूप-या वायु के प्रभाव में अवस्थान, विपद्ग्रस्तता ।

Expound-ऍक्स्-पाउन्ड्'-*v. t.* to explain, to interpret. व्याख्या करना, समझाना; **Expounder** (-अर्) - *n.* one who explains. व्याख्या करनेवाला ।

Express-ऍक्स्-प्रेस्-*adj.* exact, definite, clear. ठीक, स्पष्ट, निश्चित;-*v. t.* to squeeze out, to utter, to write, to state one's opinion. निचोड़ना, व्यक्त करना, लिखना, मत प्रकट करना; -*n.* a messenger, a fast train. दूत, द्रुतगामी रेलगाड़ी; -*adv.* directly, with speed. तेजी के साथ;**Expressed** (-ड्)-*adj.* squeezed, related. निचोड़ा हुआ, सूचित; **Expressible** (-सि-बल्) -*adj.* able to be expressed. निचोड़ने योग्य, वर्णन करने योग्य ।

Expression-ऍक्स्- प्रेशन् - *n.* the act of representing, declaration, look, peculiar manner of utterance. वर्णन, कथन, आकृति, वाक्यशैली; **Beyond expression** (not describable.) अकथनीय ।

Expressive-ऍक्स्-प्रेस्' - इव् - *adj.* serving to express, significant. सूचक, दर्शक; **Expressively** (-इव्-लि)-*adv.* in an expressive manner. स्पष्ट रूप से; **Expressiveness** (-इव्-नेस) -*n.* the quality of being expressive. स्पष्टता; **Expressly** (-लि)-*adv.* in an expressive manner. स्पष्ट रूप से ।

Exprobration-ऍक्स्-प्रो-ब्रे-शन्-*n.* reproachful language. गाली के वाक्य ।

Expugn-ऍक्स्-प्यून्'-*v. t.* to conquer. जीतना; **Expugnable** (-ऍ-बल्) - *adj.* that may be conquered. जीतने योग्य ।

Expulsion-ऍक्स्-पल्शन्-*n.* act of expelling, banishment. बहिष्कार, निर्वासन, निष्कासन; **Expulsive** (-सिव्)-*adj.* serving to expel. निकालनेवाला, निकालने योग्य ।

Expunction-ऍक्स्-पङ्क्'-शन्- *n.* the act of expunging, erasure. विलोपन, मिटाव ।

Expunge-ऍक्स्-पञ्ज्' - *v. t.* to wipe out, to blot out, to efface, to omit. मिटाना, पोंछना, हटाना, छोड़ना ।

Expurgate-ऍक्स्-पर्-गेट् - *v. t.* to cleanse, to purify by removing away objectionable matter. परिष्कार करना, मल हटाकर शुद्ध करना; **Expurgation** (-गे-शन्)-*n.* act of expurgating. पवित्रीकरण; **Expurgator** (-गे-टर्)-*n.* one who expurgates. पवित्र करनेवाला ।

Exquisite-ऍक्स्-क्वि-जिट् - *adj.* of great excellence, select, acute, keen, fastidious, delicate. अत्युत्तम, विशिष्ट, उत्कृष्ट, सुन्दर, कोमल; **Exquisitely**(-लि)-*adv.* in an exquisite manner. सुन्दरता या उत्तमता से; **Exquisiteness** (-नेस) - *n.* the quality of being exquisite, acuteness. उत्तमता, विशिष्टता, सुन्दरता ।

Exsanguine-ऍक्स्-साँङ्ग्-ग्विन् - *adj.* lacking blood. रक्तहीन ।

Exscind-ऍक्सिन्ड्-*v. t.* to cut off. काट डालना या काटकर अलग करना ।

Exsect-ऍक्-सेक्ट्-*v. t.* to cut out, to cut away. काट डालना ।

Extant-ऍक्स्'- टैन्ट् - *adj.* existing. विद्यमान, वर्तमान ।

Extemporaneous-ऍक्स्-टॅम्प-रे - नि - अस्-*adj.* hastily done. तत्क्षण कृत, तुरत किया हुआ; **Extemporaneousness** -रे'-नि-अस् -नेस्-*n.* the quality of being extemporaneous. शीघ्रता ।

Extemporary-ऍक्स्- टॅम्पर' - रि - *adj.* done extempore. सहसा किया हुआ ।

Extempore-ऍक्स्' - टॅम्प - रि - *adv.* without previous preparation, suddenly. पूर्व कल्पना बिना, एकाएक;-*adj.* (ऍक्स्-टॅम्पोर) - offhand. तात्कालिक; **Extemporize** (-प-राइज़्)-*v. t.* to compose extempore. तत्काल लिखना ।

Extend-ऍक्स्-टॅन्ड्'-*v. t. & i.* to enlarge, to expand or dilate, to prolong, to spread out, to stretch. विस्तृत करना, बढ़ाना, फैलाना, फैलना।

Extensile-ऍक्स्-टॅन्' - साइल् -*adj.* capable of being stretched. फैलाने योग्य ।

Extension-ऍक्स्-टॅन्शन् - *n.* extent, enlargement. विस्तार, वृद्धि, व्याप्ति, विपुलता ।

Extensive-ऍक्स्-टॅन्सिव्-*adj.* of great exten comprehensive. विस्तृत, चौड़ा, बड़ा; **Extensively** (-सिव्-लि)-*adv.* to a great extent, widely. विस्तृत रूप में; **Extensiveness**(-सिव्-नेस्) -*n.* the quality of being extensive. फैलाव, विस्तार।

Extensor-ऍक्स्-टॅन्सर् - *n.* a muscle which serves to extend a part of body. शरीर के किसी अंग को फैलानेवाली पेशी ।

Extent-ऍक्स्-टॅन्ट्'-*n.* space, range, scope. विस्तार, पहुँच, प्रसार, अवसर; **To a great extent** (much, greatly.)अति,बहुत; **To some extent** (somewhat.) कुछ, थोड़ा; **To such extent** (somuch.) इतना; **To the fullest extent** (always.) सर्वदा ; **To what extent** (how much ?) कितना ?

Extenuate-एँक्स्-टे'नू'-यु-एट् *-v. t.* to diminish, to lessen, to weaken the force of. अल्प करना, शक्ति कम करना; **Extenuation** (-ए'-शन्)*-n.* the act of growing thin. लघुकरण, घटाव ।

Exterior- एँक्स् -टीरिअर्*-adj.* outer, external. बाह्य, बाहरी;*-n.* outward aspect. बाह्य रूप, बाहरी भाग; **Exteriority** (-ऑरिटि)*-n.* externality, superficies. बाहरीपन ।

Exterminate-एँक्स्-टर्'-मिन्- एट् *-v. t.* to root out. जड़ से उखाड़ देना (सर्वनाश करना); **Extermination** (-ए'-शन्)*-n.* total destruction. उजाड़, नाश; **Exterminator** (-ए-टर्)*-n.* one who exterminates. नाश करनेवाला ।

External-एँक्स्- टर्नल् *-adj.* exterior, situated outside, outward, accidental. बहि:स्थित, बाहरी,अचानक;**Externality**(-इटि)*-n.* the state of being external. बहिर्भाव ; **Externalize** (-आइज़्)*-v. t.* to show outward aspect. बाहरी आकृति दिखलाना; **Externally** (-लि)*-adv.* out wardly, visibly. बाहर से, दिखावट में; **Externals** (-अल्ज़्)*-n.* the outward parts. बाहरी भाग ।

Extersion-एँक्स्-टर्'-शन्*-n.* act of wiping or rubbing. पोंछने या रगड़ने का कार्य ।

Extinct-एँक्स्-टिङ्क्ट्'*-adj.* no longer existing, extinguished,quenched, obsolete. अप्रचलित, बुझा हुआ, मृत; **Extinction** (-टिङ्क्'-शन्)*-n.* the act of extinguishing, suppression. बुझाना, नाश, अन्त; **Extinctive**(-इव्)*-adj.* able to extinguish. बुझने योग्य ।

Extinguish-एँक्स्-टिङ्ग्-ग्विश्*-v. t.* to put out, to suppress, to annihilate, to wipe out. बुझाना, दबाना, नष्ट करना, पोंछना; **Extinguished** (-ड्) - *adj.* destroyed, suppressed. नष्ट, क्षीण; **Extinguisher** (-अर्) *-n.* one who extinguishes. बुझानेवाला; **Extinguishment** (- मेन्ट्) *-n.* the act of extinguishing. नाश, संहार, क्षय ।

Extirpate-एँक्स्'-टर्प-एट् *-v. t.* to root out, to destroy totally. जड़ से उखाड़ना, नाश करना; **Extirpation** (-ए'-शन्)*-n.* the act of rooting out, excision. नाश; **Extirpator** (-ए'-टर्) *-n.* one who roots out. उखाड़नेवाला ।

Extol- एँक्सटोल *-v. t.* (*p. t.* **Extolled.**) to praise highly, to magnify. प्रशंसा करना, बढ़ाकर कहना; **Extoller** (-अर्)*-n.* one who praises or magnifies. प्रशंसा करनेवाला, बढ़ानेवाला ।

Extort-एँक्स्-टॉर्ट्'*-v.t.* to obtain by violence. बलपूर्वक लेना, छीनना ; **Extortion** (-टॉर्शन्) *-n.* illegal exaction. लूट, बलात्कार ; **Extortioner** (-अर्)*-n.* one who practises extortion. खींचने या लूटनेवाला ।

Extra- एँक्स्-ट्रा *-adv., adj. & n.* additional, more than usual, in addition to fixed charge. अधिक, भिन्न, अतिरिक्त; in *comb.* situated on the outside of a thing. 'उपसर्ग' की तरह प्रयुक्त होने पर इसका अर्थ "किसी पदार्थ के बाहर" होता है; **Extra cosmical** (outside the universe.) विश्वमण्डल के बाहर; **Extra official** (not within official limits.) अतिरिक्त अधिकारवाला ।

Extract- एँक्स् -ट्रॅक्ट्' *-v. t.* to draw out, to take by force, to deduce, to distil. खींचना, हठपूर्वक लेना, अर्क खींचना, सार निकालना; *-n.* (एँक्स्'-ट्रॅक्ट्) essence, quotation. सत्त्व, संग्रह, संक्षेप; **Extractible** (-इ-बल्) *-n.* that may be extracted. सार या सत्त्व निकालने योग्य;**Extraction** (-ट्रॅक्शन्) *-n.* the act of extracting, descent. निस्सारण, वंश, कुल; **Extractive** (-इव्)*-adj.* serving to extract. निकालनेवाला; **Extractor** (-टर्)*-n.* he who or that which extracts. खींचने या निकालनेवाला ।

Extraneous-एँक्स्-ट्रे नि'-अस्*-adj.* of external origin, not essential, foreign. विदेशी, असम्बद्ध, भिन्न ; **Extraneously** (-लि) *-adv.* in an external manner. बहिर्भाव से,बाह्यता से; **Extraneousness** (-नेस्) *-n.* the quality of being external or foreign. परायापन ।

Extraordinarily-एँक्स्'-ट्रा- आर्डिनरिलि*-adv.* in a manner beyond ordinary. अपूर्वता से, विचित्रता से ; **Extraordinariness** (-रि-नेस्) *-n.* uncommonness. विलक्षणता, विचित्रता ।

Extraordinary- एँक्स्'- ट्रा-ऑर्डिनरि *-adj.* unusual, wonderful, exceptional, surprising, remarkable, rare. असाधारण, असामान्य, अद्भुत, विलक्षण ।

Extravagance-एँक्स्- ट्रॅव्'- ॲ-गन्स्*-n.* excess, irregularity. अतिशय, अति व्यय ।

Extravagant- एँक्स्- ट्रॅव्' -ॲ-गॅन्ट् *-adj.* immoderate, excessive, exorbitant, profuse, wasteful. अमितव्ययी, लुटाऊ, मुक्तहस्त; **Extravagantly** (-लि) *-adv.* in an extravagant manner.अतिव्यय से;**Extravagantness** (-नेस्) *-n.* extravagance. अमितव्यय, अमिताचार ।

Extreme-एँक्स्-ट्रीम्' *-adj.* outermost, remote, last, most pressing, excessive. सबसे बाहरी, सबसे दूर का, अन्तिम, अति, अत्यावश्यक; **Extremely** (-लि)*-adv.*in the utmost degree. अत्यन्त, बहुत ; **Extremeness** (-नेस्) *-n.*

violent nature. कर्कश प्रकृति; In the extreme (fully.) पूर्ण रूप से।

Extremism-ऍक्स्-ट्रीम्'-इज़्म् -*n.* revolution. विप्लव; Extremist (-इस्ट्)-*n.* a revolutionist. विप्लववादी।

Extremity -ऍक्स्-ट्रीमिटि-*n.* the utmost limit, the end. छोर, परम अवधि, सीमा; (*pl.* -ies.) thing as remote as possible. बहुत ही दूर की वस्तु।

Extricable- ऍक्स्'-ट्रिकें-बल्-*adj.* that may be extricated or disentangled. विमुक्त करने योग्य।

Extricate- ऍक्स्'- ट्रिकेट्' -*v. t.* to release, to disentangle, to set free, to send out. विमुक्त करना, निस्तार करना, निकालना, भेजना; **Extrication** (-ऍ-शन्) -*n.* act of extricating. निस्तार, मुक्ति, उद्धार।

Extrinsic-ऍक्स्-ट्रिन्'-सिक्-*adj.* lying outside, not essential. बाहरी, अनावश्यक; **Extrinsically** (-अल्-लि) -*adv.* in an extrinsic manner. अनावश्यक रूप में, बाहर से।

Extrude-ऍक्स्- ट्रूड्'-*v. t.* to expel, to thrust out. बाहर निकालना, ढकेलना; **Extrusion** (-ट्रू'-ज़न्) - *n.* the act of extruding or thrusting out. निष्कासन।

Exuberance - ऍक्स् - यू' - बर् - ऑन्स् - *n.* overgrowth. प्रचुरता, आधिक्य।

Exuberant- ऍक्स्- यू'- बर्- ऑन्ट् -*adj.* overflowing, abounding, growing luxuriantly abundant. समृद्ध, परिपूर्ण, हरा-भरा; **Exuberantly** (-लि)-*adv.* in great plenty. प्रचुरता से।

Exuberate-ऍक्स्'-यू-बर्-एट्'-*v. t.* to abound. प्रचुर होना, बढ़ना।

Exudation-ऍक्स्-युडेशन्' -*n.* the act of exuding. स्वेदस्राव, उद्गमन।

Exude- ऍक्स्- यूड्'-*v. t.* to ooze out as sweat. पसीने की तरह रसकर बहना।

Exult- ऍग्ज़ल्ट्' -*v. t.* to rejoice exceedingly, to triumph. अत्यन्त आनन्दित होना, अति प्रसन्न होना; **Exultant** (-ऑन्ट्)-*adj.* triumphantly rejoicing. प्रमुदित, परम प्रसन्न; **Exultation** (-ए-शन्) -*n.* rapturous delight, triumph. परम आनन्द, परम हर्ष (हुलास); **Exultingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in an exulting manner. आनन्द सहित।

Exuviae- ऍ-ग्ज़्-यू'-व्रि- ई-*n. pl.* animal's cast off skins. केंचुल, पशु के शरीर की झरनेवाली झिल्ली; **Exuvial** (-अल्) -*adj.* containing exuviae. केंचुल-युक्त; **Exuviate** (-एट्')-*v. i.* to shed slough. केंचुली निकालना या फेंकना।

Eyas- आइ' - अस् -*n.* an untrained young hawk. बाज का अशिक्षित बच्चा।

Eye-आइ-*n.* the organ of sight, power of seeing, presence, a small hole, anything like an eye, sprout of a plant. चक्षु, दृष्टि की क्षमता, छोटा छिद्र, नेत्र के सदृश पदार्थ, अँखुआ;-*v.t.* to look on, to observe keenly. देखना, निरीक्षण करना; **Eyeball** (the apple of the eye.) आँख की पुतली; **Eyebeam** (glance of eye.) दृष्टिपात; **Eyebrow** -*n.* the hairy arch above the eye. भ्रू, भौंह; **Eye-drop**(tears.)आँसू; **Eye for eye** (retaliation.) बदला; **Eyeglass** (glass for assisting sight.) उपनेत्र, चश्मा; **Eyelash** (the line of hair on the edge of the eyelid.) बरौनी; **Eyeless** (without eyes.) नेत्रहीन; **Eyelet** (loophole.) वस्त्र इत्यादि में लगाने की धातु की छुच्छी; **Eyelid** (cover of the eye.) पलक; **Eye of day** (the sun.) सूर्य; **Eye of needle** (hole of the needle.) सूई का छेद; **Eye-pupil** (pupil of eye.) आँख का तारा; **Eye-reach** (glance of eye.) दृष्टिपथ; **Eye-salve** (ointment for eyes.)सुरमा, अंजन; **Eyeshot** (range of vision.) नङ्गी आँख से देख पड़ने तक की दूरी; **Eyesight**-*n.* vision. दृष्टि; **Eyesore** (some, thing offensive to the eye.) आँख का काँटा, चक्षुरोग; **Eye-tooth** (canine tooth.) नुकीला दाँत; **Eye-wash** (lotion for eyes.) आँख धोने की औषधि; **Eye-wink**(winking of eyes.) कटाक्ष; **Eye-witness** (one who has seen a thing being done.) प्रत्यक्ष साक्षी; **In the eyes of** (in the presence of.) समक्ष, सामने; **In the mind's eye** (in an imaginary way.) ज्ञानचक्षु द्वारा; **In the wind's eye** (against the wind.) वायु के विपरीत; **Mind your eye** (be careful.)सावधान रहो; **To cry one's eyes out** (to weep bitterly.) फूट-फूटकर रोना; **To keep eye on** (to watch.) सतर्क होकर देखना; **To set the eyes on** (to see.) दृष्टि डालना, देखना।

Eye.

Eyot-एट्-*n.* a small island. छोटा टापू।

Eyre - ऍयर् - *n.* a journey, a circuit court, यात्रा, दौरे की अदालत।

Eyrie-आइरि-*n.* the nest of a bird of prey. शिकारी चिड़िया का घोंसला।

F-ऐफ़्- the sixth letter of the English and Latin alphabet, the fourth note of the natural diatonic scale. अँगरेज़ी या रोम की वर्णमाला का छठा अक्षर, गायन में चौथा सुर।

Fa-फ़ा-*n.* the fourth note of an octave. सप्तक का चतुर्थ स्वर (अर्थात् मध्यम)।

Fabaceous-फ़-बे'-शस्-*adj.* like a bean. सेम की तरह की।

Fabian-फ़े'-वि-अन्-*adj.* practising dilatory policy, awaiting opportunity. टालटूल का आदतवाला, दीर्घसूत्री, अवसरकी प्रतीक्षा करनेवाला।

Fable-फ़े'-बल्-*n.* a fictitious or narrative story. कल्पित कथा, कहानी (झूठी कथा);-*v. t. & i.* to tell fictitious tales, to tell falsehoods, to feign. झूठी बात कहना, झूठ बोलना, बहाना करना; **Fabled**(-ड्-)*adj.* celebrated in fables. कथा में वर्णन किया हुआ, झूठा; **Fabler** (-ब्लर्) -*n.* writer of fables. कथा-लेखक, कहानी लिखनेवाला।

Fabric-फ़ैब्रिक्--*n.* a structure, an edifice, construction, woven material or structure, tissue. रचना, भवन, गृह, निर्माण, बुना हुआ वस्त्र, कपड़ा।

Fabricate-फ़ैब्रिकेट्-*v. t.* to construct, to manufacture, to devise falsely. निर्माण करना, बनाना, जाल रचना; **Fabrication** (-ए-शन्) -*n.* construction, manufacture, falsehood, forgery. गठन, रचना, झूठी बात, जालसाज़ी; **Fabricator** (-ए-टर्)-*n.* an inventor of false stories. झूठी कहानी गढ़नेवाला।

Fabulist-फ़ैब्'-यु-लिस्ट् - *n.* a composer of fables, a liar. कहानी लिखनेवाला, मिथ्यावादी मनुष्य।

Fabulous-फ़ैब्'-यु-लस्-*adj.* fictitious, false. कृत्रिम, काल्पनिक, झूठा; **Fabulously** (-लि) -*adv.* in a fabulous manner, fictitiously. कल्पना के रूप में; **Fabulousness**(-नेस्)-*n.* the quality of being fabulous, fictitious nature. मिथ्या कल्पना, झूठापन।

Facade-फ़ेसाड्'-*n.* the exterior or front part of a building. महल का (सड़क की ओर का) बाहरी भाग।

Face-फ़ेस्-*n.* the front part of head, outside appearance, aspect, look. मुख, वाह्य आकृति, दृष्टि; -*v. t.* to meet in front, to resist, to smooth the surface of. सम्मुख होना, विरोध करना, सामना करना, समतल करना; **Face value** (nominal value.) नाममात्र का मूल्य; **In face of** (against.) विपरीत; **In one's face** (in front of.) सम्मुख; **In the face of** (in defiance of.) अवज्ञा-पूर्वक; **To accept one's face** (to show favour.) कृपा दिखलाना ; **To face down** (to oppose impudently.) धृष्टता से विरोध करना; **To fly in the face of** (to set oneself directly against.) प्रत्यक्ष रूप में विरोध करना; **To know one's face** (to come in front.) प्रादुर्भूत होना, सामने आना; **To look in the face** (to perplex.) घबड़ा देना; **To make faces** (to distort face.) मुँह बिराना।

Facet-फ़ैसिट्-*n.* the plane surface of a crystal, a little face. नगीने का पहल, छोटा चेहरा।

Facetious- फ़े- सी' शस् - *adj.* witty, jocose, humorous. ठिठोलिया, मसखरा; **Facetiously** (-लि)-*adv.* in a humorous way. मसखरेपन से; **Facetiousness** (-नेस्)- *n.* humour, witticism. हँसी, विनोद।

Facial-फ़े'-शल्-*adj.* relating or pertaining to the face. मुख-सम्बन्धी; **Facially** (-लि) -*adv.* face to face. आमने सामने।

Facile-फ़ै-साइल्-*adj.* affable, yielding, pliant, easily persuaded. सुगम, सहज, अनुकूल (सरल); **Facileness**(- नेस्) -*n.* easiness. सरलता।

Facilitate-फ़ै-सिलिटेट्-*v.t.* to lessen difficulty, to make easy or less difficult. निर्विघ्न करना, सुगम बनाना; **Facilitated** (-एड्)-*adj.* made less difficult. निर्विघ्न, सहज; **Facilitation** (-ए-शन्) -*n.* the act of facilitating, making easy. निर्विघ्नता, सुगमता।

Facility-फ़ै-सिलि'- टि - *n.* (*pl.* **Facilities**) ease, dexterity, aptitude, affability. सरलता, दक्षता, अनुकूलता, मिलनसारी।

Facing-फ़े सिङ्ग्-*n.* a coating, fronting. अञ्चल, आवरण, किसी वस्तु का अग्रभाग।

Facsimile-फ़ैक्-सिमिलि -*n.* an exact copy or representation of writing, picture &c. प्रतिलिपि, ठीक नमूना या नकल; **Facsimilist** (-इस्ट्)-*n.* one who makes an exact copy. प्रतिलिपि (ठीक नमूना) बनानेवाला।

Fact-फ़ैक्ट्-*n.* anything done, deed, assertion, truth, reality. कार्य, कृति, दृढ़ कथन, सचाई, यथार्थता; **As a matter of fact** (in reality.) सचमुच; **In fact** (really, truly.) वस्तुतः।

Faction-फ़ैक्शन्-*n.* an association of persons acting together (in bad sense), tumult, clique, dissension. दल (पक्ष, विरोध), हलचल, बलवा; **Factional** (-अल्) -*adj.* of a member of a faction. विरोध पक्ष का।

Factionary-फ़ॅक्शन -रि - *n.* member of a faction. बलवाई ।

Factious-फ़ॅक्शस्-*adj.* turbulent, disloyal. कलहप्रिय, अराजक, बलवाई ; **Factiousness** (-नेस्)-*n.* tendency to oppose. विरोधी प्रकृति, कलहप्रियता ।

Factitious--फ़ॅक्-टिश्'-अस्-*adj.* conventional, artificial. प्रचलित, कृत्रिम; **Factitiously** (-लि) *adv.* in a conventional manner. बनावटी रूप में या ढंग से ; **Factitiousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being artificial. कृत्रिमता ।

Factitive-फ़ॅक्टिटिव्-*adj.* of a verb which takes an object and a complement, causative. एक कर्म तथा एक पूरक लेनेवाले धातु से सम्बधित।

Factor-फ़ॅक्टर्-*n.* a commercial agent, a deputy, a component part of a number. नियोगी, प्रतिनिधि, अढ़तिया, भाज्य (खण्ड); **Factorial** (-टोरिअल) -*n.* pertaining to a factor. भाज्य-सम्बन्धी; **Factorize** (-आइज़्)-*v. t.* to reduce into factors. खण्ड करना ।

Factory-फ़ॅक्टरि-*n.* (*pl.* Factories) a manufactory, a workshop. शिल्पशाला, कारखाना; **Factory hand** (a worker in a factory.) कारखाने में काम करनेवाला मनुष्य ।

Factotum-फ़ॅक्-टो'-टम् -*n.* one who is employed to do all sorts of work for another, a confidential servant. सब प्रकार का काम करनेवाला नौकर, विश्वस्त अनुचर या सेवक ।

Facula-फ़ॅक्-यू-ला-*n.* (*pl.* Faculae-लि) a bright spot on the surface of the sun. सूर्य पर का चमकता चिह्न (धब्बा) ।

Faculty-फ़ॅकल्टि - *n.* (*pl.* Faculties.) inherent power in a body or organ, power to act, power of the mind, department of a University, special power, privilege, licence. आन्तरिक शक्ति (प्रभाव), सामर्थ्य (अधिकार), मन की शक्ति, विश्वविद्यालय का विभाग, विशेषाधिकार, सुविधा, अनुज्ञा ।

Facundity-फ़ॅ-कन्'-डि-टि-*n.* eloquence, ready speech. वक्तृत्व शक्ति, प्रस्तुत भाषण ।

Fad-फ़ॅड्-*n.* hobby, craze. धुन, झक; **Faddish** (-डिश्),**Faddy** (-डि) -*adjs.* prone to be crazy. धुनवाला, झक्की; **Faddishness**(-डिश्'-नेस्)-*n.* the act of being crazy. झक्कीपन ।

Fade-फ़ेड्-*v. i.* to droop, to wither, to lose freshness, to perish gradually, to vanish, to disappear gradually. मुरझाना, धीरे-धीरे लुप्त होना, क्षीण होना, फीका पड़ना; **Faded**(- एड्) -*adj.* insipid, weak. फीका, दुर्बल; **Fadingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a fading manner. मुरझाते हुए; **To fade from memory** (to disappear from memory.) स्मृति से निकल जाना, भूल जाना ।

Fadge—फ़ॅज्-*n.* a bundle of leather or sticks or wool. चमड़े या लकड़ियों या ऊन की गठरी; -*v. i.* to fit, to agree. योग्य होना, अनुकूल होना; -*v. t.* to turn out. निकाल देना ।

Fading-फ़ेड्'-इङ्ग्-*n.* loss of freshness. म्लानता; -*adj.* losing freshness. मुरझाता हुआ ।

Faecal-फ़ीकल्-*adj.* pertaining to faeces. मल या विष्ठा सम्बन्धी ।

Faeces-फ़ी-सीज़्--*n. pl.* the excrements of the bowels. विष्ठा, मल ।

Faffle--फ़ॅफ़्'-फ़ल्-*v. i.* to stammer. हकलाकर बोलना, हकलाना ।

Fag-फ़ॅग्-*v. i. & t.* to feel or make weary, to work hard. थकना या थकाना, परिश्रम करना; -*n.* a slave. दास; **Faggery** (-गर्-इ) -*n.* drudgery थकानेका कार्य; **The fag end** (the latter part of any thing.) शेष भाग, अन्तिम भाग ।

Faggot, Fagot -फ़ॅगट् - *ns.* bundle of sticks used for fuel. ईंधन के उपयोग की लकड़ी का गट्ठा; -*v. t.* to bind in faggots. ऐसा गट्ठा बाँधना।

Fahrenheit-फ़ारन्-हाइट्-*n.* the name used for a thermometer in which the freezing point is represented by 32^0 and boiling point by 212^0. एक प्रकार का गर्मी-सर्दी नापने का यन्त्र (थर्मामिटर) ।

Fail-फ़ेल्--*n.* failure, hindrance. अवरोध, असफलता, रुकावट;-*v. i. & t.* to die, to decay, to be unsuccessful, to disappoint. कम होना, नष्ट होना, असफल होना, हताश करना; **He failed to come** (he did not come.) वह आया नहीं; **His heart failed him** (he lost his courage.) उसका धैर्य छूट गया; **Without fail** (certainly.) अवश्य; **Words fail me** (I am unable to describe.) मैं ठीक-ठीक वर्णन नहीं कर सकता ।

Failing-फ़ेल्-इङ्ग्-*n.* failure, weakness, fault, defect. असफलता, दुर्बलता, अवगुण, न्यूनता; **Failingly** (-लि)-*adv.* in a failing way. चूकते हुए, असफल रूप में या ढंग से ।

Failure-फ़े'-ल्योर्-*n.* non-performance, omission, want of success, bankruptcy. कार्य का न होना, न्यूनता, असफलता, दिवालियापन ।

Fain-फ़ेन्-*adj. & adv.* with pleasure, gladly. आनन्द-सहित, प्रसन्नतापूर्वक ।

Faint-फ़ेन्ट्-*adj.* wanting in strength, fading, not bright, exhausted, hardly able to be heard. शक्तिहीन, मुरझाया हुआ, धुन्ध (निस्तेज),

शिथिल, कठिनता से सुनने योग्य; *-v. i.* to lose courage, to swoon. शिथिल होना, मूर्छित होना; **Faint-hearted** (easily yielding to fear.) कायर, डरपोक ।

Fainting-फ़ेन्ट्-इङ्ग्-*n.* falling into a swoon. मूर्छा;*-adj.* swooning. मूर्छित ।

Faintish-फ़े न्टिश् - *adj.* somewhat faint. कुछ धूमिल रङ्ग का ।

Faintly-फ़ेन्ट्'-लि-*adv.* in a feeble manner. थोड़े वल से; **Faintness** (-नेंस्)-*n.* feebleness. दुर्वलता, फीकापन ।

Fair-फ़ेअर्-*adj.* bright and clear, pure, beautiful, handsome, satisfactory, abundant, moderately good, equitable, candid, favourable, gentle, prosperous, frank, honest. चमकीला और स्वच्छ, शुद्ध, सुन्दर, सन्तोषजनक, प्रचुर, साधारण रूप में अच्छा, न्याययुक्त, स्पष्ट, अनुकूल, नम्र, सुखी, सच्चा, ईमानदार;*-n.* periodical market for sale of goods. मेला (हाट); *-adv.* gently, frankly, courteously. नम्रता से; सच्चाई से, शिष्टता से; **A fair fight** (just encounter.) धर्मयुद्ध; **By fair means** (honestly.) ईमानदारी के साथ; **Fair and square** (honest.) ईमानदार; **Fair day** (bright day.) सुदिन; **Fair-minded** (impartial.) अपक्षपाती; **Fair-play** (even-handed justice.) सब के लिए बराबरी का व्यवहार; **Fair-spoken** (using gentle speech.) मीठा बोलनेवाला; **The fair sex** (female sex.) स्त्री जाति; **To bid fair** (to be likely.) सम्भव होना ।

Fairing-फ़ेअर्'-इङ्ग्-*n.* a present which is bought at a fair. मेले में खरीदी हुई सौगात, उपहार ।

Fairly-फ़ेअर्'-लि-*adv.* justly, neatly, clearly. न्यायपूर्वक, स्वच्छता से; **Fairness** (-नेंस्)-*n.* the quality or character of being fair. सुन्दरता, शोभा ।

Fairy-फ़ेअरि-*n.* (*pl.* Fairies) a small supernatural being of graceful human form. अप्सरा, परी; *-adj.* fairy-like, unreal. अप्सरातुल्य, असत्य; **Fairyland** (the abode of fairies.) परियों का देश; **Fairy-rings** (circles in the fields caused by funguses.) घास के मैदान में गहरे रङ्ग के गोल धब्बे ।

Faith-फ़ेथ्'-*n.* reliance, trust, confidence, fidelity, religious belief. निर्भरता, विश्वास, श्रद्धा, भक्ति, धार्मिक निष्ठा; **In good faith** (honestly.) ईमानदारी से, सचाई से ।

Faithful-फ़ेथ्-फ़ुल्-*adj.* loyal in one's faith or belief, trustworthy, true. राजभक्त, विश्वसनीय, बात का पक्का, सच्चा; **Faithfulness** (-नेंस्)-*n.* fidelity, loyalty, truth. विश्वस्तता, भक्ति, सत्यता; **Faithfully** (-फ़ुल्-लि)-*adv.* in a faithful manner. भक्तिपूर्वक, निष्कपट ।

Faithless-फ़ेथ्-लेंस् - *adj.* destitute of faith, disloyal. भक्तिहीन, अविश्वासी, अराजक, (व्यभिचारिणी); **Faithlessly** (-लि)-*adv.* in a faithless manner. अविश्वास से; **Faithlessness** (-नेंस्) *-n.* the quality of being faithless. अविश्वास, अभक्ति ।

Fake-फ़ेक्-*n.* a coil of rope, a cheat. रस्से की गेंडुरी, बेईमान आदमी ।

Falcate-फ़ॉल्केट्-*adj.* bent like a sickle. हँसुए की तरह घूमा हुआ ।

Falchion-फ़ॉल्शन्-*n.* a kind of short broad curved sword. मुड़ी हुई छोटी तलवार, कृपाण ।

Falciform-फ़ॉल्सि-फ़ार्म् - *adj.* shaped like a sickle. हँसुए के आकार का ।

Falcon-फ़ॉकन्-*n.* a small bird of prey trained for sport. श्येन पक्षी, बाज़; **Falconer** (फ़ॉकनर्) *-n.* one who breeds and trains hawks. बाज़ को पालनेवाला या सिखानेवाला; **Falconry** (फ़ॉकन्-रि) *-n.* the art of training hawks. बाज़ को सिखलाने की कला ।

Falderal-फ़ॉल्डरल् *-n.* (also Falderol.) a meaningless refrain. गीत की निरर्थक टेक ।

Faldstool-फ़ॉल्ड्'-स्टूल्-*n.* a camp stool. खेमे में रखने की छोटी तिपाई ।

Fall-फ़ॉल् *-v. i.* (*p. t.* Fell, *p. p.* Fallen.) to descend, to drop, to come down, to be diminished in weight or value, to come to an end suddenly, to sink to a lower level, to slope, to perish. उतरना, गिरना, नीचे आना, मात्रा या मूल्य में कम होना, मन्द होना, सस्ता होना, समाप्त होना, निम्नतर स्तर पर पहुँचना, ढुलक जाना, नाश होना; **To fall across** (to meet by chance.) अनायास भेंट हो जाना; **To fall a prey** (to become a victim.) शिकार बन जाना; **To fall away** (to pine.) दुर्बल होना; **To fall back** (to recede.) पीछे हटना; **To fall down** (to trip.) गिर पड़ना; **To fall foul** (to make an attack.) आक्रमण करना; **To fall in** (to comply.) सहमत होना; **To fall into a rage** (to become angry.) क्रुद्ध होना; **To fall in with** (to meet.) मिलना, भिड़ना; **To fall into** (to stand in lines.) पंक्ति में खड़े होना; **To fall into error** (to make a mistake.) अशुद्धि करना; **To fall off** (to withdraw.) अलग होना; **To fall on** (to attack.) आक्रमण करना; **To fall out** (to quarrel.) झगड़ा करना; **To fall short** (to be deficient.)

कम होना; To fall to (to begin.) आरम्भ करना; To fall to pieces (to crumble.) टुकड़े-टुकड़े हो जाना; To fall under (to come under.) अधीन होना; To fall within (to come within.) अन्तर्गत होना।

Fall-फ़ॉल्-*n.* act of falling, destruction, ruin, decrease in price, declivity, cataract, autumn. गिराव, नाश, सस्ती, उतार, पानी का झरना, पतझड़ का काल।

Fall-फ़ॉल्-*n.* trap. चूहेदानी।

Fallable-फ़ॉलें-ब्ल् -*adj.* liable to fall. गिरने योग्य।

Fallacious-फ़ॉले'-शस् - *adj.* deceptive and misleading. मिथ्या, भ्रमजनक; **Fallaciously** (-लि)-*adv.* in a fallacious manner. भ्रम सहित; **Fallaciousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being fallacious. भ्रम।

Fallacy-फ़ॅल-सि -*n.* (*pl.* **Fallacies**) misleading argument, error, deceptive appearance, delusion. भ्रान्ति, अशुद्धि, भ्रम, हेत्वाभास।

Fallen-फ़ॉल'-न्-see **Fall.**

Fallibility-फ़ैलिबिलिटि-*n.* liability to error. भ्रमत्व, अशुद्धि।

Fallible-फ़ॅ-लि-ब्ल्-*adj.* liable to error or mistake. भ्रमकारी; **Fallibly** (-लिब्-लि)-*adv.* in a fallible or deceptive manner. भ्रम से।

Falling-फ़ॉलिङ्ग्-*n.* that which falls down. गिरनेवाला पदार्थ; **Falling sickness** (epilepsy.) अपस्मार रोग; **Falling-star** (a meteor.) टूटता तारा।

Guard-गार्ड्-*n.* vigilant state, watch, protector, sentry, a contrivance, to prevent injury. रक्षास्थिति, चौकसी, पहरुआ, रक्षक, सन्तरी, क्षति या चोट रोकने का साधन;-*v. t.* to protect, to defend, to keep in check, to watch. रक्षा करना, बचाना, रोकना, चौकसी करना; **Guard-chain** (the chain of a watch.) जेबी घड़ी की सिकड़ी; **Guarded** (-ऍड्)-*adj.* defended, uttered with caution. सुरक्षित, सँभलकर बोला हुआ; **Guard-house** (a station or room for housing guards for detention of prisoners.) कैदियों को सुरक्षित रखने के लिए सिपाहियों के जत्थे या गारद के टिकने का स्थान या कमरा; **To be on one's guard** (to be careful.) सचेत या सतर्क रहना।

Guardian-गार्-इ'-यन्-*n.* one who takes care or protects, a defender, a warden. संरक्षक, वली; **Guardian angel** (spirit of the quarters.) लोकपाल ।

Guardianship-गार्ड्'-यन्-शिप् -*n.* the office of a guardian, protection, care. पालक का पद, रक्षण, रक्षा ।

Guardless-गार्ड्-लॅस्-*adj.* without a guard. रक्षकहीन, बिना संरक्षक का ।

Guava-ग्वा'-वा-*n.* a tropical tree and its fruit. अमरूद ।

Gudgeon-ग-जन्-*n.* a kind of fresh-water fish, the pivot on which a wheel revolves. एक प्रकार की नदी की मछली, पहिये का धुरा ।

Guebre-गी-बर्-*n.* a fire-worshipper. अग्नि-पूजक, अग्नि की पूजा करनेवाला ।

Guerdon-गर्डन् - *n.* a reward, recompense. पारितोषिक (इनाम), शुल्क ।

Guerilla, Guerrilla-ग-(-गॅ)-रिल्'-आ-*ns.* an irregular war conducted by a small party of men. थोड़े से सिपाहियों की बिना क्रम की लड़ाई; आजकल **Guerilla war** या **Guerilla warfare** शब्दों का प्रयोग होता है ।

Guess-गॅस्-*v. t. & i.* to make an estimate without detail, to form a hypothesis, to conjecture, to imagine, to solve by conjecture. विस्तार हीन अनुमान करना, अटकल लगाना, अनुमान द्वारा हल करना-*n.* a judgment without evidence. अनुमान, प्रमाणरहित निर्णय ।

Guessable-गॅस्-ऍ-बल् - *adj.* capable of being guessed. अनुमान के योग्य ।

Guesser-गॅस्-अर्-*n.* one who guesses. अनुमान करनेवाला ।

Guesswork-गॅस्'-वर्क्-*n.* a work performed by mere conjecture. केवल कल्पना के आधार पर किया गया काम ।

Guest-गॅस्ट्-*n.* one who is entertained at another's house, a person lodging at a hotel &c. अतिथि, पाहुन, मेहमान, होटल इत्यादि में ठहरनेवाला ; **Guestwise** (in the manner of a guest.) अतिथि के समान ।

Guggle--गग्'-ग्ल्-same as **Gurgle.**

Guidable-गाइडॅबल्-*adj.* that may be guided. मार्ग दिखलाने योग्य ।

Guidance-गाइड्'-ऑन्स्-*n.* direction, government. मार्ग-प्रदर्शन-विधि, नीति ।

Guide-गाइड्-*n.* one who directs the way, a conductor, that which guides, an adviser, a book of information. मार्ग-दर्शक, सहायक, उपदेशक, सूचना-दर्शक पुस्तक;-*v. t.* to go before, to lead, to conduct the affairs. अगुआ होना, मार्ग दिखलाना, प्रबन्ध करना; **Guide Book** -*n.* यात्रियों के लिये स्थान-सूचक पुस्तक ।

Guideless-गाइड्' - लॅस् - *adj.* destitute of a guide. असहाय, सहायहीन ।

Guild, Gild-गिल्ड् -*ns.* an association for mutual help or of kindred pursuits. समाज, संघ, मण्डली ।

Guile-गाइल्-*n.* deceit, cunning, artifice, duplicity. माया, वंचना, कपट, छल ।

Guileful-गाइल्-फुल्' - *adj.* crafty, deceitful. कपटी, छली (धूर्त); **Guilefully** (- लि)- *adv* deceitfully. धूर्तता से ; **Guilefulness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being crafty. कपट, धूर्तता ।

Guileless-गाइल्'-लॅस्-*adj.* craftless. निष्कपट; **Guilelessly** (-लि)-*adv.* without guile. बिना धूर्तता के ।

Guillotine-गिल्'-ऑ- टीन् - *n.* a machine for beheading. सिर काटने का एक प्रकार का यन्त्र; -*v. t.* to behead with guillotine. शिरच्छेद यंत्र द्वारा सिर काटना ।

Guilt-गिल्ट्-*n.* criminality, sin. अपराध, पातक (पापकर्म) ।

Guiltless-गिल्ट्'- लॅस् -*adj.* free from guilt, innocent. निरपराध, निर्दोष, बेकसूर; **Guiltlessly** (-लि)-*adv.* without guilt. निर्दोषता से ।

Guilty-गिल्ट्'-इ - *adj.* having committed a crime. अपराधी (दोषी) ।

Guinea-गिन्'-नि - *n.* a gold coin worth 21 shillings. गिन्नी, सोने का २१ शिलिङ्ग का सिक्का; **Guinea-hen** (a kind of hen with white spots.) एक प्रकार की सफेद चित्ती की मुर्गी ।

Guise-गाइज़्-*n.* style of dress, appearance, pretence. भेष, आकृति, बहाना।

Guitar-गिटार्-*n.* a six-stringed musical instrument. (वीणा, सारङ्गी) छतारा; -*v. i.* to play on a guitar. (सितार या) सारङ्गी बजाना।

Gular-ग्यू'-लर्-*adj.* pertaining to the upper throat. ऊपरी कण्ठ-सम्बन्धी।

Gulf-गल्फ़्-*n.* a large deep bay, a deep hollow chasm. आखात, खाड़ी; -*v. t.* to engulf. ढाँकना, घेर लेना; **Gulf stream** (a broad warm current which issues from the gulf of Mexico.) मेक्सिको की खाड़ी से निकलनेवाली गरम जल की धारा।

Gull-गल् - *n.* a kind of marine bird, a dupe, a simpleton, gullet. एक प्रकार की समुद्री चिड़िया, छला गया मनुष्य, बुद्धू आदमी, गला;-*v. t.* to cheat, to deceive, to befool. धोखा देना, ठगना;- *adj.* yellow. pale. पीला, जर्द।

Gullet-गल्'-लेंट्-*n.* the throat, the passage for food from the mouth to the stomach. गला, नरेटी।

Gully-गल्'-लि- *n.* a ravine or channel worn by water, a deep channel. जलमार्ग, नाली।

Gulosity-ग्यु-लॉस्-इट्-इ-*n.* greediness. लालच।

Gulp-गल्प्-*v. t. & i.* to swallow hastily, to gasp. जल्दी से निगलना, हाँफना।

Gum-गम्-*n.* a secretion of some plants which is used for sticking purposes. गोंद; **Gums** (-स्)-*n. pl.* firm flesh in which the teeth stand. दन्तमांस, मसूड़ा; - *v. t.* (*p. t.* Gummed.) to smear with gum. गोंद लगाना।

Gumminess-गम्-मि'-नेंस्-*n.* stickiness. लिसलिसापन।

Gummy-गम्'-मि-*adj.* of the nature of gum, viscous. चिपचिपा, लिसलिसा।

Gun-गन्-*n.* a cannon, a musket. बन्दूक या तोप; **Great gun** (an illustrious person.) प्रसिद्ध पुरुष; **Gun-barrel** (the tube of a gun.) बन्दूक की नली; **Gun-carriage** -*n.* a carriage for bearing a cannon. तोप ढोने की गाड़ी; **Gun-cotton** (a highly explosive substance.) एक प्रकार का तेज पलीता; **Gun-lock** (a contrivance in a gun.) बन्दूक का कुत्ता; **Gun-metal** (a kind of black alloy of several metals.) एक प्रकार की काले रङ्ग की मिश्रित धातु; **Gunpowder** (an explosive.) बारूद; **Gunshot** (the range of a gun, the distance upto which the shot of a gun can reach.) बन्दूक की गोली पहुँचने की दूरी या टप्पा; **Gun-smith** (one who makes guns.) बन्दूक बनानेवाला।

Gunner-गन्'-नर्-*n.* one who works at a gun. तोप चलाने पर नियुक्त किया हुआ पुरुष।

Gunnery-गन्'-नर्-इ-*n.* the science of artillery. तोप बन्दूक की विद्या।

Gunning-गन्'-निङ्ग्-*n.* firing with guns तोप से गोली चलाना।

Gunny-गन्'-इ-*n.* a coarse sack-cloth made from jute fibres. बोरे का टाट बनाने का पटसन का कपड़ा।

Gunter-गन्ट्'-अर्-*n.* a flat 2 ft. rule with scales commonly used for solving problems in surveying. भूमि नापने में सहायता देने का दो फुट का रूल, दोफुटा।

Gurgitation-गर्जिटेशन्-*n.* bubbling sound or motion. बुलबुले का शब्द या गति।

Gurgle-गर्'-ग्ल्-*v. i.* to make a bubbling sound as of water from a bottle, to make such a sound. गलगला करना, गड़गड़ाकर कुल्ला करना;-*n.* गलगला करने का शब्द।

Gush-गश् - *v. i.* to rush forth, to emit copiously. वेग से बहना, अधिकता से बह उठना; -*n.* a sudden flow. यकायक बहाव।

Gusset-गस्'-सेंट्-*n.* triangular piece of cloth set into a garment for strengthening or enlarging some part. चौबगला, कली; **Gusseted** (-एँड्)-*adj.* fitted with a gusset. कली या चौबगला लगा हुआ।

Gust-गस्ट्-*n.* a sudden blast of wind, burst of rain, a violent burst of passion &c. प्रचण्ड वायु, वर्षा का झोंका, उमङ्ग की तीव्रता।

Gustation-गस्ट्-ए'-शन्-*n.* relish, enjoyment. स्वाद, आनन्द।

Gustful-गस्ट्'-फुल् -*adj.* relishing. स्वादपूर्ण, जायकेदार, उमङ्गपूर्ण।

Gustless-गस्ट्'-लेंस्-*adj.* without relish. नीरस, वेस्वाद।

Gusto-गस्' - टो -*n.* taste, relish, enjoyment. स्वाद, आनन्द।

Gusty-गस्ट्'-इ-*adj.* stormy. वातमय, अँधेरी।

Gut-गट्'-*n.* the entrails of an animal, the stomach. अँतड़ी, उदर, पेट, आँत (ताँत);-*v. t.* (*p. t.* Gutted.) to eviscerate. आँत निकालना।

Gutta-percha-गटा-पर्चा-*n.* a kind of greyish flexible substance. गटापारचा।

Gutter-गट्'-टर्-*n.* a passage made for running

water, a groove. जलमार्ग, परनाला;-*v. t.* to flow in streams. धारा में बहना; Gutter-man (one who sells cheap goods.) सस्ती वस्तु बेचने वाला।

Guttle-गट्'-ट्ल -*v. i.* to eat gluttonously. भुक्खड़ की तरह खाना; **Guttler** (-अर्)-*n.* a glutton. मरभुख, भुक्खड़।

Guttural-गटरल -*adj.* of the throat. कण्ठ सम्बन्धी; -*n.* a letter pronounced in the throat. कण्ठस्थ वर्ण।

Gutturize-गट्'-टर्-आइज़्-*v. t.* to form in the throat. कण्ठ में उभड़ना।

Gutty-गट्'-टि-*n.* a gutta-percha ball used in golfing. गटापारचा की गेंद।

Guy-गाइ-*n.* a rope to hold a tent. खेमा बाँधने का रस्सा; -*v. t.* to attach a tent by ropes. रस्से से खेमा बाँधना।

Guzzle-गज़्'-ज़्ल - *v. i.* to eat or drink greedily. लालची की तरह भोजन करना।

Guzzler-गज़्' - ज़्लर् -*n.* one who guzzles. लालची की तरह भोजन करनेवाला।

Gymnasium-जिम्-ने-ज़ि-अम् -*n.* (*pl.* Gymnasia.) a place which is used for practising gymnastics. व्यायामशाला, अखाड़ा।

Gymnast-जिम्'-नैस्ट्-*n.* one who is an expert in gymnastics. कसरती, पहलवान।

Gymnastic-जिम्-नैस्ट्'-इक्-*adj.* pertaining to bodily exercises. व्यायाम-सम्बन्धी; **Gymnastics** (-इक्स)-*n. pl.* exercises of the development of the muscles. व्यायाम विद्या कसरत।.

Gymnical-जिम्-निक्-अल -*adj.* pertaining to athletic exercises. व्यायाम-सम्बन्धी।

Gynaeceum-गाइनीसी'-अम्-*n.* a woman's apart ment in a house. अन्तःपुर, जनानखाना।

Gynarchy-गाइनार्कि-*n.* government by a female. स्त्री-राज्य।

Gyneolatry-गाइन् (जिन्'-)-इ-ऑ-लें ट्रि -*n.* the worship of woman. स्त्री-पूजन।

Gynecology-जिन्'-(जाइन्) -इक - लॉ- जि-*n.* a branch of medicine which treats of the diseases peculiar to women. औषध शास्त्र का वह भाग जिसमें स्त्रियों के विशेष रोगों का वर्णन हो।

Gypsum- जिप्'-सम् - *n.* a valuable mineral from which plaster of Paris is made. खड़िया मिट्टी।

Gypsy-जिप्-सि-*n.* same as Gipsy. कंजर जाति।

Gyrate-जाइर्-ऍट्-*adj.* arranged in the form of rings. चक्राकार व्यवस्थित; - *v. i.* to revolve in circles. चक्कर खाते हुए घूमना।

Gyre-जायर् - *n.* a circular motion. वर्तुलाकार गति, चक्रगति, घूर्नन।

Gyromancy-जायरॉ-मॅन्-सि-*n.* a running in circle and finally dropping in one direction by dizziness, a mode of divination by walking in a circle till the walker falls down from dizziness at a point which indicates the inference. चक्कर खाते हुए घूमना, घुमरी, भविष्य बताने की एक प्रणाली जिसमें अंकयुक्त घेरे के चारों ओर किसी व्यक्ति को तब तक घुमाया जाता है जब तक वह चक्कर खाकर किसी अंक पर गिर नहीं पड़ता (उसी अंक द्वारा परिणाम निकाल लिया जाता है)।

Gyroscope-जायरो-स्कोप् - *n.* a scientific apparatus to illustrate the principles of rotating bodies as a spinning wheel fixed in something. गति के सिद्धान्त को प्रदर्शन करने का एक विशेष यन्त्र (एक विशिष्ट प्रकार की चर्खी)।

Gyrose-जायर्'-ओस्-*adj.* folded like waves. लहरों की तरह तह किया या मुड़ा हुआ।

Gyve-जाइव्-*v. t.* to shackle or fetter. बेड़ी लगाना, बन्धन डालना; -*n.* a fetter. बेड़ी।

H -ऐच्(एइच्)- the eighth letter of the English alphabet, a symbol for hydrogen in Chemistry. अंग्रेजी वर्णमाला का आठवाँ अक्षर, रसायन शास्त्र में 'हाइड्रोजन' नामक तत्त्व के लिए संकेत।

Ha-हा - *interj.* expressing surprise, joy, suspicion and when repeated laughter. आश्चर्य, आनन्द अथवा शंका सूचक अव्यय, अरे! वाह, दोहराने पर (ha, ha.) हँसी सूचक अव्यय।

Habeas-corpus-हे'-वि-ॲस्-कॉर्'-पस्-*n.* a writ to a jailor to produce a guilty prisoner in person before a judge or in court. जेलर को अदालत में या जज के सामने वन्दी अपराधी को लाने की आज्ञा।

Haberdasher-हॅब्'-अर्-डॅश्-अर्-*n.* a dealer in small articles. बिसाती; **Haberdashery** (- इ) - *n.* goods sold by a haberdasher, his business or shop. बिसाती का माल, उसका पेशा या उसकी दूकान।

Habergeon-हॅ-बर्' - जन् - *n.* a coat of mail without sleeves. बिना आस्तीन का कवच (जिरहवख्तर)।

Habile-हॅ-बिल्' -*adj.* skilful. निपुण, होशियार।

Habiliment-हॅ-बिल्'-इ-मेॅन्ट्-*n.* (*sing.*) dress suited to any particular occasion. किसी मुख्य अवसर का पहिनावा;-(*pl.*) वस्त्र, पोशाक।

Habilitate-हॅ बिल्'-इ - टेट् - *v. t.* to finance with capital, to qualify, to attire. धन की पूँजी लगाना, योग्य बनाना, वस्त्र पहनाना।

Habit-हॅब्'- इट् - *n.* fixed practice tendency acquired by custom or frequent repetition, mental or bodily constitution, dress (*esp.* of monks, women, &c.) अभ्यास, प्रकृति, स्वभाव, व्यवहार, प्रचार, वस्त्र (विशेषकर पादरी या स्त्रियों के); - *v. t.* (*p. t.* habited) to clothe. वस्त्र पहिनाना।

Habitable-हॅ-बिटे'- बल् - *adj.* that can be inhabited. निवास योग्य; **Habitableness** (- नेॅस्) -*n.* the state of being habitable. निवास योग्यता, बसने योग्य स्थिति।

Habitant-हॅब्'-इ-टॅन्ट्-*n.* an inhabitant. निवासी।

Habitat- हॅबिटॅट् -*n.* natural abode of an animal or plant. जन्तु या पौधे का प्राकृतिक वासस्थान।

Habitation-हॅब्'-इट्-ए'- शन् - *n.* a place of abode, a dwelling. निवासस्थान, घर।

Habitual-हॅ-बिट्'-यु-अल्-*adj.* given to habit, customary. स्वाभाविक, व्यावहारिक; **Habitualness** (- नेॅस्) -*n.* the state of being habitual. अभ्यस्तता।

Habitually-हॅ-बिट्'-यु-अलि - *adv.* by habit, customarily. यथारीति, यथाव्यवहार, अभ्यास से।

Habituate-हॅ-बिट्'-यू-एट् -*v. t.* to accustom, to settle in a place. अभ्यास करना, आदत डालना, किसी स्थान पर बसना।

Habituation-हॅ-बिट्-यु-ए-शन्-*n.* the state of being habituated. अभ्यस्तता।

Habitude-हॅब्'-इ-ट्यूड्-*n.* custom, tendency. रीति, रिवाज, अभ्यास, स्वभाव।

Hack-हॅक् - *n.* a wound, a cut or notch, a horse which is let on hire, a tool of instrument for breaking or chopping, a rack to hold odder for cattle, the driver of a hackney carriage, a common drudge, a poor writer, a prostitute, a bawd. घाव, आघात, प्रहार, किराये का टट्टू, तोड़ने या काटने का यंत्र, पशुओं के चारे का कठौता, किराये की गाड़ी का गाड़ीवान, साधारण मजदूर, धनहीन लेखक, वेश्या, कुटनी;-*v. t.* to cut or notch, to emit dry coughs, to make common, to ride a horse at ordinary speed. टुकड़ा करना या नोचना, सूखी खाँसी खाँसना, सामान्य करना, सामान्य गति से घुड़सवारी करना; **Hacksaw** (a saw for cutting metals.) धातु काटने की आरी।

Hackery-हॅक्'-अर्-इ -*n.* the Indian bullock-cart. हिन्दुस्तानी बैलगाड़ी।

Hacking-हॅक्'-इङ्ग् - *adj.* short and interrupted (cough). रह-रहकर या रुक-रुककर आनेवाली (खाँसी)।

Hackle-हॅक्'-कल् - *n.* a steel comb which is used for dressing flax, long feathers on the cock's neck, artificial fly. सन साफ़ करने की कंघी, मुर्गे की गर्दन पर के लम्बे पर, बंसी पर लगाने की कृत्रिम मक्खी;-*v. t.* to separate the coarse part of hemp of flax. पटुआ या सन का मोटा भाग अलगाना; **Hackler** (-लर्)-*n.* one who hackles. पटुआ या सन साफ़ करनेवाला।

Hackney-हॅक्'-नि-*n.* a horse of middle size for riding. घुड़सवारी का टट्टू;-*adj.* let out for hire. किराये पर चलनेवाला; **Hackney-carriage** (a carriage for hire.) किराये (भाड़े) की गाड़ी।

Hackneyed-हॅक्'-निड्-*adj.* trite, much used. सामान्य, जीर्ण।

Had-हॅड्-*p. t.* & *p. p.* of **Have**.

Haddock-हॅडक् - *n.* a fish similar to cod. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Hades-हे'-डीज़्-*n.* the Lower world. पाताल, पाताल लोक।

Haemal, Hemal-ही' - मल, हे मल - *adjs.* pertaining to blood. रुधिर-सम्बन्धी।

Haematic-हेॅ-मॅाट्'-इक्-*adj.* & *n.* containing blood, a medicine which acts on blood. रुधिर-युक्त, रुधिर पर प्रभाव डालनेवाली औषधि।

Haematoid-ही-मॅा-टॉइड् -*adj.* of the appearance of blood. रुधिर के वर्ण या आकृति का।

Haematology-ही-मॅा-टॉ-ल' - जे - जि - *n.* the science of blood. रुधिर विद्या।

Haematosis-ही-मॅा-टॉ -सिस् -*n.* formation of blood. रुधिर-रचना।

Haematuria-ही-मॅा-ट्यूर्'-इ-आ-*n.* haemorrhage from urinary organs. मूत्रनली से रुधिर का स्राव।

Haemoglobin-ही'-मॉ-ग्लॉब्' - इन्-*n.* the red substance found in the corpuscles of blood. रक्त के कणों में के लाल परमाणु।

Haemorrhage-हेॅम'-रिज् - *n.* a discharge of blood from blood-vessels. रक्त वाहिनियों से रुधिर का स्राव (बहना)।

Haemorrhoids-हेॅ - मॅ - रॉ- इड्स् - *n.* piles. खूनी बवासीर।

Haffle-हॅाफ्'-फ़्ल्-*v. i.* to speak unintelligibly. अस्पष्ट बोलना।

Haft-हॅाफ़्ट्-*n.* the handle of a knife, dagger &c. चाकू, कटार इत्यादि की मूठ (दस्ता);-*v. t.* to furnish with a handle. मूठ लगाना।

Hag-हॅाग्'-*n.* an ugly old woman, a witch. कुरूप वृद्धा स्त्री, डाइन।

Haggard-हॅागर्ड्-*adj.* wild-looking, lean and thin. रूक्ष आकृति का, दुबला-पतला।

Haggish-हॅाग्'-गिश्-*adj.* ugly. भद्दा।

Haggle-हॅाग्-ग्ल् -*v. t.* & *i.* to dispute, to mangle, to wrangle, to raise difficulties in bargaining. वाद - विवाद करना, झगड़ना, मोलचाल करना।

Haggler-हॅा - ग्लर् - *n.* difficult bargainer. मोलचाल करनेवाला मनुष्य।

Hagiarchy-हॅागिआर्कि - *n.* government by priests. पादरियों का राज्य।

Hagiographer-हॅाग्'-इ-ऑ-ग्रा-फ़र्-*n.* a sacred writer. धर्मग्रन्थ का लेखक।

Hag-ridden-हॅाग्-रिड्'-इन्-*adj.* afflicted with nightmare. दुःस्वप्न से ग्रस्त।

Hah-हा-*interj.* same as **Ha.**

Haha-हा -हा - *interj.* representing laughter, sound of laughter. हँसी सूचक अव्यय या हँसी का शब्द।

Hail-हेॅल्-*n.* frozen drops of rain or water falling in showers, a shower of missiles. शिलावृष्टि (ओला, पत्थर), अस्त्रों की बौछार;-*v. i.* & *t.* to come down violently, to greet, to call from a distance. तेज़ी से गिरना, अभिवादन करना, दूर से पुकारना; -*interj.* of greeting. जयजयकार ! शाबाश ! **Hailstorm** (-स्टॉर्म्) -*n.* shower of hail. शिलावृष्टि सहित आँधी।

Hair-हअर् -*n.* dry elastic filament growing from the skin of animal bodies. बाल, रोआँ; **Hair's breadth** (a minute distance.) अति अल्प अन्तर; **Hairbreadth escape** (narrow escape.) बाल-बाल बच जाना; **Hair-dresser** (one who dresses hair, a barber.) बाल सँवारनेवाला, नाई (हज्जाम); **Hairless** (-लेॅस्) -*adj.* bald. बाल रहित, गञ्जा; **Hair-splitting** (making minute distinctions.) बाल की खाल खींचना; **Hairspring**-*n.* fine spring on the balance-wheel of a watch. छोटी घड़ी की बाल कमानी; **Hairy** (-इ)-*adj.* having hair. रोवेंदार; **To a hair** (completely.) पूर्ण रूप से, भली भाँति।

Hake-हेॅक्-*n.* a fish like cod. कॉड् की तरह एक मछली।

Halberd-हॅाल्' - बर्ड् - *n.* a kind of military weapon. एक प्रकार का गँड़ासा; **Halberdier** (-बर्-डिअर्)-*n.* one who is armed with a halberd. ऐसा गँड़ासा धारण करनेवाला।

Halcyon-हॅाल्सिअन्-*n.* a fabled bird which made its nest on sea, a kingfisher. एक कल्पित पक्षी जिसके विषय में यह प्रसिद्ध है कि वह समुद्र के तल पर घोंसला बनाता था, रामचिरैया, मीनरंक।

Hale-हेॅल्-*adj.* healthy, robust, vigorous. स्वस्थ, पुष्ट, हट्टा-कट्टा।

Half-हाफ्-*adj.* (*pl.* **Halves**) one of the two equal parts of a thing. आधा; **Two and a half.** अढ़ाई; **Better half** (wife.) पत्नी; **To do a thing by halves** (to do a work incompletely.) अपूर्ण रूप में कार्य करना; **Half as much again** (one and a half times the amount.) डेवढ़ा; **Half-blood** (relation between children having one parent in common.) सौतेला; **Half-bred** (of mixed breed.) दोगला; **Half-dead** (almost dead.) मृतप्राय, प्रायः मरा हुआ; **Half-hearted** (only half zealous.) निरुत्साह (उत्साहहीन); **Half-tone** (a process of block making by photographing an object through a screen.) ब्लाक बनाने की एक रीति जिसमें चित्र बिन्दुओं

से बना देख पड़ता है; **Halfway** (midway.) मध्य मार्ग, आधे रास्ते; **Half-wit** (a simpleton.) मूर्ख मनुष्य; **Halfyearly** (semi-annual.) अर्ध-वार्षिक।

Haliography-हॅलि-इ-ऑ-ग्रॉ-फि-*n.* a description of the sea. समुद्र का वर्णन।

Hall-हॉल्-*n.* the main room in a house. मकान या महल का बड़ा या मुख्य कमरा, महाकक्ष; **Hallmark** (a mark used to show the standard of gold or silver.) सोना या चाँदी को प्रामाणिक करने का चिन्ह; **Hall of audience** (a room which is used for public reception.) सभा-मण्डप, दीवानखाना।

Halliard-हॅलि'-अ-र्ड-*n.* rope used for hoisting or lowering sails or flags. पाल या झण्डे को चढ़ाने या उतारने का रस्सा।

Halloo-हॅल्-लू-*interj.* expressing surprise. आश्चर्य-सूचक अव्यय, अरे! अहो!; -*v. t.* to cry for attracting attention. दूर से पुकारना, ललकारना।

Hallow-हॅल्-लो-*n.* a holy person or saint. ऋषि, साधु, सन्त;-*v. t.* to make holy, to consecrate, to chase with shouts. पवित्र करना, पूजना, ललकारकर पीछा करना।

Hallucinate-हॅ-ल्यु-सिन्-एट्-*v. t.* to produce a false impression on the mind. चित्त पर मिथ्या प्रभाव डालना।

Hallucination-हॅ'-ल्यु-सि-ने-शन्-*n.* illusion. मतिभ्रम, माया, इन्द्रजाल।

Halo-हे'-लो-*n.* (*pl.* **Halos, Haloes**) a ring of light round the sun or moon, ideal glory. प्रभामण्डल, अपूर्व यश, अद्वितीय शोभा।

Halt-हॉल्ट्-*n.* a temporary stoppage. विश्राम, पड़ाव;-*v. t.* to limp, to stop in marching. रुकना, पड़ाव डालना;-*adj.* lame. लँगड़ा।

Halting-हॉल्ट्'-इङ्ग्-*adj.* hesitating. आगा-पीछा करनेवाला; **Haltingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a halting manner. रुकावट के साथ, रुकते हुए।

Halter-हॉल्'-टर्-*n.* a rope or strap which is used for tying horses or cattle or for hanging criminals. बागडोर या पगहा, फाँसी लटकाने की रस्सी;-*v. t.* to put a halter on. पगहे से बाँधना।

Halve-हाव्-*v. t.* to divide into two equal shares. आधा-आधा करना।

Halyard-हॅल्यर्ड-*n.* a rope for raising or lowering sails. पाल उठाने या नीचा करने का रस्सा।

Ham-हॅम्-*n.* the back of the thigh, the bend of the knee, an actor who overacts, an inexpert boxer, an amateur. जङ्घा, कूल्हा, अत्यधिक अभिनय करनेवाला, अकुशल मुक्कीबाज, नौसिखुआ।

Hamlet-हॅम्'-लेट्-*n.* a small village. छोटा गाँव, पुरवा।

Hammer-हॅ-मर्-*n.* an instrument for beating metals or driving nails, an auctioneer's wooden mallet. हथौड़ा, घन, नीलाम करनेवाले की मुँगरी; -*v. t.* to beat or forge with a hammer. हथौड़े से पीटना, गढ़ना या ठोंकना; **Knight of the hammer** (a blacksmith.) लोहार; **To come under the hammer** (to be put to auction.) नीलाम किया जाना।

Hammock-हॅमक्-*n.* a hanging bed which is used in ships. जहाज के कमरे की झूलन-खटिया।

Hamper-हॅम्'-पर्-*n.* a packing case of basket work. बाँस की पिटारी ;-*v. t.* to impede, to hinder, to perplex. रोकना, विघ्न डालना, झंझट में डालना; **Hampered** (-ड) -*adj.* obstructed. प्रतिरुद्ध, रोका हुआ।

Hamshackle-हॅम्'-शॅक्-कल्-*v. t.* to fasten a cow or horse by a rope joined to the head and forelegs. गाय या घोड़े की अगली टाँग को उसके सिर में रस्सी से बाँधना।

Hamstring-हॅम्'-स्ट्रिङ्ग् -*n.* one of the tendons at the back of knee. (मंदिरशिरा) घुटने के भीतर की नस।

Hand-हॅन्ड् -*n.* the extremity of the human arm below the wrist, authority, side or post, share in hand ; (*pl.*) manual workers in a factory, source, style of workmanship or writing, pointer of a watch or clock, cards dealt to a player. हाथ, अधिकार, किसी ओर, बगल, अंश; (ब० व०) किसी कारखाने के काम करनेवाले, उद्गम, हाथ का व्यापार, लिपि, घड़ी की सुई, (हस्ताक्षर,) ताश का दाँव;-*v. t.* to give with the hand. हाथ से धरना या देना ; **At hand** (near.) समीप; **From hand to mouth** (with provisions for immediate needs only.) किसी प्रकार कमाता खाता, केवल तत्काल आवश्यकताओं की व्यवस्था वाला; **Hand in hand** (conjointly.) साथ-साथ ; **Hand over head** (negligently.) लापरवाही से ; **Handkerchief.** दस्ती रूमाल; **Hollow of the hand** (the palm.) हथेली ; **Hand to hand** (in union.) हाथों हाथ, एक साथ; **In hand** (receiving attention, under control, in preparation) प्रस्तुत विषय, नियंत्रित, तैयारी में; **Off hand** (without consideration.) बिना

बिचारे, तुरंत; On all hands (all around.) चारों ओर; On the one hand, on the other hand (of contrasted points of view &c.) एक ओर, दूसरी ओर; Out of hand (at once.) एकदम; To be handed down (to continue from one generation to another.) परम्परा से आना; To come to hand (to acquire.) प्राप्त करना; To get the upper hand (to be victorious.) विजयी होना; To hand (in present possession.) हाथों में (प्रस्तुत); To have a hand in (to be a helper.) सहायक होना; To have clean hands (to be innocent.) निर्दोष होना; To lay hand on (to begin, to commence.) आरम्भ करना; To lend a hand (to give assistance.) सहायता करना; Underhand (blameworthy.) निन्दित (कपटी, छली)।

Handbag-हॅन्ड्'-बॅग्-*n.* a small bag to be carried in the hand. हाथ में लटकाने का छोटा झोला या थैला।

Hand-barrow-हॅण्ड्'-बॅ-रो-*n.* a wheeled barrow pushed by one man. एक आदमी से ढकेली जानेवाली ठेलागाड़ी।

Hand-bell-हॅन्ड्'-बेॅल्-*n.* a small bell rung by the hand. हाथ से बजाने की घंटी।

Handbill-हॅन्ड्'-बिल्-*n.* a notice of some announcement. विज्ञापनपत्र।

Hand-book-हॅन्ड्'-बुक्-*n.* a manual. छोटी पुस्तक।

Hand-cuff-हॅन्ड्'-कफ्-*n.* an iron manacle for the wrists. लोहे की हथकड़ी;-*v. t.* to manacle the hands. हाथों में हथकड़ी डालना।

Handful-हॅन्ड्'-फुल्-*n.* as much as the hand will contain, a small quantity. मुट्ठीभर, थोड़ा-सा।

Handicap-हॅन्'-डि-कॅप्-*n.* a race competition in which equal chances are given to competitors, impediment, disadvantage. एक प्रकार की दौड़-प्रतियोगिता जिसमें प्रत्येक प्रतिस्पर्धी को समान सुविधा दी जाती है, बाधा, रुकावट, असुविधा; - *v. t.* (*p. p.* Handicapped) to impose special disadvantages and obstructions upon. विशेष प्रकार की असुविधा या विघ्न डालना।

Handicraft-हॅन्'-डि-क्राफ्ट्-*n.* manual art or trade. शिल्प, दस्तकारी।

Handily-हॅन्ड्-इ-लि-*adv.* suddenly, skilfully. एकाएक, तुरन्त।

Handiness-हॅन्'-डि-नेॅस्-*n.* dexterity, readiness. निपुणता, तत्परता।

Handiwork-हॅन्-डि-वर्क्-*n.* work done by hands. हाथ से किया हुआ काम।

Handkerchief- हॅङ्क् - कर् - चीफ् - *n.* square cloth for wiping face and hands. दस्तीरूमाल।

Handle-हॅन्-ड्ल्-*n.* the part of a thing by which it is held. दस्ता, मुठिया; -*v. t.* to touch with the hand, to manage. हाथ से पकड़ना, प्रबन्ध करना।

Handler-हॅन्ड्'-लर्-*n.* one who handles. मूठ पकड़ने वाला।

Handless-हॅन्ड्'-लेॅस्-*adj.* without a hand, हस्त-रहित, बिना हाथ का।

Handling-हॅन्ड्'-लिङ्ग्-*n.* use by the hand, treatment, manipulation. हाथ का कार्य, व्यवहार, हाथ की क्रिया या चातुरी।

Handloom-हॅन्ड्'-लूम्-*n.* a loom worked by hand. हाथ से चलाने का करघा।

Handmaid-हॅन्ड्'-मेड्-*n.* a female servant. दासी, चाकरिन।

Handmill-हॅन्ड्'-मिल्-*n.* a mill worked by hand. हाथ से चलाने की चक्की।

Handpress-हॅन्ड्'-प्रेॅस्-*n.* a press worked by hand. हाथ से चलाने की छापे की कल।

Handrail-हॅन्ड्'-रेॅल्-*n.* a rail to hold by. सीढ़ी पर से चढ़ने-उतरने के सहारे का लकड़ी आदि का डँड़हरा।

Handsaw-हॅन्ड्'-सॉ-*n.* a saw used with one hand. एक हाथ से चलाने की आरी।

Handsel-हॅन्'-सेॅल् (also Hansel)-*n.* a present of the New Year, earnest money, a coin put in the pocket of a new coat, a first instalment. वर्ष के पहले दिन की भेंट, बयाना, नये कोट की जेब में सिक्का डालना, पहली किस्त; -*v. t.* (*p. t.* Handselled) to do a thing for the first time. किसी कार्यको पहली बार करना।

Handsome- हॅन्-सम्-*adj.* fine, graceful, beautiful, generous. मनोहर, सुन्दर, दयालु; **Handsomely** (-लि)-*adv.* beautifully. सुन्दरता से; **Handsomeness** (-नेॅस्) -*n.* gracefulness. रूप, शोभा, सुन्दरता।

Handwriting-हॅन्ड्'-राइट्-इङ्ग्-*n.* that which is written by the hand. हस्तलेख।

Handy-हॅन्ड्'- इ-*adj.* ready to hand, convenient to handle, dexterous, near. समीपवर्ती; सुविधा से प्रयोग करने योग्य, दक्ष (चतुर), निकट का।

Hang- हॅङ्ग्-*n.* droop or bend. झुकाव;-*v. t.* *& i.* (*p. t.* Hung) to suspend, to attach, to place on wall. टाँगना, लगाना, लटकाना;

-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* Hanged) to put to death on gallows. फाँसी देना, लटकाना; To hang back (to show reluctance.) अनिच्छा दिखाना ; To hang in balance (to be in suspense.) अनिश्चित अवस्था में रहना; To hang on (upon) (to be dependent on.) आश्रित होना; To hang together (to be closely united.) संबद्ध होना, साथ देना ।

Hangar-हाङ्गर् - *n.* a shed for aeroplane. हवाई जहाज रखने का घर, विमानशाला ।

Hanger-हैङ्ग्'-अर्-*n.* that on which a thing is hung. खूँटी, अर्गनी ।

Hanger-on-हैङ्ग्' -गर -ऑन् -*n.* a retainer. पिछलग्गू, अनुचर, दास ।

Hanging-हैङ्ग्-इङ्ग् -*n.* drapery, display. यवनिका, पर्दा, दिखाव, आडम्बर ।

Hangman-हैङ्ग्-मॅन्-*n.* a public execution er. घातक, फाँसी देनेवाला, जल्लाद ।

Hank-हैङ्क्-*n.* a circular loop or coil of thread. लच्छा, पेचक, तागे की गोली ।

Hanker-हैङ्क्'-अर् -*v. i.* to long for, to desire earnestly, to linger about. अभिलाषा या उत्कण्ठा करना, लालसा करना (चाहना), देर करना, रुका रहना, इधर-उधर भटकना; **Hankering** (-इङ्ग्)-*n.* keen appetite. तीव्र अभिलाषा या इच्छा ।

Hanky-panky-हैङ्क्' -इ - पैङ्क्' इ- *n.* an underhand dealing, trickery, jugglery. छल, कपट, जाल, जादू ।

Hap-हॅप्-*n.* chance, lot, accident. दैव संयोग, भाग्य, दैव, आकस्मिक घटना ;-*v.i.* to befall by chance. अकस्मात् होना ।

Haphazard-हॅप्-हैज़र्ड-*n.* & *adj.* accident, mere chance, random. दैवी घटना, केवल संयोग, विशृंखल, अनियमित ।

Hapless-हॅप्'-लॅस्-*adj.* unlucky, unfortunate. अभागा; **Haplessly** (-लि)-*adv.* unfortunately. अभाग्यवश ।

Haply-हॅप्'-लि - *adv.* by chance, perhaps. संयोगवश, कदाचित् ।

Happen-हॅप्'-पन् -*v. i.* to come to pass, to chance. आ पड़ना, संयोगवश होना ।

Happening-हॅप्'-पन्-इङ्ग्-*n.* an event or occurrence. घटना ।

Happily-हॅप्'-पि-लि-*adv.* in a happy manner. सुख से, आनन्द से ।

Happiness-हॅप्-पि-नॅस -*n.* the state of being happy, good fortune. सुख, आनन्द ।

Happy-हॅप्-पि-*adj.* (*comp.* Happier, *sup.* Happiest.) fortunate, lucky, blessed. भाग्यवान् (सुखी), धन्य, कृतार्थ; **Happy-go-lucky**-*adj.* light-hearted प्रसन्नचित्त ।

Hara-kiri-हारा-की'-री-*n.* Japanese suicide by disembowelment. उदर-विदारण द्वारा जापानियों की आत्महत्या ।

Harangue-ह-रैङ्ग्'-*n.* a loud or vehement speech. जोरदार भाषण;-*v. t.* to address in a vehement manner. जोश के साथ भाषण देना ।

Harass-हॅर्-अस् -*v. t.* to vex, to trouble, to worry, to fatigue. क्लेश देना, पीड़ा देना, दिक करना, थकाना ; **Harasser** (-अर्) -*n.* a spoiler, one who harasses. पीड़ा देनेवाला; **Harassing** (-इङ्ग्)-*adj.* annoying. पीड़ाकर; **Harassment** (-मॅन्ट)-*n.* the state of being harassed. दुःख, क्लेश ।

Harbinger-हार् - बिन्जर् - *n.* a forerunner. हरकारा, सन्देश पहुँचानेवाला; -*v. t.* to go before as a herald. पहले सन्देश पहुँचाने जाना ।

Harbour-हार्बर्-*n.* a port for ships, a shelter, a lodging. जहाजों की रक्षा का स्थान, बन्दरगाह, शरणस्थान;-*v. t.* & *i.* to give shelter to, to lodge in a port. आश्रय देना, बन्दरगाह में टिकना ; **Harbourage** (-एज्) -*n.* a place of shelter. आश्रय ; **Harbourless** (-लस्) -*adj.* destitute of shelter. निराश्रय, बिना ठौर-ठिकाने का ।

Hard-हार्ड् -*adj.* firm, solid, difficult, laborious, harsh, not easily understood. दृढ़, ठोस, कठिन, श्रमकारी, कर्कश, दुर्बोध्य, क्लिष्ट ;-*adv.* severely. कठिनता से; **Hard and fast** (unflinching.) स्थायी (न बदलनेवाला); **Hard by** (very near) अति समीप; **Hard drinker**- *n.* drunkard. अधिक मदिरा पीनेवाला ; **Hard-fisted**-*adj.* close fisted. कंजूस मनुष्य; **Hard-gotten** (obtained with difficulty.) कठिनाई से प्राप्त ; **Hard-handed** (severe.) कठोर; **Hard-hearted** (cruel.) क्रूर, निर्दयी; **Hardly** (-लि)-*adv.* with difficulty. कठिनता से; **Hard mouthed** (not easily governed.) मुँहजोर; **Hardness**(-नॅस्)-*n.* firmness, solidity. कड़ापन, ठोसपन ; **Hard of hearing** (slightly deaf.) थोड़ा बहिरा; **Hard up** (in need of money.) धन की आवश्यकता में; **Hardware** (vessels of metal.) धातु के पात्र; **Hard water** (water containing mineral substances.) खारा पानी ।

Harden-हार्ड्न्-*v. t.* & *i.* to make hard, to make firm or cruel, to become hard, to injure. कड़ा करना, दृढ़ या निर्दयी बनाना, कड़ा होना, नष्ट करना ।

Hardened-*adj.* made hard. कड़ा किया हुआ ।

Hardihood-हार्'-डि-हुड् -*n.* boldness. साहस ।

Hardly-हार्ड्-लि-*adv.* barely, with difficulty. कष्ट से, कठिनता से ।

Hardship-हार्ड्'- शिप् - *n.* severe suffering. कठोर शारीरिक क्लेश ।

Hardiness-see **Hardy.**

Hardy-हार्डि -*adj.* bold, resolute. साहसी (शूर, वीर), निर्भय; **Hardiness** (-इ-नॅस्) -*n.* boldness, bravery, compactness, शौर्य, साहस, वीरता, कठोरता ।

Hare-हेॅअर्-*n.* a small timid rodent quadruped. खरहा, शशक, खरगोश; **Harebrained** (rash, wild.) धृष्ट, चपल बुद्धिवाला, चंचल प्रकृति का ।

Harem-हा-रीम्'- **'Haram** -हे'-रम्, -*ns.* the apartment in a dwelling-house which is allotted to women. अन्तःपुर, जनानखाना ।

Hark-हार्क्- *v. t.* to hear to, to listen to. सुनना; -*interj.* listen ! सुनो ।

Harl 'Harle-हार्ल्-*ns.* the fibre of flax or hemp. सन या पटुआ का रेशा ;-*v. t.* to drag along the ground. जमीन पर घसीटना ।

Harlequin-हार्-लक्विन्-*n.* a buffoon, a breed of spotted dogs. विदूषक, मसखरा, भाँड़, चितकबरे कुत्तों का वर्ग; -*v. t.* to play the buffoon. भाँड़ की नकल करना ।

Harlot-हार्'-लट्-*n.* a prostitute. वेश्या, रण्डी ।

Harlotry-हार्'-लट्रि-*n.* prostitution. वेश्यावृत्ति।

Harm- हार्म् -*n.* damage, injury, hurt, loss, moral wrong. हानि, नाश, पीड़ा, बाधा (दोष), अपराध; -*v. t.* to hurt, to injure. कष्ट देना, चोट पहुँचाना ।

Harmful--हार्म्'-फुल्-*adj.* hurtful, injurious. अपकारी, हानिकारक ।

Harmfulness-हार्म्'-फुल्-नॅस्-*n.* a hurtfulness. सदोषता, हानिकारकता ।

Harmless-हार्म्' - लॅस्-*adj.* innocent. निर्दोष, निरपराध; **Harmlessly**(-लि)-*adv.* innocently. बिना अपराध के; **Harmlessness** (- नॅस्) -*n.* innocence. निरपराधता, निर्दोषता ।

Harmonic-हार'-मॅन्-इक्, **Harmonical** (-अल्) -*adjs.* harmonious, concordant. सुरीला, एक ताल का ।

Harmonica- हार्- मॉन्'- इ-का-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा ।

Harmonious-हार्-मो'-नि-अस्-*adj.* forming a consistent whole, sweet-sounding. अनुरूप, सुरीला;**Harmoniously** (-अस्-लि) -*adv.* in a harmonious manner. एक स्वर से या में ।

Harmonist-हार'-मॅ-निस्ट्-*n.* a composer of music. गाना बनानेवाला ।

Harmonium-हार्'-मो'-नि-अम्-*n.* a keyboard musical wind instrument.हारमोनियम बाजा ।

Harmonization-हार्मॅनाइज़ेशन्-*n.* the agreement of sound. स्वर की एकता ।

Harmonize-हार्मॅनाइज़्-*v. t. & i.* to agree in sound, to be in peace. एक सुर में होना या करना, शान्त होना ।

Harmony-हार्-मॅन्'-इ-*n.*agreement, sweet or melodious sound, concord, peace. एकता, अनुरूपता, एक ताल या लय में होना, शान्ति ।

Harness-हार्'-न्-ऍस् -*n.* the equipment of a horse or other animal. घोड़े या अन्य पशु का साज;-*v. t. & i.* to equip with armour, to put harness on, to defend. साज चढ़ाना, जोतना, रक्षा करना; **In harness** (occupied in daily routine.) प्रतिदिन के कार्य में व्यस्त ।

Harp-हार्प्-*n.* stringed musical instrument बीन, वीणा; -*v. t.* to play on the harp. बीन बजाना; **Harper** (-अर्), **Harpist** (-इस्ट्) -*ns.* one who plays on the harp. बीन बजानेवाला; **To harp on one string** (to repeat the same thing over and over again.) एक ही बात को बार-बार दोहराना ।

Harpoon-हार्पून्'-*n.* a spear-like weapon with rope attached to it, used for catching whales. ह्वेल मछली पकड़ने की रस्सा-बँधी बर्छी; -*v. i.* to strike with a harpoon. इस प्रकार की बर्छी से मारना;**Harpooner**(-अर्) - *n.* one who uses a harpoon. इस प्रकार की बर्छी फेंकनेवाला ।

Harpy-हार्पि-*n.* a fabulous monster with a woman's face and body having bird's wings and claws. स्त्री के मुख और शरीर तथा पक्षी के पर और पञ्जेवाला काल्पनिक दैत्य ।

Harquebuse- हार्क्विबस्-*n.* an old type of portable gun. पुराने ढंग की एक प्रकार की बन्दूक ।

Harridan-हॅरिड्-अन्-*n.* a haggard old vixen. क्षीणकाय (दुबली पतली) बुड्ढी जादूगरनी ।

Harrier-हॅरिअर्-*n.* a hound for hunting hare, one who harries, a kind of hawk. खरहे का शिकार करने के काम में आनेवाला कुत्ता, कष्ट देने या लूटनेवाला, एक प्रकार का बाज़ ।

Harrow-हॅर्'-रो-*n.* an instrument for breaking clods on ploughed land.जोते हुए खेत के ढेले तोड़ने का यन्त्र, हेंगा; -*v. t.* to draw harrow

over. हेंगा चलाना; **Harrowing** (-इङ्ग्)-*adj.* lacerating. मर्मभेदी; **Under the harrow** (in difficulty.) आपत्ति में ।

Harry-हॅर्'-रि-*v. t.* to harass, to plunder, to destroy. कष्ट देना, दिक करना, लूटना, बर्बाद करना ।

Harsh-हा-र्श्-*adj.* rough (to the touch, taste, feeling, ear &c.), repugnant, cruel, peevish, austere. कर्कश, रूक्ष, कठोर, निर्दयी; **Harshly** (-लि) -*adv.* in a harsh manner. निष्ठुरता से; **Harshness** (-नेस्)-*n.* the quality of being harsh. रूक्षता, कठोरता ।

Hart-हार्ट्-*n.* (*fem.* Roe-रो) male of a deer. मृग, हिरन ।

Harum-scarum-हेरेम्-स्केरम् - *adj.* reckless, unsteady, rash. प्रमादी, असावधान, अस्थिर, चंचल, उतावला ।

Harvest-हार्'-व्रेस्ट्-*n.* the season for reaping and gathering corn, a season's yield of any product. अनाज काटने (लवन) का समय, संग्रह किया हुआ अन्न; **Harvest home** (a festival at the completion of a harvest.) लवन के समय का उत्सव; **Harvest-moon** (the full moon about the autumnal equinox.) २२ या २३ सितम्बर का पूर्ण चन्द्रमा ।

Harvester-हार्-व्रेस्ट्'-अर्-*n.* a reaper. लवन करनेवाला, फसल काटनेवाला ।

Has-हॅज्-*third pers. singular* of the verb have (*p. t.* Had). 'हॅव्' धातु का अन्य पुरुष एकवचन का रूप ।

Hash-हॅश्-*v. t.* to cut into small pieces. छोटे-छोटे टुकड़े करना-*n.* small pieces. छोटे-छोटे टुकड़े ।

Hasp-हॅस्प्-*n.* a contrivance for fastening, a skein of yarn. कुलाबा, कब्जा, तागे की लच्छी; -*v. t.* to fasten with a hasp. कुण्डी लगाना ।

Hassock-हॅसॅक्-*n.* a cushion for kneeling, tuft of matted grass. घुटना टेकने का गद्देदार आसन, घनी घास का शिखर ।

Hastate-हॅस्'-टेट् -*adj.* spear-shaped. बर्छी के आकार का ।

Haste-हेस्ट्-*n.* urgency, quickness, rapidity, hurry. वेग, शीघ्रता, जल्दी -*v. t.* to hasten. जल्दी करना; **Make haste** (be quick.) शीघ्रता करो ।

Hasten-हेस्'-न्-*v. i. & t.* to make or cause to make haste, to accelerate. जल्दी करना या कराना ।

Hastily-हेस्ट्'-इ-लि-*adv.* in a hasty manner. तुरन्त, शीघ्र, वेग से ।

Hastiness-हेस्ट्'-इ-नेस्-*n.* the state of being hasty. जल्दबाजी ।

Hat-हॅट्-*n.* a covering for the head. टोपी, टोप; -*v. i.* to put hat on. टोप पहिनना; **Hatter**(-टर्) -*n.* one who prepares hats. टोप बनानेवाला दर्जी; **Hat in hand** (in a respectful attitude.) विनीत भाव से ।

Hatch-हॅच्-*v. t.* to engrave lines on a surface, to bring forth young ones from egg, to develop. नक्काशी करना, अण्डे से बच्चा निकालना, उन्नति करना;-*n.* the young ones of birds. पक्षियों के बच्चे ।

Hatchet-हॅच्-ऍट्-*n.* a short-handled light axe. कुल्हाड़ी, बसूला; **To bury the hatchet** (to end ware.) युद्ध की समाप्ति करना ।

Hatching-हॅच्-इङ्ग्-*n.* shading by means of coarse lines. चित्र में मोटी रेखाओं से छाया दिखलाना ।

Hate-हेट्'-*n.* great dislike, घृणा; द्रोह; -*v. t.* to bear malice to, to have dislike for. द्वेष करना, घृणा करना ।

Hateable-हेट्'-ऍ-बल्-*adj.* able to be hated. घृणा के योग्य ।

Hateful-हेट्'-फुल्-*adj.* exciting hatred. घृणा उत्पन्न करनेवाला; **Hatefully** (-फुल्-लि)-*adv.* in a hateful manner. घृणा या ईर्ष्या से; **Hatefulness** (-नस्) -*n.* the quality of being hateful. घृणा ।

Hater-हेट्'-अर्-*n.* one who hates. घृणा करनेवाला पुरुष ।

Hatred-हेट्'-रेड्-*n.* dislike, ill-will, enmity. द्वेष, घृणा, शत्रुता ।

Haughtily-हॉट्' - इ-लि-*adv.* in a haughty manner. गर्व से, ढिठाई से; **Haughtiness** (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being haughty. अहङ्कार, घमण्ड ।

Haughty-हॉट्'-टि-*adj.* proud, arrogant, insolent. अभिमानी (अहङ्कारी), घमण्डी, ढीठ ।

Haul-हॉल्-*v. t. & i.* to pull or drag forcibly, to turn a ship's course. झटके से खींचना, जहाज को फेरकर चलाना; -*n.* a pull with force. झटके का खिंचाव; **To haul upon the wind** (to turn the head of a ship in the direction of the wind.) हवा के साथ जहाज चलाना ।

Hauler-हॉल्'-अर्-*n.* one who hauls. जहाज को हवा के रुख पर चलानेवाला ।

Haunch-हॉन्च्-*n.* the fleshy part of the hip and buttocks. नितम्ब (चूतड़), कूल्हा

Haunt-हॉन्ट्-*v. t. & i.* to frequent company

of, to visit frequently. सदा साथ रहना, बारम्बार भेंट करना; -*n*. a place of frequent resort. आश्रय, अड्डा, अखाड़ा; Haunted (-ऍड्) -*adj*. frequently visited by ghosts. प्रेतग्रस्त।

Hautboy-हो'-बॉय्-*n*. a kind of wooden wind instrument, a kind of straw-berry. शहनाई बाजा, एक प्रकार की झरबेर।

Have-हॅव्-*v. t.* (*p. t.* & *p p.* Had) to hold in possession, to contain, to permit, to know, to be obliged, to carry on, to cause to be. पास में रखना, होने देना, जानना, लाचार होना, करना, कराना; To have at (to assail.) आक्रमण करना; To have after (to pursue.) पीछा करना; To have away (to remove.) हटाना; To have done (to obstruct.) रोक देना; To have it out (to settle.) स्थिर करना, निकालना; To have on (to put on.) पहिनना; To have up (to produce before court.) अदालत में उपस्थित करना।

Haven-हेव्'-व़न्-*n*. a port or harbour, a place of refuge. जहाज़ों के रहने या ठहरने का स्थान (बन्दरगाह), शरण-स्थान, आश्रय लेने का स्थान।

Haversack-हॅव़' - अर् - सॅक्-*n*. a soldier's canvas bag for provisions. सिपाहियों का सामान रखने का किर्मिच का झोला।

Havoc-हॅ'व्-ऑक्-*n*. waste, destruction, devastation. विनाश, विध्वंस, विप्लव (प्रलय); -*v. t.* to lay waste. विध्वंस करना; To cry havoc (to order for plunder.) सेना को लूटने की आज्ञा देना।

Hawhaw-हॉ'-हॉ-*interj*. ha ! ha ! हा ! हा !

Hawk-हॉक्-*n*. a bird of prey similar to falcon. श्येन पक्षी, बाज़;-*v. t.* to catch birds by means of hawks, to clear the throat with a noise. बाज़ से शिकार कराना, खाँसकर गला साफ़ करना; -*v. t.* to carry goods for sale. फेरी करके माल बेचना।

Hawker-हॉक्'-अर्-*n*. a pedlar. फेरी करके माल बेचनेवाला व्यापारी।

Hawk-eyed-हॉक्'-आइड्-*adj*. having a keen eye. सूक्ष्म दृष्टिवाला।

Hawkish-हॉकिश् - *adj*. similar to a hawk. बाज के सदृश।

Hawse-हॉज़्-*n*. the part of a ship's bow in which holes are bored for cables. जहाज का अगला भाग जिसमें रस्सा बाँधने के लिये छेद होते हैं

Hawser-हॉ'-ज़र्-*n*. the large rope of a ship जहाज़ का बड़ा रस्सा।

Hawthorn-हॉ'-थॉर्न् - *n*. a kind of thorny shrub. एक काँटेदार झाड़ी, नागफनी।

Hay-हे - *n*. grass mown and dried for fodder. चौपायों को खिलाने के लिये सूखी घास, चारा; Hay-fever (a summer ailment.) एक प्रकार का गरमी के दिन का ज्वर; Hay-rick (pile of dry grass.) सूखी घास का ढेर; To make hay of (to create troubles.) उपद्रव खड़ा करना; To make hay while the sun shines (to accomplish a work at the proper time.) उचित समय पर कार्य-सिद्धि करना।

Hazard-हॅज़र्ड् - *n*. chance, risk, accident, danger. दैव संयोग, संकट, शङ्का, आकस्मिक घटना; -*v. t.* & *i.* to expose to danger, to run the risk. संकट या आपत्ति में डालना या पड़ना।

Hazardous-हॅज़र्डस् - *adj*. risky, dangerous. संकटमय, विपत्तिजनक; Hazardously (-लि) -*adv*. in a risky manner. खतरे से; Hazardousness (- नॅस्) -*n*. the state of being risky. संकट, शंका।

Haze-हेज़् - *n*. thin film of mist or fog, mistiness, mental confusion. धुन्ध, कुहरा, चित्त की विह्वलता।

Hazel- हे'-ज़्ल्-*n*. a tree of the oak family. जैतून के प्रकार का एक वृक्ष -*adj*. of the colour of hazel. तामड़े रङ्ग का।

Hazily-हेज़्'-इ-लि-*adj*. obscurely. अस्पष्टता से; Haziness (-इ-नॅस्)-*n*. the state of being hazy, mistiness. धुंधलापन।

Hazy-हेज़्-इ--*adj*. misty, obscure, indistinct. धुँधला, अस्पष्ट।

He - ही - *pron*. (*pl.* They) third person singular, the male person. वह (मनुष्य); interjection expressing surprise. आश्चर्य-सूचक अव्यय।

Head-हेड्-*n*. the upper part of any thing an individual, a chief or leader, brain, intelligence, top, source, height, topic. शिखर, मस्तक, व्यक्ति, अध्यक्ष या नेता, मस्तिष्क, बुद्धि, चोटी, उद्गम, ऊँचाई, विषय; - *v. t.* & *i.* to act as a leader, to lead, to excel, to form a head. नेतृत्व करना, मार्ग दिखलाना, बढ़ाना, प्रधान बनाना;-*adj*. principal. प्रधान; By the Head and ears (forcibly.) जबरदस्ती; Head quarter, Head office (the chief office.) प्रधान कार्यालय; Over head and ears (very much.) अति अधिक; To keep one's head (to remain quiet.) शान्त रहना; To lose one's head (to be perplexed.) व्यग्र होना,

घबड़ा जाना; To make head against (to oppose.) विरोध करना ।

Head-ache-हॅड् - एक् -*n*. pain in the head. सिर की पीड़ा ।

Head-dress-हॅड्'-ड्रेस्-*n*. a covering for the head. मुरेठा, साफ़ा ।

Heading-हॅड्'-इङ्ग्-*n*. a headline. किसी लेख का विषय-सूचक शब्द, शीर्षक ।

Headless-हॅड्'-लॅस्- *adj*. & *n*. without head, without a leader, promontory. बिना मस्तक का, बिना नेता का, अन्तरीप ।

Headlong-हॅड्'-लॉङ्ग्-*adv*. hastily, without thinking. जल्दी से, बिना विचारे ।

Headmaster-हॅड्'-मास्टर्-*n*. (*fem*. **Headmistress.**) किसी पाठशाला का प्रधान अध्यापक ।

Headmost-हॅड्'-मोस्ट्-*adj*. furthest, forward. सबसे आगे का, अगला ।

Headstrong-हॅड्'-स्ट्रॉङ्ग् -*adj*. obstinate. हठी ।

Headway-हॅड्'-वे-*n*. motion ahead. आगे की ओर बढ़ाव ।

Headwork-हॅड्'-वर्क्-*n*. mental or intellectual labour. मानसिक कार्य ।

Heady-हॅड्'-इ-*adj*. intoxicating. नशालानेवाली ।

Heal-हील्-*v. t.* to restore to health, to cure. व्याधि से मुक्त करना, चङ्गा करना (घाव भरना) ।

Healer-हील्'-अर् -*n*. he who or that which heals. आरोग्य (चङ्गा) करनेवाला व्यक्ति या पदार्थ ।

Healing-हील्'-इङ्ग् - *adj*. tending to heal. आरोग्यकर ।

Health-हॅल्थ्- *n*. soundness of body or mind, good condition of body, toast drunk in some one's honour. शारीरिक या मानसिक पुष्टता, आरोग्य, स्वास्थ्य, किसी का आदर करने के लिये मदिरा-पान ।

Healthful-हॅल्थ्- फुल् - *adj*. in sound health, wholesome. स्वस्थ, तन्दुरुस्त, स्वास्थ्यकर; **Healthfully** (- फुल्-लि)- *adv*. in a healthful manner. स्वस्थ रूप में ; **Healthfulness** (-नॅस्) -*n*. wholesomeness. स्वास्थ्य-पूर्णता ।

Healthily-हॅल्थ्' (- ल्द्) - इ - लि - *adv*. in a healthy manner. आरोग्य से ।

Healthiness-हल्थ् (-ल्द्)-इ-नॅस्-*n*. the state of being healthy. स्वस्थता, आरोग्य, तन्दुरुस्ती ।

Healthy-हॅल्थ्' (-ल्द्)-इ - *adj*. in a sound state, conducive to health. स्वस्थ, तन्दुरुस्त, आरोग्यकर ।

Heap-हीप्-*n*. a group or mass of things, collection, a pile. गण, समुदाय, ढेर;-*v. t.* to accumulate, to lay in a heap ढेर लगाना, इकट्ठा करना ।

Hear-हिअर् - *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Heard**) to perceive by the ear, to listen, to give audience to, to attend & obey, to be informed. कान लगाना, सुनना, ध्यान देकर कहना, मानना, सूचित होना ।

Hearer-हिअर्'-अर् -*n*. one who hears, one of an audience. श्रोतागण, सुननेवाला ।

Hearing-हिअर्'-इङ्ग्-*n*.a judicial trial.सुनवाई, पेशी; **Hard of hearing** (somewhat deaf.) कुछ बहिरा; **To give one a fair hearing** (to attend to without prejudice.) बिना पक्षपात के सुनना ।

Hearken-हार्क्न् *v. i.* to listen, to hark. कान लगाकर सुनना, ध्यान देना ।

Hearsay-हिअर्'-से-*n*. a rumour, gossip. जनश्रुति, चर्चा, गप्प, सुनी बात ।

Hearse-हर्स् - *n*. a car or frame to carry a coffin to the grave. मुर्दा ले जाने की गाड़ी या टिकठी ।

Heart-हार्ट्-*n*. the hollow organ in the body which keeps up circulation of blood, inner part of anything, breast, mind, soul, courage, central part, essence. हृदय, कलेजा, किसी वस्तु का भीतरी भाग, छाती, सीना, चित्त, आत्मा, साहस, मध्यभाग, सत्त्व; **With all one's heart** (most willingly.) अधिकतम इच्छा से ।

Heartache-हार्ट्-एक्-*n*. mental anguish. मानसिक व्यथा; **Heart and soul** (with all one's energy.) अपनी पूरी शक्ति द्वारा; **Heartbreaking** (overwhelming.) मर्मभेदी; **Heartbroken** (deeply grieved.) भग्नहृदय, उदास ।

Heartburn-हार्ट'-बर्न्-*n*.cardialgia. हृदय-वेदना **Heart's blood.** (life, essence.) जीवन, रुधिर, जीवन-तत्त्व; **Heart's-ease** (a reddish blue flower.) बैंगनी फूल; **Out of hear** (weak-mindedness.) दुर्बलता, दीनता; **To learn by heart**(to commit to memory. कण्ठस्थ करना (रटना) ।

Heartless-हॉर्ट्'-लॅस्-*adj*. without courage of feeling, cruel. भीरु, साहसरहित, हृदयहीन, क्रूर; **Heartlessly** (-लि)- *adv*. in a heartless manner. निर्दयता से ; **Heartlessness** (-नॅस्) -*n*. the quality of being heartless, cruelty. हृदयहीनता, निर्दयता, कठोरता, क्रूरता ।

Hearth-हार्थ्-*n*. the floor of a fire-place. अग्निकुण्ड, अंगीठी ।

Hearty-हार्टि - *adj*. (*comp*. **Heartier** ; *sup*.

Heartiest) genial, sincere, vigorous, open and free, abundant. स्नेहपूर्ण, निष्कपट, तीव्र, मुक्त, प्रचुर ।

Heat-हीट्-*n.* hotness, energy, inflamed state of body, anger, sexual excitement. ताप, वेग, गरमी, शरीर का तापमान, क्रोध, सम्भोग की इच्छा; -*v. t. & i.* to make hot, to agitate, to excite, to grow hot. गरम करना या होना, उत्तेजित करना, भड़काना, भड़कना; **Heater** (-अर्)-*n.* one who or that which heats. गरम करनेवाला; **Heating** (-इङ्ग्)-*n. & adj.* hot. गरम, तपन; **Heat of youth** (ardour of youth.) यौवन का उन्माद ।

Heath-हीथ्-*n.* a waste plot of land which is covered with shrubs. वनभूमि, झाड़ीदार मैदान ।

Heathen-ही'-द्न्-*n.* a pagan, an unenlightened or barbarous person. मूर्तिपूजक, विकासहीन या अशिष्ट मनुष्य ।

Heathenish-ही'-द्न्-इश्-*adj.* rude, barbarous. रूक्ष, जंगली ।

Heathenism-ही'-द्न्-इज़्म्-*n.* idolatry. मूर्ति-पूजा ।

Heather-हेद्' - अर् - *n.* a kind of bush. एक प्रकार की झाड़ी ।

Heave-हीव् - *v. t. & i.* to lift, to throw, to rise, to sigh, to pant. उठाना, फेंकना, उठना, ठण्ढी साँस लेना, आह खींचना;-*n.* an upward effort, a swelling. निःश्वास, उभाड़, सूजन; **To heave in sight** (to become visible.) सामने आ जाना, दिखाई देना ।

Heaven-हेव्न्-*n.* sky, the habitation of God and His angels, God. आकाश, स्वर्ग, परमेश्वर; **Heavenborn** (born of heaven.) स्वर्गीय ।

Heavenly-हेव्'- न् - लि - *adj.* pertaining to heaven, supremely excellent. स्वर्गीय, दिव्य; **Heavenly bodies** (the sun, moon and stars etc.) सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्र इत्यादि; **Heavenly voice** (voice from Heaven.) आकाशवाणी ।

Heavily-हेव्'-इ-लि-*adv.* weightily, violently, sorrowfully. भार से, तीव्रता से, दुःख से ।

Heaviness-हेव्'-इ-नेस् - *n.* weight, sorrow. भारीपन, दुःख ।

Heavy-हेव्' - इ - *adj.* (*comp.* **Heavier**, *sup.* **Heaviest.**) weighty, ponderous, abundant, striking with force, dull, sad, gloomy, tedious. भारी, अधिक, प्रचण्ड, मन्द, दुःखी, अन्धकारमय, क्लिष्ट; **Heavy-hearted** (sorrowful.) दुःखी ।

Hebetate-हे' बिटेट्'-*v. t. & i.* to make or become dull. मन्द करना या होना ।

Hebraic-ही-ब्रे'-इक्-*adj.* pertaining to a Jew. यहूदी सम्बन्धी ।

Hebraism-ही-ब्रे'-इज़्म्-*n.* the conceptions or idioms of a Hebrew. यहूदियों की विचार-शैली ।

Hebraist-ही-ब्रे'-इस्ट्-*n.* one who is versed in the Hebrew language. यहूदी भाषा का विद्वान् ।

Hebrew-ही'-ब्रू-*n.* a Jew, the language of the ancient Hebrews. यहूदी, प्राचीन यहूदी भाषा ।

Hectic-हेक्'-टिक्-*adj.* pertaining to hectic fever, consumptive. क्षय-ज्वर -सम्बन्धी, क्षय रोग का ।

Hecto-हेक्'-टो-*pref.* in the sense of 'hundred'. 'सौ' का अर्थ सूचक उपसर्ग; यथा Hectograph इत्यादि ।

Hector-हेक्'-टर्-*n.* a bully, a blusterer. बकवादी, शेख़ीबाज़;-*v. t.* to bully, to torment. शेख़ी मारना या बघारना, कष्ट देना ।

Hedge-हेज्-*n.* a fence of bushes or shrubs. a barrier. झाड़ियों की टट्टी, मेड़;-*v. t.* to fence with a hedge. टट्टी से घेरना ।

Hedge-born-हेज्'-बॉर्न्-*adj.* of low birth. हीन जाति का ।

Hedgehog-हेज्- हॉग्-*n.* a kind of wild rat, a prickly fruit or its plant, a scornful or offensive person, a fortified defensive position. एक प्रकार का जंगली चूहा, काँटेदार फल या ऐसे फल का पौधा, घृणास्पद मनुष्य, किलेबन्द सुरक्षित स्थान ।

Hedonic-हीडनिक्-*adj.* pertaining to pleasure. आनन्द सम्बन्धी ।

Hedonism-ही-डन्-इज़्म्-*n.* the doctrine that happiness is the chief end of man. वह सिद्धान्त जिसके अनुसार आनन्द ही मनुष्य के सब कार्यों का अन्तिम लक्ष्य माना जाता है ।

Hedonist-ही-डन्'-इस्ट् - *n.* one who lives a life of pleasure. आनन्दजीवी ।

Heed-हीड्-*v. t.* to take notice of, to attend to. ध्यान देना, मन लगाना (सावधान होना); -*n.* careful attention. सावधानी ।

Heedful-हीड्'-फुल्-*adj.* cautious. सचेत, सावधान; **Heedfully** (-फुल्-लि)-*adv.* carefully. सावधानी से; **Heedfulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* the state of being heedful, caution. सावधानी ।

Heedless-हीड्'-लेस्-*adj.* inattentive, thoughtless. असावधान; **Heedlessly** (-लेस्- लि)-*adv.* carelessly. असावधानी से ; **Heedlessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* the state of being heedless, carelessness, inattention. असावधानी ।

Heehaw-ही'-हॉ-*v. i.* to bray like an ass. गदहे की तरह रेंकना ।

Kennel-केन् - ल् - *n.* a house for sheltering dogs, a gutter. कुत्तों के रखने का घर, जलमार्ग (परनाला); -*v. i.* (*p. p.* Kennelled.) to live in a kennel. ऐसे घर में रहना।

Kepi-केपी-*n.* a French military cap. फ्रांसीसी फ़ौजी टोपी।

Kept-केप्ट्-*p. t. & p. p.* of Keep. 'कीप्' क्रिया का भूतकाल का रूप;-*adj.& n.* maintained by a paramour. रखुई, सुरैतिन, रखेली।

Keramic-किरैमिक्-*adj.* pertaining to pottery. मिट्टी के बर्तन का।

Keratose-किरैटोज़् - *adj.* of hornlike structure. सींग की बनावट का।

Kerb-कर्ब्-*n.* the edge of pavement. फ़र्श के पत्थर का किनारा; Kerbing or Kerbstone-*n.* (the stone of which the kerb is made.) इस प्रकार के किनारे में लगे हुए पत्थर के टुकड़े।

Kerchief-कर्चिफ्-*n.* a square piece of cloth to cover the head. सिर ढाँपने का चौकोर कपड़ा; Handkerchief (a piece of square cloth used for wiping the face or hands.) हाथ का (दस्ती) रूमाल

Kerf-कर्फ़्-*n.* the channel or groove made by cutting with a saw. आरी से काटने पर बनी हुई फाँक।

Kern-कर्न्-*n.* an Irish foot-soldier. आयरलैंड का पैदल सिपाही।

Kernel-कर्नल्-*n.* the soft inner part within the shell of nut, body of a seed, nucleus, गुद्दा, गिरी, बीजतत्व, सार, मध्यभाग ; -*v. t.* (*p. t.* Kernelled.) to harden into kernels. गरी जमना ; Kernelly (-लि) -*adj.* full of kernels. गुद्देदार।

Kerosene-केरोसीन् - *n.* distilled petroleum. साफ किया हुआ मिट्टी का तेल।

Kersey-कर्जि-*n.* a kind of coarse narrow woollen cloth. एक प्रकार का मोटा छोटे पनहे का ऊनी कपड़ा।

Kerseymere-कर्जि-मिअर्-*n.* twilled woollen cloth. बटा हुआ ऊनी वस्त्र।

Kestrel-केस्ट्र-ल्-*n.* a kind of small hawk. एक प्रकार का छोटा बाज़ पक्षी।

Ketch-केच्-*n.* small two-masted ship. दो मस्तूल का छोटा जहाज।

Ketchup - केचप् - *n.* a kind of sauce. एक प्रकार की चटनी।

Kettle-के-ट्ल्-*n.* a vessel for boiling water. डेगची, पतीली; Kettleful (-फुल्)-*n.* as much as a kettle can hold. डेगची भरकर; Kettle-holder (- होल्डर्) -*n.* an appliance for holding a hot kettle. आँच पर से डेगची उतारने का चिमटा (सँड़सी)।

Kettle-drum - के- ट्ल्-ड्रम्-*n.* a hollow metal hemisphere stretched with parchment at top. भेरी, नगाड़ा।

Kettle-drum.

Key-की-*n.* (*pl.* Keys.) an instrument for moving the levers of a lock, that which gives opportunity, solution, explanation,

system of musical notes, level pressed by a finger in a musical instrument. ताली (कुञ्जी), उद्घाटक, व्याख्या, टीका, लय, सुर, बाजे का पर्दा; -*v. t.* to fasten with a key. कुञ्जी लगाना, चाभी देना।

Key-की-*n.* a low island near the coast. नीचा द्वीप या टापू।

Keyboard-की'-बोर्ड्-*n.* the range of keys in a musical instrument. बाजे, (टाइपराइटर इत्यादि) के हाथ से दबाने के पर्दे।

Keyhole-की'-होल्-*n.* an aperture for receiving a key. ताली लगाने का छिद्र।

Keynote-की'- नोट्-*n.* fundamental note. प्रधान राग।

Key-ring-की'-रिङ्ग् -*n.* the ring in which keys form a bunch. ताली का गुच्छा; **Silver key** (money used as bribe.) उत्कोच, घूस।

Keystone-की'-स्टोन्-*n.* the central brick or stone of an arch, the main principle. मेहराब के बीच की ईंट या पत्थर (चाभी), प्रधान सिद्धान्त।

Keystone.

Khan-खान् - *n.* the title of the rulers of Afghanistan, an inn. अफ़गानिस्तान के राजा की उपाधि, सराय।

Khedive-कें-डी-व्-*n.* the title of the viceroy of Egypt. मिस्र देश के बड़े लाट की उपाधि।

Kibble-कि - ब्ल्-*n.* a hoisting bucket used in mines. खान में से सामान उठाने की बालटी; -*v. t.* to grind coarsely. मोटा पीसना।

Kibe-काइब् - *n.* chilblain of the feet. (पाद-विस्फोट) ऐंड़ी का फटना, बेवाय।

Kibosh-कि-बॉश्-*n.* nonsense, humbug. निरर्थक वार्ता।

Kick-किक्-*n.* a blow with the foot. लत्ती की मार; -*v. i. & t.* to strike with the foot, to show dislike. लत्ती मारना, घृणा दिखलाना; **Kick-starter** (a lever for starting a motor-cycle.) मोटर बाइसिकिल चालू करने का पावदान; **More kicks than half pence** (more harshness than kindness.) दया की अपेक्षा अधिक रूक्षता; **To kick off** (to throw off by kicking.) लात मारकर झटकारना।

Kicker-किकर्-*n.* a horse which kicks. लात चलानेवाला घोड़ा।

Kickshaw-किक्'-शॉ-*n.* a fancy dish, a toy, a trifle, अनोखा भोजन, खिलौना, तुच्छ पदार्थ।

Kid-किड्-*n.* the young of a goat, goat's skin, a small wooden tub. (छाग) बकरी का बच्चा, इसका चमड़ा, कठौता।

Kiddle-कि-ड्ल्-*n.* a dam in a river with openings fitted with nets for catching fish. मछली पकड़ने के लिये नदी में लगाया हुआ बाँध।

Kiddy-किडि-*n.* (*pl.* **Kiddies.**) a small child, छोटा बच्चा।

Kidnap-किड्'-नॅप्-*v. t.* (*p. t.* **Kidnapped**) to steal or carry off a person by stealth. चोरी से किसी मनुष्यको भगा ले जाना या अपहरण करना; **Kidnapper** (-पर्)-*n.* a man-stealer. मनुष्य को भगा ले जानेवाला; **Kidnapping** (-पिङ्ग्)-*n.* stealing of a boy. बालक की चोरी, बालापहरण।

Kidney-किड्'-नि-*n.* (*pl.* **Kidneys.**) one of the pair of glands in the abdomen which secrete the urine. गुर्दा; **Kidney-bean**-*n.* (a kind of bean of the shape of a kidney.) एक प्रकार की सेम, मूँग।

Kier-किअर्-*n.* a vessel in which cloth is boiled for bleaching. पात्र जिसमें धोने के लिए कपड़े उबाले जाते हैं।

Kill-किल्-*v. t. & i.* to put to death, to slay, to put an end to, to destroy. हत्या करना, मार डालना, समाप्त करना, नष्ट करना; -*n.* the act of killing, an animal killed (*esp.* by a sportsman.) मारने की क्रिया, मारा हुआ पशु (शिकार); **To kill two birds with one stone** (to accomplish two purposes together.) एक पन्थ दो काज।

Killer-किलर्-*n.* one who slaughters, a butcher. घातक, मारनेवाला, हत्यारा।

Killing-किलि-ङ्ग्-*n.* the act of slaughtering. हत्या, वध; **Killingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* मारते हुए।

Kill-joy-किल्' - जॉय् - *n.* a gloomy person. मनहूस मनुष्य।

Kiln-किल्न्-*n.* a furnace, an oven for baking or burning. भट्ठी, आवाँ ; **Brick- kiln** (a kiln in which bricks are baked.) ईंट का पजावा।

Kilo-किलो-*pref.* in the Metrical system for one thousand. मेट्रिक नाप में "एक हजार" के लिए उपसर्ग।

Kilogram-कि-लो-ग्रा-म्-*n.* a thousand grammes. एक हजार ग्राम।

Kilt-किल्ट्-*n.* a skirt, the Highlander's dress, घाघरा, स्कॉटलैंड निवासियों का छोटा कोट; -*v. t.* to tuck up round the body. शरीर पर लपेटना; **Kilted** (-ऍड्)-*adj.* wrapped. लपेटा हुआ।

Kimbo-किम्बो-*adj.* arched, bent. मेहराबदार, घूमा हुआ।

Kin-किन् - *n.* kindred, family. (सजातीय) सम्बन्धी, नातेदार; **Kith and kin** (friends and relations.) नाते-गोते के लोग; **Kinless** (-लॅस्)-*adj.* without kins. बिना नाते-गोते का।

Kinchin-किन्'-चिन्-*n.* a child. बालक।

Kind-काइन्ड्-*n.* race, sort, group of species, class, nature, character. जाति, वर्ग, श्रेणी, प्रकार, स्वभाव, चरित्र; **Nothing of the kind** (altogether a different thi g.) सर्वथा भिन्न पदार्थ; **Payment in kind** (*i. e.* in goods, not in money.) एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु देना; **Something of the kind** (something of the sort.) इसी तरह का कोई पदार्थ।

Kind-काइन्ड्-*adj.* benevolent, gentle, affectionate. कृपालु, दयालु (उपकारी), प्रिय (हितैषी); **Kind-hearted**-*adj.* (benevolent.) उपकारी, दयार्द्र, रहमदिल।

Kindergarten-किन्डरगार्टन्-*n.* an infant school in which the children are educated by toys, games and object lessons. खिलौने, खेल इत्यादि द्वारा बच्चों को शिक्षा देने का स्कूल।

Kindle-किन्'-ड्ल्-*v. t. & i.* to set on fire, to light, to inflame, to catch fire, to become bright, to excite to action, to provoke, to animate. प्रज्वलित करना, जलाना, उत्तेजित करना, आग लगाना, चमकना, क्रुद्ध करना; **Kindler** (-ड्लर्) - *n.* one who kindles. प्रज्वलित करनेवाला।

Kindliness-काइन्ड्'-लि - नॅस्-*n.* affectionate disposition. सुजनता।

Kindling-किन्'-ड्लिङ्ग्-*n.* faggot for lighting fire. आग जलाने की चैली।

Kindly-काइन्ड्'-लि-*adj.* congenial, pleasant, benevolent. कृपालु, उपकारी।

Kindness-काइन्ड्'-नॅस्-*n.* goodness, sympathy. सुजनता, सहानुभूति।

Kindred-किन्'-ड्रॅड्-*n. & adj.* relationship by blood, relatives, connected, similar, allied. सम्बन्धी, (बन्धुता) सम्बन्ध, सजातीय, सगोत्र, तुल्य, खून का रिश्ता।

Kine-काइन्'-*n. pl.* of Cow. 'काउ' (गाय) शब्द के बहुवचन का रूप।

Kinema, Kinematograph-किनिमॅ,(-टो-ग्राफ़) same as **Cinema & Cinematograph.** चलते हुए चित्रों का पट।

Kinetic-काइ- नॅ'-टिक्- *adj.* pertaining to motion. गति-सम्बन्धी; **Kinetics** (-इक्स्)-*n. pl.* science of motion. गतिशास्त्र।

King-किङ्ग्-*n.* (*fem.* **Queen.**) a monarch, a male sovereign. नरपति, भूपाल, राजा:-*v. i.* to reign over. राज्य करना; **King Emperor.** राजाधिराज, सम्राट्; **King of beasts** (lion.) पशुपति, शेर; **King of Terrors** (God of death.) यमराज; **King's-evil** (scrofula or struma, formerly held to be curable by the king's touch.) गण्डमाला रोग।

King-craft-किङ्ग्'-क्राफ़्ट्-*n.* the business of kings. राजनीति।

Kingdom-किङ्ग्'-डम्-*n.*monarchy, rule,class राज, प्रभुत्व, जाति, वर्ग; **Kingdom of heaven** (dominion of nature.)प्रकृति का राज्य; **United Kingdom** (*i. e.* Great Britain and Ireland.) ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड का संयुक्त राज्य।

Kingfisher-किङ्ग्' - फिशर्-*n.* a kind of bird with bright plumage. रामचिरैया।

Kingless-किङ्ग्'-लॅस्-*adj.* devoid of kings. बिना राजा का, नृपहीन।

Kinglet-किङ्ग्'-लॅट्-*n.* a little or petty king. छोटा राजा।

Kinglike-किङ्ग्'-लाइक्-*adj.* like a king, royal राजा के समान, राजकीय।

Kingliness - किङ्ग्' - लि-नॅस्, **Kingship**-किङ्ग्'-शिप्-*ns.* the state of being kingly. नृपत्व, प्रभुता, राजाधिकार।

Kingly-किङ्ग्' - लि-*adj.* royal, becoming a king. राजकीय, राजा सदृश।

Kink-किङ्क्-*n.* a twist in a rope. रस्से की पेंठन; -*v. t. & i.* to wind into a kink, to cough loudly. रस्से में पेठन डालना, जोर से खाँसना।

Kinless-किन्'-लॅस्-*adj.* without a kin. बिना परिवार का।

Kino-की'-नो-*n.* a vegetable exudation resembling catechu. खैर के प्रकार का वृक्षों से निकला हुआ एक पदार्थ।

Kinsfolk-किन्ज़्' - फ़ोक् - *n. pl.* relations by blood. भाई-बन्धु।

Kinship-किन्' - शिप्-*n.* blood relationship, alliance. नातेदारी, सम्बन्ध।

Kinsman-किन्स्'-मॅन्-*n.* (*fem.* **Kinswoman**, -वुमन्.) a male relation. सम्बन्धी, बान्धव, सम्बन्धी पुरुष।

Kip-किप्-*n.* hide of a young beast or small animal, a pointed hill, a brothel. छोटे पशु की खाल, नोकीली पहाड़ी, वेश्यालय;-*v. t.* to go to bed, to lie. सोने जाना, लेटना।

Kirk-कर्क्-*n.* a church. गिर्जाघर।

Kirtle-कर्टल्-*n.* a woman's gown or outer petticoat. घाघरा।

Kiss-किस्-*v. t.* to touch with the lips in affection. चुम्बन करना, चूमना; - *n.* a salute given with lips, a caress given with lips. चुम्बन; **To kiss the book** (to make an oath by kissing the Bible.) बाइबल चूमकर क़सम खाना; **To kiss the ground** (to prostrate in saluting.) दण्डवत् करना; **To kiss the rod** (to accept chastisement submissively.) विनीत भाव से दण्ड स्वीकार करना।

Kisser-कि-सर्-*n.* one who kisses. चुम्बन करनेवाला, चुम्बक।

Kit-किट्-*n.* a small wooden tub, a soldier's knapsack, a shoemaker's outfit, a kind of small fiddle, short form of 'Kitten.' लकड़ी का कठौता, सिपाही का झोला, चिकारा (सारंगी), बिल्ली का बच्चा।

Kitchen-किच्'-न्-*n.* a room where food is cooked. पाकशाला, रसोईघर; **Kitchen-garden** (a garden for fruits and vegetables.) फल तथा तरकारी का बगीचा; **Kitchen-maid** (the female servant of a kitchen.) रसोईघर की नौकरानी; **Kitchen-stuff** (material used in kitchen.) पाकशाला में प्रयुक्त होनेवाले सामान।

Kitchener-किच्नर्-*n.* a cooking-range. चूल्हों की पंक्ति।

Kite-काइट्-*n.* a bird of prey similar to a falcon, a rapacious person, a child's paper toy for flying in air. चील, लुटेरा, पतंग, गुड्डी; -*v. i.* to fly like a kite. चील की तरह उड़ना; **To fly a kite.** पतंग उड़ाना।

Kith-किथ्-*n.* acquaintance and relative. संबंधी, परिचित मनुष्य।

Kitten-किट्न्-*n.* the young of a cat. बिल्ली का बच्चा।

Kittle-कि-ट्ल्-*adj.* difficult to pacify. शान्त न करने योग्य।

Kitty-कि-टि-*n.* a pet name for kitten. बिल्ली का बच्चा।

Kloof-क्लूफ़्-*n.* a narrow valley, ravine. सँकरी (तंग) घाटी।

Knack-नैक्-*n.* adroitness. dexterity, ingenious device, trick, skill of action or speech. कुशलता, चतुराई, युक्ति, काम करने या बोलने की कुशलता।

Knacker-नै-कर्-*n.* one who buys old horses for slaughter. वृद्ध घोड़ों को वध करने के लिए खरीदनेवाला मनुष्य।

Knag-नैग्-*n.* a knot in wood. लकड़ी की गाँठ।

Knagginess-नै-गि-नेस्-*n.* the state of being knaggy. गाँठपन; **Knaggy** (-गि)-*adj.* knotty. गाँठदार।

Knap-नैप्-*n.* a rising ground, summit. ऊँची भूमि, शिखर; -*v. t.* (*p. t.* Knapped.) to break stones by a hammer. हथौड़े से पत्थर तोड़ना।

Knapper-नै-पर्-*n.* a stone-breaker. पत्थर तोड़नेवाला।

Knapsack-नैप्'-सैक्-*n.* a leather or canvas bag. चमड़े या टाट का बेग।

Knar-नार्-*n.* a knot in the wood. लकड़ी की गाँठ।

Knarl-नार्ल्-*n.* a knot in wood. लकड़ी में की गाँठ।

Knave-नेव्-*n.* a rascal, a villain, a rogue. धूर्त, शठ (पाजी), दुष्ट।

Knavery-ने-व़-रि-*n.* dishonesty, villainy. धूर्तता, शठता।

Knavish-ने-विश्-*adj.* dishonest, fraudulent. धूर्त, कपटी; **Knavishly** (-इश्-लि) -*adv.* in a fraudulent manner. धूर्तता (शठता) से; **Knavishness** (-इश्-नेस्)-*n.* fraud. कपट, छल।

Knead-नीड्-*v. t.* to work up into dough or paste, to blend together. आटा गूँधना, सानना।

Kneadable-नीडे-बल्-*adj.* that can be kneaded. गूँधने योग्य।

Kneader-नीडर्-*n.* one who kneads. साननेवाला।

Kneading-नी-डिङ्ग्-*n.* the act of working into a dough. गूँधने का काम, सनाई; **Kneading trough** (a trough for making dough.) आटा सानने का पात्र या कठवत।

Knee-नी-*n.* the joint between the lower leg and thigh. उरुसन्धि, घुटना; -*v. t.* to touch or fasten with knee. घुटने से छूना या बाँधना; **Knee-cap**-*n.* patella. घुटने की चक्की; **Knee-deep** (sunk to the knees.) घुटना भर (जल); **Knee-joint** (joint of knee.) घुटने का जोड़; **On one's knees** (kneeling.) घुटने के बल टेकते हुए; **To bring to knees** (to subjugate.) अधीन करना; **To give a knee to** (to support.) सहारा देना।

Kneel-नील्-*v. i.* (*p. t.* & *p. p.* Knelt.) to fall on knees in prayer, to bend the knees. प्रणाम करने में घुटना टेकना।

Knell-नेल्-*n.* the sound of a bell (*esp.* one rung at a funeral.) अरथी के साथ बजनेवाले घण्टे का शब्द; -*v. i.* & *t.* to sound a funeral

bell. मृत्युघण्टा बजाना, अशुभसूचक घण्टे का शब्द होना।

Knelt-नेल्ट्-*p. t. & p. p.* of Kneel.

Knew-न्यू-*p. t.* of Know. जान लिया।

Knickerbockers-निकर्-बॉकर्ज़्-*n. pl.* loose breeches gathered in at the knee. घुटने तक का ढीला पायजामा; also **Knickers.** (निक्-अर्स्)।

Knickknack, Knick-nack - निक्'-नॅक्-*n.* a simple dress or food, a trinket. साधारण वस्त्र या भोजन, क्षुद्र पदार्थ या गहना।

Knickery-निकरि-*n.* trivialness. तुच्छता।

Knife-नाइफ़्-*n.*(*pl.* **Knivest.**) a cutting instrument. छुरी, चाकू; **The knife** (surgical operation.) जर्राही; **To play a good knife and fork** (to eat to the full.) पर्याप्त भोजन करना, पेटभर खाना।

Knight-नाइट्-*n.* a champion in war, a title of rank, a piece used in the game of chess. योद्धा, शूरवीर, अंग्रेज़ी (Sir) की उपाधि, शतरंज के खेल में 'वज़ीर'; -*v. t.* to confer knighthood on. 'नाइट' की पदवी देना।

Knightage-नाइटेज्-*n.* the body of knights. नाइट उपाधिधारियों का समुदाय।

Knight-errant-नाइट्'-ऍरन्ट्-*n.* (*pl.* **Knights-errant.**) a knight who travels in search of adventures. अपनी वीरता सर्वत्र दिखाने के लिये देश-देश में घूमनेवाला वीर।

Knighthood-नाइट्'-हुड्-*n.* the dignity of a knight. शूरवीर ('नाइट') की पदवी।

Knightlike-नाइट्'-लाइक-*adj.* resembling a knight. शूरवीर की तरह।

Knightly-नाइट्'-लि-*adj. & adv.* pertaining to a knight, in a manner becoming a knight. नाइट का, नाइट के योग्य ढङ्ग से।

Knit-निट्-*v. t.* (*p. t.* **Knitted.**) to tie together, to contract, to join, to unite, to make compact. बाँधना, बुनना, सिकोड़ना, जोड़ना, मिलाना, इकट्ठा करना; **To knit up** (to fasten by knitting.) सीकर जोड़ना; **Knitting** (-टिङ्ग्)-*n.* a network formed by knitting. बिनावट की जाली; **Knitting-needle** (-नी'-ड्ल्)-*n.* a needle used in knitting. जाली बीनने की सलाई या सूई।

Knob-नॉब्-*n.* a hard round protuberance. पिण्ड, गाँठ।

Knobbiness- नॉ - बि - नॅस् - *n.* the state of being knobby. गाँठपन।

Knobble - नॉ - ब्ल् -*n.* a small knob. छोटी गाँठ।

Knobby-नॉ-बि-*adj.* knotty, full of knots. गाँठदार।

Knock-नॉक्-*v. t. & i.* to strike with a blow, to clash, to wander. धक्का देना, पीटना (खटखटाना), घूमना, भटकना; -*n.* a blow. धक्का; **To knock about** (to strike repeatedly, to loiter aimlessly.) बारम्बार पीटना, बेकार घूमना; **To knock down** (to strike down.) मारकर गिरा देना; **To knock off** (to leave off work.) काम छोड़ देना; **To knock out** (to make empty.) खाली करना; **To knock together** (to put hastily together.) जल्दी से मिला देना; **To knock under** (to submit.) अधीन होना; **To knock up** (to lift with a blow.) धक्का देकर उठाना।

Knocker-नॉक-र् - *n.* one who knocks, a hammer or appendage fastened to a door. खटखटानेवाला, किवाड़ खटखटाने का कड़ा।

Knoll-नोल्-*n.* a small hill or mound, note of a bell. छोटी पहाड़ी, घण्टे का शब्द;-*v. t.* to ring a bell. घण्टा बजाना; same as **Knell.**

Knop-नॉप् -*n.* the bud of a flower. फूल की कली; same as **Knob.**

Knot-नॉट्-*n.* a tie, a nautical mile (6080 ft.), perplexity, difficulty, cluster, a joint in the stem or root of a plant, a group of persons. गाँठ, समुद्री (६०८० फ़ीट की) नाप, व्याकुलता, व्यग्रता, गुच्छा, पौधे की गाँठ, मण्डल (समूह); -*v. t. & i.* (*p. t.* **Knotted.**) to tie in a knot, to entangle, to perplex. व्यग्र करना, फँसाना, घबड़ाना, गाँठ बाँधकर झालर बनाना; **Knotted** (-टॅड्)-*adj.* full of knots. ग्रन्थिल, गाँठदार; **Knottiness** (-टि-नॅस्) - *n.* the quality of being knotty. गँठीलापन।

Knotting-नॉट्'-इङ्ग् -*n.* formation of knots. गठबन्धन।

Knotty-नॉ-टि -*adj.* full of knots, perplexing. गँठीला, (गूढ़ार्थ) कठिन, पेंचदार।

Know- नो -*v. t.* (*p. t.* **Knew**, *p. p.* **Known.**) to perceive clearly, to recognise, to distinguish, to be acquainted with, to have personal experience of. भली भाँति जानना (समझना), परिचित होना, अनुभव होना; **To know of** (to be careful of.) सचेत होना।

Knowable-नो'-ऍ-ब्ल् - *adj.* that may be known. जानने योग्य; **Knowability** (नो-ऍ-बि-लि-टि), **Knowableness** (-ऍ-बल्-नॅस्)-*ns.* the quality of being knowable. जानने की योग्यता, जानकारी।

Knower - नो' - अर् - *n.* one who knows. जाननेवाला ।

Knowing - नो' - इङ्ग्-*n.* knowledge. ज्ञान; **Knowingly** (- लि) - *adv.* with knowledge. ज्ञानपूर्वक, जान-बूझकर; **Knowingness** (- नेॅस्) -*n.* the quality of being known. जानकारी ।

Knowledge-नॉ- लॅज् - *n.* learning, instruction, cognition, acquaintance, information. ज्ञान (बोध), विद्या, परिचय, सन्देश ; **It came to my knowledge** (it became known to me.) मुझे ज्ञात हुआ ।

Known-नोन्-*adj.* (*p. p.* of **Know.**) possessed of knowledge, familiar, informed, famous. जाना हुआ, परिचित, सूचित, प्रसिद्ध ।

Knuckle-नक्'-कल्-*n.* a joint in the finger-bone. अँगुली का जोड़, पोर;-*v. t.* to press or rub with fingers. अँगुली से दबाना या रगड़ना; **Knuckled** (-ड्) -*adj.* jointed. जुटा हुआ ।

Knurl-नर्ल्-*n.* a knot or ridge. गाँठ, लट्टू ।

Kodak-को'-डॅक्-*n.* a kind of photographic camera. फोटो उतारने का एक प्रकार का यन्त्र ।

Koodoo-कू'-डू-*n.* a kind of African antelope with long spiral horns. लम्बी, घूमी हुई सींगों-वाला एक प्रकार का अफ्रीका का बारहसिंगा ।

Kraal - क्राल् - *n.* an enclosure for cattle or sheep. चौपाये या भेड़ के रखने का स्थान या बाड़ा ।

Kymograph-काइ'-मो-ग्राफ्-*n.* an instrument for recording blood pressure. रक्तचाप-मापक यंत्र ।

L-ऍल्-the twelfth letter of the English alphabet, a symbol for 50 in Roman numerals. अंग्रेज़ी वर्णमाला का बारहवाँ अक्षर, रोमन् संख्या में ५० के लिये संकेत।

La-ला-*n.* the sixth note of the octave. गायन में छठा स्वर (ध)।

Labarum-लॅब्' - अरम्-*n.* a Roman military standard. रूमी रण-पताका।

Labefaction-लॅबि-फ़ॅक्शन्-*n.* (also **Labifactation.**) a weakening, ruin. दुर्बलता, नाश।

Label-ले'-ब्ल्-*n.* a strip of paper or metal for affixing to anything adhesive, stamp. लेबिल, चिप्पी, टिकट; *-v. t.* (*p. t.* **Labelled.**) to fix a label to. इस प्रकार का लेख पत्र चिपकाना।

Labial-लेबिअल्-*adv.* pertaining to the lips. ओठ-सम्बन्धी।

Labiate-ले'-बि-ऍट्-*adj.* having two unequal lips. दो असमान ओठों वाला।

Labile-लेबाइल्-*adj.* liable to change. परिवर्तनशील, बदलनेवाला।

Laboratorial-लॅब्'-ऑ-रें-टॅरिअल्-*adj.* pertaining to a laboratory. रसायनशाला या प्रयोगशाला सम्बन्धी।

Laboratory-लॅब्-ऑ-रें - टॅरि - *n.* a room or building in which chemists perform their experiments. रसायनशाला, प्रयोगशाला।

Laborious - लॅबोरिअस् - *adj.* diligent, hardworking, toilsome. कष्टसाध्य, परिश्रमी, उद्योगशील; **Laboriously** (- लि) - *adv.* in a diligent manner. श्रम से, उद्योग से; **Laboriousness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being laborious. उद्योग, व्यवसाय।

Labour-ले'-ब्‌र्-*n.* mental or bodily exertion, toil, laborious task, pains of childbirth. परिश्रम, उद्योग (व्यापार), मेहनत, प्रसव-पीड़ा; *-v. i.* to toil, to work hard. परिश्रम करना, उद्योग (व्यापार) करना; **Labour Party** (the party representing wage-earners.) मजदूर दल।

Laboured-ले - बर्ड् - *adj.* bearing marks of labour or effort in the execution. परिश्रम-सूचक, श्रम द्वारा सम्पादित।

Labourer-ले'-बरर्-*n.* one who labours. कर्मकार, मजदूर, श्रमिक, श्रमजीवी।

Labourite-ले-बराइट्-*n.* a member or adherent of a labour party. मजदूर दल का सदस्य।

Laburnum-लॅबर्नम्-*n.* a small shrub with yellow flowers. पीले फूल का एक पौधा।

Labyrinth-लॅब्'-इर्-इन्थ्-*n.* a structure full of complicated winding passage, an intricate arrangement, a perplexity. भँवरजाल, भूल-भुलैया, अति गहन स्थान, गोरखधन्धा, व्याकुलता।

Labyrinthine-लॅबिरिन्थाइन् - *adj.* winding, intricate, perplexing. भँवरजाल का, पेचीला।

Lac-लॅक्-*n.* a resinous substance, a hundred thousand. लाह, लाख (संख्या)।

Lace-लेस्-*n.* a cord or strip of leather for fastening, a plaited string, a fine fabric of linen or silk. फ़ीता, किनारी, गोटा, लेस; *-v. t. & i.* to fasten with a string, to adorn with a lace. (जूते में) फीता बाँधना, किनारी लगाना; **Lace-pillow** (a cushion with pins for making laces.) तकिया जिस पर आलपीन गाड़कर लेस बनाई जाती है।

Laceman-लेस्'-मॅन्- *n.* one who deals in lace. लेस बनाने या बेचनेवाला।

Lacerable-लॅसरें-ब्ल् , **Lacerative** (-ए'-टिव्) *-adjs.* that may be torn or lacerated. फाड़ने या चीरा लगाने योग्य।

Lacerate-लॅसरेट्-*v. t.* to tear or rend, to afflict or distress. फाड़ना या टुकड़े-टुकड़े करना, पीड़ा देना, कष्ट देना; **Lacerated** (-ऍड्) *-adj.* rent into pieces. टुकड़े-टुकड़े किया हुआ।

Laceration-लॅ-सरें'शन्-*n.* the act of tearing. विदारण, फटन, छेदन।

Lacertian, Lacertine-लॅ-सर्शिअन्, (-टाइन्) *-adjs.* like a lizard. छिपकली के समान।

Lacet-लॅ-सेट्'-*n.* a work made of tape. फ़ीते का बना हुआ काम।

Laches-लॅचि (-शि)-ज़्-*n.* negligence in the performance of a legal duty. कानूनी कार्रवाई करने में अवहेलना (सुस्ती या ढिलाई)।

Lachrymal-लॅक्रिमल्-*adj.* pertaining to tears. अश्रु-सम्बन्धी।

Lachrymation-लॅक्रिमेशन्-*n.* burst of tears. आँसू बहना, अश्रु-प्रवाह।

Lachrymatory-लॅक्रिमेटरि-*adj.* causing tears to flow. आँसू बहानेवाला।

Lachrymose-लॅक्रिमोस्-*adj.* shedding tears, tearful. आँसू बहानेवाला, अश्रु-पूर्ण ; **Lachrymosely** (-लि) *-adv.* tearfully. आँसू भरे हुए।

Laciniate, Laciniated-लॅ - सिनि-एट्, (-ऍड्) *-adjs.* cut into pieces, slashed. टुकड़े-टुकड़े किया हुआ।

Lack-लॅक्-*n.* want, deficiency, need. अभाव, न्यूनता; *-v. i. & t.* to be deficient in. कमी

होना, रहित होना; Lackbrain, Lack-wisdom (a fool.) निर्बुद्धि, मतिहीन, मूर्ख; Lack-lustre (dull.) मन्द; To feel lack of (*i. e.* want of.) अभाव का अनुभव करना।

Lackadaisical - लैक्' - अ - डे-ज़िकल् -*adj.* languishing. उत्कण्ठित, व्यग्र दुःखी।

Lack-a-day-लैक्' - अ-डे *interj.* expressing sorrow. हाय-हाय ! अफसोस, शोक-सूचक अव्यय।

Lacker-लैक्'-अर्-same as Lacquer.

Lackey-लैकि-*n.* a foot-boy, a man servant. दास, अनुचर, टहलुआ; -*v. t.* to dance attendance on, to behave servilely to. हाज़िरी बजाना।

Laconic-लैकॉनिक्-*adj.* short, brief, concise. छोटा, अल्प, संक्षिप्त; Laconically (-अ-लि) -*adv.* in a laconic manner. संक्षेप में।

Laconicism - लैं - कॉनिसिज़्म् - *n.* concise speech, a short pithy saying. संक्षिप्त उक्ति, मितभाषण।

Lacquer, Lacker-लैकर्-*n.* a gold-coloured varnish for coating on brass. पीतल पर चढ़ाने की सुनहली वार्निश; -*v. t.* to smear or varnish with lacquer. ऐसी वार्निश लगाना।

Lactation - लैक्टेशन् - *n.* act of suckling, secretion of milk in the mammary glands. स्तन्य-दान, स्तन में दुग्ध-संचय।

Lacteal-लैं-क्टिअल्-*adj.* pertaining to milk. दुग्ध-सम्बन्धी; Lactescence (-टे-सें-न्स्)-*n.* (milky appearance.) दूध की आकृति; Lactescent (-टे-सें-न्ट्)-*adj.* of milky appearance, milky, दूध की आकृति का।

Lactic-लैक्टिक्-*adj.* having the property of milk. दुग्ध के गुण का।

Lactiferous-लैक्टिफ़ेरस्-*adj.* yielding milk. दुग्धवाही, दूध देनेवाला।

Lactometer-लैं-क्टॉ - मिटर्-*n.* an instrument for ascertaining the purity of milk. दूध की शुद्धता का परिमाण नापने का यन्त्र।

Lactose-लैक्'-टोस्-*n.* sugar of milk. दूध में की शर्करा, दुग्ध-शर्करा।

Lacuna-लैं-क्यूना-*n.* (*pl.* Lacunae, Lacunas.) a missing or empty part, the cavity in a bone. पोला हिस्सा, हड्डी का पोला भाग।

Lad-लैड्-*n.* (*fem.* Lass.) a boy, a young fellow. बालक, कुमार, छोकरा।

Ladder-लैं-डर्-*n.* a frame with steps, rungs for ascending a building, means of rising. निसेंनी, सीढ़ी, चढ़ने का साधन; -*v. t.* to furnish with a ladder. सीढ़ी लगाना; Laddered (-ड्)-*adj.* having a ladder. सीढ़ी लगा हुआ; To kick down the ladder (to abandon helpers.) सहायक मित्रों को त्यागना।

Lade-लेड्-*v. t.* (*p. t.* Laden.) to load, to put cargo on a ship. भार रखना, जहाज़ पर लादना।

Lading-लें डिङ्ग्-*n.* load or cargo, freight. बोझ, माल-असबाब का भाड़ा।

Ladle-ले-इल्-*n.* a large spoon with a cup or bowl and a long handle. बड़ा चम्मच, करछुल; -*v. t.* to lift with a ladle. करछुल से उठाना; Ladleful (-फ़ुल्)-*n.* as much as a ladle can hold. करछुल भर।

Lady-लें-डि-*n.* (*pl.* Ladies.) a mistress, a woman of the upper class, a woman of refined taste and manners. गृहिणी, स्वामिनी, कुलीन स्त्री, भद्र महिला; Ladybird, Ladycow -*ns.* (a kind of beetle.) इन्द्रगोप, बीरबहूटी; Lady-chair (a contrivance for carrying invalids.) दो आदमियों का हाथ बाँधकर रोगी को इस पर बैठाकर ले जाने की विधि; Ladyday (the festival of 25th March.) पच्चीसवीं मार्च का उत्सव; Ladyhood (हुड्)-*n.* the character of a lady. स्त्रीत्व; Lady-in-waiting-*n.* (a handmaid of a king.) राजा की दासी; Ladylike-*adj.* (gentle, delicate.) सभ्य, शिष्ट; Ladylove (a sweetheart, mistress.) प्राण प्यारी, प्रियतमा; Lady's finger (a kind of vegetable.) रामतरोई, भिण्डी; Ladyship (-शिप्) -*n.* an address to a lady of title. महाशया; Lady's man (a man who lives in the company of women.) स्त्रियों की मण्डली में रहनेवाला पुरुष; Painted lady (a kind of butterfly.) एक प्रकार की तितली; Your good lady (your wife.) आपकी पत्नी; Your ladyship (a title of courtesy for a woman of rank.) पदवीवाली स्त्री को पुकारने का शब्द।

Lag-लैग्-*v. i.* (*p. t.* Lagged.) to go slowly, to fall behind. धीरे-धीरे चलना, पिछड़ जाना।

Laggard - लैगर्ड् - *adj.* slow, backward, sluggish. विलंबी, मन्द, सुस्त।

Lagging-लैं-गिङ्ग्-*adj.* loitering. ठमकता हुआ।

Lagoon-लैं-गून्'-*n.* a marsh, a shallow lake. दलदल, छिछली झील।

Laid-लेड्-*adj.* prostrate, pressed down. लेटा हुआ, दबाया हुआ।

Lain-लेन्-*p. p.* of Lie.

Lair-लेयर्-*n.* a resting place of animals, an enclosure for cattle. पशुओं का वासस्थान

(माँद), बाड़ा;-*v. t.* to lie in a lair. माँद में रहना।

Laird-लें'-अ-ड्-*n.* a landlord. जमींदार; **Laird--ship** (-शिप्)-*n.* the estate of a landlord. जमींदारी।

Laity-लें'-इ-टि-*n.* the people as distinguished from the clergy or the learned class. जनसामान्य।

Lake-लेक्-*n.* a stretch of water surrounded on all sides by earth, crimson colour. सरोवर, झील, एक प्रकार का गुलाबी रंग; **Lake-land** (-लॅन्ड्)-*n.* Westmorland, Cumberland and Lancashire. इंगलैण्ड के उक्त प्रदेश; **Lakeless** (-लॅस्) -*adj.* without a lake. बिना झील का; **Lakelet** (-लॅट्) -*n.* a small lake. छोटी झील; **Lake Poets** (poets of Lake-land.) झील प्रदेश में उत्पन्न इँग्लैंड के प्रसिद्ध कवि, यथा-Coleridge, Southey and Words-worth.

Lama-ला'-मा -*n.* a Tibetan Buddhist priest. तिब्बत का बौद्ध भिक्षु; **Lamasery** (-सरि)-*n.* a Tibetan monastery. बौद्ध भिक्षुओं का मठ।

Lamb-लॅम्-*n.* the young one of a sheep. भेड़ी का बच्चा, मेमना; **Like a lamb** (submissively.) सहिष्णुता से; **A wolf in lamb' skin** (a crafty person.) छली मनुष्य, धोखेबाज।

Lambency-लॅम्ब्'-ऍ-न्सि-*n.* fickleness. चंचलता, कँपकँपाहट।

Lambent-लॅम्ब्'-ऍ-न्ट्-*adj.* moving on surface only, flickering, softly, brilliant. चंचल, कंपमान, झलमलाता हुआ; **Lambently** (-लि) -*adv.* in a lambent manner. चंचलता से, हिलते हुए।

Lambrequin-लॅम्'-ब्रि-किन्-*n.* a short piece of drapery over door or window. परदा, चिक।

Lame-लेम्-*adj.* crippled in a leg, hobbling, disabled, unsatisfactory, imperfect. पंगु, लँगड़ा, भग्न, असन्तोषदायक, अपूर्ण; -*v. t.* to make lame, to cripple. लँगड़ा या पंगु करना; **Lamely** (-लि) -*adv.* in a lame manner. लँगड़ाते हुए; **Lameness** (-नॅस्) -*n.* the state of being lame. पंगुता, लँगड़ापन।

Lamella-लॅ-मॅला-*n.* (*pl.* **Lamellae.**) a thin layer of a bone. हड्डी की पतली परत; **Lamellar** (-लर्) -*adj.* composed of lamellae. पतली परत से बना हुआ ; **Lamellated** (-लेट्'-ऍड) -*adj.* lamellate. पतली परत किया हुआ।

Lament-लॅ-मॅन्ट्'-*v. t. & i.* to express grief, to regret, to weep. विलाप करना, शोक करना, रोना;-*n.* sorrow, an elegy. विलाप, शोक, रुलाई।

Lamentable-लॅ - मॅन्टे-ब्ल् - *adj.* mournful, pitiful. शोचनीय, विलाप के योग्य।

Lamentably-लॅ-मॅन्टे-ब्लि-*adv.* in a lamentable manner. शोक से।

Lamentation-लॅ-मॅन्टेशन्-*n.* the act of bewailing. विलाप, रुलाई।

Lamenter-लॅ-मॅन्ट्'-अर्-*n.* one who laments. विलाप करनेवाला।

Lamina-लॅमिना-*n.* (*pl.* **Laminae.**) a thin plate or layer of bone, metal &c. धातु या हड्डी की महीन परत, झिल्ली; **Laminar** (-अर्) -*adj.* consisting of thin plates. पतली परत का।

Laminate-लॅमिनेट्'- *v. t.* to fold in thin plates. महीन परत करना, तबक बनाना।

Lamination-लॅमिनेशन्-*n.* the state of being laminated. परतदार होना, परतयुक्तता।

Lamp-लॅम्प्-*n.* an apparatus for giving light, a vessel with wick and oil to give light. दीपक, लम्प; - *v. t.* to illuminate. प्रकाशित करना; **Lampblack** (soot formed by smoke &c.) करखी, काजल; **Lampless** (-लॅस्)-*adj.* without a lamp. बिना दीपक का ; **Lamp-lighter** (one who lights lamps.) दीपक जलानेवाला; **Lamp-post** (a post on which a lamp is fixed.) लम्प लगाने का खम्भा ; **Lamp-stand** (a frame on which a lamp is placed.) डीवट ; **Spirit lamp** (a lamp in which spirit is lighted.) स्पिरिट से जलनेवाला लम्प।

Lampas-लॅम्'-पॅस्-*n.* a kind of floral silk. चीन का फूलदार रेशमी वस्त्र।

Lampoon-लॅम्-पून्'-*n.* a personal satire in writing. निन्दालेख, आक्षेप; **Lampooner** (-अर्), **Lampoonist** (-इस्ट्)-*ns.* one who writes a lampoon. निन्दालेख लिखनेवाला, आक्षेप करनेवाला।

Lamprey-लॅम्प्रि-*n.* an eel-like fish. एक प्रकार की मछली।

Lanary-लॅन्'-अरि-*n.* a place for storing wool. ऊन का गुदाम।

Lanate-लें'-नेट्-*adj.* covered with wool. ऊन से ढँका हुआ।

Lance-लान्स्-*n.* a long spear used by horsemen. बर्छी, बल्लम, भाला; - *v. t.* to pierce with a spear, to open with a lance. भाला भोंकना, नश्तर लगाना ; **Lances** (-अर्)-*n.* a soldier armed with a lance. बल्लमधारी सैनिक।

Lance.

Lanceolate-लान्सिअॅ-लेट्-*adj.* shaped like a spear-head. भाले की धार के आकार का।

Lancet-ला-न्सॅ-ट्-*n.* a surgical knife. नश्तर, चीरने-फाड़ने की छूरी।

Lancinate-लान्सिनेट्-*v. t.* to cut open with a lancet. नश्तर से चीरना।

Lancinating-लान्सिने टिङ्ग-*adj.* of acute pain. तीव्र (कोंचने के समान) पीड़ा का।

Lancination-लान्सिनेशन्-*n.* laceration. नश्तर से चीरफाड़।

Land-लॅन्ड्-*n.* ground, soil, earth, estate, nation, country, भूमि, मिट्टी, पृथ्वी, जमींदारी, देश, राज्य; -*v. t. & i.* to go on shore, to reach, to come on earth, to disembark. तीर पर उतरना, पहुँचना, जमीन छूना, जहाज से उतरना; **Arable land** (land fit for cultivation.) जोतने-बोने योग्य भूमि; **Land of the living** (earthly existence.) संसारी जीवन।

Landau-लॅन्'-डॉ-*n.* (*pl.* **Landaus**-डॉज़्) a light carriage whose top as well as the front and back half can be removed. लण्डो गाड़ी; **Landaulet** (a small open motor car.) छोटी खुली मोटर गाड़ी।

Land-breeze-लॅन्ड्'-ब्रीज़्'-*n.* a current of air setting from the land towards the sea. समुद्र की ओर बहनेवाली हवा, स्थलीय समीर।

Landed-लॅन्डॅ-इ-*adj.* having an estate in land. भूमि सम्पन्न, भूमि-सम्बन्धी।

Landforce-लॅन्ड्'-फ़ोर्स्-*n.* a military force serving on land, भूमि पर लड़नेवाली सेना।

Landgrave - लॅन्ड्'-ग्रेव्'-*n.* (*fem.* **Landgravine.**) a German nobleman. जर्मनी का धनी पुरुष या अमीर।

Land-holder-लॅन्ड्'-हो-ल्ड-र्-*n.* the proprietor or tenant of land. जमींदार अथवा काश्तकार।

Landing-लॅन्डि-इङ्ग् - *n.* act of going on shore. समुद्र के किनारे पर (जहाज़ पर से) उतरना या अवतरण; **Landing-stage**-*n.* a floating platform. तैरनेवाला चबूतरा।

Landlady-लॅन्ड्-लॅ'-डि - *n. fem.* a woman having tenants, a woman keeping an inn, lodgings, boarding-houses &c. जमींदारिन, भठियारिन।

Landless-लॅन्ड्'-लॅस्-*adj.* destitute of land. बिना भूमि का।

Landlord-लॅन्ड्'-लॉर्ड्-*n.* a person of whom another holds any tenement, the keeper of an inn, lodgings &c. जमींदार, भठियारा।

Landmark-लॅन्ड्'-मार्क्-*n.* a mark for designating boundary. सीमा-चिह्न।

Landscape-लॅन्ड्'-स्कॅप्-*n.* the portion of land with its environs which they can view at a single glance. नयनगोचर प्रदेश, जितना स्थान एक बार में आँखों से देख पड़े; **Landscapist** (-इस्ट्)-*n.* a painter. प्राकृतिक दृश्य का चित्र खींचनेवाला।

Land-tax-लॅन्ड्'-टॅक्स्-*n.* a tax assessed on land. पृथ्वी या भूमि का कर।

Landward-लॅन्ड्'-वर्ड-*adv.* towards the land. पृथ्वी की ओर।

Lane-लॅन्-*n.* a narrow street. पतली सड़क, गली; **It is a long lane that has no turning** (change will surely come to pass.) परिवर्तन अवश्य ही होगा।

Language-लॅ-ङ्ग्वॅज्-*n.* the faculty of human speech, style, manner of expression. भाषा, वाग्व्यवहार, बोली; **Bad language.** गाली-गलौज; **Dead language** (the language which is no longer spoken.) जो भाषा अब बोली नहीं जाती; **Language master** (the teacher of a language.) भाषा का अध्यापक।

Languid-लॅङ्ग्विड्-*adj.* lacking in exertion, faint, spiritless, dull, weak, not interesting. शक्तिहीन, अस्पष्ट, शिथिल (खिन्न), मन्द, निबल, अरोचक, आलसी; **Languidly** (-लि) -*adv.* in a spiritless manner. म्लानता से; **Languidness** (-नॅस्) - *n.* spiritlessness. शिथिलता।

Languish-लॅङ्ग्विश्-*v. i.* to grow feeble, to lose vitality, to grow dull, to droop, to pine. दुर्बल होना, निरुत्साह होना, मन्द होना, क्षीण होना, मुर्झाना।

Languishing-लॅङ्ग्विशिङ्ग् -*adj.* fading, becoming weak. निरुत्साह, क्षीणशक्ति; **Languishingly** (-लि) -*adv.* निरुत्साह से।

Languishment-लॅङ्ग्विश्-मॅन्ट्-*n.* the state of drooping. म्लानता।

Languor-लॅङ्ग्'-गर् - *n.* faintness, fatigue, lassitude. मन्दता, थकावट, दुर्बलता; **Languorous** (-अस्) - *adj.* dull, faint. मन्द, मूर्छित;

Languorously (-लि)-*adv.* in a dull manner. थकावट के साथ।

Laniary-लें निअ-रि-*adj.* & *n.* tearing, a canine tooth. फाड़नेवाला, अग्रदन्त, सुआ दाँत।

Laniferous-लॉ-निफ़रस-*adj.* wool-producing. ऊन उत्पन्न करनेवाला।

Lank-लैङ्क्-*adj.* thin, tall and lean, shrunken, slender. दुर्बल, दुबला, पतला, कोमल; **Lankiness** (-इ-नेस्) -*n.* the state of being lank. दुर्बलता; **Lanky** (-इ)-*adj.* tall and thin. लम्बा तथा दुबला।

Lanolin-लॅ-नो-लिन्-*n.* extract obtained from sheep's wool used in ointments. भेड़ के ऊन से निकाला हुआ सत्व जो मलहम में प्रयुक्त होता है।

Lantern-लैन्टर्न्-*n.* a perforated case protecting the flame of a candle or lamp. लालटेन, कण्डील, दीपक; **Chinese lantern** (a lantern made of paper.) कागज की लालटेन; **Magic lantern** (an optical apparatus throwing magnified image of glass-picture on a screen.) एक प्रकार की लालटेन जिसमें रखे हुए चित्र का बड़ा अक्स पर्दे पर पड़ता है; **Lantern-jaws** (long thin jaws.) पतले लम्बे दाढ़।

Magic Lantern.

Lanthorn-लॅन्'-थॉर्न्-*n.* same as Lantern.

Lanyard-लॅन्'-यर्ड्-*n.* a short rope used as handle. छोटा रस्सा जो मुठिया की तरह प्रयुक्त होता है।

Lap-लॅप्-*n.* the loose part of a garment, part of a person from waist to knees, पल्ला, किनारा, अंचल, गोद;-*v. t.* (*p. t.* Lapped) to fold, to cover, to wrap, to encircle, to lick up. तह करना, लपेटना, मोड़ना, जीभ से चाटना; -*v. i.* to drink liquid by scooping with the tongue. जीभ से चट्चट् करके पीना।

Lap-dog-लॅप्'-डॉग्-*n.* a small pet dog. एक प्रकार का छोटा कुत्ता।

Lapel-लॅ-पेल्'-*n.* the inner facing on the breast of a coat. कोट के सीने पर के भाग का भीतरी मोड़।

Lapicide-लॅपि - साइड् - *n.* one who cuts inscriptions on stone. पत्थर पर नक्काशी करनेवाला, संगतराश।

Lapidary-लॅपिड-रि-*n.* a cutter or engraver on stone or gems, a dealer in precious stones. रत्नों पर या पत्थर पर खुदाई करनेवाला, जौहरी, रत्नों का व्यापारी।

Lapidate-लॅपि-डेट्-*v. t.* to stone to death. ढेला मारकर मार डालना।

Lapidify-लॅ-पि-डि-फ़ाइ-*v. t.* (*p.t.* Lapidified) to prepare or make stone. पत्थर बनाना।

Lapis-lazuli-लॅप्'-इस्-लॅज़्'-यू-लाइ-*n.* a kind of blue precious stone. वैदूर्य, एक नीला बहुमूल्य रत्न।

Lappet-लॅप्'-पेट्-*n.* loose part of a garment, lobe of the ear. वस्त्र का झूलता हुआ भाग, कान के नीचे का भाग; -*v. t.* to cover with a lappet. झालर से ढाकना या झालर लगाना।

Lapse-लॅप्स्-*n.* a slip, a slight mistake; a falling or gliding. अतिक्रम, चूक, पतन, गिराव; -*v. t.* to pass by degrees. क्रम से होना, बीतना; **Lapse of time** (gliding away of time.) समय का बीतना या अतिक्रमण।

Lapsus-लॅप्'-सस्-*n.* slip of the tongue. ज़बान चूक जाना, ज़बान की चूक।

Lapwing-लॅप्'-विङ्ग्-*n.* the peewit, bird of plover family. टिटिहिरी।

Lar-लार्-*n.* (*pl.* Lares.) a household deity of the Romans. रोमन् लोगों के कुलदेवता।

Larboard-लार्-बोर्ड्-*n.* the left-hand side of a ship. (opposite to star-board.) जहाज का बायाँ भाग।

Larcener-लार्सनर्-*n.* (also Larcenist.) a thief, one who steals. चोर, ठग।

Larcenously-लार्सनसलि-*adv.* by way of theft. चोरी से।

Larceny-ला-र्स-नि -*n.* robbing the personal goods of others, theft. चोरी।

Larch-लार्च्-*n.* a kind of tree yielding turpentine. एक प्रकार का बबूल का वृक्ष।

Lard-लार्ड्-*n.* fat of pigs used in cooking. सुअर की चर्बी।

Lardaceous-लार्डेशस्-*adj.* of the nature of lard. सुअर की चर्बी के सदृश।

Larder-लार्डर्-*n.* a room for storing meat. मांस रखने का भण्डार घर।

Lardy-लार्डि-*adj.* full of hog's flesh. सुअर की चर्बी से भरा हुआ।

Large-लार्ज-*adj.* big, great, generous, abundant, liberal, unprejudiced. विशाल, बड़ा, दयालु, विपुल, उदार, अपक्षपाती; **At large** (at liberty, free.) स्वतन्त्र; **Gentleman at large** (one who has no occupation.) बेकार आदमी,

बिना धन्धे का; Large-minded (of comprehensive thoughts.) महात्मा ; Largeness (-नेस्) -*n.* the state or quality of being large. बड़प्पन; of large-nature (of charitable disposition.) उदार; People at large (ordinary people.) सर्वसामान्य ।

Largely-लार्ज्'-लि-*adv.* to a large or preponderating extent. विशेष करके ।

Largess, Largesse-लार्जेस्-*n.* a gift given on festivals, a donation, bounty. भेंट, नजर, पारितोषिक, उपहार, दान ।

Lark-लार्क्-*n.* a kind of small singing bird. भारद्वाज पक्षी, लवा;-*v. i.* to indulge in merry-making आनन्द मचाना; To rise with the lark (to rise early in the morning.) बड़े (तड़के) सबेरे उठना ।

Larkspur-लार्क्'-स्पर्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पाधा ।

Larum-लॅरम्-*n.* alarm, notice of danger. भय-सूचक संकेत; same as Alarm.

Larva-लार्वा-*n.* (*pl.* Larvas or Larvae.) an insect in the grub stage, a ghost. कीट-डिंब, कीड़े का अण्डे से बाहर निकलने पर का आकार, प्रेत; Larval (-अल्) -*adj.* pertaining to a larva. कीट डिंब-सम्बन्धी ।

Laryngeal-लॅ-रिन्ज्'-इ-अल्-*adj.* (also Laryngal.) pertaining to the larynx. कण्ठनली-सम्बन्धी ।

Laryngoscope-लॅ-रि-ङ्गो-स्कोप-*n.* an instrument for examining the larynx. कण्ठनली को स्पष्ट रूप से देखने के लिये विशिष्ट यंत्र ।

Larynx-लॅ - रिङ्क्स्-*n.* the cavity in the throat holding vocal chords, the windpipe. कण्ठनली, हलक़ ।

Lascivious-लॅ - सि - वि' - अस्-*adj.* lustful, wanton. कामी, भोगी, लम्पट; Lasciviously (-लि) -*adv.* in a lustful manner. कामुक के सदृश; Lasciviousness (-नेस्)-*n.* the quality of being lustful. कामुकता ।

Lash-लॅश्-*v. i. & t.* to make a sudden movement, to strike violently, to rebuke, to fasten together. जल्दी जल्दी हिलाना, जोर से मारना (चाबुक मारना), डाँटना, झिड़कना, एक साथ बाँधना; -*n.* a stroke with a whip. चाबुक की मार; Lasher (-अर्) -*n.* one who lashes or whips. चाबुक मारनेवाला ।

Lashing-लॅ-शिङ्ग्-*n.* chastisement. दण्ड, मार ।

Lasque-लॅस्क्-*n.* an ill-formed diamond. भद्दे आकार का हीरा ।

Lass-लॅस्-*n.* (*mas.* Lad.) a young girl, sweetheart. कन्या (कुमारी), प्रेमिका; Lassie (-इ) -*n.* a young lass. कुमारी के लिए प्रेम का शब्द ।

Lassitude-लॅसि'-ट्यूड्-*n.* weariness, languor, heaviness. थकावट, (खेद) ग्लानि, भारीपन ।

Lasso-लॅसो-*n.* a noose for catching cattle. पशुओं को पकड़ने का फन्दा ।

Last-लास्ट्-*adj.* final, coming at the end, latest. अन्तिम, परम (उत्तम), पिछला;-*n.* a block upon which shoes are made. जूता बनाने का फ़र्मा; -*adv.* in the end, finally, अन्त में; -*v. i. & t.* to remain, to suffice. पर्याप्त होना, ठहरना; Last Day (Day of Judgement.) प्रलय का दिन; Last half (latter half.) उत्तरार्ध; Last part (remaining part.) शेषभाग; Last Sunday (*i. e.* which is past.) गत रविवार; Last thing to do (fixed intention.) स्थिर विषय; My last (my last letter.) मेरा अन्तिम पत्र; Till the last (up to the end.) अन्त तक; To breathe one's last (to die.) अन्तिम श्वास लेना, मृत्यु को प्राप्त होना; Will last two weeks (*i. e.* will suffice for two weeks.) दो सप्ताह के लिए पर्याप्त होगा, दो हफ़्ता चल जायगा ।

Lasting-लास्टिङ्ग्-*adj.* continuing, permanent. स्थायी (नित्य), स्थिर ।

Lastly-लास्ट्'-लि-*adv.* finally, in conclusion. अन्ततोगत्वा, अन्त में ।

Latch-लॅच्-*n.* a contrivance for fastening a door or window. द्वार-बन्धिनी, अगरी, सिटकनी; -*v. t.* to fasten with a latch. अगरी या सिटकनी बन्द करना ।

Latchet-लॅचिट्-*n.* a shoe-fastener. जूता बाँधने का तरमा या फ़ीता ।

Latch-key-लॅच्' - की-*n.* a door key. अगरी घुमाने की चाबी ।

Late-लेट्-*adj.* (*comp.* Latter, Later, *sup.* Last, Latest.) after the usual time, backward, far on in the day or night, no longer alive. विलम्ब से आया हुआ, अति काल का, बहुत दिन या रात चढ़े, अतीत, गत, मृत; -*adv.* after the proper time, not long ago. उचित समय के बाद, विलम्ब से (चिरकाल से), हाल में; Of late (in time not long past.) अभी हाल में; Sooner or later (early or late.) आगे या पीछे ।

Lately-लेट्'-लि-*adv.* recently, not long ago. थोड़े दिन हुए ।

Latency-लें टें-न्सि-*n.* the state of being latent. अप्रसन्नता, अदृश्यता ।

Latent-ले'-टेन्ट्-*adj.* hidden, not manifest. गुप्त (अप्रत्यक्ष), छिपा हुआ, भीतरी; **Latent disease** (an internal disease of the body.) शरीर का अन्तर्गत या गुप्त रोग।

Latently-(ले'-टेन्ट्-लि)-*adv.* in a latent manner. गुप्त भाव से, गुप्त रूप से ।

Later-लें'-टर्-*adj.* subsequent. उत्तर काल का, बाद का ।

Lateral-लॉ'-टरल् - *adj.* towards the side, from the side. पार्श्व भाग का, बगल का ।

Laterally (-लि)-*adv.* in a lateral manner. पार्श्व भाग (किनारे) में ।

Latex-ले'-टेक्स्-*n.* a milky juice of plants. पौधों का दूध या रस ।

Lath-लॅाथ् -*n.* a long thin and narrow piece of wood. तख्ते की चीर या पट्टी;.- *v. t.* to cover with laths. ऐसी पट्टी लगाना; **Lathy** (-इ)-*adj.* like a lath. लम्बा, पतला ।

Lathe-लेद् -*n.* a machine for turning metal or wood. चक्रयन्त्र, खराद;**Lathe-carrier** (a contrivance of fixing the object to be turned.) खराद में पदार्थ जमाने का साधन।

Lathe.

Lather-लॅादर् -*n.* froth made by soap and water. साबुन का फेन; -*v. t.* to spread over with lather. फेन से भरना, फेनदार बनाना; **Lathering** (-इङ्ग्) -*n.* foam. फेन; **Lathery** (-इ)-*adj.* frothy. फेनदार, झागदार ।

Lathy-लीथि-*adj.* see Lath.

Latin-लॅटिन् - *adj. & n.* pertaining to the ancient Romans, the old Roman language. प्राचीन रोमन्-सम्बन्धी, इनकी भाषा ।

Latitude-लॅटि-ट्यूड् -*n.* breadth, full extent, liberality, an angular distance from the equator. चौड़ाई, विस्तार, उदारता, अक्ष-रेखा; **Degree of latitude.** अक्षांश; **Latitude of a planet.** नक्षत्र का भोगांश ।

Latitudinal-लॅट्'-इ-ट्यू'-डि-नल्-*adj.* pertaining to latitude. अक्षांश-सम्बन्धी ।

Latitudinarian-लॅट्-इ -ट्यू'-डि-नें रिअन्- *n.* a person who holds liberal views in religion. धर्म में उदार मत रखनेवाला ; **Latitudinarianism** (-इज़्म्) -*n.* freedom of theological opinion. धार्मिक विचारों की स्वतन्त्रता ।

Latitudinous-लॅट्'-इ- ट्यूड्'-इ -नस् - *adj.* of large extent. विस्तारवाला, महत्, सुविस्तृत ।

Latrine-लॅा-ट्रीन्'- a privy or water-closet. पायखाना, टट्टी, सण्डास ।

Latry-लॅा-ट्रि-*suf.* in sense of 'worship' 'पूजन' अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला प्रत्यय, यथा-Idolatry इत्यादि ।

Latter-लॅा-टर्-*adj.* belonging to the end, second mentioned (opposite to Former.) पिछला, हाल का, उपर्युक्त; **Former and latter.** पूर्वापर ।

Latterly-लॅाटर्लि-*adv.* in time not long past, lately, at last. थोड़े काल में, हाल में, अन्त में ।

Lattice-लॅा-टिस्-*n.* an interlaced work of wood or metal made by intercrossing bars. लकड़ी या धातु की जाली, झँझरी, जालमार्ग; **Latticed** (-इ) -*adj.* furnished with a lattice. जालीदार बना हुआ ।

Lattice.

Laud-लॅाड्-*n.* praise, hymn, eulogy. प्रशंसा, स्तुति;-*v. t.* to praise, to celebrate. प्रशंसा करना, स्तुति करना ।

Laudability-लॅाडॅबिलिटि - *n.* the quality of being laudable. प्रशंसनीयता ।

Laudable - लॅाडॅ - बल् - *adj.* commendable, praiseworthy. स्तुतियोग्य, सराहने योग्य ।

Laudably-लॅाडॅ-ब्-लि-*adv.* in a laudable or praiseworthy manner. प्रशंसा करते हुए, स्तुति योग्य ढंग से ।

Laudanum-लॅाडॅनम्-*n.* tincture of opium. अफ़ीम का सत्व ।

Laudation-लॅा-डे-शन्-*n.* praise. प्रशंसा, स्तुति ।

Laudative-लॅा-डे'-टिव्, **Laudatory**-लॅाडॅटरि -*adjs.* praiseworthy. प्रशंसनीय, स्तुतिपूर्ण ।

Laudator-लॅा-डे'-टर् - *n.* one who praises. प्रशंसक (स्तुति करनेवाला) ।

Laugh-लाफ़् -*v. i. & t.* to make sounds and movements of face so as to express merriment, to ridicule. हँसना, मुस्कुराना, हँसी करना;-*n.* expression of mirth. हँसी, मुस्कुराहट; **To laugh at** (to ridicule.) हँसी उड़ाना; **To laugh away** (to dismiss a subject with a laugh.) हँसी में किसी विषय को उड़ा देना; **To laugh down** (to silence with laughter.) हँस करके चुप करा देना; **To laugh in one's sleeve** (to be secretly

amused.) गुप्त रूप से मनोविनोद करना; To laugh off (to end in laughter.) हँसी में समाप्त करना ; To laugh over (to discuss with laughter.) हँसी में शास्त्रार्थ करना; To laugh violently (to laugh in a boisterous manner.) ठहाका मारकर या खिलखिलाकर हँसना ।

Laughable-लाफ़्रे-ब्ल् -*adj.* ludicrous. हँसने या हँसाने योग्य ।

Laughably-लाफ़्-एँ'-ब्-लि-*adv.* with laughter, so as to excite laughter. हँसी के साथ, हँसानेवाले ढंग से ।

Laugher-लाफ़र् - *n.* one who is fond of merriment, one who laughs, a breed of pigeon with a laughing note. मसखरा, हँसनेवाला व्यक्ति, हँसी की तरह बोलनेवाला कबूतर ।

Laughing-लाफ़्'-इङ्ग्, **Laughter** (-टर्) -*ns.* convulsive merriment. हँसी, खिलखिलाहट; It is not a laughing matter (it is a serious matter.) यह गम्भीर विषय है ।

Laughing-stock-लाफ़्' - इङ्ग् - स्टॉक्'-*n.* an object of ridicule. हँसी का पात्र ।

Launch-लॉन्च्-*v. t.* & *i.* to discharge, to send forth, to spend money freely, to start off, to go on an enterprise, to go forth, to move in water. छोड़ना, फेंकना, धन उड़ाना, प्रस्थान करना, साहसिक कार्य में लगना, पानी में खिसकना;-*n.* the act of putting a vessel into the sea, the largest boat of a man-of-war. नये जहाज या नाव को पानी में उतारना, लड़ाई के जहाज की सबसे बड़ी नाव ।

Launderer-लॉण्डरर्-*n.* a washerman. धोबी ; **Laundress** (-ड्रेस्) - *n. fem.* a washerwoman. धोबिन ।

Laundry-लॉन्-ड्रि-*n.* a place or room where clothes are washed. कपड़ा धोने का स्थान या घर ।

Laureate-लॉ'-रि-ऍ-ट्-*adj.* & *n.* one who is decked with laurel, worthy of laurels. लारेल की पत्तियों से सुशोभित, हार पहिने हुए ; Poet-laureate (a writer of verses appointed by a king.) राजकवि; Laureateship (-शिप्) -*n.* the office of a laureate. राजकवि का पद ।

Laurel-लॉ'-रॅल् - *n.* a kind of shrub with glossy leaves. चमकदार पत्तियोंवाला एक पौधा; -*v. t.* (*p. t.* Laurelled.) to decorate with laurel. इन पत्तियों से सजाना; To win laurels (to acquire renown.) यश प्राप्त करना ।

Lava-ला'-वा-*n.* the melted matter flowing from a volcano. ज्वालामुखी पर्वत में से निकलनेवाला पिघला हुआ पदार्थ, भूराल ।

Lavabo-लॅ-वे'-बो-*n.* washing of hands before religious rites. पूजन करने के पूर्व हाथ धोना ।

Lavation-लॅ-वे'-शन् -*n.* the washing of hands. हाथ धोना ।

Lavatory-लॅ-वॅटर्-इ-*n.* a place for washing hands and face. हाथ-मुँह धोने की जगह ।

Lave-लेव्-*v. t.* to bathe, to wash, to flow out. नहलाना, धुलाना, बहाना ।

Lavement-लेव्'-मेन्ट्-*n.* injection. वस्ति, पिचकारी देना ।

Lavender-लॅवॅन्डर्-*n.* a shrub with aromatic leaves and flowers, a pale-lilac colour. एक सुगन्धित पौधा, हलका पीला रंग;-*v. t.* to perfume clothes &c. with lavender leaves इसकी पत्तियों से वस्त्रों को सुगन्धित करना ।

Laver-ले-व्र्-*n.* a vessel used for ablution. प्रक्षालन, (धोने का) पात्र ।

Lavish-लॅविश् -*adj.* profuse, extravagant, prodigal, wasteful. अतिव्ययी, खर्चीला, उड़ाऊ; -*v. t.* to waste money, to squander.अपरिमित व्यय करना, व्यर्थ खर्च करना (उड़ाना); Lavisher (-अर्)-*n.* one who is prodigal. अतिव्ययी (खर्चीला); Lavishly (-लि)-*adv.* in a prodigal manner. अपरिमित व्यय से; Lavishment (मेन्ट्), Lavishness (-नेस्)-*ns.* profusion, prodigality. अतिव्यय, उड़ाऊपन ।

Law-लॉ-*n.* enacted rule recognized by a community, influence of such a rule, a statute, regulating principle. धर्मशास्त्र, स्मृति (आचार), व्यवहारविधि, कानून (सिद्धान्त); Code of laws (statutes.) धर्मशास्त्र; Criminal laws (laws relating to crimes.) दण्डनीति ; Law-book (a book on recognized laws.) धर्मशास्त्र की पुस्तक; Law-breaker (-ब्रेकर्) -*n.* one who violates the laws. नियम तोड़नेवाला; Law-giver (one who makes laws.) शास्त्रकार, नियम बनानेवाला; Lawsuit (an action in law.) नालिश, मुकदमा, अभियोग; Natural laws (laws of nature.) प्राकृतिक नियम; To go to law (to file a suit in a law-court.) मुकदमा दायर करना ;To take the law into one's own hands (to redress wrongs by force.) शक्ति द्वारा बुराइयों या अत्याचारों को दूर करना; Versed in law (proficient in laws.) धर्मशास्त्र में दक्ष ।

Lawful-लॉ-फ़ुल्-*adj.* legitimate, permitted by law, rightful. शास्त्रोक्त, धर्मसम्मत, जाब्ते का; Lawfully (-लि)-*adv.* in a lawful manner.

न्यायानुसार, धर्म से; Lawfulness(-नेस्)-*n.* the quality of being lawful. न्याय्यता, जाब्तगी ।

Lawk, Lawks-लॉक्, (-स्)-*interj.* denoting surprise. आश्चर्य-सूचक अव्यय ।

Lawless-लॉ'-लेस्-*adj.* regardless of law, disobedient, licentious. धर्मविरुद्ध (अधर्मी), आज्ञा न माननेवाला, व्यभिचारी; Lawlessly (-लि)-*adv.* in a lawless manner. अधर्म से; Lawlessness (-नेस्)-*n.* the state of being lawless. आचारभ्रष्टता, स्वेच्छाचार ।

Lawn-लॉन्-*n.* grass-covered land, a kind of fine linen. घास का मैदान, एक प्रकार का महीन कपड़ा, बारीक मलमल; Lawn-mower (a machine for mowing lawn.) घास काटने का यन्त्र; Lawn-tennis (a game played with a ball and rackets on a lawn.) घास पर खेलने का एक प्रकार का गेंद का खेल ।

Lawny-लॉ-नि-*adj.* covered with lawn. घास से पूर्ण (ढका हुआ) ।

Lawyer-लॉ-यर्-*n.* one versed in law, a man of the legal profession. न्यायनिपुण (धर्मज्ञ), वकील, मुख्तार ।

Linseed-लिन्'-सीड्-*n.* seed of flax. अलसी, तीसी; **Linseed-cake** (mass left after extracting oil from flax seed.) तीसी की खली ।

Linsey woolsey-लिन्'-ज़ि-वूल्'-ज़ि-*n.* a coarse cloth made of linen and wool. सूत और ऊन की मिलावट का बिना हुआ कपड़ा ।

Linstock-लिन्' - स्टॉक्-*n.* a staff to hold a lighted match for firing cannon. तोप का पलीता लगाने का डण्डा ।

Lint-लिन्ट्-*n.* a soft flax material used for dressing wounds. घाव पर पट्टी बाँधने का मुलायम वस्त्र ।

Lintel-लिन्ट्'-एँल्-*n.* horizontal timber over a door. दरवाजे के ऊपर का भरेठा या डाट, करगहना; **Lintelled** (-ड्) -*adj.* fitted with lintels. करगहना लगा हुआ ।

Liny-लाइनि-*adj.* marked with wrinkles or lines. झुर्री पड़ा हुआ, रेखायुक्त ।

Lion-लाइ'-अन्-*n* a large powerful fierce beast of prey. सिंह, शेर; **Lioness** (-एँस्) -*n. fem.* the female of a lion. सिंहिनी, शेरनी; **Lion-hearted** (courageous.) साहसी हृदय का, शूरवीर; **Lion in the path** (obstacle, interruption.) विघ्न, बाधा; **Lionlike** (-लाइक्) -*adj.* like a lion. सिंह के समान; **Lion's mouth** (perilous condition.) कठिन अवस्था; **Lion's share** (best part.) सर्वोत्तम भाग ।

Lionet-लाइ-अनेंट्-*n.* a small lion. छोटा शेर ।

Lionize-लाइ - अनाइज़्-*v. t.* to treat as an object of curiosity, to show the sights of a lion. विलक्षण पदार्थ बतलाना, शेर का दृश्य दिखाना ।

Lip-लिप्-*n.* one of the fleshy edges of the mouth, edge of anything. ओठ, किनारा; -*v. t.* (*p. t.* **Lipped.**) to utter, to kiss. बरबराना, चूमना; **Lip-labour** -*n.* words without deeds. केवल बकवाद; **Lip language** (interpreting by motion of lips.) ओठ के स्फुरण से अर्थ समझना; **Lip-slave** (a cosmetic for lips.) ओठ में लगाने का मोम-रोग़न; **Lip-wisdom**-*n.* (wisdom only in words.) बातचीत की चतुराई; **To hang on one's lips** (to show servility.) विनीत भाव दिखलाना ।

Lipper-लि-पर्-*n.* a ripple. छोटी लहर ।

Lipless-लिप्'-लेंस्-*adj.* destitute of lips. बिना ओठ या किनारे का ।

Liquate-लि-क्वेट्-*v. t.* to purify by melting. गलाकर किसी धातु को शुद्ध करना; **Liquation** (-क्वे-शन्) -*n.* the process of separating metals by melting. इस प्रकार धातु गलाकर अलगाना ।

Liquefaction-लि-क्वि-फ़ैक्शन्-*n.* the act of melting. गलाने का कार्य ।

Liquefactive-लिक्वि-फ़ैक्टिव्, **Liquefiable**-लिक्वि-फ़ाइ-एँबल्-*adjs.* that may be liquefied. गलाने योग्य ।

Liquefier-लिक्वि - फ़ायर् - *adj.* that which liquefies. गलानेवाला ।

Liquefy-लिक्वि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Liquefied.**) to bring to a liquid condition. द्रवीभूत करना, पिघलाना ।

Liquescent-लि - क्वें - सेंन्ट् - *adj.* melting. गलाने योग्य ।

Liqueur-ली-कर्-*n.* sweetened and flavoured

alcoholic liquor. मीठी सुगन्धित मदिरा; -*v. t.* to sweeten liquor. मदिरा को मीठी करना।

Liquid-लिक्विड् -*n.* & *adj.* a substance resembling water or oil, watery, unstable, vowel sound. जल या तेल के समान तरल द्रव्य, जलवत्, जलमय, अस्थिर, स्वर का उच्चारण; **Liquidness** (-नेंस्)-*n.* nature of a liquid. तरलता।

Liquidity-लिक्वि-डिटि-*n.* the quality of being liquid. तरलता।

Liquidize-लिक्वि-डाइज़्-*v. t.* to make liquid. जलवत् करना।

Liquidly-लिक्विड्'-लि-*adv.* in a liquid manner. तरलता से।

Liquidate-लि-क्वि-डेट्-*v. t.* to clear off a debt, to settle accounts. हिसाब साफ़ करना, ऋणमुक्त करना, बेबाकी करना।

Liquidation-लिक्वि-डे-शन्-*n.* the act of liquidating. ऋण निस्तार, हिसाब-किताब की चुकती।

Liquidator-लिक्वि-डे-टर्-*n.* he who liquidates. ऋण निश्चित करनेवाला अफ़सर।

Liquidity, Liquidness-see **Liquid.**

Liquor-लि-कर्-*n.* a liquid, fermented drink. तरल-पदार्थ, सुरा, मदिरा; **Liquorshop** (an ale-house.) कलवरिया, शराब की दूकान।

Liquorice-लिकरिस् - *n.* a kind of sweet medicinal plant. मुलेठी।

Liquorish - लिकरिश् - *adj.* fond of drink. मदिरा-प्रिय; **Liquorishness** (-नेंस्)-*n.* fondness for liquor. सुराप्रियता।

Lisp-लिस्प्-*v. t.* to speak imperfectly, to speak with a lisp. अस्पष्ट बोलना, तुतलाना;-*n.*imperfect pronunciation, rippling sound. तुतलाहट, जल का मन्द शब्द; **Lisper** (-अर्)-*n.* one who lisps. तुतलानेवाला; **Lisping** (-इंग्) -*n.* pronouncing with a lisp. गद्गद वाणी।

Lissom, Lissome-लि-सम्-*adjs.* nimble, agile. अस्थिर, चंचल; **Lissom(e)ness** (-नेंस्)-*n.* the state of being lissom. चंचलता।

List-लिस्ट्-*n.* the strip or edge of cloth, enclosing ground, scene of contest, catalogue. वस्त्र का किनारा, बाड़ा, अखाड़ा, सूची;-*v. i.* & *t.* to enlist, to desire, to listen, to lean to one side. अखाड़े में घुसना, इच्छा करना, सुनना, जहाज़ का एक ओर झुकना; **To enter the lists** (to engage in a contest.) युद्ध में प्रवृत्त होना।

Listen-लिसन्-*v. i.* to hear with attention, to hearken. ध्यान देना, ध्यान से सुनना।

Listener-लिसनर्-*n.* one who listens. सुननेवाला; **Good listener** (one who listens with attention.) ध्यानपूर्वक सुननेवाला।

Listerine-लिस्टरिन्-*n.* a kind of antiseptic solution. शुद्ध करनेवाली एक प्रकार की औषध।

Listless-लिस्ट्'-लेंस्-*adj.* careless, indifferent, uninterested. असावधान, लापरवाह, उदासीन; **Listlessly** (-लि)-*adv.* in a listless manner. असावधानी से; **Listlessness** (-नेंस्)-*n.*the state of being listless. असावधानी, उदासीनता।

Lit-लिट्-*p. t.* of **Light.**

Litany-लिटनि-*n.* supplications for use in a church. गिरजाघर में प्रयोग की जानेवाली धार्मिक प्रार्थना।

Literacy-लिटरसि-*n.* ability to read and write. लिखने-पढ़ने की योग्यता, साक्षरता।

Literal-लिटरल्-*adj.* expressed by letters, according to the letters of the text, real, exact. शब्दानुसार, मूलार्थक; **Literal meaning.** मूलार्थ, शब्दानुसार अर्थ।

Literality - लिटरलिटि - *n.* literal meaning. मूलार्थ अनुवाद।

Literally-लिटरलि-*adv.* in a literal manner. यथाशब्द, अक्षरशः।

Literalize-लिटरलाइज़्-*v. t.* to make literal. शब्द के अर्थानुसार अनुवाद करना।

Literary-लिटररि-*adj.* pertaining to literature. शास्त्रीय, साहित्य सम्बन्धी; **Literary man** (a learned man.) विद्वान् पुरुष।

Literate-लिटरेट्-*adj.* acquainted with literature. पढ़ा-लिखा, पण्डित।

Literati-लिट-रे-टाइ-*n. pl.* the learned people. विद्वान् लोग।

Literatim-लिटरीटिम्-*adv.* letter for letter. अक्षरशः।

Literator-लिटरेटर्-*n.* a learned man. विद्वान् मनुष्य।

Literature-लिटरेचर्-*n.* learning, literary production, writings of a country. ज्ञान; साहित्य, शास्त्र-संमूह; **Light literature** (books treating on interesting subjects.) मनोविनोद का साहित्य, उपन्यास आदि।

Litharge-लिथ्'-आर्ज्-*n.* monoxide of lead. मुर्दाशङ्ख।

Lithe-लाइद्-*adj.* flexible, pliant, supple. मृदु, लचीला, मुलायम; **Lithesome** (-सम्)-*adj.* nimble. मृदु।

Lithic-लिथ्-इक्-*adj.* pertaining to stone. (*esp.* in bladder.) अश्मरी या पथरी से संबंधित।

Lithium-लिथि - अम् - *n.* a metallic element. एक प्रकार की धातु।

Lithoglyph-लि- थॅ- ग्लिफ़् - *n.* an engraving on a gem. नगीने पर की नकाशी।

Lithograph-लि- थॅ- ग्राफ़् - *n.* a lithographic print. पत्थर के छापे की प्रति; **Lithographer** (-अर्)-*n.* one who practises lithography. पत्थर पर छापा बनानेवाला; **Lithographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to lithography. पत्थर के छापे से संबंधित; **Lithography** (-इ) -*n.* art of drawing and writing on stone for printing work. पत्थर का छापा, लीथो।

Lithological-see **Lithology.**

Lithology-लिथॅ-लॅ - जि - *n.* the science of stones and rock. शिलाविद्या; **Lithological** (-लॅ-जि-कल्)-*adj.* pertaining to lithology. शिलाविद्या से सम्बन्ध रखनेवाला।

Lithontriptic-लिथ्'-ऑन्-ट्रिप्'-टिक् *adj.* having the property of dissolving stone in bladder. अश्मरी-हर, पथरी गलाने की (दवा)।

Lithotomist-see **Lithotomy.**

Lithotomy-लिथ्-ऑ-ट्'-ऑ-मि-*n.* operation for removing stone from the bladder. मूत्राशय में से पथरी निकालने के लिये चीरफाड़; **Lithotomist** (-टम्-इस्ट्)-*n.* a doctor who removes stone from the bladder. पथरी निकालनेवाला डाक्टर।

Lithy-लाइ'-दि-*adj.* pliant. लचीला।

Litigable-लिटि-गॅ-ब्ल्-*adj.* contestable in law. मुकदमा करने योग्य।

Litigant-लिटि-गन्ट्-*n.* one who contends in law, one engaged in law suit. विवादी, मुकदमा लड़नेवाला।

Litigate-लिटि-गेट्-*v. i. & t.* to go to law, to contest at law. मुक़दमा करना (लड़ना), अदालत करना।

Litigation-लिटि-गे'-शन्-*n.* a judicial contest. विवाद, मुकदमेबाज़ी।

Litigious-लि-टि-जस्-*adj.* fond of litigation. (विवादी) अदालती, मुक़दमेबाज़; **Litigiously** (-लि)-*adv.* in a litigious manner. विवाद से; **Litigiousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being litigious. विवादप्रियता।

Litmus-लिट्'-मस्-*n.* a blue vegetable colour which turns red by the action of acid and resumes its natural colour by the action of alkali, a colouring matter. एक प्रकार की वनस्पति का रंग जो अम्ल के संसर्ग से लाल हो जाता है तथा क्षार से फिर ज्यों का त्यों नीला हो जाता है, रँगने की वस्तु।

Litre-लि'-टर्-*n.* a unit of capacity in the metric system (about 35 ounces.) प्रायः ३५ आउन्स की तौल।

Litter-लि-टर्-*n.* a carriage or framework for carrying the sick or wounded, bedding for quadrupeds, filthy accumulation, young of some animals. डोली, पालकी, टिखटी, पशुओं का घास-फूस का बिछौना (पुआली), कूड़ा-करकट, पशु के बच्चे;-*v. t.* to supply with straw, to bring forth young. पशु का बिछावन बनाना, बच्चा पैदा करना।

Little-लि-ट्ल्-*n. adj. & adv.* (*comp.* **Less, Lesser,** *sup.* **Least**) small, of small size, brief, short, trivial, mean. अल्प, अल्पमात्र (कुछ), छोटा, थोड़ा, तुच्छ; **A little** (a small quantity.) बहुत थोड़ा सा; **A little rather** (somewhat.) थोड़ा-बहुत; **A little while** (for a short time.) थोड़ी देर; **Little finger** (the smallest finger.) कानी अँगुली; **Little-known** (not famed.) अप्रसिद्ध; **Littleness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being little. छोटापन; **Little people** (fairies.) परियाँ।

Liturgical-लिट-र्जि-कल्-*adj.* pertaining to liturgy. कर्मकाण्ड सम्बन्धी; **Liturgically** (-लि) -*adv.* according to liturgy. पूजन-विधि के अनुसार।

Liturgics-लि-टर्'-जिक्स्-*n.* the theory of ritulas. कर्मकाण्ड विषय।

Livable-लि-व्ॅ-ब्ल्-*adj.* habitable. बसने योग्य; **Livableness** (-नॅस्) -*n.* habitableness. रहन-सहन।

Live-लिव्-*v. i. & i.* to have life, to be alive, to subsist on, to enjoy life, to get livelihood, to conduct. जीना, निर्वाह करना, जीविका प्राप्त करना, दिन बिताना; **To live close** (to live in a stingy manner.) किफ़ायत से रहना; **To live from hand to mouth** (sustaining on small means.) रोज़ कुआँ खोदना रोज़ पानी पीना; **To live on air** (to take no food.) हवा पीकर जीना; **To live to oneself** (to live in isolation.) अकेले रहना।

Live-लाइव्-*adv.* alive, living, actual, energetic, ignited, vivid, glowing. सजीव, जीव

धारी, प्रत्यक्ष (स्पष्ट), फुर्तीला, चमकीला (सुलगता हुआ); **Live-stock** (collection of animals.) पशुओं का समुदाय ।

Livelihood-लाइव्‌'-लि-हुड्-*n.* means of living. जीवनवृत्ति, जीविका ।

Liveliness-लाइव्‌'-लि-नेस्-*n.* the quality of being lively, cheerfulness. उत्साह, आनन्द ।

Livelong-लिव्‌'-लॉङ्ग्-*adj.* lasting, complete. सम्पूर्ण, सारा ।

Lively-लाइव्‌'-लि-*adj.* gay, vigorous, energetic. तीव्र, उत्साही, तीक्ष्ण ।

Liven-लाइ-व्न्-*v. t.* to brighten, to cheer up. प्रसन्न करना ।

Liver-लिव़र्-*n.* the organ of the body which secretes the bile. यकृत, जिगर; **Hot liver** (amorous.) उत्साही, प्रेमी ; **Liver-colour** (brown colour.) भूरा रङ्ग ।

Liveried-लिव़रिड् - *adj.* wearing a livery. वर्दी पहने हुए ।

Liverless-लिव़र' - लेस्-*adj.* devoid of liver. यकृतहीन ।

Livery-लिव़रि-*n.* provision of food, provender for horses, distinctive dress for servants, legal delivery of property. भोजन-व्यवस्था, घोड़ों को रसद, पोशाक (वर्दी), सम्पत्ति पर वैध अधिकार अर्पण, दखलदेहानी ;-*v. t.* to clothe in livery. वर्दी पहनाना; **Out of livery** (wearing ordinary clothes.) सामान्य वस्त्र पहिने हुए ।

Liveryman-लिव़रि-मॅन्-*n.* a liveried servant, a freeman of London. वर्दीधारी नौकर, लन्दन का स्वतंत्र व्यक्ति ।

Livery-stable-लिव़रि-स्टे-ब्ल्-*n.*a stable where horses are kept in livery. घोड़ों के पालने का अस्तबल ।

Livid-लिविड्-*adj.* of bluish colour. नीले रङ्ग का, (चोट से) नीला पड़ा हुआ; **Lividity** (-इ-टि) -*n.* lividness. नीलापन; **Lividly** (-लि) -*adv.* in a livid manner. नीलता से; **Lividness** (-नेस्)-*n.* the quality of being livid. नीलिमा, नीलवर्ण ।

Living-लिव़िङ्ग्-*n.* livelihood, maintenance. जीवन, जीविकावृत्ति;-*adj.* having life, active. जीवित; **Good living** (luxurious feeding.) बहुमूल्य भोजन; **Living death** (life full of misery.) कष्टपूर्ण जीवन ; **Living language** (language which is in vernacular use.) बोली जानेवाली प्रचलित भाषा;**Living water** (water which is always flowing.) सर्वदा बहनेवाला जल ; **Within living memory** (memory of those persons still living.) ऐसे मनुष्यों की यादगार जो अब भी जीवित हैं ।

Lizard-लिज़र्ड् -*n.* a kind of reptile, बम्हनी; **House-lizard** छिपकली, बिसतुइया ।

Llama-ला'-मा - *n.* an American ruminant used for carrying burden. बोझा ढोने का अमेरिका का ऊँट की तरह का एक पशु ।

Lo-लो-*interj.* look ! behold ! see ! देखो ! अहा ! अरे !

Loach-लोच्-*n.* a kind of fresh-water fish. एक प्रकार की नदी में रहनेवाली मछली ।

Load-लोड् - *n.* burden, cargo or freight, weight. resistance of machinery. भार, बोझ, दबाव;-(*pl.*) plenty (बहु व०) अधिकता;-*v. t. & i.* to oppress, to lay burden on, to encumber, to charge a gun. कष्ट देना, बोझना, भार देना, बन्दूक में बारूद भरना ।

Loader - लोडर् - *n.* one who puts on a load. बोझनेवाला ।

Loading-लोड्-इङ्ग्-*n.* cargo,burden.बोझ,भार ।

Loadstar-लोड्'-स्टार्-*n.*the Pole Star. ध्रुव तारा ।

Loadstone-लोड्'-स्टोन्-*n.* iron ore having power of attraction. चुम्बक पत्थर ।

Loaf-लोफ्-*n.* (*pl.* **Loaves.**) a piece of baked bread, conical mass of sugar. पावरोटी, कन्द का पिण्ड ;-*v. i.* to spend time idly. व्यर्थ समय नष्ट करना; **Half a loaf is better than no bread** (better to lose half than all.) सर्व-नाश की अपेक्षा आधा नाश अच्छा है; **Loaf-sugar**--*n.* sugar refined and formed into a mass. मिश्री, कन्द ।

Loafer-लोफ्'-अर्-*n.* an idle person. समय को वृथा नष्ट करनेवाला मनुष्य ।

Loam-लोम्-*n.* a composition used in brick-making, fertile soil. ईंट बनाने की मिट्टी, चिकनी उपजाऊ मिट्टी ;**Loamy**(-इ)-*adj.* चिकनी उपजाऊ मिट्टी का ।

Loan-लोन्-*n.* a sum of money lent, anything borrowed. ऋण, उधार ली हुई वस्तु; **Loanable** (-एँ-ब्ल्)-*adj.* that may be lent. कर्ज देने के योग्य;**Loanholder** (a mortgagee.) रेहनदार ।

Loath -लोथ् - *adj.* disinclined, unwilling, reluctant. अनिच्छुक, विमुख; **Nothing loath** (willingly.) इच्छापूर्वक ।

Loathe-लोद्-*v.i.* to hate, to detest. घृणा करना, निन्दा करना; **Loather** (-अर्)-*n.* hater. घृणा करनेवाला ।

Loathing-लोद्'-इङ्ग्-*n.*extreme disgust. अति, घृणा; **Loathingly** (-लि) - *adv.* with disgust घृणा से ।

Loathsome-लोथ्' (-द्')-सम्-*adj.* detestable, abhorring. घृणाजनक, घृणित; **Loathsomely** (-लि) -*adv.* in a disgusting manner. घृणा से; **Loathsomeness** (-नेस्) - *n.* disgust. घिनौनापन ।

Loaves-लोव्ज़्-*n. pl.* of Loaf.

Lob-लॉब्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Lobbed.**) to move clumsily, to run lazily, to bowl underhand. भद्दी तरह हिलाना, धीरे-धीरे दौड़ना, नीचे की ओर से गेंद फेंकना;-*n.* a dull or sluggish person. आलसी पुरुष ।

Lobate-लोबेट्-*adj.* pertaining to a lobe. फूले हुए भाग का।

Lobby-लॉ'-बि-*n.*(*pl.* **Lobbies.**) antechamber, an entrance-hall, corridor. दालान, सभा-मण्डप का आँगन; **Lobbyist** (-इस्ट्)-*n.* a member of a lobby. विशिष्ट मत वाला सभासद ।

Lobe-लोब्-*n.* the round fatty projecting part of an organ. किसी अङ्ग का गोल फूला हुआ भाग; **Lobe of the ear** (soft hanging part of the ear.) कान का लटकता हुआ भाग

Lobelia-लो-बी'-लि-आ-*n.* a kind of flowering plant. एक फूल का पौधा ।

Lobster-लॉब्-स्टर्-*n.* a ten-footed marine fish. एक प्रकार का केकड़ा ।

Local-लो'-कल्-*adj.* pertaining to a specified place. स्थानिक, किसी विशिष्ट स्थान का; **Local government** (administration of a town by its inhabitants.) स्थानीय शासन; **Local news** (the news of a place.) एकदेशीय वृत्तान्त; **Local usage** (special usage of a place.) देशाचार ।

Locality-लो-कॅल्'-इ-टि-*n.* situation, position. स्थान, प्रदेश, जगह ।

Localization-लो-क-लाइ-जे़शन्-*n.* the act of localizing. एक देश में स्थिर करने का कार्य ।

Localize-लो-क-लाइज़्-*v. t.* to make local. किसी मुख्य स्थान में स्थिर करना ।

Locally-लो - क - लि-*adv.* with respect to a particular place. किसी मुख्य स्थान में ।

Locate-लो-केट्-*v. t.* to settle or establish in a place. स्थापन करना, निर्धारित करना ।

Location-लो-के'-शन्-*n.* that which is located, relative position. स्थापन ।

Locative-लॉक्' -ऍटिव्-*adj.&n.* a case denoting place(*gram.*). अधिकरण कारक, सप्तमी विभक्ति ।

Loch-लॉह्-*n.* a lake, a narrow arm of the sea. झील, समुद्र का सँकरा भाग ।

Lock-लॉक्-*n.* an appliance for fastening doors &c., part of a gun by which it is discharged, an enlcosure in a canal, a tuft of hair. ताला, बन्दूक का घोड़ा, बाँध, बालों की लट; -*v. t.* to close fast, to provide with locks, to embrace closely. ताला लगाना, बन्द करना, आलिङ्गन करना ।

Lockage-लॉकेज्-*n.* canal-locking. नहर का बाँध ।

Lock-chain-लॉक्' - चेन् - *n.* a chain for locking a wheel. पहिये में ताला बन्द करने की जंजीर ।

Locker-लॉकर्-*n.* a drawer. टेबुल इत्यादि की दराज जिसमें ताला बन्द होता है ।

Locket-लॉकेट्-*n.* a small lock, a metal plate worn as an ornament. छोटा ताला, लोलक (तावीज) ।

Lock-hospital-लॉक् - हॉस्पिटल्-*n.* a hospital for patients of venereal diseases. सूजाक के रोगियों का अस्पताल ।

Lock-jaw-लॉक्'-जॉ-*n.* a contraction of the muscles of jaw. हनुस्तंभ रोग जिसमें जबड़ा जकड़ जाता है ।

Lock-smith - लॉक्' - स्मिथ्-*n.* a blacksmith who makes locks. ताला बनानेवाला लुहार ।

Lock-stitch-लॉक्'-स्टिच्-*n.* a stitch that locks two threads together. दुहरी सियन ।

Lock-up-लॉकप् - *n.* a place of temporary confinement of an arrested person. बन्दी-गृह, हवालात ।

Locomotion-लो-कॅ-मो' - शन् - *n.* the power for motion from place to place. स्थानान्तर चलन, एक स्थान से दूसरे स्थान को जाने की शक्ति ।

Locomotive-लो-कॅ-मो-टिव्-*adj.* having motion. चलनशील, चलनेवाला ; **Locomotive engine** (the engine of a railway train.) रेलगाड़ी का इञ्जन ।

Locomotor-लो-कॅ - मो' - टर्-*adj.* pertaining to movement. गति-सम्बन्धी; **Locomotory** (-ट-रि) -*adj.* pertaining to locomotion. स्थानान्तर चलन संबंधी ।

Locular-लॉक्' - यू - लर् - *adj.* pertaining to small recess. छोटे कोष्ठक सम्बन्धी ।

Loculus-लॉक्यु - लस्-*n.* (*pl.* **Loculi.**) a small separate cavity. एक पृथक् कोष्ठक ।

Locus-लो'-कस्-*n.* (*pl.* **Loci.**) a line or a curve formed by points satisfying given con-

ditions.) बिन्दुपथ; **Locus in quo** (place of occurrence.) घटना-स्थल; **Locus standi** (recognised position.) स्वीकृत स्थिति ।

Locust-लो-कस्ट् -*n.* a migratory winged insect. शलभी, टिड्डी ।

Locust.

Locution-लॉ-क्यू'-शन् -*n.* style of speech. बोलने का ढंग, वाक् शैली ।

Locutory-लॉ-क्यू-टरि-*n.* a place of conversation. वार्तालाप करने का स्थान ।

Lode-लोड् -*n.* a watercourse. जलमार्ग; **Lode-star** (the pole-star.) ध्रुव तारा ।

Lodge-लॉज् -*n.* a small house, an outhouse in a garden, a place where Freemasons meet. छोटा घर, नौकरों के रहने की कुटी, विशेष सम्प्रदाय के लोगों का मिलन या सभास्थल ;-*v. t. & i.* to harbour, to settle, to provide with habitation. टिकाना, बसना, ठहराना ।

Lodger-लॉजर् -*n.* one who lodges. ठहरने-वाला ।

Lodging-लॉजिङ्ग् -*n.* a temporary habitation. अस्थायी वासस्थान ।

Lodgment-लॉज्'-मेन्ट्-*n.* the act of lodging. वासकरण, टिकान ।

Loft-लॉफ़्ट्-*n.* an attic, a pigeon-house. अटारी (मचान), कबूतर का दर्बा;-*v. t.* to throw a ball upwards. गेंद को ऊपर की ओर फेंकना ।

Loftily-लॉफ़्टि-लि-*adv.* in an exalted manner. गर्व के साथ ।

Loftiness-लॉफ़्टि-नेस् -*n.* the state of being lofty. उन्नति, गर्व, अभिमान ।

Lofty-लॉ-फ़्टि-*adj.* (*comp.* **Loftier**, *sup.* **Loftiest.**) high, exalted, elevated, dignified, distinguished, majestic, proud. ऊँचा, उन्नत, विभवयुक्त, श्रेष्ठ, प्रसिद्ध, गर्वपूर्ण ।

Log-लॉग्-*n.* unhewn bulky timber. लकड़ी का कुन्दा, लट्ठा ;-*v. t.* (*p. t.* **Logged.**) to gather together pieces of wood. लट्ठों के टुकड़े इकट्ठा करना; **To fall like a log** (to fall in a helpless condition.) निराश होकर पड़ जाना ।

Logarithm-लॉग-रिथ्म् -*n.* a simplified way of arithmetical calculation. घातप्रमापक लघुगणक; **Logarithmic** (-थ्'-मिक्) -*adj.* pertaining to logarithm. लघुगणकविधि-संबंधी; **Logarithmically** (-अ-लि) -*adv.* in the manner of a logarithm. लघुगणकविधि से ।

Log-book-लॉग्-बुक् -*n.* an official record of daily events in the voyage of a ship, a headmaster's or principal's private record book containing remarks about the teachers. जहाज का रोजनामचा, अध्यापकों के विषय में टिप्पणी लिखने की प्रधानाध्यापक की गुप्त पुस्तक ।

Logger-head-लॉग-र्हेड्-*n.* a block-head, a fool. जड़ बुद्धि, मूर्ख; **Logger-headed** (-ऍड्) -*adj.* stupid, dull. स्थूल बुद्धिवाला, मन्द; **To be at logger-heads** (to come to quarrel.) कलह करना, झगड़ना ।

Logic-लॉजिक् -*n.* the science of reasoning, the process of argument. तर्कशास्त्र, न्याय शास्त्र; **Logical** (-इ-कल्) -*adj.* according to the rules of logic. तर्कशास्त्र-सम्बन्धी, तर्कानुसार; **Logically** (-क-लि) -*adv.* according to the rules of logic. तर्क के अनुसार ।

Logician-लॉ-जि-श्यन्-*n.* one who is versed in logic. नैयायिक, तार्किक ।

Logistics-लॉ-जिस्ट्'-इक्स् -*n.* the art of stationing or moving troops. सेना को टिकाने या हटाने की विद्या ।

Logogram-लॉ-गॉ-ग्राम्-*n.* a sign representing a word. किसी शब्द के लिये सुलभ संकेत ।

Logomachy-लॉ-गॉ-मी-कि-*n.* a controversy about words. शब्द-विवाद (वाग्युद्ध) ।

Logomania-लॉ-गॉ-मे-नि-आ -*n* craze for speaking. बोलते रहने की सनक ।

Logotype-लॉगॉ-टाइप् -*n.* words or several letters cast into one piece. एक साथ ढले हुए कई अक्षर या शब्द, यथा ff, ffl. ।

Logwood-लॉग्'-वुड्-*n.* a kind of deep coloured wood. एक प्रकार का गहरे रंग का बबूल ।

Loin-लॉइन् -*n.* part of the body on both-sides of the lower half of the trunk. कूल्हा, कमर; **Born from one's loins** (one's begotten progeny.) अपनी जनमी सन्तति; **Loin cloth** (a piece of cloth for wearing round the loins.) लुङ्गी, कौपीन; **To gird up one's loins** (to prepare for effort.) कमर कसना, कटिबद्ध (उद्यत) होना ।

Loiter-लॉय्-टर्-*v. i.* to linger, to saunter, to hang about. सुस्ती से धीरे-धीरे चलना, देर करना, टालमटोल करना; **To loiter about** (to pass away time loiteringly.) मारे-मारे फिरना, मटरगश्ती करना ।

Loiterer-लॉय्'-टरर्-*n.* an idler. आलसी, कालक्षेप करनेवाला।

Loitering-लॉय्'-टर्-इङ्ग्-*adj.* idling. विलम्ब; **Loiteringly** (-लि)-*adv.* in a loitering manner. कालक्षेप करते हुए।

Loll-लॉल्-*v. t. & i.* to hang out the tongue, to sit or stand in a lazy attitude. जीभ निकालना (लपलपाना), सुस्ती में पड़े रहना।

Lollingly-लॉलिङ्गलि - *adv.* with moving tongue. जीभ लपलपाते हुए।

Lollop-लॉ-लॉप् - *v. i.* to stir in a lounging way. सुस्ती से घूमना।

Lone-लोन्-*adj.* solitary, unfrequented, uninhabited. निर्जन, अकेला।

Loneliness-लोन्'-लि-नेंस् - *n.* the state of being lonely or isolated. निर्जनता, असहायता।

Lonesome-लोन्'-सम् - *adj.* solitary. निर्जन; **Lonesomely** (-लि) - *adv.* in a lonesome manner. निर्जनता से; **Lonesomeness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being lonesome. निर्जनता।

Lonely-लोन्-लि-*adj.* companionless, isolated, helpless. अकेला, निर्जन, सहायहीन।

Long-लॉङ्ग्-*adj.* extended in length or time, protracted, lingering, slow in coming, far-reaching, lengthy. विस्तीर्ण या दीर्घकालव्यापी विलम्बित, दीर्घसूत्री, दूर का, लम्बा ;-*n.* a long time or period. दीर्घकाल; **A long period** (a long duration of time.) चिरकाल; **A long way off** (at a long distance.) बहुत दूर; **For a long time** (for long.) बहुत दिनों तक; **Has a long arm** (can make his power reach far.) दूर तक प्रभाव डाल सकता है; **In the long run** (finally.) अन्त में; **Long cloth** (a kind of calico.) लङ्किलाट; **Long date** (a distant date.) दूर की तारीख; **Long dozen** (thirteen.) तेरह; **Long ears** (stupidity.) मूर्खता; **Long face** (dismal.) दुःखी; **Long family** (family of several children.) बड़ा परिवार; **Long hand** (ordinary writing.) पूरे अक्षरों में (सांकेतिक भिन्न) लिखावट; **Long home** (the grave.) क़ब्र; **Long sight** (that sees distant objects.) दूरदृष्टि; **Long-sighted** (one able to see far but not close at hand.) वह मनुष्य जो दूर के पदार्थ स्पष्ट देख सके—समीप के नहीं; **Longsightedness** (the faculty of being long sighted.) दूरदर्शिता; **Long-tongued** (loquacious.) वाचाल, बकवादी।

Long-लॉङ्ग्-*adv.* (*comp.* **Longer**, *sup.* **Longest**) a great extent (in time of space.) at a point of duration, far, distant. चिरकाल तक, दूर तक; **All day long** (throughout the day.) सारा दिन, दिन भर; **As long as** (if only.) जब तक कि; **Ere long** (soon.) थोड़े ही काल में; **For long** (for a long time.) बहुत दिन तक; **How long ?** (up to what length of time. ?) कितने दिनों तक; **Living long** (living for a long time.) चिरजीवी; **Long ago** (in the distant past.) प्राचीन समय में; **Long after** (after a long time.) बहुत दिनों बाद; **Long before** (before a long time.) बहुत पहिले; **Long sick** (sick since long.) पुराना रोगी; **So long as** (provided that.) यहाँ तक, जब तक कि।

Long-लॉङ्ग्-*v.t.* to desire vehemently, to have a craving desire. अत्यन्त अभिलाषा करना, बड़ी लालसा करना, अधिक लोभ करना या चाहना।

Longeval-लॉन्'-जि-वल्-*adj.* long-lived. दीर्घजीवी, अधिक काल तक जीनेवाला।

Longevity-लॉन्'-जेंव्'-इ-टि-*n.* great length of life. दीर्घायु, बड़ी आयुष्य।

Longevous-लॉन्जिवस् - *adj.* living long. चिरजीवी, अधिक वय का।

Longing-लॉङ्गिङ्ग्-*n.* a vehement desire. उत्कण्ठा, लालसा, अभिलाषा; **Longingly** (-लि) -*adv.* with eager desire. उत्सुकता से।

Longish-लॉङ्गिश्-*adj.* somewhat long. कुछ लम्बा।

Longitude-लॉन्' - जि-ट्यूड्-*n.* length, the angular distance, east or west from a meridian. लम्बाई, भूमध्यरेखा से पूरब या पश्चिम की दूरी, देशान्तर।

Longitudinal-लॉन्जि - ट्यू'-डि-नल्-*adj.* pertaining to longitude. (अनुदैर्ध्य), लम्बान बल का, देशान्तर सम्बन्धी; **Longitudinally** (-न-लि) -*adv.* lengthwise. लम्बान में।

Longsome-लॉङ्ग्-सम्-*adj.* tiresome. थकानेवाला।

Longways-लॉङ्ग्'-वेज़्, **Longwise** (वाइज़्) -*adjs.* lengthwise. लम्बेबल।

Loo-लू-*n.* a kind of card-game. एक प्रकार का ताश का खेल।

Looby-लू'-बि-*n.* a silly. awkward person. मूर्ख, भद्दा मनुष्य।

Look-लुक्-*v. i. & t.* to use one's sight, to show surprise, to consider, to examine,

to ascertain by sight. देखना, आश्चर्य दिखलाना, विचारना, परीक्षा करना, आँख फेरकर खोजना; *-n.* glance at a thing, appearance, aspect. दृष्टि (दर्शन), रूप, आकार, आभा; **A look-out** (*pl.* Lookouts) a careful watching. चौकसी; **It is his look-out** (it is his duty.) यह उसका कर्तव्य है; **Look here !** (observe !) ध्यान दो ! **Look sharp** (lose no time !) सावधान हो ! **Look you !** (mind !) खबरदार !; **Side-look** (oblique look.) कटाक्ष; **To be on the look-out** (to be careful.) सावधान रहना; **To look after** (to search.) अन्वेषण करना, खोजना ; **To look back** (to be half-hearted.) हताश होना; **To look down at** (to regard with displeasure.) तिरस्कार से देखना; **To look for** (to search for, to expect.) तलाश करना, आशा करना; **To look ill** (to seem to be ill.) रोगी या बीमार मालूम होना; **To look into** (to inspect closely.) परीक्षा करना, अनुसन्धान करना ; **To look on** (to see for a short time.) क्षण भर के लिये देखना; **To look over** (to overlook.) बहटियाना ; **To look through** (to penetrate.) आँख गड़ाकर देखना; **To look to** (to consider.) विचारना; **To look down upon** (to regard with disfavour.) तिरस्कार करना; **To look up to** (to count.) गणना करना, मानना ।

Looker-on-लुकर्-ऑन् (*pl.* Lookers-on)-*n.* a spectator. दर्शक ।

Looking-लुक्'-इङ्ग्-*n.* search. दिखावट ।

Looking-glass-लुक्'-इङ्ग्-ग्लास्-*n.* a mirror. दर्पण, शीशा, आईना ।

Lookout-लुक्'-आउट्-*n.* a careful watching for an object. किसी पदार्थ का सावधानी से निरीक्षण ।

Loom-लूम्-*n.* a machine for weaving, inner part of an oar, a haze. करघा, डाँड़े का भीतरी भाग, अस्पष्ट दर्शन;*-v. i.* to appear vague and indistinct. अस्पष्ट रूप से देख पड़ना ।

Loon-लून्-*n.* an idler, a rascal. दुर्जन, दुष्ट, पाजी; **Loony** (-इ) *-n.* a lunatic. पागल मनुष्य।

Loop-लूप्-*n.* a noose, a loop-hole, a curve, bent string or wire. फन्दा, दरार, चक्कर, गाँठ; *-v. t.* to fasten with a loop. फन्दे में बाँधना।

Looper-लूपर्-*n.* a kind of creeping insect. एक प्रकार का रेंगनेवाला कीड़ा ।

Loophole - लूप्' - होल्-*n.* an aperture, an outlet, secret means of escape. छिद्र, निकास, भागने का गुप्त मार्ग ।

Loopline-लूप्'-लाइन्-*n.* a branch railway line attached to the main line. मुख्य रेल-पथ से संयुक्त शाखा रेल-पथ ।

Loose-लूस्-*adj.* released from restraint, free, not tight, inexact, vague, lax, unconnected, incorrect, dissolute. बन्धन-मुक्त, स्वतन्त्र, ढीला, अशुद्ध, अनिश्चित, अव्यवस्थित, अवद्ध, दुराचारी; *-v. t.* to free from restraint, to discharge gun. छुटकारा देना, गाँठ खोलना, बन्दूक छोड़ना; **A loose woman** (immoral woman.) कुलटा स्त्री; **At a loose end** (without a definite aim.) बिना लक्ष्य के; **Loose bowels** (diarrhoea.) अतिसार रोग; **Loose conduct** (bad habit.) दुर्व्यसन ; **Loose tongue** (a prattler.) बड़बड़िया; **To break loose** (to run away from bondage.) बन्धन तोड़कर भाग जाना ।

Loosely- लूस्'- लि-*adv.* in a loose manner. शिथिलता से, अस्पष्टता से ।

Looseness-लूस्'-नेंस्-*n.* slackness. ढीलापन ।

Loosen-लूसन्-*v. t.* to relax, to separate, to free from tightness. शिथिल करना, ढीला करना, पृथक् करना ।

Loot - लूट् - *n.* goods snatched from the enemy, booty. लूट का माल, लूट;*-v. t.* to plunder. लूटना; **Looter** (-अर्) *-n.* one who plunders. लूटनेवाला, डाकू ।

Lop-लॉप्-*v.t. & i.* (*p. t.* Lopped) to cut off twigs or branches, to hang down loosely. डाल काटना (कलम करना), लटकना या लटकाना ।

Lop-eared-लॉप्' - इअर्ड्-*adj.* with hanging ears. लटकते हुए कानवाला ।

Lope-लोप्-*v. i.* to run with a long bouncing stride. लम्बे-लम्बे डग मारते हुए दौड़ना ।

Lopper-लॉपर्-*n.* a trimmer of trees. पेड़ काटनेवाला मनुष्य ।

Loppings-लॉपिङ्ग्ज़्-*n.* that which is cut off. कटाव, कतरन ।

Loppy-लॉप्'- पि - *adj.* hanging. झूलनेवाला, लटकता हुआ ।

Lopsided-लॉप्-साइ'-डेड्-*adj.* with one side lighter than the other. एक ओर दूसरी ओर से हलका, उलार; **Lopsidedly** (-लि) *-adv.* in a lopsided manner. उलार दशा में; **Lopsidedness** (-नेंस्) *-n.* the state of being lopsided. असंतुलित या उलार अवस्था ।

Loquacious-लो - क्वे' - शस् *-adj.* talkative, chattering, noisy. वाचाल, बकवादी, बक्की ; **Loquaciously** (-लि) *-adv.* in a talkative

manner. वाचालता से ; Loquaciousness (-नेस्) -*n.* the habit of being talkative. वातूनीपन।

Loquacity-लो-क्वी-सिटि-*n.* loquaciousness. वाचालता, बकवाद ।

Lorcha-लॉर्का-*n.* a kind of ship. एक प्रकार का जहाज़।

Lord-लॉर्ड्-*n.* (*fem.* Lady) master, ruler, sovereign, husband, God, a baron, a nobleman. (प्रभु) स्वामी, राजा, महाराज, पति, ईश्वर, नवाव, रईस;-*v. i.* to rule despotically. प्रभुत्व दिखलाना, अनियन्त्रित शासन करना ।

Lord-like-लार्ड् - लाइक्-*adj.* grand, magnificent. राजा सदृश, तेजस्वी (रोवदार) ।

Lordliness-लॉर्ड्-लि-नेस् -*n.* dignity, pride. तेज, प्रभुत्व ।

Lordling-लॉर्ड्-लिङ्ग्-*n.* a little lord. छोटा नवाव ।

Lordly-लॉर्ड् - लि -*adj.* Lord-like, grand, imperious. राजा सदृश, शानदार, रोवीला ।

Lordship-लॉर्ड् - शिप्-*n.* a domain, lord's personality, dignity, power. अधिकार-क्षेत्र, प्रभुत्व, गौरव, शोभा, शक्ति ।

Lore-लोर्-*n.* learning, wisdom, scholarship. विद्या, ज्ञान, शिक्षा ।

Loricate-लॉ-रि - केट्-*adj.* having defensive parts. कवचयुक्त ।

Loris-लॉरिस्-*n.* a kind of lemur. एक प्रकार की छिपकली ।

Lorn-लॉर्न्-*adj.* same as **Forlorn**.

Lorry-लॉ-रि-*n.* (*pl.* **Lorries.**) a long heavy four-wheeled wagon or truck. अनेक मनुष्यों के सवार होने की चौपहिया (मोटर या रेल) गाड़ी ।

Lory-लौ'-रि-*n.* a bird of the parrot kind. तोते की जाति का एक पक्षी ।

Lose-लूज़्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Lost**) to be deprived of, to suffer loss, to waste, to spend, to fail, to carry, to squander, to disappear, to perish, to ruin, to decline. वंचित होना, क्षति उठाना, नष्ट करना, खर्च करना, चूकना, ले जाना, उड़ाना, गायब होना, नष्ट होना, गिरना; **Lost his way** (*i. e.* missed his path.) भटक गया; **To lose consciousness** (to become insensible.) मूर्छित होना; **To lose patience** (to be impatient.) अधीर होना; **To lose one's wits** (to lose knowledge.) बुद्धिहीन होना; **To lose time** (to waste time) कालक्षेप करना, समय नष्ट करना ।

Loser-लूज़र्-*n.* one who loses. खोनेवाला, हारनेवाला ।

Loss-लॉस्-*n.* disadvantage, waste, damage, ruin. हानि, नाश, घाटा ; **To be at a loss** (to be puzzled.) व्यग्र होना, घवड़ाना ।

Lost-लॉस्ट्-*p. t. & p. p.* of **Lose.**

Lot-लॉट्-*n.* selected batch of goods, choice, share, chance, destiny. किसी माल का अलगाया हुआ थोक, भाग्य, भाग (अंश), दैवगति ; -*v. t.* to allot. अनेक भागों में बाँटना ; **A lot** (a large number.) वहुत-सा; **To cast or draw lots** (to decide by throw of dice or some similar way.) चिट्ठी डालकर निर्णय करना ; **To lot with** (to be a helper.) सहायक होना ।

Loth-लोथ्-*adj.* unwilling. अनिच्छुक ।

Lotion-लो-शन्-*n.* a liquid medical preparation which is used as a wash. धोने की दवा ।

Lottery - लॉटरि - *n.* arrangement for distributing prizes by lot, a game of chance. चिट्ठी डालकर इनाम बाँटने की रीति, भाग्य का खेल ।

Lotto-लॉटो-*n.* a game of chance. एक प्रकार का जुआ ।

Lotus-लो'-टस्-*n.* the water-lily. कमल, पद्म; **Lotus stalk**-*n.* (the stalk of a lotus.) कमल नाल; **White lotus.** पुण्डरीक, सफ़ेद कमल ।

Loud-लाउड्-*adj. & adv.* noisy, clamorous. तीव्र, वड़ी ध्वनि का; **Loudly** (-लि) -*adv.* in a loud manner. ऊँचे स्वर से; **Loudness** (-नेस्) -*n.* the quality of being loud. ऊँचा स्वर ।

Loud-speaker-लाउड-स्पीक्'-अर्-*n.* an instrument which is used for magnifying sound. ऐसा यन्त्र जिसके द्वारा गाना इत्यादि ज़ोर से दूर तक सुन पड़ता है, ध्वनिविस्तारक यंत्र ।

Lough-लॅ'-ह्-*n.* a lake, arm of the sea. सरोवर, झील, समुद्र का भाग ।

Lounge-लाउन्ज्-*v. i. & t.* to spend time lazily, to recline idly. आलस्य से कालक्षेप करना, व्यर्थ पड़े रहना; -*n.* a place of lounging. पड़े रहने का स्थान ।

Lounger-लाउन्ज्'-अर्-*n.* one who lounges, an idler. आलसी, कालक्षेपक ।

Lounging-लाउन्ज्-इङ्ग्-*n.* idleness. आलस्य; **Loungingly** (-लि)-*adv.* in an idle manner. आलस्य से ।

Lour, Lower-लाउर, लाउ'-अर्-*v. i.* to look gloomy, to frown, to be angry. भौंह चढ़ाना, त्यौरी चढ़ाना, क्रोध करना;-*n.* gloomy, threatening look. विषण्ण, भयकारी आकृति; **Louringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a frowning manner. भौंह चढ़ाते हुए।

Loury-लाउरि-*adj.* gloomy, dull, threatening. विषण्ण, मलिन, मन्द, भयकारी।

Louse-लाउस्-*n.* (*pl.* Lice) a parasitic insect. जुआँ (चीलर); **Louse egg.** लीख।

Lout-लाउट्-*n.* an awkward mean fellow, a clown, a bumpkin. ग्रामीण मनुष्य, भद्दा आदमी।

Loutish-लाउ-टिश्-*adj.* clumsy. अनाड़ी; **Loutishly** (-लि)-*adv.* in a clumsy manner. ग्रामीणता से; **Loutishness** (-नेस्)-*n.* the quality of being awkward. भद्दापन।

Louver-लू'-व़र्-*n.* an erection in a building to let smoke out. धूम्ररन्ध्र, धुवाँकश, धुवाँखा; **Louvered** (-ड्)-*adj.* having a louver. धुवाँखा लगा हुआ।

Lovable-ल-व़े-ब्ल्-*adj.* deserving love. प्रेम करने योग्य; **Lovableness** (-नेस्)-*n.* the state or quality of being lovable. प्रेम की योग्यता, प्यारापन।

Lovage-लवेज्-*n.* a kind of herb. एक प्रकार की वनस्पति।

Love-लव्-*n.* warm affection, fondness, passion, courtship, the object of love. प्रेम, स्नेह, रुचि, प्रीति, प्रीतिपात्र; **For the love of** (for the sake of.) वास्ते, लिये; **Love-apple** -*n.* the tomato. टमाटर; **Love-child**-*n.* an illegitimate child. दोगली सन्तति; **Love-feast** (feast in connection with marriage.) विवाह सम्बन्धी भोज या दावत; **Love-in-a-mist**-*n.* a kind of flower. एक प्रकार का फूल; **Love-lorn** (pining with love, forsaken by one's love.) प्रेम से सूखा हुआ, किसी प्रेमी द्वारा परित्यक्त या प्रेम से वंचित; **Loveworthy** (-वर्दि)-*adj.* worthy of affection. प्रेम के योग्य; **Loveworthiness** (-नेस्) -*n.* worthiness of love. प्रेम की योग्यता; **Love for God** (devotion to God.) ईश्वर-भक्ति; **To fall in love with** (to become enamoured.) प्रेमासक्त होना; **Under the influence of love** (passionate.) कामातुर।

Love-लव्-*v. t. & t.* to be in love with, to regard with affection, to delight in, to admire. प्रेमासक्त होना, प्रेम करना, प्रसन्न होना; प्रशंसा करना।

Lovelace-लव्'-लेस्-*n.* a libertine. व्यभिचारी मनुष्य, लम्पट।

Loveliness-लव्'-लि-नेस्-*n.* gentle beauty. माधुर्य, सुन्दरता।

Lovely-लव्'-लि-*adj.* delightful, pleasant, pleasing. मनोहर, सुन्दर, प्यारा।

Lover-लव़र्-*n.* a woman's sweetheart. स्त्री का प्रेमी; **Lover's knot** (knot of love.) प्रेमग्रन्थि; **Lover-like** (-लाइक्)-*adj.* like a lover. स्त्री के प्रेमी के समान।

Loving-लव़िङ्ग्-*adj.* affectionate, proceeding from love. अनुरागी, प्रिय; **Lovingly** (-लि) -*adv.* affectionately. प्रेम से; **Lovingness** (-नेस्)-*n.* affection. प्रेम।

Low-लो-*adj. & adv.* (*comp.* Lower. *sup.* Lowest) not far up, not elevated, depressed, submissive, not loud, undignified, humble, cheap, not high. निकट, नीचे का, अनुच्च, दुःखी, मन्द, विनीत, धीमा, गहरा, क्षुद्र, सस्ता, नीचा; **In low spirits** (dejected.) खिन्न; **In low tone** (in a slow voice.) मन्द स्वर से; **In low water** (penniless.) निर्धन; **Low-born** (of low birth.) नीच कुल का; **Lowdown** (mean.) अप्रतिष्ठित, नीच; **Lowland** (-लैन्ड्) -*n.* a valley. तराई; **Low life** (humble life.) क्षुद्र जीवन; **Low moon** (moon near the horizon.) क्षितिज के पास का चन्द्रमा; **Lowness** (-नेस्) -*n.* the quality of being low. नीचता; **Low price** (less value.) कम दाम ; **Low-spirited** - *adj.* dejected. उदास, दुखी; **Lowtide** (ebbtide.) भाटा; **Of low latitude** (near the equator.) भूमध्य रेखा के पास; **To bring low** (to render poor.) दरिद्र करना; **To lay low** (to overthrow on the ground.) भूमि पर पटक देना; **To lie low** (to bend.) झुकना।

Low-लो-*v. t. & i.* to utter cry as of oxen, to bellow. बैल की तरह डकारना।

Lower-लो'-अर्-*v. t. & i.* to let down, to reduce in value, to diminish height of, to sink, to descend, to decrease. उतारना, घटाना, कम करना, डुबाना, उतरना, कम होना, न्यून करना; **Lower world** (hell.) पाताल।

Lowering-लो'-अर्-इङ्ग्-*adj.* cloudy, degrading, letting down. अन्धकारपूर्ण, मेघयुक्त, बादलों से पूर्ण, अवनत करनेवाला, नीचे उतारनेवाला; -*n.* act of reducing. घटाने का काम।

Lowermost - लो' - अर्-मोस्ट्-*adj.* lowest in place. सबसे नीचे का।

Lowing-लो'-इङ्ग्-*n.* the bellowing of cattle. गाय-बैल का शब्द ।

Lowliness-लो-लि'-नेंस्-*n.* the state of being lowly. विनय, नम्रता ।

Lowly-लो'-लि-*adj.* humble, modest, meek. विनीत, नम्र, दर्पहीन ।

Loyal-लॉ-य-ल्-*adj.* faithful to a king, true, devoted. राजभक्त, सच्चा, अनुरागी ; **Loyal wife** (a faithful wife.) पतिव्रता स्त्री ।

Loyalist-लॉयलिस्ट् - *n.* one who is loyal. राजभक्त ।

Loyally-लॉयलि - *adv.* in a loyal manner. भक्तिपूर्वक ।

Loyalty-लॉयल्टि-*n.* devotion to a sovereign or to a husband. राजभक्ति, पतिभक्ति ।

Lozenge-लॉज़ेन्ज् - *n.* rhombus, a small tablet of flavoured sugar. विषमकोण समचतुर्भुज, बर्फी मिठाई ; **Lozenged** (-ड्) -*adj.* having the form of a lozenge. विषम कोण चतुर्भुज के आकार की ।

Lubber-ल-बर्-*n.* a stupid fellow, a lout. स्थूल बुद्धिवाला मनुष्य, मूर्ख, गँवार; **Lubber-like** (-लाइक्)-*adj.* stupid. मूर्ख; **Lubberliness** (-लि-नेंस्) -*n.* the quality of being stupid. गँवारपन; **Lubberly** (लि) -*adj.* & *adv.* in a stupid manner. मूर्खता से ।

Lubric-ल्यू'-ब्रिक्-*adj.* unsteady, slippery. अस्थिर, फिसलनेवाला ।

Lubricant-ल्यू'-ब्रि-कॅन्ट्-*n.* that which lessens friction. यन्त्र आदि को चिकनाने का मसाला ।

Lubricate-ल्यू'-ब्रि-केंट्-*v. t.* to make smooth by applying oil or grease. तेल या चर्बी लगाकर चिकना करना ।

Lubrication-ल्यु-ब्रि-कें'-शन् - *n.* the act of lubricating. चिकनाहट लाने का कार्य ।

Lubricator-ल्यु' -ब्रि -कें - टर् - *n.* that which lubricates. चिकना करनेवाली कुप्पी ।

Lubricity-ल्यु - ब्रि - सि - टि -*n.* smoothness, oiliness. चिकनाहट, स्निग्धता ।

Lubricious-ल्यु-ब्रि-शस्-*adj.* smooth. स्निग्ध, चिकना ।

Luce-ल्यूस्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली ।

Lucency-ल्यू'सॅन्सि-*n.* brightness. तेज, प्रकाश, चमकीलापन ।

Lucent-ल्यू'सॅन्ट्-*adj.* shining, clear, bright, luminous. दीप्तिमान्, तेजस्वी, स्वच्छ, प्रकाशमान् ।

Lucerne-ल्यू'-सर्न् -*n.* a kind of fodder plant. एक प्रकार की घास जिसको पशु खाते हैं ।

Lucid-ल्यू'-सिड्-*adj.* bright, shining, clear, easily understood. देदीप्यमान, चमकीला, स्वच्छ, स्पष्ट अर्थ का; **Lucid interval** (period of calm between disturbances.) विघ्नों के बीच का शान्ति का काल ; **Lucidness** (ल्यू'-सिड्-नेंस), **Lucidity** (-इ-टि) -*ns.* the state of being lucid. शोभा, स्पष्टता ।

Lucidly-ल्यू-सिड्'-लि-*adv.* in a lucid manner. स्पष्टता से ।

Lucifer-ल्यू'सिफ़र्-*n.* the planet Venus as a morning star. शुक्र तारा; **Lucifer match** (friction match.) रगड़कर जलाई जानेवाली दियासलाई ।

Luciferous-ल्यु-सि-फ़रस्-*adj.* shining, giving light. चमकीला, प्रकाश देनेवाला ।

Lucifugous-ल्यु-सि-फ़्यू-गस् - *adj.* shunning light. प्रकाश से दूर रहनेवाला, प्रकाश से परहेज करनेवाला ।

Luck-लक्-*n.* chance, fortune, lot, fate. दैव, संयोग, भाग्य; **As luck would have it** (fortunately or unfortunately.) भाग्यवश; **Bad** (or **ill**) **luck** (bad fortune.) दुर्भाग्य; **Good luck** (good fortune.) सौभाग्य ; **Luckpenny** -*n.* (a small sum given back to the buyer by the person who receives it.) दस्तूरी ।

Luckily-लकि-लि - *adv.* fortunately. दैवयोग से, भाग्यवश; **Luckiness** (-नेंस्)-*n.* the state of being lucky. सौभाग्य ।

Luckless-लक्'-लॅस्-*adj.* devoid of luck, unfortunate. अभागा, भाग्यहीन; **Lucklessly** (-लि)-*adv.* unfortunately. दुर्भाग्य से; **Locklessness** (- नेंस) - *n.* the state of being unfortunate. भाग्यहीनता, अभागापन ।

Lucky - लकि - *adj.* (*comp.* **Luckier.** *sup.* **Luckiest.**) fortunate, prosperous, auspicious. धन्य, भाग्यवान्, शुभ; **Lucky guess** (hitting at the right time.) समय पर सूझ जाना)

Lucrative-ल्यू'-क्रें-टिव्-*adj.* profitable, yielding profit. लाभदायक, फल देनेवाला; **Lucratively** (-लि)-*adv.* profitably. लाभपूर्वक; **Lucrativeness** (- नेंस्) - *n.* state of being lucrative. लाभ, फल ।

Lucre - ल्यूकर् - *n.* pecuniary gain, profit. अर्थ-प्राप्ति, लाभ ।

Lucubrate- ल्यू' - क्यू- ब्रेट् - *v. i.* to study or

work at night. रात में अध्ययन करना या काम करना।

Lucubration-ल्यू-क्यू-ब्रे'शन्-*n.* study at night. रात्रि समय का अध्ययन।

Lucubrator-ल्यू-क्यू-ब्रे'-टर्-*n.* one who works by candle-light. रात्रि में मोमबत्ती के प्रकाश में अध्ययन करनेवाला।

Lucubratory-ल्यू-क्यू-ब्रे'-टरि-*adj.* written by candle-light or by night. रात्रि के दीपालोक में लिखा हुआ।

Luculent-ल्यू'-क्यू'-लेन्ट्-*adj.* clear, lucid, transparent. स्पष्ट, पारदर्शक; **Luculently** (-लि) -*adv.* clearly. स्पष्टता से।

Ludicrous-लू'-डि-क्रस्-*adj.* absurd, ridiculous, exciting derision. भद्दा, असङ्गत, हास्यकर, फूहर; **Ludicrously** (-लि)-*adv.* in a ridiculous manner. हास्यकर ढंग से; **Ludicrousness** (-नेंस्)-*n.* absurdity. भद्दापन।

Lues-लू'-ईज़्-*n.* contagious disease, plague. संक्रामक रोग, प्लेग।

Luff-लफ़्-*n.* the broad part of a ship's bow. जहाज़ का अगला चौड़ा भाग; -*v. i. & t.* to bring the head of a ship towards the wind. जहाज़ को हवा के रुख पर लाना।

Lug-लग्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Lugged.**) to drag heavy load with effort, to pull hard. बलपूर्वक भारी बोझ खींचना, घसीटना; **Lug-sail** (-सेल्)-*n.* a square sail. चौकोनी पाल।

Luggage-ल-गेज्-*n.* a passenger's baggage. यात्रा-सामग्री, गठरी-मोटरी, यात्री का सामान।

Lugger-ल-गर्-*n.* a kind of small ship. एक प्रकार का छोटा जहाज।

Lugubrious-लु-ग्यू'-ब्रि-अस्-*adj.* dismal, sorrowful, mournful. उदासीन, दुःखात्मक, शोक-सूचक; **Lugubriously** (-लि)-*adv.* in a dismal manner. शोक से; **Lugubriousness** (-नेंस्)-*n.* dismay, sorrow. शोक, उदासीनता।

Lukewarm-ल्यूक्-वॉर्म-*adj.* moderately warm, tepid, indifferent, not zealous. मन्दोष्ण, गुनगुना, उदासीन, उत्साहहीन; **Lukewarmly** (-लि) -*adv.* in an indifferent manner. निरुत्साह से; **Lukewarmness** (-नेंस्) -*n.* the state of being moderately warm. गुनगुनापन।

Lull-लल्-*v.t.* to put to sleep by caresses, to quiet, to lessen. गाकर सुलाना, शान्त करना, धीमा करना, कम करना;-*n.* a season of calm. तूफ़ान के बाद की शान्ति; **Lullingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* शान्ति-भाव से।

Lullaby-ल-लीं-बाइ-*n.* (*pl.* **Lullabies**) a song to put babies to sleep. बच्चों को सुलाने का गीत।

Lullingly-see **Lull.**

Lumbaginous-लम्बीजिनस्-*adj.* pertaining to lumbago. कटिवेदना-सम्बन्धी, कमर के दर्द का।

Lumbago-लम्-बे'-गो-*n.* rheumatic pain in the muscles about loins. कटिवेदना, कमर का दर्द।

Lumbar-लम्बर्-*adj.* of the loin. कटि-सम्बन्धी, कमर का।

Lumber-लम्बर्-*v. i.* to move clumsily. भद्दी तरह से चलना; -*v. t.* to obstruct, to heap together. रुकावट डालना, ढेर लगाना; -*n.* a disused and cumbrous article. निरर्थक पदार्थ, काठ-कबाड़; **Lumberer** (-अर्)-*n.* one who gathers lumber. काठ-कबाड़ इकट्ठा करनेवाला; **Lumber-room**-*n.* काठ-कबाड़ रखने की कोठरी; **Lumbrical**-लम्ब्रिकल्-*adj.* resembling a worm. कीड़े के समान।

Luminant-लू'-मिनन्ट्-*adj. & n.* giving light, a luminous object. प्रकाश देनेवाला, चमकता पदार्थ।

Luminary-ल्यू' (-लू')-मि-न-रि-*n.* a heavenly body that gives light, a person who is of exceptional eminence. सूर्य, चन्द्रमा, तारागण, अपूर्व बुद्धि का मनुष्य।

Luminiferous-ल्यू (-लू')-मि-नि-फ़रस्-*adj.* producing light. प्रकाश पैदा करनेवाला।

Luminosity-लू'-मि-नॉ-सिटि- same as **Luminousness**-*n.* brightness. चमकीलापन।

Luminous-ल्यू-मिनस्-*adj.* bright, shining, clear, lucid, emitting light. प्रकाशयुक्त, चमकीला, स्वच्छ, शुभ्र, प्रकाश फेंकनेवाला; **Luminously** (-लि)-*adv.* in a luminous manner. चमकते हुए ढंग से; **Luminousness** (-नेंस्)-*n.* brightness. चमकीलापन।

Lump-लम्प्-*n.* a shapeless mass, a heap, protuberance, swelling. आकृतिहीन ढेर, समूह, पिण्ड, सूजन;-*v. i. & t.* to throw into a mass. इकट्ठा करना, ढेर लगाना; **In the lump** (in gross.) थोक में; **Lump-sugar** (loaf sugar.) गुड़ का पिण्ड; **Lump sum** (gross sum.) थोक रक़म।

Lumper-लम्पर्-*n.* one who loads and unloads ships. जहाज़ पर का माल चढ़ाने या उतारनेवाला कुली।

Lumping-लम्प्'-इङ्ग्-*adj.* bulky, heavy. बड़ा, भारी।

Lumpish-लम्प्'-इश्-*adj.* foolish, stupid, heavy. स्थूल मति, मूर्ख, भारी।

Lumpishness-लम्प्-इश्-नॆस्-*n.* the quality of being lumpish. स्थूलता ।

Lumpy-लम्पि-*adj.* full of lumps. ढेर लगाया हुआ ।

Lunacy-लू-नॉ-सि-*n.* insanity, derangement of mind. उन्माद, मति-विभ्रम, पागलपन, बावलापन ।

Lunar-लूनर्-*adj.* pertaining to the moon. चन्द्रमा-सम्बन्धी ; **Lunarian** (-नें रिअन्)-*n.* an astronomer who devotes special attention to moon, an inhabitant of the moon. चन्द्रमा के विषय में अधिक ज्ञान रखनेवाला ज्योतिषी, चन्द्रलोक का निवासी ; **Lunar day.** तिथि ; **Lunar eclipse** (eclipse of the moon.) चन्द्रग्रहण ; **Lunar month** (the time in which the moon makes a complete revolution about the earth. चान्द्रमास ; **Lunar politics** (useless question.) निरर्थक प्रश्न ; **Lunar race.** सोमवंश ।

Lunate-ल्यू' - नेंट् - *adj.* of the shape of a crescent. अर्धचन्द्र के आकार का ।

Lunatic-लूनटिक् - *adj.* insane, affected by lunacy, mad, foolish, eccentric. उन्मत्त, हतबुद्धि, पागल, झक्की ; **Lunatic asylum** (hospital for insane people.) पागलखाना ।

Lunation-ल्यु-नें-शन्-*n.* the time from one new moon to the next. एक चन्द्रोदय से दूसरे चन्द्रोदय तक का समय ।

Lunch, Luncheon-लन्च् (-न्श्यन्)-*ns.* light refreshment between breakfast and dinner. सवेरे के जलपान तथा दोपहर के भोजन के बीच में का थोड़ा भोजन ; -*v. i.* to take lunch. इस प्रकार का भोजन करना ।

Lunette-लु-नेंट्-*n.* a hole or crescent-shaped space in a ceiling or dome. गुम्बद या छत में का चन्द्राकार छिद्र या ताखा ।

Lung-लङ्ग्-*n.* one of the organs of respiration. फुप्फुस, फेफड़ा ; **Lungless** (-लॆस्) -*adj.* devoid of lung. बिना फेफड़े का ; **Lung-power** (power of voice.) बोलने की शक्ति ।

Lunge-लन्ज्-*n.* a horse-breaker's long rope. घोड़ा फेरनेवाले की लम्बी बागडोर ; -*v. t.* to exercise a horse at the end of a long rope. घोड़े को चक्कर देना ; -*v. i.* to thrust with a sword. तलवार भोंकना ।

Luniform-लू'-नि-फ़ॉर्म्-*adj.* crescent-shaped. चन्द्राकार ।

Lunisolar-लू'-नि-सो' - लर्-*adj.* of the sun and moon. सूर्य तथा चन्द्र सम्बन्धी ।

Lupine-लू'-पिन्-*n.* a kind of garden plant. शमीधान्य, एक प्रकार का पौधा ; -*adj.* pertaining to wolf, wolf-like. भेड़िया-सम्बन्धी, भेड़िये के सदृश ।

Lupous-see **Lupus.**

Lupus-लू'-पस्-*n.* a disease of the skin. एक प्रकार का चर्मरोग ; **Lupous** -*adj.* pertaining to such a disease. चर्म रोग से संबंधित ।

Lurch-लर्च्-*n.* a sudden leaning to one side, a forlorn state. जहाज़ की एक ओर को यकायक झुकाव, आपत्ति की दशा ; **To leave in the lurch** (to leave in difficulty.) आपत्ति में छोड़ना ।

Lurcher-लर्चर्-*n.* a swindler, a kind of dog. चोर, एक प्रकार का कुत्ता

Lure-ल्योर्-*n.* anything used as an enticement. प्रलोभन, ललचाने का पदार्थ ; -*v. t.* to attract. लुभाना, फुसलाना ।

Lurid-लू' - रिड् - *adj.* ghastly, gloomy, unnatural, terrible. घोररूप, अन्धकारमय, अप्राकृतिक, भयङ्कर ; **Luridly** (-लि) -*adv.* in a lurid manner. भयङ्करता से ; **Luridness** (-नॆस्) -*n.* fearfulness. भयङ्करता ।

Lurk-लर्क्-*v. i.* to be hidden in, to escape notice, to lie in wait. छिपे रहना, दबकना, घात में रहना ; -*n.* a swindle, a gross fraud. धोखा, दगा, कपट, छल ।

Lurker-लर्कर्-*n.* one who hides himself. अपने को छिपानेवाला मनुष्य ।

Lurking-लर्किङ्ग्-*n.* & *adj.* hiding. छिपा रहना, छिपे हुए ; **Lurking place** (a hiding place.) छिपने का स्थान ; **To be on the lurk** (to be on the alert.) सँभले रहना, सावधान रहना ।

Luscious-लशस्-*adj.* richly sweet, delicious. अति मधुर, स्वादिष्ट ; **Lusciously** (-लि ; -*adv.* in a luscious manner. मधुरता से) **Lusciousness** (-नॆस्) -*n.* deliciousness. माधुर्य, मधुरता ।

Lush-लश्-*adj.* luxuriant, juicy. रसीला, रस भरा हुआ ;-*n.* liquor, drink. मदिरा, शराब ;-*v. t.* to drink. शराब पीना ; **Lushy** (-इ) -*adj.* intoxicated. मदिरा पिये हुए ।

Lust-लस्ट्-*n.* desire for sexual indulgence, eager desire. स्त्री संभोग की इच्छा, तीव्र लालसा ; -*v. i.* to have carnal desire. मैथुन की इच्छा करना ।

Lustful-लस्ट्'-फ़ुल्-*adj.* having lust. कामातुर ; **Lustfully** (-फ़ुल्-लि) -*adv.* in a lustful manner. कामुक की तरह ; **Lustfulness** (-नॆस्) -*n.* the state of being lustful. कामातुरता ।

Lustihood-लस्टि - हुड्-*n.* vigour of body. शरीर का बल, दृढ़ता ।

Lustily-लस्टि'- लि - *adv.* in a lusty manner. बल से, लालसा से, कामुकता से।

Lustiness-लस्टि - नेस् - *n.* pleasure, delight, vigour, lustfulness. सुख, सन्तोष, आनन्द, शक्ति, कामुकता।

Lustral-लस्ट्रल-*adj.* purifying. शुद्धिकर।

Lustrate-लस्ट्रे ट्-*v. t.* to purify by sacrifices &c. यज्ञ, होम इत्यादि से शुद्ध करना।

Lustration-लस्ट्रे शन-*n.* the act of purifying. होम आदि से शुद्धिकरण।

Lustre-लस्टर्-*n.* gloss, brightness, brilliance, fame, radiant beauty, splendour. चमक, प्रकाश, प्रभा, यश, शोभा, कान्ति; **Lustreless** (-लेंस्)-*adj.* devoid of lustre. प्रकाशहीन।

Lustrous-लस्ट्रस् - *adj.* luminous, shining, bright. दीप्तिमान्, चमकीला, प्रभापूर्ण।

Lute-ल्यूट्-*n.* a musical instrument like guitar. सितार, वीणा; -*v. i.* to play on a lute, to sound like a lute. सितार बजाना, सितार के समान स्वर निकालना।

Lutenist-ल्यू'- टिनिस्ट्-*n.* (also **Lutanist.**) one who plays on the lute. वीणा या सितार बजानेवाला मनुष्य।

Luteous-ल्यू'-टि-अस्-*adj.* of deep orange colour. गहरे नारङ्गी रङ्ग का।

Lute.

Lutestring-ल्यूट्'-स्ट्रिङ्ग्-*n.* a string of a lute, a kind of glossy silk. वीणा का तार, एक प्रकार का चमकीला रेशमी कपड़ा।

Lutose-ल्यू' - टोस् - *adj.* covered with mud. कीचड़ से ढका हुआ।

Luxate-लक्सेट्-*v. t.* to dislocate a joint, to displace. जोड़ या सन्धि हटाना, स्थान से हटाना।

Luxation-लक्सेशन्-*n.* dislocation. सन्धि-च्युति, स्थान-च्युति।

Luxuriance-लग्-ज़ू-रि- अन्स् -*n.* exuberance. समृद्धि, बहुतायत।

Luxuriant-लग्-ज़ू'-रि-अन्ट्-*adj.* profuse, abundant, exuberant. अत्यन्त, प्रचुर, अति समृद्ध।

Luxuriate-लग्-ज़ू'- रि-एट्'- *v. i.* to feed or live luxuriously. आनन्द मचाना, चैन करना।

Luxurious-लग्-ज़ू'- रि-अस् - *adj.* indulging in luxury. सुखभोगी, विलासी; **Luxuriously** (-लि) - *adv.* in a luxurious manner. अति सुख से, विलासपूर्वक; **Luxuriousness** (-नेस्) -*n.* the state or quality of being luxurious. विलासिता।

Luxurist-लक्शु'-रिस्ट्, लक्सूरिस्ट्-*n.* one given to luxury. विलासी मनुष्य।

Luxury-लक्शरि-*n.* (*pl.* **Luxuries**) habitual use of rich food, dress &c., delicacy. विशिष्ट भोजन, वस्त्र इ० का प्रयोग, विलास, विषय-सुख।

Lycanthropy-लाइ-कॅन्'-थ्रॉ-पि-*n.* madness in which the patient thinks himself to be a beast. पागलपन जिसमें रोगी अपने को पशु समझता है।

Lychnis-लिक्'-निस् -*n.* a genus of plants. एक प्रकार के पौधे।

Lycopod, Lycopodium-लाइ'- कॅ-पॉड्, (- पोडि - अम्) - *ns.* a kind of clubmoss. एक प्रकार की सेवार।

Lydian-लिडिअन्-*adj.* soft, effiminate. मृदुल, कोमल, जनाने ढंग का।

Lye-लाइ-*n.* a mixture of vegetable ashes and water. क्षारपूर्ण जल, सज्जीखार का घोल।

Lying-लाइङ्ग्-*n.* telling lies, *present participle* of "lie." झूठ बोलना, पड़े हुए; **Lyingly** (-लि) -*adv.* falsely, without truth. झूठ बोलते हुए।

Lyke-wake-लाइक्'-वेक्-*n.* watching a dead body at night. शव को रात्रि में अगोरना।

Lymph-लिम्फ्-*n.* a colourless fluid in the tissues of animal body. शरीर में का पंछा।

Lymphatic- - लिम्फॅटिक् -*adj.* pertaining to lymph. शरीर के पंछे से सम्बन्धित।

Lyncean-लिन्सिअन्-*adj.* keen-sighted. तीव्र दृष्टिवाला।

Lynch-लिन्च्-*v. t.* to inflict punishment illegally. अन्याय युक्त दंड देना; - *n.* mob rule. मनमाना राज्य।

Lynx-लिङ्क्स्-*n.* a wild quadruped of the cat family. बिल्ली के कुल का एक जङ्गली पशु।

Lyrate-लाइ-रेट्-*adj.* of the form of a lyre. वीणा के आकार का।

Lyre-लायर्-*n.* a stringed musical instrument. वीणा, बीन।

Lyric-लिरिक्-*adj.* of the lyre, meant to be sung. वीणा का, गायन-सम्बन्धी; **Lyrically** (-अ-लि)-*adv.* in a lyric manner. गाने के रूप में; **Lyricism** (-रि-सिज़म्)-*n.* a lyric composition. गायनरूप की कविता।

M-ऍम्-the thirteenth letter of the English alphabet, in Roman notation used for 1000. अंग्रेजी भाषा का तेरहवाँ अक्षर, रोमन अङ्कमाला में १००० के लिए प्रयुक्त अङ्क ।

Ma-मा-*n.* childish contraction for 'Mamma'. 'Mamma' का छोटा रूप, मा, अम्मा ।

Ma'am-मॅम् (मम्)-*n.* a contracted form of 'Madam.' 'मॅडम्' का छोटा रूप, महोदया ।

Mab-मॅब्-*n.* the queen of the fairies. परियों की रानी ।

Mac-मॅक्-*n. pref.* used in names meaning 'son of.' नामों में "पुत्र" अर्थ का उपसर्ग ।

Macabre-मकाबर्-*adj.* horrible. भयंकर ।

Macadamize-मॅकॅडमाइज़् - *v. t.* to cover a road with small pieces of broken granite. पत्थर के टुकड़ों को पीटकर सड़क बनाना; **Macadamization** (-ए'-शन्)-*n.* preparing road by this method. गिट्टी से सड़क बनाने का कार्य ।

Macaque-मॅ-काक्'-*n.* an African ape. अफ्रीका का लंगूर ।

Macaroni-मॅकरो'-नि-*n.* (*pl.* Macaronies) a wheaten paste in long tubes dried for food. खाने के लिये मैदे की लेई की सुखाई गई बत्ती, सेवई ।

Macaronic-मॅकरॉनिक् - *n. pl.* a mixture of languages अनेक भाषाओं का मिश्रण ।

Macaroon-मॅकुअ-रून्'-*n.* a sweet cake of almond, egg and sugar. बादाम, अण्डा तथा चीनी की एक प्रकार की मिठाई ।

Macassar-oil-मकॅसर् - ऑइल् - *n.* a kind of scented hair-oil from Macassar town in Celebes Island. सिलिबीज़ द्वीप के मकासर नगर का एक प्रसिद्ध सुगन्धित तैल ।

Macaw-मकॉ-*n.* a kind of parrot, a kind of palm. एक प्रकार का तोता, एक प्रकार का नारियल ।

Mace-मेंस्-*n.* a heavy club, the outer covering of nutmeg. भारी गदा, जावित्री; **Mace-bearer** (one who carries a mace.) गदाधारी ।

Macerate-मॅसरेट्-*v. t. & i.* to soften by steeping in water, to be reduced by fasting. भिगोकर मुलायम करना, व्रत करके दुर्बल होना; **Maceration** (-ए'-शन्) -*n.* act of softening by steeping in water. जल में भिगोकर मुलायम करने का कार्य ।

Machiavel-मॅकिअवेल्-*n.* a cunning statesman. धूर्त राजनीतिज्ञ; **Machiavellism** (-इज़्म्) -*n.* cunning statesmanship. कूटनीति ।

Machinal-मॅ-शीनल्-*adj.* pertaining to machines. यन्त्र सम्बन्धी ।

Machinate-मॅकिनेट्-*v.t.* to form an intrigue, to lay plots. कपट प्रबन्ध करना, षड्यन्त्र रचना ।

Machination-मॅकिनेशन्-*n.* the act of scheming. कूट प्रबन्ध; **Machinator** (-ए'-टर्)-*n.* one who plans a scheme. कपट-प्रबन्ध रचनेवाला, षड्यन्त्र करनेवाला मनुष्य ।

Machine-म-शीन्'-*n.* an apparatus for applying mechanical energy, one who acts without intelligence. यन्त्र, साधन, बिना बुद्धि के काम करनेवाला;-*v. t.* to work with a machine. यन्त्र द्वारा काम करना; **Machine-gun** (gun which keeps up continuous firing.) लगातार गोला छोड़नेवाली बन्दूक; **Simple machine** (a machine composed of a few simple parts.) यन्त्र जिसमें कम भाग या पुरज़े हों ।

Machiner-मशीनर्-*n.* a horse that drives a machine, one who works a machine. यन्त्र (मशीन) को चलानेवाला घोड़ा, यन्त्र को चलानेवाला मनुष्य ।

Machinery-मशीनरि-*n.* (*pl.* Machineries) the work of a machine, machines in general. यन्त्र का कार्य, यन्त्रों का समूह ।

Machinist-मशीनिस्ट्-*n.* one who prepares or operates a machine. यन्त्र बनाने या चलानेवाला व्यक्ति ।

Mackerel-मॅकरल्-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली ।

Mackintosh-मॅकिन्टॉश्-*n.* a waterproof cloth. बरसाती कपड़ा ।

Macle-मॅ - कल - *n.* a twin crystal. जुड़वाँ बिल्लौर का टुकड़ा ।

Macrame-मक्रा - मि - *n.* a fringe of knotted thread. गाँठ दी हुई झालर ।

Macrocosm-मॅ-क्रो'-कॉज़्म्-*n.* the entire universe. सम्पूर्ण संसार, त्रिभुवन ।

Macrology-मॅ-क्रो'-लॉ-जि-*n.* verbosity. वाचालता, बड़बड़ाहट ।

Macron-मॅक्'-रॅ-न्-*n.* a mark over a vowel to show that it is long. अंग्रेज़ी स्वर पर दीर्घ का चिह्न, यथाः-ā,ē,ī,ō,ū.

Macrurous-मॅक्रूरस्-*adj.* having a long tail. लम्बी पूँछवाला ।

Macula-मॅक्'-यू - ला-(*pl.* Maculae) *n.* the dark spot in the Sun, permanent mark on skin. सूर्य का कलङ्क, धब्बा, लाञ्छन; **Macular** (-लर्)-*adj.* spotted. कलङ्क-युक्त, धब्बेदार ।

Maculate-मॅक्यूलेट्-*v. i.* to spot, to stain. धब्बा लगाना, कलंङ्कित करना; -*adj.* spotted, stained. धब्बेदार ।

Maculation-मॅक्यूलेशन्-*n.* spotting. लाञ्छन।

Mad-मॅड्-*adj.(comp.* Madder, *sup.* Maddest) insane, crazed, wildly excited, disordered in intellect. उन्मत्त, भ्रान्तचित्त, पागल, विकृत बुद्धिवाला;--*v. t. & i.* to make or become mad. पागल करना या होना; To go mad (to turn insane.) उन्मत्त होना।

Madam-मॅडम्-*n.* a polite form of address for a mistress or lady. महाशया, साहिबा, बीबी।

Madcap-मॅड'-कॅप्-*n.* an eccentric person. झक्की मनुष्य।

Madden-मॅ-ड्न्-*v.t. & i.* to make or become mad. उन्मत्त करना या पागल होना; Maddening (-इङ्ग्)—*adj.* causing madness, raging. पागलपन लानेवाला, भयङ्कर।

Madder-मॅ-डर्-*n.* a climbing plant. कालमेशी, मजीठ, छबीला।

Made-मेड्-*p. t. & p. p.* of Make.

Mademoiselle-मॅड्म्व-ज़ॅल्-*n.* an unmarried woman. कुमारी कन्या।

Madhouse-मॅड्'-हाउस्-*n.* a lunatic asylum. पागलखाना।

Madia-मॅ'-डि-आ-*n.* a plant similar to sunflower. सूरजमुखी के प्रकार का पौधा।

Madly-मॅड्'-लि-*adv.* in a mad way. उन्मत्तता से, पागलपन से।

Madness-मॅड्'-नॅस्-*n.* the quality of being mad. पागलपन।

Madrigal-मॅड्रिगल् - *n.* a pastoral song. देहाती गीत (कजली, आल्हा); Madrigalian (-अन्)-*adj* pertaining to a pastoral song. ग्रामीण (देहाती) गायन-सम्बन्धी।

Maffick-मॅ-फ़िक्-*v.i.* to exult or rejoice in a riotous manner. उन्मत्त की तरह आनन्द मचाना

Mag-मॅग्-*n.* a half penny. अधेला।

Magazine-मॅगज़ीन्'-*n.* a place for storing arms, ammunition, provisions &c., a periodical publication. शस्त्र, बारूद, सामान इत्यादि का गोदाम, नाना विषय की पुस्तक या पत्रिका; Magazine-gun (a rifle which contains a supply of cartridges.) बन्दूक जिसमें अनेक कारतूस भरे होते हैं और पारी-पारी छूटते जाते हैं।

Mage-मेज्-*n.* a magician, a learned man. जादूगर, पण्डित।

Maggot-मॅगॅट्-*n.* larva of a worm, whimsical fancy, whim. कृमि (कीड़ा), मौज (झक)।

Maggoty-मॅगॅ-टि - *adj.* full of maggots. (कीटपूर्ण) कीड़ों से भरा हुआ।

Magi-मेजाइ-*n. pl.* of Magus. a magician or a wise man of the East. प्राच्य (पूर्व) देशों का जादूगर या विद्वान्।

Magic - मॅजिक् - *n.* witchcraft, sorcery, enchantment. मन्त्र, इन्द्रजाल, जादूगरी; Magic lantern (see under Lantern.)

Magic square-मॅजिक्-स्क्वेअर्-*n.* a big square divided into smaller ones, each square contains a number and they are so placed that the sums of them vertically, horizontally and diagonally are the same. अङ्कयंत्र।

8	1	6
3	5	7
4	9	2

Magic square.

Magical-मॅजिकल्-*adj.* pertaining to magic. ऐन्द्रजालिक, जादू का; Magically (-लि)-*adv.* in a magical way. जादूगरी से।

Magician-मॅजिशन्-*n.* a wizard, one skilled in magic. जादूगर।

Magisterial-मॅजिस्टीरिअल्-*adj.* pertaining to a magistrate. मैजिस्ट्रेट-सम्बन्धी, शासन का; Magisterially (-लि)-*adv.* in a magisterial manner. शासन के रूप से या में।

Magistracy-मॅजिस्ट्रे-सि - *n.* the office or dignity of a magistrate. मैजिस्ट्रेट का पद, इनका समूह।

Magistrate-मॅजिस्ट्रेट् - *n.* a civil officer of the government invested with executive powers. जनपदाधीश, न्यायाध्यक्ष, मैजिस्ट्रेट; Magistrateship (-शिप्)-*n.* the office of a magistrate. मैजिस्ट्रेट का पद।

Magna Charta-मॅग्ना कार्टा-*n.* the Great English Charter of 1215. सन् १२१५ का इङ्गलैण्ड देश का प्रसिद्ध राजकीय आज्ञापत्र।

Magnanimity-मॅग्ननिमिटि - *n.* greatness of mind, nobility. उदारता, महानुभावता।

Magnanimous - मॅग्ननिमस् - *adj.* having greatness of mind, highsouled, highminded. महानुभाव, उदारचरित; Magnanimously (-लि)-*adv.* in a magnanimous manner. दानशीलता या महिमा से।

Magnate-मॅग्-नेट्-*n.* a wealthy or eminent personage. उच्चपदाधिकारी मनुष्य, रईस।

Magnesia-मॅग्-नी-शि-आ-*n.* a white alkaline earth used in medicines. एक प्रकार की दवा में पड़नेवाली क्षार-युक्त सफेद मिट्टी।

Magnesium -मॅग्-नीज़ि-अम् - *n.* a metallic

element. एक विशेष धातु जो जलाने से तीव्र प्रकाश देती है।

Magnet-मॅग्-नॅट्-*n.* a piece of iron which has the property of attracting small bits of iron. लोहकान्तमणि, चुम्बक।

Magnet

Magnetic - मॅग्नॅटिक् -*adj.* having the properties of a magnet, produced by magnetism. आकर्षक, खींचने की शक्तिवाला;-*n. pl.* science of magnetism. आकर्षणविद्या ; Magnetic needle (the light bar in mariner's compass which, being magnetised, points always to the north.) कुतुबनुमा की चुम्बकीय सूई जो उत्तर की दिशा दिखाती है ; Magnetically (-अलि) -*adv.* by magnetism. चुम्बकीय आकर्षण द्वारा।

Magnetism-मॅग्नॅटिज़्म्-*n.* the natural agency producing attraction. आकर्षणशक्ति; Terrestrial magnetism (attractive force of the earth.) पृथ्वी की आकर्षणशक्ति।

Magnetization - मॅग्नॅटाइज़ेशन् - *n.* the act of magnetizing, the state of being magnetized. आकर्षण संस्कार

Magnetize-मॅग्नॅटाइज़्-*v. t.* to turn iron into a magnet. लोहे में आकर्षण-शक्ति उत्पन्न करना।

Magneto - मॅग् - नी' - टॅ-*n.* a generator of electric current. बिजली की शक्ति उत्पन्न करने का यन्त्र।

Magnifiable-मॅग्निफ़ाइ-ऍ-ब्ल् - *adj.* able to be magnified, worthy of being extolled. बढ़ाने योग्य।

Magnification-मॅग्निफ़िकेशन् - *n.* the act of magnifying. बृहत्तरकरण।

Magnificence-मॅग्-निफ़िसॅन्स् - *n.* grandeur or splendour of appearance. तेज, महिमा, प्रताप, ऐश्वर्य।

Magnificent-मॅग्-निफ़िसॅन्ट् - *adj.* splendid, pompous, stately, excellent. शोभमान, तेजस्वी, महाप्रतापी, देदीप्यमान; Magnificently (-लि) - *adv.* in a stately or magnificent manner. प्रताप (ऐश्वर्य) के साथ।

Magnifico-मॅग्निफ़िको-*n.* a grandee. यशस्वी, रईस।

Magnifier-मॅग्' - नि-फ़ायर् - *n.* one who magnifies. बढ़ाकर दिखलानेवाला।

Magnify-मॅग्'-नि-फ़ाइ-*v. t.*(*p. t.* Magnified) to exaggerate, to increase the size of, to extol. बढ़ाना, अधिक करना, अतिशय वर्णन करना।

Magnifying glass - मॅग्निफ़ाइङ् - ग्लास् - *n.* a convex lens, the objects seen through which have their apparent dimensions increased. बृंहणयन्त्र, आतशी शीशा, ताल।

Magnifying glass.

Magniloquence - मॅग्निलॅ - क्वॅन्स् - *n.* a pompous speech. प्रौढ़ भाषण।

Magniloquent-मॅग्निलॅ-क्वॅन्ट्-*adj.* bragging, speaking pompously, boastful. धृष्ट वाक्यवाला, शेखीबाज़; Magniloquently (-लि) -*adv.* in a boastful manner. प्रगल्भ वाणी से।

Magnitude-मॅग्'-नि-ट्यूड्-*n.* largeness, bulk, size, importance. परिमाण, मात्रा, आकार, महत्त्व; Of the first magnitude (of the greatest importance.) सबसे अधिक महत्त्व का।

Magnolia-मॅग्-नो'-लि-आ-*n.* a kind of large flowering tree. बड़े फूलवाला एक प्रकार का वृक्ष।

Magnum-मॅग्'-नम्-*n.* a bottle containing about eighty ounces of liquid. अस्सी आउन्स तरल पदार्थ रखने का बोतल।

Magnum bonum-मॅग्-नम्-बो'-नम्-*n.* a kind of large plum or potato. एक प्रकार की बड़ी बेर या आलू।

Magpie-मॅग्'-पाइ-*n.* a chattering bird with long tail and black and white plumes. नीलकण्ठ पक्षी।

Magus-मे'-गस्-*n.* an Eastern magician or wise man. पूर्वी देशों का जादूगर या विद्वान्।

Mahl-stick-माल्'-स्टिक्-*n.* a painter's hand-rest. चित्रकार की हाथ टेकने की तख्ती।

Mahogany-महॅग - नि - *n.* an American tree much used for furniture. महोगनी वृक्ष।

Maid-मेड्-*n.* (*mas.* Bachelor) a young unmarried woman, a girl, a female servant. कन्या, कुमारी, अविवाहिता युवती, दासी; Maid of Honour (a female attendant upon a queen.) रानी या राजकुमारी की सेविका या दासी।

Maiden-मेड्-ड्न्-*n. & adj.* a virgin, a maid, unused, fresh, new. युवती बालिका, कुमारी, कन्या, ताज़ी, नई, Maidenhead (virginity.) तारुण्य ; Maiden-hood (-हुड्)-*n.* virginity. तरुणता ; Maidenly (-लि)-*adj.* like a maid, modest, gentle. कुमारी के समान, विनीत, नम्र; Maiden name (surname of a girl before marriage) स्त्री का विवाह के पहिले का नाम ; Maiden speech (the first speech of an orator.) वक्ता का पहिला व्याख्यान।

Mail-मेल्-*n.* an armour of chainwork, a bag for the conveyance of letters, the postal system, rent, payment, a protective covering of an animal, a spot caused by ironing cloth, a tribute paid to free booters, a person or carriage carrying letters. शरीर-त्राण, कवच, डाक का थैला, डाक विभाग, किराया, भुगतान, पशुओं का रक्षाआवरण, कपड़े पर इस्त्री का दाग, डाकुओं को घूस या कर, डाकिया या डाकगाड़ी; -*v. t.* to send letters &c. by post. डाक द्वारा चिट्ठी इत्यादि भेजना।

Mailable-मेलेब्ल्-*adj.* able to be mailed. डाक से भेजने योग्य।

Mailcoach-मेल्-कोच्-*n.* (also Mail-drag or gig or Van.) a coach for carrying mail. डाक ले जाने की गाड़ी।

Mail-train-मेल्'-ट्रेन्-*n.* a train that carries the mail. डाकगाड़ी।

Maim-मेम्-*v. t.* to cripple, to mutilate. अङ्ग-हीन करना, काटना; -*n.* mutilation. हीनाङ्गता; Maimed (-ड्) -*adj.* crippled. हीनाङ्ग।

Main-मेन्-*n.* physical force, the ocean, a chief gas or water pipe or cable of electric current. शारीरिक वल, महासागर, गैस या पानी की प्रधान नली या बिजली की धारा ले जाने-वाला प्रधान तार ; -*adj.* principal, chief, most important. मुख्य, प्रधान, सबसे अधिक महत्त्व-पूर्ण; In the main (chiefly.) प्रधान रूप से; Mainland (principal land.) महाद्वीप, महादेश; Mainly (-लि) -*adv.* principally, chiefly. प्रधान रूप से, विशेष करके; Main mast (the principal mast of a ship.) जहाज का प्रधान मस्तूल; Main spring (the principal spring of a watch or clock.) घड़ी की बड़ी कमानी; Mainstay (the principal support.) प्रधान आश्रय; Main stock (capital.) मूलधन; With might and main with full force.) सम्पूर्ण वल से।

Maintain-मेन्-टेन्-*v t.* to keep up, to hold, to support, to continue, to furnish, to uphold, to defend, to assert as true. अवलम्बन करना, प्रतिपादन करना, निर्वाह करना, सँभालना, धारण करना, रक्षा करना, किसी सिद्धान्त को स्वीकार करना।

Maintainable-मेन्-टे-नेब्ल्-*adj.* that may be supported. प्रतिपादन करने (सँभालने) योग्य।

Maintenance-मेन्टि-नेन्स्-*n.* subsistence, means of support. जीविका, रक्षा, निर्वाह।

Maize-मेज़्-*n.* Indian corn. मक्का, भुट्टा।

Maizena-मेज़ीना-*n.* maize starch. भुट्टे का आटा।

Majestic-मीजेस्टिक्, Majestical (-अल्) -*adj*: splendid, sublime, stately. प्रभावशाली, ऐश्वर्यपूर्ण; Majestically (-अ-लि) -*adv.* in a majestic manner. गौरव के साथ, ऐश्वर्य से।

Majesty-मीं-जे-स्टि (*pl.* Majesties) stateliness, sovereign power, greatness, grandeur, dignity. वैभव, राजप्रताप, गौरव, महिमा; Your Majesty. महाराज।

Major-मेजर्-*n.* an officer in rank above a captain, a chief, a person of full age. सैन्यदल का अध्यक्ष, प्रमुख, वयस्क, (वालिग);-*adj.* greater, more important. अधिक बड़ा या आवश्यक।

Majority-मे-जॉ-रि-टि-*n.* greater number, full age. अधिक संख्या, बहुमत, वयस्कता।

Majuscular-see Majuscule.

Majuscule-मी-जस्-क्यूल्-*n.* a capital letter. बड़ा अक्षर; Majuscular (-लर्)-*adj.* pertaining to majuscule. बड़े अक्षर-से संबंधित।

Make-मेक्-*v. t.* (*p. t. & p.p.* Made.) to construct, to frame, to draw up, to perform, to compose, to execute, to establish, to collect, to prepare, to compel, to reach. बनाना, गढ़ना, मसौदा बनाना, सम्पन्न करना, रचना करना, सम्पादन करना, स्थापित करना, इकट्ठा करना, तैयार करना, बाध्य करना, पहुँचना; -*n.* shape, structure. आकार, बनावट; A selfmade man (a person who has risen by his own exertions.) अपने बाहुबल से धन उपार्जन करनेवाला मनुष्य; To make account of (to esteem.) प्रतिष्ठा करना; To make after (to follow.) अनुकरण करना; To make amends (to compensate.) घाटा पूरा करना; To make anything of (to find a meaning of.) मतलब निकालना; To make away (to run away.) भाग जाना ; To make fire (to light fire.) आग सुलगाना; To make for (to be fit for.) योग्य होना; To make friends (to form friendship.) मित्रता करना; To make fun of (to trifle with.) दिल्लगी करना; To make light of (to think of no importance.) तुच्छ समझना; To make merry (to feast.) उत्सव मनाना ; To make off (to run away.) भाग जाना; To make out (to understand clearly.) समझना, पता लगाना; To make over (to transfer title of.) सौंपना; To make room (to give place.) जगह करना; To make up (to reconcile.) पूरा करना; To make up one's mind (to determine.) संकल्प करना; To make way (to improve.) उन्नति करना।

Make-believe-मेक्' - बि-लीव्-*n.* a pretence. बहाना; -*adj.* sham. बनावटी, झूठा।

Make-peace-मेंक्' - पीस्-*n.* a peacemaker. शांति स्थापन करनेवाला।

Maker-मेंकर्-*n.* one who makes. रचनेवाला, बनानेवाला, कर्त्ता; Maker of pots (a potter.) कुम्हार।

Makeshift-मेंक्' - शिफ्ट्-*adj.* temporary, expedient. क्षणिक, आवश्यक।

Make-up-मेंक्'-अप्-*n.* the part out of which a thing is made, arrangement of galleys of types into pages, one's character, temperament, mental qualities, painting and dressing of an actor or actress, outer appearance of a book. टुकड़ा जिससे कोई पूरी वस्तु बनती है, गेली के टाइप को यथास्थान रखकर पेज बाँधना, मनुष्य का चरित्र, प्रकृति, मानसिक योग्यता, अभिनेता या अभिनेत्री का साज, पुस्तक की बाहरी आकृति।

Makeweight-मेंक्'-वेट्-*n.* that which is kept in the pan of a scale to make up the weight. पसँघा, धड़ा।

Making-में किंग्-*n.* workmanship, material. विधान, रचना, बनावट।

Mal-मॉल्-*pref.* in sense of 'bad'. उपसर्ग जिसका अर्थ 'बुरा' है, यथा-Maladdress, Maltreatment. इत्यादि।

Malacca-मलाका-*n.* a town in Malaya Peninsula, dark brown cane of Malacca palm. मलाया प्रदेश का एक नगर, इस नगर की बेंत।

Maladjustment-मॉल्' - ऑड्- जस्ट्'-मेन्ट्-*n.* a faulty adjustment. बुरा प्रबन्ध।

Maladministration-मॉल्-ऑड् -मिनि-स्ट्रे शन्-*n.* a bad management. कुशासन, बुरा प्रबन्ध।

Maladroit-मॉल्-ऑ-ड्रॉइट्'-*adj.* clumsy. भद्दा, फूहड़; Maladroitly (-लि) -*adv.* clumsily. भद्देपन से;Maladroitness (-नेस्)-*n.*भद्दापन।

Malady-मॉलडि-*n.* (*pl.* Maladies.) sickness, disease. रोग, व्याधि।

Malaise-मॉल - एज़् -*n.* bodily discomfort. शारीरिक क्लेश।

Malapert-मॉल्-अपर्ट- *adj.* impudent, saucy. अविनीत, ढीठ; Malapertly (-लि)-*adv.*impudently. ढिठाई से; Malapertness (-नेस))-*n.* impudence. धृष्टता।

Malaprop, Malapropism-मॉल्-ऑ-प्रॉप्,(-इज़्म) -*ns.* misusing a word in a ludicrous manner. भद्दी तरह से शब्द का प्रयोग करना; Malapropian (-इ-अन्)-*n.* ऐसा प्रयोग करनेवाला मनुष्य।

Malapropos-मॉलॉ-प्रॉ'-पो-*adv.* inopportunately, out of place. बुरे अवसर में, असमय में।

Malar-मेंलर्-*adj.* pertaining to the cheek. गाल (की हड्डी) सम्बन्धी।

Malaria-मलें रिआ-*n.* a kind of fever caused by the bite of certain mosquitoes. एक प्रकार का ज्वर जो विषैले मच्छड़ों के काटने से उत्पन्न होता है; Malarial (-अल्), Malarious (-अस्) -*adjs.* pertaining to malaria. मलेरिया सम्बंधी।

Malcontent-मॉल्-कन्टेंन्ट् - *n. & adj.* a discontented person, rebellious. असन्तुष्ट मनुष्य, अतृप्त; Malcontentedly (-एड्-लि)-*adv.* with discontent. असन्तोष से।

Male-मेंल्-*n.* (*fem.* Female.) a male animal or plant. नर पशु या वनस्पति;-*adj.* pertaining to men or male animals, masculine. पुरुष-सम्बन्धी, पुँलिंग; Male child (a boy.) बालक, पुत्र; Male species (species of masculine sex.) पुरुष जाति।

Malediction -मॉलिडिक्शन्-*n.* a curse, evil-speaking. शाप, दुर्वचन; Maledictory (-टरि) -*adj.* of evil speaking. अभिशापक, दुर्वचन का।

Malefaction-मॉलिफ़ॅक्शन्-*n.* a curse. शाप, पाप

Malefactor-मॉलिफ़ॅक्टर्-*n.*(*fem.*Malefactress) an evil-doer, a criminal. पापी, अपराधी, कुकर्मी।

Malefic-मॉ-लि - फिक्-*adj.* harmful. हानिकर, नुकसान पहुँचानेवाला।

Maleficence-मॉ-लि-फि - सन्स्-*n.* evil-doing, ill-will. अपकार।

Maleficent-मॉ-लि - फि - सेन्ट्-*adj.* harmful, injurious. अपकारी।

Malevolence-मॉ-लें-व्-लन्स्-*n.* ill-will, spitefulness. द्रोह, दुष्ट भाव।

Malevolent-मॉ- लें - व़लॅन्ट् - *adj.* spiteful, envious. द्रोही, कुबुद्धि; Malevolently (-लि) -*adv.* spitefully. अहित की इच्छा से।

Malformation-मॉल्-फ़ॉर्म्'-ए-शन्-*n.*bad formation. भ्रष्ट रचना, बुरी बनावट; Malformed (-ड्)-*adj.* badly formed. भद्दी बनावट का।

Malice-मॉ-लिस्-*n.* ill-will, wrongful intention, spite. द्वेष, ईर्ष्या, डाह।

Malicious-मॉ-लि-शस्-*adj.* spiteful. द्रोही, पापात्मा; Maliciously (-लि)-*adv.* with ill-will, ईर्ष्या से, द्रोह से; Maliciousness (-नेस्) -*n.* the quality of being malicious. ईर्ष्या, द्वेष।

Malign-मॉ-लाइन्'-*v. t.* to speak ill of, to defame, to regard with hatred. कलङ्कित करना, बदनाम करना, दूषित करना, घृणा करना; -*adj.* injurious, malicious. घातक, ईर्ष्यालु।

Malignancy-मॅलिग्नन्सि *n.* unfavourableness. द्रोह, कपट ।

Malignant-मॅलिग्नन्ट्-*adj.* harmful to life, malicious, showing ill-will. दुराशय, द्रोही, कपटी; **Malignantly** (-लि) *-adv.* द्रोह से, कपट से ।

Malignity-मॅलिग्निटि-*n.* extreme ill-will or malice. बहुत बड़ा द्वेष या ईर्ष्या ।

Malignly-म-लाइन्'-लि-*adv.* with malice or ill-will. ईर्ष्या से, द्रोह से ।

Malingerer-मलिङ्गरर्-*n.* one who pretends illness to escape from duty. काम से भागने के लिये रोग का बहाना करनेवाला ।

Malism-मॅलिज़्म्-*n.* the belief that there is more evil than good in this world. यह विश्वास कि संसार में भलाई की अपेक्षा बुराई अधिक है ।

Malison-मॅ-लि-सन् *-n.* a curse. शाप ।

Mall-मॉल्-*n.* a sheltered walk. टहलने का छायादार मार्ग, ठण्डी सड़क ।

Mallard-मॅलर्ड्-*n.* the common wild duck. जङ्गली बत्तख ।

Malleability-मॅलिऍबिलिटि, **Malleableness** (-नॅस्)-*ns.* the quality of being malleable. बढ़ने की योग्यता, आघात वर्द्धनीयता, लचीलापन ।

Malleable - मॅलिऍब्ल् - *adj.* that can be extended by hammering without returning to its previous condition. पीटकर बढ़ाने योग्य, लचीला, आघात वर्द्धनीय ।

Malleate-मॅलिऍट् - *v. t.* to extend a plate by hammering. हथौड़े से पीटकर चद्दर को बढ़ाना ।

Mallet-मॅ-लॅट्-*n.* a wooden hammer. लकड़ी का हथौड़ा, मुँगरी ।

Mallet.

Malleus-मॅ-लि-अस्-*n.* the bone of the ear. कान में की हड्डी ।

Mallow-मॅ-लो-*n.* a wild plant. एक प्रकार का जङ्गली पौधा ।

Malm-माम्-*n.* soft chalky rock. मुलायम खड़िया मिट्टी की चट्टान ।

Malnutrition-मॅल - न्यू - ट्रिशन् - *n.* insufficient or unsuitable feeding or diet. अपर्याप्त पोषण ।

Malodorous-मॅल-ओ'-डर-स्-*adj.* foulsmelling. दुर्गन्धयुक्त, बदबूदार ।

Malpractice-मॅल-प्रॅक्टिस् - *n.* evil practice, wrong doing, illegal practice. दुराचार, कुचरित्र, बुरी चाल ।

Malt-मॉल्ट्-*n.* steeped barley or other grain prepared for brewing. भिगाया हुआ जव या दूसरा अन्न जो मदिरा बनाने के लिये तैयार किया जाता है; *-v. t.* to make into malt. जव का सत्व बनाना; **Malt-liquor** (liquor prepared from fermented malt.) जव की मदिरा ।

Maltha-मॅल्था-*n.* a kind of cement. एक प्रकार का जोड़ने का मसाला ।

Maltose - मॉल्ट्' - ओस् - *n.* sugar which is obtained from starch. स्टार्च से निकाली हुई चीनी ।

Maltreat-मॅल-ट्रीट्' - *v. t.* to treat badly, to abuse. बुरा व्यवहार करना, गाली देना; **Maltreatment** (-मॅन्ट्)-*n.* ill-treatment. अपकार, दुराचार, दुर्व्यवहार ।

Malversation-मॅलवर्स्-ए-शन् - *n.* fraudulent artifice, corrupt behaviour. दुष्ट व्यवहार, शठता, खोटा कार्य ।

Mamma-म-मा-*n.* (also **Mama**) a familiar name for mother. माता, अम्मा; (मॅम्'-अ) *-n.* milkgland, breast. स्तन ।

Mammal-मॅ-मल्-*n.* animal that suckles its young. अपने बच्चों को दूध पिलानेवाला प्राणी, स्तनीयजन्तु ।

Mammalia-मॅमॅलिआ - *n. pl.* the highest form of vertebrates. अपने बच्चों के दूध पिलानेवाले पशुओं में श्रेष्ठ प्राणी ।

Mammary-मॅमरि-*adj.* pertaining to the breast. स्तन-सम्बन्धी ।

Mammilla-मॅ-मिला-*n.* the nipple of female breast. चूचुक, चूची ; **Mammillary** (-रि) *-adj.* pertaining to the nipples. चूचुक-सम्बन्धी ; **Mammillated** (-लॅ-टॅड्) *-adj.* of the form of a nipple, endowed with breast. चूचुकवत्, चूचुक-युक्त ।

Mammon-मॅमन्-*n.* riches, wealth, god of wealth. धन, लक्ष्मी, कुबेर ; **Mammonish** (-इश्)-*adj.* absorbed in the pursuit of riches. धनपरायण; **Mammonism** (-इज़्म्) *-n.* the pursuit of wealth. धनपरायणता ।

Mammoth-मॅ-मथ्-*adj.* huge, very large. बहुत बड़ा, महान् ।

Man-मॅन्-*n.* (*pl.* Men, *fem.* Woman.) a human being, male person, human race, male sex, male servant, adult, male individual, husband. मनुष्य, पुरुष, मनुष्यजाति, पुँल्लिङ्ग, नौकर, प्रौढ़, नर, पति; *-v. t.* (*p. t.* Manned) to furnish with men, to fill, to fortify. सेना से भरना, पूरित करना, पुष्ट करना; **All to a man** (every individual.)

प्रत्येक व्यक्ति; Little man (a small boy.) छोटा लड़का; Man and wife (husband and wife.) पति और पत्नी; Man-at-arms (a soldier.) योद्धा, सिपाही; Man-hole (a hole through which a man may enter a drain.) नाली में मनुष्यों के उतरने का छिद्र; Man in the street (the average man.) सामान्य मनुष्य ; Man of letters (a scholar.) विद्वान् मनुष्य; Man of straw (an unreliable person.) अविश्वासी मनुष्य; Man-of-war (a ship of war.) लड़ाई का जहाज़ ।

Manacle-मॅन-कुल् - *n.* a shackle for the hands, fetters. हथकड़ी; - *v. t.* to shackle. हथकड़ी पहिनाना ।

Manage-मॅन्'-एंज् - *v. t.* & *i.* to guide by the hand, to conduct carefully, to handle, to contrive. प्रबन्ध करना, व्यवस्था करना, चलाना, साधना ।

Manageability-मॅनें-जें-बिलिटि-*n.* the quality of being manageable. शासनीयता, व्यवस्था, प्रबन्ध ।

Manageable-मॅनें जेबल्-*adj.*easy to be managed. प्रबन्ध करने योग्य; Manageableness (-नेस्)-*n.* the quality of being manageable. प्रबन्ध करने की योग्यता ।

Management-मॅन्' - एज्' - मॅन्ट् - *n.* dealing, administration. अनुशासन, प्रबन्ध ।

Manager-मॅ-नें-जर्-*n.* one who manages. प्रबन्धकर्ता, प्रबन्धक, कारिन्दा ।

Manageress-मॅनेंजरेस् - *n. fem.* a female manager. प्रबन्धकर्त्री ।

Managerial-मॅनेंजीरिअल् -*adj.* pertaining to management. प्रबन्ध-सम्बन्धी ।

Manciple-मॅन्'-सि-पल् - *n.* one who buys provisions for an inn. धर्मशाला या सराय के लिये सामान खरीदनेवाला ।

Mandarin, Mandarine-मॅन्'-डॅ-रिन्,-रीन्-*n.* a small flat orange, orange-colour, a civil or military Chinese officer. एक प्रकार की छोटी चिपटी नारंगी, नारंगी रंग, चीन का दीवानी हाकिम या सेनाधिकारी ।

Mandatary-मॅन् - डेटरि - *n.* one to whom mandate is given. वह जिसे आज्ञापत्र दिया जाय ।

Mandate-मॅन्'-डेट्-*n.* a judicial command or order. आदेश, आज्ञापत्र ।

Mandatory-मॅन्-डेटरि - *adj.* conveying a command. आज्ञा-सूचक, आदेशात्मक ।

Mandible-मॅन्'-डि-बल्-*n.* the lower jaw in mammals. दूधपिलानेवाले जानवरों का नीचे का जबड़ा ।

Mandola, Mandoline-मॅन्'-डो-लॅ,(-लिन्)-*ns.* a kind of stringed musical instrument. सारङ्गी की तरह का एक बाजा ।

Mandragora-मॅन्ड्रॅगॅरा-*n.* a kind of poisonous plant. एक प्रकार का विषैला पौधा ।

Mandrake-मॅन्'-ड्रेक्-*n.* a poisonous plant. एक विषैला पौधा ।

Mandrel, Mandrill - मॅन्ड्रॅल, (-ड्रिल) - *ns.* the axis in a lathe to which work is fixed. खराद का धुरा ।

Mane-मेन्-*n.* the long hair on the neck of certain animals. पशुओं की गर्दन पर के लम्बे बाल, अयाल; Maned (-ड्) - *adj.* having a mane. अयालदार; Maneless (-लेस्) - *adj.* devoid of mane. बिना अयाल का ।

Manege-मॅ-नेंज्-*n.* art of training horses, a riding school. घोड़ों को सिखाने की कला, अश्वारोहण-शिक्षालय, घुड़सवारी का स्कूल ।

Manes-मे-नीज़्-*n. pl.* souls of the departed ancestors. पितरों की आत्मायें ।

Manganese-मॅङ्ग-नीज़ -*n.* a black mineral. सुरमे के प्रकार का एक धातु ।

Mange-मेन्ज्-*n.* a skin disease of animals. पशुओं का खुजली का रोग ।

Manger-मेन्जर् - *n.* a trough to feed horses or cattle. घोड़े या चौपायों को खिलाने की नाँद ।

Mangle-मॅङ्ग्'-ल्-*v. t.* to cut and hack, to mutilate. खण्ड-खण्ड करना, नष्ट करना, वध करना (बोटी-बोटी करना); Mangler (-ग्लर्) -*n.* one who mangles. वध करनेवाला ।

Mango-मॅङ्गो - *n.* (*pl.* Mangoes.) an Indian tree with sweet fleshy fruit. आम्र, आम ।

Mangy-मेन्-जि-*adj.* shabby, squalid. रूक्ष, रूखा ।

Mania-मे निआ - *n.* mental derangement, unreasonable or vehement desire for a thing. उन्माद, सनक, पागलपन, झक ।

Maniac-मे-नि-अक् - *n.* a mad man. पागल मनुष्य; Maniacal (-अल्)-*adj.* affected with madness. उन्मत्त, झक्की; Maniacally (-अलि) -*adv.* with mania. झक में ।

Manicure-मॅ-नि-क्योर्-*n.* the treatment of hands and finger-nails. हाथ तथा नखों की चिकित्सा;-*v. t.* to treat the finger-nails and hands. हाथ तथा नखों की चिकित्सा करना ।

Manifest-मॅ-नि-फेस्ट् -*adj.* clear or evident,

obvious, plain. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट; -*n.* the list of a ship's cargo. जहाज के माल की सूची;-*v. t. &i.* to show plainly, to reveal. प्रकाशित करना, स्पष्ट करना, प्रकट करना; Manifestable (-एँ-बुल्)-*adj.* able to be made evident. स्पष्ट (प्रकट) करने योग्य; Manifestation (-ए'-शन्)-*n.* revelation, disclosing. प्रकाशन, स्पष्टता; Manifestative (-ए'-टिव्) -*adj.* revealing. प्रकाशन करनेवाला; Manifestly (-लि) -*adj.* in an obvious manner. स्पष्ट रूप से।

Manifesto-मॅनिफ़ेस्टो-*n.* (*pl.* Manifestos) a public declaration by a sovereign or a state. राजा या राज्य की सार्वजनिक घोषणा।

Manifold-मॅनि-फ़ोल्ड्-*adj.* of various forms or kinds, complicated. अनेक रूप तथा आकार का, पेचीला; Manifold writer (a contrivance for taking several copies of a letter &c.) अनेक प्रतिलिपि करने का साधन या यन्त्र; -*v. t.* to make several copies of letters etc. पत्र इत्यादि की अनेक प्रतिलिपि बनाना।

Manifoldly-मॅनि- फ़ोल्ड्-लि-*adv.* in a manifold manner. पेचीदगी से; Manifoldness (-नॅस्)-*n.* the state of being manifold, multiplicity. पेचीदगी।

Manikin- मॅन्' - इ- किन् -*n.* a little man, a pigmy, a dwarf, anatomical model of the human body. छोटा मनुष्य, नाटा आदमी, बौना, मनुष्य की छोटी मूर्ति।

Manila, Manilla - मनिला - *n.* a kind of fibrous material of which ropes, mats &c. are made. एक प्रकार का सन जिसके रस्से, टाट इत्यादि बनाये जाते हैं।

Manipulate-मॅनिप्यूलेट्-*v. t.* to handle with skill, to manage skilfully. कुशलता से हाथ से करना, चालाकी से करना।

Manipulation - मॅनिप्यूलेशन् - *n.* the act of manipulating, skilful use of the hands. हस्तव्यापार, दस्तकारी।

Manipulative-मॅनिप्यूले टिव्-*adj.* tending to manipulate. दक्षता से करने की प्रवृत्तिवाला।

Manipulator-मॅनिप्यूलेटर्-*n* one who manipulates. कुशलता से कार्य करनेवाला।

Manna-मॅना-*n.* spiritual food, a purgative medicine. देवताओं का भोजन, एक प्रकार की मधुर रेचक औषधि।

Mannequin - मॅनिकिन्-*n.* a person who is employed to wear costumes. वस्त्र पहिनानेवाला नौकर।

Manner - मॅन्-नर् - *n.* form, mode of life. method, style, outward bearing. प्रकार, रीति, ढंग, चाल, वाह्य आचरण; Manners (-अर्स्)-*n. pl.* modes of life, outward bearing, behaviour, morals, character. आचार, व्यवहार, चरित्र, नैतिक रीतियाँ; Mannered (-ड) -*adj.* having good manners. भले आचरण का; Mannerism (-इज़्म्)-*n.* a trick of style. ऐसी रीति का सेवन; Mannerless (-लॅस्) - *adj.* without manners, rude. अशिष्ट; Mannerliness (-लि - नॅस्)-*n.* the quality of being mannerly. शिष्टाचार ; Mannerly (-लि) -*adj.* polite, respectful. शिष्ट, सुशील।

Mannikin-same as Manikin.

Manoeuvre-मॅनूवर्-*n.* dexterous movement of troops, ships &c., skilful plan, stratagem. युद्धरीति, कुशलता, कपट प्रयोग; - *v. i. & t.* to move the position of troops or of ships, to manage with art, to employ artifice. सेना अथवा जहाज़ों का स्थान बदलना, चतुराई के साथ प्रबन्ध करना, छल करना; Manoeuvrer (-अर्)-*n.* one who manoeuvres. कपट प्रयोग करनेवाला।

Manometer-मॅ- नॉमिटर्-*n.* an instrument for estimating the elastic force of gases. वायुरूप पदार्थों का लचीलापन नापने का यन्त्र।

Manor- मॅ- नर् -*n.* the territory of a lord. जागीर, जमींदारी; Lord of the manor (a person having rights of a manor.) ग्रामपति; Manor-house (the mansion of a manor.) जागीरदार का घर।

Manorial- मॅनोरिअल् -*adj.* pertaining to a manor. जमींदारी के सम्बन्ध का।

Manse-मॅन्स्'-*n.* a parsonage. पादरियों का घर।

Mansion-मॅन्शन्-*n.* a large residential house, a manor house, a large house. भवन, गृह, महल।

Mansuetude- मॅन्- स्वी'- ट्यूड्-*n.* meekness, gentleness, tameness. विनीतता, भलमनसी, सीधापन।

Mantel - मॅन्टल् -*n.* a structure around a fireplace (now *mantel-piece.*) अग्निपिधान, अँगीठी के चारों ओर की लकड़ी इत्यादि की बनावट; Mantelpiece (-पीस्) -*n.* ornamental shelf over a fireplace. अँगीठी के ऊपर की सजावटी टाँड़; Mantelshelf (the shelf in a mantel.) ऐसी बनावट में लगी हुई टाँड़।

Mantelet - मॅन्टलेट् -*n.* a shelf for defence. बन्दूक की गोली न लगने योग्य पर्दा।

Mantilla-मॅन्टिला - *n.* a large veil, a small mantle. बड़ी ओढ़नी, बुरका, छोटा लबादा।

Mantis- मॅन्ट्'-इस् -*n.* a kind of insect. एक प्रकार का कीड़ा।

Mantissa-मॅन्टिसा-*n.* the decimal part of a logarithm. लघुगणक का दशमांश।

Mantle-मॅन्'-ट्ल्-*n.* a covering, a woman's cloak, a covering fixed round a gas jet, a cover. ढकना, ओढ़नी, गैसबत्ती के ऊपर की जाली; -*v. t. & i.* to disguise, to be coated, to be suffused. छिपाना, ढकना लगाना, ढाँकना, ओढ़ाना; **Mantlet** (-ऍट्) -*n.* a small mantle. छोटी ओढ़नी।

Manual-मॉन्'-यु- अल् -*adj.* pertaining to or done with the hands. हस्त-सम्बन्धी, हाथ से किया हुआ;-*n.* a small handy book. संक्षिप्त ग्रन्थ, छोटी पुस्तक; **Manual art.** कला, कौशल; **Manual dexterity** (skill of hands.) हस्तकला; **Manual exercise** (exercise of the body and arms.) व्यायाम, कसरत; **Sign-manual** (signature of person.) स्वहस्ताक्षर।

Manually- मॅ-न्युअलि -*adv.* doing with the hand. हाथ से करते हुए।

Manufactory - मॅन्यूफ़ॅक्टरि - *n.* a factory. निर्माणशाला, कारखाना।

Manufacture-मॅन्यूफ़ॅक्चर्-*n.* preparation of things by hand or machinery on a large scale. शिल्पकर्म, दस्तकारी, कारीगरी; -*v. t.* to make from raw materials. दस्तकारी करना, शिल्प से बनाना।

Manufacturer - मॅन्यूफ़ॅक्चरर् -*n.* one who manufactures. शिल्पकार, कारीगर।

Manumission- मॅन्-यु-मि- शन्-*n.* liberation of a slave. गुलाम का मोक्ष, गुलामी से छुटकारा।

Manumit- मॅन्-यु- मिट्' -*v. t.* to set a slave free. दास को स्वतन्त्र करना।

Manure- मॅन्योर् -*n.* anything spread over soil for fertilizing it. खाद;-*v. t.* to fertilize by manuring. खाद देकर उपजाऊ बनाना।

Manurial - मॅन्योरिअल् - *adj.* pertaining to manure. खाद-सम्बन्धी।

Manuscript-मान्'-यु-स्क्रिप्ट्-*n.* (*abbr.* **Mss.**) a book or document written by hand. हस्तलेख, हाथ से लिखी हुई पुस्तक, हस्तलिपि।

Many-मेनि-*adj.* (*comp.* **More**, *sup.* **Most.**) numerous. बहुत, अनेक; -*n.* many people. बहुजन; **A good many** (a large number.) अधिक संख्या; **How many** ? कितने ? **In many places** (in several places.) अनेक स्थानों में; **Many a time and oft** (often.) बहुधा; **Many-sided** (of different qualities.) नाना प्रकार का, अनेक गुणों का; **Of many kinds** (of different kinds.) नाना प्रकार के; **The many** (several.) बहुतेरे।

Map - मॅप्-*n.* a drawing or representation of the earth's surface or part of it. आलेख्य-पत्र, नक़शा (ख़ाका);-*v. t.* (*p. t.* **Mapped**) to draw on a map. नक़शा बनाना, ख़ाका बनाना; **To map out** (to describe in detail.) विस्तार-पूर्वक प्रकट करना।

Maple-मे'-प्ल्-*n.* a kind of shady tree. एक प्रकार का छायादार वृक्ष।

Mar-मार्-*v. t.* (*p. t.* **Marred.**) to impair, to injure, to blemish, to ruin. न करना, दूषित करना, हानि करना, बिगाड़ना।

Marasmic - मरॅज़्मिक् - *adj.* pertaining to marasmus. शरीरक्षय-सम्बन्धी।

Marasmus-मरॅज़्मस्-*n.* wasting away of the body, emaciation. शरीर का क्षय होना।

Maraud-मरॉड्-*v. i. & t.* to make plundering attacks, to plunder. लूटने के निमित्त आक्र-मण करना, लूटना; **Marauder** (-अर्) -*n.* a plunderer. लुटेरा।

Marble-मार्ब्ल्-*n.* any compact hard lime-stone capable of taking polish, a small ball of clay, glass &c. used by children in play. सङ्गमरमर, लड़कों के खेलने की गोली; **Marble-hearted** (hard-hearted.) निर्दय, क्रूर, कठोर हृदय।

Marcel-मार्'-सॅल्-*n.* the artificial curling of hairs. कृत्रिम रूप से बालों को घुँघराला करने का कार्य।

Marcescence - मार्-सॅ-सॅन्स् - *n.* withering. मुर्झाना।

Marcescent-मार्- सॅ-सॅन्ट् -*adj.* withering (of plants.) मुर्झानेवाला।

March-मार्च-*n.* the third month of the English year. अंग्रेज़ी साल का तीसरा महीना, मार्च; the movement of troops in order. सेना की नियमित गति; -*v. i.* to walk away. प्रस्थान करना, कूच करना; **Marches** (-ऍज़्)-*n. pl.* boundary between two countries. दो देशों के बीच की सीमा; **To march against** (to go against.) विमुख जाना।

Marchioness-मार्शनॅस्-*n. fem.* the wife of a marquis. मार्क्विस् (अंग्रेज़ी नवाब) की पत्नी।

Marchpane- मार्च - पेन् - *n.* sweet paste of pounded almond. बादाम का मीठा हलुआ।

Marconigram - मार्कोनिग्राम् - *n.* a message sent by wireless on Marconi's system. बिना तार के समाचार भेजने की विधि।

Mare-मॅअर्-*n.* the female of a horse. घोड़ी।

Margarine-मार्गरिन्-*n.* imitation butter. बना-वटी या नकली मक्खन।

Margay- मार्'-गे-*n.* tiger-cat. एक प्रकार की जङ्गली बिल्ली ।

Margin-मार्'-जि-न्-*n.* border, the space on a page between the edge & written matter, reserved amount. किनारा, पृष्ठ का अलिखित प्रान्त, हाशिया, सुरक्षित अंश ;-*v. t.* to furnish with a margin. किनारा या प्रान्त या हाशिया बनाना ।

Marginal-मार्'-जि-नल्-*adj.* pertaining to the margin. हाशिये या प्रान्त पर का, किनारे पर लिखा हुआ; **Marginalia** (नॅ-लिआ)-*n. pl.* marginal notes. पुस्तक के पत्र के किनारे पर लिखी हुई टीकाटिप्पणी ।

Marginally-मार्'-जि-नलि-*adv.* in the margin. किनारे या हाशिये या प्रान्त पर ।

Marginate-मार्'-जि-नेंट्, **Marginated** (-एॅड्) -*adj.* having a margin. सीमा-युक्त, हाशियेदार ।

Margosa-मार्गोसा-*n.* the Indian Neem tree. नीम का वृक्ष ।

Margrave-मार्'-ग्रे-व्-*n.* a German governor. जर्मनी का शासक ।

Margravine-मार्'-ग्रॉ-व्रीन्-*n.fem.* the wife of a Margrave. मारग्रेव् की पत्नी ।

Marigold-मॅ रि-गोल्ड्-*n.* a plant with golden flowers. गेंदा, गेंदे का फूल ।

Marinade-मॅरिनेंड्'-*n.* a kind of pickle. एक प्रकार का अचार ।

Marine-मॅरीन्' -*adj.* pertaining to the sea, naval. समुद्रीय, जहाजी; **Marine fight** (sea-fight.) जल-युद्ध ।

Mariner-मॅ-रि-नर्-*n.* a sailor. नाविक, जहाजी मल्लाह ।

Marinorama-मॅ-रि-नॅ-रामा-*n.* seaview. समुद्र का दृश्य ।

Marionette-मॅरिअनेंट्-*n.* a puppet worked by string. तागे से हिलने-डोलनेवाली कठपुतली ।

Marital-मॅरिटल्-*adj.* pertaining to a husband, of marriage. पतिविषयक, विवाह सम्बन्धी; **Maritally** (-लि)-*adv.* in a marital manner. वैवाहिक रूप में या से ।

Maritime-मॅरिटाइम्-*adj.* connected with the sea, situated near the sea. समुद्रीय, समुद्र-तट पर स्थित ।

Marjoram-मार्जरम्-*n.* a kind of aromatic, herb. एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति, कुठरा ।

Mark-मार्क्-*n.* a target, a desired object, token, sign, seal, a written symbol, distinction, indication, numerical award assigned in an examination, conspicuous character. निशाना, लक्ष्य, लक्षण, चिह्न, मोहर, रेखा, अङ्क;-*v. t.* to make marks on, to note or observe. मोहर करना, निशान लगाना, लक्ष्य करना; **Beyond the mark** (not to the point.) अप्रस्तुत; **Person of mark** (an illustrious person.) प्रसिद्ध मनुष्य; **To mark off** (to separate.) अलगाना; **To mark out** (to trace out boundaries.) सीमा निश्चित करना; **Up to the mark** (up to the standard.) आदर्श के अनुकूल ।

Marked-मार्क्ड्-*adj.* distinguished. चिह्नित, लक्ष्य किया हुआ; **Markedly** (-लि)-*adv.* in an unmistakable manner. विशेष रूप से; **Markedness** (-नेॅस्)-*n.* peculiarity. विशिष्टता ।

Marker-मार्कर् -*n.* one who marks. चिह्न लगानेवाला, गिननेवाला ।

Market-मार्किट्-*n.* a place for purchase and sale. क्रय-विक्रय-स्थान, हाट, बाजार;-*v. t. & i.* to trade in a market. हाट में बिक्री-बट्टा करना; **Market-day** (a day of public market.) हाट का दिन ; **Market-place** (a place where goods are sold.) बाजार ; **Market-price** (current price.) बाजार दर ; **To put on the market** (to put for sale.) बिक्री के लिए सामग्री रखना ।

Marketable-मार्-कें-टेबल्-*adj.* saleable. बिक्री के योग्य; **Marketably** (- ब्लि) -*adv.* saleably. बिक्री में ।

Marking-मार्क्'-इङ्ग्-*n.* colouring of feathers. परों की रँगाई ; **Marking-ink** (ink for marking clothes.) कपड़ों पर पक्का निशान लगाने की रोशनाई ।

Marksman-मार्क्स्'- मॅन् -*n.* one skilled in shooting. लक्ष्यभेदी, निशानेबाज; **Marksman-ship** (- शिप्) - *n.* skill in shooting. निशानेबाजी ।

Marl-मार्ल्-*n.* a kind of soil. चिकनी मिट्टी; **Marlite** (-आइट्)-*n.* a variety of marl. चिकनी मिट्टी जिस पर वायु का प्रभाव नहीं पड़ता ।

Marmalade-मार्म-लेड्-*n.* a preserve of oranges and other fruits. नारंगी या अन्य फलों का मुरब्बा ।

Marmoreal-मार्मो-रि-अल्-*adj.* made of marble, like marble. संगमरमर का बना हुआ, इसके सदृश ।

Marmot-मार्मट्- *n.* a kind of squirrel. एक प्रकार की गिलहरी ।

Maroon-मॅ-रून्'-*n.* crimson colour, firework. लाल रंग, पटाखा, आतशबाजी; -*v. t.* to leave a person on a desolate shore. (जहाज पर से उतारकर) मनुष्य को निर्जन स्थान में छोड़ देना ।

Marplot-मार्'-प्लॉट्-*n.* one who destroys a design or plot. कार्यघातक, विघ्न उत्पन्न

करनेवाला।

Marquee-मार्की-*n.* a kind of large tent. एक प्रकार का बड़ा खेमा।

Marquis-मार्क्विस्-*n.* (*fem.* Marchioness-शिऑन्-ऍस्) a title of nobility. इंग्लैंड के अमीरों की एक पदवी।

Marquois-मार्'-क्वॉ-इज़्-*n.* (Mathematical scale) an apparatus for drawing equidistant parallel lines. समानान्तर रेखाओं के खींचने का एक प्रकार का यन्त्र।

Marriage-मैरिज्-*n.* the ceremony by which a man and woman become husband and wife, matrimony, wedlock. पति पत्नी सम्बन्ध, पाणिग्रहण, विवाह; Civil marriage (a marriage without religious rites.) बिना शास्त्रीय विधि का विवाह।

Marriageable-मैरिजेबल् - *adj.* fit to be married. विवाह करने योग्य।

Marrow-मॅ-रो-*n.* the soft fatty substance in the cavity of bones, essential part. (मज्जा) हड्डी के भीतर का गुद्दा, सार, तत्त्व; Vegetable marrow (a kind of cucumber.) एक प्रकार की ककड़ी या खीरा।

Marrowless-मॅ-रो-लॅस्-*adj.* devoid of marrow. मज्जाहीन; Marrowy (-इ)-*adj.* full of marrow. सारपूर्ण।

Marry-मॅ-रि-*v. t. & i.* (*p. t.* Married.) to join persons in wedlock, to enter into the connubial state. विवाह करना, पाणिग्रहण करना।

Mars-मार्ज़्-*n.* the god of war, a planet. लड़ाई का देवता, मंगल ग्रह।

Marsh-मार्श्-*n.* a tract of low wet land, a swamp. कच्छ भूमि, दलदल।

Marshiness-मार्श्-इ-नॅस्-*n.* swampiness. दलदली स्थिति।

Marshy-मार्श्'-इ-*adj.* boggy. दलदली।

Marshal-मार्शल्-*n.* an officer of the highest military rank. सेना का प्रधान अधिकारी;-*v. t.* (*p. t.* Marshalled) to arrange in a suitable manner. सजाना, क्रम में रखना; Knight-marshal (an officer of royal household.) राजा की गृहस्थी का सबसे बड़ा अफ़सर; Marshal of the air (an officer of air force.) हवाई सेना का प्रधान अध्यक्ष; Marshalship (-शिप्) -*n.* the rank of a marshal. सेनापति का पद।

Mart-मार्ट्-*n.* a market-place, a place of trade. हाट, बाजार।

Marten-मार्टन्-*n.* a kind of weasel. एक प्रकार का नेवला।

Martial-मार्शल्-*adj.* military, warlike. सेना-सम्बन्धी फ़ौजी, ; Martial Law (military government by which ordinary law is suspended.) फ़ौजी कानून, सामरिक विधान; Martial music (music played at the time of war.) रणवाद्य, फ़ौजी बाजा।

Martian-मार्श्यन्-*n.* an inhabitant of mars. मंगल ग्रह का निवासी।

Martin-मार्-टिन्-*n.* a kind of swallow. एक प्रकार की अबाबील चिड़िया।

Martinet-मार्-टिन्'-ऍट्-*n.* a strict disciplinarian. तीक्ष्ण शासक, नियम का बड़ा पक्का व्यक्ति।

Martingale-मार्' टिङ्ग्-गेल्-*n.* a strap fastened to a horse's girth. घोड़े का अधोबन्धन, ज़ेरबन्द।

Martini- मार्- टि'- नि -*n.* (*also.* Martini-Henry.) a kind of rifle. एक प्रकार की बन्दूक।

Martlet-मार्ट्'-लॅट्--*n.* a footless bird. बिना पैर की एक प्रकार की चिड़िया।

Martyr-मार्टर्-*n.* one who undergoes death for his cause. अपने सत्य या धर्म के लिये प्राण त्यागनेवाला, हुतात्मा, शहीद;- *v. t.* to put to death for one's belief. धर्म के लिये प्राण लेना; Martyrdom (-डम्)- *n.* the death of a martyr. इस प्रकार प्राणत्याग; Martyrize (-आइज़्) -*v. t.* to put to death for one's cause. इस प्रकार प्राणोत्सर्ग कराना ; Martyry (-इ) *n.* a shrine erected in honour of a martyr. इस प्रकार के प्राणत्यागी के लिए बनाया गया स्मारक।

Marvel-मार्'-व्हॅल्- *n.* a wonderful thing, a miracle. (कौतुक) आश्चर्यजनक वस्तु, अचम्भा; -*v. i.* (*p. t.* Marvelled.) to wonder. चकित (आश्चर्ययुक्त) होना।

Marvellous-मार्व्हॅलस्-*adj.* exciting wonder, astonishing. आश्चर्यजनक, अद्भुत; Marvellously (-लि) -*adv.* in a marvellous manner. आश्चर्य से ; Marvellousness (-नॅस्) -*n.* wonderfulness. विचित्रता, विलक्षणता।

Mascot-मॅस्कट्-*n.* something that brings good luck, a talisman. सौभाग्य लानेवाला पदार्थ, यन्त्र, जन्तर, तावीज।

Masculine-मॅस्'-क्यु-लिन्-*adj.* of the male sex, manly, strong, vigorous. पुरुषजाति का, मर्दाना, वीरता का, पुष्ट; Masculine gender. पुंलिङ्ग; Masculineness (-नॅस्) -*n.* the quality of being masculine. पुरुषत्व।

Mash-मॅश्-*n.* a mixture of boiled grain and bran for horses and cattle, a confused mixture. दलिया, (महेला) खिचड़ी;-*v. t.* to crush into a mixture. कुचलना, मिलाना।

Masher-मैश्‌-अर्‌-*n.* a dandy. छैला ।

Mask-मास्क्‌-*n.* a covering for concealing the face, a disguise, a pretence, a dramatic performance. घूँघट (नक़ाब), बनावटी वेश का नाटक, बहाना; -*v. t. & i.* to hide or conceal, to be concealed. छिपाना, छिपना ; To throw off the mask (to remove concealment.) प्रकट होना ।

Masked-मास्क्ड्‌-*adj.* disguised. कपट वेश धारण किये हुए, गुप्त ।

Masker-मास्क्'-अर्‌-*n.* one who wears a mask. नक़ाब डाले हुए ।

Mason-मे-सन्‌-*n.* a builder in stone, a freemason. थवई, राजमिस्त्री, राजगीर ।

Masonic-मे-सनि-क्‌ -*adj.* pertaining to freemasonry. राजमिस्त्री के कार्य से सम्बन्धित ।

Masonry-मे-सन्‌-रि-*n.* the art of a mason. राजगीरी ।

Masque-मास्क्‌-*n.* an entertainment in dumb show, a dramatic composition for this. कठपुतली का तमाशा ।

Masquerade-मास्करे-ड्‌-*n.* a masked ball, a false show, pretence. छद्म-वेशी नृत्य, स्वाँग का जलसा, बहाना;-*v. i.* to join in a masquerade. स्वाँग बनना ।

Mass-मास्‌-*n.* a lump of matter, a large number, unbroken expanse, a Roman Catholic service, assembly of people. पिंड, बड़ी संख्या, ढेर, पुंज, ईसाइयों का धर्मसमाज, जनसंघ;-*v. t.* to collect in a heap. ढेर लगाना, इकट्ठा करना; A mass meeting (a large gathering.) एक बहुत बड़ी सभा ।

Massacre-मॅस्'-कर्‌-*n.* a general slaughter of human beings, carnage. मनुष्य-संहार, खूनखराबा; -*v. t.* to murder with cruelty. निर्दयता से प्राण लेना (क़त्लआम करना) ।

Massage-मॅसाज़्‌-*n.* stroking or pressing the limbs for the relief of morbid conditions. बदन में मालिश करने का कार्य, अंगमर्दन ।

Masseur-मॅसर्‌ - *n.* (*fem.* Masseuse-इज़्‌) -*n.* a massagist. मालिश करनेवाला मनुष्य ।

Massive-मासिव्‌-*adj.* heavy, bulky. ठोस, भारी, बहुत बड़ा; **Massively** (-सिव्'-लि)-*adv.* heavily. स्थूलता से; **Massiveness** (-सिव्'-नेस्‌)-*n.* hugeness. बड़ा भार, स्थूलता ।

Massy-मासि-*adj.* massive. ठोस, भारी ।

Mast-मास्ट्‌-*n.* the long pole of a ship for supporting the sails. कूपदण्ड, जहाज आदि का मस्तूल ।

Master-मास्टर्‌-*n.* owner, employer, the head of a family, a teacher, a skilled workman, the holder of a high university degree, title for a young gentleman. प्रभु, स्वामी, गृहपति, गुरु कारीगर, विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपाधिवाला, महाशय;-*v.t.* to defeat, to acquire complete knowledge. अधीन करना (वश में लाना), पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना; I am not master of myself (my body is not under my control.) मेरे अङ्ग मेरे अधिकार में नहीं हैं ; One's own master (free to do as one likes.) स्वाधीन, स्वतन्त्र; To be master of (to have at one's disposal.) प्रभुत्व प्राप्त करना; Master-artist (a great artist.) बहुत बड़ा कारीगर; Masterdom (-डम्‌)-*n.* rule. राज्य; Master-hand (an expert.) कारीगर; Master-key (a key which opens several locks.) अनेक तालों को खोलने और बन्द करनेवाली ताली; Master-piece (a piece of the highest workmanship.) अति उत्तम रचना; Master-stroke (an act of the greatest skill.) बड़ी कारीगरी का काम; Master-workman (a chief workman.) मुख्य कारीगर ।

Masterly-मास्टर्लि-*adj.* very skilful अद्वितीय, अत्युत्तम ।

Mastership-मास्टर-शिप्‌-*n.* the office of a master. प्रभुत्व, ऐश्वर्य ।

Mastery-मास्टरि-*n.* pre-eminence, victory. अधिकार (श्रेष्ठता), विजय ।

Mastic-मॅस्टिक्‌-*n.* gum which is obtained from the bark of certain trees. गोंद, लासा ।

Masticable-मॅस्टिकेब्ल्‌ - *adj.* able to be chewed. चबाने योग्य ; **Masticability** (बिल्'-इ-टि) -*n.* चबाने की योग्यता ।

Mastication-मॅस्टिकेशन्‌-*n.* the act of chewing. चबाने का कार्य ।

Masticate-मॅस्टिकेट्‌-*v. t.* to chew or grind food with teeth. चबाना, दाँतों से कूचना ।

Masticator-मॅस्टिकेटर्‌-*n.* a mincing appliance. कूचने का साधन; **Masticatory** (-टरि) -*adj.* adapted for masticating. चबाने योग्य ।

Mastiff-मॅस्टिफ्‌-*n.* a kind of large dog. एक प्रकार का बड़ा कुत्ता ।

Mastitis-मॅस्टाइटिस्‌-*n.* a disease of the female breast. स्तन की सूजन ।

Mastoid-मॅस्' - टॉ - इड्‌ -*adj.* shaped like a breast. स्त्री के स्तन के आकार का ।

Mastology-मास्टॅ-लॅ-जि-*n.* natural history of mammals. स्तनपान करानेवाले जन्तुओं का प्राकृतिक इतिहास ।

Masturbate-मास्टर्बेट् -*v.t.* to practise self-pollution. अप्राकृतिक रूप से वीर्यपात करना, हस्तमैथुन करना, सरका कूटना; **Masturbation** (बे'-शन्) -*n.* self-abuse. हस्तमैथुन।

Mat-मैट्-*n.* a coarse fabric of rushes, straw &c. (frosted groundwork) चटाई, आसन, रूखी सतह; -*v. t.* (*p. t.* **Matted.**) to cover with mats, to make surface dull. चटाई बनाना, रूखा करना; -*adj.* of dull colour. धूमिल।

Match-मैच्-*n.* a person equal to another in some quality, of exact similarity, a contest of skill, matrimonial alliance, a piece of wood that burns when rubbed. समान गुण-वाला व्यक्ति, बराबर बलवाला, प्रतिद्वन्दी, विवाह सम्बन्ध, दियासलाई; -*v. t. & i.* to be united in marriage, to correspond. विवाह करना, बराबर होना; **Cricket match** (a play at cricket.) क्रिकेट का खेल; **Match-box** (a box for holding matches.) दियासलाई की डिबिया; **Match-maker** (one who brings about a marriage.) विवाह स्थिर करानेवाला; **Match-wood** (wood from which matches are made.) सलाई बनाने की लकड़ी।

Matchable-मैचेबल्-*adj.* fit to be matched, suitable. अनुरूप, योग्य।

National movement. राष्ट्रीय आन्दोलन।

Nationalism-नॅशनलिज़्म्-*n.* policy of national independence. राष्ट्रीय स्वतन्त्रता की नीति।

Nationality-नॅशनॅलिटि-*n.* patriotic sentiment. स्वदेशाभिमान, देशभक्ति (जातीयता)।

Nationalize-नॅशनलाइज़्-*v. t.* to make into a nation. एक जाति बनाना, राष्ट्रीय बनाना।

Nationally-नॅशनलि-*adv.* as a nation. राष्ट्रवत्, राष्ट्र के समान।

Native-ने'-टिव्-*n.* one domiciled in a place, anything indigenous. देशवासी, देश की उत्पन्न वस्तु;-*adj.* innate, inborn, original, natural, inherent. सहज, स्वाभाविक, प्राकृतिक, प्राथमिक, पैदाइशी; **Natively** (-लि)-*adv.* naturally. स्वाभाविक रूप में; **Nativeness** (-नॅस्)-*n.* the state of being native. स्वाभाविकता; **Native name** (name given at the time of birth.) जन्मनाम।

Nativity-नॅटिविटि-*n.* the birth of Christ, a horoscope. ईसा मसीह की उत्पत्ति, जन्मपत्रिका; **To cast one's nativity** (to prepare one's horoscope.) जन्मकुण्डली या पत्रिका बनाना।

Natron-नेट्रन्-*n.* native carbonate of soda. सज्जी-खार।

Nattily-नॅ-टि-लि-*adv.* in a tidy manner. स्वच्छता से, कुशलता से।

Nattiness-नॅ-टि-नॅस्-*n.* the state of being tidy. कुशलता, स्वच्छता।

Natty-नॅ-टि-*adj.* trim, tidy, deft-handed. कुशल, सुघड़, चालाक।

Natural-नॅचुरल् - *adj.* instinctive, normal, inherent, regular, illegitimate, unassumed, unaffected. स्वाभाविक, सामान्य, नैसर्गिक, यथार्थ, प्राकृतिक, सहज; **Natural death** (death by age or diseaes.) यथाकाल अथवा रोग से मरण; **Natural disposition** (inherent nature.) स्वभाव; **Natural enemy** (having enmity by nature.) प्राकृतिक शत्रु; **Natural history** (zoology.) पशुजीवनशास्त्र; **Natural philosophy** (physics.) पदार्थ विज्ञान।

Naturalism-नॅचुरलिज़्म्-*n.* actions based on natural instincts. प्राकृतिक नियमों के सिद्धान्त।

Naturalist-नॅचुरलिस्ट्-*n.* one who believes in naturalism, a zoologist, a dealer in live pets. पदार्थशास्त्रज्ञ, प्राणिविद्या अध्ययन करनेवाला, चिड़िया, कुत्ता इत्यादि बेचनेवाला; **Naturalistic** (-इस्टिक्)-*adj.* pertaining to natural history. पशुजीवनशास्त्र-सम्बन्धी।

Naturalization-नॅचुरलाइज़ेशन्-*n.* act or fact of becoming naturalized. अभ्यस्तीकरण।

Naturalize-नॅचुरलाइज़्-*v.t.* to adopt oneself to, to make natural. अभ्यस्त कराना, प्राकृतिक बनाना।

Naturally-नॅचुरलि-*adv.* according to nature, spontaneously. स्वभाव से, स्वतः, अवश्य।

Naturalness-नॅचुरल्-नॅस्-*n.* conformity to nature. यथार्थता।

Nature-नेचर्-*n.* innate character, essential qualities, general characteristics, disposition, kind, sort, vital, physical character, the universe. प्रकृति, स्वभाव, आदि शक्ति, गुण, धर्म, प्रकार, भूमण्डल; **Against nature** (unnatural, miraculous. प्रकृति के विरुद्ध; **Blind by nature** (blind from birth.) जन्म का अन्धा; **Call of nature** (desire to pass urine or stool.) मल-मूत्र त्यागने की इच्छा; **Contrary to nature** (use or power of the organs of the body..) प्रकृति के विरुद्ध; **Good nature** (kind disposition.) सुशीलता; **Nature-study** -*n.* the study of natural history in the field.) मैदान में प्राकृतिक पदार्थ का अध्ययन; **To pay debt of nature** (to die.) मरना।

Naught-नॉट्-*n.* nothing, a cipher. कुछ नहीं, शून्य;-*adj.* worthless. तुच्छ रूप, कुछ भी नहीं; -*adv.* in no degree. किसी प्रकार से नहीं; **To set at naught** (to consider worthless.) तिरस्कार करना, तृणवत् मानना।

Naughtily-नॉ' - टि - लि - *adv.* in a wicked manner. दुष्टता से।

Naughtiness-नॉ'-टि-नॅस्-*n.* misbehaviour दुष्टता, उपद्रव।

Naughty-नॉ'-टि-*adj.* (*comp.* **Naughtier**, *sup* **Naughtiest.**) badly behaved, mischievous, wicked, indecent. उपद्रवी, दुष्ट, नटखट।

Nausea-नॉ'-शिआ-*n.* feeling of sickness, loathing. वमन की इच्छा, जी मचलाहट, घृणा।

Nauseate-नॉशिएट्-*v. i. & t.* to be affected with disgust, to reject food with loathing. वमन होना (जी मचलाना), वमन करना; **Nauseating** (-एटिङ्ग) -*adj.* feeling nausea. जी मचलाता हुआ।

Nauseous-नॉश्'-अस्-*adj.* disgusting, loathsome, causing nausea. घृणाजनक, कुत्सित, ओकाई लानेवाला; **Nauseously** (-लि)-*adv.* loathsomely. घृणा से, जी मचलाते हुए; **Nauseousness** (-नस्)-*n.* loathsomeness, disgust. ओकाई, वमन की इच्छा, जी मचलाना।

Nautch-नॉच्-*n.* an Indian dance. नाच) **Nautch-girl.** वेश्या, नाचनेवाली।

Nautical-नॉ-टिकल्-*adj.* pertaining to sailors,

maritime, naval. नाविक, जहाज़ी, समुद्री; **Nautically**(-लि)-*adv*. in a nautical manner. जहाज़ीपन से।

Naval-नें'-व़ल् - *adj*. of ships, martime. जहाज़-सम्बन्धी, समुद्री, जहाज़ी ; **Navalism** (-इज़्म्)-*n*. doctrine of sea power. समुद्री बल का सिद्धान्त; **Navally** (-लि)-*adv*. in a naval manner. समुद्री या जहाज़ी रूप में।

Nave-नेंव्-*n*. the central block of a wheel, main body of a church. पहिये की नाभि (मध्यभाग), गिरजाघर का मध्य भाग।

Navel-नें'-वृल् -.*n*. the depression in the middle part of the abdomen, the central part of anything. नाभि, तोंद, मध्यभाग; **Navelstring** (the umbilical cord.) नाल, नाभिनाल।

Navicular-नीं-व़ि-क्युलर्-*adj*. of the shape of a boat. नाव के प्रकार का।

Navigability-see **Navigable**.

Navigable-नीं-व़िगें-बृल्-*adj*.affording passage by ships or boats. जहाज़ या नाव ले जाने योग्य; **Navigability** (-गें-ब्-इल्'-इ-टि)-*n*. the state of being navigable. नौगम्यता, नाव से किसी स्थान में ले जाने की योग्यता।

Navigate-नीं-व़ि-गेट्-*v*. .. & *t*. to make a voyage through water, to sail. समुद्र से यात्रा करना, जहाज़ चलाना।

Navigation-नीं-व़ि-गें-शन्-*n*. the art of navigating. नौविद्या, जहाज़ी विद्या।

Navigator-नीं-व़ि-गेटर्-*n*. a sea explorer, one who is skilled in the art of navigation. नाविक, माँझी, मल्लाह।

Navvy-नीं-व़ि-*n*. a labourer employed in excavation or cutting canal. भूमि खोदनेवाला या नहर खोदनेवाला मजदूर।

Navy-नें-व़ि-*n*. (*pl*. **Navies**.) a fleet of ships, a state's ship of war. (नौका-समूह) जहाज़ों का बेड़ा, किसी राज्य के युद्ध के जहाज़; **Navy-blue** (deep blue colour.) गाढ़ा नीला रङ्ग।

Nawab-न-वाब्-*n*. a Mohammedan ruler in India. नवाब।

Nay-नें-*adv*. no, not only so. नहीं, न केवल ; **To say nay** (to express negation.) अस्वीकार करना, नहीं कहना।

Naze-नेंज़्-*n*. headland. अन्तरीप।

-nd-न्ड्-*suf*. forming adjectives. विशेषण अर्थ का प्रत्यय।

Neap-नीप्-*adj*. of the lowest. सबसे नीचे का; **Neap-tide** (the tide at the lowest stage.) धारा का उतार, भाटा।

Near-नियर्-*adj*., *prep*.& *adv*. (*Comp*. **Nearer**, *sup*. **Nearest**.) at short distance, within easy access, closely related, almost. समीप, निकट, प्राय:, पास में;-*v.t.*&*i*. to approach to, to come near. पास पहुँचना ; **A near guess** (one almost hitting the mark.) ठीक अनुमान; **Far and near** (everywhere.) सर्वत्र ; **Near at hand** (within easy reach.) पास में ; **Nearby** (not far off.) पास में; **Near friend** (an intimate friend.) प्रिय मित्र ; **Nearly** (-लि)-*adv*. closely, almost. लगभग, प्राय:। **Nearness** (-नस्)-*n*. closeness. समीपता, दृढ़ संसर्ग ; **Near one's side**. बग़ल में ; **Near-sighted** (short-sighted.) अल्प दृष्टिवाला ; **To examine nearly** (to make a close examination.) भली भाँति परीक्षा करना; **Very near** (not far distant.) बहुत पास, समीप में।

Neat-नीट्-*adj*. nice, elegant, clean, trim, pure, clear, dextrous. सुन्दर, साफ़, सुघर, स्वच्छ, शुद्ध, कुशल (प्रवीण);-*n*. cattle. चौपाये; **Neatly** (-लि)-*adv*. tidily. शुद्ध प्रकार से; **Neatness** (-नेंस्)-*n*. cleanliness. निर्मलता, शुद्धता ; **Neat-handed** -*adj*. (skilful and quick.) सुघड़ और फुर्तीला; **Neat-house** (a shed for cattle.) चौपायों का घर ; **Neat's leather** (leather of cow or ox.) बैल या गाय का चमड़ा।

Neath-नीथ्-*prep*. poetical form of 'beneath', 'नीचे' अर्थ का यह शब्द कविता में प्रयुक्त होता है।

Neb-नेंब्-*n*. nose, snout, bill, a beak. नाक थूथुन, चोंच।

Nebula-नेंब्'-यु-ला-*n*.(*pl*. **Nebulae**.) a cloud-like appearance before the eyes, a cluster of stars. आँखों के आगे धुन्ध, नीहारिका; **Nebular** (-लर्)-*adj*. pertaining to nebulae नीहारिका-सम्बन्धी ; **Nebulous** (-लस्)-*adj*. like a nebula, formless. नीहारिका के सदृश, बिना विशिष्ट आकार का; **Nebuly** (-लि)-*adj*. ornamented with many lines. लहरियादार किनारे का।

Necessarian-नें-सेंसरिअन्-*n*. an advocate of the doctrine of necessity. दैववादी, भाग्य पर भरोसा करनेवाला मनुष्य; **Necessarianism** (-इज़्म्)-*n*. the doctrine of necessity. भाग्यवाद, दैववाद, अदृष्टवाद।

Necessary-नें सेंसरि-*adj*. requisite, indispensable, essential, inevitable. आवश्यक, अनिवार्य, भवितव्य;-*n*. something that is necessary or inevitable. आवश्यक पदार्थ ; **Necessaries** (-रिज़्)-*n*. *pl*. articles that are essential. आवश्यक वस्तु, असबाब; **Necessarily** (-इ-लि)

-*adv.* by necessity, essentially. अवश्य करके, आवश्यक रूप में।

Necessitarian-नें सें सिटें रिअन्-*n.* a fatalist. भाग्यवादी, भाग्य पर भरोसा करनेवाला।

Necessitate-नें सेसिटेट्-*v.t.* to force, to render necessary, to compel. विवश करना, बेवस करना।

Necessitous-नें-सें-सिटस्-*adj.* in necessity, poor. दीन, दरिद्र।

Necessitude-नें-सें सिट्यूड्-*n.* need, poverty. आवश्यकता, दरिद्रता।

Necessity-नें-सें-सिटि -*n.* (*pl.* Necessities.). compulsion, imperative need, want, hardship. आवश्यकता, लाचारी, दरिद्रता, कष्ट।

Neck-नेंक्-*n.* the part of body which connects the head with the trunk, a long narrow tract of land. ग्रीवा (कण्ठ, गर्दन), भूडमरुमध्य ; **Neckcloth** (a piece of cloth which is worn on the neck.) गुलबन्द, गर्दन पर बाँधने का वस्त्र; **Necked** (-ड्)-*adj.* (having a neck.) गर्दनवाला; **Necklace** (a string of beads &c. which is worn round the neck.) कण्ठाभरण, हार ; **Necklet** (-लेट्) - *n.* a fur necktie. रोवें का गुलबन्द : **Necktie** (a tie for the neck.) गले में बाँधने की कपड़े की पट्टी।

Necrolatry-नेंक्रॅलैट्रि - *n.* worship of the dead. पितरों की पूजा।

Necrology-नें-क्र -लॅ - जि -*n.* a register of deaths. मृत्यु-लेख।

Necromancer-नें-क्रॅ-मॅन्सर् - *n.* one who practises magic. ओझा, जादूगर।

Necromancy-नेंक्रॅमॅन्सि-*n.* a communication with the dead, magic. पिशाच-विद्या, भूत-विद्या, जादू।

Necromantic-नेंक्रॅ-मॅन्टिक् - *adj.* pertaining to magic. जादू सम्बन्धी।

Necrophagous-नेंक्रॅ-फॅ-गस्-*adj.* eating carrion. शव (मुर्दा) खानेवाला।

Necrophobia-नेंक्रॅ-फो'-बि-आ-*n.* horror of death. मृत्यु का भय।

Necrosis-नें-क्रॅ'-सिस् - *n.* mortification of bones. हड्डी का निर्जीव होना ; **Necrotic** (-टिक्)-*adj.* pertaining to necrosis. निर्जीव हड्डी-सम्बन्धी ; **Necrotize** (-टाइज़्)-*v. t.* to mortify bones. हड्डियों को निर्जीव करना।

Nectar-नेंक्टर्-*n.* the drink of the gods, a very pleasant thing. अमृत (सुधा), अपूर्व वस्तु; **Nectar of flowers** (sweet essence of flowers.) पुष्पासव; **Nectareal** (-टें रिअल्), **Nectarean** (-टें रिअन्), **Nectareous** (-टें-रिअस्-) -*adjs.* resembling nectar. अमृतमय, सुधारूप; **Nectary** (-इ)-*n.* the honey gland contained in a flower. फूल का वह भाग जिससे मधु निकलता है।

Neddy-नें-डि-*n.* a donkey. खच्चर, गदहा।

Need-नीड्-*n.* want, emergency, necessity, time of difficulty, lack, poverty. अभाव, विशेष आकस्मिक प्रयोजन, आवश्यकता, आपत्ति-काल, कमी, दरिद्रता, गरीबी ; - *v. t. & i.* to want, to be necessary. इच्छा करना, आवश्यक होना; **If need be** (if necessary.) यदि आवश्यकता हो; **Good at need** (helping in necessity.) आवश्यकता में सहायता देनेवाला।

Needful-नीड्'-फुल्-*adj.* requisite, necessary. आवश्यक, प्रयोजनीय ; **Needfulness** (-नेंस्) -*n.* want. आवश्यकता।

Needily-नी-डि-लि-*adv.* necessitously. आवश्यकता से।

Neediness-नी-डि-नेंस्-*n.* necessity, want. आवश्यकता।

Needle-नी'-इल्-*n.* small pointed pierced round wire of steel used in sewing, the magnet of a compass, any pointed instrument. सूई, कुतुबनुमा का काँटा, नोकदार औजार; **Needle-case** (a case for holding needles.) सूई रखने की डिबिया; **Needle-point** (piercing point.) तीखी नोक; **Needle-woman** -*n.* (*fem.* a seamstress. दरज़िन; **Needle-work** (embroidery.) जरदोज़ी का काम ; **Sharp as a needle** (very piercing.) तीखा, चोखा।

Needless-नीड्'-लॅस्-*adj.* unnecessary. निरर्थक, निष्प्रयोजन; **Needlessly** (-लि)-*adv.* uselessly. व्यर्थ।

Needments-नीड्'-मॅन्ट्स्-*n. pl.* necessaries for a journey. यात्रा के सामान।

Needs-नीड्स् - *adv.* of necessity. आवश्यक; **Needs must do** (must necessarily perform.) करना अनिवार्य होगा, अवश्य करना होगा।

Needy-नीडि-*adj.* necessitous, very poor. दरिद्र, दीन।

Ne'er-नेंअर - *adv.* contraction for 'Never.' 'नेंव़र्' शब्द का छोटा रूप, कभी नहीं।

Nefarious-नि-फें - रिअस् - *adj.* wicked, villainous. अति दुष्ट, पापी, अधर्मी; **Nefariously** (-लि)--*adv.* wickedly. नीचता से; **Nefariousness** (-नेंस्)-*n.* wickedness. अधर्मीपन, दुष्टता।

Negate-नि-गेट्'-*v. t.* to imply non-existence of, to deny. अस्तित्व अस्वीकार करना,

नहीं करना; **Negation** (-गें' -शन्) *-n.* denial, refusal. निषेध, अस्वीकृति; **Negationist** (-इस्ट्) *-n.* one who denies accepted beliefs without proposing substitutes. प्रचलित मत को स्वीकार न करनेवाला ; **Negatory** (-टरि) - *adj.* pertaining to refusal. अस्वीकार करने का ।

Negative-निग-टिव्-*adj.* implying negation or denial, implying absence.निषेधार्थक, अस्वीकार अर्थ का, अनुपस्थिति या अभाव सूचक; *-n.* a word that denies, a photographic plate in which the shade and light of an object is reversed. निषेधार्थक शब्द, फोटो उतारने की शीशे की टट्टी जिस पर उल्टा चित्र छपता है ; *-v. t.* to negate, to veto, to refuse to accept, to disprove, to contradict. निषेध करना, न मानना, अस्वीकार करना, अशुद्ध प्रमाणित करना, प्रतिवाद करना; **Negative answer** (an answer of refusal.) अस्वीकारपूर्ण या 'न' कारात्मक उत्तर ; **A Negative quantity** (a minus quantity in Algebra.) क्षयराशि यथा (—a) ; **Negatively** (-लि) *-adv.* in a negative manner. अस्वीकार करते हुए; **Negativeness** (-नेंस्) - *n.* quality of being negative. निषेधार्थकता ।

Neglect- नेंग्- लेंक्ट्' *v. t.* not to pay attention to, to leave uncared for, to disregard. उपेक्षा करना, सुध न लेना, तिरस्कार करना; *-n.* omission, inattention, negligence. उपेक्षा, असावधानी, त्याग; **Neglectable** (-ऍ-ब्ल्) *-adj.* that may be neglected. उपेक्षा करने योग्य; **Neglected** (-ऍड्) *-adj.* omitted to be done. भूलनेवाला, उपेक्षा किया हुआ; **Neglector** (-अर्) *-n.* one who neglects. उपेक्षा करनेवाला ।

Neglectful-नेंग्-लेंक्ट्'-फुल् *-adj.* inattentive, heedless. ध्यानरहित, मनोयोगहीन, उपेक्षा करनेवाला; **Neglectfully** (-फ़ुल्- लि)*-adv.* with neglect. उपेक्षा करते हुए; **Neglectfulness** (-फ़ुल्- नेंस्) *-n.* inattentiveness. ध्यान या मनोयोग-हीनता ।

Negligence-नें गिलजेंन्स्-*n.* carelessness, want of proper attention. उपेक्षा, असावधानी ।

Negligent-नें गिलजेंन्ट्-*adj.* careless, heedless. असावधान, लापरवाह;**Negligently**(-लि)*-adv.* carelessly. असावधानी से, प्रमाद से ।

Negligible-नें गिलजिब्ल् - *adj.* that may be neglected. उपेक्षा करने योग्य ।

Negotiable - निगोशिऍब्ल् - *adj.* transferable by assignment. बेचा-बिक्री करने योग्य ; **Negotiable instrument** (a document like bills, cheques &c.) हुण्डी, पुर्जा इत्यादि ।

Negotiate-नि-गो-शि-एट्-*v. t.* to transact business, to transfer bill to another person, to confer for mutual agreement in some matter. व्यापार करना, पुर्जा देना, किसी विषय को आपस में तय करने के लिये बातचीत करना ।

Negotiation-नि-गो'-शि-ए'-शन्-*n.* the transacting of business. व्यवहार, व्यवसाय, सौदा ।

Negotiator- नि-गो'- शि-ए'- टर्-*n.* one who negotiates. व्यापार करनेवाला, मध्यस्थ; **Negotiatress** (-ऍ - ट्रेंस्), **Negotiatrix** (-ऍ-ट्रिक्स) *-ns. fem.* a female negotiator. मध्यस्थ स्त्री ।

Negress -नी- ग्रेस्-*n.* female Negro. हबशिन्, हबशी की स्त्री ।

Negro-नी'-ग्रो-*n.* (*pl.* Negroes.) a black-skinned native of Africa. कृष्णांग, हबशी ; **Negro-head** (-हेंड्)-*n.* a kind of tobacco. पीने का तमाखू ; **Negroland** (part of Africa inhabited by Negroes.) अफ्रीका में हबशियों का निवासस्थान ।

Negus- नी'- गस् *-n.* a kind of fermented drink. एक प्रकार की मदिरा ।

Neigh-नें-*v. i.* to utter the cry as of a horse. घोड़े का हिनहिनाना; **Neighing** (-इङ्ग्)-*n.* the cry of a horse. घोड़े की हिनहिनाहट ।

Neighbour- नें- बर् *-n.* one who lives in the adjacent house in the same lane. समीप में रहनेवाला, पड़ोसी; **Neighbour-hood** (-हुड्) *-n.* a place near, adjoining place. पड़ोस, समीपता, निकटता; **Neighbouring** (-इङ्ग्)*-adj.* living near. निकट का, पास का; **Neighbourless**(-लेंस्)*-adj.* not adjoining. बिना पड़ोस का; **Neighbourliness** (-लि-नेंस्)*-n.* the state of being near, closeness. समीपता, निकटता ; **Neighbourly** (-लि)*-adj.* state of being a neighbour, kind. पार्श्ववर्ती, मित्रभाव का, उदार (दयालु); **Neighbourship** (-शिप्) - *n.* the state of being neighbourly. पड़ोसपन ।

Neighing-*n.* see Neigh.

Neither-नाइ'-दर् (नी'-दर्)*-adv., conj. & prep.* not either, not the one or the other. न तो, न वह न यह (दोनों में से कोई भी नहीं), नहीं ।

Nematoid- नमटॉइड - *adj.* similar to thread. तागे की तरह का ।

Nemesis- नें मिसिस् *-n.* retributive justice Greek goddess of retribution. बदला लेने का न्याय, यूनान की प्रतिशोध की देवी ।

Nenuphar- नेंन्'-यु-फ़र् *-n.* a water-lily. कमलिनी, कोईं ।

Neo-नी-ओ-*prep.* in sense of 'new'. 'नवीन' या 'आधुनिक' अर्थ का उपसर्ग ।

Neocracy - नीओक्रसि - *n.* government by new men. नवीन मनुष्यों का राज्य (या शासन) ।

Neogamist- नी-ऑ-गीमि-इस्ट्-*n.* a person who is lately married. नव विवाहित, जिस मनुष्य का तुरंत विवाह हुआ हो ।

Neolithic-नीओलिथिक्- *adj*. of the stone age. उस युग का जिसमें लोग पत्थर के शस्त्रों का प्रयोग करते थे, पाषाण युग का।

Neologism-नीओलॉजिज्म् -*n*. a new doctrine. नया सिद्धान्त।

Neologist - नीओलॉजिस्ट् - *n*. one who introduces new doctrines. नूतन मतावलम्बी, नये मत का प्रचारक।

Neologize - नीओलॅजाइज् - *v. i.* to introduce a new doctrine. नये धर्म का प्रचार करना।

Neology - नीओलॅ - जि -*n*. a system of new words, adoption of novel religious views. नवीन शब्दों का प्रयोग, नूतन मत, विलक्षण मत।

Neon- नी' - अन्-*n*. a newly discovered gas. एक नया आविष्कार किया हुआ वायुरूप तीव्र तत्त्व (गैस)।

Neophron- नी'- ओ- फ्रॅन्-*n*.white Egyptian vulture. मिस्र देश का सफेद गिद्ध।

Neophyte-नी'-ओ-फ़ाइट् -*n*. a religious novice, a beginner, a new convert. नया शिष्य, नया चेला, नया मत ग्रहण करनेवाला।

Neoplastic-नी-ओ-प्लॅस्-टिक्-*adj*. newly formed. नया तैयार किया हुआ, नवनिर्मित या रचित।

Neoteric- नी- ओ- टरिक्-*adj*. modern, recent. नवीन (आधुनिक), नया।

Nepenthes-नि-पॅन्'-थीज्-*n*. a medicine which produces forgetfulness of grief, दुःखशामक औषधि, दुःख भुला देनेवाली दवा।

Nephew- नफ्'- यू-*n*. (*fem*. **Niece**.) the son of a brother or sister. (भ्रातृपुत्र) भतीजा, (भागिनेय) भानजा।

Nephology-नॅफॅ-लॅ- जि-*n*. the science of the study of clouds. मेघ-अध्ययन-शास्त्र।

Nephritic - नॅफ़्रिटिक् - *adj*. of the kidneys, renal. वृक्क (गुर्दा) सम्बन्धी; **Nephritis** (- राइट्' - इस) - *n*. inflammation of the kidueys. गुर्दे की सूजन।

Nepotism- नॅपॉटिज़्म्-*n*. undue favour shown to relations. कुल पक्षपात, सम्बन्धियों के प्रति पक्षपात; **Nepotist** (-टिस्ट्) -*n*. one who practises nepotism. कुल-पक्षपाती।

Neptune-नॅप्'-च्यून्-*n*. the god of the sea, the name of a planet. समुद्र-देवता, नक्षत्र (वरुण तारा)।

N ereid -नीरिइड्-*n*. a sea-nymph. समुद्र की परी।

Neroli - नॅ'- रॅ - लि - *n*. the essential oil of orange flowers. नारङ्गी के फूल का सत्त्व या इत्र।

Nervate-नर्व्'- एट् -*adj*. pertaining to leaves that have ribs. रेशेदार पत्ती का; **Nervation** (-ए'-शन्) - *n*. venation of leaves. पत्ती का रेशेदार होना।

Nerve-नर्व्-*n*. the organ of sensation and motion in animals sinew, energy, vigur, strengtin, fortitude, nervus fibre, courge. ज्ञान तन्तु, नस, नाड़ी, ऊर्जा, तेज, शक्ति, बल, नाड़ी तन्तु, साहस; -*v. t.* to give vigour to to prepare oneself to face danger. शक्ति देना, साहसी बनाना, आपत्ति झेलने के लिये तैयार होना; **Has iron nerves** (one who is not easily frightened.) दृढ़, निर्भय; **To lose one's nerve** (to become timid.) डरना, डरपोक होना।

Nerveless- नर्व्' - लॅस् -*adj*. destitute of strength, weak. शक्तिहीन, निर्बल; **Nervelessly** (-लि) -*adv*. without vigour. निर्बलता से; **Nervelessness** (-नस्)-*n*. want of strength. निर्बलता।

Nervine - नर्वाइन् -*n*. & *adj*. a medicine that relieves the disorders of the nerves, pertaining to such a medicine. नाड़ी-मण्डल को चैतन्य करनेवाली औषधि, ऐसी औषधि का।

Nervous - नर्वस् - *adj*. vigorous, strong, muscular, excitable, working on the nerves, easily agitated. ओजस्वी, वीर्यवान्, बलिष्ठ, नाड़ी-मण्डल पर प्रभाव डालनेवाला, शीघ्र घबड़ा जानेवाला: **Nervous system** (nerves as a whole.) नाड़ी-मण्डल ; **Nervously** (-लि) -*adv*. with strength or vigour, with agitation. बल के साथ, शक्ति या धैर्य से; **Nervousness** (-नॅस्)-*n*. strength, force, weakness of nerves. शक्ति, तेज, नाड़ियों की दुर्बलता, कमजोरी।

Nescience - नॅश्यन्स् -*n*. absence of knowledge. ज्ञान का अभाव; **Nescient** (-न्ट्), **Nescious** (- नॅशस्) - *adjs*. ignorant. अज्ञ, ज्ञानहीन।

-ness (-नॅस)-*suf*. used to express 'state or condition.' भाववाचक शब्द बनाने का प्रत्यय, यथा **Goodness**.

Nest-नॅस्ट्-*n*. a shelter made by a bird for laying eggs, an animal or insect's abode, bed, a snug retreat, a haunt of robbers, a collection of objects. नीड़, पक्षिगृह, घोंसला, आनन्द-गृह, लुटेरों का स्थान, समुदाय;-*v. t.* & *i.* to build a nest. घोंसला बनाना ; **To find a mare's nest** (to hanker after things impossible.) अप्राप्य वस्तु खोजना।

Nestful-नॅस्ट्'-फुल, **Nestlike** (-लाइक्)-*adjs*. full of nests, like a nest. घोंसला भर, नीड़वत्, घोंसले की तरह का।

Nestle-नेॅसूल्-*v. i.* to settle or be settled, to press affectionately, to take shelter. स्थिर होना या करना, प्रेम से दवाना, शरण लेना।

Nestling-नेॅस्ट्'-लिङ्ग्-*n.* a bird just hatched. नवजात पक्षीशावक या पक्षी का बच्चा, गेदा।

Nestor-नेॅस्टर्-*n.* the senior and wise man in an assembly. मण्डली का प्रमुख विद्वान् मनुष्य।

Net-नेॅट्-*n.* a meshed fabric of thread or twine, snare, inextricable difficulty. फन्दा, जाल, कठिनता (धोखा);-*v. t.* (*p. t.* Netted.) to capture in a net. जाल में पकड़ना;-*adj.* free of all charges or deductions. खर्चा इत्यादि निकाल देने के बाद की बचत; **Net profit** (true profit, actual gain.) खालिस या शुद्ध नफ़ा; **Network** (anything resembling a net.) जाली का काम।

Nether-नेॅदर्-*adj.* lower. नीचे का; **Nethermost** (-मोस्ट्)-*sup. deg.* lowest. सबसे नीचे का; **Nether world** (hell.) अधोलोक, पाताल।

Nett-नेॅट्-*adj.* (also Net.) clear of all charges or deductions. सब खर्च इत्यादि निकाल कर, निरा, ख़ालिस।

Nettle-न'-ट्ल्-*n.* a stinging plant. बिच्छू का पेड़;-*v. t.* to irritate, to trouble. डंक मारना, कष्ट देना, उद्विग्न करना; **Nettler** (-अर्) -*n.* one who provokes. उत्तेजित करनेवाला मनुष्य; **Nettle-rash**-*n.* (urticaria) जुलपित्ती नामक रोग।

Neural-न्यूरल्-*adj* pertaining to the nerves. नाड़ी-सम्बन्धी।

Neuralgia-न्यूर्-ऑल्'-जि-आ-*n.* nervous pain. वातशूल; **Neuralgic** (-जिक्)-*adj.* pertaining to neuralgia. वातशूल-सम्बन्धी।

Neurasthenia-न्यू-रीं-स्थीनिआ-*n.* nervous debility. नाड़ियों की दुर्बलता; **Neurasthenic** (-इक्)-*adj.* pertaining to neurasthenia. नाड़ी-दुर्बलता-सम्बन्धी।

Neuritis-न्यूराइटिस्-*n.* inflammation of a nerve. नाड़ी की सूजन।

Neurosis-न्यूरो-सिस्-*n.* derangement due to nervous disorders. एक प्रकार का उन्माद या पागलपन।

Neurotic-न्यू-रॅ-टिक्-*n.* & *adj.* affecting the nervous system, nervous. वात-विकार को दूर करने की औषधि, ओजस्वी, नाड़ी-सम्बन्धी।

Neuter-न्यू'-टर्-*adj.* of neither sex, neither male nor female, neutral, indifferent. नपुंसक, क्लीव, अनोखा, निराला; **Neuter gender.** नपुंसक लिंग।

Neutral-न्यूट्रल्-*adj.* taking neither side in a quarrel, indifferent, impartial. तटस्थ, उदासीन अपक्षपाती; **Neutrality** (-इ-टि)-*n.* state of being neutral. समदृष्टि, उदासीनता; **Neutralization** (-आइजेॅशन्)-*n.* विशिष्ट गुण का नाश, अप्रभावीकरण; **Neutralize** (-आइज़्)-*v. t.* to render neutral. उदासीन करना, अपक्षपाती करना; **Neutrally** (-लि)-*adv.* समभाव से।

Never-नेॅव्र्-*adv.* not ever, on no occasion, surely not. कभी नहीं, अवश्य नहीं; **Never mind** (it does not matter.) कुछ चिन्ता नहीं।

Nevertheless-नेॅव्र्-द-लेॅस्-*adv.* & *conj.* all the same, notwithstanding. तथापि, तो भी, तिस पर भी।

Neverthemore-नेॅव्र्-द-मोर्-*adv.* none the more. अधिक नहीं।

New-न्यू-*adj.* not existing before, fresh, different, changed, modern, recent. नवीन, नया, हाल का, अनभ्यस्त, अपरिचित; -*adv.* newly, recently. हाल में; **New-comer** (a guest.) आगन्तुक, पाहुन; **Newfangled**-*adj.* fond of novelties. नवीनता का प्रेमी; **New-fashioned** -*adj.* newly constructed. नवकल्पित, नया बना हुआ; **Newish** (-इश्) -*adj.* somewhat new. कुछ-कुछ नया; **Newly** (-लि) -*adv.* freshly. नूतन, हाल में, नये सिरे से; **New moon** (fresh moon.) दूज का चन्द्रमा; **Newness** (-नेॅस्)-*n.* novelty. नवीनता, नयापन; **New-year's day** (the first day of the new year.) नये साल का पहिला दिन; **The new World** (America.) अमेरिका देश।

Newel-न्यू'-ऍल्-*n.* the pillar which supports the hand rails of a staircase. सीढ़ी का ऊपर या नीचे का खम्भा जिसमें रेलिंग जड़ी होती है।

Newel.

News-न्यूज़्-*n. pl.* tidings, fresh account. वार्ता, नया समाचार; **Good news** (favourable tidings.) शुभ समाचार; **News-agent** (a dealer in newspaper.) अखबार का ऐजेन्ट, समाचार पत्रों का व्यापारी।

Newsmonger-न्यूज़्'-मङ्गर्-*n.* one who circulates news. समाचार फैलानेवाला मनुष्य।

Newspaper-न्यूज़्-पे'-पर्-*n.* a printed paper containing news. समाचारपत्र।

News-sheet-न्यूज़्'शीट्-*n.* a printed sheet of news. छपे समाचार का पन्ना (कागज)।

Newt-न्यूट्-*n.* a kind of salamander. एक प्रकार की गोह ।

Next-नेक्स्ट्-*adj.* (*sup.* of Nigh.) nearest in time or place, almost, immediately following. आगामी, प्रायः, समीप का ; **Her next** (her husband.) उसका पति; **Next of kin** (nearest relative.) सबसे नजदीकी रिश्तेदार, निकटतम सम्बन्धी ; **Next Sunday** (coming Sunday.) आगामी रविवार ; **Next to skin** (touching the skin.) त्वचा से संलग्न; **Next world** (world after death.) परलोक; **On the next day** (on the following day.) अगले दिन; **What next ?** (what is to follow ?) इसके आगे क्या होगा ?

Nexus-नेक्सस्-*n.* a bond, a connection. सम्बन्ध, बन्धन ।

Nib-निब्-*n.* point of pen, point of a tool, the bill of a bird. क़लम की नोक, चिड़िया की चोंच; -*v. t.* (*p. t.* Nibbed.) to insert a nib, to prick, to nibble. कलम में निब लगाना, चुभोना, कुतरना ।

Nibble-नि-ब्ल्-*v. t.* to bite in bits, to find fault or error, to criticise. कुतरना, दोष निकालना, आलोचना करना; -*n.* a bite. कुतरन, कटाव ।

Nibbler-नि-ब्लर्-*n.* one who bites, one who finds faults. कुतरनेवाला, दोष निकालनेवाला ।

Nice-नाइस्-*adj.* dainty, delicate, attractive, fine, fastidious, exacting. कोमल, ललित, मनोहर सूक्ष्म, सूक्ष्मदर्शी ; **Nice-looking** (beautiful, attractive.) ललित, मनोहर, सुन्दर ।

Nicely-नाइस्'-लि-*adv.* in a nice manner. सुन्दरता से ।

Niceness-नाइस्'-नेस्-*n.* the state of being nice. सुन्दरता, सूक्ष्म दृष्टि ।

Niceties-नाइस्'-इ-टीज्-*n. pl.* attractive things. सुन्दर पदार्थ ।

Nicety-नाइ-सि-टि-*n.* minute accuracy, precision, delicacy. सूक्ष्मता, मनोहरता, यथार्थता, शुद्धता ।

Niche-निच्-*n.* a recess in a wall. ताखा, आला; -*v. t.* to fix an idol in a niche. आले में मूर्ति बैठाना ।

Nick-निक्-*n.* a cut, a notch serving as a guide, a score for keeping an account, an exact point of time, a critical moment or point, a prison, a police-office. कटाव, सहायता देनेवाला चिह्न, हिसाब रखने का चिह्न, ठीक समय, संकट का क्षण या विषय, जेलखाना, पुलिस का दफ्तर; -*v. t.* to make incision, to infer, to do at the right time, to cheat, to steal, to tally, to catch. दाँतेदार बनाना (काटना), अनुमान करना, ठीक समय पर करना, धोखा देना, चुराना, हिसाब मिलाना, पकड़ना; **In the nick of time** (at the proper time.) अनुकूल समय पर ।

Nickel-निक्-ल्-*n.* a kind of white metal, निकल, गिलट; -*v. t.* (*p. t.* Nickelled.) to deposit nickel on metal. निकल चढ़ाना या मुलम्मा करना ।

Nicknacks-निक्'-नैक्स्-*n. pl.* trifles, small wares. तुच्छ पदार्थ ।

Nickname-निक्'-नेम्-*n.* an added name, a by-name. उपनाम, कल्पित नाम, चिढ़ाने का नाम ।

Nicotian-निकोशयन्-*adj. & n.* of tobacco, a smoker. तमाखू का, तमाखू पीनेवाला ।

Nicotine-निकोटीन्-*n.* an extract of tobacco. तमाखू का सत्त्व ।

Nictate, Nictitate-निक्'-टेट्, (-टि-टेट्)-*v. t.* to wink. पलक मारना, आँख झपाना ।

Nictation-निक्-टे'-शन्-*n.* (also Nictitation.) the act of winking. निमेष, निमीलन, झपकी ।

Niddle-noddle-नि'-ड्ल्-नॉ'-ड्ल्-*adj.* quivering, nodding. हिलता हुआ, काँपता हुआ ।

Nidificate-निडिफ़िकेट्, **Nidify** (-इ-फ़ाइ)-*v. t.* to build nests. घोंसला बनाना ।

Nidification-निडिफ़िकेशन्-*n.* building of a nest. घोंसला बनाने का कार्य ।

Nid-nod-निड्'-नॉड्-*v. t.* to go on nodding. सिर हिलाते या कँपाते रहना ।

Nidor-नाइ'-डॅ-र्-*n.* the odour of cooked food. पके हुए भोजन की सुगन्ध ।

Nidorous-नाइ'-डॅ-र्-अस्-*adj.* resembling the odour of cooked food. पके हुए भोजन की सुगन्ध के समान ।

Nidus-नाइ-डस्-*n.* (*pl.* **Nidi.**) the place to origin of a disease, a nest. जिस स्थान पर रोग के अंकुर जमते हैं, घोंसला ।

Niece-नीस्-*n.* (*mas.* **Nephew**) daughter of a brother or sister. भतीजी, भानजी ।

Nifty-निफ़्'-टि-*adj.* stylish. ठाटदार ।

Niggard-निगर्ड्-*n. & adj.* a stingy person, a miser, meanly, covetous. कृपण मनुष्य, सूम, कंजूस ।

Niggardliness-निगर्ड्' - लि-नेस् - stinginess, miserliness. कृपणता, सूमड़ापन ।

Niggardly-निगर्ड्-लि-*adj. & adv.* meanly avaricious, in a miserly manner. लालची, कंजूसी से ।

Nigger-निगर्-*n.* a negro. हबशी ।

Niggle-नि-ग्ल्-*v. t.* to spend time in trifles. तुच्छ बातों में समय नष्ट करना ।

Niggling-निग्' - लिङ्ग्-*adj*. trifling, petty. क्षुद्र, तुच्छ ।

Nigh-नाइ-*adj*. & *adv*. (*comp*. **Nigher**, *sup*. **Nighest**) next, near, almost. समीपवर्ती, पास का, प्रायः, लगभग ।

Nighness-नाइ'-नेस् - *n*. nearness. समीपता, निकटता ।

Night-नाइट्-*n*. the time from sunset to sunrise. रात्रि, रात; **At night** (during the night.) रात्रि में; **Beginning of night** (time near sunset.) सन्ध्याकाल, गोधूलि वेला; **Had a good night** (had a sound sleep.) अच्छी निद्रा आई; **Day and night** (always, ever.) सर्वदा, रातदिन ।

Night-bird-नाइट्'-बर्ड्-*n*. the owl. उल्लू ।

Night-blindness-नाइट्'-ब्लाइन्ड्-नेस्-*n*. (nyctalopia.) रतौंधी ।

Night-cap-नाइट्-कैप्-*n*. a cap worn in bed. सोते समय पहनने की टोप ।

Night-fall-नाइट्'-फ़ॉल् - *n*. close of day. सन्ध्याकाल ।

Night-hag-नाइट्'-हैग्-*n*. a female demon. राक्षसी, निशाचरी, चुड़ैल ।

Night-hawk-नाइट्'हॉक्-*n*. a thief. चोर ।

Nightingale-नाइटिङ्गेल्-*n*. a small migratory bird that sings melodiously at night, a flannel scarf with sleeves worn by sickmen sitting up in bed. बुलबुल, चारपाई पर बैठे रहनेवाले रोगियों की गलेबन्द या ऊनी पोशाक ।

Nightlong-नाइट्'-लॉङ्ग्-*adv*. throughout the night. रातभर ।

Nightman-नाइट्'-मॅन्-*n*. one who empties closets. मल हटानेवाला भंगी ।

Nightmare-नाइट्'-मेयर् - *n*. a bad horrible dream. दुःस्वप्न, बुरा सपना ।

Nightshade-नाइट्'-शेड्-*n*. a kind of poisonous berry. धतूरा ।

Nightsoil-नाइट्' - सॉएल् - *n*. contents of privies & cesspools carried at night. मल, विष्ठा ।

Night-wanderer-नाइट्' - वॉन्डर् - अर् - *n*. a demon. निशाचर, राक्षस ।

Night-watch-नाइट्'-वॉच् - *n*. a guard at night. रात का पहरा ; **Sitting up at night** (vigil during the night.) रात का जागरण ।

Nigrescence-नाइ -ग्रे'सेन्स्-*n*. blackishness. झाँवरपन, कुछ कालापन ।

Nigrescent-नाइ - ग्रे'स्' - सेन्ट्-*adj*. growing black. काला होनेवाला ।

Nihil-नाइ'-हिल्-*n*. nothing. शून्य, अभाव ; **Nihilism** (-इज्म्)-*n*. nothingness, negative doctrine. शून्यता, शून्यवाद ; **Nihilist** (-इस्ट्) -*n*. an upholder of nihilism. शून्यवादी ; **Nihilistic** (-इस्ट्'-इक्)-*adj*. शून्यवाद-सम्बन्धी; **Nihility** (इट्'-इ)-*n*. nothingness. शून्यता ।

Nil-निल्-*n*. nothing, having no number. कोई संख्या नहीं, नहीं, नदारद ।

Nill-निल्-*v*. *i*. not to like. इच्छा न होना; **Willy-nilly** (whether he wills or not.) चाहे उसकी इच्छा हो या न हो ।

Nimble-निम्'-बल्-*adj*. agile, active, quick of movement, clever. चपल, क्षिप्र गति, फुर्तीला, चालाक; **Nimble-fingered** -*adj*. expert at stealing. चोरी करने में निपुण ।

Nimbleness-निम् - बल् - नेस् - *n*. fickleness, briskness. चपलता, फुर्तीलापन ।

Nimbly-निम्-ब्लि-*adv*. with agility. चपलता से ।

Nimbus-निम्'-बस्-*n*. (*pl*. **Nimbi**.) halo of bright light round the head of a saint, a bright cloud. प्रभामण्डल, प्रकाशपूर्ण या चमकदार बादल; **Nimbused** (-ड्)-*adj*. surrounded with a halo. प्रभामण्डल-युक्त ।

Nimrod-निम्'-रॉड्-*n*. a sportsman, a hunter. शिकारी ।

Nincompoop-निन्'-कॅम्-पूप्-*n*. a simpleton, a fool or blockhead. मूर्ख, लण्ठ, बुद्धिहीन मनुष्य ।

Nine-नाइन्-*adj*. eight and one. नौ; **A nine day's wonder** (a novelty that attracts much attention.) चित्त को आकर्षित करनेवाला एक आश्चर्यजनक पदार्थ ।

Ninefold-नाइन्'-फ़ोल्ड्-*adj*. nine times as much. नौगुना ।

Nineteen-नाइन्'-टीन-*n*. nine and ten united. उन्नीस; **Nineteenth** (-टीन्थ्)-*adj*. the number after eighteenth. क्रम में उन्नीसवाँ ।

Ninety-नाइन्-टि-*n*. nine times ten. नब्बे ।

Ninny-नि-नि-*n*. a fool, a man of weak mind. मूर्ख मनुष्य, जड़बुद्धि ।

Ninth-नाइन्थ्-*adj*. & *n*. next after eighth. नवाँ; **Ninthly** (-लि)-*adv*. in the ninth place. नवीं स्थिति में; **Ninth part** (one of nine equal parts.) नवाँ भाग ।

Niobium-नाइ' -ओ' - वि - अम् -*n*. a metallic element. एक प्रकार की धातु ।

Nip-निप्-*v*. *t*. & *i*. (*p*. *t*. **Nipped**.) to pinch, to bite, to check the growth of, to vex. कतरना, काटना, वृद्धि रोकना;-*n*. a pinch with nails or teeth, a biting, a small quantity of wine. नाखून या दाँत का कटाव, थोड़ी-सी मदिरा; **Nipped** (-ड्)-*adj*. cut off. कतरा हुआ; **To nip in the bud** (to destroy in the undevel-

oped state. कली की अवस्था में काट लेना, अंकुरित होते ही नष्ट कर देना।

Nippers-नि-पर्ज़्-*n. pl.* pincers, pliers. सँड़सी, कतरनी।

Nipping-नि-पिङ्ग् - *adj.* that which nips. काटनेवाला; **Nippingly** (-पिङ्गि-लि)-*adv.* so as to nip. काटते हुए।

Nipple-नि-पुल्-*n.* the teat on a woman's breast, teat of a feeding bottle. स्तन का अगला भाग, चूचुक, दूध पिलाने की बोतल का अगला भाग।

Nippers.

Nisi-नाइ'-साइ-*conj.* unless before. अन्यथा, व्यर्थ का, पहिले का।

Nit-निट्-*n.* the egg of a louse or small insect. छोटे कीड़ों का अण्डा, लीख, ढील।

Nitrate-नाइट्रेट् - *n.* a compound made of nitric acid and alcohol. शोरे के अम्ल तथा मद्यसार का घोल;- *v. t.* to impregnate with nitric acid. इस प्रकार का घोल तैयार करना।

Nitre-नाइ'-टर्-*n.* saltpetre. शोरा।

Nitric-नाइट्रिक्-*adj.* impregnated with nitre. शोरे का

Nitrify-नाइट्रि-फाइ-*v. t.* to form into nitre. शोरा बनाना।

Nitro-नाइट्रो-*pref.* for combinations of nitric acid. उपसर्ग जिसका अर्थ "शोरे का अम्ल संबंधी" होता है।

Nitrogen-नाइट्रोजन्-*n.* a kind of gas. नाइट्रोजन नामक वायुरूप तत्त्व विशेष, नत्रजन; **Nitrogenous** (-जनस्)-*adj.* pertaining to nitrogen. नाइट्रोजन तत्त्व-सम्बन्धी।

Nix-निक्स्-*n.* a water-spirit. जल की परी।

No-नो-*adj.* not any. कोई भी नहीं;-*adv.* not at all. कुछ भी नहीं, अधिक नहीं;-*n.* (*pl.* **Noes**) a word of denial, a saying no. नहीं का शब्द, अस्वीकार; **He did it in no time** (he did it immediately.) उसने शीघ्र ही यह किया; **He is no more** (he died.) वह मृत्यु को प्राप्त हुआ; **Nobody** (-बॅडि)-*n.* no person, no one. कोई नहीं, तुच्छ व्यक्ति: **No doubt** (certainly.) निःसंदेह; **No less than** (almost the same.) उतना ही; **No less than five men.** पाँच मनुष्य से कम नहीं; **No more** (nothing further.) अधिक नहीं; **No one** (none.) कोई भी नहीं; **No sooner than** (as soon as.) ज्योंही; **Tell me whether or no** (declare affirmation or denial.) हाँ या नहीं कहो; **Two noes make a yes** (two negatives make one affirmative.) दो नहीं मिलकर एक हाँ बनाते हैं।

Nob-नॉब्-*n.* the head. सिर, मस्तक।

Nobble-नॉ-ब्ल्-*v. t.* to obtain by dishonesty. बेईमानी से छीन लेना।

Nobility-नो-बिलिटि-*n.* noblesness, dignity of mind, excellence, the person holding the rank of nobles. कुलीनता, महत्त्व, महिमा (प्रताप), कुलीन लोग।

Noble-नो'-ब्ल्-*adj.* of high title or birth, splendid, magnificent, excellent, admirable. कुलीन, महानुभाव, सुप्रतिष्ठित, उत्तम (श्रेष्ठ), तेजस्वी; **Noble man** (a peer.) कुलीन पुरुष, शिष्ट मनुष्य; **Noble-minded** -*adj.* of lofty ideas. उच्च विचार का; **Noble-mindedness** (magnanimity.) उच्च विचार (बड़ी शिष्टता); **Nobleness** (-नॅस्)-*n.* greatness, stateliness. महत्त्व, श्रेष्ठता।

Nobly-नोब्लि - *adv.* in a noble manner. कुलीनता से।

Noblesse-नो'-ब्लॅस्-*n.* persons of noble rank, the nobility. कुलीन लोग।

Nocent-नो'-सन्ट्-*adj.* hurtful, mischievous. कष्टकारक, पाजी।

Nock-नॉक्-*v.t.* to set an arrow on the string of a bow. धनुष पर तीर चढ़ाना;-*n.* the notch of an arrow, the forward upper corner of a sail. तीर के कोने का खण्ड, पाल का ऊपरी कोना।

Noctambulant-नॉक्ट्'-ऑम्-ब्यू'-लॅन्ट् -*n.* one who walks in sleep. निद्रा में चलने-फिरनेवाला।

Noctambulation-नॉक्ट्-ऑम्-ब्यु-लॅ'- शन् -*n.* walking in sleep. निद्रा में गमन (चलना)।

Noctiflorous-नॉक्टि-फ़्लोर'-अस्-*adj.* flowering at night. रात को फूलनेवाला (पौधा आदि)।

Nocturnal-नॉक्टर्नल् -*adj.* pertaining to or done in the night. रात्रि सम्बन्धी, रात में किया हुआ।

Nocturne-नाक्टर्न् -*n.* a picture or song of the night scene. रात्रि का दृश्य या गीत।

Nod-नॉड्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Nodded.**) to bend the head slightly and quickly, to be drowsy, to signify by a nod. सिर हिलाना, ऊँघना, सिर हिलाकर संकेत करना; - *n.* a moving of a head, command, sign of absolute power. सिर की गति, आज्ञा, सर्व अधिकार का चिह्न; **Nodder** (-डर्)-*n.* one who nods. सिर हिलानेवाला; **Nodding acquaintance** (slight knowledge of a person.) सामान्य परिचय, केवल साहब-सलामत।

Noddle-नॉ-ड्ल्-*n.* the head, back of head

मस्तक, मस्तक का पिछला भाग; *-v. t.* to move the head. सिर हिलाना ।

Noddy-नॉ-डि-*n.* a noodle, a simpleton, a tropical sea-bird. मूर्ख, गँवार, एक समुद्री चिड़िया ।

Node-नोड्-*n.* a knob or knot, a hard tumour. गाँठ, गिल्टी, गुल्म; **Nodical** (-इ-कल्) *-adj.* pertaining to node. ग्रन्थि-सम्बन्धी ।

Nodose-नोड्'-ओस्-*adj.* knotty. गाँठदार, ग्रन्थि-युक्त ; **Nodulated** (-यु-ले-टेड्)-*adj.* knotty. ग्रन्थियुक्त ।

Nodule-नो-ड्यूल्-*n.* a small knot. छोटी ग्रन्थि या गुल्म ।

Nodus-नोडस्-*n.* complication, a point of difficulty. पेचीदगी, आपत्ति ।

Nog-नॉग्-*n.* a block or picece of wood, stump of a tree. लकड़ी का कुन्दा, वृक्ष की थूनी ।

Noggin-नॉ-गिन्-*n.* a small mug or pot. छोटा घड़ा या पात्र ।

Noise-नॉइज़् *-n.* clamour, shouting, loud sound, din of voices. ध्वनि, शब्द, रव, शोर-गुल; *-v. t. & i.* to make a loud sound, to spread by rumour or report. शब्द करना, समाचार फैलाना; **Loud noise** (clamour.) कोलाहल; **To make a noise** (to shout.) कोलाहल करना ।

Noiseless-नॉइज़्'-लेस्-*adj.* having no noise. निःशब्द, मौन ; **Noiselessly** (-लि) *-adv.* without noise. चुपचाप; **Noiselessness** (-नेस्)-*n.* the state of being noiseless. निःशब्दता

Noisily-नॉ-इ-जि-लि-*adv.* with noise. उच्च स्वर से, बड़े शब्द से ।

Noisiness-नॉ-इ-जि-नेस् *-n.* clamour. कलरव, कोलाहल ।

Noisome-नॉइ'-सम्-*adj.* ill-smelling, hurtful, noxious to health, offensive, unwholesome. दुर्गन्धयुक्त, अपकारी, नीच, क्षयकर; **Noisomeness** (-नेस्) *-n.* the quality of being noisome. दुर्गन्ध, उग्रगन्धता ।

Noisy-नॉ-इ - जि *-adj.* (*comp.* **Noisier**, *sup.* **Noisiest.**) full of noise, clamorous, loud, violent. कोलाहल करनेवाला, कोलाहलपूर्ण, उग्र ।

Nomad-नो'-मॅ-ड्-*adj.&n.* wandering, roaming from place to place. घूमनेवाला, बञ्जारा ।

Nomadic-नो'-मॅ-डि-क्-*adj.* wandering. अस्थिर, भ्रमणकारी; **Nomadically** (-अ-लि) *-adv.* in a nomadic manner. विचरते हुए ।

Nomadize-नो'-मॅ-डा-इज़् *-v. i.* to wander. इधर-उधर भ्रमण करना ।

Nom-de-plume-नॉम्'-डि-प्लूम्-*n.* a writer's borrowed name. लेखक का कृत्रिम (बनावटी) नाम ।

Nomenclative-नो'-म-न्-क्ले'-टिव्-*adj.* pertaining to nomenclature. परिभाषा सम्बन्धी ।

Nomenclature-नो-मन्-क्लेचर्-*n.* a vocabulary of names, system of names, terminology of a science. शब्दों की सूची, नामकरण, परिभाषा ।

Nominal-नॉमिनल्-*adj.* of a noun, existing in names only. नाम-सम्बन्धी, नाम मात्र का; **Nominal ruler** (a ruler in name only.) नाम मात्र का राजा; **Nominal verb** (a verb formed from nouns.) नाम धातु (संज्ञा से बनी हुई धातु) ।

Nominalism-नॉमिनलिज़्म् *-n.* the doctrine that general notions exist merely in names. यह सिद्धान्त कि गुण केवल नाम में ही रहते हैं ; **Nominalist** (-इस्ट्) *-n.* one who upholds nominalism. ऐसे सिद्धान्त को मानने-वाला ।

Nominally-नॉमिनलि *-adv.* by name only. नाम मात्र से ।

Nominate-नॉमिनेट्-*v. t.* to call by the name of, to propose for office, to appoint. नाम लेना, किसी पद के लिये निर्दिष्ट करना, नियुक्त करना; **Nomination** (-शन्) *-n.* the act of nominating. नियोजन, प्रतिष्ठापन, नियुक्ति।

Nominative (-टिव्)-*n. & adj.* the case of the subject of a finite verb, of this case. कर्त्ता कारक, इस कारक का ।

Nominator-नॉमिनेटर् *-n.* one who nominates. नियुक्त करनेवाला ।

Nominee-नॉमिनी *-n.* a person named or designated. नियुक्त पुरुष ।

Non-नॉन्-*pref.* added to nouns and adjectives in sense of "not". "अभाव" अर्थ का उपसर्ग; **Nonage**-नोनज् - *n.* early stage, minority. बाल्यावस्था, लड़कपन ।

Nonagenarian-नॉनॅ जि-नें-रिअन् *-n.* a person from 90 to 100 years of age. नब्बे से सौ वर्ष तक की वय का मनुष्य ।

Nonagon-नॅ-न'-अ-गन्-*n.* a nine-angled polygon (*geom.*) रेखागणित में नव कोण की आकृति ।

Nonary-नोनरि-*n.* a group of nine. नौ का समुदाय ।

Nonce-नॅन्स् *-n.* the present time. वर्तमान काल, यह अवसर ।

Nonchalance-नॅ-न्'-शलन्स् *-n.* indifference. उदासीनता, शान्ति ।

Nonchalant-नॅ-न्' - शलन्ट् *-adj.* indifferent unmoved. उदासीन, शान्त; **Nonchalantly**

(-लि)-*adv.* with indifference. उदासीनता से ।

Non-commissioned-नॅ - न् - कमिशन्ड् - *adj.* not appointed for any special work. अनधिकारी, बिना किसी विशिष्ट अधिकार का ।

Noncompos-नॅ-न्'-कॅम्-पॅस् - *adj.* an idiot. मूर्ख, पागल, झक्की ।

Nonconductor-न-न्-कन्डक्टर्-*n.* a substance that obstructs the flow of heat or electricity. बिजली या उष्णता के प्रभाव को रोकनेवाला पदार्थ, अपरिचालक पदार्थ ।

Nonconformist-नॅ-न्-कन्फ़ॉर्मिस्ट् -*n.* one who does not conform to the doctrine of the established church. प्रचलित ईसाई मत को न माननेवाला ।

Nonconformity-नॅ-न्-कन्फ़ॉर्मिटि-*n.* failure to conform. विरोध, विरुद्धता ।

Non-co-operation-नॅ-न्-को-ऑपरेशन् -*n.* the act of not co-operating with the established government. असहयोग ।

Non-co-operator-नॅ-न्-को - ऑपरेटर् -*n.* one who non-co-operates. असहयोगी, सहयोग न करनेवाला मनुष्य ।

Nondescript-नॅ-न्'-डिस्-क्रिप्ट् -*adj.* not able to be classified, strange. क्रम में न रखने योग्य, विलक्षण, अपूर्व ।

None-नन्-*pron.,adj. & adv.* not any. कोई नहीं; **None-the-less** (nevertheless.) तथापि, तो भी ।

Nonentity-नॅ - न न्टिटि -*n.* non - existence. अस्तित्वाभाव, अस्तित्वहीनता ।

Non-existence-नॅ-न्-एग्ज़िस्टन्स् -*n.* a thing having no existence. अस्तित्व-हीनता, सत्ता का न होना ।

Nonpareil-नॅ-न्'-प-रॅल् -*adj. & n.* unique, peerless, a kind of printing type. अद्वितीय, अनुपम, एक प्रकार के छापे के टाइप ।

Non-plus-नॅ-न् प्लस्-*v. t.* (*p. t.* **Non-plussed**) to confound, to reduce to perplexity. व्याकुल करना, निरुत्तर करना; -*n.* perplexity. व्याकुलता; **Non-plussed** (- स्ड्) -*adj.* confounded, perplexed. व्याकुल, निरुत्तर ।

Non-resident-नॅ-न्-रॅ ज़ि-डॅन्ट्-*adj. & n.* not residing where his duties require him to reside. अपने स्थान पर न रहनेवाला; **Non-residence** (-डॅन्स्)-*n.* the state of being non-resident. अपने स्थान पर न रहने की स्थिति ।

Nonsense-नॅ-न्'-सेन्स्-*n.* absurd, foolish or meaningless words. अनर्थक (असम्बद्ध) वचन, प्रलाप, असंगत वार्ता ।

Nonsensical-न-न्-सॅ न्सिकल्-*adj.* unmeaning. अनर्थक; **Nonsensically** (-लि) -*adv.* in a nonsensical manner. असंगत रूप में ।

Non-sequitur-नॉन्-सॅ क्विटर्-*n.* a conclusion that does not follow from the premises. निष्कर्ष या परिणाम जो अनुमान से नहीं निकलता है ।

Nonsuch, Nonesuch-नॅन्'-सच्, (नन्'-सच्) -*ns.* an unrivalled or unique person. अद्वितीय अथवा अनुपम पुरुष ।

Nonsuit-नॅ-न्'-सूट्-*n.* the stoppage of a law suit. किसी मुक़दमे का खारिजा;-*v. t.* to drop a suit. मुक़दमा खारिज करना या उठा लेना; **Nonsuited** (-ऍड्)-*adj.* destroyed. नष्ट किया हुआ ।

Noodle-नू - ड्ल् -*n.* a simpleton. मूर्ख, मूढ़; **Noodledom** (-डम्)-*n.* foolishness. मूर्खता, मूढ़ता ।

Nook-नुक्-*n.* a corner, a secluded place. कोना, निर्जन स्थान ।

Noon-नून्-*n.* midday, twelve o'clock in the day. मध्याह्न, मध्यकाल; -*adj.* pertaining to noon. मध्याह्न का; **Noon-day** (-ड)-*n.* midday. मध्याह्न काल ।

Noose-नूज़्(-स्)-*n.* a loop with a running kont. सरकनेवाला फन्दा; -*v. t.* to ensnare, to catch in a noose. फन्दा लगाना, जाल में फँसाना ।

Nor-नॉर्-*conj. & adv.* not either. न, न तो ।

Norm-नॉर्म्-*n.* pattern, type, model. नमूना, आदेश (नियम), सिद्धान्त ।

Normal-नॉर्मल्-*adj.* according to a standard, usual, perpendicular. यथाक्रम, प्राकृतिक, लम्बरूप;-*n.* natural condition. प्राकृतिक स्थिति; **Normal school** (a school for training teachers.) शिक्षकों को अध्यापन सिखलाने की पाठशाला ।

Normalcy-नॉर्मल्सि -*n.* normal state. प्राकृतिक दशा ।

Normality-नॉर्मलि-टि -*n.* perpendicular state. लम्बरूपता ।

Normalization-नॉर्म - लाइज़ेशन्-*n.* standardization. सुव्यवस्थितिकरण ।

Normalize-नॉर्मलाइज़्-*v. t.* to render normal. नियम बाँधना, नियमबद्ध करना ।

Normally-नॉर्मलि-*adv.* in a normal manner. विधिवत् ।

Norman-नार्मन्-*n.* an inhabitant of Normandy. नार्मन्डी देश का निवासी ।

Norse-नॉर्स् -*n.* the Norwegian language. नॉर्वे देश की भाषा ।

North-नॉर्थ्-*n.* the direction opposite to the south. उत्तर, उत्तर दिशा; **North-east** (the point between north and east.) पूर्वोत्तर का कोण, ईशान दिशा; **Northernmost** (-अर्न्-मोस्ट्)-*adj.* (also **Northermost** or **Northmost.**) most northerly. सबसे उत्तर का ।

Northing-नोर्थ्-इङ्ग् - *n.* northward progress of a ship. उत्तर की ओर जहाज़ की गति।

North-pole-नॉर्थ्'-पोल् - *n.* the point in the heavens or beneath it on the earth's surface ninety degrees north of the equator. उत्तरी ध्रुव।

North-star-नार्थ्-स्टार् -*n.* the Polar star. ध्रुवतारा।

Northward(-s)-नॉर्थ्-वर्ड् (-स्) -*adv.* towards the north. उत्तर की ओर।

North-west-नॉर्थ्-वेस्ट् - *n.* (also **Norwest.**) the point between north and west. पश्चिमोत्तर, वायव्य दिशा।

Norwegian-नॅर्-वी'-ज्यन् -*adj.* & *n.* a native of Norway, belonging to Norway. नॉर्वे देश का निवासी, नॉर्वे देश का।

Nose-नोज़्-*n.* prominent part of the face, the organ of smell, sense of smell, the projecting part of anything. नासिका, घ्राणेन्द्रिय, सुगन्ध, नाक, किसी वस्तु का उभड़ा हुआ भाग;-*v. t.* to smell, to know by smelling. गन्ध का अनुभव करना (सूँघना), सूँघकर पता लगाना; **Aquiline nose** (pointed nose.) सुग्गे की ठोर के सदृश नाक; **Nose of wax** (an over-pliable person.) सहज में डिग जाने वाला मनुष्य; **To follow one's nose** (to go forward in a straight line.) नाक के सीधे जाना; **To lead by the nose** (to lead blindly.) नकेल पकड़कर ले चलना; **To nose about** (to investigate.) पता लगाना; **To poke one's nose** (to make interruption in other's work.) दूसरे के काम में दखल देना; **To speak through the nose.** नकियाकर बोलना।

Nose-bag-नोज़्' - बैग् - *n.* a bag tied to a horse's nose. तोबड़ा।

Nosed-नोज़्ड्-*adj.* having a nose. नाकदार।

Nose-dive-नोज़्'डाइव्-*n.* the plunging of an aeroplane towards the ground. हवाई जहाज़ का नीचे की ओर (भूमि पर) एकाएक उतरना।

Nose-flute-नोज़्'-फ्लूट्-*n.* a musical instrument operated by the nose. नाक से बजाने का बाजा।

Nosegay-नोज़्-गे-*n.* a bunch of sweet scented flowers. सुगन्धित फूलों का गुच्छा।

Nose-less-नोज़्'-लेस् - *adj.* without a nose. बिना नाक का।

Nose-pin-नोज़्'-पिन्-*n.* a pin for the nose. नाक में पहिनने की कील, नकफूल।

Nose-ring-नोज़्'-रिङ्ग्-*n.* an ornament for the nose. नथुनी।

Nosing-नोज़्-इङ्ग्-*n.* the rounded edge of a step. सीढ़ी के डण्डे का गोल किनारा।

Nostalgia-नॅस्-टॅल्'-जि - आ - *n.* home sickness. घर पर पड़े रहने की बीमारी।

Nostradamus-नॅस्-ट्री-डे'-मस् - *n.* one who makes predictions. भविष्यवक्ता।

Nostril-नॅस्ट्रिल् - *n.* either of the apertures or openings in a nose. नासिका-छिद्र, नथुना।

Nostrum-नॅस्ट्रम् - *n.* a secret remedy or prescription. गुप्त औषध।

Nosy-नोज़ि-*adj.* having a big nose, inquisitive. बड़ी नाकवाला, कुतूहली।

Not-नॉट् - *adv.* a word expressing denial or negation. नहीं, न, मत; **Not a few** (many.) बहुतेरे; **Not seldom** (often.) प्रायः, कभी-कभी।

Nota bene-नो'-टा-बी'-नी-*v. imp. mood,(abbr.* **N. B.**) note what follows. नीचे लिखे विषय पर ध्यान दो।

Notability - नोटे - बिलिटि - *n.* notableness. प्रसिद्धि, ख्याति।

Notable-नो-टे-ब्ल् - *adj.* remarkable, worthy of notice, striking, conspicuous, capable. स्मरणीय, प्रसिद्ध, उत्कृष्ट, योग्य;-*n.* a person or thing worthy of note, an eminent person. प्रसिद्ध पुरुष या पदार्थ।

Notably-नो-टे-ब्लि-*adv.* in a notable manner. प्रसिद्धि से।

Notarial-नोटे रिअल् - *adj.* pertaining to a notary. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाले अफसर से सम्बन्धित।

Notary-नोटरि - *n.* a public officer authorized to attest contracts &c. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाला अफ़सर।

Notation-नोटेशन्-*n.* the act or practice of representing numbers by symbols. अंकविद्या, गणना।

Notch-नॉच् - *n.* a cut, a nick. दाँता, कटाव; -*v. t.* to cut hollows in. दाँतेदार बनाना; **Notched** (- ड्), **Notchy** (-इ) - *adjs.* indented. दाँतेदार।

Note-नोट् - *n.* a distinctive mark, token or sign, a short letter, a mark of censure, a brief record of facts, annotations to a book, observation, character in music, formal communication, written promise for payment, a comment, memorandum, receipt, written acknowledgement of a debt, notice, attention, importance, consequence, notability, intimation. विशिष्ट चिह्न, संकेत, छोटा

वर्ण, लाञ्छन, संक्षिप्त लेख, पुस्तक की टीका, संगीत का स्वर, औपचारिक बात-चीत या लिखा-पढ़ी, चुकती की लिखित प्रतिज्ञा, व्याख्या, स्मृतिपत्र, रसीद, ऋण की लिखित स्वीकृति, सूचना, ध्यान, महत्त्व, परिणाम, ख्याति, जानकारी;-*v. t.* to annotate, to attend to, to set down in writing, to take notes, to observe, to mention, to set to music, to indicate. आलोचना करना, ध्यान देना, लिखना, विचारना, बताना, गाना प्रारंभ करना, इशारा करना; **Noted** (-एँड्)-*adj.* renowned, marked, recorded, put in mind. प्रसिद्ध, अङ्कित, लिखित, ध्यान में रखा गया; **Hand-note** (a written promise to pay.) रुक्का, पुर्जा; **High note** (elevated voice.) ऊँचा स्वर।

Note-book-नोट्'-बुक् - *n.* a book in which notes are written. स्मरणार्थ विषय लिखने की छोटी पुस्तक।

Noteless-नोट्'-लेॅस्-*adj.* not attracting notice. अप्रसिद्ध, अनाकर्षक।

Notelet-नोट्'-लट्-*n.* a short note. पुस्तिका, छोटी स्मरणार्थ पुस्तक।

Notepaper-नोट्' - पे - पर् - *n.* a small-sized writing paper. चिट्ठी लिखने का कागज।

Noteworthy-नोट्'-वर्दि-*adj.* worthy of observation. विचार करने योग्य; **Worthy of note** (very famous, illustrious.) अति प्रसिद्ध, विख्यात।

Nothing-नथ्'-इङ्ग् - *n.* not anything, non-existence, a trifle, a cipher. अभाव, असत्त्व(कुछ भी नहीं), तुच्छ वस्तु, शून्य;-*adv.* in no degree. किसी भी रूप में नहीं; **Can make nothing of** (cannot understand.) नहीं समझ सकता; **For nothing** (uselessly.) अकारण, वृथा; **That is nothing to you** (it is of no concern to you.) आपसे इसका कोई सम्बन्ध नहीं है; **To come to nothing** (to turn useless.) निष्फल होना; **To dance on nothing** (to be hanged.) फाँसी पड़ना; **To make nothing of** (to treat as a trifle.) तुच्छ जानना।

Nothingness-नथ्'-इङ्ग्- नेॅस् - *n.* non-existence. अभाव, शून्यता, अस्तित्वहीनता।

Raise-रेज़्-*v. t.* to lift upright, to rouse, to restore to life, to exalt, to increase, to construct, to cause disturbance, to breed, to elevate, to extract, to promote. खड़ा करना, उठाना, जागृत करना (जिलाना), ऊँचा करना, बढ़ाना, बनाना, निर्माण करना, उपद्रव खड़ा करना, उत्पन्न करना, ऊपर उठाना, निकालना, उन्नति करना; To raise cry (to make a broil.) शोर गुल मचाना; To raise a dust (to cause turmoil.) उपद्रव खड़ा करना; To raise a laugh (to make others laugh.) दूसरों को हँसाना; To raise a siege (to remove a besieging army.) घेरनेवाली सेना को हटाना; To raise one's voice (to shout on the top of one's voice.) जोर से चिल्लाना; To raise bread (to make yeast for making bread.) रोटी के लिये खमीर उठाना, To raise one's hat (to salute by raising hat.) टोपी उतार तथा उठा कर अभिवादन करना; To raise the wind (to procure money for some purpose.) किसी कार्य के लिये धन इकट्ठा करना।

Raisin-रे-ज़्-न्-*n.* partially dried grape. दाख, मुनक्का, किशमिश।

Raising-रेजिङ्ग्-*n.* act of lifting. उठाने का कार्य।

Rake-रेक्-*n.* an implement with comblike end attached to a pole used for smoothing loose soil, a wheeled instrument with long teeth for gathering hay, a fashionable man of loose character. भूमि बराबर करने का औजार (हेंगी), सूखी घास बटोरने का लंबे दाँतोंवाला पहियेदार यंत्र, शौक़ीन व्यसनी पुरुष; -*v. t.* & *i.* to gather with a rake, to search minutely. हेंगी से बराबर करना, रत्ती-रत्ती ध्यान से ढूँढ़ना; To rake off (to plane off by a rake.) हेंगी से चौरस करना।

Rakehell-रेक्'-हेल्-*n.* a lewd fellow. व्यसनी मनुष्य।

Raking-रकिङ्ग्-*n.* collection with a rake, हेंगी से बटोरा हुआ पदार्थ।

Rakish-रेक्'-इश्-*adj.* debauched. व्यसनी, लम्पट; **Rakishly** (-लि)-*adv.* in a rakish manner. लम्पटता से; **Rakishness** (-नेस्)-*n.* debauchery. विषय-सुख, लम्पटता।

Rale-राल्-*n.* a rattling sound heard in an unhealthy lung. रोगी के फेफड़े में खड़खड़ाहट का शब्द।

Rallicart-रीलिकार्ट्-*n.* a kind of carriage. एक प्रकार की फ़िटिन गाड़ी।

Rally-री-लि-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Rallied) to assemble or collect again, to reunite, to renew conflict, to banter. एकत्र करना, समेटना, बटोरना, फिर से जुटाना, झगड़ा उठाना, हँसी करना;-*n.* satirical merriment. उपहास, ताना; **Rallyingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a rallying manner. हँसी करते हुए।

Ram-रीम्-*n.* (*fem.* Ewe.) a male sheep, a sign of the zodiac (*Aris*), a pile driving machine, an instrument for battering walls of forts &c. मेढ़ा, भेड़ा, मेष राशि, खम्भा गाड़ने का यन्त्र, दीवार इत्यादि गिराने का यंत्र; - *v. t.* (*p.t.* Rammed) to force in, to beat down. बलपूर्वक ठूँसना, दबाना; **Rammer** (- मर्) -*n.* one who rams, a ramming instrument. ठोंकनेवाला, मूसल, तोप का मुसरा।

Ramal-रेमल-*adj.* pertaining to the branch of a tree. वृक्ष-शाखा-सम्बन्धी ।

Ramble-रॅम्बल्-*v. t.* to walk for pleasure, to talk disconnectedly. पर्यटन (भ्रमण) करना, असम्बद्ध बातचीत करना; *-n.* roving. भ्रमण, विहार ।

Rambler-रॅम्ब्'-लर्-*n.* a kind of climbing rose, one who rambles. एक प्रकार की गुलाब की लता, भ्रमण करनेवाला ।

Rambling-रॅम्ब्'-लिङ्ग्-*adj.* moving irregularly. अनियमित रीति से घूमनेवाला; **Ramblingly** (-लि)-*adv.* विचरते हुए ।

Rameous-रें-मि-अस्-*adj.* belonging to a branch. शाखा-सम्बन्धी ।

Ramicorn-रॅम्'-इ-कॉर्न् - *adj.* with thorny branches. काँटेदार शाखावाला ।

Ramification - रॅमिफ़िकेशन् - *n.* separation into branches. शाखाओं में विभाजन ।

Ramify-रॅमि-फ़ाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Ramified**) to divide into branches, to arrange in a branching manner. शाखा की तरह अलगाना, अनेक शाखा करना ।

Rammer-रॅ-मर्-*n.* one who drives, a tool for thrusting. ढकेलनेवाला, मुँगरी ।

Rammish-रॅ-मिश् - *adj.* foul smelling उग्र गन्ध का, बदबूदार; **Rammishness** (-नॅस्)-*n.* rankness, a strong scent. दुर्गन्ध, तीव्र गन्ध ।

Rammy-रॅ' - मि - *adj.* strong-scented. उग्र गन्धवाला ।

Ramose, Ramous-र-मोस्, रेमस्-*adjs.* branching. शाखादार ।

Ramp-*v. i. & t.* to creep or crawl on the ground, to climb, to grow up rapidly, (of beasts) to stand on hind legs, to clutch wildly, to rage violently, to go about in a loose way, to rush wildly or excitedly, to ascend or descend from one level to another, to make slopes, to snatch, to swindle, to rob, to force one to pay a bet. भूमि पर रेंगना, पेड़ पर चढ़ना, तेज़ी से ऊपर बढ़ना, (पशुओं में) पिछली टाँगों पर खड़ा होना, जंगली ढंग से पकड़ना, उग्र क्रोध करना, अनैतिक ढंग या इरादे से इधर-उधर घूमना, जंगली ढंग से या उत्तेजना से झपटना, एक धरातल से दूसरे पर चढ़ना उतरना, ढाल बनाना, छीनना, धोखा देना, लूटना, बाजी का धन चुकाने के लिये बाध्य करना; *-n.* a romp, a tom boy, a loose woman, the slope of a wall, upward concave bend of a hand-rail, a stunt worked for private profit, excitement or pain for some gain, exploitation to increase prices. आवारा, पाजी लड़का, दुश्चरित्रा स्त्री, दीवाल की ढाल, रेलिङ्ग की ऊपरी नतोदर उभाड़, व्यक्तिगत लाभ के लिये किया गया तमाशा, लाभ के लिये उत्तेजना या कष्ट, मूल्य बढ़ाने के लिये की गई चालबाज़ियाँ ।

Rampage-रॅम्प्'-एज्-*v. t. & n.* to ramp, an excited condition. रूक्षता का व्यवहार करना, क्रोध; **On the rampage** (inclined to behave violently.) उग्र व्यवहार करने को तत्पर ।

Rampageous-राम्पेजस्-*adj.* rowdy, noisy. कोलाहली, रूक्ष; **Rampageously** (-लि)-*adv.* in a rowdy manner. रूक्षता से, क्रोध से ।

Rampancy-रॅम्पॅन्सि-*n.* the state of being aggressive. अतिक्रम, अनियन्त्रितता ।

Rampant-रॅम्पॅन्ट्--*adj.* violent, exuberant, aggressive, rank. तीक्ष्ण, अनियन्त्रित, आक्रमण करनेवाला, उच्छृङ्खल; **Rampantly** (-लि) *-adv.* in a rampant manner. बिना रुकावट के ।

Rampart-राम्पर्ट्-*n.* a parapet or bulwark, a defence, किले की दीवार (धुस), बचाव;*-v. t.* to fortify with ramparts. किले की प्राचीर या दीवाल से रक्षा करना ।

Rampike - रॅम्' - पाइक् - *n.* the stump of a tree. पेड़ का ठूँठ ।

Rampion-रॅम्पिअन्-*n.* a kind of beautiful flower. एक प्रकार का सुन्दर फूल ।

Ramshackle-रॅम्'-शॅ-कल्-*adj.* makeshift, crazy. बुद्धि-विकल, भ्रान्त-चित्त ।

Ramson-राम्-सन्-*n.* broad leaved wild garlic. चौड़ी पत्ती का जंगली लहसुन ।

Ramulous-राम्यु-लस् - *adj.* having several small branches. अनेक छोटी डालियोंवाला ।

Ran-रॅन्-*p. t.* of Run. दौड़ा ।

Rance-रेन्स्-*n.* a kind of red marble. एक प्रकार का लाल संगमरमर ।

Rancescent-रॅ-न्सें सेन्ट्-*adj.* becoming sour. खट्टा होनेवाला ।

Ranch-रॅन्श्, रॅश्-*n.* a cattle farm. पशुशाला ।

Rancid-रॅन्,-सिड्-*adj.* having a rank smell. बदबूवाला ।

Rancidly-रॅन्सिड्'-लि-*adv.* in a rancid manner. दुर्गन्ध से; **Rancidness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being rancid. दुर्गन्धिता ।

Rancorous-रॅङ्करस्-*adj.*spiteful, malignant. विद्वेषी, दीर्घद्रोही; **Rancorously** (-लि)-*adv.* with rancour. अति द्रोह से ।

Rancour-रॅङ्कर्-*n.* deep-seated enmity or

spite, sourness. गहरी शत्रुता या डाह, खट्टापन, चिड़चिड़ापन, तीखापन।

Rand-रैन्ड्-*n.* the inner strip of leather in a shoe. जूते का भीतरी तल्ला।

Randem-रैन्डेम् - *n.* a carriage drawn by three horses. तीन घोड़ों की गाड़ी।

Randiness-रैन्-डि-नेस् - *n.* boisterousness कोलाहल, शोर-गुल।

Random-रैन्डम् - *adj. & adv.* heedlessly done, at haphazard. आकस्मिक, एकाएक उत्पन्न; **At random** (without a definite aim.) अटकल-पच्चू; **Randomly** (-लि) - *adv.* haphazardly. दैवयोग से।

Randy-रैन्-डि - *adj.* (*comp.* **Randier**, *sup.* **Randiest.**) noisy, boisterous. कोलाहल करनेवाला।

Range-रेन्ज्-*v. t. & i.* to arrange in a row, to run in a line, to extend, to wander, to go about, to be placed in order. पंक्ति में रखना, पाँत में चलना, फैलाना, क्रम में रक्खा जाना;-*n.* a row, a line, series, wandering. scope. श्रेणी, पंक्ति, वर्ग, पर्यटन, फैलाव; **Ranging fancy** (inconstant affection.) अस्थिर प्रेम।

Range-finder-रेन्ज्'-फ़ाइन्ड्-अर्-*n.* a device for ascertaining distance. निशाना लगाने की दूरी जानने का यन्त्र।

Ranger-रन्जर्-*n.* the keeper of a park. बगीचे का रखवाला; **Rangers** (-स्)-*n. pl.* mounted riflemen trained to fight on foot. घुड़सवार सिपाही जिनको पैदल सिपाही की भाँति लड़ने की शिक्षा दी जाती है; **Rangership** (-शिप्) -*n.* the post of a ranger. रखवाले का पद।

Ranine-रेनाइन्-*adj.* like a frog. मेढक के समान।

Rank-रैङ्क् *n.* a row, line, division, number of soldiers in a line, order, array, dignity, excellence. श्रेणी, पंक्ति, विभाग, सेना की पंक्ति, क्रम, स्थिति, प्रबन्ध, मर्यादा, उत्तमता;-*v. t. & i.* to place in a line. पंक्ति-क्रम से रखना, कतार बाँधना;-*adj.* fertile, excessive, foul smelling. उपजाऊ, चतुर, उग्र गन्ध का; **A man of rank** (a man of high birth.) कुलीन मनुष्य।

Rankly-रैङ्क्'-लि-*adv.* in a rank manner. गन्दगी से; **Rankness** (-नेस्)-*n.* the quality of being rank. दुर्गन्ध!

Rankle-रैङ्क्'-क्ल -*v. t. & i.* to fester, to give constant pain, to irritate. दूषित करना, निरन्तर कष्ट देना, भड़काना।

Ransack-रैन्'-सैक्-*v. t.* to make a thorough search, to pilfer, to plunder. छानबीन करना, ठगना, लूटना।

Ransom-रैन्सम्-*n.* release from prison on consideration of some money, the fine paid for pardon. निस्तार, मुक्ति, बन्दी को छुड़ाने के लिये दिया हुआ धन;-*v. t.* to redeem from bondage. धन देकर मुक्त करना; **Ransomer** (-अर्)-*n.* a redeemer. निस्तार करनेवाला।

Rant-रैन्ट्-*n.* empty talk. व्यर्थ की बकवाद;-*v.i. & t.* to talk in a boisterous manner. बकवाद करना, बड़बड़ाना; **Ranter** (-अर्)-*n.* a noisy prattler. बकवादी, बड़बड़िया; **Rantingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* talking boisterously. बड़बड़ करते हुए; **Ranty** (-इ) - *adj.* noisy, boisterous. कोलाहली, उपद्रवी।

Ranula-रै'-न्युला -*n.* a swelling under the tongue. जीभ के नीचे की सूजन।

Ranunculus-रनून्क्यूलस्-*n.* a kind of plant with flowers. एक फूलनेवाला पौधा।

Rap-रैप्-*n.* a sharp blow, sound made by a knocker, a small bit. थप्पड़, दरवाजे की खड़खड़ाहट, छोटा टुकड़ा; - *v. t. & i.* (*p. t.* **Rapped.**) to strike with a sharp blow, to utter sharply, to use a strong language. जोर से मारना, चिल्ला उठना, गाली देना।

Rapacious-र'-पे' - शस् - *adj.* voracious, greedy. लुटेरा, लालची; **Rapaciously** (-लि) -*adv.* in a rapacious manner. अतिलोभ से, लूटने की इच्छा से; **Rapaciousness** (-नेस्)-*n.* greediness. अति लोभ, लालच।

Rapacity-र-पी'-सि-टि-*n.* greediness, addictedness to plunder. लालच, लोभ, लुटेरापन।

Rape-रेप्-*v. t.* to take away by force, to ravish लूटना, बलात्कार करना;-*n.* the ravishing or violation of a woman, a carrying away by force किसी स्त्री के साथ बलात्कार, बल पूर्वक ले जाना;-*n.* a kind of plant, refuse of grapes. एक प्रकार का पौधा, अंगूर का मदिरा बनाने के बाद का खूद।

Rapid-रैपिड्--*adj.* swift, fast, quick, acting in a very short time. वेगयुक्त, शीघ्र, तीव्र, जल्दी से करनेवाला;-*n.* a strong current of river, a water-fall. नदी की तीव्र धारा, झरना, प्रपात।

Rapidity-रैपिडिटि, **Rapidness** (-नेस्)-*ns.* swiftness. शीघ्रता, वेग।

Rapidly-रैपिड्लि-*adv.* in a rapid manner. शीघ्रता से, तेजी से।

Rapier-रे' - पि-अर् - *n.* small sword used for thrusting. भोंकने की छोटी तलवार।

Rapine-रॅपाइन्-*n.* act of plundering, robbery. लूटने का कार्य, लुटेरापन।

Rappee-रॅपी-*n.* a kind of snuff. एक प्रकार की सुँघनी।

Rapport-रॅपॉर्ट् - *n.* relationship. सम्बन्ध, नातेदारी।

Rapscallion-रॅप्स्-कॅ-ल्यन्-*n.* a rogue, a rascal. दुष्ट, शठ।

Rapt-रॅप्ट्-*adj.* (*p. p* of **Rap.**) transported, carried away, absorbed. आनन्दित, भेजा हुआ, लीन, निमग्न।

Raptorial - रॅप्टोरिअल् - *adj.* pertaining to birds of prey. शिकारी चिड़ियों का।

Rapture-रॅप्चर्-*n.* extreme delight, ecstasy. अत्यन्त हर्ष, आनन्द।

Raptured-रॅप्चर्ड् - *adj.* transported. हर्ष से उन्मत्त।

Rapturous-रॅप्चरस् - *adj.* ravishing. अति प्रसन्न ; **Rapturously** (-लि) -*adv.* in a rapturous manner. आनन्दपूर्वक।

Raraavis-रे-र्'-अ-ए-विस्-*n.* rarity, a rare bird or object. दुर्लभता, दुर्लभ पक्षी या पदार्थ।

Rare-रेअर्-*adj.* not dense, unusual, uncommon, of uncommon excellence, very amusing. विरल, अपूर्व, अतुल्य, अनूठा, आनन्ददायक; **Rarely** (-लि) *adv.* seldom, not often. कभी-कभी, कदाचित्; **Rareness** (-नेस्) -*n.* the state of being rare. दुर्लभता, अपूर्वता।

Rarity-रेअरिटि-*n.* (*pl.* **Rarities.**) uncommon thing, rareness. अपूर्व वस्तु, अपूर्वता, चमत्कार।

Rascal-रॅस्कल-*n.* a mean fellow, a rogue, a knave. दुर्जन (नीच), दुष्ट, पापी; **Rascalism** (-इज़्म्) - *n.* knavishness. दुष्टता, नीचता; **Rascality** (-इट्-इ) -*n.* villainy, baseness. शठता, नीचता; **Rascally** (-लि)-*adj.* vile, worthless. नीच, दुष्ट।

Rase-रेज़्-*v. t.* to wound slightly, to erase. घायल करना, मिटाना; see **Raze.**

Rash-रॅश्-*n.* an eruption of skin in patches. ददोरा, चकत्ता; - *adj.* hasty, headstrong, reckless. उतावला, अविवेकी, अदूरदर्शी; **Rashly** (-लि)-*adv.* hastily. उतावलेपन से; **Rashness**(-नेस्)-*n.* foolhardiness, rash action. अविवेक, अविचार (धृष्टता)।

Rasher-रॅशर्-*n.* a slice of bacon. सुअर के मांस का टुकड़ा।

Rasorial - रॅ - सो - रिअल् - *adj.* scratching. खुरचता हुआ।

Rasp-रॅस्प्-*n.* a scraper. मोटी रेती, चोसा;-*v. t.* & *i.* to scrape off, to make a grating sound. चोसे से रेतना, खड़खड़ाहट का शब्द करना।

Raspatory-रॅ-स्पेटरि-*n.* a surgeon's rasp. जर्राही में प्रयोग करने का चोसा।

Raspberry-रज़्'-बे - रि - *n.* a plant yielding small juicy berries. रसभरी, गुलाबजामुन; **Raspberry vinegar** (a preparation of raspberry and vinegar.) रसभरी और सिरके की चटनी।

Rasper-रॅ-स्पर्-*n.* a scraper.खुरचने का औजार।

Rasure-रेज़र् - *n.* act of scraping. खुरचने का कार्य।

Rat-रॅट्-*n.* a small rodent of the mouse kind, a deserter. मूषक, चूहा, साथ छोड़नेवाला; -*v. i.*(*p. t.* **Ratted.**) to catch or kill rats. चूहा फँसाना या मारना; **I smell a rat** (I see something suspicious.) मुझे कुछ शक हो रहा है; **Musk-rat** (musquash.) छछूँदर; **Rat-trap** (an apparatus for catching rats.) मुसदानी।

Rata-राटा-*n.* a kind of large tree. एक प्रकार का (सुन्दर) बड़ा वृक्ष।

Ratability-रे-टे बिलिटि-*n.* proportion. क्रम।

Ratable-रे-टे-बल् - *adj.* proportional, liable to taxation. क्रमिक, क्रमानुसार, महसूल लगाने योग्य; **Ratably** (-इ)-*adv.* proportionately. क्रम से।

Ratal-रेटल्-*n.* the amount on which a rate is fixed. प्रमाण, दर।

Ratan-रेटन्-*n.* a kind of cane. एक प्रकार की बेंत।

Ratchet-रॅचेट्-*n.* a wheel with a toothed rim with a lock attached for moving in one direction. किरकिरा ; **Ratchet-drill** (a kind of boring tool.) लोहा इत्यादि छेदने का किरकिरा।

Ratchet-drill.

Rate-रेट्-*n.* proportion or standard, price fixed, settled allowance, relative speed, local cess, degree.प्रमाण या मान, नियत मूल्य, निश्चित भत्ता का दर, गति का प्रमाण, स्थानीय कर (टिकट), मोताद, मात्रा; - *v. t.* & *i.* to value, to estimate, to scold angrily, to reprove, to consider. मूल्य निर्णय करना, प्रमाण स्थिर करना, गाली देना, झिड़कना, विचारना; **At any rate** (somehow or other.) किसी न किसी प्रकार से; **Markettra** (market standard.) बाजार दर; **Rate of intereset**

(amount of interest charged.) ब्याज की दर; Rate payer (one who pays rates.) महसूल (टिकट) देनेवाला।

Rater-रेंटर्-*n.* a racing yacht. तेज़ी से दौड़ लगानेवाला जहाज़।

Rather-रॉदर् -*adv.* more truly or readily, to a greater extent, on the other hand, somewhat, slightly, to some extent, specially, by preference. वस्तुतः, प्रायः, किन्तु, थोड़ा, किंचित्, अपेक्षा, अथवा ; **Had rather** (preferably.) अच्छा होगा कि ; **The rather that** (so much, the more because.) अधिक, क्योंकि।

Ratification-रॅटिफ़िकेशन्-*n.* the act of ratifying, confirmation. दृढ़ीकरण, निश्चय।

Ratifier-रॅटिफ़ायर्-*n.* one who ratifies. स्थिर करनेवाला।

Ratify-रॅटि-फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* Ratified.) to confirm, to make valid. स्थिर करना, दृढ़ करना, निश्चित करना, प्रमाणित करना।

Rating-रे-टिङ्ग् - *n.* amount of rate fixed by a municipalilty, angry reprimand. स्थिर किया हुआ महसूल, क्रोध के वचन।

Ratio-रे-शि-ओ-*n.* (*pl.* Ratios) relation between two similar quantities, proportion. सम्बन्ध, प्रमाण।

Ratiocinate-रॅशि-ऑ-सिनेट्-*v.t.* to reason in a formal way. युक्तिपूर्वक तर्क करना; **Ratiocination** (-शन्) -*n.* act of reasoning. युक्तितर्क, विवाद; **Ratiocinative** (-टिव्)-*adj.* argumentative. युक्तिपूर्वक, विचारपूर्वक, विवाद की प्रवृत्तिवाला।

Ration-रॅशन्-*n.* daily allowance of food fixed for a man or animal. प्रतिदिन के आहार का परिमाण, खुराक ; **Rations**-*n. pl.* provisions. (ब० व०) भोजन-सामग्री।

Rational-रॅशनल्-*adj.* endowed with reason, intelligent, not absurd, judicious. विचारयुक्त, विवेकी, बुद्धिमान्, उचित, यथायोग्य; **A rational being** (a thinking being.) चेतन प्राणी; **Rationals** (-स) -*n. pl.* light dress of women. (ब० व०) स्त्रियों का हलका वस्त्र।

Rationale-रॅशियनालि-*n.* fundamental reason, reasoned exposition. उपपत्ति, युक्ति-पूर्वक कथन।

Rationalism-रॅशनलिज्म्-*n.* reasonable explanation. हेतुवाद; **Rationalist** (-इस्ट्)-*n.* one who is guided by reason. हेतुवादी; **Rationalistic**(-इक्)-*adj.* belonging to rationalism. हेतुवादी ; **Rationalistically** (- अलि) -*adv.* in a rationalistic manner. हेतुवाद के अनुसार; **Rationality** (-इट्-इ) - *n.* power of reasoning, reasonableness. ज्ञानशक्ति, विचारशक्ति; **Rationalization** (-आइज़ेशन्) -*n.* act of rationalizing. युक्तिपूर्वक व्याख्या; **Rationalize** (-आइज़्)-*v. t.& i.* to explain a thing with reasons. प्रमाण-सहित किसी विषय को सिद्ध करना; **Rationally** (-अलि) -*adv.* in a rational manner, with reason. न्यायपूर्वक, बुद्धिमानी से; **Rationalness** (-नेस्) - *n.* the state of being rational. विवेक, विचार, बुद्धि।

Ratline-रॅट्'-लिन्-*n.* a rope-ladder used in ships. जहाज़ में रस्से की बनी हुई सीढ़ी।

Ratline.

Ratoon-रॅट्- ऊन्' -*n.* new shoots that spring up from the roots of a sugar-cane after harvesting. ऊख की फ़सल काट लेने पर इसकी जड़ में से उगे हुए अँखुए।

Rat-tail-रॅट्'-टेल्-*adj.* narrow and tapering. पतला सूच्याकार (गावदुम)।

Rattan-रटॅन्-*n.* the continuous beat of a drum. नगाड़े का लगातार डंका।

Rat-tat-रॅट्'-टॅट्-*n.* a knocking sound. खटखटाने का शब्द।

Ratteen-रॅटीन्-*n.* a kind of woollen fabric. एक प्रकार का ऊनी वस्त्र।

Ratten-रॅ-ट्-न्-*v. t.* to injure the tools of a workman out of malice. ईर्ष्यावश किसी कारीगर के औजार को नष्ट कर देना।

Ratting-रॅ-टिङ्ग्-*n.* the act of deserting one's party. अपने समाज को त्यागने का काम।

Rattle-रॅ-ट्ल् - *v. i. & t.* to make a sharp sound rapidly, to clatter, to talk thoughtlessly. खड़खड़ाना, खड़खड़ाहट का शब्द करना, वृथा बकवाद करना;-*n.* a loud rapid sound, a toy which produces a rattling sound. खड़खड़ाहट का शब्द, बच्चों का खिलौना जिसमें से खड़खड़ाहट का शब्द निकले; **Rattle-brained** (thoughtless.) विचार शून्य **To rattle along** (to move with a rattling sound.) खड़खड़ करते हुए चलना ; **To rattle the sword** (to frighten for war.) युद्ध करने के लिये डराना।

Rattler-रॅ-ट्लर्-*n.* a prattler, a noisy person. बकवादी।

Rattling-रॅट्'-लिङ्ग्- *adj.* making a rapid sound. खड़खड़ाहट का शब्द करनेवाला; **Rattling-snake** (a poisonous snake having a number of hard, bony rings loosely joined at the end of the tail which makes

rattling noise.) एक प्रकार का सर्प जिसके चलने पर खड़खड़ाहट का शब्द उत्पन्न होता है।

Ratty-रॅ-टि-*adj*. angry, irritated. क्रुद्ध।

Raucity-रॉ-सिटि-*n*. hoarseness of voice. कर्कश शब्द।

Raucous-रॉ-कस्-*adj*. harsh sounding. कर्कश शब्द करनेवाला ; **Raucously** (-लि)-*adv*. harshly. रूक्ष शब्द करते हुए।

Ravage-रॅ-वे-ज्-*v. t. & i.* to lay waste to, to plunder, to make havoc. नाश करना, लूटना, उपद्रव करना;-*n*. waste, devastation. उपद्रव, लूटपाट, नाश; **Ravager** (-अर्)-*n*. a spoiler or plunderer. लुटेरा, डाकू।

Rave-रेव्-*n*.the framework attached to a car to increase its capacity. पाखड़ी;-*v. t.& i.* to talk wildly, to howl. गरजना, चिल्लाना; -*n*. raving sound of wind. वायु की गड़गड़ाहट।

Ravel-रॅव्-ल्'-*v. t. & i.* (*p. t.* Ravelled.) to complicate, to entangle, to perplex, to disentangle, to examine or enquire into a thing. जटिल करना, फँसाना, व्याकुल करना, सुलझाना, किसी वस्तु के विषय में जाँच-पड़ताल करना; -*n*. entanglement, a broken thread, a loose end. फँसावट, टूटा तागा, खुला या ढीला सिरा; **Ravelling** (-इङ्ग्)-*n*. act of the verb ravel, disentangled thread of woven fabric. 'ravel' क्रिया के सभी कार्य, बिने हुए कपड़े का सुलझा हुआ तागा; - *adj*. entangling. फँसानेवाला ; **Ravelment** (-मेन्ट्) -*n*. perplexity. व्याकुलता।

Ravelin-रॅव्'-लिन्-*n*. an outwork outside a fort. गढ़ (किले) का बाहरी भाग।

Raven-रे'-व्न्-*n*.the black crow. काला (डोम) कौवा;रॅ-व्-न्'-*v. i.& t.* to plunder, to obtain by violence, to eat rapaciously, to have a vehement appetite for. लूटना, बलपूर्वक छीन लेना, भुक्खड़ की तरह खाना, तीव्र अभिलाषा रखना;-*adj*. of shining black colour. चमकते काले रङ्ग का; **Ravener** (-अर्)-*n*. one who plunders. लुटेरा; **Ravening**(-इङ्ग्)-*n*. eagerness to plunder. लूटने की लालसा ; **Ravenous** (-अस्) - *adj*. rapacious, voracious. अति लोलुप, क्षुधातुर, पेटू ; **Ravenously** (-लि)-*adv*. in a ravenous manner. अति लोलुपता से; **Ravenousness** (-नेस्) -*n*. the state of being ravenous. मरभुक्खापन।

Raven-रॅ-व्-न्-*n*. gluttony. भुक्खड़पन।

Raver-रेव्र्-*n*. one who is furious. क्रोधी मनुष्य।

Ravin-रॅविन्-*n*. plunder, robbery, spoil or prey. डाका, लूट-पाट, शिकार।

Ravine-रॅवीन्-*n*. a mountain cleft, a gorge. कन्दरा, खण्ड, दर्रा; **Ravined** (-ड्)-*adv*. with deep narrow gorge. कन्दरायुक्त।

Ravish-रॅविश्-*v. t.* to carry away by violence, to violate, to commit rape upon a woman. बलपूर्वक उड़ा ले जाना, अपहरण करना, किसी स्त्री का सतीत्व भंग करना ; **Ravisher** (-अर्)-*n*. one who ravishes. अपहरण करनेवाला; **Ravishing** (- इङ्ग्)-*n*. seizing by violence. बलपूर्वक अपहरण ; **Ravishingly** (-लि)-*adv*. in a ravishing manner. बलपूर्वक; **Ravishment** (-मेन्ट्)-*n*. abduction, rapture. अपहरण, आनन्द का उन्माद।

Raw-रॉ-*adj*.uncooked,unroasted,unfinished, unripe, inexperienced, untried, untrained, crude, cold and damp. अपक्व, अशिद्ध, अधूरा, कच्चा, अनुभव-रहित, अप्रौढ़, अशिक्षित, फूहड़, ठंढा और तर; -*n*. a sore place. कच्चा घाव या चमड़ा; **Raw cloth** (unfulled cloth.) बिना माँड़ी लगा वस्त्र,; **Raw edge** (an edge without frills.) बिना गोंट या झालर का किनारा; **Raw head**-*n*. a spectre to frighten children. बच्चों को डराने का भूत; **Raw hide** (untanned leather.) बिना कमाया हुआ चमड़ा; **To touch on the raw** (to wound the feelings.) मर्म स्पर्श करना; **Rawish** (-इश्) -*adj*. somewhat raw. कुछ कच्चा; **Rawly** (-लि) -*adv*. in a raw manner. कच्चेपन से; **Rawness** (-नेस्)-*n*. unripe condition. कच्चापन, अप्रौढ़ता।

Ray-रे-*n*. (*pl*. Rays.) a single beam of light, a gleam of intellect, a glance, a radiating line, an array, a kind of large sea-fish. प्रकाश की किरण, बुद्धि का प्रकाश, दृष्टि, कटाक्ष, एक केन्द्र से निकलनेवाली रेखा, प्रबन्ध, अलङ्कार, सजावट, एक प्रकार की बड़ी समुद्री मछली; -*v. i.* (*p. t.* Rayed.) to shine forth. किरण की तरह चमकना; **Rayed** (-ड्) -*adj*. having rays. किरणयुक्त ; **Rayless** (-लेस्)-*adj*. not illuminated. बिना किरण का (अन्धकारमय); **Raylet** (-लेट्)-*n*. a small ray. छोटी किरण।

Raze, Rase-रेज़्-*v. t.* to erase, to throw out, to scratch out. मिटाना, फेंकना, खुरचना।

Razee-रा-ज़ी-*n*. a ship whose upper deck is removed. ऊपरी छत निकाला हुआ जहाज;-*v. t.* to turn into a razee. जहाज की ऊपरी छत निकालना।

Razor-रेज़र्-*n*. an instrument used for shaving hair. हजामत बनाने का उस्तरा या छुरा; -*v. t.* to shave with a razor. उस्तरे से हजामत बनाना; **Razor edge** (very keen.) उस्तरे की

धार के समान चोखा; **Razor strop** (a strop for sharpening a razor.) उस्तरा तेज करने का चमोटा; **Safety razor** (a kind of razor having guards to check the risk of cutting skin.) हजामत बनाते समय चमते में न धँसनेवाला उस्तरा।

Re-रे-*n*. the second note on the octave. सप्तक में दूसरा स्वर, 'ऋषभ'; (री)-*prep*. in the matter of. विषय में; -*pref*. in sense of 'again', 'away'. 'फिर से', 'दूर' अर्थ का उपसर्ग।

Reach-रीच्-*v. t.* & *i.* to stretch out, to attain to, to arrive at, to take without stretching hand, to comprehend, to make reaching motion. फैलाना, प्राप्त करना, पहुँचना, जानना, समझना; -*n*. the power of reaching, expanse, range, influence, mental power. पहुँच, विस्तार, प्रमाण, प्रभाव, मानसिक शक्ति; **Beyond reach** (impossible to attain.) शक्ति के बाहर (अगम्य); **Within the reach of** (obtainable.) प्राप्य, लभ्य।

Reachable-रीचेब्ल्-*adj*. able to be reached. पहुँच के योग्य।

Reacher-रीचर्-*n*. one who reaches. पहुँचनेवाला।

React-री-ऐक्ट्'-*v. i.* to act upon the doer, to act again, to respond to some stimulus. प्रतीकार करना, फिर से करना, प्रत्याघात करना।

Reaction-री-ऐक्शन् -*n*. reciprocal action, counteraction, action of one substance upon another, backward tendency of returning to previous condition, depression after excitement. प्रतिक्रिया, पलटा, विरुद्ध क्रिया, किसी पदार्थ का दूसरे पर कार्य करना, उत्तेजना के बाद की म्लानता; **Reactionary** (-अरि) -*adj*. implying reaction. प्रतिकार करनेवाला; **Reactive** (-टिव्) - *adj*. having power to react. प्रतिकार करनेवाला; **Reactively** (-टिव्-लि)-*adv*. by reaction. प्रतिकार में; **Reactivity** (-टिविटि)-*n*. the state of being reactive. प्रतिकार।

Read-रीड्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Read**-रेड) to express in words, to understand, to study, to reproduce mentally, to learn by observation, to search for, to explain, to perform the act of reading. पढ़ना, समझना, विचारना, अध्ययन करना, खोजना, व्याख्या करना; **To read a person's hand** (to study a person's hand as a palmist.) हस्तरेखा से फल कहना; **To read through** (to read from beginning to end.) आदि से अन्त तक पढ़ना; **To read through the lines** (to investigate secret objects.) गुप्त अर्थ की खोज करना; **Well-read** (वेल्'-रेड्) learned, well-versed. अच्छा पढ़ा-लिखा, विद्वान्।

Readability-रीडेबिलिटि -*n*. readableness. पढ़ने की योग्यता; **Readable** (रीडेब्-ल्)-*adj*. worth reading. पढ़ने योग्य; **Readableness** (-नेस्) -*n*. the state of being readable. पठनीयता ; **Readably** (- लि) - *adv*. in a readable manner. पठनीय ढंग से।

Readdress-री-अ-ड्रेस् - *v. t.* to redirect a letter or parcel to another address. दूसरे पते पर चिट्ठी या पार्सल आदि भेजना।

Reader-रीडर् - *n*. a person employed to read and report, one who corrects proof-sheets of press, a reading-book, one who reads prayer in a church, a high grade university lecturer. पढ़कर सूचना या विवरण देनेवाला व्यक्ति, पुस्तक शुद्ध करनेवाला, 'पाठ्य (अध्ययन) पुस्तक, गिरजे में प्रार्थना पढ़नेवाला, विश्वविद्यालय का उच्च वर्ग का प्राध्यापक।

Readership-रीडर्-शिप्-*n*. the post of a reader. विश्वविद्यालय के शिक्षक का पद।

Readily-रेडिलि-*adv*. promptly, cheerfully. इच्छापूर्वक, शीघ्र, बिना क्लेश के, सुख से।

Readiness-रे डि-नेस्-*n*. willingness, promptitude. इच्छा, उत्साह, शीघ्रता।

Reading-रीडिङ्ग् - *n*. the act of reading, study of books पाठ, अध्ययन; **Different reading**. पाठान्तर; **Reading-desk** (a lectern.) पढ़ने या पुस्तक रखने की मेज; **Reading-room** (a place for reading books, newspapers etc.) पुस्तक, अखबार इ० पढ़ने का स्थान।

Re-adjourn-री'-ऐड्-जर्न्-*v. t.* to adjourn a second time. दुबारा स्थगित करना।

Re-adjust-री'-ऐड्-जस्ट्-*v.t.* to adjust or put in order again. फिर से क्रम में रखना; **Readjustment** (-मेन्ट)-*n*. adjustment of a second time. दुबारा क्रमबद्ध करने का कार्य।

Re-admission-री-ऐड्-मिश्'-अन्' -*n*. act of admitting again. दुबारा भर्ती होना, पुनःप्रवेश।

Readmit-री'-ऐड्-मिट्'-*v.t.* (*p.t.* **Readmitted**.) to admit again. फिर से भर्ती करना।

Re-admittance-री-ऐड्-मिटन्स्- *n*. readmission. पुनःप्रवेश।

Re-adopt-री-अडॉप्ट्'-*v. t.* to take up again. फिर से ग्रहण करना; **Re-adoption** (-शन्)-*n* the act of adopting again. दुबारा ग्रहण करना।

Re-adorn-रीअडोर्न्-*v. t.* to decorate again. फिर से सँवारना या सजाना।

Ready-रॆडि-*adj. & adv.* (*comp.* **Readier**, *sup.* **Readiest**) willing, prompt, present at hand, prepared, easily secured, with complete preparations. इच्छायुक्त (लीन), उद्यत, सत्वर, उपस्थित, प्रस्तुत, सहज में प्राप्त, पूरी तैयारी से; **Ready at hand** (immediately available.) तुरन्त पाने योग्य या प्राप्य; **Ready-made** -*adj.* (ready for immediate use.) पहिले से तैयार किया हुआ; **Ready money** (actual coin.) नकद रुपया; **Ready to go** (prepared to start.) जाने के लिए तैयार; **Ready-witted** (quick in understanding.) विदग्ध, चतुर; **To make ready** (to provide and put in order.) प्रस्तुत करना, तैयार करना।

Re-affirm-री-अ-फ़र्म्' -*v. t.* to affirm or settle again. फिर से स्थिर करना; **Reaffirmation** (-ऐ'-शन्) -*n.* act of reaffirming. दुबारा निश्चय।

Reagent-री-एज्-ऍन्ट्-*n.* a substance which helps to detect the presence of another. वह पदार्थ जो किसी घोल में के अन्य पदार्थ की उपस्थिति ज्ञात करने में मदद करता है।

Real-री-अल्-*adj.* actual, genuine, free, sincere, authentic, consisting of immovable property. सत्य, वास्तविक, यथार्थ (अकल्पित), स्वतंत्र, अधिकारिक, अचल सम्पत्ति का; **Really** (-लि) -*adv.* actually. सचमुच, यथार्थ में।

Realgar-रिऑल्गर्-*n.* red orpiment used in fireworks. लाल हरताल जिसका व्यवहार आतिशबाजी में किया जाता है।

Realism-रीअलिज़्म्-*n.* theory in regard to things in their true nature, freedom from prejudice. किसी पदार्थ के वास्तविक रूप का सिद्धान्त, पक्षपातहीनता; **Realistic** (-इस्ट्-इक्) -*adj.* actual. सत्यरूप का; **Realistically** (-इस्ट्-इकलि)-*adv.* in a realistic manner. सत्य रूप में; **Reality** (-इटि) -*n.* actual existence, fact. सत्यता, यथार्थता; **In reality** (actually.) सचमुच, वास्तव में।

Realizable-रीअलाइज़ेबल्-*adj.* that may be realized. सिद्ध करने योग्य, प्राप्त (वसूल) करने योग्य; **Realization** (-शन्)-*n.* the act of realizing. साधन (सिद्धि), वसूली, प्रत्यक्षीकरण; **Realize** (-आइज़्) -*v. t. & i.* to convert into fact, to make realistic, to conceive as real, to gain as price. साधना, प्रत्यक्ष करना, सिद्ध करना, द्रव्य (मूल्य) पाना।

Re-alliance-री-अलाऍन्स्-*n.* a renewed alliance. दुबारा मेल।

Realm-रॆल्म्-*n.* royal jurisdiction, kingdom domain. राज्य, प्रदेश।

Realness-री'-अल्-नॆस्-*n.* actuality. सत्यता, यथार्थता।

Realty-री'-अल्टि-*n.* (*pl.* **Realties.**) real estate or property. अचल सम्पत्ति।

Ream-रीम्-*n.* twenty quires or 480 (often 500) sheets of paper. बीस जिस्ते कागज की गड्डी;-*v. t.* to enlarge a hole in metal by a reamer. टेकुए से धातु का छिद्र बढ़ाना; **Reamer** (-अर्) -*n.* a tool for enlarging a hole in metal. धातु में छेद फैलाने का औजार, टेकुआ।

Re-animate-री-ऑनिमेट्-*v. t.* to revive, to invigorate. उत्साहित करना, सजीव करना; **Reanimation** (-शन्) -*n.* the act of reanimating. सजीवीकरण।

Reannex-री'-अ-नॆक्स्-*v. i.* to reunite. फिर से मिला देना।

Reap-रीप्-*v.i.&t.* to cut the crop, to gather the harvest, to obtain the fruits of one's labour. अनाज की फसल काटना, लवना, अपने किये का फल भोगना; **As you sow, so you reap** (to be rewarded as fruits of your labour.) जैसी करनी वैसी भरनी; **Reap where one has not sown** (to profit by other's labour.) दूसरे के परिश्रम का फल प्राप्त करना; **Reaper** (-अर्) -*n.* one who or that which reaps. लवनेवाला मनुष्य या यन्त्र; **Reaping** (-इङ्ग्) - *n.* harvesting. लवन, संचय; **Reaping-hook** - *n.* (a sickle.) खेत काटने का हँसुआ।

Reapparel-री'-ऑ-पॅ-रॆल् - *v. t.* to clothe again. फिर से वस्त्र पहिनाना।

Reappeal-री'-अ-पील्-*v. t.* to appeal again. फिर से अपील करना।

Reappear-री'-ऑ-पीअर्'-*v.t.* to appear again. फिर से प्रकट होना।

Reappearance-री-ऑ-पीअरॆन्स्-*n.* a new appearance. फिर से प्रत्यक्ष होना।

Reapply-री'-ऑ-प्लाइ -*v. t. & i.* to apply again. फिर से प्रार्थनापत्र भेजना।

Reappoint-री'-ऑ-पॉइन्ट् -*v. t.* to appoint again. फिर से नियुक्त करना; **Reappointment** (-मेन्ट्) renewed appointment. पुनर्नियुक्ति।

Rear-रीअर्-*n.* the hindermost part, space behind, part of army which is behind.

सबसे पीछे का भाग, पिछला स्थान, सेना का पिछला भाग; At the rear (in the part behind.) पिछली ओर ; Rear-admiral -*n.* a flag-officer in the navy next to vice-admiral, one in command of the rear, a ship bearing a rear-admiral's flag. उप सेनापति के नीचे रहने वाला अंग्रेजी नौ-सेना का एक अधिकारी, पिछले भाग की नौ-सेना का सेनापति, उक्त अधिकारी के झंडे को ढोनेवाला जहाज; Reararch (an inward arch.) भीतरी मेहराब; Rear-guard (a part of the army in the rear.) पीछे की सेना ।

Rear-रीअर्-*v. t. & i.* to raise, to hold upwards, to build, to educate, to breed, to foster, to rise on hind legs. उठाना, उभाड़ना, बनाना, शिक्षा देना, पालन करना, पोषण करना, पिछले पैर के बल खड़े होना; Rearer (-अर्) -*n.* one who rears, a horse that has the habit of rearing. पालन या पोषण करनेवाला, पिछली टांगों पर खड़ा होने की आदतवाला घोड़ा ।

Reargue-री-आर्-ग्यु-*v. t. & i.* to argue a second time. दुबारा बहस करना; Reargument (-मेन्ट्) -*n.* the act of rearguing. दुबारा बहस करने का काम ।

Re-arise-री'-अ-राइज़्'-*v. t.* to rise again. फिर से उठना ।

Rear-line-री-अर्'-लाइन्-*n.* the line in the rear of an army. सेना के पीछे की पंक्ति ।

Rearmost-रीअर्-मोस्ट् - *adj.* farthest in the rear. सबसे पीछे का ।

Re-arrange-री'-अरेंन्ज् -*v. i.* to put into a new order. नये क्रम में रखना; Rearrangement (-मेंन्ट्) -*n.* act of arranging into a new order. नये क्रम में रखने का कार्य ।

Re-arouse-री-अराउज़्-*v. t.* to rouse again. फिर से उठाना या जगाना ।

Reascend-री-असेंन्ड् -*v. i.* to mount again. फिर से चढ़ना ।

Re-ascension-री'-असेंन्शन्-*n.*(also Reascent.) the act of reascending. दुबारा चढ़ाई ।

Reason-री'-ज़न्-*n.* the faculty of distinguishing good from bad, argument, cause, motive, the intellectual faculty, sensible conduct. विवेक-बुद्धि, विचार शक्ति, तर्क, हेतु, आशय (प्रयोजन), न्याय, युक्ति; -*v. t. & i.* to infer, to argue, to relate, to discuss. तर्क करना; By reason of (owing to.) हेतु से ; For this reason (owing to this.) इस कारण से; For what reason ? किस निमित्त ।

Reasonable-रीज़नेबल - *adj.* endowed with reason, rational, agreeable to reason, tolerable, just. विवेक-बुद्धि युक्त, विज्ञ, ज्ञानी, उचित, यथार्थ, युक्त, न्यायसिद्ध ; Reasonableness (-नेस्) -*n.* agreeableness. न्याय्यता, युक्ति ; Reasonably (-बिल) - *adv.* in a reasonable manner. युक्तिपूर्वक, यथोचित रीति से; Reasoner (-अर्)-*n.* one who argues तार्किक, नैयायिक ; Reasoning (-इङ्ग्)-*n.* the faculty of reason, argumentations. विवेक, विचार; Art of reasoning (science of logic.) तर्कशास्त्र ; Reasonless (-लेस्) -*adj.* devoid of reasoning, irrational. निर्बुद्धि, ज्ञानहीन ।

Re-assemble-री'-असेम्बल्-*v. t.* to gather or sum up again. फिर से इकट्ठा करना ।

Re-assert-री'-असर्ट्-*v. t.* to assert again. पुनः स्थापित करना ।

Re-assess-री'-अ-सेस्'-*v. t.* to assess anew. फिर से महसूल इत्यादि स्थिर करना; Reassessment (-मेंन्ट्)-*n.* act of assessing afresh. महसूल का दुबारा स्थिर करना ।

Reassign-री'-अ-साइन्-*v. t.* to transfer to another. दूसरे को देना ।

Reassume- री' -ऑ -स्यूम् -*v. t.* to assume again. फिर से धारण करना ।

Reassurance-री-अश्यूअरेंन्स् - *n.* a second assurance again. हानि का दुबारा बीमा ।

Reassure-री'-अश्योर्-*v. t.* to confirm one again in an honour or opinion or impression, to restore one to confidence again, to re-insure. किसी की मर्यादा या राय या विचार को पुनः पुष्ट करना, किसी को पुनः विश्वास दिलाना, पुनः बीमा करना ।

Reassuring-री-अ-श्यू-अर्'-इङ्ग्-*adj.* restoring again confidence or hope. पुनः विश्वास या आशा देनेवाला ।

Reattach-री-अ-टॅच्-*v. t.* to attach a second time. दुबारा मिलाना ।

Reaumur-रू'-मर् - *n.* special readings in a thermometer where the boiling point is represented by 80° and the freezing point by 0°. (थर्मामीटर्) तापमान नापने के यन्त्र के नाप में विशिष्ट चिह्न ।

Reave, Rieve-रीव्-*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* Reft.) to commit ravage, to take by violence. अत्याचार करना, छीन लेना ; Reaver (-अर्) -*n.* snatching by force, a robber. हठपूर्वक छीनना, लुटेरा ।

Reavow-री-अ-वाउ' -*v. i.* to avow again. दुबारा प्रतिज्ञा करना ।

Rebaptize-री'-बॅप्-टाइज़् -*v. t.* to baptize a second time. दुबारा बप्तिस्मा का संस्कार करना।

Rebate-री-बेॅट्-*v.t.* to diminish the force of, to blunt, to reduce, to subtract, to allow reduction of payment, to lessen vigour, to stop reaction. शक्ति घटाना, भुथरा बनाना, कम करना, घटाना, छूट देना, शक्ति का बल कम करना, प्रतिक्रिया रोकना; -*n.* a deduction from the sum to be paid, discount. बट्टा (छूट), कमीशन; **Rebatement** (-मेॅन्ट्) -*n.* diminution. कमी, छूट।

Rebec-री'-बेॅक्-*n.*(also **Rebeck.**) three-stringed musical instrument. तीनतारा (बाजा)।

Rebel-रेॅब्'-ल-*n.* one who refuses allegiance to and rises against the established government. राजा के शासन का उल्लंघन करनेवाला, राजद्रोही ; - *v. i.* (-रि-बेॅल्') (*p. t.* **Rebelled**) to revolt against authority. राजद्रोह करना: **Rebeller** (-अर्)-*n.* one who revolts. राजद्रोही, बलवाई।

Rebellion-रि-बेॅल्यन्-*n.* revolt. प्रजाक्षोभ, राजद्रोह।

Rebellious-रि-बेॅ-लियस् -*adj.* engaged in a rebellion. राजद्रोही, उपद्रवी; **Rebelliously** (-लि) -*adv.* in a rebellious spirit. राजद्रोह से; **Rebelliousness** (-नेॅस्) -*n.* the quality of being rebellious. राजद्रोह।

Rebellow-री-बेॅ-लो -*v. i. & t.* to resound loudly. जोर से प्रतिध्वनि करना।

Rebind-री'-बाइन्ड्-*v. t.* to bind again. फिर से बाँधना।

Rebirth-री'-बर्थ्-*n.* birth for a second time. पुनर्जन्म।

Rebloom-री-ब्लूम्' -*v. t.* to blossom again. फिर से मुकुलित होना या फूलना।

Reboil-री-बॉइल् -*v. t. & i.* to boil again. दुबारा उबालना।

Rebound-रि-बाउन्ड्' -*v. t.* to spring back. पीछे को उछलना या कूदना; -*n.* the act of flying back. उत्पतन, उछाल।

Rebrace-री-ब्रेॅस्' -*v. t.* to brace again. फिर से बाँधना।

Rebreathe-री-ब्रीद्-*v. t.* to breathe again. दुबारा साँस लेना।

Rebuff-रि-बफ़् -*n.* a sudden check, repulse, defeat, refusal. प्रतिघात, रोक, पराजय, अस्वीकृति; -*v. t.* to refuse, to check, to obstruct. अस्वीकार करना, हटाना, रोकना।

Rebuild-री-बिल्ड्'-*v. t.* (*p. t.* **Rebuilt**) to build up again, to renew. दुबारा बनाना, फिर से मरम्मत करना।

Rebukable-रिब्यूकेॅब्ल्-*adj.* worthy of reprimand. भर्त्सना के योग्य।

Rebuke-रि-ब्यूक्'-*v. t.* to reprove, to censure, to reprimand. निन्दा करना, झिड़कना, डपटना; -*n.* chiding, reprimand, reprobation. निन्दा, झिड़की, डाँट-डपट; **Rebukeful** (-फ़ुल्) -*adj.* full of rebukes. निन्दापूर्ण; **Rebuker**-(-अर्) -*n.* one who rebukes. डाँटनेवाला; **Rebukingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a rebuking manner. झिड़कते हुए।

Rebury-रि-ब-रि -*v. t.* (*p. t.* **Reburied.**) to inter again. दुबारा दफ़न करना।

Rebus-री-बस्-*n.* a kind of enigma or riddle. एक प्रकार की बुझौवल या पहेली।

Rebut-री-बट्' -*v. t.* (*p. t.* **Rebutted.**) to refute, to force back, to disprove. खण्डन करना, पीछे को हटाना, असिद्ध करना।

Rebutment-री-बट्'-मेॅन्ट्-*n.*refutation.खण्डन।

Rebuttable-रीबटेॅब्ल्-*adj.* able to be rebutted or refuted. खण्डन योग्य; **Rebuttal** (-टल्) -*n.* act of refuting. खण्डन।

Rebutter-रीबटर् -*n.* one who refutes. खण्डन करनेवाला, प्रतिवादी।

Recalcitrance-रि-कॅलिसट्रन्स् - *n.* refractoriness. हठ, जिद्द।

Recalcitrant-रि - कॅलिसट्रन्ट -*adj.* refractory अड़ियल।

Recalcitrate-रि-कॅलिसट्रेॅट्-*v. i.* to refuse to comply, to be refractory. आदेश पालन करने से इन्कार करना, हठ करना; **Recalcitration** (-शन्)-*n.* act of kicking back, refractoriness. अनिच्छा, हठ।

Recalesce-री-क-लेॅस् -*v. t.* to regain heat. फिर से उष्णता प्राप्त करना ; **Recalescence** (-सन्स्)-*n.* the condition of regaining heat. पुन: उष्णी भवन।

Recall-रि-कॉल् -*v. t.* to summon back, to recollect, to revoke. वापस बुला लेना, स्मरण करना, चिन्तन करना; -*n.* revocation. खण्डन, दुबारा बुलाहट, पुनरावाहन।

Recallable-रिकॉलेॅब्ल् -*adj.* able to be recalled. स्मरण करने योग्य, वापस बुलाने योग्य।

Recant-रि-कॅन्ट्-*v.t.* to retract, to withdraw. खण्डन करना, वापस लेना।

Recantation-रिकॅन्-टे-शन् -*n.* act of recanting. खण्डन, रुकावट।

Recapitulate-रि- कौं - पिट्यूलेट्-*v. t. & i.* to describe summarily, to make a detail again. संक्षेप में वर्णन करना, विवरण-सहित पुनः व्यवस्था करना; **Recapitulation** (-शन्)-*n.* the act of summarizing the principal points. संक्षिप्त पुनर्कथन या सारांश; **Recapitulatory** (-टरि) -*adj.* summarizing. संक्षेप में वर्णन करनेवाला।

Recaption-री-कौप्शन्-*n.* the act of retaking. पुनरुद्धरण, दुबारा ग्रहण करने का कार्य।

Recaptor-री-कौप्टर्-*n.* one who takes again. दुबारा ग्रहण करनेवाला।

Recapture-री-कौप्चर्-*v. t.* to capture again. फिर से पकड़ना ; -*n.* act of recapturing. पुनर्ग्रहण, पुनःप्राप्ति।

Recast-री'-कास्ट्-*v.t.* to make a new mould, to throw again, to compute a second time. नया सांचा बनाना, फिर से ढालना, दुबारा गणना करना।

Recede-रि-सीड्'-*v. i.* to shrink back, to retreat, to withdraw, to decline in value. पीछे को हटना, परावृत्त होना, मूल्य में कम होना।

Receipt-रि-सीट् - *n.* the act of receiving, amount of money received, a written acknowledgement of money received. प्राप्ति (स्वीकृति), भरपाई, रसीद , स्वीकारपत्र; -*v. t.* to give a receipt for. रसीद देना, रसीद लिखना।

Receivable-रिसीवेबल् - *adj.* that may be received. प्राप्त करने योग्य।

Receive-रि-सीव्-*v.t.* to accept, to take into possession, to admit, to hear, to encounter with, to welcome, to entertain, to meet. स्वीकार करना, अधिकार में लेना, मान लेना, सुनना, सामना करना, स्वागत करना, सत्कार करना, मिलना; **To receive company** (to welcome.) स्वागत करना।

Received-रि-सीव्'-ड्-*adj.* accepted. गृहीत, प्राप्त।

Receiver-रि-सीवर्-*n.* a vessel for containing gases, one who receives a person appointed by a court to administer property of a bankrupt or property under litigation, an officer who receives taxes. गैस भरने का पात्र, प्राप्त करनेवाला, कचहरी से नियुक्त किया हुआ अफ़सर जो दिवालिया का लहना वसूल करता है, कर वसूल करनेवाला अफ़सर; **Receivership** (-शिप्)-*n.* the office of a receiver. उक्त अफ़सर का पद।

Recency-री'-सन्सि -*n.* a newness, lateness. नवीनता।

Recension-रिसेन्शन्-*n.* review, revised text. गुण-दोष-निरूपण, पाठान्तर, शुद्ध किया हुआ मूल ग्रन्थ।

Recent-री' - सेन्ट् - *adj.* of late, modern, fresh. नवीन, नया, हाल का।

Recently-री-सेन्ट्'-लि-*adv.* at a recent date. नवीनता से, हाल में; **Recentness** (-नेस्)-*n.* the state of being recent. अप्राचीनता, नवीनता।

Receptacle- रिसेप्टकल्-*n.* that which contains a thing, a reservoir. रखने का स्थान, पात्र, बर्तन (आश्रय)।

Receptibility-रिसेप्टिबिलिटि-*n.* the possibility of receiving. प्राप्त करने की सम्भावना।

Reception-रिसेप्शन् - *n.* act of receiving formal welcome, admission. स्वागत (सत्कार), अगवानी, प्रवेश; **Reception-room** (a room in which guests are received.) अतिथि के स्वागत करने का कमरा; **Warm reception** (ardent reception.) सत्कारपूर्वक स्वागत।

Receptive - रिसेप्टिव् - *adj.* able to receive ideas. चित्त में भावना उत्पन्न करने योग्य; **Receptively** (-लि)-*adv.* in a receptive manner. मन में भाव उत्पन्न करते हुए; **Receptiveness** (-नेस्), **Receptivity** (-इटि)-*ns.* the state or quality of being receptive. चित्त में भावना की उत्पत्ति।

Recess-री-सेस् -*n.* a niche, retreat, seclusion, temporary suspension of business, vacation. ताखा (आला), गुहा, गुप्तस्थान, अवकाश, अनध्याय;-*v.t.* to make a recess. छिद्र करना।

Recession--रिसेशन् - *n.* restoration, withdrawal. रुकावट, अवरोध; **Recessional** (-अल्) -*adj.* relating to recession. अवरोध-सम्बन्धी।

Recessive-रिसेसिव् - *adj.* receding. अवरोध करनेवाला।

Recharge-री-चार्ज्'-*v. t.* to charge again, to make a fresh attack. दुबारा दोष लगाना, नया धावा करना; - *n.* a renewed charge in a battle. लड़ाई में दूसरा ताज़ा हमला।

Rechargeable-री-चार्जेबल्-*adj.* able to be recharged. दुबारा दोष लगाने योग्य।

Recheat-रि-चीट्'-*v. t.* to whistle up. सीटी बजाना;-*n.* recalling dogs in hunting. शिकार में कुत्तों को लौटाने के लिये सीटी।

Rechoose-री-चूज़्-*v. t.* to choose again. फिर से चुन लेना।

Rechristen-री-क्रिश्चेन्-*v. t.* to convert to Christianity again. दुबारा ईसाई बनाना।

Recidivism-रिसिडिविज़्म् - *n.* the habit of relapsing into a crime. दोबारा अपराध करने का अभ्यास।

Recidivist-रिसिडिविस्ट्-*n.* a habitual criminal. सर्वदा का अभ्यस्त अपराधी।

Recipe-रें सिपि-*n.* (*pl.* **Recipes.**) direction for making a medicine, a medical prescription. औषधि बनाने की विधि, नुस्खा।

Recipiency- रि - सिपिएंन्सि - *n.* a receiving. प्राप्ति।

Recipient-रि-सिपिएन्ट्-*n.* & *adj.* one who receives, receptive. प्रतिग्राहक, प्राप्त करनेवाला।

Reciprocal-रिसि-प्रोकल्- *adj.* mutual, alternating, (*gram.*) reflexive. परस्पर आपस के सम्बन्ध को, (व्या०) परस्पर सम्बन्ध-सूचक; **Reciprocality** (-इटि), **Reciprocalness** (-नेस)-*ns.* the state of being reciprocal. परस्पर-सम्बन्ध; **Reciprocally** (-अलि)-*adv.* interchangeably, mutually. आपस में, परस्पर।

Reciprocate-रिसि - प्रॅकेट्-*v. t.* & *i.* to go with alternate motion, to interchange, to give and take mutually. आगे-पीछे चलना, अदल-बदल करना, आपस में बदलना या फेर-फार करना; **Reciprocating** (-इङ्ग्)-*adj.* moving backwards and forwards alternately. पारी-पारी से आगे-पीछे होनेवाला; **Reciprocation** (-शन्)-*n.* alternation, interchange. परिवर्तन, अदल-बदल, फेर-फार।

Reciprocity-रिसि-प्रॅ-सिटि-*n.* mutual action, interchange of obligation. परस्पर कार्य, अनुग्रह का फेर-फार या अदल-बदल।

Recision-रिसिझन्-*n.* the act of cutting off. काटने का कार्य।

Recital-रिसाइटल्-*n.* the act of reciting, a narrative. पठन, उच्चारण, कथा।

Recitation-रें सि-टे- शन्'-*n.* rehearsal. कथन, वर्णन।

Recitative-रें सि - टे' - टिव् - *adj.* reciting. उच्चारण या आवृत्ति करने या गानेवाला।

Recite-रि-साइट्'-*v. t.* & *i.* to repeat aloud, to rehearse, to relate in order. वर्णन करना, व्याख्या करना, पढ़ना, क्रम से वर्णन करना, चर्चा करना।

Reciter-रिसाइटर् - *n.* a narrator. अनुवादक, उच्चारक।

Recivilize-रीसिविलाइज़्-*v. i.* & *t.* to civilize again. फिर से सभ्य बनना या बनाना।

Reck-रॅक्-*v. i.* & *t.* to pay heed to, to care about. ध्यान देना, चिन्ता करना; **Reckless** (-लॅस)-*adj.* rash, heedless, careless. असावधान, धृष्ट, प्रमत्त; **Recklessly** (-लि)-*adv.* heedlessly, carelessly. असावधानी से, प्रमाद से; **Recklessness** (-नॅस्) -*n.* carelessness. असावधानी।

Reckon-रॅकन्'-*v. t.* & *i.* to calculate, to reason with oneself, to compute, to count, to believe, to esteem. गणना करना, हिसाब करना, मनन करना, गिनना, विश्वास करना, मानना; **To reckon upon** (to be dependent on.) आश्रित होना, भरोसा करना।

Reckoner-रॅकनर्-*n.* one who computes, a calculator. गिननेवाला, जोड़नेवाला; **Reckoning** (-इङ्ग्) - *n.* the act of calculating, settlement of account, estimation, value. गणना, लेखा, हिसाब-किताब।

Reclaim-रि-क्लेम्-*v. t.* & *i.* to recover, to win back, to tame, to bring into a state of cultivation. पुनः प्राप्त करना, सुधारना, पालना, उपजाना; **Reclaimable** (-ए-ब्ल्) - *adj.* able to be reclaimed. सुधारने योग्य।

Reclaimant-रि-क्ले-मन्ट् *n.* one who opposes. विरोध करनेवाला।

Reclamation-रें - क्लमेशन् - *n.* reclaiming, recovery. कुपथ का त्याग, पुनःप्राप्ति, पुनर्ग्रहण।

Reclinate-रॅक्लिनेट्-*adj.* bending downwards नीचे को झुका हुआ; **Reclination** (-शन्)-*n.* the act of reclining. झुकाव।

Recline-रि-क्लाइन्-*v. t.* & *i.* to lie or lean on one side to rest, to rely. झुकना, सहारा लेना, विश्राम करना, आश्रित होना।

Reclose-री-क्लोज़्'-*v. t.* to shut up again. फिर से बन्द करना।

Reclothe-री-क्लोद्'-*v. t.* to dress up again. फिर से वस्त्र पहिनाना।

Recluse-रि-क्लूस्'-*adj.* & *n.* living in retirement or isolation, a hermit or anchorite. निर्जन या एकान्तवासी, सन्यासी (वैरागी); **Reclusely** (-लि)-*adv.* in a recluse manner. एकान्तवास करते हुए, वैराग्य से; **Recluseness** (-नॅस)-*n.* the state of being recluse. वैराग्य।

Reclusion - रिक्लूझन् - *n.* retirement from society. वैराग्य।

Reclusive-रि-क्लू'-सिव्-*adj.* affording retirement from society. वैराग्य-जनक।

Reclusory-रि-क्लू'-सरि-*n.* a hermitage. ऋषि का आश्रम।

Recoal-री' - कोल - *v. t.* & *i.* to fill a ship with coal. जहाज़ में कोयला भरना।

Recoat-री-कोट्'-*v. i.* to lay a second coat. दूसरा अस्तर (या रंग) लगाना।

Recognition-रेकॅग्निशन् -*n.* formal identification or acknowledgement. पहचान, मान्यता, स्वीकृति ।

Recognitory-रिकॅग्निटरि - *adj.* pertaining to recoginition. पहचान या मान्यता सम्बन्धी ।

Recognizability-रेकॅग्नाइज़ेबिलिटि-*n.* identification. पहचान, स्वीकृति; **Recognizably** (-ज़ेब्-लि)-*adv.* in a recognizable manner. पहिचान में, प्रमाण से ।

Recognizable-रेकॅग्नाइज़ेब्ल् -*adj.* that may be recognized. पहिचानने योग्य, प्रमाणित करने योग्य ।

Recognizance-रेकॅग्निज़न्स - *n.* declaration of a bond, a legal obligation entered into before a magistrate not to do particular acts. अंगीकारपत्र, मुचलका ।

Recognizant - रेकॅग्निज़ेन्ट् - *adj.* having consciousness of something. किसी पदार्थ का ज्ञान सूचित करनेवाला ।

Recognization - रेकॅग्नाइज़ेशन् - *n.* the act of recognizing. प्रामाणिकता ।

Recognize -रेकग्नाइज्-*v. t.* to identify, to know again, to acknowledge validity of, to re-examine. पहिचानना, स्मरण करना, सत्यता स्वीकार करना, फिर से परीक्षा करना, प्रमाणित करना, निश्चित करना ।

Recognizer-रेकॅग्नाइज़र् -*n.* one who recognizes. पहिचान करनेवाला, जामिन ।

Recoil- रि-काइल्'-*v. t. & i.* to beat back, to retire, to retreat, to shrink. पीछे हटाना, भाग जाना, ठमकना, ठिठकना; -*n.* a falling back. पीछे की ओर हटाव, ठमक; **Recoiler** (-अर्) - *n.* one who falls back. ठिठकनेवाला; **Recoiling** (-इङ्ग्) - *adj.* starting back, receding. पीछे हटनेवाला; **Recoilingly** (-लि)-*adv.* with recoil. हटते हुए; **Recoilment** (-मेन्ट्)-*n.* the act of recoiling. ठिठक ।

Recoin-री-कॉइन्'-*v. t.* to coin afresh. फिर से सिक्का ढालना; **Recoinage**(-एज)-*n.* the act of coining afresh, new coinage. फिर से सिक्का ढालने की क्रिया, नया सिक्का ।

Recollect-रेकलेक्ट्-*v. t.* to recall in mind, to gather up again, to remember. मन में स्मरण करना, याद करना; **Recollection** (-शन्) -*n.* the power of recollecting. स्मरण-शक्ति, यादगार; **Recollective** (-इव्) -*adj.* having the power of recollecting. स्मरण या याद रखनेवाला ।

Re-collect-री-कलें'-क्ट् -*v. t. & i.* to gather together again. दुबारा जमा या इकट्ठा करना या होना ।

Recolour-री-कलर्-*v. t.* to colour again. फिर से रंगना ।

Recombination-री-कम्बिनेशन-*n.* combining a second time. दुबारा मिलाने का कार्य ।

Recombine-री - कम्बाइन-*v. t.* to combine again. फिर से मिलाना ।

Recomfort-री-कम्फ़र्ट्-*v. t.* to pacify again, to give new strength. फिर से शांत करना, नया उत्साह देना ।

Recommence-री-कमेंन्स्-*v.t.* to begin again. फिर से आरम्भ करना ; **Recommencement** (-मेन्ट्)-*n.* a new beginning. नया आरम्भ ।

Recommend-रेकमेंन्ड्'-*v. t.* to place in the care of, to suggest as fit for, to advise, to make acceptable to. सौंपना, योग्य बतलाना, संस्तुति करना, स्तुतिपूर्वक कहना; **Recommendable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* worthy of recommendation. संस्तुति (सिफ़ारिश) के योग्य; **Recommendation** (-ऍ-शन्)-*n.* a letter of recommendation. संस्तुति-पत्र, गुण-वर्णन, प्रशंसा लेख; **Recommendatory** (-ऍ-टरि)-*adj.* worthy of recommendation. प्रशंसाकारी; **Recommender** (-अर्)-*n.* one who recommends. सिफारिश करनेवाला, संस्तोता ।

Recommit-री-कमिट्'-*v. t.* (*p. t.* Recommitted.) to commit again, to refer a second time. फिर से सौंपना, दुबारा हवाले करना; **Recommittal** (-अल्)-*n.* a second committal. दुबारा हवाला करने का कार्य, पुनः समर्पण ।

Recommunicate-री-कम्युनिकेट्-*v. t.* to communicate a second time. दुबारा सूचित करना ।

Recompact-री-कॅम्पैक्ट्'-*v. t.* to join afresh. फिर से मिला देना ।

Recompense-रेकम्पेन्स्-*v. t.* to make amends for, to compensate, to requite. प्रतिफल देना, क्षति पूर्ति करना, पारितोषिक देना; -*n.* an equivalent returned for something, requital, reward, remuneration, repayment. बदला, पारितोषिक, प्रतिफल, निस्तार ।

Recompilation-रीकम्पिलेशन्-*n.* the act of recompiling. दुबारा ग्रन्थ निर्माण करने का कार्य ।

Recompile-री - कम्पाइल - *v. t.* to compile again. नये सिरे से ग्रन्थ बनाना ।

Recompose-री-कम्पोज़्-*v. t.* to form in a new way again, to quieten. नये सिरे से बनाना, शांत करना ।

Recomposition-री-कम्पोज़िशन् - *n.* renewed composition. नये सिरें की बनावट या रचना ।

Recompound-रीकम्पाउन्ड्'-*v. t.* to compound again. फिर से मिलाना या जोड़ना।

Reconcilable-रेंकन्साइलेंब्ल्-*adj.* able to be reconciled. सन्तुष्ट करने योग्य।

Reconcile -रेंकन्साइल् - *v. t.* to settle a quarrel, to heal up, to conciliate, to bring to agreement, to harmonize. झगड़ा मिटाना, सन्धि कराना, सन्तुष्ट करना, एकता करना; **Reconcilability** (-ऐब्-इल्-इट्-इ), **Reconcilement** (-मन्ट्), **Reconciliation** (-सिलि-ए-शन्) -*ns.* the state of being reconciled. समाधान, विरोध की शान्ति; **Reconciliatory** (-सिलि-ऍट्'-अरि)-*adj.* tending to reconcile. विरोध शान्त करनेवाला, झगड़ा मिटानेवाला।

Recondense-रीकन्डेंन्स्-*v. t.* to condense again. फिर से जमाना या ठोस करना।

Recondite-रेंकन्डाइट्-*adj.* abstruse, hidden, obscure. गूढ़, गुप्त, छिपा हुआ; **Reconditely** (-लि)-*adv.* obscurely. गुप्त रीति से; **Reconditeness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being obscure. गूढ़ता।

Recondition-रीकन्डिशन्-*v. t.* to overhaul, to fit again. फिर से बैठाना या ठीक करना।

Reconditory-रीकॉन्डिटरि-*n.* a storehouse. भण्डारघर।

Reconduct-रीकन्डक्ट्-*v. t.* to conduct again. फिर से मार्ग दिखलाना।

Reconfirm-रीकन्फ़र्म्-*v. t.* to confirm again. फिर से स्थिर या पुष्ट करना।

Reconjoin-रीकन्जॉइन्-*v. t.* to join afresh. फिर से संयुक्त करना या जोड़ना।

Reconnaissance-रि-कॅ-नि-सन्स्-*n.* preliminary survey, military or naval examination of a tract. अनुसन्धान, किसी स्थान की सैनिक परीक्षा।

Reconnoitre-रें-कॅ-नॉयटर्-*v. t. & i.* to make a survey, to learn the condition. अन्वेषण, निरीक्षण या जाँच करना; **Reconnoitrer** (-अर्) -*n.* one who surveys निरीक्षण करनेवाला।

Reconquer-रीकॉङ्'-कर्-*v. t.* to regain, to conquer again. पुनः प्राप्त करना, फिर से जीतना।

Reconquest-री - कॉङ्' - क्वेंस्ट्-*n.* conquest anew. नई जीत।

Reconsider-रीकन्सिडर्-*v.t.* to review. फिर से देखभाल करना; **Reconsideration** (-ऐ-शन्) -*n.* a second consideration. दुबारा देखभाल।

Reconstitute-रीकन्'-स्टि-ट्यूट्-*v.t.* to reconstruct. पुनर्निर्माण करना; **Reconstitution** (-शन्)-*n.* the act of constituting afresh. पुनर्निर्माण।

Reconstruct-रीकन्-स्ट्रक्ट्'-*v. t.* to rebuild. फिर से मरम्मत करना या बनाना; **Reconstruction** (- शन्)-*n.* act of constructing again. पुनर्निर्माण,दुबारा की बनावट; **Reconstructive** (-टिव्)-*adj* able to construct again. पुनर्निर्माण के योग्य।

Reconvene-रीकन्-व्रीन्'-*v.t.* to call together again. फिर से एकत्रित करना या बटोरना।

Reconversion- री - कन्वर्शन् - *n.* a second conversion. दुबारा का परिवर्तन।

Reconvert-रीकन्वर्ट्-*v. t.* to convert again. फिर से पलटना।

Reconvey-रीकन्वें-*v.t.* (*p.t*. Reconveyed.) to convey back. फिर से ले जाना।

Reconveyance-रीकन्वेंएन्स् - *n.* the act of reconveying. वापसी।

Record-रेंकर्ड्-*n.*the state of being recorded, official report of proceedings, remembrance, a public document, facts known, the plate of gramophone. ज्ञात-प्रमाण, लेख-प्रमाण, यादगार, सरकारी कागज, ज्ञात तथ्य, ग्रामोफोन बाजे का तवा;-*v. t.* (रिकॉर्ड्) to register, to represent in a permanent form. रजिस्टर में लिखना, प्रमाणित करना।

Recordable - रिकॉर्डेब्ल् - *adj.* able to be recorded. प्रमाणित करने योग्य।

Recorder - रिकॉर्डर् - *n.* one who records. लेखक, दफ़्तर का कागज रखनेवाला।

Recount-रीकाउन्ट्'-*v. t.* to relate, to tell in detail, to count again. वर्णन करना, विस्तार सहित कहना, फिर से गिनना।

Recountal-रिकाउन्टल्-*n.* a narration. वर्णन, बयान।

Recoup-रि-कूप'-*v. t. & i.* to make a deduction, to make good, to compensate. कम करना, पूरा करना, हानि की पूर्ति करना।

Recoupment-रि- कूप' - मेंन्ट् - *n.* the act of recouping. हानि की पूर्ति।

Recourse-रि-कोर्स्-*n.* resort to a possible help, thing resorted, helper, a flow or running-back, return, opportunity or passage to return. आश्रय, आलम्ब (सहायता), सहायक, पीछे की ओर बहाव या चाल, वापसी। वापस होने का मौका या रास्ता; **To have recourse to** (to adopt as helper.) सहारा लेना।

Re-cover-रीकवर्-*v. t.* to cover again. दुबारा ढाँकना।

Recover-रि-कवर्-*v. t. & i.* to regain possession of, to cure, to reclaim, to secure,

to regain health or consciousness, to get over. फिर से प्राप्त करना, रोग से विमुक्त होना, चंगा होना, सँभालना, पूर्व-स्थिति पर पहुँचना, होश में आना ।

Recoverable-रिकवरेंबल - *adj.* able to be recovered or restored. आरोग्य होने योग्य, पुन: प्राप्त करने योग्य ; **Recoverableness** (-नेस्)-*n.* the state of being recoverable. पुन: प्राप्ति; **Recovery** (-इ)-*n.* the act of recovering, restoration from illness. पुनर्लाभ, आरोग्य-प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ ।

Recreancy - रें - क्रिअन्सि - *n.* cowardliness. भीरुता ।

Recreant-रें-क्रिअन्ट् - *adj.* & *n.* cowardly, apostate, false, a mean-spirited wretch. डरपोक, धर्मभ्रष्ट, झूठा, पतित, नीच; **Recreantly** (-लि)-*adv.* in a cowardly manner. डर से ।

Recreate-रें-क्रिएँट्-*v.i.* & *t.* to reanimate, to refresh, to amuse, to entertain, to occupy agreeably, to create again. सचेत करना, ताजा करना, आनन्द करना, मनोरञ्जन करना, सन्तुष्ट करना, फिर से उत्पन्न करना; **Recreation** (-ए-शन्)-*n.*refreshment after labour. विश्राम, मनोरंजन; **Recreative** (-इव्)-*adj.* tending to refresh. आनन्द देनेवाला, मनोरंजक; **Recreatively** (-इव्-लि)-*adv.* in a way to recreate. सन्तुष्ट करते हुए; **Recreativeness** (-इव्-नेस्) -*n.*the quality of being recreative. आश्वासन, सन्तोष, मनोरञ्जकता ।

Recrement-रें - क्रि - मन्ट्-*n.* waste product, refuse, fluid which is separated from the blood and is again absorbed in it. तलछट, खाद, पित्त, लार इत्यादि जो रुधिर से अलग होता तथा फिर इसमें मिल जाता है ।

Recremental-रें-क्रिमेन्टल्-*adj.* (also **Recrementitious.**) pertaining to recrement. तलछट-सम्बन्धी ।

Recriminate-रिक्रिमि-नेट् - *v. i.* to indulge in mutual charges, to accuse in return. उलटा दोष या कलंक लगाना, परस्पर अभियोग लगाना ।

Recrimination-रिक्रिमनशन्-*n.* indulging in mutual charges. परस्पर दोष का आरोपण ।

Recriminative-रिक्रिमिनेटिव् - *adj.* retortive. वादी का प्रतिवादी पर दोष लगाने का ।

Recriminator-रिक्रिमिनेटर्-*n.* one who accuses an accuser with a like crime. दोष लगाने पर वही दोष दूसरे पर लगानेवाला व्यक्ति; **Recriminatory** (-टरि)-*adj.* retorting. वादी परप्रतिवादी का दोष लगानेवाला ।

Recross-री'-क्रॉस्-*v t.*to cross a second time, to cross-examine again. दुबारा पार करना, दुबारा जिरह करना ।

Recrudesce-री-क्रु-डेंस्-*v. i:* to break out again. फिर से उभड़ आना या निकल आना ।

Recrudescence(y)-री-क्रु-डें-सेंन्स् (-इ)-*ns.* a state of becoming sore again. आरोग्य होकर फिर से रोगी होने की अवस्था ।

Recrudescent-रीक्रु डें सेंन्ट्-*adj.*breaking out again. फिर से उभड़नेवाला ।

Recruit-रि-क्रूट्'-*n.* a newly enlisted soldier, a tiro. नया सिपाही, नवसिखुआ (रंगरूट):-*v. t.* & *i.* to enlist as a recruit, to recover in health, to re-invigorate, to refresh. नये सैनिक भर्ती करना, स्वस्थ होना, नया बल प्राप्त करना, ताजा करना; **Recruital** (-अल्) - *n.* enlistment. सेना में नई भर्ती करने का कार्य; **Recruiter** (-अर्)-*n.* one who recruits. नये सैनिक भर्ती करनेवाला ; **Recruiting** (-इङ्ग्); **Recruitment** (-मेंन्ट्) -*ns.* the act of enlisting men in an army. रंगरूट की भर्ती ।

Rectal-रेंक्टल्-*adj.* pertaining to the rectum. गुदा-सम्बन्धी

Rectangle-रेंक्'-टैंङ्ग् - ल् -*n.* a rectilineal figure of four sides, the opposite sides of which are equal and parallel and all the four angles are right angles. आयत ।

Rectangular-रेंक्टैंङ्ग्युलर् - *adj.* having the shape of a rectangle. समकोण चतुर्भुज के आकार का, आयताकार; **Rectangularity** (-इटि) -*n.* the quality of being a rectangle. आयताकारिता; **Rectangularly** (-लि)-*adv.* in a rectangular form. आयताकार रूप में ।

Rectifiable-रें-क्टिफ़ा-इ-एँबल्-*adj.* that may be rectified. शुद्ध करने योग्य ।

Rectification-रें क्टिफ़िकेशन्-*n.* the act of rectifying. समाधान, शुद्धि; **Rectified** (-फ़ाइड्)-*adj.* re-distilled. दुबारा छाना या अर्क उतारा हुआ; **Rectifier** (र क्टि-फ़ायर्) -*n.* one who or that which rectifies. परिशोधक, शुद्ध करनेवाला ।

Rectify-रेंक्'-टि-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* **Rectified.**)to correct, to put right, to adjust, to get rid of. शुद्ध करना, ठीक करना, समाधान करना, छुटकारा पाना ।

Rectigrade-रेंक्'-टि-ग्रेड्-*adj.* walking straightforward. सामने चलनेवाला ।

Rectilineal, Rectilinear-रॅक्टिलिनिअल्, (-अर्) -*adjs.* bounded by or made up of straight lines. सीधी रेखाओं से घिरी या बनी हुई; **Rectilinearity** (-इटि)-*n.* rectilinear form. सीधी रेखावाली आकृति; **Rectilinearly** (-लि) -*adv.* in a rectilinear form. सीधी रेखा की आकृति के रूप में ।

Rectitude-रॅक्टि-ट्यूड् - *n.* righteousness, correctness, honesty. सदाचार, सचाई, ईमानदारी ।

Recto-रक्ट्-ॲ-*n.* the right-hand page of an open book. खुली हुई पुस्तक का दाहिना पृष्ठ।

Rector-रॅक्टर्-*n.* a clergyman, the head of a university or college. पादरी, विश्वविद्यालय का अध्यक्ष ।

Rectorate-रॅक्टॅ-रॅट्, **Rectorship** (-शिप्)-*ns.* the office of a rector. अध्यक्ष का पद ।

Rectorial-रॅक्टोरिअल् - *adj.* pertaining to a rector. अध्यक्ष-सम्बन्धी ।

Rectory-रॅक्टरि-*n.* the residence of a rector. पादरी या अध्यक्ष का घर ।

Rectress-रॅक्ट्रॅस्-*n. fem.* a female rector. स्त्री अध्यक्ष ।

Rectum-रॅक्'-टम्-*n.* the end of the large intestine. बड़ी आँत का अन्तिम छोर जो गुदा में मिला होता है, बड़ी आंत, मलाशय ।

Recumbation-रि-कम्बेशन् - *n.* leaning or lying condition. झुकान, लेटी हुई हालत ।

Recumbency-रि-कम्बॅ-न्सि-*n.* the state of being recumbent. झुकाव, लेटी हुई स्थिति ।

Recumb-रि-कम्'-*v. i.* to recline, to repose. लेटना, विश्राम करना ।

Recumbense-रि-क-म्बॅन्स्-*n.* act of reposing. विश्राम करने का कार्य ।

Recumbent-रॅ-क-म्बॅन्ट् - *n.* & *adj.* reclining, reposing, lying down. झुका हुआ; **Recumbently** (-लि) - *adv.* in a leaning posture. झुकी हुई अवस्था में ।

Recuperable-रिक्यूपरॅबल् - *adj.* recoverable. पुनः स्वास्थ्य प्राप्त करने योग्य ।

Recuperate-रि-क्यू-परॅट्-*v. t.* & *i.* to recover from illness, to regain pecuniary loss. रोग-निवृत्त होना, धन की हानि पुनः प्राप्त करना; **Recuperation** (-शन्)-*n.* recovery from illness. रोग-निवृत्ति, आरोग्य; **Recuperative** (-टिव्)-*adj.* pertaining to recovery from illness. आरोग्य-सम्बन्धी ।

Recur-रॅ-कर्-*v. i.* (*p. t.* **Recurred.**) to go back in thought, to come up again in the mind. फिर से ध्यान में आना, स्मरण होना ।

Recurrence-रि-क-रॅन्स्, **Recurrency** (-रॅन्'-सि)-*ns.* return. पुनरागमन, फिर से आवृत्ति ।

Recurrent-रि-क-रॅन्ट्, **Recurring** (-रिङ्ग) -*adjs.* returning again. बार-बार होनेवाला आवर्तक; **Recurrently** (-लि) - *adv.* in a recurrent manner. आवर्तक रूप में ।

Recurvate-रीकर्'-वॅट्-*v. t.* to curve again. फिर से मोड़ना, पीछे का झुकाव ।

Recurvature-री-कर्वॅचर्-*n.* a bending backwards. दुबारा मुड़ान।

Recurve-री-कर्व्-*v. i.* & *t.* to curve or bend backwards. पीछे की ओर घूमना या घुमाना ।

Recurvous-रीकर्वस्-*adj.* bent backward. पीछे की ओर झुका हुआ ।

Recusance-रि-क्यूजन्स्-*n.*obstinacy.विरोध, हठ; **Recusant** (-ज़न्ट्) -*n.* one who refuses to submit to authority, obstinate in refusing. अधिकार का विरोधी, अस्वीकार करने में हठी ।

Recusation-रॅ-क्यु-ज़े'-शन् - *n.* the act of challenging a judge. न्यायाधीश की आज्ञा का विरोध ।

Red-रॅड्-*adj.* (*comp.* **Redder,** *sup.* **Reddest.**) of the colour of blood. लाल रंग का, रुधिर के रंग का; **Red Admiral** (a kind of butterfly.) एक प्रकार की तितली; **Red flag** (a sign of danger.) भय-सूचक चिह्न; **Red Indian** (the copper-coloured Indian of North America.) उत्तरी अमेरिका के प्राचीन निवासी; **Red with anger** (flushed in the face.) क्रोध से मुख लाल किये हुए; **With red hands** (stained with blood.) हत्या करनेवाला, हाथ में रुधिर लगाये हुए ।

Redact-रि-डीक्ट्'-*v. t.* to arrange for publication, to edit. प्रकाशित करने के लिये क्रम में रखना, संपादन करना; **Redaction** (-शन्)-*n.* preparing for publication, new edition. प्रकाशन के लिये तयारी, संग्रह, नवीन संस्करण।

Redan-रि-डॅन्'-*n.* a projection in the wall of a fort. किले की दीवार का उभाड़ ।

Redd-रॅड्-*v. t.* to arrange, to settle. क्रम में करना, स्थिर करना ।

Redden-रॅ-ड्न्-*v. t.*&*i.* to make or become red. लाल करना या लाल होना ।

Reddish-रॅ-डिश्-*adj.* somewhat red. कुछ लाल; **Reddishness** (-नॅस्)-*n.* moderate redness. थोड़ी लाली ।

Reddition - रॅ - डि' - शन् - *n.* surrender. आत्मसमर्पण ।

Redditive-रें - डि - टिव् - *adj.* answering a question. प्रश्न का उत्तर देनेवाला ।

Reddle-रें-डल् -*n.* red ochre. लाल खड़िया, गेरू; -*v. t.* to colour with red ochre. गेरू से रँगना ।

Rede-रीड् -*n.* advice, counsel. सलाह; -*v. t.* to advise. सलाह देना ।

Redeem-रि-डीम्-*v.t.* to buy back, to ransom, to rescue, to make amends for. फिर मोल लेना, धन देकर छुड़ाना, बचाना, बदला देना; **Redeemable** (-एॅब्ल्) - *adj.* capable of redemption. मुक्त करने योग्य; **Redeemer** (-अर्)-*n.* one who redeems. मुक्त करनेवाला।

Redeliberate-री-डें-लि-बरेट्' -*v. t.* to consider again. फिर से विचार करना ।

Redeliver-री-डि-लि-व्रर् -*v. i.* to deliver a second time. फिर से सौंपना, मुक्त करना या छोड़ना; **Redeliverance** (-ऑन्स्)-*n.* a second deliverance. पुनर्मुक्ति; **Redelivery** (-इ) -*n.* liberation a second time. पुनरुद्धार ।

Redemand-री-डि-मान्ड्'-*v. t.* to demand a second time. दुबारा माँगना ।

Redemise-रीडिमाइज़्-*n.* work of conveying again. दुबारा ले जाने का कार्य ।

Redemption-रि-डेंम्प्शन्-*n.* deliverance from sin by atonement, ransom, repurchase. प्रायश्चित्त द्वारा पाप से मुक्ति, धन देकर मुक्त करने का साधन या कार्य, दुबारा मोल लेने का काम ।

Redemptive-रि-डेंम्प्' - टिव् - *adj.* delivering. छुटकारा देनेवाला ।

Redingote-रें डिङ्गोट्-*n.* a woman's overcoat. स्त्रियों का सबसे ऊपर पहनने का लम्बा कोट।

Redintegrate-रेंड्-इन्टिग्रेट-*v. t.* to restore to perfect state, to renew. पूरा करना, नया करना; **Redintegration** (-शन्) -*n.* renovation. नवीनता; **Redintegrator** (-टर्) -*n.* one who renews. नया करनेवाला ।

Redirect-री-डाइ-रेंक्ट्'-*v. t.* to direct again. फिर से निर्दिष्ट करना, सन्धान करना ।

Rediscover-री-डिस्कव्रर् -*v. t.* to find out again. फिर से पता लगाना ।

Redistribute-री-डिस्ट्रिब्यूट्-*v. t.* to distribute a second time. फिर से बाँटना; **Redistribution** (-शन्) -*n.* a second distribution. दुबारा वितरण ।

Redivide-री-डिवाइड्' -*v. t.* to divide again. फिर से भाग करना ।

Red-letter-day-रेंड् लें-टर्-डे-*n.* a festive or a memorable lucky day. उत्सव या सौभाग्य का दिन ।

Redly-रेंड्'-लि-*adv.* in a red manner. लाली से; **Redness** (-नेंस) -*n.* the state of being red. लालपन, लाली ।

Redolence-रेंड्'-ॲ - लेंन्स् - *n.* sweetness of scent. सुगन्ध ।

Redolent-रेंड्-ॲ-लेंन्ट्-*adj.* fragrant, possessing a sweet smell. सुगन्धित, अच्छी गन्ध का; **To make redolent** (to make fragrant. सुवासित करना, बासना ।

Redouble-री-ड-ब्ल् -*v. t. & i.* to multiply, to repeat again. दुगुना करना, दुहराना ।

Redoubt-रि-डाउट्'-*n.* a small temporary fort, an outwork. गढ़ किला, धुस्स, कोट; -*v. t.* to fear. डरना ।

Redoubtable-रें-डाउटेंबल्-*adj.* terrible, formidable. भयंकर, उग्र ; **Redoubted** (-टेंड) -*adj.* terrible, mean. कुत्सित, नीच ।

Redound-रि-डाउन्ड्-*v.i.* to make contribution in the end, to come as a final result. अन्त में सम्पादन करना, परिणाम के रूप में निकलना ।

Redraft-री-ड्राफ़्ट्' - *v. t.* to draft again. फिर से खाका बनाना; -*n.* a new draft or copy. दुबारा बना हुआ खाका ।

Red-rag-रेंड्'-रैग्-*n.* anything which excites anger. क्रोध उत्पन्न करनेवाला पदार्थ ।

Redraw-री-ड्रॉ' -*v. t.* (*p. t.* **Redrew**, *p. p.* **Redrawn.**) to draw a second time. दूसरी बार खींचना या उतारना ।

Redress-रि-ड्रेंस-*v. t.* to remedy, to readjust, to set right, to rectify, to repay, to compensate. औषधि करना, दुबारा दुरुस्त करना, ठीक से बिठाना या जमाना, संस्कार करना, बदला देना, टोटा पूरा करना; -*n.* deliverance from oppression. कष्ट या पीड़ा से मुक्ति; **Redresser** (-अर्) -*n.* one who gives redress. कष्ट से छुटकारा देनेवाला ।

Redressible-रिड्रें - सिब्-ल - *adj.* able to be redressed. संस्कार करने योग्य, छुटकारा देने योग्य, दुरुस्त करने योग्य ।

Redressive-रिड्रेंसिव् -*adj.* affording redress. बदला या छुटकारा देनेवाला ।

Redsear-रेंड्'-सिअर् -*v. i.* to break a thing when red-hot. किसी वस्तु को लाल गरम होने पर तोड़ना ।

Red-short-रेंड्'-शॉर्ट्-*adj.* breaking when red-hot, brittle. तपाने पर टूटनेवाला, कुड़कीला ।

Redstreak-रेंड्'-स्ट्रीक्-*n.* (also **Red-strake.**) a kind of apple. एक प्रकार का सेब ।

Red-tape-रेंड्' - टेप् - *n.* one who makes

excessive use of formalities. आचार में अधिक ध्यान देनेवाला; **Red-tapism**-*n.* a strict adherence to official formalities. सरकारी दफ्तरों के कानूनों, क़ायदों की कड़ी पाबन्दी, लालफीते की कार्यवाही।

Reduce-रि-ड्यूस्'-*v. t.* to bring back to original position, to make suitable, to subdue, to weaken, to diminish. पूर्व स्थिति में पहुँचाना, योग्य बनाना, अधीन करना, निर्बल करना, कम करना; **Reduced circumstances** (extreme poverty.) दरिद्र अवस्था; **Reduced in body** (lean and thin.) क्षीणशरीर, दुर्बल; **to reduce to ashes** (to turn to ashes.) भस्म करना; **To reduce to a system** (to restore to a systematic condition.) व्यवस्था करना; **To reduce to a skeleton** (to turn to a skeleton.) ठठरी बना देना; **Reducement** (-मेन्ट्) -*n.* act of reducing. न्यून करने का कार्य; **Reducent** (-सेन्ट्) -*adj.* tending to reduce. कम करनेवाला; **Reducer** (-अर्)-*n.* he who or that which reduces. कम करनेवाला; **Reducibility** (-इ-बिलिटि) -*n.* the quality of being reducible. न्यूनीकरण, कम करने की योग्यता; **Reducible** (-इ-ब्ल्) -*adj.* able to be reduced. कम करने योग्य।

Reduction-रिडक्शन् -*n.* the act of reducing, diminution, subjugation. न्यूनता, कमी, पराभव; **Reductive** (-टिव्) -*adj.* tending to reduce. कम करनेवाला; **Reductively** (-लि) -*adj.* by reduction. कम करते हुए।

Redundance-रिडन्डेन्स् -*n.* excess, superfluity. अधिकता, बहुतायत; **Redundancy** (-इ)-*n.* excess. अधिकता, व्यर्थता; **Redundant** (-डेन्ट्) -*adj.* excessive, superfluous, copious. अतिशय, अतिरिक्त, अधिक; **Redundantly** (-लि) -*adv.* excessively, superfluously. अधिकता से।

Reduplicate-री-ड्यू'-प्लिक्-एट -*v. t.* to double, to repeat. दुहराना, पुनरावृत्ति करना; **Reduplication** (-शन्)-*n.* the act of doubling again. दुहराव; **Reduplicative** (-टिव्) -*adj.* doubling again. दुहरानेवाला।

Re-echo-री'-ऍक्-ओ-*v. t. & i.* to echo again, to resound. फिर शब्द उत्पन्न करना या होना, गूँजना; -*n.* an echo of an echo. पुनर्ध्वनि।

Reed-रीड्-*n.* the stalk of a marshy plant, a musical pipe, an arrow. नरकट, मुश्कबत, बांसुरी, तीर; -*v. t.* to thatch with reeds. नरकट का छप्पर बनाना; **Broken reed** (an unreliable person.) अविश्वासी मनुष्य; **To lean on a reed** (to put trust in something weak.) दुर्बल पदार्थ का सहारा लेना।

Re-edify- री-ऍ-डि-फ़ाइ' -*v. t.* (*p. t.* Reedified.) to build up again. फिर से मकान बनाना।

Reediness-री-डि-नेस्-*n.* slenderness. दुर्बलता, दुबलापन।

Re-edit-री-ऍडिट्-*v. t.* (*p. t.* **Re-edited.**) to edit again. दुबारा (शुद्ध करके) प्रकाशित करना।

Reedy-री-डि -*adj.* made of reed, weak, slender, not clear. नरकट का बना हुआ, दुर्बल अस्पष्ट।

Reef-रीफ्-*n.* (*pl.* **Reefs.**) portion of sail, mass of rock or shingle just above water. पाल का वह भाग जो लपेटा जा सकता है, चट्टान का वह भाग जो समुद्र में पानी के समीप हो: -*v. t.* to shorten sails. पाल लपेटना।

Reefer-रीफ़र्-*n.* a double-breasted coat worn by sailors. मल्लाहों के पहनने की मिरजई।

Reefy-री-फ़ि-*n.* full of rocks. चट्टानों से परिपूर्ण।

Reek-रीक् - *n.* vapour, smoke, foul odour. वाष्प, धुवाँ, दुर्गन्ध; -*v. i.* to emit vapour or smoke, to smell strongly. भाप या धुवाँ फेंकना, तेज दुर्गन्ध निकालना; **Reeking** (-इङ्ग्') -*adj.* of disagreeable odour. दुर्गन्ध फेंकता हुआ; **Reeky** (-इ) -*adj.* smoky, foul. वाष्पमय, दुर्गन्धयुक्त।

Reel-रील्-*n.* a frame on which thread, paper &c. are wound, revolving part of a machine, a kind of dance. चर्खी, घिरनी (गड़ारी), किसी यन्त्र का चक्कर खाता हुआ भाग, एक प्रकार का नाच; -*v. i. & t.* to stagger, to wind on a reel. लड़खड़ाना, चक्कर खाना, चर्खी पर लपेटना; **Off the reel** (without pause, rapidly.) बिना रुकावट के, शीघ्रता से; **Reelingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* with a stagger. चक्कर खाते हुए, लड़खड़ाते हुए।

Re-elect-री - इलेक्ट्' -*v. t.* to elect again. दुबारा चुनाव करना; **Re-election** (-शन्)-*n.* election a second time. दुबारा चुनाव।

Re-eligible-री-ऍ-लिजि-ब्ल् -*adj.* capable of being elected again. दुबारा चुने जाने योग्य।

Re-embark-री-ऍम्बार्क् -*n.* to put on board a ship again. दुबारा जहाज़ पर लादना।

Re-embarkation-री'-ऍम्बार्-केशन् -*n.* the act of embarking again. दुबारा जहाज़ लादने का कार्य।

Re-emerge-री'-इमर्ज्- *v. i.* to emerge again. दुबारा जल में से निकलना, दुबारा जहाज़ पर लादना।

Re-enable-री-ऍने-ब्ल्'-*v. t.* to enable again. फिर से योग्य करना।

Re-enact-री - ऍ नीक्ट्-*v. t.* to enact again. किसी नियम का पुनः प्रचार करना।

Re-enforce-री-इन्फ़ोर्स्'-*v. t.* to strengthen again. फिर से शक्ति प्रदान करना; **Re-enforcement** (- मेन्ट्) - *n.* assistance, additional force of troops. सहायता, नई सेना का बनाना ।

Re-engage-री-इङ्गेज्'-*v. t.* to appoint again. फिर से नियुक्त करना ।

Re-engine-री-एॅन्' - जिन्-*v. t.* to attach an engine again. फिर से इञ्जन लगाना या जोड़ना।

Re-enlist-री - एॅन्' - लिस्ट्-*v. t.* to take into service again. दुबारा नौकर रख लेना; **Re-enlistment** (-मेन्ट्)-*n.* the act of re-enlisting. दुबारा नौकर रखने का कार्य ।

Re-enter-री-एॅन्टर्-*v. t.* to enter again. फिर से प्रवेश कराना या घुसाना; **Re-entrance** (-ट्रॅन्स्)-*n.* the act of entering again. पुन: प्रवेश; **Re-entrant** (-ट्रॅन्ट्)-*n.* & *adj.* inwardly inclining angle, of such an angle. भीतरी ओर के मुखवाला कोण, ऐसे कोण का; **Re-entry** (-ट्रि) -*n.* re-entrance. पुनःप्रवेश, दुबारा प्रवेश करने का कार्य ।

Re-establish-री-एॅस्टॅब्लिश्-*v.t.* to confirm or establish again. फिर से स्थिर या स्थापित करना; **Re-establishment** (-मेन्ट्) -*n.* the act of re-establishing. पुनर्नियुक्ति, दुबारा स्थापन ।

Reeve-रीव्-*n.*the chief magistrate of a town, a governor. किसी नगर का प्रधान अधिकारी, राज्यपाल ;-*n. fem.* of Ruff. मादा अबाबील; -*v. t.* to fasten with a rope. रस्से से बाँधना ।

Re-examine-री-एॅग्ज़ॅमिन् -*v. t.* to examine again. फिर से परीक्षा करना या जाँचना ।

Re-exist-री-एॅग्ज़िस्ट्-*v. t.* to come into being again. फिर से शरीर धारण करना ।

Re-export-री-एॅक्स्'-पोर्ट्-*v.t.* to export again. अपने देश में आई हुई वस्तु को फिर से बाहर भेजना।

Re-fashion-री-फ़ैशन्-*v. t.* to change again the form of. फिर से सुधारना या दुरुस्त करना।

Refection-रिफ़ॅक्शन्-*n.*a small repast, refreshment. अल्प आहार, लघु भोजन, जलपान ।

Refective - रिफ़क्टिव् - *adj.* refreshing. ताज़ा करनेवाला ।

Refectory-रिफ़ॅक्टरि-*n.* a room where meals are taken. भोजनगृह ।

Refer-रॅ-फ़र्'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Referred.**) to send back, to submit for information or decision, to assign, to have relation, to allude, to appeal, to quote as instance. वापस भेजना, निर्णय या सूचना के लिए भेजना, आरोपण करना, सम्बन्ध रखना, निर्देश करना, अपील करना, प्रमाण देना ।

Referable-रॅ-फ़रॅ-ब्ल्-*adj.* able to be referred. निरूपण करने योग्य ।

Referee-रॅ-फ़री-*n.* an arbitrator, an umpire in a game. प्रमाण-पुरुष, निर्णयकर्ता ।

Reference-रॅफ़रॅन्स्-*n.* an act of referring relation, allusion, respect. निर्देश, सन्दर्भ, सम्बन्ध, उल्लेख, संकेत; **Book of reference** (a book of consultation.) निर्देश-पुस्तक; **Cross reference** (referring to another passage in the same book.) एक ही पुस्तक के अनेक स्थलों का संदर्भ ।

Referendary-रॅफ़रॅन्डरि-*n.* a referee. निर्देशक, प्रमाणपुरुष ।

Referendum-रॅफ़रॅन्डम्-*n.* the practice of referring political questions to the electorate for decision. किसी राजनीतिक विषय को निर्वाचित सदस्यों के सम्मुख स्थिर करने के लिए प्रस्तुत करना ।

Referential-रॅफ़रॅन्शल्-*adj.* having reference to something. किसी से सम्बन्ध रखता हुआ ।

Referentially-रॅफ़रॅन्शलि-*adv.* in the way of reference. सम्बन्ध के रूप में ।

Re-ferment-री-फ़र्-मेन्ट् - *v. t.* to ferment again. दुबारा उफान लाना ।

Refill-री'-फ़िल्-*v. t.* to fill again. फिर से भरना; -*n.* something ready to be filled in place of another. पुन: भरने की वस्तु ।

Refind-री-फ़ाइन्ड्'-*v. t.* (*p. t.* **Refound.**) to find again. पुन: प्राप्त करना ।

Refine-रि-फ़ाइन्'-*v.i.* to purify, to free from defects,to make elegant, to polish manners, to improve upon. शुद्ध करना, विमल करना, सुधारना, आचार विमल करना, उन्नति करना ।

Refined-रि-फ़ाइन्ड्'-*adj.* polished, elegant, made fine. मलरहित, संस्कार किया हुआ, अति सूक्ष्म ।

Refinement-रिफ़ाइन्मेन्ट्-*n.* act of refining, fineness of taste or feeling, purity of taste &c., polish of language or manner, elegance. शुद्धता, शिष्टता, विनय, शृङ्गार; **Refinement of manners** (polished manners.) शिष्टाचार; **Refiner** (-अर्)-*n.* one who refines. (धातु इत्यादि को) शुद्ध करनेवाला; **Refinery** (-अरि) -*n.* a place or apparatus for refining. किसी पदार्थ को स्वच्छ या शुद्ध करने का स्थान या यन्त्र ।

Refit-री-फ़िट्'-*v.t.* (*p.t.* **Refitted.**) to repair again. फिर से मरम्मत करना या सुधारना ।

Reflect-रि-फ़्लेक्ट्-*v.t.&i.* to throw back the image, to consider seriously, to meditate. प्रतिबिम्ब डालना, चिन्तन करना (विचारना), ध्यान करना; **To reflect on** (to cast censure.) भर्त्सना करना।

Reflectant-रि-फ़्लेक्-टॅन्ट् - *adj.* flying back. पीछे की ओर उड़नेवाला।

Reflected-री-फ़्लेक्'-टेड्-*adj.* thrown back. प्रतिबिम्बित।

Reflectible-रि-फ़्लेक्टिब्ल् - *adj.* able to be thrown back. पीछे की ओर फेंके जाने योग्य।

Reflecting-रि-फ़्लेक्टिङ्ग्-*adj.* throwing back, given to reflection. प्रतिबिम्ब फेंकने या डालनेवाला,ध्यान करनेवाला; **Reflectingly** (-लि)-*adv.* in a reflecting manner. ध्यान करते हुए।

Reflection, Reflexion-रिफ़्लेक्शन्-*ns.* act of reflecting or being reflected, contemplation, censure, reconsideration, reproach. परावर्तन, प्रतिबिम्ब, निक्षेप, प्रतिच्छाया, निन्दा, पुनर्विचार, भावना, तिरस्कार; **Reflectional** (-अल्)-*adj.* per aining to reflection. प्रतिबिम्बसम्बन्धी;**Reflectionless** (-लेस्)-*adj.* without reflection. बिना विचार का, बिना प्रतिबिम्ब का।

Reflective-रिफ़्लेक्टिव् - *adj.* reflected, concerned in thought. प्रतिबिम्बित, विचार से सम्बन्ध रखनेवाला; **Reflectively** (-लि)-*adv.* in a reflective manner. विचार में; **Reflectiveness** (-नेस्) - *n.* the power of reflecting. विचार शक्ति।

Reflector-रिफ़्लेक्टर्-*n.* a body which reflects rays of light, a mirror. प्रतिबिम्ब फेंकनेवाला पदार्थ, प्रतिक्षेपक, दर्पण।

Reflex-री-फ़्लेक्स्-*n.* reflected-light. प्रतिबिम्ब, छाया; -*adj.* directed back upon itself, produced in reflection, introspective. पलटा हुआ, चित्त में विचार किया हुआ; **Reflex action** (work produced in reaction.) इच्छा के बिना किया हुआ कार्य, प्रतिक्षेप-क्रिया।

Reflexed-री-फ़्लेक्स्ड्-*adj.* curved back. पीछे की ओर मुड़ा हुआ।

Reflexibility-री-फ़्लेक्सिबिलिटि, **Reflexion** -फ़्लेक्शन्)-*ns.* the quality of being reflected. प्रतिबिम्बित होने की शक्ति; **Reflexible** (-इ-बुल्)-*adj.* capable of being reflected. प्रतिबिम्बित होने योग्य; **Reflexity** (-इट्-इ) reflexible quality. प्रतिबिम्बित होने योग्य गुण।

Reflexive-री - फ़्लेक्सिव्-*adj.* implying the action of the agent upon himself, referring to the subject. पूर्व - सम्बन्धी, कर्ता-सम्बन्धी; **Reflexively**(-लि)-*adv.* in a reflexive manner. कर्तरि प्रयोग में।

Reflexly-रि - फ़्लेक्स्' - लि-*adv.* in a reflex manner. प्रतिबिम्ब रूप में।

Refloat-री'-फ़्लोट्'-*v. t.* to float again. फिर से तैरना।

Reflow-री'-फ़्लो'-*v. i.* to flow back. पीछे की ओर बहना।

Refluctuation-री-फ़्लक्' - ट्यु - ए' - शन्-*n.* a flowing back. पीछे की ओर का बहाव।

Refluence-रॅफ़्-लु'-ऍन्स्-*n.* a floating back. पीछे का बहाव, उलटा बहाव।

Refluent-रॅफ़्'-लु-ऍन्ट्-*adj.* flowing back. पीछे की ओर बहनेवाला।

Reflux-री'-फ़्लक्स्-*n.* a running back, ebb. प्रतिस्पन्दन, भाटा; **The flux and reflux** (ebb and flow.) ज्वार-भाटा।

Refold-री-फ़ोल्ड्'-*v. t.* to fold again. दुबारा मोड़ना या तह करना।

Reform-रि-फ़ॉर्म्'-*v. t. & i.* to form again, to make or become better, to correct, to amend, to improve, to cure. फिर से मरम्मत करना, शुद्ध करना, दोष हटाना, पापों से निवृत्त करना, शोधना, सुधारना; - *n.* improvement, removal of defects, amendment. सुधार, दोष-निवृत्ति, संशोधन, परिवर्तन।

Reformation-रि'-फ़ॉर्'- मेशन् - *n.* the act of reforming, the state of being reformed. सुधार; **The Reformation** (Martin Luther's religious revolt of the sixteenth century.) यूरोप का सोलहवीं शताब्दि का धार्मिक विप्लव; **Reformational** (-अल्)-*adj.* pertaining to reform. सुधार-सम्बन्धी;**Reformative**(-ए-टिव्), **Reformatory** (-ए-टरि)-*adjs. & n.* improving, an institution for reclaiming youths and children who have been convicted of crime. संशोधन करनेवाला, कम उम्रवाले अपराधियों को सुधारने का स्थान।

Reformed-रि-फ़ार्म्ड्'-*adj.* restored to a good condition. संशोधित।

Reformer-रि - फ़ॉर्मर् - *n.* one who effects reformation. संशोधक, सुधारक।

Reformist-रि-फ़ॉर्मिस्ट्-*n.* a reformer. संशोधक, सुधारक।

Refortify-री-फ़ॉर्टि-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* **Refortified**) to fortify again. दुबारा किलाबन्दी करना।

Refound-री-फ़ाउण्ड्'-*v. t.* to re-establish. पुनः स्थापित करना।

Refract-रि-फ्रैक्ट्'-*v. i.* to deflect the course of the rays of light when passing through different mediums. एक आधार से दूसरे आधार में जाने पर प्रकाश की किरणों का तिरछा होना, प्रत्यावर्तित होना; **Refracted** (-टेड्) - *adj.* turned from a direct course. निर्धारित मार्ग से पलटा हुआ; **Refraction** (-शन्)-*n.* the bending of rays of light. किरणों की वक्रता, प्रत्यावर्तन; **Refractional** (-शनल्), **Refractive** (-टिव्) -*adjs.* pertaining to refraction. प्रत्यवार्तन सम्बन्धी; **Refractor** (-टर्)-*n.* the refracting lens of a telescope. दूरबीन का किरण घुमानेवाला या प्रत्यावर्तक ताल; **Refractorily** (-टरिलि)-*adv.* in a stubborn manner. हठ से; **Refractoriness** (-टरि-नेस्)-*n.* perverseness, obstinacy. दुःशीलता, हठ; **Refractory** (-टरि) -*adj.* perverse, stubborn, difficult to deal with, obstinate, unmanageable. अविनीत, हठी, अनिवार्य, वश में न आनेवाला;-*n.* an obstinate person. हठी मनुष्य ।

Refrain-रि-फ्रेन्-*n.* a phrase or line recurring at the end of a verse or song. गीत के अन्त के शब्द जो दुहराये जाते हैं (टेक);-*v. t. & i.* to hold back, to put restraint upon, to curb, to abstain from doing something. अड़ना, रोकना, रुकना, विराम करना ।

Reframe-री'-फ्रेम्-*v. t.* to frame again. फिर से चौखटा जड़ना ।

Refrangibility-रिफ्रैंजिबिलिटि-*n.* the quality of being refracted. प्रतिबिम्ब करने की शक्ति।

Refrangible - रिफ्रैंजिब्ल् - *adj.* capable of being refracted. प्रतिबिम्बित होने योग्य ।

Refrenation-रे-फ्रे-ने'-शन्-*n.* restraint. अवरोध, रुकावट ।

Refresh-रि-फ्रेश्'-*v. t. & i.* to cool again, to reinvigorate, to make fresh again, to renew, to revive. फिर से ठण्डा करना, बल तथा तेज की पुनर्वृद्धि करना, फिर ताजा बनाना, नया करना; **Refreshed** (-श्ड्) -*adj.* revived, reinvigorated. विश्रान्त, ताजा; **Refresher** (-अर्)-*n.* that which refreshes, an extra fee paid to a counsel. ताजा करनेवाला, वकील या बैरिस्टर के अधिक परिश्रम की फ़ीस; **Refreshing** (-इङ्ग्)-*adj.* invigorating, reanimating, relieving fatigue. आनन्द देनेवाला, श्रम हटानेवाला; **Refreshingly** (-लि)-*adv.* in a refreshing manner. विश्रान्त या ताजा करते हुए; **Refreshment** (-मेन्ट्)-*n.* drink or food that gives fresh strength and vigour, food or drink. विनोद, विश्रान्ति, अल्प आहार, जलपान ।

Refrigerant-रिफ्रिजरन्ट्-*adj.* cooling, allaying heat. ठण्डा करनेवाला ।

Refrigerate-रिफ्रिजरेट्-*v. t. & i.* to cool or become cool, to preserve in cold. शीतल (ठण्डा) करना, गर्मी हटाना; **Refrigerator** (-अर्)-*n.* an ice-chest. बरफ़ रखने का बक्स; **Refrigeratory**(-अरि)-*n.* a cooling apparatus. भाप जमाने का यन्त्र, तापहर या प्रशीतक यंत्र ।

Reft-रेफ़्ट्-*p. t. & p. p.* of **Reave** ; - *adj.* robbed. लूट लिया गया ।

Refuge-रेफ़्'-यूज्-*n.* protection from danger, a place of shelter, a person or thing that gives shelter. शरण लेने का स्थान, शरण देनेवाला;-*v. t. & i.* to shelter, to take refuge. शरण देना, शरणागत होना; **House of refuge** (a charitable home for the homeless.) असहाय का शरणस्थान (अनाथालय) ।

Refugee-रेफ़्-यू-जी'-*n.* one who flees for shelter. शरण लेने के लिये (स्वदेश से) भागनेवाला शरणार्थी ।

Refulgence-रिफ़ल्जेन्स्-*n.* a flood of light. तेज चमक, ज्योति; **Refulgent** (-जेन्ट्)-*adj.* shining, splendid, excessively bright. देदीप्यमान, उज्ज्वल, चमकदार ; **Refulgently** (-लि)-*adv.* in a shining manner. उज्ज्वलता से, चमकते हुए ढंग से ।

Refund-रि-फ़न्ड्'-*v. t.* to pay back what is received, to reimburse. लौटाना, फेर देना, वापस करना;-*n.* refundment. वापसी; **Refunder** (-अर्)-*n.* one who repays. वापस करनेवाला; **Refundment** (-मेन्ट्)-*n.* the act of refunding. वापसी ।

Refurnish-री-फ़र्न्'-इश्-*v. t.* to furnish again. फिर से सजाना ।

Refusable-रिफ़्यूजेब्ल्-*adj.* able to be refused. अस्वीकार करने योग्य ।

Refusal-रिफ़्यूजल्-*n.* a denial of something offered, rejection. अस्वीकृति, प्रतिषेध ।

Refuse-रेफ़्यूस्-*n.* thing rejected as worthless or of no value. (अविशिष्ट) असार वस्तु (मल), जूठन;-(रिफ़्यूज़्)-*v. t.* to make refusal, not to comply, to deny, to reject, to fuse again. अस्वीकार करना, प्रतिषेध करना, न मानना, फिर से मिलना; **Refuser** (-अर्)-*n.* one who refuses. अस्वीकार करनेवाला ।

Refutable-रिफ़्यूटेब्ल्-*adj.* that may be refuted. खण्डन करने योग्य ।

Refutal-रिफ़्यूटल्, **Refutation** (-टेशन्)-*ns.* act of refuting, rebuttal. खण्डन ।

Refute-रि-फ्यूट्'-*v. t.* to disprove, to rebut by argument. खण्डन करना, शास्त्रार्थ से झूठा ठहराना ।

Regain-री-गेन्'-*v. t.* to recover, to gain possession anew. पुनः प्राप्त करना, प्रतिपादन करना ।

Regal-रि-गल्-*adj.* pertaining to a king, magnificent. राजकीय, महत्त्वपूर्ण ।

Regale-रि-गेल्'-*n.* a feast of dainty food. स्वादु भोजन;-*v. t. & i.* to entertain with delicious food, to give delight to. स्वादिष्ट भोजन कराना, प्रसन्न करना; **Regalement** (-मेन्ट्)-*n.* an entertainment, refreshment, gratification. उत्सव, आनन्द, विश्राम ।

Regalia-रिगेलिआ-*n. pl.* insignia of royalty, privileges of a king, insignia of an order, a kind of cigar. राजचिह्न, राजकीय अधिकार, किसी पदवी का चिह्न, एक प्रकार का बड़ा सिगार (चुरुट)।

Regalism- रीगलिज़्म्-*n.* undue exercise of royal authority, supremacy of a king in church matters. राजा का अनन्य अधिकार, राजा का धर्म पर अधिकार; **Regality** (-इट्-इ)-*n.* sovereignty, royalty. राज्याधिकार, राजकीय अधिकार के गुण; **Regally** (-लि) -*adv.* in a royal manner. राजकीयता से, महत्त्व से ।

Regard-रिगार्ड्-*v. t. & i.* to pay attention to, to esteem, to take into account, to consider, to care for. ध्यान देना, आदर करना, विचार करना, मानना, यत्न करना; -*n.* respect, repute, consideration. मान, प्रतिष्ठा, आदर, विचार; **Regardable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* worthy of notice. आदरणीय, विचार करने या ध्यान देने योग्य; **Regardful** (-फ़ुल्) -*adj.* heedful. सावधान, सचेत; **Regardfully** (-फ़ुलि) -*adv.* with regard. मान-मर्यादा से; **Regardfulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* the quality of being regardful. सावधानी, सचेतनता; **Regarding** (-इङ्ग्)-*prep.* concerning. विषय में, सम्बन्ध में; **Regardless** (-लेस्) -*adj.* not attending, heedless. असावधान; **Regardlessly** (-लेस्-लि)-*adv.* without regard. उदासीनता या असावधानी से; **Regardlessness** (-लेस्-नेस्) -*n.* heedlessness. असावधानी, लापरवाही ।

Regather-री'-गैदर्-*v. t.* to gather up again. फिर से इकट्ठा करना या बटोरना ।

Regatta-रि-गै-टॉ -*n.* a meeting for boat races. नाव दौड़ानेवालों की मण्डली की बैठक ।

Regelate-री-जे-लेट्-*v. i.* to be fused into one mass. जमकर एकदिल हो जाना ।

Regelation-रीजेलेशन्-*n.* the act of regelating. फिर जम जाने की क्रिया ।

Regency-री'-जेन्-सि-*n.* the office of a regent, a body entrusted with vicarious government. राजप्रतिनिधि का मण्डल, प्रतिनिधित्व ।

Regenerate-रे-जेनरेट्-*v. t. & i.* to generate again, to improve moral nature, to reproduce, to convert. फिर से उत्पन्न करना, आचरण सुधारना, फिर से जन्म देना, शिष्य बनाना, धर्म-परिवर्तन कराना;-*adj.* reproduced. दुबारा जन्मा हुआ; **Regeneration** (-शन्)-*n.* reproduction. पुनर्जीवन, नया जन्म; **Regenerative** (-टिव्)-*adj* reproducing. पुनर्जन्म का; **Regenerator** (-टर्)-*n.* a device for obtaining high temperature in a furnace. भट्ठी में अग्नि का तापमान बढ़ाने का साधन ।

Regenesis - रीजेनिसिस् - *n.* reproduction. पुनर्निर्माण, पुनरुत्पादन ।

Regent-री'-जेन्ट्-*n.* a ruler, one who governs a kingdom during the minority of the sovereign. शासक, राजा के अप्राप्तवयस्क (नाबालिग) रहने पर शासन करनेवाला; **Regentship** (-शिप्) -*n.* the office of a regent. उक्त शासक का पद ।

Regerminate-री-जर्मिनेट्-*v. i.* to grow up again. फिर से उगना; **Regermination** (-शन्) -*n.* a sprouting anew. दुबारा अंकुरण ।

Regicidal - रे-जिसाइडल् - *adj.* pertaining to regicide. राजवध-सम्बन्धी ।

Regicide-रेजिसाइड्'-*n.* the murder of a king, one who kills a sovereign. राजवध, राजा की हत्या करनेवाला ।

Regild-री-गिल्ड्'-*v. t.* to gild up again. फिर से मुलम्मा करना ।

Regime-रे-ज़ीम्'-*n.* a form or method of government, administration, prevailing system. शासनपद्धति, राज्यक्रम, प्रचलित विधि ।

Regimen-रेजिमेन्-*n.* a system of government, a prescribed course of diet &c. शासन की प्रणाली, पथ्य के नियम ।

Regiment-रेजि-मेन्ट्'-*n.* a unit of army commanded by a colonel. सैन्यदल, पलटन, एक कर्नल के अधीन सेना; -*v. t.* to form into a regiment. पलटन तैयार करना; **Regimental** (-अल्)-*adj.* pertaining to a regiment. सेना (पलटन) सम्बन्धी; **Regimentally** (-अलि)

-*adv.* in a regimental manner. सेना की रीति से; **Regimentals** (-अल्स्)-*n. pl.* uniform worn by soldiers of a regiment. वस्त्र, फौजी पोशाक; **Regimentation** (-ए'-शन्)-*n.* a division into regiments. सेना-क्रम।

Regina-रिजाइना -*n.* a reigning queen. राज्य करनेवाली रानी; **Reginal** (-अल्)-*adj.* pertaining to a reigning queen. राज्य करनेवाली रानी से संबंधित।

Region-री'-जन्-*n.* a tract of land, a country, a separate part of the world. प्रदेश, मण्डल, राष्ट्र, भूतल का भाग; **Lower region** (hades.) पाताल; **Region of the sky** (direction.) दिशा; **Upper region** (heaven.) आकाश, स्वर्ग; **Regional** (-अल्)-*adj.* pertaining to a region, topographical. धरातल के भाग से संबंधित, प्रादेशिक, माण्डलिक।

Register-रें जिस्टर्-*n.* a book in which regular accounts are kept or details entered, a recorder list. हिसाब वही, पंजिका, फ़िहरिस्त, रजिस्टर ;-*v. t. & i.* to record or to enter in a register. वही में लिखना; **Registered** (-स्टर्ड्) -*adj.* recorded in a register. रजिस्टर में दर्ज किया हुआ, पंजीकृत, रजिस्ट्री किया हुआ।

Registrable-रें जि-स्ट्रे बल्-*adj.* able to be registered. रजिस्ट्री करने योग्य।

Registrar-रें जिस्ट्रार्-*n.* an officer charged with keeping registers. रजिस्ट्री करनेवाला, लेख्य पत्र का रक्षक, पंजीयक,प्रस्तोता;**Registrarship** (-शिप्) -*n.* the office of a registrar. प्रस्तोता का पद।

Registration-रें जिस्ट्रे शन्-*n.* the act of registering. रजिस्टर में दर्ज करने का कार्य, पंजीकरण।

Registry-रें जिस्ट्रि -*n.* registration, a place where records and registers are kept. रजिस्ट्री, लेख्यपत्र रखने का स्थान।

Regius-री'-जि-अस्-*adj.* royal, appointed by the sovereign. राजकीय, राजा द्वारा नियुक्त।

Reglet-रें-ग्लेट्-*n.* a slip of wood used for separating lines of printing type. लकड़ी की फट्टी जो टाइपों के खाली स्थानों में भरी जाती है।

Regnal-रें-ग्नल् - *adj.* of a reign. राज्य-सम्बन्धी; **Regnal day** (anniversary of a king's accession.) राजा के अभिषेक का वार्षिकोत्सव।

Regnant-रेंग्नन्ट् - *adj.* reigning, ruling, predominant. शासक, राज्य करनेवाला, प्रधान (विशिष्ट)।

Regorge-री-गॉर्ज्'-*v. t. & i.* to bring up again, to flow back, to swallow again. फिर से उठाना, पीछे की ओर बहना, फिर से निगलना।

Regraft-री-ग्रॉफ़्ट्-*v. t.* to graft again. फिर से क़लम बाँधना।

Regrant-री-ग्रॅान्ट्'-*v. t.* to grant again. फिर से देना; - *n.* a renewed grant. दुबारा प्राप्त अधिकार।

Regrate-रि-ग्रेट्-*v. t.* to buy and sell provisions in the same market. भोजन के सामान खरीदकर फिर उसी बाजार में बेचना; **Regrater, Regrator** (-अर्)-*ns.* one who buys and sells provisions in the same market. जो एक बाजार में माल खरीदकर वहीं बेचता है; **Regrating** (-इङ्ग्) -*n.* renovating the old surface of hewn stone. गढ़े हुए पत्थर को चिकना करने का कार्य।

Regreet-री-ग्रीट्'-*v. t.* to greet again. दुबारा प्रणाम करना।

Regress-री'-ग्रे स्-*n.* the power of going back, backward tendency, return. परिवर्तन, लौटाव, निकासी;-*v. t.* to move backwards. पीछे की ओर हटना।

Regression-रि-ग्रे शन्-*n.* the act of returning. प्रतीप-गमन, लौटान; **Regressive** (-इव्) -*adj.* passing back. पीछे को जानेवाला; **Regressively** (-लि)-*adv.* in a regressive manner. पीछे की ओर जाते हुए; **Regressiveness** (-नेस्)-*n.* a passing back. लौटानी।

Regret-रि-ग्रे ट्'-*v. i.* (*p.t.* **Regretted.**) to be sorry, to lament, to repent. दुःखी होना, खेद करना, पश्चात्ताप करना; - *n.* sorrow, dissatisfaction. खेद, दुःख, पछतावा; **Regretful** (-फुल्) -*n.* full of regret. दुःखाकुल, खिन्न; **Regretfully** (-फुलि)-*adv.* with regret. उद्वेग या दुःख से; **Regrettable** (-ऍबल्)-*adj.* worthy of regret. पछतावा करने योग्य;**Regretably** (-ऍब्लि)-*adv.* in a regretable manner. पछतावे से।

Regroup-री-ग्रूप् -*v. t.* to gather up again in a group. फिर से इकट्ठा करना।

Regulable-रें-ग्यु-ले-बल्-*adj.* capable of being regulated, governed by rule. शासन करने योग्य, नियमबद्ध।

Regular-रेंग्युलर्-*adj.* following a principle, orderly, systematic, recurring uniformly, methodical, usual, formal, having the sides and angles equal. नियमानुसार, यथाक्रम, यथारीति, निश्चित काल पर होनेवाला, विधिवत्, सामान्य, व्यवस्थित, प्रचलित, समकोण तथा समभुज आकृतिवाला; - *n.* a soldier of permanent army, regular troops. स्थायी सेना का सिपाही, स्थायी सेना ; -*pl.* regular

clergymen. (ब० व०) ईसाइयों की मंडली।

Regularity-रेग्युलीरिटि-*n.* uniformity with law, method. नियम, व्यवस्था, क्रम (विधि)।

Regularization-रेग्युलराइजेशन्-*n.* the act of making regular. नियमित या व्यवस्थित बनाने का काम, नियमितीकरण।

Regularize-रेग्युलराइज़्-*v. t.* to make regular. क्रम में करना।

Regularly-रेग्युलर्लि-*adv.* in a regular manner. क्रम से।

Regulate-रेग्युलेट्-*v. t.* to adjust, to put in order, to arrange. व्यवस्था करना, क्रम में रखना, नियम का विधान करना; **Regulation** (-शन्)-*n.* the act of regulating, law. व्यवस्था, नियम; **Regulative** (-टिव्)-*adj.* tending to regulate. व्यवस्था करनेवाला ; **Regulator** (-टर्)-*n.* one who or that which regulates the motion of a machine &c. प्रबन्ध करनेवाला, क्रम स्थापित करनेवाला।

Reguline-रेग्यु-लाइन्-*adj.* pertaining to regulus. धातु के शुद्ध भाग से सम्बन्धित।

Regurgitate-रीगर्जिटेट्-*v. i. & t.* to pour up again. फिर से उँड़ेलना; **Regurgitation** (-शन्) -*n.* bringing back. उलटी फेंकान।

Rehabilitate-रीहेबिलिटेट् - *v. t.* to bring back to former position. पूर्व अवस्था में लाना ; **Rehabilitation** (-शन्)-*n.* the act of restoring forfeited rights or privileges. पुनर्निवेशन, हृत अधिकारों या सुविधाओं का पुनः प्रतिष्ठापन।

Rehandle-री-हैन्डल्-*v. t.* to grasp again. फिर से पकड़ना।

Rehang-री-हैङ्ग्'-*v. t.* to hang again. दुबारा लटकाना या फाँसी देना।

Rehash-री'-हैश्-*v. t.* to go over an old argument. पुराना शास्त्रार्थ आरंभ करना।

Rehear-री'-हियर्'-*v. t.* (*p. t.* **Reheard.**) to hear again, to try over again. फिर से सुनना, फिर से विचार करना।

Rehearsal-रि-हर्सल्-*n.* the act of rehearing, preparatory performance of a play. नाटक का दुबारा वर्णन, पूर्व-प्रयोग।

Rehearse-रि-हर्स्-*v. t.* to repeat from beginning to end. दुबारा वर्णन करना, आदि से अन्त तक पढ़ना।

Reheat-री'-हीट्-*v. t.* to heat again. दुबारा गरम करना।

Rehouse-री-हाउज़्'-*v. t.* to place in a house again. फिर से घर में रखना।

Reif-रीफ्-*n.* plunder. चोरी, डकैती।

Reify-री'-इ-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Reified.**) to convert mentally into a material thing. भौतिक पदार्थ में मानसिक परिणत करना।

Reigle-री' - ग्ल् - *n.* a hollow or channel. गर्त, गड्ढा।

Reign - रेन्-*n.* sovereignty, rule, period of a king's rule, sway. शासन, अधिकार, राज्य, प्रबलता;-*v. t.* to rule as a king, to govern. शासन करना, राज्य करना; **Reigning** (-इङ्ग्) -*adj.* governing, prevailing. राज्याधिकारी।

Reignite-री'-इग्-नाइट्'-*v.t.* to ignite a second time. दुबारा आग लगाना।

Reillumination-री- इल्युमिनेशन् - *n.* act or state of being illuminated again. दुबारा प्रकाशित करने का कार्य या अवस्था।

Reillumine-री-इल्युमिन् -*v. t.* to enlighten again. पुनः प्रकाश करना, दुबारा रोशनी करना।

Reimburse-री-इम्-बर्स्' -*v. t.* to repay, to recompense. फिर अदा करना या चुकाना, बदला चुकाना या प्रतिफल देना; **Reimbursement** (-मेन्ट्)-*n.* repayment. प्रतिपादन, वापसी।

Reimport-री-इम्पोर्ट्-*v. t.* to import again. परदेश का माल फिर से देश में मँगाना।

Reimpress - री-इम्-प्रेस्' - *v. t.* to impress again. दुबारा छापना; **Reimpression** (-शन्) -*n.* a second impression. दूसरी आवृत्ति।

Rein-रेन्-*n.* a long narrow strap attached to the bit of a bridle, means of control, government. लगाम, राज्यशासन का आधिकार, शासन;-*v. t.* to restrain, to control. संयम करना, अधीन करना, रोकना; **To take the reins** (to take the guidance.) अधिकार में लेना, सहारा देना।

Reincarnate - री-इन्-कार्-नेट्' - *v. i.* to embody again. दुबारा अवतार लेना; **Reincarnation**(-शन्)-*n.* reembodiment. दुबारा अवतार।

Reincite-री-इन्-साइट्'-*v. t.* to incite again. फिर से उत्तेजित करना।

Reincorporate-री'-इन्-कॉर्-पॅ - रेट्' - *v. t.* to incorporate again. दुबारा मिश्रित (या संयुक्त) करना।

Reincrease-री-इन्-क्रीज़्' - *v. t.* to increase again. फिर से बढ़ाना।

Reindeer-रेन्'-डियर्-*n.* a kind of deer. एक प्रकार का बारहसिंगा।

Reinforce-री-इन् - फ़ोर्स्-*v. t.* to strengthen by additional force, to enforce again. सेना की संख्या बढ़ाना, सहारा देना;-*n.* the thick part

of something. किसी पदार्थ का पुष्ट भाग; **Reinforced** (-इ') - *adj.* strengthened. पुष्ट किया हुआ; **Reinforced concrete** (concrete with metal bars &c., embedded in it.) लोहे का छड़, गिट्टी इत्यादि डालकर पुष्ट किया हुआ मसाला; **Reinforcement** (- मेंन्ट्) -*n.* reinforcing. सेना की सामग्री, सेना में सैनिकों की भरती।

Reins-रेंन्ज़्-*n. pl.* the kidneys, loins. वृक्क, गुर्दा, कमर।

Reinsert-री- इन्सर्ट् -*v. t.* to insert again. फिर से बैठाना; **Reinsertion** (- शन्) - *n.* inserting again. पुन: प्रवेश।

Reinspect-री-इन् - स्पेंक्ट्' - *v. t.* to make a second inspection. दुबारा जाँच करना; **Reinspection** (-शन्) - *n.* inspection a second time. दुबारा जाँच।

Reinspire-री - इन् - स्पायर्' -*v. t.* to inspire again. फिर से उत्तेजित करना।

Reinstall-री-इन्-स्टॉल्'-*v. t.* to install again. दुबारा स्थापित करना।

Reinstate-री-इन्-स्टेट्' -*v. t.* to replace, to restore to health. फिर से स्थापित करना, स्वास्थ्य प्राप्त करना; **Reinstatement** (-मेंन्ट्) -*n.* act of reinstating, re-establishment. पुन: स्थापन करने का कार्य।

Reinsure-री-इन्-श्योर्'-*v. t.* to insure again. फिर से बीमा करना।

Reintegrate-री' - इन्टिग्रेट् - *v. t.* to renew. नया करना (सुधारना); **Reintegration** (-शन्) -*n.* restoration, a renewing. सुधार।

Reinvest-री-इन्-वेंस्ट्' -*v. t.* to invest again, to lay out money again for profit. फिर से नियुक्त करना, लाभ के लिये धन लगाना।

Reinvigorate-री-इन्विगरेट् -*v. t.* to invigorate or refresh again. फिर से बल देना या ताजा करना; **Reinvigoration** (- शन्) -*n.* the act of refreshing. पुनर्बल-प्राप्ति।

Reissue-री-इ-शु-*v. t.* to issue again. दुबारा जारी करना; -*n.* second issue. दुबारा प्रकाशन।

Reiterate-री-इट्'-अर्-रेट्-*v. t. & i.* to repeat an action, a request, a word or a statement, to walk over a place again, to repeat. कोई काम या प्रार्थना या शब्द या बयान दोहराना, किसी जगह पर फिर चलना; **Reiterated** (-ऍड्) -*adj.* repeated. पुनरुक्त; **Reiteration** (-शन्)- *n.* repetition. पुनरुक्ति, दुहराव; **Reiterative** (-इव्) - *n.* part of a reduplicated word. दुहराया हुआ शब्द या शब्द-खण्ड।

Reject-रि-जेंक्ट्'-*v. t.* to put aside, to discard, to throw away, to decline. त्यागना, फेंकना, अस्वीकार करना; **Rejectable** (- ऍब्ल्) - *adj.* that may be rejected. अस्वीकार करने योग्य; **Rejection** (-शन्) -*n.* the act of rejecting, refusal. प्रत्यादेश, अस्वीकार; **Rejective** (-इव्) -*adj.* tending to reject. त्यागने में प्रवृत्त; **Rejector** (- अर्) -*n.* one who rejects. अस्वीकार करनेवाला।

Rejoice-रि-जॉ-इस्'-*v. t. & i.* to make glad, to cheer up, to feel joy, to gladden. प्रसन्न होना या करना, आनन्दित करना; **Rejoicer** (-अर्) -*n.* one who rejoices. आनन्द करनेवाला; **Rejoicing** (- इङ्ग्) - *adj. & n.* producing joy, expression of joy. आनन्द-कर, आनन्द; **Rejoicingly** (-लि) - *adv.* with joy. आनन्दपूर्वक।

Rejoin-रि-जॉ-इन्'-*v. t. & i.* to join again, to say in answer (to retort). फिर से मिलाना या जोड़ना, प्रत्युत्तर देना।

Rejoinder-रि-जॉइन्'-डर्-*n.* what is said in reply, an answer, a retort. प्रतिवादी का उत्तर, प्रत्युत्तर।

Rejoint-री-जॉ-इन्ट्' - *v. t.* to reunite joints. जोड़ों को फिरसे मिलाना।

Rejolt-रि-जोल्ट्'-*n.* a shock. धक्का।

Rejudge-री-जज् - *v. t.* to try or examine again. पुनर्विचार या परीक्षा करना; **Rejudgment** (-मेंन्ट्) - *n.* examining a second time. पुनर्विचार।

Rejuvenate-रि-जू'-विनेट्-*v. t. & i.* to make or become young again. फिर से युवा करना या होना; **Rejuvenation** (-शन्)-*n.* the act of rejuvenating. नई जवानी।

Rejuvenescence-रि-जू-विनें सेंन्स्-*n.* renewal of youth. नई युवावस्था, नई जवानी; **Rejuvenescent** (-सेंन्ट्) -*adj.* growing young again. दुबारा युवा होनेवाला।

Rejuvenize-रि-जू' - विनाइज़्- *v. t.* to make young again. फिर नया बनाना।

Rekindle-री-किन्'-ड्ल्-*v. t.* to set on fire or kindle again. फिर से जलाना, फिर से बारना।

Relabel-री-लें'-बल् - *v. t.* to put a new label on. नया लेबुल या चिप्पी लगाना।

Reland-री-लैंन्ड्'-*v. t. & i.* to land again. फिर से स्थल पर उतरना या उतारना।

Relapse-रि-लैप्स्'-*v. t.* to fall back, to revert to error or illness &c. दुबारा गिरना, आरोग्य होकर फिर से रोगी होना;-*n.* a falling back to a bad state. बुरी दशा में पुनः पतन, पलटा ।

Relapser-रि-लैप्स्'-अर्-*n.* one who falls into error again. दुबारा अशुद्धि में पड़नेवाला ।

Relate-रि-लेट्'-*v. t. & i.*to narrate, to recount, to bring into relation. वर्णन करना, उद्देश्य करना, सम्बन्ध रखना; **Related** (-ऍड्) - *adj.* narrated, connected by blood. कथित (वर्णित), सम्बन्धी (सजातीय); **Relatedness** (- नेंस्) -*n.* relationship. सम्बन्ध; **Relater** (- अर्) -*n.* one who narrates. वर्णन करनेवाला; **Relating** (-इङ्ग्) *adj.* having relation to, concerning. सम्बन्ध में, विषय में, बारे में; **Relation** (-शन्) -*n.* narrative, detail, a relative reference, a kinsman. वर्णन, प्रमाण, सम्बन्धी (संसर्ग); **Mutual relation** (reciprocal connexion.) परस्पर सम्बन्ध; **Relational** (- शनल्) - *adj.* having relation. सम्बन्ध रखनेवाला; **Relationally** (-शनलि)-*adv.* by way of relation. सम्बन्ध के रूप में या ढंग से, सम्बन्ध रखते हुए; **Relationless** (-शन-लेॅस्)-*adj.* without relation बिना सम्बन्ध का ; **Relationship** (-शन्-शिप्)-*n.* affinity, alliance. बन्धुता, जातिभाव ।

Relative-रॅलटिव् -*adj.* having a relation, referring to, connected with. सम्बन्ध रखनेवाला, सम्बन्धी, सगोत्र, बन्धु; -*n.* one who is related by blood or marriage. सम्बन्धी, नातेदार; **Relatively** (-लि) -*adv.* in a relative manner. सम्बन्ध में ।

Relativism-रॅलटिव्रिज्म्-*n.* the principle that knowledge is of relation only. यह सिद्धान्त कि मनुष्य को केवल सम्बन्ध का ज्ञान होता है; **Relativist** (-स्ट्) -*n.* an adherent of relativism. इस सिद्धान्त का अनुयायी ।

Relativity-रलटिव्रिटि -*n.* quality or fact of being a relative, theory of mutual dependence of individual and society, the theory that all motion in the universe is relative. नातेदार या सम्बन्धी होने का गुण या तथ्य, व्यक्ति तथा समाज में आपसी निर्भरता के सम्बन्ध का सिद्धान्त, विश्व की कुल गतियों के आपस में सम्बन्धित रहने या मानने का सिद्धान्त ।

Relator-रिलेटर्-*n.* an informer. सूचना देनेवाला मनुष्य ।

Relax-रि-लैक्स्'-*v. t.& i.*to cause to become loose, to make less rigid or severe, to relieve from strain, to slacken, to abate, to mitigate. शिथिल करना या होना, कम होना, ढीला पड़ना; **Relaxable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* able to be relaxed. शिथिल या ढीला करने योग्य ।

Relaxant-रिलैक्सॅन्ट् - *n.* a soothing medicine. शान्तिप्रद औषधि ।

Relaxation-रिलैक्सेशन्-*n.* the act of relaxing. शिथिलता, विश्राम ; **Relaxative** (-टिव्) -*adj.* having the quality of relxing. कोमल करनेवाला, रेचक ।

Relaxed-रि-लैक्स्ड्'-*adj.* loose, slackened. शिथिल, ढीला; **Relaxing** (-इङ्ग्)-*adj.* tending to relieve from strain. शिथिल करनेवाला ।

Relay-रि - ले -*n.* (*pl.* **Relays.**) a supply of horse substituted for tired ones, an instrument for reinfarcing electrical current. थके घोड़ों के बदले में नये घोड़ों की पूर्ति, बिजली की धारा को फिर ताजा तथा ताकतवर बनाने का यंत्र; -*v. t. & i.* to lay a second time, to replace. दुबारा बिठाना या जमाना, एक वस्तु की जगह पर दूसरी को रखना ।

Releasable-रिलीसॅब्ल् - *adj.* able to be redeemed. निस्तार करने योग्य ।

Release-रि-लीस्'-*v. t.* to set free, to make over to another, to discharge, to fasten. मुक्त करना, सौंपना, छुटकारा देना, खोलना;-*n.* restraint, redemption, liberatior from pain. मुक्ति, मोक्ष, निस्तार, पीड़ा से छुटकारा ।

Re-lease-री'-लीस्-*v. t.* to give a new lease to. नया सट्टा देना (लिखना) ।

Releasee-रिलीसी- *n.* one who is liberated from restraint. मुक्ति पानेवाला ।

Releaser-रिलीसर्-*n.* (also **Releasor.**) one who redeems. मुक्त करनेवाला ।

Relegable-रॅलिगॅब्ल्-*adj.*transferable. बदलने योग्य ।

Relegate-रॅलिगेट्-*v. t.* to banish, to exile, to transfer for decision, to make a refeence to. बहिष्कार करना, देश से निकालना, निर्णय के लिये बदलना, संकेत करना; **Relegation** (-शन्) -*n.* the act of relegating, banishment. बहिष्कार, देश-निकाला ।

Relent-रि-लेॅन्ट्'-*v. i.* to become less stiff, to yield to compassion,to give up harsh intention.कोमल होना, दयायुक्त होना, कड़ाई त्यागना; **Relenting** (-इङ्ग्) -*adj.* compassioants दयावान् ; **Relentingly** (- इङ्ग्- लि)-*adv.* in a relenting manner. कोमलता से;**Relentless**

(-लेंस्)-*adj.* merciless. दयाहीन; **Relentlessly** (-लि)-*adv.* mercilessly. निर्दयता से; **Relentlessness** (-नेंस्)-*n.* the state of being merciless. निर्दयता।

Re-let-री'-लेंट्-*v.t.* to let a house &c. again. मकान आदि को दुबारा किराये पर देना।

Relevance, Relevancy-रें लिवन्स्, (-इ)-*ns.* pertinence. अनुरूपता, योग्यता।

Relevant-रें लिवन्ट्-*adj.* bearing up or pertaining to the purpose in hand, applicable. प्रस्तुत, प्रासङ्गिक, अनुरूप; **Relevantly** (-लि)-*adv.* in a relevant manner. प्रासङ्गिक रूप में।

Reliability-रिलाइअबिलिटि-*n.* trustworthiness. विश्वस्तता।

Reliable-रि-लाइ'-अ-ब्ल्-*adj.* that may be relied upon, of trustworthy quality. विश्वास योग्य, प्रमाणित (विश्वस्त); **Reliably** (-इ)-*adv.* in a reliable manner. विश्वास से; **Reliableness** (-नेंस्)-*n.* the state of being reliable. प्रामाणिकता।

Reliance-रिलाइअन्स्-*n.* trust, confidence. विश्वास, श्रद्धा, भरोसा; **Reliant** (-अन्ट्)-*adj.* having reliance. विश्वास या भरोसावाला।

Relic-रें लिक्-*n.* (also **Relique.**) the body or belongings of a holy person kept as an object of adoration after his death, memento, memorial. शेष-भाग, स्मारक चिह्न; **Relics** (-इक्स्)-*n. pl.* a dead body. (व० व०) शव।

Relict-रें लिक्ट्-*n.* a widow, a remaining part, a survivor, a surviving trace. विधवा, अवशेष भाग, जीवित बचा हुआ, बचा हुआ चिह्न।

Relief-रि-लीफ्'-*n.* deliverance from pain, redress, assistance to the poor, a military post, assistance, carving in which the design is projected. दुःख से मुक्ति, समाधान, दुरुस्ती, गरीबों को सहायता, फ़ौजी कार्यालय, सहायता, उभड़ी हुई नकाशी इत्यादि; **Relief fund** (money subscribed for helping the poor.) गरीबों की सहायता के लिये एकत्रित धन; **Relief-map** (the model of a map in which elevation is moulded in relief.) उभड़ी आकृति का नकशा; **Relief-works** (buildings &c. started to give work to the unemployed.) व्यवसायहीन मनुष्यों की सहायता के लिये प्रारम्भ किया गया कार्य।

Relier-रि-लाइ'-अर्-*n.* one who relies. भरोसा करनेवाला।

Relievable-रि-लीव्वेब्ल्-*adj.* capable of being relieved. उद्धार करने योग्य।

Relieve-रि-लीव्'-*v. t.* to ease, to give relief to, to assist, to alleviate, to redress. शान्ति देना, सहायता देना, दुःख हटाना, उद्धार करना; **Relieved** (-इ)-*adj.* redressed. शान्त, कष्ट से मुक्त किया हुआ; **Reliever** (-अर्)-*n.* one who relieves. मुक्त करनेवाला; **Relieving** (-इङ्ग्)-*adj.* helping to relieve. कष्ट हटानेवाला।

Relight-री-लाइट्'-*v. t.* to rekindle. फिर से जलाना।

Religion-रि-लिजन्-*n.* a prevalent system of faith and worship, practice of sacred rites, recognition of God and duty towards Him. ईश्वरभक्ति, धर्म, ईश्वर के प्रति मनुष्य का कर्तव्य; **Religioner** (-अर्)-*n.* a member of a monastic order. कट्टर धार्मिक; **Religionism** (-इज़्म्)-*n.* excessive religious zeal. धर्म में अधिक उत्साह; **Religionist** (-इस्ट्)-*n.* one fanatically devoted to his religion. अपने धर्म में पक्का; **Religionize** (-आइज़्)-*v. t.* to make religious. धार्मिक बनाना; **Religionless** (-लेंस)-*adj.* heathen without religion. नास्तिक।

Religiosity-रिलिजि-ऑ-सिटि-*n.* excessive religiousness. अधिक धार्मिकता।

Religious-रिलिजस्-*adj.* godfearing, pertaining to religion, devout, pious. धार्मिक, धर्मात्मा, भक्तिमान्; **Religiously** (-लि)-*adv.* in a religious manner. धार्मिक ढंग से या रूप में; **Religiousness** (-नेंस्)-*n.* the state of being religious. धर्मनिष्ठा।

Relinquent-रि-लिङ्'-क्वेंन्ट्-*adj.* relinquishing. त्यागनेवाला।

Relinquish-रि-लिङ्'-क्विश्-*v. t.* to abandon, to give up, to surrender, to leave hold of. छोड़ना, त्यागना, अलग करना, मुक्त करना; **Relinquishment** (-मेंन्ट्)-*n.* the act of surrendering. त्याग, उत्सर्ग।

Reliquary-रें लिक्वरि-*n.* (*pl.* **Reliquaries.**) a shrine for holding relics. (अवशिष्ट भाग) यादगार के पदार्थ रखने का मन्दिर।

Reliquiae-रिलिक्विइ-*n. pl.* remains of animals or plants. पशु या वनस्पति के अवशिष्ट भाग।

Reliquidate-री' लिक्विडेट्-*v. t.* to liquidate a second time. फिर से अलग करना या अलगाना।

Relish-रें-लिश्-*n.* flavour, taste, attractive quality, enjoyment of food, zest. रस,

स्वाद, अभिरुचि, आनन्द, उत्साह; *-v. t. & i.* to get pleasure out of, to taste, to savour. आनन्द लेना, स्वाद लेना, स्वादिष्ट करना।

Relishable-रें लिशॅब्ल्-*adj.* having an agreeable taste. स्वादिष्ट।

Relive-री-लिव्'-*v. i.* to live again. पुनर्जीवित होना।

Reload-री-लोड्'-*v. t.* to load again. फिर से भार देना, दुबारा बोझ लादना।

Relucent-रिल्यू-सॅन्ट्-*adj.* bright, transparent, shining. देदीप्यमान, चमकीला, पारदर्शक।

Reluct-रि-लक्ट्' -*v. i.* to feel reluctance, to show repugnance. अनिच्छा, असन्तोष या अरुचि प्रकट करना; **Reluctance** (-ऑन्स्)-*n.* unwillingness, repugnance. (अरुचि) अनिच्छा, विमुखता; **Reluctant** (-ऑन्ट्)-*adj.* unwilling, disinclined, offering resistance, unwillingly done. अनिच्छुक, असंतुष्ट, पराङ्मुख; **Reluctantly** (-ऑन्ट्-लि) -*adv.* in a reluctant manner. अनिच्छा से।

Reluctate-रिलक्टेट् - *adj.* producing reluctance. अरुचि उत्पन्न करनेवाला; **Reluctation** (-शन्)-*n.* repugnance. असन्तोष, अरुचि।

Relume-रि-ल्यूम्'-*v. t.* to rekindle, to make bright again. फिर से जलाना, फिर से (स्वच्छ या) चमकीला करना।

Rely-रि-लाइ' -*v. t.* (*p. t.* Relied.) to have trust in, to rest on, to depend upon. विश्वास करना, भरोसा (आश्रय) करना।

Remain-रि-मेन्'-*v. i.* to continue, to exist, to be left over, to be left behind, to last, to depend on. रहना, होना, बच जाना, पीछे रहना, ठहरना, भरोसा करना; **Remains** (-स्) -*n. pl.* what remains over, relics, a corpse. अवशेष, बचा हुआ भाग, शव (मृतक शरीर); **Let it remain as it is** (let it continue as it is.) जैसा है वैसा छोड़ दो; **Remaining** (-इङ्ग्)-*adj.* what remains. बचा हुआ।

Remainder-रि-मेन्डर्-*n.* residue, number left after subtraction, the rest. शेष, शेष भाग, बचा हुआ अंश।

Remake-री-मेक्'-*v. t.* to make afresh. फिर से बनाना या मरम्मत करना;-*n.* a thing made afresh from old material. पुराने पदार्थों से फिर नई बनाई गई वस्तु (या चीज़)।

Reman-री-मैन्'-*v. t.* (*p. t.* Remanned.) to furnish with fresh men. सेना आदि में नई भरती करना।

Remand-रि-मॉन्ड्'-*v. t.* to send back, to order for a further inquiry. फिर से भेजना, दुबारा अन्वेषण के लिये आज्ञा देना;-*n.* a recommittal to custody. इस प्रकार की आज्ञा।

Remanent-रेंमॅनॅन्ट्-*adj.* remaining, residue. अवशेष, बचा हुआ;-*n.* a remaining portion. बचा हुआ भाग।

Remargin-री'-मार्जिन्-*v. t.* to make a margin anew. फिर से हाशिया छोड़ना।

Remark-रि-मार्क्'-*v. t. & i.* to take notice of, to perceive, to observe, to express by way of remark. ध्यान देना, लक्ष्य करना, विचारना, बोलना; -*n.* notice, observation. चर्चा, निरूपण, लेख; **Remarkable** (-ऍब्ल्)-*adj.* worthy of notice, extra-ordinary, peculiar. स्मरण करने योग्य, अद्भुत, विलक्षण; **Remarkableness**(-एब्ल्-नेंस्)-*n.* the quality of being remarkable. विलक्षणता, विचित्रता; **Remarkably** (-एब्लि)-*adv.* in a remarkable manner. विशेष रूप से; **Remarker** (-अर्)-*n.* one who makes remarks. आक्षेप करनेवाला।

Remarriage-री-मॅ-रिज्-*n.* the act of marrying again. पुनर्विवाह।

Remarry-री-मॅ-रि-*v. t.* (*p. t.* Remarried.) to marry a second time. दुबारा विवाह करना।

Remast-री-मास्ट्'-*v. t.* to provide with new masts. नया मस्तूल लगाना।

Remasticate-री-मॅस्टि-केट्-*v. t.* to chew again and again. बारम्बार चबाना, पागुर करना।

Remediable-रि-मीडिऍब्ल् - *adj.* able to be remedied. चिकित्सा करने योग्य।

Remedial-रि - मीडिअल् - *adj.* pertaining to healing. चिकित्सा-सम्बन्धी; **Remedially** (-लि)-*adv.* by way of remedy. प्रतिकार या उपाय से।

Remediless-रें- मिडि - लेंस् - *adj.* without a remedy, incurable. बिना चिकित्सा या उपाय का, निरुपाय; **Remedilessly** (-लि)-*adv.* so as to prevent remedy. बिना चिकित्सा के।

Remedy-रें मिडि-*n.* (*pl.* Remedies.) cure for a disease, healing medicine, redress, means of relieving an evil. औषधि, चिकित्सा; *v. t.* (*p. t.* Remedied.) to cure, to make good, to rectify. चिकित्सा करना, प्रतिकार करना, उपाय करना।

Remember-रिमेंम्बर्-*v. t.* to retain in memory, to bear in mind, to recollect, to learn by heart, to make a present to. स्मरण रखना, याद करना, उपहार देना; **Rememberable**

(-एँ-ब्ल्) - *adj.* able to be remembered. स्मरण करने या रखने योग्य ।

Remembrance - रिमेंम्ब्रेन्स् - *n.* the act of remembering, recollection, keepsake, memorial, memento. स्मरण, स्मारक, यादगार, स्मारक वस्तु ;-*pl.* greetings conveyed through a third person. (ब० व०) तृतीय पुरुष द्वारा भेजा गया शुभ समाचार; To put in remembrance (to remind.) स्मरण कराना; **Remembrancer** (- अर्)-*n.* an officer of the exchequer, a reminder. राजकोष का अध्यक्ष, याद दिलानेवाला ।

Remiform-रें मि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the shape of an oar. डांड़े के आकार का ।

Remigrate-री-माइ'-ग्रेट् - *v. t.* to migrate a second time. दुबारा दूसरे देश में जाकर बसना ।

Remind-रि-माइन्ड्'-*v. t.* to put in mind, to cause to remember. स्मरण कराना, याद दिलाना; **Reminder** (-अर्)-*n.* he, who or that which reminds. याद दिलानेवाला मनुष्य या पदार्थ; **Remindful** (-फ़ुल)-*adj.* tending to remind, retaining or reviving the memory of. स्मरण करानेवाला, स्मृति रखने या जगानेवाला ।

Reminiscence-रे मिनिसेंन्स्-*n.* remembering, recollection, remembered fact, recovery of knowledge by the effort of the mind. स्मरण, स्मृति, स्मरण किया हुआ विषय, स्मरण द्वारा ज्ञान-प्राप्ति;-*pl.* collection of incidents to be remembered. (ब० व०) घटनाओं का स्मरण; **Reminiscent** (-सेंन्ट्) - *adj.* remindful, having reminiscence of. स्मरण करानेवाला, स्मृति रखने या जगानेवाला; **Reminiscential** (-सेंन्'-शल)-*adj.* memorial. स्मरण-सम्बन्धी ।

Remint-री'-मिन्ट्-*v. t.* to cast coins again in mint. टकसाल में फिर से मुद्रा ढालना ।

Remise-रि-माइज़्'-*v. t.* to make over or surrender a claim. अधिकार या सम्पत्ति त्याग देना ।

Remiss-रि-मिस्' - *adj.* careless of duty, sluggish, negligent, weakened, relaxed. कर्त्तव्य में शिथिल, असावधान, आलसी, दुर्बल, ढीला ।

Remissible-रि-मिसि-ब्ल-*adj.* what may be remitted. देने योग्य ।

Remission-रि-मिशन्-*n.* forgiveness of sins, abatement, remitting of debt, relaxation of force. पापों का प्रायश्चित्त, क्षमा, ऋण चुकाना, शक्ति का कम करना ।

Remissive-रि-मिसिव्-*adj.* forgiving. क्षमा-योग्य, क्षमा करनेवाला ।

Remissly-रि-मिस्'-लि-*adv.* carelessly. असावधानी से ।

Remissness-रि-मिस्'-नेस् - *n.* carelessness. शिथिलता, आलस्य ।

Remit-रि-मिट्'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Remitted.) to pardon, to abate, to slacken, to transmit money, to put in the previous condition. क्षमा करना, कम करना या होना, शिथिल करना, रुपया अदा करना, पूर्वस्थिति में रखना ।

Remittal-रिमिट्ल्-*n.* remittance. प्रेषण, त्याग ।

Remittance-रिमिटन्स्-*n.* the sum remitted, the act of transmitting money. भेजा हुआ धन, धन प्रेषण या प्रेरण, हुंडी ।

Remittee-रिमिटी-*n.* the receiver of a remittance. प्रेषित धन को पानेवाला व्यक्ति ।

Remittent-रि-मि-टेंन्ट् - *adj.* of fever that abates temporarily. ऐसे ज्वर के विषय का जो कुछ काल के लिए हट जावे ।

Remitter-रिमिटर्-*n.* one who remits money. रुपया भेजनेवाला ।

Remitting-रि - मि - टिङ्ग् - *adj.* relaxing, slackening. शिथिल ।

Remnant-रेंम्'-नन्ट् - *n.* a small remaining quantity, fragment, remainder. अवशेष, बचा हुआ अंश, बचत ।

Remodel-री-मॉड्'-ल्-*v. t.* (*p. t.* Remodelled.) to model or fashion again. पुनर्निर्माण करना, फिर से तैयार करना या बनाना ।

Remollient-रि - मॅलिअन्ट् - *adj.* softening. मुलायम करनेवाला ।

Remolten-री-मोल्ट्'-न्-*adj.* melted again. दुबारा गलाया हुआ ।

Remonstrance-रिमॉन्स्ट्रन्स्-*n.* a formal representation of any grievance, expostulation. कष्ट के लिए किसी विषय की प्रार्थना, प्रबोध वचन; **Remonstrant** (- स्ट्रन्ट्) -*adj.* expostulatory. प्रतिवाद करनेवाला; **Remonstrantly** (-स्ट्रन्ट्-लि)-*adv.* in an expostulatory manner. प्रतिवाद करते हुए ।

Remonstrate-रिमॉन्स्ट्रेट्-*v. i.* & *t.* to make a protest, to expostulate. निवारण के लिये यत्न करना, प्रतिवाद या हुज्जत करना; **Remonstration** (-शन्)-*n.* act of remonstrating. प्रतिवादन, हुज्जत; **Remonstrative** (-टिव्)-*adj.* pertaining to remonstration. प्रतिवाद सम्बन्धी, हुज्जती; **Remonstrator** (-टर्) -*n* one who remonstrates. हुज्जत करनेवाला ।

Remontant-रिमॉन्टन्ट्-*adj.* & *n.* blooming a second time, a flower that blooms more

than once in a year. वर्ष भर में एक बार से अधिक फूलनेवाले (फूल) ।

Remora-रे`मॅ-रॉ-*n.* a kind of fish, an obstacle, an impediment. एक प्रकार की मछली, विघ्न, रुकावट ।

Remorse-रि-मॉर्स्-*n* bitter repentance, regret. पश्चात्ताप, पछतावा ; **Remorseful** (-फुल्) *adj.* full of remorse. पश्चात्तापपूर्ण; **Remorsefully** (-फ़ुलि)-*adv.* in a remorseful manner. पश्चात्ताप से; **Remorseless** (-लॅस्) -*adj.* relentless. पश्चात्ताप-रहित; **Remorselessly** (-लॅस्-लि) -*adv.* relentlessly. बिना पछतावा के; **Remorselessness** (-नॅस्)-*n.* the state of being relentless. पश्चात्तापशून्यता, बिना पछतावे की हालत ।

Remote-रि-मोट्'-*adj.* far apart, far off, distant, secluded,slight. दूरस्थ, दूरवर्ती, असमीप, गुप्त, अल्पमात्र: **Remotely** (-लि) -*adv.* in a remote degree. दूर से; **Remoteness** (-नॅस्) -*n.* the state of being remote. दूरता ।

Remould-री-मोल्ड्'-*v. t.* to mould or shape anew. फिर से ढालना या बनाना ।

Remount-री-माउन्ट्'-*v. t. & i.* to mount again, to ascend again. फिर से घोड़े पर सवार होना, दुबारा चढ़ना ।

Removable-रिमूवॅब्ल्-*adj.* able to be removed. हटाने योग्य ।

Removal-रिमूवल्-*n.* the act of removing. अपहरण, हटाव ।

Remove-रि-मूव्'-*v. t. & i.* to take away from a specified place, to change residence, to dismiss, to displace, to withdraw. दूसरे स्थान पर ले जाना, स्थान बदलना, दूर करना, बहिष्कार करना, हटाना; -*n.* removal, departure, a step in a scale of graduation. हटाव, प्रस्थान, पदवी, क्रम;**To remove mountains** (to perform extraordinary work.) विलक्षण कार्य करना; **Removed** (-ड्)-*adj.* remote, separate from others. दूर का, दूसरों से पृथक्; **Remover** (-अर्) -*n.* one who removes. हटानेवाला ।

Remunerable-रिम्यूनरॅबल्-*adj.* fit for being rewarded. पुरस्कार या शुल्क देने के योग्य ।

Remunerate-रिम्यूनरेट्-*v.t.*to make payments for the service rendered, to pay recompense for. प्रतिफल या पुरस्कार देना, मेहनत की मजदूरी देना; **Remuneration** (-शन्)-*n.* reward, requital, recompense. पारितोषिक, वेतन, प्रतिफल ; **Remunerative** (-इव्)-*adj.* pertaining to remuneration.प्रतिदान या पारितोषिक सम्बन्धी; **Remuneratively** (-इव्लि) -*adv.* by way of remuneration. पारितोषिक रूप में; **Remunerativeness** (-इव्-नॅस्) - *n.* the quality of being remunerative. प्रतिदान ।

Remurmur-री - मर्मर् - *v. i.* to murmur again. दुबारा बड़बड़ाना ।

Renaissance-रिनें(ना) सन्स् -*n.* the period of revival of arts and letters. कला-कौशल तथा विद्या की जागृति का काल ।

Renal-री'-नल् - *adj.* of the kidneys. वृक्क (गुरदा) सम्बन्धी ।

Rename-री-नेम्'-*v. t* to give a new name to. नया नाम देना या रखना ।

Renascence-रि-नॅसन्स्-*n.* rebirth. पुनर्जन्म; **Renascent** (- सॅन्ट्)- *adj* being reborn. दुबारा जनमा हुआ ।

Rencounter - रॅन्काउन्टर्, **Rencontre**-रान्-कॉन्टर्-*ns.*encounter sudden conflict, casual meeting. द्वन्द्व युद्ध, झगड़ा, आकस्मिक भेंट ।

Rend-रॅन्ड्-*v.t. & i.* (*p.t. & p. p.* **Rent.**) to tear, to split into two, to divide, खण्ड करना, फाड़ना (चीरना), टुकड़े-टुकड़े करना ।

Rendezvous-रॅण्ड वू (Fr.-रान्दिवू)- *n.* (*pl.* **Rendezvous.**) a meeting-place, a place appointed for the assembling of troops &c. समागम का स्थान, सेना, जहाज इत्यादि का अड्डा;-*v. i.* to assemble at a fixed place. संकेत किये हुए स्थल पर जुटना ।

Rending - रेन्डिङ्ग् - *n.* tearing, dividing. भङ्ग, भेद ।

Rendition-रॅन्डिशन्-*n.*the act of surrendering, translation. सौंपने का कार्य, अनुवाद ।

Renegade-रॅ निगेड्-*n.* one who deserts his party or faith, a turncoat. स्वधर्मत्यागी, पाखंडी ।

Renegation-रॅ निगेशन् -*n.* the act of deserting one's faith. स्वधर्मत्याग, पाखण्ड ।

Renew-रि-न्यू'-*v. t. & i.* to bring to original state, to make new, to regenerate, to replace. पहले की अवस्था में लाना, नया करना या होना, नया कराना, पूर्व अवस्था में लाना ।

Renewable-रि-न्यू'-ऍ-ब्ल्-*adj.* that may be renewed. नवीन करने योग्य ।

Renewal-रि-न्यू'-अल्-*n.* the act of renewing, revival. नवीनीकरण, उद्धार ।

Renewed-रि-न्यू-ड्'-*adj.* made new again. नया किया हुआ ।

Renewer-रि-न्यू'-अर्-*n.* one who renews. नया करनेवाला ।

Renidification-रीनिडिफ़िकेशन् - *n.* the act of building a new nest. नया घोंसला बनाने की क्रिया।

Renidify-रीनिडिफ़ाइ-*v. i.* (*p. t.* **Renidified.**) to build a new nest. नया घोंसला बनाना।

Reniform-रे निफ़ॉर्म् - *adj.* kidney-shaped. वृक्क (गुर्दे के आकार का)।

Renigation-रे निगेशन्-*n.* treachery. विश्वास घात।

Rennet-रें-नेट्-*n.* curdled milk, any thing used to curdle milk, a kind of sweet apple. जमा हुआ दूध, दूध जमाने के लिये प्रयुक्त पदार्थ, एक प्रकार का मीठा सेब।

Renominate-रीनॉमिनेट् - *v. t.* to nominate again. दुबारा निर्धारण करना; **Renomination** (-शन्) - *n.* a nominating again. दुबारा निर्धारण।

Renounce-रि-नाउन्स्-*v. t. & i.* to abandon, to give up, to decline. त्यागना, छोड़ना, अस्वीकार करना; **To renounce the world** (to follow the life of a hermit.) संसार छोड़कर संन्यास ग्रहण करना; **Renouncement** (-मेन्ट्)-*n.* renunciation. त्याग।

Renouncer-रिनाउन्सर्-*n.* one who renounces. त्यागनेवाला।

Renovate-रें नॅवेट्'-*v. t.* to make new again, to restore to a good condition. नया करना, अच्छी अवस्था में लाना; **Renovation** (-शन्)-*n.* the act of renewing. नूतन अवस्था, उद्धार ; **Renovator** (-अर्)-*n.* one who renovates. नया करनेवाला।

Renown-रि-नाउन् - *n.* reputation, celebrity, fame. यश, कीर्ति ; **Renowned** (-ड्) - *adj.* famous, eminent, celebrated. प्रसिद्ध, नामी।

Rent-रेंन्ट्-*p. t.* of **Rend.**

Rent-रेंन्ट्-*n.* tear, cleft, gorge, a tenant's periodical payment to landlord, payment for hire. फटन, दर्रा, फाँक, मालगुज़ारी, भाड़ा (मासूल);-*v. t. & i.* to lease or let on rent. किराये पर या पट्टे पर देना।

Rentable-रेंन्ट्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* able to be rented. किराये पर देने योग्य।

Rental-रेंन्टल्-*n.* amount of rent. मालगुज़ारी, किराये से मिला हुआ धन।

Rented-रेंन्टेड् - *adj.* given on rent. किराये पर दिया हुआ।

Renter-रेंन्टर् - *n.* a tenant, one who holds a lease by paying rent for. असामी, किरायेदार।

Renter-रेंन्टर्-*v. t.* to sew together the edges of cloth without folding. बिना मोड़े टक्करी सियन सीना।

Rent-free-रेंन्ट्-फ़्री-*adj.* without rent. माफ़ी, बिना देन या लगान की।

Renumber-री - नम्बर्-*v. t.* to number or count again. फिर से गणना करना (गिनना)।

Renunciant-रिनन् - श्यन्ट् - *adj.* relating to renunciation. त्याग-सम्बन्धी; **Renunciation** (-शन्)-*n.* the act of renouncing, self-denial, rejection. त्याग, आत्मत्याग, अस्वीकार ; **Renunciative** (-शिऍ-टिव्), **Renunciatory** (-शिऍ-टरि)-*adjs.* pertaining to renunciation. त्याग-सम्बन्धी।

Reobtain-री-ॲब्-टेन्-*v. t.* to get again. पुन: प्राप्त करना।

Reoccupy-री-अक्'-यु-पाइ-*v. t.* (*p. t.* **Reoccupied**) to occupy again. फिर से ग्रहण करना।

Reopen-री' ओ-पन्-*v. t. & i.* to open again. फिर से खोलना या खुलना।

Reordain-री'-ऑर्-डेन्-*v. t.* to ordain again. फिर से नियुक्त करना।

Reorder-री-ऑर्डर्-*v.t.* to repeat a command. फिर से आज्ञा देना।

Reordination-री'-ऑर्डिनेशन्-*n.* ordaining a second time. दुबारा नियुक्ति।

Reorganization-री'-ऑर्गनाइज़ेशन्-*n.* the act of organizing a second time. नवीन क्रम।

Reorganize, Reorganise-री - ऑर्गनाइज़्-*v. t.* to rearrange. फिर से क्रम में रखना।

Rep, Repp - रेंप्- *ns.* a kind of fine cloth. एक प्रकार का महीन वस्त्र।

Repacify-री-पॅ-सि-फ़ाइ- *v. t.* (*p. t.* **Repacified**) to pacify again. पुन : शान्त करना या सान्त्वना देना।

Repack-री - पॅक्' - *v. t.* to pack again. फिर से गठरी बाँधना।

Repair-रि-पेअर्'-*v. t. & i.* to go, to resort, to make amends for, to build, to mend. जाना, शरण प्राप्त करना, बदला देना, बनाना, मरम्मत करना ; - *n.* a haunt, restoring to sound health, good condition. स्थान, स्वास्थ्य, मरम्मत; **Repairable** (-ऍब्ल्) -*adj.* able to be mended. मरम्मत करने योग्य; **Repairer** (-अर्) - *n.* one who repairs or mends. मरम्मत करनेवाला।

Repand-रि-पॅन्ड्'-*adj.* with wavy margin. लहरियादार किनारेवाला।

Reparable-रेंप्-ऍ-ब्ल्-*adj.* that may be made

good, satisfactory. पूर्ण करने या सुधारने योग्य, सन्तोष जनक ।

Reparation-रें-परेशन्-*n.* repairing, compensation. हानि की पूर्ति (संशोधन), बदला ।

Reparative-रें-परे टिव् - *adj.* restoring to a sound health. स्वस्थ करनेवाला ।

Repartee-रें - पार्टी-*n.* a quick witty reply or retort. क्षणिक उत्तर, व्यंग उक्ति;-*v. i.* to make a retort. व्यंग बोलना, तुरन्त उत्तर देना ।

Repartition-री - पार्टिशन्-*n.* a division into smaller parts. छोटे अंशों में विभाजन; -*v. t.* to make divisions again. ऐसा विभाजन करना ।

Repast-रि-पास्ट्'-*n.* food supplied for being eaten, meal. भोजन, आहार ।

Repatriate- री-पॅट्रि-एट्'-*v. t. & i.* to return to one's own country. अपने देश को वापस जाना; **Repatriation** (-शन्)-*n.* the act of returning to one's own country. स्वदेशागमन ।

Repay-रि-पे'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Repaid.**) to pay back, to return, to retaliate. चुका देना, वापस करना, बदला देना; **Repayment** (-मेंन्ट्) -*n.* the act of paying back. वापसी ।

Repeal-रिपील्-*v. t.* to revoke, to annul, to abrogate. खण्डन करना, तोड़ना;-*n.* abrogation, revocation. प्रचारभंग, खंडन; **Repealable** (-एॅबल्) - *adj.* revocable, capable of being repealed. खंडन करने योग्य; **Repealer** (-अर्) - *n.* one who seeks a repeal, an advocate of repeal. खंडन करनेवाला, कानून को तोड़ने या सुधारनेवाला वकील; **Repealment** (-मेंन्ट्) -*n.* act of repealing. खण्डन करने का कार्य ।

Repeat-रि-पीट्'-*v. t. & i.* to do or say again, to recite, to renew, to recur, to appear again. फिर से कहना या करना, दुहराना (पढ़ना), नया करना, आवृत्ति करना, फिर से उपस्थित होना ; **Repeatable** (-एॅबल्) -*adj.* able to be repeated. दुहराने योग्य ; **Repeated** (-एॅड्) -*adj.* done a second time. दुबारा किया हुआ; **Repeatedly** (-लि) -*adv.* again and again, frequently. बारम्बार, अनेक बार ; **Repeater** (-अर्) -*n.* one who repeats. बार-बार होनेवाला, दुहरानेवाला ; **Repeating** (-इङ्ग्)-*n.* saying or doing something again. दुहराना ।

Repel-रि-पॅल्' -*v. t.* (*p. t.* **Repelled.**) to drive back, to ward off, to refuse acceptance to, to oppose. पीछे को हटाना, टालना, अस्वीकार करना, विरोध करना ।

Repellent-रि-पॅ-लेन्ट्-*adj.* opposing. प्रतिकारक, पीछे हटनेवाला; **Repellently** (-लि)-*adv.* in a repellent manner. प्रतिकार या रुकावट से ।

Repent-रि-पॅन्ट्' - *adj.* creeping along the ground. भूमि पर रेंगता हुआ; -*v. t. & i.* to feel regret for something, to be regretful about. पश्चात्ताप करना, पछताना ।

Repentance-रि-पॅन्टन्स्-*n.* sorrow, grief. खेद, पश्चात्ताप ।

Repentant-रि-पॅन्टन्ट्-*adj.* repenting, sorrowful. पछतावा करनेवाला, दुःखी; **Repentantly** (-लि)-*adv.* in a penitent manner. पछतावे से।

Repeople-री - पी' - पल्-*v. t.* to fill up with men again. फिर से बसाना ।

Repercussion-री-पर्कशन्-*n.* the act of driving behind. पीछे की ओर हटाव, प्रतिघात ।

Repertory-रेंपर्टरि-*n.* place for finding some thing, a store-house, treasury. कोष, भण्डार ।

Reperusal-रीपेरूज़ल्-*n.* act of thinking or reading over again. पुनरावलोकन, पुनर्विचार, पुनर्पठन ।

Reperuse-रीपेरूज़'-*v. t.* to think or read over again. पुनर्विचार करना, दुबारा पढ़ना ।

Repetend-रें-पि-टेन्ड्'-*n.* a recurring word, refrain. पुनरावृत्ति का शब्द, टेक ।

Repetition-रें-पि-टिशन्'-*n.* the act of doing or uttering a second time. पुनरुक्ति, दुहराव, आवृत्ति; **Repetitional** (-अल्)-*adj.* repeating. पुनरुक्ति-सम्बन्धी; **Repetitionary** (-अरि)-*adj.* containing repetitions. आवृत्तियों से युक्त ।

Repine-रि-पाइन्'-*v. i.* to be discontented, to complain, to fret. असन्तुष्ट होना, सन्ताप करना, खिन्न होना; **Repining** (-इङ्ग्)-*n.* discontentment. असन्तोष, शोक; **Repiningly**(-इङ्ग-लि)-*adv.* with repining. शोक से ।

Replace-रि-प्लेस्'-*v. t.* to put in place again, to substitute for, to fill up a place. पुनः स्थापित करना, बदले में रखना, भर्ती करना; **Replaceable** (-एॅ-बल्) -*adj.* capable of replacement, स्थापित करने योग्य; **Replacement** (-मेंन्ट्)-*n.* act of replacing. बदला, भरती; **Replacing-switch**-*n.* an appliance to set upon rails, a derailed locomotive. रेल लाइन से उतर गये हुए इञ्जन को फिर से चढ़ाने का यंत्र ।

Replait-री-प्लेट्'-*v. t.* to plait or fold again. दुबारा तह करना ।

Replant-री-प्लॅन्ट्-*v. t.* to plant again. पौधे को एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान में लगाना ।

Replenish-रि-प्लें-निश् -*v. t.* to fill up again, फिर से भरना; **Replenished** (-इ)-*adj.* filled up again. फिर से भरा हुआ; **Replenishment** (-मेन्ट) -*n.* the act of filling up again. दुबारा पूर्ति ।

Replete-रि-प्लीट्'-*adj.* fully filled, well stocked. परिपूर्ण, भरपूर, भरा हुआ ।

Repletion-रि-प्ली'-शन्-*n.* fullness. पूर्णता ।

Repletive-रि-प्लीटिव्-*adj.* filling. परिपूरक ।

Replevin-रि-प्लें व्रिन्-*n.* recovery of distrained goods on security submitted. जमानत देने पर कुर्क किये हुए माल की प्राप्ति; **Replevy** (-इ) -*n.* taking back what has been distrained. कुर्क किए माल को पुनः प्राप्त करना ।

Replica-रीप्लिकों -*n.* duplicate of an original painting made by the artist himself (who made the original.) किसी चित्रकार के बनाये हुए चित्र का प्रतिरूप (नकल) जिसको स्वयं उस चित्रकार ने बनाया हो।

Replicate-रें प्लिकेंट्-*adj.* folded back on itself. अपने ही ऊपर मुड़ा हुआ; -*v. t.* to repeat, to fold back. दुहराना, मोड़ना; **Replication** (-शन्) -*n.* fold, plaintiff's reply, echo. मोड़, वादी का प्रतिवादी को उत्तर, प्रतिध्वनि ।

Replier-रि-प्लाइ'-अर्-*n.* one who replies. उत्तर देनेवाला ।

Reply-रि-प्लाइ'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Replied.**) to answer, to respond. उत्तर देना, जवाब देना; *n.* (*pl.* **Replies.**) answer, response. उत्तर (प्रतिवाद), जवाब; **Reply paid (telegram)** a telegram for the reply of which payment has been made before. तार जिसके उत्तर के लिये रुपया जमा कर दिया गया हो।

Repoint-री-पॉइंन्ट्'-*v. t.* to point again. फिर सूचित करना ।

Repopulate-री - पॉप्युलेंट् -*v. t.* to populate afresh. नयी बस्ती बसाना, नये ढंग से जनपूर्ण बनाना ।

Report-रिपोर्ट्-*v. t. & i.* to submit an account of, to relate an ascertained fact, to narrate, to make official statement, to announce. वृत्तान्त उपस्थित करना, निश्चित की हुई बात का विवरण देना, वर्णन करना, सरकारी विज्ञप्ति जताना या बताना, घोषणा करना; -*n.* an account, a rumour, a loud noise. विज्ञापन, समाचार (जनश्रुति), चर्चा, तेज शब्द; **Bad report** (false rumour.) झूठी जनश्रुति या सूचना; **The report goes** (such is the rumour.) ऐसा सुना जाता है; **Written report** (written description.) लिखित विवरण, आवेदन-पत्र ।

Reportable-रिपोर्'-टेंबल्-*adj.* able to be published. प्रकाशित करने योग्य; **Reporter** (-अर्) -*n.* one who makes a report. वृत्तान्त निवेदन करनेवाला; **Reporting** (-इङ्ग्) -*n.* act of making a report. सूचना देने का कार्य ।

Reposal-रि-पो'-ज़ल्-*n.* rest. विश्राम ।

Repose-रि-पोज़्-*v. t. & i.* to deposit, to rest, to lie, to place trust in, to lay at rest. जमा करना, रखना, धरना, विश्वास दिलाना; -*n.* a rest or pause, tranquillity. विराम, उपशमन, शान्ति; **Reposeful** (-फ़ुल्) -*adj.* inducing repose. विश्रामपूर्ण; **Reposefully** (-फ़ुलि) -*adv.* in a reposing manner. विश्रामपूर्वक ।

Reposit-रिपॉज़िट् -*v. t.* (*p. t.* **Reposited.**) to lay in safety. सुरक्षित रखना ।

Repository-रिपॉज़िटरि -*n.* a place where things are stored up for safety. सुरक्षा कोष, भण्डार ।

Repossess-री-पॅ-ज़ॅस्-*v. t.* to possess again. फिर से अधिकार प्राप्त करना ।

Reposure-रिपोज़र्-*n.* peace, rest. शान्ति ।

Reprehend-रें-प्रिहेंन्ड् -*v. t.* to rebuke, to censure, to find fault with. निन्दा करना, झिड़कना, कलंक लगाना; **Reprehender** (-अर्) -*n.* one who blames. निन्दक ।

Reprehensible-रें प्रिहें-न्सिब्ल्-*adj.* blamable. निन्दनीय ; **Reprehensibly** (-इ) - *adv.* blamably. निन्दा से; **Reprehension** (-शन्) -*n.* reproof, blame, censure. निन्दा, कलंक ।

Represent-रें-प्रिज़ेंन्ट् -*v. t.* to call up before the mind, to describe or depict, to play the part of, to act or stand for, to fill the place of, to act as a substitute for. चित्त में लाना, वर्णन करना, चित्र बनाना, किसी व्यक्ति का अभिनय या नकल करना, प्रतिनिधि होना, स्थान पूर्ण करना; **To represent in writing** (to put in black and white.) लेखरूप में रखना ।

Representable-रें-प्रिज़ेंण्टें-बल्-*adj.* that may be represented. वर्णन करने योग्य; **Representation** (-शन्) -*n.* the act of representing, likeness. वर्णन (प्रदर्शन), प्रतिरूप (मूर्ति); **Representational** (-शनल्) -*adj.* pertaining to representation. प्रदर्शन सम्बन्धी, प्रतिरूप का; **Representative** (-टिव्) - *adj. & n.* exhibiting a symbol of, typical, of a class, consisting of elected members. प्रतिनिधि, प्रतिरूप, प्रतिपुरुष; **Representatively** (-टिव्-लि)-*adv.* in a representative manner. प्रतिनिधिरूप में; **Representativeness**

(-टिव्-नेंस्)-*n.* the quality of being representative. प्रतिरूपता ।

Repress-रि-प्रेस्-*v. t.* to suppress, to subdue, to restrain, to put under control. शमन करना, दबाना, रोकना, नियंत्रण में रखना: **Represser** (-अर्) -*n.* one who checks. रोकनेवाला; **Repression** (-शन्) -*n.* check, restraint. निरोध, दबाव; **Repressive** (-इव्) -*adj.* tending to restrain. निरोधी, दबानेवाला ।

Reprieve-रि-प्रीव्'-*v. t.* to stop or delay a sentence of death. प्राणदण्ड को कुछ समय के लिये रोकना या स्थगित करना; -*n.* a temporary suspension of death sentence. प्राणदण्ड की अस्थायी रुकावट ।

Reprimand-रें-प्रिमॅन्ड् -*v. t.* to rebuke for a fault. निन्दा करना, झिड़कना: - *n.* a severe reproof. झिड़की, घुड़की ।

Reprint-री-प्रिन्ट्'-*v. t.* to print or publish a second time. दुबारा छापना या प्रकाशित करना; -*n.* a new unaltered impression of a book. नया प्रकाशन या संस्करण ।

Reprisal-रिप्राइज़ल्-*n.* the act of retaliation. बदला लेने का कार्य ।

Reprise-रि-प्राइज़्'-*n.* yearly payment of rent, retaliation. वार्षिक देन, बदला ।

Reproach-रि-प्रोच्'-*v. t.* to scold, to rebuke, to censure. गाली देना, तिरस्कार करना, धिक्कारना; -*n.* a censure, disgrace. धिक्कार, तिरस्कार, गाली; **Reproachable** (-ऍबल्) -*adj.* deserving censure. निन्दा के योग्य; **Reproachably** (-ऍब्लि) -*adv.* with reproaches. निन्दासहित; **Reproachful** (-फ़ुल्)-*adv.* base, full of rebuke, shameful. नीच, निन्दनीय, लज्जापूर्ण; **Reproachfully**(-फ़ुलि)-*adv.* shamefully. निन्दापूर्ण ढंग से; **Reproachfulness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being reproachful. लज्जापूर्णता, निन्दनीयता, नीचता; **Reproachingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a reproaching manner. झिड़कते हुए ।

Reprobate-रें-प्रॅ-बेंट्-*v. t.* to reject, to express disapproval for. अस्वीकार करना, धिक्कार प्रकट करना; -*adj.* & *n.* depraved, one who is cast off by God. दुष्ट, दुराचारी, पापी; **Reprobation** (-शन्)-*n.* the act of reprobating. अति दुष्टता, लम्पटता ।

Reproduce-री-प्रॅ-ड्यूस् -*v. t.* to generate again, to renew the production of, to produce again. पुन: उत्पन्न करना, नई उत्पत्ति करना, नया करना ।

Reproduction-री-प्रॅडक्शन् -*n.* the act of reproducing, propagation. पुनर्जन्म, दुबारा वंश या सन्तान की उत्पत्ति ।

Reproductive-री-प्रॅडक्टिव्-*adj.* having power to produce. उत्पन्न करने की शक्तिवाला ।

Reproof-रि-प्रूफ़्'-*n.* blame, reproach, expression of blame. निन्दा, भर्त्सना, झिड़की ।

Reprovable - रिप्रूवॅबल् - *adj.* blamable. निन्दनीय, भर्त्सना के योग्य ।

Reproval-रिप्रूवल्-*n.* reproof. भर्त्सना, झिड़की।

Reprove-रि-प्रूव् -*v. t.* to rebuke, to chide. झिड़की देना, डाँटना ।

Reprovingly-रि-प्रू-विङ्ग्-लि -*adv.* in a rebuking manner. दोष लगाते हुए, झिड़कते हुए ।

Reptant-रेंप्टन्ट् -*adj.* creeping. रेंगनेवाला ।

Reptile-रेंप्टाइल् - *n.* a crawling animal. रेंगनेवाला जन्तु; -*adj.* creeping. रेंगनेवाला ।

Reptilian-रें प्टिल्यन् - *adj.* pertaining to reptiles. रेंगनेवाले जन्तु का ।

Republic-रिपब्लिक् -*n.* a state in which the government is carried on by elected representatives, a commonwealth. प्रजातन्त्र राज्य, ऐसा राज्य जिसमें चुने हुए सदस्य सब प्रबन्ध करते हैं; **Republican** (-अन्) -*adj.* & *n.* pertaining to a republic, one who favours republicanism. लोक-प्रभुत्व-सम्बन्धी, लोकतंत्रवादी; **Republicanism** (-इज़्म्) -*n.* theory of the republican form of government. प्रजातन्त्र राज्य का सिद्धान्त ।

Republicanize-रि-पब्लिकनाइज़्-*v. t.* to convert into a republican form of government. प्रजातन्त्र राज्यक्रम स्थापित करना ।

Republication-री-पब्लिकेशन् -*n.* the publication of a work a second time. पुनरावृत्ति, पुन:प्रकाशन ।

Republish-री-पब्लिश्-*v. t.* to publish again. फिर से प्रकाशित करना ।

Repudiate-रि-प्यू'-डि-एट्-*v.t.* to divorce one's wife, to disown or to reject, to refuse to obey. स्त्री का परित्याग करना, अस्वीकार करना, आज्ञा पालन न करना; **Repudiation** (-शन्)-*n.* divorce. पत्नी-परित्याग, तलाक; **Repudiator** (-अर्) -*n.* one who repudiates or divorces. पत्नी-परित्याग करनेवाला ।

Repugn-रि-प्यून्'-*v. i.* & *t.* to offer opposition, to strive against. विरोध करना, सामना करना ।

Repugnance-रिपग्नन्स् - *n.* inconsistency, aversion, dislike. विरोध, अनिच्छा, घृणा; Re-

pugnancy-(-न्सि) -*n.* inconsistence. विरोध; Repugnant (-नन्ट) - *adj.* contradictory. विरुद्ध, प्रतिकूल ।

Repullulate-रि-पुल्यु-लेट्'-*v. i.* to shoot out again. फिर से उभड़ आना; **Repullulation** (-लें-शन्)-*n.* the act of budding afresh नया उभाड़ ।

Repulse-रि-पल्स' - *v. t.* to drive back, to refuse, to rebuff. हटा देना, अस्वीकार करना, भगा देना; - *n.* refusal, denial. निषेध, अस्वीकार ।

Repulsion-रिपल्शन्-*n.* the act of repulsing, aversion. हटा देने या हट जाने की क्रिया, पराजय, अस्वीकार, प्रतिनिवृत्ति, वितृष्णा ।

Repulsive-रिपल्सिव् - *adj.* forbidding, offering resistance, unsympathetic. - निषेधक, प्रतिघाती, सहानुभूति न रखने वाला; **Repulsively** (-लि)-*adv.* in a repulsive manner. अप्रियता से, घृणा से; **Repulsiveness** (-नेंस्) -*n.* hatred. घृणा ।

Repurchase-री-पर्-चेंज़् -*v. t.* to buy again. दुबारा मोल लेना; -*n.* the act of buying again. दुबारा खरीद ।

Repurify-री'-प्यूरि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* Repurified.) to purify again. फिर से (दुबारा) शुद्ध करना ।

Reputable-रे'प्युटेबल्-*adj.* honourable, esteemed. प्रतिष्ठित, कीर्तियुक्त, सम्मान किया हुआ ।

Reputation - रेंप्युटेशन् - *n.* good name, esteem, respectability कीर्ति, यश, मान, प्रसिद्धि; Bad reputation (discredit) दुर्नाम; Good reputation (good name) सुयश ।

Repute-रि-प्यूट्'-*v. t.* to consider, to reckon. विचारना, गणना करना; -*n.* reputation, fame. कीर्ति, यश; **Reputed** (-ऍड्) - *adj.* generally regarded. माना हुआ; **Reputedly** (-लि)-*adv.* with reputation. प्रसिद्धि से; **Reputeless** (-लेस)-*adj.* disgraceful. निन्द्य, अप्रतिष्ठित ।

Request - रि - क्वेंस्ट्' - *n.* prayer, petition, demand, entreaty, desire, suit. प्रार्थना, आकांक्षा, इच्छा, निवेदन; - *v. t.* to petition, to demand for, to express desire for. प्रार्थना करना, (विनय सहित) माँगना ।

Requicken-री-क्विकन्'-*v. t.* to make quick again. फिर से तीव्र करना ।

Requiem-रें क्वि-ऍम्-*n.* a prayer for the dead. मरे हुए लोगों के लिये ईश्वर से प्रार्थना ।

Require-रि-क्वायर्'-*v. t.* & *i.* to demand as of right, to call for, to need, to stand in want of. प्रार्थना करना, आकांक्षा करना, माँगना, चाहना; **Requirement** (-मेन्ट्)-*n.* demand, that which is required. आकांक्षा, माँग ।

Requisite रें क्विज़िट् -*adj.* & *n.* required, necessary, thing needed for some purpose. आवश्यक, प्रयोजनीय, आवश्यक वस्तु; **Requisiteness** (-नेंस्)-*n.* necessity. आवश्यकता ।

Requisition - रें क्विज़िशन् - *n.* application, demand. प्रार्थना, माँग;-*v. t.* to request, to demand. प्रार्थना करना, माँगना; **Requisitive** (टिव्) *adj.* expressing demand. प्रार्थना-सूचक ।

Requital-रि-क्वाइटल्-*n.* recompense. प्रतिकार, पूर्ति ।

Requite-रि-क्वाइट्'-*v. t.* to make return to, to repay, to avenge. प्रतिफल देना, बदला देना, प्रतिकार करना; **Requitedly** (-ऍड्-लि) -*adv.* avengingly, in recompense. प्रतिकार में, बदले में ।

Re-read-री-रीड्'-*v. t.* to read a second time. फिर से पढ़ना ।

Res-रीज़्-*n.* a thing, property. वस्तु (पदार्थ), सम्पत्ति ।

Resale-री'-सेल्-*n.* a second sale. दुबारा की बिक्री ।

Resalute-री'-सॅ-ल्यूट्'-*v. t.* to salute anew or in return. फिर से या बदले में नमस्कार करना ।

Rescind-रि - सिन्ड्' -*v. t.* to annul, to cut off, to abrogate. खण्डन करना, लोप करना, काटना ।

Rescission-रि-सिज़न् - *n.* act of cancelling. खण्डन, कटाव ।

Rescribe-री-स्क्राइब्' - *v. t.* to write again. फिर से लिखना ।

Rescript-री'-स्क्रिप्ट् -*n.* a ruler's edict, what is rewritten. राजा का आज्ञापत्र, दुबारा लिखा हुआ लेख; **Rescription** (-शन्) -*n.* a writing back. पुनर्लेख ।

Rescue-रेंस्'-क्यू-*v.t.* to set free from custody, harm &c., to take back, to liberate. मुक्त करना, फेर लेना, छुटकारा देना; -*n.* deliverance, liberation. निस्तार, उद्धार; **Rescuer** (-अर्)-*n.* he who rescues. छुटकारा देनेवाला ।

Research-रि-सर्च्' - *n.* a careful inquiry, a critical investigation. अन्वेषण, अनुसन्धान; -*v. t.* to examine minutely, to search again. खोज करना, जिज्ञासा करना; **Researcher** (-अर्) -*n* one who examines diligently. परिश्रम से अन्वेषण करनेवाला; **Researchful** (-फुल)-*adj.* having capacity for research. अन्वेषण करने योग्य ।

Reseat-रीसीट्'-*v. t.* to seat again. फिर से बैठाना ।

Resect-रि-सेक्ट्'-*v. t.* to cut down, to pare off. काटना, छाँटना; **Resection** (-शन्)-*n.* part of a bone cut off. हड्डी का कटाव ।

Reseek-री- सीक् -*v. t.* to search again. फिर से खोजना ।

Reseize-री-सीज़्'-*v. t.* to seize again. फिर से पकड़ना ।

Reseizure-री - सीज़र् - *n.* a second seizure. दुबारा पकड़ या गिरफ्तारी ।

Resell-री-सेल्'-*v. t.* to sell again. फिर से बेचना ।

Resemblance-रिज़ेम्ब्लेन्स्-*n.* similarity, what may be compared. सादृश्य, समानता, उपमा ।

Resemble-रि-ज़ेम्' - ब्ल्-*v. t.* to be like, to have similarity with. अनुकरण करना, सदृश होना ।

Resembling-रिज़ेम्-ब्लि - ङ्ग् - *adj.* similar. अनुरूप, तुल्य ।

Resent-रि-ज़ेन्ट्'-*v. i.* to feel indignation for, to be angry at. बुरा मानना, क्रोध करना; **Resentful** (- फुल्) - *adj.* full of resentment, irritable. क्रोधी, रोष करनेवाला; **Resentfully** (-फुलि) - *adv.* irritably. क्रोध से; **Resentment** (-मेन्ट्)-*n.* anger, indignation. क्रोप, ईर्ष्या, द्वेष ।

Reservation-रिज़र्-वेशन् - *n.* limitation, reserve, anything reserved. निग्रह, रुकावट, अपवाद ।

Reserve-रि-ज़र्व्'-*v. t.* to keep in store for later occasion, to retain possession of. (एकट्ठा करना) बचा रखना, सुरक्षित रखना, अलग करना; - *n.* extra stock, place reserved, limitation, restriction, self-restraint. संचय, निग्रह, पराङ्मुखता, शान्ति, आत्मसंयम; **Reserve fund** (fund reserved for future use.) भविष्य के लिये सुरक्षित कोष ; **Without reserve** (completely.) पूर्ण रूप से; **Reserved** (-ड्) - *adj.* not free, protected. रक्षित, गुप्त; **Reservedly** (- ड्-लि) - *adv.* in a reserved manner. गूढ़ भाव से, गम्भीरता से; **Reservedness** (- ड्-नेस्) - *n.* the quality of being reserved. गम्भीरता ।

Reservoir - रेज़र्वायर् - *n.* a receptacle for storing water. जलाशय, कुंड, बावली;-*v. t.* to fill in a reservoir. जलाशय में भरना; **Reservoir pen** (a fountain-pen.) कलम जिसमें रोशनाई भरी जाती है ।

Reset-री-सेट्'-*v. t.* & *i.* to receive stolen goods, to set again. चोरी का माल लेना, फिर से जोड़ना या बैठाना ।

Resetter-री-से - टर् - *n.* one who receives stolen goods. चोरी का माल लेने वाला ।

Resettle-री-से-ट्ल्-*v. t.* to settle again. फिर से स्थिर करना या ठहराना; **Resettlement** (-मेन्ट्)-*n.* act of resettling. दुबारा स्थिर करने का कार्य, पुनर्स्थिरीकरण ।

Reshape-रीशेप्'-*v. t.* to shape again. फिर से गढ़कर बनाना ।

Reship-री-शिप्'-*v. t.* to put again on board a ship. फिर से जहाज पर लादना ।

Reshuffle-री-श-फ्ल्-*v. t.* to mix up again. फिर से फेटना ।

Reside-रि-ज़ाइड्'-*v. i.* to dwell permanently, to be inherent in, to rest, to sink or settle down as a deposit. बसना, सर्वदा रहना, विश्राम करना, संचयन या जमाव के रूप में नीचे बैठ या जम जाना ।

Residence-रे-ज़िडेन्स्-*n.* place where one lives or resides. निवासस्थान, घर; **Place of residence** (place of living.) वासस्थान; **Residency** (-इ)-*n.* an official residence of the representative of the British government. राजकीय अधिकारी के रहने का स्थान ; **Resident** (-डेन्ट) - *adj.* residing, having quarters in a place, inherent. निवासी, रहनेवाला, आन्तरिक;-*n.* a political agent of the Indian government. देशी राज्यों में रहनेवाला भारत-सरकार का प्रतिनिधि ।

Residential-रे-ज़िडेन्शल्-*adj.* connected with residence. निवास-सम्बन्धी ।

Residentiary-रेज़िडेन्श्यरि-*n.* an official residence. सरकारी निवासस्थान; **Residentship** (-डेन्ट-शिप्) - *n.* the office of a resident. सरकारी अधिकारी का पद ।

Resider-रिज़ाइडर्-*n.* a person who resides in a particular place. किसी विशेष स्थान का निवासी ।

Residual-रि-ज़िड्युअल् - *adj.* & *n.* remaining after a part has been separated. बाकी बचा हुआ, शेष भाग ।

Residuary-रि-ज़िड्युअरि - *adj.* pertaining to the remaining part. शेष भाग का ।

Residue-रेज़िड्यु-*n.* what remains, the remainder. अवशेष, बचत, छाँछ ।

Residuous-रिज़िड्युअस - *adj.* same as 'Residual.'

Residuum-रि-ज़िड्यु-अम्-*n.* remainder, dregs. बचा हुआ भाग, खूद ।

Resign-रि-ज़ाइन्'-*v. t. & i.* to surrender, to hand over, to reconcile oneself. पद त्याग करना, छोड़ना, अधीन होना; **To resign one's claims** (to give up one's claims.) अपना अधिकार छोड़ देना ; **To resign to fate** (to surrender to luck.) भाग्य के अधीन होना ।

Re-sign-री'-साइन्-*v. t.* to sign again. दुबारा हस्ताक्षर करना ।

Resignation-रॅज़िग्नेशन्-*n.* the act of resigning, submission, will of Providence. परित्याग, समर्पण, ईश्वरीय इच्छा ।

Resigned-रि-ज़ाइन्ड्'-*adj.* submissive. समर्पित, छोड़ा हुआ; **Resignedly** (-लि) -*adv.* with resignation. परित्याग से; **Resignee** (-इनी) -*n.* the person to whom a thing is resigned. जिसके लिए कोई सम्पत्ति छोड़ी जाती है ।

Resile-रि-ज़ाइल्'-*v. t.* to rebound, to recoil, to resume former shape. उछलना, पीछे को हटना, पूर्व अवस्था धारण करना ।

Resiliency-रिज़िलिअन्सि-*n.* the act of rebounding. लौटाना, लचक; **Resilient** (-अन्ट्) -*adj.* rebounding. उछलनेवाला ।

Resin-रॅ-ज़िन्-*n.* a kind of gum secreted by certain trees. राल, धूना;-*v. t.* to paint with resin. राल रगड़ना या लगाना ।

Resinaceous-रॅज़िनेशस्-*adj.* resinous. रालदार ।

Resiniferous-रॅज़िनिफ़रस्-*adj.* yielding resin. धूना या राल निकालनेवाला ।

Resiniform-रॅज़िनिफ़ॉर्म्-*adj.* of the form of resin. राल के आकार का ।

Resinify-रॅ-ज़िनि-फ़ाइ'-*v. t.*(*p. t.* **Resinified.**) to make resinous. राल बनाना, धूने में बदलना ।

Resinous-रॅ-ज़िनस्-*adj.* mixed with resin. राल मिला हुआ ।

Resipiscence(y)-रॅसिपिसॅन्स् , (-इ)-*ns.* acceptance of error. अशुद्धि या भूल की स्वीकृति ।

Resipiscent-रॅसिपिसॅन्ट्-*adj.* one who accepts an error. भूल स्वीकार करनेवाला ।

Resist-रि-ज़िस्ट्-*v. t. & i.* to oppose, to repel, to stand against, to abstain from, to withstand. अवरोध करना, प्रतिकार करना, बाधा डालना, रोकना; **Resistance** (-अन्स्)-*n.* refusal, opposition, hindrance. अवरोध, प्रतिबन्ध, रुकावट; **Resistant** (-अन्ट्)-*adj. & n.* making resistance, he who or that which resists. रोकवाला, बाधक, रोकनेवाली वस्तु ; **Resister** (-अर्)-*n.* one who resists. प्रतिबन्धक; **Resistibility**(-इबिलिटि)-*n.* resistibleness. अवरोध-शक्ति; **Resistible** (-इ-ब्ल्)-*adj.* that may be resisted. बाधा डालने योग्य ।

Resistive-रि-ज़िस्टिव्-*adj.* having the power to resist. रोकने की शक्तिवाला ; **Resistless** (-लॅस)-*adj.* irresistible. अटल, बिना रुकावट का; **Resistlessly** (-लॅस-लि)-*adv.* irresistibly. बिना अवरोध के ।

Resmooth-री-स्मूथ्'-*v. t.* to smooth anew. फिर से चिकना करना ।

Resolder-री-सोल्डर्-*v. t.* to solder again. फिर से जोड़ना या टाका लगाना ।

Resoluble-रॅज़ॅल्युब्ल्-*adj.* that can be dissolved. फिर से घोलने योग्य ।

Resolute-रॅज़ॅल्यूट्-*adj.* determined, firm, unshrinking. दृढ़, स्थिर, प्रौढ़; **Resolutely** (-लि)-*adv.* in a resolute manner. दृढ़ता से, स्थिरता से ।

Resolution-रॅज़ॅल्यूशन् - *n.* analysis, decomposition, formal expression of opinion, problem, resolve, firmness of temper. विश्लेषण, पृथक्करण, नियमानुसार मत या प्रस्ताव प्रकाशन, प्रतिज्ञा, समस्या, चित्त की दृढ़ता ।

Resolutive-रॅज़ॅल्यूटिव्-*adj.* having the power of dissolving. घोलने की शक्तिवाला ।

Resolvable- रिज़ॉल्वॅब्ल् - *adj.* that may be resolved. निर्णय योग्य ।

Resolve-रि-ज़ॉल्व् - *v. t. & i.* to analyse, to break up into component parts, to explain, to determine, to settle, to make up one's mind. विश्लेषण करना, मौलिक भागों में अलगाना, व्याख्या करना, स्थिर करना, निश्चय करना, ठानना;-*n.* determination, resolution. स्थिरता, दृढ़ता.; **Resolved** (-ड्) - *adj.* determined, निश्चित, स्थिर; **Resolvedly** (-ड्-लि)-*adv.* in a resolved manner. स्थिरता से; **Resolvedness** (-ड्-नॅस)-*n.* fixedness of purpose. दृढ़ता, स्थिरता ।

Resolvent-रिज़ॉल्वॅन्ट्-*adj.* having the power of resolving. किसी पदार्थ (यथा फोड़ा इत्यादि) को गलानेवाली ।

Resolver-रिज़ॉल्वर्-*n.* one who makes a resolve. संकल्प करनेवाला ।

Resonance-रॅज़ॅनन्स्-*n.* an echo. प्रतिध्वनि ।

Resonant-रॅज़ॅनन्ट्-*adj.* resounding, echoing.

प्रतिध्वनित, गूँजनेवाला ; **Resonantly** (-लि) *-adv.* in an echoing manner. प्रतिध्वनित होते हुए ।

Resonate-रॅज़ॅनेट्-*v. t.* to produce resonance. लय उत्पन्न करनेवाला ; **Resonator** (-अर्)-*n.* an instrument for giving resonance to sounds. प्रतिध्वनि उत्पन्न करने का यन्त्र

Resorb-रि-सॉर्ब्-*v. t.* to absorb again. फिर से सोखना या चूस लेना ।

Resorbence- रि - सॉर्बेन्स् - *n.* absorption. सोखन, चुसान; **Resorbent** (-बेन्ट्)-*adj.* absorbing again. फिर से सोखने या चूसनेवाला ।

Resorption-रिसॉर्प्शन्-*n.* resorbing or being resorbed. सोखन, चुसान ।

Re-sort-री-सॉर्ट्-*v. i.* to sort again. फिर से छाँटना ।

Resort-रिज़ॉर्ट्-*v. t.* to have recourse, to turn for help to, to go. सहायता के लिए आश्रय देना, गमन करना, जाना;-*n.* recourse, frequented place. आश्रय (उपाय), (अखाड़ा) अड्डा ।

Re-sorted-री-सॉर्टेड्-*adj.* sorted again. दुबारा छाँटा हुआ ।

Resound-रि-ज़ाउन्ड्-*v. i.* & *t.* to produce an echo, to repeat loudly, to fill with sound. प्रतिध्वनि उत्पन्न करना, तीव्र स्वर में दुहराना, शब्द से पूर्ण करना; **Resounding** (-इङ्ग्)-*adj.* reverberating. प्रतिध्वनि करनेवाला ।

Resource-रिसोर्स्-*n* means of support, an expedient, quick intelligence, possibility of help. उपाय, कल्पना, युक्ति, साधन (सहारा); **Resources**-*n. pl.* means of raising money, a country's collective means for support and defence. (ब० व०) द्रव्यसाधन, देश की रक्षा का साधन; **Resourceful** (-फ़ुल्) *-adj.* expedient. साधनपूर्ण; **Resourcefulness** (-फ़ुल्-नस्)-*n.* the state of being resourceful. साधनपूर्णता; **Resourcefully** (-फ़ुलि) *-adj.* in a resourceful manner. साधनपूर्णता से ; **Resourceless** (-लॅस्)-*aaj.* without resources. साधन-रहित; **Resourcelessness** (-लॅस्-नॅस्) *-n.* state of being without resource. साधन का अभाव ।

Respect-रिस्'-पॅक्ट् - *n.* honour, estimation, due attention, partiality, particular, detail, aspect, relation. प्रतिष्ठा, मूल्य, उचित ध्यान, पक्षपात, सम्मान, विषय, प्रकरण, सम्बन्ध, अपेक्षा; *-v. t.* to regard, to honour, to esteem. पूजा करना, प्रतिष्ठा करना, सत्कार करना; **In all respects** (completely.) सर्वथा; **In respect of** (in regard to.) विषय में ; **Self-respect** (respect for one's self.) आत्मसम्मान, आत्मगौरव; **To pay one's respects to** (to salute.) प्रणाम करना ।

Respectability-रिस्पेॅक्टॅबिलिटि-*n.* respectableness. प्रतिष्ठा, कुलीनता ; **Respectable** (-ऍ-बल्) *-adj.* deserving respect, holding a fair social status. पूज्य, माननीय, कुलीन ; **Respectably** (-ऍब्लि) *-adv.* in a respectable manner. प्रतिष्ठापूर्वक ; **Respectful** (-फ़ुल) *-adj.* having respect. आदर-सहित, सम्मानपूर्वक; **Respectfully** (- फ़ुलि) - *adv.* with respect, in a respectable manner. प्रतिष्ठासहित ; **Respectfulness** (-फ़ुल्-नॅस्)-*n.* the quality of being respectful. आदर, सम्मान ; **Respective** (-इव्)-*adj.* individual, several, particular, relating to. अपना, अलग-अलग, अन्योन्य, परस्पर-सम्बन्धी; **Respectively** (-इव्लि)-*adv.* individually, relatively. क्रमानुसार प्रत्येक, हर एक ; **Respectless** (-लॅस्) - *adj.* without respect. प्रतिष्ठाहीन ।

Respell-री-स्पॅल्'-*v. t.*(*p. t.* **Respelt**) to spell again. फिर से हिज्जे करना ।

Resperse-रॅ-स्पर्स-*v. t.* to sprinkle. छिड़कना ।

Respersion-रॅस्पर्शन्-*n.* the act of sprinkling छिड़काव ।

Respirability-रिस्पाय-रॅ-बिलिटि- *n.* respirableness. साँस लेने की योग्यता : **Respirable** (- बल्) - *adj.* fit to be breathed. साँस लेने योग्य ।

Respiration-रॅ रिपरेशन्-*n.* the act of breathing. श्वासोच्छ्वास, साँस लेने की क्रिया ।

Sabbath-सैबथ् -*n.* the seventh day of the week as day for religious rest, period of rest. सप्ताह का सातवां दिन जिसमें धार्मिक विश्राम लिया जाता है, विश्राम का समय; Sabbathless (-लॅस्) -*adj.* having no sabbath, without intermission of daily labour. बिना विश्राम का दैनिक कार्य।

Sabbatic, Sabbatical-सैबैटिक् (-अल्)-*adjs.* pertaining to sabbath. विश्राम-दिवस-सम्बन्धी; Sabbatically (-लि) - *adv.* in a sabbatic manner. विश्राम-दिवस मनाते हुए; Sabbatize (-आइज़्)-*v. t.* to make a day as a sabbath. किसी दिन को विश्राम-दिवस बनाना।

Sable-से॑ - बल्-*n.* a small carnivorous quadruped, its fur. नेवले की तरह का एक मांस-भक्षी पशु, उसका रोआँ; - *adj.* & *n.* black, mourning garments. काले रङ्ग का मातमी वस्त्र; Sabled (-ड्) -*adj.* wearing sable dress. काला वस्त्र पहिने हुए।

Sabot-सैबो॑-*n.* a kind of wooden shoe. एक प्रकार की खड़ाऊँ; Saboted (-टेड्) - *adj.* wearing wooden shoes. खड़ाऊँ पहिने हुए।

Sabotage-सैबॉ'-टाज़्-*n.* wilful destruction of machinery, tools &c. by workmen. हड़तालियों का जान-बूझकर यन्त्र इत्यादि तोड़ना।

Sabre-से॑'-बर् -*n.* a sword with a curved blade. कृपाण, तलवार; -*v. i.* to strike with sabre. तलवार से घायल करना।

Sabulous-सैब्यु - लस्-*adj.* of sand, sandy. बालू का, पथरीला।

Saburra-सैबरा-*n.* foul matter deposited in stomach, sordes. पेट में जमी हुई पथरी।

Sac-सैक्-*n.* a bag-like membrane in living organism. सजीव जन्तु के शरीर में थैलानुमा झिल्ली।

Saccate-सैके॑ट्-*adj.* filled in a sac. झिल्ली की थैली में भरी हुई।

Sacciform-सैक्सि-फॉर्म्-*adj.* of the form of a sac. थैली के आकार का।

Saccular-सैक्युलर्, Sacculated (-ले॑-टेड्) -*adjs.* of the form of a sac. थैली के आकार का।

Sacculation-सैक्युलेशन्-*n.* forming a membrane. झिल्ली की थैली बनाना।

Saccule-सै॑'-क्यूल्-*n.* (*pl.* Sacculi.) a small sac.) छोटी थैली।

Sacerdotal-सैसर्डोटल्-*adj.* of priests, priestly. याजकीय, पुरोहित-सम्बन्धी ; Sacerdotalism (-इज़्म्)-*n.* priestly system. पुरोहिती विधि; Sacerdotalist (-इस्ट्)-*n.* a supporter of priesthood. पुरोहिती विधि का समर्थक।

Sacerdotalize-सीसर्डोटलाइज़्-*v. t.* to work as a priest. पुरोहित का कार्य करना।

Sacerdotally - सीसर्डोटलि-*adv.* in a priestly manner. पौरोहित्य कर्म से।

Sachem-से॑-चॅम्-*n.* a chief of some American Indian tribes. अमेरिका देश के आदिवासियों का सरदार।

Sachet-साशे॑-*n.* a small perfumed bag for keeping in clothes. वस्त्रों में रखने का सुगन्धित छोटा झोला।

Sack-सैक्-*n.* a large oblong bag of hemp or flax used for storing goods, a kind of loose garment, plunder, a kind of white wine. बोरा, थला, लबादा, लूट-पाट, एक प्रकार की सफ़ेद मदिरा; -*v. t.* to fill in a sack, to plunder, to defeat in match or fight. बोरे में भरना, लूटना, लड़ाई में हराना।

Sackage-सैक्'-एज्-*n.* the act of pillaging. लूटने का कार्य।

Sackbut-सैक्'-बट्-*n.* a kind of trumpet. एक प्रकार का अलगोजा।

Sackcloth-सैक्'-क्लॉथ्-*n.* coarse cloth. मोटा कपड़ा, टाट।

Sacker-सैकर्-*n*. one who sacks a town. नगर को लूटनेवाला ।

Sackful-सैक्'-फुल्-*n*. as much as a sack can hold. बोराभर पदार्थ ।

Sacking-सैकिङ्ग्-*n*. material for making sacks. बोरा बनाने का टाट ।

Sackless-सैक्'-लेस्-*adj*. harmless, guiltless. निर्दोष, निरपराध ।

Sackrace-सैक्'-रेस्-*n*. a kind of race in which the body upto the neck is covered in a sack. गर्दन तक बोरे में बन्द होकर दौड़ना ।

Sacrament-सैक्रमेन्ट् - *n*. a religious ceremony, a thing of mysterious significance. धर्मविधि (संस्कार रूप), विलक्षण वस्तु या बात; -*v. t*. to bind by oath. शपथ द्वारा बाँधना; Sacramental (-अल्) -*adj*. pertaining to sacrament. संस्कार-सम्बन्धी ; Sacramentalism (-अल्-इज़्म्)-*n*. appreciation of sacrament. धर्मविधि; Sacramentalist (-अल्-इस्ट्) -*n*. sacramentary. धर्मविधि करनेवाला ; Sacramentality (-अल्-इट्-इ)-*n*. sacramental rites. संस्कार; Sacramentally (-अलि) -*adv*. in a sacramental manner. धर्मविधि से ।

Sacrarium-सैक्र रिअम्-*n*. (*pl*. Sacraria.) a shrine, a temple. देवमन्दिर ।

Sacred-से'-क्रेड्-*adj*. consecrated to a deity, holy, divine, pertaining to the worship of God. पवित्र, अलौकिक, सुप्रतिष्ठित, ईश्वर-पूजा-सम्बन्धी ; Sacred grove (a place for a hermit's meditation (specially a wood). तपोवन ; Sacred knowledge (knowledge of scriptures.) वेदज्ञान; Sacred spot (holy place.) पुण्यस्थान, तीर्थ ; Sacredly (-लि) -*adv*. in a holy manner. पवित्रता से; Sacredness (-नेस्)-*n*. the state of being holy. पवित्रता ।

Sacrificant-सैं-क्रि-फ़िकन्ट्-*n*. one who offers a sacrifice. यज्ञ करनेवाला मनुष्य ।

Sacrifice-सैक्रि-फ़ाइस्-*n*. the slaughter of an animal for offering to a deity, victim, offering, abandonment, surrender, ruin. यज्ञ या होम के लिये बलिदान, बलि-पशु, अर्पण, त्याग, समर्पण, विनाश; -*v. t*. to offer to a god on an altar, to destroy, to kill. बलिदान करना (अर्पण करना), नष्ट करना, हत्या करना; Sacrificer (-अर्) -*n*. one who makes a sacrifice. यजमान, यज्ञ करनेवाला ।

Sacrificial-सैक्रि-फ़िश्'-ल्-*adj*. pertaining to sacrifice. यज्ञ (बलिदान) सम्बन्धी; Sacrificially (-लि)-*adv*. in a sacrificial manner. बलि कर्म से, बलिदान करते हुए ।

Sacrilege-सैक्रिलेज्-*n*. profanation of sacred things, robbery of sacred things. पवित्र वस्तु को दूषित करने या देवस्व को लूटने का काम ।

Sacrilegious-सैक्रिलिजस्-*adj*. profane. देवत्व का अपहारी; Sacrilegiously (-लि) -*adv*. in a profane manner. ऐसा अपहरण करते हुए ।

Sacrist-से'-क्रिस्ट्-*n*. one who keeps the property of a church sacred. गिरजाघर के सामान को पवित्र रखनेवाला ।

Sacristy-सैक्रिस्टि-*n*. the place in a church for keeping sacred utensils. गिरजाघर में पवित्र पात्रों को रखने का स्थान ।

Sacrosanct-सैं - क्रॅ - सैङ्क्ट्-*adj*. sacred, inviolable. पवित्र, पुण्यमय ।

Sacrum-से'-क्रम्-*n*. the triangular bone at the back of pelvis. कमर के पीछे की तिकोनी हड्डी; Sacral (-क्रल्) -*adj*. pertaining to sacrum. इस हड्डी से सम्बन्धित ।

Sad-सैड्-*adj*. (*comp*. Sadder, *sup*. Saddest.) sorrowful, mournful, showing sorrow. शोकाकुल, उदासीन, खिन्न, दुःखी; -*v. t*. to make solid, firm or stiff, to compress, to make sorrowful. ठोस, पुष्ट (मज़बूत) या कड़ा बनाना, दबाना, दुःखी बनाना ।

Sadden-सैड्'-न्-*v. t*. to make sorrowful. दुःखी करना ।

Saddle-सैड्'-ल्-*n*. a rider's seat to be placed on a horse's back, the seat of a bicycle, anything shaped like it. घोड़े की ज़ीन या काठी, पैरगाड़ी की बैठकी, खोगीर ;-*v. t*. to put a saddle on, to load. घोड़े की पीठ पर ज़ीन कसना, किसी मनुष्य पर कार्य का भार देना ; Saddlebag (the support of a saddle.) खुरजी; Saddlecloth (a cloth put under a saddle.) काठी के नीचे की गद्दी या नमदा ; Saddled (-ड्)-*adj*. with a saddle fitted. काठी कसा हुआ; Saddle-horse (-हॉर्स्)-*n*. a horse for riding. घुड़सवारी का घोड़ा; Saddleless (-लेस)-*adj*. without a saddle. बिना काठी का; Saddler (-अर्) -*n*. one who makes saddles, a soldier-in-charge of cavalry saddles. काठी या साज बनानेवाला मोची, फौजी घोड़ों की काठी का प्रबन्धक सैनिक ; Saddlery (-रि)-*n*. the material for making saddles, trade of a saddler. साज़ या ज़ीन बनाने का सामान, ज़ीनसाज़ी ।

Sadiron-सॅड् - आयर्न्-*n.* an instrument for ironing. इस्तिरी करने का लोहा ।

Sadism-स (सा) -डिज़्म् - *n.* love of cruelty arising from sexual perversion. विकृत सम्भोग में क्रूर व्यवहार करने की लालसा ।

Safe-सेफ़्-*n.* (*pl.* Safes.) a ventilated box for provisions, a fire-proof and burglar-proof chest for keeping valuables. भोजन रखने की जालीदार अलमारी, मूल्यवान् पदार्थ रखने की लोहे की सन्दूक; -*v. t.* to guard. रक्षा करना; -*adj.* secure, uninjured, out of danger. सुरक्षित, निःशंक, भय-रहित; Safe and sound (free from danger.) कुशल, स्वस्थ; Safe-guard (-गार्ड्)-*n.* defence, protection. रक्षा, बचाव; Safely (-लि)-*adv.* in a safe manner. निर्भयता से; Safeness (-नेस्)-*n.* the quality of being safe. सुरक्षित अवस्था; Safety (-टि)-*n.* (*pl.* Safeties.) freedom from danger, security. रक्षा, (भय-मुक्ति) बचाव; Safety-lamp (a lamp covered with gauze to give light in mines.) खान में ले जाने का लम्प; Safety-match (a match that ignites only by being rubbed on a box.) केवल विशिष्ट प्रकार के मसाले पर रगड़ने से जलनेवाली दियासलाई; Safety-pin (a pin with a guarded point.) कोना न चुभनेवाली आलपीन; Safety-razor (a razor with guard so that it may not pierce skin when shaving.) ऐसा उस्तरा जिससे हजामत बनाने में दाढ़ी न कटे; Safety-valve (a valve which opens automatically to relieve excessive pressure in an engine.) इञ्जन में का ऐसा ढट्टा जो भाफ़ का दबाव अधिक बढ़ जाने पर स्वयं खुल जाता है ।

Saffian-सॅफ़िअन्-*n.* tanned and dyed leather of goatskin or sheepskin. बकरी या भेंड़ का कमाया और रँगा हुआ चमड़ा ।

Safflower-सॅफ़्लावर्-*n.* a plant which yields a red dye. कुसुम ।

Saffron-सॅफ़्रन्-*n.* the stigma of a plant of crocus family used for colouring. केशर, कुमकुम; -*v. t.* to colour with saffron. केशर से रँगना; Saffrony (-इ)-*adj.* of the colour of saffron. केसरिया ।

Safranin-सॅ-फ़निन्-*n.* the yellow colouring matter of saffron, coal-tar dye giving yellowish-red colour. केशर में पीला रँगनेवाला तत्व, अलकतरे का पीला-लाल रंग ।

Sag-सॅग्-*v. i.* & *t.* *p. t.* Sagged.) to sink under pressure, to decline in price, to bulge in a downward direction. दबाव से धँसना, दाम में कम होना, नीचे की ओर फूलना; -*n.* a drip, a droop. झुकाव, दबाव ।

Sagacious-स-गे-शस्-*adj.* gifted with acute discernment, acute-minded, practically wise. कुशाग्रबुद्धि (चतुर), मेधावी, तीक्ष्ण बुद्धि का; Sagaciously (-लि)-*adv.* in a sagacious manner. सूक्ष्म बुद्धि से, चतुराई से ।

Sagacity-स-गॅ-सिटि-*n.* quickness of discernment. सूक्ष्मबुद्धि से, चतुराई ।

Sage-सेज्-*n.* a kind of aromatic herb. एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति; -*adj.* & *n.* wise, judicious, wise-looking, a wise man. पण्डित, ज्ञानी, महात्मा, मुनि, सिद्धजन; Sagely (-लि)-*adv.* in a wise manner. पण्डिताई से, बुद्धिमानी से; Sageness (-नेस्)-*n.* wisdom, sagacity. पाण्डित्य, बुद्धिमानी ।

Sagital-सजिटल्-*adj.* resembling an arrow, arrow-shaped. बाण के समान ।

Sagittarius-सॅ-जिटे रिअस्-*n.* the Archer, the ninth sign of the zodiac. धनुर्धारी, धनुराशि ।

Sagittate, Sagittated-सॅजिटेट्, (-एड्)-*adjs.* shaped like an arrow-head. तीर की नोक की शकल के समान ।

Sago-से-'-गो-*n.* a kind of palm which yields a dry granulated starch. साबूदाना का वृक्ष, सागू ।

Said-सेड्-*p.* & *p. p.* of Say. told. कहा ।

Saiga-सै (-स) गा-*n* a kind of antelope. एक प्रकार का बारहसिंगा ।

Sail-सेल्-*n.* a piece of stout cloth or canvas extended in a vessel to catch wind. वातवस्त्र, पाल; -(*pl.*) ships, a contrivance to catch wind. (ब० व०) जहाज़, हवा के रोकने का कोई साधन; -*v. t.* & *i.* to travel in water, to navigate, to glide in air. जल पर यात्रा करना, जहाज़ पर चलना, आकाश में चलना; Sail-cloth (canvas for making sails.) टाट या किरमिच जिसका पाल बनता है; Sailed (-ड) -*adj.* fitted with sails. पाल लगा हुआ ।

Sailable-सेले - ब्ल्-*adj.* navigable. जहाज़ चलने योग्य ।

Sailer-सेलर्-*n.* kind of vessel. एक विशेष प्रकार का जहाज़ ।

Sailing-से लिङ्ग्-*n.* a sea-voyage. समुद्र-यात्रा ।

Sailless-सेल्'-लेस्-*adj.* without sails. बिना पाल का ।

Sail-loft-सेल्-लॉफ़्ट्-*n.* house in which sails are made. पाल बनाने का घर ।

Sailor-सेलर्-*n.* a seaman, a mariner. नाविक, मल्लाह; **Sailoring** (-इङ्ग)-*n.* seamanship. जहाज़ी कार्य; **Sailorless** (-लेस्)-*adj.* devoid of sailors. बिना मल्लाह का; **Sailorly** (-लि) -*adv.* like a sailor. नाविक की तरह से ।

Sail-plane-सेल्'-प्लेन्-*n.* an aeroplane without an engine. बिना इंजन का हवाई जहाज ।

Sain-सेन्-*v. t.* to protect by divine power. दैवी शक्ति द्वारा रक्षा करना ।

Saint-सेन्ट्-*adj.* (*abbr.* St.) holy. पुण्य, पवित्र, सिद्ध; -*n.* one of the blessed, canonized person, one of God's chosen people, a person of great holiness. सिद्धजन, ऋषि, मुनि, सन्त;-*v. t.* to make a saint of. सिद्ध बनाना; **Sainthood** (-हुड्), **Saintship** (-शिप्)-*ns.* the qualities of a saint. ऋषि का पद; **Saintlike** (-लाइक्)-*adj.* similar to a saint. ऋषि-तुल्य; **Saintliness** (-लि-नेस्)-*n.* the quality of being saintly. सिद्धजनत्व; **Saintly** (-लि)-*adj.* befitting a saint. पुण्यात्मा, पवित्र ।

Saith-सेथ्-*third per. sing.* of Say. कहता है ।

Sake-सेक्-*n.* cause, reason. कारण (हेतु), प्रयोजन; For the sake of (with the purpose of.) वास्ते, लिये ।

Sake-सीके-*n.* Japanese liquor prepared from rice. चावल की बनी हुई जापानी मदिरा ।

Sal-सॉल्-*n.* salt. (*in chem.*) नमक (क्षार) ।

Sal-साल्-*n.* a valuable timber tree of India. साखू का वृक्ष ।

Salability-सेलेबिलिटि-*n.* state of being salable. बिक्री के योग्य स्थिति ।

Salable-सेलेबल्-*adj.* fit for sale. बेचने योग्य ।

Salacious-सेले' - शस् - *adj.* lustful. कामातुर; **Salaciously** (-लि)-*adv.* lustfully कामातुर ढंग से या रूप में; **Salaciousness** (-नेस्)-*n.* the state of being salacious. कामातुरता ।

Salad-सैलड्-*n.* a dish of uncooked vegetables. कच्चे साग का अचार, रायता, सलाद; Salad-days (inexperienced time of youth.) युवावस्था का अनुभवहीन काल ; Salad-oil (pure olive oil.) शुद्ध जैतून का तेल ।

Salamander - सैल'- अ - मन्डर्-*n.* a lizardlike reptile supposed to live in fire, one who can endure great heat. छिपकली के प्रकार का एक जन्तु जो अग्नि में रहनेवाला माना जाता है, बड़ी गरमी सहनेवाला मनुष्य ।

Sal-ammoniac-सॉल्-अमोनिऐक्-*n.* ammonium chloride. नौसादर ।

Salangane-सैलङ्गन्-*n.* a kind of swallow एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

Salaried-सैल-रि-ड्-*adj.* paid by salary. वेतन पानेवाला ।

Salary-सैलरि-*n.* (*pl.* Salaries.) periodical payment for service, pay. वेतन (वृत्ति), तनख्वाह;-*v. t.* (*p. t.* Salaried.) to pay for service. नौकरी की तनख्वाह देना ।

Sale-सेल्-*n.* exchange of commodity for money, act of selling, market, amount sold. धन के लिये वस्तुओं का विनिमय, बिक्री, बेंची, बिका हुआ पदार्थ, बाजार ।

Saleable-सेलेब्ल्-*adj.* able to be sold. बेचे जाने योग्य ।

Salebros-सैलि-ब्रस्-*adj.* rugged, rough. ऊँचा-नीचा, असमतल ।

Salep-सैलेप्-*n.* dried orchis tubers, a kind of nutritive drug made from them. भूमिगत गाँठदार पौधे की सुखाई हुई गाँठ, उनसे बनाई गई एक प्रकार की पुष्टिकारक दवा ।

Saleratus-सैलरेटस्-*n.* bicarbonate of soda used in baking. कलमी शोरा ।

Salesman-सेल्ज़्'-मैन्-*n.* one who sells merchandise. बिक्री करनेवाला; **Salesmanship** (-शिप्)-*n.* the work of a salesman. बेचने का कार्य ।

Saleswoman-सेल्स्'-वु-मन्-*n.* a woman who sells goods. बेचनेवाली स्त्री; **Saleswork** (-वर्क्) -*n.* things made just good enough to be sold. चालू बिक्री के माल ।

Salicin-सैलि'-सिन्-*n.* a kind of bitter medicine. एक प्रकार की कड़वी औषधि, चिरायता ।

Salience-से लिअन्स्-*n.* the state of being salient. उभाड़; **Saliency** (-सि)*n.* prominence. विशिष्टता; **Salient** (-एन्ट्)-*adj.* jetting forth, projecting, prominent, conspicuous. उभड़ा हुआ, निकला हुआ, प्रबल, प्रधान, मुख्य; **Saliently** (-एन्ट्-लि)-*adv.* in a salient manner. प्रधान ढंग से या रूप में ।

Saliferous-सैलिफ़रस्-*adj.* of strata containing a large quantity of salt. भूमि के भीतर की तह जिसमें नमक का अंश अधिक हो ।

Salification-सैलिफ़िकेशन्-*n.* changing into salt. नमक में परिणत हो जाना ।

Salify-सैलि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* Salified.) to convert into salt. नमक में परिणत करना ।

Salimeter-सैलि-मि-टर्-*n.* an instrument for

measuring the density of sea water. समुद्र के जल का घनत्व नापने का यन्त्र।

Salina-स-लाइ-ना-*n.* a salt lake or spring, salt works. नमक की झील या सोता, नमक बनाने का कार्यालय।

Saline-से-(सी) लाइन्-*adj.* & *n.* filled with salt, containing salt, of the nature of salt. नमक से भरा हुआ, नमकीन, क्षारीय (खारा);-*n.* a salt lake, a factory for preparing salt. खारी झील, नमक बनाने का कारखाना; **Saline soil** (desert land.) ऊसर भूमि; **Salineness**(-नेस्) -*n.* the state of being saline. खारापन।

Saliniferous-सॅलिनिफ़रस्-*adj.* producing salt. नमक पैदा करनेवाला।

Saliva-सलाइवा-*n.* a colourless liquid secreted by certain glands in the mouth. लार, थूक; **Salival** (-वल्), **Salivary** (-वरि)-*adjs.* pertaining to saliva. लार-सम्बन्धी; **Salivant** (-वन्ट्)-*adj.* that which produces salivation. अधिक थूक निकालनेवाला।

Salivate-सॅलि-वेट्-*v. t.* & *i.* to produce unusual quantity of saliva. अधिक लार बहाना, मुख में बारम्बार थूक आना; **Salivation** (-शन्) -*n.* act of producing excessive quantity of saliva. अधिक परिमाण में लार बहाने की क्रिया।

Sallenders-सॅलें-न्डर्ज़्-*n. pl.* eruption inside the hock of the hind leg of a horse. घोड़े की गुमटी में सूजन या फोड़ा।

Sallow-सॅ'-लो-*n.* the willow tree. एक प्रकार के बेंत का पौधा;-*adj.* of pale-brown colour. भूरे रंग का; **Sallewish** (-इश्)-*adj.* somewhat brown. कुछ भूरा; **Sallowness** (-नेस्)-*n.* the quality of being sallow. भूरापन; **Sallowy** (-इ) *adj.* full of willows. बेंतदार।

Sally-सॅ'-लि-*n.* (*pl.* **Sallies.**) a leap, a sudden rush, sudden start into activity, excursion, outburst, witty remark, flight of fancy. छलाँग, झपट्टा (आक्रमण) शत्रु का एकाएक टूट पड़ना, विप्लव, भ्रमण, विहार, बुद्धि-विलास, कल्पना-शक्ति की दौड़;-*v. i.* (*p. t.* **Sallied.**) to make an excursion, to rush out suddenly. यात्रा करना, घूमना, (क़िले से निकलकर) टूट पड़ना।

Sally-port-सॅ-लि-पोर्ट्-*n.* a postern gate for troops. निर्गम-स्थान (द्वार)।

Salmagundi-सॅल्मग-न्डि-*n.* a dish of meat mixed with various ingredients, a miscellaneous collection. अनेक पदार्थों का मिश्रित भोजन, मिश्रित समुदाय।

Salmon-सॅमन्-*n.* a fresh water fish of silvery skin and orange flesh much prized for food. चाँदी के समान खाल और नारंगी रंग के मांसवाली नदी की मछली जो बड़े चाव से खाई जाती है; **Salmon-colour** (orange colour.) नारंगी रंग।

Saloon-सॅलून्-*n.* a spacious hall or large room, a large cabin, a railway carriage without compartments, a public-room for hairdressing or dancing. बड़ा कमरा या दालान, जहाज़ में यात्रियों का बड़ा कमरा, रेलगाड़ी का लम्बा डब्बा, बाल बनाने या नाचने का अभ्यास करने का सार्वजनिक कमरा; **Saloon pistol** (a kind of pistol.) थोड़ी दूर तक गोली फेंकनेवाली पिस्तौल।

Saloop-सॅ-लूप्-*n.* a kind of hot drink as substitute for coffee. कहवा के बदले में पीने की गरम वस्तु।

Salpiglossis-सॅल्पिग्लॉसिस्-*n.* a garden plant similar to petunias. एक सुन्दर फूलवाला बगीचे का पौधा।

Salse-सॅल्स्-*n.* a volcano which emits volumes of mud. कीचड़ फेंकनेवाला ज्वालामुखी पर्वत।

Salsify-सॅल्सि-फ़ाइ-*n.* a plant with fleshy edible roots. एक प्रकार का पौधा जिसकी ठोस जड़ खाई जाती है।

Salt-सॉल्ट्-*n.* a substance having the taste of sea water used for seasoning and preserving food, chloride of sodium, pungency, wit. लवण, नमक, तीखापन, बुद्धि;-*v. t.* to sprinkle with salt, to impregnate with salt. नमक छिड़कना, नमक पोतना; -*adj.* abounding with salt, bitter, pungent. नमक भरा (लगाया) हुआ, तीखा, चटपटा; **Not worth his salt** (not worth keeping.) व्यर्थ, नमकहराम; **The salt of the earth** (people of efficient classes.) संसार की अच्छी जाति के लोग; **To eat the master's salt** (to work honestly for the master.) नमकहलाली करना; **To eat one's salt** (to be a guest of.) अतिथि होना।

Saltant-सॉल्टन्ट्-*adj.* dancing. नाचता हुआ।

Saltation-सॉल्टेशन्-*n.* a leaping. उछल-कूद नाच।

Saltatorial-सॉल्टेटोरिअल्-*adj.* pertaining to dancing. नाच सम्बन्धी।

Salt-cellar-सॉ-ल्ट्-सेलर्-*n.* a small salt vessel for the table. खाने की मेज़ पर का छोटा नमक का पात्र।

Saltern-सॉ-र्न्-*n.* salt-works. नमक बनाने का कारखाना।

Saltigrade-सॉल्टि-ग्रे ड्-*adj.* going by leaps. उछलकर चलनेवाला;-*n.* a kind of jumping spider. एक प्रकार का कूदनेवाला मकड़ा।

Salt-petre-सॉल्ट्-पी-टर्-*n.* nitrate of potassium. सज्जीखार, शोरा।

Saltus-सॉल्टस्-*n.* (*pl.* Saltusus.) a sudden change. एकाएक परिवर्तन।

Salubrious-स-ल्यू-ब्रि-अस् - *adj.* wholesome, healthy. स्वास्थ्यकर, आरोग्यकर; **Salubriously** (-लि) - *adv.* promoting health. स्वास्थ्य-वर्धक रूप में; **Salubriousness** (-नेस्) - *n.* healthiness. आरोग्य।

Salubrity-स - ल्यू' - ब्रिटि - *n.* ood ealth. अच्छा स्वास्थ्य, आरोग्य।

Salutary-सॅल्युटरि - *adj.* producing good effects, wholesome, beneficial. हितकर, शुभ-कर, कल्याणकर।

Salutation-सॅल्युटे 'शन्-*n.* courteous recognition, greeting. प्रणाम, नमस्कार; **Salutational** (-अल्), **Salutatory** (-टे-टरि) -*adjs.* greeting. प्रणाम-सम्बन्धी।

Salute-स-लूट्'-*v. t. & i.* to make saluatation to, to greet, to kiss, to receive with a smile, to honour. नमस्कार करना, प्रणाम करना, चूमना, प्रसन्नता से स्वागत करना, प्रतिष्ठा करना; -*n.* homage, discharge of cannons as a sign of respect. सत्कार, आदर के लिये तोप छूटना, अभिवादन; **Saluter** (-अर्) -*n.* he who salutes. नमस्कार करनेवाला।

Salutiferous-सॅल्युटिफ़रस् - *adj.* bringing health. स्वस्थ करनेवाला।

Salvable-सॅल्वे-ब्ल् -*adj.* capable of being saved. बचाने योग्य; **Salvableness** (-नेस्)-*n.* the state of being salvable. बचाने की योग्यता।

Salvage-सॅल्वे-ज् -*n.* payment for saving a ship or her cargo from loss by wreck or capture. जहाज अथवा उस पर की सामग्री को बचाने का पुरस्कार; - *v. t.* to protect from loss. क्षति (नुकसान) होने से बचाना।

Salvarsan-सॅल्वर्'-सन् - *n.* an arsenic compound used as a medicine in syphilis. जननेन्द्रिय की गरमी या उपदंश रोग में औषधि के रूप में प्रयुक्त संखिया का यौगिक।

Salvation-सॅल्वे'-शन् -*n.* deliverance from sin, preservation from calamity, saving of the soul. पापों से मुक्ति (मोक्ष, निस्तार); **Salvation Army** (an organized body for revival of religion.) कठिन नियमों द्वारा धर्मस्थापन करने की संस्था (मुक्ति सेनादल); **Salvationism** (-इज़्म्)-*n.* such a principle. ऐसा सिद्धान्त; **Salvationist** (-इस्ट्)-*n.* a member of the Salvation Army. मुक्ति सेनादल का सदस्य।

Salve-साव् (सॅल्व्)-*n.* a healing ointment for wounds or sores. अनुलेप, मलहम; -*v. t.* to remove defects, to smooth, to rescue. दोष हटाना, चिकना करना, नाश से बचाना।

Salver-सॅल्वर् -*n.* a tray on which refreshments are served or anything presented. थाली, तश्तरी, रिकाबी।

Salvo-सॅल्वॅ-*n.* (*pl.* Salvoes.) reservation, bad excuse, an exception, discharge of guns as salute. निकासी, बहाना, अपवाद, अभिवादन के लिये तोप की सलामी।

Salvolatile-सॅल्वॅ-लॅ-टिलि-*n.* ammonium carbonate, a medicine for faintness. अमोनियम कार्बोनेट, मूर्छा की एक औषधि।

Salvor-सॅल्वर्-*n.* one who assists in salvage. जहाज को बचाने के लिये सहायता करनेवाला।

Sambo-सॅम्बॅ -*n.* (*pls.* Sambos, Samboes.) an offspring of a Negro and an American Indian. हबशी तथा अमरीका के आदिम निवासी की दोगली सन्तति।

Same-सेम् -*adj. & adv.* uniform, aforesaid. अभिन्न (समान), तुल्य (वही), पहिले कहा हुआ; **All the same** (nevertheless.) तो भी, तिस पर भी; **At the same time.** उसी समय; **Just the same** (exactly so.) ठीक वही; **Of the same age** (identical in age.) एक ही वय (उम्र) का; **Sameliness** (-लि-नेस्) -*n.* the act of being unvaried. अपरिवर्तनीयता; **Samely** (-लि)-*adj.* unvaried. अपरिवर्तनीय, न बदलने योग्य; **Sameness** (-नेस्) -*n.* identity, monotony. एकरूपता, समभाव।

Samel-सॅ-मॅ-ल् -*adj.* imperfectly baked. अधपका, अपक्व।

Samite-सॅ-माइट् -*n.* silk fabric interwoven with gold. रेशमी वस्त्र जिस पर जरी का काम बना हो।

Samlet-सॅम्ल-ट् -*n.* a young salmon. छोटी सामन मछली।

Sampan-सॅम्पॅन् -*n.* a small Chinese boat. चीन देश की छोटी नाव।

Samphire-सॅम्फ़ायर् -*n.* a cliff plant with aromatic leaves. चट्टान पर उगनेवाला सुगन्धित पत्तियों का एक पौधा।

Sample-सॅम्प्ल्-*n.* a specimen, a pattern. आदर्श (प्रतिरूप), नमूना; -*v. t.* to make or

take sample, to get an experience. नमूना लेना या देना, अनुभव प्राप्त करना ।

Sampler-सॅम्-प्लर्-*n.* a sample of needle-work. सूई के काम का नमूना ।

Samson-सॅम्सन् -*n.* a person of great strength. अति बलवान् मनुष्य ।

Sanable-सॅन्'-ऐ-ब्ल् -*adj.* able to be cured. आरोग्यकर ।

Sanative-सॅने टिव् -*adj.* conducive to health, curative, healing. स्वास्थ्यकारी, रोग हरनेवाला, आरोग्यजनक; **Sanativeness** (-नेस्) -*n.* the power of healing. रोग हटाने की शक्ति ।

Sanatorium-सॅनटोरिअम्-*n.* (*pl.* Sanatoria. an establishment for the treatment of consumptives, a health station. क्षय के रोगियों का चिकित्सालय, स्वास्थ्यालय ।

Sanatory-सॅ-नी-टरि-*adj.* healing, pertaining to health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य-सम्बन्धी ।

Sanctification-सॅङ्क्'-टि-फि-के'-शन् -*n.* the act of sanctifying. पवित्र करने का कार्य ।

Sanctified-सॅङ्क्टिफ़ा-इड् -*adj.* made holy. पवित्र बनाया गया; **Sanctifiedly** (-लि)-*adv.* in a sanctified manner. पवित्र किये गये ढंग से ।

Sanctifier-सॅङ्क्'-टि-फ़ाइ-अर् -*n.* one who sanctifies. पवित्र करनेवाला ।

Sanctify-सॅङ्क्'-टि-फ़ाइ -*v. t.* (*p. t.* Sanctified) to purify from sin, to consecrate. पाप धोना, शुद्ध करना ।

Sanctimonious-सॅङ्क्'-टि-मो'-नि - अस् - *adj.* hypocritically pious. पाखण्डी, धर्माभिमानी; **Sanctimoniously** (-लि) -*adv.* hypocritically. पाखण्ड से; **Sanctimoniousness** (-नेस्) -*n.* the state of being sanctimonious. कपट-धर्म, पाखण्ड ।

Sanctimony-सॅङ्क्'- टि- म - नि -*n.* show of sanctity, a pretence of devoutness or purity. पुण्यवेश धारण, पाखण्ड, बनावटी पवित्रता ।

Sanction-सॅङ्क्' - शन् - *n.* confirmation of law by supreme authority, authoritative permission, support. अनुमोदन, प्रमाण, आश्रय; -*v. t.* to authorize, to ratify, to confirm. आज्ञा देना, प्रमाणित करना, दृढ़ करना ।

Sanctionless-सॅङ्क्-शन्-लेस् -*adj.* devoid of sanctions. प्रमाण-रहित ।

Sanctitude-सॅङ्क्'-टि - ट्यूड् - *n.* saintliness. पवित्रता ।

Sanctity-सॅङ्क्'-टि - टि -*n.* (*pl.* Sanctities.) holiness, sacredness, purity. पवित्रता, शुद्धि, निर्मलता ।

Sanctuary-सॅङ्क्च्'-यु-अरि-*n.* (*pl.* Sanctuaries.) a sacred place, a place of refuge, a house of worship, a church or temple. पुण्यस्थान, शरणस्थान, देवालय, पूजन-स्थान ।

Sanctum-सॅङ्क्टम् -*n.* a holy place, private room. पवित्र स्थान, एकान्त कमरा ।

Sand-सॅन्ड् -*n.* minute fragments of stone. बालू, रेत;-*v. t.* to sprinkle with sand, to bury under sand. बालू छिड़कना, बालू में गाड़ना; **Sandbank** (shoal of sand.) बलुआ किनारा; **Sandbar** (a sandy bank on the mouth of a river.) नदी के मुहाने पर की रेत; **Sand-bath** (a bath made of warm sand for heating.) औषध इत्यादि पकाने का बालू का यन्त्र; **Sandblast** (a jet of sand forcibly driven for engraving.) काँच, धातु इत्यादि के चमकीले भाग को खुरखुरा करने का यन्त्र; **Sand-blind** (defective in sight.) चौंधर, कुछ अन्धा; **Sand-box** (a box for holding sand.) बालूदानी; **Sand-glass** (an hour glass of sand.) बालू-घड़ी; **Sand-paper** (-पे-पर्)-*n.* & *v. t.* paper covered with sand for polishing, to polish with sand-paper. लकड़ी पर पालिश करने का बालू लगा हुआ कागज, ऐसे कागज़ द्वारा पालिश करना; **Sand-piper** (a kind of bird.) टिटिहिरी; **Sand-shoes** (shoes for walking on sand.) बालू पर चलने का जूता; **Sandstone** (a kind of sandy stone.) बलुआ पत्थर; **The sands** (-स्) - *n. pl.* tracts of sandy land. रेतीली भूमि ।

Sandal-सॅन्-ड्अल्-*n.*a shoe without upper parts. चप्पल, चट्टी, खड़ाऊँ; -*v. t.* to put sandals on. चट्टी पहिनना ।

Sandal (wood)-सॅन्ड्अल् (वुड्)-*n.* a kind of fragrant wood. चन्दन, गन्ध-सार, सन्दल ।

Sandal

Sandarac-सॅन्ड्-रॅक्-*n.* a kind of resin used in the preparation of varnish. वार्निश बनाने की एक प्रकार की लाह ।

Sanderling-सॅन्डर्लिङ्ग् -*n.* a kind of small bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

Sanders-सॅन्डर्स् -*n.* red sandalwood. लाल चन्दन ।

Sandish-सॅन्डिश् - *adj.* like sand, brittle. भुरभुरा, बालू के समान ।

Sandwich-सॅन्ड्-विच्-*n.* thin slices of bread with meat &c. inserted between. मेवा, मांस इत्यादि भरी हुई रोटी, कचौड़ी; -*v. t.* to place

something between two objects. दोपदार्थों के बीच में कुछ रखना ।

Sandy-सैन्डि - *adj.* (*comp.* Sandier, *sup.* Sandiest.) full of or like sand. बालू से भरा हुआ, बालू के समान ।

Sane-सेन्-*adj.* healthy, sensible, of sound mind. स्वस्थ, निरोग, स्वस्थ-चित्त का ; Sanely (-लि)-*adv.* in a sane manner. स्वस्थ चित्त से ।

Saneness-सेन्'- नेस्-*n.* the state of being sane. स्वस्थचित्तता ।

Sang-सैङ्ग्-*p. t.* of Sing. गाया ।

Sangaree-सैङ्ग'-अ-री-*n.* a kind of spiced wine. एक प्रकार की मसालेदार मदिरा ।

Sanguiferous-सैङ् - ग्विफ़रस्-*adj.* conveying blood. रक्तवाहिनी ।

Sanguification-सैङ् - ग्विफ़िकेशन - *n.* formation of blood from food. भोजन से रुधिर का बनना ।

Sanguinarily-सैङ्-ग्विनरि-लि-*adv.* in a cruel manner. क्रूरता से; Sanguinariness (-नेस्) -*n.* cruelty. क्रूरता ।

Sanguinary-सैङ्-ग्विनरि-*adj.* attended by slaughter, bloody, blood-thirsty. हत्यारा, लोहू का प्यासा, क्रूर (निर्दय) ।

Sanguine-सैङ्ग्विन्-*adj.* & *n.* of the colour of blood, hopeful, bright, ardent, confident, abounding with blood. रक्तपूर्ण, रक्त के वर्ण का, आशायुक्त, चमकीला, विश्वासयुक्त; -*v. t.* to stain with blood, to varnish with red colour. रुधिर से चिह्नित करना, लाल रंग की वार्निश करना;-*n.* a drawing in red chalk. लाल रंग की चित्रकारी; Sanguinely (-लि) -*adv.* in a hopeful manner. आशापूर्वक ; Sanguineness (-नेस्)-*n.* the state of being sanguine, fullness of blood, ardour. आशा, रुधिरपूर्णता, उत्कट विश्वास; Sanguineous (-अस्)-*adj.* abounding in blood, blood-red. रुधिर से पूर्ण, रुधिर के समान लाल रंग का ।

Sanguinivorous-सैङ्-ग्वि - निव़रस्-*adj.* subsisting on blood. लोहू पीकर जीनेवाला ।

Sanguisuge-सैङ्-ग्वि-सूज्-*n.* a kind of leech. एक प्रकार की जोंक ।

Sanhedrim-सैनि-ड्रिम्-*n.* (also Sanhedrin.) the supreme council of the Jews. यहूदियों की बड़ी पंचायत ।

Sanicle-सैनि-कल् -*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा ।

Sanies-से'नि-ईज़्-*n.* thin matter secreted from a wound. घाव में से बहनेवाला पानी, पंछा; Sanious-(-अस्)-*adj.* thin and serous. पंछे के समान पतला ।

Sanify-सैनि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Sanified) to improve health. स्वास्थ्य सुधारना, आरोग्य करना ।

Sanitarian-सैनिटे रिअन् -*n.* an advocate of sanitary reforms. आरोग्य के सिद्धान्तों का प्रवर्तक ।

Sanitary-सैनिटरि-*adj.* hygienic, pertaining to health, of the conditions that secure health, free from the influences that deteriorate health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य-सम्बन्धी ।

Sanitas-सैनिटस्-*n.* an antiseptic preparation. शुद्ध करनेवाली एक औषधि ।

Sanitate-सैनिटेट्-*v. t.* to improve sanitary methods. आरोग्यकर विधि का प्रयोग करना ।

Sanitation-सैनि-टे'-शन्-*n.* improvement of sanitary methods. स्वास्थ्यविद्या, आरोग्यशास्त्र ।

Sanitationist-सैनिटेशनिस्ट्-*n.* one who is versed in sanitation. आरोग्य शास्त्र में निपुण ।

Sanity-सैनिटि-*n.* the state of being sane, health of mind. स्थिर बुद्धि ।

Sank-सैङ्क्-*p. t.* of ink. डूबा ।

Sans-सैन्ज़्–*prep.* without. सिवाय, बिना ।

Sanskrit-सैन्स्'-क्रिट्-*n.* the ancient language of India. संस्कृत भाषा; Sanskritist (-इस्ट्)-*n.* a scholar of Sanskrit. संस्कृत भाषा जाननेवाला ।

Santalin-सैन्ट्'-अ-लिन्-*n.* the red colouring matter of red sandalwood. रक्त-चन्दन में का लाल तत्त्व ।

Sap-सैप्-*n.* the vital juice circulating in plants. पौधों का सार या रस;-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Sapped.) to dig up, to undermine. खोदना, जड़ समेत उखाड़ना ।

Sapful-सैप्'-फ़ुल्-*adj.* full of sap. रसपूर्ण, रस भरा हुआ ।

Sapid-सैपिड् - *adj.* savoury, tasteful, palatable. सरस, स्वादु, स्वादिष्ट, जायकेदार ; Sapidity (-इटि) -*n.* palatableness, tastefulness. स्वादुता; Sapidness (-नेस्) -*n.* the quality of being sapid. स्वाद ।

Sapience-से'-पि-अन्स्-*n.* wisdom. बुद्धिमानी ।

Sapient-से' - पि - अन्ट्-*adj.* sagacious, wise. ज्ञानपूर्ण, बुद्धिमान् ।

Sapiential-से'-पि-एँ-न्शल्-*adj.* pertaining to wisdom. बुद्धिमानी का ।

Sapiently-से'-पि-अन्ट्-लि-*adv.* in a sapient manner, sagaciously. बुद्धिमानी से ।

Sapindus-सपिन्डस्-*n.* soapberry. रीठा, रीठी।

Sapless-सैप्-लेस्-*adj.* without sap, dry. बिना रस का, सूखा।

Sapling-सै-प्लिङ्ग्-*n.* a young tree. छोटा पौधा।

Sapodilla-सैपॅडिला-*n.* a kind of evergreen tropical tree. गरम देश का एक प्रकार का वृक्ष जिसकी लकड़ी पुष्ट होती है।

Saponaceous-सैपॅनेशस् - *adj.* having the qualities of soap, soapy. साबुन के गुण का, साबुन के समान।

Saponifiable-सैपॅनिफ़ायॅब्ल्-*adj.* able to be turned into soap. साबुन बनाने योग्य।

Saponification-सै-पॅनि-फ़ि-के'-शन्-*n.* the act of converting into soap. साबुन बनाने का कार्य।

Saponify-सैं-पॅनि - फ़ाइ--*v. t.* (*p. t.* **Saponified.**) to convert into soap. साबुन के रूप में बदलना, साबुन बनाना।

Sapor-सें - पर्-*n.* sensation of taste, the peculiar taste of an object. स्वाद, किसी पदार्थ का विशेष स्वाद।

Saporific-सॅपरिफ़िक्-*adj.* producing taste. स्वाद उत्पन्न करनेवाला।

Saporosity-सॅपॅरॉसिटि-*n.* the quality of a thing which excites the sensation of taste. किसी पदार्थ में स्वाद उत्पन्न करने का गुण।

Saporous-सेपॅरस्-*adj.* having taste. स्वादयुक्त।

Sapphire-सै'-फ़ायर्-*n.* a precious stone of blue colour. नीलमणि, नीलम।

Sapphirine-सैं-फ़ि-राइन्-*adj.* of the colour of sapphire, made of sapphire. नीलम के रंग का, नीलम का बना हुआ।

Sappiness-सैं-पि-नेस्-*n.* juiciness. रसपन।

Sapping-सैं-पिङ्ग्-*n* the art of making trenches. खाई बनाने की कला।

Sappy-सैं-पि-*adj.* full of juice. रस भरा हुआ।

Sapro-सैं-प्र-*pref.* in the sense of "rotten". "सड़ा" अर्थ का उपसर्ग।

Saprogenic-सैप्रॅजेनिक्-*adj.* growing on decaying matter. सड़नेवाली वस्तु पर उगनेवाला।

Saprophyte-सैप्रॅ - फ़ाइट्-*n.* a plant which lives on decaying vegetable matter. सड़ी हुई वनस्पति पर जीनेवाला पौधा।

Sapwood-सैप्-वुड्-*n.* the external part of wood. लकड़ी की बाहरी छाल।

Saraband-सैर्'-अ-बैन्ड्-*n.* a kind of Spanish dance. स्पेन देश का एक प्रकार का नाच।

Saracen-सैरसेन्-*n.* an Arab. अरब देशवासी मुसलमान; **Saracenic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a Saracen. अरबी।

Saratoga-सैरटोगा-*n.* a large travelling trunk. यात्रा करने के उपयुक्त बड़ा सन्दूक।

Sarcasm-सर्कैज़्म्-*n.* an ironical remark, taint, a keen reproachful expression. निन्दापूर्ण वचन, आक्षेप-वाक्य, व्यङ्ग।

Sarcastic-सर्कास्टिक् -*adj.* ironical, satirical. निन्दापूर्ण, ताने की तरह का ; **Sarcastically** (-अलि)-*adv.* in a sarcastic manner. आक्षेप से, ताने से।

Sarcelle-स'-र्सेल्-*n.* a kind of small duck. एक प्रकार का छोटा बत्तख।

Sarcenet-सर्स'-नेट्-*n.* a kind of thin silk stuff. एक प्रकार का महीन रेशमी वस्त्र।

Sarco-सार्कॅ-*pref.* used in the sense of "flesh." 'मांस' अर्थ का उपसर्ग ; **Sarcocele** (-सील्)-*n.* a fleshy tumour of the testicles. अण्डकोश के ऊपर की मांसल ग्रन्थि।

Sarcode-सार्कोड् - *n.* protoplasm of living organism. जीवाणु।

Sarcoid-सार्'-कॉ-इड्-*adj.* like flesh. मांस की तरह का।

Sarcology-सार्कॅलॉजि-*n.* that part of anatomy which treats of the fleshy parts of the body. शरीर के मांसल भाग का विज्ञान।

Sarcoma-सर्कोमा-*n.* (*pl.* **Sarcomata.**) tumour on the connective tissue of an embryo. भ्रूण की नाल पर का गुल्म ; **Sarcomatous** (-टस्)-*adj.* relating to sarcoma. उक्त गुल्म-सम्बन्धी।

Sarcophagous-सैर्-कॅ-फॅगस्-*adj.* feeding on flesh. मांसभक्षी।

Sarcophagus-सैर्-कॅफ्'-अ-गस्-*n.* *pl.* **Sarcophagi**) a stone coffin. पत्थर की बनी हुई कब्र।

Sarcous-सार्कस्-*adj* consisting of flesh. मांसनिर्मित, मांस का बना हुआ।

Sardine-सैर्-डाइन्-*n.* a kind of small fish of the herring kind, a kind of precious stone. एक प्रकार की छोटी मछली, एक रत्न।

Sardonic-सार्-डॅनिक्-*adj.* mocking, full of scorn. तिरस्कारपूर्ण, कृत्रिम हँसी का ; **Sardonically** (-अलि) - *adv.* in a sardonic manner. तिरस्कार की हँसी में।

Sardonyx-सार्-डॉनिक्स्-*n.* a kind of precious stone. एक प्रकार का रत्न, गोमेदक।

Sarissa-सैरिसा-*n.* a kind of long lance of ancient time. प्राचीन काल का लम्बा बर्छा।

Sark-सैर्क्-*n.* a shirt. कमीज या कुर्ता।

Sarmentose-सार-में-न्टोस्-*adj.* having long shoots. लम्बे डण्ठलवाला।

Sarsaparilla-सार्सपरिला-*n.* a plant used in medicine. इस नाम की रुधिर शुद्ध करने की औषध।

Sarsen-सार्'-स्-न्-*n.* a boulder of sandstone. रेतीले पत्थर का चिकना बट्टा।

Sarsenet-सार्स्-नें-ट् - *n.* a fine thin silken cloth. महीन रेशमी वस्त्र।

Sartorial-सर्टोरिअल् - *adj.* pertaining to a tailor, tailoring. दर्जी-सम्बन्धी, कपड़ा सीने के विषय का।

Sash-सैश्-*n.* an ornamental band or scarf worn round the waist or shoulder, a frame of wood for holding panes of glass &c. कामदार रूमाल, पटका, चौखटा जिसमें शीशा जड़ा जाता है; **Sashed** (-ड्) - *adj.* furnished with frames. चौखटेदार; **Sashless**(-लेंस्) -*adj.* frameless. बिना चौखटे का; **Sash-tool** (a kind of painter's brush.) रङ्गसाज की कूँची।

Sassaby-सर्से बि - *n.* a large antelope of Africa. अफ्रीका देश का एक प्रकार का बड़ा बारहसिंगा।

Sassafras-सैस्'-अफ्रैस्-*n.* a kind of scented bark used in medicines. एक प्रकार की सुगन्धित छाल जो औषधियों में प्रयुक्त होती है।

Sassolite-सैसॅलाइट् - *n.* native boric acid. देशी सोहागा।

Sat-सैट्-*p. t. & p. p.* of Sit. बैठा।

Satan-से-ट्न्-*n.* the Devil. पिशाच, दैत्य।

Satanic, Satanical-सें-टैं-निक् (-अल्)-*adjs.* pertaining to Satan, hellish. पैशाचिक, पिशाचवत्; **Satanically** (-अलि) - *adv.* in a Satanic manner. पैशाचिक रीति से।

Satanism-सेंटनिज़्म्-*n.* deliberate wickedness, devilishness. प्राकृतिक नीचता, पैशाचिक बुद्धि।

Satanize-सेंटनाइज़्-*v. i.* to act as a devil. पिशाचवत् कार्य करना।

Satanology-सेंटनॅ-लॅ-जि-*n.* literature about devils. पिशाचों की कथाओं का संग्रह।

Satchel-सैं-चे'ल्-*n.* a small bag used for carrying books &c. किताब ले जाने का बस्ता, थैला, बेग; **Satchelled** (-ड्) - *adj.* furnished with a satchel. थैलावाला।

Sate-सेट्-*v. t.* to gratify, to surfeit. सन्तुष्ट करना, अति तृप्त करना; **Sateless** (-लेंस्)-*adj.* insatiable. असन्तुष्ट।

Sateen-सॅ - टीन्' - *n.* a glossy woollen or cotton fabric.साटन।

Satellite-सैटलाइट् - *n.* a planet revolving round another, a person's servile follower, a hanger-on. उपग्रह, अनुयायी, सर्वदा पीछे-पीछे चलनेवाला; **Satellitic** (-लिटिक्) -*adj.* pertaining to a satellite. उपग्रह-सम्बन्धी।

Satiable-से -शि-ऍब्ल्-*adj.* able to be satiated. सन्तुष्ट होने योग्य; **Satiated** (-टेड्) -*adj.* fully gratified. अति तृप्त।

Satiation-सेशि-ए-शन्-*n.* the state of being filled. तृप्ति, परिपूर्ति।

Satiate-से शि-एट्-*v. i.* to gratify desire to the full, to glut. अत्यन्त सन्तुष्ट करना, नाक तक ठूँसना।

Satiety-सटाइअटि-*n.* satiated state, fulness. अति तुष्टि, सन्तुष्टता।

Satin-सैट्'-इन्-*n.* silk fabric with glossy surface. साटन;-*v. t.* to give a glossy surface to paper. कागज़में चमक लाना; **Satin beauty** (a kind of moth.) एक प्रकार का फतिंगा; **Satin paper** (fine glossy writing-paper.) लिखने का चमकदार कागज़।

Satinet-सैटिनेंट्-*n.* (also **Satinette.**) a kind of inferior satin. सस्ती साटन।

Satiny-सैं-टिनि-*adj.* like satin. साटनदार, चमकीला।

Satire-सैटायर् - *n.* a literary composition written with an aim to prevent vices, a thing that brings ridicule, irony, sarcasm. आक्षेप सहित कविता, उपहासपूर्ण लेख, उपहास।

Satiric-सटिरिक्-*adj.* containing satire. उपहासपूर्ण ; **Satirical** (-अल्)-*adj.* censorious. उपहास-सहित; **Satirically** (-अलि) -*adv.* in a satirical manner. उपहास में।

Satirist-सटिरिस्ट्-*n.* one who writes a satire. आक्षेपयुक्त कविता का लेखक।

Satirize-सैटिराइज़्-*v. t.* to ridicule in a satirical manner. (काव्य द्वारा) आक्षेप करना।

Satisfaction-सैटिस्फ़ैक्शन्-*n.* gratification of desire, payment of debt, atonement for sin, contentment of obligation. सन्तोष, इच्छा-पूर्ति, ऋण का चुकाव, पाप से मोक्ष, ऋणमुक्ति; **In satisfaction** (making payment for.) अदा करते हुए, अदायगी में।

Satisfactorily-सैटिस्फैक्टरिलि-*adj.* in a satisfactory manner. तृप्तिपूर्वक।

Satisfactoriness-सैटिस्फैक्टरिनस् - *n.* the quality of being satisfactory. सन्तोष, तृप्ति

Satisfactory-सैटिस्फ़ैक्टरि - *adj.* satisfying, giving content, adequate, atoning. सन्तोषजनक, तृप्तिकर, युक्त, निस्तार करनेवाला ।

Satisfiable-सैटिस्फ़ाइऍबूल - *adj.* able to be satisfied. सन्तोष करने योग्य; **Satisfied** (-फ़ाइड्) -*adj.* gratified. तृप्त, सन्तुष्ट (कृतार्थ) ।

Satisfy-सैटिस्फ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Satisfied.**) to gratify fully, to make payment, to be contented or pleased with, to be accepted by, to discharge. सन्तुष्ट करना, रुपया चुकाना, संतुष्ट या प्रसन्न होना, स्वीकृत किया जाना, देना ।

Satisfier-सैटिस्फ़ायर्-*n.* one who gives satisfaction. सन्तुष्ट करनेवाला ।

Satisfying - सैटिस्फ़ाइइङ्ग् - *adj.* gratifying. सन्तोषजनक; **Satisfyingly** (-लि)-*adv.* in a satisfying manner. सन्तुष्ट करते हुए ।

Satrap-सैट्रैप्-*n.* the governor of a province. मण्डलेश्वर, सूबेदार, राज्यपाल; **Satrapy** (-इ)-*n.* the office of a satrap. मण्डलेश्वर का पद ।

Satsuma-सैट्-स्यु-मा-*n.* a kind of coloured Japanese pottery. एक प्रकार के मिट्टी के रङ्गीन जापानी बर्तन ।

Saturable-सैच्युरेबूल-*adj.* able to be saturated. भरने या सोखने योग्य ।

Saturant-सै-च्यु-रन्ट्-*adj.* saturating. सोखनेवाला ।

Saturate-सैच्युरेट्-*v. t.* to impregnate thoroughly with, to soak, to cause to combine with. परिपूर्ण करना, सुखाना, भरना; **Saturated** (-ऍड्) - *adj.* filled up, impregnated. भरा हुआ, सुखाया हुआ; **Saturation** (-शन्) -*n.* the act of saturating. परिपूर्णता, सुखाने ।

Saturday-सैटर्डे-*n.* the seventh day of the week. शनिवार, सनीचर ।

Saturn-सैटर्न्-*n.* a planet with a broad flat ring round it. शनि ग्रह ।

Saturn.

Saturnalia-सैटर्नेलिआ -*n.* merry-making, wild revelry. आनंद का उत्सव ।

Saturnalian-सैटर्-नेलिअन् - *adj.* dissolute, sportive. विलासी, प्रमोदी ।

Saturnian-सैटर्निअन् - *adj.* pertaining to Saturn. शनि ग्रह का ।

Saturnic-सैटर्निक-*adj.* affected with lead-poisoning. सीसे के विष से ग्रस्त ।

Saturnine-सैटर्नाइन्-*adj.* of gloomy temperament, dull, heavy. जड़ प्रकृति का, मन्द, भारी; **Saturninely**(-लि)-*adv.* in a sluggish manner. जड़ स्वभाव से ।

Saturnist-सैटर्निस्ट - *n.* a person of gloomy temperament. मन्द प्रकृति का मनुष्य ।

Satyr-सैटर्-*n.* a woodland deity half-man and half-goat, a lustful person. वनदेवता जो आधा मनुष्य तथा आधा बकरे के रूप का होता है, कामुक पुरुष; **Satyric** (-इक्)-*adj.* pertaining to satyrs. वनदेवता-सम्बन्धी ।

Sauce-सॉस्-*n.* a liquid preparation used with articles of food for improving their relish, impudence. मसाला (उत्तेजक पदार्थ), चटनी, धृष्टता (ढिठाई);-*v. t.* to gratify with sauce, to render pungent. मसालेदार या चटपटा बनाना; **Sauce-boat** (-बोट्)-*n.* a deep dish for holding sauce. चटनी परोसने का पात्र; **Sauce-box** (-बॉक्स्)-*n.* an impudent fellow. ढीठ मनुष्य; **Saucepan** (-पैन्)-*n.* a handled pot used for boiling, a stewpan. पकाने का हत्थेदार बर्तन ; **Saucer** (-अर्)-*n.* a shallow vessel for placing a cup of tea. तश्तरी, रकाबी; **Saucerful** (-अर्-फ़ुल्)-*n.* as much as a saucer can contain. रकाबी भर; **Saucerless** (-अर्-लॅस्)-*adj.* बिना तश्तरी का ।

Saucily-सॉ'-सि-लि-*adv.* impudently, petulently. अविनय से, ढिठाई से; **Sauciness** (-नॅस्) -*n.* impudence, rudeness. ढिठाई; **Saucy** (-सि)-*adj.* (*comp.* **Saucier,** *sup.* **Sauciest.**) insolent, sprightly, smart, pert. अविनीत, धृष्ट, निर्लज्ज, अहङ्कारी ।

Saunter-सॉन्टर्-*v. i.* to stroll, to walk in a leisurely manner. बेकार घूमना, टहलान लगाना; **Saunterer** (-अर्)-*n.* an idle wanderer. वृथा भ्रमण करनेवाला; **Sauntering** (-इङ्ग्)-*adj.*strolling. घुमक्कड़; **Saunteringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a sauntering manner. बेकाम घूमते हुए ।

Saurine-सॉ - रि-अन् - *adj.* of the crocodile family. मगर की जाति का ।

Saury-सॉ-रि-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली ।

Sausage-सॉ-सॅ-ज्-*n.* minced meat seasoned and stuffed into cylindrical cases. डब्बों में भरा हुआ मसाला लगाया हुआ मांस ।

Savable-सें-वॅ-बूल-*adj.* able to be saved. बचाने योग्य; **Savableness** (-नॅस्) -*n.* the state of being savable. बचाने की योग्यता ।

Savage-सैविज्-*adj.* wild, untamed, barbarous, cruel, furious, uncivilized, out of temper. जंगली, वन्य, बर्बर, निर्दय, क्रूर, भयंकर, अशिष्ट, आचारहीन; -*n.* member of a savage tribe, a brutal, fierce or cruel person. असभ्य मनुष्य, दैत्य, राक्षस; -*v. t.* to make savage, to make an attack, to trample. असभ्य बनाना, आक्रमण करना, कुचलना; **Savagedom** (-डम्) -*n.* uncivilized state. अशिष्ट अवस्था; **Savagely** (-लि)-*adv.* in a savage manner. निष्ठुरता से, असभ्यता से; **Savageness** (-नेस्) -*n.* cruelty. निर्दयता; **Savegery** (-अरि) -*n.* cruelty, barbarity. क्रूरता, अशिष्टता, जंगलीपन; **Savagism** (-इज़्म्) -*n.* the state of uncivilized man. असभ्य मनुष्य की अवस्था ।

Savanna, Savannah-सैवैना-*ns.* an extensive treeless plain, meadow. बिना वृक्ष का बड़ा मैदान, लम्बा-चौड़ा चरागाह ।

Savant-सावाँ-*n.* a man of learning, a distinguished person. विद्वान्, प्रसिद्ध पुरुष ।

Save-सेव्-*v. t. & i.* to make safe, to rescue, to spare, to deliver from misfortune or danger, to reserve, to husband. रक्षा करना, बचाना, मुक्त करना, रोकना, किफ़ायत करना; *prep.* except, but. सिवाय, छोड़कर; **To save one's breath** (to remain silent.) चुप रहना; **To save up** (to spare.) बचा रखना ।

Saveloy-सैवि'-लॉय्-*n.* a kind of well seasoned sausage. मसालेदार मांस ।

Saver-सेवर् - *n.* one who saves, thrifty. बचानेवाला, कंजूस ।

Savin-सैविन्-*n.* a tree that yields a volatile oil. एक वृक्ष जिसमें से ताड़पीन के प्रकार का तेल निकलता है ।

Saving-सेविङ्ग्-*n. & adj.* what is saved, economical, effecting salvation. सञ्चय, अल्प व्यय करनेवाला, मोक्ष देनेवाला, उद्धारक; **Savingly** (-लि) -*adv.* in a saving manner. बचत करते हुए, किफ़ायत से ।

Savings-सेविङ्गज़् -*n.* something kept from being expended, reservation. संग्रह, सञ्चित धन ; **Savings-bank** (a bank in which savings are deposited.) बचत का धन जमा करने का बंक ।

Savionette-सेविअनेट् - *n.* a perfumed soap. सुगन्धित साबुन ।

Saviour-सेव्यर् - *n.* one who saves from destruction, deliverer. रक्षक, उद्धारक, मुक्ति देनेवाला ।

Savory-सेवरि-*n.* a herb like mint used in cookery. पुदीने के प्रकार की एक वनस्पति जो भोजन में प्रयुक्त होती है ।

Savour-सेवर् - *n.* taste, flavour, smell, suspicion. स्वाद, रस, गन्ध, शङ्का; -*v. i. & t* to taste or smell with pleasure, to delight in. स्वाद लेना, सुगन्ध लेना, आनन्द लेना ; **Savourily** (-इ-लि)-*adv.* with taste. स्वाद से; **Savouriness** (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being savoury. स्वाद, सीधापन; **Savourless** (-लेस्) -*adj.* destitute of taste or smell. बिना स्वाद या गन्ध का; **Savoury** (-इ)-*adj.* with pleasing taste. स्वादिष्ट, सोंधा ।

Savoy-सवॉय - *n.* a kind of cabbage. एक प्रकार की बन्द गोभी ।

Saw-सॉ - *n.* an instrument with toothed edge used for dividing wood, metal or stone. आरा, आरी; -*v. t.* to cut with a saw. आरी से काटना या चीरना;

Saw.

Sawer (- अर्-) -*n.* one who saws wood आराकस ।

Saw-सॉ-*p. t.* of See. देखा ।

Saw-सॉ'-*n.* a proverbial saying, maxim. कहावत, विधिवाक्य ।

Sawdust-सॉ'-डस्ट्-*n.* small fragments obtained from sawing. आरे से निकला हुआ लकड़ी का बुरादा; **Saw-horse** (-हॉर्स्) - *n.* a rack supporting wood while sawing. बल्ले को चीरने के लिये फँसाने का फ्रेम, शिकञ्जा; **Saw-mill** (-मिल) - *n.* mill for sawing timber. यंत्र से लकड़ी चीरने का कारखाना; **Sawney** (-नि) - *n.* a scotsman. स्कॉट्लैंड निवासी ; **Saw-pit** (-पिट्) -*n.* a pit over which timber is sawn. भूमि में का गड्ढा जिसमें अड़ाकर लकड़ी चीरी जाती है ; **Saw-set** (-सेट्) - *n.* set of a saw. आरी का चपरास ; **Sawyer** (-यर्)-*n.* one who saws timber. आराकस ।

Sax, Zax-सैक्स्, ज़ैक्स्-*ns.* an instrument for making holes in stones. पत्थर में छेद करने का औजार ।

Saxatile-सैक्स-टाइल्-*adj.* living or growing on rocks. चट्टान पर रहने या उगनेवाला ।

Saxhorn-सैक्स्'-हॉर्न्-*n.* a musical instrument like a trumpet. एक प्रकार की तुरही ।

Saxifrage-सैक्सि-फ्रेज् - *n.* a kind of rock-plant. चट्टान पर उगनेवाला एक प्रकार का पौधा ।

Saxon-सैक्सन्-*n.* North-German tribe who conquered England in the fifth century.

उत्तरी जर्मनी की प्राचीन जाति के लोग जिन्होंने पाँचवी शताब्दी में इंगलिस्तान को जीता था।

Saxonism-सॅक्सनिज़्म् - *n.* Saxon idioms. सैक्सन् मुहावरे।

Saxony-सॅक्सनि - *n.* a kind of cloth made from wool. ऊन से बना हुआ एक प्रकार का वस्त्र।

Saxophone-सॅक्सॅ - फ़ोन् - *n.* a kind of brass musical instrument. एक प्रकार का मुँह से बजाने का पीतल का बाजा।

Say-से-*n.* a fine woollen cloth like serge, speech. सर्ज के प्रकार का ऊनी वस्त्र, वचन (व्याख्यान); -*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* Said.) to speak, to utter, to recite, to form an opinion. बोलना (भाषण करना), कहना, वर्णन करना, विचार स्थिर करना; **I say** (I assert.) मैं दृढ़तापूर्वक कहता हूँ; **Say no more** (stop speaking.) बोलना बन्द करो; **Say three men** (almost three men.) प्रायः तीन मनुष्य (इससे अधिक नहीं); **That is to say** in other words.) दूसरे शब्दों में, अर्थात्; **They say** (such is the rumour.) ऐसी चर्चा है; **To say no** (to deny.) अस्वीकार करना; **To say out** (to explain fully.) स्पष्ट रूप से प्रकट करना।

Saying-से' - इङ्ग् - *n.* something said, a popular proverb, a rumour. वचन, भाषण, लोकोक्ति, कहावत, जनप्रवाद, अफवाह।

Scab-स्कॅब्-*n.* dry incrustation formed over a sore while healing, a kind of skin disease, a mean fellow, a workman who does not join a strike. पपड़ी, खुट्ठी, एक प्रकार का चर्म-रोग, नीच मनुष्य, काम करनेवाला जो हड़ताल में साथ नहीं देता; **Scabbed** (-इ) - *adj.* mean, worthless. नीच, तुच्छ; **Scabbily** (-बि-लि) -*adv.* in a scabby manner. पपड़ीपन से, खुजली से, नीचता से; **Scabbiness** (-बि-नॅस्) - *n.* the state of being scabby. नीचता, खुजलाहट।

Scabbard-स्कॅ-बर्ड्-*n.* the sheath of a sword. बर्छी या तलवार की मियान।

Scabby-स्कॅ-बि' - *adj.* rough, itchy. रूखा, पपड़ीदार, खुजली का।

Scabies-स्के'-बि - ईज़् -*n.* itch, a contagious skin disease. एक प्रकार का छुतहा चर्मरोग।

Scabious-स्के'-बि - अस् - *adj.* full of scabs, itchy. खुजली से पूर्ण या ग्रस्त, खुजलीवाला।

Scabrous-स्के-ब्रस्-*adj.* rough, ragged. रूक्ष, खुरखुरा; **Scabrously** (-लि)-*adv.* in a rough manner. रूखेपन से; **Scabrousness** (-नॅस्) -*n* the state of being rough. रूक्षता, खुरखुरापन।

Scad-स्कॅड्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Scaffold-स्कॅ-फ़ॅल्ड् - *n.* an elevated platform of timber for the execution of criminals. फाँसी देने का मचान; -*v. t.* to furnish with a scaffold. मकान बनाने के लिये मचान या पाइट बाँधना; **Scaffolding** (-इङ्ग्) -*n.* a temporary structure for making or repairing a building. मचान, पाइट।

Scaglia-स्कॅलिया-*n.* a kind of red limestone. लाल खड़िया।

Scalable-स्केलॅब्ल्-*adj.* that may be scaled सीढ़ी द्वारा चढ़ने योग्य।

Scalade-स्कॅलेड्' - *n.* assault on a fortified place by means of ladders. किसी दुर्ग पर सीढ़ी लगाकर आक्रमण।

Scalariform-स्कलॅरि-फॉर्म्-*adj.* like a ladder. सीढ़ी के आकार का।

Scald-स्कॉल्ड् - *v. t.* to scorch, to burn with hot liquid or vapour, to cleanse with hot water, to boil milk. झुलसाना, खौलते पानी या भाफ से जलाना, गरम पानी में उबालकर साफ करना, दूध उबालना; - *n.* an ancient Scandinavian poet, injury caused by scalding. स्कैन्डिनेविया देश का एक प्राचीन कवि, जलने का फफोला।

Scaldhead-स्कॉल्ड्'-हॅड् - *n.* a disease in the scalp of children. बच्चों के सिर का एक रोग

Scale-स्केल् - *n.* thin horny plate or layer projecting on the skin of animals, flake of skin, thin lamina on the surface of rust, dish of a balance, the sign Libra in the Zodiac, a ladder-like arrangement, basis of numerical system arranged in order of pitch, set of marks for use in measuring, series, rank, musical note, extent. प्राणियों के चमड़े के ऊपर की परत, चोइयाँ, मुर्चे की तह, तराजू का पलड़ा, तुलाराशि, सीढ़ी जैसा प्रबन्ध, संख्या-प्रणाली का क्रम नापने का चिह्न, श्रेणी, पंक्ति, सुर, परिमाण; -*v. t. & i.* to weigh in scales, to climb by ladder. तराजू में तौलना, सीढ़ी पर चढ़कर दीवार लाँघना; **On a large scale** (in a large quantity.) अधिक परिमाण में; **To hold the scales even** (to be an impartial judge, to show no prejudice.) समभाव रखना, पक्षपात न करना; **To sink in the scale** (to fall to a lower rank.) नीच अवस्था को प्राप्त करना; **To turn the scale** (to change the situation.) अवस्था बदल देना।

Scale-beam-स्केल्-बीम् -*n.* a graduated rod used in weighing. तौलने का चिह्न लगा हुआ डण्डा।

Scale-beam.

Scaled-स्केल्ड्-*adj.* having scales. परतदार।

Scaleless-स्केल्'-लेस्-*adj.* without scales. बिना परत का।

Sealing-सीलिङ्ग्*-n.* the act of affixing a seal. मुहर करने का काम ; **Sealing-wax**

(-वॉक्स्)-*n.* a resinous composition for receiving impressions. मुहर करने की लाह की छड़ी।

Seam-सीम्-*n.* the joining line of two pieces of cloth, a scar, line of separation. सन्धि, सियन, फाँक;-*v. t.* to sew, to unite, to scar. सीना, जोड़ना, चिह्न डालना ; **Seam-lace** (a lace for sewing upon.) टाँकने की लेस; **Seamless** (-लेस्) -*adj.* having no seam. बिना सियन का; **Seamster** (-स्टर्)-*n.* one who sews. सीनेवाला, दर्जी; **Seamstress** (-स्ट्रेस्)-*n. fem.* a needle-woman. सीनेवाली स्त्री, दर्जिन; **Seamy** (-इ)-*adj.* containing seams. सन्धियुक्त, जोड़दार।

Seance-सें'-आन्स्-*n.* sitting or session of a deliberative body, spiritual meeting. सभा (मण्डली), आध्यात्मिक विषय की सभा।

Sear-सिअर्-*adj.* dried up, withered. मुर्झाया हुआ, सूखा;-*v. t.* to wither, to scorch, to dry up, to make insensible. सुखाना, मुर्झाना, झुलसाना, अचेत करना; **Seared** (-ड्)-*adj.* dried up. कड़ा किया हुआ।

Search-सर्च्-*n.* examination, prompt finding, inquiry. परीक्षा, जाँच, खोज;-*v. t. & i.* to seek out, to look for, to probe, to put to test; to inquire after. अन्वेषण करना, अनुसन्धान करना, खोजना, ढूँढ़ना, पता लगाना, परीक्षा करना; **To search into** (to examine.) परीक्षा करना; **To search out** (to investigate.) जाँच पड़ताल करना; **Searchable** (-ऍब्ल) - *adj.* able to be searched. खोजने योग्य; **Searcher** (-अर्)-*n.* one who makes search. निरीक्षक, खोजनेवाला; **Searchful, Searching** (-इङ्ग्) -*adj. & n.* penetrating, investigating, examination, close enquiry. सूक्ष्म अन्वेषण का, अनुसन्धान या परीक्षा; **Searchingly** (-लि)-*adv.* in a searching manner. ढूँढ़ते हुए; **Searchingness** (-नेस्)-*n.* the quality of being searching. अनुसन्धान ; **Searchless** (-लेस्) -*adj.* unsearchable, inscrutable. बिना अनुसन्धान का;**Search-light** (-लाइट्)-*n.* an apparatus for projecting a strong light over long distances. बिजली की बड़ी तेज रोशनी का लम्प जिसका प्रयोग कर दूर की वस्तु स्पष्ट देखी जा सकती है।

Search-party-सर्च्-पार्टि-*n.* a party which makes investigations. किसी वस्तु या मनुष्य की खोज में जानेवाली मण्डली; **Search-warrant** (-वॉरन्ट्) -*n.* a warrant authorizing search of stolen property. घर तलाशी का वारण्ट।

Sear-cloth-सिअर्'-क्लॉथ्-*n.* a cloth used to cover a sore. घाव पर बाँधने का कपड़ा।

Seared-सिअर्ड्-*adj.* hardened. कड़ा किया हुआ।

Season-सीज़्'-ज़्न्-*n.* suitable opportunity, time of plenty, period of indefinite length, one of the four divisions of the year. उचित अवसर, समृद्ध-काल, अनिश्चित अवधि का काल, ऋतु, मौसिम; -*v. t.* to accustom, to mature, to give zest to, to imbue, to flavour. अभ्यस्त करना, परिपक्व करना, मधुर बनाना, तर करना, स्वादिष्ट बनाना; **Auspicious season** (lucky time.) शुभ मुहूर्त; **In season** (opportunely.) अच्छी अवस्था में; **In season and out of season** (at all times.) सब काल में; **Out of season** (in bad time.) अकाल में; **Season ticket** (a ticket issued at reduced rates, during holidays &c.) रेलवे इत्यादि का कुछ समय के लिए सस्ते दर पर टिकट।

Seasonable-सीज़्नेब्ल्-*adj.* opportune. उचित समय पर होनेवाला; **Seasonableness** (-नेस्) -*n.* the quality of being seasonable. काल की उचित अवस्था; **Seasonably** (-लि)-*adj.* in a seasonable manner. यथाकाल, काल के अनुसार; **Seasonal** (-अल्)-*adj.* pertaining to a season. ऋतु सम्बन्धी ; **Seasoned** (-ड्)-*adj.* accustomed. कालानुसार, समयोचित, ऋतु के अनुसार ; **Seasoner** (-अर्) - *n.* that which gives relish to food. भोजन-सामग्री को स्वादिष्ट बनानेवाला; **Seasoning** (-इङ्ग्)-*adj.* anything added in food to increase enjoyment. खाना स्वादिष्ट बनानेवाला पदार्थ; **Seasonless** (-लेस्) -*adj.* without proper time. बिना अवसर का; **Seasonally** (-अलि) - *adv.* in season. ऋतु में, यथाकाल।

Seat-सीट्-*n.* a thing to sit on, a chair, bench &c., occupation of a seat, station, throne, abode, residence, situation, part of a machine which supports another part, site, posture, abiding place. बैठने का आसन, पीठिका, कुर्सी, बेंच, सिंहासन, घर, वासस्थान, रहने का स्थान; स्थिति, किसी यन्त्र का भाग, अवस्थान, आसन, -*v. t.* to place on a seat, to settle, to establish, to fix, to set firm in a place. आसन पर बैठना, स्थापित करना, स्थिर करना, नियुक्त करना।

Seated-सीटेड्-*adj.* placed on a seat. बैठा हुआ; **Seat of justice.** धर्मासन, न्याय-पीठ।

Sebaceous-सि-बे'-शस्-*adj.* of fat, made of tallow. चर्बी का, चर्बी का बना हुआ।

Sebiferous-सिबिफ़रस्-*adj.* producing matter ike fat. चर्बी के समान द्रव्य उत्पन्न करनेवाला।
Secant-सी'-कन्ट्-*adj.* cutting. काटनेवाला; - *n.* the radius of a circle produced to meet a tangent. अर्धव्यास जो बढ़कर दूसरी रेखा में मिलता है, कोटिज्या, छेदन रेखा।
Secateur-सेंकटर्-*n.* a pair of pruning scissors. कतरनी, छ टने की कैंची।
Seccotine-सें-कॅ-टीन्-*n.* a kind of liquid glue. एक प्रकार का सरेस; - *v. t.* to apply this glue to something. किसी पदार्थ पर यह सरेस लगाना।
Secede-सिसीड्-*v. t.* to withdraw from membership. किसी मण्डली से हटना; **Seceder** (-अर्) -*n.* one who secedes. त्यागने (अलग होने) वाला।
Secern-सि-सर्न-*v. i.&t.* to secrete, to separate. रसना, बहना, अलगाना; **Secernent** (-ऍन्ट्)-*adj.* secreting. रसने या बहनेवाला, **Secernment** (-मेंन्ट्) - *n.* a secretory duct. रसनेवाली नली।
Secession-सिसशन् -*n.* the act of seceding. अपगमन, धर्मत्याग; **Secessionist** (-इस्ट्)-*n.* a seceder. धर्मत्याग करनेवाला।
Seclude - सिक्लूड् - *v. t.* to separate from society, to keep aloof. समूह से अलगाना, पृथक् करना, अलग रखना।
Secluded-सिक्लूडेड् - *adj.* separated from society. निर्जन, एकान्त, अकेला; **Secludedly** (-लि)-*adv.* in a secluded manner. निर्जनता से ; **Secludedness** (-नेंस्) - *n.* seclusion from society. समाज से अलगाव, एकान्तता।
Seclusion-सि-क्ल'-ज़न्-*n.* privacy, retirement. एकान्तता, निर्जनता; **Seclusionist** (-इस्ट्) - *n.* one who passes a lonely life. अकेला रहनेवाला; **Seclusive** (-सिव्) - *adj.* that which secludes. छिपानेवाला।
Second-सेंकन्ड् -*adj.* next after first. दूसरा; -*n.* one who follows another, additional, a supporter, next in place, rank or time, the sixtieth part of a minute. पीछा करनेवाला, द्वितीय, दूसरा, मिनट का साठवाँ भाग; - *v. t.* to follow, to support, to encourage. अनुमोदन करना, सहारा देना, साहस देना; **Second floor** (the floor above the ground floor.) घर इत्यादि का दूसरा खण्ड; **Second nature** (acquired tendency, habit.) अभ्यास, आदत; - *gram.* **Second person** (व्याकरण में) मध्यम पुरुष; **Second to none** (surpassed by none.) अद्वितीय, अपूर्व; **Second teeth** (teeth of adults.) दूध के दाँत टूटने पर निकलनेवाले स्थायी दाँत ; **Secondarily** (-रि-लि)-*adv.* in a secondary manner. अप्रधान रूप में; **Secondariness** (-नेंस्) -*n.* the state of being secondary. अप्रधानता; **Secondary** (-रि) -*adj.* next in importance, subordinate, supplementary, inferior in rank. दूसरे क्रम का, सहकारी, अप्रधान, अमुख्य; -*n.* a subordinate. सहायक; **Secondary education** (advanced education.) उच्च कोटि की स्कूली पढ़ाई, माध्यमिक शिक्षा।
Seconder-सेंकन्डर् - *n.* one who supports a resolution. सभा में किसी प्रस्ताव का अनुमोदन करनेवाला।
Second-hand-सेंकन्ड्-हॅन्ड्-*adj.* not new, used by another, hearsay, the hand that marks the seconds on a watch or clock. पुराना, दूसरे का भोगा हुआ, कल्पित, घड़ी की सबसे छोटी सूई; **Second-hand evidence.** दूसरे से सुनी हुई गवाही।
Secondly-सें-कन्ड्-लि-*adv.* in the second place. दुबारा।
Second-rate-सेंकन्ड्-रेट्-*adj.* of inferior quality. मध्यम, सामान्य।
Seconds-सें-कन्ड्स्-*n.* coarse flour. मोटा आटा।
Secrecy-सी' - क्रे - सि - *n.* (*pl.* Secrecies.) concealment, privacy, seclusion. गुप्तता, एकान्तता, रहस्य।
Secret-सी-क्रेट्-*adj.* kept private, concealed, not revealed, not exposed to view. गुप्त, छिपा हुआ, अप्रकाशित; - *n.* something concealed. गोप्य भेद, रहस्य ; **In secret** (in private.) एकान्त में; **Open secret** (a secret exposed to those concerned.) सम्बन्धित लोगों पर प्रकट भेद; **Secret counsel** (private information.) गुप्त मन्त्रणा।
Secretarial-सें क्रिटें रिअल् -*adj.* pertaining to a secretary. मन्त्री-सम्बन्धी।
Secretariate-सें क्रिटें रिअट् - *n.* the secretary's department. मंत्री का कार्यालय।
Secretary-सें क्रिटरि-*n.* (*pl.* Secretaries.) a person employed by another to help him in correspondence, an official appointed for keeping records and dealing with business. मंत्री (लिखक), किसी कार्य का अधिकारी; **Secretary of State.** राज्य का प्रधान मन्त्री; **Under secretary** (one who assists a secretary.) मन्त्री का सहायक ; **Secretaryship** (-शिप्) -*n.* the post of secretary. मन्त्री का पद।
Secrete-सि-क्रीट्' -*v. i.* to conceal or hide, to produce by secretion, to separate the

circulating fluids of the body. छिपाना, शरीर के रस को उत्पन्न करना या अलगाना।

Secretion-सि-क्री'-शन्-*n.* the act of secreting, that which is secreted. स्राव, शरीर से निकला हुआ रस या मल ; **Secretional** (-अल्)-*adj.* pertaining to secretion. स्राव-सम्बन्धी ; **Secretionary** (-अरि)-*adj.* adapted for secretion. स्राव लाने योग्य।

Secretitious-सि-क्री-टिशस् - *adj.* separated by seecretion. स्राव द्वारा अलगाया हुआ।

Secretive-सि-क्री' - टिव् - *adj.* keeping secret, performing secretion. रहस्य रखनेवाला, शरीर के मल को निकालनेवाला; **Secretively** (- लि) - *adv.* not exposing secrets. रहस्य का भेद न करते हुए; **Secretiveness** (- नेस्)-*n.*quality of being secretive. निर्जनता।

Secretly-सी-क्रे ट्' -लि-*adv.* in a secret manner. गुप्त रूप से।

Secretor - सिक्रीटर् - *n.* that which secretes. स्राव करनेवाला; **Secretory** (-इ)-*adj.* pertaining to secretion. स्राव-सम्बन्धी।

Sect-सेक्ट् - *n.* a religious party or faction. पंथ, मत, सम्प्रदाय।

Sectarial-सेक्-टे '-रिअल्- *adj.* distinctive of a sect. संप्रदाय-सम्बन्धी ; **Sectarial mark** (symbol of a sect on the forehead.) साम्प्रदायिक तिलक या चिन्ह।

Sectarian-सेक्-टे'-रिअन्-*adj.* & *n.* pertaining to a peculiar sect, one of a sect. विशेष पन्थ का, साम्प्रदायिक; **Sectarianism** (-इज़्म्) *n.* sectarian tendency. किसी पन्थ के अनुसरण की भावना; **Sectarianize** (-आइज़्)-*v. t.* to affect with sectarianism. किसी पन्थ का अनुयायी बनना।

Sectary-सेक्टरि - *n.* the member of a sect. किसी सम्प्रदाय का अनुयायी।

Sectile-सेक्टाइ (-टि)-ल्-*adj.* capable of being cut. काटने योग्य।

Section-सेक्शन्-*n.* the part cut off from a thing, the part of a structure, a distinct portion, subdivision of a book, part of a community. भाग, खण्ड, पुस्तक का परिच्छेद (प्रकरण, काण्ड), किसी सम्प्रदाय का भाग; -*v. t.* to pare off, to cut off. काटना, तराशना; **Section mark** (a sign used as a reference mark.) प्रकरण का चिन्ह, (§) ऐसा चिन्ह।

Sectional-सक्शनल्-*adj.* pertaining to a section. खण्ड-सम्बन्धी ; **Sectionalism**-*n.* class spirit. वर्गवाद; **Sectionally** (-लि) - *adv.* in a sectional manner. खण्ड के रूप में।

Sector-सेक्टर्-*n.* a plane figure bounded by two radii of a circle, a mathematical instrument. वृत्तखण्ड, रेखागणित का एक यन्त्र ; **Sectoral** (-अल्)-*adj.* pertaining to a sector. खण्डवृत्त-सम्बन्धी।

Sectorial-सेक्टोरिअल्-*n.* & *adj.* cutting teeth of carnivorous animals meant for cutting. मांसभक्षी पशुओं के काटने के दाँत, कर्तनकारी।

Secular-सेक्युलर्-*adj.* lasting for ages, coming once in a century, worldly, temporal. अनन्त, सौ वर्ष में एक बार होनेवाला, लौकिक;-*n.* religious touch. धार्मिक सत्त्व।

Secularism-सेक्युलरिज़्म्-*n.* secularity. व्यावहारिक वृत्ति।

Secularist-सेक्युलरिस्ट्-*n.* one who disbelieves in traditional theology. प्रपंची मनुष्य।

Secularity-सेक्युलरिटि-*n.* worldliness. (प्रपंच) व्यावहारिकता।

Secularize-सेक्युलराइज़्-*v. t.* to make secular. लौकिक कार्य में लगाना।

Secularly-सेक्युलर्लि-*adv.* in a secular manner. व्यावहारिक रीति से।

Secularness-सेक्युलर् - नेस्-*n.* the quality of being secular. लौकिकता।

Secund-सि'-कन्ड्-*adj.* arranged on one side only. एक ही ओर लगाया हुआ; **Secundly** (-लि)-*adv.* in a secund manner. एक ही ओर लगे हुए रूप में।

Secundus-सि-कन्डस्-*adj.* second of the same name. एक ही नाम का दूसरा मनुष्य।

Securable-सिक्योरेबल्-*adj.*able to be secured. दृढ़ करने योग्य।

Secure-सिक्योर् - *adj.* (*comp.* **Securer**, *sup.* **Securest**) untroubled by care or anxiety, free from apprehension, reliable, firmly fastened, safe against. निश्चित, निर्भय, निःशंक निर्विघ्न, सुरक्षित; - *v. t.* to make safe against loss or free from danger, to guarantee, to obtain, to fasten. रक्षा करना, भय से निवृत्त करना, बीमा करना, प्राप्त करना, कसकर बाँधना; **Securely** (-लि) - *adv.* in a secure manner. सुरक्षित रूप से; **Secureness** (-नेस्) -*n.* the quality of being secure. सुरक्षित अवस्था; **Securer** (-अर्) -*n.* he, who or that which secures. रक्षा करनेवाला।

Securiform-सि-क्यू'-रि-फ़ॉर्म् - *adj.* of the shape of an axe. कुठार के आकार का।

Securite-सिक्यूराइट् - *n.* an explosive used in mines. खानों में उपयोग करने की एक प्रकार की बारूद।

Security-सि-क्यू-रि-टि *-n.* (*pl.* Securities.) a thing that guards, freedom from danger, safety, confidence, pledge for the fulfilment of an undertaking, surety. रक्षक वस्तु, संकट से छुटकारा, रक्षा, निर्भयता, बचाव, आश्रय, प्रतिभू, जामिन ।

Sedan-सिडॅन्-*n.* (also Sedan-chair.) a portable chair used as a carriage for conveying a person. डोली, पालकी, तामजान ।

Sedate-सि - डेट् *-adj.* tranquil, calm, sober. गम्भीर, शान्त, अचञ्चल; **Sedately** (-लि)-*adv.* in a sedate manner. शान्ति से; **Sedateness** (-नेस्)-*n.* tranquillity. निर्ममत्व, शान्ति; **Sedative** (-इव्)-*n.* & *adj.* a soothing medicine, soothing. शान्ति देनेवाली औषध, शान्तिकर ।

Sedent-सी'-डेन्ट् - *adj.* quiet, inactive. शान्त, अचञ्चल; **Sedentary** (-अरि) *-adj.* sitting, accustomed to much sitting. गतिहीन, अधिक बैठनेवाला ।

Sedentarily-सी-डॅन्-टरि-लि-*adv.* in a sedentary manner. बिना उद्योग के, बैठे हुए रूप में; **Sedentariness** (-नेस्)-*n.* the state of being sedentary. गतिहीनता, निरुद्योगिता ।

Sedge-सॅज् *-n.* a kind of marshy plant, a kind of bird. दलदल का एक पौधा, एक प्रकार का पक्षी; **Sedgy** (-इ) *-adj.* marshy. दलदली ।

Sediment-सॅ-डि-मॅन्ट्-*n.* matter which settles at the bottom of a liquid, dregs. मल, कीट, तलछट; **Sedimental** (-अल), **Sedimentary** (-अरि)-*adjs.* pertaining to sediment. तलछट सम्बन्धी; **Sedimentation**(-ए'-शन्)-*n.* deposition of sediment. तलछट का जमना ।

Sedition-सिडिशन्-*n.* the raising of agitation against a state, conduct or speech tending to breach of public peace. राजद्रोह, संक्षोभ, विद्रोह; **Seditionary** (-अरि) - *n.* one who incites sedition. विद्रोह करने के लिये उसकानेवाला मनुष्य ।

Seditious-सिडिशस्-*adj.* pertaining to sedition. राजद्रोही, विप्लवकारी; **Seditiously** (-लि) *-adv.* in a seditious manner. संक्षोभ से, विप्लव से; **Seditiousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being seditious. प्रजाक्षोभ, विप्लव ।

Seduce-सि-ड्यूस्-*v. t.* to lead astray, to lead into crime, to persuade a woman for breach of chastity, to deceive. बहकाना, छलना, स्त्री को पाप करने को प्रवृत्त करना, सतीत्व भ्रष्ट करना; **Seducement** (-मॅन्ट) -*n.* the act of seducing. वंचना, सतीत्वनाश ; **Seducer** (-अर्)-*n.* one who seduces. मोहक, दूषित करनेवाला, सतीत्व नष्ट करनेवाला ।

Seducible-सि-ड्यू'-सि-ब्ल - *adj.* able to be seduced. छलने योग्य ।

Seducingly-सि-ड्यूस् - इङ्ग् - लि - *adv.* in a seducing manner. दूषित करते हुए ।

Seduction-सिडक्शन्-*n.* the act of seducing, tempting to an evil action. सतीत्व-हरण प्रलोभन, वंचना, दुष्प्रेरणा ।

Seductive-सिडक्टिव् - *adj.* tending to lead astray. फुसलानेवाला; **Seductively** (-लि)-*adv.* in a seductive manner. फुसलाते हुए; **Seductiveness** (-नेस्)-*n.* the quality of being seductive. प्रलोभन कारिता ।

Sedulity-सॅ-ड्यू' - लि - टि - *n.* the quality of being sedulous. परिश्रम, प्रयत्न ।

Sedulous-सॅ-ड्यु-लस्-*adj.* diligent, laborious, persevering. उद्योगी, परिश्रमी, कार्य में स्थिरता से लगा हुआ; **Sedulously** (-लि)-*adv.* laboriously. परिश्रम से; **Sedulousness** (-नेस्)-*n.* the state of being diligent. कार्य संलग्नता ।

See-सी-*v. i.* & *t.* (*p. t.* Saw, *p. p.* Seen) to discern objects with eyes, to perceive, to look, to discover, to consider, to visit, to examine, to understand. दर्शन करना, देखना, निरीक्षण करना, अन्वेषण करना, पता लगाना, विचारना, भेंट करना, परीक्षा करना, समझना; *-n.* jurisdiction of a bishop, धर्माध्यक्ष का अधिकार; I see (I think.) मैं सोचता हूँ; To see after (to take care of.) सँभालना; To see good (to consider right.) भला विचारना; To see into (to reflect.) विचार करना; To see life (to experience.) अनुभव प्राप्त करना; To see off (to accompany at one's departure.) विदाई के समय साथ रहना; To see one's way to (to manage.) प्रबन्ध करना; To see the back (to abandon.) त्याग देना; To see the light (to be born.) उत्पन्न होना, जन्म लेना; To see visions (to become a sage.) ऋषि बनना; To see with one's eyes. (to make clear.) प्रत्यक्ष करना ।

Seed-सीड्-*n.* germ, unit of reproduction, offspring, semen, prime cause, origin, race, beginning, first principle. अंकुर, बीज, संतति, सन्तान, शुक्र, मुख्य कारण, मूल, जाति, वंश, प्रारम्भ, प्रथम सिद्धान्त ; *-v. i.* & *t.* to sprinkle with seed. बीज बोना; **Seedbed** (-बॅड)-*n.* a ground prepared for sowing seeds. बीज बोने के लिए तैयार की हुई भूमि, बेंहड़उर; **Seed-box** (-बॉक्स), **Seed-bud**(-बड्) *-ns.* the germ of a fruit. फल का अंकुर;

Seed-cake (-केक्)-*n.* a sweet cake containing caraway seeds. अजवाइन मिली मीठी टिकिया; **Seed coat** (-कोट्)-*n.* the outer coat of a seed. बीज का आवरण, बीज का छिलका; **Seedcorn** (-कॉर्न्) -*n.* corn reserved for seed. बीज बोने के लिए सुरक्षित अन्न; **Seeded** (-ऍड्)-*adj.* full of seeds. बीजों से पूर्ण; **Seeder** (-अर्)-*n.* a seed-drill बीज बोने का यन्त्र।

Seedily-सीड्'-इ-लि-*adv.* shabbily. बीज-पूर्णता से।

Seediness-सीड्'-इ-नेंस्-*n.* the state of being seedy. बीज-पूर्णता; **Seed-leaf** (-लीफ़्)-*n.* the first leaf of a seed. बोये हुए बीज की पहली पत्ती; **Seedless** (-लेंस्)-*adj.* without seeds. निर्वीज, विना बीये का; **Seedling** (-लिङ्ग्)-*n.* the plant raised from a seed, a young plant. बीज से उत्पन्न किया हुआ पौधा, छोटा कोमल पौधा; **Seedsman** (-ज़्'-मॅन्) -*n.* a seed-seller. बीज-विक्रेता; **Seed-pearl** (-पर्ल्) -*n.* a small pearl. छोटा मोती; **Seed-plot** (-प्लॉट्) - *n.* nursery ground. बेहन डालने की भूमि।

Seed-time-सीड्'-टाइम् -*n.* sowing season. बोने का समय; **Seed-vessel** (-वेंस्-सल्')-*n.* the pericarp. बीज का कोष; **Seed-wool** (-वूल्)-*n.* raw cotton. कपास, बिनौले समेत रुई।

Seedy-सी-डि -*adj.* full of seeds, having the taste of seeds, worn out, out of sorts, shabby. बीजपूर्ण, बीज भरा हुआ, बीज के स्वाद-वाला, फटा पुराना, थका हुआ, अस्वस्थ, गंदा।

Seek-सीक् - *v. t. & i.* (*p. t.* Sought सॉट्) to make an inquiry for, to endeavour to do, to ask for, to pursue, to aim at. खोजना, प्रयत्न करना, अनुसरण करना, प्रार्थना करना, इच्छा करना; **To seek out** (to single out.) अलगाना; **To seek through** (to make inquiry.) खोज निकालना।

Seeker-सीकर् - *n.* one who investigates. खोजनेवाला।

Seel-सील् - *v. t.* to shut or close the eyes, to hoodwink. आँख बन्द करना, कनखी से सैन मारना।

Seem-सीम् -*v. t.* to have the appearance of, to appear to be true. मालूम होना, जान पड़ना; **It seems to me** (it appears to me.) मैं समझता हूँ; **Seemer** (-अर्)-*n.* one who has a semblance. आकृतिवान्; **Seeming** (-इङ्ग्) -*adj.* having the appearance of. दिखावटी;

Seemingly (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in appearance कृत्रिम रूप से, दिखाव में; **Seemingness** (-इङ्ग्-नेंस्)-*n.* plausibility. सुन्दर आकृति; **Seemliness** (-लि-नेंस्)-*n.* grace, fitness, propriety. सुन्दरता, योग्यता; **Seemly** (-लि)-*adj.* decent, becoming. विनीत, उचित, उपपन्न।

Seen-सीन् -*p. p.* of see. देखा हुआ।

Seer-सीअर -*n.* a person who sees visions, a prophet. भविष्यद्दर्शी, सिद्ध पुरुष; **Seership** (-शिप्) -*n.* the rank of a seer. सिद्ध पुरुष का पद।

Seesaw-सा'-सॉ - *n.* a game in which two children at each end of a board fixed on a pivot alternately move up and down. लड़कों का झूला, ढेंकुल

Seesaw.

-*v. t.* (*p. t.* Seesawed.) to move with a reciprocating motion. ऊपर-नीचे होना, ढेंकुल पर खेलना;-*adv.* up and down. ऊपर-नीचे।

Seethe-सीद्'-*v. t. & i.* (*p. t.* Seethed, Sod. *p. p.* Seethed, Sodden.) to cook by boiling, to be agitated. क्वाथ बनाना (उबालना), उत्तेजित होना।

Seether-सीद्' - अर् - *n.* a pot for boiling. किसी वस्तु को उबालने का पात्र।

Segment - सेंग्मेंन्ट् - *n.* a part cut off from something, a part cut off from a figure by a line. भाग (खण्ड), वृत्तखण्ड; -*v. t.* to divide into segments. खण्ड या टुकड़ा करना; **Segmental** (-अल्) - *adj.* pertaining to a segment. वृत्त-खण्ड से संबंधित; **Segmentally** (-अलि)-*adv.* in the form of a segment. वृत्त-खण्ड के आकार में; **Segmentary** (-अरि) -*adj.* segmental. वृत्त-खण्ड का।

Segmentation-सेंग्-मेंन्'-टे'-शन्-*n.* a dividing into segments. खण्डकरण।

Segregate-सें ग्रि - गेंट् - *v. t.* to isolate, to separate from others. पृथक् करना, अलगाना; -*adj.* separate. पृथक्, अलग।

Segregation-सें ग्रि-गें-शन् - *n.* a separation. वियोग, अलगाव।

Segregative-सें-ग्रि-गें'टिव् -*adj.* separating. अलग करनेवाला।

Seidlitz-powder-सेंड्'-लिट्ज़्-पाउ-डर् - *n.* an effervescing laxative powder. उफननेवाली एक रेचक औषधि।

Seigneur-सेन्यर्, **Seignior**-से'निअर्-*ns.* a lord, a title of respect. स्वामी, महाशय, आदर की पदवी।

Seigniorial-सें-निअॅ-रिअल्-*adj.* pertaining to seignior. प्रभु या स्वामी का।

Seigniorage-सें-निअॅरेज्-*n.* royal prerogative. प्रभुत्व, बड़ा अधिकार।

Seigniory-सें-'निअॅरि-*n.* lordship. राजकीय सत्ता, प्रभुत्व।

Seine-सेन्-*n.* a kind of fishing net. एक प्रकार का मछली पकड़ने का जाल;-*v. t. & i.* to fish with a seine. ऐसे जाल से मछली पकड़ना।

Seismal, Seismic-साइज़्-मल, (-मिक्) -*adjs.* pertaining to earthquake. भूकम्प-सम्बन्धी।

Seismo-साइज़्मॅ'-*pref.* in the sense of "earthquake" "भूकम्प" अर्थ का उपसर्ग।

Seismograph-साइज़्मॅ'-ग्राफ्-*n.* an apparatus for registering earthquakes. भूकम्प-सूचक यन्त्र; **Seismography** (-इ)-*n.* an account of earthquakes. भूकम्प का वर्णन।

Seismologist-साइज़्मॅ-लॅजिस्ट्-*n.* one who is versed in seismology. भूकम्प-विज्ञान में निपुण।

Seismology-साइज़्मॅ-लॅजि-*n.* the science of earthquakes. भूकम्प-विषयक शास्त्र, भूकम्प-विज्ञान।

Seismometer-साइज़्मॅ'-मिटर्-*n.* an instrument for measuring the intensity of earth quakes. भूकम्प की प्रबलता को अङ्कित करने का यन्त्र।

Seizable-सीज़ॅब्ल्-*adj.* able to be seized. पकड़ने योग्य, जब्त करने योग्य।

Seize-सीज़्-*v. t. & i.* to take possession of by force, to catch, to confiscate, to attach. पकड़ना, धरना, छीन लेना, जब्त करना।

Seizer-सीज़र्-*n.* one who seizes. पकड़नेवाला।

Seizin, Seisin-सीज़िन्-*n.* legal possession of a land. जमींदारी पर कानूनी अधिकार करण।

Seizing-सीज़िङ्ग्-*n.* act of catching. पकड़, अधिकार।

Seizor-सीज़र्-*n.* one who takes possession. हरण करनेवाला।

Seizure-सीज़र्-*n.* the act of seizing, sudden attack. पकड़, अचानक आक्रमण (रोग), धावा।

Sejugous-सी-जु-गस्-*adj.* with six pairs of leaves. छः जोड़ा पत्तियोंवाला।

Sejunction-सीजंक्शन् - *n.* separation. वियोग, अलगाव।

Selah-सी'-ला-*n.* a pause in the recitation of Psalms. बाइबिल के भजन गाने में विश्राम।

Seldom-सेल्डम्-*adv.* rarey, not often. कदाचित्, विरले ही।

Select-सिलेक्ट्'-*v. t.* to choose as the best. कराना (छाँटना), चुनना;-*adj.* preferable. उत्कृष्ट, चुना हुआ।

Selected-सिलेक्टेड्-*adj.* chosen. चुना हुआ; **Selectedly** (-लि)-*adv.* with care in selection. चुनते हुए।

Selection-सिलेक्शन्-*n.* the act of selecting. सङ्कलन, चुनाव।

Selective-सें-लें क्टिव्-*adj.* capable of selection. चुनने योग्य; **Selectively** (-लि) -*adv.* in a selective manner. चुनते हुए।

Selector-सिलेक्टर् - *n.* one who makes a selection from a number of things. बहुत-सी वस्तुओं में से चुननेवाला।

Selenite-सें लिनाइट्-*n.* sulphate of lime in crystal form. (चन्द्रकान्त मणि में) दानेदार चूने का सल्फेट।

Selenite-सिलीनाइट्-*n.* a supposed inhabitant of the Moon. कल्पित चन्द्रलोकवासी।

Selenium-सि-ली'-नि - अम्-*n.* a non-metallic element similar to sulphur. गन्धक के प्रकार का एक अधातु द्रव्य।

Seleno-सि-ली-नें-*pref.* in sense of 'moon'. 'चन्द्रमा' अर्थ का उपसर्ग; **Selenographer** (-ग्रॅफ़र्)-*n.* one who photographs the moon. चन्द्रमा का आलोकचित्र खींचनेवाला; **Selenography** (-ग्रॅफ़ि)-*n.* description of the moon. चन्द्रमा के वर्णन की विद्या; **Selenotropic** (-ट्रॉपिक्)-*adj* turning towards the moon. चन्द्रमा की ओर झुकने या मुड़ने वाला।

Self-सेल्फ़्-*n.* (*pl.* Selves) a person's identity or individuality, one's own interest, sameness. निजी व्यक्तित्व, स्वयम्, अपनी निजी रुचि, अपना स्वार्थ, एकता;-*adj.* same, own. अपना, निजी, वही; **Self-abandonment** (-अ-बन्'डन्-मेन्ट्) -*n.* disregard for one's self. आत्म-परित्याग; **Self-abasement** (-अॅ-बेस् - मेन्ट्)-*n.* abasement of one's self. अपना अपमान; **Self-absorbed** (-अॅब् - सॉर्ब्ड्) -*adj.* deep in thought. ध्यान में लीन ; **Self-abuse** (-अॅ ब्यूस्)-*n.* abuse of one's powers, masturbation. स्वयं अपनी शक्ति का नाश करना, हस्त-मैथुन ; **Self-accomplished** (-अॅ - कम्' - प्लिश्ड्)-*adj.* acquired by oneself. आत्म उपार्जित ; **Self-acting** (-ऍक्ट्-इङ्ग्)-*adj.* acting of itself. स्वयं कार्य करनेवाला; **Self-admiration** (-ऍड्-मि-रे'-शन्) -*n.* praise

of one's self. आत्मश्लाघा ; Self-applause (-ऑप्-प्लॉज़्)-n. self praise. आत्म-प्रशंसा; Self-assertion (-ऑस-सर्'-शन्)-n. assertion of one's self in a presumptuous manner. अपने अधिकार के विषय में श्लाघा; Self-coloured (-कलर्ड्)-adj. of the natural colour. स्वाभाविक रङ्ग का; Self-command (-क-मान्ड्') -n. self control. आत्मसंयम ; Self-complacent (-कम्-प्ले'-सेन्ट्)-adj. possessing an attribute of satisfaction with one's self. आत्म-सन्तोष ; Self-conceit (-कन्-सीट्)-n. pride, arrogance. स्वाभिमान, अहङ्कार; Self-conscious (-कॉन्'-शस्)-adj. conscious of one's self. अपने अस्तित्व को जाननेवाला; Self-consciousness (-कॉन्-शस-नेस्)-adj. self-conscious state. आत्म-ज्ञान; Self-contained (-कन्-टेन्ड्)-adj. complete in itself. स्वयं परिपूर्ण;Self-control(-कन्-ट्रोल्)-n. restraint over self. आत्मसंयम; Self-defence (-डि-फेन्स्)-n. defence of one's self. आत्मरक्षा; Self-denial (-डि-नाइ'-अल्)-n. forbearing to gratify one's desires. आत्म-परित्याग ; Self-destruction (-डि-स्ट्रक'-शन्)-n. suicide. आत्म-हत्या; Self-evident (-एव्-इड्-एन्ट्)-adj. evident without proof. स्वतः (बिना प्रमाण के) सिद्ध; Self-existence (-एग्-जिस्ट्'-एन्स्)-n. existing by itself. स्वयंभू ; Self-government (-गव्'-अर्न्-मेन्ट्)-n. government of the people by themselves, self-control. स्वराज्य, आत्म-संयम; Self-help (-हेल्प्)-n. unaided effort. आत्म-साहाय्य, अपनी सहायता स्वयं करना; Self-improvement (-इम्-प्रूव्'-मेन्ट्)-n. improvement of one's self. आत्मोन्नति; Self-interest (-इन्-टर्-एस्ट्) -n. one's own interest. स्वार्थ; Selfish (-इश्)-adj. devoted to personal profit, appealing to self interest. स्वार्थपर, स्वार्थी, खुदगरज; Selfishly (-इश्-लि) -adv. in a selfish manner. स्वार्थ से ; Selfishness (-इश्-नेस्)-n. the quality of being selfish. स्वार्थपरता, अपने लाभ की इच्छा; Selfless (-लेस्)-adj. not selfish. बिना स्वार्थ का, स्वार्थ हीन, बेगरज; Selflessness (-लेस्-नेस्) -n. the quality of being selfless. स्वार्थहीनता; Self-love (-लव्)-n. regard for one's well-being. ममता, अहङ्कार; Self-made (-मेड्)-adj. risen to eminence by one's own exertions. अपने परिश्रम से उन्नति प्राप्त; Self-opinionated (-ओपिनियनेटेड्)-adj. obstinacy in one's opinion अपने विचार पर हठ करनेवाला; Self-possessed(-पॅ-ज़ेस्ड्)-adj.composed in mind. स्वस्थचित्त; Self-possession (-पॅ-ज़ेशन्)-n. composure of mind. चित्त की सावधानी; Self-praise (-प्रेज़्)-n. praise of one's self. आत्माभिमान, Self-registering(-रे जिस्टरिङ्ग्) -adj. automatically registering. आपसे आप अंकित करनेवाला; Self-sacrifice (-सैक्रिफ़ाइस) -n. sacrificing of self for the sake of others. दूसरों के लिये आत्मसमर्पण, आत्म बलिदान; Self-same (-सेम्)-adj. the very same. वही; Self-seeking (-सीकिङ्ग्)-adj. seeking one's own benefit regardless of the advantage of others. दूसरों की सुविधा का विचार न करते हुए अपना ही हित खोजना; Self-sufficiency (-सफ़िश्यन्सि)-n. the quality of being self sufficient. अपनी योग्यता पर पूर्ण विश्वास होना; Self-sufficient (-सफ़िश्यन्ट्)-adj. having full confidence in one's abilities. अपनी योग्यता पर पूर्ण विश्वास करनेवाला; Self-will (-विल्)-n. obstinacy. हठ ।

Sell-सेल् - v. t. & i. (p. t. & p. p. Sold) to transfer to another in exchange for money, to part with for a price, to deliver for the sake of some reward. बेचना, बिक्री करना, बिकना, धन के लोभ से देना; To sell off (to dispose off everything.) सब सामान बेच डालना ।

Sellable-सें-लें-ब्ल्-adj. capable of being sold. बिक्री करने योग्य ।

Seller-सें-लर्-n. one who sells. बेचनेवाला ।

Selling-सें-लिङ्ग् -n. act of being sold. बिक्री, बेंची ।

Seltzer (-Water)-सेल्ट्'-ज़र् (-वॉटर्) -n. a mineral water of Germany, soda water. जर्मनी का रासायनिक जल, सोडा वाटर ।

Selvage-सें-ल्वेज् - n. the edge of a cloth. गोंट, गोंटा, संजाफ़; Selveged (-इ)-adj. having selvage. गोंटदार ।

Selves-सेल्व्ज़्-pl. of self.

Semaphore-सेम्'-अ-फ़ोर्-n. a signalling apparatus. संकेत द्वारा समाचार भेजने का यन्त्र-v. i. to send messages by this apparatus. इस प्रकार के यन्त्र द्वारा समाचार भेजना; Semaphoric (-इक्)-adj. pertaining to semaphores. संकेत भेजने के यन्त्र का; Semaphorically (-लि)-adv. by means of this instrument. इस यन्त्र की विधि से ।

Semasiology-सिमॅसि-ॲ-लॅ-जि-*n.* a branch of philology which treats of the meaning of words. भाषाविज्ञान शास्त्र का वह विभाग जिसमें शब्दों के अर्थ का वर्णन रहता है।

Sematic-सिमॅटिक् - *adj.* of colour which serves protection from enemy. शत्रु से रक्षा करनेवाले रंग का।

Semblance-सॅम्ब्लन्स् - *n.* likeness, appearance. सादृश्य, आकार (स्वरूप); **Semblant** (सॅम्-ब्लॅन्ट्)-*adj.* only seeming. केवल आकार मात्र का।

Semeiography-सीमाइ'-ॲग्रॅफि-*n.* a description of the symptoms of diseases. रोग-निदान-विवरण; **Semeilogy** (-लॅजि)-*n.* knowledge or study of symptoms of diseases. रोग-निदान-ज्ञान या अध्ययन।

Semen-सी'-मॅन्-*n.* male generative fluid of animals. शुक्र, वीर्य ; **Seminal** (सॅम्'-इ-नल्) -*adj.* of semen. वीर्य-सम्बन्धी।

Semester-सि-मॅस्-टर्-*n.* a half year course in some European universities. यूरोप के कई विश्वविद्यालयों में छः महीने का अध्ययन-क्रम।

Semi-सॅमि -*pref.* in sense of "half". उपसर्ग जिसका अर्थ "आधा" होता है; **Semi-annual** (-ॲन्-यु-अल्)-*adj.* recurring twice a year. अर्धवार्षिक, छमाही, छः महीने पर होनेवाला ; **Semi-annular** (-ॲन्-न्यु-लर्)-*adj.* semi-circular. अर्धवृत्ताकार; **Semi-articulate** (-आर्-टिक्-यु-लेट्)-*adj.* joined loosely. ढीला बँधा हुआ; **Semi-barbarian** (-बार्-बॅर्'-इ-अन्)-*n.* a half civilized person. अर्ध-सभ्य मनुष्य ; **Semi-barbarous** (-बार्-ब-रस्)-*adj.* half-civilized. अर्ध-सभ्य; **Semi-circle** (-सर्'-कल्)-*n.* half of a circle.अर्धवृत्त;**Semi-circular** (-सर्'-क्यु-लर्) -*adj.* of the form of a half circle. अर्धवृत्ताकार; **Semi-circumference** (-सर्-कम्'-फ़र्-ॲन्स्)-*n.* half of a circumference. वृत्त की अर्ध-परिधि; **Semicolon** (-को-लन्)-*n.* the mark used in punctuation. अर्ध विराम का (;) चिह्न; **Semi-conscious** (-कॉन्'-शस्)-*adj.* half conscious. आधा सचेत; **Semi-crystalline** (-क्रिस्'-टल-आइ-न्)-*adj.* partially crystalline. आंशिक रवेदार ; **Semi-cylindrical** (-सिल-इन्'-ड्रि-कल) -*adj.* of the shape of a half cylinder. खड़े बल में आधे बेलन के आकार का; **Semi-detached** (-डी-टॅच्ड्) -*adj.* detached on one side. एक ओर अलगाया हुआ; **Semi-diameter** (-डाइ-अ-मटर्)-*n.* half of the diameter of a circle, radius. वृत्त का अर्धव्यास; **Semi-diurnal** (-डाइ-अर्न्-अल्) -*adj.* lasting half a day. आधे दिन का ; **Semi-dome** (-डोम्) -*n.* half of a dome. आधा गुम्बज; **Semi-final** (-फ़ाइ-नल्)-*adj.* before completion. अन्त के पहिले का; **Semi-form** (-फ़ॉर्म्) -*n* half of the appearance. अर्ध आकृति; **Semi-fluid** (-फ़्लु'-इड्) -*adj.* imperfectly fluid. अर्धतरल, गाढ़ा; **Semi-lunar** (-ल्यू-नर्) -*adj.* of the shape of half moon. अर्ध-चन्द्राकार; **Semi-independent** (-इन्-डि-पॅन्ड्'-ॲन्ट्)-*adj* partially independent. अर्ध-स्वतन्त्र, जो पूरी तरह स्वतन्त्र न हो; **Semi-menstrual** (-मॅन्'-स्ट्रु-अल्)-*adj.* half monthly. अर्धमासिक; **Semi-metal** (-मॅटल्) -*n.* a non-malleable metal. ऐसी धातु जो पीटने से नहीं बढ़ती, यथा—स्रोतोञ्जन, सुरमा।

Seminal-सॅमिनल्-*adj.* pertaining to seed, propagative, rudimentary. शुक्र-सम्बन्धी, बीज-सम्बन्धी, प्राथमिक।

Seminally-सॅमिनलि -*adv.* primarily. आदि अवस्था में।

Seminary-सॅमिनरि -*n.* (*pl.* Seminaries.) a place of education, academy. शिक्षालय, पाठशाला।

Seminate-सॅमिनेट्-*v. t.* to propagate, to sow. बढ़ाना, बीज बोना; **Semination** (-ने-शन्)-*n.* the act of sowing. बीज बोने की क्रिया; **Seminiferous** (-निफ़्रस्)-*adj.* seed-growing. बीज उत्पन्न करनेवाला; **Seminific** (-निफ़िक्) -*adj.* producing seed. बीज उत्पन्न करनेवाला।

Seminude-सॅमि-न्यूड् -*adj.* half-naked. आधा नंगा।

Semiology, Semiotics-सॅमि-ॲ-लॅ-जि, (-ऑ -टिक्स्)-*ns.* the branch of medical science which deals with the symptoms of diseases. चिकित्सा शास्त्र का निदान खण्ड।

Semiopaque-सॅमि - ओ - पेक् - *adj.* partially transparent. अर्ध-पारदर्शक; **Semi-osseous** (-ऑस्'-यस्)-*adj.* partially bony. जिसमें हड्डी के कुछ अंश हो, आंशिक-अस्थिमय; **Semi-pelluoid** (-पॅल-ल्यु'-सिड)-*adj.* nearly transparent. प्रायः पारदर्शक; **Semi-savage** (-सॅव्'-एज्) -*adj.* partially wild. अर्ध जंगली ; **Semi-transparent** (-ट्रॅन्-स्पेअर्-ॲन्ट्)-*adj.* partially transparent. अर्ध-पारदर्शक ; **Semi-vitreous**

(-ग्लि्-अस्) - *adj*. partially glossy. कुछ चमकोला ।

Semi-vowels-सॅमि-व़ॉ-वॅल्स् *-n*. letters which are half vowels. अन्तःस्थ वर्ण ।

Semi-weekly-सॅमि-वीक्-लि-*adj*. half-weekly. अर्ध-साप्ताहिक ।

Semolina-सॅम्'-ॲ-ली'-ना-*n*. Hard grains used in puddings, soups &c. दलिया, सूजी ।

Sempervirent-सॅम्-पर्-व़ाइ'-रॅन्ट् *-adj*. evergreen, always fresh. सर्वदा हरा रहनेवाला, सदाबहार ।

Sempitern (al)-सॅम्पिटर्न् (-अल्)-*adjs*. everlasting, eternal. अनन्त (नित्य), सर्वदा रहनेवाला ।

Sempster-सॅम्-स्टर् *-n*. (*fem*. Sempstress) one who sews. सीनेवाला, दर्जी ।

Sen-सॅन्-*n*. Japanese copper coin. जापान का ताँबे का सिक्का ।

Senary-सॅनरि-*adj*. on the basis of six, containing six. छः के क्रम का, जिसमें छः हो ।

Senate-सॅ-नॅट्-*n*. a state council, the governing body of a university, a legislative body. मंत्रिसभा, विश्वविद्यालय की प्रबन्धकारिणी समिति, प्रबन्धकर्ता लोग ।

Senator-सॅ-नॅटर्-*n*. the member of a senate. मंत्रिसभा के सभासद ।

Senatorial-सॅ-नॅ-टोरिअल् *-adj*. pertaining to senate. शिष्ट समाज-सम्बन्धी; Senatorially (-लि) *-adv*. in a senatorial manner. शिष्ट समाज-के रूप में ।

Senatorship-सॅ-नॅ-टर्-शिप्-*n*. the dignity of a senator. मंत्रि-सभा के सभासद का पद ।

Send-सॅन्ड्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Sent) to cause to go, to dispatch, to cast or impel. फेंकना, भेजना, पठवाना; To send away (to dispatch.) प्रस्थान करना, रवाना करना; To send bullet (to shoot.) गोली चलाना; To send for (to cause to come.) बुलवाना; To send forth (to dispatch.) भेजना; To send word (to dispatch a meassge.) सन्देश भेजना ।

Sendal-सॅन्डल् *-n*. a kind of silken fabric. एक प्रकार का रेशमी वस्त्र ।

Sender-सॅन्डर *-n*. one who or that which sends. भेजनेवाला ।

Send-off-सॅन्ड्-ऑफ्-*n*. a start on a journey. विदाई ।

Senescence-सिनॅ-सॅन्स्-*n*. the state of growing old, decay. वृद्धावस्था, नाश ।

Senescent-सिनॅ-सॅन्ट् *-adj*. growing old. वृद्ध होनेवाला ।

Seneschal-सॅनिशल् *-n*. a steward. सरदार, कारिन्दा, अमीर का अनुचर ।

Senile-सी-नाइल्-*adj*. pertaining to old age. वृद्धावस्था-सम्बन्धी ।

Senility-सीनिलिटि-*n*. old age. वृद्धत्व, बुढ़ापा ।

Senior-सीनिअर्-*adj*. more advanced or superior in age, elder of a higher degree or rank. वयोवृद्ध, आयुष्य (उम्र) में बड़ा, बड़े पद का; *-n*. one older than another. जेठा, वृद्ध पुरुष; Senior in office (an officer who is superior in rank.) अधिकार में बड़ा अफ़सर ।

Seniority-सीनि-ऑ-रिटि-*n*. priority in age or office. पद या वय का बड़ापन ।

Senna-सॅनॅ-*n*. dried leaves of a plant used as a laxative. सनाय की पत्ती, एक रेचक औषधि ।

Sennet-सॅनॅट् *-n*. signal call or trumpet, तुरही बजाकर संकेत ।

Sennight-सॅनाइट् *-n*. seven nights, a week, सप्ताह, सात दिन ।

Sennit-सॅनिट्-*n*. a braided round or flat cord. चिपटा या गोल रस्सा ।

Senocular-सिनॉक्युलर् *-adj*. having six eyes. छः आँखोंवाला ।

Sensation-सॅन्सॅशन्-*n*. perception of the external objects by the senses, consciousness of perceiving, a feeing, a matter of excitement for the public. इन्द्रियजनित ज्ञान, चेतना (बोध), प्रत्यक्ष अनुभव, सर्वसाधारण के लिये उत्तेजक या सनसनीदार बात ।

Sensational-सॅन्सॅशनल्-*adj*. pertaining to the sense of perception. चेतना-सम्बन्धी; Sensationally (-लि)-*adv*. in a sensational manner. प्रत्यक्ष रूप में; Sensationalism (-इज़्म्)-*n*. the theory that ideas come through sense of impressions. यह सिद्धान्त कि सब ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा ही प्राप्त होते हैं; Sensationalist (-इस्ट) *-n*. a follower of sensationalism. इन्द्रियजनित ज्ञान के सिद्धान्त का अनुयायी ।

Sense-सॅन्स्-*n*. the faculty by which sensation is aroused, discernment, ability to perceive or feel, consciousness of understanding, meaning, prevailing sentiment, sensibility. इन्द्रिय-ज्ञान, चेतना, बुद्धि, अभिप्राय (अर्थ), तात्पर्य; A man of sense (a wise person.) बुद्धिमान् मनुष्य ; Commonsense (practical wisdom.) विवेक-बुद्धि; Literate sense (meaning.)शब्दार्थ; Out of senses (mad.) बुद्धिभ्रष्ट, पागल ; Pleasures of serses

(pleasures depending on sensation.) विषय-सुख, इन्द्रिय-सुख; Sense of action (organ or limb of the body that functions.) कर्मेन्द्रिय; Sense of obligation (appreciation of obligation.) कृतज्ञता; Sense of perception (faculty of perceiving through the senses.) ज्ञानेन्द्रिय की शक्ति; Sense of pleasure (consciousness of pleasure.) सुख का अनुभव; To bring to senses (to bring to consciousness.) चैतन्य करना, होश में लाना।

Senseless-सॅन्स्-लॅस्-*adj*. unreasonable, foolish. ज्ञानहीन, निर्बुद्धि; **Senselessly** (-लि)-*adv*. in a senseless manner. निर्बुद्धिता से; **Senselessness** (-नॅस्)-*n*. stupidity, absurdity. मूर्खता, ज्ञानशून्यता।

Sensibility-सॅन्सिबिलिटि-*n*. delicacy of feeling. सूक्ष्म बोध, चेतनता।

Sensible-सॅन्सि-ब्ल्-*adj*. perceptible by the senses, appreciable, reasonable, practical, of good sense, intelligent, judicious. इन्द्रियग्राह्य (इन्द्रियों से जानने योग्य), युक्त, उचित, लौकिक, विचारवान्, सज्जन, बुद्धिमान, न्याय्य।

Sensibleness-सॅन्सि-बल्-नॅस्-*n*. the state of being sensible, ज्ञान, चेतनता।

Sensibly-सॅन्सिब्लि-*adv*. in a sensible manner. सद्बुद्धि से।

Sensific-सॅन्सिफ़िक् - *adj*. producing sensation. इन्द्रियजनित ज्ञान उत्पन्न करनेवाला।

Sensitive-सॅन्सि-टिव् - *adj*. having feeling, delicate, quick to the touch. सचेतन, कोमल-हृदय, सूक्ष्मग्राही; **Sensitively** (-लि) -*adv*. in a sensitive manner. सूक्ष्म चेतना से; **Sensitive market** (a market which is liable to quick changes.) जल्दी-जल्दी भाव बदलने का बाजार; **Sensitiveness** (-नॅस्)-*n*. the state of being sensitive. शीघ्र-बोध; **Sensitive paper** (a paper which receives impressions from light.) प्रकाश का प्रभाव पड़नेवाला फ़ोटो का कागज; **Sensitive plant** (a kind of shrinking mimosa.) लज्जावती, छुईमुई, ऐसा पौधा जिसकी पत्तियाँ छूने पर लटक जाती हैं; **Sensitivity** (-इ-टि)-*n*. sensitiveness. सूक्ष्मग्राही गुण, सूक्ष्म-ग्राहिता।

Sensitize-सॅन्सि-टाइज़्'-*v. t*. to render sensitive. फ़ोटो का कागज प्रकाश-ग्राही बनाना; **Sensitizer** (-अर्) -*n*. one who sensitizes. ऐसा कागज इत्यादि बनानेवाला।

Sensorial, Sensory-सॅन्सोरिअल्, (-रि)-*adjs*. pertaining to sensorium. मस्तिष्क-सम्बन्धी।

Sensorium-सॅन्-सोरि-अम्-*n*. (*pl*. Sensoria.) seat of sensation, the brain with its appendages. ज्ञान-स्थान, मस्तिष्क।

Sensual-सॅन्स्यु (शु) अल्-*adj*. of the senses, pleasing to the senses, voluptuous, licentious. इन्द्रियवश, शारीरिक सुख लेनेवाला, विषयासक्त, कामी; **Sensualism** (सॅन्स्यु (शु)-अलिज़्म्)-*n*. subjection to sensual feelings. विषय या इन्द्रिय सुख की आसक्ति; **Sensualist** (-इस्ट्)-*n*. a voluptuary. विषय-सुख की लालसा करनेवाला; **Sensuality** (-इटि) -*n*. gratification of appetites. इन्द्रिय-सुख; **Sensualization** (-आइ-ज़े-शन्)-*n*. voluptuousness. विषय-सुख; **Sensualize** (-आइज़्)-*v. t*. to debase by carnal gratifications. विषयासक्त करना; **Sensually** (-लि) -*adv*. in a sensual manner. विषय-सुख में लीन होकर; **Sensualness** (-नॅस्) - *n*. the state of being sensual. विषय-सुख परायणता।

Sensuous-सॅन्सु (शु) अस्-*adj*. derived from the senses. इन्द्रिय (विषय) जनित; **Sensuously** (-लि)-*adv*. in a sensuous manner. इन्द्रिय-सुख लेते हुए; **Sensuousness** (-नॅस्)-*n*. the quality of being sensuous. विषय-सुख परायणता।

Sent-सॅन्ट्'-*p. t. & p. p*. of Send.

Sentence-सॅन्टॅन्स्-*n*. a man's opinion on something, maxim, proverb, verdict of a judge, a set of words with a complete meaning. विचार-सूत्र, कहावत, दण्ड की आज्ञा, पद-समूह, वाक्य;-*v. t*. to pass judgment on. दण्ड की आज्ञा देना; **Compound sentence** (a sentence containing more than one subject and predicate.) एक से अधिक उद्देश्य और विधेय का वाक्य, संयुक्त वाक्य; **Complex sentence** (a sentence containing several dependent clauses.) प्रधान तथा अप्रधान उपवाक्यों से बना हुआ वाक्य, मिश्रित वाक्य; **Simple sentence** (a sentence containing only one subject and one predicate.) साधारण या सरल वाक्य जिसमें एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय हो; **To sentence to death** (to order to be hanged.) प्राणदण्ड की आज्ञा देना।

Sentential-सॅन्टॅन्शल् - *adj*. pertaining to a sentence. वाक्य-सम्बन्धी।

Sententious-सॅन्टॅन्शस्-*adj*. abounding with axioms or clauses. सूत्रमय, छोटे वाक्यों से पूर्ण, **Sententiously** (-लि) -*adv*. in a sententious

manner. सूत्र रूप में ; **Sententiousness** (-नेंस्)-*n*. the quality of being sententious. सूत्रपूर्णता ।

Sentience-सेन्श्यन्स्-*n*. consciousness. चेतना ।

Sentient-सेन्श्यन्ट्-*adj*. having the power of perception by the senses. (चेतना) इन्द्रियों द्वारा ज्ञान प्राप्त करने की शक्ति रखनेवाला ; **Sentiently** (-लि) -*adv*. in a conscious manner. चेतन रूप में ।

Sentiment-सन्टि-मेन्ट्-*n*. thought which is prompted by emotion, sensibility, tendency to be led by feeling, emotion. मत, कल्पना, बुद्धि, भाव, रस; **Sentimental** (-अल्)-*adj*. abounding in sentiments. रसिक, हृदय में भावों को उत्पन्न करनेवाला ; **Sentimentalism** (-अल्-इज़्म्)-*n*. sentimentality. भावुकता, रसिकता; **Sentimentalist** (-अल्-इस्ट्)-*n*. one who effects sentiment. भावों का प्रदर्शन करनेवाला; **Sentimentality**-सेन्टिमेन्टेलिटि-*n*. sensibility. भावना ।

Sentimentalize-सेन्टिमेन्टलाइज़्-*v. t*. to affect sensibility. रसिकता या भाव उत्पन्न करना ।

Sentimentally-सेन्टिमेन्टलि-*adv*. in a sentimental manner. रसिकता से ।

Sentinel-सेन्टिनल् - *n*. a soldier to keep guard, a watch; रक्षापुरुष, चौकीदार, सन्तरी; -*v. t*. to guard. पहरा देना ।

Sentry-सेन्ट्रि-*n*. (*pl*. **Sentries**.) a soldier on guard. सन्तरी, पहरेदार, चौकीदार; **Sentry box** (a box to shelter a sentry.) सन्तरी के खड़े रहने का कटघरा ।

Sepal-सेप्'-अल्-*n*. a division of calyx. फूल की पँखड़ी का भाग ।

Separability - सेपरेबिलिटि - *n*. separableness. पृथकत्व ।

Separable-सेप्-रे'-ब्ल्-*adj*. that can be separated. अलगाने योग्य ।

Separableness-same as **Separability**.

Separably-सेप-रे ब्लि - *adv*. in a separable manner. अलगाने योग्य ढंग से ।

Separate-सेप-रेट्'-*v. i. & t*. to disunite, to divide into parts, to sever, to withdraw. अलग होना, पृथक् होना, अलगाना, विभाग करना; -*adj*. disconnected, distinct. पृथक्, अलग; **Separate estate** (a married woman's personal property.) स्त्रीधन; **Separately** (-लि) -*adv*. in a separate manner. भिन्न,पृथक्, अलग-अलग; **Separateness** (-नेस) -*n*. the quality of being separate. पृथकत्व, भिन्नता ।

Separation-सेपरेशन् - *n*. disjunction, disunion. वियोग, विरह, पृथक्करण ।

Separative-सेप'-रे-टिव्-*adj*. pertaining to separation. अलगाव या पृथक्करण-सम्बन्धी ।

Separator-सेपरेटर्-*n*. one who or that which separates. पृथक् करनेवाला, अलगानेवाला ।

Separatum-सेप'-रे'-टम्-*n*. (*pl*. **Separata**.) a reprint from the proceedings of a society. किसी सभा की कार्यवाही का उपलेख ।

Sepia-सी'-पि-अ-*n*. a kind of fish, a black-brown pigment used in painting. एक प्रकार की मछली, रंगसाज या चित्रकार का कालाभूरा रंग ।

Sepoy-सी'-पॉय्-*n*. (*pl*. **Sepoys**.) a native India n soldier. देशी या भारतीय सिपाही ।

Seps-सेप्स्-*n*. a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली ।

Sepsis - सेप्सिस् - *n*. putrefaction, blood-poisoning. रुधिर दूषित होना, घाव इत्यादि का सड़ना ।

Sept-सेप्ट्-*n*. a clan. घराना, वंश ।

Sept, Septem, Septi-सेप्ट्, सेप्टम्, सेप्टि-*pref*. in the sense of "seven". 'सप्तम' या 'सात' अर्थ के उपसर्ग ।

Septal-सेप्टल्-*adj*. of a thing partitioned into many parts. कई भागों में विभक्त पदार्थ का ।

Septan-सेप्टन्-*n*. occurring every seventh day. प्रति सातवें दिन आनेवाला (ज्वर) ।

Septangle-सेप्टैंङ्गल्-*n*. a figure having seven angles. सात कोण की कोई आकृति ।

Septate-सेप्टेट्-*adj*. partitioned. दो भागों में किया हुआ ।

Septation-सेप्टेशन्-*n*. division into two parts. दो अंशों में विभाग ।

September-सेप्टेम्बर्-*n*. the ninth month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का नवाँ महीना ।

Septempartite-सेप्टेम्पार्टाइट्-*adj*. divided into seven parts. सात भागों में विभक्त ।

Septemvir-सेप्टेम्वर्-*n*. one of the seven men forming a government. शासन करनेवाले सात मनुष्यों में से एक ।

Septenary-सेप्टिनरि-*adj*. consisting of seven. सप्तक, सात का ।

Septennate-सेप्टिनेट्-*n*. a period of seven years. सात वर्ष का काल ।

Septennial-सेप्टेनिअल्-*adj*. occurring every seventh year. सात-सात वर्ष पर होनेवाला,

Septennially (-लि) *-adv.* once in seven years. सात वर्ष में एक बार ।

Septentrion-सेॅप्टेॅन्ट्रिअन्-*adj.* northern. उत्तर दिशा-सम्बन्धी ।

Septet-सेॅप्टेॅट्-*n.* a party of seven. सात का समुदाय ।

Septfoil-सेॅप्ट्'-फ़ॉएल्-*n.* having seven leaves. सतपतिया ।

Septic-सेॅप्टिक्-*adj.* & *n.* involving putrefaction or poisoning of blood. रक्त को विषैला करनेवाला पदार्थ ।

Septicaemia-सेॅप्टि-सी' - मि-आ-*n.* poisoning of the blood. रुधिर का विषैला होना; **Septicaemic** (-मिक्) *-adj.* producing blood poisoning. रक्त को विषैला करनेवाला ।

Septicidal-सेॅप्टि-साइडल्-*adj.* splitting through partitions. दरार या फाँक पर से फटनेवाला ।

Septicity-सेॅप्टिसिटि-*n.* putrefaction. सड़ाहट ।

Septifarious-सेॅप्टिफ़ेॅरिअस् - *adj.* turned in seven different ways. सात भिन्न ओर मुड़ा हुआ ।

Septifluous-सेॅप्टि'-फ्लु - अस्-*adj.* flowing in seven streams. सात धाराओं में बहता हुआ ।

Septiform-सेॅप्टि - फ़ॉर्म्-*adj.* having seven parts. सात भाग या अंश का ।

Septilateral-सेॅप्टिलैटरल्-*adj.* having seven sides. सात भुजाओं का ।

Septimal-सेॅप्टिमल् - *adj.* of the number seven. सात अंकवाला ।

Septinsular-सेॅप्टिन्सुलर् - *adj.* of seven islands. सात टापुओं का ।

Septon-सेॅप्टन् - *n.* that which promotes putrefaction. मलिनता उत्पन्न करनेवाला ।

Septuagenarian - सेॅप्ट्युअजिनेॅरिअन् - *n.* a person who is seventy years of age. सत्तर वर्ष की अवस्था का मनुष्य ।

Septuagenary-सेॅप्ट्युअजिनरि-*adj.* consisting of seventy. सत्तर अंक का ।

Septuagesima -सेॅप्ट्युअजेॅसिमी - *n.* Sunday before Lent. लेॅन्ट् नामक ईसाइयों के त्योहार के पहिले का रविवार ।

Septuagint-सेॅप्ट्युअजिन्ट् - *n.* Greek version of the Old Testament. यूनानी भाषा में इञ्जील के उत्तरार्ध का उल्था ।

Septum-सेॅप्टम् - *n.* (*pl.* Septa.) partition between the chambers of some fruits. फलों के भीतर का विभाग करनेवाला पर्दा ।

Septuple-सेॅप्ट्यु-प्ल्-*adj.* sevenfold. सतगुना।

Sepulchral-सिपल्'-क्रल् - *adj.* pertaining to tomb, dismal, gloomy. समाधि या श्मशान का, अन्धकारमय, भयंकर ।

Sepulchre-सेॅपल्कर् - *n.* a tomb, a grave, burial cave. समाधि, शवस्थान, कब्र; *-v. t.* to place in a tomb. समाधि में रखना. कब्र में गाड़ना ।

Sepulture-सेॅपल्चर् -*n.* burial, putting in the tomb. प्रेत-क्रिया, समाधि में रखना ।

Sequacious - सिक्वेॅशस् - *adj.* inclined to follow, servile. अनुसरण करनेवाला, अनुयायी; **Sequaciously** (- लि) *-adv.* in a servile manner. अनुसरण करते हुए ।

Sequacity-सिक्वैसिटि - *n.* disposition to follow. अनुसरण करने की प्रवृत्ति ।

Sequel-सी'-क्वेॅल्-*n.* what follows, a consequence, after-effects. उत्तर भाग, परिणाम, अन्त-फल ।

Sequela-सि-क्वी'-ली-*n.* (*pl.* Sequelae.) morbid symptoms following certain diseases. एक रोग के कारण दूसरा रोग उत्पन्न होने के लक्षण ।

Sequence-सी' - क्वेॅन्स्-*n.* succession, consequence, order or series without gaps. अनुक्रम, परम्परा, श्रेणी ।

Sequential-सि-क्वेॅन्शल् - *adj.* pertaining to sequence. परम्परा - सम्बन्धी; **Sequentiality**-(-इटि)-*n.* sequence. अनुक्रमत्व; **Sequentially** (-लि)-*adv.* in succession. क्रम से ।

Sequester-सिक्वेॅस्टर्-*v. t.* & *i.* to separate, to set apart, to retire, to take possession of a debtor's property till the payment of claim. पृथक् करना, अलगाना, एकान्त में रहना, ऋण चुक जाने तक सम्पत्ति पर अधिकार रखना ।

Sequestrable-सिक्वेॅस्ट्रेॅबल् - *adj.* able to be separated. अलगाने योग्य ।

Sequestrate-सिक्वेॅस्ट्रेट्-*v. t.* & *i.* to separate, to sequester. अलगाना, प्रतिभू (जमानत) की तरह सम्पत्ति पर अधिकार रखना; **Sequestration** (-शन्)-*n.* the act of sequestering. ऋणी की सम्पत्ति पर अधिकार; **Sequestrator** (-टर्) -*n.* one who sequesters property. ऋणी की सम्पत्ति पर अधिकार रखनेवाला व्यक्ति ।

Sequestrum-सी-क्वेॅस्ट्रम्-*n.* (*pl.* Sequestra.) a piece of dead bone separated from living bone but allowed to remain in its place. जीवित अस्थि में से सड़ी या निर्जीव हड्डी के भाग को हटाकर वहीं रहने देने का काम ।

Serafile-सेॅरा-फ़ाइल्-*n.* the last soldier in a file. सेना की पंक्ति का अन्तिम सिपाही ।

Seraglio-सर्राल्यो-*n.* the palace of the Sultan of Turkey, a harem. तुर्किस्तान के सुल्तान का महल, अन्तःपुर, रनिवास ।

Serai-सराइ-*n.* an inn. सराय ।

Seraph-सेॅरफ़्-*n.* (*pl.* Seraphim, Seraphs) a celestial being, an angel of the highest order. दैवी पुरुष, उच्च कोटि का देवदूत ।

Seraphic-सेॅरफ़िक्-*adj.* angelic, pure. देवदूत-सम्बन्धी, पवित्र; **Seraphically** (-अलि) -*adv.* in a seraphic manner. देवदूत की तरह ।

Seraphim-सेॅर-फ़िम्-*n. pl.* of Seraph.

Seraphina, Seraphine - सेॅरफ़िना (-फ़िन्)-*ns.* a kind of wind instrument. भाथी से बजाया जानेवाला एक प्रकार का बाजा ।

Serb-सर्ब्-*n.* native or language of Serbia. सर्बिया देश का निवासी या इनकी भाषा ।

Sere, Sear-सिअर्-*ns.* the catch of the hammer of a gun. बन्दूक के कुत्ते का रोक; - *adj.* dry, withered. सूखा, मुर्झाया हुआ ।

Serein-सेॅ-रीन्'-*n.* fine shower of rain. महीन वर्षा, झींसी ।

Serenade-सेॅ-रि-नेड्'-*n.* an evening song of a lover. प्रेमी का सन्ध्या का गीत; -*v. t.* to entertain with such a music. प्रेम का सान्ध्य गीत गाना; **Serenader** (-अर्) -*n.* one who entertains thus. प्रेम का सान्ध्य गीत गानेवाला ।

Serene-सि-रीन्'-*adj.* calm, clear, undisturbed, tranquil, a title of certain princes. शान्त, स्वच्छ, स्थिर, निर्मल, एक उपाधि; -*n.* expanse of sea or sky, unwholesome night-dew. समुद्र या आकाश का फैलाव, कष्टकर रात का ओस ।

Serenely-सि-रीन्'-लि-*adv.* in a serene manner. शान्त चित्त से ।

Serenity-सिरेॅनिटि - *n.* calmness, stillness. शान्ति, निस्तब्धता, स्थिरता ।

Serf-सर्फ़्-*n.* (*pl.* Serfs.) a slave employed to work in the field, a slave. कृषक दास, खेत जोतनेवाला दास ।

Serfage-सर्-फ़ेज् - *n.* condition of a serf. दासत्व ।

Serfdom-सर्फ़् - डम् - *n.* serfage. दासवृत्ति; **Serfhood** (-हुड्)-*n.* the office of a serf. दासत्व, दास का पद ।

Stucco-स्ट - कॅ - *n.* (*pl.* Stuccoes.) a fine plaster or cement. महीन चूना या सिल्मिट; -*v. t.* to coat with stucco. महीन चूने या सीमेन्ट की दीवार इत्यादि पर पलस्तर लगाना ।

Stuck-स्टक्-*p. t.* of Stick. चिपकाया, चिपका ।

Stud-स्टड्-*n.* a nail with a large knob, rivet, a two-headed button, a small post, horses and mares kept for breeding or hunting. बड़े माथे का काँटा, कील, खूँटा, दुहरे सिरे का बटन, थूनी, प्रजनन या शिकार के लिये पाले गये घोड़े-घोड़ियों का झुण्ड; -*v.t.* *p.t.* Studded.) t'oadorn with studs. खूँटा लगाना, फूलदार काँटा जड़ना; Collar-stud (a collar-button. कालर में लगाने का बटन; Studded (-डेंड्) -*adj.* thickly set. घना जड़ा हुआ, छितराया हुआ; Studded with stars (ornamented with stars.) तारे जड़े हुए ।

Studbolt-स्टड्' - बोल्ट् - *n.* a bolt which is threaded at both ends. दोनों ओर पेंच बनी हुई लोहे की छड़ ।

Stud-farm-स्टड्-फ़ार्म्-*n.* a place where horses are bred. घोड़ा पालने का स्थान ।

Stud-horse-स्टड्-हॉर्स्-*n.* a stallion. साँड़, घोड़ा ।

Student-स्ट्यू'-डेन्ट्-*n.* a person who studies for some occupation, one who studies some branch of learning, a scholar. अध्ययन करनेवाला, विद्यार्थी, विश्वविद्यालय का छात्र; Studentship (-शिप्) - *n.* scholarship. विद्यार्थी का पद ।

Studied-स्ट'-डिड् - *adj*: carefully examined, pre-planned, deliberate, intentional. सावधानी से परीक्षा किया हुआ, अध्ययन किया हुआ, पूर्व-कल्पित या नियोजित, भली भाँति विचारा या समझा हुआ, इच्छानुरूप; Studiedly (-लि) -*adv.* in a studied manner. अध्ययन किये हुए ।

Studier-स्ट-डि-अर्-*n.* one who studies, a student. अध्ययन करनेवाला, विद्यार्थी ।

Studio-स्ट्यू'-डि-ऑ - *n.* (*pl.* Studios. the working room of an artist or photographer. चित्रकार या फ़ोटो खींचनेवाले का काम करने का कमरा ।

Studious-स्ट्यू'-डि-अस्-*adj.* given to study, diligent, anxious, deliberate, painstaking. अध्ययनपरायण, व्यवसायी, उत्सुक (विद्याभ्यासी), अति कष्ट करनेवाला; Studiously (-लि) -*adv.* in a studious manner. परिश्रम से, अभ्यास से; Studiousness (-नेंस्)-*n.* the habit of study. परिश्रम, अध्ययन में आसक्ति ।

Studwork-स्टड्'-वर्क्-*n.* brickwork between the intermediate posts of a partition. अलगाव की दीवार के बीच की ईंटे की जुड़ाई ।

Study-स्ट-डि-*n.* (*pl.* Studies.) meditation, devotion of time and mind to books, pursuit of knowledge, investigation, sketch of a picture, a room used for study or for transacting any business. चिन्तन, अध्ययन, ज्ञानार्जन, अनुसन्धान, चित्र का खाका, कोई व्यवसाय करने या पढ़ने का कमरा; -*v. t. & i.* (*p. t.* Studied.) to take pains for acquiring knowledge, to contemplate. परिश्रम से पढ़ना (अभ्यास करना), ध्यान देना (चिन्तन करना); Close study (persistent study.) निरन्तर अध्ययन; In brown study (intent on thoughts.) विचार में लीन; To study for the bar (to study law.) कानून पढ़ना; To make a study of (to make a thorough investigation.) भली भाँति अन्वेषण करना; To study out (to succeed in an investigation.) ध्यान देकर अन्वेषण करना; To study up (to prepare for an examination.) परीक्षा के लिये तैयारी करना ।

Stuff-स्टफ़्-*n.* the material of which any thing is made, a woven fabric, refuse, worthless matter, nonsense. सामग्री, पदार्थ, कूड़ा, वस्त्र, तुच्छ पदार्थ, अनर्थक बकवाद; - *v. t. & i.* to pack, to stop up, to fill up with something, to press, to eat greedily. भरना, रोकना, परिपूर्ण करना, दबाना, भकोसना; A good stuff (a good material.) अच्छा माल; Doctor's stuff (medicine.) औषध, दवा ।

Stuffer-स्ट-फ़र्-*n.* he who or that which stuffs. भरनेवाला ।

Stuffing-स्ट - फ़िङ्ग्-*n.* that which is used for filling anything. पूर्ति या भराव की वस्तु ।

Stuffing-box-स्टे - फ़िङ्ग् -बॉक्स्-*n.* a contrivance in an engine which prevents

leakage of air or water through the action of a moving part. यन्त्र (इंजन) में का वह भाग जो हवा या पानी को नहीं निकलने देता या रोके रहता है ।

Stuffy-स्टफ़ि - *adj.* packed up, difficult to breathe. भरा हुआ, गला घोंटनेवाली (वायु) ।

Stultifier-स्टल्'-टि-फ़ाइ - अर्-*n.* one who befools another person. किसी मनुष्य को मूर्ख बनानेवाला ।

Stultification - स्टल्टिफ़िकेशन् - *n.* the act of reducing to absurdity. मूर्ख आचरण, मूर्ख बनाने का काम, निरर्थक उद्योग ।

Stultify-स्टल्टिफ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Stultified.) to reduce to absurdity, to make useless, to make foolish. मूर्खवत् आचरण करना, वृथा करना, मूर्ख बनाना ।

Stultiloquy-स्टल्टि-लॅ-क्वि-*n.* a silly or foolish talk. मूर्खतापूर्ण बातचीत ।

Stum-स्टम्-*n.* unfermented juice of grapes. अंगूर का ताजा रस; -*v. t.* (*p. t.* Stummed.) to prevent juice from fermentation. अंगूर के रस को सड़ने से रोकना, अरक़ न बनने देना ।

Stumble-स्टम्'-बल्-*v. i.* & *t.* to lurch, to trip in walking, to have partial fall, to make mistakes, to come accidentally upon. ठमकना, ठोकर खाना, गिर पड़ना, अशुद्धि करना, चूक जाना; -*n.* the act of stumbling. ठोकर, भूल-चूक ।

Stumbler-स्टम्'-ब्लर्-*n.* one who stumbles. ठोकर खानेवाला ।

Stumbling-block-स्टम्' - ब्लिङ्ग्-ब्लॉक्-*n.* an obstacle, cause of error. ठोकर, अशुद्धि का कारण; **Stumbling-block to all** (an obstacle or difficulty for all.) सबके लिये ठोकर, विघ्नस्थान ।

Stumblingly - स्टम् - ब्लिङ्ग् - लि -*adv.* in a stumbling manner. ठोकर खाते हुए, भूल करते हुए ; **To stumble on (upon)** (to get by chance.) संयोगवश हाथ लगना ।

Stumer-स्ट्यू-मर्-*n.* a counterfeit coin or cheque. बनावटी या जाली सिक्का या चेक ।

Stump-स्टम्प्-*n.* the projecting part of a body, when the rest has been cut or has fallen away, broken branch of a tree, one of the sticks of a wicket, a cylinder of rolled paper for softening pencil-marks. किसी वस्तु का कटने पर बचा हुआ भाग, पेड़ का ठूँठ, वृक्ष की कटी हुई डाली, खूँटी, छोटा डंडा, पेंसिल का दाग हलका करने के लिये लपेटे हुए कागजों की बत्ती; -*pl.* legs. (ब० व०) पैर; -*v. i.* & *t.* to walk stiffly, to brag. डगमगाते हुए चलना, शेखी हाँकना, आत्मश्लाघा करना; **On the stump** (engaged in political lectures.) राजनीतिक विषय पर व्याख्यान देनेवाला ।

Stumped-स्टम्प्'-ड्-*adj.* full of stumps. ठूँठ से पूर्ण ।

Stumper-स्टम्प्'-अर्-*n.* a staggerer, one who brags. डगमगाकर चलनेवाला, शेखी मारनेवाला ।

Stumpily-स्टम्पि-लि-*adv.* in a stumpy manner. छोटेपन से; **Stumpiness** (-नेस्) -*n.* smallness. नाटापन, छोटापन ।

Stump-orator-स्टम्प्' - ओरेटर् - *n.* a speaker who appeals to the passions of the mob. जनसमुदाय के चित्त को उत्तेजित करनेवाला व्याख्यानदाता; **Stump-oratory** (-इ) also **Stump-speech**(-स्पीच्)-*n.*जनोत्तेजक व्याख्यान।

Stumpy-स्ट-म्पि -*adj.* thick and small. छोटा और मोटा ।

Stun-स्टन्-*v. i.* (*p. t.* Stunned.) to make senseless temporarily, to deafen, to overwhelm, to bewilder. अचेत करना, बहिरा करना, घबड़ा देना, मूर्छित करना ।

Stunned-स्टन्'-ड्-*adj.* deafened. बहिरा किया हुआ ।

Stunner-स्ट'-नर्-*n.* one who stuns. मूर्छित करनेवाला ।

Stunning-स्ट'-निङ्ग् - *adj.* making stunned. astonishing. कान झल्लानेवाला, आश्चर्यमय ।

Stunningly-स्ट-निङ्ग्'-लि-*adv.* in a stunning manner. झन्नाते हुए, बहिरा करते हुए ।

Stung-स्टङ्ग्-*p. t.* & *p. p.* of Sting.

Stunk-स्टङ्क्-*p. t.* of Stink.

Stunt-स्टन्ट्-*v. t.* to hinder the growth of, to dwarf. बढ़ने न देना, बौना (नाटा) करना; -*n.* a display of energy, special effort. बल प्रदर्शन, विशेष प्रयत्न ।

Stunted-स्टन्टेड्-*adj.* dwarfed, with growth stopped. नाटे कद का, बढ़ाव रुका हुआ ।

Stupe-स्ट्यूप्-*n.* fomenting with flannel steeped in hot water, a fool. गरम पानी में फ़लालीन तर करके सेंकना, मूर्ख मनुष्य; -*v. t.* to foment with warm water. गरम पानी से सेंकना ।

Stupefacient-स्टुपिफे'श्यन्ट-*adj.* having stupefying power. मूर्छित करनेवाली (औषध) ।

Stupefaction-स्ट्यू'-पि-फ़ैक्शन् - *n.* stupidity, insensibility. जड़ता, मूर्छा ।

Stupefactive-स्टुपि - फ़ैक्टिव् - *adj.* narcotic. निद्रा लानेवाली ।

Stupefier-स्टु-पि-फ़ाइ-अर्-*n.* one who stupefies. मति मन्द करनेवाला मनुष्य ।

Stupefy-स्टुपि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Stupefied.) to make stupid, to deprive of sensibility. मति मन्द करना, मूर्छित करना ।

Stupendous-स्ट्यू-पेंन्' - डस् - *adj.* amazing, wonderful, prodigious. अद्‌भुत, आश्चर्यजनक, अति विशाल ; Stupendously (- लि) -*adv.* wonderfully. आश्चर्य या विस्मय से; Stupendousness (-नेंस्) - *n.* amazement. आश्चर्य, विस्मय ।

Stupeous-स्ट्यू-पि-अस्-*adj.* with long scales. लम्बी झिल्लीवाला ।

Stupid-स्टु-पिड्-*adj.* dull, slow-witted, sluggish, lacking in sensibility, not interesting. मन्द, जड़, मूर्ख, सुस्त, निर्बुद्धि, अरोचक ; Stupidity (- इटि) - *n.* foolishness, lack of intelligence मूर्खता (जड़ता), अज्ञानता; Stupidly (- लि)-*adv.* in a foolish manner. मूर्खता से, जड़ता से; Stupidness (-नेंस्)-*n.* stupidity. मूर्खता, जड़ता ।

Stupor-स्ट्यू'-पर्-*n.* torpidity, suspension of sensibility, helpless state. मूर्छा, व्यामोह, जड़ता ।

Stuporous-स्ट्यू'- परस् - *adj.* torpid. जड़तासम्बन्धी ।

Stupose-स्ट्यू'-पोस् -*adj.* with long tufts of hair. बालों के गुच्छेवाला ।

Stuprate-स्टू-प्रेट् - *v. t.* to ravish. किसी स्त्री का सतीत्व नष्ट करना ।

Stupration-स्टू-प्रे'-शन् - *n.* violation of a woman's chastity. बलात्कार ।

Sturdily-स्टर्डि-लि -*adv.* in a sturdy manner. दृढ़ता से, हठ से, प्रबलता से; Sturdiness (स्टर्डिनेंस्) - *n.* the state of being sturdy. प्रबलता, दृढ़ता ।

Sturdy-स्टर्डि - *adj.* (*comp.* Sturdier, *sup.* Sturdiest.) robust, strongly built, hardy. प्रबल, पुष्ट, दृढ़ अंगवाला, दबंग ।

Sturgeon-स्टर्जन् - *n.* a fish like shark. एक प्रकार की समुद्री मछली ।

Stutter-स्ट-टर्-*v. i.& t.* to stammer, to speak in a stammering way. रुक-रुककर बोलना, हकलाना;-*n.* hesitation in speech. हकलाहट; Stutterer (-अर्)-*n.* a stammerer. हकलाकर बोलनेवाला; Stuttering (-इङ्ग्)-*adj.* hesitating in speech. हकलाता हुआ ।

Stutteringly-स्टटरिङ्ग्लि-*adv.* in a stuttering manner. हकलाकर बोलते हुए ।

Sty-स्टाइ-*n.* (*pl.* Sties.) a pen or enclosure for keeping swine, a place of debauchery, a dirty room, an inflamed tumour on the edge of the eyelid. शूकरशाला,सुअर-बाड़ा,घृणित कर्म करने का स्थान, गन्दा कमरा, आँख की बिलनी ।

Stye-स्टाइ-*n.* a swelling on the edge of the eyelid. आँख में बिलनी ।

Stygian- स्टिजिअन् - *adj.* infernal, gloomy पाताली, नरक-सम्बन्धी, अन्धकारमय ।

Style-स्टाइल्-*n.* a small pointed rod used for scratching on a waxed plate, pen or pencil, manner of writing or speaking, designation of a thing, a kind of architecture, gnomon of sundial, an arrowed prolongation of a flower's ovary. मोमी पत्तर पर नकाशने की सलाई, लकड़ी की क़लम, लेखन या भाषण-शैली, वाग्-व्यापार, पदवी, एक प्रकार की इमारत की बनावट, सूरजघड़ी की सूई, कुक्षिवृन्त; -*v. t.* (*p. t.* Styled.) to entitle, to use a specified designation. पदवी देना, प्रधान पद का प्रयोग करना; Stylish (-इश्) - *adj.* fashionable. शिष्टाचार के अनुरूप, शिष्टजनसम्मत; Stylishly (- इश् - लि) - *adv.* in a stylish manner. शिष्टाचार के अनुसार; Stylishness (-इश्-नेंस्)-*n.* the quality of being stylish. शिष्टाचार; Stylist (- इस्ट)-*n.* one who aims at writing or speaking in a good literary style. साहित्यिक, सुन्दर शैली में लिखने या बोलनेवाला; Stylistic (-इक)-*adj.* pertaining to literary style. साहित्यिक शैलीसम्बन्धी; Stylistically (-इस्ट-इक्-अलि)-*adv.* in a fine style. साहित्यिक शैली के रूप में ।

Stylet-स्टाइ-लें-ट्-*n.* a fine pointed instrument, (probe.) नुकीला हथियार ।

Stylo-स्टाइलॅ- (*pl.* Stylos.) *abbr. for.* Stylograph. drawing made with a style. सलाई से खींचा हुआ चित्र ।

Stylo-स्टाइलॅ -*n.* prefix meaning 'pillar'. 'खम्भा' के अर्थ का उपसर्ग; Stylobate (-बेट्)-*n.* a continuous base which supports a row of pillars. अनेक खम्भों का आधार ।

Stylograph-स्टाइ-लॅ - ग्रैफ्- *n.* reservoir-pen with a tubular point for writing, a drawing made by such a pen. रोशनाई भरकर लिखने की कलम जिसमें निब के स्थानपर

नुकीली नली लगी होती है, ऐसी कलम से खींचा हुआ चित्र; **Stylographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a stylograph. ऐसी कलम-सम्बन्धी; **Stylographically** (- इक् - अलि) - *adv.* ऐसी कलम की लिखावट से; **Stylography** (-इ)-*n.* a method of writing or drawing by means of a style. नुकीली सलाई से लिखने या रेखा खींचने की विधि।

Styptic-स्टिप्टिक् - *adj.* that which checks bleeding, an astringent. रुधिर के स्राव को बन्द करनेवाली; -*n.* the local application to a bleeding part. रुधिर स्तम्भन या अवरोध।

Styrax-स्टाइ-रॉक्स् - *n.* a gum-yielding tree. एक प्रकार का बबूल का वृक्ष।

Styx-स्टिक्स्-*n.* the river of Hell. वैतरणी नदी।

Suability-सूएॅबिलिटि-*n.* liability to be sued. दावा करने की योग्यता।

Suable-सूएॅब्ल् -*adj.* that can be sued. दावा करने योग्य।

Suasible-स्वे'-सि-ब्ल-*adj.* easily persuaded. सहज मे बहकाने योग्य।

Suasion- स्वे - जन् - *n.* persuasion, advice. उत्तेजना, उसकाव।

Suasive-स्वे सिव् -*adj.* agreeable. अनुकूल।

Suave-स्वेव्-*adj.* soothing, polite. शान्त करने वाला, विनीत, नम्र; **Suavely** (-लि) - *adv.* in a polite manner. नम्रता से, शान्ति से।

Suavity - स्वॉ-(स्वे) -वि - टि - *n.* taste, politeness. स्वादुता, मधुरता, नम्रता।

Sub-सब् - *pref.* in the sense of 'under', 'subordinate.' 'अधीन,' 'सहायक' अर्थ का उपसर्ग; **Subacid** (-ऍस्-इड्)-*adj.* slightly sour. कुछ खट्टा; **Subacidity** (-सिड्-इ-टि) -*n.* the state of being subacid. कुछ खट्टापन ; **Subacrid** (-ऍक्-रिड्) - *adj.* moderately pungent. कुछ तीखा।

Sub-agency - सब्-एज् - ऍन्-सि -*n.* a subordinate agency. अधीन एजेन्सी।

Sub-agent - सब्-ए-ज् - ऍन्ट् - *n.* an agent of an agent. किसी एजेन्ट का एजेन्ट।

Subaerial-सब्-एॅअर-इ-अल्-*adj.* under the sky or in the open air. आकाश के नीचे, खुली हवा में।

Subconscious-सब्-कॉन्'-शस्-*adj.* hardly conscious. प्रायः अचेत।

Subacute-सब्-ऍ-क्यूट्-*adj.* moderately acute. थोड़ा तीखा।

Subaltern-सब्'-ऑल्टर्न्-*adj.* & *n.* of inferior rank, an inferior officer below a captain. वशीभूत, अधीन, कप्तान के नीचे का अफ़सर।

Subalternate-सब्-ऑल्टर्'-नेट्-*adj.* succeeding by turns. क्रमानुसार, पारी-पारी से होनेवाला।

Subangular-सब्-ऍङ्ग्-ग्यु-लर् - *adj.* slightly angular. थोड़ा कोनेदार।

Subaquatic-सब्-ऍ-क्वैटिक्-*adj.* of more or less aquatic nature. जल में कुछ काल तक रहने के अभ्यासवाला।

Subaqueous-सब् - ऐक्वि-अस् - *adj.* lying or living under water. जल के नीचे रहनेवाला।

Subarcuated - सब्-आर्क्यु-ऍ-टेड् - *adj.* of the shape of a bow, somewhat curved inward. धनुष के आकार का, भीतरी ओर कुछ मुड़ा हुआ।

Subastral-सब्-ऍस्ट्रल्-*adj.* terrestrial. आकाश-तल के नीचे का।

Subaudition-सब्-ऑ-डिशन्-*n.* understanding what is not expressed in words. छूटे हुए शब्दों की मन से ही भरती या पूर्ति, मानसिक ज्ञान या समझ।

Subcaudal-सब्-कॉ'-डल्-*adj.* beneath the tail. पूँछ के नीचे का।

Subcelestial-सब्-सिलेॅस्टयल्-*adj.* beneath the heavens. स्वर्ग या आकाश के नीचे का।

Subcentral-सब्'-सेॅन्ट्रल्-*adj.* somewhat central. थोड़ा केन्द्र का, थोड़ा केन्द्रिय।

Sub-committee-सब्'-कॅम्-मिटि-*n.* a subordinate meeting. छोटी सभा, उपसमिति या सभा।

Subcontinuous-सब्'-कन्टिन्यु-अस्-*adj.* almost continuous. प्रायः क्रमिक।

Subcontract-सब्'-कॅन्ट्रॅक्ट् - *v. t.* to make a contract under a contract. दर ठीका देना;-*n.* a contract under a contract. दर ठीका।

Subcordate-सब्-कॉर्डेट्-*adj.* somewhat like a heart. प्रायः हृदय के आकार का।

Subcostal-सब्-कॉस्टल्-*adj* situated between the ribs. पसलियों के बीच का।

Subcutaneous-सब्'-क्यू-ट'-नि -अस्-*adj.* pertaining to the part under the skin. चमड़े के नीचे के भाग का, उपचर्म का।

Subdecuple-सब्-डेॅक्'-यू-प्ल्-*adj.* containing one part in ten. दस भाग में एक भाग का।

Subdivide-सब्'-डि-व्राइड्'-*v. t.* to divide the parts of a thing. प्रतिभाग करना, हिस्सों का भाग करना; **Subdivisible** (-व्रिज़िब्ल्)-*adj.* able to be subdivided. हिस्सों में विभक्त करने योग्य ; **Subdivision** (-व्रिज़न्) -*n.* the part made by subdividing. अवयव, प्रतिशाखा।

Subdolous-सब्-डॅ-लस्-*adj*. crafty, cunning. धूर्त, कपटी।

Subduable-सब्-ड्यू'-ऍ-ब्ल् - *adj*. able to be subdued. अधीन करने योग्य।

Subdual-सब्-ड्यू-अल् -*n*. the act of subduing. दमन, संयमन, वशीकरण।

Subduce-सब्-ड्यूस्, **Subduct**-सब्-डक्ट' -*vs.t*. to withdraw, to take away, to subtract. निकालना, ले लेना, घटाना।

Subdue-सब्-ड्यू -*v. t*. to conquer, to vanqnish, to overcome, to bring under subjection, to captivate, to tame, to make gentle. जीतना, हराना, मोहित करना, वशीभूत करना, अधीन करना, वश में करना, पालतू बनाना, भला बनाना; **Subdued** (-ड) -*adj*. overpowered. अधीन किया हुआ; **Subduer** (-अर्)-*n*. one who overpowers. विजय करनेवाला या वश में लानेवाला व्यक्ति; **Subduing** (-इङ्ग्)-*adj*. softening. दमन करनेवाला।

Subduple-सब्-ड्यू-प्ल्-*adj*. containing one part in two. दो राशि में से एक भाग का।

Sub-editor-सब्-ऍडिटर्-*n*. an assistant editor. सम्पादक का सहायक, उपसंपादक।

Subequal-सब्'-ई-क्वल्-*adj*. nearly equal. प्रायः तुल्य, प्रायः बराबर का।

Suberic-स्यूबॅरिक्, **Suberous**, स्यू'-बर्-अस् -*adjs*. like a cork, soft and elastic. काग (डट्टे) की तरह का, कोमल और लचीला।

Subfluvial-सब्-फ्लूविअल्-*adj*. under a stream. जल की धारा के नीचे का।

Subglobular-सब्-ग्लॉ-ब्यूलर्-*adj*. almost globular. प्रायः गोलाकार।

Subhuman-सब्-ह्यू'-मन्-*adj*. almost human. प्रायः मानुषी।

Subindicate-सब्-इन्-डि-केट्-*v. t*. to indicate by a hint. संकेत द्वारा सूचित करना।

Sub-inspector-सब्-इन्-स्पॅक्टर्-*n*. the assistant of an inspector. जाँच करनेवाले का सहायक; **Sub-inspector of Police**. थानेदार।

Subirrigation-सब् - इरिगेशन् - *n*. irrigation below the suface. भूतल के नीचे की सिंचाई।

Subjacent-सब्-जे'-सॅन्ट्-*adj*. situated below, underlying. नीचे का, अधोवर्ती, तल का।

Subject-सब्-जॅक्ट् -*adj*. subordinate, under government, liable, subservient, disposed, liable or prone to. अधीनस्थ, शासनाधीन, आश्रित, उपजीवी, विवश;-*n*. one who owes allegiance to a sovereign, that about which something is said, the mind, the conscious self, theme, the matter treated of, topic, occasion for action. प्रजा, कर्ता, मन, चेतन प्राणी, प्रकरण, विषय, कर्म-स्थान, आधार; -*v. t*. to subdue, to bring under, to make liable, to expose. वश में करना, अधीन करना, हराना, परवश करना; **Subject-heading** (a list of subjects.) विषय-सूची; **Subject in hand** (a theme or topic for consideration.) प्रस्तुत विषय; **Subject-matter** (a matter presented for consideration.) पुस्तक इत्यादि का विषय; **Subject to** (on condition that.) अधीन, शर्त पर; **To change the subject** (to talk on a different subject.) अन्य विषय पर बात करना।

Subjection-सब्-जॅक्शन् -*n*. control, subjugation. अधीनता, परवशता।

Subjective-सब्-जॅक्टिव् -*adj*. belonging to consciousness, of individual point of view. आत्म चेतना-सम्बन्धी, अधिकरण-सम्बन्धी; **Subjectively** (-लि) -*adv*. in a subjective manner. आत्म चेतना-सम्बन्ध से; **Subjectiveness** (-नॅस्)-*n*. the state of being subjective. आत्मीयता, आत्म चेतनता।

Subjectivism-सब्जॅक्टिविज़्म् -*n*. the theory that knowledge is purely subjective. यह सिद्धान्त कि ज्ञान केवल आत्म-चेतना-सम्बन्धी ही है, आत्मवाद; **Subjectivist** (-विस्ट) -*n*. an adherent of subjectivism. आत्मवादी।

Subjectivity-सब्जॅक्टिविटि -*n*. that which is subjective. आत्मीयता, आत्म चेतनता।

Subjectless-सब्-जॅक्ट्-लॅस्-*adj*. without subject. प्रजाहीन, बिना कर्ता का।

Subjoin-सब्-जॉइन् -*v. t*. to append, to add at the end. आयोजन करना, अन्त में लिखना या जोड़ना।

Subjoint-सब्'-जाइ-ऍन्ट्-*n*. the subdivisions of the leg of an insect. कीड़े-मकोड़े के पैर के विभाग।

Subjudice-सब्-जु'-डिस्-*adj*. under judicial consideration. विचाराधीन।

Subjugable-सब्-ज्यु - गे-ब्ल् -*adj*. able to be subdued. वशीभूत करने योग्य।

Subjugate-सब्'-ज्यु-गेट्'-*v. t*. to bring under control, to subdue, to conquer. वशीभूत करना, अधीन करना, जीतना।

Subjugation-सब्-ज्यु-गे' - शन्-*n*. the act of subduing. दमन, पराजय, वशीकरण।

Subjugator-सब्-ज्यु-गें-टर्-*n.* one who subdues. दमन करनेवाला।

Subjunctive-सब्-जङ्क्'-टिव्-*adj.* subordinate, subjoined. अधीन, पीछे जोड़ा हुआ; -*n.* a mood of a verb. क्रिया का संशय-सूचक रूप ; **Subjunctively** (-लि) -*adv.* in the manner of a subjunctive. संशयार्थक रूप में।

Sublease-सब्-लीस्'-*v. t.* to sublet or underlet. शिकमी देना।

Sublessee-सब्-लेसी -*n.* one to whom a holding is sublet. शिकमी, पट्टेदार।

Sub-lessor-सब्लेसर् -*n.* one who sublets. शिकमी पट्टा देनेवाला।

Sublet-सब्-लेट्' -*v. t.* (*p. t.* **Subletted.**) to underlet to another person. किसी अन्य पुरुष को अपना ठीका इत्यादि देना।

Sublevation-सब्-लें-वें'-शन् -*n.* the act of raising on high. ऊँचा उठाने का कार्य।

Subligation-सब्'-लिगेशन्-*n.* the act of binding underneath. नीचे की ओर बाँधने का कार्य।

Sublimable-सब्लाइमेब्ल् - *adj.* able to be sublimated. शोधन योग्य; **Sublimableness** (-नस्) -*n.* the quality of being sublimable. शोधनयोग्यता।

Sublimate-सब्लि-मेट् - *v. t.* to refine, to purify, to convert from a solid state to vapour and again allow to solidify. शोधना, निर्मल करना, ठोस पदार्थ को वाष्प रूप में बदलकर फिर से ठोस करना ; - *n.* the product of sublimation. ऐसी क्रिया किया हुआ द्रव्य; **Sublimation** (-मे-शन्)-*n.* the operation of sublimating. वाष्पीकरण करके पुनः ठोस बनाने की क्रिया।

Sublime-सब्लाइम्-*adj.* exalted, grand, impressive, eminent, high, raised above the ordinary level. उन्नत, विशिष्ट, प्रभावशाली, प्रसिद्ध, प्रौढ़, उत्कृष्ट ;-*v. t. & i.* to sublimate, to exalt, to purify. ठोस से भाप बनाकर फिर ठोस में जमाना, उन्नत करना, बढ़ाना, शुद्ध करना; **The Sublime** (that which is grand, loity or noble in nature or art.) प्रकृति या कला विशिष्ट तथा प्रभावशाली स्थिति; **Sublimely** (-लि)-*adv.* in an exalted manner. प्रौढ़ता से ; **Sublimeness** (-नेस्) -*n.* the quality of being sublime. गौरव, प्रतिष्ठा।

Sublimity-सब्लिमि-टि-*n.* grandeur, impressiveness. उन्नति, गौरव, प्रतिष्ठा, बड़प्पन।

Sublineation-सब्'-लि-नि-ए'-शन् -*n.* mark of a line under a word or words in a sentence. किसी वाक्य के शब्द या शब्दों के नीचे की रेखा का चिह्न।

Sublingual-सब् - लिङ्ग्युअल् - *adj.* situated under the tongue. जीभ के नीचे स्थित।

Sublunar-सब्-ल्यू'-नर् - *adj.* beneath the moon. चन्द्रमा के नीचे का।

Sublunary-सब्-ल्यू'-न-रि -*adj.* pertaining to this world. इस संसार का।

Submarine-सब्' -मीं -रीन् -*adj.* growing or acting under sea water. समुद्र के जल के भीतर उगनेवाली या काम करनेवाली ; -*n.* a submersible motor-vessel. समुद्र के भीतर चलनेवाला जहाज।

Submaxillary - सब्' - मेक् - सिल - रि -*adj.* situated under the jaw. दाढ़ के नीचे का।

Submedian-सब्-मी'-डि-अन्-*adj.* lying under the middle. मध्य के नीचे का।

Submental-सब्-मेन्टल् -*adj.* beneath the chin. ठुड्डी के नीचे का।

Submerge-सब्-मर्ज्'-*v. t. & i.* to go below the surface of water. जल के भीतर डुबकी लगाना।

Submergence-सब्-मर्'-जेन्स् -*n.* the act of submerging. डुबकी।

Submergible-सब्'-मर्जिब्-ल्-*adj.* able to be submerged. जल में डुबाने योग्य।

Submerse-सब्-मर्स्'-*v. t. & i.* to grow under water, to plunge. पानी के भीतर उगना, गोता लगाना; **Submersed** (-ड्) - *adj.* being or growing partly in water. डुबकी लगाये हुए, पानी में उगा हुआ; **Submersible** (-इ-ब्ल्)-*adj.* capable of being submersed. डुबकी लगाने योग्य; **Submersion** (-शन्) -*n.* the state of being submerged. डुबकी।

Submission-सब्-मिशन्-*n.* obedience to authority, humiliation, meekness, resignation. आज्ञानुकूलता, सहिष्णुता, परवशता, क्षमा।

Submissive-सब्-मि-सिव्-*adj.* meek, obedient. नम्र, आज्ञाकारी; **Submissively** (-लि) -*adv.* in a humiliating manner. नम्रता से, अधीनता से; **Submissiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being submissive. अनुरोध, नम्रता।

Submit-सब्-मिट्' -*v. t. & i.* (*p. t.* **Submitted.**) to yield or surrender oneself to power or authority, to present for con-

sideration, to refer, to make submission, to be subject to. अधीन या वश में होना, विनय सहित प्रार्थना करना, आगे रखना, (स्वीकार करना), अनुरोध करना, शरण में जाना ; Submitter (-टर्)-*n.* one who submits. अनुरोध करनेवाला ।

Submontane-सब् - मॉन्टेन् - *adj.* at the foot of mountains. पर्वतों की तलेटी पर का ।

Submultiple-सब्-मल्टि-प्ल्-*n.* an aliquot part of a number. किसी संख्या का पूर्ण भाजक ।

Submundane-सब्-मन्डेन् -*adj.* subterranean. पृथ्वी के भीतर का ।

Submuscular-सब् - मस्' - क्यु-लर्-*adj.* under the muscle. पेशी (पुट्ठे) के नीचे का ।

Subnasal-सब्-नें-ज़ल्-*adj.* under the nose. नाक के नीचे का ।

Subnascent- सब् - नीं - सॅन्ट् - *adj.* growing under. नीचे की ओर उगनेवाला ।

Subneural-सब्-न्यू'-रल्-*adj.* under a nerve. नाड़ी के नीचे के भाग का ।

Subnivean-सब्-नि-व्हि'-अन्-*adj.* under snow. बरफ़ के नीचे का ।

Subnormal-सब्' - नॉर्मल्-*adj.* below normal. सामान्य या साधारण से कम ।

Subnude-सब्-न्यूड्-*adj.* almost naked. अर्धनग्न, प्राय: नंगा।

Suboctuple-सब्-ऑक्-ट्यू-प्ल्-*adj.* containing one part in eight. अष्टमांश या आठ भाग में से एक अंश वाला ।

Subocular-सब्-ऑक्युलर्'-*adj.* under the eye. आँख के नीचे का ।

Suborbicular-सब्' - ऑर्बिक्युलर् - *adj.* almost circular. प्राय: वर्तुल या गोलाकार ।

Subordinate-सबॉर्डिनेट्-*adj.* inferior rank, inferior, secondary, unimportant. अधीन, अप्रधान, छोटे पद का, अमुख्य ; -*n.* a person who works under another. किसी की अधीनता में काम करनेवाला व्यक्ति;-*v. t.* (-नेट्') to place in a lower rank, to make subject. अधीन करना, वश में करना; Subordinately (-लि) -*adv.* in a subordinate manner. अप्रधान रूप से; Subordination (-शन्)-*n.* inferiority of rank, subjection, अधीनता (परतन्त्रता), परवशता; Subordinative (-इव्)-*adj.* under subjection. अधीन ।

Suborn-सबॉर्न-*v. t.* to commit perjury, to cause to take a false oath, to procure secretly. ठगना, झूठी शपथ दिलाना, गुप्त रीति से प्राप्त करना; Subornation (-ए-शन्)-*n.* perjury कूट साक्षी, धोखा; Suborner (-अर्)-*n.* one who commits perjury. धोखा देने का अपराध करनेवाला ।

Subovate-सब्'-ॲ-व्हेट्-*adj.* nearly in the form of an egg. प्राय: अण्डे के आकार का ।

Subpoena-सब्-पीना, सपीना-*n.* a writ commanding the presence of a person in a court as a witness under a penalty. अदालत में गवाही के लिए आज्ञापत्र ; -*v. t.* to serve this writ upon a person. सफ़ीना निकालना ।

Subpolar-सब्-पोलर्-*adv.* near the pole. ध्रुव के समीप का ।

Subquadrate-सब्-क्वॉड्रे्ट् -*adj.* nearly square. प्राय: समकोण चतुर्भुज के आकार का ।

Subquadruple-सब्-क्वॉ-ड्रु-प्ल्-*adj.* containing one part in four. चतुर्थांश, चार भाग में से एक भाग रखनेवाला ।

Subquintuple-सब्-क्विन्' - ट्यु - प्ल्-*adj.* containing one part in five. पंचमांश, पाँच भाग में से एक भाग रखनेवाला ।

Subramous-सब्-रे' - मस्-*adj.* having a few branches. बहुत कम शाखावाला ।

Subreption-सब्-रॅप्शन्-*n.* the act of obtaining favour by surprise. अचानक अनुग्रह प्राप्त करने का काम ।

Subrigid-सब्-रिजिड् - *adj.* moderately rigid or stiff. थोड़ा कड़ा ।

Subrogation-सब्'-रॅ-गे - शन्-*n.* substituting of one person for another. एक मनुष्य के स्थान पर दूसरे को नियुक्त करने का काम ।

Subrotund-सब्-रो-टन्ड्'-*adj.* almost round. प्राय: वर्तुल या गोलाकार ।

Subsaline-सब्-सॅ-लाइन्-*adj.* moderately salt. थोड़ा नमकीन ।

Subscribable-सब्-स्क्राइबे' -ब्-ल्-*adj.* able to be subscribed. चन्दा दिये जाने योग्य ।

Subscribe-सब्-स्क्राइब्'-*v. t. & i.* to write one's name at the foot of a document, to sign, to express one's assent, to contribute to a fund. नाम लिखना, हस्ताक्षर करना, स्वीकार करना, अंशदान (चन्दा) देने की प्रतिज्ञा करना; Subscriber (-अर्)-*n.* one who subscribes. ग्राहक, चन्दा देनेवाला ।

Subscript-सब्'-स्क्रिप्ट्-*n.* something written below. नीचे का लेख, नीचे की लिखावट ।

Subscription-सब् - रिऋप्शन् -*n.* the act of subscribing, a sum subscribed. हस्ताक्षर, नाम-लेखन, चन्दा ।

Subsection-सब्' - सेक्शन् - *n.* division of a section. अंश का भाग ।

Subseptuple-सब्-सेप्-ट्यू-पल्-*adj.* containing one out of seven parts. सप्तमांश, सात भाग में से एक भाग रखनेवाला ।

Subsequence-सब्सि - क्वेन्स् -*n.* the state of succeeding. अनुगमन, परिमाण; **Subsequent** (-क्वेन्ट्)-*adj.* following. उत्तरगामी, आगामी, बाद का; **Subsequently** (-लि)-*adv.* after something else. तदनन्तर, इसके बाद, पश्चात् ।

Subserve-सब्-सर्व्'-*v. t. & i.* to promote, to serve, to answer the purpose. आगे बढ़ाना, तरक्की देना, सहायक होना, उपयोगी होना ।

Subservience-सब्सर्विअन्स्-*n.* operation that promotes some end. किसी उद्देश्य को आगे बढ़ाने का कार्य ; **Subserviency** (-इ) -*n.* subservience. अधीनत्व, परवशता; **Subservient** (-न्ट्) *adj.* serving as a means, obsequious, subordinate. अधीन, सहायक, उपकारी; **Subserviently** (-न्ट्-लि)-*adv.* in a subordinate manner. सहायक रूप में ।

Subside-सब्-साइड्'-*v. i.* to sink to the bottom; to disappear, to become tranquil. पेंदी में बैठना, लुप्त होना, शान्त होना ।

Subsidence-सब्सिडन्स्-*n.* the act of subsiding. विलोप ।

Subsidiarily-see Subsidiary.

Subsidiary-सब्सिडिअरि-*adj.* serving to help, supplementary, auxiliary. सहायता देनेवाला, अतिरिक्त;-*n.* an accessory. सहायक ; **Subsidiarily** (-लि)-*adv.* in a subsidiary manner. सहायक रूप में ।

Subsidize-सब्सि-डाइज़्-*v.t.* to furnish assistance by paying subsidy. धन रूप में सहायता देना ।

Subsidy-सब्सि-डि-*n.* (*pl.* **Subsidies.**) pecuniary help in aid of private enterprise. व्यक्तिगत साहसिक कार्य के लिये आर्थिक सहायता, रुपये-पैसे की मदद ।

Subsist-सब्-सिस्ट्'-*v. i. & t.* to continue to exist, to contrive, to find sustenance, to feed, to inhere. रहना, होना (जीना), प्राणरक्षा करना (जिलाना),रोटी-कपड़ा देना, निर्वाह करना ।

Subsistence-सब्सिस्टेन्स्-*n.* means of support, livelihood .वृत्ति (जीविका), जीवन उपाय;

Subsistent (-न्ट्)-*adj.* having real existence जीवित अवस्था में रहनेवाला ।

Subsoil-सब्'-सॉइल्-*n.* the soil which lies just beneath the surface soil. भूमि के नीचे का मिट्टी का भाग ।

Subsolar-सब्-सो'-लर्-*adj.* under the sun. सूर्य के अधोभाग में या नीचे की ओर ।

Substance-सब्स्टन्स्-*n.* the essential part, being, purport, matter, real meaning, material, reality. सार, सत्व, सारांश, विषय, तात्पर्य, वस्तु (द्रव्य), अस्तित्व; **Man of substance** (a rich man.) सम्पत्तिवान् (धनी) मनुष्य; **Sum and substance** (essence.) निष्कर्ष, सार, तत्त्व ।

Substantial-सब्स्टैन्शल्-*adj.* actually existing, real, solid, of real value, stout, well-to-do, virtual. वास्तविक, सारपूर्ण, ठोस, असली, पुष्ट समृद्ध, धनी; **Substantiality** (-इटि) -*n.* corporeity, materiality. पदार्थता, सत्त्वता ।

Substantial-सब' - स्टैन् - शल्- *adj.* serving as a substantive. विशेष्य की तरह प्रयुक्त होनेवाला ।

Substantialize-सब्स्टैन्शलाइज़् -*v. t. & i.* to acquire actual existence. वास्तविक सत्ता प्राप्त करना ।

Substantially-सब्स्टैन्शलि - *adv.* in a real manner. वस्तुतः, वास्तव में ।

Substantials-सब्स्टैन्शल्स् - *n. p.* essential parts. (ब० व०) तत्त्व ।

Substantiate-सब्-स्टैन्शि-एट्-*v. t.* to establish or prove the truth of. प्रमाणित करना (सत्य बतलाना), सिद्ध करना; **Substantiation** (-शन्) -*n.* the act of establishing the truth. साधन, सिद्धि ।

Substantive-सब्'स्टैन्- टिव्-*adj.* having separate existence, independent, belonging to, substance, essential, having a firm basis. पृथक् सत्ता का, स्वतन्त्र, वस्तु सम्बन्धी, आवश्यक, पुष्ट आधारवाला; -*n.* a noun. विशेष्य, (व्याकरण में) संज्ञा; **Substantively** (-लि) -*adv.* in a substantive manner. स्वतन्त्र या आवश्यक या पुष्ट या विशेष्य के रूप में ।

Substitute-सब्-स्टि-ट्यूट्-*n.* a person or thing put in place of another. प्रतिनिधि, प्रतिपुरुष, स्थानापन्न, एवजी;-*v. t.*(-ट्यूट्') to put a person or thing in place of another. किसी के स्थान पर रखना या नियुक्त करना; **Substitution** (-शन्)-*n.* the act of substituting. स्थानापन्नता; **Substitutional** (-शनल्)-*adj.* pertaining to substitution. स्थानापन्नता सम्बन्धी; **Substitu-**

tionally (-शनलि)-*adv.* by way of substitution. स्थानापन्न रूप में; Substitutionary (-शनरि)-*adj.* supplying the place of another. दूसरे के बदले में काम करनेवाला।

Substratum-सब्-स्ट्रे'-टम्-*n.* (*pl.* Substrata.) the underlying basis, that which is spread under. आधार (आश्रय), नीचे का तल।

Substruction-सब्' - स्ट्रक् - शन् - *n.* an underbuilding. नीचे की इमारत।

Subsultory-सब्-सल्टरि-*adj.* bounding, leaping. कूदनेवाला, उछलनेवाला।

Subsultus-सब्-सल्टस्-*n.* a convulsive motion. ऐंठन।

Subsume-सब्-स्यूम्' -*v. t.* to include under a rule. किसी नियम के अन्तर्गत करना।

Subsumption-सब्-सम्प्शन्-*n.* that which is subsumed. अन्तर्गत पदार्थ।

Subtangent-सब्-टैन्'-जेन्ट्-*n.* the part of the axis which is contained between the tangent and ordinate drawn to the same point in a curve. अवान्तर कोटिस्पर्श रेखा।

Subtemperate-सब्-टेम्परेट्-*adj.* almost temperate. प्राय: समशीतोष्ण।

Subtenant-सब्'-टेनन्ट्-*n.* a tenant holding under a tenant. काश्तकार का शिकमी, दर-काश्तकार।

Subtend-सब्-टेन्ड्'-*v. t.* to extend under, to be opposite to. नीचे फैलना, सामने होना।

Subtense-सब्'-टेन्स्-*n.* a line running across. आर-पार की रेखा।

Subtepid-सब्'-टे-पिड्-*adj.* lukewarm, moderately warm. गुनगुना।

Subter-सब्-टर्-*pref.* in sense of 'under' or 'less than.' 'नीचे' अथवा 'कम' अर्थ का उपसर्ग।

Subterfluent-सब्-टर्' - फ्लु - ऍन्ट् - *adj.* (also Subterfluous.) running beneath. नीचे की ओर बहनेवाला।

Subterfuge-सब्'-टर्-फ्यूज्-*n.* an attempt to escape censure by evasion, elusion. छल, कपट या धोखा देकर दोषारोपण से भागने का प्रयत्न।

Subterranean-सब्-टर्-र-नि-अन्, Subterrene (-रीन्) -*adjs.* under ground. भूमि के भीतर का।

Subtile-सटिल्-*adj.* thin, nice, subtle, delicate. पतला, सुन्दर, कोमल, सूक्ष्म; Subtilely (-लि)-*adv.* finely, artfully. सूक्ष्म रीति से, चतुराई से।

Subtilization-सटिलाइ-ज़ेशन्-*n.* act of making thin or fine. महीन या पतला करने का कार्य।

Subtilize-स-टिल्-आइज़्'-*v. t.* to make thin or fine to refine. पतला या सुन्दर करना शुद्ध करना।

Subtilty-स-टिल्'-टि-*n.* fineness, acuteness. सूक्ष्मता, तीव्रता।

Subtle-स-ट्ल्-*adj.* pervasive, artful, cunning, mysterious, ingenious, clever. धूर्त, चतुर, सूक्ष्मबुद्धि, विलक्षण, अति सूक्ष्म, मर्मज्ञ; Subtleness (-नेस्)-*n.* the quality of being subtle. सूक्ष्मता, चातुरी; Subtlety (-टि)-*n.* extreme acuteness, refinement, fineness. अति सूक्ष्मता; Subtly (-इ) - *adv.* nicely, artfully. सूक्ष्मता से, चतुराई से।

Subtract-सब्' - ट्रैक्ट्' - *v. t.* to deduct. शेष निकालना, घटाना; Subtractor (-अर्)-*n.* one who subtracts. घटाने की क्रिया करनेवाला; Subtraction (-शन्)-*n.* deduction. घटाव, शेष; Subtractive (-इव़्)-*adj.* having power to subtract. घटाने की शक्ति का।

Subtrahend-सब्'-ट्रा-हेन्ड्-*n.* what is to be subtracted. ऋण, घटाई जानेवाली संख्या।

Subulate-स्यू-ब्यु-लेट्, Subuliform (-लि-फ़ॉर्म) -*adjs.* of the shape of an awl. टेकुए के आकार का।

Suburb-सबर्ब-*n.* the outskirts of a city, the confines. नगर के बाहर की भूमि (शाखानगर), नगर का बाहरी भाग; Suburban (-अन्)-*adj.* pertaining to suburbs. उपनगरीय।

Suburbs-सबर्ब्ज़्-*n. pl.* the environs. नगर के आसपास के भाग, उपान्त क्षेत्र, उपनगर।

Subursine-सबर्साइन्-*adj.* almost like a bear. प्राय: भालू के समान।

Subvene-सब्-व़ीन्'-*v. t.* to occur effectively. प्रभावपूर्ण रूप में घटित होना।

Subvention-सब्-व़ेन्शन्-*n.* support, pecuniary grant from government. सहारा, सरकार से आर्थिक सहायता।

Subversion-सब्-व़र्शन्-*n.* destruction, utter ruin. क्षय (भंग), पूर्ण नाश; Subversive (-व़र्सिव़)-*adj.* tending to subvert, having power to overthrow. विनाशी, ध्वंस करनेवाला।

Subvert-सब्-व़र्ट्-*v. t.* to upset, to overthrow, to ruin. पलटना, ढहाना, नाश करना; Subverter (-अर्)-*n.* one who overthrows. ढहाने या नाश करनेवाला।

Subvertible-सब्वर्टिब्ल्-*adj.* able to be subverted. पलटने या नाश करने योग्य।

Subvertical-सब्-वर्टिकल्-*adj.* nearly vertical. प्रायः लम्ब रूप का।

Subway-सब्-वे-*n.* an underground footway. भूमि के नीचे की आने की पगडंडी।

Suc-सक्-*pref.* in the sense of 'sub'. अधीन अर्थ का उपसर्ग।

Succade-स-केड्-*n.* a sweetmeat. मिठाई, मुरब्बा।

Succedaneous-सक्सिडेनिअस्-*adj.* acting as a substitute. बदले में काम करनेवाला।

Succedaneum-सक्सिडेनिअम्-*n.* a substitute. दूसरे के लिये प्रयुक्त होनेवाला पदार्थ।

Succeed-सक्-सीड्'-*v. t. & i.* to follow in order, to come next to, to take the place of, to accomplish one's purposes, to prosper, to be successful. क्रम में आना, बाद में होना, साधन करना, कार्य सम्पादन करना, विजय प्राप्त करना, सफल होना।

Succeeder-सक्-सीडर्-*n.* a successor. उत्तराधिकारी।

Success-सक्सेस्-*n.* the prosperous termination of anything, good fortune. सिद्धि, सफलता, विजय, सौभाग्य (सम्पत्ति); **Successful** (-फुल्)-*adj.* happy, prosperous. सफल (विजयी), सम्पन्न; **Successfully** (-फुलि) -*adv.* in a successful manner. सफलता से।

Succession-सक्सेशन्-*n.* a series of things following one another, order of descendants, race, rotation, lineage, right of coming in place of another. अनुक्रम, परम्परा, जाति, आवर्तन, वंश, उत्तराधिकार; **In succession** (in rotation.) यथाक्रम, क्रम से; **Law of succession** (laws relating to succession.) उत्तराधिकार के नियम; **Successional** (-अल्)-*adj.* in regular order of succession. परम्परा-सम्बन्धी; **Successive** (-इव्)-*adj.* following in order, consecutive. क्रमबद्ध (क्रमानुसार), परम्परागत; **Successively** (-इव्-लि) -*adv.* in successive order. यथाक्रम से।

uccessless-सक्-सेस्-लेस्-*adj.* without success, unfortunate. असफल, हतभाग्य।

Successor-सक्-सेसर्-*n.* one who succeeds another. उत्तराधिकारी, वारिस।

Succiduous-सक्-सिड्'-यु-अस्-*adj.* ready to fall. पतनशील, गिरने लायक।

Succinct-सक्-सिङ्क्ट्'-*adj.* terse, brief, expressed briefly. संक्षिप्त, लघु, थोड़े शब्दों में वर्णन किया हुआ; **Succinctness** (-नेस्) -*n.* conciseness, brevity. लघुता, संक्षिप्तता।

Succory-सकरि-*n.* a kind of plant. कासनी नामक पौधा।

Succour-स-कर्-*n.* help given at the time of need. आवश्यकता के समय दी हुई सहायता;-*v. t.* to give aid to, to come to assistance. आपत्ति में सहायता देना, मदद देना; **Succourer** (-अर्) -*n.* a helper, one who gives relief. सहायता देनेवाला, सहायक; **Succourless** (-लेस्) -*adj.* without help. निःसहाय, बिना मदद का।

Succulence-स-क्यु-लेन्स्-*n.* juiciness. रसीलापन; **Succulent** (-लेन्ट्)-*adj.* juicy, thick and fleshy. रसभरा, रसमय, रसीला; **Succulently** (-लि)-*adv.* in a succulent manner. रसीलेपन से।

Succumb-सक्-कम्-*v. i.* to yield, to submit, to be overcome, to die. वशीभूत होना, मान जाना, अधीन होना, मृत्यु को प्राप्त होना।

Such-सच्-*adj.* of the same kind, the same, that, similar, as referred to. ऐसा, वैसा, उसी प्रकार का, सदृश, पहिले कहा हुआ; **As such** (as has been mentioned.) जैसा कहा जा चुका है, ऐसा होने पर, इस स्थिति का; **Such and such** (some, indefinitely.) अमुक, इस नाम का, फलाँ; **Such as** (like.) जैसा कि।

Suck-सक्-*v. t. & i.* to draw a liquid into the mouth, to imbibe, to draw milk. चूसना, खींचना, सोखना, स्तनपान करना; -*n.* the act of sucking. चूषण, स्तनपान; **A child that sucks the breast** (a sucking baby.) स्तनपान करनेवाला बच्चा; **To suck one's brains** (to imbibe another's ideas.) दूसरे के विचार को ग्रहण करना; **To suck out** (to empty by sucking.) चूसकर खाली करना; **To suck up** (to absorb.) चूसना, सोखना।

Sucker-सकर्-*n.* a person or thing that sucks, the piston of a pump, a pipe through which liquid is sucked, the shoot of a plant from the roots of stem, a kind of fish. चूसनेवाला पदार्थ या मनुष्य, पंप का डट्टा, पिचकारी की नली, पौधे की महीन जड़, एक प्रकार की मछली।

Sucket-स-क-ट्-*n.* a sweetmeat which dissolves in the mouth. मिठाई जो मुँह में गल जाती है।

Sucking-सकिङ्ग्-*adj.* at the breast. दूध पीता हुआ, स्तनपान करता हुआ; **Sucking-bottle** (a bottle which is filled with milk for infants to suck.) बच्चों को दूध पिलाने की शीशी।

Suckle-स-कूल्-*v. t.* to give sucking to. स्तनपान कराना, दूध पिलाना।

Suckling-सक्लिङ्ग् - *n.* a young child or animal nursed at the breast. दूध पीनेवाला बच्चा, गोद का बच्चा।

Sucrose-स्यू'-क्रॉ-स् - *n.* cane-sugar. ऊख की चीनी।

Suction-सक्शन्-*n.* the act of sucking. चूषण, चुसाव; **Suction-pump** (an ordinary pump for drawing or forcing water up.) पानी निकालने (उठाने) का पम्प।

Suctorial-सक्टोरिअल्-*adj.* capable of sucking. चूसने योग्य।

Sudation-सु-डे'-शन्-*n.* excessive sweating. अधिक पसीना निकलना।

Sudatorium-सूडे टॅ-रिअम्--*n.* (*pl.* **Sudatoria**) hot air or sweating bath. स्वेदस्नान।

Sudatory-सूडेटरि-*adj.* stimulating perspiration. पसीना बढ़ानेवाली।

Sudd-सड्-*n.* floating mass of plants. तैरते हुए पौधे।

Sudden-स-ड्न्-*adj.* happening unexpectedly, hurried, rapid. आकस्मिक, यकायक, चंचल, शीघ्र; **Suddenly** (-लि)-*adv.* in a sudden manner. एकाएक, शीघ्रता से।

Sudoriferous-सू-डॅ -रिफ़रस् -*adj.* producing perspiration. स्वेद-जनक, पसीना लानेवाला।

Sudorific-सू-डॅ-रिफ़िक्-*adj.* & *n.* sweat-producing medicine. पसीना लानेवाली औषधि।

Suds-सड्ज़्-*n.* *pl.* water made frothy being impregnated with soap. साबुन का झाग मिला हुआ जल, साबुन का झाग।

Sue-सू-*v. t.* & *i.* to prosecute a person in a law-court, to apply in a court for redress, to make entreaty for a woman's hand in marriage. अभियोग या मुकद्दमा चलाना, नालिश करना, विवाह के लिये प्रार्थना करना।

Suet-स्'-यॅट्-*n.* the hard fat of an animal. पशु की गाढ़ी ठोस चर्बी; **Suety** (-इ)-*adj.* consisting of suet. वसा (चर्बी) से परिपूर्ण।

Suffer-सफ़र्-*v. t.* & *i.* to allow, to undergo, to tolerate, to be subject to, to endure, to sustain loss, to undergo punishment. आज्ञा देना, भोगना, प्राप्त करना, सहना उपभोग करना, अनुमोदन करना, कष्ट या हानि सहना, दण्ड सहना; **Sufferable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* that may be tolerated, allowable. सहने योग्य, अनुमोदन के योग्य; **Sufferably** (-ऍब्लि)-*adv.* in a tolerable manner. अनुमोदन रूप में; **Sufferance** (-ऑन्स्) -*n.* toleration, endurance, moderation. अनुमति, सहनशीलता, क्षमा; **Sufferer** (-अर्) -*n.* one who suffers. कष्ट सहनेवाला; **Suffering** (-इङ्ग्) -*n.* distress, pain endured. क्लेश, पीड़ा, दुःख।

Suffice-स-फ़ाइस्'-*v. i.* & *t.* to be enough, to content, to satisfy. पर्याप्त होना, सन्तुष्ट करना; **Suffice it to say** (I shall be satisfied by saying this.) मैं इतना कहकर सन्तुष्ट हूँगा।

Sufficiency- सफ़िशॅन्सि-*n.* adequate power, self-confidence. यथेष्टता, पर्याप्ति, आत्मविश्वास।

Sufficient-स-फ़िशॅन्ट्-*adj.* enough, qualified, adequate, competent. पर्याप्त, उचित, यथेष्ट, योग्य; -*n.* enough. पर्याप्त; **Sufficiently** (-लि) -*adv.* in a sufficient degree. पर्याप्त रूप में।

Sufficingly-स- फ़ाइ-सिङ्ग् -लि-*adv.* in a contented manner. यथेष्ट, प्रर्याप्त रूप से।

Suffix-स-फ़िक्स्-*v. t.* to append a letter or syllable in the formation of a word. शब्द के अन्त में प्रत्यय जोड़ना;-*n.* a letter or syllable appended to a word. प्रत्यय।

Suffocate-सफ़-क-ट्-*v. t.* & *i.* to choke or kill by stopping respiration, to stifle, to impede breath, to extinguish. श्वास रोकना, गला घोटना, गला घोंटकर मारना, बुझाना; **Suffocated** (-ऍड्) -*adj.* choked. गला घोंटा हुआ; **Suffocating** (-इङ्ग्)-*adj.* tending to suffocate. गला घोंटनेवाला; **Suffocatingly** (-लि)-*adv.* in a suffocating manner. गला घोंटते हुए; **Suffocation** (-शन्)-*n.* the act of suffocating. श्वास का अवरोध; **Suffocative** (-इव्) - *adj.* having power to suffocate. श्वास रोकने की शक्तिवाला।

Suffragan-सफ़्रगन्-*n.* a bishop who assists an archbishop. प्रधान पादरी का सहायक; **Suffraganship** (-शिप्)-*n.* the post of a suffragan ऐसे पादरी का पद।

Suffrage-सफ़्रॅ-ज् -*n.* a vote for deciding a question, right to vote. किसी प्रश्न के निर्णय के लिये मतदान, वोट देने का अधिकार।

Suffragist-सफ्रॉजिस्ट् -*n.* one who urges extension of the right of voting to wo-

men. स्त्रियों को वोट का अधिकार देने का प्रचार करनेवाला।

Suffuse-सफ्यूज़्'-*v. t.* to overspread with a fluid or colour. फैलाना, रङ्ग भरना; **Suffused** (-ड्)-*adj.* overspread. व्याप्त, फैला हुआ; **Suffusion** (-अन्) - *n.* the act of suffusing. व्यापकता, फैलाव, भराव।

Sugar-शुगर्-*n.* a sweet substance prepared from various plants, *esp.*the sugar-cane. शर्करा, शक्कर, चीनी ;-*v. t. &i.* to sweeten with sugar, to compliment. चीनी में पागना, मीठी बातें करना; **Raw sugar** (रॉ-शुगर्)-*n.* sugar in crude form. गुड़; **Sugar-candy** (-कैन्'-डि)-*n.* crystallized sugar. मिश्री, कन्द; **Sugar-cane** (-केन्)-*n.* a grass from which sugar is made. ईख, गन्ना, पौंढ़ा; **Sugarer** (-अर्)-*n.* one who prepares sugar. शक्कर बनानेवाला ; **Sugariness** (-इ-नेंस्)-*n.* sweetness. मधुरता, मीठापन; **Sugarless** (-लेंस्)-*adj.* without sugar. बिना चीनी का, बिना मिठास का; **Sugar-mill** (-मिल्)-*n.* a sugar factory. चीनी बनाने का कारखाना ; **Sugar-tongs** (-टॉङ्ग्ज़्)-*n.* tongs for lifting sugar. मिश्री उठाने की चिमटी;**Sugary** (-इ)-*adj.* sweetened with sugar. चीनी से मीठा किया हुआ।

Suggest-सजेस्ट्-*v. t.* to propose, to cause to present, to hint, to indicate. प्रस्ताव करना, सूचना देना, संकेत करना, बतलाना (अनुमति देना); **Suggestible** (- इ-बल्) - *adj.* able to be suggested. संकेत करने योग्य।

Suggestion-सजेशन्-*n.* the act of suggesting, presentation of an idea to the mind, intimation, proposal. प्रस्ताव, अनुमति, सूचना, उपदेश।

Suggestive-सजेस्टिव्-*adj.*full of suggestions. सूचक, बतलाने योग्य; **Suggestively** (-लि) -*adv.* in a suggestive manner. सूचित करते हुए ; **Suggestiveness** (- नेंस्) -*n.* suggestive condition. प्रस्ताव के योग्य अवस्था ; **Suggestor** (-अर्) - *n.* one who suggests. सूचना या संकेत देनेवाला।

Suicidal - सूइसाइडल - *adj.* pertaining to suicide. आत्महत्या-सम्बन्धी; **Suicidally** (-लि) -*adv.* in a suicidal manner. आत्मनाश या आत्महत्या के ढंग से।

Suicide-सूइ-साइड्-*n.* intentional slaughter of oneself, action destructive to one's interest. आत्महत्या या आत्मघात; **To commit suicide** (to destroy one's own life willfully.) आत्महत्या करना।

Suilline-सूइ-लाइन- *adj.* belonging to the swine family. शूकर जाति का।

Suit-सूट्-*n.* set of things of the same kind, suing, petition. action in a law court, any of the four sets into which a pack of playing-cards is divided, a set of man's clothes, courtship. एक तरह के पदार्थ, प्रार्थना, व्यवहार, अभियोग, नालिश, ताश के रंग, पहिनने के वस्त्र, विवाह के निमित्त स्त्री को प्रसन्न करने का व्यवहार; -*v. t. & i.* to adopt or accommodate, to agree, to dress, to please, to content. योग्य होना या करना, मिलाना, वस्त्र पहिनना, प्रसन्न करना, सन्तुष्ट करना ; **Civil suit** (a suit pertaining to a civil law.) दीवानी का मुकदमा; **Criminal suit** (a suit pertaining to a crime.) फ़ौजदारी का मुकदमा; **Suitcase** (a leather box for clothes.) वस्त्र रखने का चमड़े का बकस; **Suited** (-ऍड्)-*adj.* adapted to. उचित, योग्य।

Suitability-सू-टे - बिलिटि - *n.* suitableness. योग्यता।

Suitable-सू-टेबल्-*adj.* appropriate to, fitted for, competent. अनुरूप (उचित,) योग्य, ठीक; **Suitableness** (-नेंस्) -*n.* the state of being suitable. अनुरूपता; **Suitably** (-लि)-*adv.* in a suitable manner. यथायोग्य, अनुसार।

Suiting-सूटिङ्ग्-*n.* cloth for suits. पहिनने के वस्त्र बनाने का कपड़ा।

Suite-स्वीट्-*n.* retinue, train of attendants परिजन (अनुगामी), नौकर-चाकर।

Suitor-सूटर्-*n.* (*fem.* **Suitress.**) a petitioner, a wooer, lover. प्रार्थी, विवाह की इच्छा करनेवाला (निवेदक), प्रेमी।

Sulcate-सल्केट्-*adj.*furrowed, grooved. धारीदार, झुर्रीदार, पनारीदार।

Sulk-सल्क्-*v. i.* to be sullen. उदासीन (उद्विग्न) होना; **In the sulks** (in a sullen mood.) उदासीनता में।

Sulkily-सल्कि-लि-*adv.* in a sullen manner. उदासीनता से; **Sulkiness** (-नेंस्) - *n.* the state of being sulky. अन्तःकोप, उद्विग्नता; **Sulky**-सल्-कि - *adj.* (*comp.* **Sulkier**, *sup.* **Sulkiest.**) sullen, sour,morose. अन्तःकुपित, उद्विग्न, उदास।

Sullage-सलेंज्-*n.* filth, refuse. सड़क पर का बटोरा हुआ कूड़ा-करकट।

Sullen-सलेंन् - *adj.* obstinate, gloomy, morose, unforgiving, unsociable. हठी, उद्विग्न, उदास, क्षमा न करनेवाला, चिड़चिड़ा; **Sullenly** (-लि) -*adv.* in a sullen manner. हठ से, उदासीनता से; **Sullenness** (-नेंस्) - *n.* moroseness. चिड़चिड़ापन; **Sullens** (-लेंन्स्) -*n. pl.* morose temper. चिड़चिड़ा स्वभाव।

Sully-स-लि-*v. t.* (*p. t.* Sullied.) to tarnish, to spoil, to diminish the purity of. दूषित करना, अशुद्ध करना, मैला करना।

Sulphate-सल्फेंट्-*n.* a salt of sulphuric acid. गन्धक के तेजाब की सहायता से बना हुआ क्षार; **Sulphate of copper** (blue vitriol.) तुत्थ, तूतिया; **Sulphate of iron** (green vitriol.) कसीस ; **Sulphate of zinc** (zinc oxide.) सफेदा।

Sulphide-सल्फाइड्-*n.* a metallic compound of sulphur. किसी धातु और गन्धक का यौगिक।

Sulpho-सल्फ़ॅ-*pref.* used with compounds of sulphuric acid. उपसर्ग जो गन्धक के तेजाब से बने हुए योगों के लिये प्रयुक्त होता है।

Sulphur-सल्फ़र्-*n.* a non-metallic element of pale yellow colour. गन्धक; **Sulphur-spring** (a spring whose water is impregnated with sulphur.) जल की ऐसी धारा जिसमें गन्धक का अंश रहता है।

Sulphurate-सल्फ़्यू-रेंट्-*v. t.* to combine with sulphur. गन्धक से मिलाना; **Sulphuration** (-रें-शन्) -*n.* bleaching by exposure of the fumes of sulphur. गन्धक के धुवें में रखकर शुद्ध करने की क्रिया।

Sulphureous-सल्फ़्यूरिअस् - *adj.* impregnated with sulphur, having the properties of sulphur. गन्धक के गुणवाला, गन्धक मिला हुआ।

Sulphuretted-सल्'-फ़्यू-रें-टेंड् - *adj.* having sulphur in combination. गन्धक के योग का।

Sulphuric-सल-फ़्यू'-रिक्-*adj.* obtained from sulphur. गन्धक से निकला हुआ, गन्धक का।

Sulphurize-सल्फ़ुराइज़्-*v. t.* to combine with sulphur. गन्धक से मिलाना।

Sulphurous-सल्फ़्यूरस् - *adj.* like sulphur. गन्धक की तरह का।

Sulphury-सल्फ़रि-*adj.* having the qualities of sulphur. गन्धक के गुण का।

Sultan-सल्टॅन्-*n.* the title of the king of Turkey. टर्की के शाह की उपाधि।

Sultana-सल्टानों-*n.* mother, wife or daughter of Sultan. सुल्तान की माता, पत्नी या पुत्री की उपाधि।

Sultrily-सल्ट्रि-लि-*adv.* in a sultry manner. अति उष्णता से; **Sultriness** (-नेंस्)-*n.* the state of being sultry. अति उष्णता; **Sultry** (-ट्रि)-*adj.* (*comp.* Sultrier, *sup.* Sultriest.) very hot oppressive, burning. अति उष्ण, कष्टकारक, जाज्वल्यमान।

Sum-सम्-*n.* magnitude, arithmetical calculation, quantity of money,substance,amount, summary. परिमाण, योग, जोड़, धन-संग्रह, तत्त्व, राशि, तात्पर्य;-*v. t. & i.* (*p. t.* Summed.) to add to one whole, to collect, to count.संयुक्त करना, जोड़ना (मिलाना), सञ्चय करना, गिनना; **Large sum of money** (a good sum.) अधिक धन; **Lump sum** (a large sum.) थोक रक़म; **Sum and substance** (a brief and comprehensive expression.) संक्षिप्त तथा ग्राह्य तात्पर्य या सार; **Sum total** (the total amount.) पूरा जोड़; **To sum up** (to gather up.) संग्रह करना (सार निकालना)।

Summarily-सम-रि-लि-*adv.* concisely, in a quick manner. संक्षिप्त रूप में, शीघ्रता से।

Summarize- सम-राइज़्-*v. t.* to set forth the chief point of a matter. संक्षेप करना।

Summary-सम-रि-*n.* (*pl.* Summaries.) an abridged account, an abstract. संक्षेप, सार, संग्रह, सारांश; -*adj.* concise, brief,compendious. संक्षिप्त, अल्प, अविलम्बित।

Summation-समें शन्-*n.* addition, an aggregate. समुदाय, योग, जोड़।

Summer-स-मर्-*n.* the hot season of the year. ग्रीष्म ऋतु, गरमी का मौसम; - *v. i. & t.* to pass summer at. गरमी के दिन बिताना; **Summer-house** (-हाउस्)-*n.* a house for summer residence गरमी में रहने का बँगला; **Summer-tree** (-ट्री) - *n.* main horizontal beam supporting the joists of a roof. छत की धरनों को टेकनेवाली मुख्य पड़ी धरन।

Summit-स-मिट्-*n.* the highest point, top, utmost elevation, highest degree. शिखर (अग्रभाग), चोटी, ऊँचाई, पराकाष्ठा; **Summitless** (-लेंस्) - *adj.* having no summit. बिना शिखर का।

Summon-सम-न्-*v. t.* to call upon, to invite to give notice to a person to appear,

in court, to excite into action, to call upon to surrender fort. पुकारना, बुलाना, अदालत में आने के लिये सम्मन भेजना, उत्तेजित करना, किला छोड़ देने का सन्देश भेजना।

Summoner-समनर्-*n.* one who summons. सम्मन निकलवानेवाला।

Summons-समन्स् *n. sing.* (*pl.* **Summonses.**) an authoritative call to appear in a court. बुलावा, इत्तला, सम्मन ; -*v. t.* to serve with summons. सम्मन जारी करना।

Sump-सम्प्-*n.* a cesspool, a pit for receiving metal on its first fusion. नाबदान, पहिली बार धातु गलाने पर छाछ रखने का गड्ढा।

Sumpter-सम् (प्)टर्-*n.* a pack-horse. लद्दू घोड़ा।

Sumptuary-सम् (प्) च्यु-अरि-*adj.* relating to or limiting expenses. व्यय-विषयक, व्यय निर्धारित करने का।

Sumptuous-सम् (प्) - च्यु -अस्-*adj.* costly, magnificent. बहुमूल्य (विशिष्ट), अत्युत्तम (महत्त्व का); **Sumptuously** (-लि) - *adv.* in a costly manner. बहुमूल्यता से; **Sumptuousness** (-नेॅस्)-*n.* expensiveness, costliness. बहुमूल्यता, विशिष्टता।

Sun-सन्-*n.* the centre of the planetary system, the luminary round which the earth revolves and gets light and warmth, a sunny place. रवि, सूर्य, दिनकर, धूप;- *v. t. & i.* (*p. t.* **Sunned.**) to expose to the rays of the sun, to sun oneself. धूप खाना, धूप में सुखाना।

Sun-bath-सन्'-बाथ्-*n.* exposure of the body to the rays of the sun. नंगे बदन धूप खाने की क्रिया ; **Sunbeam** (-बीम्)-*n.* a ray of the sun. सूर्य की किरण; **Sun-blind** (-ब्लाइन्ड्) -*n.* a window-shade. धूप रोकने की खिड़की का परदा ; **Sun-bonnet** (-बॉन्'-नेॅट्) - *n.* a hat to protect the face from the sun. धूप से चेहरा बचाने का टोप।

Sunburn-सन्'-बर्न्-*n.* discolour of face by exposure to the rays of the sun. सूर्य की किरणों से मुख काला पड़ जाना ; **Sunburnt** (-बर्न्ट्)-*adj.* dried in the sun, discoloured, scorched. धूप में सुखाया हुआ, मुख काला पड़ा हुआ, झुलसा हुआ।

Sun-dial-सन्'-डायल्-*n.* an instrument to show time of day by the shadow of the sun. धूपघड़ी।

Sundown-सन्'-डाउन्-*n.* sunset. सूर्यास्त का समय।

Sun-flower-सन्'-फ्लावर्-*n.* helianthus. सूरजमुखी का फूल।

Sunless-सन्'-लेॅस्-*adj.* without the sun, shaded. छायादार ; **Sunlessness** (-नेॅस्) -*n.* the state of being sunless. बिना सूर्य (धूप) की स्थिति।

Sunlike-सन्'-लाइक् -*adj.* like the sun. सूर्य की तरह का।

Sun-picture-सन्'-पिक्चर् - *n.* picture drawn by the help of the sun's rays. सूर्य की किरणों द्वारा उतारा हुआ चित्र।

Sun-proof-सन्'-प्रूफ्-*adj.* impervious to the sun's rays. सूर्य-किरण प्रवेश न करने योग्य।

Sunset-सन्'-सेॅट्-*n.* the setting of the sun. सूर्यास्त।

Sunshade-सन्'-शेड्-*n.* a parasol, an awning. छोटी छतरी, चँदवा, सायबान।

Sunshine-सन्'-शाइन्-*n.* the light of the sun. सूर्य का प्रकाश।

Sunstroke-सन्'-स्ट्रोक्-*n.* prostration caused by exposure to excessive heat of the sun लू लगना, लू की लपट।

Sunward-सन्'-वर्ड्-*adv.* towards the sun. सूर्य की ओर; **The sun is set** (the time of prosperity is at a close.) ऐश्वर्य के दिनों का अन्त हो गया; **To rise with the sun** (to be out of bed at sunrise.) सूर्योदय होते ही सोकर उठना; **To see the sun** (to be alive.) जीवित रहना; **To take the sun** (to expose the body to the sun's rays.) धूप खाना; **Under the sun** (in the world.) संसार में।

Sunday-सन्'-डे-*n.* the first day of the week observed as the day of worship and rest from work. रविवार, इतवार ; **Sunday-school** (-स्कूल्) - *n.* school for religious instructions. धार्मिक शिक्षा देने की पाठशाला।

Sunder-सन्डर्-*v. t. & i.* to divide, to separate. पृथक् करना, अलगाना, अलग होना; -*n.* separation into two. विभाजन, विभाग।

Sunderance-सन्'-डर्-ऑन्स् - *n.* separation विभाजन, विभाग।

Sundry-सन्'-ड्रि-*adj.* several, various. अनेक, नाना प्रकार का; **Sundries** (-ड्रीज़्)-*n. pl.* miscellaneous articles. पृथक् पदार्थ, विविध वस्तुएँ, फुटकर चीजें।

Sung-सङ्ग्-*p. p.* of Sing. गाया गया।

Sunk-सङ्क्-*p. p.* of Sink. डुबाया गया।

Sunken-सङ्क्'न्-*adj.* lying at the bottom of a river. नदी के तल में पड़ा हुआ।

Sunnily-स-नि-लि-*adv.* brightly. चमकते हुए।

Sunniness-सन्'-नि-नेंस्-*n.* brightness. चमक, उष्णता; **Sunny**(सन्'-नि)-*adj.* (*comp.* Sunnier, *sup.* Sunniest.) like the sun, bright. सूर्य के सदृश (गरम), आतपयुक्त, चमकीली।

Sup-सप्-*n.* a sip, mouthful of a liquid. घूँट, चुसान; -*v. t. & i.* (*p. t.* Supped.) to sip, to take the evening meal. चूसना, सन्ध्या का भोजन करना।

Super-सु-पर्-*pref.* in the sense of "above, beyond." "ऊपर, बढ़कर" अर्थ का उपसर्ग;-*n. & adj.* super numerary. अतिरिक्त, अधिक; **Superable** (-एँ-बल्) -*adj.* that may be overcome or conquered. विजय करने (जीतने) योग्य; **Superableness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being superable. जीतने की योग्यता।

Superabound-सुपर्-अ-बाउन्ड्-*v. i.* to be abundant, to be more than enough. अधिक होना, बहुतायत से होना।

Superabundance-सुपर्-अबन्डन्स्-*n.* excessive abundance. अधिकता, बहुतायत; **Superabundant** (-अबन्डेंन्ट्) -*adj.* being more than sufficient. बहुत अधिक, हद से ज्यादा; **Superabundantly** (-अबन्डन्ट्-लि)-*adv.* in a superabundant manner. बहुत अधिकता से।

Superadd-सुपर्-ऑड्-*v. t.* to add over and above. अधिक करना, अधिक जोड़ना।

Superaddition-सुपर्-ऑडिशन्-*n.* the act of superadding. अधिक जोड़ने की क्रिया।

Superadvenient-सुपर्-ऑड्-वि-निअन्ट्-*adj.* coming to increase or help. बढ़ाने या सहायता देनेवाला।

Superannuate-सु-पर्-आन्यु-एट्-*v. t.* to disqualify on account of old age, to allow pension owing to old age. वृद्धावस्था के कारण अयोग्य करना, बुढ़ापे के कारण पेंशन देना; **Superannuation** (-ए'-शन्)-*n.* the state of being superannuated. वृद्धावस्था के कारण कार्य की अयोग्यता।

Superb-सु-पर्ब्-*adj.* pompous, grand, magnificent, rich. ऐश्वर्ययुक्त, कान्तिमान्, उत्तम, धनी; **Superbly** (-लि) -*adv.* in a superb manner. ऐश्वर्य से; **Superbness** (-नेंस) -*n.* the quality of being superb. अति शोभा, ऐश्वर्य

Supercargo-सु-पर्-कार्गो *n* an officer in merchantship who manages the sales. व्यापारी जहाज का अधिकारी

Supercelestial-सु-पर्-सि-लेंस्ट्'-यल्-*adj.* situated above the sky. आकाश के ऊपर स्थित।

Superciliary-सु-पर्-सिलिअरि-*adj.* situated above the eyebrow. भौंह के ऊपर स्थित।

Supercilious-सुपर्-सिलिअस्-*adj.* haughty, arrogant, overbearing. अति उद्धत, बड़ा घमंडी, असहनशील; **Superciliously** (-लि) -*adv.* arrogantly. बड़े घमण्ड से; **Superciliousness** (-नेंस्)-*n.* haughtiness, the ability of being arrogant. अति गर्व, उद्धत अवस्था।

Supercilium-सु-पर्-सिलिअम्-*n.* the eyebrow. भ्रू, भौंह।

Supercrescence-सु-पर्-क्रें-सें-न्स्-*n.* that which grows upon another growing thing. उगनेवाली वस्तु पर उगनेवाला पदार्थ; **Supercrescent** (-ऐन्ट्)-*adj.* growing on something which is growing. उगनेवाली वस्तु पर उगनेवाला।

Supereminence-सु-पर्-ऐमिनेंन्स्-*adj.* distinguished eminence. अत्युत्तमता, अति श्रेष्ठता; **Supereminent** (-नेंन्ट्)-*adj.* eminent or excellent in a surpassing degree. अति उत्तम; **Supereminently** (-नेंन्ट्-लि) -*adv.* in an excellent manner. अत्युत्तमता से।

Supererogant-सु-पर्-ऐ-रॅ-गन्ट्-*adj.* supererogatory. कर्तव्य से अधिक करनेवाला।

Supererogate-सु-पर्-ऐ-रॅ-गेट्-*v. t.* to perform more than what duty requires. कर्तव्य अथवा आवश्यकता से अधिक कार्य करना; **Supererogation** (-शन्)-*n.* performing more than what duty requires. कर्तव्य से अधिक क्रिया; **Supererogatory** (-टरि) -*adj.* doing beyond duty. कर्तव्य से अधिक करने वाला।

Superessential-सुपर्-ऐसेंन्शल्-*adj.* essential above others. औरों से बढ़कर आवश्यक।

Superexalt-सु-पर्-ऐग्-ज़ॉल्ट्'-*v. t.* to exalt to a superior degree. अति प्रशंसा करना; **Superexalted** (-ऐड्) -*adj.* greatly exalted. अति प्रशंसा किया हुआ; **Superexaltation** (-टे-शन्) -*n.* superior elevation. अति उन्नति।

Superexcellence-सुपर्-ऐक्सलेंन्स्-*n.* the quality of being superexcellent अति उत्तमता; **Superexcellent** (-लेंन्ट्)-*adj.* excellent in an extraordinary degree. अति उत्तम।

Superficial-सुपर्फ़िशल् -*adj.* pertaining to the surface, shallow, not profound. बाह्य, बाहरी, ऊपरी, छिछला, अगाढ़; **Superficial contents.** बाह्य वस्तुएँ; **Superficial scholar** (one who has a little knowledge.) अल्पज्ञ; **Superficial view.** बाह्यलोक, बाह्यदृष्टि।

Superficialist-सुपर्फ़िशलिस्ट् - *n.* one whose knowledge is superficial. अल्प ज्ञानवाला।

Superficiality-सुपर्फ़िशलिटि, **Superficialness** (-अल्-नेॅस्)-*ns.* the quality of being superficial, shallowness, slight knowledge. बाह्यता, छिछलापन, अल्पज्ञता।

Superficially-सुपर्-फ़िशलि -*adv.* in a superficial manner. अल्पज्ञता से, बाह्य दृष्टि से।

Superficies-सुपर्-फ़िशिज़्-*n.* the exterior part of a thing, the surface. तल, पृष्ठभाग, बाहरी भाग।

Superfine-सुपर्-फ़ाइन्-*adj.* overfine, extremely fine. अति सूक्ष्म, सर्वोत्कृष्ट, सबसे उत्तम; **Superfineness** (-नेॅस्) extreme fineness. सर्वोत्कृष्टता।

Superfluity-सु-पर्-फ्लु'-इ-टि-*n.*(*pl.*superfluities.) something beyond what is wanted superabundance. बहुलता, अधिकता।

Superfluous-सु-पर्-फ्लु-अस्-*adj.* unnecessary, useless, more than what is wanted. व्यर्थ (पुनरुक्त), अधिक, आवश्यकता से अधिक; **Superfluously** (-लि)-*adv.* in a superfluous manner. अधिकता से; **Superfluousness** (-नेॅस्)-*n.* the quality of being superfluous. पुनरुक्ति, अधिकता।

Superfetate-सु-पर्-फ़ी-टेट् - *v. t.* to conceive after a first conception. एक गर्भ रहते हुए दुबारा गर्भ धारण करना; **Superfetation** (-शन्)-*n.* a second conception before the birth of the first. एक बार बच्चा पेट में रहते हुए दुबारा गर्भ धारण करना।

Superheat-सु-पर्-हीट्-*v. t.* to heat up to a very high temperature. अत्यधिक गरम करना।

Superhuman-सु-पर्-ह्यू' - मन् - *adj.* beyond what is human, divine. मनुष्य की शक्ति से बाहर, दैवी, अलौकिक।

Superimpose-सु-पर्-इम्पोज़् - *v. t.* to lay on something else. किसी पदार्थ के ऊपर रखना; **Superimposition** (-प-जिशन्) -*n.* the act of being placed over something else. किसी पदार्थ के ऊपर रखने की क्रिया, अध्यारोपण।

Superincumbent-सु-पर्-इन्-कम्' -बेन्ट् - *adj.* lying or resting on something else. उपरिवर्ती, किसी पदार्थ पर रखा हुआ, किसी पर निर्भर।

Superinduce-सु-पर्-इन्-ड्यूस्'-*v. t.* to bring upon as an addition to something. अधिक करना, जोड़ना, बढ़ाना।

Superinduction-सुपर्-इन्डक्शन्-*n.* the act of superinducing. बढ़ती, बढ़ाव।

Superinjection-सु-पर्-इन्-जेॅक्शन्-*n.* an injection succeeding another. एक के बाद दूसरी सूई लगाने की क्रिया।

Superinspect-सु-पर्-इन्-स्पेॅक्ट् -*v. t.* to superintend. जाँचना, देखभाल करना।

Superintellectual - सुपर् - इन्टलेॅक्चुअल - *adj.* being above the intellect. बुद्धि से परे, बुद्धि से बाहर।

Superintend-सुपरिन्टेॅन्ड्-*v. t.* to exercise the charge of, to supervise. रखवाली करना, जाँचना, देख-माल करना।

Superintendence-सुपरिन्टेॅन्डेॅन्स् - *n.* management. प्रबन्ध, जाँच।

Superintendent-सुपरिन्टेॅन्डेॅन्ट्-*n.* one who superintends work, an overseer. अध्यक्ष, निरीक्षक, प्रबन्धकर्ता।

Superior-सुपीरिअर् - *adj.* higher in place, dignity or excellence surpassing others. श्रेष्ठ, विशिष्ट, अधिक, बढ़कर; -*n.* one who is superior to others, the chief of a monastery. श्रेष्ठ, अध्यक्ष, मठाधीश; **Superior persons** (better educated men.) अधिक विद्वान् लोग; **Superioress** (-एॅस्)-*n. fem.* a female head of a nunnery. मठ की महिला अध्यक्षा।

Superiority-सुपीरि-ऑ-रिटि - *n.* pre-eminence. श्रेष्ठता, विशिष्टता, प्रधानता।

Superlative-सुपर्लेॅटिव् - *adj.* supreme, most eminent. सर्वोत्तम, अत्युत्तम; **Superlatively** (-लि)-*adv.* to a superlative degree. सर्वोत्तम रूप में; **Superlativeness** (-नेॅस्)-*n.* the state of being superlative. अत्युत्तमता।

Superlunar-सुपर्ल्यूनर्, **Superlunary** (-इ) -*adjs.* being above the moon. चन्द्रमा से ऊपर का।

Superman-सु-पर-मॅन्-*n.* a type of man who is above ordinary humanity. साधारण मनुष्य से विशिष्ट मनुष्य।

Supermedial-सुपर्-मी-डिअल्-*adj.* lying above the middle. मध्य से ऊपर का।

Supermundane-सुपर्मन्डेन् - *adj.* above the world. भूमण्डल के ऊपर का।

Supernacular-सुपर्-नॉ - क्युलर् - *adj.* most excellent. सवसे उत्कृष्ट, सर्वोत्तम।

Supernal-सुपर्नल् - *adj.* heavenly, divine. स्वर्गीय, दैवी।

Supernatant-सुपर्'-नेटेन्ट् -*adj.* floating on the surface. सतह पर तैरनेवाला।

Supernatation-सुपर्'नेटेशन् -*n.* the act of floating on the surface. सतह पर तैरने की क्रिया।

Supernational-सु-पर्-नॅशनल्-*adj.* more than national. राष्ट्रीयता से अधिक।

Supernatural-सु-पर्-नॅचुरल्-*adj.* beyond the power or laws of nature, miraculous. प्रकृति-विरुद्ध (अमानुषी), अलौकिक, अद्भुत।

Supernaturalism-सुपरनॅचुरलिज़्म् -*n.* a belief in divine revelation. दवी शक्ति में विश्वास; **Supernaturalist** (-लिस्ट्) -*n.* अलौकिक शक्ति में विश्वास करनेवाला; **Supernaturality** (-लिटि) -*n.* supernaturalness. विलक्षणता, अलौकिकता।

Supernaturalize-सुपर् - नॅ- चुरलाइज़्-*v. t.* to raise to the supernatural. अलौकिक बनाना।

Supernaturally-सुपर्नॅचुरलि-*adv.* in a supernatural manner. अलौकिक या अद्भुत रीति से; **Supernaturalness** (-नेस्)-*n.* the quality of being supernatural. विलक्षणता, आश्चर्य।

Supernumerary - सुपर्न्यूमररि-*adj.* exceeding usual numbers. सामान्य से अधिक संख्या का; -*n.* a person or thing beyond the required number. स्थिर संख्या के अतिरिक्त मनुष्य या पदार्थ।

Supernutrition-सुपर्न्यूट्रिशन्-*n.* overfeeding. आवश्यकता से अधिक भोजन करने का कार्य।

Superordinary-सुपर्ऑर्डिनरि-*adj.* above the ordinary. सामान्य से अधिक।

Superorganic-सुपर्ऑर्गेनिक् - *adj.* spiritual. दैवी, अमानुषी।

Superphysical-सुपर्फ़िज़िकल् - *adj.* psychical. आत्मा-सम्बन्धी।

Superpose-सु-पर्-पोज़्'-*v. t.* to lay on. एक के ऊपर दूसरा रखना।

Superposition-सुपर्-पॅ-जिशन्-*n.*a laying upon anything else. एक के ऊपर दूसरे पदार्थ के बिठाने की क्रिया।

Superpraise-सु-पर् - प्रेज़् - *v. t.* to praise to excess. अति प्रशंसा करना।

Super-reflection - सुपर् - रिफ़्लेक्शन् - *n.* the reflection of a reflected image. किसी वस्तुके प्रतिविम्ब का प्रतिविम्ब।

Super-reward-सु-पर् - रेवार्ड्-*v. t.* to reward to excess. अति अधिक पारितोषिक देना।

Super-royal-सु-पर् - रॉयल् - *adj.* denoting a size of paper measuring $27\frac{1}{2} \times 20\frac{1}{2}$ inches. २७॥ इञ्च लम्बा और २०॥ इञ्च चौड़ा (कागज)।

Supersaturate-सुपर्सॅच्युरेट्-*v. t.* to saturate to excess. अधिक सुखाना; **Supersaturation** (-शन्) -*n.* the state of being supersaturated. अधिक सुखाने की स्थिति।

Superscribe-सु-पर् - स्काइब्' -*v. t.* to engrave or write on the top or outside a surface. ऊपर या वाहर की ओर लिखना या खोदना।

Superscription-सु-पर्-स्क्रिप्शन्-*n.* the act of writing on top, address. बाहरी भाग के ऊपर का लेख, सिरनामा, पता, ठिकाना।

Supersede-सु-पर्-सीड्'-*v. t.* to come in place of, to render unnecessary, to suspend. उल्लङ्घन करना, (अलग करना) वृथा करना, उठा देना।

Supersedure-सुपर्सीड्योर्-*n.* act of superseding. उल्लङ्घन करने की क्रिया।

Supersensible-सु-पर्-सॅन्सि-बुल्-*adj.* beyond the reach of the senses. इन्द्रियों द्वारा न जानने योग्य।

Supersensitive-सुपर्सेन्सिटिव्-*adj.*exceedingly sensitive. अति सूक्ष्मग्राही, अति शीघ्र चेतना प्राप्त करनेवाला ; **Supersensitiveness** (-नॅस्) -*n.* excessive sensitiveness. अति शीघ्र वोध।

Superstition-सुपर्स्टिशन्-*n.* belief based on ignorance, false religion, faith in charms and omens. मूढ़विश्वास, भ्रमात्मक विश्वास मिथ्याधर्म, मंत्रों तथा अपशकुनों में विश्वास।

Superstitious - सुपर्स्टिशस् - *adj.* addicted to superstition, full of idle fancies about religion. असत्यधर्मी, मूढ़ विश्वास मूलक; **Superstitiously** (-लि)-*adv.* in a superstitious manner. मिथ्या विश्वास से ; **Superstitiousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being superstitious. मिथ्या विश्वास।

Superstratum-सुपर्स्ट्रेटम् - *n.* a layer above another. एक के ऊपर दूसरी तह।

Superstruct-सु'-पर्-स्ट्रक्ट्'-*v. t.* to erect, to build upon. ऊपर निर्माण करना या इमारत बनाना; **Superstruction** (-शन्) -*n.* a superstructure. ऊपरी रचना या वनावट; **Superstructive** (-टिव्)-*adj.* built on something else. किसी के ऊपर बनाई हुई।

Supertax-सु' - पर् - टॅक्स् - *n.* an additional income-tax on large incomes. अधिक आमदनी पर अतिरिक्त टैक्स (कर)।

Superterrestrial-सुपर्टें रें स्ट्रिअल् -*adj.* being above the earth. पृथ्वी के ऊपर का।

Supertragical-सुपर्ट्रैजिकल् - *adj.* excessively tragical. अत्यन्त शोकजनक या दुःखान्त।

Supervene-सुपर्वीन्-*v.i.* to come extraneously, to follow closely. अकस्मात् आ जाना, टूट पड़ना; **Supervenient** (-नि-एँन्ट्)-*adj.* coming as something extra-ordinary. टूट पड़नेवाला।

Supervention-सुपर्वेन्शन् - *n.* the act of supervening. अकस्मात् आगमन।

Supervise-सुपर्वाइज़्-*v. t.* to manage, to inspect. निरीक्षण करना, प्रबन्ध करना।

Supervision-सुपर्विज़न् - *n.* inspection. प्रबंध, देखभाल, निरीक्षण।

Supervisor-सुपर्वाइज़र् - *n.* an inspector, an overseer. निरीक्षक, प्रबन्धकर्त्ता; **Supervisory** (-इ) -*adj.* pertaining to supervision. प्रबन्ध-सम्बन्धी।

Supination-सू'-पि-नें-शन्-*n.* act of turning the palm of hand upwards. हथेली ऊपर करने का कार्य।

Supine-सू - पाइन्-*adj.* sloping or leaning backward, headless, thoughtless, lying on back with face upwards. ऊर्ध्वमुख, ढालुआँ, लापरवाह, उदासीन, उतान पड़ा हुआ; **Supinely** (-लि) -*adv.* in a supine manner. उतानेपन से, उदासीनता से; **Supineness** (-नेंस्) -*n.* indolence, heedlessness. उदासीनता, आलस्य।

Supper-स'-पर्-*n.* the last meal of the day. दिन का अन्तिम भोजन ; **Supperless** (-लेंस्) -*adj.* being without supper. बिना रात के भोजन का।

Supplant-सप्लॉन्ट्-*v. t.* to displace, to undermine, to displace and take possession of. हटाना, कपट से हटाना, हटाकर अपना अधिकार करना; **Supplantation** (-टेंशन्) -*n.* the act of supplanting. निकालने की क्रिया; **Supplanter** (-अर्) -*n.* one who supplants. हटाने या निकालनेवाला।

Supple-स-प्ल् - *adj.* pliant, flexible, easily bent, submissive. fawning. कोमल, लचीला, सहज में झुकनेवाला, अधीन, अदृढ़ ;-*v. t.* & *i.* to make soft or pliant. लचीला या मुलायम बनाना।

Supple-jack-स-प्ल्-जॅक्--*n.* a kind of walking stick. एक प्रकार की टहलने की छड़ी।

Suppleness-स - प्ल् - नेंस् - *n.* pliancy, the quality of being supple. लचीलापन, अदृढ़ता।

Supplement-सप्लि-मेंन्ट्-*n.* an appendix, an addition to something by which its defects are removed. परिशिष्ट, शेषपूर्ति, न्यूनता-पूर्ति ; -*v. t.* to make addition to. न्यूनता पूर्ण करना, जोड़ना; **Supplemental** (-अल्), **Supplementary** (-अरि) - *adjs.* additional. न्यूनतापूरक, परिशिष्ट।

Supplementation-सप्लिमेंन्टेशन्-*n.* addition. न्यूनतापूर्ति।

Suppliance-सप्लायन्स्-*n.* supplication. निवेदन ; **Suppliant** (-यन्ट्)-*adj.* asking submissively, entreating. प्रार्थी, निवेदन करनेवाला; **Suppliantly** (-यन्ट्-लि)-*adv.* in a suppliant manner. प्रार्थना-सहित।

Supplicant-सप्लिकन्ट्-*adj.* entreating. प्रार्थना करता हुआ।

Supplicate-स' - प्लि - केंट्-*v. t.* to seek by prayer, to entreat for, to implore. प्रार्थना करना, बिनती (याचना) करना; **Supplicatingly** (-इङ्ग् - लि) -*adv.* imploringly. बिनती या प्रार्थना करते हुए।

Supplication-सप्लिकेंशन्-*n.* entreaty, petition. सविनय प्रार्थना, बिनती।

Supplicatory-सप्लिकेंटरि - *adj.* humble, submissive. विनीत, प्रार्थना-सम्बन्धी, प्रार्थी।

Supplier-सप्लायर्--*n.* one who supplies कमी की पूर्ति करनेवाला।

Supply-स-प्लाइ-*n.* (*pl.* **Supplies.**) providing of what is required, necessary stores and provisions. सञ्चय, सामग्री, आवश्यक पदार्थ, रसद ;-*v. t.* (*p. t.* **Supplied.**) to fill up any deficiency, to furnish what is wanted. परिपूर्ण या पूर्ति करना, भरना।

Support-सपोर्ट्-*v. t.* to uphold, to sustain, to nourish, to endure, to maintain, to vindicate. सहारा देना, सँभालना, पोषण करना, दया करना, पालना, किसी के पक्ष में बोलना ; -*n.* maintenance, subsistence, assistance. अवलम्ब, आश्रय, (उपजीविका) सहारा; **To support resolution** (to uphold a resolution.) प्रस्ताव का अनुमोदन करना; **To support oneself** (to maintain one's life.) अपना पेट भरना; **Supportable** (-अब्ल्)-*adj.* that may be upheld, tolerable. आश्रय के योग्य; **Supportableness** (-अब्ल्-नेंस्) -*n.* the state of being supportable. अवलम्ब, सहारा; **Supportably** (-ब्लि) - *adv.* in a supportable manner. आश्रय देते हुए; **Supported** (-एँड्) -*adj.* vindicated, maintained. प्रमाणित, आश्रित; **Supporter** (-अर्)-*n.* he who or that which

supports. आश्रय देनेवाला, सँभालनेवाला; Supportless (-लॅस्) - *adj.* having no support. बिना आश्रय का; Supportment (-मॅन्ट्) -*n.* a support. आश्रय।

Supposable-सपोज़ॅब्ल् - *adj.* that may be supposed to exist. अनुमान करने के योग्य।

Suppose-स-पोज़्'. - *v. i. & t.* to assume as true, to think, to conceive, to presume, to imagine. अनुमान करना, सोचना, तर्क करना, मान लेना, कल्पना करना; Supposedly (-इ-लि)-*adv.* with assumption. अनुमान करते हुए; Supposer (-अर्) -*n.* one who makes an assumption. कल्पना करनेवाला।

Supposition-स-पॅ - ज़िसन् - *n.* imagination, conjecture, hypothesis. अनुमान, तर्क, कल्पना; Suppositional (- अल्)-*adj.* hypothetical. तर्क-सम्बन्धी, अनुमान-विषयक; Suppositionally (-अलि)-*adv.* by way of supposition. तर्क के अनुसार या तर्क या अनुमान द्वारा।

Supposititious-स-पॅ-ज़िटिशस्-*adj.* imaginary, substituted for real, spurious. काल्पनिक, कृत्रिम, कल्पित; Supposititiously (-लि)-*adv.* in an imaginary manner. कल्पित रूप में; Supposititiousness (-नॅस्)-*n.* the quality of being imaginary. कृत्रिमता, कल्पना।

Suppositive-स-पॅ-ज़िटिव्-*adj.* tending to suppose. कल्पना-सूचक; Suppositively (-लि) -*adv.* according to supposition. अनुमान के अनुसार।

Suppository-स-पॅ-ज़िटरि-*n.* a cone or medical susbstance introduced into the rectum for producing evacuation. दवा की बत्ती जो दस्त लाने के लिए गुदा में चढ़ाई जाती है।

Suppress-सप्रॅस्' - *v. t.* to put down, to overpower and crush, to restrain, to stop, to put an end to, to withhold. दबाना, शमन करना, अवरोध करना, रोकना, अन्त करना, पराजित करना; Suppresser, Suppressor (-अर्)-*ns.* one who suppresses. शमन करनेवाला, दबानेवाला।

Suppressible-सप्रॅसिब्ल् - *adj.* that can be suppressed. दबाने योग्य।

Suppression-सप्रॅशन्-*n.* the act of suppressing, stoppage, concealment. स्तम्भन, रुकावट (दबाव, अवरोध), छिपाव।

Suppressive-सप्रॅसिव् - *adj.* subduing. शमन करनेवाला, दबानेवाला।

Suppurate-स-प्यु-रेट्' - *v. i.* to form or generate pus. पकना, पीव पड़ना; Suppuration (-रे-शन्)-*n.* the production of pus. पीव आ जाना; Suppurative (-रे-टिव्)-*adj.* tending to suppurate. पीव निकालनेवाला।

Supputation-सप्यूटेशन्-*n.* reckoning, account. गणना, हिसाब-किताब।

Suppute-स-प्यूट्'-*v.t.* to reckon. गणना करना।

Supra-सू - प्रॉ - *pref.* in sense of "above, beyond." 'ऊपर या अधिक' अर्थ का उपसर्ग; Supraciliary (- सिल्'-यर्-इ)-*adj.* situated above the eyebrow. भौंह के ऊपर का; Supracostal (-कॉस्ट्'-अल्)-*adj.* above the ribs. पसलियों के ऊपर का; Supramaxillary (-मॅक्स-इलरि)-*adj.* pertaining to the upper jaw. ऊपर के दाढ़ का; Supralateral (-लॅट्'-अर्-अल्)-*adj.* at the top of the side. पार्श्व के शिखर पर; Supramundane (-मन्'-डन्)-*adj.* above the world. संसार के ऊपर का।

Suprarenal-सू-प्रॉ-री-नल्-*adj.* situated above the kidneys. गुर्दों के ऊपर स्थित, अधिवृक्कीय।

Supremacy-सुप्रॅ-मॅ-सि-*n.* highest authority of power, the quality of being supreme. मुख्यता, श्रेष्ठता, प्रभुत्व, प्रधानता।

Supreme-सुप्रीम् - *adj.* highest in power or authority, most excellent. परम, अति, श्रेष्ठ महान्; Supreme Being (God.) परमेश्वर; Supremely (-लि) - *adv.* to a supreme degree. अति श्रेष्ठता से, महत्त्व से।

Sur-सर्-*pref.* in the sense of "over." "अधिक" अर्थ का उपसर्ग।

Surah-सूरा-*n.* a kind of twilled silk. एक प्रकार का बटा हुआ रेशमी वस्त्र।

Sural-सू'-रल्-*adj.* pertaining to the calf of the leg. पैर की नली का।

Surbate-सर्बेट्-*v. t.* to harass, to fatigue. कष्ट देना, थकाना।

Surcease-सर्-सीस्-*v. i. & t.* to cease, to put a stop to. रुकना, रोकना, ठहराना।

Surcharge-सर्-चार्ज्-*n.* an excesssive load or burden, overcharge. परिमाण से अधिक भार या इसका भाड़ा;-*v. t.* to overload, to overstock. अधिक बोझा लादना, अधिक माल रखना; Surcharger (-अर्) -*n.* one who surcharges. अधिक बोझा लादनेवाला।

Surcingle-सर्सिङ्ग्-ल्-*n.* the band or girdle over a saddle to fasten it. काठी बाँधने का पट्टा, बालातङ्ग।

Surcoat-सर्-कोट्-*n.* the coat worn over an armour. कवच के ऊपर पहिनने का कोट।

Surculose-सक्युं-लॅस्-*adj.* producing suckers. चूषक जड़ या पौधा उत्पन्न करनेवाला।

Surd-सर्ड्-*adj.* & *n.* an irrational quantity, uttered with the breath. करणी, अनाकर्णित, दुर्बल श्वास से उच्चारण किया हुआ।

Surdimute-सर्डि-म्यूट् - *n.* one who is both dumb and deaf. ऐसा मनुष्य जो गूँगा तथा बहरा हो।

Sure-शू-अर्'-*adj.* certain, firm, positive, secure, perfectly confident, safe. स्थिर, निश्चित, दृढ़, पुष्ट, सुरक्षित, पूर्ण रूप से विश्वस्त, रक्षित; A sure shot (a marksman who never misses an aim.) सच्चा निशाना लगानेवाला; To be sure (without doubt, certainly.) अवश्य, निःसन्देह; To make sure (to make certain.) निश्चय करना; Surefooted (-फुट्-ऍड्)-*adj.* not liable to stumble. न लुढ़कनेवाला ; Surely (-लि) -*adv.* certainly. निःसन्देह, अवश्य, ठीक-ठीक ; Sureness (-नॅस्)-*n.* certainty. स्थिरता।

Surety-शुअ-र्'-टि-*n.* security, safety, security against loss, a bail of being surety. प्रतिभू का पद, निश्चय, प्रतिभू , बन्धक, जमानतदार ; To stand surety (to be responsible for another.) दूसरे के लिए जमानत देना; Suretyship (-शिप्)-*n.* the state of being a surety. प्रतिभू का पद।

Surf-सर्फ़्-*n.* the wave between the rocks and the shore. लहर, तरङ्ग; Surf-boat (-वोट्)-*n.* a boat for landing through surf. लहर पर चलनेवाली नाव।

Surface-सर्'-फ़ॅस्-*n.* the external part of any thing, superficies, a plane that has length and breadth but no thickness. तल, पृष्ठभाग, ऊपरी हिस्सा, धरातल, सतह; Surface-gauge (-गॉज्) - *n.* an implement to ascertain the planeness of planks &c. तख्ते इत्यादि की चौरसाई जानने का यन्त्र।

Surface-gauge.

Surfeit-सर्' - फ़िट्- *n.* fulness caused by excessive eating or drinking. अतिभोजन, अजीर्ण;-*v.t.* to take too much of anything, to overfeed. अधिक-मात्रा में कोई पदार्थ ग्रहण करना, अतिभोजन करना; Surfeiter (-अर्)-*n.* a glutton. अतिभोजन करनेवाला; Surfeiting (-इङ्ग्) -*n.* eating to excess. अतिभोजन की क्रिया।

Surge-सर्ज्-*n.* a large wave, a swelling undulation. बड़ी लहर, जल का उभाड़-*v. i.* to rise high and roll. लहर उठना; Surgeless (-लॅस्)-*adj.* free from surges, smooth. बिना लहर का, शान्त।

Surgeon-सर्जन्-*n.* one who heals by surgery. शस्त्र-चिकित्सक, जर्राह ; Surgeon-dentist (-डॅन्ट-इस्ट्)-*n.* a dental surgeon. दाँतों का जर्राह।

Surgery-सर्जरि-*n.* the act of healing diseases by manual operations, a surgeon's room. शल्यशास्त्र, शस्त्रचिकित्सा-विज्ञान, जर्राही, जर्राही का कमरा।

Surgical-सर्जिकल्-*adj.* pertaining to surgery. शस्त्र-चिकित्सक का, जर्राही का ; Surgically (-लि)-*adv.* in a surgical manner. जर्राही की तरह।

Suricate-सू-रि-केट्'-*n.* a kind of mongoose. एक प्रकार का नेवला।

Surlily -सर्लिलि - *adv.* in a surly manner. रूक्षता से; Surliness (-नॅस्)-*n.* the quality of being surly. रूक्षता।

Surloin-सर्'-लॉइन्-*n.* loin of beef. कमर का गो-मांस।

Surly-सर्लि-*adj.* (*comp.* Surlier, *sup.* Surliest.) rough, gloomy, morose, snarling. रूक्ष, मन्द, असभ्य, कर्कश।

Surmise-सर्माइज़्-*n.* supposition, conjecture. वितर्क (शंका), सन्देह;-*v. t.* to infer in a doubtful manner. सन्देह करना, शंका करना; Surmiser (-अर्)-*n.* one who surmises. शंका या सन्देह करनेवाला।

Surmount-सर्माउन्ट्'-*v. t.* to overcome, to conquer, to surpass, to rise above. जीतना, बढ़ना, ऊपर आना ; Surmountable (-ऍबॅल्) -*adj.* superable. जीतने योग्य, बढ़ने योग्य; Surmountableness (-ऍबॅल्-नॅस्)-*n.* the state of being surmountable. विजय, बढ़ती; Surmounted (-ऍड्)-*adj.* surpassed, overcome. बढ़ा हुआ, विजय प्राप्त किया हुआ; Surmounter (-अर्)-*n.* one who surmounts. बढ़नेवाला।

Surmullet-सर्मलेट्-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Surname-सर्-नेम्-*n.* a name added to the Christian name, family name. उपनाम, कुलनाम;-*v. t.* to give surname to, to call by a surname. कुलनाम रखना, उपनाम लेकर पुकारना।

Surnominal-सर-नॉमिनल्-*adj.* pertaining to surname. कुलनाम-सम्बन्धी।

Surpass-सर्-पास्'-v. t. to go beyond in anything, to exceed, to excel. अतिक्रमण करना (उत्कृष्ट होना), बढ़ना, अधिक होना; Surpassable (-एबल्)-adj. that may be exceeded. बढ़ने योग्य; Surpassing (-इङ्ग्)-adj. exceeding. अति बढ़कर; Surpassingly (-इङ्ग्-लि) -adv. in a surpassing manner. उत्कृष्ट होते हुए।

Surplice-सर्'-प्लिस्-n. a white linen vestment worn by clergies. पादरियों का सफ़ेद वस्त्र; Surpliced (-ड्)-adj. wearing a surplice. ऐसा वस्त्र पहिने हुए।

Surplus-सर्'-प्लस्-n. what remains over, excess, beyond what is wanted. अतिरिक्त भाग, बचत, बढ़ोत्तरी।

Surplusage-सर्-प्ल-सेज्-n. something which is irrelevant, overplus. अनावश्यक अंश, बढ़ोत्तरी।

Surprisal-सर्-प्राइज़ल्-n. the act of surprising. विस्मय, चमत्कार, आश्चर्य।

Surprise-सर्-प्राइज़्'-n. the act of surprising, astonishment, wonder, emotion excited by something happening unexpectedly. विस्मय, आश्चर्य, अचरज, व्याकुलता;-v. t. to strike with wonder, to take unawares, to throw the mind in disorder. विस्मित करना, चकित करना, घबड़ा देना; A surprise visit (a visit without notice.) एकाएकी (बिना सूचना की) भेंट या निरीक्षणार्थ आगमन; Surprising (-इङ्ग्) -adj. exciting surprise, extraordinary. अद्भुत (विचित्र), चकित करनेवाला; Surprisingly (-इङ्ग्-लि)-adv. in a manner to surprise. चकित करते हुए; Surprisingness (-नेस्)-n. the state of being surprising. विचित्रता।

Surrebut-सरिबट्-v.i.to reply to a defendant's rejoinder. प्रतिवादी (मुद्दालेह) के आक्षेप का उत्तर देना; Surrebutter (-टर्)-n. a plaintiff's reply in pleading. वादी द्वारा अन्तिम प्रतिवेदन।

Surrender-सरेन्डर्-n. the act of yielding to the power of another. आत्मसमर्पण, अधीनता, त्याग;-v. t. & i. to hand over to another's authority, to cease from resistance, to submit, to resign. अर्पण करना, त्यागना, वश में होना, सौंपना; Surrenderee (-अर्-ई)-n. one to whom a thing is surrendered. जिसके प्रति कुछ अर्पण किया जावे; Surrenderer (-अर्) -n. a tenant who surrenders his estate to his landlord. असामी जो अपनी सम्पत्ति जमींदार को अर्पण कर देता है।

Surreptitious-सरप्टिशस्-adj. done by stealth, made or introduced fraudulently. छल या चोरी से किया हुआ; Surreptitiously (-लि) -adv. in a surreptitious manner. छल से, कपट से।

Surrogate-स-रॅ-गेट्-n.the deputy of a bishop. पादरी का प्रतिनिधि;-v. t. to put in place of another. दूसरे के स्थान में नियुक्त करना।

Surround-स-राउन्ड्'-v. t. to enclose on all sides, to encompass, to encircle. चारों ओर से घेरना, बाँध लेना, लपेटना।

Surrounding-सराउन्डिङ्ग्-n. an encompassing. घिराव; (-ings ज़्)-n. pl. circumstance, environment. (ब० व०) घटना, बाहरी स्थान।

Surtax-सर्' - टैक्स् - n. an additional tax. निर्धारित कर से अधिक टैक्स, अतिरिक्त कर।

Surtout-सर्टूट्-n. a man's overcoat. वस्त्र के ऊपर पहिनने का कोट।

Surveillance-सर्वेलन्स्-n. inspection, superintendence. निरीक्षण, रखवाली, चौकसी।

Survey-सर्वे-v.t. (p. t. Surveyed.) to take a general view of, to examine, to view with attention, to ascertain particularly. निहारना, जाँचना, ध्यान से देखना, नापना;-n. a acareful view, inspection. निरीक्षण, नाप, पैमाइश।

Surveyal-सर्वेअल् -n. a viewing. निरीक्षण, जाँच।

Surveying-सर्वे-इङ्ग्-n.the art of measuring land. भूमि की नाप, पैमाइश।

Surveyor-सर्वेअर्-n. one who measures land, one who inspects progress of work. पैमाइश करनेवाला, निरीक्षण करनेवाला; Surveyorship (-शिप्)-n. the office of a surveyor. पैमाइश करनेवाले का पद।

Survival-सर्वाइवल्-n. a living beyond the life of another. अतिजीवन, किसी मनुष्य का दूसरे की मृत्यु के बाद का जीवन।

Survive-सर्वाइव्-v. t. to live beyond the life of, to outlive. किसी का अधिक काल तक जीवित रहना।

Survivency - सर्वाइवेन्सि - n. survivorship. जीवित अवस्था।

Surviving-सर्वाइविङ्ग्-adj. remaining alive अवस्थित, जीवित

Survivor-सर्वाइवर्-n. one who outlives another. उत्तरजीवी, दूसरे की अपेक्षा अधिक जीनेवाला; Survivorship (-शिप्)-n. the right as a survivor. उत्तरजीवी का पद।

Sus-सस्-pref. in the sense of '*sub*'. 'अधीन' अर्थ का उपसर्ग।

Susceptibility-ससप्टिबिलिटि-*n.* the state of being easily affected to by impression. सहज में प्रभाव पड़ने की योग्यता, ग्राहकत्व ।

Susceptible-ससे प्टि - बल् - *adj.* impressible, sensitive, readily touched with emotion. ग्रहणशील, कोमल, प्रभाव पड़ने योग्य, उन्नित; **Susceptibly** (-लि) -*adv.* in a sensitive manner. ग्रहणशीलता से; **Susceptibleness** (-नेस्)-*n.* ग्रहणशीलता ।

Susceptive-ससे प्टिव्-*adj.* capable of admitting, impressionable. ग्रहण करने योग्य, स्वीकार करने योग्य ।

Susceptivity-ससे प्टिव्टि - *n.* capacity of admitting. ग्रहणशीलता ।

Susceptor-ससेप्टर्-*n.* god-father. धर्मपिता ।

Suspect-सस्-पेक्ट्-*v. t.* to doubt, to imagine guilty, to mistrust, to be inclined to think. शंका करना, सन्देह करना, दोषी समझना, अविश्वास करना, प्रतीति न करना, तर्क करना; -*adj.* of suspected character. सन्देहयुक्त; -*n.* a suspected person. सन्देहयुक्त मनुष्य ।

Suspectable-सस्पेक्टेबल्-*adj.* that may be suspected. सन्देह करने योग्य ।

Suspected-सस्पेक्टेड्-*adj.* mistrusted. शंका-युक्त; **Suspectedly** (-लि) -*adv.* in a suspected manner. शंका करते हुए; **Suspectedness** (-नेस्)-*n.* the state of being suspected. सन्देह की दशा; **Suspecter** (-अर्)-*n.* one who suspects शंका करनेवाला मनुष्य; **Suspectful** (-फुल्) -*adj.* full of suspicion. सन्देहयुक्त; **Suspectless** (-लस्)*adj.* without suspicion बिना सन्देह का ।

Suspend-सस्-पेन्ड्-*v. t.* to hang, to make to depend on, to keep in an undecided state, to stop for a time, to interrupt. लटकाना, टाँगना, अधीन करना, अस्थिर दशा में कुछ समय के लिये रोकना, विघ्न डालना; **Suspender** (-अर्)-*n.* one who suspends. लटकानेवाला; **Suspenders** (-स्)-*n. pl.* straps for holding trousers. (ब० व०) पतलून बाँधने का फ़ीता ।

Suspense-सस्-पेन्स्-*n.* state of uncertainty, indecision अनिश्चय (संशय), दुविधा (द्विधाभाव); **Suspense account** (an account temporarily entered.) खाते में सिरे की रकम ।

Suspensibility - सस्पे न्सिबिलिटि - *n.* capacity of being suspended. अवलम्बन ।

Suspensible-सस्पे न्सिबल्-*adj.* capable of being suspended. लटकाने योग्य ।

Suspension-सस्पेन्शन् -*n.* the act of suspending, delay, interruption. अवलम्बन, (निलम्बन, लटकाव), देर, थोड़े काल के लिये रुकावट ।

Suspension-bridge.

Suspension-bridge - सस्पेन्शन् - ब्रिज् - *n.* an over-hanging bridge. झूले का पुल ।

Suspensive-सस्पे न्सिव्-*adj.* doubtful. सन्देह-युक्त; **Suspensively** (-लि) -*adv.* doubtfully. सन्देह के साथ ।

Suspensory-सस्पेन्सरि-*adj.* & *n.* doubtful, that which suspends. सन्देहयुक्त, लटकानेवाला ।

Suspicion-सस्पिशन्-*n.* a partial belief, mistrust, want of confidence. सन्देह, अविश्वास, शंका; **Suspicionless** (-लेस्)-*adj.* without mistrust. शंका-रहित, सन्देह-रहित ।

Suspicious-सस्पिशस्-*adj.* inclined to suspect, entertaining suspicion, mistrustful. शंका-युक्त, सन्देहशील, अविश्वासी; **Suspiciously** (-लि)-*adv.* in a suspicious manner. सन्देह से, शंका से; **Suspiciousness** (-नेस्)-*n.* the state of being suspicious. सन्देहशीलता ।

Suspiral-सस्पिरल्-*n.* a breathing hole. श्वास लेने का छिद्र ।

Suspiration-सस्पिरेशन्-*n.* the act of taking a long breath. दीर्घोच्छ्वास ।

Suspire-सस्पायर्-*v. i.* to sigh. उच्छ्वास लेना, आह खींचना ।

Sustain-सस्टेन्-*v. t.* to bear, to uphold, to support, to keep alive, to maintain, to encourage, to undergo. सहना, रोकना (स्थिर करना), सहारा देना, जीवित रखना, सिद्ध करना, उत्साह देना, प्रमाणित करना; **To sustain life** (to support life.) जीवन धारण करना ।

Sustainable-सस्टेनेबल्-*adj.* that may be sustained. जीवन धारण करने योग्य ।

Sustained-सस्टेन्ड्-*adj.* kept up. स्थिर किया हुआ।

Sustainer- सस्टेनर् - *n.* one who sustains. आश्रय देनेवाला ।

Sustainment-सस्टेन्-मेन्ट्-*n.* support. आश्रय ।

Sustenance-सस्टिनन्स्-*n.* support, maintenance, nourishing, subsistence. सहारा, अन्न (आहार), अवलम्ब, जीविका ।

Sustentation-सस्टॅन्टेशन्-*n.* support of life, maintenance. जीविका (आहार), अवलम्ब।

Susurrant-सु-सरॅन्ट्-*adj.* whispering, murmuring softly. धीमे से बोलता हुआ, फुसफुसाता हुआ।

Susurration-सु-सरेशन्-*n.* whispering. फुसफुसाना।

Sutile-स्यू'-टिल्-*adj.* done by stitching. सिला हुआ।

Sutler-सट्लर्-*n.* a camp-follower who sells provisions. सेना को रसद पहुँचानेवाला, सेना का मोदी।

Suttee, Sati-सटी, स-टि-*n.* a Hindu widow who burns herself at the funeral pyre of her husband. सती।

Suttle-स-ट्ल्-*adj.* pertaining to lighter weight after subtracting tare. डब्बे या बकस या गाड़ी के भार को घटाने पर अवशेष हल्के भार से सम्बन्धित।

Sutural-स्यू'-चरल्-*adj.* relating to suture. सियन-सम्बन्धी।

Suture-स्यू'-चर्-*n.* a seam, a seam of the bones of the skull. सियन (टाँका), खोपड़ी की हड्डी का जोड़; Sutured (-ड्)-*adj.* knit together. जोड़ा हुआ।

Suzerain-सूज़-रॅ-न्-*n.* a feudal lord, a paramount ruler. अधिपति, छोटे अर्धस्वतन्त्र राज्यों पर शासन करनेवाला।

Suzerainty-सूज़-रॅ-न्टि-*n.* the dominion of a suzerain. आधिपत्य।

Svelte-स्वॅल्ट् - *adj.* lithesome, slender. दुर्बल, कोमल।

Swab-स्वॉब्-*n.* a mop for cleaning floors or decks, an absorbent pad used in surgery. झाड़ू (बुहारी, कूँची), जर्राही का सोखनेवाला गद्दा; -*v. t.* (*p. t.* Swabbed.) to clean with a swab. कूँची या झाड़ू से साफ़ करना, बुहारी से धोना।

Swabber-स्वॉ-बर्-*n.* one who uses a swab in cleaning. झाड़ू देनेवाला।

Swad-स्वॉड्-*n.* a short fat person. मोटा नाटा मनुष्य।

Swaddle-स्वॉ - ड्ल - *n.* cloth bound tight round the body. शरीर के चारों ओर कसकर बाँधने का कपड़ा; -*v. t.* to swathe in bandages, to bind tightly. लपेटना, कसकर बाँधना।

Swaddling-स्वॉ-ड्लिङ्ग्-*adv.* binding in tight clothes. कसकर बाँधनेवाला; Swaddling-clothes (a band of cloth wrapt round a baby.) नवजात शिशु को लपेटने का वस्त्र।

Swag-स्वॅग्-*n.* a bundle containing clothes and provisions. वस्त्र, सामान इत्यादि की गठरी; -*v. i.* (*p. t.* Swagged.) to lean, to sink. झुकना, अपने बोझ से डूबना।

Swage-स्वेज्-*v. t.* to soften, to mitigate कोमल करना, शान्त करना, ठप्पे से सुधारना; -*n.* a kind of dice. एक प्रकार का ठप्पा।

Swagger-स्वॅ-गर्-*v. i.* & *t.* to walk in a gaudy manner, to brag, to boast. अकड़कर चलना, शेखी हाँकना, डींग मारना; -*n.* swaggering gait, boastfulness. शेखी की चाल, दिखावट; -*adj.* smart, showy. रोबदार, दिखावटी; Swaggerer (-अर्) -*n.* a boastful fellow. शेखीबाज मनुष्य; Swaggeringly (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a bragging manner. गर्व से, शेखी से।

Swaggy-स्वॅ-गि-*adj.* sinking. डूबनेवाला।

Swain-स्वेन्-*n.* a young man, a lover in pastoral poetry, a herdsman, a rustic. युवा-पुरुष, गड़ेरिया, किसान, देहाती।

Swainish-स्वे निश्-*adj.* rustic. देहाती।

Swale-स्वेल्-*n.* a tract of land, a valley. भूमि प्रदेश, घाटी।

Swallet-स्वॉ - लेट्-*n.* a swallow hole in a river-bed. नदी-तल का छिद्र जिसमें जल लुप्त हो जाता है।

Swallow-स्वॉ - लो-*n.* the throat, the act of swallowing, a kind of migratory bird, taste or relish. कण्ठ, निगलना, अबाबील चिड़िया, स्वाद; -*v. t.* to absorb, to engulf. निगलना, पी लेना, लीलना; One swallow does not make a summer (an isolated example cannot prove a rule.) एक दृष्टान्त से कोई सिद्धान्त निकालना उचित नहीं होता; Swallow-tail (a dove-tail.) फाँकदार, बीच में फटा हुआ।

Swallowable-स्वॉलॅ - एबल् - *adj.* able to be swallowed. निगलने योग्य।

Swallower-स्वॉ-लॅ-अर्-*n.* one who swallows. निगलनेवाला, भुक्खड़।

Swam-स्वॅम्-*p. t.* of Swim. तैरा।

Swamp-स्वॉम्प्-*n.* a wet spongy land, a bog or marsh. दलदल, धँसान; -*v. t.* to sink in a bog, to plunge into difficulties. दलदल में फँसना, आपत्ति में पड़ना।

Swampy-स्वॉम्प्-इ-*adj.* like a swamp, boggy. दलदल से भरा।

Swan-स्वॉन्-*n.* a large handsome web-

footed aquatic bird. राजहंस, बतख; All his geese are swans (to think of one's belongings as the best.) अपनी वस्तु को सर्वोत्तम समझना।

Swang-स्वाँङ्ग्-*p. t.* of Swing. झूला।

Swanlike-स्वॉन्-ला - इ-क्-*adj.* resembling a swan. बतख की तरह का।

Swannery-स्वॉनरि-*n.* a place where swans are kept. बतख रखने का स्थान।

Swan-skin-स्वॉन्' - स्किन्-*n.* a kind of soft flannel. एक प्रकार का फ़लालीन।

Swap-स्वॉप्-*n.* a blow, a stroke. चोट (ठोकर), मार; -*v. t.* (*p. t.* Swapped.) to strike, to slap down, to exchange, to barter. मारना, थप्पड़ मारकर गिरा देना, अदल-बदल करना, हेरा-फेरी करना।

Swapped-स्वॉप्ड्-*adj.* exchanged. अदल-बदल किया हुआ।

Sward-स्वॉर्ड्-*n.* an expanse of land covered with grass, turf. तृणमय भूमि, हरियाली से भरी जमीन।

Sware-स्वेअर्-*p. t.* of Swear. शपथ खाया।

Swarm-स्वॉर्म्-*n.* a large number of small animals, birds or insects, a large number of honey-bees in motion, a multitude of people. पशु-पक्षियों या कीड़ों मकोड़ों का समूह, मधुमक्खियों का झुण्ड; -*v. i.* to throng together, to congregate, to climb a tree. इकट्ठा होना, भीड़ मचाना, वृक्ष पर चढ़ना; **Swarming** (-इङ्ग्)-*n.* going off in swarms, climbing a tree or a hill. झुण्ड में जाता हुआ, वृक्ष या पहाड़ी पर चढ़नेवाला; -*adj.* rising. उमड़ता हुआ।

Swart-स्वॉर्ट्, **Swarth**-स्वॉर्थ्-*adjs.* of dark hue. काले रङ्ग का।

Swarthily-स्वॉर्दि-लि-*adv.* in a swarthy manner. कालेपन से; **Swarthiness** (-नेस्) -*n.* tawniness. कालापन; **Swarthy** (-इ)-*adj.* of dusky colour काले रंग का।

Swartish - स्वॉर्टिश् - *adj.* tawny, of dusky complexion. कुछ काला भूरा, काले रंग का।

Swash-स्वॉश्-*n.* a washing sound, blustering noise. धोने का शब्द, कोलाहल; -*v. i.* to bluster, to strike with violence. कोलाहल मचाना, वेग से मारना; -*adj.* very soft. कोमल, पिलपिला।

Swasher-स्वॉ-शर्-*n.* one who makes a blustering show. कोलाहल मचानेवाला व्यक्ति।

Swat-स्वॉट्-*n.* an elastic bat for killing flies मक्खी मारने की लचीली पटरी।

Swath-स्वॉथ्-*n.* a line of grass, corn &c. lying after being cut. कटी हुई घास, अन्न इत्यादि की पाँति।

Swathe-स्वेद्-*n.* a swath, a bandage, fold. पट्टा, बन्धन, तह; -*v. t.* to bind or wrap. लपेटना, बाँधना।

Sway-स्वे-*v. i.* & *t.* (*p. t.* Swayed.) to oscillate in an irregular manner, to lean, to govern, to control the direction of. अनियमित ढंग से हिलना, झुकना या झुकाना, प्रवृत्त करना, शासन करना, घुमाना;-*n.* rule, government, swaying motion. शासन, प्रभुता, हिलाव, झुकान।

Swaying-स्वे'-इङ्ग्-*n.* the act of governing. शासन-कार्य।

Sweal-स्वील्-*v. i.* to melt and run down, to blaze away. गलकर बहना, जलना।

Swear-स्वेअर्-*v. i.* (*p. t.* Swore, *p. p.* Sworn.) to utter something on oath, to affirm on solemn declaration. शपथ देना या लेना, शपथपूर्वक वर्णन करना, दृढ़ता से कहना; - *n.* a spell of profane swearing. झूठी कसम; Sworn (attested, bound by oath, devoted, confirmed.) प्रमाणित, कसम से बँधा हुआ, अनुरक्त, भक्त, लवलीन, पुष्ट; **Sworn friends** (-स्वोर्न्-फ्रेन्ड्स्') very intimate friends. घनिष्ठ मित्र; **To swear in** (to instal under oath.) शपथ लेकर अधिकार में प्रवेश करना।

Swearer-स्वेअरर्-*n.* one who swears. कसम या शपथ खानेवाला।

Swearing-स्वेअरिङ्ग्-*n.* the act of declaration on oath. शपथ लेने का कार्य, शपथ-ग्रहण।

Sweat-स्वेट् - *n.* moisture from the skin, perspiration, labour, toil. स्वेदजल, पसीना, परिश्रम; **By the sweat of one's brow** (by dint of hard labour.) बड़े परिश्रम से।

Sweat-cloth-स्वेट्'-क्लॉथ्-*n.* the pad of a saddle. काठी के नीचे का नमदा।

Sweater-स्वे-टर्-*n.* that which causes sweat, knitted woollen jersey. पसीना उत्पन्न करनेवाली, ऊनी बनियाइन।

Sweatily-स्वे टिलि - *adv.* so as to be moist with sweat. पसीने से।

Sweatiness-स्वे-टि-नेस्-*n.* the state of being sweaty. पसीनापन।

Sweating-iron-स्वे-टिङग्-आयरन्-*n.* a scraper for removing sweat of horses. घोड़े का पसीना पोंछने का लोहा।

Sweatless-स्वेट्लेस्-*adj*. without sweat. बिना पसीने का।

Sweaty-स्वे टि - *adj*. pertaining to sweat, moist with sweat. पसीने का, पसीने से तर।

Swede-स्वीड्-*n*. a native of Sweden, Swedish turnip, a Swedish ship, स्वीडन देश का निवासी, इस देश का शलजम, स्वीडन का जहाज़।

Swedish-स्वीडिश्-*n*. & *adj*. the language of Sweden or its inhabitants, pertaining to Sweden. स्वीडन-निवासी, इस देश की भाषा, स्वीडन देश-सम्बन्धी।

Sweep-स्वीप्-*v. i.* & *t.* (*p. t.* & *p. p.* Swept.) to brush with a broom, to carry with a long swinging motion, to drag over, to pass with swiftness. झाड़ना (बुहारना), वेग से हटाना, घसीटना, वेग से चलना; -*n*. the act of sweeping, violent destruction, compass of something. झाड़ू देने की क्रिया, नाश, गोचर विषय; **He swept his audience along with him** (he won enthusiastic support from the audience.) श्रोतागण ने बड़े उत्साह से उसका समर्थन किया; **To sweep out** (to clean with a sweep.) भली भाँति झाड़ू देना या साफ़ करना; **To sweep the board** (to win all the money on the gaming table.) जुए में कुल दाँव जीत लेना।

Sweeper-स्वीपर् -*n*. one who sweeps. झाड़ू देनेवाला।

Sweeping-स्वीपिङ्ग्-*adj*. that sweeps, extending through a wide space, comprehensive. झाड़ू देनेवाला, विस्तृत, पूर्णार्थक; **Sweepingly** (-लि)-*adv*. in a sweeping manner. झाड़ू देते हुए, झुलाते हुए।

Sweepings-स्वीपिङ्ग्स्-*n. pl.* rubbish. बुहारन, कूड़ा-करकट।

Sweepstake-स्वीप्'-स्टेक्-*n*. a racing venture. घुड़दौड़ का जुआ, घुड़दौड़ की बाजी।

Sweepy-स्वीपि-*adj*. passing with speed. तेजी से जानेवाला।

Sweet-स्वीट् - *adj*. agreeable to the taste, pleasing to the smell, ear or eye, beautiful, fresh, mild, soft, agreeable, pleasant, gentle. मधुर, स्वादिष्ट, सुगन्धित, सुरीला, सुन्दर, ललित, ताजा, मीठा, कोमल, मृदु, सन्तोषजनक, सुखकर; - *n*. anything sweet, a sweetmeat, something pleasing. मधुर वस्तु, मिठाई, आनन्ददायक पदार्थ, प्रिय वस्तु;-*pl*. condiments. (ब० व०) मिठाइयाँ; - *v. t.* & *i.* to make sweet, to make pleasing. मधुर बनाना, रोचक बनाना; **According to or at one's sweet will** (as one pleases.) स्वतन्त्र, इच्छानुसार; **Sweetheart** (a lover.) प्रेमीजन; **Sweet-oil** (olive oil.) जैतून का तेल; **Sweet-smelling** (of agreeable odour.) सुगन्धित; **Sweet temper** (amiability.) सज्जनता; **Sweet toil** (a work which is not wearisome or tedious.) रुचिकर परिश्रम।

Sweeten-स्वीट्न् -*v. t.* to make sweet, to make pleasing. मीठा करना, रोचक बनाना; **Sweetener** (-अर्) -*n*. one who or that which sweetens agreeably. मधुर बनानेवाला।

Sweetly-स्वीट्'-लि-*adv*. in a sweet manner. मधुरता से; **Sweetness** (-नेस्)-*n*. freshness, softness. ताजगी, मधुरता।

Sweetmeat-स्वीट्' - मीट् -*n*. a confection of sugar मिष्ठान्न, मिठाई।

Swell-स्वेल्-*v. i.* & *t.* (*p. p.* Swollen.) to grow bigger or larger, to expand, to increase in volume, to be inflated, to bulge out, to strut. फैलना, बढ़ना, फूलना, झकोरा मारना, हवा भरना, अकड़ना; -*n*. an increase of sound, the heaving of the sea, a person dressed in a showy manner, a member of good society. शब्द का तीव्र होना, लहरों का उठना, बाँका, सुजन समाज का मनुष्य।

Swelling-स्वेलिङ्ग् - *adj*. & *n*. timid, bombastic, prominence, tumour, inflammation. भीरु, डरपोक, बड़े-बड़े शब्द बोलनेवाला, वृद्धि, महत्त्व, सूजन, फुलाव।

Swellish-स्वेलिश्-*adj*. foppish. गर्वी, घमंडी।

Swelter-स्वेल्टर्-*v. t.* to perspire freely, to be faint with heat. अधिक पसीना निकलना, गरमी से मुरझाना।

Sweltry-स्वेल्ट्रि -*adj*. oppressive with heat, sultry. गरमी से त्रस्त, उमसता हुआ।

Swept-स्वेप्ट्-*p. p.* of Sweep.

Swerve-स्वर्व्-*v. t.* & *i.* to deviate from a rule, to turn aside, to dodge. किसी नियम से विचलित होना, भटकना, पराङ्मुख होना, मुड़ना;-*n*. divergence. मुड़ान, भटकना; **Swerveless** (-लेस्) - *adj*. unswerving. स्थिर; **Swerving** (-इङ्ग्)-*n*. undutifulness. नियम से पराङ्मुख होने का कार्य।

Swift-स्विफ़्ट्-*adj*. rapid, fleet, prompt, speedy, moving with velocity. तीव्र, शीघ्रगामी, वेगवान्, जल्दी करनेवाला; **Swift-footed** (-फुट्'-एड्) -*adj*. quickly-moving. तेज चलनेवाला; **Swift-handed** (-हॅन्ड्-एड्)-*adj*. quick in doing work. जल्दी काम करनेवाला; **Swiftlet** (-लेट्)

n. a kind of small lizard. एक प्रकार की छोटी छिपकिली; **Swiftly** (-लि)-*adv.* in a swift manner. शीघ्रता से,वेग से; **Swiftness** (-नेस्) *n.* quickness, rapid motion. शीघ्रता, वेग; **Swift-winged** (-विङ्ग्-ड्)-*adj.* flying with speed. तेज उड़नेवाला ।

Swig-स्विग् -*v. t. & i.* (*p. t.* Swigged.) to drink in large draughts. बड़ा-बड़ा घूँट करके पीना;-*n.* a large draught. बड़ा घूँट ।

Swill-स्विल्-*v. t. & i.* to drink in excessive quantities, to rinse, to wash. बड़ा-बड़ा घूँट करके पीना, धोना या साफ़ करना; -*n.* a rinse. धुलाई ।

Swiller-स्वि-लर्-*n.* one who drinks voraciously. बड़ा-बड़ा घूँट करके पीनेवाला ।

Swilling-स्विलिङ्ग्-*adj. & n.* washing, pig wash. सुअर को धोने का काम ।

Swim-स्विम्-*v. i.* (*p. t.* Swam, *p. p.* Swum.) to be supported on water, to float, to move in water, to glide smoothly, to overflow, to whirl. तैरना, पैरना, बहना, तरकना, चक्कर खाना;-*n.* the act of swimming, the air-bladder of fish. तैरने की क्रिया, मछली के पेट में की वायु की थैली; **To swim across** (to cross by swimming.) तैरकर पार जाना ।

Swimmer-स्वि-मर्-*n.* one who swims. तैराक, तैरनेवाला ।

Swimming-स्वि-मिङ्ग्-*n.* the art of moving in water. तैरने की कला; **Swimming-belt** (a cork-belt used in learning swimming.) तैरना सीखने में सहायता देनेवाला खुखड़ी का कमरबन्द; **Swimmingly** (-लि) -*adv.* in a swimming manner, smoothly, without obstruction. तैरते हुए, आसानी से, आराम से, विना रुकावट के ।

Swindle-स्विन्ड्ल - *v. t. & i.* to cheat, to defraud intentionally. छलना, ठगना, धोखा देकर छीन लेना;-*n.* a fraudulent plot. षड्यन्त्र, ठगी ।

Swindler-स्विन्ड्-लर्-*n.* one who swindles, a thief. ठगनेवाला, दुष्ट, चोर; **Swindlery** (-इ)-*n.* the art of a swindle. ठग विद्या ।

Swindling-स्विन्ड्-लिङ्ग्-*n.* the act of thieving. ठगी ; **Swindlingly** (-लि) - *adv.* in a swindling manner. ठगते हुए ।

Swine-स्वाइन्-*n.* (*pl.* Swine.) a pig, a person of beastly nature. शूकर, सुअर, पशुवत् आचरण करनेवाला मनुष्य ; **Swine-bread**-*n.* a kind of fungus. एक प्रकार का कुकुरमुत्ता; **Swine-coat** (-कोट्)-*n.* a pen for swine. सुअरवाड़ा; **Swine-herd** (-हर्ड्)-*n.* a keeper of pigs. सुअर पालनेवाला ; **Swine-pox** (-पॉक्स्)-*n.* a kind of chickenpox. एक प्रकार का शीतला रोग ; **Swinery** (-अरि)-*n.* a pig-farm. सुअरवाड़ा ।

Swinish-स्वाइन्'-इश्-*adj.* like swine. सुअर की तरह का ।

Swinishly-स्वाइन्'-इश्-लि-*adv.* in the manner of swine. शूकर की तरह से ।

Swinishness-स्वाइन्-इश् - नेस्-*n.* pigginess. शूकरपन ।

Swing-स्विङ्ग्-*v. t. & i.* (*p. t.* Swung.) to move to and fro, to vibrate, to turn round an anchor, to oscillate, to rock, to be hanged. इधर-उधर हिलना, झूलना, लङ्गर पर घूमना, लहराना, फाँसी पड़ना;-*n.* an oscillation, a contrivance for swinging. झुकाव, झूला, पालना; **In full swing** (fully active.) पूर्ण रूप से कार्य में परिणत; **To swing a child** to oscillate a child in a swing.) बच्चे को पालने में झुलाना ।

Swinge-स्विन्ज्-*v. t.* to beat soundly, to chastise. खूब पीटना, दण्ड देना ।

Swinger-स्विन्जर्-*n.* a great liar. बड़ा झूठा ।

Swinging-स्विङ्गिङ्ग् - *n.* oscillation. झूला ; **Swingingly** (-लि)-*adv.* in a swinging manner. झूलते हुए ।

Swingle--स्विङ्ग्' - ल -*n.* a wooden mallet used for beating flax. पटुआ या सन् पीटने की मुँगरी;-*v. t.* to clean flax with a swingle. मुँगरी से पीटकर पटुआ का गुद्दा निकालना।

Swink-स्विङ्क्-*v. t.& i.* to labour, to drudge. परिश्रम करना, कष्ट करना ;-*n.* drudgery. कठिन परिश्रम ।

Swipe-स्वाइप्-*n.* a hard blow. कड़ा आघात, कड़ी चोट; -*v. t.* to hit with a swinging motion of the arms. हाथ झुलाकर मारना ।

Swiper-स्वाइपर्-*n.* one who swipes. हाथ झुलाकर मारनेवाला ।

Swirl-स्वर्ल्-*v. i. & t.* to move in a whirling motion. चक्कर खाना, घुमाना;-*n.* an eddying motion of water. जल का भँवर ।

Swish-स्विश्-*n.* a stroke with a whip or cane. बेंत या चाबुक की मार;-*v. t.* to flog with a whip so quickly as to make a whistling sound. चाबुक फटकारते हुए और शब्द करते हुए मारना ।

Swiss-स्विस्-*n.* & *adj.* a native of Switzerland, of Switzerland. स्विट्जरलैण्ड देशवासी, इस देश का ।

